ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी ग्रन्थमाला : प्राकृत ग्रन्थांक १२


श्रीमाइल्लधवलविरचित

द्रव्यस्वभावप्रकाशक

नयचक्र

[देवसेनकृत सानुवाद आलापपद्धति तथा विद्यानन्दकृत
तत्त्वार्थवार्तिकके नयविवरण सहित]

सम्पादन-अनुवाद
सिद्धान्ताचार्य पण्डित कैलाशचन्द्र शास्त्री
प्रधानाचार्य श्री स्याद्वाद महाविद्यालय,
वाराणसी



भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन

वीर नि० संवत् २४९७ : विक्रम संवत् २०२८ : सन् १९७१
प्रथम संस्करण : मूल्य पन्द्रह रुपये

स्व० पुण्यश्लोका माता मूर्तिदेवीकी पवित्र स्मृतिमें तत्सुपुत्र साहू शान्तिप्रसादजी द्वारा

संस्थापित

भारतीय ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी ग्रन्थमाला

इस ग्रन्थमालाके अन्तर्गत प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, हिन्दी, कन्नड़, तमिल आदि प्राचीन भाषाओंमें उपलब्ध आगमिक, दार्शनिक, पौराणिक, साहित्यिक, ऐतिहासिक आदि विविध-विषयक जैन-साहित्यका अनुसन्धानपूर्ण सम्पादन तथा उसका मूल और यथासम्भव अनुवाद आदिके साथ प्रकाशन हो रहा है। जैन भण्डारोंकी सूचियाँ, शिलालेख-संग्रह, विशिष्ट विद्वानोंके अध्ययन-ग्रन्थ और लोकहितकारी जैन-साहित्य ग्रन्थ भी इसी ग्रन्थमालामें प्रकाशित हो रहे हैं।

ग्रन्थमाला सम्पादक

डॉ. हीरालाल जैन, एम. ए., डी. लिट्.

डॉ. आ. ने. उपाध्ये, एम. ए., डी. लिट्.

प्रकाशक

भारतीय ज्ञानपीठ

प्रधान कार्यालय : ३६२०।२१, नेताजी सुभाष मार्ग, दिल्ली-६

प्रकाशन कार्यालय : दुर्गाकुण्ड मार्ग, वाराणसी-५

मुद्रक - सन्मति मुद्रणालय, दुर्गाकुण्ड मार्ग, वाराणसी-५

स्थापना : फाल्गुन कृष्ण ९, वीर नि० २४७० ● विक्रम सं० २००० ● १८ फरवरी १९४४

सर्वाधिकार सुरक्षित



स्व० मूर्तिदेवी, मातेश्वरी सेठ शान्तिप्रसाद जैन

भारतीय ज्ञानपीठ

JÑĀNAPĪṬHA MŪRTIDEVĪ GRANTHAMĀLĀ : Prakrit Grantha No. 12

DRAVYASVABHĀVAPRAKĀŚAKA

NAYACAKRA


of

MĀILLA DHAVALA

[With Texts and Translations of Ālāpa-Paddhati of Devasena and Nayavivaraṇa from Tattvārthavārtika of Vidyānanda]

Edited with Hindi Translation
by

Siddhantacharya Pandit Kailash Chandra Shastri,
Principal of Syadvada Mahavidyalaya
Varanasi



BHĀRATĪYA JÑĀNAPĪṬHA PUBLICATION

VĪRA SAMVAT 2497 : V. SAMVAT 2028 : 1971 A. D
First Edition : Price Rs 15/-

BHĀRATĪYA JÑĀNAPĪTHA MŪRTIDEVĪ

JAIN GRANTHAMĀLĀ

FOUNDED BY

SĀHU SHĀNTIPRASĀD JAIN

IN MEMORY OF HIS LATE BENEVOLENT MOTHER

SHRĪ MŪRTIDEVĪ

IN THIS GRANTHAMĀLĀ CRITICALLY EDITED JAIN ĀGAMIC, PHILOSOPHICAL, PAURĀNIC, LITERARY, HISTORICAL AND OTHER ORIGINAL TEXTS AVAILABLE IN PRĀKṚTA, SAṂSKṚTA APABHRAṂŚA, HINDI, KANNADA, TAMIL, ETC., ARE BEING PUBLISHED IN THEIR RESPECTIVE LANGUAGES WITH THEIR TRANSLATIONS IN MODERN LANGUAGES AND CATALOGUES OF JAIN BHANDARAS, INSCRIPTIONS, STUDIES OF COMPETENT SCHOLARS & POPULAR JAIN LITERATURE ARE ALSO BEING PUBLISHED.

General Editors

Dr Hiralal Jain, M. A., D. Litt.

Dr. A N. Upadhye, M. A., D. Litt.

Published by

Bharatiya Jnanapitha

Head office 3620/21 Netaji Subhash Marg, Delhi-6

Publication office Durgakund Road, Varanasi-5

Founded on Phalguna Krishna 9, Vira Sam 2470, Vikrama Sam. 2000, 18th Feb, 1944

All Rights Reserved

GENERAL EDITORIAL

Reality is a multifaced complexity, viewed in itself and with reference to time and place. Human understanding has its limitations, and its comprehension pertains only to its point of view. And human speech is not capable of putting in words, at a stretch, all that the mind might have grasped. These concepts lie at the basis of certain Jaina doctrines in the field of Pramāna-Śāstra or Nyāya-Śāstra, namely, Anekānta-vāda, Naya-vāda and Syādvāda. These are no more weapons of disputants but are really effective instruments of valid knowledge and its exposition within the abilities of a man.

Reality is endowed with a substratum which not only persists through time and space, but is also invested with modes which appear and disappear under varying conditions. Such a reality can be understood properly and thoroughly from different points of view (Naya). Apart from the metaphysical importance of the Anekānta-vāda, it has a psychological effect that one is made to realize that other man's point of view deserves consideration as much as one's own In short, it breeds a tolerant outlook in a co-operative effort in securing more knowledge. Naturally the Jaina philosophers, though often misunderstood, have taken great pains to explain these instruments of knowledge. They have used them for the study of both of the fundamental principles, namely, Jīva and Ajīva and even for reconciling apparent conflicts in view-points Substance (Dravya) is endowed with quality (Guna) and modes (Paryāya), and is subjected to origination (Utpāda), destruction (Vyaya) and permanence (Dhrauvya). Such a substance can be understood only by adopting various points of view and described in statements of relative validity.

Eminent authors like Samantabhadra, Siddhasena, Akalanka, Haribhadra, Vidyānanda, Hemacandra and others have contributed richly to the study of Anekānta-vāda, etc in the light of contemporary thought patterns propounded in different religions and philosophical schools. Most of their works are in Sanskrit and very few of them (like the Syādvāda-mañjarī) have been presented in authentic translations into English. Many expositions of their contents are available in Hindi today.

According to the Tattvārtha-Sūtra, Pramāna and Naya are the means of knowledge, and on this Sūtra commentators have elaborated their theories in the light of their inherited information and contemporary controversies Quotations in earlier works point to the existence of ancient literature on these topics; and even a text "Nayacakra", by name, appears to have existed (from the references to it by

Alaṅka, Vādirāja and Vidyānanda), though it is difficult to say anything about its contents There was a Nayacakra of Mallavādi, but what has come down to us is a learned commentary of Simhasūri-gaṇi Ksamāśramana on the basis of which Muni Śrī Jambuvijayajī has reconstructed the basic text with remarkable perseverance and ingenuity The first volume is already published from Bhavanagar (Śrī Jaina Ātmānanda Sabhā, Bhavnagar 1966. As to earlier editions see G. O. S , No. 116, only Four Ārās, Baroda 1952, ed. by Muni Chaturavijaya and Pt L. B. Gandhi, also Śrī Vijayalabdhisūri's ed , Cham, Pt. I, 1948, Pt. II, 1951; Pt. III, 1956 and Pt. IV, 1960) The title of the work is Dvādaśāranayacakra and deals with twelve-fold Naya, six referring to Dravyārthika and six to Paryāyārthika This is a novel approach, rather unique in Jaina literature. Some indication of it, as Pt. Kailashchandra has suggested, is seen in one of the verses (No. 118) of the Svayambhū-Stotra of Samantabhadra Mallavādi is assigned to *c.* the first half of the sixth century of the Vikrama Era; according to some, he is to be assigned to the fifth century of the Vikrama Era. Any way he should be later than Siddhasena Divākara. It is not unlikely that Akalaṅka and others were aware of this Nayacakra

Among the later works dealing with Nayas, the following deserve special attention, and a good deal of information about them is presented and discussed by Pt. Kailashchandraji in his Hindi Introduction

1) The Nayacakra of Devasena in 87 gāthās. If he is identical with the author of the Darśanasāra composed in A D. 933 at Dhārā, this Nayacakra is to be assigned to the middle of the tenth century.

2) Devasena has composed the Ālāpapaddhati in Sanskrit on his own Nayacakra to supplement the latter with the discussion about Dravya, Guṇa and Paryāya.

The above two works together have something unique in their contents and exposition, especially in the sub-divisions of Naya. The Dravyānuyoga-tarkaṇā has many common passages with the Ālāpapaddhati.

3) Then there is the Dravya-svabhāva-prakāśaka Nayacakra. Unlike the Nayacakra of Devasena, it is not confined only to the discussion of Naya, but includes as well topics covered in the Ālāpapaddhati. That is why the simple title Nayacakra is qualified by Dravya-svabhāva-prakāśaka.

The name of the author is Māilla-dhavala (–deva) He is not known to us from any other source, nor has any other work of his come down to us so far. In the concluding gāthās, which are not well preserved and are open to different interpretations, salutation is offered to Devasena who is called Guru. He could not have been the direct pupil of Devasena, the author of Darśanasāra It is not unlikely that he feels like calling Devasena his Guru, because the latter's Nayacakra has been his main source and guide in composing his own work, it has come down to him like a boat to take him through the stream of Nayas. He has incorporated almost all the gāthās from it (nearly 78 out of 87). It seems that Māilla-dhavala first composed this work in Dohās (possibly in Apabhraṁśa) but one Śubhankara laughed at it saying that Dohā was not suitable and that it should be put in Gāthās. So he complied with his request and here is his composition. Or it may be that he had

an earlier work in Dohās before him, and he put it into Gāthās as the editor wants to suggest.

As to the age of Māilla-dhavala, he is definitely later than Devasena (*c.* 933 A. D.). Pt. Kailashchandraji has shown how his work contains quotations from the Dravya-saṅgraha and from the Ekatva-saptati of Padmanandi (*c.* 1136 A. D.) and how he is quoted by Āśādhara (known dates, A. D. 1228–43). So Māilla-dhavala may be tentatively put between *c.* 1136 and 1243 A. D.

Māilla-dhavala has enriched the Nayacakra by adding topics from the works of Kundakunda : that is how and why he qualifies his Nayacakra with the phrase Dravya-svabhāva-prakāśaka.

Māilla-dhavala has divided his work, consisting of 425 (in the earlier edition, 423) Gāthās, into twelve chapters which deal respectively with Guna, Paryāya, Dravya, Five Astikāyas, Seven Tattvas, Nine Padārthas, Pramāna, Naya, Niksepa, Samyag-darśana, Samyag-jñāna Samyak-cāritra. These topics clearly indicate that the author has begun with Nyāya topics but has veritably covered almost every aspect of Jainism incorporating the material from Kundakunda's works. Even in choosing Prākrit (Śaurasenī) for his composition he is following in the footsteps of great Ācāryas like Kundakunda, Nemicandra and Devasena. His outlook is comprehensive; and he has made his exposition authoritative by quoting from standard authors of yore.

4–5) There are available two other Nayacakra texts in Sanskrit. The first is an admixture of verse and prose. The second is also in Sanskrit verses, composed more or less following *(avirodhena)* the Gāthās [of Devasena] But this is not just a Sanskrit rendering but contains useful matter from the Samayasāra (of Kundakunda and Amrtacandra's exposition of the same).

The author of both these works is Bhaṭṭāraka Devasena. The second Nayacakra is composed by him for enlightening one Vyoma-pandita and is qualified by adjective Śruta-bhavana-dīpa No definite date can be assigned to him It is quite likely that this 'Bhaṭṭāraka Devasena, who also expounds the topics of the Samayasāra, etc in his work, imitated Māilla-dhavala in qualifying his work as Śruta-bhavana-dīpa.

Though these texts were published many years back (in the Manikchandra D. J. Granthamālā, 16, Bombay 1920), sufficient attention was not given to their study and translation. So the authorities of the Bhāratīya Jñānapīṭha felt that a good edition of them (based on some fresh material) with exhaustive translation and exposition in Hindi was an urgent need. These texts are difficult in some contexts and baffle one's understanding.

Pt. Kailashchandra Shastri is known for his traditional scholarship and balanced outlook. He is one of those few scholars who are at home both in Siddhānta as well as Nyāya He is gifted with lucidity of exposition in a catching style howsoever obstruse the subject might be. It is extremely good of him that he edited these works along with his studied exposition of their contents for the Mūrtidevī Granthamālā His introduction puts together useful information about the authors and gives an outline of the contents His foot-notes have a special value,

because they give parallel passages from other works. Besides the Dravya-svabhāva-prakāśaka, the Ālāpa-paddhati and Naya-vivarana (extracted from the Tattvārtha-śloka-vārttika of Vidyānanda) are also added along with Hindi translation, in this edition All this material has enriched this volume as a source book on Nayas, etc We are very thankful to Pt. Kailashchandraji for his learned labours on this work

Words are inadequate to express our sense of gratitude to Shri Sahu Shantiprasadaji and Shrimati Ramaji Jain for their patronage extended to such publications Indologists have unreserved praise for their generosity in bringing out many a publication in Sanskrit, Prākrit, Kannada and Tamil, and thus enhancing the prestige of ancient Indian literature Our thanks are due to Shri L C. Jain who is helping us in various ways in the publication of the Mūrtidevī Granthamālā.

Manasa Gangotri
Mysore : 1–9–71

H. L. Jain
A. N. Upadhye

दो शब्द

द्रव्यस्वभावप्रकाशकनयचक्र, देवसेनके नयचक्र और आलापपद्धतिके साथ नयचक्रादिसंग्रहके नामसे आजसे आधी शताब्दी पहले सेठ माणिकचन्द्रग्रन्थमाला बम्बईसे प्रकाशित हुआ था। कुछ वर्ष पूर्व जब समाजमे नयोकी चर्चाने जोर पकड़ा तो मेरा विचार उसे हिन्दीमें अनूदित करनेका हुआ क्योकि नयोके सम्बन्धमें स्वतन्त्र रूपसे लिखित ये ही तीन रचनाएँ मेरी दृष्टिमें थी। तब मैंने उनकी हस्तलिखित प्रतियोंकी खोज की। हस्तलिखित प्रतियोके लिए जयपुर (राजस्थान) के शास्त्रभण्डार जैसे समर्थ शास्त्रभण्डार दि० जैन परम्परामें विरल है। स्व० पं० चैनसुखदासजीकी प्रेरणासे श्री दि० जैन० अतिशयक्षेत्र श्री महावीरजीके मन्त्री स्व० सेठ रामचन्द्रजी खिन्दूका आदि सज्जनोका ध्यान राजस्थानके जैनभण्डारोकी सुरक्षाकी ओर गया और डॉ० कस्तूरचन्द्रजी काशलीवालने समस्त भण्डारोकी सूचीनिर्माणके साथ ही हस्तलिखित प्रतियोके संरक्षण, आकलन और संग्रहका कार्य कर डाला।

सन् ६३ में खानियामें चर्चाका आयोजन हुआ। उसमें मैं भी गया था। उसी समय महावीर भवनमे नयचक्रकी प्रतियोकी खोज की। देवसेनके नयचक्रकी तो कोई प्रति नही मिली किन्तु माइल्लधवलके द्रव्यस्वभावप्रकाशकनयचक्रकी नयचक्रके नामसे अनेक प्रतियाँ प्राप्त हुईं। आलापपद्धतिकी भी अनेक प्रतियाँ मिली। वहीसे प्रति प्राप्त करके मैंने अनुवादका कार्य प्रारम्भ किया। मेरी इच्छा थी कि तीनोका अनुवाद करूँ। किन्तु जब मैंने देवसेनके नयचक्रका मिलान माइल्लधवलके नयचक्रसे किया तो ज्ञात हुआ कि माइल्लधवलने अपने गुरु देवसेनके नयचक्रकी आधीसे अधिक गाथाओको बिना किसी निर्देशके आत्मसात् कर लिया है। तब मैंने देवसेनके नयचक्रके अनुवादका विचार त्याग दिया और माइल्लधवलके नयचक्रका ही अनुवाद किया। इसका अभीतक हिन्दी अनुवाद नही हुआ था। फलतः अनुवादमें कुछ कठिनाई तो हुई ही। दो गाथाओके अनुवादको छोड़ देना भी पडा क्योकि उनका सारस्य हृदयंगम नही कर सका और ज्यो-त्यो करके अर्थपूर्ति करना मुझे रुचा नही। गुरुजनो और सहयोगियोसे भी परामर्श किया किन्तु मेरा मन नही भरा। अत. उन्हें यो ही छोड दिया। विशेषज्ञानी उनका अर्थ कर लेनेकी कृपा करे। यदि वे मुझे भी सूचित करेगे तो मैं उनका अनुगृहीत हूँगा। अपने अनुवादके सम्बन्धमें मैं स्वयं क्या कहूँ। उसके अच्छे-बुरेके निर्णायक तो पाठक ही हो सकते है। मैंने अपने ज्ञानके अनुसार शास्त्रीय मर्यादाको रखते हुए प्रत्येक गाथाके अभिप्रायको विशेषार्थके रूपमें स्पष्ट करनेका प्रयत्न किया है। प्रमाद या अज्ञानसे हुई भूलोको पाठक सुधार कर पढे। किन्तु नयोके सम्बन्धमें स्वपक्षाभिनिवेशके कारण बड़ी मतभ्रान्तियाँ है। जैसे, आचार्य कुन्दकुन्द और अमृतचन्द्रजी व्यवहारनयको अभूतार्थ और हेय कहते है किन्तु आजके कुछ विद्वान् उसे स्वीकार नही करते। एक विद्वान् अनुवादकने आलापपद्धतिके अपने अनुवादमें उपचरित असद्भूतव्यवहारनयके विषयको भी यथार्थ कहा है। जो व्यवहारनयका ही नही, किन्तु उपचरित और असद्भूतव्यवहारनयका विषय है वह कैसे यथार्थ हो सकता है ? क्योकि घीके सम्बन्धसे मिट्टीके घडेको घीका घड़ा कहना यथार्थ नही है औपचारिक है। अतः हमारा मूलानुगामी अनुवाद भी ऐसे महाशयोको अरुचिकर हो सकता है उसके लिए हम विवश हैं। हमें सिद्धान्तका हनन अभीष्ट नही है। सिद्धान्तपक्षके सामने स्वपक्षका हमारी दृष्टिमें कोई मूल्य नही है। स्वमताभिनिवेशकी पुष्टिके लिए शास्त्रके अर्थका अनर्थ करना या उसका अपलाप करना महान् पाप है। उससे बचनेमें ही हित है ऐसी हमारी श्रद्धा है। परिशिष्टमें हमने आलापपद्धति भी अनुवादके साथ दे दी है तथा विद्यानन्दके तत्त्वार्थश्लोकवार्तिकके छठे और अन्तिम सूत्रमें जो नयोंका विवेचन है जिसे किसीने

नयविवरणके नामसे संकलित किया था उसे भी हिन्दी अनुवादके साथ दे दिया है। इस तरह नयसम्बन्धी वह सब सामग्री एक साथ सुलभ कर दी गयी है।

अन्तमें हम उन सभी महानुभावोंके प्रति अपना आभार प्रकट करते हैं जिनसे हमें इस कार्यमें सहयोग मिला है। श्री दि० जैन, प्रति० महावीरजीके महावीरभवनके संचालकगण, तथा व्यवस्थापक डॉ० कस्तूरचन्द काशलीवाल, ऐ० प० स० भवन व्यावरके व्यवस्थापक प० हीरालालजी सिद्धान्तशास्त्री, जैनसिद्धान्तभवन आराके प्रबन्धक तथा कारँजासे प्रति भेजनेवाले पं० ब्र० माणिकचन्द्रजी चवरे, इन सभीके हम आभारी हैं। भारतीय ज्ञानपीठके मन्त्री श्री लक्ष्मीचन्द्रजी और ग्रन्थमाला सम्पादक डॉ० ए० एन० उपाध्येके भी हम आभारी हैं। डॉ० उपाध्ये प्रूफोंको बड़ी सावधानीसे देखते हैं और अशुद्धियोंपर गहरी दृष्टि रखते हैं। डॉ० गोकुलचन्द्रजी तो इस सब कार्यके माध्यम ही हैं।

श्रुतपंचमी वी० नि० सं० २४९७
श्री स्याद्वादमहाविद्यालय,
भदैनी, वाराणसी

—कैलाशचन्द्र शास्त्री

प्रस्तावना

जिससे वस्तुतत्त्वका निर्णय किया जाता है—उसे सम्यक्‌रूपसे जाना जाता है उसे प्रमाण कहते है। प्रमाणके विषयको प्रमेय कहते है। प्रमेयकी व्यवस्था प्रमाणाधीन है इसीसे सभी दार्शनिक प्रमाणको मान्य करते है। प्रत्येक दर्शनमें प्रमाणशास्त्रकी स्थिति महत्त्वपूर्ण मानी जाती है। प्रमाणशास्त्रको न्यायशास्त्र भी कहते है। प्रमाण स्वरूप, भेद, विषय, फल आदि उसके मुख्य चर्चनीय विषय हैं।

जैनदर्शनमे भी प्रमाणशास्त्रका अपना विशिष्ट स्थान है और अकलंकदेवको उसका प्रतिष्ठाता माना जाता है। [देखो—'जैनोकी प्रमाणमीमासापद्धतिका विकासक्रम' शीर्षक प० सुखलालजीका लेख, अनेकान्त वर्ष १, पृ० २६३] किन्तु जैनदर्शन अनेकान्तवादी दर्शन है। वह एक ही वस्तुमें परस्परमें विरुद्ध प्रतीत होनेवाले अस्तित्व-नास्तित्व, एकत्व-अनेकत्व, नित्यत्व-अनित्यत्व आदि धर्मोंकी सत्ता स्वीकार करता है। जो वस्तु एक दृष्टिसे अस्तिस्वरूप, एकस्वरूप और नित्यस्वरूप है वही वस्तु दूसरी दृष्टिसे नास्तिस्वरूप, अनेकान्तस्वरूप और अनित्यस्वरूप भी है। जैसे एक ही व्यक्ति एक ही समयमे पिता भी है, पुत्र भी है, भाई भी है, भतीजा भी है, मामा भी है, भानजा भी है, श्वसुर भी है, जामाता भी है। अपने पुत्रकी अपेक्षा पिता है और अपने पिताकी अपेक्षा पुत्र है। अपने भाईकी अपेक्षा भाई है और अपने पिताके भाईकी अपेक्षा भतीजा है। अपने भानजाकी अपेक्षा मामा है और अपने मामाकी अपेक्षा भानजा है। अपने जामाता की अपेक्षा श्वसुर है और अपने श्वसुरकी अपेक्षा जामाता है। इस तरह ये सब विरोधी प्रतीत होनेवाले सम्बन्ध एक ही व्यक्तिमें सम्बन्धि भेदसे रहते है। इसी तरह वस्तुधर्मोकी भी व्यवस्था है। न कोई वस्तु सर्वथा सत् और न सर्वथा असत् है, न सर्वथा नित्य है और न सर्वथा अनित्य, न सर्वथा एक ही है और न सर्वथा अनेक। किन्तु सत् भी है असत् भी है, नित्य भी है अनित्य भी है, एक भी है अनेक भी है। इस तरहकी अनेकान्तात्मक या अनेक धर्मात्मक वस्तु प्रमाणका विषय है।

वस्तुके अनेक धर्मात्मक होनेपर भी ज्ञाता किसी एक धर्मकी मुख्यतासे ही वस्तुको ग्रहण करता है। जैसे व्यक्तिमें अनेक सम्बन्धोके होते हुए भी प्रत्येक सम्बन्धी अपनी दृष्टिसे ही उसे पुकारता है। उसका पिता उसे पुत्र कहकर पुकारता है तो उसका पुत्र उसे पिता कहकर पुकारता है। किन्तु व्यक्ति न केवल पिता ही है और न केवल पुत्र ही है। यदि वह केवल पिता ही हो तो अपने पुत्रकी तरह अपने पिताका भी पिता कहलायेगा। या यदि वह केवल पुत्र ही हो तो अपने पिता की तरह अपने पुत्रका भी पुत्र कहलायेगा। यही स्थिति वस्तुके विषयमें भी जाननी चाहिए। वस्तुका वस्तुत्व दो बातोंपर कायम है। प्रत्येक वस्तु अपने स्वरूपको अपनाये हुए है और अपनेसे भिन्न अनन्त वस्तुओके स्वरूपको नही अपनाये हुए है। तभी उसका वस्तुत्व कायम है। यदि ऐसा नही माना जायेगा तो वह वस्तु नही रहेगी। जैसे यदि घट अपने स्वरूपको न अपनाये तो वह गधेके सीगकी तरह अवस्तु कहलायेगा। अपने स्वरूपको अपनाकर भी यदि वह अपनेसे भिन्न पट आदि वस्तुओके स्वरूपको भी अपनाये तो घट-पटमें कोई भेद नही रहेगा। अत. घट घट ही है और घट पट नही है इन दो बातो पर ही घटका अस्तित्व बनता है। इसे ही कहते है घट है भी और नही भी है। अपने स्वरूपसे है और अपनेसे भिन्न स्वरूपसे नही है। इसी तरह घट नित्य भी है और अनित्य भी है। मिट्टीसे घट बना है। घट फूटनेपर भी मिट्टी तो रहेगी ही। अत. अपने मूल कारण मिट्टी द्रव्यके नित्य होनेसे घट नित्य है और घट पर्याय तो नित्य नही है, घटके फूटते ही वह मिट जाती है अत. घट पर्यायकी अपेक्षा अनित्य है। इसी तरह प्रत्येक वस्तु द्रव्यरूपसे नित्य है और पर्यायरूपसे अनित्य है। इस अस्ति-नास्तिरूप

और नित्य-अनित्यरूप वस्तुको ज्ञाता किसी एक धर्मकी मुख्यतासे ग्रहण करता है। ज्ञाताकी इस दृष्टि या अभिप्रायको ही नय कहते हैं।

नय

नय प्रमाणका ही भेद है फिर भी उसे प्रमाणसे भिन्न माना गया है, क्योंकि वह प्रमाणसे गृहीत वस्तुके एकदेशको ग्रहण करता है। जैसे समुद्रका अंश न तो समुद्र ही है और न असमुद्र ही है किन्तु उसका एक अंश है, उसी तरह प्रमाणका अंश नय न प्रमाण ही है और न अप्रमाण ही है। कहा है—

'नानास्वभावेभ्यो व्यावृत्य एकस्मिन् स्वभावे वस्तु नयतीति नयः।'

जो वस्तुको नाना स्वभावोंसे हटाकर एक स्वभावमें स्थापित करता है उसे नय कहते है। अर्थात् अनेक गुणपर्यायात्मक द्रव्यको एक धर्मकी मुख्यतासे निश्चय करानेवाला नय है।

नयकी उपयोगिता

अन्य सभी दर्शन एकान्तवादी हैं। वे वस्तुको एक धर्मात्मक ही मानते है, विरुद्ध उभयधर्मात्मक नही मानते। इसीलिए उनमें प्रमाणके सिवाय अंशग्राहीरूपसे नयकी कोई चर्चा ही नही है किन्तु अनेकान्तवादी जैनदर्शनका काम नयके बिना चल नही सकता, क्योंकि 'णयमूलो अणेयतो' अनेकान्तका मूल नय है। नयका विषय एकान्त है। इसलिए नयको एकान्त भी कहते है। और एकान्तोंके समूहका नाम अनेकान्त है। अत. एकान्तके बिना अनेकान्त सम्भव नही है। अतः जो वस्तु प्रमाणकी दृष्टिमें अनेकान्तरूप है, वही वस्तु नयकी दृष्टिमें एकान्तस्वरूप है। यदि एकान्त न हो तो जैसे एकके बिना अनेक नही, वैसे ही एकान्तके बिना अनेकान्त नहीं। अत. जब सभी अनेकान्तरूप है तो अनेकान्त एकान्तरूप कैसे हो सकता है। अनेकान्तमें अनेकान्तको घटित करते हुए समन्तभद्रने कहा है—

अनेकान्तोऽप्यनेकान्तः प्रमाणनयसाधनः।
अनेकान्तः प्रमाणात्ते तदेकान्तोऽर्पितान्नयात्॥

—बृ० स्वयंभू० १०३ श्लो०।

प्रमाण और नयके द्वारा अनेकान्त भी अनेकान्तरूप है। प्रमाणकी अपेक्षा अनेकान्त है और विवक्षित नयकी अपेक्षा एकान्त है। अतः नयके बिना अनेकान्त सम्भव नही है।

दूसरे, वस्तु द्रव्यपर्यायात्मक है। उसके द्रव्याशको जाननेवाला द्रव्यार्थिकनय है और पर्यायांशको जाननेवाला पर्यायार्थिकनय है। इस तरह मूलनय दो ही है। इन्हें ही अध्यात्ममें निश्चयनय और व्यवहार-नय कहते है। निश्चयनय स्वाश्रित होता है। वह वस्तुके स्वाभाविकरूपको ग्रहण करता है। इसीसे उसे सत्यार्थ कहते हैं। व्यवहारनय पराश्रित होता है। परके आश्रयसे होनेवाले औपाधिक भावोंको वस्तुरूपसे ग्रहण करता है। यत. औपाधिकभाव आगन्तुक होनेसे शाश्वत नही है, इसीलिए व्यवहारनयको असत्यार्थ कहा जाता है। संसारीजीवको ससारदशा व्यवहारनयका विषय है। और संसारदशामें भी जीवके शाश्वत स्वभावको ग्रहण करनेवाला निश्चयनय है। उसके अवलम्बनके बिना संसारीजीवको अपने यथार्थ स्वरूपकी प्रतीति नहीं हो सकती।

आचार्य अमृतचन्द्रजीने अपने पुरुषार्थ सिद्धयुपायके प्रारम्भमें लिखा है कि व्यवहार और निश्चयके ज्ञाता ही मुख्यकथन और उपचारकथनके द्वारा शिष्योके दुर्निवार अज्ञानभावको दूर करनेमें समर्थ होनेसे जगत्में धर्मतीर्थका प्रवर्तन करते हैं।

इसका अभिप्राय यह है कि उपदेशदाताको व्यवहार और निश्चयका ज्ञाता अवश्य होना चाहिए। जीवोंका अनादि अज्ञान मुख्यकथन और उपचारकथनके द्वारा ही दूर हो सकता है। मुख्यकथन निश्चय-नयके अधीन है, क्योंकि निश्चयनय स्वाश्रित है अर्थात् द्रव्यके अस्तित्वमें जो भाव रहते हैं, उस द्रव्यमें

उन्ही भावोका स्थापन करना, अणुमात्र भी अन्य कल्पना न करना स्वाश्रित है। उसे ही मुख्य कथन कहते हैं। उसके ज्ञानसे शरीर आदि परद्रव्यमे एकत्वश्रद्धानरूप अज्ञान भावनाका अभाव होकर भेदविज्ञान होता है तथा समस्त परद्रव्योसे भिन्न अपने शुद्ध चैतन्य स्वरूपका अनुभव होता है। तथा पराश्रित कथनको व्यवहार कहते हैं। किंचित् मात्र कारण पाकर अन्यद्रव्यके भावको अन्यद्रव्यमें आरोपित करना पराश्रित कहलाता है। पराश्रित कथनको उपचार कथन या गौण कथन कहते है। इसके जाननेसे शरीर आदिके साथ सम्बन्धरूप संसारदशाका ज्ञान होता है। उसका ज्ञान होनेसे संसारके कारण आस्रव बन्धको त्याग कर मुक्तिके कारण संवर और निर्जरामें प्रवृत्ति करता है। अज्ञानी इनको जाने विना ही शुद्धोपयोगी होना चाहता है। अतः वह व्यवहारको छोड़ बैठता है और इस तरह पापाचरणमें पड़कर नरकादिमें दुःख उठाता है। अतः व्यवहार कथनको भी जानना आवश्यक है। इस तरह दोनो नयोका ज्ञान होना आवश्यक है।

सिद्धान्तमें तथा अध्यात्ममें प्रवेशके लिए नयज्ञान बहुत आवश्यक है, क्योंकि दोनो नय दो आँखें है। और दोनों आँखोसे देखनेपर ही सर्वावलोकन होता है। एक आँखसे देखनेपर केवल एक देशका ही अवलोकन होता है। इसीसे देवसेनने नयचक्र (गा० १०) में कहा है—जो नयरूपी दृष्टिसे विहीन है उन्हें वस्तुके स्वरूपका बोध नही हो सकता। और वस्तुके स्वरूपको जाने बिना सम्यग्दर्शन कैसे हो सकता है ?

नयविषयक साहित्य

यो तो जैन परम्परामें नयकी चर्चा साधारणतया पायी ही जाती है। किन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि तत्त्वार्थसूत्रके प्रारम्भमें 'प्रमाणनयैरधिगमः' सूत्रकी रचनाके पश्चात् ही जैन परम्परामें प्रमाण और नयकी विशेष रूपसे चर्चाका अवतार हुआ है। तत्त्वार्थसूत्रमें नयोके केवल सात भेद गिनाये है। उसमें द्रव्यार्थिक या पर्यायार्थिक भेद नही है। हाँ, तत्त्वार्थसूत्रके व्याख्याग्रन्थ उमास्वातिभाष्य और सर्वार्थसिद्धिमें उनकी चर्चा है तथा नय और उसके भेदोके लक्षण दिये है।

आचार्य कुन्दकुन्दने द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक तथा निश्चय और व्यवहारनयसे वस्तुस्वरूपका विवेचन अवश्य किया है, किन्तु उनके स्वरूपके सम्बन्धमें विशेष कुछ नही कहा है। हाँ, व्यवहारनयको अभूतार्थ और निश्चयनयको भूतार्थ अवश्य कहा है। (देखो, समयसार गा० ११)।

आचार्य समन्तभद्रने अपने आप्तमीमांसा तथा स्वयंभूस्तोत्रमें नयकी चर्चा की है तथा नयके साथ उपनयका भी निर्देश किया है (आ० मी० १०७)। तथा सापेक्ष नयोंको सम्यक् और निरपेक्ष नयोंको मिथ्या कहा है (१०८)। किन्तु नय और उपनयके भेदोकी चर्चा नही की है।

आचार्य सिद्धसेनने अपने सन्मतिसूत्रमें नयोका क्रमबद्ध कथन किया है और द्रव्यार्थिक तथा पर्यायार्थिकको मूल नय बतलाकर शेषको उन्ही दोनोका भेद बतलाया है तथा दोनो नयोकी मर्यादा भी बतलायी है उनके भेदोंका भी कथन किया है, किन्तु नैगमनयको मान्य नही किया। इसीसे वे षड्नयवादी कहलाते हैं।

उन्होने कहा है—जितने वचनके मार्ग है, उतने ही नयवाद हैं और जितने नयवाद हैं उतने ही परसमय है (३।४७)। विभिन्नदर्शनोका नयोमें समन्वय करते हुए कहा है—सांख्यदर्शन द्रव्यास्तिकका वक्तव्य है, बौद्धदर्शन परिशुद्ध पर्यायनयका विकल्प है। यद्यपि वैशेषिकदर्शनमें दोनों नयोसे प्ररूपणा है फिर भी वह मिथ्या है, क्योकि दोनो नय परस्परमें निरपेक्ष हैं (३।४८-४९)। इस तरह उन्होने भी निरपेक्ष नयोंको मिथ्या कहा है।

सिद्धसेनके पश्चात् जैन प्रमाणव्यवस्थाके व्यवस्थापक अकलंकदेवने लघीयस्त्रय प्रकरणमें नय प्रवेशके अन्तर्गत तथा सिद्धिविनिश्चयके अन्तर्गत अर्थनयसिद्धि और शब्दनयसिद्धि नामक प्रकरणोमें नयोंके सात भेदोके साथ उनके आभासो नैगमाभास आदिका विवेचन करते हुए इतरदर्शनोका समावेश किया है।

किन्तु अकलंकदेवने अपने न्यायविनिश्चयके अन्तमें लिखा है—

इष्टं तत्त्वमपेक्षातो नयानां नयचक्रतः ॥३।९१॥

अर्थात् नयोका कथन नयचक्रसे जानना। आचार्य वादिराजने अपने न्यायविनिश्चयविवरणमें इस कारिकांशका व्याख्यान करते हुए लिखा है—'नयचक्रतः तन्नामध्येयचिरन्तनशास्त्रात्'। अर्थात् नयचक्र नामक प्राचीन शास्त्रसे जानना चाहिए। अकलंकदेवने अपनी अष्टशतीमें प्रमाण, नय और दुर्नयका स्वरूप बतलानेवाला एक श्लोक उद्धृत किया है। यह श्लोक आप्तमीमांसा श्लो० १०६ में प्रतिपादित लक्षणके आधारपर उद्धृत किया गया है—तथा चोक्तम्—

अर्थस्यानेकरूपस्य धीः प्रमाणं, तदंशधीः।
नयो धर्मान्तरापेक्षो दुर्णयस्तन्निराकृतिः॥

अनेकात्मक अर्थके ज्ञानको प्रमाण कहते हैं। उसके एक अंशके धर्मान्तरसापेक्ष ज्ञानको नय कहते हैं। और धर्मान्तरका निराकरण करनेवाला एक अंशका ज्ञान दुर्नय है।

एक ही श्लोक द्वारा बड़े सरल और संक्षिप्त शब्दोमें प्रमाणादिका स्वरूप बतलानेवाला यह श्लोक किस ग्रन्थका है यह अज्ञात है। किन्तु अकलकदेवके द्वारा उद्धृत होनेसे उसकी प्राचीनता तो स्पष्ट ही है उसकी महत्ता भी स्पष्ट है। अवश्य ही यह किसी प्राचीन आचार्यकी कृति है और जिस कृतिका यह अंश है वह अवश्य ही महत्त्वपूर्ण होनी चाहिए। इसी तरह अकलंक देवसे लगभग दो शताब्दी प्राचीन आचार्य पूज्यपादने अपनी सर्वार्थसिद्धि (१।६) में एक वाक्य उद्धृत किया है—'सकलादेश. प्रमाणाधीनो विकलादेशो नयाधीनः।' यह वाक्य भी महत्त्वपूर्ण है और प्राचीनतर भी है। इससे पता चलता है कि प्रमाण और नयकी चर्चा ही प्राचीन नही है किन्तु उसपर ग्रन्थ रचना भी प्राचीन समयसे होती आयी है।

अकलंकदेवके पश्चात् आचार्य विद्यानन्दने अपने श्लोकवार्तिकमें प्रथम अध्यायके छठे तथा अन्तिम सूत्रकी अपनी टीकामें नय सामान्य तथा उसके भेदोंका अच्छा विवेचन किया है जो उनसे पूर्वकी रचनाओमें उपलब्ध नही होता। उसके अन्तमें विद्यानन्दने भी नयोके विशेष कथनके लिए नयचक्रसे विचार करनेकी प्रेरणा की है। यथा—

संक्षेपेण नयास्तावद् व्याख्याताः सूत्रसूचिता.।
तद्विशेषा. प्रपञ्चेन संचिन्त्या नयचक्रत. ॥१०२॥

नयचक्र नामक ग्रन्थ

सन् १९२० में माणिकचन्द्र दि० जैन ग्रन्थमाला, बम्बईसे उसके सोलहवें पुष्पके रूपमें नयचक्रादि-संग्रह नामक एक संग्रहग्रन्थ प्रकाशित हुआ था। उसके प्रारम्भमें देवसेनकृत लघुनयचक्र है और उसके बाद जो ग्रन्थ है उसको उत्थानिकामें उसका नाम द्रव्यस्वभावप्रकाशकनयचक्र दिया है। स्व० प्रेमीजीने अपने 'देवसेनका नयचक्र' शीर्षक निबन्धमें इसका उल्लेख वृहन्नयचक्र नामसे किया है क्योकि जहाँ पहलेमें केवल ८७ गाथाएँ हैं वहाँ दूसरेमें चार सौ से भी अधिक गाथाएँ हैं। प्रेमीजीने अपने लेखमें इस आशंका को उठाया है कि क्या विद्यानन्दके द्वारा उल्लिखित नयचक्र यही है। प्रेमीजीको सम्भवतया उस समय यह ज्ञात नही हो सका था कि विद्यानन्दसे भी पहले अकलंकदेवने नयचक्रका निर्देश किया है। यतः उक्त नयचक्र विक्रमकी दसवी शताब्दीके लगभग तथा उसके बादमें रचे गये हैं अतः विद्यानन्द ही नही, अकलंक-देवके भी द्वारा स्मृत नयचक्र नामक ग्रन्थ कोई अन्य ही होना चाहिए।

दिगम्बर परम्परामें तो नयचक्र नामके किसी अन्य प्राचीन ग्रन्थका उल्लेख नही मिलता, हाँ श्वेताम्बर परम्परामें आचार्य मल्लवादी रचित नयचक्र नामक ग्रन्थ था। उस ग्रन्थपर सिंहसूरिगणि क्षमाश्रमणकी अतिपाण्डित्यपूर्ण विस्तृत टीका उपलब्ध है। उसीपर-से मूलग्रन्थका उद्धार करके टीकाके साथ मुनि श्री

जम्बूविजयजीने बडे परिश्रमसे उसका सम्पादन किया है और उसका प्रथम भाग श्री जैन आत्मानन्द सभा भावनगरसे प्रकाशित हो चुका है। किन्तु उसकी पद्धति भिन्न है। ग्रन्थका नाम है द्वादशार नयचक्र। जैसे गाडीके चक्कामे अर होते है, वैसे ही उसमें बारह अर है—१. विधि, २. विधिविधि, ३. विधिउभय, ४. विधिनियम, ५. उभय, ६. उभयविधि, ७. उभयउभय, ८. उभयनियम, ९. नियम, १०. नियमविधिः, ११. नियमोभय और १२. नियमनियम। इनमेसे प्रथम छह द्रव्यार्थिकके भेद हैं और शेष छह पर्यायार्थिकके भेद है। इनमेसे प्रथम विधिनयका व्यवहारनयमें, दूसरे, तीसरे और चतुर्थका संग्रहनयमें, पाँचवें और छठेका नैगमनयमें, सातवेका ऋजुसूत्रनयमे, आठवें और नवेका शब्दनयमें, दसवेका समभिरूढमे और ग्यारहवें बारहवेंका एवम्भूतनयमे अन्तर्भाव किया गया है। इस प्रकारकी शैली श्वेताम्बर परम्परामे भी अन्यत्र नही है नयचक्रमे ही है। इस शैलीका कुछ आभास आचार्य समन्तभद्रके नीचे लिखे पद्यमें मिलता है—

विधेय वार्यं चानुभयमुभयं मिश्रमपि तद्
विशेषैः प्रत्येकं नियमविषयैश्चापरिमितैः।
सदान्योन्यापेक्षैः सकलभुवनज्येष्ठगुरुणा
त्वया गीतं तत्त्वं बहुनयविवक्षेतरवशात्॥

—बृ० स्वयभू० ११८।

नयचक्रमें पूर्व-पूर्व नयोके मतका खण्डन और अपने-अपने मतका पोषण करनेके लिए सभी नयवादोको उपस्थित किया गया है। और इस तरह विधि आदि नयोके निरूपणके बहानेसे अपने समयवर्ती मुख्य दार्शनिकोके मतका चिन्तन किया गया है तथा एकान्तवादको त्याग कर स्याद्वादका ही आश्रय लेनेका विधान किया गया है। उसका प्रथम गाथासूत्र है—

'विधिनियमभङ्गवृत्तिव्यतिरिक्तत्वादनर्थकवचोवत्।
जैनादन्यच्छासनमनृतं भवतीति वैधर्म्यम्।'

अर्थात् जैनशासनसे भिन्न अन्यशासन उत्पाद (विधि), व्यय (भंग) और ध्रौव्य (नियम)से रहित होनेसे अनर्थक वचनोके तुल्य है।

इसके रचयिताका नाम मल्लवादी है। श्वेताम्बर उल्लेखोके अनुसार उनका समय वीर नि० सं० ८८४ अर्थात् वि० सं० ४१४ माना जाता है किन्तु सन्मतिके कर्ता सिद्धसेनका समय प० सुखलालजीने विक्रमकी पाँचवी शताब्दी निर्धारित किया है और मल्लवादीने सिद्धसेनके सन्मतिपर टीका लिखी थी इसका निर्देश आचार्य हरिभद्रने किया है। और जिनभद्रगणि क्षमाश्रमणने अपने विशेषावश्यक भाष्यमें सिद्धसेन और मल्लवादीके उपयोगभेदकी चर्चा विस्तारसे की है तथा उक्त ग्रन्थ वि० सं० ६६६ में वल्भीमें समाप्त हुआ था। अतः पं० सुखलालजीने[1] मल्लवादीको विक्रमकी छठी शताब्दीके पूर्वार्धमें माना है। अतः अकलंकदेवके द्वारा उनके नयचक्रका उल्लेख किया जाना सम्भव है, क्योकि विक्रम संवत् ७०० में अकलंकका बौद्धोके साथ शास्त्रार्थ होनेका उल्लेख[2] मिलता है।

पुरातन कालमें उसके सिवाय नयचक्र नामका कोई अन्य ग्रन्थ नही मिलता और उत्तर कालमें जो नयचक्र मिलते है, उनका उल्लेख अकलंक और विद्यानन्दके द्वारा किया जाना सम्भव नही है।

देवसेनका नयचक्र और आलापपद्धति

देवसेनके नयचक्रमें केवल ८७ गाथाएँ है। देवसेनने अपना दर्शनसार धारामें निवास करते हुए वि० सं० ९९० में रच कर समाप्त किया था। अतः यदि वही देवसेन नयचक्रके कर्ता हैं तो नयचक्र विक्रमकी

१. भारतीयविद्या भा०, ३, अंक ५ में 'श्री सिद्धसेन दिवाकरनां समयनो प्रश्न' लेख।
२. 'विक्रमार्क शकाब्दीय शत सप्त प्रमाजुषि। कालेऽकलंकयतिनो बौद्धैर्वादो महानभूत्'।

दसवी शताब्दीके अन्तमें रचा गया है। अपने नयचक्रपर उन्होंने आलापपद्धतिकी भी रचना की है। दोनोंका विषय समान है। नयचक्र प्राकृत गाथाओंमें निबद्ध है और आलापपद्धति संस्कृत गद्यमें निबद्ध है। उसके प्रारम्भमें लिखा है—

'आलापपद्धतिर्वचनरचनानुक्रमेण नयचक्रस्योपरि उच्यते'। फिर प्रश्न किया गया है कि उसकी क्या आवश्यकता है? अर्थात् नयचक्रकी रचना करनेके बाद आलापपद्धतिकी रचना किस प्रयोजनसे की जाती है तो उत्तर दिया गया है—द्रव्यलक्षणकी सिद्धिके लिए और स्वभावकी सिद्धिके लिए। इन दोनोंका ही कथन नयचक्रमें नहीं है। अत. आलापपद्धतिके प्रारम्भमें द्रव्य, गुण, पर्याय और स्वभावका कथन करके नयचक्रमें प्रतिपादित नय और उपनयके भेदोंका भी कथन किया गया है। उपलब्ध साहित्यमें केवल नयको लेकर रचे जानेवाले ग्रन्थ देवसेनकृत नयचक्र और आलापपद्धति ही हैं। इनके सिवाय इस तरहके किसी अन्य ग्रन्थके इससे पूर्व रचे जानेका कोई उल्लेख भी दिगम्बर परम्परामें हमारे देखनेमें नहीं आया। इनके पश्चात् ही द्रव्यस्वभावप्रकाशक नयचक्र रचा गया है, जिसके विषयमें आगे प्रकाश डाला जायेगा।

अब प्रश्न यह होता है कि क्या देवसेनने अपने इस ग्रन्थका नाम नयचक्र मल्लवादि प्रणीत नयचक्र नामकी अनुकृतिपर रखा है? किन्तु देवसेनके नयचक्रको देखकर तो ऐसा प्रतीत नहीं होता। हाँ, अकलंक और विद्यानन्दके द्वारा उल्लिखित नयचक्र नामकी अनुकृति सम्भव है। अकलंकदेव और विद्यानन्दके सिवाय अन्य किसी दिगम्बर आचार्यने तो नयचक्रका निर्देश किया नहीं। अमृतचन्द्रने अपने पुरुषार्थसिद्ध्युपायके प्रारम्भमें नयचक्र शब्दका प्रयोग करके उसे अत्यन्त तीक्ष्णधारवाला बतलाया है। अत. यहाँ नयके साथ चक्र शब्द अस्त्रपरक प्रयुक्त हुआ है। मल्लवादीने चक्केके अर्थमें चक्र शब्दका प्रयोग किया है। इसीसे जैसे गाड़ीके चक्केमें अर (डण्डे) रहते हैं वैसे ही उनके नय चक्रमें बारह अर हैं अतः अमृतचन्दके द्वारा प्रयुक्त नयचक्र भी उसका प्रतिरूप नहीं है। तब दूसरा प्रश्न होता है कि देवसेनने अपने नयचक्रमें नयके जिन भेद-प्रभेदोंका कथन किया है उनका आधार क्या है।

नयचक्र प्रतिपादित भेदोंका आधार

नयके दो मूलभेद द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक तथा उनके भेद सात नय, ये अखण्ड जैन परम्पराकी देन हैं। इनमें कोई मतभेद नहीं है, हाँ, सिद्धसेन षड् नयवादी हैं वे नैगमको पृथक्नय स्वीकार नहीं करते। किन्तु यह उनकी व्यक्तिगत मान्यता है। जैन परम्परा सात नयोंको ही स्वीकार करती है।

समन्तभद्रने अपने आप्तमीमांसा (का० १०७) में नयके साथ उपनय शब्दका भी प्रयोग किया है। अकलंकदेवने अपनी अष्टशतीमें 'संग्रहादिनयः सच्छायाप्रशाखान्योपनय.' लिखा है अर्थात् संग्रह आदि नय हैं और उनकी शाखा-प्रशाखाएँ उपनय हैं। इससे पूर्वकी कारिका १०४ की अष्टशती में उन्होंने लिखा है—

'द्रव्यार्थिक-पर्यायार्थिक-प्रविभागवशान्नैगमादय.।
शब्दार्थनया बहुविकल्पा मूलनयद्वयशुद्धयशुद्धिभ्यां'

इस अष्टशतीको स्वीकार अष्टसहस्रीमें विद्यानन्दने इसके साथ 'शास्त्रान्तरे प्रोक्ता इति संबन्ध.' इतना सम्बन्ध पदमात्र जोड़ा है।

आगे विद्यानन्दने इसका अर्थ करते हुए नैगमनय के तो अनेक भेद किये हैं और अन्तमें लिखा है—

'इति मूलनयद्वयशुद्धयशुद्धिभ्यां बहुविकल्पा नया नयवक्त्रः प्रतिपत्तव्याः।'

इस प्रकार से मूलनयोंकी शुद्धि और अशुद्धिसे नयोंके बहुत भेद नयचक्रसे जानना चाहिए। इन [illegible] भेद नहीं है। देवसेनने द्रव्यार्थिकके दस भेद, पर्यायार्थिकके छह भेदोंके

सिवाय सद्भूत, असद्भूत और उपचरितके क्रमसे दो, तीन और तीन भेद भी गिनाये हैं। ये सब भेद इससे पूर्वके साहित्यमें देखनेको नही मिलते।

भट्टारक देवसेनकृत अन्य नयचक्र

सन् १९४९ में पं० वर्धमान पार्श्वनाथ शास्त्री, शोलापुरने भी एक आचार्य देवसेनकृत नयचक्र प्रकाशित किया था। इसका सम्पादन कुमार श्रमण क्षुल्लक सिद्धसागरने किया है। इस संस्करणमें दो नयचक्र मुद्रित है। प्रथमके ऊपर छपा है देवसेन भट्टारक विरचित नयचक्र। मंगलाचरण इस प्रकार है—

श्रीवर्द्धमानमानम्य जितघातिचतुष्टयम्। वक्ष्येऽहं नयविस्तारमागमज्ञानसिद्धये॥

आगे नयकी लक्षणपरक व्युत्पत्ति देकर उसके समर्थनमें एक गाथा उद्धृत की है जो वीरसेन स्वामीकी धवला टीकाके प्रारम्भमें भी उद्धृत है—

नानास्वभावेभ्यो व्यावृत्य एकस्मिन् स्वभावे वस्तु नयतीति नयः।

उक्तं च— णयदित्ति णओ मणिदो बहुहिं गुणपज्जएहिं जं दव्वं।
परिणामखेतकालंतरेसु अविणट्ठसब्भावं॥

आगे नयचक्रके अनुसार गद्य और श्लोकोमें नयके भेद-प्रभेद संस्कृतमें दिये गये है बीच-बीचमे 'उक्तं च' करके नयोके लक्षण भी श्लोकरूपमें उद्धृत है किन्तु वे उद्धृत श्लोक किस ग्रन्थसे लिये गये है यह ज्ञात नही हो सका।

इसके पश्चात् इसी संस्करणमें दूसरा नयचक्र मुद्रित है यह प्रथमसे बड़ा है। इसका मंगलश्लोक इस प्रकार है—

श्रीवर्धमानार्कमानम्य मोहध्वान्तप्रभेदिनम्।
गाथार्थस्याविरोधेन नयचक्रं मयोच्यते॥

इसमे गाथाके अर्थके अविरुद्ध नयचक्रको कहनेकी प्रतिज्ञा की गयी है। यहाँ गाथासे आशय देवसेनकृत नयचक्रकी गाथाओसे है उन्हीको यहाँ संस्कृत श्लोकोमें बद्ध किया गया है। यथा—

दट्ठूण पडिबिंबं भवदि हु तं चेव एस पज्जाओ।
सज्जाइ असब्भूओ उवयरिओ णियजाति पज्जाओ॥
प्रतिबिम्बं समालोक्य यस्य चित्रादिषु स्थितम्।
तदेव तच्च यो ब्रूयात् सद्भूतो ह्युदाहृतः॥

....

णेयं जोवमजीवं तं पिय णाणं खु तस्स विषयादो।
जो भणइ एरिसत्थं ववहारो सो असब्भूदो॥
जीवाजीवमपि ज्ञेयं ज्ञानज्ञानस्य गोचरात्।
उच्यते येन लोकेऽस्मिन् सोऽसद्भूतो निगद्यते॥

इस तरह यद्यपि नयचक्रकी गाथाओको श्लोकबद्ध करके यह नयचक्र रचा गया है तथापि यह केवल उसका अनुवाद ही नहीं है। इसमें ऐसा भी उपयोगी विषय है जो देवसेनके गाथा नयचक्रमें नही है।

उक्त मंगल श्लोकके पश्चात् ही उसमे एक श्लोक इस प्रकार है—

जिनपतिमतमह्यां रत्नशैलादपापा-
दिह हि समयसाराद् बुद्धबुद्धया गृहीत्वा।
प्रहृतघनविमोहं सुप्रमाणादि रत्नं
श्रुतभुवनसुदीपं विद्धि तद्व्यापनीयम्॥

अर्थात् जिनपतिमत (जैनमत) एक पृथ्वी है। उसमें समयसार नामक रत्नोका पहाड़ है। उससे रत्न लेकर इस श्रुतभुवनदीप नयचक्रकी रचना को गयी है। फलत. प्रारम्भमें समयसारकी मूलभूत तीन गाथाओको उद्धृत करके ग्रन्थकारने संस्कृत गद्यमें उनकी व्याख्या करते हुए व्यवहार नयकी अभूतार्थता और निश्चय नयकी भूतार्थतापर अच्छा प्रकाश डाला है। इसमें तीन अध्याय है। अध्यायोकी अन्तिम पुष्पिकामें लिखा है—

'इति देवसेनभट्टारकविरचिते व्योमपण्डितप्रतिबोधके श्रुतभवनदीपे नयचक्रे'....

'अर्थात् इसके रचयिता भट्टारक देवसेन है। व्योम पण्डितके प्रतिबोधके लिए इसकी रचना की गयी है और इसका नाम श्रुतभवनदीप नयचक्र है।'

उन देवसेनसे भिन्नता बतलानेके लिए भट्टारक पद समाविष्ट किया गया है और उनके नयचक्रसे भिन्नता बतलानेके लिए श्रुतभवनदीप नयचक्र नाम रखा गया है।

भट्टारक सम्प्रदायमें देवसेन नामके तीन नाम मिलते है। दो देवसेन तो काष्ठासंघ माथुर गच्छमें हुए है। इनमेंसे प्रथम तो प्रथम अमितगतिके गुरु थे। वे तो इस श्रुतभवन दीपके रचयिता नही हो सकते, क्योकि इसकी रचना देवसेनके गाथाबद्ध नयचक्रके पश्चात् ही हुई है। इस संघमें दूसरे देवसेन उद्धरसेनके शिष्य है। यह विक्रमकी तेरहवी-चौदहवी शताब्दीके लगभग हुए है। तीसरे देवसेन लाटवागड़ गच्छमें हुए है यह कुलभूषणके गुरु थे। हम नही कह सकते कि किस देवसेन भट्टारकने श्रुतभुवनदीप रचा है। ग्रन्थके अवलोकनसे ज्ञात होता है कि वह अपने विषयके अच्छे विद्वान् और सुलेखक थे।

द्रव्यस्वभाव प्रकाशक नयचक्र

नाम—प्रस्तुत ग्रन्थ का नाम द्रव्यस्वभाव प्रकाशक नयचक्र है। उसकी प्रारम्भिक उत्थानिकामें ग्रन्थकारने इस नामकी घोषणा की है। द्रव्यस्वभाव प्रकाशक विशेषण देवसेनके नयचक्रसे भिन्नताका सूचन करनेके लिए लगाया गया है। इसके साथ ही इसमें देवसेनके नयचक्रकी तरह केवल नयोका ही विवेचन नही है किन्तु आलापपद्धति की तरह द्रव्य, गुण, स्वभाव वगैरह का भी कथन है अतः इसका यह नाम सार्थक है।

ग्रन्थकर्ता—इसके रचयिताका नाम माइल्लधवल है। ग्रन्थके अन्तमें आगत प्रशस्ति गाथा में प्रतिभेदसे नाम भेद भी मिलता है। इन्होने अन्य भी कोई ग्रन्थ रचा था या नही, यह ज्ञात नही होता। अन्यत्रसे इस नाम के किसी ग्रन्थकार का भी उल्लेख नही मिलता। सम्भव है यही इनकी एक मात्र कृति हो।

रचनाकाल—यह ग्रन्थ कब और कहाँ रचा गया यह भी ज्ञात नहीं होता किन्तु प्रशस्तिके उल्लेखसे तथा ग्रन्थके अन्त.परीक्षणसे यह स्पष्ट है कि देवसेनके नयचक्रके पश्चात् ही इसकी रचना हुई है। अत. यह विक्रमकी दसवी शताब्दी बीतनेपर किसी समय रचा गया है। तथा पं० आशाधरने इष्टोपदेशके २२वे श्लोकके अन्तर्गत अपनी टीकामें एक गाथा उद्धृत की है जो द्रव्य० नयचक्रकी तीन सौ उनचासवी गाथा[1] है। पं० आशाधरका सुनिश्चित समय विक्रमकी तेरहवी शताब्दी है। उन्होने अपने अनगारधर्मामृत-की टीका वि० स० १३०० में समाप्त की थी। अतः विक्रम संवत् १००० से १३०० के मध्यमें किसी समय माइल्लधवलने अपना नयचक्र रचा है।

उसमें अनेक गाथाएँ तथा श्लोक भी उद्धृत हैं, किन्तु उनके स्थलोंका पता ज्ञात नही होता कि उन्हें कहाँसे उद्धृत किया गया है। 'अणुगुरुदेहपमाणो' आदि एक गाथा द्रव्यसंग्रहसे उद्धृत है। यह गाथा

---

१. 'गहियं तं सुअणाणा पच्छा संवेयणेण भाविज्जा। जो ण हु सुयमवलंबइ सो मुज्झई अप्पसब्भावे ॥'

देवसेनके नयचक्रमें भी पायी जाती है। इसकी स्थितिका ठीक परिचय तो देवसेनके नयचक्रकी हस्तलिखित प्रतियोंके निरीक्षणसे ही सम्भव है। किन्तु माइल्लधवलका नयचक्र अवश्य ही द्रव्यसंग्रहके पश्चात् रचा गया होना चाहिए, क्योंकि द्रव्यसंग्रहकी रचना विक्रमकी दसवीं-ग्यारहवीं शताब्दीमें हुई है। इस नयचक्रके अन्तमें आचार्य पद्मनन्दिकी एकत्व सप्ततिसे भी दो श्लोक उद्धृत किये गये हैं जो उसके १४-१५ नम्बरके पद्य हैं। यह एकत्व सप्तति पद्मनन्दि पंचविंशतिकाके अन्तर्गत है। उसका एक पद्य इस प्रकार है—

'निश्चयो दर्शनं पुंसि बोधस्तद् बोध इष्यते।
स्थितिरत्रैव चारित्रमिति योगशिवाश्रयः॥

इस पद्यको आचार्य पद्मप्रभने नियम सारकी टीकामें तथा जयसेनने पंचास्तिकायकी टीकामें उद्धृत किया है। अतः आचार्य पद्मनन्दि[1] इन दोनों ग्रन्थकारोंसे पहले हुए हैं। साथ ही पद्मनन्दिकी रचनापर अमितगतिका प्रभाव है, अतः वह अमितगतिके पश्चात् हुए हैं। अमितगतिने अपने सुभाषित रत्नसन्दोह, धर्मपरीक्षा और पंचसंग्रहमें उनकी समाप्तिका काल क्रमसे वि० सं० १०५०, १०७० और १०७३ दिया है अतः पद्मनन्दि विक्रमकी ग्यारहवीं शतीके उत्तरार्धमें या उसके पश्चात् किसी समय हुए हैं। तथा एकत्व सप्ततिपर एक कन्नड़ टीका भी उपलब्ध है। यह कन्नड़[2] टीका वि० सं० ११९३ के लगभग रची गयी थी। इस टीकाके कर्ताका नाम भी पद्मनन्दि है यदि दोनों पद्मनन्दि एक ही व्यक्ति हैं तो उनका निश्चित समय ११९३ जानना चाहिए। अन्यथा वे १०७३ और ११९३ के मध्य किसी समय हुए हैं। अतः माइल्लधवलका समय विक्रमकी बारहवीं शताब्दीका उत्तरार्ध और तेरहवींका पूर्वार्ध जानना चाहिए।

गुरुदेवसेन

द्रव्य० नयचक्रके अन्तमें माइल्लधवलने नयचक्रके कर्ता देवसेन गुरुको नमस्कार किया है और उन्हें स्यात् शब्दसे युक्त सुनयके द्वारा दुर्नयरूपी दैत्यके शरीरका विदारण करनेमें श्रेष्ठ वीर कहा है। यथा—

सिय सद्दसुणय दुण्णयदणुदेह विदारणेक्कवरवीरं।
तं देवसेणदेवं णयचक्ककरं गुरुं णमह॥४२३॥

इससे पूर्वकी दो गाथाओंमें नयचक्रको नमस्कार करते हुए उसे श्रुतकेवली कथित आदि कहा है। इस तरह इन तीन गाथाओंकी क्रम संख्या ४२१, ४२२,४२३ हैं। इनसे पूर्वकी गाथामें कहा है—

सुणिऊण दोहसत्थं सिग्घं हसिऊण सुहंकरो भणइ।
एत्थ ण सोहइ अत्थो गाहाबंधेण तं भणइ॥१९॥

दोहाशास्त्रको सुनते ही हँसकर शुभंकर बोला—इस रूपमें यह ग्रन्थ शोभा नहीं देता, गाथाओंमें इसकी रचना करो। इसके पश्चात् गाथा ४२१-४२३ में नयचक्र और उसके कर्ता देवसेनको नमस्कार करके पुनः लिखा है—

दव्व सहाव पयासं दोहयबंधेण आसि जं दिट्ठं।
तं गाहाबंधेण रइयं माइल्लधवलेण॥४२४॥

जो द्रव्यस्वभाव प्रकाश दोहोंमें रचा हुआ देखा गया उसे माइल्लधवलने गाथाबद्ध रचा।

गाथा ४१९ और ४२४ संबद्ध हैं उनके मध्यमें आगत तीन गाथाएँ उनमें विसंगति पैदा करती हैं। उन्हें गाथा ४२४ के बाद होना चाहिए था, किन्तु प्राप्त हस्तलिखित प्रतियोंमें यही क्रम पाया जाता है।

---

१. देखो, 'कुछ आचार्योंके कालक्रमपर विचार' शीर्षक हमारा लेख, जैनसन्देश शोधांक ७ में।
२. देखो, जीवराज ग्रन्थमाला शोलापुरसे प्रकाशित पद्म० पंचविं० की प्रस्ता०, पृ० ३५।

अब प्रश्न होता है कि दोहाशास्त्र किसका रचा हुआ था ? क्या माइल्लधवलने उसे रचा था । गाथा ४२४ से यह स्पष्ट हो जाता है कि द्रव्यस्वभाव प्रकाशक नामका कोई दोहाबद्ध ग्रन्थ था उसे माइल्लधवलने गाथाबद्ध किया है । और दोहाबद्ध द्रव्यस्वभाव प्रकाश और देवसेनके नयचक्रको आत्मसात् करके प्रकृत ग्रन्थको द्रव्यस्वभाव प्रकाशक नयचक्र नाम दिया है । इसकी आरम्भिक उत्थानिकामें भी ग्रन्थकर्ताने अपने-को गाथाकर्ता ही कहा है ग्रन्थकर्ता नही कहा ।

यह दोहाबद्ध द्रव्यस्वभाव प्रकाश किसने कब रचा था, इसका कोई संकेत कही से नही मिलता । इस नामके दोहाबद्ध ग्रन्थका निर्देश भी अन्यत्रसे नही मिलता । ऐसा प्रतीत होता है कि माइल्लधवलने उसे आत्मसात् कर लिया है ।

प्रस्तुत ग्रन्थमें ४२४ के पश्चात् एक गाथा और आती है जो अन्तिम है किन्तु उस गाथाके दो रूप मिलते हैं फिर भी गाथाका पूर्वार्ध अशुद्ध होनेसे स्पष्ट नही होता ।

गाथाके उत्तरार्धके दो पाठ पाये जाते है । एक पाठमें कहा है कि देवसेन योगीके प्रसादसे नयचक्र प्राप्त हुआ । दूसरे पाठमें कहा है कि देवसेनने पुनः नयचक्र रचा । गाथाके पूर्वार्धमें दुसमीरसे प्रेरित पोतकी उपमा दी है । और उसपर-से यह अभिप्राय लिया जाता है कि नयचक्र नष्ट हो गया था उसका पुनरुद्धार देवसेनने किया । किन्तु देवसेनने अपने नयचक्रमें ऐसी कोई बात नही कही है । तब माइल्लधवलने किस आधारसे ऐसा कहा यह ज्ञात नही होता ।

कुछ प्रतियोमें 'माहिल्लदेवेण' पाठ भी मिलता है । और एक प्रतिमें उसपर 'देवसेनशिष्येण' ऐसी टिप्पणी है । अतः देवसेन माइल्लधवलके गुरु हैं और यदि अन्तिम गाथाका उत्तरार्ध—

'तेसिं पाय पसाए उवलद्धं समग्गतच्चेण'

ठीक है तो देवसेनके साक्षात् शिष्य हो सकते हैं । किन्तु ऐसी स्थितिमें दर्शनसारके कर्ता देवसेन नयचक्रके कर्ता नही हो सकते, क्योंकि दर्शनसार वि० सं० ९९० में रचा गया है और माइल्लधवल, पद्मनन्दिपंचविंशतिकाके कर्ताके बादके है । दोनोके मध्यमें लगभग दो शताब्दीका अन्तराल है ।

अतः देवसेनके नामसे रचित ग्रन्थोकी आन्तरिक छानबीनके आधारपर यह खोज आवश्यक है कि उनके कर्ता भिन्न-भिन्न हैं या एक हैं । हमें तो सब एक ही देवसेनकी कृति प्रतीत नही होती ।

प्रस्तुत ग्रन्थका परिचय

यह हम देख चुके हैं कि माइल्लधवलने दोहाबद्ध द्रव्यस्वभाव प्रकाशको गाथाबद्ध किया है तथा देवसेनके नयचक्रको आत्मसात् किया है । दोहाबद्ध द्रव्यस्वभाव प्रकाश उपलब्ध नही है । अतः नही कह सकते कि प्रस्तुत ग्रन्थ पूर्णरूपसे उसका ऋणी है या आंशिक रूपमें । देवसेनका नयचक्र हमारे सामने है । उसकी ८७ गाथाओमें-से आधेसे अधिक गाथाएँ ज्योंकी त्यो इस ग्रन्थमें सम्मिलित कर ली गयी हैं । मंगल-गाथाको भी नही छोडा है ।

फिर भी ग्रन्थमें आगत कुछ विषय ऐसे अवश्य होने चाहिए जो ग्रन्थकारकी देन कहे जा सकते हैं । क्योकि उसने ग्रन्थके आद्य उत्थान वाक्यमें यह घोषणा की है कि कुन्दकुन्दाचार्यकृत शास्त्रोसे सारभूत अर्थको लेकर इस ग्रन्थकी रचना करूँगा ।

ऐसा प्रतीत होता है कि कुन्दकुन्दके ग्रन्थोपर जब आचार्य अमृतचन्द्रकी टीकाओने अध्यात्मकी त्रिवेणी प्रवाहित कर दी तो उसमें अवगाहन करके अपना और दूसरोका ताप मिटानेके लिए अनेक ग्रन्थकार उत्सुक हो उठे । आचार्य कुन्दकुन्दके अध्यात्मने आचार्य पूज्यपादका ध्यान आकृष्ट किया था और उन्होंने समाधितन्त्र और इष्टोपदेश जैसे सुन्दर मनोहारि प्रकरण ग्रन्थ रचे थे । किन्तु उस समयसे भारतके दार्शनिक क्षेत्रमें होनेवाली उथल-पुथलने जैन दार्शनिकोका भी ध्यान अपनी ओर आकृष्ट कर लिया था । फलतः जैन दर्शनके बडे-बडे ग्रन्थ रचे गये । गुप्त राजाओका काल भारतीय दर्शनोकी भी समृद्धिका काल था,

इस कालमे सभी क्षेत्रोमें प्रख्यात दार्शनिक हुए और उन्होने अपनी अमूल्य रचनाओसे भारतीय साहित्यके भण्डारको समृद्ध किया।

दसवी शतीमें अमृतचन्द्रकी टीकाओकी रचना होनेपर रामसेनने तत्त्वानुशासन, नेमिचन्द्रने द्रव्यसंग्रह, अमितगति प्रथमने योगसार प्राभृत, ब्रह्मदेवने द्रव्यसंग्रह और परमात्मप्रकाशकी टीका, जयसेन और पद्मप्रभ मलधारीदेवने अपनी टीकाएँ तथा पद्मनन्दिने पद्मन० पंचवि० की रचना की। इसके पश्चात् ही माइल्लधवलने भी प्रस्तुत ग्रन्थ रचा और उसमें नयोके विवेचनके साथ अध्यात्मका भी विवेचन किया।

उन्होने अपने द्रव्यस्वभावप्रकाशको बारह अधिकारोंमें विभक्त किया है—१ गुण, २ पर्याय, ३ द्रव्य, ४ पंचास्तिकाय, ५ सततत्त्व, ६ नौ पदार्थ, ७ प्रमाण, ८ नय, ९ निक्षेप, १० सम्यग्दर्शन, ११ सम्यग्ज्ञान, और १२ सम्यक्चारित्र। इन बारह अधिकारोमें प्रायः सभी उन आवश्यक विषयोका समावेश हो जाता है जिनका ज्ञान आवश्यक है। गुण, पर्याय, द्रव्य तथा प्रमाणनयकी चर्चामे देवसेनके द्वारा आलापपद्धतिमें चर्चित सब विषय आ जाते है और पाठकको द्रव्यके स्वरूपके साथ गुण, पर्याय और स्वभावोका सम्यग्ज्ञान हो जाता है। इसी तरह नयकी चर्चामें द्रव्यार्थिक, पर्यायार्थिक नयोके आगमिक तथा अध्यात्मपरक भेद-प्रभेदोका ज्ञान हो जाता है। साथ ही एकान्तवादमें दोष बतलाकर अनेकान्तवादकी स्थापना भी की गयी है। यह सब मुख्य प्रतिपाद्य विषय होनेसे ग्रन्थका लगभग तीन चौथाई भाग रोकता है। शेष भागमे सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रके व्यवहार और निश्चय स्वरूपोका कथन प्रायः पंचास्तिकायके आश्रयसे किया गया है। इन प्रकरणोमें कुछ ऐसी बाते भी आयी है जो वर्तमान चर्चाओकी दृष्टिसे उल्लेखनीय है। और वीतरागभावसे उनका अध्ययन करना लाभदायक हो सकता है। आगे उनके सम्बन्धमें लिखा जायेगा।

इस तरह यह एक ऐसा ग्रन्थ है जिसमें स्वाध्यायोपयोगी प्रायः सब विषय समाविष्ट है। इससे पूर्वके जिन ग्रन्थोमें द्रव्य, गुण, पर्याय तथा नयोकी चर्चा है उसमे सप्ततत्त्व तथा रत्नत्रयकी चर्चा नही है और सप्ततत्त्व तथा रत्नत्रयकी चर्चा है तो नयोकी विस्तृत चर्चा नही है। अतः अन्य ग्रन्थोके होते हुए भी इस ग्रन्थकी उपयोगिता निर्विवाद है। और इसे रचकर ग्रन्थकारने कमीकी पूर्ति ही की है।

ग्रन्थमें चर्चित विषय

१. द्रव्य, गुण, पर्याय

उपलब्ध जैन साहित्यमें द्रव्य, गुण और पर्यायका तर्कपूर्ण वर्णन आचार्य कुन्दकुन्दके प्रवचनसार और पंचास्तिकायमें मिलता है। उनके पश्चात् जो कुछ इस विषयमें कहा गया है वह प्रायः उसीका विस्तार है। प्रवचनसारमें कहा है—

दव्वाणि गुणा तेसिं पज्जाया अट्ठसण्णया भणिदा।
तेसु गुणपज्जयाणं अप्पा दव्व त्ति उवदेसो ॥८७॥

सब द्रव्य, उनके गुण और पर्याय इन सबकी अर्थ संज्ञा है। अर्थात् अर्थ शब्दसे इन सबका ग्रहण होता है। उनमेंसे गुण, पर्यायोकी आत्मा द्रव्य है, ऐसा जिनोपदेश है।

आगे कहा है—

अत्थो खलु दव्वमओ दव्वाणि गुणप्पगाणि भणिदाणि।
तेहिं पुणो पज्जाया पज्जयमूढा हि पर समया ॥

अर्थ द्रव्यमय है और द्रव्य गुणमय है। उनमें पर्याय होती है। यहाँ अर्थ द्रव्यमय और द्रव्योंको गुणमय कहनेसे उनके अभेद या ऐक्यको सूचित किया है। अन्य दार्शनिक द्रव्य और गुणको पृथक् पदार्थ मानते है और उनका सम्बन्ध मानते है। जैसे द्रव्य स्वयं सत् नहीं है किन्तु सत्ताके सम्बन्धसे सत् है।

किन्तु जैनोंका कहना है कि यदि द्रव्य स्वरूपसे सत् नही है तो या तो वह असत् है या सत्तासे भिन्न है। यदि वह असत् है तो उसका अभाव हो जायेगा। यदि वह सत्तासे पृथक् है तो सत्ताके बिना भी रहनेसे सत्ताका ही अभाव कर देगा। इसलिए द्रव्य स्वयं सत् है क्योंकि भाव (सत्ता) और भाववान् (द्रव्य) में अभेद होते हुए भी अन्यपना है। जैनदर्शनके अनुसार जिनके प्रदेश भिन्न होते हैं वे ही वस्तुत. भिन्न होते हैं। किन्तु सत्ता और द्रव्यके प्रदेश भिन्न नही है। गुण और गुणीमें प्रदेशभेद नही है। जैसे शुक्लगुणके और वस्त्रके प्रदेश भिन्न नही है वैसे ही जो प्रदेश सत्तागुणके हैं वही प्रदेश द्रव्यके है। अतः दोनोंमें प्रदेशभेद तो नही है फिर भी अन्यत्व है। अन्यत्वका लक्षण है अतद्भाव अर्थात् तद्भावका अभाव। गुण और गुणीमें तद्भावका अभाव है। इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है—शुक्लगुण केवल एक चक्षु इन्द्रियका ही विषय है शेष सब इन्द्रियोका विषय नही है किन्तु वस्त्र सब इन्द्रियोंका विषय है अतः दोनोंमें तद्भावका अभाव है क्योकि एक इन्द्रियका विषय शुक्लगुण सब इन्द्रियोंके विषय वस्त्ररूप नही हो सकता और सब इन्द्रियोका विषय वस्त्र एक इन्द्रियके विषय शुक्लगुणरूप नही हो सकता। इसी तरह सत्ता किसी आधारसे रहती है, निर्गुण होती है, एक गुणरूप होती है, विशेषणरूप विधायक और वृत्तिस्वरूप होती है और द्रव्य किसीके आश्रयके बिना रहता है, गुणवाला और अनेक गुणोका समुदायरूप तथा विशेष्य, विधीयमान और वृत्तिमान् होता है अतः उक्त स्वरूपा सत्ता उक्त स्वरूप द्रव्य नही है और द्रव्य उक्त सत्तारूप नही है इसलिए उन दोनोंमें तद्भावका अभाव है। इसीसे सत्ता और द्रव्यमें कथंचित् अभेद होनेपर भी सर्वथा अभेद नही समझ लेना चाहिए क्योकि एकत्वका लक्षण तद्भाव है। जो तद्रूप नही है वह एक कैसे हो सकता है।

इसको स्पष्ट करनेके लिए एक दूसरा उदाहरण आचार्य अमृतचन्द्रने (प्रव० सा० गा० १०७ की टीकामें) दिया है—

जैसे एक मोतीकी मालाका विश्लेषण हार, धागा और मोती तीन रूपमें किया जाता है वैसे ही एक द्रव्यका विश्लेषण द्रव्य, गुण और पर्यायके रूपमें किया जाता है। जैसे एक मोतीकी मालाको शुक्लगुण, शुक्लहार, शुक्लधागा, शुक्लमोती तीनरूपमें विस्तारित किया जाता है वैसे ही एक द्रव्यका सत्तागुण सत्-द्रव्य, सत्गुण, सत्पर्याय तीनरूपसे विस्तारित किया जाता है। जैसे एक मोतीकी मालामें जो शुक्लगुण है वह न हार है, न धागा है और न मोती है तथा जो हार, धागा और मोती है वह शुक्लगुण नही है। इस प्रकार इनका जो परस्परमें अभाव है वही तद्भावरूप अतद्भाव है जो अन्यत्वका कारण है। इसी प्रकार एक द्रव्यमें जो सत्तागुण है वह द्रव्य नही है, न वह अन्य गुण है और न पर्याय है। तथा जो द्रव्य अन्य गुण और पर्याय है वह सत्तागुण नही है इस तरह इनका जो परस्परमें अभाव है वही तद्भावरूप अतद्भाव है जो अन्यपनेका कारण है।

सारांश यह है कि एक द्रव्यमें जो द्रव्य है वह गुण नही है, जो गुण है वह द्रव्य नही है, इस प्रकार द्रव्यका गुणरूपसे न होना और गुणका द्रव्यरूपसे न होना अतद्भाव है। इससे उनमें अन्यत्वरूप व्यवहार होता है। परन्तु द्रव्यका अभावगुण है और गुणका अभाव द्रव्य है इस प्रकारके अभावका नाम अतद्भाव नही है। यदि ऐसा माना जायेगा तो एक द्रव्य अनेक हो जायेगा या दोनोंका ही अभाव होगा या बौद्ध सम्मत सर्वशून्यताका प्रसंग उपस्थित होगा। इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है—

जैसे चेतन द्रव्यका अभाव अचेतन द्रव्य है और अचेतन द्रव्यका अभाव चेतन द्रव्य है, इस प्रकार उनमें अनेकता है। उसी प्रकार द्रव्यका अभाव गुण और गुणका अभाव द्रव्य माननेसे द्रव्यमें भी अनेकताका प्रसंग उपस्थित होगा अर्थात् जैसे चेतन और अचेतन दो स्वतन्त्र द्रव्य है वैसे ही द्रव्य और गुण भी स्वतन्त्र हो जायेंगे। दूसरे दोषका स्पष्टीकरण इस प्रकार है—जैसे सुवर्णका अभाव होनेपर सुवर्णत्वका अभाव हो जाता है और सुवर्णत्वका अभाव होनेपर सुवर्णका अभाव हो जाता है उसी प्रकार द्रव्यका अभाव होनेपर गुणका भी अभाव हो जायेगा और गुणका अभाव होनेपर द्रव्यका भी अभाव हो जायेगा इस तरह दोनोंका

ही अभाव हो जायेगा। तीसरे दोषका स्पष्टीकरण इस प्रकार है—बौद्ध मतानुसार पटाभाव मात्र ही घट है और घटाभाव मात्र ही पट है इस प्रकार दोनो अपोहरूप हैं वस्तुसत् नही है। वैसे ही द्रव्याभाव मात्र गुण और गुणाभाव मात्र द्रव्य होगा। अत अतद्भावका उक्त लक्षण ही मान्य है।

इस तरह द्रव्यका लक्षण सत्ता है। सत्ता गुण है और द्रव्य गुणी है। तथा गुण और गुणीमें अभेद है। जैसे सुवर्णसे उसका गुण पीलापना और कुण्डलादि पर्याय भिन्न नही है वैसे ही द्रव्यसे भिन्न गुण और पर्याय नही है। इसीसे जो गुण और पर्यायवाला है वह द्रव्य है ऐसा भी द्रव्यका लक्षण कहा है।

जैसे पुद्गल द्रव्यके बिना रूप, रस आदि गुण नही होते और रूप, रस आदि गुणोंके बिना पुद्गल द्रव्य नही होता। इसी तरह द्रव्यके बिना गुण नही होते और गुणके बिना द्रव्य नही होता। अतः द्रव्य और गुणमें कथंचित् भेद होनेपर भी दोनोका एक ही अस्तित्व होनेसे वस्तुरूपसे अभेद है। इसी तरह जैसे दूध, दही, घी, मक्खन आदिसे रहित गोरस नही होता वैसे ही पर्यायसे रहित द्रव्य नही होता। और जैसे गोरसके बिना दूध, दही, घी, मक्खन आदि नही होते वैसे ही द्रव्यके बिना पर्याय नही होती। अतः द्रव्य और पर्यायमें कथंचित् भेद होनेपर भी दोनोंका अस्तित्व एक होनेसे वस्तुरूपसे दोनो अभिन्न हैं।

यही बात आचार्य समन्तभद्रने कही है

द्रव्यपर्याययोरैक्यं तयोरव्यतिरेकतः।
परिणामविशेषाच्च शक्तिमच्छक्तिभावतः ॥७१॥
संज्ञा संख्याविशेषाच्च स्वलक्षणविशेषतः।
प्रयोजनादिभेदाच्च तन्नानात्वं न सर्वथा ॥७२॥

द्रव्य और पर्याय एक ही वस्तु है, प्रतिभास भेद होनेपर भी अभेद होनेसे, जो प्रतिभास भेद होनेपर भी अभिन्न होता है वह एक ही वस्तु है जैसे रूपादि द्रव्य। तथा दोनोका स्वभाव, परिणाम, संज्ञा, सख्या और प्रयोजन आदि भिन्न होनेसे दोनोमें कथंचित् भेद है, सर्वथा नही। यथा—द्रव्य अनादि अनन्त तथा एक होता है, पर्याय सादि सान्त तथा अनेक होती है। द्रव्य शक्तिमान् है, पर्याय उसकी शक्तियाँ है। द्रव्यकी द्रव्य सज्ञा है, पर्यायकी पर्याय संज्ञा है। द्रव्यकी एक संख्या है पर्यायकी अनेक संख्या है। द्रव्य त्रिकालवर्ती होता है, पर्याय वर्तमानकालकी होती है। इसीसे दोनोके लक्षण भी भिन्न है। द्रव्यका लक्षण[1] है—गुणपर्यायवाला। पर्यायका लक्षण[2] है 'तद्भाव'। उस-उस विशिष्ट रूपसे होनेको तद्भाव कहते है, उसीका नाम पर्याय है।

इस तरह द्रव्य और पर्यायमे कथचित् भेद और कथंचित् अभेद है।

द्रव्यके तीन लक्षण कुन्दकुन्दाचार्यने कहे हैं और तीन ही लक्षण सूत्रकारने कहे है। यथा—

दव्वं सल्लक्खणियं उप्पादव्वयधुवत्तसंजुत्तं।
गुणपज्जयासयं वा जं तं भण्णंति सव्वण्हु ॥१०॥

—पंचास्ति०

सद्द्रव्यलक्षणम्। उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं सत्। गुणपर्ययवद् द्रव्यम्।

—तत्त्वार्थ० अ० ५

द्रव्यका लक्षण सत् है तथा उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यसे जो युक्त है वह द्रव्य है और गुणपर्यायका जो आश्रय है वह द्रव्य है।

---

१. गुणपर्ययवद् द्रव्यम्।—त. सू. ५।
२. तद्भावः परिणामः।—त. सू. २।

सूत्रकारने इसमें इतना परिवर्तन कर दिया कि जो सत् है वह द्रव्य और जो उत्पाद, व्यय, ध्रौव्यसे युक्त है वह सत् है। इस तरह प्रकारान्तरसे द्रव्य ही सत् है और वही उत्पाद, व्यय, ध्रौव्यसे युक्त है। वस्तुतः ये तीनो ही लक्षण विभिन्न रूपसे द्रव्यकी विशेषताओको बतलाते है। सत् कहनेसे उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य और गुणपर्याय नियमसे गृहीत होते है। उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य युक्त कहनेसे सत् और गुणपर्यायवत्व गृहीत होते है तथा 'गुणपर्यायवत्' कहनेसे उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य और सत् गृहीत होते हैं इस तरह ये तीनो ही लक्षण परस्परमें अविनाभावी हैं। क्योकि जो सत् है वह कथंचित् नित्य और कथंचित् अनित्य होनेसे उत्पाद, व्यय, ध्रौव्यात्मक है। एक द्रव्यमें क्रमसे होनेवाली पर्यायोकी परम्परामें पूर्व पर्यायके विनाशको व्यय कहते हैं, उत्तर पर्यायकी उत्पत्तिको उत्पाद कहते है और पूर्व पर्यायका विनाश तथा उत्तर पर्यायका उत्पाद होनेपर भी अपनी जातिको न छोड़नेका नाम ध्रौव्य है। गुण ध्रुव होते है पर्याय उत्पाद विनाशशील होती है अतः उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य युक्तसे गुणपर्यायवत्व सिद्ध होता है। इस तरह उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य, नित्यानित्यस्वरूप परमार्थ सत्को कहते हैं और गुणपर्यायको भी कहते हैं। क्योकि गुणपर्यायके विना उत्पाद, विनाश, ध्रौव्य सम्भव नही है। इसी तरह गुण अन्वयी होते है प्रत्येक अवस्थामें द्रव्यके साथ अनुस्यूत रहते है और पर्याय व्यतिरेकी होती हैं प्रति समय परिवर्तनशील होती है अतः गुणपर्याय उत्पाद, विनाश और ध्रौव्यका सूचन करते है तथा नित्यानित्यस्वभाव परमार्थ सत्का अवबोध कराते हैं।

आगे परस्परमें व्यंजक इन तीनो लक्षणोके सम्बन्धमें शास्त्रीय दृष्टिसे और भी प्रकाश डाला जाता है।

सत्ता या अस्तित्व द्रव्यका स्वभाव है। वह अन्य साधनोसे निरपेक्ष होनेसे अनादि-अनन्त है, उसका कोई कारण नही है, सदा एक रूपसे परिणत होनेसे वैभाविकभाव रूप नही है, द्रव्य भाववान् है और अस्तित्व उसका भाव है। इस अपेक्षासे द्रव्य और अस्तित्वमें भेद होनेपर भी प्रदेश भेद न होनेसे द्रव्यके साथ उसका एकत्व है, अतः वह द्रव्यका स्वभाव ही है। वह अस्तित्व जैसे भिन्न-भिन्न द्रव्योमें भिन्न-भिन्न होता है उस तरह द्रव्य, गुण, पर्यायोका अस्तित्व भिन्न-भिन्न नही है। उन सबका अस्तित्व एक ही है।

एक द्रव्यसे दूसरा द्रव्य नही बनता। सभी द्रव्य स्वभाव सिद्ध हैं। और चूँकि वे अनादि-अनन्त है अतः स्वभाव सिद्ध है। क्योकि जो अनादि-अनन्त होता है उसकी उत्पत्तिके लिए साधनोकी आवश्यकता नही होती। उसका मूल साधन तो उसका गुणपर्यायात्मक स्वभाव ही है उसे लिये हुए वह स्वयं सिद्ध ही है। जो द्रव्योसे उत्पन्न होता है वह द्रव्यान्तर नही है, किन्तु पर्याय है क्योकि वह अनित्य होता है। जैसे दो परमाणुओके मेलसे द्वयणुक बनता है या जैसे मनुष्यादि पर्याय है। द्रव्य तो त्रिकालस्थायी होता है वह पर्यायकी तरह उत्पन्न और नष्ट नही होता। इस प्रकार जैसे द्रव्य स्वभावसे ही सिद्ध है उसी प्रकार वह सत् भी स्वभावसे ही सिद्ध है। क्योकि वह सत्तात्मक अपने स्वभावसे बना हुआ है। सत्ता द्रव्यसे भिन्न नही है कि उसके समवायसे द्रव्य सत् हो। सत् और सत्ता ये दोनो पृथक् सिद्ध न होनेसे भिन्न-भिन्न नही हैं क्योकि दण्ड और देवदत्तकी तरह दोनो अलग-अलग दृष्टिगोचर नही होते। इसके सम्बन्धमें पहले लिख आये हैं कि गुण और गुणीमें अन्यपना तो है किन्तु पृथक्पना नही है।

तथा द्रव्य सदा अपने स्वभावमें स्थिर रहता है इसलिए वह सत् है। वह स्वभाव है ध्रौव्य, उत्पाद और व्ययकी एकतारूप परिणाम। उत्पाद व्ययके विना नही होता, व्यय उत्पादके विना नही होता, उत्पाद और व्यय ध्रौव्यके विना नही होते और ध्रौव्य, उत्पाद व्ययके विना नही होता। तथा जो उत्पाद है वही व्यय है, जो व्यय है वही उत्पाद है, जो उत्पाद और व्यय है वही ध्रौव्य है। जो ध्रौव्य है वही उत्पाद और व्यय है। इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है—

जो घड़ेका उत्पाद है वही मिट्टीके पिण्डका विनाश है क्योकि भाव भावान्तर के अभावरूप से दृष्टिगोचर होता है। तथा जो मिट्टीके पिण्डका विनाश है वही घड़ेका उत्पाद है क्योंकि अभाव भावान्तरके भावरूपसे दृष्टिगोचर होता है। और जो घड़ेका उत्पाद और पिण्डका व्यय है वही मिट्टीकी स्थिति है।

क्योकि व्यतिरेक द्वारा ही अन्वयका प्रकाशन होता है। जो मिट्टीकी स्थिति है वही घडेका उत्पाद और मिट्टीके पिण्डका विनाश है क्योकि व्यतिरेक अन्वयका अतिक्रमण नही करता।

यदि ऐसा नही मानेंगे तो उत्पाद अन्य है, व्यय अन्य है और ध्रौव्य अन्य है ऐसा मानना होगा। ऐसा होनेपर घट उत्पन्न नही होगा क्योकि मिट्टीके पिण्डके विनाशके साथ ही घट उत्पन्न होता है वही घटका उत्पत्ति कारण है उसके अभावमे घट कैसे उत्पन्न हो सकता है। यदि होगा तो असत्की उत्पत्ति माननी होगी। इस तरह जैसे घटकी उत्पत्ति नही होगी वैसे ही समस्त पदार्थोकी उत्पत्ति नही होगी और यदि असत्की भी उत्पत्ति होगी तो गधे के सीग भी उत्पन्न हो जायेंगे।

इसी तरह उत्पाद और ध्रौव्यके विना केवल व्यय माननेपर मिट्टीके पिण्डका व्यय ही नही होगा। क्योकि मिट्टीका पिण्ड नष्ट होनेके साथ ही घट उत्पन्न होता है। आप उसे विनाशसे भिन्न मानते है तो पिण्डका विनाश कैसे होगा और यदि होगा तो सत्का ही उच्छेद हो जायेगा। और ऐसा होनेपर चैतन्य आदिका भी सर्वथा विनाश हो जायेगा।

तथा उत्पाद व्ययके विना केवल ध्रौव्य माननेसे या तो मिट्टी ध्रुव नही होगी या क्षणिक ही नित्य हो जायेगा। अतः उत्पाद, व्यय, ध्रौव्यका परस्परमें अविनाभाव है और इस लिए द्रव्य उत्पाद, व्यय, ध्रौव्यात्मक है।

किन्तु द्रव्यका उत्पाद, व्यय आदि नही होता, पर्यायोका होता है और पर्याएँ द्रव्यकी है, इसलिए यह सब द्रव्यके ही कहे जाते है। आशय यह है कि जैसे स्कन्ध, मूल, शाखा ये सब वृक्षाश्रित है, वृक्षसे भिन्न पदार्थरूप नही है उसी प्रकार पर्याएँ द्रव्याश्रित ही है, द्रव्यसे भिन्न पदार्थरूप नही है। तथा पर्याएँ उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य रूप है क्योकि उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य अंशोके धर्म है अंशीके नही। जैसे बीज, अंकुर और वृक्षत्व ये वृक्षके अंश है। बीजका नाश, अंकुरका उत्पाद, और वृक्षत्वका ध्रौव्य तीनो एक साथ होते है अत. नाश बीजपर आश्रित है, उत्पाद अंकुरपर, ध्रौव्य वृक्षत्वपर। नाश, उत्पाद, ध्रौव्य, बीज, अंकुर और वृक्षत्व से भिन्न पदार्थ नही हैं। इसी तरह बीज, अंकुर और वृक्षत्व भी वृक्षसे भिन्न पदार्थ नही है। ये सब वृक्ष ही है। उसी प्रकार नष्ट होता हुआ भाव, उत्पन्न होता हुआ भाव और ध्रौव्य भाव सब द्रव्यके अंश है। तथा नाश, उत्पाद, ध्रौव्य उन भावोसे भिन्न पदार्थ रूप नही है। और वे भाव भी द्रव्यसे भिन्न पदार्थ नही है अत सब एक द्रव्य ही हैं।

किन्तु यदि उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य अशोका न मानकर द्रव्यका ही माना जाये तो सब गडबड़ हो जायेगा, इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है—यदि द्रव्यका ही व्यय माना जाये तो सब द्रव्योंका एक ही क्षणमें विनाश हो जानेसे जगत् द्रव्यशून्य हो जायेगा। यदि द्रव्यका ही उत्पाद माना जाये तो द्रव्यमें प्रतिसमय उत्पाद होनेसे प्रत्येक उत्पाद एक अलग द्रव्य हो जायेगा और इस तरह द्रव्य अनन्त हो जायेगे। यदि द्रव्यका ही ध्रौव्य माना जायेगा तो क्रमसे होनेवाले भावोंका अभाव होनेसे द्रव्यका ही अभाव हो जायेगा। इसलिए उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य पर्यायके होते है और पर्याय द्रव्यकी होती है अतः ये सब एक ही द्रव्य हैं ऐसा समझना चाहिए।

शंका—जिस क्षणमें वस्तुका उत्पाद होता है उस क्षणमें उत्पाद ही होता है विनाश और ध्रौव्य नही। जिस क्षणमे वस्तु ध्रुव होती है उस क्षणमें विनाश और उत्पाद नही। जिस क्षणमें वस्तुका व्यय होता है उस क्षणमे व्यय ही है उत्पाद और ध्रौव्य नही। इस प्रकार इन तीनोमें क्षणभेद अवश्य है।

समाधान—यह सम्भव होता यदि द्रव्यका ही उत्पाद, द्रव्यका ही विनाश और द्रव्यका ही ध्रौव्य माना जाता। किन्तु ऐसा नही माना गया है। पर्यायोके ही उत्पाद आदि होते है तब क्षणभेदका प्रश्न ही नही रहता। जैसे जिस क्षणमे घटका उत्पाद होता है उसी क्षण मिट्टीकी पिण्डपर्याय नष्ट होती है और मिट्टीपना ध्रुव रहता है। इसी तरह सर्वत्र जो उत्तरपर्यायका जन्मक्षण है वही पूर्वपर्यायका नाशक्षण है और वही दोनो अवस्थामें रहनेवाले द्रव्यत्वका स्थितिक्षण है। इस तरह द्रव्यकी अन्य पर्याय उत्पन्न होती है, कोई अन्य पर्याय नष्ट होती है किन्तु द्रव्य न उत्पन्न होता है और न नष्ट होता है।

जैसे एक जीव मनुष्यपर्यायको छोड़कर देवपर्यायमें उत्पन्न होता है और फिर देवपर्यायको भी छोडकर अन्य पर्यायमें उत्पन्न होता है तो क्या वह जीवपनेको छोड़ देता है ? यदि नही छोड़ता तो वह वही रहा। किन्तु पर्याय तो अपने ही कालमें रहती है उससे अन्यकालमें उसका अभाव हो जाता है। मनुष्य-पर्याय देवपर्यायमें नही है और देवपर्याय मनुष्यपर्यायमें नही है अर्थात् भिन्न-भिन्न है इसलिए उनका कर्ता जीवद्रव्य भी पर्यायकी अपेक्षासे अन्य है। सर्वथा एक ही नही है।

इस तरह वस्तु द्रव्यपर्यायात्मक या सामान्य विशेषात्मक है। उस वस्तुके सामान्य और विशेष स्वरूपोको जाननेके लिए दो आँखे है एक द्रव्यार्थिक और दूसरी पर्यायार्थिक। उनमेंसे पर्यायार्थिक चक्षुको सर्वथा बन्द करके जब मात्र खुली हुई द्रव्यार्थिक चक्षुके द्वारा देखते है तो नारक आदि पर्यायोमें रहनेवाले एक जीवत्व सामान्यको देखनेवाले और विशेषोको न देखनेवालोको 'वह सब जीवद्रव्य है' ऐसा भासित होता है और जब द्रव्यार्थिक चक्षुको सर्वथा बन्द करके केवल खुली हुई पर्यायार्थिक चक्षुके द्वारा देखते है तो जीव-द्रव्यमें रहनेवाले नारक आदि पर्यायस्वरूप विशेषोको देखनेवाले और सामान्यको न देखनेवाले जीवोको वह जीवद्रव्य अन्य-अन्य भासित होता है क्योकि द्रव्य उन-उन विशेषोके समय तन्मय होनेसे उन-उन विशेषोसे अनन्य (अभिन्न) है। और जब उन द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक दोनो आँखोको एक साथ खोलकर उनके द्वारा देखा जाता है तो नारक आदि पर्यायोमें रहनेवाला जीवसामान्य और जीवसामान्यमें रहनेवाले नारक आदि पर्यायरूप विशेष एक ही साथ दिखाई देते है।

इस तरह पदार्थ द्रव्यस्वरूप है और द्रव्य गुणोका समुदाय रूप है तथा पर्याय द्रव्यरूप भी और गुणरूप भी है। आचार्य अमृतचन्द्रजीने प्रवचनसार गाथा ९३ की टीकामें कहा है—अनेक द्रव्योमे एकताका बोध करानेवाली पर्याय द्रव्यपर्याय है। उसके दो प्रकार है—समान जातीय और असमान जातीय। अनेक पुद्गल परमाणुओके मेलसे बने घट-पट आदि समान जातीय द्रव्यपर्याय है। और जीव तथा पुद्गलके मेल-से बनी देव, मनुष्य आदि पर्याय असमान जातीय द्रव्यपर्याय है। गुणपर्यायके भी दो भेद है—स्वभावगुण-पर्याय और विभावगुणपर्याय। प्रत्येक द्रव्यमें अपने-अपने अगुरु लघुगुण द्वारा प्रतिसमय होनेवाली षट्स्थान-पतित हानिवृद्धिरूप अनेकताकी अनुभूति स्वभावपर्याय है। पुद्गलके रूपादि और जीवके ज्ञानादि गुणोमें स्व और पर कारणोसे पूर्वोत्तर अवस्थामें होनेवाले तारतम्य (हीनाधिकता) से जो अनेक अवस्थाएँ होती है वह विभाव गुणपर्याय है।

आचार्य कुन्दकुन्दने नियमसार गाथा १४ में पर्यायके दो भेद किये है स्व पर सापेक्ष और निरपेक्ष। इसकी टीकामें पद्मप्रभ मलधारीने इसे शुद्ध और अशुद्धपर्यायकी सूचना कहा है अर्थात् निरपेक्षपर्याय शुद्ध-पर्याय है इसे उन्होंने स्वभावपर्याय कहा है।

'अत्र स्वभावपर्याय. षड्द्रव्यसाधारणः अर्थपर्यायः अवाङ्मानसगोचर· अतिसूक्ष्म. आगमप्रामाण्या-दभ्युपगम्योऽपि च षड्हानिवृद्धिविकल्पयुक्तः। अनन्तभागवृद्धि·, असंख्यातभागवृद्धि·, संख्यातभागवृद्धिः, संख्यातगुणवृद्धि , असंख्यातगुणवृद्धि., अनन्तगुणवृद्धिः तथा हानिश्च नीयते। अशुद्धपर्यायो नरनारकादि-व्यञ्जनपर्याय— ।'

स्वभावपर्याय छहो द्रव्योमें साधारण है अर्थात् सभी द्रव्योमें होती है उसीको अर्थपर्याय कहते है, वह वचन और मनके अगोचर है, अतिसूक्ष्म है, आगम प्रमाणसे स्वीकार करनेके योग्य है तथा छह हानि वृद्धिके भेदोंसे सहित है। वे छह हानिवृद्धि इस प्रकार है—अनन्तभागवृद्धि, असंख्यातभागवृद्धि, संख्यातभाग-वृद्धि, संख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणवृद्धि और अनन्तगुणवृद्धि। इसी प्रकार छह हानियाँ भी हैं।

नियमसार गाथा १५ की टीकामें मलधारीजीने स्वभावपर्यायके भी दो भेद किये है—कारणशुद्ध-पर्याय और कार्यशुद्धपर्याय। सहज शुद्ध निश्चयनयसे अनादि, अनन्त, अमूर्त, अतीन्द्रिय स्वभाव, शुद्ध स्वाभाविकज्ञान, स्वाभाविकदर्शन, स्वाभाविकचारित्र, स्वाभाविकवीतराग सुखरूप, स्वाभाविकअनन्तचतुष्टय-स्वरूप जो परम पारिणामिकभावकी परिणति है वह कारणशुद्धपर्याय है। और सादि, अनन्त, अमूर्त,

अतीन्द्रिय स्वभाव केवलज्ञान, केवलदर्शन, केवलसुख और केवलवीर्ययुक्त अनन्तचतुष्टयके साथ जो परमोत्कृष्ट क्षायिकभावकी शुद्धपरिणति है वह कार्य शुद्धपर्याय है। अर्थात् आत्मामें सदाकाल वर्तमान स्वाभाविक अनन्तचतुष्टययुक्त कारण शुद्धपर्यायमेंसे केवलज्ञानादि अनन्तचतुष्टययुक्त कार्य शुद्धपर्याय प्रकट होती है।

व्यंजनपर्याय स्थूल होती है, वचनगोचर और चक्षुगोचर होती है तथा चिरकाल तक रहती है यह भी स्वभाव और विभावके भेदसे दो प्रकारकी है। जीवकी मनुष्य नारकी आदि पर्याय विभावव्यंजनपर्याय है और सिद्धपर्याय स्वभावव्यंजनपर्याय है। पुद्गलकी द्वचणुक आदिरूपपर्याय विभाव व्यंजनपर्याय है।

जैसे पर्याय स्वभाव और विभावरूप होती है वैसे ही गुण भी स्वभाव और विभावरूप होते है। जैसे जीवके केवलज्ञान आदि स्वभावगुण है और मतिज्ञानादि विभावगुण है। शुद्ध परमाणुमें जो रूपादि होते हैं वे स्वभावगुण है, द्वचणुक आदि स्कन्धोमें जो रूपादि है वे विभावगुण है। ये जीव और पुद्गलद्रव्यके विशेषगुण है। अस्तित्व, नास्तित्व, एकत्व, अन्यत्व, द्रव्यत्व, पर्यायवत्व, सर्वगतत्व, सप्रदेशत्व, अप्रदेशत्व, मूर्तत्व, अमूर्तत्व, सक्रियत्व, निष्क्रियत्व, चेतनत्व, अचेतनत्व, कर्तृत्व, अकर्तृत्व, भोक्तृत्व, अभोक्तृत्व, अगुरु-लघुत्व आदि सामान्यगुण है यथायोग्य सब द्रव्योमें पाये जाते है।

धर्मद्रव्यका विशेषगुण गतिहेतुता है, अधर्मद्रव्यका विशेषगुण स्थितिहेतुता, आकाशका विशेषगुण अवगाहहेतुता और कालद्रव्यका विशेषगुण वर्तनाहेतुता है।

इन द्रव्योमें जीव और पुद्गलद्रव्योका परिणमन स्वभावरूप भी होता है और विभावरूप भी होता है। शेष चार द्रव्योमें विभावव्यंजनपर्याय नही होती इसलिए वे मुख्यरूपसे अपरिणामी कहे जाते है वैसे स्वाभाविक परिणमन तो उनमें भी होता है। जीवद्रव्यके सिवाय शेष पाँचो द्रव्य अजीव है। स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण जिसमें पाये जायें उसे मूर्तिक कहते है। इसीसे पुद्गलद्रव्य मूर्तिक है। जीवद्रव्य अनुपचरित असद्भूत व्यवहार नयसे मूर्त होनेपर भी शुद्ध निश्चयनयसे अमूर्त है। शेष धर्म, अधर्म, आकाश और कालद्रव्य अमूर्तिक ही हैं।

इस प्रकार द्रव्यगुण पर्यायकी चर्चा कुन्दकुन्द स्वामी आदि आचार्योंने की है उसीको आधार बनाकर प्रकृत ग्रन्थमें चर्चा की गयी है।

२. पंचास्तिकाय

छह द्रव्योमेसे काल द्रव्यको पृथक् कर देनेसे शेष पाँचोको पंचास्तिकाय कहते है। और उनमें कालको सम्मिलित कर देनेसे छह द्रव्य कहे जाते है। काल द्रव्य है किन्तु अस्तिकाय नही है। अस्तिकाय शब्द अस्ति, और काय दो शब्दोके मेलसे बना है। 'अस्ति' का अर्थ है 'सत्' अर्थात् ये सभी द्रव्य सत् है। तथा कायका अर्थ है शरीर जैसे शरीर बहुतसे पुद्गल परमाणुओका समूह होता है वैसे ही ये द्रव्य भी बहुतसे प्रदेशवाले है अत. इन्हे 'काय' शब्दसे कहा है, यही बात द्रव्य संग्रहमें कही है—

संति जदो तेणेदे अत्थित्ति भणंति जिणवरा जम्हा।
काया इव बहुदेसा तम्हा काया य अत्थिकाया य॥

चूँकि ये द्रव्य 'है' इसलिए जिनेन्द्रदेवने इन्हें अस्ति कहा है और शरीरकी तरह बहुत प्रदेश वाले है इसलिए 'काय' कहा है। अस्ति और काय होनेसे ये अस्तिकाय है।

आचार्य कुन्दकुन्दने पंचास्तिकाय ग्रन्थमे लिखा है—

जीवा पुग्गलकाया धम्माधम्मा तहेव आयासं।
अत्थितम्हि य णियदा अणण्णमइया अणुमहंता॥४॥

जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश ये पाँचो उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य युक्त होनेसे 'सत्' है। इनका अस्तित्व सुनिश्चित है। तथा जैसे घटसे रूप अभिन्न है वैसे ही ये सत्तासे अभिन्न हैं अर्थात् स्वयं सत्स्वरूप हैं। तथा 'अणु' शब्दसे यहाँ 'प्रदेश' लिये गये है। मूर्त और अमूर्त द्रव्योके निर्विभागी अंशको प्रदेश कहते है, प्रदेशकी माप अणुसे की जाती है। पुद्गलका एक परमाणु जितने आकाशको रोकता है उतनेका नाम प्रदेश है। ये पाँचो द्रव्य अणुमहता—प्रदेश प्रचयरूप है। आशय यह है कि जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म और आकाश द्रव्य अवयवी है क्योकि इनके प्रदेश नामक अवयव है। उन अवयवोसे उनका अभेद है अतः ये पाँचो द्रव्य काय है।

शंका—पुद्गलका परमाणु तो एकप्रदेशी है वह काय कैसे है ?

समाधान—यद्यपि परमाणु निरवयव है तथापि उसमें सावयवत्व शक्ति है। स्निग्ध रूक्षत्व गुणके कारण एक परमाणु दूसरे परमाणुओसे सम्बद्ध होकर बहुप्रदेशी हो जाता है इसलिए उसे उपचारसे काय कहा है। किन्तु कालद्रव्य भी यद्यपि अणुरूप है किन्तु अमूर्तिक होनेसे उसमें स्निग्ध-रूक्षत्व गुण नही है इसलिए एक कालाणुका दूसरे कालाणुके साथ बन्ध नही होता। अतः कालद्रव्य उपचारसे भी काय नही है।

शायद कहा जाये कि पुद्गलके सिवाय शेष चारो द्रव्य भी अमूर्तिक होनेसे अखण्ड है उनमें विभाग सम्भव नही है तब उन्हें सावयव कैसे माना जा सकता है ? ऐसी शंका नही करनी चाहिए। क्योकि अखण्ड आकाशमें भी यह घटाकाश है और यह पटाकाश है ऐसी विभाग कल्पना देखी जाती है। यदि उसमें विभाग कल्पना न की जाये तो जिस आकाशमें वाराणसी बसी है और जिसमें कलकत्ता बसा है वे दोनो एक हो जायेंगे। किन्तु इसे कोई भी स्वीकार नही करेगा। अतः कोलाणुके सिवाय अन्य सभी द्रव्य काय या सावयव है।

इन ही पचास्तिकायोसे तीनो लोक बने हुए हैं। ये ही मूल पदार्थ है, इन ही के उत्पाद, व्यय, ध्रौव्यरूप भावो तथा गुणपर्यायोसे तीनो लोक निर्मित है। धर्म, अधर्म और आकाशद्रव्य सर्वलोक व्यापी है ये ही ऊर्ध्वलोक, अधोलोक और मध्यलोक रूपसे परिणमित हैं अत. उनका कायपना या सावयवपना अनुमानसे भी सिद्ध होता है। एक जीवद्रव्य अपने शरीरके बराबर है, यद्यपि प्रदेशोकी अपेक्षा वह भी लोकाकाशके बराबर है, क्योंकि जब केवली अवस्थामें जीव लोकपूरण समुद्घात करता है तो वह सर्वलोकव्यापी हो जाता है अत. जीव भी सावयव है। पुद्गलका परमाणु यद्यपि एकप्रदेशी है किन्तु महास्कन्ध तीनो लोकोमें व्याप्त है अतः उसमें भी उस प्रकारकी शक्ति होनेसे पुद्गल द्रव्य भी सावयव है, एक काल द्रव्य ही निरवयव है।

शायद कहा जाये कि यदि ये द्रव्य सावयव है तो अवयवोका विशरण होनेपर इनका विनाश हो जायेगा। किन्तु ऐसा कहना ठीक नही है। जिनके अवयव कारणपूर्वक होते है उनके अवयवोका विशरण होता है जैसे तन्तुओके मेलसे बना वस्त्र तन्तुओके अलग-अलग होनेपर नष्ट हो जाता है। इस तरह धर्मादि द्रव्योंके प्रदेश अन्य द्रव्योके मेलसे बने हुए नही है। जैसे घटका द्रव्यरूपसे विभाग हो जाता है वह फूटकर कपालरूप हो जाता है वैसा विभाग इन द्रव्योमें नही होता इस दृष्टिसे वे निरवयव है। अतएव नित्य है।

३. सततत्त्व-नवपदार्थ

जीवद्रव्य—उक्त छह द्रव्यो और पाँच अस्तिकायोमें एक जीवद्रव्य ही चेतन है शेष सब द्रव्य अचेतन है। उन अचेतन द्रव्योमें भी एक पुद्गलद्रव्य ही ऐसा है जो ससारदशामें जीवसे सम्बद्ध होकर जीवके विकारमें निमित्त होता है शेष चार द्रव्य तो इन्ही दो द्रव्योंको गति आदिमें सहायक मात्र होते है। अत. यह ससार मुख्यरूपसे दो ही द्रव्योके मेलका परिणाम है। इसलिए यहाँ इन्हीके सम्बन्धमें विशेष कथन किया जाता है।

आचार्य कुन्दकुन्दने प्रवचनसारमें जीवका स्वरूप इस प्रकार कहा है—

अरसमरूवमगंधं अव्वत्तं चेदणागुणमसद्दं ।
जाण अलिंगग्गहणं जीवमणिद्दिट्ठ संठाणं ॥१७२॥

जीवमें न रस है, न रूप है, न गन्ध है, न स्पर्श है, न वह शब्द पर्यायरूप है । इसीसे इन्द्रियोके द्वारा उसका ग्रहण (ज्ञान) नही होता । उसका गुण चेतना है तथा उसका कोई आकार भी नही है ।

इसमें जीवद्रव्यको अन्य सब द्रव्योसे भिन्न स्वतन्त्र द्रव्य बतलाया है । चूँकि इन्द्रियाँ उसी वस्तुको जानती-देखती है, जिनमे रूप, रस, गन्ध और स्पर्श होते है या जो शब्दरूप होती है । जीवमे इनमेंसे कोई भी नही है अत. वह इन्द्रियोसे अगम्य है तथा पुद्गलसे भिन्न है क्योकि रूप, रस वगैरह पुद्गलके ही विशेष गुण है । जीव द्रव्यका विशेष गुण तो एक मात्र चेतना है । इसीसे वह अन्य चार द्रव्योसे भी भिन्न है । धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाश द्रव्य और कालद्रव्यमे भी न रूप है, न रस है, न गन्ध है, न स्पर्श है । इसीसे वे भी पुद्गलसे भिन्न द्रव्य है किन्तु वे सब अचेतन है अतः जीव उनसे भी भिन्न है ।

इस तरह चैतन्य गुणवाला जीवद्रव्य संसारी और मुक्त दशाके कारण दो रूप है । उसकी प्रारम्भिक अवस्था संसारी है और उससे छूटनेपर वही जीव मुक्त कहाता है । जितने भी मुक्त जीव है वे सब पहले संसारी थे । संसार दशासे छूटनेपर ही मुक्त हुए हैं । यद्यपि जैसे संसार अनादि है वैसे मोक्ष भी अनादि है । किन्तु ऐसा कोई मुक्त जीव नही है जो संसार अवस्थामें न रहकर अनादिमुक्त हो ।

अतः जीवद्रव्यको समझनेके लिए उसकी दोनो अवस्थाओका जानना आवश्यक है । अतः उसीका कथन किया जाता है ।

आचार्य कुन्दकुन्दने पंचास्तिकायमें संसारी जीवका स्वरूप इस प्रकार कहा है—

जीवो इत्ति हवदि चेदा उवओगविसेसिदो पहू कत्ता ।
भोत्ता य देहमेत्तो ण हि मुत्तो कम्मसंजुत्तो ॥२७॥

आचार्य अमृतचन्द्रने निश्चयनय और व्यवहारनयसे इसका व्याख्यान इस प्रकार किया है—

आत्मा निश्चयनयसे भाव प्राणोको और व्यवहारनयसे द्रव्य प्राणोको धारण करता है इसलिए जीव है । (संसारी जीव दोनो प्रकारके प्राणोको सदाकाल धारण करता है किन्तु मुक्त जीवके केवल भावप्राण ही होते है ।) निश्चय से जीव चित्स्वरूप है और व्यवहारसे चैतन्य शक्तिसे युक्त है अतः चेतयिता है । निश्चयसे अभिन्न और व्यवहारसे भिन्न ज्ञानदर्शनरूप उपयोगसे विशिष्ट है । निश्चयसे भावकर्मोके और व्यवहारसे द्रव्य कर्मोके आस्रव, बन्ध, संवर, निर्जरा और मोक्ष करनेमें वह स्वयं समर्थ है इसलिए प्रभु है । निश्चयसे पौद्गलिक कर्मके निमित्तसे होनेवाले आत्मपरिणामोका और व्यवहारसे आत्मपरिणामोके निमित्त से होनेवाले पौद्गलिक कर्मोका कर्ता होनेसे कर्ता है । निश्चयसे शुभ और अशुभ कर्मके निमित्तसे होनेवाले सुख-दुःखरूप परिणामोका और व्यवहारसे शुभाशुभ कर्मोसे प्राप्त इष्ट-अनिष्ट विषयोका भोक्ता होनेसे भोक्ता है । यद्यपि निश्चयसे जीव लोकाकाश प्रमाण असंख्यात प्रदेशी है फिर भी विशिष्ट अवगाहरूप परिणामकी शक्तिवाला होनेसे नामकर्मसे रचित छोटे या बड़े शरीरमें रहनेसे व्यवहारसे शरीरके बराबर है । कर्मोके साथ एकत्व परिणामके कारण व्यवहारसे जीव यद्यपि मूर्तिक है तथापि निश्चयसे अरूपी स्वभाववाला होनेसे अमूर्त है । निश्चयसे संसारी जीव निमित्तभूत पुद्गल कर्मोके अनुरूप नैमित्तिक आत्मपरिणामोके (भाव-कर्मोके) साथ और व्यवहारसे निमित्तभूत आत्मपरिणामोके अनुरूप नैमित्तिक पुद्गल कर्मोके (द्रव्यकर्मोके) साथ संयुक्त होनेसे कर्म संयुक्त है ।

यह संसारी जीवका सोपाधि (परसापेक्ष) और निरुपाधि स्वरूप है ।

संसारी जीव अनादिकालसे कर्मबद्ध है। इस लोकमें कर्मरूप होनेके योग्य पौद्गलिक कर्म-वर्गणा सर्वत्र विद्यमान है। जहाँ जीव रहता है वहाँ भी पहलेसे ही बिना बुलाये वर्तमान है। ऐसी स्थितिमें संसारी जीव अपने चैतन्य स्वभावको अपनाये हुए ही अनादि बन्धनसे बद्ध होनेसे मोह, राग, द्वेषरूप अशुद्धभाव करता है। जब जहाँ वह मोहरूप, रागरूप या द्वेषरूप भाव करता है वहाँ उसी समय जीवके उन भावोंका निमित्त पाकर पुद्गल स्वभावसे ही जीवकी ओर आकृष्ट होते हैं और जीवके प्रदेशोंमें परस्पर अवगाहरूपसे प्रविष्ट होकर दूध-पानीकी तरह मिलकर जीवसे बन्धको प्राप्त हो जाते हैं। जैसे लोक में सूर्यकी किरणोंका निमित्त पाकर सन्ध्या, इन्द्रधनुष आदि रूपसे पुद्गलोंका परिणमन बिना किसी अन्य कर्ताके स्वयं होता देखा जाता है, वैसे ही अपने योग्य जीवपरिणामोंका निमित्त पाकर कर्म भी बिना किसी अन्य कर्ताके ज्ञानावरण आदि रूपसे स्वयं परिणमते हैं। इस तरह यद्यपि जीव और अजीव (पुद्गल) दो मूल पदार्थ हैं दोनोंका अस्तित्व पृथक्-पृथक् होनेके साथ दोनोंके स्वभाव भी भिन्न हैं। फिर भी जीव और पुद्गल का अनादि संयोग होनेसे सात अन्य पदार्थोंकी सृष्टि होती है। जीवके शुभ परिणाम भावपुण्य हैं और भावपुण्यके निमित्तसे होनेवाला पौद्गलिक कर्मोंका शुभ प्रकृतिरूप परिणाम द्रव्यपुण्य हैं। इसी तरह जीवके अशुभ परिणाम भावपाप है उसका निमित्त पाकर होनेवाला पौद्गलिक कर्मोंका अशुभ प्रकृतिरूप परिणाम द्रव्यपाप है। जीवके मोह-राग-द्वेषरूप परिणाम भावास्रव है और उसका निमित्त पाकर योगद्वारा आनेवाले पुद्गलोंका कर्मरूप परिणाम द्रव्यास्रव है। मोह-राग-द्वेष द्वारा जीवके स्निग्ध हुए परिणाम भावबन्ध हैं और इस भावबन्धके निमित्तसे कर्मरूप परिणत हुए पुद्गलोंका जीवके साथ एक क्षेत्रावगाहरूप विशिष्ट सम्बन्ध द्रव्यबन्ध है। जीवके मोह-राग-द्वेषरूप परिणामोंका निरोध भावसंवर है और उसके निमित्तसे योग द्वारा आते हुए पुद्गलोंका कर्मरूप परिणामका रुकना द्रव्यसंवर है। कर्मकी शक्तिको नष्ट करनेमें समर्थ जीवका शुद्धोपयोग भाव निर्जरा है और उसके निमित्तसे नीरस हुए बद्धकर्म पुद्गलोंका एकदेश क्षय द्रव्यनिर्जरा है। और जीवका शुद्धात्मोपलब्धिरूप जो परिणाम कर्मोंका निर्मूलन करनेमें समर्थ है वह भावमोक्ष है और भावमोक्षके निमित्तसे जीव केसाथ कर्मपुद्गलोंका अत्यन्त विश्लेष द्रव्यमोक्ष है। ये नव पदार्थ है। इनमेंसे भावपुण्य, भावपाप भावास्रव, भावबन्ध, भावसंवर, भावनिर्जरा, भावमोक्ष जीवरूप है और द्रव्यपुण्य, द्रव्यपाप, द्रव्यास्रव, द्रव्यबन्ध, द्रव्यसंवर, द्रव्यनिर्जरा, द्रव्यमोक्ष ये अजीवरूप है। इनमे पुण्य-पापको कम कर देनेसे सात तत्त्व कहे जाते है।

ऊपर भावको कर्म में और कर्मको भावमें निमित्त कहा है। इस निमित्त-नैमित्तिक भावको लेकर द्रव्य और भावमें कार्य-कारण भाव कहा जाता है। इसका विश्लेषण पंचास्तिकाय (गा० ६० आदि) में तथा उसकी टीकामें किया है। आचार्य अमृतचन्द्रजीने कहा है—व्यवहारसे निमित्तमात्र होनेसे जीवके भावका कर्म कर्ता है और कर्मका भी जीवका भाव कर्ता है किन्तु निश्चयसे न तो जीवके भावोंका कर्म कर्ता है और न कर्मका कर्ता जीवका भाव है किन्तु बिना कर्ताके भी भाव और कर्म नही हो सकते। अतः निश्चयसे जीवके परिणामोंका जीव कर्ता है और कर्मके परिणामोंका कर्म कर्ता है।

दूसरी ज्ञातव्य बात यह है कि ऊपर दो द्रव्योंके संयोगका परिणाम सात पदार्थ कहे हैं वे भूतार्थ-नयसे हैं या अभूतार्थनयसे है ? समयसार गा० १३की टीकामें आचार्य अमृतचन्द्रजीने कहा है कि धर्मतीर्थकी प्रवृत्तिके लिए अभूतार्थनयसे इनका कथन किया गया है। बाह्यदृष्टिसे जीव और पुद्गलकी अनादिबन्ध पर्यायको लेकर यदि एकत्वका अनुभव किया जाये ये नवतत्त्व भूतार्थ हैं और एक जीव द्रव्यके स्वभावको लेकर अनुभवन करनेपर ये अभूतार्थ हैं। क्योंकि भूतार्थनयसे इन नौ तत्त्वोंमें एक जीव ही प्रकाशमान है जीवके स्वरूपमें ये नहीं हैं। तथा अन्तर्दृष्टिसे देखनेपर ज्ञायकभाव जीव है और जीवके विकारका कारण अजीव है। पुण्य-पाप आदि अकेले जीवके विकार नहीं है किन्तु अजीवके विकारसे जीवके विकारके कारण है। अतः जीवके स्वभावको अलग करके स्व और परके निमित्तसे होनेवाली एक द्रव्यपर्यायरूपसे अनुभवन करने पर तो भूतार्थ है किन्तु उसे असम्बलित एक जीवद्रव्यके स्वभावका अनुभवन करने पर असत्यार्थ हैं।

सारांश यह है कि जब तक उक्त रूपसे जीवतत्त्वका भान नही होता तबतक व्यवहारदृष्टिसे जीव और पुद्गलकी बन्धपर्यायरूप दृष्टिसे ये नवतत्त्व पृथक्-पृथक् दीखते हैं। जब शुद्धनयसे जीवतत्त्व और पुद्गल-तत्त्वका स्वरूप पृथक्-पृथक् अनुभवमें आता है तब ये कुछ भी वस्तु नही दीखते। निमित्त-नैमित्तिकेभावसे ये थे। जब निमित्त-नैमित्तिकभाव मिट गया तब जीव और पुद्गलके पृथक्-पृथक् होनेसे दूसरा कोई पदार्थ नही रहता। वस्तु तो द्रव्य है द्रव्यके निज भाव द्रव्यमें ही रहते हैं। नैमित्तिक भाव तो नैमित्तिक ही है उनका तो अभाव होता ही है।

निश्चयनय और व्यवहारनय

नयके मूल भेद निश्चयनय और व्यवहारनय है। आचार्य कुन्दकुन्दने कहा है—

ववहारोऽभूदत्थो भूदत्थो देसिदो दु सुद्धणओ।
सुद्धणयमस्सिदो खलु सम्माइट्ठी हवदि जीवो ॥११॥

—समयसार

इसकी व्याख्या करते हुए आचार्य अमृतचन्द्रजीने कहा है—सब ही व्यवहारनय अभूतार्थ होनेसे अभूतार्थको प्रकट करता है। एक शुद्धनय ही भूतार्थ होनेसे भूतार्थ-सत्यार्थका कथन करता है। जैसे बहुत अधिक कीचड़के मिलनेसे जिसकी स्वाभाविक स्वच्छता लुप्त जैसी हो गयी है ऐसे जलको देखनेवाले अविवेकी पुरुष जल और कीचड़का भेद न करके उस मैले जलका ही पान करते है। किन्तु कुछ विवेकी पुरुष उस पानीमें अपने हाथसे निर्मलीका चूर्ण डालकर जल और कीचडको भिन्न करके अपने पुरुषार्थसे जलको स्वच्छताको प्रकट करके स्वच्छ जलका ही पान करते हैं। उसी तरह प्रबल कर्मके सभोगसे जिसका एक स्वाभाविक ज्ञायक भाव लुप्त जैसा हो गया है ऐसी आत्माका अनुभव करनेवाले पुरुष आत्मा और कर्मजन्य भावोमें भेद न करके व्यवहारसे विमोहित होकर अनेक रूप आत्माका अनुभवन करते है। किन्तु भूतार्थदर्शी महात्मा अपनी बुद्धिसे प्रयुक्त शुद्धनयके अनुसार होनेवाले ज्ञान मात्रसे आत्मा और कर्ममें विवेक करके, अपने पुरुषार्थसे प्रकट किये गये स्वाभाविक एक ज्ञायक स्वभाव होनेसे जिसमे एक ज्ञायकभाव प्रकाशमान है ऐसी शुद्ध आत्माका अनुभव करते है। इसलिए जो भूतार्थ शुद्धनयका आश्रय लेते है वे सम्यक् द्रष्टा होनेसे सम्यग्दृष्टी होते है, दूसरे लोग नही। यह शुद्धनय निर्मलीके तुल्य है अत. जो कर्म भिन्न आत्माका दर्शन करना चाहते है उन्हें व्यवहारनयका अनुसरण नही करना चाहिए।

आशय यह है कि भूतार्थ कहते है सत्यार्थको। भूत अर्थात् पदार्थमें रहनेवाला 'अर्थ' अर्थात् भाव, उसे जो प्रकाशित करता है वह भूतार्थ है, सत्यवादी है। भूतार्थनय ही हमें यह बतलाता है कि जीव और कर्मका अनादि कालसे एकक्षेत्रावगाह रूप सम्बन्ध है। दोनो एक जैसे दीखते है फिर भी निश्चयनय आत्मद्रव्यको शरीरादि परद्रव्योसे भिन्न ही प्रकट करता है। वह भिन्नता मुक्तिदशामे व्यक्त होती है इसलिए निश्चयनय सत्यार्थ है। तथा अभूतार्थ कहते है असत्यार्थको। अभूतार्थ अर्थात् जो पदार्थमें नही होता ऐसा अर्थ अर्थात् भाव। उसे जो कहे उसे अभूतार्थ कहते है। जैसे जीव और पुद्गलकी सत्ता भिन्न है, स्वभाव भिन्न है, प्रदेश भिन्न है। फिर भी एकक्षेत्रावगाह रूप सम्बन्ध होनेसे आत्मा और शरीर आदि परद्रव्यको एक कहा जाता है। अत व्यवहारनय असत्यार्थ है। किन्तु तब क्या व्यवहारनय किसी भी दशामें किसीके लिए भी उपयोगी नही है? ऐसी बात नही है, व्यवहारनय भी किसी-किसीको किसी कालमें प्रयोजनीय है सर्वथा निषेध करने योग्य नही है—

सुद्धो सुद्धादेसो णायव्वो परमभावदरिसीहिं।
ववहारदेसिदा पुण जे दु अपरमे ठिदा भावे ॥१२॥

—समयसार

इस गाथाके भावार्थमें पं० जयचन्दजीने लिखा है—लोकमें सोनेके सोलह ताव प्रसिद्ध हैं। उनमें पन्द्रह ताव तक परसंयोगकी कालिमा रहती है तब तक उसे अशुद्ध कहते हैं। और फिर ताव देते-देते जब अन्तिम ताव उतरता है तब सोलह तावका शुद्ध सोना कहलाता है। जिन जीवोंको सोलहवान सोनेका ज्ञान, श्रद्धान तथा प्राप्ति हो चुकी है उनको पन्द्रहवान तकका सोना प्रयोजनीय नहीं है। किन्तु जिनको सोलहवानके स्वर्णकी प्राप्ति जब तक नहीं हुई है तब तक पन्द्रहवान तक भी प्रयोजनीय है। उसी तरह जीव पदार्थ पुद्गलके संयोगसे अशुद्ध अनेकरूप हो रहा है। उसका सब परद्रव्योंसे भिन्न एक ज्ञायकता मात्रका ज्ञान, श्रद्धान तथा आचरणरूप प्राप्ति जिनको हो गयी है उनको तो पुद्गलसंयोग जनित अनेक रूपताको कहनेवाला व्यवहारनय कुछ प्रयोजनीय नहीं है। किन्तु जब तक प्राप्ति नहीं हुई है तब तक यथा पदवी प्रयोजनीय है। अर्थात् जब तक यथार्थ ज्ञान श्रद्धानकी प्राप्तिरूप सम्यग्दर्शनकी प्राप्ति न हुई हो तब तक यथार्थ उपदेशदाता जिनवचनोंका सुनना, धारण करना तथा जिनवचनके प्रवक्ता जिनगुरुकी भक्ति, जिन-बिम्बका दर्शन इत्यादि व्यवहार मार्गमें प्रवृत्त होना प्रयोजनीय है। और जिनको श्रद्धान ज्ञान तो हुआ पर साक्षात् प्राप्ति नहीं हुई तबतक पूर्वकथित कार्य पर द्रव्यका आलम्बन छोड़ने रूप अणुव्रत और महाव्रतका ग्रहण, समिति, गुप्ति, पंचपरमेष्ठीका ध्यान आदि करना तथा वैसा करनेवालोंकी संगति करना और विशेष जाननेके लिए शास्त्रोंका अभ्यास करना आदि व्यवहार मार्गमें स्वयं प्रवृत्त होना, दूसरोंका प्रवृत्त कराना इत्यादि व्यवहारनयका उपदेश प्रयोजनीय है। व्यवहारनयको कथंचित् असत्यार्थ कहा है। यदि उसे सर्वथा असत्यार्थ जानकर छोड़ दे तो शुभोपयोगरूप व्यवहार तो छूट जाये और शुद्धोपयोगकी साक्षात् प्राप्ति न होनेसे अशुभोपयोगमें ही स्वेच्छाचार रूप प्रवृत्ति करनेसे नरकादिगतिरूप संसारमें ही भ्रमण करना पड़ेगा। इसलिए साक्षात् शुद्धनयके विषयभूत शुद्धात्माकी प्राप्ति जब तक न हो तब तक व्यवहार भी प्रयोजनीय है।

आचार्य अमृतचन्द्रजीने अपने पुरुषार्थ सिद्ध्युपायके प्रारम्भमें कहा है कि जो व्यवहार और निश्चय दोनोंको जानकर तात्त्विक रूपसे मध्यस्थ रहता है वही उपदेशका सम्पूर्ण फल प्राप्त करता है। क्योंकि समयसारको नयपक्षातीत कहा है। जब समयसार नयपक्षातीत है तो नयोंको क्या आवश्यकता है ऐसा प्रश्न हो सकता है। इसका उत्तर यह है कि नयोंको अपनाये बिना नयपक्षातीत होना सम्भव नहीं है। इसीलिए नयोंका परिज्ञान आवश्यक है। व्यवहारनयका व्युत्पत्तिसिद्ध अर्थ है—

'भेदोपचाराभ्यां वस्तु व्यवहरतीति व्यवहारः।'

जो भेद और उपचारसे वस्तुका व्यवहार करता है वह व्यवहारनय है। उसके तीन भेद हैं—सद्भूत, असद्भूत और उपचरित। सद्भूत व्यवहारनय भेदका उत्पादक है, अखण्ड वस्तुमें भेद-कल्पना करता है जैसे जीवके ज्ञानादि गुण हैं। असद्भूत व्यवहारनय उपचारका उत्पादक है जैसे मिट्टीके घड़ेको घीका घड़ा कहना है। और उपचरित व्यवहारनय या उपचरितासद्भूत व्यवहारनय उपचारमें भी उपचारका उत्पादक है जैसे महल, मकान मेरे हैं। यह भेद और उपचार रूप अर्थ अपरमार्थ है असत्यार्थ है। अभेद और अनुपचार रूप अर्थ ही परमार्थ है, सत्यार्थ है। निश्चयनय अभेद और अनुपचार रूप अर्थका निश्चय करता है। इस तरह निश्चयनयसे वस्तु एक अखण्डरूप है फिर भी शुद्ध वस्तु व्यवहारनयके विकल्पोंसे उसी तरह आच्छादित है जैसे सूर्यका बिम्ब केतुसे आच्छादित होता है।

ऐसी स्थितिमें यह प्रश्न होता है कि फिर व्यवहार क्यों आवश्यक है? असत् कल्पनाओंकी निवृत्तिके लिए और रत्नत्रयकी सिद्धिके लिए व्यवहार आवश्यक है। रत्नत्रयसे ही परमार्थकी सिद्धि होती है। प्रश्न हो सकता है कि परमार्थ तो स्वभावसिद्ध है रत्नत्रयसे उसकी सिद्धि कैसे होती है? यदि रत्नत्रयसे परमार्थको सर्वथा भिन्न माना जाये तो निश्चयका अभाव हो जाये, और यदि सर्वथा अभिन्न माना जाये तो भेद व्यवहारका अभाव हो जाये। इसलिए कथंचित् भेदसे ही उसकी सिद्धि होती है।

इस तरह जब तक व्यवहार और निश्चयसे तत्त्वकी अनुभूति है तब तक वह परोक्षानुभूति ही है क्योंकि नय श्रुतज्ञानके विकल्प हैं और श्रुतज्ञान परोक्ष है। इसलिए प्रत्यक्ष अनुभूति नयपक्षातीत है। इसपर

पुनः प्रश्न होता है ये तब तो दोनो ही नय समान होनेसे दोनो ही पूज्य है ? किन्तु ऐसी बात नही है व्यवहारनय यदि पूज्य है तो निश्चयनय पूज्यतम है ।

शंका—प्रमाण तो व्यवहार और निश्चय दोनोको ही ग्रहण करता है अत. उसका विषय अधिक होनेसे वह पूज्यतम क्यो नही है ?

उत्तर—नही, क्योकि वह आत्माको नयपक्षातीत करनेमें असमर्थ है। इसका खुलासा इस प्रकार है—

यद्यपि प्रमाण निश्चयके भी विषयको ग्रहण करता है किन्तु वह व्यवहारनयके विषयका व्यवच्छेद नही करता और जब तक वह ऐसा नही करता तबतक व्यवहाररूप क्रियाको रोक नही सकता। इसीलिए प्रमाण आत्माको ज्ञानानुभूतिमें स्थापित करनेमें असमर्थ है। किन्तु निश्चयनय एकत्वको लाकर आत्माको ज्ञानचेतनामें स्थापित करके वीतराग बनाकर स्वयं चला जाता है और इस तरह आत्माको नयपक्षातिक्रान्त कर देता है इसलिए वही पूज्यतम है। इसीलिए निश्चयनय परमार्थका प्रतिपादक होनेसे भूतार्थ है। उसीका अवलम्बन करनेसे आत्मा सम्यग्दृष्टि होता है।

प्रवचनसार गा० १८९ की टीकामें अमृतचन्द्रजीने कहा है—

रागपरिणाम ही आत्माका कर्म है वही पुण्य-पापरूप है। रागपरिणामका ही आत्मा कर्ता है उसीका ग्रहण करनेवाला और उसीका त्याग करनेवाला है यह शुद्धद्रव्यका कथन करनेवाला निश्चयनय है। और पुद्गलपरिणाम आत्माका कर्म है वही पुण्य-पापरूप है। पुद्गलपरिणामका आत्मा कर्ता है उसीका ग्रहण करनेवाला और त्यागनेवाला है। यह अशुद्ध द्रव्यका निरूपण करनेवाला व्यवहारनय है। ये दोनो ही नय है क्योकि शुद्धता और अशुद्धता दोनो रूपसे द्रव्यकी प्रतीति होती है। किन्तु यहाँ निश्चयनय साधकतम होनेसे ग्रहण किया गया है क्योकि साध्य शुद्ध आत्मा है अत द्रव्यकी शुद्धताका प्रकाशक होनेसे निश्चयनय ही साधकतम है, अशुद्धताका प्रकाशक व्यवहारनय साधकतम नही है। क्योकि अशुद्धनयके अवलम्बनसे अशुद्ध आत्माकी प्राप्ति होती है और शुद्धनयके अवलम्बनसे शुद्ध आत्माकी प्राप्ति होती है।

व्यवहार और निश्चयरत्नत्रय

तत्त्वार्थ सूत्र आदि आगमिक सिद्धान्त ग्रन्थोमें मोक्षमार्ग रूपसे सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्-चारित्रका कथन है इन्हें ही रत्नत्रय कहते है। किन्तु आचार्य कुन्दकुन्दसे लेकर अध्यात्म ग्रन्थोमे व्यवहार मोक्षमार्ग और निश्चय मोक्षमार्गके साथ व्यवहार रत्नत्रय और निश्चय रत्नत्रयका भी कथन है। दूसरे शब्दोमें व्यवहार सम्यग्दर्शन, व्यवहार सम्यग्ज्ञान और व्यवहार चारित्र ये व्यवहार मोक्षमार्ग है और निश्चय-सम्यग्दर्शन, निश्चय सम्यग्ज्ञान और निश्चय सम्यक् चारित्र ये निश्चय मोक्षमार्ग है। तत्त्वार्थसूत्रमें केवल सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्रको मोक्षमार्ग कहा है। तब क्या सिद्धान्तमें मोक्षका एक मार्ग है और अध्यात्ममें मोक्षके दो मार्ग है ? ऐसा नही है सिद्धान्त हो या अध्यात्म दोनोमें मोक्षका एक ही मार्ग है। आचार्य अमृतचन्दजीने कहा है।

एको मोक्षपथो य एष नियतो दृग्ज्ञप्तिवृत्तात्मक-
स्तत्रैव स्थितिमेति यस्तमनिशं ध्यायेच्च तं चेतसि।
तस्मिन्नेव निरन्तरं विहरति द्रव्यान्तराण्यस्पृशन्
सोऽवश्यं समयस्य सारमचिरान्नित्योदयं विन्दति ॥

—समयसार कलश, श्लो० २४०।

'दर्शनज्ञान चारित्ररूप यही एक मोक्षमार्ग है। जो पुरुष उसीमें स्थित रहता है उसीका निरन्तर ध्यान करता है, उसीमे निरन्तर विहार करता है अन्य द्रव्योका स्पर्श भी नही करता, वह अवश्य ही नित्य उदित रहनेवाले समयसारको शीघ्र ही प्राप्त करता है।'

अध्यात्मी अमृतचन्द्रने सिद्धान्तके ही अनुरूप कथन किया है उससे भिन्न नही किया। अन्तर केवल यह है कि सिद्धान्त सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्रको मोक्षमार्ग कहकर शान्त हो जाता है, तब अध्यात्म आगे बढकर स्पष्ट करता है कि सम्यग्दर्शन आदि आत्माके ही गुण है उनकी आत्मासे कोई पृथक् स्वतन्त्र सत्ता नही है। आत्मा ऐसे अनन्तगुणोका अखण्ड पिण्ड है। उसमें किसी भी गुणका कोई पृथक् द्रव्य क्षेत्र कालभाव नही है। आत्माका कुछ अंश दर्शनरूप, कुछ अंश ज्ञानरूप, कुछ अंश चारित्ररूप हो ऐसा भी नही है पूर्ण आत्मा दर्शनरूप पूर्ण आत्मा ज्ञानरूप और पूर्ण आत्मा चारित्ररूप है जो कुछ भेद है वह व्यवहारसे ही है परमार्थसे नही। इसीसे समयसारके प्रारम्भमें ही आचार्य कुन्दकुन्दने कहा है—

ववहारेणुवदिस्सइ णाणिस्स चरित्त दंसण णाणं।
ण वि णाणं ण चरित्तं ण दंसणं जाणगो सुद्धो ॥७॥

इसकी टीकामें अमृतचन्द्रजीने कहा है—

आत्मामें दर्शन ज्ञान चारित्र ही नही है। किन्तु अनन्त धर्मवाली एक वस्तुको न जाननेवाले शिष्यको उसका ज्ञान करानेके लिए आचार्यगण, यद्यपि धर्म और धर्मीमें स्वभावसे अभेद है, फिर भी नामादि कथनसे भेद उत्पन्न करके व्यवहारसे ही ऐसा कहते है कि आत्माके दर्शन ज्ञान चारित्र है। परमार्थसे तो अनन्त धर्मोको अभेद रूपसे पिये हुए एक द्रव्य है अत. उसमें भेद नही है। अतः जहाँ भेददृष्टि या व्यवहार नयसे सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रको मोक्षमार्ग कहा है वहाँ परमार्थ या निश्चयदृष्टिसे सम्यग्दर्शनादिमय आत्माको मोक्षमार्ग कहा है। यथा

सम्मद्दंसण णाणं चरण मोक्खस्स कारणं जाणे।
ववहारा णिच्छयदो तत्तियमईओ णिओ अप्पा ॥३९॥

—द्रव्यसंग्रह

इसलिए दर्शन ज्ञान और चारित्रकी उपासना वस्तुत. आत्माकी ही उपासना है उस उपासनाका लक्ष्य वही है अन्य द्रव्य नही। यही आचार्य अमृतचन्द्रजीने कहा है—

दर्शनज्ञानचारित्रत्रयात्मा तत्त्वमात्मनः।
एक एव सदा सेव्यो मोक्षमार्गो मुमुक्षुणा ॥२३९॥

—सम० कलश

यत आत्माका स्वरूप दर्शनज्ञान चारित्ररूप है अत. मुमुक्षुको उस एक मोक्षमार्गका ही सेवन करना चाहिए।

अतः व्यवहार मोक्षमार्ग भेदरत्नत्रय स्वरूप है और निश्चयमोक्षमार्ग अभेद रत्नत्रय स्वरूप है। प्रथम साधन है दूसरा साध्य है किन्तु वस्तुत साध्य और साधन दो नही हैं बल्कि एक ही साध्य और साधनके भेदसे दो रूप हो रहा है वही उपासनीय है यथा—

एष ज्ञानघनो नित्यमात्मा सिद्धमभीप्सुभिः।
साध्यसाधक भेदेन द्विधैकः समुपास्यताम् ॥१५॥

—सम० कलश।

समयसार गा० १६ की टीकामें अमृतचन्द्रजीने कहा है—

जिस भावसे आत्मा साध्य और साधन है उसी भावसे उसकी नित्य उपासना करना चाहिए। व्यवहारसे ऐसा कहा जाता है कि साधुको नित्य दर्शनज्ञान चारित्रकी उपासना करनी चाहिए। किन्तु तीनो ही परमार्थसे एक आत्मरूप ही है, अन्य वस्तुरूप नही हैं। जैसे देवदत्त नामके किसी व्यक्तिके ज्ञान, श्रद्धान और अनुचरण देवदत्त रूप ही हैं क्योंकि वे देवदत्तके स्वभावका उल्लंघन नही करते है। अतः वे अन्य वस्तुरूप नही है उसी तरह आत्मामें भी आत्माका ज्ञान, श्रद्धान और अनुचरण आत्माके स्वभावका उल्लंघन न

करनेके कारण आत्मरूप ही है, अन्य नही है। अतः एक आत्मा ही उपासनीय है यह स्वयं स्पष्ट हो जाता है।

इसलिए निश्चयसे आत्माका विनिश्चय—श्रद्धान निश्चय सम्यग्दर्शन है। आत्माका ज्ञान निश्चय सम्यग्ज्ञान है और आत्मामें स्थिति निश्चय चारित्र है। यही बात पुरुषार्थ सिद्ध्युपायमे अमृतचन्द्रजीने तथा पद्मनन्दि पंचवि०में आचार्य पद्मनन्दिने कही है—

दर्शनमात्मविनिश्चिति रात्मपरिज्ञानमिष्यते बोधः।
स्थितिरात्मनि चारित्रं कथमेतेभ्यो भवति बन्धः॥
—पुरुषार्थ० २१६।

दर्शनं निश्चयः पुंसि बोधस्तद्बोध इष्यते।
स्थितिस्तत्रैव चारित्रमिति योगः शिवाश्रय॥
—पद्म० पंच० ४।१४।

दोनों आचार्योंने यद्यपि सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रके इन लक्षणोको कहते हुए उनके साथ निश्चय पद नही लगाया है फिर भी चूँकि स्वाश्रित—आत्माश्रित कथनको निश्चय कहते है अतः ये लक्षण निश्चयरत्नत्रयके ही जानना, क्योकि अन्य शास्त्रोमें भी इनके लक्षण कहे गये है वे इनसे भिन्न प्रतीत होते है क्योकि उनमें केवल आत्माके ही श्रद्धानादिकी बात नही है किन्तु आत्माके श्रद्धानादिमें उपयोगी प्रतीत होनेवाले देव शास्त्र गुरु और सात तत्त्वोके श्रद्धानादिको सम्यग्दर्शन आदि कहा है, अत. अन्य वस्तु-परक या भेद बुद्धिपरक होनेसे उन्हें व्यवहार सम्यग्दर्शन, व्यवहार सम्यग्ज्ञान और व्यवहार सम्यक्चारित्र नाम दिया गया है। इस तरह निश्चय मोक्षमार्ग और व्यवहार मोक्षमार्गकी तरह रत्नत्रयके भी दो प्रकार हो गये है—निश्चयरत्नत्रय और व्यवहाररत्नत्रय। जैसे व्यवहार मोक्षमार्ग और निश्चयमोक्षमार्गमें साध्यसाधन-भाव है वैसे ही निश्चयरत्नत्रय और व्यवहार रत्नत्रयमें भी साध्य-साधनभाव है। यह कहनेकी आवश्यकता नही है क्योकि व्यवहाररत्नत्रय ही व्यवहार मोक्षमार्ग है और निश्चयरत्नत्रय निश्चय मोक्षमार्ग है। मोक्षका मार्ग तो रत्नत्रय ही है उसीका निरूपण दो नयोसे किया जाता है। निश्चयनय शुद्ध द्रव्यके आश्रित है उसमें साध्य और साधनका भेद नही है। व्यवहारनय स्व और परके निमित्तसे होनेवाली पर्यायके आश्रित है उसमें साध्य और साधनका भेद है।

अमृतचन्द्रजीने पंचास्तिकायकी टीकाके अन्तमें कहा है कि जिन जीवोकी बुद्धि अनादि कालसे भेद-भावनाकी वासनामें डूबी हुई है ऐसे प्राथमिक जन व्यवहारनयसे भिन्न साध्य-साधनभावका अवलम्बन करके सुखपूर्वक भवसागरको पार करते हैं। सबसे प्रथम वे यह विवेक करते हैं कि यह श्रद्धा करनेके योग्य है और यह श्रद्धा करनेके अयोग्य है, यह श्रद्धान करनेवाला है और यह श्रद्धान है। इसी तरह यह जाननेके योग्य है और यह जाननेके अयोग्य है, यह ज्ञाता (जाननेवाला) है और यह ज्ञान है। यह आचरण करने योग्य है और यह आचरण नही करने योग्य है, यह आचरण करनेवाला है और यह आचरण है। इस प्रकार सर्वप्रथम श्रद्धेय, अश्रद्धेय, श्रद्धाता और श्रद्धानको ज्ञेय, अज्ञेय, ज्ञाता और ज्ञानको, आचरणीय, अनाचरणीय, आचरिता और आचरणको समझ लेना आवश्यक है। जब तक इन्हें नही समझता तब तक व्यवहार मोक्षमार्गके भी पालन करनेका अधिकारी नही होता। और जब व्यवहार मोक्षमार्गका ही अधिकारी नही होता तब निश्चय मोक्षमार्गको तो कथा ही व्यर्थ है। व्यवहार मोक्षमार्ग व्यवहार सम्यग्दर्शन, व्यवहार सम्यग्ज्ञान और व्यवहार सम्यक्चारित्रका विषय आत्मासे भिन्न है। व्यवहार सम्यग्दर्शनका विषय सात तत्त्व नौ पदार्थ तथा उसके प्रवक्ता देवगुरु वगैरह है। व्यवहार सम्यग्ज्ञानका विषय शास्त्र है और व्यवहारचारित्रका विषय श्रावक और मुनिका आगमोक्त आचार है। किन्तु इन सब साधनोका लक्ष्य आत्मा ही है उसीकी यथार्थ श्रद्धा, यथार्थज्ञान और उसीमें स्थितिके लिए व्यवहार मोक्ष-मार्गको अपनाया जाता है। यदि उसका लक्ष्य संसार है तो वह व्यवहार मोक्षमार्ग भी नही है।

पंचास्तिकायमें आचार्य कुन्दकुन्दने व्यवहाररत्नत्रयका स्वरूप इस प्रकार कहा है—

सम्मत्तं सद्दहणं भावाणं तेसिमधिगमो णाणं ।
चारित्तं समभावो विसयेसु विरूढमग्गाणं ॥१०७॥

आचार्य अमृतचन्द्रजीने, इसकी व्याख्या करते हुए लिखा है—कालद्रव्य सहित पांच अस्तिकाय और नौ पदार्थ भाव है । मिथ्यादर्शनके उदयसे इनका जो अश्रद्धान है उसके अभावपूर्वक जो श्रद्धानरूप भाव है वह सम्यग्दर्शन है । यह सम्यग्दर्शन शुद्ध चैतन्य रूप आत्मतत्त्वके निश्चयका बीज है अर्थात् इसी व्यवहार सम्यग्दर्शनमेंसे शुद्ध चैतन्य रूप आत्मतत्त्वके निश्चयका अंकुर प्रस्फुटित होता है । जैसे नावमें यात्रा करनेपर वृक्षादि चलते हुए प्रतीत होते हैं वैसे ही मिथ्यात्वके उदयसे उक्त पदार्थ विपरीत प्रतीत होते हैं । मिथ्यात्वका उदय हट जानेपर उक्त पदार्थोंका यथार्थ बोध होना सम्यग्ज्ञान है । यह सम्यग्ज्ञान कुछ अंशोंमें ज्ञानचेतना प्रधान आत्मतत्त्वकी उपलब्धिका बीज है । सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञानके सद्भावके कारण समस्त अमार्गोंसे छूटकर जो स्वतत्त्वमें विशेषरूपसे आरूढ हुए हैं उन्हें इन्द्रिय और मनके विषयभूत पदार्थोंमें राग-द्वेषपूर्वक विकारका अभाव होनेसे जो निर्विकार ज्ञानस्वभाव समभाव होता है वह सम्यक्चारित्र है, यह सम्यक्चारित्र वर्तमानमें आगामी कालमें भी सुन्दर होता है तथा अपुनर्जन्मके महान् सुखका बीज है अर्थात् इसीमेंसे मोक्षसुखका उद्गम होता है ।

जैन अध्यात्मके मूर्धन्यमणि आचार्य अमृतचन्द्रजीके वचनोंसे सच्चे व्यवहारकी उपयोगिता तथा निश्चय और व्यवहारमें साध्य-साधनभाव स्पष्ट हो जाता है । आचार्यजीने निश्चय और व्यवहारमें साध्य-साधनभाव घटित करते हुए दो दृष्टान्त दिये हैं । जैसे धोबी मलिन वस्त्रको पत्थरपर पछाड़कर निर्मल जलसे धोकर उजला करता है या जैसे स्वर्णपाषाण अग्निके संयोगसे स्वर्णरूप परिणत होता है वैसे ही व्यवहारी भी तपस्या आदिके द्वारा आत्माकी शुद्धि करता है । इसमें व्यवहारमें तो यही कहा जाता है कि साबुन जलके योगसे वस्त्र उजला हुआ या अग्निके योगसे स्वर्णपाषाण स्वर्ण हुआ किन्तु यथार्थमें उजलापना वस्त्रमें ही था उसीमेंसे प्रकट हुआ । स्वर्ण पाषाणमेंसे स्वर्ण ही स्वर्णरूप परिणत हुआ पाषाण नहीं है फिर भी स्वर्णपाषाण-को स्वर्णका साधन कहा जाता है उसी तरह सम्यग्दर्शनादिसे आत्माकी तरफ जीवका जो उपयोग है वही उसकी प्राप्तिमें हेतु है । इसे आगे स्पष्ट किया जाता है—

व्यवहार सम्यग्दर्शन और निश्चय सम्यग्दर्शन

सिद्धान्त ग्रन्थोंमें सम्यग्दर्शनके दो भेद मिलते हैं—सराग सम्यग्दर्शन और वीतराग सम्यग्दर्शन । तथा अध्यात्म ग्रन्थोंमें व्यवहार सम्यग्दर्शन और निश्चय सम्यग्दर्शन भेद मिलते हैं । इनकी संगति यह बैठायी गयी है कि जिसे सिद्धान्तमें सराग सम्यग्दर्शन कहा है वही अध्यात्ममें व्यवहार सम्यग्दर्शन है और जिसे सिद्धान्तमें वीतरागसम्यग्दर्शन कहा है वही अध्यात्ममें निश्चय सम्यग्दर्शन है । असलमें रागका ही नाम व्यवहार है और वीतरागका नाम निश्चय है ।

सराग या व्यवहार सम्यग्दर्शन पाँच लब्धिपूर्वक मिथ्यात्व आदि सात कर्म प्रकृतियोंके उपशमादि-से होता है । जयसेनजीने कहा है—'यदाऽयं जीव आगमभाषया कालादिलब्धिरूपमध्यात्मभाषया शुद्धात्माभिमुखपरिणामरूपं स्वसंवेदनज्ञानं लभते तदा प्रथमतस्तावद्-मिथ्यात्वादि सप्तप्रकृतीनामुपशमेन क्षयोपशमेन च सरागसम्यग्दृष्टिर्भूत्वा पंचपरमेष्ठिभक्त्यादिरूपेण पराश्रितधर्म्यध्यानबहिरंगसहकारित्वेना-नन्तज्ञानादिस्वरूपोऽहमित्यादि भावनास्वरूपमात्माश्रितं धर्म्यध्यान प्राप्य आगमकथितक्रमेणासंयत-सम्यग्दृष्ट्यादिगुणस्थानचतुष्टयमध्ये क्वापि गुणस्थाने दर्शनमोहक्षयेण क्षायिकसम्यक्त्वं कृत्वा तदनन्तर-मपूर्वादिगुणस्थानेषु प्रकृतिपुरुषनिर्मलविवेकज्योतिरूपप्रथमशुक्लध्यानमनुभूय रागद्वेषरूपचारित्रमोहोदया-भावेन निर्विकारशुद्धात्मानुभूतिरूपं चारित्रमोहविध्वंसनसमर्थं वीतरागचारित्रं प्राप्य मोहक्षपणं कृत्वा ।

—पञ्चास्ति० टी० गा० १५०-१५१ ।

'जब यह जीव आगमकी भाषामें कालादिलब्धिरूप और अध्यात्मकी भाषामें शुद्धात्माके अभिमुख परिणामरूप स्वसंवेदनज्ञानको प्राप्त करता है तब प्रथम ही मिथ्यात्व आदि सात प्रकृतियोंके उपशम और क्षयोपशमसे सरागसम्यग्दृष्टि होकर पञ्चपरमेष्ठीकी भक्ति आदि रूपसे पराश्रित धर्म्यध्यानको बहिरंग सहायक बनाकर 'मैं अनन्तज्ञानादि स्वरूप हूँ' इत्यादि भावनारूप आत्माश्रित धर्म्यध्यानको करता है और तब आगममें कहे हुए क्रमके अनुसार असंयत सम्यग्दृष्टि आदि चार गुणस्थानोंमेंसे किसी भी गुणस्थानमें दर्शनमोहका क्षय करके क्षायिक सम्यक्त्वको प्राप्त करता है। उसके पश्चात् अपूर्वकरण आदि गुणस्थानोंमें निर्मल भेद ज्ञानरूप प्रथम शुक्लध्यानको करके रागद्वेषरूप चारित्रमोहके उदयका अभाव होनेसे चारित्रमोहके विध्वंस करनेमें समर्थ निर्विकार शुद्धात्मानुभूतिरूप वीतरागचारित्रको प्राप्त करके मोहका क्षय करता है।'

उक्त कथनके अनुसार जिन्हें आगममें पाँच लब्धि कहा है अध्यात्ममें उसे स्वसंवेदन ज्ञान कहते हैं जो शुद्धात्माके अभिमुख परिणामरूप है। इसीसे इस स्वसंवेदन ज्ञानको वीतराग भी कहा है।

यही शुद्धात्माके अभिमुख परिणामरूप स्वसंवेदन आगे बढनेपर शुद्धात्मानुभूतिरूप स्वसंवेदन हो जाता है। अतः सरागसम्यग्दृष्टि या व्यवहार सम्यग्दृष्टिका परिणाम शुद्धात्माभिमुख होता है तभी तो वह निश्चय सम्यक्त्वके रूपमें परिणत होता है और इसीसे कहीं-कहीं सरागसम्यक्त्वको भी निश्चय सम्यक्त्व कहा है।

परमात्मप्रकाश (२।१७) की टीकामें टीकाकार ब्रह्मदेवजीने जो प्रश्न समाधान किया है उसका हिन्दी अनुवाद दिया जाता है—प्रभाकर भट्ट प्रश्न करता है—

प्रश्न—निज शुद्धात्मा ही उपादेय है इस प्रकारकी रुचिरूप निश्चय सम्यक्त्व होता है ऐसा आपने पहले अनेक बार व्याख्यान किया है। यहाँ निश्चय सम्यक्त्वको वीतरागचारित्रका अविनाभावी कहा तो यह पूर्वापर विरोध क्यों ?

उत्तर—निज शुद्धात्मा ही उपादेय है इस प्रकारकी रुचिरूप निश्चय सम्यक्त्व गृहस्थ अवस्थामें तीर्थंकरदेव, भरत, सगर, राम, पाण्डव आदिके वर्तमान था, किन्तु उनके वीतरागचारित्र नहीं था यह परस्पर विरोध है। यदि उनके वीतरागचारित्र होता तो वे असयमी क्यों होते ? यह पूर्वपक्ष है। इसका परिहार इस प्रकार है—उनके शुद्धात्मा उपादेय है इस प्रकार भावनारूप निश्चय सम्यक्त्व तो है, किन्तु चारित्रमोहके उदयसे स्थिरता नहीं थी। व्रतादि नहीं होनेसे वे असयत कहे जाते हैं। शुद्ध आत्मभावनासे डिगकर भरत आदि निर्दोष परमात्मा अर्हन्त सिद्धोंका गुणस्तवरूप या वस्तुस्तवरूप स्तवनादि करते हैं उनके चरित पुराण आदि सुनते हैं। उनके आराधक आचार्य उपाध्याय साधुओंका विषयकषायरूप खोटे ध्यानसे बचनेके लिए और ससारकी स्थितिके छेदके लिए पूजा-दान आदि करते हैं इसलिए शुभरागके योगसे वे सरागसम्यग्दृष्टि होते हैं। उनके सम्यक्त्वको जो निश्चय सम्यक्त्व कहा गया है वह वीतरागचारित्रके अविनाभावी निश्चय सम्यक्त्वका परम्परासे साधक होनेसे कहा है। वास्तवमें तो वह सम्यक्त्व सराग-सम्यक्त्व नामक व्यवहार सम्यक्त्व ही है।

इस तरह दृष्टिभेदसे व्यवहार सम्यक्त्वको भी निश्चय सम्यक्त्व कहा गया है।

चतुर्थ गुणस्थानवर्ती सराग सम्यक्त्वमें शुद्धात्म भावना होती है तभी तो वह निश्चय सम्यक्त्वके रूपमें प्रकट होती है। उसके बिना तो सम्यक्त्व होता ही नहीं है। 'बृहद्द्रव्य संग्रह गाथा ४५ की टीकामें ब्रह्मदेवने लिखा है—

'मिथ्यात्वादिसप्तप्रकृत्युपशमक्षयोपशमक्षये सति, अध्यात्मभाषया निजशुद्धात्माभिमुखपरिणामे सति शुद्धात्मभावनोत्पन्ननिर्विकारवास्तवसुखमुपादेयं कृत्वा संसारशरीरभोगेषु योऽसौ हेयबुद्धिः सम्यग्दर्शन-शुद्धः स चतुर्थगुणस्थानवर्ती व्रतरहितो दर्शनिको भण्यते।'

मिथ्यात्व आदि सात प्रकृतियोंके उपशम, क्षयोपशम या क्षय होनेपर अथवा अध्यात्म भाषाके अनुसार निज शुद्ध आत्माके अभिमुख परिणाम होनेपर, शुद्ध आत्मभावनासे उत्पन्न निर्विकार यथार्थ सुखरूपी अमृतको

उपादेय मानकर संसार शरीरभोगोंमें जो हेयबुद्धि है वह सम्यग्दर्शनसे शुद्ध व्रतरहित चतुर्थ गुणस्थानवर्ती दर्शनिक है।

समयसार गा० १३०-१३१ की टीकामें जयसेनाचार्यने भी ऐसा ही कहा है—

'चतुर्थगुणस्थानयोग्यां शुद्धात्मभावनामपरित्यजन्निरन्तरं धर्मध्यानेन देवलोके कालं गमयित्वा—'

चतुर्थ गुणस्थानके योग्य शुद्धात्मभावनाको न त्यागते हुए निरन्तर धर्मध्यानपूर्वक देवलोकमें काल बिताकर''''आदि। गोम्मटसार जीवकाण्डमें असंयत सम्यग्दृष्टि नामक चतुर्थगुणस्थानका स्वरूप बतलाते हुए कहा है कि जो न तो इन्द्रियोंसे विरत है और न त्रस और स्थावर जीवोंकी हिंसासे विरत है, केवल जिनेन्द्रके द्वारा कहे हुए तत्त्वोंका श्रद्धान करता है वह असंयत सम्यग्दृष्टि है। इसको कुछ विद्वान् भी बहुत हलके रूपमें लेते हैं। किन्तु जिनोक्त तत्त्वोंके श्रद्धानमें ही सम्यक्त्वका सार समाया हुआ है जैसा कि ऊपर चतुर्थगुणस्थानका स्वरूप बतलाते हुए कहा गया है।

परमात्मप्रकाशमें धर्मकी व्युत्पत्ति करते हुए कहा है—

भाउ विसुद्धउ अप्पणउ धम्मु भणेविणु लेहु।
चउगइ दुक्खहं जो धरइ जीव पडंतहु एहु ॥६८॥

इसमें कहा है कि चतुर्गतिरूप संसारके दुःखोंमें पड़े हुए जीवको जो मोक्षपदमें धारण करता है वह धर्म है। वह है आत्मा का विशुद्ध परिणाम। विशुद्धका मतलब है मिथ्यात्व रागादिसे रहित। टीकाकारने इसकी व्याख्या करते हुए कहा है कि इस धर्म में नयविभागसे सभी धर्मके लक्षणोंका अन्तर्भाव हो जाता है। जैसे अहिंसाको धर्म कहा है वह भी जीवके शुद्ध भावोंके बिना सम्भव नहीं है। सागार-अनगार रूप धर्म या उत्तम क्षमादि रूप दस धर्म भी जीवके शुद्धभावकी ही अपेक्षा करते हैं। स्वामी समन्तभद्रने जो रत्नकरण्ड श्रावकाचारमें सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चरित्रको धर्म कहा है वह शुद्धभावको लेकर ही है। कुन्दकुन्द स्वामीने प्रवचनसारमें जो राग-द्वेष-मोह रहित परिणामको धर्म कहा है वह भी जीवका शुद्ध स्वभाव ही है। स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षामें जो वस्तुस्वभावको धर्म कहा है वह भी वही है। अतः शुद्ध परिणाम ही कर्तव्य है ऐसी जिसकी अन्तरंग श्रद्धा है वही वास्तवमें जिनोक्त तत्त्वका श्रद्धानी है। और वही सम्यग्दृष्टि है।

मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी कषायजन्य रागके हटे बिना आत्माके परिणामोंमें विशुद्धताका सूत्रपात नहीं होता। और उसके बिना व्रत, तप, संयम व्यर्थ होता है। ऐसा सभी शास्त्रोंमें कहा है। किन्तु आजके समयमें लोकमें बढ़ते हुए असंयमको देखकर संयमके प्रेमी संयमपर जोर देते हैं जो उचित है किन्तु उसके साथमें जैनधर्मका मूल जो सम्यक्त्व है उसे भुलाना नहीं चाहिये न उसका महत्त्व कम करना चाहिये। सम्यक्त्वके माहात्म्यसे जैन-साहित्य भरा हुआ है। उत्तरकालके विद्वान् भी उसे मुक्तकण्ठसे स्वीकार करते थे। पं० जयचन्दजीने समयसार टीकाके भावार्थमें लिखा है—

'सिद्धान्तमें मिथ्यात्वको ही पाप कहा है। जहाँ तक मिथ्यात्व रहता वहाँ तक शुभ-अशुभ सभी क्रियाओंको अध्यात्ममें परमार्थसे, पाप ही कहा है और व्यवहारनयकी प्रधानतामें व्यवहारी जीवोंको अशुभसे छुड़ाकर शुभमें लगानेको किसी तरह पुण्य भी कहा है। स्याद्वाद मतमें कोई विरोध नहीं है।

शंका—परद्रव्यसे जब तक राग रहे तब तक मिथ्यादृष्टि कहा है। इसको हम नहीं समझे क्योंकि अविरत सम्यग्दृष्टि आदिके चारित्रमोहके उदयसे रागादिभाव होते हैं। उसके सम्यक्त्व कैसे कहा है?

समाधान—यहाँ मिथ्यात्वसहित अनन्तानुबन्धीका राग प्रधान करके कहा है क्योंकि अपने और परके ज्ञान श्रद्धानके बिना परद्रव्यमें तथा उसके निमित्तसे हुए भावोंमें आत्मबुद्धि हो तथा प्रीति-अप्रीति हो तो समझना कि इसके भेद-ज्ञान नहीं हुआ। मुनिपद लेकर व्रत समिति भी पालता है वहाँ जीवोंकी रक्षा तथा शरीर सम्बन्धी यत्नसे प्रवर्तना, अपने शुभभाव होना इत्यादि परद्रव्य 'सम्बन्धी भावोंसे अपना मोक्ष होना माने और परजीवोंका घात होना, अयत्नाचार रूप प्रवर्तना, अपना अशुभ भाव होना आदि परद्रव्योंको

क्रियासे ही अपनेमें बन्ध माने तो जानना कि इसके अपना और परका ज्ञान नही हुआ, क्योकि बन्ध मोक्ष तो अपने भावोसे था, परद्रव्य तो निमित्तमात्र था उसमे विपरीत माना, इस तरह जब तक परद्रव्यसे ही भला-बुरा मान रागद्वेष करता है तब तक सम्यग्दृष्टि नही है।' आगे गा० २०१-२०२ के भावार्थमें लिखा है—

'यहाँ अज्ञानमय कहनेसे मिथ्यात्व अनन्तानुबन्धीसे हुए रागादि समझना। मिथ्यात्वके बिना चारित्र-मोहके उदयका राग नही लेना क्योकि अविरत सम्यग्दृष्टि आदिके चारित्रमोह सम्बन्धी राग है किन्तु वह ज्ञानसहित है। उसको रोगके समान जानता है। उस रागके साथ राग नही है, कर्मोदयसे जो राग है उसे मेटना चाहता है। शुभराग होता है परन्तु उस शुभरागको अच्छा समझ लेशमात्र भी उस रागसे राग करे तो सर्वशास्त्र भी पढ लिये हो, मुनि भी हो, व्यवहारचारित्र भी पाले तो भी ऐसा समझना कि उसने अपनी आत्माका परमार्थस्वरूप नही जाना, कर्मोदयजनित भावको ही अच्छा समझा है उसीसे अपना मोक्ष मानता है। ऐसा माननेसे अज्ञानी है। अपने और परके परमार्थरूपको नही जाना तो जीव-अजीव पदार्थका भी परमार्थरूप नही जाना। और जब जीव अजीवको ही नही जाना तब सम्यग्दृष्टि कैसे हुआ।

जिनोक्त तत्त्व के श्रद्धानसे यही अभिप्राय है। अत. यह सब सरागसम्यग्दृष्टीकी बात है उसको भी अबन्धक कहा है क्योकि मिथ्यादृष्टिकी अपेक्षा उसके ४३ कर्मप्रकृतियोका बन्ध नही होता। शेष ७७ कर्मप्रकृतियोका भी स्थितिअनुभागबन्ध अल्प होता है फिर भी वह संसारकी स्थितिका छेदक है इसलिए उसे अबन्धक कहा है। जब वह आगे पंचमगुणस्थान और षष्ठगुणस्थानवर्ती होता है तब तो बन्धमे और भी अधिक हानि होती है। साथ ही आगममें ऐसे दस स्थान बतलाये है जिनमें उत्तरोत्तर असंख्यातगुणीनिर्जरा होती है उनमें सबसे प्रथम स्थान सम्यग्दृष्टीका है उसके प्रतिसमय असंख्यात गुणीनिर्जरा बराबर होती है। इसीलिए पुरुषार्थसिद्धयुपायमे कहा है—

तत्रादौ सम्यक्त्वं समुपायश्रणीयमखिलयत्नेन।
तस्मिन् सत्येव यतो भवति ज्ञानं चारित्रं च ॥

उस रत्नत्रयमेंसे सर्वप्रथम सब प्रकारके प्रयत्नोके द्वारा सम्यग्दर्शनकी सम्यक्उपासना करना चाहिए क्योकि उसके होगेपर ही सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चरित्र होता है ॥

चारित्र

अब हम चारित्रकी ओर आते है। जैसे सम्यग्दर्शनके दो प्रकार है वैसे ही चारित्रके भी दो प्रकार है। ग्रन्थकारने दोनोका स्वरूप बतलाते हुए लिखा है—

असुहेण रायरहिओ वयाइरागेण जोडु संजुत्तो।
सो इह भणिय सराओ मुक्को दोण्हं पि खलु इयरो ॥३३५॥

जो अशुभके रागसे रहित है और व्रत आदिके रागसे संयुक्त है उसे यहाँ सराग कहा है और जो शुभ तथा अशुभ दोनो ही रागोसे मुक्त है वह वीतराग है ॥

वीतरागचारित्र ही उपादेय है और सरागचारित्र हेय है क्योकि शुद्धोपयोगरूप वीतरागचारित्रसे मोक्षसुख प्राप्त होता है और शुभोपयोगरूप सरागचारित्रसे स्वर्गसुख प्राप्त होता है। फिर भी शुभोपयोगरूप सरागचारित्रको अपनाये बिना वीतरागचारित्रकी प्राप्ति सम्भव नही है इसलिए अशुभोपयोगसे बचनेके लिए शुभोपयोगको अपनानेका विधान जिनागममें है। इसीसे शुभोपयोगरूप सरागचारित्रको परम्परासे मोक्षका भी कारण कहा है। किन्तु वह सरागचारित्र निश्चयमोक्षमार्गसे निरपेक्ष नही होना चाहिए। विशुद्धज्ञानदर्शन स्वभाव शुद्धआत्मतत्त्वका सम्यक्श्रद्धान ज्ञान और अनुष्ठानरूप निश्चयमोक्षमार्ग है। जो इस निश्चय मोक्षमार्गको भूलकर केवल शुभानुष्ठानरूप व्यवहारमोक्षमार्गको ही अपनाते है वे भले ही स्वर्गमें चले जायें

किन्तु उनका संसार परिभ्रमण नही छूटता। हाँ, जो शुद्धानुभूतिरूप निश्चयमोक्षमार्गको मानते हैं किन्तु निश्चयमोक्षमार्गके अनुष्ठानकी शक्ति न होनेसे निश्चयके साधक शुभानुष्ठानको करते हैं वे सरागसम्यग्दृष्टी परम्परासे मोक्षको प्राप्त करते हैं। और जो केवल निश्चयनयका अवलम्बन लेकर भी रागादिविकल्पसे रहित परमसमाधिरूप शुद्ध आत्माको प्राप्त करनेमें असमर्थ होते हुए भी मुनियोके षडावश्यक आदिरूप आचरणकी और श्रावकोके दानपूजा आदिरूप आचरणकी निन्दा करते है वे दोनो प्रकारके चारित्रोसे भ्रष्ट होकर पापका ही वन्ध करते है।

शुभोपयोगमें भी धर्मका अंश रहता है। आचार्य कुन्दकुन्दने प्रवचनसारमें कहा है—

धम्मेण परिणदप्पा अप्पा जदि सुद्धसंपयोगजुदो।
पावदि णिव्वाणसुहं सुहोवजुत्तो व सग्गसुहं ॥११॥

धर्मसे परिणत आत्मा यदि शुद्धोपयोगसे युक्त होता है तो मोक्ष सुखको पाता है और यदि शुभोपयोगसे युक्त होता है तो स्वर्गसुखको पाता है।

इस गाथामें जहाँ शुद्धोपयोगीको धर्मपरिणत आत्मा कहा है वहाँ शुभोपयोगीको भी धर्मपरिणत आत्मा कहा है। इसकी टीकामें आचार्य अमृतचन्द्रजीने भी दोनोको ही धर्मपरिणत स्वभाव कहा है। किन्तु शुद्धोपयोगीके चारित्रको अपना कार्य करनेमें समर्थ कहा है और शुभोपयोगीके चारित्रको अपना कार्य करनेमें असमर्थ तथा कथंचित् विरुद्धकार्यकारी कहा है। अत जैसे अशुभोपयोग सर्वथा हेय है वैसे शुभोपयोग सर्वथा हेय नही है किन्तु सर्वथा उपादेय भी नही है। यदि शुभोपयोग सर्वथा हेय होता तो आचार्य अमृतचन्द्र श्रावकाचारकी रचना न करते और न उसे पुरुषार्थसिद्ध्युपाय नाम देते। श्रावकका आचार भी पुरुषार्थकी—मोक्षकी सिद्धिका उपाय है अन्यथा धर्मके श्रावकधर्म और मुनिधर्म दो भेद नही होते। इसमें सन्देह नही कि धर्म निवृत्तिरूप ही है प्रवृत्तिरूप नही है क्योकि कहा है—

'रागद्वेषौ ,प्रवृत्ति स्यान्निवृत्तिस्तन्निषेधनम्'
तौ च वाह्यार्थसंबद्धौ तस्मात्तान् सुपरित्यजेत् ॥२३७॥

—आत्मानु०

राग और द्वेष प्रवृत्ति है और रागद्वेषका निषेध निवृत्ति है। वे रागद्वेष वाह्यपदार्थोंसे सम्बद्ध है अत. वाह्यपदार्थोको छोड़ना चाहिए।

प्रवृत्तिका मतलव ही रागद्वेष है। जो व्यक्ति जितना ही रागी द्वेषी होता है उतना ही प्रवृत्तिशील है। राग और द्वेषका आधार वाह्यपदार्थ होते हैं अत. रागद्वेषको कम करनेके लिए वाह्यपदार्थोका त्याग आवश्यक है। श्रावकके आचारमें इसीसे वाह्य पदार्थोके त्यागको मुख्यता है। समस्त व्रताचरण त्यागरूप ही होता है।

यह सत्य है कि चारित्र नाम स्वरूपमें चरण (लीनता) का है और वही वस्तुत धर्म है। उसी स्वरूपमें चरणरूप चारित्रके लिए ही व्रताचरण भी किया जाता है। यह भी कह सकते हैं कि वाह्य वस्तुओके त्यागके साथ जितने अंशमें आत्मतल्लीनता है उतने ही अंशमें धर्म है और यदि वह नही है तो कोरे वाह्यत्यागमें धर्म नही है।

श्रावककी जो ग्यारह प्रतिमाएँ वतलायी गयी है उनके आन्तरिक और वाह्यरूपका चित्रण करते हुए प० आशावरजीने कहा है—

रागादिक्षयतारतम्यविकसच्छुद्धात्म संवित्सुख-
स्वादात्मस्ववहिर्वहिस्त्रसवधार्हान्यपोहात्मसु।
सद्दृक् दर्शनिकादिदेशविरतिस्थानेषु चैकादश-
स्वेकं यः श्रयते यतिव्रततरतस्तं श्रद्धे श्रावकं ॥

—सागार धर्मा०

अर्थात् इन ग्यारह प्रतिमाओंके अभ्यन्तरमें रागादिके क्षयकी हीनाधिकतासे प्रकट हुए शुद्ध आत्माके संवेदनजन्य सुखका स्वाद रहता है और बाहरमें त्रसहिंसा आदिका त्याग रहता है। यदि बाह्य आचरण तो हो और अभ्यन्तरमें आत्मिक सुखका आभास भी न हो तो ऐसे व्रत वस्तुतः व्रत नहीं हैं। अतः निश्चयके साथ व्यवहार अपरिहार्य है। अन्तस्तलमें भावना होनेपर बाह्य व्यवहारमें वह अवतरित हुए बिना नहीं रह सकती। अस्तु,

ग्रन्थकार माइल्लधवलने सरागचारित्रका वर्णन करते हुए आचार्य कुन्दकुन्दके प्रवचनसारके चारित्राधिकारका अनुसरण किया है और केवल मुनि सम्बन्धी ही सरागचारित्रका वर्णन किया है। उन्होंने गाथा ३३९ में लिख भी दिया है कि दीक्षाग्रहणके अनुक्रमसे सरागचारित्रके कथनका विस्तार प्रवचनसारमें देखना चाहिए। यहाँ उसीका संक्षिप्त कथन किया है।

आगे उन्होंने कहा है कि शुभोपयोगसे दुःखका प्रतिकार तो होता है किन्तु सुखकी प्राप्ति नहीं होती। किन्तु मिथ्या रत्नत्रयको छोड़कर जो सम्यक् रत्नत्रयको धारण करके शुभकर्म करता है उसका परम्परासे मोक्ष होता है ॥३४०-४१॥

आगे पुनः कहा है कि व्यवहारसे बन्ध होता है और स्वभावमें लीन होनेसे मोक्ष होता है अतः स्वभावको आराधनाके समय व्यवहारको गौण करना चाहिए।

आचार्य कुन्दकुन्दने प्रवचनसार गाथा ८में कहा है जिस समय द्रव्य जिस रूपसे परिणत होता है उस समय वह उसी स्वभावमय होता है। अतः धर्मरूपसे परिणत यह आत्मा ही धर्म है। इस प्रकार निजशुद्धात्मपरिणति ही निश्चयधर्म है और पंचपरमेष्ठी आदिकी भक्तिरूप परिणाम व्यवहारधर्म है। इस तरह इन दोनों धर्मोंमें परिणत आत्मा ही धर्म है। उपादान कारणके समान ही कार्य होता है। धर्मका उपादान कारण आत्मा ही है क्योंकि वही धर्मरूप परिणत होता है। वह उपादान कारण शुद्ध और अशुद्धके भेदसे दो प्रकार है। रागादिविकल्पसे रहित स्वसंवेदन ज्ञान, जिसे आगममें शुक्लध्यान कहा है, केवलज्ञानकी उत्पत्तिमें शुद्ध उपादान कारण है। उसकी प्राप्तिके लिए शुद्धउपादानकी आवश्यकता है। उसीके लिए चारित्रकी आवश्यकता है। उसके बिना उपादान शुद्ध नहीं हो सकता। अतः चारित्रको भी प्रयत्नपूर्वक धारण करना चाहिए।

चारित्रके सम्बन्धमें जब विचार किया जाता है तो व्रतोंका प्रसंग अनायास आ जाता है। पाँच महाव्रत प्रसिद्ध हैं। तत्त्वार्थसूत्रके सातवें अध्यायके प्रारम्भमें ही हिंसा, झूठ, चोरी, अब्रह्म और परिग्रहके त्यागको व्रत कहा है। उस सूत्रकी सर्वार्थसिद्धि नामक टीकामें पूज्यपाद स्वामीने यह प्रश्न उठाया है कि व्रतको आस्रवका हेतु क्यों कहा, क्योंकि उसका अन्तर्भाव तो गुप्ति, समिति आदि संवरके हेतुओंमें किया गया है। दस धर्मोंमेंसे संयमधर्ममें व्रत आ जाते हैं। इसका समाधान करते हुए कहा है कि संवर तो निवृत्तिरूप है किन्तु व्रत प्रवृत्तिरूप है—हिंसा, झूठ, चोरी आदिको त्यागकर अहिंसा में, सत्यवचनमें तथा दी हुई वस्तुके ग्रहणमें प्रवृत्ति होती है। इसीलिए द्रव्यसंग्रह गाथा ५७ की टीकामें ब्रह्मदेवजीने उन्हें एकदेशव्रत कहा है। और पूज्यपाद स्वामीने अव्रतोंकी तरह मुमुक्षुको व्रतोंको भी त्याज्य बतलाया है। समाधितन्त्रमें उन्होंने लिखा है—

अपुण्यमव्रतैः पुण्यं व्रतैर्मोक्षस्तयोर्व्ययः।
अव्रतानीव मोक्षार्थी व्रतान्यपि परित्यजेत् ॥८३॥

अव्रत—हिंसा, झूठ, चोरी, अब्रह्म और परिग्रहसे अपुण्यका (पापका) बन्ध होता है और व्रतोंसे पुण्यका बन्ध होता है। किन्तु मोक्ष तो पुण्य और पाप दोनोंके ही नाशका नाम है। अतः मोक्षके इच्छुकको अव्रतोंकी तरह व्रतोंको भी छोड़ना चाहिए।

आगे उनके त्यागका क्रम भी बतलाया है—

अव्रतानि परित्यज्य व्रतेषु परिनिष्ठितः ।
त्यजेत्तान्यपि संप्राप्य परमं पदमात्मनः ॥८४॥

अव्रतोंको छोड़कर व्रतोंमें निष्ठावान् रहे। पुनः आत्माके परमपदको प्राप्त करके व्रतोंको भी छोड़ देवे।

इसकी चर्चा करते हुए, ब्रह्मदेवजीने लिखा है कि व्यवहाररूप जो एकदेशव्रत है वही त्याज्य है। समस्त शुभाशुभसे निवृत्तिरूप निश्चयव्रत तो निर्विकल्प समाधिकालमें भी रहते ही हैं। वास्तवमें तो उस अवस्थामें प्रवृत्ति-निवृत्तिरूप विकल्पका स्वयं ही अवकाश नही रहता। इस तरह जहाँ उस अवस्था तक पहुँचनेके लिए व्रत ग्राह्य है वही उस अवस्थामें पहुँचनेपर स्वयं ही छूट जाते हैं उन्हें छोड़ना नही पडता। किन्तु पुण्यबन्धके भयसे व्रत धारण न करनेपर वह अवस्था प्राप्त नही हो सकती। यही आचार्य अमृतचन्द्रजीके द्वारा घोषित जैनीनीति है कि एक समय एक हाथसे जिसे ग्रहण किया जाता है दूसरे समयमें दूसरे हाथसे उसे छोड़ भी दिया जाता है। त्याग और ग्रहण, ग्रहण और त्यागकी इस मथानीके द्वारा आत्माका मथन करनेपर वह तत्त्व निष्पन्न होता है जिसे परमपद कहते हैं। वही कार्य समयसार है। गाथा ३६६ में ग्रन्थकारने कहा है एक ही उपादान कार्य भी है, कारण भी है। कार्यको उत्पन्न करनेसे कारण है और स्वयं उत्पन्न होनेसे कार्य है। सिद्ध परमात्मा कार्यसमयसार है और शुद्धात्माके श्रद्धान ज्ञान आचरणसे विशिष्ट आत्मा कारणसमयसार है। जो आत्मा कारणसमयसाररूप है वही आत्मा उत्तरकालमें सिद्धपरमात्मा बनता है। अतः वह स्वयं ही कार्य है और स्वयं ही अपना कारण है मुमुक्षुको यह तत्त्व सदा लक्ष्यमें रखना चाहिए। द्रव्यस्वभावप्रकाशक नयचक्रके रचयिताने इन सभी बातोंपर पूर्वाचार्योंका अनुसरण करते हुए सम्यक् प्रकाश डाला है। उसका स्वाध्यायपूर्वक चिन्तन और मनन करना चाहिए। नयविवक्षाको सम्यक् रीतिसे हृदयंगम करके शास्त्रोंमें कहाँ कौन कथन किस दृष्टिसे किया गया है इस बातको समझ लेनेसे किसी तरहका विसंवाद नही हो सकता। शास्त्रकारोंने विसंवादके लिए कुछ भी तो नही छोड़ा है। सब कथन एकदम स्पष्ट किया है। अस्तु,

अन्तमें ग्रन्थके सम्पादनमें प्रयुक्त प्रतियोंका परिचय देकर इस प्रकरणको समाप्त करेंगे।

सम्पादनमें उपयुक्त प्रतियोंका परिचय

प्रकृत द्रव्यस्वभावप्रकाशक नयचक्रकी हस्तलिखित कुछ प्रतियाँ हमें सम्पादनार्थ जयपुर, कारंजा तथा ऐलक पन्नालाल सरस्वतीभवन व्यावरसे प्राप्त हुई थी। उन्हींके आधारपर प्रकृत ग्रन्थका सम्पादन तथा संशोधन किया गया है। इसी तरह ग्रन्थके अन्तमें परिशिष्टरूपमें दी गयी आलापपद्धतिका भी सम्पादन जयपुरसे प्राप्त प्रतियोंके आधारपर किया गया है। नीचे उन सबका परिचय दिया जाता है—

१ अ० प्रति। आमेर शास्त्र भण्डार जयपुर (राजस्थान) नं० ५५६, पत्र संख्या ३४, लिपि सुन्दर और शुद्ध। प्रत्येक पत्रमें ९ पंक्ति और प्रत्येक पंक्तिमें ३४ अक्षर। संवत् १७९४ आसौज मास कृष्णपक्ष दशमी तिथि गुरुवारको लिखकर पूर्ण हुई। लिपिकर्ता हैं जिनदास बिलाला वासी लवायणका।

२ आ० प्रति। आमेर शास्त्रभण्डार जयपुर (राजस्थान) नं० ५५४। पत्र संख्या ५३। प्रत्येक पत्रमें ९ पक्ति और प्रत्येक पंक्तिमें ३३ या ३४ अक्षर। यत्र तत्र संस्कृतमें टिप्पण भी हैं। अक्षर सुन्दर हैं किन्तु प्राचीन होनेसे सुमैल हो गये हैं। कुछ जीर्ण भी हो चले हैं। अन्तमें प्रदाताकी प्रशस्ति है। सं० १५०२ वर्षे वसाख वदी २ श्रीमूलसंघे सरस्वतीगच्छे नन्दिसंघे बलात्कारगणे श्री पद्मनन्दिदेवाः तत्पट्टे श्री शुभचंद्रदेवा तत्पट्टे श्रीजिनचंद्रदेवाः पद्मनंदिशिष्य श्रीमदनकीर्तिदेवा· तस्य शिष्या ब्रह्म नरसिंघ वघेरवालान्वय जडिया

गोत्रे सं० सीहभार्या नयलु तयो पुत्र ष्येधरष्या सीटात्मा काल्हा वाल्हा·····वाल्हापुत्री·····सम्यक्त्व शीलाभरण·····। इदं नयचक्रं ब्रह्म नरसिंह लिष्यापितं कर्मक्षयनिमित्तं । ज्ञानवान् ज्ञानदानेन निर्भयोऽभय-दानतः । अन्नदानात् सुखी नित्यं निर्व्याधी भेषजं भवेत् ॥

क० प्रति । ऐलक पन्नालाल सरस्वती भवन व्यावर ।

पत्र संख्या २३ । प्रत्येक पत्रमे ९ पंक्ति, प्रत्येक पंक्तिमें ४५-४६ अक्षर । गाथाओंकी उत्थानिकाएँ ऊपर-नीचे हासियोमें लिखी है । प्रायः शुद्ध है । अन्तमें लेखक प्रशस्ति है—

इति नयचक्रं समाप्तं । संवत् १८८६ कार्तिकमासे कृष्णपक्षे दुतियाया मंगलवासरे लिषतं महात्मा राधाकृष्ण सवाई जयनगरमध्ये वासी कृष्णगढका । श्रीकल्याणरस्तु ।

ख० प्रति—ऐ० प० स० व्यावर । पत्र सं० ४६ प्रत्येक पत्रमें पंक्ति ६, प्रत्येक पंक्तिमे अक्षर अधिक ४३, कम ३८ ।

इति नयचक्रं समाप्तं लिखापितं ब्रह्मदेवपठनार्थं ।

ज० प्रति । कारंजा अ० नं० ३५९ । पत्र सं० २५ ।

प्रत्येक पत्रमे पंक्ति १२ या १३ । प्रत्येक पंक्तिमे ३५ से ४० तक अक्षर । प्रति प्रायः शुद्ध है । यत्र तत्र टिप्पण और पाठभेद भी अंकित है । ग्रन्थ समाप्त होनेके बाद दो पत्र और है जिनमें नयचक्रकी कुछ गाथाएँ लिखकर उनका भाषा अर्थ दिया है ।

नयचक्रके अन्तमें परिशिष्टरूपसे आलापपद्धति भी दी गयी है । उसके सम्पादनके लिए हमें एक प्रति कारंजासे, एक प्रति जैनसिद्धान्त भवन आरासे और ४ प्रतियाँ दि० जै० अति० श्रीमहावीरजी जयपुरसे प्राप्त हुई थी उनका भी परिचय नीचे दिया जाता है ।

क० प्रति । श्री आमेर शास्त्रभण्डार जयपुर । नं० १०७ । पत्र ८, प्रत्येकमें पंक्ति १२ । प्रत्येक पंक्तिमें ४० अक्षर । लिपि स्पष्ट और प्रायः शुद्ध है । संवत् १७७२ मार्गशीर्ष वदी पड़वाको पाटिलपुरमें दयारामने लिखी है ।

ख० प्रति । आमेर शास्त्रभण्डार जयपुर । पत्र २०, प्रत्येकमें ५ पंक्ति, प्रत्येक पंक्तिमें ३४ अक्षर । क प्रतिसे इसका पत्र लम्बा और चौड़ा भी है किन्तु एक पंक्तिसे दूसरी पंक्तिके मध्यमें अन्तराल विशेष दिया है । अक्षर बड़े और सुन्दर है । प्रायः क प्रतिके अनुकूल ही है । सं० १७७५ में लिखी गयी है ।

आ० प्रति । आमेर शा० जयपुर । नं० १०५ । पत्र १४, प्रत्येक पत्रमें ७ पंक्ति और प्रत्येक पंक्तिमें ३३ से ३७ तक अक्षर । प्रारम्भके तीन पत्रोके हाशियेपर टिप्पण भरे हुए है । शेषमें भी कही-कही हीनाधिक टिप्पण दिये है । शुद्ध और सुन्दर लेख है । लेखक प्रशस्ति—

इति श्रीसुखबोधार्थमालापपद्धति श्रीदेवसेन पंडित विरचिता परिसमाप्ता । संवत्सरे लोकनय-मुनीन्दुमिते १७९३ चैत्रमासे कृष्णपक्षे चतुर्थ्यां तिथौ इन्द्रप्रस्थनगरे नगरे चिते श्री मूलसंघे भट्टारक श्री सुरेन्द्रकीर्तिस्तत्पटोदयाद्रिदिनमणिनिभस्य स्वपंडातरीतरितागमाम्भोधेर्भट्टारकशिरोरत्नस्य भट्टारकजी श्री श्री श्री श्री १०८ श्रीमज्जगत्कीर्तितच्छिष्यविद्वन्मण्डलीमण्डितपण्डितजिष्छीपर्वासोजितत्छात्रसुधी लूणकरणेनेदं लिखितं स्वपठनार्थम् ।

अ० प्रति आमेर० जयपुर । पत्र सं० ११ । प्रत्येक पत्रमें पंक्ति ९, प्रत्येक पक्तिमें ३४ अक्षर । इसके भी प्रारम्भके दो पत्रोपर चारो ओर हाशियोमें टिप्पण भरे है । सं० १७९४ में वसवा नगरमें पं० गोरधनने लिखी है ।

ग० प्रति। जैन सिद्धान्तभवन आरा। नं० ३८।३। यह ख प्रतिके वंशकी प्रतीत होती है। 'लिखतं पूर्वदेस आरा नगर श्री पार्श्वनाथजिनमन्दिरमध्ये काष्ठासंघे माथुरगच्छे पुष्करगणे लोहाचार्यान्वाये श्री १०८ भट्टारकोत्तम भट्टारकजी श्री ललितकीर्ति तत्पट्टे मार्दवपरनामी श्री १०८ राजेन्द्रकीर्ति तच्छिष्य भट्टारक मुनीन्द्रकीर्ति दिल्ली सिंहासनाधीश्वरने लिषी सम्वत् १९४९ का मिती भाद्रवदी ६ वार रविकू पूरा किया। विक्टूरिया अँगरेज वहादुर राजके विखै। शुभं भूयात् कल्याणमस्तु।

विषय-सूची

जिनो और सिद्धोको नमस्कार	१	लक्षणोका परस्परमें अविनाभाव	१८
सब द्रव्योके सद्भावको कहनेकी प्रतिज्ञा	२	उत्पाद, व्यय, ध्रौव्यको निरपेक्ष माननेमें दोष	२०
स्वभाव और तत्संयुक्त द्रव्योको प्रमाण और नय-के द्वारा जाननेका निर्देश	२	निश्चयनयसे उत्पाद विनाश नही	२१
स्वभावके नामान्तर	३	द्रव्य गुण पर्यायोमें अभेद	२१
स्वभाव और स्वभाववान्मे व्याप्ति	३	द्रव्यका स्वरूप	२१
सब द्रव्य एक क्षेत्रावगाहरूपसे स्थित होते हुए भी अन्यरूप नही होते	४	सत्के विनाश और असत्की उत्पत्तिमे दोष	२२
ग्रन्थके बारह अधिकारोका निर्देश	५	बौद्धके क्षणिकवादमें दूषण	२२
एकान्तके विनाशके लिए द्रव्य, गुण, पर्यायको जानना आवश्यक	५	नित्यपक्षमें दूषण	२३
गुणका स्वरूप और भेद	६	भेदपक्षमें दूषण	२४
दस सामान्य गुणोके नाम	६	अभेदपक्षमें दूषण	२५
सोलह विशेषगुणोके नाम	७	शून्यवादमें दूषण	२६
ज्ञानादि विशेषगुणोके भेद	८	सर्वगतवादमें दूषण	२६
प्रत्येक द्रव्यके सामान्य-विशेषगुण	८	ब्रह्मवादमें दूषण	२७
चेतना आदि गुणोमें पुनरुक्त दोषका परिहार	९	यदि सभी पक्ष सदोष हैं तो वास्तविक क्या है ?	२८
पर्यायका लक्षण और भेद	९	एकान्तपक्षमें दोष देकर जन्मान्धोके द्वारा हाथी दर्शनके उदाहरणसे स्वमत समर्थन	२९
जीवादि द्रव्योकी पर्याय	११	सामान्य स्वभावोके नाम	३१
पर्यायके चार भेद	११	विशेष स्वभावोके नाम	३१
द्रव्य स्वभावपर्याय	१२	छह गाथाओसे सामान्य स्वभावोका स्वरूप कथन	३२
गुण स्वभावपर्याय	१२	स्वभाव सार्थक और निरर्थक कैसे	३४
जीवद्रव्यकी विभावपर्याय	१२	गुण और पर्यायोंको स्वभावपना	३४
जीवकी विभाव गुणपर्याय	१३	प्रत्येक द्रव्यमें स्वभावकी संख्या	३५
जीवद्रव्यकी स्वभावपर्याय	१३	स्वभाव और स्वभाववान्का स्वरूप	३९
जीवकी स्वभाव गुणपर्याय	१३	स्यात् शब्दका प्रयोग न करनेमें दोष	३९
पुद्गलोके बन्धका कथन	१४	कर्मजन्य, क्षायिक और स्वाभाविक भावोकी संख्या व स्वरूप	४१
पुद्गलद्रव्यकी स्वभावपर्याय	१५	स्वभावोमें हेय और उपादेयपना	४३
पुद्गलद्रव्यके गुणोकी स्वभावपर्याय	१६	जीव और पुद्गलमें विभावपरिणतिका कारण	४४
पुद्गलद्रव्यकी विभावपर्याय	१६	विभावका स्वरूप, कारण और फल	४४
पुद्गलके गुणोकी विभावपर्याय	१७	जीवकी विभावपरिणति	४५
धर्मादि द्रव्योकी स्वभावपर्याय	१७	कर्म प्रकृतियोके भेद और बन्धके कारण	४६
व्युत्पत्तिपूर्वक द्रव्यके तीन लक्षण	१७	भाव और द्रव्यमें कार्य-कारणपना	४६
		मूलप्रकृतियोके नाम	४७

उत्तर प्रकृतियोकी संख्या ४८
शुभ-अशुभ प्रकृतियाँ सुख-दुःखमें हेतु ५२
चारो गतियोमें आयुका प्रमाण ५३
जीवोंकी पाँच अवस्थाएँ ५५
विभाव और स्वभावका फल ५५
अनेकान्त दृष्टिका फल ५७
द्रव्योके विशेष कथनकी प्रतिज्ञा ५८
आकाशद्रव्यका विशेष लक्षण और भेद ५८
लोक और अलोकका लक्षण ५९
लोकका स्वरूप और पुद्गलके साथ उसका सम्बन्ध ५९
पुद्गलद्रव्यका स्वरूप और प्रयोजन ६०
पुद्गलका जीवके साथ सम्बन्ध ६१
जीवके भेद ६२
जीवका स्वरूप ६३
प्रभुत्वगुणका समर्थन ६३
जीवके अभावका निषेध करनेके लिए जीव शब्दकी निरुक्ति ६४
जीवमें भावाभावको बतलानेवाले प्रकारके चार भेद ६८
चैतन्यके भेद और उसके स्वामी ६९
जीवके उपयोगका कथन ७१
जीव कथंचित् अमूर्तिक ७१
जीव अमूर्त होते हुए भी कथंचित् मूर्तिक ७२
जीवका आकार देह प्रमाण ७२
शरीरके भेद ७३
जीवके भोक्तृत्वका कथन ७४
कर्म कथंचित् सादि है ७५
बन्ध सान्त और अनन्त ७६
पुद्गल स्कन्धोका कर्मरूप परिणमन ७६
बन्ध और मोक्षमें मुख्य और गौण निमित्त ७७
बीजांकुर न्यायसे कर्म और उसके फलका कथन ७८
धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य और परमार्थ तथा व्यवहार-कालका कथन ७९
परमार्थकालका स्वरूप और प्रयोजन ८०
व्यवहारकालका स्वरूप ८१
समय और प्रदेशका स्वरूप ८२
लोक कार्य, द्रव्य कारण ८२
जीव और पुद्गलकी पर्याये तथा उनका अधिष्ठान ८३
त्रसनालीकी ऊँचाई और लोकका स्वरूप ८३
पंचास्तिकायका कथन ८५
तत्त्वोके भेद ८६
आस्रवके भेदोका कथन ८७
बन्धके भेद और उनका कारण ८८
संवरका स्वरूप ८८
निर्जराका स्वरूप और भेद ९०
मोक्षका स्वरूप और भेद ९१
नौ पदार्थोके स्वामित्वका कथन ९२
सात तत्त्वोके स्वामी ९३
भगवान् महावीरको नमस्कार करके प्रमाण और नयका कथन करनेकी प्रतिज्ञा तथा उसकी आवश्यकता ९५
प्रमाणका स्वरूप, भेद और प्रयोजन ९६
पाँच ज्ञानोका कथन ९७
प्रमाण, नय और निक्षेपमें अन्तर ९८
नयका स्वरूप और प्रयोजन १००
एकान्तसे वस्तुकी सिद्धि नही १०१
स्वार्थसिद्धिका मार्ग और कुमार्ग १०२
एकान्त और अनेकान्तका स्वरूप तथा दोनोंके सम्यक् और मिथ्याभेद १०३
नयदृष्टिसे रहित मनुष्य अन्धे १०३
नयके मूलभेद १०४
सात नय और तीन उपनय १०५
तीन उपनयोके नाम और भेद १०५
नयोका विषय १०६
कर्मोपाधि निरपेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिक १०६
सत्ताग्राहक शुद्ध द्रव्यार्थिक नय १०७
भेदविकल्पनिरपेक्ष ,, १०७
कर्मोपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिक १०७
उत्पाद व्ययसापेक्ष ,, १०७
भेदकल्पनासापेक्ष ,, १०८
अन्वय द्रव्यार्थिक १०८
स्वद्रव्यादिग्राहक और परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय १०८
परमभावग्राही द्रव्यार्थिकनय १०९
अनादि नित्य पर्यायार्थिक १०९
सादिनित्य पर्यायार्थिक ११०
अनित्य शुद्ध पर्यायार्थिक ११०
अनित्य अशुद्ध पर्यायार्थिक ११०
कर्मोपाधि निरपेक्ष अनित्य शुद्ध पर्यायार्थिक १११

कर्मोपाधि सापेक्ष अनित्य अशुद्ध पर्यायार्थिक १११
भावि नैगमनय १११
भूत नैगमनय ११२
वर्तमान नैगमनय ११२
संग्रहनय ११२
व्यवहारनयका लक्षण और भेद ११३
ऋजुसूत्रनयका स्वरूप और भेद ११३
शब्दनयका लक्षण ११४
समभिरूढनयका लक्षण ११४
एवंभूतनयका स्वरूप ११५
नैगमादिनयोंमें द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक तथा शब्दनय और अर्थनयका भेद ११५
शुद्धसद्भूत व्यवहारनयका स्वरूप ११६
असद्भूत व्यवहारनयका लक्षण और भेद ११७
तथा भेदोका स्वरूप ११७-११९
व्यवहार और निश्चयसे बन्ध और मोक्षके हेतु १२१-१२३
उपचरितासद्भूत व्यवहारनयके भेदोका उदाहरणपूर्वक स्पष्टीकरण १२४
वस्तुके स्वभावोमें अस्तित्वस्वभाव ही प्रधान, वही प्रमाण और नयका विषय १२५
युक्तियुक्त अर्थ ही सम्यक्त्वका कारण १२६
सापेक्ष सम्यक् निरपेक्ष मिथ्या १२६
सापेक्षता और निरपेक्षताका स्पष्टीकरण १२७
स्याद्वादका स्वरूप १२७
प्रमाण सप्तभंगी और नय सप्तभंगी १२८
दुर्नयभंगी १३०
सप्तभंगीमें भंग रचनाका उपाय १३०
सापेक्षता साधक सम्बन्ध और युक्तिका स्वरूप १३१
तत्त्वमे हेय और उपादेयका विचार १३२
व्यवहारनय और निश्चयनयका सामान्य लक्षण १३२
विषयीकी प्रधानतासे विषयको ध्येयपना १३३
युक्ति और अनुभवका काल १३४
कथंचित् एकान्तमें ही तत्त्वका निर्णय १३५
निक्षेपका स्वरूप और भेद १३६
नामनिक्षेपका उदाहरण १३७
स्थापना निक्षेपका उदाहरण १३७
द्रव्यनिक्षेप भेद-प्रभेद १३७
भावनिक्षेपका उदाहरण १३८
निक्षेपोमे नययोजना १३९
निक्षेपादिके जाननेका प्रयोजन १३९
व्यवहार और परमार्थसे रत्नत्रय ही मोक्षमार्ग, शुभ-अशुभ भाव नही १४०
व्यवहारमार्गमें विवाद करनेवालोका निराकरण १४२-१४४
व्यवहार निश्चयका साधक १४५
युक्तिके द्वारा समर्थन १४६
व्यवहारी जीवको कर्तृत्वका प्रसंग आनेसे मुक्ति-की प्राप्ति कैसे ? इस आशंकाका परिहार १४७
शुभ अशुभ कर्मोका तथा संसारका कारण १४८
मोहनीयकर्मके भेद और उनका कार्य १४९
प्रत्यय और उनके भेद १५०
मिथ्यादृष्टि और अज्ञानका स्वरूप १५१
अविरतिके भेद १५२
कषाय और योगके भेद १५३
शुभ-अशुभ राग, मोहके कार्य १५३
शुभराग १५४
शुभ-अशुभ भावका हेतु तथा उनसे बन्ध १५४
कर्मके कारणोको हटानेका उपदेश १५५
सम्यक्त्वकी उत्पत्तिमें अभ्यन्तर हेतु १५६
सम्यक्त्वकी उत्पत्तिमें बाह्य हेतु १५७
मोहका क्षय कौन करता है १५७
सम्यग्दर्शनके भेद और स्वरूप १५८
नयदृष्टिसे सम्यक्त्वके तीन प्रकार १५८
व्यवहार रत्नत्रय १५९
व्यवहार रत्नत्रयके ग्रहणका उपाय १५९
निश्चय रत्नत्रयका स्वरूप १५९
सम्यग्ज्ञानका स्वरूप १६२-१६३
व्यवहारके द्वारा निश्चयरूप साध्यका साधनक्रम १६४
चारित्रका स्वामी १६४
सराग श्रमण और वीतराग श्रमण १६५
श्रद्धानादि करते हुए भी मिथ्यादृष्टि १६६
सराग चारित्रका स्वरूप और भेद १६७
साधुके २८ मूलगुण १६७
साधुके उत्तरगुण १६८
समान आचारवालेके साथ ही सत्समाचार १७०
विस्तारसे जाननेके लिए ग्रन्थान्तर देखनेका आग्रह १७१
शुभोपयोगसे दुःखका अभाव किन्तु सुखकी प्राप्ति नही १७२

व्यवहाररत्नत्रयसे परम्परा मोक्ष १७२
व्यवहारसे बन्ध, अतः उसकी गौणता १७३
वीतरागचारित्रके अभावमें सरागचारित्रकी गौणता कैसे ? १७४
शुद्धचारित्रके द्वारा शुभका नाश १७५
समयसारमें प्रतिपादित वीतरागचारित्र वाले साधुकी आलोचना आदि विषकुम्भ १७६
शुभ-अशुभ कर्मोंके संवरके कारण १७६
ध्येय आत्माके ग्रहणका उपाय १७७
संवेदनके द्वारा आत्मध्यानका उपदेश १७८
संवित्तिका स्वरूप स्वामी और भेद १७९
संवित्तिकी सामग्री १८०
ध्याता और ध्येयका सम्बन्ध तथा ध्येयके नाम १८०
परम निज तत्त्व १८१
कार्यसमयसार और कारणसमयसार १८२
कारणसमय ध्यानके योग्य १८३
कारणसमयसे कार्यसमयकी सिद्धिका समर्थन १८३
एक ही उपादान कार्य और कारण कैसे १८४
अशुद्ध संवेदनसे बन्ध, शुद्ध संवेदनसे मोक्ष १८४
स्वसंवेदनज्ञान ही कारणसमयसाररूप परिणमता है १८७
औदयिक आदि पाँच भावोंके भेद १८७
औदयिक भावके इक्कीस और औपशमिकभावके दो भेद १८८
क्षायोपशमिक भावके अठारह भेद १८८
क्षायिकभावके नौ भेद १८८
निजपरमभावके श्रद्धानादिके बिना मूढ अज्ञानी १८९
पारिणामिकभाव ही ध्येय है १९०
जीवका भाव ही संसार और मोक्षका हेतु १९१
अभेद और अनुपचरित स्वरूप ही निश्चय १९१
निश्चय और व्यवहारसे ज्ञानका विषय १९२
निश्चयदृष्टिसे मोक्षकी प्राप्ति व्यवहारके अनुसरणमें बन्ध १९३
निश्चयका हेय व्यवहार १९४
निश्चयकी आराधनाका फल और सामग्री १९४
आत्माकी महत्ताका कथन १९५
योगीका स्वरूप १९६
आत्मध्यानकी आन्तरिक सामग्री १९६
स्वयंके आत्माको ग्रहण करनेका उपाय १९७
आत्मध्यानसे उत्पन्न हुई भेदभावना १९८
कर्मजन्य ज्ञान ज्ञायकभाव नहीं है १९९
ध्यानप्रत्ययोंमें सुखप्रत्ययका स्वरूप १९९
सुखके चार भेद १९९
आत्मस्वरूपके अवलोकनकी प्रेरणा २००
आत्मामें आचरण करनेका उपाय २००
सरागचारित्र और वीतरागचारित्रमें कथंचित् अविनाभाव २०१
चारित्रका फल और उसकी वृद्धिकी भावना २०३
विभावरूप स्वभावके अभावकी भावना २०३
सामान्य गुणकी प्रधानतासे भावना २०३
विपक्षी द्रव्यके स्वभावके अभाव रूपसे भावना २०४
विशेषगुणोंकी प्रधानतासे भावना २०४
सामान्यमें विशेषोंकी उत्पत्ति और विनाशके सम्बन्धमें दृष्टान्त २०४
परमार्थज्ञानरूप परिणतिका फल २०५
नयचक्रकी रचनामें हेतु २०५
प्रकृतनयचक्र ग्रन्थकी उपयोगिता २०६
उसकी रचना कैसे हुई २०६
नयचक्रके कर्ता देवसेनगुरुको नमस्कार २०७
दोहोंमें निबद्ध द्रव्यस्वभावप्रकाशको माइल्लधवलने गाथाबद्ध किया २०७

परिशिष्ट १

आलापपद्धतिकी विषयसूची २०९-२२८
वीरभगवान्‌को नमस्कार करके गुण, स्वभाव तथा पर्यायोंका कथन करनेकी प्रतिज्ञा २०९
आलापपद्धति शब्दका अर्थ २०९
उसकी रचनाका उद्देश्य २०९
द्रव्यके भेद और द्रव्यका लक्षण २०९
द्रव्योंके दस सामान्यगुण २१०
द्रव्योंके सोलह विशेषगुण २१०
पर्यायका स्वरूप तथा भेद २११
स्वभावपर्यायका स्वरूप २११
छह वृद्धियाँ, छह हानियाँ २११
विभावपर्यायके भेद २१२
विभावद्रव्यव्यंजनपर्याय २१२
विभावगुण व्यंजनपर्याय २१२
स्वभावद्रव्य व्यंजनपर्याय २१२
स्वभावगुण व्यंजनपर्याय २१२

द्रव्योके ग्यारह सामान्यस्वभाव २१३
द्रव्योके दस विशेष स्वभाव २१३
जीव और पुद्गलके इक्कीस स्वभाव २१३
कालके पन्द्रह स्वभाव २१३
शेष द्रव्योके सोलह स्वभाव २१३
प्रमाणका स्वरूप तथा भेद २१३
नयके भेद २१४
उपनयका स्वरूप तथा भेद २१४
द्रव्यार्थिकके दस भेद २१४
कर्मोपाधि निरपेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिक २१४
सत्ताग्राहक शुद्धद्रव्यार्थिक २१५
भेदकल्पना निरपेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिक २१५
कर्मोपाधि सापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिक २१५
उत्पादव्यय सापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिक २१५
भेदकल्पना सापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिक २१५
अन्वय द्रव्यार्थिक २१५
स्वद्रव्यादि ग्राहक द्रव्यार्थिक २१५
परद्रव्यादि ग्राहक द्रव्यार्थिक २१५
परमभाव ग्राहक द्रव्यार्थिक २१५
पर्यायार्थिकके छह भेद २१५
अनादि नित्य पर्यायार्थिक २१५
सादि नित्य पर्यायार्थिक २१५
उत्पादव्ययग्राहक २१५
अनित्य शुद्धपर्यायार्थिक २१५
सत्तासापेक्ष अनित्य अशुद्ध पर्यायार्थिक २१५
कर्मोपाधिनिरपेक्ष अनित्य शुद्ध पर्यायार्थिक २१५
कर्मोपाधिसापेक्ष अनित्य अशुद्ध पर्यायार्थिक २१५
नैगमनयके तीन भेद २१६
संग्रहनयके दो भेद २१६
व्यवहारनयके दो भेद २१६
ऋजुसूत्रनयके दो भेद २१६
शब्दनय, समभिरूढनय, एवभूतनय २१७
सद्भूतव्यवहारनयके दो भेद २१७
शुद्धसद्भूतव्यवहार २१७
अशुद्धसद्भूतव्यवहार २१७
असद्भूतव्यवहारनयके तीन भेद २१८
उपचरित असद्भूतव्यवहारनयके तीन भेद २१८
प्रत्येक गुणकी व्युत्पत्ति २१८-२१९
पर्यायकी व्युत्पत्ति २२०
स्वभावोकी व्युत्पत्ति २२०
गुण और स्वभावमें अन्तर २२०
विशेष स्वभावोकी व्युत्पत्ति २२१
दुर्नयका विषय मिथ्या क्यो ? २२१
सर्वथा शब्दके अर्थ २२२
सर्वथा एकान्तवादमें दोष २२२
स्वभावोमें नययोजना २२३-२२४
प्रमाणका स्वरूप तथा भेद २२५
नयका स्वरूप तथा व्युत्पत्ति २२५
निक्षेपकी व्युत्पत्ति तथा भेद २२५
द्रव्यार्थिककी व्युत्पत्ति २२६
पर्यायार्थिककी- व्युत्पत्ति २२६
नैगम आदिकी व्युत्पत्ति २२६
निश्चय और व्यवहारकी व्युत्पत्ति २२७
सद्भूतव्यवहारका स्वरूप २२७
उपचरितासद्भूतव्यवहारकी व्युत्पत्ति २२७
सद्भूतव्यवहारका अर्थ २२७
असद्भूत व्यवहारके अर्थके नौ प्रकार २२७
उपचरितासद्भूत व्यवहारनयका अर्थ २२७
अध्यात्म भाषाके द्वारा नयोका कथन २२८
निश्चयका स्वरूप और भेद २२८
व्यवहारके भेद और उनका स्वरूप २२८

परिशिष्ट २

नयविवरणकी विषय सूची २२९-२६८
नयसे प्रमाण पूज्य क्यो ? २२९
नय प्रमाण नही, उदाहरण पूर्वक कथन तथा उसमें शंकाओका परिहार २३०-२३१
नय प्रमाणका एकदेश २३१
नय प्रमाणसे पूज्य क्यो नही, इस आशंकाका परिहार २३२
नयकी प्रवृत्ति मतिज्ञान, अवधि और मन.पर्ययसे ज्ञात पदार्थके एकदेश में नही होती २३३
नयका मूल केवलज्ञान भी नही २३३
अतः नय श्रुतज्ञानके भेद हैं २३३
सामान्य से नय एक, विशेषसे दो, विस्तारसे सात २३४
अत्यन्त विस्तारसे संख्यात २३५
नयकी व्युत्पत्ति २३६
गुणार्थिक नामका तीसरा नय नही है २३८
दो ही मूल नय २३९

नैगम नयका स्वरूप २३८
नैगम नयके विषयमें आशंका और उसका परिहार २३९
नैगमनय और प्रमाणमें अन्तर २४०
नैगमनयका अन्तर्भाव संग्रह और व्यवहारमें नहीं २४०
ऋजुसूत्र आदिमें भी नहीं २४१
अतः नय सात ही है २४१
किन्हीं आचार्योंने नैगमके तीन भेद करके नौ नय भी कहे है २४१
पर्याय नैगमके तीन भेद, द्रव्य नैगमके दो भेद, द्रव्यपर्याय नैगमके चार भेद २४१
अर्थपर्याय नैगमका स्वरूप २४१
अर्थपर्याय नैगमाभासका उदाहरण २४२
व्यजनपर्याय नैगमनयका स्वरूप २४२
व्यंजनपर्याय नैगमाभासका स्वरूप २४२
अर्थव्यंजनपर्याय नैगमका स्वरूप २४२
अर्थव्यजनपर्याय नैगमाभासका स्वरूप २४३
शुद्धद्रव्य नैगमका स्वरूप २४३
अशुद्धद्रव्य नैगमका स्वरूप २४३
अशुद्धद्रव्य नैगमाभासका स्वरूप २४३
शुद्धद्रव्यार्थपर्याय नैगमका उदाहरण २४४
शुद्धद्रव्यार्थपर्याय नैगमाभासका स्वरूप २४४
अशुद्धद्रव्यार्थपर्याय नैगमका स्वरूप २४४
अशुद्धद्रव्यार्थपर्याय नैगमाभासका स्वरूप २४४
शुद्धद्रव्यव्यजनपर्याय नैगमनयका उदाहरण २४४
अशुद्धद्रव्यव्यजनपर्याय नैगमनयका स्वरूप २४५
संग्रहनयका स्वरूप २४५
संग्रहनयके दो भेद २४६
परसंग्रह नयाभासका स्वरूप २४६
अपर संग्रहनयका स्वरूप २४७
संग्रहाभासका स्वरूप २४७
व्यवहारनयका कथन २४७
व्यवहाराभासका स्वरूप २४८
ऋजुसूत्रनयका स्वरूप २४८
ऋजुसूत्रनयाभासका स्वरूप २४९
शब्दनयका स्वरूप २५०
समभिरूढनयका स्वरूप २५२
एवंभूतनयका स्वरूप २५३
सापेक्षनय सम्यक्, निरपेक्ष मिथ्या २५४
सातनयोका अर्थनय और शब्दनयमें विभाजन २५४
सातनयोमें अल्पविषय और बहुविषयवाले नय २५४
संग्रहनयसे नैगमका विषय बहुत है २५४
संग्रहनयसे व्यवहारका विषय अल्प २५५
व्यवहारनयसे ऋजुसूत्रका विषय अल्प २५५
ऋजुसूत्रनयसे शब्दनयका विषय अल्प २५५
शब्दनयसे समभिरूढ़नयका विषय अल्प २५५
समभिरूढनयसे एवंभूतनयका विषय अल्प २५६
नय वाक्यकी प्रवृत्ति २५६
प्रत्येक नयके भेदमें सप्तभंगीका अवतरण २५७
सप्तभंगीका कथन २५८
अनेकान्तमें अनेकान्त २६५
अवक्तव्यभंगकी सिद्धि २६६
नयोके तीन भेद—शब्दनय, अर्थनय और ज्ञाननय २६७
वस्तुमें नयोंकी प्रवृत्तिका प्रकार २६७
नयचर्चाका उपसहार २६८

परिशिष्ट ३

द्र० स्व० नयचक्रमें उद्धृत पद्यानुक्रमणी २६९

परिशिष्ट ४

नयचक्रगाथानुक्रमणी २७०-७४

परिशिष्ट ५

नयविवरणश्लोकानुक्रमणी २७५-७६

श्री-माइल्लधवल-कृत

द्रव्यस्वभावप्रकाशक

नयचक्र

श्रीकुन्दकुन्दाचार्यकृतशास्त्रोत्[1] सारार्थं परिगृह्य स्वपरोपकाराय द्रव्यस्वभावप्रकाशकं नयचक्रं मोक्षमार्ग कुर्वन् ग्रन्थकर्ता[2] निर्विघ्नतः[3] शास्त्रपरिसमाप्त्यादिकं शिष्टाचारप्रतिपालनं[4] पुण्यावाप्तिनास्तिकतापरिहार[5]-फलमभिलषन् शास्त्रादौ इष्टदेवताविशेषं नमस्कुर्वन्नाह 'दव्वा' इति ।

दव्वा विस्ससहावा लोयागासे सुसंठिया जेहिं ।
दिट्ठा तियालविसया वंदेहं ते जिणे सिद्धे ॥१॥

श्रीकुन्दकुन्दाचार्यकृत शास्त्रसे सारभूत अर्थको ग्रहण करके, अपने और दूसरोके उपकारके लिए, द्रव्यस्वभावप्रकाशक नयचक्र नामक ग्रन्थके, जो कि मोक्षका मार्ग है, रचयिता शास्त्रकी निर्विघ्नरूपसे समाप्ति, शिष्टोके आचारका पालन, पुण्यकी प्राप्ति और नास्तिकताका परिहार रूप फलकी इच्छासे शास्त्रके प्रारम्भमें इष्ट देवता विशेषको नमस्कार करते हुए गाथा कहते है—

लोकाकाशमे सम्यक् रूपसे स्थित विश्वस्वरूप त्रिकालवर्ती द्रव्योको जिन्होने देखा उन जिनों और सिद्धोको मै नमस्कार करता हूँ ॥१॥

विशेषार्थ—इस ग्रन्थका नाम द्रव्यस्वभावप्रकाशक है क्योकि इसमे द्रव्योंके स्वभावपर प्रकाश डाला गया है। और द्रव्योके स्वभावका ठीक-ठीक परिज्ञान नयोका सम्यक् परिज्ञान हुए बिना नही हो सकता। इसीसे आचार्य देवसेनने अपने नयचक्रके प्रारम्भमें कहा है कि जैसे धर्महीन मनुष्य सुख चाहता है या प्यासा मनुष्य पानीके बिना प्यास बुझाना चाहता है वैसे ही मूढ मनुष्य नयोके ज्ञानके बिना द्रव्योका ज्ञान करना चाहता है। अत. जैसे धर्मके बिना सुख नही हो सकता और पानीके बिना प्यास नही बुझ सकती वैसे ही नयोके ज्ञानके बिना द्रव्योके स्वरूपका बोध नही हो सकता। तथा द्रव्योके स्वरूपका यथार्थ ज्ञान हुए बिना सम्यग्दृष्टि नही हो सकता। इसीसे ग्रन्थकारने इस ग्रन्थको मोक्षका मार्ग कहा है। सम्यग्दर्शनके बिना मोक्ष-मार्ग नही और वस्तु स्वरूपकी उपलब्धिके बिना सम्यग्दर्शन नही तथा नयोके ज्ञानके बिना वस्तु स्वरूपकी उपलब्धि नही। इसीलिए इस ग्रन्थके रचयिताने आचार्य कुन्दकुन्दके ग्रन्थोमे वर्णित द्रव्यस्वभावको और आचार्य देवसेनके नयचक्रको ग्रहण करके इस ग्रन्थकी रचना की है। जैसे द्रव्योके स्वभावको समझनेके लिए कुन्दकुन्दाचार्यके ग्रन्थ अनमोल है वैसे ही नयोके स्वरूपको समझनेके लिए देवसेनाचार्यका नयचक्र अनमोल है। इसीसे वह प्रायः पूरा इस ग्रन्थमे ज्योका त्यो समाविष्ट कर लिया गया है। इस ग्रन्थको प्रारम्भ करते हुए ग्रन्थकार अपने इष्ट देवताका स्तवन करनेसे पूर्व उसके चार उद्देश्य बतलाते है। उनमे-से मुख्य उद्देश्य है शास्त्र बिना किसी विघ्नके पूर्ण हो—उसकी पूर्तिमे कोई विघ्नबाधा उपस्थित न हो। अन्य उद्देश्य है

---

१. शास्त्राणा मु० । २ ग्रन्थकर्ता अ० ख० ज० मु० । ३ तया ख० मु० ज० । ४. -लन अ० क० ख० । ५. नास्तिकतापरिहार अ० क० ख० । 'शिष्टाचारपरिपालनार्थम्, नास्तिकतापरिहारार्थम्, निर्विघ्नत. शास्त्रपरिसमाप्त्यर्थं च परमेष्ठिगुणस्तोत्रमित्यन्ये ।'—आ० प० पृ० ११ । त० श्लो० वा० पृ० १, २ । 'नास्तिक्यपरिहारस्तु शिष्टाचारप्रपालनम् । पुण्यावाप्तिश्च निर्विघ्न शास्त्रादौ तेन संस्तुति. ॥ पंचास्ति० जयसेन टीका, पृ० ५. 'नास्तिकत्वपरीहार 'शास्त्रादावासंसंस्तवात् ॥' अनगारधर्मा० टी०, पृ० १ ।

इष्टदेवताविशेष नमस्कृत्य व्याख्येयप्रतिज्ञानिर्देशार्थमाह 'जं जह' इति—

जं जह[1] जिणेहि दिट्ठं जेंह दिट्ठं सव्वदव्वसब्भावं ।
पुव्वावरअविरुद्धं तं तह संखेवदो वोच्छं ॥ २ ॥

स्वभावस्वभाविनोरेकत्वं निर्णीत्युपाय[3] चाह—'जीव' इति—

जीवा पुग्गलकालो धम्माधम्मा तहेव आयासं ।
णियणियसहावजुत्ता दट्ठव्वा णयपमाणणयणेहिं ॥३॥

शिष्टाचारका परिपालन, पुण्यकी प्राप्ति और नास्तिकताका परिहार । आचार्य विद्यानन्दने अपने तत्त्वार्थ-श्लोकवार्तिक तथा आप्तपरीक्षाके प्रारम्भमें मंगल करनेके इन उद्देश्योपर गम्भीरतासे प्रकाश डाला है । उनका कहना है कि शिष्टाचार परिपालन, नास्तिकताका परिहार और निर्विघ्नरूपसे शास्त्रकी समाप्ति आदि तो तपश्चरण आदि अन्य कर्मोंसे भी हो सकती है । अत इन्हीके उद्देश्यसे ग्रन्थके प्रारम्भमे मगलस्तव करना आवश्यक नही है । किन्तु जिनके द्वारा शास्त्रकी परम्परा प्रवाहित हुई है तथा जिनके द्वारा शास्त्रोमें वर्णित अर्थका बोध हमें प्राप्त हुआ है उन परमेष्ठियोका स्तवन करना हमारा कर्तव्य है क्योकि सज्जन किये हुए उपकारको नही भूलते । यदि ग्रन्थकारको गुरुपरम्परासे ज्ञान प्राप्त न हुआ होता तो वह कैसे शास्त्रकी रचना कर सकते थे । इसीसे इस ग्रन्थके रचयिताने भी अपने ग्रन्थके आदिमें उन जिनो और सिद्धोको नमस्कार किया है जिन्होने त्रिकालवर्ती सब द्रव्योके स्वरूपको यथावस्थित रूपसे जाना है । इससे जहाँ उनके प्रति अपनी कृतज्ञताका ज्ञापन होता है वहाँ ग्रन्थकी प्रामाणिकताका भी समर्थन होता है कि इस ग्रन्थमें जो द्रव्योके स्वरूपका वर्णन है वह मैंने अपनी बुद्धिसे कल्पित नही किया है किन्तु त्रिकाल और त्रिलोकवर्ती सब द्रव्योके स्वरूपको जिनेन्द्रदेव और सिद्धपरमेष्ठीने देखा है । उन्हीकी शिष्यपरम्परासे मुझे भी प्राप्त है । इसीसे मै उन्हें नमस्कार करता हूँ । जिनोंमे सिद्ध बडे होते है क्योकि जिन अरहन्त तो चार कर्मोंसे मुक्त होने पर भी अभी पूर्ण मुक्त नही हुए है और सिद्ध तो एक दम निष्कलक है । किन्तु हमें तो ज्ञानकी प्राप्ति अरहन्तोके द्वारा ही होती है । उन्हीकी दिव्यध्वनिको स्मृतिमें रखकर गणधर द्वादशागकी रचना करते है और फिर शिष्यपरम्परासे वही ज्ञान हमे प्राप्त होता है । अतः उपकारी होनेसे अरहन्तका प्रथम स्मरण किया जाता है जैसा णमोकार मत्रमें भी देखा जाता है । उसीका अनुसरण इस ग्रन्थके रचयिताने भी किया है ।

इष्ट देवता विशेषको नमस्कार करके पूर्वमें जो कथन करनेकी प्रतिज्ञा की है उसके निर्देशके लिए ग्रन्थकार 'ज जह' आदि गाथा कहते है—

जिनेन्द्रदेवने जो सब द्रव्योका सद्भाव जैसा देखा और पूर्वापरविरोध रहित जैसा कहा वह वैसा ही मै सक्षेपसे कहूँगा ॥ २ ॥

आगे स्वभाव और स्वभाववान्में एकत्वको तथा उसके निर्णय करनेके उपायको बतलाते है—

अपने-अपने स्वभावसे युक्त जीव पुद्गल, काल, धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य तथा आकाशको नय और प्रमाणरूपी आँखोसे देखना चाहिए ॥ ३ ॥

स्वभावस्य नामान्तरं ब्रूते 'तच्चं' इत्यादि—

तच्चं तह परमट्ठं दव्वसहावं तहेव परमपरं ।
धेयं सुद्धं परमं एयट्ठा हुंति अभिहाणा ॥४॥

स्वभावस्वभाविनोर्व्यक्तिं दर्शयति—

एदेहि तिविहलोगं णिप्पण्णं खलु णहेण तमलोयं ।
तेणेदे परमट्ठा भणिया सब्भावदरसीहिं ॥५॥
ते पुण कारणभूदा लोयं कज्जं वियाण णिच्छयदो ।
अण्णो को वि ण भणिओ तेसिं इह कारणं कज्जं ॥६॥

स्वभाव-स्वभाववान्में सर्वथा अभेद हो तो 'स्वभाव-स्वभाववान्'का भेद व्यवहार भी नही बन सकता। किन्तु स्वभाव और स्वभाववान्के प्रदेश जुदे-जुदे नही होते। यदि कल्पनाके द्वारा स्वभाववान्मे-से उसके स्वभावको अलग कर लिया जा सके तो स्वभाववान् नामकी कोई वस्तु शेष नही बचेगी। जैसे अग्निमे-से यदि उष्णको अलग किया जा सके तो अग्निका कोई अस्तित्व शेष नही रह सकता। अत सब द्रव्य अपने स्वत सिद्ध स्वभावको लिये हुए सदा तन्मय ही रहते है। न तो स्वभावसे भिन्न कोई स्वभाववान्की स्वतन्त्र सत्ता है और न स्वभाववान्से भिन्न स्वभावकी कोई स्वतन्त्र सत्ता है। अत. वास्तवमे वे दो नही है। किन्तु तादात्म्य रूप एक ही वस्तु है। इसीका कथन आचार्य समन्तभद्रने आप्तमीमासा कारिका ७१-७२ मे किया है कि द्रव्य और पर्यायमे ऐक्य है क्योकि वे भिन्न-भिन्न नही है फिर भी दोनोके स्वरूप, नाम, संख्या और प्रयोजन आदि भिन्न होनेसे भिन्नता भी है किन्तु सर्वथा भिन्न नही है।

आगे स्वभावके नामान्तर कहते है—

तत्त्व, परमार्थ, द्रव्यस्वभाव, पर अपर ध्येय, शुद्ध, परम, ये सब एकार्थवाची है ॥ ४ ॥

विशेषार्थ—ग्रन्थकारने स्वभावके प्रसंगसे उक्त शब्दोको द्रव्यस्वभावका वाचक कहा है। इनमे-से तत्त्व और परमार्थ तो स्पष्ट ही है। पूज्यपाद स्वामीने अपने समाधितन्त्र श्लोक ३० मे 'तत्तत्वं परमात्मन.' कहा है। यहाँ तत्त्वका अर्थ स्वरूप ही है। इसी तरह परमार्थका अर्थ भी यथार्थ स्वरूप होता है। ध्यान भी उसीका किया जाता है इसलिए उसे ध्येय शब्दसे भी कहा है। वह ध्येय पर और अपरके भेदसे दो प्रकारका होता है। क्योकि ध्यान परमात्माका भी किया जाता है और स्वयं अपनेमे भी तन्मय हुआ जाता है। दोनोमे ध्येय पर और स्वका स्वरूप ही है अत पर ध्येय और अपर ध्येयको भी द्रव्यस्वभाव-का वाचक कहा है। तथा द्रव्यस्वभाव तो शुद्ध होता ही है इसलिए उसे शुद्ध शब्दसे भी कहा है। इस तरह उक्त सब शब्द द्रव्यस्वभावके वाचक है।

आगे स्वभाव और स्वभाववान्की व्याप्ति दिखलाते है—

इन्ही छहो द्रव्योसे तीनो लोक बने हुए है। तथा आकाश द्रव्यसे अलोक बना हुआ है। इसीसे सर्वदर्शी जिनेन्द्रदेवने इन्हे परम अर्थ कहा है। वे सब द्रव्य कारणरूप है और लोक उनका कार्य है। निश्चय नयसे न तो उनका कोई अन्य कारण ही है और न कार्य ही है ॥ ५-६ ॥

विशेषार्थ—त्रिलोकसारके प्रारम्भमे लिखा है कि यह आकाश सब ओरसे अनन्त है। उस अनन्त आकाशके मध्यमें लोक है। वह लोक अकृत्रिम है उसे किसीने किसी समय बनाया नही है। इसलिए न उसकी आदि है और न अन्त है। वह अनादि-अनन्त है। स्वभाव से ही बना हुआ है। जितने आकाशमे धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य, कालद्रव्य तथा जीवो और पुद्गलोका आवागमन होता है उतना लोका-काश है शेष सब अलोकाकाश है। इसीमे छहो द्रव्योको लोकका कारण और लोकको उनका कार्य कहा है।

---

१. 'समवाओ पंचण्ह समउत्ति जिणुत्तमेहि पण्णत्तं। सो चेव हवदि लोओ तत्तो अमिओ अलोओ त्ति ॥३॥' —पञ्चास्ति०। 'णिप्पण्णं जेहिं तइल्लुक्क'—पञ्चास्ति०, गा० ५।

एकक्षेत्रनिवासित्वेन संकरादिदोषपरिहारमाह—

[1]अवरोप्परं विमिस्सा तह अण्णोण्णावगासदा णिच्चं ।
संता वि एयखेत्ते ण परसहावे हि गच्छंति ॥७॥

इति पीठिकानिर्देशः ।

किन्तु वास्तवमे न वे किसी के कारण है और न कोई उनका कार्य है । जो किसीको उत्पन्न करता है वह उसका कारण होता है और जो उत्पन्न होता है वह उसका कार्य होता है । किन्तु न तो यह लोक उन द्रव्योका कार्य है और न वे द्रव्य उसके कारण है । यह तो अनादिकालसे ऐसा ही चला आता है फिर भी चूँकि सब द्रव्योके समवाय से लोक बना हुआ है इसलिए कार्य-कारणका व्यवहार कर लिया जाता है । जैसे तत्त्वार्थसूत्रमे सब द्रव्योका अवगाह लोकाकाशमे बतलाया है । किन्तु यह कथन भी व्यवहार दृष्टिसे ही किया गया है निश्चय दृष्टिसे तो कोई किसीके आधार नही है । सब द्रव्य अपने ही आधार है उसी तरह कार्यकारण भावके सम्बन्धमे भी जानना चाहिए ।

आगे कहते है कि एक क्षेत्रमे रहते हुए भी वे द्रव्य अपने-अपने स्वभावको नही छोडते—

वे सब द्रव्य परस्पर मे मिले-जुले हुए है और एक-दूसरेको अवकाश दिये हुए है । तथा सदा एक क्षेत्रमे रहते है, फिर भी अपने-अपने स्वभावको छोडकर अन्य स्वभावरूप नही होते ॥ ७ ॥

विशेषार्थ—ऊपर कहा है कि इन्ही सब द्रव्योसे तीनो लोक बने है । अर्थात् ये छहो द्रव्य लोकमे रहते है । या यह भी कह सकते है कि जितने आकाशमें सब द्रव्य पाये जायें उसे लोकाकाश कहते है । आकाश तो सर्वव्यापक है । लोकाकाशमें तो सर्वत्र है ही उससे बाहर भी सर्वत्र है । किन्तु शेष पाँच द्रव्य लोकाकाशमें ही है, बाहर नही है । उनमे-से भी धर्मद्रव्य और अधर्मद्रव्य समस्त लोकमे व्याप्त है । अर्थात् लोकमें जहाँ आकाश है वही ये दोनो द्रव्य भी है । कालद्रव्य भी लोकाकाशके प्रत्येक प्रदेशपर एक-एक कालाणुके रूपमें स्थित है । इस तरहसे वह भी समस्त लोकमें व्याप्त है । जीव तो अपने-अपने शरीरके प्रमाण होनेसे यद्यपि शरीरव्यापी है फिर भी एक ऐसी भी स्थिति आती है जब कुछ क्षणके लिए वह भी फैलकर समस्त लोकमें व्याप्त हो जाता है । और पुद्गल परमाणु तो इस लोकमें सर्वत्र भरे हुए है । इस तरह लोकमें छहो द्रव्य यद्यपि परस्परमे रिलेमिले-से रहते है, फिर भी अपने-अपने स्वभावको छोडकर अन्य द्रव्यरूप नही हो जाते । न धर्मद्रव्य अधर्म आदि अन्य द्रव्य रूप होता है और न अन्य कोई द्रव्य धर्मादि द्रव्यरूप होता है । जीव और पुद्गलद्रव्य तो ससारी जीव और कर्मके रूपमें अनादिकालसे दूध-पानी की तरह मिले हुए है फिर भी न जीवद्रव्य पुद्गलद्रव्यरूप परिणमन करता है और न पुद्गलद्रव्य जीवद्रव्यरूप परिणमन करता है । जो चेतन है वह चेतन ही रहता है जो अचेतन है वह अचेतन ही रहता है । अचेतनोमे भी जो मूर्तिक द्रव्य है वह मूर्तिक ही रहता है जो अमूर्तिक है वह अमूर्तिक ही रहता है । इस तरह जिस-जिस द्रव्यका जो स्वभाव है, अन्य द्रव्यके सयोगसे उस स्वभावमें अन्य द्रव्यरूप परिवर्तन नही होता । सब द्रव्य अपने-अपने स्वरूपमें ही स्थिर रहते है ।

पीठिका समाप्त

---

१ 'अण्णोण्णं पविसंता दिंता ओगासमण्णमण्णस्स । मेलंता विय णिच्चं सगंसभावं ण विजहंति ॥— पञ्चास्ति० गा० ७ ।

अथ तस्यापि विशेषव्याख्यानार्थमधिकारारम्भः—

गुणपज्जाया दवियं काया पंचत्थि सत्त तच्चाणि ।
अण्णे वि णव पयत्था पमाण णय तह य णिक्खेवं ॥८॥

दंसणणाणचरित्ते कमसो उवयारभेदइदरेहिं ।
दव्वसहावपयासे[1] अहियारा बारसवियप्पा ॥९॥

सूत्रनिर्देशः । तत्राधिकारत्रयाणां प्रयोजनं निर्दिशति[2]—'णायव्वं' इति—

णायव्वं दवियाणं लक्खणसंसिद्धिहेउगुणणियरं ।
तह पज्जायसहावं एयंतविणासणट्ठा वि ॥१०॥

आगे उक्त पीठिका निर्देशका विशेष व्याख्यान करनेके लिए अधिकारोका निर्देश करते है—

द्रव्यस्वभावप्रकाश नामक इस ग्रन्थमे बारह अधिकार है—गुण, पर्याय, द्रव्य, पञ्चास्तिकाय, सात तत्त्व, नौ पदार्थ, प्रमाण, नय, निक्षेप और उपचार तथा निश्चयके भेदसे सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र ॥ ८-९ ॥

विशेषार्थ—इस द्रव्यस्वभावप्रकाश नामक ग्रन्थमे ग्रन्थकारने उक्त बारह अधिकारोके द्वारा वर्णन करनेका निर्देश किया है । जैसा-जैसा अधिकारका नाम है उसीके अनुरूप उसमे कथन किया गया है । इन बारह अधिकारोमें एक तरहसे द्रव्यानुयोगकी पूरी कथनी समाविष्ट हो जाती है । बल्कि यह कहना चाहिए कि जैन तत्त्वज्ञानकी प्राय. सभी आवश्यक जानकारी आ जाती है । जैन सिद्धान्तमे छह द्रव्य, पाँच अस्तिकाय, सात तत्त्व, और नौ पदार्थ है । गुण और पर्यायोके आधारको द्रव्य कहते है । इस तरह गुण, पर्याय, द्रव्य, पाँच अस्तिकाय, नौ पदार्थ, सात तत्त्व इनमे सब ज्ञेय समाविष्ट हो जाता है । प्रमाण, नय और निक्षेप ये ज्ञेय को सम्यक् रीतिमे समझनेके—जाननेके मुख्य साधन है । इसीसे कहा है—'प्रमाण, नय और निक्षेपके द्वारा जो पदार्थोको सम्यक् रीतिसे नही जानता, उसे युक्त बात अयुक्त प्रतीत होती है और अयुक्त बात युक्त प्रतीत होती है ।' अत जिनागममे इनका बडा महत्त्व है । इनको समझे विना द्रव्यके स्वभावको भी सम्यक् रीतिसे नही समझा जा सकता है । और सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान तथा सम्यक् चारित्र तो मोक्षका मार्ग है । इनका कथन भी जिनागममे दो दृष्टियोसे किया गया है उनमेसे एक दृष्टिका नाम व्यवहार दृष्टि है उसके लिए ही ग्रन्थकारने उपचार शब्दका प्रयोग किया है । दूसरी दृष्टि निश्चयदृष्टि है उसे परमार्थ भी कहते है । प्रमाण नय निक्षेपके द्वारा द्रव्यादिका स्वभाव जानकर भी यदि सम्यग्दर्शन आदिके स्वरूपको सम्यक् रीतिसे नही समझा तो उस जाननेका कोई यथार्थ लाभ नही हुआ । क्योकि द्रव्यस्वभावको जानकर यदि उस स्वभावमें आयी हुई विकृतिको दूर करनेका प्रयत्न नही किया अर्थात् अपने स्वभावको जानकर भी यदि विभावमे ही मग्न रहा तो स्वभावको जाननेसे क्या लाभ हुआ । अत आत्मस्वरूपकी श्रद्धा उसका सम्यग्ज्ञान और उसमे सम्यक् आचरण भी तो होना चाहिए इसीलिए इस द्रव्यस्वभावप्रकाश नामक ग्रन्थमे उनका भी कथन करनेका निर्देश उन बारह अधिकारोमे किया है जो सर्वथा उचित है ।

उक्त अधिकारोका क्रमसे कथन करनेसे पूर्व ग्रन्थकार आदिके तीन अधिकारोका प्रयोजन बतलाते है—

एकान्तका विनाश करनेके लिए द्रव्योका लक्षण, उनकी सम्यक् सिद्धिमे कारणभूत गुणोका समुदाय तथा पर्यायका स्वभाव भी जानना चाहिए ॥ १० ॥

विशेषार्थ—बारह अधिकारोमे ग्रन्थकारने सबसे प्रथम गुण पर्याय और द्रव्य अधिकारको रखा है । इनको प्रथम रखनेका प्रयोजन बतलाते हुए ग्रन्थकार कहते है कि जब तक द्रव्यके लक्षणका और जिन गुणोके समुदायसे वह द्रव्य बना हुआ है उन गुणोका और पर्यायोके स्वरूपका बोध नही होगा तब तक

---

१. पयासो क० ख० ज० । २. दर्शयति क० ख० ज० ।

गुणस्य स्वरूपं भेदं च निरूपयति—

दव्वाणं सहभूदा सामण्णविसेसदो गुणा[1] णेया ।
सव्वेसिं सामण्णा दह भणिया सोलस विसेसा ॥११॥

दशसामान्यगुणानां नामानि आह—

अत्थित्तं वत्थुत्तं दव्वत्त पमेयत्त अगुरुलहुगत्तं ।
देसत्त चेदणिदरं मुत्तममुत्तं वियाणेह[2] ॥१२॥

एकान्तवादका भी विनाश नही हो सकता । द्रव्यका यथार्थ स्वरूप न जाननेके कारण ही कोई उसे नित्य ही कहता है तो कई उसे अनित्य ही कहता है । कोई सर्वथा एक ही मानता है तो कोई सर्वथा अनेक ही मानता है । कोई द्रव्यसे गुणकी सत्ता सर्वथा भिन्न ही मानता है तो कोई सर्वथा अभिन्न ही मानता है । इस तरह द्रव्यके स्वरूपके विषयमें नाना एकान्तवाद फैले हुए है । जब तक द्रव्यका यथार्थ स्वरूप नही जाना जाता तब तक एकान्तवाद नष्ट नही हो सकते । और एकान्तवादोके नष्ट हुए विना दुराग्रहोसे मुक्ति नही मिल सकती, और दुराग्रहोसे छूटे विना सम्यक्त्वकी प्राप्ति नही हो सकती । इसलिए सबसे प्रथम द्रव्य, गुण और पर्यायका स्वरूप जानना आवश्यक है ।

सबसे प्रथम गुणका स्वरूप और भेद बतलाते है—

जो द्रव्यके सहभावी हो उन्हे गुण कहते है। वे गुण दो प्रकारके होते है—एक सामान्य गुण और एक विशेष गुण । जो सब द्रव्योमे पाये जाये ऐसे सामान्य गुण दस कहे है और विशेष गुण सोलह कहे है ॥ ११ ॥

विशेषार्थ—गुण द्रव्यसे भिन्न नही है क्योकि न गुणसे द्रव्यका अस्तित्व भिन्न है और न द्रव्यसे गुणका अस्तित्व भिन्न है । अत दोनोमें एकद्रव्यपना है । इसी तरह द्रव्य और गुणके प्रदेश भिन्न नही है अत दोनोमें एक क्षेत्रपना है । दोनो सदा सहभावी है इसलिए दोनोमें एक कालपना है । और दोनोका एक स्वभाव होनेसे दोनोमें भावकी अपेक्षा भी एकत्व है । गुणोके समुदायको द्रव्य कहते है । अत गुण द्रव्यके सहभावी होते है और पर्याय क्रमभावी होती है । एक द्रव्यके सब गुण एक साथ रहते है किन्तु पर्याय एकके बाद एक क्रमसे होती है । यही दोनोमें अन्तर है । वे गुण दो प्रकारके होते है । जो गुण सब द्रव्योमे पाये जाये उन्हें सामान्य गुण कहते है वे दस है । जो प्रत्येक द्रव्यके विशिष्ट गुण होते है उन्हे विशेष गुण कहते है वे १६ है ।

प्रथम, दस सामान्य गुणोके नाम बतलाते है—

अस्तित्व, वस्तुत्व, द्रव्यत्व, प्रमेयत्व, अगुरुलघुत्व, प्रदेशवत्त्व, चेतनत्व, अचेतनत्व, मूर्तत्व, अमूर्तत्व ये दस सामान्य गुण जानो ॥ १२ ॥

विशेषार्थ—अकलकदेवने अपने तत्त्वार्थवार्तिकमे (२।७) पारिणामिक भावोका कथन करते हुए अस्तित्व, अन्यत्व, कर्तृत्व, भोक्तृत्व, पर्यायवत्त्व, असर्वगतत्व, अनादिसन्ततिबन्धनबद्धत्व, प्रदेशवत्त्व, अरूपत्व, नित्यत्व आदिको पारिणामिक भाव बतलाया है और यह भी लिखा है कि ये जीवके सिवाय अन्य द्रव्योमें भी पाये जाते है । अत ये साधारण या सामान्य है । जैसे अस्तित्व सभी द्रव्योमें पाया जाता है । एक द्रव्य

---

१ 'अनादिनो गुणा व्यतिरेकिण पर्याया ।'—सर्वार्थसि० । 'गुणपर्यायवद् द्रव्य ते सहक्रमवृत्तय । विशेषसामान्यसाध्या भेदाभेदा ह्यादिवत् ॥११५॥'—'सहवृत्तयो गुणा क्रमवृत्तय पर्याया ।—न्याय-विनि०, मा० १ । 'गुणा सहभाविनो जीवस्य ज्ञानादय. ।' —सिद्धिवि० टी०, पृ० २१३ । 'गुणा हि सामान्यविशेषात्मकत्वात् ।'— प्रवचनसा० गा० २।३। टी०, आत्म० । २. सिद्धसेनीय अ० क० । 'अस्तित्वनित्यत्व-कर्तृत्व-भोक्तृत्व-पर्यायवत्त्वासर्वगतत्वानादिसततिबन्धनबद्धत्व-प्रदेशवत्त्वा-रूपित्व-नित्यत्वादिमत्त्वपारिणामिकाश्च ।' तत्त्वा० वा०, २।७।१२। 'तत्रास्तित्वं नास्तित्वमेकत्व-

षोडशविशेषगुणानां नामान्याह—

णाणं दंसण सुह सत्ति रूवरस गंध फास गमणठिदी ।
वट्टणगाहणहेउमुत्तममुत्तं खु चेदणिदरं च ॥१३॥

दूसरे द्रव्यसे भिन्न है अत अन्यत्व भी सब द्रव्योमे पाया जाता है । सभी द्रव्य अपनी-अपनी क्रियाको करने मे स्वतन्त्र है अत. कर्तृत्व भी साधारण है । एक विशिष्ट शक्तिवाले द्रव्यके द्वारा दूसरे द्रव्यकी सामर्थ्यको ग्रहण करना भोक्तृत्व है । जैसे आत्मा आहारादि द्रव्यकी शक्तिको खीचनेके कारण भोक्ता कहा जाता है । भोक्तृत्व भी साधारण है विषद्रव्य अपनी शक्तिसे सबको विषरूप कर देता है, नमकके ढेरमे जो गिर जाता है सब नमक हो जाता है । पर्यायवत्त्व भी साधारण है क्योकि सभी द्रव्य पर्यायवाले है । आकाशके सिवाय सभी द्रव्योमे असर्वगतत्व पाया जाता है अत. वह भी साधारण है । सभी द्रव्य अपनी-अपनी अनादि सन्तानसे बद्ध है अत वह भी साधारण है । सभी द्रव्य अपने नियत प्रदेशवाले है अत प्रदेशवत्त्व भी साधारण है । अरूपत्व भी पुद्गलके सिवाय शेष सब द्रव्योमे पाया जाता है । द्रव्यदृष्टिसे सभी नित्य है इसलिए नित्यत्व भी साधारण है । इस प्रकार अकलंकदेवने ये साधारण पारिणामिक भाव बतलाये है । मगर गुणमे और स्वभावमे अन्तर है । गुण तो स्वभावरूप होते है किन्तु सभी स्वभाव गुणरूप नही होते है । इसलिए सामान्य गुणोकी गणनामे सबका ग्रहण नही किया है । आचार्य अमृतचन्द्रने प्रवचनसार गाथा २।३ की व्याख्यामे सामान्य गुण इस प्रकार बतलाये है—अस्तित्व, नास्तित्व, एकत्व, अन्यत्व, द्रव्यत्व, पर्यायत्व, सर्वगतत्व, असर्वगतत्व, सप्रदेशत्व, अप्रदेशत्व, मूर्तत्व, अमूर्तत्व, सक्रियत्व, अक्रियत्व, चेतनत्व, अचेतनत्व, कर्तृत्व, अकर्तृत्व, भोक्तृत्व, अभोक्तृत्व और अगुरुलघुत्व । इनमे भी गुण और स्वभावका भेद नही किया गया है । आलापपद्धतिके कर्ता देवसेनने गुणो और स्वभावोको अलग-अलग गिनाया है । द्रव्यस्वभावप्रकाशके रचयिताने भी उन्हीका अनुसरण किया है । उक्त दस गुणोमे अन्तके चार गुणोको विशेष गुणोमे भी गिनाया है । और ऐसा करनेका कारण भी ग्रन्थकारने आगे स्वयं स्पष्ट किया है । अमृतचन्द्रजीने भी मूर्तत्व, अमूर्तत्व और चेतनत्व, अचेतनत्वको साधारण गुणोमे गिनाया है । इनमे-से अमूर्तत्व तथा अचेतनत्व तो साधारण है ही किन्तु चेतनत्व और मूर्तत्व तो विशेष गुण है । वस्तुत्व और प्रमेयत्वका अमृतचन्द्रजीने नामोल्लेख नही किया है । जिस शक्तिके निमित्तसे द्रव्य कायम है और उसका कभी नाश नही होता उसे अस्तित्व गुण कहते है । जिस शक्तिके निमित्तस द्रव्यमे अर्थक्रिया होती है उसे वस्तुत्वगुण कहते है । जिस शक्तिके निमित्तसे द्रव्यमे सदा उत्पाद-व्यय होता रहता है उसे द्रव्यत्व कहते है । जिस शक्तिके निमित्तसे द्रव्य किसी-न-किसीके ज्ञानका विषय होता है उसे प्रमेयत्वगुण कहते है । जिस शक्तिके निमित्तसे एक द्रव्य दूसरे द्रव्यरूप परिणमन नही करता और न एक गुण दूसरे गुणरूप परिणमन करता है तथा एक द्रव्यके गुण जुदे-जुदे नही होते उसे अगुरुलघुत्वगुण कहते है । जिस शक्तिके निमित्तसे द्रव्यका कुछ-न-कुछ आकार होता है उसे प्रदेशवत्त्व गुण कहते है । जिस शक्तिके निमित्तसे जानना-देखनापना हो उसे चेतनत्वगुण और जिस शक्तिके निमित्तसे जडपना हो उसे अचेतनत्व गुण कहते है । जिस शक्तिके निमित्तसे रूपादिसे युक्त हो उसे मूर्तत्वगुण और न हो उसे अमूर्तत्व गुण कहते है ।

आगे सोलह विशेष गुणोके नाम बतलाते है—

ज्ञान, दर्शन, सुख, वीर्य, रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, गमनहेतुत्व, स्थितिहेतुत्व, वर्तनाहेतुत्व, अवगाहनहेतुत्व, मूर्तत्व, अमूर्तत्व, चेतनत्व, अचेतनत्व ये द्रव्योके विशेष गुण है ॥ १३ ॥

अन्यत्वं द्रव्यत्व पर्यायत्वं सर्वगतत्वमसर्वगतत्वं सप्रदेशत्वमप्रदेशत्व मूर्तत्वममूर्तत्व सक्रियत्वमक्रियत्वं चेतनत्व-मचेतनत्व कर्तृत्वमकर्तृत्व भोक्तृत्वमभोक्तृत्वमगुरुलघुत्वं चेत्यादय सामान्यगुणा ।'—प्रव० सा०, २।३ आत्म० टी० । 'अस्तित्व वस्तुत्व द्रव्यत्वं प्रमेयत्व अगुरुलघुत्व प्रदेशत्व चेतनत्वमचेतनत्वं मूर्तत्वममूर्तित्वं द्रव्याणा दश सामान्यगुणा ।—आलाप० ।

१. 'वण्ण रस गंध फासा विज्जंते पोग्गलस्स सुहुमादो । पुढवीपरियंतस्स य सद्दो सो पोग्गलोचित्ते आगा

ज्ञानादिविशेषगुणानां संभवद्भेदानाह—

अट्ठ चदु णाणदंसणभेया सत्तिसुहस्स इह दो दो ।
वण्ण रस पंच गंधा दो फासा अट्ठ णायव्वा ॥१४॥

षड्द्रव्येषु प्रत्येकं समवत्सामान्यविशेषगुणान्प्ररूपयति—

एक्केक्के अट्ठट्ठा सामण्णा हुंति सव्वदव्वाणं ।
छज्जीवपोग्गलाणं इयराणं वि सेस तितिभेया[1] ॥१५॥

आगे इन विशेष गुणोके अवान्तर भेद बतलाते हैं—

ज्ञानगुणके आठ भेद हैं, दर्शनगुणके चार भेद हैं। वीर्य और सुखके दो-दो भेद है। रूप या वर्णके पाँच भेद हैं, रसके भी पाँच भेद है, गन्धके दो भेद है और स्पर्शके आठ भेद जानने चाहिए ॥१४॥

विशेषार्थ—ज्ञान गुणके आठ भेद हैं—मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मन.पर्ययज्ञान और केवलज्ञान। जो ज्ञान पाँच इन्द्रिय और मनसे उत्पन्न होता है वह मतिज्ञान है। मतिज्ञानसे जाने हुए पदार्थका अवलम्बन लेकर जो विशेष ज्ञान होता है वह श्रुतज्ञान है। द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी मर्यादाको लिये हुए मूर्त पदार्थको प्रत्यक्ष जाननेवाले ज्ञानको अवधिज्ञान कहते हैं। अर्थके निमित्तसे होनेवाली मनकी पर्यायोके प्रत्यक्ष ज्ञानको मन पर्यय ज्ञान कहते है। और इन्द्रिय, प्रकाश, मन आदिकी सहायताके विना सब द्रव्योकी सब पर्यायोको प्रत्यक्ष जाननेवाले ज्ञानको केवलज्ञान कहते है। दर्शनके चार भेद हैं—चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन, अवधिदर्शन और केवलदर्शन। चक्षुजन्य मतिज्ञानसे पहले होनेवाले दर्शनको चक्षुदर्शन कहते है। चक्षुके सिवाय अन्य इन्द्रियोसे होनेवाले ज्ञानके पहले होनेवाले दर्शनको अचक्षुदर्शन कहते हैं। अवधिज्ञानसे पहले होनेवाले दर्शनको अवधिदर्शन कहते है तथा केवलज्ञानके साथ होनेवाले दर्शनको केवलदर्शन कहते है। शक्ति या वीर्यके दो भेद है—क्षायिक वीर्य और क्षायोपशमिकवीर्य। जो वीर्यान्तरायके क्षयसे प्रकट होता है वह क्षायिकवीर्य है और जो वीर्यान्तरायके क्षयोपशमसे प्रकट होता है वह क्षायोपशमिक वीर्य है। इसी तरह सुखके भी दो भेद है—एक इन्द्रियजन्य सुख और दूसरा अतीन्द्रिय सुख। वर्ण या रूपके पाँच प्रकार हैं—शुक्ल, कृष्ण, नील, लाल और हरा। रसके भी पाँच भेद है—चर्परा, कटुक, कसैला, खट्टा, मीठा। गन्धके दो भेद हैं—सुगन्ध और दुर्गन्ध। स्पर्शके आठ भेद हैं—कठोर, कोमल, भारी, हल्का, चिकना, रूखा, शीत और उष्ण। ये विशेष गुणोके भेद हैं।

आगे छहो द्रव्योमे पाये जानेवाले सामान्य और विशेष गुणोको बतलाते हैं—

सब द्रव्योमे-से प्रत्येक द्रव्यमे आठ-आठ सामान्य गुण होते हैं तथा विशेष गुणोमे-से जीव और पुद्गल द्रव्यमे छह-छह और शेष द्रव्योमे तीन-तीन विशेष गुण होते हैं ॥ १५ ॥

विशेषार्थ—प्रत्येक द्रव्यमे आठ-आठ सामान्य गुण होते है। सब सामान्य गुण ऊपर दस बतलाये हैं। उनमे-से जीव द्रव्यमें अचेतनत्व और मूर्तत्व गुण नही है। पुद्गलद्रव्यमे चेतनत्व और अमूर्तत्व नही है। धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य और कालद्रव्यमें चेतनत्व और मूर्तत्व नही है। इस तरह दो-दो गुण कम होनेसे प्रत्येक द्रव्यमें आठ-आठ सामान्य गुण होते है। विशेष गुण सोलह बतलाये है। उनमें-से जीवद्रव्यमें ज्ञान, दर्शन, सुख, वीर्य, चेतनत्व और अमूर्तत्व ये छह विशेष गुण है। पुद्गलद्रव्यमें रूप, रस, गन्ध, स्पर्श,

---

सम्मगाहो धम्मदव्वस्स गमणहेतुत्त । धम्मेदरदव्वस्स दु गुणो पुणो ठाणकारणदा ॥ कालस्स वट्टणा से गुणोत्ति अण्णो भणिदो । णेया सव्वेवादो गुणा हि मुत्तिपहीणाण ॥' प्रवच० गा० २, ४०-४२। 'अवगाहहेतुत्वं गतिनिमित्तता स्थितिकारणत्व वर्तनायतनत्व रूपादिमत्ता चेतनत्वमित्यादयो विशेषगुणा। —प्रवच० २।३ टी० आत्म०। 'ज्ञानदर्शनसुखवीर्याणि स्पर्शरसगन्धवर्णा, गतिहेतुत्वं, स्थितिहेतुत्वमवगाहहेतुत्वं वर्तनाहेतुत्वं चेतनत्वमचेतनत्व मूर्तत्वममूर्तत्व द्रव्याणा षोडश विशेषगुणा।'—आलाप०।

१. 'सव्वेसं जीवपुग्गलाणं छद्दो। इतरेसा प्रत्येक त्रयो गुणा'— आलाप०। -तियभयो अ० क०।

चेतनादिगुणानां[1] पुनरुक्तदोषपरिहारमाह—

चेदणमचेदणा तह मुत्तममुत्तावि चरिम जे भणिया ।
[2]सामण्ण सजाईणं ते वि विसेसा विजाईणं ॥१६॥

इति गुणाधिकारः ।

अथ पर्यायस्य [3]लक्षणं भेदं च दर्शयति—

सामण्णविसेसा वि य जे थक्का [4]एयदवियमासेज्ज ।
परिणाम अह वियारं ताणं तं[5] पज्जयं दुविहं ॥१७॥

मूर्तत्व और अचेतनत्व ये छह विशेष गुण है । धर्मद्रव्यमें गतिहेतुत्व, अमूर्तत्व और अचेतनत्व ये तीन विशेष गुण है । अधर्मद्रव्यमें स्थितिहेतुत्व, अमूर्तत्व और अचेतनत्व ये तीन विशेष गुण है । आकाश द्रव्यमे अवगाहहेतुत्व, अमूर्तत्व, अचेतनत्व ये तीन विशेष गुण है । कालद्रव्यमें वर्तनाहेतुत्व, अमूर्तत्व, अचेतनत्व ये तीन विशेष गुण है ।

चेतनत्व, अचेतनत्व, मूर्तत्व, अमूर्तत्व इन गुणोको सामान्य गुणोमें भी गिनाया है और विशेष गुणोमे भी गिनाया है । इसका कारण आगे ग्रन्थकार स्वयं बतलाते हैं—

अन्तमे जो चेतन, अचेतन, मूर्तत्व और अमूर्तत्व गुण कहे है वे सजातिकी अपेक्षा सामान्य गुण है और विजातिकी अपेक्षा विशेष गुण है ॥ १६ ॥

अर्थात् चेतनत्व गुण जीवमें ही पाया जाता है किन्तु जीवद्रव्य तो अनन्त है और उन सभीमे चेतनत्व गुण पाया जाता है इस अपेक्षासे वह सामान्य गुण है किन्तु अचेतन द्रव्योकी अपेक्षा वही विशेष गुण है । अचेतनत्व गुण पाँचो अचेतन द्रव्योमें पाया जाता है इसलिए वह सामान्य गुण है किन्तु चेतन जीवमें न पाया जानेसे वही विशेष गुण हो जाता है । मूर्तत्व गुण केवल पुद्गलद्रव्योमें ही पाया जाता है और पुद्गलद्रव्य तो जीवोंसे भी अनन्तगुणे है । इस अपेक्षा वह सामान्य गुण है किन्तु अमूर्त द्रव्योमे न पाया जानेसे वही विशेष गुण हो जाता है । अमूर्तत्व गुण पुद्गलके सिवाय शेष सभी द्रव्योमें पाया जाता है अत वह सामान्य गुण है । किन्तु पुद्गलद्रव्यमे न पाया जानेसे वही विशेष गुण है । इसलिए इन चार गुणोकी गणना सामान्य और विशेष गुणोमे की गयी है ।

गुणाधिकार समाप्त होता है ।

आगे पर्यायके लक्षण और भेद बतलाते है—

प्रत्येक द्रव्यमें जो सामान्य और विशेष गुण वर्तमान है उनके परिणमन या विकारको पर्याय कहते है । वह पर्याय दो प्रकारकी है ॥ १७ ॥

विशेषार्थ—कुन्दकुन्दस्वामीने प्रवचनसारके ज्ञेयाधिकारको प्रारम्भ करते हुए कहा है कि जितने ज्ञेय पदार्थ है वे सब द्रव्यरूप है और द्रव्य गुणमय है तथा उनमे पर्याय होती है । द्रव्यके दो लक्षण जिनागममें कहे है—जो गुण पर्यायवाला है वह द्रव्य है और जो उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यस्वरूप है वह द्रव्य है । इन दोनों

---

१ सामान्यगुणेषु विशेषगुणेषु च पाठात् पौनरुक्त्यम् । २. 'अन्तस्थाश्चत्वारो गुणा स्वजात्यपेक्षया सामान्यगुणा, विजात्यपेक्षया त एव विशेषगुणा. । आलाप० । ३. लक्षणभेदौ अ० क० । ४. दविय एयमा—अ० क० ज० म० । ५. उक्तं च ···'दव्ववियारो य पज्जओ भणिदो,'—सर्वार्थसि०, ५।३८ । 'गुणविकारा पर्याया.'—आलाप० ।

लक्षणोमें केवल दृष्टिभेद है, अभिप्रायमें भेद नहीं है। गुण द्रव्यमें सदा विद्यमान रहते है अत. जब हम कहते है कि द्रव्य गुणमय है तो उसका अर्थ होता है कि वह ध्रौव्यमय है। और पर्याय एक उत्पन्न होती है तो एक नष्ट होती है अत. पर्याय उत्पादविनाशशील है। इसलिए जब हम कहते है कि द्रव्य पर्यायवाला है तो उसका मतलब होता है वह उत्पादविनाशशील है। अत. द्रव्यको चाहे गुणपर्यायवाला कहो चाहे उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यमय कहो, दोनोका एक ही अभिप्राय होता है। यह ऊपर कहा है कि द्रव्य गुणमय है। अतः जब द्रव्य गुणमय है और द्रव्य तथा गुणकी पृथक् सत्ता नही है तो द्रव्य में परिणमन होनेसे गुणोमें भी परिणमन होना स्वाभाविक है और गुणोमें परिणमन होनेसे द्रव्यमें भी परिणमन होना स्वाभाविक है। इसीसे जिनागममें द्रव्यके विकारको भी पर्याय कहा है और गुणोके विकारको भी पर्याय कहा है। अत पर्यायके भी दो भेद हो गये है—द्रव्यपर्याय और गुणपर्याय। अनेक द्रव्योमें ऐक्यका बोध करानेवाली पर्यायको द्रव्यपर्याय कहते है। उसके भी दो प्रकार है—सजातीय और विजातीय। जैसे अनेक पुद्गलोके मेलसे जो घट पट आदि स्कन्ध बनते है वह समानजातीय द्रव्यपर्याय है और जीव तथा पुद्गलके मेलसे जो मनुष्य पशु आदि पर्याय बनती है वह असमानजातीय द्रव्यपर्याय है। गुण-पर्यायके भी दो भेद है—स्वभावपर्याय और विभावपर्याय। इनका कथन आगे स्वयं ग्रन्थकारने किया है। यहाँ समझनेकी बात यह है कि एक द्रव्यसे दूसरा द्रव्य नही बनता। सभी द्रव्य स्वभाव सिद्ध है क्योकि वे अनादि अनन्त है। जो सादि सान्त होता है उसे अपनी उत्पत्तिके लिए अन्य साधनोकी अपेक्षा करना पड़ती है। किन्तु द्रव्यका मूल साधन गुणपर्यायात्मक अपना स्वभाव है और वह स्वत. सिद्ध है उसे बनानेके लिए किसी अन्य साधनकी अपेक्षा नही है। द्रव्योंसे जो कुछ बनता है वह अन्य द्रव्य नही है किन्तु पर्याय है। जैसे घट-पट या मनुष्य आदि। वह सब अनित्य होती है द्रव्य तो त्रिकालवर्ती होता है उसका कभी विनाश नही होता। वह सदा अपने स्वभावमें स्थित रहता है। उसका स्वभाव है उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यकी एकता रूप परिणाम। उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यका परस्परमें अविनाभाव है। उत्पाद व्ययके विना नही होता, व्यय उत्पादके विना नही होता, उत्पाद, व्यय ध्रौव्यके विना नही होते और ध्रौव्य उत्पाद-व्ययके विना नही होता अत. जो उत्पत्ति है वही विनाश है, जो विनाश है वही उत्पत्ति है, जो उत्पत्ति-विनाश है वही ध्रौव्य है और जो ध्रौव्य है वही उत्पत्ति विनाश है। जैसे—जो घटकी उत्पत्ति है वही मिट्टीके पिण्डका विनाश है, जो मिट्टीके पिण्डका विनाश है वही घटका उत्पाद है। और जो घटकी उत्पत्ति तथा मिट्टीके पिण्डका विनाश है वही मिट्टीका ध्रौव्य है। और जो मिट्टीका ध्रौव्य है वही घटका उत्पाद और पिण्डाकारका विनाश है। यदि ऐसा नही मानेंगे तो उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य सब अलग-अलग हो जायेंगे। और ऐसा होने पर यदि हम पिण्डाकारका विनाश हुए विना केवल घटको उत्पन्न करना चाहेंगे तो घट पैदा नही हो सकेगा, या फिर असत्की उत्पत्ति माननी पडेगी। और जैसे घट उत्पन्न नही होगा वैसे ही सभी पदार्थ उत्पन्न नही होगे। यदि असत्की उत्पत्ति मानोगे तो गधेके सीग जैसी असम्भव वस्तुएँ भी पैदा हो जायेंगी। इसी तरह केवल विनाश मानने पर मिट्टीके पिण्डाकारका विनाश नही होगा यदि विनाश होगा तो सत्का सर्वथा विनाश हो जायेगा। क्योकि घटके बननेसे मिट्टीके पिण्डका विनाश होता है और मिट्टीके पिण्डका विनाश होनेसे घट बनता है तथा मिट्टी दोनो अवस्थाओमें वर्तमान रहती है। इस तरह तीनो परस्परमें अविनाभावी हैं किन्तु आप तो ऐसा न मानकर तीनोमें-से केवल एकको मानते है। मगर शेष दोके विना एक भी नही बनता अत. जैनदर्शनमें द्रव्यको उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य रूप माना है। ये उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य पर्यायके होते है और पर्याय द्रव्यकी होती हैं अत. उन्हें द्रव्यका कहा जाता है। यदि द्रव्यका ही उत्पाद, द्रव्यका ही व्यय और द्रव्यका ही ध्रौव्य माना जाये तो सब गड़बड़ा जायेगा। मिट्टी ही उत्पन्न हो, मिट्टी ही नष्ट हो और मिट्टी ही ध्रुव रहे यह तो असम्भव है। हाँ, मिट्टीकी पिण्डपर्याय नष्ट होती है, घटपर्याय उत्पन्न होती है, मिट्टीपना स्थिर रहता है। अत. उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य पर्यायमें होते हैं और पर्याय द्रव्यमें होती हैं इसलिए ये तीनो मिलकर एक द्रव्य कहे जाते है। इस तरह द्रव्य पर्यायवाला है। जैसे द्रव्यके विना पर्याय नही वैसे ही पर्यायके विना द्रव्य नही।

पर्यायद्वैविध्यं निदर्श्य जीवादिद्रव्येषु कस्कः पर्यायो भवतीत्याह—

[1]सब्भावं खु विहावं दव्वाणं पज्जयं जिणुद्दिट्ठ ।
सव्वेसिं च सहावं विब्भावं जीवपोग्गलाणं च ॥१८॥

द्रव्यगुणयोः स्वभावविभावापेक्षया पर्यायाणां चातुर्विध्यं निरूपयति—

दव्वगुणाण सहावं पज्जायं तह विहावदो णेयं ।
[2]जीवे जे वि सहावा ते वि विहावा हु कम्मकदा ॥१९॥

आगे पर्यायके दो भेदोको बतलाकर जीवादि द्रव्योमे कौन-कौन पर्याय होती है—यह कहते है—

जिनेन्द्रदेवने द्रव्योंकी पर्याय स्वभाव और विभाव रूप कही है । सब द्रव्योमें स्वभाव पर्याय होती है । केवल जीव और पुद्गल द्रव्यमे विभाव पर्याय होती है ॥ १८ ॥

विशेषार्थ—वस्तुमे होनेवाले परिणमन या परिवर्तनको पर्याय कहते है । जहाँ वस्तु नित्य है वहाँ वह परिवर्तनशील भी है यह ऊपर बतला आये है । अतः न तो द्रव्यके बिना पर्याय होती है और न पर्यायके बिना द्रव्य होता है । वह पर्याय दो प्रकारकी होती है—स्वभावपर्याय और विभावपर्याय । कुन्दकुन्द स्वामीने भी पर्यायके दो भेद किये है—एक स्व-परसापेक्ष और एक निरपेक्ष । स्व-पर सापेक्ष पर्यायका ही दूसरा नाम विभाव पर्याय है और निरपेक्ष पर्यायका दूसरा नाम स्वभाव पर्याय है । इन दो प्रकारकी पर्यायो-मे-से स्वभाव पर्याय तो सभी द्रव्योमे होती है । किन्तु विभाव पर्याय जीव और पुद्गलद्रव्यमें ही होती है । इन दोनो द्रव्योमे एक वैभाविकी शक्ति होती है । उसके कारण दूसरे द्रव्यका सम्बन्ध होने पर इन दोनो द्रव्योकी विभाव परिणति होती है । जैसे—जीवका पुद्गल कर्मोंके साथ सम्बन्ध होने पर दोनोकी विभाव परिणति होती है अत जीवकी नर-नारक आदि पर्याय विभावपर्याय है और पुद्गल परमाणुओकी कर्मरूप पर्याय भी विभाव पर्याय है । इस तरह विभाव पर्याय दो ही द्रव्योमे होती है । शेष द्रव्योमे नही ।

आगे द्रव्य और गुणोमें स्वभाव और विभावकी अपेक्षासे पर्यायोके चार भेद बतलाते है—

द्रव्य और गुणोंमें स्वभाव पर्याय और विभाव पर्याय जाननी चाहिए । जीवमे जो स्वभाव है कर्मकृत होने से वे भी विभाव हो जाते हैं ॥ १९ ॥

विशेषार्थ—द्रव्य गुणात्मक है ऐसा कुन्दकुन्दाचार्यने प्रवचनसार (गा० ९३) में कहा है । अर्थात् उन गुणोका आत्मा ही द्रव्य है द्रव्यसे गुणोकी सत्ता जुदी नही है । व्यवहारमें ऐसा कहा जाता है कि द्रव्य-में गुण रहते है । किन्तु यथार्थमे द्रव्य गुणोंसे तन्मय है । गुणोसे द्रव्यकी सत्ता या द्रव्यसे गुणोकी सत्ता पृथक् नही है । अत गुणात्मक द्रव्यमें होनेवाली पर्याय द्रव्यपर्याय और गुणपर्यायके भेदसे दो प्रकारकी होती है । तथा द्रव्यपर्याय स्वभावपर्याय और विभावपर्यायके भेदसे दो प्रकारकी है । इसी तरह गुणपर्याय भी स्वभावपर्याय और विभावपर्यायके भेदसे दो प्रकारकी है । यह पहले कह आये है जो पर्याय स्वपर सापेक्ष होती है उसे विभावपर्याय कहते है और विभावपर्याय केवल जीवद्रव्य और पुद्गलद्रव्यमे ही होती है । इन्ही दोनो द्रव्योके मेलसे यह संसारकी परिपाटी चल रही है । परमाणु पुद्गल द्रव्यकी स्वभावपर्याय है और दो या तीन आदि परमाणुओके संयोगसे उत्पन्न द्वयणुक त्र्यणुक आदि पुद्गल द्रव्यकी विभावपर्याय है । इसी तरह मुक्तावस्था जीवकी स्वभावपर्याय है और जीव तथा पुद्गलके संयोगसे उत्पन्न हुई देव मनुष्य आदि पर्याय जीवकी विभावपर्याय है । इसी तरह गुणोमें भी समझ लेना चाहिए । समस्त द्रव्योमें रहनेवाले अपने-अपने अगुरुलघु गुण द्वारा प्रति समय होनेवाली छह प्रकारकी हानिवृद्धि रूप पर्याय स्वभाव गुणपर्याय है । तथा पुद्गलस्कन्धके रूपादि गुण और जीवके ज्ञानादि गुण जो पुद्गल के सयोगमे हीनाधिक रूप

---

१. 'पज्जाओ दुवियप्पो सपरावेक्खो य णिरवेक्खो,'—नियम० गा० १४ । २. जीवे जीवस—भ० मु० क० ख० ज० । 'णरणारयतिरियसुरा पज्जाया ते विहावमिदि भणिदा ॥ कम्मोपाधि विवज्जिय पज्जाया ते सहावमिदि भणिदा ॥ नियम० गा० १५ ।

उक्तं च—

पोग्गलदव्वे जो पुण विब्भावो कालपेरिओ होदि ।
सो णिद्धलुक्खसंहदो बंधो खलु होइ तस्सेव ॥

द्रव्यस्वभावपर्यायान्संदर्शयति—

दव्वाणं खु पएसा जे जे ससहावसंठिया लोए ।
ते ते पुण पज्जाया जाण तुमं दविणसब्भावं ॥२०॥

गुणस्वभावपर्यायान्संदर्शयति—

अगुरुगलहुगाणंता समयं समयं समुब्भवा जे वि ।
दव्वाणं ते भणिया [1]सहावगुणपज्जया जाण ॥२१॥

जीवद्रव्यविभावपर्यायान्निर्दिशति—

जं चदुगदिदेहीणं देहायारं पदेसपरिणामं[2] ।
अह विग्गहगइजीवे तं दव्वविहावपज्जायं ॥२२॥

परिणमन करते हैं वह विभाव गुणपर्याय है । जैसे जीवद्रव्यमें ज्ञानगुणकी केवल ज्ञानपर्याय स्वभाव पर्याय है किन्तु संसारदशामें उस ज्ञानगुणका जो मतिज्ञानादि रूप परिणमन कर्मोके संयोगवश हो रहा है वह विभाव-पर्याय है । अत. जीवके जो स्वभाव हैं कर्मोके संयोगवश वे विभाव रूप हो जाते हैं । कहा भी है—

पुद्गल द्रव्यमें कालके द्वारा प्रेरित जो विभावरूप परिणमन होता है वह स्निग्ध और रूक्ष गुण सहित होता है । इसीसे उसका बन्ध होता है । अर्थात् पुद्गल द्रव्यके स्निग्ध और रूक्षगुणमें परिणमन होनेसे एक परमाणुका दूसरे परमाणुके साथ बन्ध होता है । यही उसका विभाव परिणमन है ।

आगे द्रव्य स्वभाव पर्याय को कहते हैं—

लोकमे द्रव्योंके जो जो प्रदेश स्वस्वभाव रूपसे स्थित हैं उन्हे द्रव्योंकी स्वभाव पर्याय जानो ॥ २० ॥

विशेषार्थ—धर्म द्रव्य, अधर्म द्रव्य, आकाश द्रव्य और काल द्रव्य निष्क्रिय हैं । धर्म द्रव्य और अधर्म द्रव्य के प्रदेश समस्त लोकाकाशमें व्याप्त हैं । आकाश समस्त लोक-अलोकमें व्याप्त है । काल द्रव्यके अणु लोकाकाशके प्रत्येक प्रदेशपर एक-एक स्थित है । धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य और एक जीवके असंख्यात असंख्यात प्रदेश हैं । आकाशके अनन्त प्रदेश है । कालका प्रत्येक अणु एकप्रदेशी है । पुद्गल द्रव्यका परमाणु भी एक-प्रदेशी है । इन द्रव्योंकी यह स्थिति इनकी स्वभाव द्रव्यपर्याय है क्योकि यह परनिरपेक्ष है ।

गुण स्वभाव पर्यायोको बतलाते हैं—

द्रव्योंके अनन्त अगुरुलघु गुण जो प्रति समय हानि-वृद्धि रूप परिणमन करते हैं उसे स्वभाव गुणपर्याय जानो ॥ २१ ॥

विशेषार्थ—आगममें द्रव्योमे अनन्त अगुरु लघु गुण माने गये हैं । वे अगुरु लघु गुणके प्रति समय छह हानिवृद्धियों रूप परिणमन करते रहते हैं । यही स्वभाव गुणपर्याय है । क्योकि यह परनिरपेक्ष है ।

जीव द्रव्यकी विभाव पर्यायों को बतलाते हैं—

चारों गतिके प्राणियोके तथा विग्रह गतिवाले जीवके आत्मप्रदेशोका परिणाम जो शरीराकार है वह जीव द्रव्यकी विभावपर्याय है ॥ २२ ॥

विशेषार्थ—परनिमित्तसे होनेवाली पर्यायको विभावपर्याय कहते हैं । संसारी जीवके आत्मप्रदेशोका यही आकार होता है जो उसके शरीरका आकार होता है और शरीर कर्मके निमित्तसे प्राप्त होता है । अत.

---

१. 'तत्र स्वभावपर्याया नाम समस्तद्रव्याणामात्मीयात्मीयागुरुलघुगुणद्वारेण प्रतिसमयसमुदीयमानषट्स्थानपतित-वृद्धिहानयो ज्ञातव्याः ।'—प्रवचनसार टीका अमृतचन्द्र, गा० ९३ । २. परिमाणं मु० ।

जीवगुणविभावपर्यायान्निदर्शयति—

मदिसुदओहीमणपज्जयं च अण्णाण तिण्णि जे भणिया ।
एवं जीवस्स इमे विहावगुणपज्जया सव्वे ॥२३॥

जीवद्रव्यस्वभावपर्यायान्प्रदर्शयति—

देहायारपएसा जे थक्का उहयकम्मणिम्मुक्का[1] ।
जीवस्स णिच्चला खलु ते सुद्धा दव्वपज्जाया ॥२४॥

जीवगुणस्वभावपर्यायान्निदर्शयति—

[2]णाणं दंसण सुह वीरियं च जं उहयकम्मपरिहीणं ।
तं सुद्धं जाण तुमं जीवे गुणपज्जयं सव्वं ॥२५॥

जीवके प्रदेशोका शरीर परिमाण होना विभाव द्रव्यपर्याय है । किन्तु जब जीव पूर्व शरीरको छोडकर नया शरीर धारण करनेके लिए मोडे पूर्वक गमन करता है तब यद्यपि उसके शरीर नही होता फिर भी उसकी आत्माके प्रदेशोका वही आकार बना रहता है जिस शरीरको छोड़कर वह आया है । अतः उसकी यह परिणति भी विभाव द्रव्य पर्याय है ।

जीवकी विभाव गुणपर्यायोको बतलाते है—

मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान और तीन अज्ञान—कुमतिज्ञान, कुश्रुतज्ञान, कुअवधिज्ञान ये सब जीवकी विभाव गुणपर्याय हैं ॥ २३ ॥

विशेषार्थ—जीवका स्वाभाविक गुण ज्ञान है' जो मुक्तावस्थामे केवलज्ञानके रूपमे प्रकट होकर सब द्रव्योकी सब पर्यायोको जानता है । किन्तु वही ज्ञानगुण ससार अवस्थामे विकृत होकर मतिज्ञानादि रूपसे परिणमन करता है अत. ज्ञानगुणकी यह विकारयुक्त पर्याये विभावपर्याय कहलाती है और केवलज्ञानरूप अवस्था उसकी स्वभाव पर्याय है ।

जीव द्रव्यकी स्वभाव पर्यायोको कहते है—

जीवके द्रव्य भावकर्मोंसे मुक्त हुए जो प्रदेश शरीराकार रूपसे स्थित होकर निश्चल हैं वे शुद्ध द्रव्यपर्याय हैं ॥ २४ ॥

विशेषार्थ—द्रव्यकी शुद्ध पर्यायको ही स्वभाव पर्याय कहते है । जीवद्रव्यके प्रदेश शरीराकार होते है । मुक्त हो जानेपर भी वे प्रदेश किंचित् न्यून शरीराकार ही रहते है । फिर उनमें कोई हलन-चलन नही होता और न अन्याकार रूपसे परिणमन होता है । बस, उनकी यह अवस्था ही जीव द्रव्यकी स्वभाव पर्याय है क्योकि उसके होनेमे अब कोई परनिमित्त नही है । यद्यपि जिस शरीरको छोडकर जीव मुक्त होता है वह शरीर कर्मोके निमित्तसे होता है और उस शरीरके कारण ही मुक्त होनेपर भी उसके आत्मप्रदेश तदाकार रहते है किन्तु मुक्त होनेपर जो उसके प्रदेशोकी पूर्व शरीराकार स्थिति रहती है उसमें अब किसी कर्मका निमित्त शेष नहीं है अत. वही उसकी स्वाभाविक अवस्था मानी जाती है ।

आगे जीवकी स्वभाव गुणपर्यायोको कहते है—

जीवमें जो द्रव्यकर्म और भावकर्मसे रहित ज्ञान दर्शन सुख और वीर्यगुण होते है उन्हे तुम जीवकी शुद्ध गुणपर्याय जानो ॥ २५ ॥

---

१ कम्मविमुक्का आ० । २. 'स्वभावपर्यायस्तावत् द्विप्रकारेणोच्यते कारणशुद्धपर्याय. कार्यशुद्धपर्यायश्चेति । इह हि सहजशुद्धनिश्चयेन अनाद्यनिधनामूर्तातीन्द्रियस्वभावशुद्धसहजज्ञानसहजदर्शनसहजचारित्रसहजपरमवीतरागसुखात्मकशुद्धान्तस्तत्त्वस्वरूपस्वभावानन्तचतुष्टयस्वरूपेण सहाञ्चितपञ्चमभावपरिणतिरेव कारणशुद्धपर्याय इत्यर्थ । साद्यनिधनामूर्तातीन्द्रियस्वभावशुद्धसद्भूतव्यवहारेण केवलज्ञान-केवलदर्शन-केवलसुख-केवलशक्तियुक्तफलरूपानन्तचतुष्टयेन सार्द्धं परमोत्कृष्टक्षायिकभावस्य शुद्धपरिणतिरेव कार्यशुद्धपर्यायश्च ।'—नियमसारटीका, गा० १५ ।

संप्रति स्वभावविभावपर्यायप्रकरणे किंचित्पौद्गलिकपरिणामं स्निग्धरूक्षत्वादिबन्धमाह—

[1]मुत्ते परिणामादो परिणामो णिद्धरुक्खगुणरूवो।
एउत्तरमेगादी वड्ढदि[2] अवरादु उक्कस्सं ॥२६॥

पुद्गलानां परस्परं बन्धकस्वरूपमाह—

[3]णिद्धादो णिद्धेण तहेव रुक्खेण सरिस विसमे वा।
बज्झदि दोगुणअहिओ परमाणु जहण्णगुणरहिओ ॥२७॥

विशेषार्थ—गुणोकी शुद्ध अवस्था को स्वभाव गुणपर्याय कहते है क्योकि वह परनिमित्तके विना स्वत. होती है। जैसे मुक्त जीवके ज्ञान, दर्शन, सुख और वीर्यगुण उसकी स्वभाव गुणपर्याय है। नियमसार (गा० १५) की टीकामें पद्मप्रभमलधारि देवने स्वभाव पर्यायके दो भेद किये है—कारण शुद्धपर्याय और कार्य शुद्धपर्याय। सहज शुद्ध नियमसे अनादि अनन्त, अमूर्त, अतीन्द्रिय स्वभाववाले और शुद्ध ऐसे सहजज्ञान, सहजदर्शन, सहजचारित्र, सहज परम वीतराग सुखात्मक शुद्ध अन्तस्तत्त्व स्वरूप जो स्वभाव अनन्त चतुष्टय स्वरूप है, उसके साथ तन्मयरूपसे रहनेवाली जो पंचम पारिणामिक भावरूप परिणति है वह कारण शुद्ध पर्याय है। और सादि अनन्त, अमूर्त, अतीन्द्रिय स्वभाववाले, शुद्ध सद्भूत व्यवहारनयसे केवलज्ञान, केवल दर्शन, केवल सुख, केवल शक्तियुक्त फलरूप अनन्त चतुष्टयके साथ जो परमोत्कृष्ट क्षायिकभावकी शुद्धपरिणति है वही कार्यशुद्ध पर्याय है। अर्थात् सहज ज्ञानादि स्वभाव अनन्त चतुष्टय युक्त कारणशुद्धपर्यायमेंसे केवलज्ञानादि अनन्तचतुष्टययुक्त कार्यशुद्धपर्याय प्रकट होती है, इसलिए परम पारिणामिकभाव परिणति कारणशुद्ध पर्याय है और शुद्ध क्षायिक भाव परिणति कार्य शुद्ध पर्याय है।

आगे स्वभाव विभाव पर्यायके इस प्रकरणमें पुद्गलमें स्निग्धता रूक्षता आदिके द्वारा होनेवाले बन्धरूप परिणामका कथन करते है—

पुद्गलद्रव्यमें परिणमनके कारण एकसे लेकर एक-एक बढ़ते हुए जघन्यसे उत्कृष्ट पर्यन्त स्निग्ध और रूक्ष गुण रूप परिणाम होता है ॥ २६ ॥

विशेषार्थ—विभाव पर्यायका कथन करते हुए ग्रन्थकार पुद्गलद्रव्यमें विभाव रूप परिणमन किस प्रकार होता है यह वतलाते हुए कहते है कि परिणमन तो वस्तुका स्वरूप है अत. पुद्गलद्रव्यमें भी परिणमन होता है। उस परिणमन के कारण पुद्गल परमाणुमें पाये जानेवाले स्निग्ध और रूक्षगुणके अविभागी प्रतिच्छेदोमें एकसे लेकर एक-एक वढते-वढ़ते अनन्त अविभागी प्रतिच्छेद तक वृद्धि होती है। परमाणुमें जघन्यसे लेकर उत्कृष्ट पर्यन्त स्निग्धरूक्ष गुणके अविभागी प्रतिच्छेद सदा घटते-वढते रहते हैं। यद्यपि परमाणुमें अनेक गुण रहते है किन्तु वन्धमें कारण स्निग्ध और रूक्षगुण ही हैं। इन्ही दो गुणोके कारण एक परमाणुका दूसरे परमाणुके साथ वन्ध होता है। यदि दोनों परमाणुओके गुणोका अनुपात वन्धयोग्य होता है तो वन्ध होता है अन्यथा नही होता। जिस परमाणुमें स्निग्ध या रूक्षगुणका भाग जघन्य होता है उसका वन्ध नही होता। किन्तु जघन्यसे उत्कृष्टकी ओर वृद्धि हो जानेपर वह परमाणु बन्ध योग्य हो जाता है।
पुद्गलो के परस्परमें वन्धका स्वरूप कहते है—

स्निग्धका स्निग्धके साथ तथा रूक्षके साथ वन्ध होता है किन्तु सम हो या विषम हो एकसे दूसरेमे दो गुण अधिक होनेपर ही वन्ध होता है। और जघन्य गुणवाले परमाणुका वन्ध नही होता ॥२७॥

---

१. मुत्तो अ० क०। २ वड्ढिप्पवरा- ज०—दि जहण्णादु अ० क० ख०। 'एगुत्तरमेगादी अणुस्स णिद्धत्तणं च लुक्खत्तं। परिणामादो भणिदं जाव अणतत्तमणुभवदि। प्रवचन० गा० १६४। ३. 'णिद्धा वा लुक्खा वा अणुपरिणामा समा व विसमा वा। समदो दुराधिगा जदि वज्झंति हि आदिपरिहीणा॥' —प्रवचन० गा० १६५।

तथा सति—

[1]संखाऽसंखाऽणंता बादरसुहुमा य हुंति ते खंधा ।
परिणविदा बहुभेया पुढवीआदीहि णायव्वा ॥२८॥

पुद्गलद्रव्यस्वभावपर्यायान् प्ररूपयति—

जो खलु अणाइणिहणो कारणरूवो हु [2]कज्जरूवो वा ।
परमाणुपोग्गलाणं सो दव्वसहावपज्जाओ ॥२९॥

विशेषार्थ—यदि जघन्यगुण एक माना जाये तो कहना होगा कि एक गुणवाले परमाणुका किसी अन्य परमाणुके साथ बन्ध नही होता । दो गुणवालेका बन्ध होता है किन्तु एकसे दूसरेमें दो गुण अधिक होना चाहिए । जैसे दो गुणवाले परमाणुका चार गुणवाले परमाणुके साथ ही बन्ध होता है, तीन-पाँच, सात आदि गुणवालेके साथ नही । इसी तरह तीन गुणवाले परमाणुका पाँच गुणवाले परमाणुके साथ ही बन्ध होता है पाँचसे कम या अधिक गुणवालेके साथ बन्ध नही होता । यह बन्ध स्निग्धका स्निग्धके साथ, स्निग्धका रूक्षके साथ, रूक्षका रूक्षके साथ और रूक्षका स्निग्धके साथ होता है । यहाँ समसे मतलब दो-चार, चार-छह आदि समसंख्यावालेसे है और विषमसे मतलब तीन-पाँच, पाँच-सात आदि विषम सख्यावाले से है अर्थात् दोको आदि लेकर या तीनको आदि लेकर दो अधिक गुण होनेसे बन्ध होता है । इस तरह दो गुणवालेका चार गुणवालेके साथ, चार गुणवालेका छह गुणवालेके साथ, तीन गुणवालेका पाँच गुणवालेके साथ, पाँच गुणवालेका सात गुणवालेके साथ बन्ध जानना चाहिए ।

ऐसा होने पर—

संख्यात प्रदेशी असंख्यात प्रदेशी और अनन्तप्रदेशी बादर और सूक्ष्म स्कन्ध बनते है । वे पृथिवी आदि रूपसे परिणत स्कन्ध अनेक प्रकारके जानने चाहिए ॥२८॥

विशेषार्थ—स्निग्ध और रूक्ष गुणके निमित्तसे संख्यात-असंख्यात और अनन्त परमाणुओका बन्ध होनेपर संख्यात प्रदेशी असंख्यात प्रदेशी और अनन्त प्रदेशी पुद्गल स्कन्ध बनते है । उनमेंसे बादर-स्थूल भी होते है और सूक्ष्म भी होते है । पृथिवी, जल, आग और वायु उन्ही पुद्गल स्कन्धोके भेद है । कुछ दार्शनिक इन चारोको जुदे-जुदे द्रव्य मानकर उनके परमाणुओको भी भिन्न-भिन्न जातिके मानते है । उनके मतसे पृथिवी जातिके परमाणु जुदे है, उनमे रूप, रस, गन्ध, स्पर्श चारो गुण होते हैं । जलके परमाणुओमें गन्धको छोडकर तीन ही गुण होते है । आगके परमाणुओमें रूप और स्पर्श गुण ही होता है तथा वायुके परमाणुओमे केवल स्पर्श गुण ही होता है किन्तु जैन सिद्धान्त ऐसा नही मानता । उसके मतानुसार सभी परमाणुओमें चारो गुण होते है किन्तु परिणमनवश किसीमें कोई गुण व्यक्त होता है और किसी में कोई गुण अव्यक्त होता है । इन चारो गुणोमें परस्पर सहभाव है जहाँ एक होगा वहाँ शेष भी अवश्य रहेंगे । तथा एक जातिके परमाणुओसे दूसरी जातिकी वस्तु उत्पन्न होती हुई देखी जाती है । जल की बूँद सीप में पड़कर मोती बन जाती है । मोतीको पार्थिव माना जाता है । लकडी पार्थिव है वह आगरूप परिणत होती है । अत. पृथिवी आदि पौद्गलिक परमाणुओके बन्धसे बनते है । ये सब पुद्गल स्कन्धोके ही भेद है ।

आगे पुद्गल द्रव्यकी स्वभाव पर्यायोको कहते है—

जो अनादि निधन कारणरूप अथवा कार्यरूप परमाणु है वह पुद्गलोकी स्वभावपर्याय है ॥२९॥

विशेषार्थ—पुद्गलका एक शुद्ध परमाणु उसकी स्वभाव पर्याय है । क्योकि परमाणु रूप अवस्था पर निरपेक्ष है । परमाणु तो अनादिनिधन है । वह कारणरूप भी है और कार्यरूप भी है । परमाणुओंके

---

१. 'बादरसुहुमगदाण खधाणं पुग्गलो त्ति ववहारो । ते होंति छप्पयारा तेलोक्क जेहिं णिप्पण्ण ॥७६॥ पञ्चास्ति० । २. 'धाउचउक्कस्स पुणो जं हेऊ कारण ति तं णेओ । खंधाणं अवसाणो णादव्वो कज्जपरमाणु ॥२५॥—नियमसा० ।

पुद्गलगुणस्वभावपर्यायान् निदर्शयति—

रूवरसगंधफासा जे थक्का तेसु अणुयदव्वेसु ।
ते चेव पोग्गलाणं सहावगुणपज्जया णेया ॥३०॥

पुद्गलद्रव्यविभावपर्यायान्निरूपयति—

[1]पुढवी जलं च छाया चउरिंदियविसयकम्मपरमाणू ।
अइथूलथूलथूला सुहमं सुहमं च अइसुहमं ॥३१॥

सम्बन्धसे ही स्कन्धोकी उत्पत्ति होती है अत परमाणु कारण है । तथा स्कन्धोके टूटनेसे परमाणु अपने परमाणु रूपको प्राप्त करता है अत. परमाणु कार्य भी है ।

पुद्गलद्रव्यके गुणोकी स्वभाव पर्याय बतलाते है—

उन अणुरूप पुद्गलद्रव्योमें जो रूप रस गन्ध और स्पर्श गुण पाये जाते हैं वे ही पुद्गल-द्रव्योको स्वभाव गुणपर्याय हैं । अर्थात् परमाणु पुद्गलद्रव्यकी स्वभावपर्याय है और परमाणुमें पाये जानेवाले गुणोकी अवस्था पुद्गल द्रव्यके गुणोकी स्वभाव पर्याय है ॥३०॥

पुद्गल द्रव्यकी विभाव पर्यायोको कहते है—

पृथ्वी, जल, छाया, चक्षुके सिवाय शेष चार इन्द्रियोंका विषय, कर्मवर्गणाके योग्य स्कन्ध और कर्मवर्गणाके अयोग्य स्कन्ध, ये पुद्गलकी विभाव पर्यायें हैं । इन्हें क्रमसे अतिस्थूल, स्थूल, स्थूलसूक्ष्म, सूक्ष्म और अतिसूक्ष्म कहते है ॥३१॥

विशेषार्थ—नियमसार (गा० २१-२४) में स्कन्धके छह भेद किये है—अतिस्थूल स्थूल, स्थूल, स्थूलसूक्ष्म, सूक्ष्मस्थूल, सूक्ष्म और अतिसूक्ष्म । जो स्कन्ध छेदा-भेदा जा सके और अन्यत्र ले जाया जा सके उसे अतिस्थूलस्थूल या बादरबादर कहते है जैसे पृथिवी पर्वत वगैरह । जिसे छेदा-भेदा तो न जा सके किन्तु अन्यत्र ले जाया जा सके उसे स्थूल या बादर कहते है । जैसे घी, तेल, पानी वगैरह । जिसे न छेदा-भेदा जा सके और न अन्यत्र ले जाया जा सके उसे स्थूलसूक्ष्म कहते है जैसे छाया, धूप वगैरह । जो स्कन्ध नेत्र के सिवाय शेष चार इन्द्रियोका विषय हो उसे सूक्ष्मस्थूल कहते है । जो स्कन्ध कर्मवर्गणाके योग्य होता है उसे सूक्ष्म कहते है । और जो स्कन्ध कर्म वर्गणाके अयोग्य होते है उन्हें अतिसूक्ष्म कहते है । नयचक्रके कर्ताने कर्मके बाद परमाणुको रखा है किन्तु परमाणु तो पुद्गल द्रव्यकी स्वभावपर्याय है विभावपर्याय नही है । विभावपर्याय तो केवल पुद्गलस्कन्ध है । गोम्मट्टसार जीवकाण्डमें भी 'कम्मपरमाणु' पाठ है । किन्तु उसमें पुद्गल द्रव्य के छह भेद गिनाये है उनमें एक परमाणु भी है और वह अतिसूक्ष्म है । तो पुद्गल द्रव्यके छह भेदोमें तो परमाणुकी गणना हो सकती है किन्तु पुद्गलद्रव्यको विभाव पर्यायोमें परमाणुकी गणना नही हो सकती । ऐसी स्थितिमें कर्मपरमाणुको एक लिया जा सकता है—कर्म परमाणु अर्थात् कर्मस्कन्ध । और आगेकी गाथामें जो द्वयणुक आदिको पुद्गलकी विभावपर्याय कहा है उसे अतिसूक्ष्म भेदके अन्तर्गत लेना चाहिए । नियमसारमें ऐसा ही कथन है ।

---

१. 'अइथूलथूलथूल थूलसुहुम च सुहुम थूल च । सुहुमं अइसुहुमं इदि धरादिय होदि छब्भेयं ॥२१॥ भूपव्वदमादीया भणिदा अइथूलथूलमिदि खंधा । थूला इदि विण्णेया सप्पीजलतेलमादीया ॥२२॥ छायातवमादीया थूलेदरखंधमिदि वियाणाहि । सुहुमथूलेदि भणिया खधा चउरक्खविसया य ॥२३॥ सुहुमा हवंति खंधा पाओग्गा कम्मवग्गणस्स पुणो । तव्विवरीया खधा अइसुहुमा इदि परूवेंदि ॥२४॥'—नियमसार । 'पुढवी जलं च छाया चउरिंदियविसयकम्मपरमाणू । छव्विहभेयं भणिय पोग्गलदव्वं जिणवरेहिं ॥६०१॥'—गो० जीवकाण्ड ।

जे संखाई खंधा परिणमिया दुअणुआदिखंधेहिं ।
ते चिय दव्वविहावा जाण तुमं पोग्गलाणं च ॥३२॥

पुद्गलगुणविभावपर्यायान्संदर्शयति—

रूवाइया य उत्ता जे दिट्ठा दुअणुआइखंधम्मि ।
ते पुग्गलाण भणिया विहावगुणपज्जया सव्वे ॥३३॥

धर्माधर्माकाशकालानां स्वभावद्रव्यगुणपर्यायानाह—

गदिठिदिगाहणवट्टण धम्माधम्मेसु गमणकालेसु ।
गुणसब्भावो पज्जय दवियसहावो दु पुव्वुत्तो ॥३४॥

अथ व्युत्पत्तिपूर्वकत्वेन लक्षणत्रयं द्रव्यस्याह—

[1]दवदि दविस्सदि दविदं जं सब्भावेहि विविहपज्जाए ।
तं णह जीवो पोग्गल धम्माधम्मं च कालं च ॥३५॥

जो संख्यात प्रदेशो आदि स्कन्ध द्व्यणुक आदि स्कन्ध रूपसे परिणमित होते हैं उन्हे भी तुम पुद्गल द्रव्योंकी विभाव पर्याय जानो ॥३२॥

पुद्गल द्रव्योके गुणोकी विभावपर्यायों को कहते है—

द्व्यणुक आदि स्कन्धों में जो रूपादि गुण देखे जाते हैं वे सब पुद्गलों की विभावगुणपर्याय जानना चाहिए ॥३३॥

विशेषार्थ—जैसे परमाणु पुद्गलद्रव्यकी शुद्ध पर्याय है और परमाणुमे पाये जानेवाले गुण उसकी स्वभाव गुणपर्याय है । वैसे ही दो आदि परमाणुओके मेलसे जो स्कन्ध बनते है वे पुद्गलोकी विभाव द्रव्य-पर्याय है और उनमे पाये जानेवाले गुण विभावगुणपर्याय है । जब द्रव्यका वैभाविक परिणमन होगा तो उस द्रव्यके गुणोमें भी वैभाविक परिणमन होगा ही । द्रव्यका तो विभावरूप परिणमन हो और गुणोंका न हो यह तो सम्भव नही है क्योकि गुणोंके समुदायको ही तो द्रव्य कहते है ।

आगे धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य और कालद्रव्यके स्वभावद्रव्य पर्याय और स्वभावगुण-पर्यायोको कहते है—

धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य और कालद्रव्यमें क्रमसे गतिरूप, स्थितिरूप, अवगाहन-रूप और वर्तनारूप जो गुण पाये जाते है वह उनकी स्वभावगुणपर्याय है । और इन द्रव्योंका स्वभाव तो पूर्वोक्त है ॥३४॥

विशेषार्थ—ये चारो द्रव्य किसी अन्य द्रव्यके साथ मिलकर विभावरूप परिणमन नही करते । सर्वदा अपनी स्वाभाविक दशामें ही रहते है । अत. इनमें स्वभावद्रव्यपर्याय ही होती है । इनका स्वभाव पहले कह आये है कि धर्मद्रव्य जीव और पुद्गलोकी गतिमे निमित्त होता है, अधर्मद्रव्य उनकी स्थितिमे निमित्त होता है । आकाशद्रव्य सब द्रव्योके अवगाहनमे निमित्त होता है और कालद्रव्य वर्तनामें निमित्त है । इन द्रव्योमे पाये जानेवाले इन गुणोकी जो अवस्था है वही उनकी स्वभाव गुणपर्याय है ।

इस प्रकार पर्यायाधिकार समाप्त हुआ ।

आगे व्युत्पत्तिपूर्वक द्रव्यके तीन लक्षण कहते है—

जो गुणो और पर्यायोके द्वारा प्राप्त किया जाता है, प्राप्त किया जायेगा और प्राप्त किया गया है वह द्रव्य है । अथवा जो अपने गुणों और पर्यायोंको प्राप्त करता है, प्राप्त करेगा और प्राप्त कर चुका है वह द्रव्य है । वह द्रव्य छह प्रकारका है—आकाश, जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म और काल ॥३५॥

---

१. 'दवियदि गच्छदि ताइ ताइ सब्भावपज्जयाइं जं । दवियं त भण्णते अणण्णभूद तु सत्तादो ॥९॥ —पञ्चास्ति० । 'यथास्य पर्यायैर्द्रूयन्ते द्रवन्ति वा तानि द्रव्याणि ।'—सर्वार्थ० ५।२ ।

[1]तिक्काले जं सत्तं वट्टदि उप्पादवयधुवत्तेहिं ।
गुणपज्जायसहावं अणाइसिद्धं खु तं हवे दव्वं ॥३६॥

लक्षणानां परस्परमविनाभावित्वं भेदाभेदं चाहुः—

जम्हा एक्कसहावं तम्हा तत्तिदयदोसहावं खु ।
जम्हा तिदयसहावं तम्हा दोएक्कसब्भावं ॥३७॥
दोसब्भावं जम्हा तम्हा तिण्णेक्क होइ सब्भावं ।
दव्वत्थिएण एक्कं भिण्णं ववहारदो तिदयं ॥३८॥

विशेषार्थ—द्रव्य शब्द 'द्रु' धातुसे बना है उसका अर्थ जाना या प्राप्त करना है। जो गुणपर्याय को प्राप्त करता है या गुणपर्यायोके द्वारा प्राप्त किया जाता है वह द्रव्य है। यह द्रव्य शब्दकी व्युत्पत्तिको लेकर, उसका लक्षण किया गया है। चूँकि द्रव्य तो अनादि अनन्त है। न उसका आदि है और न अन्त है, सदासे है और सदा रहेगा, इसलिए उसकी व्युत्पत्ति भी तीनो कालोकी अपेक्षा की गयी है। जो गुणपर्यायो-को प्राप्त करता है वह द्रव्य है यह वर्तमानकी अपेक्षाको लेकर है। जो गुणपर्यायोको प्राप्त करेगा यह भविष्य की अपेक्षासे व्युत्पत्ति है। और जो गुणपर्यायोको प्राप्त कर चुका है यह भूतकालकी अपेक्षासे है। इस तरह द्रव्य त्रिकालवर्ती है। उसका प्रवाह सदा चलता है एक पर्याय जाती है तो दूसरी पर्याय आती है। इस तरह पर्याय उत्पन्न होती और नष्ट होती रहती हैं। किन्तु द्रव्य न तो नष्ट होता है और न उत्पन्न होता है। यही बात आगे कहेंगे।

द्रव्यके शेष दो लक्षणोको कहते है—

'तीनो कालोमे जो उत्पाद व्यय और ध्रौव्यरूपसे सत् रहता है अथवा जो गुणपर्याय-स्वभाववाला है वह द्रव्य है वह द्रव्य अनादिसिद्ध है ॥३६॥'

विशेषार्थ—ऊपरका लक्षण द्रव्य शब्दकी व्युत्पत्तिको लेकर किया गया है। ये दोनो लक्षण द्रव्यके स्वरूपको बतलाते हैं। जो सदा उत्पाद व्यय और ध्रौव्यसे युक्त होता है वह द्रव्य है। चेतन या अचेतन द्रव्यमें अपनी जाति को न छोड़ते हुए जो पर्यायान्तरकी उत्पत्ति होती है वह उत्पाद है जैसे मिट्टीके पिण्डमें घट-पर्याय। इसी तरह पूर्वपर्यायके विनाशको व्यय कहते है जैसे घड़ेकी उत्पत्ति होनेपर मिट्टीके पिण्डाकारका नाश हो जाता है। अनादि पारिणामिक स्वभावसे न उत्पाद होता है और न व्यय होता है, द्रव्य ध्रुव रहता है जैसे पिण्ड और घट दोनो अवस्थाओमें मिट्टीपना ध्रुव है। अथवा जैसे मलिन हुए वस्त्रको धोनेपर निर्मल अवस्था रूपसे उसकी उत्पत्ति होती है, मलिन अवस्थारूपसे व्यय होता है और उसका वस्त्रत्व कायम रहता है। इसी तरह प्रत्येक द्रव्य प्रतिसमय उत्तर अवस्थासे उत्पन्न होता है, पूर्व अवस्थासे व्यय होता है और द्रव्यत्व अवस्थासे ध्रुव रहता है। इस तरह जिसमें प्रतिसमय उत्पाद व्यय और ध्रौव्य वर्तमान हैं वह द्रव्य है। तथा जो गुण और पर्यायवाला है वह द्रव्य है। गुण और पर्यायोंका कथन कर आये हैं॥

अब लक्षणोंका परस्परमें अविनाभाव और भेदाभेद बतलाते हैं—

चूँकि द्रव्य एक स्वभाववाला है इसलिए तीसरे और दूसरे स्वभाववाला है, यतः तीसरे स्वभाववाला है इसलिए दो और एक स्वभाववाला है। यतः दो स्वभाववाला है इसलिए तीन और एक स्वभाववाला है। द्रव्यार्थिक नयसे द्रव्य एक रूप है, व्यवहारनयसे भिन्न तीन रूप है ॥३७-३८॥

विशेषार्थ—ऊपर तीन प्रकारसे द्रव्यका लक्षण कहा है। सत्तासे अभिन्न होनेके कारण द्रव्यका लक्षण केवल 'सत्' ही है। किन्तु द्रव्य तो अनेकान्तात्मक है। अतः अनेकान्तात्मक द्रव्यका स्वरूप केवल सन्मात्र ही

---

१ 'दव्वं सल्लक्खणियं उप्पादव्वयधुवत्तसंजुत्तं। गुणपज्जयासयं वा जं तं भण्णंति सव्वण्हू ॥१०॥—पञ्चास्ति०। 'अपरिच्चत्त सहावेणुप्पादव्वयधुवत्तसंजुत्तं। गुणवं च सपज्जायं जं तं दव्वंति वुच्चंति ॥९५॥'—प्रवचन०। '[illegible] ॥२९॥ उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं सत् ॥३०॥ गुणपर्ययवद् द्रव्यम् ॥३८॥''—तत्त्वार्थसूत्र अ० ५।

नही हो सकता। इसलिए उत्पाद व्यय ध्रौव्यका लक्षण है। अनादि प्रवाहरूप अखण्ड द्रव्यकी परम्परामे पूर्व-पर्यायका विनाश व्यय है, उत्तर पर्यायका प्रादुर्भाव उत्पाद है। और पूर्वपर्यायका विनाश तथा उत्तर पर्यायका उत्पाद होनेपर भी अपनी जातिको न छोड़ना ध्रौव्य है। ये उत्पाद व्यय ध्रौव्य सामान्य कथनकी अपेक्षा द्रव्यसे अभिन्न है और विशेष कथनकी अपेक्षा द्रव्यसे भिन्न है, तीनो एक साथ होते है और द्रव्यके स्वभावरूप होनेसे वे उसके लक्षण है, द्रव्यका तीसरा लक्षण गुण और पर्याय है। अनेकान्तात्मक वस्तुमें पाये जानेवाले अन्वयी विशेषोंको गुण कहते है और व्यतिरेकी विशेषोको पर्याय कहते है। अन्वयका मतलब है एकरूपता या सदृशता। गुणोंमें सर्वदा एकरूपता रहती है परिवर्तन होनेपर भी अन्यरूपता नही होती इसलिए उन्हें अन्वयी कहते है। किन्तु पर्याय तो क्षण-क्षणमें अन्यरूप होती रहती है इसलिए व्यतिरेकी कहते है। इनमे-से गुण तो द्रव्यमें एक साथ रहते है और पर्याय क्रमसे रहती है। ये गुण पर्याय भी द्रव्यसे कथचित् भिन्न और कथंचित् अभिन्न होते है, ये भी द्रव्यके स्वभावभूत है इसलिए द्रव्यका लक्षण है। द्रव्यके इन तीन लक्षणोमे-से एकका कथन करनेपर बाकीके दो अनायास आ जाते है। यदि द्रव्य सत् है तो वह उत्पाद व्यय ध्रौव्यवाला और गुणपर्यायवाला होगा ही। यदि वह उत्पाद व्यय ध्रौव्यवाला है तो वह सत् और गुणपर्यायवाला होगा ही। यदि वह गुणपर्यायवाला है तो वह सत् और उत्पाद व्यय ध्रौव्यवाला होगा। सत् नित्यानित्य स्वभाववाला होनेसे ध्रौव्य को और उत्पाद व्ययरूपताको प्रकट करता है। तथा ध्रौव्यात्मक गुणोके साथ और उत्पाद व्ययात्मक पर्यायोके साथ एकताको बतलाता है। इसी तरह उत्पाद व्यय ध्रौव्य नित्यानित्यस्वरूप पारमार्थिक सत्को बतलाते है और अपने स्वरूपकी प्राप्तिके कारणभूत गुण पर्यायोको प्रकट करते है। क्योकि गुणोके होनेसे ही द्रव्यमें ध्रौव्य होता है। और पर्यायोके होनेसे उत्पाद व्यय होता है। यदि द्रव्यमे गुणपर्याय न हो तो उत्पाद व्यय ध्रौव्य भी नही हो सकते। अतः द्रव्य उत्पाद व्यय ध्रौव्यवाला है ऐसा कहनेसे द्रव्य गुणपर्यायवाला भी सिद्ध हो जाता है। और द्रव्य गुणपर्यायवाला है ऐसा कहनेसे द्रव्य उत्पादव्यय ध्रौव्यवाला है ऐसा सूचित होता है तथा नित्यानित्यस्वभाव परमार्थ सत् है यह भी सूचित होता है। इस तरह द्रव्यके तीनो लक्षण परस्परमे अविनाभावी है जहाँ एक हों वहाँ शेष दोनो नियमसे होते है। इसी तरह द्रव्य और गुण पर्याय तथा उत्पाद व्यय ध्रौव्य भी परस्परमें अविनाभावी है। जो गुण और पर्यायोको प्राप्त करता है उसे द्रव्य कहते है अत. जो एक द्रव्य स्वभाव है वह गुणपर्याय स्वभाव भी है और जो गुणपर्याय स्वभाव है वह द्रव्य स्वभाव भी है। क्योकि द्रव्यके बिना गुणपर्याय नही हो सकते और गुणपर्यायके बिना द्रव्य नही हो सकता। इसी तरह द्रव्य और गुणके बिना पर्याय नही होती और पर्यायोके बिना द्रव्य और गुण नही होते। अत. जो द्रव्य गुण-स्वभाव है वह पर्याय स्वभाव भी है और जो पर्यायस्वभाव है वह द्रव्य गुणस्वभाव भी है। इसी तरह उत्पाद व्ययके बिना नही होता, व्यय उत्पादके बिना नही होता, उत्पाद और व्यय ध्रौव्यके बिना नही होते और ध्रौव्य उत्पाद तथा व्ययके बिना नही होता। तथा जो उत्पाद है वही व्यय है, जो व्यय है वही उत्पाद है, जो उत्पाद और व्यय है वही ध्रौव्य है। और जो ध्रौव्य है वही उत्पाद और व्यय है। इसका स्पष्ट इस प्रकार है—जो घडेका उत्पाद है वही मिट्टीके पिण्डका व्यय है। क्योकि भाव अन्यभावके अभावरूप स्वभाववाला है। जो मिट्टीके पिण्डका व्यय है वही घड़ेका उत्पाद है क्योकि अभाव भावान्तर भाव स्वभाव होता है। जो घडेका उत्पाद और पिण्डका व्यय है वही मिट्टीकी स्थिति (ध्रौव्य) है। और जो मिट्टीकी स्थिति है वही घडेका उत्पाद और पिण्डका व्यय है। यदि ऐसा न माना जाये और उत्पादको अन्य, व्ययको अन्य और ध्रौव्यको अन्य माना जाये तो अनेक दोष उपस्थित होगे जो इस प्रकार है—यदि व्यय और ध्रौव्य के विना केवल घटका उत्पाद माना जायेगा, घटके उत्पत्ति कारणका अभाव होनेसे या तो घट उत्पन्न ही नही होगा क्योकि मिट्टीकी स्थिति और उसकी पिण्डपर्यायके नाशके बिना घट उत्पन्न नही हो सकता और ये दोनो बाते आप मानते नही। ऐसी स्थितिमें भी यदि घटकी उत्पत्ति मानी जाती है तो असत्की ही उत्पत्ति होगी। यदि असत्की भी उत्पत्ति मानी जायेगी तो आकाशपुष्प, गधेके सीग जैसी असम्भव वस्तुओंकी भी उत्पत्ति माननी होगी। तथा उत्पाद और ध्रौव्यके विना केवल व्ययको माननेपर व्ययके कारणका अभाव

निरपेक्षै[1] कान्तलक्षणं निराकृत्य तस्यैवं दोषं दर्शयति—

[2]जत्थ ण अविणाभावो तिण्हं दोसाण संभवो तत्थ ।
अह उवयारा तं इह कह उवयारा हवे णियमो ॥३९॥

होनेसे मिट्टीके पिण्डका व्यय (विनाश) ही नही होगा या फिर सत्का ही मूलोच्छेद हो जायेगा । क्योकि मिट्टीके स्थिर रहते हुए उसकी पिण्ड पर्यायका व्यय होनेपर घटकी उत्पत्ति होती है सो न तो मिट्टीकी स्थिरता को माना जाता है और न घटकी उत्पत्ति मानी जाती है तो पिण्ड पर्यायका नाश होगा कैसे ? फिर भी यदि पिण्ड पर्यायका विनाश माना जाता है तो मिट्टीका सर्वथा लोप हो जायेगा, कुछ भी शेष नही वचेगा । इसी तरह केवल विनाशको माननेपर या तो किसी भी पदार्थका विनाश ही नही होगा या फिर सबका उच्छेद ही हो जायेगा, कुछ भी शेष नही रहेगा । तथा उत्पाद व्ययके विना केवल मिट्टीको ध्रौव्य माननेपर भी नही वनता क्योकि ध्रौव्य उत्पाद व्यय सहित ही होता है, उत्पाद व्ययके विना नही । अत. पूर्व-पूर्व पर्यायके विनाशके साथ, उत्तर-उत्तर पर्यायका उत्पाद और दोनोमे अनुस्यूत, अन्वयका ध्रौव्य इस प्रकार अविनाभावको लिये हुए त्रिलक्षणात्मक द्रव्यको मानना चाहिए । ये उत्पाद व्यय और ध्रौव्य वास्तवमें पर्याय-में होते हैं और पर्याय द्रव्यमें होती है इसलिए ये तीनो एक ही द्रव्य है, द्रव्यान्तर नही है । जैसे स्कन्ध, मूल, शाखा ये सब वृक्षके आश्रित है वृक्षसे भिन्न पदार्थरूप नही है उसी प्रकार पर्याये भी द्रव्याश्रित ही है द्रव्यसे भिन्न पदार्थ रूप नही हैं । किन्तु जैसे वृक्षमें फल-फूल और पत्ते पृथक्-पृथक् होते है वैसे ही द्रव्य का किसी एक अंशके द्वारा उत्पाद, किसी एक अंशके द्वारा व्यय और किसी एक अंशके द्वारा ध्रौव्य हो, ऐसी वात नही है । किन्तु द्रव्य ही उत्पादरूप है, द्रव्य ही व्ययरूप है और द्रव्य ही ध्रौव्यरूप है । न तो केवल अंशोका ही उत्पाद व्यय और ध्रौव्य होता है, न केवल अंशीका ही उत्पाद व्यय ध्रौव्य होता है, किन्तु अंशी-का अंशरूप से उत्पाद व्यय ध्रौव्य होता है । जैसे तरंगोसे व्याप्त समुद्र एक ही है । क्योकि समुद्र स्वयं ही तरंगरूपसे परिणमन करता है । इसी तरह द्रव्य स्वयं ही उत्पाद है, स्वयं ही व्यय है और स्वयं ही ध्रौव्य है । द्रव्यसे भिन्न न उत्पाद है, न व्यय है और न ध्रौव्य है । किन्तु द्रव्यार्थिक नयसे न उत्पाद है, न व्यय है, न ध्रौव्य है, न गुण है, न पर्याय है किन्तु केवल एक द्रव्य है । पर्यायार्थिक नयसे उत्पाद भी है व्यय भी है और ध्रौव्य भी है । साराश यह है कि जब भेददृष्टि होती है तब तो उत्पाद व्यय ध्रौव्य तीनो प्रतीत होते हैं और जब अभेददृष्टि होती है तो ये तीनो ही प्रतीत नही होते ।

आगे निरपेक्ष एकान्त लक्षणका निराकरण करके उसके दोष बतलाते हैं—

"जहाँ इन तीनोंमें अविनाभाव नही है वहाँ अनेक दोष आते है । यदि कहा जाय कि उपचारसे ऐसा है तो उपचारसे नियम कैसे हो सकता ॥३९॥"

विशेषार्थ—यदि उत्पाद व्यय और ध्रौव्यमें अविनाभाव नही माना जायेगा तो अनेक दोष आयेगे । यह पहले स्पष्ट कर आये हैं कि केवल उत्पाद, केवल व्यय या केवल ध्रौव्यको माननेसे या तीनमें दो को माननेसे क्या-क्या दोष आते हैं । इन तीनोका परस्परमे अविनाभाव है, एकके विना वाकीके दो नही हो सकते । इसी तरह इन तीनोमे-से किन्ही दोके विना एक भी नही हो सकता । इसका स्पष्ट इस प्रकार है—उत्पाद व्ययके विना नही हो सकता क्योकि जो नवीन पदार्थ उत्पन्न होता है वह किसीका विनाश हुए विना नही होता । इसी प्रकार व्यय भी उत्पादके विना नही होता क्योकि अभाव नियमसे भावपूर्वक ही होता है । उत्पाद और व्यय भी ध्रौव्यके विना नही होते क्योकि सत्स्वरूप वस्तुके होनेपर ही उसके आश्रयसे उत्पाद और व्यय होते है मिट्टी यदि न हो तो पिण्डपर्यायका विनाश और घटपर्यायकी उत्पत्ति नही हो सकती । इसी तरह उत्पाद और व्ययके विना ध्रौव्य भी नही हो सकता क्योकि विशेषके अभावमे सामान्य नही

१. निरपेक्षैव व्यवहारनिश्चयैकान्त—आ० । २. 'ण भवो भंगविहीणो भंगो वा णत्थि संभवविहीणो । उप्पादो वि य भंगो ण विणा धौव्वेण अत्थेण ॥ उप्पादट्ठिदिभंगा विज्जंते पज्जएसु पज्जाया । दव्वं हि संति णियदं तम्हा दव्वं हवदि सव्वं ॥'—प्रवचन० ॥१००-१०१॥

निश्चयेन न कस्यचिदुत्पादो विनाशो वेति दर्शयति—

[1]ण समुब्भवइ ण णस्सइ दव्वं सत्तं वियाण णिच्छयदो ।
उप्पादवयधुवेहिं [2]तस्स य ते हुंति पज्जाया ॥४०॥

द्रव्यगुणपर्यायाणामभेदमाह—

[3]गुणपज्जयदो दव्वं दव्वादो ण गुणपज्जया भिण्णा ।
जम्हा तम्हा भणियं दव्वं गुणपज्जयमणण्णं ॥४१॥

द्रव्यस्वरूपं निरूपयति—

ण विणासियं ण णिच्चं ण हु भेयं णो अभेयणाभावं ।
ण विसत्तं सव्वगयं दव्वं णो इक्कसब्भावं ॥४२॥

रहता । अत: यदि इनमें-से एकको भी नही माना जायेगा तो शेषका मानना भी शक्य नही होगा । ये तीनो केवल उपचार मात्रसे नही है किन्तु वास्तविक है ।

आगे बतलाते है कि निश्चयनयसे न किसीका उत्पाद है और न व्यय—

परमार्थसे द्रव्य न उत्पन्न होता है और न नष्ट होता है । उसे सत्स्वरूप जानो । उत्पाद व्यय और ध्रौव्यके द्वारा द्रव्यका उत्पाद व्यय होता है और वे पर्यायरूप है ॥४०॥

विशेषार्थ—यहाँ दोनो नयोके द्वारा द्रव्यका स्वरूप कहा है । द्रव्य तो त्रिकाल अवस्थायी अनादि अनन्त है । उसका उत्पाद और विनाश उचित नही है । परन्तु पर्यायोके द्वारा उत्पाद विनाश घटित होते है । अत. द्रव्यार्थिकनयकी दृष्टिसे द्रव्यको उत्पाद रहित, विनाश रहित सत्स्वभाववाला ही जानना चाहिए और पर्यायार्थिक दृष्टिसे उत्पादवाला विनाशवाला जानना चाहिए । इस प्रकारके कथनमें कोई दोष नही है क्योकि द्रव्य और पर्यायमें अभेद है ।

आगे द्रव्यगुण पर्यायोके अभेदको बतलाते है—

चूँकि गुण और पर्यायसे द्रव्य भिन्न नही है और द्रव्यसे गुण और पर्याय भिन्न नही है इसलिए द्रव्यको गुण और पर्यायोंसे अभिन्न कहा है ॥४१॥

विशेषार्थ—जैसे मक्खन घी दूध दहीसे रहित गोरस नही होता उसी प्रकार पर्यायोसे रहित द्रव्य नही होता । और जैसे गोरससे रहित दूध दही घी मक्खन वगैरह नही होते उसी प्रकार द्रव्यसे रहित पर्याये नही होती । इसलिए कथनकी अपेक्षा यद्यपि द्रव्य और पर्यायोमे कथंचित् भेद है तथापि उन सबका अस्तित्व जुदा नही है वे एक दूसरेको छोड़कर नही रह सकते, इसलिए वस्तु रूपसे उनमें अभेद है । उसी तरह जैसे पुद्गलसे भिन्न स्पर्श रस गन्ध वर्ण नही होते उसी प्रकार गुणोके बिना द्रव्य नही होता । और जिस प्रकार स्पर्श रस गन्ध वर्णसे भिन्न पुद्गल नही होता उसी प्रकार गुणोके बिना द्रव्य नही होता । इसलिए यद्यपि कथनकी अपेक्षा द्रव्य और गुणोमें कथंचित् भेद है तथापि उन सबका एक अस्तित्व नियत है वे परस्पर मे एक दूसरेको कभी नही छोडते इसलिए वस्तु रूपसे द्रव्यगुणोमे भी अभेद है ॥

द्रव्यका स्वरूप कहते है—

द्रव्य न विनाशीक है, न नित्य है, न भेदरूप है, न अभेद रूप है, न असत् है, न व्यापक है और न एक स्वभाव है ॥ ४२ ॥

विशेषार्थ—द्रव्यका स्वरूप बतलाते हुए उसे विनाशीक (क्षणिक) भी नही माना और नित्य भी नही माना । इसी तरह उसे भेद रूप भी नही माना और अभेदरूप भी नही माना । इसका मतलब यह

---

१. 'उप्पत्तीव विणासो दव्वस्स य णत्थि अत्थि सब्भावो । विगमुप्पादधुवत्त करोति तस्सेव पज्जाया ॥११॥ —पञ्चास्ति० । २ धुवेहि य आ० । ३ 'पज्जय विजुद दव्वं दव्वविजुत्ता य पज्जया ण त्थि । दोण्हं अणण्णभूद भावं समणा परूवेति ॥१२॥ दव्वेण विणा ण गुणा गुणेहिं दव्वं विणा ण संभवदि । अव्वदिरित्तो भावो दव्वगुणाणं हवदि तम्हा ॥१३॥'—पञ्चास्ति० ।

सतो विनाशेऽसतश्चोत्पत्तौ दूषणमाह—

[1]संतं इह जइ णसइ किह तस्स पुणो वि सोयमिदि णाणं ।
अह व असंतं होदि हु दुमरहियं किं ण फलफुल्लं ॥४३॥

ननु वासनात सोऽयमिति ज्ञानमिति चेदुत्तरं पठति—

अहवा वासणदो यं पडिअहिणाणे वियप्पविण्णाणं ।
[2]ता सा पंचह भिण्णा खंधाणं वासणा णिच्चं ॥४४॥

है कि द्रव्य न तो एकान्त रूपसे क्षणिक ही और न नित्य ही है, न सर्वथा भेद रूप ही है और न सर्वथा अभेद रूप ही है । न सर्वथा सत् व्यापक और एक रूप ही है । आगे ग्रन्थकार स्वयं इन एकान्त पक्षोमे दूषण दे रहे है अत. यहाँ उनके सम्बन्धमें विशेष स्पष्टीकरणकी आवश्यकता नही है ।

सबसे प्रथम सत्का विनाश और असत्की उत्पत्तिमें दूषण देते हैं—

यदि संसारमे सत्का विनाश होता तो पुनः उसीमें 'यह वही है' ऐसा ज्ञान कैसे होता । तथा यदि असत् की भी उत्पत्ति होती तो बिना वृक्षके भी फल फूल क्यों न होते ॥४३॥

विशेषार्थ—वस्तुको सर्वथा क्षणिक माननेपर सत्के विनाशका तथा असत्की उत्पत्तिका दूषण आता है दर्शनशास्त्रका यह एक सर्वमान्य नियम है कि न तो सत्का विनाश होता है और न असत्की उत्पत्ति होती है । किन्तु वस्तुको सर्वथा क्षणिक माननेपर जो सत् है उसका सर्वथा विनाश मानना होगा और जब उसका सर्वथा विनाश हो जायेगा तो पुनः जो वस्तु उत्पन्न होगी उसकी उत्पत्ति असत्से ही माननी पडेगी । जैसे मिट्टीके पिण्डका सर्वथा विनाश माननेपर उत्पन्न होनेवाला घट असत्से ही उत्पन्न हुआ कहलायेगा, क्योकि मिट्टी तो सर्वथा विनष्ट हो गयी । सर्वथा विनाशसे मतलब यह है कि मिट्टीकी पिण्ड पर्यायके साथ मिट्टीका भी सर्वथा अभाव हो जाये और तब घट उत्पन्न हो तो असत्से ही घटकी उत्पत्ति कही जायेगी । पिण्ड पर्याय नष्ट होनेपर मिट्टीके घट पर्याय रूपमे परिणत हो जानेसे तो न सत्का विनाश होता है और न असत्की उत्पत्ति होती है । जैनदर्शन ऐसा ही मानता है इसीसे वह प्रत्येक वस्तुको द्रव्यरूपसे नित्य और पर्याय रूपसे अनित्य मानता है । किन्तु बौद्धदर्शन 'सर्वं क्षणिकं' सिद्धान्तका अनुयायी है । उसका मत है कि संसारकी प्रत्येक वस्तु प्रतिक्षण नष्ट हो रही है । जैनदर्शन भी वस्तुको प्रतिक्षण परिवर्तनशील मानता है किन्तु परिवर्तनके होते हुए भी द्रव्यका विनाश नही मानता, केवल उसकी पर्यायका विनाश मानता है । किन्तु चूँकि पर्याय द्रव्यसे अभिन्न होती है अत. ऐसा कहा जाता है कि द्रव्यमे प्रतिक्षण उत्पाद व्यय होता है। किन्तु यथार्थमें द्रव्यका तो न विनाश होता है और न उत्पाद होता है । उसका द्रव्यत्वरूप तो ध्रौव्य है । यह ध्रौव्यरूप बौद्ध नही मानता । केवल उत्पाद और विनाश ही मानता है । और बिना ध्रौव्यांशके उत्पाद व्यय माननेसे सत्का विनाश और असत्की उत्पत्तिका प्रसग आता है । तथा यदि वस्तु सर्वथा क्षणिक है तो हमें उस वस्तुमें 'यह वही है जिसे हमने पहले देखा था' ऐसा प्रत्यभिज्ञान क्यो होता है । वस्तुके नष्ट हो जानेपर तो 'यह वही है' ऐसा बोध नही होना चाहिए । तथा यदि असत् की भी उत्पत्ति होती है तो वृक्षके बिना भी फल फूल पैदा हो जाने चाहिए । बिना मिट्टीके भी घड़ा बन जाना चाहिए ।

इसपर बौद्धका कहना है कि वस्तुके क्षणिक होते हुए भी जो उसमें 'यह वही है' ऐसी बुद्धि होती है इसका कारण वासना है । वासनाके कारण ऐसा भ्रम होता है कि यह वही वस्तु है । किन्तु यथार्थमें वह वस्तु वही नही है ।

इसका उत्तर आगे ग्रन्थकार देते हैं—

यदि वासनासे प्रत्यभिज्ञान रूप विकल्प ज्ञान होता है तो वह वासना पाँचो स्कन्धोसे भिन्न नित्य हुई ॥४४॥

---

१. 'क्षणिकैकान्तपक्षेऽपि प्रेत्यभावाद्यसभव । प्रत्यभिज्ञाद्यभावान्न कार्यारम्भ कुत. फलम् ॥'४१॥ आ०मी० ।
२. सा भिण्णाभिण्णा वा आ० ।

नित्यपक्षे दूषणमाह—

जो णिच्चमेव मण्णदि तस्स ण किरिया हु अत्थकारित्तं ।
ण हु तं वत्थू भणियं जं रहियं अत्थकिरियाहिं ॥४५॥

अधिकं चोक्तं दूषणम्—

"प्रत्यभिज्ञा पुनर्दानं भोगोपार्जितेनसाम् ।
बन्धमोक्षादिकं सर्व क्षणभङ्गाद् विरुध्यते ॥"

विशेषार्थ—जैन बौद्धोसे पूछते है कि जिस वासनाके कारण क्षणिक वस्तुमे 'यह वही है' इस प्रकारका ज्ञान होता है वह वासना क्या है? क्या बौद्धोके माने हुए रूप वेदना विज्ञान संज्ञा और सस्कार इन पाँच स्कन्धोसे वह भिन्न है ? यदि भिन्न और नित्य है तो 'सर्व क्षणिक है' इस आपके मतमें वासनासे ही दोष आता है क्योकि वह नित्य है। और यदि वासना भी क्षणिक है तो क्षणिक वासनासे 'यह वही है' इस प्रकार प्रत्यभिज्ञानरूप विकल्पज्ञान कैसे हो सकता है ? अत 'यह वही है' इस प्रकारका प्रत्यभिज्ञान वासनाजन्य नही है किन्तु यथार्थ है और इसलिए उससे क्षणिकत्व बाधित है ॥

कहा भी है—

"प्रत्यभिज्ञान, दानका फल, संचित पापोका भोग और बन्ध मोक्ष वगैरह सब क्षणभंगसे विरुद्ध है ।" अर्थात् क्षणिकवाद माननेपर 'यह वही है' इस प्रकारका प्रत्यभिज्ञान नही हो सकता, दानादिका फल और संचित पापोका भोग नही बनता, क्योकि जिसने दान दिया या जिसने पाप किया वह तो नष्ट हो गया तब दानका फल किसे मिलेगा और संचित पापोके फलको कौन भोगेगा । इसी तरह जिसने कर्मका बन्ध किया वह तो क्षणिक होनेसे नष्ट हो गया तब मोक्ष किसे होगा । किन्तु ये सब बाते होती है जो दान देता है उसे ही इस लोक या परलोकमे उसका फल मिलता है । जो पापकर्म करता है वही उसका फल भी भोगता है, जो कर्मबन्धनसे बँधता है वही उससे छूटकर मोक्ष भी प्राप्त करता है । हम प्रतिदिन यह अनुभव करते है जो हम कल थे, आज भी है । हमारे स्त्री पुत्रादि सगे सम्बन्धी भी वे ही है जो पहले थे । जिसे हम कर्ज देते है कुछ दिनोके बाद उससे ही वसूल करते है । यदि सब सर्वथा क्षणिक होते तो न देनेवाला लेनेवालेको पहचानता और न लेनेवाला देनेवालेको । ऐसी स्थितिमे सारा ही लोक-व्यवहार नष्ट हो जाता है । अत: क्षणिकवादका सिद्धान्त ठीक नही है ।

अब नित्यपक्षमें दूषण देते है—

जो वस्तुको सर्वथा नित्य मानता है उसके मतमें सर्वथा नित्य वस्तुमे अर्थक्रिया नही हो सकती । और जो अर्थक्रियासे रहित है वह वस्तु नही है ॥४५॥

विशेषार्थ—अर्थ माने कार्य और उसको क्रिया माने करना अर्थात् कार्यको करनेका नाम अर्थक्रिया है । जिसमें अर्थक्रिया होती है वही परमार्थ सत् है ऐसा सभी मानते है । किन्तु सर्वथा नित्य या सर्वथा क्षणिक पक्षमें अर्थक्रिया सम्भव नही है । अर्थक्रियाके दो ही प्रकार है या तो वह क्रमसे होती है और या एक साथ होती है किन्तु नित्य वस्तुमें न क्रमसे अर्थक्रिया सम्भव है और न एक साथ । इसका खुलासा इस प्रकार है—पहले एक कार्यको करके पुन. दूसरा कार्य करनेका नाम क्रम है । सर्वथा नित्य पदार्थ क्रमसे कार्य नही कर सकता क्योकि नित्य पदार्थमे सब कार्योको एक ही कार्यके उत्पादन कालमें उत्पन्न करनेकी सामर्थ्य है । यदि उस समय उसमें अन्य कार्योको करनेकी सामर्थ्य नही है और बादको वह सामर्थ्य आती है तो वह सर्वथा नित्य नही हो सकता, क्योकि अपने असमर्थ स्वभावको छोडकर समर्थ स्वभावको ग्रहण करने रूप परिणमनका नाम ही अनित्यता है । नित्य पदार्थ एक साथ भी सब कार्योको नही कर सकता, क्योकि एक ही समयमे सब कार्योको कर देने पर दूसरे समयमें उसे कुछ करनेके लिए नही रहेगा और ऐसी स्थितिमें अर्थक्रियाका अभाव

१. 'अर्थक्रिया न युज्येत नित्यक्षणिकपक्षयो' । क्रमाक्रमाभ्यां भावानां सा लक्षणतया मता ॥८॥'
—लघीयस्त्रय ।

दूषणान्तरमाह—

णिच्चे दव्वे[1] ण गमणट्ठाणं पुण किह सुहासुहा किरिया ।
अह उवयारा[2] किरिया कह उवयारो हवे[3] णिच्चे ॥४६॥

भेदपक्षे दूषणमाह—

णिच्चं [4]गुणगुणिभेये दव्वाभावं अणंतियं अहवा ।
अणवत्था समवाए किह एयत्तं पसाहेदि ॥४७॥

होनेसे उसके असत्त्वका प्रसंग आयेगा। तथा अनेक कार्योंके करनेसे नित्यमे अनेक स्वभावोके होनेका भी प्रसग आता है। क्योकि एक स्वभावसे अनेक कार्योका करना तो युक्त नही है ऐसा होनेसे सब कार्य एक रूप ही हो जायेंगे। यदि कहोगे कि सहकारी कारणोकी विचित्रताके कारण कार्योमें वैचित्य पाया जाता है तो ऐसा कहना भी युक्त नही है। क्योकि जिस सहकारीके होनेपर नित्यके स्वभावमे परिवर्तन नही होता वह सहकारी ही नही कहा जा सकता। और परिवर्तन होनेपर सर्वथा नित्यतामें वाधा आती है। अत सर्वथा नित्य पक्षमे क्रम और युगपद् अर्थक्रियाके सम्भव न होनेसे उसका असत्त्व ही सिद्ध होता है।

नित्यपक्षमे अन्यदूषण भी वतलाते हैं—

नित्य द्रव्यमे गमन और स्थिति ही सम्भव नही है तव शुभ और अशुभ क्रियाका तो कहना ही क्या है? यदि नित्य द्रव्यमें उपचारसे क्रिया मानते हैं तो नित्यमे उपचार कैसे हो सकता है ॥४६॥

विशेषार्थ—नित्य द्रव्यमें यदि गमन रूप क्रिया मानी जाती है तो वह नित्य नही हो सकता, क्योकि जव वह गमनको छोडकर स्थिति करेगा या स्थितिको छोड़कर गमन करेगा तो अनित्य कहलायेगा क्योकि पूर्वस्वभावको छोड़कर उत्तर स्वभावको धारण करनेवाला द्रव्य सर्वथा नित्य नही कहा जा सकता। ऐसी स्थितिमें सर्वथा नित्य आत्मा शुभ और अशुभ क्रियाका कर्ता कैसे हो सकता है। वह दान पूजा हिंसा चोरी आदि क्रियाओका यदि कर्ता है तो सर्वथा नित्य नही है क्योकि सर्वथा नित्य वही हो सकता है जिसके स्वभावमें भी परिणमन नही होता। यदि कहोगे कि उपचारसे क्रिया मानेंगे तो वह उपचरित क्रिया वास्तविक है या अवास्तविक है। यदि वास्तविक है तो नित्य सर्वथा नित्य कैसे कहा जायेगा। यदि क्रिया अवास्तविक है तो अवास्तविक क्रिया काल्पनिक ही हुई उससे नित्यमें वास्तविक शुभाशुभ क्रिया कैसे हो सकती है।

आगे भेदपक्षमें दूषण देते है—

गुण और गुणीमे सर्वथा भेद माननेपर द्रव्यका अभाव हो जायगा अथवा अनन्त द्रव्य हो जायेंगे। समवाय सम्बन्धसे गुण और गुणीमे अभेद माननेपर अनवस्था दोष आता है ऐसी स्थितिमे समवाय सम्बन्धसे कैसे अभेद हो सकता है ॥४७॥

विशेषार्थ—गुणोसे द्रव्यको और द्रव्यसे गुणोको भिन्न माननेपर द्रव्यका अभाव और द्रव्यकी अनन्तताका दूषण आता है। इसका खुलासा इस प्रकार है—गुण वास्तवमें किसीके आश्रयसे रहते है और जिनके वे आश्रयसे रहते है वही द्रव्य है। यदि द्रव्य गुणोंसे भिन्न हो तो फिर भी गुण किसीके आश्रयसे ही रहेंगे और जिसके आश्रित वे होंगे वही द्रव्य है। वह भी यदि गुणोसे भिन्न हो तो फिर भी गुण किसीके आश्रित ही रहेंगे जिसके वे आश्रित होंगे वही द्रव्य है। वह भी यदि गुणोसे भिन्न हो तो फिर भी गुण किसी आश्रयमे ही रहेंगे और जिसके वे आश्रित होंगे वही द्रव्य है। इस प्रकार द्रव्यकी अनन्तताका प्रसंग आता है। द्रव्य तो गुणोका समुदाय है। यदि समुदायसे गुण भिन्न है तो फिर समुदाय कहाँ रहा? इस तरह गुणोको द्रव्यसे भिन्न माननेपर द्रव्यका अभाव होता है। प्रदेशोका जुदा-जुदा होना भिन्नताका लक्षण है।

अभेदपक्षे दूषणमाह—

जाणं दो वि य भिण्णं ताणं पि य जुत्तिवज्जियं सुत्तं ।
ण हु तं तच्चं परमं जुत्तीदो जं ण इह सिद्धं ॥४८॥

किन्तु गुण और गुणीके प्रदेश भिन्न नही होते । जैसे शुक्ल गुणके जो प्रदेश हैं वे ही प्रदेश गुणी वस्त्रके है इसलिए उन दोनोंमें प्रदेश भेद नही है । इसी तरह एक परमाणु और उसमें रहनेवाले स्पर्श रस गन्ध वर्ण आदि गुणोके प्रदेश भिन्न-भिन्न नही हैं इसलिए उनमे अभेद है । परन्तु जैसे अत्यन्त दूरवर्ती सह्य और विन्ध्यपर्वतमें प्रदेशभेद होनेसे भेद है तथा अत्यन्त निकटवर्ती मिले हुए दूध-पानीमे प्रदेशभेद होते हुए भी अभेद है, उस प्रकारका भेद और अभेद द्रव्य और गुणमें नही है क्योंकि उनमें प्रदेश भेद नही है । यहाँ वस्तुरूपसे भेद और वस्तुरूपसे अभेदके दो उदाहरण है—एक तो धनके योगसे धनी व्यवहार होता है यहाँ धनका अस्तित्व आदि, धनी पुरुषके अस्तित्व आदिसे भिन्न है । दूसरे, ज्ञानके योगसे ज्ञानी व्यवहार होता है । यहाँ ज्ञानका अस्तित्व और ज्ञानीका अस्तित्व आदि एक ही है अलग नही है । यदि ज्ञानी ज्ञानसे सर्वथा भिन्न हो और ज्ञान ज्ञानीसे सर्वथा भिन्न हो तो दोनोको ही अचेतनपना आता है । यदि ज्ञान और ज्ञानीको जुदा-जुदा मानकर उनका संयोग माना जायेगा तो बिना गुणोके द्रव्यको शून्यताका प्रसंग आता है और बिना द्रव्यके निराधार होनेसे गुणोकी शून्यताका प्रसंग आता है । यदि ज्ञान और ज्ञानीका समवाय सम्बन्ध माना जाता है जैसा कि नैयायिक-वैशेषिक दर्शनवाले मानते है तो वह भी ठीक नही है । क्योकि ऐसी अवस्थामें प्रश्न उत्पन्न होता है कि ज्ञानके समवाय सम्बन्धसे पहले आत्मा ज्ञानी था या अज्ञानी ? यदि ज्ञानी था तो ज्ञानका समवाय मानना व्यर्थ है । यदि अज्ञानी है तो अज्ञानके समवायसे अज्ञानी है अथवा अज्ञानके साथ एकत्व होनेसे अज्ञानी है । अज्ञानके समवायसे तो अज्ञानी हो नही सकता क्योकि जो स्वयं अज्ञानी है उसमे अज्ञानका समवाय मानना निष्फल है । और ज्ञानका समवाय न होनेसे ज्ञानी तो वह है ही नही । अत 'अज्ञानी' यह शब्द अज्ञानके साथ एकत्वको अवश्य ही सिद्ध करता है और इस प्रकार अज्ञानके साथ एकत्व सिद्ध होनेपर ज्ञानके साथ भी एकत्व अवश्य सिद्ध होता है । अतः द्रव्य और गुणका एक ही अस्तित्व होनेसे उन दोनोमें जो अनादि अनन्त सहवृत्तिपना है वही जैनोंका समवाय सम्बन्ध है उससे भिन्न समवाय नामका कोई सम्बन्ध नही है । अतः जैनोके मतानुसार द्रव्य और गुणोमें संज्ञा लक्षण प्रयोजन आदि की अपेक्षा भेद होनेपर भी वस्तुरूपसे भेद नही है इसलिए वे दोनो अभिन्न है । जिनका अस्तित्व भिन्न होता है वे ही वास्तवमें भिन्न होते है । न्याय-वैशेषिक दर्शनवाले युतसिद्धोका संयोग सम्बन्ध और अयुतसिद्धोका समवाय सम्बन्ध मानते है । जैसे दण्ड और पुरुष युतसिद्ध है, उनका अस्तित्व जुदा-जुदा है अत. उन दोनोका संयोग सम्बन्ध है । और ज्ञान तथा आत्माका अस्तित्व भी यद्यपि जुदा है तथापि वे दोनो अयुतसिद्ध हैं अतः उनका समवाय सम्बन्ध है ऐसा उनका मत है । किन्तु जैनोका कहना है कि ज्ञान और आत्मा या गुण गुणीका अस्तित्व जुदा है ही नही, जो गुणके प्रदेश है वे ही गुणीके प्रदेश है और जो गुणीके प्रदेश है वे ही गुणके प्रदेश हैं । इस प्रकार उनमें प्रदेश भेद न होने से भेद नही है । किन्तु फिर भी गुण और गुणीमें नाम भेद पाया जाता है, लक्षणभेद पाया जाता है, संख्याभेद पाया जाता है इस दृष्टिसे वे भिन्न भी है किन्तु वस्तुरूपसे भिन्न नही है । गाथा में ग्रन्थकारने समवाय सम्बन्धमे अनवस्था दोष दिया है वह इस प्रकार है—यदि गुण द्रव्यमें समवाय सम्बन्धसे रहता है तो समवाय सम्बन्ध भी गुण और गुणीमे किस सम्बन्धसे रहेगा । यदि अन्य समवाय सम्बन्धसे रहता है तो पुन. प्रश्न होता है कि वह समवाय सम्बन्ध किस सम्बन्धसे उनमे रहेगा । इस तरह अनवस्था दोष आता है । और यदि कहोगे कि समवाय सम्बन्ध बिना किसी अन्य सम्बन्धके गुण और गुणीमें रहता है तो जैसे समवाय सम्बन्ध बिना अन्य सम्बन्धके गुण गुणीमे रहता है उस तरह गुण स्वयं ही बिना किसी अन्य सम्बन्धके द्रव्यमें क्यो नही रहेगा । अतः गुण द्रव्यसे भिन्न न होकर उसीके परिणाम विशेष हैं ऐसा मानना चाहिए ।

नहि किंचित्सदिति शून्यपक्षे दूषणमाह—

[1]संतं जो ण हु मण्णइ पच्चक्खविरोहियं हि तस्स मयं ।
णो णेयं ण हि[2] णाणं ण संसयं णिच्छयं जम्हा ॥४९॥

सर्वं[3] सर्वत्र विद्यते इति सर्वगतत्वपक्षे दूषणमाह—

सव्वं जइ सव्वगयं विज्जदि इह अत्थि कोइ ण दरिद्दी ।
सेवावणिज्जकज्जं ण कारणं किं पि कस्सेव ॥५०॥
णेयं णाणं उहयं तिरोहियं तं च जाणणमसक्कं ।
अहवाविरभावगयं सव्वत्थ वियाणए सव्वं ॥५१॥

अभेदपक्षमें दूषण देते हैं—

जो गुण गुणीको अभिन्न मानते हैं उनका कथन युक्ति रहित है । जो यहाँ युक्तिसे सिद्ध नही होता वह परमतत्त्व नही है ॥४८॥

विशेषार्थ—गुण और गुणीमें सर्वथा भेदकी तरह सर्वथा अभेद भी नही है । उनमें सर्वथा अभेद माननेसे गुण और गुणी जैसा भेद व्यवहार भी सम्भव नही हो सकता । और ऐसी स्थितिमे या तो गुण ही रहेंगे या गुणी ही रहेगा । किन्तु गुणोके विना गुणी नही रह सकता और गुणीके विना गुण नही रह सकते । अत. सर्वथा भेदकी तरह सर्वथा अभेदमें भी शून्यताका प्रसंग आता है । इसलिए गुण गुणीमें वस्तुरूप से अभेद और संज्ञा लक्षण प्रयोजन आदिकी अपेक्षा भेद मानना चाहिए ।

कुछ भी सत् नही है इस प्रकारके शून्य पक्षमें दूषण देते हैं—

जो कुछ भी सत् नही मानता उसका मत प्रत्यक्ष विरुद्ध है । क्योकि उसका यह निश्चय है कि न ज्ञेय है, न ज्ञान है और न संशय है ॥४९॥

विशेषार्थ—संसारमें ज्ञेय भी है और ज्ञान भी है, इसीसे जब कभी संशय भी हो जाता है कि यह साँप है या रस्सी । सशय भी वस्तुके अस्तित्वको ही सिद्ध करता है क्योकि जो चीजें वर्तमान होती हैं उन्हीको लेकर संशय होता है । यह गधेकी सींग है या घोड़ेकी सींग है ऐसा संशय नही होता क्योकि न गधेके सींग होते है और न घोडेके सींग होते हैं । हाँ, गधा, घोड़ा और सींग जरूर हैं । तथा जब ज्ञान और ज्ञेय ही नहीं है तब हम शून्यवादको ही कैसे जान सकते हैं क्योकि यदि हम जानते हैं कि शून्यवाद है तो ज्ञान और ज्ञेयका अस्तित्व सिद्ध हो जाता है क्योकि जो जानता है वह ज्ञान है और जिसे जानता है वह ज्ञेय है । अत शून्यवाद ही ज्ञेय हो जाता है । और यदि शून्यवाद ज्ञेय-ज्ञानका विषय नही होता तो 'शून्यवाद है' यही सिद्ध करना शक्य नही है । अत. सर्वथा शून्यवाद भी निरापद नही है ॥

सब सर्वत्र विद्यमान है ऐसा माननेवाले सांख्योके सर्वगतत्व पक्षमें दूषण देते हैं—

यदि सब वस्तुएँ सब जगह विद्यमान हैं तो संसारमें कोई दरिद्र नही होना चाहिए । तथा सेवा व्यापार आदि कार्य और किसीका भी कोई कारण नही होना चाहिए ॥ ज्ञेय और ज्ञान यदि दोनों तिरोहित हैं तो उनको जानना शक्य नही है । और यदि उनका आविर्भाव है तो सर्वत्र सबको जानना चाहिए ॥५०-५१॥

विशेषार्थ—सांख्य दर्शन उत्पत्ति और विनाशको नही मानता, आविर्भाव और तिरोभावको मानता है क्योकि वह सत्कार्यवादी है । उसका मत है कि कार्य कारणमें विद्यमान रहता है अत. वह उत्पन्न नही होता प्रगट होता है । कुम्हार मिट्टीसे घड़ा उत्पन्न नहीं करता, घड़ा तो मिट्टीमें पहलेसे वर्तमान है कुम्हार

---

१. सत्तं अ० मु० । २ ण हु क० अ० ।

सर्वमेकब्रह्मस्वभावात्मकमिति पक्षे दूषणमाह—

[1]जइ सव्वं बंभमयं तो किह विविहसहावगं दव्वं ।
एक्कविणासे णासइ सुहासुहं सव्वलोयाणं ॥५२॥

उसे व्यक्त करता है उसे ही आविर्भाव कहते हैं। इसी तरह मुद्गरसे घटके फूट जानेपर घटका विनाश नही होता उसका तिरोभाव हो जाता है। इसीसे सब सर्वत्र विद्यमान है ऐसा उसका सिद्धान्त है। उसके विरोधमें जैनोंका कहना है कि ऐसा माननेपर तो कोई किसीका कार्य और कोई किसीका कारण ही नही बनेगा क्योकि यदि दूधरूप कारणमे दही आदि कार्य सर्वथा विद्यमान है तो उसकी उत्पत्तिके लिए कारणोंकी क्या आवश्यकता है वह तो पहलेसे ही विद्यमान है। अतः जो सब रूपसे सत् है वह किसीसे उत्पन्न नही होता, जैसे प्रधान और आत्मा। साख्यमतमें दधि आदि सर्वरूपसे सत् हैं अतः वे कार्य नही हो सकते। तथा दूध उनका कारण नही हो सकता; क्योंकि दही उसका कार्य नही है। तथा जब दूध अवस्थामें भी उसमें दही वर्तमान है तो जिस समय वह दूध रूपमें है उस समय भी उसमें दहीकी उपलब्धि होना चाहिए। तथा जब दही दूधमे विद्यमान है तो दहीकी उत्पत्तिके लिए कारणोका व्यापार उसे जमाना मथना आदि व्यर्थ है। यदि कहोगे कि कारणोके व्यापारसे दहीकी अभिव्यक्ति (प्रकटपना) होती है तो अभिव्यक्ति पहले है या नही ? यदि 'है' तो उसके करनेकी क्या आवश्यकता है। यदि नही है तो गधेकी सीगोकी तरह उसे किया नही जा सकता। क्योकि साख्य ऐसा मानते हैं कि जो असत् है उसे नही किया जा सकता। तथा ज्ञान और ज्ञेय यदि तिरोहित है—अप्रकट है तो उन्हे जानना शक्य नही है। यदि वे प्रकट है तो सर्वत्र सब वस्तुओका ज्ञान होना चाहिए क्योकि सब सब जगह विद्यमान है। अत. साख्यकी मान्यता सदोष है।

'सब जड चेतन एक ब्रह्मस्वरूप ही है' इस मतमें दूषण देते है—

यदि सब ब्रह्ममय है तो नाना स्वभाववाले द्रव्य कैसे है? तथा एकके नष्ट होनेपर सब लोकोंका शुभाशुभ नष्ट हो जाना चाहिए ॥५२॥

विशेषार्थ—ब्रह्मवादियोका मत है कि यह सब जो कुछ संसार है यह सब ब्रह्म है इसमें भेद नही है। जड और चेतन ब्रह्मकी ही पर्याय हैं। जैसे एक सुवर्णके कटक केयूर हार आदि नाना परिणाम होते है वैसे ही ब्रह्मके भी नाना परिणाम होते हैं। यद्यपि उन नाना परिणामोमें देश-भेद, काल-भेद और शक्ति-भेद पाया जाता है फिर भी उनके एक होनेमें कोई विरोध नही है। जैसे मकडी स्वभावसे ही जाला बुनती है वैसे ही ब्रह्म स्वभावसे ही जगत्का निर्माण करता है। इसके विरोधमें जैनोंका कहना है कि जब ब्रह्म नित्य और एकरूप है तो उसमें परिणमन ही संभव नही है। यदि कहोगे कि सहकारी कारणोके वशसे ब्रह्ममे परिणाम होता है तो अद्वैतके स्थानमें द्वैतकी आपत्ति आती है। सुवर्ण वगैरह अनेक स्वभाववाले होते है तभी उनके नाना परिणाम देखे जाते है यदि वह सर्वथा एक स्वभाववाला हो तो उसके नाना परिणाम सभव नही हो सकते। किन्तु आप तो ब्रह्मको एक स्वभाव मानते है उससे जड और चेतनकी उत्पत्ति कैसे हो सकती है। इसके सिवाय अद्वैतवादमें क्रियाकारकका भेद सम्भव नही है किन्तु कर्ता करण स्थान गमन आदि रूप क्रिया प्रत्यक्षसे देखी जाती है। कर्ता क्रिया कर्म आदिके अभावमें अकेला ब्रह्म स्वय ही स्वर्गमें तो पैदा हो नही सकता। फिर लोकमें पुण्य पाप कर्मका भेद, शुभ-अशुभ फलका भेद, इस लोक परलोकका भेद भी तो देखा जाता है। अद्वैतवादमें यह कैसे संभव है ? और यदि संभव है तो अद्वैतवादके स्थानमें द्वैतवाद ही सिद्ध होता है।

---

१. अद्वैतैकान्तपक्षेऽपि दृष्टो भेदो विरुध्यते। कारकाणा क्रियायाश्च नैकं स्वस्मात् प्रजायते ॥२४॥—आ० मी०।

अविद्यावशादेव भेदव्यवस्था इति चेत्तदनूद्य दूषयति—

बंभसहावेभिण्णा[1] जइ हु अविज्जा वियप्पसे कह वा ।
[2]ता तं जदा सहावं अह पुव्वुत्तं पलोएज्जा ॥५३॥

यदि सर्वपक्षेषु दोषास्तर्हि के वास्तवा इत्यत आह—

वत्थू हवेइ तच्चं वत्थंसा पुण हवंति भयणिज्जा ।
सिय सावेक्खा वत्थू भणंति इयरा दु णो जम्हा ॥५४॥

इस परसे ब्रह्माद्वैतवादीका कहना है कि अविद्याके कारण भेदकी प्रतीति होती है अतः भेदकी प्रतीति वास्तविक नही है, इसका उत्तर ग्रन्थकार देते है—

यदि ब्रह्मस्वरूपसे अविद्याको भिन्न मानते हो तो ब्रह्म अद्वैत रूप न होकर द्वैतरूप हो जाता है और यदि अभिन्न मानते हो तो पूर्वोक्त भेद कैसे बन सकता है इसका विचार करो ॥५३॥

विशेषार्थ—जैन पूछते हैं कि अविद्याके कारण यदि भेदकी प्रतीति होती है तो वह अविद्या ब्रह्मसे भिन्न है या अभिन्न ? यदि भिन्न है तो वस्तुरूप है या अवस्तुरूप ? अवस्तुरूप तो हो नही सकती क्योकि ब्रह्मकी तरह वह भी कार्यकारी है और जो कार्यकारी होता है वह अवस्तु नही हो सकता । यदि वस्तुरूप है तो ब्रह्म और अविद्या इन दो वस्तुओके होनेसे अद्वैतके अभावका प्रसंग आता है । यदि अविद्या ब्रह्मसे अभिन्न है तो ब्रह्म भी मिथ्या सिद्ध होता है क्योकि वह मिथ्यारूप अविद्यासे अभिन्न है । अथवा अविद्याके वास्तविक होनेका प्रसंग आता है क्योकि वह सत्यरूप ब्रह्मसे अभिन्न है । और ऐसी स्थितिमें सत्यरूप अविद्या मिथ्या प्रतीतिका हेतु कैसे हो सकती है । अत. ब्रह्मवाद भी ठीक नही है ।

ऐसी स्थितिमें यदि सभी मत सदोष है तो वास्तविक क्या है ? शिष्यकी इस जिज्ञासाका समाधान करनेके लिए आचार्य कहते है—

वस्तु तत्त्व है किन्तु वस्तुके अंश भजनीय हैं । यदि वे अंश स्यात् सापेक्ष होते हैं तो वस्तुरूप हैं और यदि निरपेक्ष है तो वस्तुरूप नही हैं ॥५४॥

विशेषार्थ—वस्तु एक अखण्ड है किन्तु उसकी दो आत्माएँ हैं—द्रव्य और पर्याय । इसीसे वस्तुको द्रव्यपर्यायात्मा कहा जाता है । किन्तु द्रव्य और पर्याय दो जुदी वस्तुएँ नही हैं । किन्तु एक ही वस्तुके दो रूप हैं । अभेदात्मक रूपकी द्रव्यसंज्ञा है और भेदात्मक रूपकी पर्यायसंज्ञा है । इसीसे वस्तुको भेदाभेदात्मक भी कहा जाता है । अत. वस्तु न केवल द्रव्यरूप है और न केवल पर्यायरूप है किन्तु द्रव्य पर्यायात्मक है । द्रव्य और पर्याय न वस्तु हैं और न अवस्तु हैं किन्तु वस्तुके एकदेश हैं । जैसे समुद्रका अंश न समुद्र है और न असमुद्र है किन्तु समुद्रका एक देश है । ब्रह्मवादी पर्यायको अवास्तविक मानते हैं और पर्यायसे भिन्न द्रव्यको वास्तविक मानते हैं । बौद्ध द्रव्यको अवास्तविक मानते हैं और द्रव्यसे भिन्न पर्यायको वास्तविक मानते है । किन्तु द्रव्य और पर्यायमें-से एकको ही माननेपर और दूसरेको नही माननेपर कार्य नही हो सकता । न तो पर्यायनिरपेक्ष द्रव्य ही अर्थक्रियाकारी है और न द्रव्यनिरपेक्ष पर्याय ही अर्थक्रियाकारी है । किन्तु अनेक पर्यायात्मक द्रव्य ही अर्थक्रियाकारी है । वे द्रव्य और पर्याय सर्वथा भिन्न नही हैं । जो सर्वथा भिन्न होते है वे द्रव्य पर्याय नहीं होते, जैसे सह्य पर्वत और विन्ध्य पर्वत । अत एक द्रव्य ही है पर्याय नही है या पर्याय ही हैं एक द्रव्य नही हैं ये दोनो मान्यताएँ सदोष हैं । क्योकि निरपेक्ष द्रव्य या निरपेक्ष पर्याय अवस्तु है । हाँ, ज्ञाता प्रयोजनवश यदि पर्यायको गौण करके द्रव्यमुखेन वस्तुका प्रतिपादन करता है या द्रव्यको गौण करके पर्यायरूप वस्तुका प्रतिपादन करता है तो वह गलत नही है । क्योकि वस्तुके दो रूपोमें-से एकको गौण और दूसरेको मुख्य कर देनेसे वस्तुके यथार्थ स्वरूपका घात नही होता । इसीसे ग्रन्थ-

---

१. —नाऽभिण्णा मु० । २. ता तं तस्स सहावं मु० ।

एकान्तपक्षे तु—

[1]सव्वे वि य एयंते दव्वसहावा विदूसिया होंति ।
दुट्ठे ताण ण हेऊ सिज्झइ संसार मोक्खं वा ॥५५॥

स्वमतसमर्थनार्थं दृष्टान्तमाह—

[2]दव्वं विस्ससहावं एक्कसहावं कयं कुदिट्ठीहिं ।
लद्धूण एयदेसं जह करिणो जाइअंधेहिं ॥५६॥

कारने वस्तुके अंशोको भजनीय कहा है । तथा सापेक्ष दशामे उन्हें वस्तुरूप और निरपेक्ष दशामें अवस्तुरूप कहा है ।

एकान्त पक्षमें दोष बतलाते है—

सभी एकान्त मतोंमें द्रव्यका स्वभाव दूषित सिद्ध होता है । और उसके दूषित होनेपर संसार और मोक्ष और उनके कारणोकी प्रक्रिया नहीं बनती ॥५५॥

विशेषार्थ—भावैकान्त, अभावैकान्त, नित्यैकान्त, अनित्यैकान्त, अद्वैतैकान्त, द्वैतैकान्त, आदि एकान्तवादोंमें वस्तुका ही स्वरूप नही बनता, तब संसार और मोक्षकी तो बात ही क्या है । इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है—यदि भावैकान्त माना जाता है और अभावको बिलकुल नही माना जाता तो जो कुछ है वह सत्स्वरूप ही है, असत्स्वरूप कुछ भी नही है । ऐसा माननेपर प्रत्येक वस्तु सर्वात्मक हो जायेगी, क्योकि किसी वस्तुका दूसरी वस्तुमें अभाव तो है ही नही । प्रत्येक वस्तुका वस्तुत्व दो बातोपर निर्भर है—स्वरूपका ग्रहण और अपनेसे भिन्न अन्य सब वस्तुओके स्वरूपोका अग्रहण । यदि ऐसा न माना जाये तो एक वस्तुका स्वरूप दूसरी वस्तुके स्वरूपसे भिन्न न होकर एकाकार हो जायेगा और ऐसा होनेसे सब वस्तुएँ अपनी-अपनी स्वतंत्र सत्ताको खोकर एकाकार हो जायेंगी । तब घट पट पुस्तक आदिका भेद ही नही रहेगा क्योकि सबका स्वरूप परस्परमें मिला-जुला है । इस विपत्तिसे बचनेके लिए एकका दूसरेमें अभाव मानना ही होगा—घट घटरूप ही है पटरूप नही है, पट पटरूप ही है, घटरूप नही है अतः घटका पटमे अभाव है और पटमे घटका अभाव है । इसलिए प्रत्येक वस्तु भावाभावात्मक है वह न केवल भावात्मक है और न केवल अभावात्मक है । स्वरूपकी अपेक्षा भावात्मक है और पररूपकी अपेक्षा अभावात्मक है । यदि भावैकान्तकी तरह अभावैकान्त माना जायेगा तब तो सब कुछ शून्य हो जायेगा क्योकि जब केवल अभाव ही अभाव है, भाव है ही नही, तब न संसार है और न मोक्ष । इसी तरह 'सब कुछ नित्य ही है अनित्य कुछ है ही नही' ऐसा नित्यैकान्त माननेपर जो वस्तु जिस रूपमें है वह उसी रूपमें सदा रहेगी उसमे कुछ भी परिणमन नही होगा तो संसारका कोई भी कार्य नही हो सकेगा मिट्टीसे कभी भी घट नही बनेगा । संसारी सदा ससारी ही बना रहेगा अथवा संसार ही नही बनेगा क्योकि जीवमें पुण्य पापरूप क्रिया होनेसे जीव मरकर एक योनिसे दूसरी योनिमें जन्म लेता रहता है इसे ही संसार कहते है । सर्वथा नित्यमें तो क्रिया ही संभव नही है । यदि क्रिया मानी जायेगी तो वह सर्वथा नित्य नही रहेगा । सर्वथा अनित्य माननेपर पैदा होते ही जब वस्तु सर्वथा नष्ट हो जाती है तो जिसने जन्म लिया वह तो नष्ट हो गया अब नया जन्म किसका होगा । जिसने शुभ या अशुभ कर्म किया वह तो नष्ट हो गया, उसका फल कौन भोगेगा । जिसने मोक्षके लिए प्रयत्न किया वह तो नष्ट हो गया अब मोक्ष किसको होगा । अत. एकान्तपक्ष सदोष है उसे नही मानना चाहिए ।

---

१. 'कुशलाकुशलं कर्म परलोकश्च न क्वचित् । एकान्तग्रहरक्तेषु नाथ स्वपरवैरिषु ॥८॥'—आ०मी० । २.'परमागमस्य बीजं निषिद्धजात्यन्धसिन्धुरविधानम् । सकलनयविलसितानां विरोधमथनं नमाम्यनेकान्तम् ॥२॥'—पुरुषार्थसि० ।

"नित्यैकान्तमतं यस्य तस्यानेकान्तता कथम् ।
[1]अथानेकान्तता यस्य तस्यैकान्तमतं स्फुटम् ॥१॥"

आगे ग्रन्थकार दृष्टान्तपूर्वक अनेकान्तका समर्थन करते है—

द्रव्य विश्व स्वभाव है—अनेक रूप है उसके एकदेशको ही देखकर मिथ्यादृष्टियोंने एक स्वभाव मान लिया है जैसे कुछ जन्मान्धोने हाथीको मान लिया था ॥५६॥

विशेषार्थ—कुछ जन्मसे अन्धे मनुष्य एक दिन शहरमें-से जाते थे । आगे मार्गमें हाथी खड़ा था । किसीने उनसे कहा—बचकर जाओ, आगे हाथी खड़ा है । यह सुनकर उन अन्धोके मनमें हाथीको देखनेकी उत्कण्ठा हुई कि हाथी कैसा होता है । अतः वे हाथीके पास जाकर उसके अंगोंको टटोलकर देखने लगे । किसी ने हाथीका पैर पकड़ा तो किसीने सूँड़, किसीने पेट और किसीने पूँछ । उसके बाद वे सब अन्धे हाथीके स्वरूपके बारेमे अपनी-अपनी जानकारी बतलाने लगे जिसने पैर देखे थे वह बोला हाथी तो स्तम्भ जैसा होता है । जिसने पेट पकड़ा था वह बोला ढोल सरीखा होता है । जिसने पूँछ पकड़ी थी वह बोला लाठी सरीखा होता है । इस तरह सब अन्धे आपसमें झगड़ने लगे और अपनी-अपनी ही बातको सच कहने लगे । उनको झगड़ता देखकर एक पुरुष उनके पास आया और उनसे झगड़नेका कारण जानकर बोला—तुम सभी लोगोंका कहना ठीक है । तुम सबने हाथीके एक एक अंगको देखा है पूरा हाथी नही देखा । यदि तुम सबकी बातोंको जोड़ दिया जाये तो पूरा हाथी बन सकता है । हाथीके पैर स्तम्भ सरीखे है, उसका पेट ढोल सरीखा है, उसकी पूँछ लाठी सरीखी है । अत हाथी ढोलकी तरह भी है, लाठीकी तरह भी है और स्तम्भ सरीखा भी है किन्तु इनमेंसे एक ही बातको मानना गलत है । इसी तरह वस्तु नित्य भी है अनित्य भी है, एक भी है अनेक भी है, सत् भी है असत् भी है । द्रव्यरूपसे नित्य है, एक है, सत् है, पर्यायरूपसे अनित्य है, अनेक है, असत् है । कोई वादी आकाशको नित्य और दीपकको क्षणिक कहते है, क्योकि वे आकाशमे स्थिरता और दीपकमें क्षणिकता देखते है । किन्तु आकाश भी पर्याय दृष्टिसे अस्थिर है और जिन तत्त्वोसे दीपक बना है उन तत्त्वोकी नित्यताकी दृष्टिसे दीपक भी नित्य है । अत. अनेकान्तात्मक वस्तुके केवल एक एक धर्मको ही देखकर मिथ्यादृष्टिवालोने उसे एकरूप मान लिया है यथार्थमें वस्तु अनेकधर्मात्मक है ।

कहा भी है—

जो नित्य एकान्तमतका अनुयायी है उसके अनेकान्तता कैसे संभव है । किन्तु जो अनेकान्तमतका अनुयायी है वह स्पष्टरूपसे एकान्तमतानुयायी भी है ॥

इसका स्पष्ट रूप यह है जो एकको ही मानता है वह अनेकको माननेवाला कैसे हो सकता है किन्तु जो अनेकको मानता है वह एकको भी अवश्य मानता है क्योकि एक-एक मिलकर ही अनेक होते हैं, एकके बिना अनेक बन नही सकते । अत. जो एकान्तमतानुयायी है वे तो अनेकान्तमतानुयायी हो ही नही सकते किन्तु जो अनेकान्तमतके अनुयायी हैं वे एकान्तमतके भी अनुयायी अवश्य है क्योकि एकान्तोके समूहका नाम ही अनेकान्त है । किन्तु विशेषता इतनी है वे एकान्त यथार्थताके विरोधी नही हैं वे सब सापेक्ष होते हैं । एकान्त और अनेकान्त दोनो ही सम्यक् और मिथ्याके भेदसे दो प्रकारके होते है । एक धर्मका सर्वथा अवधारण करके अन्य धर्मोका निराकरण करनेवाला मिथ्या एकान्त है । और प्रमाणके द्वारा निरूपित वस्तुके एक देशको सयुक्ति ग्रहण करनेवाला सम्यक् एकान्त है । इसी तरह एक वस्तुमें युक्ति और आगमसे अविरुद्ध अनेक विरोधी धर्मोको ग्रहण करनेवाला सम्यगनेकान्त है तथा वस्तुको तत् अतत् आदि स्वभावसे शून्य कहकर उसमें अनेक धर्मोकी मिथ्या कल्पना करनेवाला वचनविलास मिथ्या अनेकान्त है । सम्यग् एकान्तको नय कहते है और सम्यक् अनेकान्तको प्रमाण कहते है । यदि अनेकान्तको अनेकान्त ही माना

---

१. अनेकान्तमतं यस्य अ० क० मु० ज० । अथानेकान्तमतं यस्य तस्यैकान्तं स्फुटम् ख० ।

स्वभावानां युक्तिपथप्रस्थापित्वं, नामभेदं च दर्शयति—

भावा णेयसहावा पमाणगहणेण होंति णिव्वत्ता।
एक्कसहावा वि पुणो ते चिय णयभेयगहणेण ॥५७॥

स्वभावा द्विविधाः सामान्या विशेषाश्च। तत्र सामान्यस्वभावानां नामान्याह—

[1]अत्थि त्ति णत्थि णिच्चं अणिच्चमेगं अणेग भेदिदरं।
भव्वाभव्वं परमं सामण्णं सव्वदव्वाणं ॥५८॥

विशेषस्वभावानां नामान्याह—

[2]चेदणमचेदणं पि हु मुत्तममुत्तं च एगबहुदेसं।
सुद्धासुद्धविभावं उवयरियं होइ कस्सेव ॥५९॥

जाये और एकान्तको न माना जाये तो सम्यग् एकान्तके अभावमें उनके समुदायरूप अनेकान्तका भी अभाव हो जाये। जैसे शाखा आदिके अभावमें वृक्षका अभाव हो जाता है।

आगे स्वभावोको युक्तिसे सिद्ध करते हुए उनके नाम बतलाते है—

प्रमाणके द्वारा ग्रहण किये जानेपर पदार्थ अनेक स्वभाववाले सिद्ध होते हैं। और प्रमाणके भेद नयोंके द्वारा ग्रहण किये जानेपर वे ही पदार्थ एक स्वभाववाले प्रतीत होते है ॥५७॥

विशेषार्थ—अनेक धर्मात्मक वस्तु प्रमाणका विषय है। और प्रमाणसे गृहीत वस्तुके एकदेशको ग्रहण करनेवाला नय है। अतः जब हम प्रमाणके द्वारा वस्तुको जानते है तो उसमें अनेक स्वभावोका बोध होता है और जब नयके द्वारा जानते है तो वस्तुके किसी एक स्वभावका बोध होता है। जैसे द्रव्यपर्यायात्मक वस्तु प्रमाणका विषय है। किन्तु जब हम उसी वस्तुको नयके द्वारा जानते है तो या तो उसके द्रव्यरूपकी ही प्रतीति होती है या पर्यायरूपकी ही प्रतीति होती है।

स्वभावके दो प्रकार है सामान्य और विशेष। पहले सामान्य स्वभावोके नाम कहते है—

अस्ति, नास्ति, नित्य-अनित्य, एक-अनेक, भेद-अभेद, भव्य-अभव्य और परमभाव ये ग्यारह सामान्य स्वभाव है जो सब द्रव्योंमे पाये जाते हैं ॥५८॥

विशेषार्थ—सभी पदार्थ स्वरूपसे सत् और अपने-से भिन्न अन्य सब पदार्थोंके स्वरूपकी अपेक्षा असत् है अतः अस्ति और नास्ति स्वभाव सभी पदार्थोमें पाया जाता है। सभी पदार्थ द्रव्यरूपसे नित्य एक और अभेदरूप है तथा पर्याय दृष्टिसे अनित्य अनेक और भेदरूप है। सभी जानते है कि द्रव्य एक और नित्य होता है तथा उसकी पर्याये अनेक और अनित्य होती है। अथवा अनेक स्वभाववाला होनेसे अनेक है और गुण गुणी आदिके भेदसे भेदरूप है। जो आगे होनेके योग्य हो वह भव्य है और होनेके योग्य न हो वह अभव्य है सभी द्रव्य अपने-अपने अनुरूप ही परिणमन करते हैं और कभी भी पररूप परिणमन नही करते अतः भव्य और अभव्य स्वभाव भी सभीमें पाया जाता है। सभी द्रव्य पारिणामिक भावप्रधान होनेसे परम स्वभाव है। जो भाव अन्य निरपेक्ष होता है उसे पारिणामिकभाव कहते है। इस तरह ये ग्यारह स्वभाव सामान्य है।

आगे विशेष स्वभावोंके नाम गिनाते है—

चेतन, अचेतन, मूर्त, अमूर्त, एकप्रदेशी, बहुप्रदेशी, शुद्ध, अशुद्ध, विभाव और उपचरित, ये दस विशेष स्वभाव है, क्योकि ये सभी द्रव्योमें नहीं पाये जाते, किसी-किसीमे ही पाये जाते है ॥५९॥

---

१. 'स्वभावा. कथ्यन्ते। अस्तिस्वभाव, नास्तिस्वभाव', नित्यस्वभाव., अनित्यस्वभाव, एकस्वभाव., अनेकस्वभावः, भेदस्वभाव, अभेदस्वभाव., भव्यस्वभाव., अभव्यस्वभाव, परमस्वभाव'—द्रव्याणामेकादशसामान्यस्वभावा. ॥'—आलाप०। २. 'चेतनस्वभाव., अचेतनस्वभाव., मूर्तस्वभाव, अमूर्तस्वभाव, एकप्रदेशस्वभाव, अनेकप्रदेशस्वभाव., विभावस्वभावः, शुद्धस्वभाव, अशुद्धस्वभाव, उपचरितस्वभाव, एते द्रव्याणा दशविशेषस्वभावा.।—'आला०

तेषामपि स्वरूपव्याख्यानार्थं गाथाषट्केनाह—

[1]अत्थिसहावे सत्ता असंतरूवा हु अण्णमण्णेण ।
सोयं इदि तं णिच्चा अणिच्चरूवा हु पज्जाया ॥६०॥
[2]एक्को अजुदसहावो अणेक्करूवा हु विविहभावत्था ।
भिण्णा हु वयणभेदे ण हु ते भिण्णा अभेदादो ॥६१॥

आगे सामान्य स्वभावोका स्वरूप छह गाथाओके द्वारा कहते है—

सभी द्रव्य अपने अस्तित्व स्वभावमें स्थित होनेसे सत् हैं। तथा एक दूसरेकी अपेक्षा असत्स्वरूप है। 'यह वही है' इस प्रकारका बोध होनेसे नित्य हैं और पर्यायरूपसे अनित्य हैं ॥६०॥

विशेषार्थ—सभी द्रव्य सत्स्वरूप है इसलिए सभीमें अस्तित्व स्वभाव पाया जाता है। किन्तु सभी द्रव्य सर्वथा सत्स्वरूप नही है अपने-अपने स्वरूपकी अपेक्षा सत् है किन्तु परस्वरूपकी अपेक्षा सभी असत् हैं। जैसे घट घट रूपसे सत् है, पटरूपसे असत् है। पट भी पटरूपसे सत् है और घटरूपसे असत् है। इसी तरह सभी पदार्थ स्वरूपसे सत् है और पररूपसे असत् है। अतः सभी पदार्थ जैसे अस्तित्वस्वभाववाले है वैसे ही नास्तित्वस्वभाववाले भी है। ये दोनो स्वभाव मिलकर ही पदार्थकी प्रतिनियत सत्ताको कायम किये हुए है। इनमें-से यदि एक भी स्वभावको न माना जाये तो वस्तुव्यवस्था नही बन सकती। यदि द्रव्यको अस्तित्वस्वभाव न माना जाये तो वह गधेकी सीगकी तरह असत् हो जाये। यदि अस्तित्वस्वभाव मानकर भी उसमें नास्तित्वस्वभाव न माना जाय तो एकका दूसरेमें अभाव न होनेसे सब पदार्थ मिलकर एक हो जायें। यद्यपि प्रत्येक पदार्थ परिवर्तनशील है, उसमें प्रतिक्षण परिणमन होता रहता है, फिर भी उस परिणमनमें ऐसा एकत्व रहता है कि उसे देखकर हम कहते हैं कि यह वही है। तत्त्वार्थसूत्रके 'तद्भावाव्यय नित्यम्'। (५।३१) सूत्रकी व्याख्या करते हुए पूज्यपाद स्वामीने लिखा है जिस रूपसे वस्तुको पहले देखा था उसी रूपमें पुन देखनेपर 'यह वही है' इस प्रकारका ज्ञान होता है। यदि पूर्वदृष्ट रूपसे वर्तमान रूपमें अत्यन्त विरोध हो या उसके स्थानमें नयी ही वस्तु उत्पन्न हो गयी हो तो 'यह वही है' इस प्रकारका स्मरण नही हो सकता। और उसके न होनेसे जितना लोकव्यवहार है वह सब गडबड़ा जायेगा। इसलिए प्रत्यभिज्ञानमें कारण जो एकरूपता है उसका नष्ट न होना ही नित्यता है सर्वथा नित्य तो कुछ भी नही है। इसीसे वस्तु नित्य स्वभाव भी है और प्रतिक्षणमें बदलनेवाली पर्यायकी दृष्टिसे अनित्य स्वभाव है। इस प्रकार अस्तित्वस्वभाव, नास्तित्वस्वभाव, नित्यस्वभाव और अनित्यस्वभाव ये चारो सामान्य स्वभाव सब द्रव्योमे पाये जाते है।

अयुतस्वभाव होनेसे प्रत्येक द्रव्य एक स्वभाववाला है। अनेक स्वभाववाला होनेसे प्रत्येक द्रव्य अनेक स्वभाववाला है। वचन भेदसे भिन्न स्वभाववाला है और अभेदरूप होनेसे अभिन्न स्वभाववाला है ॥६१॥

विशेषार्थ—द्रव्यमें अनेक स्वभाव रहते है किन्तु वे स्वभाव कभी भी उस द्रव्यसे पृथक् नही होते अत जहाँ स्वभावोंके अनेक होनेसे प्रत्येक द्रव्य अनेक स्वभाववाला है वहाँ स्वभावोके अखण्ड एक रूप होनेसे प्रत्येक द्रव्य एक स्वभाववाला भी है। अर्थात् वे अनेक स्वभाव उस द्रव्यकी एकरूपता और अखण्डतामें बाधक नही है बल्कि द्रव्यकी एकता और अखण्डताके कारण वे अनेक स्वभाव भी एकरूप और अखण्ड हो रहे हैं अत द्रव्य एक स्वभाव है। वचनभेदसे द्रव्यमें भिन्नताकी प्रतीति होती है, तथा जीव ज्ञान दर्शन चैतन्य

---

१. 'स्वभावलाभादच्युतत्वादस्तिस्वभावः। पररूपेणाभावान्नास्तिस्वभाव.। निजनिजनानापर्यायेषु तदेवेदमिदमिति द्रव्यस्योपलम्भान्नित्यस्वभाव.। तस्याप्यनेकपर्यायपरिणामित्वादनित्यस्वभाव.।'—आलाप०। २. 'स्वभावानामेकाधारत्वादेकस्वभाव.। एकस्याप्यनेकस्वभावोपलम्भादनेकस्वभावः। गुणगुण्यादिसंज्ञाभेदाद् भेदस्वभाव, संज्ञासंख्यालक्षणप्रयोजनानि। गुणगुण्याद्येकस्वभावादभेदस्वभाव.।'—आलाप०।

[1]भव्वगुणादो भव्वा तव्विवरीएण होंति विवरीया ।
सब्भावेण सहावा सामण्णसहावदो सव्वे ॥६२॥
अणुहवभावो चेयणमचेयणं होइ तस्स विवरीयं ।
रूवाइपिंड मुत्तं विवरीए ताण विवरीयं ॥६३॥
सेत्तं पएसणाणं एक्काणेक्कं च दव्वदो णेयं ।
[2]जहजादो रूवंतरगहणं जो सो हु विब्भावो ॥६४॥

गुणवाला है, वह अस्तिरूप है, नास्तिरूप है, नित्य है, अनित्य है इस प्रकार कथन करनेसे वस्तु भिन्न-भिन्न प्रतीत होती है । अतः वचनभेदसे प्रत्येक द्रव्य भिन्न स्वभाव है । किन्तु वास्तवमे उस द्रव्यके अन्दर कोई भेद नही है वह तो एक अखण्ड वस्तुरूप है अत प्रत्येक द्रव्य अभिन्नसत्तावाला होनेसे अभिन्नस्वभाव है । इस प्रकार ये चारो भी द्रव्योंके सामान्य स्वभाव है, ये सभी द्रव्योमें पाये जाते है ।

भव्यगुणके कारण सब द्रव्य भव्यस्वभाव है । अभव्यगुणके कारण सब द्रव्य अभव्य स्वभाव है । और अपने स्वभावसे परमस्वभाव रूप है । इस प्रकार ये सब द्रव्योंके सामान्य स्वभाव हैं ॥६२॥

विशेषार्थ—यो तो भव्य और अभव्य स्वभाव केवल जीवद्रव्यमें माना गया है किन्तु वहाँ एक ही जीवमें दोनों नही माने गये । इसलिए यहाँ उनसे प्रयोजन नही है । भव्यका शब्दार्थ है होनेके योग्य और अभव्यका अर्थ है, न होनेके योग्य । प्रत्येक द्रव्यके भवनकी एक मर्यादा है । प्रत्येक द्रव्य अपनी-अपनी मर्यादामे ही होता है उससे बाहर नही । चेतन चेतनरूपसे ही होनेके योग्य है, अचेतन रूपसे नही । अचेतन द्रव्य अचेतन रूपसे ही होनेके योग्य है, चेतनरूपसे हो नही । इस तरह प्रत्येक द्रव्य भव्यस्वभाव भी है और अभव्यस्वभाव भी है । तथा द्रव्योमें एक पारिणामिक या स्वाभाविक परमस्वभाव होता है जो कि उनका मूलभूत स्वभाव होता है । इस प्रकार ये द्रव्योके सामान्य स्वभाव होते है ।

अनुभवनरूप भावको चेतन कहते है और उससे विपरीत भावको अचेतन कहते है । रूप रस आदि गुणोके पिण्डको मूर्तिक कहते है और उससे विपरीतको अमूर्तिक कहते हैं ॥६३॥

विशेषार्थ—जो जानता देखता हो वह चेतन है और जिसमें जानने देखने या अनुभवन करनेकी शक्ति नही होती वह अचेतन है । अत जानने देखने या अनुभवन करने रूप भावको चेतनभाव कहते हैं और उससे विपरीत भावको अचेतन स्वभाव कहते है । इसी तरह जिसमें रूप रस गन्ध और स्पर्श गुण पाये जाते है वह मूर्तिक है और जिसमें यह गुण नही पाये जाते वह अमूर्तिक है । उन दोनोके भावोको मूर्तिक स्वभाव और अमूर्तिक स्वभाव जानना चाहिए ।

क्षेत्रको प्रदेश कहते हैं । द्रव्यकी अपेक्षा एकप्रदेशित्व और बहुप्रदेशित्व स्वभाव जानना चाहिए । यथाजात स्वाभाविक रूपसे रूपान्तर होनेको विभाव कहते है ॥६४॥

विशेषार्थ—पुद्गलका एक परमाणु जितने क्षेत्रको रोकता है उसे प्रदेश कहते हैं । इस मापके अनुसार जिस द्रव्यकी जैसी अवगाहना होती है तदनुसार उसका एकप्रदेशित्व या बहुप्रदेशित्व स्वभाव होता है । और एक द्रव्यका दूसरे द्रव्यके सयोगसे अन्य भाव रूप परिणमन करनेका नाम विभाव है । इस प्रकारके स्वभावको विभावस्वभाव कहते है । 15/10/97

---

१. भवणगुणा दो क० । 'भाविकाले परस्वरूपाकारभवनाद् भव्यस्वभाव । कालत्रयेऽपि परस्वरूपाकाराभवनादभव्यस्वभाव. ·· पारिणामिकभावप्रधानत्वेन परमस्वभाव इति सामान्यस्वभावाना व्युत्पत्ति ।'—आलाप० । २. सहजादो मु० ज० । स्वस्वभावत. ।

कम्मक्खयदो सुद्धो मिस्सो पुण होइ इयरजो भावो ।
जं विय दव्वसहावं उवयारं तं पि ववहारं ॥६५॥

स्वभावानां यथा निरर्थकत्वं सार्थकत्वं च तथा दर्शयति—

णिरवेक्खे एयंते संकरआईहिं दूसिया भावा ।
णो णियकज्जे अरिहा विवरीए ते वि खलु अरिहा ॥६६॥

गुणपर्याययोः स्वभावत्वमनुक्तस्वभावानामन्तर्भावं च दर्शयति—

गुणपज्जायसहावा दव्वत्तमुवगया हु ते जम्हा ।
पिच्छह अंतरभावं अण्णगुणाईण[1] भावाणं ॥६७॥

कर्मोके क्षयसे प्रकट हुए स्वभावको शुद्ध स्वभाव कहते है । और कर्मोके सयोगसे उत्पन्न हुए भावको अशुद्ध स्वभाव कहते हैं । व्यवहार नयसे जो द्रव्यका स्वभाव होती है उसे उपचरित कहा जाता है ॥६५॥

आगे बतलाते हैं कि स्वभाव कैसे निरर्थक और सार्थक होते है—

निरपेक्ष एकान्तवादमे भाव संकर आदि दोषोसे दूषित होनेसे अपना-अपना कार्य करनेमें असमर्थ होते हैं किन्तु विपरीत स्थितिमे अर्थात् सापेक्ष एकान्तवादमें या अनेकान्तवादमें वे भाव अपना-अपना कार्य करनेमे समर्थ होते है ॥६६॥

विशेषार्थ—सामान्य स्वभावोका कथन करते हुए एक ही द्रव्यमे अस्तित्व स्वभाव-नास्तित्व स्वभाव, नित्यत्व स्वभाव-अनित्यत्व स्वभाव, एकत्व स्वभाव-अनेकत्व स्वभाव जैसे परस्परमें विरोधी प्रतीत होनेवाले स्वभाव बतलाये हैं । निरपेक्ष एकान्तवादमें एक ही वस्तुमें अस्तित्व-नास्तित्व, नित्यत्व-अनित्यत्व जैसे स्वभाव बन ही नही सकते, क्योकि बिना अपेक्षाके जो अस्ति स्वभाव है वही नास्तिस्वभाव कैसे हो सकता है । और यदि होगा तो अस्तिस्वभाव नास्तिस्वभाव रूप हो जायेगा और नास्तिस्वभाव अस्ति-स्वभाव रूप हो जायेगा क्योकि निरपेक्ष एकान्तवादमें अपेक्षा भेद तो सम्भव नही है । यह तो सापेक्ष एकान्त-वादमें या अनेकान्तवादमें ही सम्भव है कि वस्तु अपने स्वरूपकी अपेक्षा अस्तिस्वभाव है और परस्वरूपकी अपेक्षा नास्तिस्वभाव है, तथा द्रव्यरूपसे नित्य है और पर्यायरूपसे अनित्य है । और तभी ये स्वभाव कार्यकारी भी होते हैं क्योकि उस स्थितिमें इनके द्वारा वस्तुके यथार्थ स्वरूपकी प्रतीति होती है । और फिर प्रतीतिके अनुसार ही वस्तुस्वरूपका यथार्थ निर्णय करके उनके द्वारा लोकव्यवहार प्रचलित होता है । किन्तु निरपेक्ष एकान्तवादमें यह संभव नही है । उदाहरणके लिए एक व्यक्ति पिता पुत्र दोनो होता हैं । अपने पिताकी अपेक्षा वह पुत्र है और अपने पुत्रकी अपेक्षा पिता है । इस अपेक्षा भेदको यदि न मान करके एक व्यक्तिको पिता और पुत्र माना जाये तो वडी गडवड उपस्थित हो—जिसका वह पिता है उसका पुत्र भी माना जा सकता है और जिसका वह पुत्र है उसका पिता भी माना जा सकता है क्योकि निरपेक्ष एकान्त-वादमें अपेक्षाभेद तो सम्भव नही है । किन्तु सापेक्ष एकान्तवादमें जव उसका पुत्र उसे पिता कहकर पुकारता है तो वह उसका पिता होते हुए भी उसी कालमें अपने पिताके द्वारा पुत्र पुकारे जानेपर उसका पुत्र भी होता है । इस तरह उसका पितृत्व और पुत्रत्व धर्म सापेक्ष अवस्थामें ही कार्यकारी है निरपेक्ष अवस्थामें नही । निरपेक्ष अवस्थामें तो वह किसीका भी पुत्र और किसीका भी पिता कहला सकता है । अथवा न वह पिता ही कहा जा सकता है और न पुत्र ही कहा जा सकता है, क्योकि वे दोनो धर्म सापेक्ष है निरपेक्ष नही है । इसी प्रकार अन्य स्वभावोके सम्बन्धमें भी जानना ।

---

१. गुणाइ आईण अ० आ० क० स० ज० ।

प्रत्येकं द्रव्यस्वभावसंख्यामाह—

इगवीसं तु सहावा दोण्हं तिण्हं तु सोलसा भणिया ।
पंचदसा पुण काले दव्वसहावा मुणेयव्वा[1] ॥६८॥
इगवीसं[2] तु सहावा जीवे तह जाण पोग्गले णयदो ।
इयराणं संभवदो णायव्वा णाणवंतेहिं ॥६९॥

आगे गुण और पर्यायोंको स्वभावपना तथा जो स्वभाव नही कहे गये है उनके अन्तर्भावको बतलाते है—

चूँकि गुण पर्याय और स्वभाव द्रव्यरूप ही होते है अतः अन्य गुण आदिका उन्हीमे अन्तर्भाव जानना चाहिए ॥६७॥

विशेषार्थ—आचार्य देवसेनने आलापपद्धति की रचना करते हुए प्रारम्भमे ही यह प्रतिज्ञा की है कि मै गुण पर्याय और स्वभावोका विस्तार कहूँगा । तदनुसार उन्होने इन तीनोका कथन किया है । ये तीनो द्रव्यरूप ही है । द्रव्यकी ही अवस्था विशेषोको गुण, पर्याय और स्वभाव कहते है । किन्तु प्रश्न यह होता है कि गुण और पर्यायसे अतिरिक्त स्वभाव क्या है । गुण और पर्याय ही तो द्रव्यके स्वभाव है । गुणोको तो द्रव्यका विधाता कहा है । विशेष गुणोके ही कारण एक द्रव्य दूसरे द्रव्यसे भिन्न होता है । अत. उन्हें द्रव्यका विधाता कहा जाता है । यदि गुण न हो तो द्रव्योमे संकर हो जाये । जैसे जीवद्रव्य ज्ञानादि गुणोके कारण पुद्गल आदि द्रव्योसे भिन्न माना जाता है और पुद्गल आदि द्रव्य रूप आदि गुणोके कारण जीवद्रव्यसे भिन्न माने जाते है । यदि इन द्रव्योमे ये विशेष गुण न हो तो जीव पुद्गल आदि सब द्रव्योमें कोई विशेषता न रहनेसे सब एकमेक हो जाये । अतः सामान्य रूपसे ज्ञानादि जीवके गुण कहे जाते है और रूपादि पुद्गलोके गुण कहे जाते है । गुणोके विकारको पर्याय कहते है । जैसे घटज्ञान पटज्ञान ज्ञानगुणकी पर्याय है । अत. पर्यायका गुण और स्वभावसे भेद तो स्पष्ट है किन्तु गुण और स्वभावमें क्या भेद है यह स्पष्ट नही है । आलापपद्धतिमें लिखा है—स्वभाव गुण नही होते किन्तु गुण स्वभाव होते है । यह बात गुणो और स्वभावोके स्वरूपको दृष्टिमें रखकर जानी जा सकती है । जैसे आत्माके ज्ञान, दर्शन, सुख आदि गुणोको आत्माका स्वभाव कहा जा सकता है किन्तु नास्ति, नित्य, अनित्य आदि स्वभावोको उसका गुण नही कहा जा सकता । आत्मामें स्वभाव अपने प्रतिपक्षी धर्मके साथ रहता है जैसे आत्मामें अस्ति स्वभाव भी है और नास्तिस्वभाव भी है, एक स्वभाव भी है और अनेकस्वभाव भी है । किन्तु ज्ञानगुणका प्रतिपक्षी अज्ञानगुण आत्मामें नही है । यही गुण और स्वभावमें अन्तर है । स्वभाव नष्ट भी हो जाते है जैसे मुक्तावस्थामें औपशमिक, क्षायोपशमिक, औदयिक, आदि भाव नष्ट हो जाते है यहाँ तक कि भव्यत्व नामक पारिणामिक भाव भी नष्ट हो जाता है किन्तु गुण नष्ट नही होते । यह भी स्वभाव और गुणमें अन्तर है ।

प्रत्येक द्रव्यमें स्वभावकी सख्या बतलाते है—

दो द्रव्योमें से प्रत्येकमे इक्कीस-इक्कीस स्वभाव होते है । तीन द्रव्योमे सोलह-सोलह स्वभाव होते हैं । कालद्रव्यमे पन्द्रह स्वभाव जानने चाहिए । जीव और पुद्गल द्रव्यमे इक्कीस स्वभाव जानो । शेष द्रव्योमे नय दृष्टिसे ज्ञानियोंको यथासम्भव स्वभाव जानने चाहिए ॥६८-६९॥

विशेषार्थ—पीछे द्रव्योके ग्यारह सामान्यस्वभाव और दस विशेष स्वभाव बतलाये हैं । दोनो मिलकर इक्कीस स्वभाव होते है । जीव और पुद्गल द्रव्यमे इक्कीस-इक्कीस स्वभाव होते है । अस्ति-नास्ति, नित्य-अनित्य, एक-अनेक, भेद-अभेद, भव्य-अभव्य और परमस्वभाव ये ग्यारह सामान्य स्वभाव है । ये

---

१. ६८-६९ गाथाद्वयं आ० मु० प्रतौ च व्यत्ययेन वर्तते । २. 'एकविंशतिभावा. स्युर्जीवपुद्गलयोर्मता. । धर्मादीनां षोडश स्यु. काले पञ्चदश स्मृता ।' —आलाप० ।

[सर्वथैकान्तेन सद्रूपस्य न नियतार्थव्यवस्था संकरादिदोषत्वात् तथासद्रूपस्य सकलशून्यता-प्रसंगात्। नित्यस्यैकस्वरूपत्वात् एकरूपस्यार्थक्रियाकारित्वाभावः, अर्थक्रियाकारित्वाभावे द्रव्यस्याप्य-

---

स्वभाव यद्यपि परस्पर विरोधी दिखाई देते है किन्तु नयदृष्टिसे विरोधी नही है। एक ही द्रव्य स्वरूपकी अपेक्षा अस्तिस्वभाव है तो पररूपकी अपेक्षा नास्तिस्वभाव है। द्रव्य दृष्टिसे नित्य है तो पर्याय दृष्टिसे अनित्य है। गुण गुणी आदि संज्ञा भेदसे भेदस्वभाव है तो अखण्ड होनेसे अभेदस्वभाव है। इसी प्रकार अन्य भावोके सम्बन्धमें भी जानना चाहिए। किन्तु विशेष स्वभावोमें चैतन्य स्वभाव भी है और अचेतन स्वभाव भी है। मूर्त-अमूर्तस्वभाव भी है, एक प्रदेश अनेकप्रदेश स्वभाव भी है और ये सभी स्वभाव जीव-द्रव्य और पुद्गलद्रव्यमें बतलाये है। अर्थात् जीव अचेतन स्वभाव भी है और पुद्गल चेतन स्वभाव भी है। जीव मूर्तस्वभाव भी है और पुद्गल अमूर्तस्वभाव भी है। यह बात अवश्य ही श्रोताको खटक सकती है क्योकि जीवका विशेष गुण चेतना है और पुद्गलका विशेष गुण अचेतनपना है। ये दोनो विशेष स्वभाव एक ही द्रव्यमें कैसे रह सकते है, यह शका होना स्वाभाविक है। इसीके समाधानके लिए ग्रन्थकारने गाथामें 'नयदृष्टिसे' लिखा है। नयदृष्टिसे जीव भी अचेतन मूर्त और एक प्रदेश स्वभाव होता है और पुद्गलद्रव्य चेतन, अमूर्त और अनेक प्रदेश स्वभाव होता है। व्यवहारनयके भेदोमें एक असद्भूत व्यवहारनय भी है। अन्य द्रव्यके धर्मका अन्य द्रव्यमें आरोपण करनेको असद्भूत व्यवहारनय कहते है। जीव और पुद्गल कर्म नोकर्म अनादिकालसे दूध और पानीकी तरह परस्परमें मिले हुए है। इस निमित्त नैमित्तिक सम्बन्धको लेकर असद्भूत व्यवहारनयमे पुद्गलके अचेतनत्व और मूर्तत्व धर्मका आरोप चेतनमें किया जाता है और जीवके चेतनत्व और अमूर्तत्व धर्मका आरोप पुद्गलमें किया जाता है। अत. असद्भूत व्यवहारनयसे जीव भी अचेतन स्वभाव और मूर्तस्वभाव है तथा पुद्गल भी चेतन स्वभाव और अमूर्त स्वभाव है। पुद्गलका एक परमाणु एक प्रदेश स्वभाव और शुद्ध स्वभाव वाला है किन्तु अन्य परमाणुओके साथ मिलकर स्कन्धरूप परिणत होने पर अनेक प्रदेश स्वभाव और अशुद्ध स्वभाववाला है। इसी तरह जीव स्वभावसे अनेक प्रदेश स्वभाव और शुद्ध स्वभाववाला है। किन्तु कर्मबन्धके कारण अशुद्ध स्वभाववाला है। 21-10 97

इस प्रकार जीव और पुद्गल द्रव्य में नयदृष्टिमे सभी सामान्य और विशेष स्वभाव रहते हैं। किन्तु धर्मद्रव्य अधर्म द्रव्य और आकाश द्रव्य मे चेतन स्वभाव, मूर्तस्वभाव, विभाव स्वभाव, एकप्रदेश स्वभाव और अशुद्ध स्वभाव ये पाच स्वभाव उपचारसे भी नही पाये जाते है क्योकि ये द्रव्य किसी अन्य द्रव्यसे न तो बन्धको प्राप्त होते है और न इनमे संसारी जीवकी तरह संकोच विस्तार होता है। इसलिए इन तीनोमें सोलह-सोलह स्वभाव ही होते है। कालद्रव्यमें बहु प्रदेश स्वभाव नही है क्योकि कालके अणु रत्नोकी राशिकी तरह पृथक्-पृथक् स्थित है अत. कालद्रव्य एकप्रदेश स्वभाव है। किन्तु कालद्रव्यमें उपचरित स्वभाव नही माना जाता इसलिए उसमे पन्द्रह स्वभाव ही होते है। 21.10.97

आगे एकान्तवादमें दोष बतलाकर अनेकान्तवादकी व्यवस्था करते हैं—वस्तुको सर्वथा एकान्तसे सद्रूप माननेपर नियत अर्थव्यवस्था नही हो सकती, क्योकि एक वस्तु अन्य वस्तु स्वरूप हो जानेसे संकर आदि दोषोका प्रसंग आता है। जब वस्तु सर्वथा सत् है तो जैसे वह स्वरूपकी अपेक्षा सत् है वैसे ही पर रूपकी अपेक्षा भी सत् हो जायेगी और तब घट घट ही है पट नही है तथा पट पट ही है घट नही है इस प्रकारकी प्रतिनियत अर्थव्यवस्था नही बन सकेगी क्योकि प्रत्येक वस्तु स्वरूपकी तरह पररूपसे भी सत् माननी होगी उसके माने बिना सर्वथा सत्पना नही बन सकता। तथा वस्तुको सर्वथा असत् मानने पर सकल शून्यताका प्रसग आता है क्योकि वैसा माननेपर संसारमे कुछ भी सत् नही हो सकता। वस्तुको

---

१ [ ] एतदन्तर्गत. पाठ 'आ' प्रतौ नास्ति। क प्रतौ 'नानास्वभावसंयुक्त' इत्यादि श्लोकद्वयं तु मूलपाठे लिखितमस्ति, अन्यच्च सर्व टिप्पणरूपेण।

भावः। अनित्यपक्षेऽपि निरन्वयत्वादर्थक्रियाकारित्वाभावे द्रव्यस्याप्यभावः। एकरूपस्यैकान्तेन विशेषाभावः सर्वथैकरूपत्वात्। विशेषाभावे सामान्यस्याप्यभावः। अनेकपक्षेऽपि तथा द्रव्याभावो निराधारत्वात्। भेदपक्षेऽपि विशेषस्वभावानां निराधारत्वादर्थक्रियाकारित्वाभावः। अर्थक्रियाकारित्वाभावे द्रव्यस्याप्यभावः। अभेदपक्षेऽपि सर्वथैकरूपत्वादर्थक्रियाकारित्वाभावः। अर्थक्रियाकारित्वाभावे द्रव्यस्याप्यभावः। भव्यस्यैकान्तेन परपरिणत्या संकरादिदोषसंभवः। अभाव्यस्यापि तथा शून्यताप्रसगः स्वरूपेणाप्यभवनात्। स्वभावरूपस्यैकान्तेन संसाराभावः। विभावपक्षेऽपि तथा मोक्षस्यासभवः। चैतन्यमेवेत्युक्ते सर्वेषा शुद्धज्ञानचैतन्यावाप्तिर्भवेत्। तथा अचैतन्यपक्षेऽपि सकलचैतन्योच्छेदः स्यात्। मूर्तस्यैकान्तेनात्मनो न मोक्षावाप्तिः स्यात्। अमूर्तस्यापि आत्मनस्तथा संसारविलोपः स्यात्। एकप्रदेशस्यैकान्तेनात्मनोऽनेकक्रियाकारित्वहानिः स्यात्। अनेकप्रदेशत्वेऽपि तथा तस्य नार्थक्रियाकारित्व स्वस्वभावशून्यताप्रसंगात्। शुद्धस्यैकान्तेनात्मनो न कर्मकलङ्कावलेपः सर्वथा निरञ्जनत्वात्। अशुद्धस्यापि तथात्मनो न कदाचिदपि शुद्धबोधप्रसंगः स्यात्तन्मयत्वात्। उपचरितै-

---

सर्वथा नित्य माननेपर उसमे कोई भी परिवर्तन नही हो सकता अत. उसे सर्वथा एकरूप मानना होगा। सर्वथा एकरूप वस्तु कुछ भी कार्य नही कर सकती। अतः उसमे अर्थक्रिया नही हो सकती। अर्थक्रिया ही सत्का लक्षण है। अतः अर्थक्रियाके अभावमे द्रव्यका भी अभाव हो जायेगा। सर्वथा अनित्य (क्षणिक) मानने पर भी वस्तु उत्पन्न होते ही सर्वथा नष्ट हो जायेगी तब वह अर्थक्रियाकारी कैसे हो सकती है और अर्थक्रियाकारित्वके अभावमें द्रव्यका भी अभाव हो जायेगा। वस्तुको सर्वथा एकरूप माननेपर विशेषका अभाव हो जायेगा। और विशेषके अभावमें सामान्यका भी अभाव हो जायेगा क्योकि विशेषके बिना अकेला सामान्य नही रहता। वस्तुको सर्वथा अनेक माननेपर द्रव्यका अभाव हो जायेगा। तथा द्रव्यके अभावमे आधारके बिना अनेक रूप कहाँ रहेंगे अत. उनका भी अभाव हो जायेगा। सर्वथा भेद पक्षमे भी गुण गुणीसे सर्वथा भिन्न होनेपर निराधार हो जायेंगे और निराधार होनेसे उनमें अर्थक्रिया नही हो सकेगी, वे कुछ कार्य नही कर सकेंगे। और ऐसी स्थितिमे गुणी द्रव्यका भी अभाव हो जायेगा। सर्वथा अभेद पक्षमे भी नित्यपक्षकी तरह वस्तु सर्वथा एकरूप होनेसे अर्थक्रिया नही कर सकती और अर्थक्रियाके अभावमे द्रव्यका अभाव सुनिश्चित है।

यदि एकान्तसे वस्तुको भव्यस्वभाव माना जायेगा तो उसके पररूप परिणमन करनेसे संकर आदि दोष सम्भव है। और सर्वथा अभव्य स्वभाव माननेपर वस्तुकी शून्यताका प्रसंग आता है क्योकि वस्तु स्वरूपसे भी परिणमन नही कर सकेगी। सर्वथा स्वभाव रूप माननेपर जीव और पुद्गलका कभी मेल ही नही होगा और तब ससारका ही अभाव हो जायेगा क्योकि ससार तो स्वभावदशामें नही होता विभावदशा में होता है। इसी तरह सर्वथा विभावरूप माननेपर कभी किसी जीवका संसारके बन्धनसे छुटकारा नही होगा। अत. मोक्षका अभाव हो जायेगा। यदि सबको केवल चैतन्य स्वरूप ही माना जायेगा तो सभी शुद्ध ज्ञान चैतन्यमय हो जायेंगे। इसी तरह केवल अचैतन्य स्वभावको ही स्वीकार करनेपर समस्त चैतन्य स्वभावका उच्छेद हो जायेगा। यदि आत्माको एकान्तरूपसे मूर्त माना जायेगा तो उसे कभी मोक्षकी प्राप्ति नही हो सकेगी। इसी तरह आत्माको सर्वथा अमूर्त माननेपर ससारका ही लोप हो जायेगा क्योकि सर्वथा अमूर्त आत्मा कर्मबन्धनसे बद्ध नही हो सकता और कर्मबन्धनसे बद्ध हुए बिना संसारका प्रवर्तन नही हो सकता। यदि आत्माको सर्वथा एकप्रदेशी माना जायेगा तो वह अनेक प्रकारकी क्रियाएँ नही कर सकेगा। इसी तरह सर्वथा अनेकप्रदेशी माननेपर भी आत्मा अर्थक्रियाकारी नही हो सकता क्योकि स्वभावशून्यताका प्रसंग आता है।

आत्माको एकान्तसे शुद्ध माननेपर उसपर कर्ममल रूपी कलंकका लेप नही चढ सकता; क्योकि वह सर्वथा निर्मल है। यदि सर्वथा निर्मल आत्माके भी कर्ममल रूपी कलंकका अवलेप सम्भव हो तो एक तो

कान्तपक्षेऽपि नात्मज्ञता संभवति नियमितपक्षत्वात्। तथात्मनोऽनुपचरितपक्षेऽपि परज्ञतादीना विरोधः। उभयैकान्तपक्षेऽपि विरोधः एकान्तत्वात्। तर्ह्यनेकान्तेऽपि कस्मान्न भवति। स्याद्वादात्। स च क्षेत्रादिभेदे दृष्टोऽहिनकुलादीनाम्। स च व्याघातकः, सहानवस्थालक्षणः, प्रतिबन्ध्यप्रतिबन्धकश्चेति, अनवस्थानादिक वा। तत्रानवस्थान द्विविध, गुणानामेकाधारत्वलक्षणं गगनतलावलम्बीति (?)। सकरः व्यतिकर अनवस्था अभाव अदृष्टकल्पना दृष्टपरिहाणिः विरोधः वैयधिकरण्यं चेति अष्टदोषाणा एकान्ते सभव।

नानास्वभावसयुक्त द्रव्य ज्ञात्वा प्रमाणतः।
तच्च सापेक्षसिद्धयर्थं स्यान्नयैर्मिश्रितं कुरु ॥१॥
भावः स्यादस्ति नास्तीति कुर्यान्निर्बाधमेव तम्।
फलेन चास्य संबन्धो नित्यानित्यादिक तथा ॥२॥

कर्मबन्धन अहेतुक हो जायेगा और अहेतुक होनेसे उसका विनाश सम्भव नही होगा। यदि कदाचित् सम्भव भी हो तो शुद्ध होनेपर वह पुन कर्ममलसे लिप्त हो जायेगा। यदि आत्माको सर्वथा अशुद्ध माना जायेगा तो उसे कभी भी शुद्धता प्राप्त नही हो सकेगी क्योकि वह तो सर्वथा अशुद्ध है। आत्माको सर्वथा उपचरित-स्वभाव मानने पर आत्मामे आत्मज्ञता नही बनेगी और सर्वथा अनुपचरित स्वभाव माननेपर परज्ञता आदि नही बनेगी। इसका आशय यह है कि स्वभावका अन्यत्र उपचार करनेको उपचरित स्वभाव कहते है तो अनुपचरित स्वभावसे तो आत्मा आत्मज्ञ है और उपचरित स्वभावसे परवस्तुका ज्ञाता है। इन दोनोमें-से किसी एक स्वभावको एकान्त रूपसे मानने पर दूसरा नही बनेगा। अत. या तो आत्मा केवल आत्मज्ञ ही बन सकेगा या केवल परज्ञाता ही हो सकता है। दोनो एकान्तोको एक साथ माननेमें भी विरोध आता है क्योकि दो एकान्तोका एक साथ रहना सम्भव नही है अर्थात् एक ही वस्तु सर्वथा नित्य भी हो और सर्वथा अनित्य भी हो यह कैसे सम्भव हो सकता है। एकान्त रूपसे या तो नित्यता ही सम्भव है या अनित्यता ही सम्भव है। हाँ, अनेकान्तवादमें दो परस्पर विरोधी प्रतीत होनेवाले धर्म अपेक्षा भेदसे एक साथ एक वस्तु-में रह सकते है। उसमें कोई विरोध नही है। विरोध तीन प्रकारका होता है—सहानवस्थान रूप, परस्पर परिहार स्थितिरूप और वध्यघातक रूप। सहानवस्थानरूप विरोध तो सम्भव नही है क्योकि एक ही वस्तुमें भेद अभेद, सत्त्व असत्त्व आदि धर्म अपेक्षा भेदसे देखे जाते है। परस्पर परिहारस्थिति रूप विरोध तो एक आम्रफलमें रूप और रसकी तरह एक साथ रहनेवाले दो धर्मोमे ही सम्भव होता है। वध्यघातक भावरूप विरोध भी सर्प और नेवलेकी तरह बलवान् और कमजोरमें ही होता है। किन्तु एक ही वस्तुमें रहनेवाले सत्त्व असत्त्व, भेद अभेद, नित्य अनित्य आदि धर्म तो समान बलशाली है अत. उनमें यह विरोध भी सम्भव नही है। हाँ, एकान्तवादमें ही संकर, व्यतिकर, अनवस्था, अभाव, अदृष्टकल्पना, दृष्टहानि, विरोध और वैयधिकरण नामक आठ दोष आते हैं।

इस प्रकार प्रमाणके द्वारा नाना स्वभावोसे सयुक्त द्रव्यको जानकर उसकी सापेक्ष सिद्धिके लिए नयोसे उन्हें मिलाना चाहिए। अर्थात् नयोके द्वारा द्रव्यके नाना स्वभावोको जानना चाहिए कि किस अपेक्षा से द्रव्यमें कौन स्वभाव है।

इस प्रकार नयोकी योजना करनेसे पदार्थ बिना किसी प्रकारकी बाधाके कथचित् अस्ति और कथचित् नास्ति, कथचित् नित्य, कथचित् अनित्य आदि सिद्ध होता है और ऐसा होनेसे जो करता है वही उसका फल भोगता है।

---

१ अष्टौ दोषा एकान्तसंभवा। श्लोक—अ० ज०।

स्वभावस्वभाविनोः स्वरूपं प्रमाणनयविषयं व्याचष्टे—

अत्थित्ताइसहावा दव्वा सब्भाविणो ससब्भावो।
[1]उहयं जुगवपमाणं गहइ णओ गउणमुक्खभावेण ॥७०॥

स्याच्छब्दरहितत्वेन दोषमाह—

सियसद्देण विणा इह विसयं दोण्हं पि जे वि गिण्हंति।
मोत्तूण अमियभोज्जं विसभोज्जं ते विभुंजति[2] ॥७१॥
सियसद्देण य पुट्ठा बेंति णयत्था हु वत्थुसब्भावं।
वत्थू जुत्तीसिद्धं जुत्ती पुण णयपमाणादो ॥७२॥

स्वभाव और स्वभाववान्का स्वरूप तथा प्रमाण और नयका विषय कहते है--

अस्तित्व आदि धर्म तो स्वभाव है। और अस्तित्व आदि स्वभाववाले द्रव्य स्वभाववान् हैं। जो इन दोनोंको युगपत् ग्रहण करता है वह प्रमाण है और जो दोनोमे-से एकको गौण और एकको मुख्य करके ग्रहण करता है वह नय है ॥७०॥

विशेषार्थ—स्वभाव और धर्म एकार्थक है तथा स्वभाववान् और धर्मी एकार्थक हैं। धर्मी या स्वभाववान् तो जीवादि द्रव्य है। और जीवादि द्रव्योमे रहनेवाले अस्तित्व आदि धर्म स्वभाव है। स्वभाव स्वभाववान्से न तो सर्वथा भिन्न ही होते है और न सर्वथा अभिन्न ही होते है किन्तु कथंचित् भिन्न और कथंचित् अभिन्न होते है। इसीसे वस्तु भेदाभेदात्मक है। स्वभाववान्की अपेक्षा अभेदात्मक है और स्वभावकी अपेक्षा भेदात्मक है क्योकि स्वभाववान् एक होता है और स्वभाव अनेक होते है। स्वभावविशिष्ट स्वभाववान् प्रमाणका विषय है। इसीको इस तरह भी कह सकते है कि द्रव्यपर्यायात्मक वस्तु प्रमाणका विषय है क्योकि प्रमाण सकलग्राही है। किन्तु स्वभाववान् या द्रव्यको मुख्य और स्वभावोको गौण करके या स्वभावोको मुख्य और स्वभाववान्को गौण करके ग्रहण करनेवाला ज्ञान नय है। जैसे वस्तु द्रव्यरूपसे नित्य है या पर्यायरूपसे अनित्य है वह नय है। पहलेमें द्रव्यता मुख्य है स्वभाव गौण है। दूसरेमे स्वभाव मुख्य है द्रव्यता गौण है। इस गौणता और मुख्यताकी उपेक्षा करके जो वस्तुको केवल नित्य ही या केवल अनित्य ही जानना और मानना है वह नय नही है दुर्नय है।

आगे 'स्यात्' शब्दका प्रयोग न करनेमे दोष बतलाते है—

जो 'स्यात्' शब्दके बिना प्रमाण और नयके विषयको ग्रहण करते हैं वे अमृतमय भोजनको छोड़कर विषमय भोजन करते है। 'स्यात्' शब्दसे युक्त नयार्थ—नयके विषयभूत पदार्थ वस्तुके स्वभावको कहते हैं। वस्तु युक्तिसिद्ध है और युक्ति नय और प्रमाणसे सम्बद्ध है ॥७१-७२॥

विशेषार्थ—वस्तु अनेकान्तात्मक है। उसको पूर्णरूपसे प्रमाण जानता है और एकदेश रूपसे नय जानता है। प्रमाण स्वार्थ भी होता है और परार्थ भी होता है। ज्ञानात्मक स्वार्थ होता है और वचनात्मक परार्थ होता है। अर्थात् ज्ञाता अपने जिस ज्ञानसे स्वयं वस्तुको जानता है वह स्वार्थ है और जब वचनके द्वारा दूसरोके लिए उसका कथन करता है तो वह परार्थ है। इसीलिए परार्थ प्रमाण वचनात्मक होता है। ज्ञानमे और शब्दमें एक बड़ा अन्तर है। ज्ञान अनेकान्तात्मक वस्तुको एक साथ एक समयमें जान सकता है किन्तु शब्द वस्तुके अनेक धर्मोंको एक साथ नही कह सकता। शब्दके द्वारा जब भी वस्तुका कथन किया जायेगा,

---

१. 'तदुक्तं—अर्थस्यानेकरूपस्य धी प्रमाणं, तदंशधी। नयो धर्मान्तरापेक्षी दुर्णयस्तान्निराकृति ॥ इति। तदनेकान्तप्रतिपत्ति. प्रमाणमेकधर्मप्रतिपत्तिर्नयस्तत्प्रत्यनीकप्रतिक्षेपो दुर्णय, केवलविपक्षविरोधदर्शनेन स्वपक्षाभिनिवेशात्।'—अष्टशती-अष्टसहस्री पृ० २९०। २. ते वि कुव्वंति अ० क० ख० ज० मु०।

इय पुव्वुत्ता धम्मा सियसावेक्खा ण गिण्हए जो हु ।
सो इह मिच्छाइट्ठी णायव्वो पवयणे भणिओ ॥७३॥

एक धर्म मुखेन ही किया जायेगा । जैसे वस्तु अस्तिस्वरूप भी है और नास्तिस्वरूप भी है । किन्तु जब हम शब्दके द्वारा उसको कहेंगे तो या तो अस्तिस्वरूप ही कहेंगे या नास्तिस्वरूप ही कहेंगे, दोनो धर्मोका कथन एक साथ नही कर सकते । इसके सिवाय दूसरी महत्त्वपूर्ण बात यह है कि शब्दकी प्रवृत्ति वक्ताके अधीन है । वक्ता वस्तुके अनेक धर्मोमें-से किसी एक धर्मकी मुख्यतासे वचन व्यवहार करता है । जैसे देवदत्तको एक ही साथ उसका पिता भी पुकारता है और पुत्र भी पुकारता है—पिता उसे 'पुत्र' कहकर पुकारता है और पुत्र उसे 'पिता' कहकर पुकारता है । किन्तु देवदत्त न केवल पिता ही है और न केवल पुत्र ही है । वह पिता भी है और पुत्र भी है । अपने पुत्रकी अपेक्षा वह पिता है और अपने पिताकी अपेक्षा पुत्र है । अत पुत्रकी दृष्टिसे उसका पितृत्वधर्म मुख्य है शेषधर्म गौण है । और पिताकी दृष्टिसे पुत्रत्वधर्म मुख्य है शेष धर्म गौण है । इसीसे अनेक धर्मात्मक वस्तुमें जिस धर्मकी विवक्षा होती है वह धर्म मुख्य कहा जाता है और शेष धर्म गौण । इस तरह जब वस्तु अनेक धर्मात्मक है और शब्दमें इतनी शक्ति नही है कि वस्तुके उन अनेक धर्मोका कथन एक साथ कर सके । तथा जब प्रत्येक वक्ता भी अपने-अपने अभिप्रायके अनुसार वचन-व्यवहार करता है तो वस्तुका यथार्थ स्वरूप समझनेमें श्रोताको कोई धोखा न हो, इसलिए अनेकान्तवादी जैनदर्शनमे स्याद्वाद सिद्धान्तका आविष्कार हुआ । 'स्यात्' शब्दका अभिप्राय कथचित् या किसी अपेक्षासे है । यह 'स्यात्' शब्द अनेकान्तका वाचक है । जैन दृष्टिके अनुसार यह 'स्यात्' शब्द प्रत्येक वाक्यके साथ गुप्त रूपसे सम्बद्ध रहता है । अत जब कोई किसी वस्तुको सत् या असत् कहता है तो उसका यही अभिप्राय लेना चाहिए कि वस्तु स्यात् सत् है या स्यात् असत् है । क्योकि न तो कोई वस्तु सर्वथा सत् हो सकती है और न सर्वथा असत् हो सकती है । इसीसे ग्रन्थकारने स्यात् शब्दकी उपयोगिता बतलायी है और उसके अभावमें हानि बतलायी है । जैसे कोई पदार्थ सर्वथा एकान्तात्मक नही है वैसे ही कोई वाक्यार्थ भी सर्वथा एकान्तात्मक नही है । तथा जैसे ज्ञान प्रमाण और नयरूप है वैसे ही वाक्य भी प्रमाण और नयरूप होते है । प्रमाण और नयमें जो अन्तर है वही अन्तर प्रमाणवाक्य और नयवाक्यमें है । एकधर्मके द्वारा अनेकान्तात्मक वस्तुका कथन करनेवाला प्रमाणवाक्य है और इतर धर्मसापेक्ष एकधर्मका कथन करनेवाला नयवाक्य है । दोनो ही प्रकारके वाक्योमें 'स्यात्' शब्दका प्रयोग आवश्यक है । यदि उसका प्रयोग न भी किया गया हो तो भी यह समझना चाहिए कि स्यात् पद उसके साथ गुप्तरूपसे सम्बद्ध है । इससे वक्ताके अभिप्रायके अनुसार वस्तुके स्वरूपको समझनेमें विपरीतता होनेकी सम्भावना नही रहती । किन्तु जो इस अपेक्षाभेदको स्वीकार नही करते और वस्तुको सर्वथा एकान्तात्मक मानते है वे वस्तुके यथार्थस्वरूपको नही जानते । यही बात आगे कहते है—

इस प्रकार जो पूर्वोक्त धर्मोको 'स्यात्' सापेक्ष ग्रहण नही करता है उसे मिथ्यादृष्टि जानना चाहिए, ऐसा आगममे कहा है ॥७३॥

विशेषार्थ—वस्तुस्वरूपको यथार्थ देखनेकी जिसकी दृष्टि ठीक नही है उसे मिथ्यादृष्टि कहते है । वस्तु अनेकान्तात्मक है—परस्परमें विरोधी प्रतीत होनेवाले अनन्त धर्मोका एक अखण्ड पिण्ड है । वह न केवल सत् है और न केवल असत् है किन्तु सदसदात्मक है । न केवल नित्य है और न केवल अनित्य है किन्तु नित्यानित्यात्मक है । न सर्वथा भेदरूप है और न सर्वथा अभेदरूप है किन्तु भेदाभेदात्मक है । ऐसी वस्तुको जो सर्वथा सत्, सर्वथा नित्य और सर्वथा अभेदरूपसे देखता है वह मिथ्यादृष्टि है । इसी तरह जो उसे सर्वथा असत् सर्वथा अनित्य या सर्वथा भेदरूप देखता है वह भी मिथ्यादृष्टि है । किन्तु जो उसे सदसदात्मक, भेदाभेदात्मक और नित्यानित्यात्मक देखता है वह सम्यग्दृष्टि है । वह जानता है कि वस्तु स्यात् सत् है स्यात् असत् है, स्यात् नित्य है, स्यात् अनित्य है आदि । अत इस ग्रन्थमें वस्तुमे जो स्वभाव बतलाये है वे सब स्यात् शब्दसे ही जानने चाहिए, सर्वथा नही ।

कर्मजक्षायिकस्वाभाविकस्वभावानां संख्यां स्वरूपं चाह—

चारिवि कम्मे[1] जणिया एक्को खाईय इयर परिणामी ।
भावा जीवे भणिया णयेण सव्वेवि णायव्वा ॥७४॥
[2]ओदयिओ उवसमिओ खओवसमिओ वि ताण खलु भेओ ।
तेसिं खयादु खाई परिणामी उहयपरिचत्तो ॥७५॥

आगे जीवके कर्मजन्य, क्षायिक और स्वाभाविक भावोकी सख्या और स्वरूप बतलाते है—

जीवमें चार भाव कर्मजन्य कहे है, एक भाव क्षायिक है, एक पारिणामिक है। ये सभी भाव नयके द्वारा जानने चाहिए ॥७४॥ औदयिक, औपशमिक, क्षायोपशमिक ये उन भावोके भेद हैं। कर्मोंके क्षयसे क्षायिकभाव होता है और जो भाव न तो कर्मजन्य है और न कर्मोके क्षयसे होता है वह पारिणामिक है ॥७५॥

विशेषार्थ—जीवके पाँच भाव बतलाये हैं—औदयिक, औपशमिक, क्षायोपशमिक, क्षायिक और पारिणामिक। इनमें से प्रारम्भके चार भाव कर्मजन्य हैं—कर्मोके निमित्तसे होते है। संसारी जीव अनादि-कालसे कर्मोसे बद्ध है। अत संसार अवस्थामें रहते हुए उसके कर्मोके निमित्तसे होने वाले भाव होते है ऐसे भाव केवल चार है। उदय, उपशम, क्षय और क्षयोपशम ये चारो कर्मकी अवस्थाएँ है। कर्मोके फलदानको उदय कहते है। उदयके निमित्तसे जो भाव होते है उन्हे औदयिक कहते है। औदयिक भाव इक्कीस हैं—४ गति, ४ कषाय, ३ तीन लिंग, १ मिथ्यादर्शन, १ अज्ञान, १ असंयम, १ असिद्धत्व, ६ लेश्या। गतिनाम कर्मके उदयसे गति होती है। गति चार है—नरक गति, तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति और देवगति। यह गति नामकर्म जीव विपाकी है अत नरक गति नामकर्मके उदयसे नारक भाव होता है, तिर्यञ्च गतिनाम कर्मके उदयसे तिर्यञ्चभाव होता है। इसी तरह मनुष्य गति नाम कर्मके उदयसे मानुष भाव और देवगति नाम कर्म के उदयसे देवसम्बन्धी भाव होता है। आशय यह है कि प्रत्येक गतिमें उस गतिके अनुसार जीवोके भाव भी भिन्न-भिन्न होते है। चूँकि उन भावोके होनेमें गतिनाम कर्मका उदय निमित्त पडता है, इसलिए उन्हे औदयिक कहते है। मोहनीय कर्मके मूल भेद दो है—दर्शन मोहनीय और चारित्र मोहनीय। चारित्र मोहनीयका भेद कषाय वेदनीय है। कषाय चार हैं—क्रोध, मान, माया, लोभ। क्रोधकषायके उदयमें क्रोध रूप भाव होता है। इसी तरह मान माया और लोभ कषायके उदयमें मान, माया और लोभ रूप भाव होते है। अत. कषाय भी औदयिक भाव है। तत्त्वार्थश्रद्धान रूप आत्मभावका नाम सम्यग्दर्शन है और सम्यग्दर्शन की विकाररूप अवस्थाका नाम मिथ्यादर्शन है उसमें निमित्त मिथ्यादर्शन कर्मका उदय है। अत. मिथ्यादर्शन कर्मके उदयसे होनेवाले तत्त्वार्थ अश्रद्धान रूप परिणाम को मिथ्यादर्शन कहते है अतः मिथ्यादर्शन भी औदयिक है। ज्ञानावरण कर्मके उदयसे जो पदार्थोका ज्ञान नही होता वह अज्ञान भी औदयिक है। जब तक जीवको केवलज्ञानकी प्राप्ति नही होती तब तक वह अज्ञानी माना जाता है और तभी तक उसके ज्ञानावरण कर्मका उदय रहता है अत अज्ञान औदयिक भाव है। चारित्र मोहनीय कर्मके सर्वघाती स्पर्द्धको के उदयसे असंयम रूप भाव होता है अतः असंयम भी औदयिक भाव है। जब तक किसी भी कर्मका उदय रहता है तब तक सिद्धत्वभाव नही होता अतः असिद्धत्व भी औदयिक भाव है। लेश्याके दो प्रकार है—द्रव्यलेश्या और भावलेश्या। जीवके भावोमे भावलेश्या ही ली गयी है। कषायके उदयसे अनुरक्त मन वचन कायकी प्रवृत्तिको भावलेश्या कहते है। चूँकि लेश्यामे कषायका उदय रहता है अत लेश्या भी औदयिकी है। यहाँ यह शंका हो सकती है कि यदि कषायके उदयके कारण लेश्याको औदयिकी कहते है तो कषायका उदय तो कषायमें आ जाता है अतः कषायसे भिन्न लेश्या क्यो कही ? इसका समाधान यह है

---

१ कम्मज—ज०। २. 'औपशमिकक्षायिकौ भावौ मिश्रश्च जीवस्य स्वतत्त्वमौदयिकपारिणामिकौ च' ॥ तत्त्वार्थ सू० २।१।

कि योग और कषाय मिलकर लेश्याभाव रूप होते है और लेश्याका कार्य केवल योग या केवल कषायके कार्यसे भिन्न है वह है संसारकी वृद्धि। अत लेश्या पृथक् मानी गयी है। दूसरी शंका यह हो सकती है कि आगममें ग्यारहवें, बारहवे, और तेरहवें गुणस्थानोमें शुक्ललेश्या कही है किन्तु उनमें कषायका उदय नही है। कषायका उदय दसवें गुणस्थान तक ही होता है। तब वहाँ लेश्यामें औदयिकभावपना कैसे घटित होगा। इसका समाधान यह है कि एक नयका नाम पूर्वभाव प्रज्ञापन है। वह नय पुरानी बीती बातोकी विवक्षासे वस्तुस्वरूपका प्रतिपादन करता है। अतः इस नयकी अपेक्षासे जो मन वचन कायकी प्रवृत्ति कषायके उदयसे अनुरजित थी वही ग्यारहवें आदि गुणस्थानोमें भी है इस तरह उपचारसे उसे औदयिकी कहते है (सर्वार्थसिद्धि २।६)। इस तरह कषायके उदयको लेकर लेश्याको औदयिक कहा गया है। कषायके उदयके छह प्रकार है—तीव्रतम, तीव्रतर, तीव्र, मन्द, मन्दतर और मन्दतम। कषायके उदयके इन छह प्रकारोके क्रमसे लेश्या भी छह बतलायी है—कृष्णलेश्या, नीललेश्या, कापोतलेश्या, पीतलेश्या, पद्मलेश्या, शुक्ललेश्या। इस तरह औदयिक भावके इक्कीस भेद हैं। कर्मके उपशमसे होनेवाले भावको औपशमिक भाव कहते हैं। कर्मको उदयके अयोग्य कर देनेका नाम उपशम है जैसे कीचड़ मिश्रित पानीमें निर्मली डाल देनेसे कीचड़ नीचे बैठ जाता है और ऊपर निर्मल जल रहता है। औपशमिक भाव दो है—औपशमिक सम्यक्त्व और औपशमिक चारित्र। अनन्तानुबन्धी क्रोध मान माया लोभ मिथ्यात्व सम्यक् मिथ्यात्व और सम्यक्त्व मोहनीयकर्म, इन सात प्रकृतियोके उपशमसे जो तत्त्वार्थश्रद्धान होता है उसे औपशमिक सम्यक्त्व कहते है। भव्यजीवको सबसे प्रथम औपशमिक सम्यक्त्व ही होता है। और अन्तर्मुहूर्त काल तक रहता है। मोहनीय कर्मकी शेष इक्कीस प्रकृतियोके उपशमसे औपशमिक चारित्र होता है। इस तरह यह दो भाव औपशमिक है। यहाँ इतना विशेष जानना कि उपशम सम्यक्त्वके दो भेद है—प्रथमोपशम सम्यक्त्व और द्वितीयोपशम सम्यक्त्व। अनादि मिथ्या दृष्टिके पाँच और सादि मिथ्यादृष्टिके सात प्रकृतियोके उपशमसे जो सम्यक्त्व होता है उसे प्रथमोपशम सम्यक्त्व कहते है। यह सम्यक्त्व चौथेसे सातवें गुणस्थान तक ही होता है। सातवे गुणस्थानमें क्षायोपशमिक सम्यग्दृष्टिजीव जब उपशमश्रेणि चढनेके अभिमुख होता है तो अनन्तानुबन्धी क्रोध मान माया लोभका विसंयोजन करके दर्शनमोहनीयकी तीन प्रकृतियोका उपशम करता है उससे जो सम्यक्त्व प्राप्त होता है वह द्वितीयोपशम सम्यक्त्व है। वर्तमान निषेकमें सर्वघाती स्पर्द्धकोका उदयभावी क्षय और आगामी कालमें उदय आने वाले निषेकोका सदवस्थारूप उपशम तथा देशघाती स्पर्द्धकोका उदय, ऐसी कर्मकी अवस्थाको क्षयोपशम कहते हैं और उससे होने वाले भावोको क्षायोपशमिक भाव कहते है। क्षायोपशमिक भाव १८ हैं—मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मन.पर्ययज्ञान, कुमतिज्ञान, कुश्रुतज्ञान, कुअवधिज्ञान, चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन, अवधिदर्शन, दान, लाभ, भोग उपभोग, वीर्य, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक चारित्र और संयमासंयम। ये सभी भाव अपने अपने आवारक ज्ञानावरण, दर्शनावरण, अन्तराय और मोहनीय कर्मके क्षयोपशमसे होते हैं। ऊपर जो क्षयोपशमका लक्षण कहा गया है सर्वत्र वही पाया जाता है किन्तु आचार्य वीरसेनने श्रीधवलामें उसका निषेध किया है। उनके अनुसार—दर्शनमोहनीय कर्मकी देशघाती सम्यक्त्व प्रकृतिके उदयसे उत्पन्न होनेवाला सम्यक्त्व भाव क्षायोपशमिक है। सम्यक्त्व प्रकृतिके स्पर्धकोकी क्षय संज्ञा है क्योकि उनमें सम्यग्दर्शनको रोकनेकी शक्तिका अभाव है। मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व प्रकृतियोके उदयके अभावको उपशम कहते हैं इस प्रकार इन क्षय और उपशमसे उत्पन्न होनेसे सम्यक्त्व भावको क्षायोपशमिक कहते है—[षट्खण्डा०, पु० ५, पृ० ११०-१११]। कर्मोंके क्षयसे प्रकट होने वाले भावको क्षायिक कहते हैं। क्षायिक भावके नौ भेद है—केवलज्ञान, केवलदर्शन, क्षायिकदान, क्षायिकलाभ, क्षायिक भोग, क्षायिक उपभोग, क्षायिक वीर्य, क्षायिक सम्यक्त्व और क्षायिक चारित्र। ज्ञानावरण कर्मके अत्यन्त क्षयसे प्रकट होनेवाला केवलज्ञान क्षायिक है। इसी तरह दर्शनावरण कर्मके अत्यन्त क्षयसे प्रकट होने वाला केवलदर्शन क्षायिक है। दानान्तराय कर्मके अत्यन्त क्षयसे प्रकट हुआ अभयदान क्षायिक है। उसी भावके कारण केवलज्ञानीके द्वारा अनन्त प्राणियोका उपकार होता है

हेयोपादेयत्वं स्वभावानां दर्शयति—

हेया कम्मे जणिया भावा खयजा हु मुणसु फलरूवा ।
ज्ञेओ त्ताणं भणिओ परमसहावो हु जीवस्स ॥७६॥

लाभान्तरायका अत्यन्त क्षय होनेसे भोजन न करनेवाले केवली भगवान्‌के शरीरको बल देने वाले जो परम शुभ सूक्ष्म नोकर्म पुद्गल प्रति समय केवलीके द्वारा ग्रहण किये जाते हैं जिनसे केवलीका औदारिक शरीर बिना भोजनके कुछ कम एक पूर्वकोटी वर्षतक बना रहता है यह क्षायिक लाभका परिणाम है। भोगान्तराय-का अत्यन्त क्षय होनेसे क्षायिक भोग होता है। उसीके कारण सुगन्धित पुष्पोकी वर्षा, मन्द सुगन्ध पवनका बहना आदि होता है। उपभोगान्तराय कर्मके अत्यन्त क्षयसे क्षायिक उपभोग होता है। उसीसे सिंहासन, तीनछत्र, भामण्डल आदि विभूति प्रकट होती है। वीर्यान्तरायकर्मके अत्यन्त क्षयसे क्षायिक वीर्य होता है। मोहनीय कर्मकी उक्त सात प्रकृतियोके क्षयसे क्षायिक सम्यक्त्व होता है और समस्त मोहनीय कर्मके क्षयसे क्षायिक चारित्र होता है। ये चारो ही भाव कर्मजन्य है क्योकि कर्मके ही उदय, उपशम, क्षयोपशम और क्षयरूप अवस्थाका निमित्त पाकर प्रकट होते है। पाँचवाँ पारिणामिक भाव ही ऐसा है जिसमें कर्म निमित्त नही है। वह स्वाभाविक है। उसके मुख्य भेद तीन ही हैं—जीवत्व, भव्यत्व, अभव्यत्व। जीवत्व नाम चैतन्य भावका है। वह जीवका स्वाभाविक भाव होनेसे पारिणामिक है। जिस जीवमें सम्यग्दर्शन आदि परिणामोके होने की योग्यता है वह भव्य है और जिसमें वैसी योग्यता नही है वह अभव्य है। ये दोनो भाव भी स्वाभाविक है। अत. पारिणामिक है।

24-12-97

आगे उक्त स्वभावोमें उपादेय और हेयपना बतलाते है—

कर्मोंसे उत्पन्न होनेवाले भाव हेय हैं—छोड़ने योग्य है। कर्मोके क्षयसे होनेवाले भाव फल रूप जानने चाहिए। उन सब भावोमेसे जीवका परम स्वभाव ही ध्यान करनेके योग्य है ॥७६॥

विशेषार्थ—उक्त भावोमें औदयिक, औपशमिक और क्षायोपशमिक ये तीन भाव कर्मजन्य हैं। क्षायिक भाव केवलज्ञानादिरूप होनेसे यद्यपि वास्तवमें शुद्ध-बुद्ध जीवका स्वभाव है तथापि वह कर्मके क्षयसे उत्पन्न होता है इसलिए उसे उपचारसे कर्मजनित कहा है। किन्तु शुद्ध पारिणामिक भाव कर्म निरपेक्ष ही है। एक प्राचीन गाथामे (जयधवला, भा. १, पृ. ६० में उद्धृत) कहा है कि अध्यात्ममे जो भाव बन्धके कारण है और जो भाव मोक्षके कारण है तथा जो न बन्धके कारण है और न मोक्षके कारण है उन सबको भी जानना चाहिए। औदयिकभाव बन्धके कारण है; औपशमिक, क्षायिक और क्षायोपशमिक भाव मोक्षके कारण है। किन्तु पारिणामिक भाव न तो बन्धका कारण है और न मोक्ष का कारण है।

इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है—औपशमिक, क्षायोपशमिक, क्षायिक और औदयिक ये चार भाव तो पर्यायरूप है और शुद्धपारिणामिक भाव द्रव्य रूप है। तथा परस्पर सापेक्ष उन द्रव्य और पर्यायको आत्मा नामक पदार्थ कहते है। पारिणामिक भाव तीन हैं जीवत्व, भव्यत्व और अभव्यत्व। इन तीनोमे शक्तिरूप शुद्धजीवत्व नामक पारिणामिक भाव शुद्ध द्रव्यार्थिकनयके आश्रित होनेसे निरावरण है अतः उसे शुद्धपारिणा-मिक भाव कहते है। वह बन्ध मोक्ष पर्यायरूप परिणमनसे रहित है। किन्तु दस प्राणरूप जीवत्व और भव्यत्व और अभव्यत्व भाव है वे पर्यायार्थिकनयके आश्रित होनेसे अशुद्धपारिणामिक भाव कहे जाते हैं। इनको अशुद्ध कहनेका कारण यह है कि शुद्धनयसे ससारी जीवोके और सिद्धोके तो सदैव दस प्राणरूप जीवत्व, भव्यत्व और अभव्यत्व भावका अभाव है। इन तीनो पारिणामिक भावोंमे-से भव्यत्वरूप पारिणामिक भावको ढाँकनेवाला मोहनीय कर्म है। जब काललब्धि आदिका निमित्त पाकर भव्यत्व शक्ति प्रकट होती है तब यह जीव सहज शुद्ध पारिणामिकभाव रूप निज आत्मद्रव्यके सम्यग् श्रद्धान ज्ञान और आचरणरूप पर्यायसे

---

१. 'ततो ज्ञायते शुद्धपारिणामिकभावो ध्येयरूपो भवति ध्यानरूपो न भवति। कस्मात्। ध्यानस्य विनश्व-रत्वात्।' समयप्राभृत गा० ३२०, जयसेनटीका।

जीवपुद्गलयोर्विभावहेतुत्वं दर्शयति—

भणिया जे विब्भावा जीवाणं तहय पोग्गलाणं च ।
कम्मेण य जीवाणं कालादो पोग्गले[1] णेया ॥७७॥

विभावस्वभावस्य स्वरूपं संबन्धप्रकारं फलं च गदति—

मुत्ते खंधविहावो खंधो गुणणिद्धरुक्खजो भणिओ ।
तं पि य पडुच्च कालं तम्हा कालेण तस्स तं भणियं ॥७८॥

परिणत होता है। उसी परिणमनको आगमकी भाषामें औपशमिक, क्षायोपशमिक और क्षायिक भाव कहते हैं। और अध्यात्ममें उसीको शुद्धोपयोग या शुद्धात्माके अभिमुख परिणाम कहते है। यह परिणाम शुद्ध पारिणामिक भावरूप शुद्ध आत्मद्रव्यसे कथंचित् भिन्न है क्योकि भावनारूप है। किन्तु शुद्ध पारिणामिकभाव भावना रूप नही है। यदि वह शुद्ध पारिणामिकसे सर्वथा अभिन्न होता तो इस मोक्षके कारणभूत भावनारूप पर्यायका विनाश होनेपर शुद्ध पारिणामिक भावका भी विनाश प्राप्त होता है। किन्तु उसका कभी विनाश नही होता। अत यह स्थिर हुआ कि शुद्ध पारिणामिक भावके विषयमें भावनारूप जो औपशमिक आदि तीन भाव है वे समस्त रागादिसे रहित होनेसे मोक्षके कारण होते है किन्तु शुद्ध पारिणामिक नही। शक्तिरूप मोक्ष तो शुद्ध पारिणामिकमे पहलेसे ही स्थित है। यहाँ व्यक्तिरूप मोक्षका विचार है। आगममे कहा है—'निष्क्रियः शुद्धपारिणामिक.' निष्क्रियका अर्थ यह है कि बन्धकारणभूत जो रागादि परिणतिरूप क्रिया होती है, तद्रूप वह नही होता। इसी तरह मोक्षके कारणभूत जो शुद्ध भावना परिणतिरूप क्रिया है, उस रूप भी वह नही होता। इससे ज्ञात होता है कि शुद्ध पारिणामिक भाव ध्येयरूप होता है ध्यानरूप नही होता क्योकि ध्यान तो विनाशीक है।

जीव और पुद्गलमें विभावरूप परिणतिका कारण बतलाते है—

जीवो तथा पुद्गलोमे जो विभाव कहे है उनमेसे जीवमें विभाव कर्मके निमित्तसे और पुद्गलमे कालके निमित्तसे जानने चाहिए ॥७७॥

इसीको स्पष्ट करते हुए आगे विभाव का स्वरूप, उसका कारण और उसका फल कहते है—

पुद्गलका स्कन्धरूप परिणमन उसका विभाव है। और स्कन्धरूप परिणमन पुद्गलमे पाये जानेवाले स्निग्ध और रूक्ष गुणके कारण कहा है। तथा वह परिणमन कालका निमित्त पाकर होता है इसलिए कालके द्वारा पुद्गलका विभावरूप परिणाम कहा है ॥७८॥

विशेषार्थ—पुद्गल परमाणुके दो आदि प्रदेश नही होते इसलिए उसे अप्रदेशी कहते है। किन्तु वह एक प्रदेशवाला होता है इसलिए उसे प्रदेशमात्र कहते है। उसमें स्पर्श, रस, गन्ध और वर्ण पाये जाते है। यद्यपि परमाणु स्वभावसे बन्धरहित है किन्तु उसमें पाये जानेवाले स्निग्ध और रूक्ष गुण बन्धके कारण है। उनके कारण वह दूसरे परमाणुके साथ बँध जाता है। यह बन्ध उसकी विभाव परिणति कही जाती है क्योकि एक द्रव्यका दूसरे द्रव्यके साथ बन्ध दोनोके स्वाभाविक रूपका घातक है। पुद्गल द्रव्य भी परिणामी है क्योकि परिणमन तो वस्तुका स्वभाव है अत परमाणुमें वर्तमान स्निग्ध और रूक्षगुणोमे भी परिणमन होता रहता है और उनके कारण उन गुणोमें एक गुणरूप जघन्य शक्तिसे लेकर दो-तीन आदि अविभाग प्रतिच्छेदके क्रमसे अनन्त अविभागी प्रतिच्छेदरूप शक्ति पर्यन्त वृद्धि होती रहती है। वे परमाणु यदि दो, चार या छह शक्तिरूप परिणत होते है तो उन्हें सम कहते है और यदि तीन पाँच या सात शक्तिरूप

---

१. पोग्गला अ० क० स० मु०। "जीवा पोग्गलकाया सह सक्किरिया हवंति ण य सेसा। पुग्गल करणा जीवा खंधा खलु कालकरणा दु ॥९८॥"—पञ्चास्ति०। 'पुद्गलानां सक्रियत्वस्य बहिरङ्गसाधनं परिणाम-निर्वर्तकः काल इति तेऽपि कारणभूता.।'—अमृतचन्द्रटीका।

संबन्धप्रकारमाह—

जह जीवत्तमणाई जीवे बंधो तहेव कम्माणं ।
तं पि य दव्वं भावं जाव सजोगिस्स चरिमंतं ॥७९॥

परिणत होते हैं तो उन्हें विषम कहते हैं । सम और विषमोमे दो का अन्तर होनेसे ही बन्ध होता है जैसे दो गुण वाले परमाणुका बन्ध चार गुणवाले परमाणुके ही साथ होता है इसी तरह तीन गुणवाले परमाणुका बन्ध पाँच गुणवाले परमाणुके ही साथ होता है । इस प्रकार दो-दो स्निग्धो, दो-दो रूक्षों और दो-दो स्निग्ध रूक्षोंका सम हो या विपम हों, दो गुण अधिक होनेपर ही बन्ध होता है । किन्तु जघन्य एक गुणवाले परमाणु का वन्ध नही होता । यह नियम है । सारांश यह है कि दो गुण युक्त स्निग्ध परमाणुका चार गुणयुक्त स्निग्ध परमाणुके साथ अथवा चार गुण युक्त रूक्ष परमाणुके साथ बन्ध होता है । इसी तरह तीन गुणवाले रूक्ष परमाणुका पाँच गुणवाले स्निग्ध या रूक्ष परमाणुके साथ बन्ध होता है । इस बन्धमे अन्तरग कारण तो परमाणुके स्निग्ध और रूक्ष गुणोका तदनुरूप परिणमन है । किन्तु उस परिणमनमें कालको भी निमित्त माना गया है किन्तु कालद्रव्य प्रेरक निमित्त नही है, उदासीन निमित्त है । जब परमाणुमें बन्ध योग्य परिणमन पूर्वक बन्ध होता है तो काल भी निमित्त हो जाता है किन्तु वह बन्ध कालकृत नही है । इस प्रकार स्निग्ध-रूक्ष गुणके कारण पुद्गल परमाणुओकी जो स्कन्धरूप परिणति होती है वह विभाव पर्याय है ।

आगे जीवकी विभाव परिणतिको बतलाते हैं—

जैसे जीवमे जोवपना अनादि है वैसे ही उसके साथ कर्मोका बन्ध भी अनादि है । कर्मके दो भेद है—द्रव्यकर्म और भावकर्म । यह कर्मबन्ध सयोगकेवली नामक तेरहवें गुणस्थानके अन्त तक होता रहता है ॥७९॥

विशेषार्थ—जैसे जीव अनादि है वैसे ही उसके साथ कर्मबन्ध भी अनादि है । तत्त्वार्थसूत्रके आठवे अध्यायमे बन्धका लक्षण इस प्रकार कहा है—'सकषायत्वाज्जीव. कर्मणो योग्यान् पुद्गलानादत्ते स बन्ध ।' कषायसहित होनेसे जीव जो कर्मके योग्य पुद्गलो को ग्रहण करता है उसे बन्ध कहते है । इस सूत्रमें 'कर्म-योग्यान्' न कहकर जो 'कर्मणो योग्यान्' कहा है उससे यह बतलाया है कि जीव कर्मके निमित्तसे सकषाय होता है और कषाय सहित होनेसे कर्मके योग्य पुद्गलोको ग्रहण करता है अत. जीव और कर्मका सम्बन्ध अनादि है । पहले बाँधे हुए कर्मका उदय होनेपर जीवमे कषाय उत्पन्न होती है और कषायके होनेपर नवीन कर्मोका बन्ध होता है । इस तरह कर्मसे कषाय और कषायसे कर्मकी परम्परा अनादिकालसे चली आती है । यदि ऐसा न मानकर बन्धको सादि माना जाये, अर्थात् यह माना जाय कि पहले जीव अत्यन्त शुद्ध अवस्थामें था, पीछे उसके कर्मबन्ध हुआ तो जैसे अत्यन्त शुद्ध मुक्तजीवोके कर्मबन्ध नही होता वैसे ही उस जीवके भी कर्मबन्ध नही हो सकेगा । अत. यह मानना ही उचित है कि जीवकी तरह उसके साथ कर्मोका बन्ध भी अनादि है । जैनसिद्धान्तके अनुसार यह समस्त लोक पुद्गलोसे ठसाठस भरा है उनमें अनन्तानन्त परमाणु कर्मरूप होनेके योग्य है । इसीसे उनके समुदायको कार्मणवर्गणा कहते है । वे कार्मणवर्गणारूप स्कन्ध जीवके मिथ्यात्व आदिरूप परिणामोका निमित्त पाकर स्वयं ही आठकर्म रूपसे सातकर्म रूपसे या छह कर्मरूप से परिणत होकर जीवके साथ बन्धको प्राप्त होते है । जैसे खाया हुआ भोजन उदरमें जाकर सात-धातु रूप परिणत हो जाता है । कर्म आठ है—ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र और अन्तराय । ये कर्म योग और कषायके निमित्तसे बँधते है । तथा आयु कर्म सदा नही बँधता । विशेष स्थितिमें ही बँधता है, किन्तु शेष सातो कर्म सदाकाल बँधते रहते है । मोहनीयकर्मका बन्ध नौवे गुणस्थान तक ही होता है । और दसवेंके पश्चात् ग्यारहवे, बारहवें और तेरहवें सयोगकेवली नामक गुण-स्थान मे केवल एक सातावेदनीय कर्मका ही बन्ध होता है । इस तरह कर्मका बन्ध सयोगकेवली गुणस्थान पर्यन्त ही जानना चाहिए । चौदहवें गुणस्थानमें बन्धका अभाव है ।

प्रकरणबलात्प्रकृतीनां भेदं बन्धहेतूँश्च सूचयति—

मूलुत्तर तह इयरा भेया पयडीण होंति उहयाणं ।
हेउ दो पुण पुट्ठा हेऊ चत्तारि णायव्वा ॥८०॥
मिच्छत्तं अविरमणं कसाय जोगा य जीवभावा हु ।
दव्वं मिच्छत्ताइ य पोग्गलदव्वाण आवरणा[1] ॥८१॥
भावो दव्वणिमित्तं दव्वं पि य भावकारणं भणियं ।
अण्णोण्णहेदुभूदा कुणंति[3] पुट्ठो हु कम्माणं ॥८२॥

आगे प्रकरण वश कर्मप्रकृतियोंके भेद और बन्धके कारणोको सूचित करते हैं—

द्रव्यकर्म और भावकर्मके भेद मूलप्रकृति रूप और उत्तरप्रकृति रूप हैं। उनके द्रव्यप्रत्यय रूप और भावप्रत्यय रूप दो कारण हैं जो चारभेद रूप जानने चाहिए ॥८०॥

विशेषार्थ—कर्मके दो भेद ऊपर कहे है—द्रव्यकर्म और भावकर्म। कर्मरूपसे परिणत पुद्गलस्कन्धोको द्रव्यकर्म कहते है। और उन द्रव्यकर्मोके उदयका निमित्त पाकर जीवमें जो राग-द्वेष मोहरूप भाव होते हैं उन्हे भावकर्म कहते है। द्रव्यकर्म भावकर्ममें निमित्त होता है और भावकर्म द्रव्यकर्ममे निमित्त होता है। इस तरह द्रव्यकर्म और भावकर्मके द्रव्यप्रत्यय रूप और भावप्रत्यय रूप दो कारण है। इन कर्मोके दो भेद है मूलप्रकृति रूप और उत्तरप्रकृति रूप। इन भेदोको ग्रन्थकार आगे स्वयं बतलायेगे। तथा बन्धके चार कारणोको भी कहेंगे।

मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योगरूप जीवके भाव भावप्रत्यय है। और मिथ्यात्व आदि रूप पुद्गलद्रव्यकर्म द्रव्यप्रत्यय हैं ॥८१॥

विशेषार्थ—कर्मके जो दो कारण बतलाये है वे मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योगके भेदसे चार प्रत्ययरूप होते है। अर्थात् कर्मबन्धके ये चार कारण है और इनमेंसे प्रत्येकके द्रव्य प्रत्यय और भावप्रत्ययके भेदसे दो भेद है। मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योगरूप जीवका भाव भावप्रत्यय है और मिथ्यात्व आदि नामक कर्मरूप परिणत पुद्गलद्रव्य द्रव्यप्रत्यय है। समयसार गाथा १६४ की टीकामें जयसेनाचार्यने ऐसा ही लिखा है। यथा—'मिथ्यात्वविरतिप्रमादकषाययोगा कर्थभूता, भावप्रत्ययद्रव्यप्रत्ययरूपेण संज्ञासंज्ञाश्चेतनाचेतना।

आगे भाव और द्रव्यमें कार्यकारण भाव बतलाते हैं—

भाव द्रव्यमे निमित्त है और द्रव्यको भावका कारण कहा है। दोनो परस्परमे एक दूसरेके हेतु होकर कर्मोकी पुष्टि करते है ॥८२॥

विशेषार्थ—कर्मबन्धके कारण मिथ्यात्व आदि जीवरूप भी है और अजीवरूप भी है। कर्मका निमित्त पाकर जीव जो विभाव रूप परिणमन करता है वह चेतनका विकार होनेसे जीव ही है। और जो जीवके भावोका निमित्त पाकर पुद्गल मिथ्यात्व आदि कर्मरूप परिणमन करते है वे मिथ्यात्व आदि अजीव है। इन्हीको क्रम भावसे और द्रव्य नामसे कहते हैं। स्वरूप परिणमन प्रत्येक वस्तुका स्वाभाविक धर्म है। अत आत्माका भी एह स्वाभाविक धर्म है किन्तु आत्मा अनादिकालसे वस्त्वन्तरभूत मोहसे संयुक्त है अत. उसके मिथ्यादर्शन आदि रूप वैकारिक परिणाम होते है। उन परिणामोका निमित्त मिलनेपर पुद्गल-

---

१. आसवणा अ० क०। 'मिच्छत्तं अविरमण कसाय जोगाय सण्णसण्णा दु। बहुविहभेया जीवे तस्सेव अणण्णपरिणामा ॥१६४॥ णाणावरणादीयस्स ते दु कम्मस्स कारणं होति। तेसिं पि होदि जीवो य रागदोसादिभावकरो ॥१६५॥'—समयसार। २. ण्णं वज्झंता अ० क० ख० मु०। ३. कुणंतु पुट्ठो सु कम्माण अ०।

दंसणणाणावरणं वेदो मोहं तु आउ णामं च ।
गोदंतराय मूला पयडी जीवाण णायव्वा ॥८३॥

द्रव्य स्वयं ही कर्मरूप परिणमन करता है। इस तरह दोनोमें निमित्त-नैमित्तिक भाव है। वास्तवमें आत्मा तो अपने भावोको करता है और पुद्गल अपने भावोको करता है। किन्तु यह आत्मा अज्ञानवश स्व और पर का भेदज्ञान न होनेसे परको अपना करता है और अपनेको पराया करता है और इस तरहसे वह कर्मोका कर्ता कहा जाता है। द्रव्यकर्मोके उदयवश आत्मामे जो भाव क्रोध होता है उसमे और आत्मामें भाव्य-भावक भाव पाया जाता है। क्रोधादिरूप परिणत आत्मा भाव्य है और भावक्रोध भावक है। इन दोनोमें जो भेद है उसका ज्ञान न होनेसे अपनेको क्रोध रूप मानकर तदनुरूप आत्मा परिणमन करता है। यह तो एक उदाहरण है। क्रोधकी ही तरह अन्य कषायो और इन्द्रियो आदिको लिया जा सकता है। इसी तरह यह आत्मा ज्ञाता है पर वस्तु ज्ञेय है। दोनोमे मात्र ज्ञेय-ज्ञायक सम्बन्ध है। किन्तु अज्ञानवश यह आत्मा दोनोको एक मानकर हर्ष-विषादादि करता है। इस तरह द्रव्यकर्म और भावकर्ममें परस्पर निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध होनेसे अनादिकालसे यह जीव कर्मोके बन्धनमें पड़ा हुआ उस बन्धनको पुष्ट ही करता रहता है।

मूल प्रकृतियोके नाम कहते है—

ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र और अन्तराय ये जीवोके मूलकर्म जानने चाहिए ॥८३॥

विशेषार्थ—बाह्य पदार्थको जाननेवाली जीवकी शक्ति ज्ञान है। वह जीवका गुण है उसके विना जीवके अभावका प्रसंग आता है। उस ज्ञानको जो आवृत करता है वह ज्ञानावरणीय कर्म है। जीवका लक्षण उपयोग है। वह उपयोग दो प्रकारका है साकारोपयोग और अनाकारोपयोग। साकार उपयोगका नाम ज्ञान है और उसको आवरण करनेवाला कर्म ज्ञानावरणीय है। तथा अनाकार उपयोगका नाम दर्शन है। उसको आवरण करनेवाला कर्म दर्शनावरणीय है। जीवके सुख और दु.खका उत्पादक कर्म वेदनीय है। यहाँ सुखसे दुःखका क्षय नही लेना चाहिए किन्तु दु खका उपशम लेना चाहिए। क्योकि सुख जीवका स्वभाव है अत. उसे कर्मजन्य माननेमें विरोध आता है। जो मोहरहित स्वभाववाले जीवको मोहित करता है वह मोहनीय कर्म है। जो भवधारणमें कारण है वह आयुकर्म है। जो जीवको नानारूप बनाता है वह नामकर्म है। जो उच्च नीचका ज्ञान करता है वह गोत्रकर्म है। जो दाता और गृहीताके बीचमें आता है वह अन्तराय कर्म है। इस प्रकार कर्मकी ये आठ मूल प्रकृतियाँ है। इनमे से ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अन्तराय ये चार कर्म घाती कहे जाते है क्योकि ये जीवके गुणोके घातक है। शेष चार अघाती है। यद्यपि छद्मस्थोको दर्शन पहले होता है। पश्चात् ज्ञान होता है किन्तु दर्शनसे ज्ञान पूज्य है। इस तरह ज्ञानके बाद दर्शनको स्थान दिया गया है। इनके पश्चात् सम्यक्त्वका नम्बर आता है और फिर वीर्यका। इन चारो गुणोको घातने वाले है क्रमसे ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अन्तराय। वेदनीय कर्म यद्यपि अघाती है किन्तु मोहका बल पाकर घातीकी तरह जीवका घात करता है इसलिए उसे घातिकर्मोके मध्यमें और मोहनीयके पहले स्थान दिया है। आयुके बलसे जीव किसी भवमें ठहरता है उसके पश्चात् उसके शरीर आदिका निर्माण होता है और शरीर निर्माणके साधनोको लेकर ऊँच-नीचका व्यवहार चलता है अत. आयु नाम और गोत्रका क्रम रखा गया है। अन्तराय कर्म घाति होते हुए भी अघातिको तरह समस्त वीर्य गुणको घातनेमे असमर्थ है तथा नामादिका निमित्त पाकर अपना कार्य करता है इसलिए उसे सब कर्मोके अन्तमें रखा है। इस प्रकार आठो कर्मोके क्रमको समझना चाहिए।

---

१ पयडिय आ० क०। 'णाणस्स दसंणस्स य आवरणं वेयणीय मोहणियं। आउग णामं गोदंतराय-मिदि अट्ठ पयडीओ ॥८॥'—गो० कर्म०। प्रा० पञ्चसं०, २।२।

उत्तरप्रकृतीनां यथाक्रमं संख्यामाह—

णव[1] पण दो अडवीसा चउ तेणउदी तहेव दो[2] पंच ।
एदे उत्तरभेया एयाणं उत्तरोत्तरा हुंति ॥८४॥

उत्तर प्रकृतियोकी क्रमसे संख्या कहते हैं—

पाँच, नौ, दो, अट्ठाईस, चार, तिरानवे, दो और पाँच ये उत्तर प्रकृतियाँ है। इनको भी उत्तरोत्तर प्रकृतियाँ होती हैं ॥८४॥

विशेषार्थ—ज्ञानावरणीय कर्मकी पाँच प्रकृतियाँ है—मतिज्ञानावरणीय, श्रुतज्ञानावरणीय, अवधिज्ञानावरणीय, मन पर्ययज्ञानावरणीय और केवलज्ञानावरणीय। इन्द्रिय और मनके द्वारा होने वाले ज्ञानको मतिज्ञान कहते है। उसका आवारक कर्म मतिज्ञानावरणीय है। मतिज्ञानके द्वारा ग्रहण किये गये अर्थके निमित्तसे जो अन्य अर्थोका ज्ञान होता है वह श्रुतज्ञान है। धूमके निमित्तसे उत्पन्न हुआ अग्निका ज्ञान, नदीपूरके निमित्तसे उत्पन्न हुआ ऊपरी भागमें वृष्टिका ज्ञान, देशान्तरकी प्राप्तिके निमित्तसे उत्पन्न हुआ सूर्यकी गतिका ज्ञान और शब्दके निमित्तसे उत्पन्न हुआ शब्दार्थका ज्ञान श्रुतज्ञान है। इसी तरह श्रुतज्ञानके निमित्तसे जो ज्ञान उत्पन्न होता है वह भी श्रुतज्ञान ही है फिर भी मतिज्ञान पूर्वक श्रुतज्ञान होता है इस तत्त्वार्थ सूत्रके कथनके साथ उसका विरोध नही आता क्योकि यह कथन तत्त्वार्थसूत्रमें श्रुतज्ञानकी प्रारम्भिक प्रवृत्तिकी अपेक्षा किया गया है। इस श्रुतज्ञानका आवारक कर्म श्रुतज्ञानावरणीय है। इन्द्रिय आदिकी सहायताके बिना मूर्तिक पदार्थका मर्यादा सहित जो स्पष्ट ज्ञान होता है वह अवधिज्ञान है। इस अवधिज्ञानको जो आवरण करता है वह अवधिज्ञानावरणीय कर्म है। पगये मनको प्राप्त हुए अर्थका नाम मन है और मनकी पर्यायो अर्थात् विशेषोका नाम मन.पर्याय है। उन्हें जो जानता है वह मनः पर्यायज्ञान है। इस ज्ञानका आवरणकर्म मनःपर्ययज्ञानावरणीय कर्म है। जो केवल आत्मासे उत्पन्न होता है, त्रिकालवर्ती समस्त द्रव्य और पर्यायोको विषय करता है, करण, क्रम और व्यवधानसे रहित है वह अविनाशी प्रत्यक्षज्ञान केवलज्ञान है। इसका आवारक कर्म केवलज्ञानावरणीय कर्म है। मतिज्ञान और श्रुतज्ञानके अनेक भेद है अत. उनके आवारक मतिज्ञानावरणीय कर्मोके भी उत्तरोत्तर अनेक भेद जानने चाहिए। जैसे मतिज्ञानके मूल भेद चार हैं—अवग्रह ईहा अवाय और धारणा। अत. मतिज्ञानावरणीय कर्मके भी चार भेद है—अवग्रहावरणीय, ईहावरणीय, अपायावरणीय, धारणावरणीय। अवग्रहके दो भेद है—व्यञ्जनावग्रह और अर्थावग्रह। अत अवग्रहावरणीय कर्मके भी दो भेद है व्यञ्जनावग्रहावरणीय और अर्थावग्रहावरणीय। इस तरह जिस ज्ञानके जितने भेद प्रभेद हैं, उसके आवारक कर्मकी भी उतनी ही उत्तरोत्तर प्रकृतियाँ है। दर्शनावरण कर्मकी नौ उत्तर प्रकृतियाँ हैं—निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला, स्त्यानगृद्धि, निद्रा, प्रचला, चक्षुदर्शनावरणीय, अचक्षुदर्शनावरणीय, अवधिदर्शनावरणीय और केवलदर्शनावरणीय। जिस प्रकृतिके उदयसे खूब सोता है उठाये जानेपर भी नही उठता वह निद्रानिद्रा प्रकृति है। जिसके उदयसे बैठा हुआ भी सो जाता है सिर धुनता है, हाथ पैर पटकता है वह प्रचलाप्रचला प्रकृति हैं। जिसके उदयसे सोता हुआ भी मार्गमे चलता है, मारता काटता बडबड़ाता है वह स्त्यानगृद्धि है जिसके उदयसे आधा जागता हुआ सोता है वह निद्रा प्रकृति है। जिसके उदयसे आधा सोते हुए भी सिर आदि थोडा थोडा हिलते रहें वह प्रचला है। ये पाँचो ही प्रकृतियाँ दर्शनावरणीय है क्योकि वे स्वसवेदनका विनाश करती हैं। चाक्षुष विज्ञानको उत्पन्न करनेवाला स्वसवेदन चक्षुदर्शन है और उसका आवारक कर्म चक्षुदर्शनावरणीय है। श्रोत्र, घ्राण, जिह्वा, स्पर्श और मनके निमित्तसे होनेवाले ज्ञानके कारणभूत स्वसवेदनका नाम अचक्षुदर्शन है और इसके आवारक कर्मका नाम अचक्षुदर्शनावरणीय है। परमाणुसे लेकर महास्कन्ध

---

१. 'पंच णव दोण्णि अट्ठावीसं चउरो कमेण तेणउदी। तेउत्तर सयं वा दुगपण्णं उत्तरा होंति ॥२२॥'—गो० कर्म०। प्रा० पञ्चसंग्र०, २।४। २. दुग ज०।

पर्यन्त पुद्गल द्रव्यको विषय करनेवाले अवधिज्ञानके कारणभूत स्वसंवेदनका नाम अवधिदर्शन है और उसके आवारक कर्मका नाम अवधिदर्शनावरणीय है। केवलज्ञानकी उत्पत्तिके कारणभूत स्वसवेदनका नाम केवलदर्शन है और उसके आवारक कर्मका नाम केवलदर्शनावरणीय है। इतनी विशेषता है कि छद्मस्थोका ज्ञान दर्शनपूर्वक होता है परन्तु केवलज्ञान केवलदर्शनके समान कालमें होता है क्योकि ज्ञान और दर्शन दोनो निरावरण है। वेदनीयकर्मकी दो प्रकृतियाँ है—सातावेदनीय और असातावेदनीय। दुःखका प्रतीकार करनेमे कारणभूत सामग्रीको मिलानेवाला और दुःखकी उत्पादक कर्मद्रव्यकी शक्तिका विनाश करनेवाला कर्म सातावेदनीय कहलाता है। सुख स्वभाववाले जीवको दु ख उत्पन्न करनेवाला और दु खके प्रशमनमें कारणभूत द्रव्योका अपसारक कर्म असाता वेदनीय कहा जाता है। इस प्रकार वेदनीयकी दो ही प्रकृतियाँ है। मोहनीय कर्मकी अट्ठाईस प्रकृतियाँ है। जो मोहित करता है वह मोहनीय कर्म है। आप्त, आगम और पदार्थोंमें जो प्रत्यय रुचि और श्रद्धा होती है उसका नाम दर्शन है उसको मोहित करनेवाला अर्थात् उससे विपरीत भावको उत्पन्न करनेवाला कर्म दर्शनमोहनीय कहलाता है। रागका न होना चारित्र है। उसे मोहित करनेवाला अर्थात् उससे विपरीत भावको उत्पन्न करनेवाला कर्म चारित्रमोहनीय कहलाता है। इस प्रकार मोहनीय कर्मकी दो प्रकृतियाँ है।

दर्शनमोहनीय कर्म बन्धकी अपेक्षा एक ही प्रकारका है। सत्त्व अवस्थामें वह तीन प्रकारका हो जाता है—सम्यक्त्व, मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व। जैसे एक ही प्रकारका कोदो चाकीमें दला जानेपर एककालमें एक विशेष क्रियाके द्वारा चावल, आधे चावल और कोदो इन तीन अवस्थाओको प्राप्त होता है। उसी प्रकार सम्यक्त्वाभिमुख जीवके अनिवृत्तिरूप परिणामोके सम्बन्धसे एक प्रकारके मोहनीयका तीन प्रकारसे परिणमन हो जाता है। उत्पन्न हुए सम्यक्त्वमें शिथिलताका उत्पादक और उसकी अस्थिरताका कारणभूत कर्म सम्यक्त्व प्रकृति कहलाता है। सम्यक्त्वका सहचारी होनेसे उसे सम्यक्त्व कहा जाता है। सम्यक्त्व और मिथ्यात्वरूप दोनो भावोके संयोगसे उत्पन्न हुए भावका उत्पादक कर्म सम्यग्मिथ्यात्व कहलाता है। आप्त, आगम और पदार्थोंमें अश्रद्धाको उत्पन्न करनेवाला कर्म मिथ्यात्व कहलाता है। इस प्रकार दर्शनमोहनीय कर्म तीन प्रकारका है। चारित्रमोहनीय कर्म दो प्रकारका है—कषाय वेदनीय और नोकषायवेदनीय। जिस कर्मके उदयसे जीव कषायका वेदन करता है वह कषायवेदनीय है। जिस कर्मके उदयसे जीव नोकपायका वेदन करता है वह नोकषायवेदनीय है। सुख और दु.खरूपी धान्यको उत्पन्न करनेवाले कर्मरूपी क्षेत्रको जो जोतती है वह कषाय है। ईषत् कषायको नोकषाय कहते है क्योकि स्थितिबन्ध और अनुभागवन्धकी अपेक्षा कषायोसे नोकषायोमें अल्पपना है तथा क्षपक श्रेणीमें नोकषायोके उदयका अभाव हो जानेके पश्चात् कषायोके उदयका विनाश होता है। कषाय वेदनीय कर्म सोलह प्रकारका है—अनन्तानुवन्धी क्रोध, मान माया लोभ, अप्रत्याख्यानावरणीय क्रोध मान माया लोभ, प्रत्याख्यानावरणीय क्रोध मान माया लोभ, संज्वलन क्रोध मान माया लोभ। जो क्रोध मान माया लोभ सम्यग्दर्शन व सम्यक्चारित्रका विनाश करते है तथा जो अनन्त भवके अनुबन्धनरूप है वे अनन्तानुबन्धी कहलाते हैं। अथवा अनन्त भवोमें जिनका अनुवन्ध चला जाता है वे अनन्तानुबन्धी है। ईषत् अर्थात् एक देश प्रत्याख्यानको अप्रत्याख्यान कहते हैं। अप्रत्याख्यान अर्थात् देशसंयमका आवरण करनेवाला कर्म अप्रत्याख्यानावरणीय है। प्रत्याख्यान महाव्रतको कहते हैं। उनका आवरण करनेवाला कर्म प्रत्याख्यानावरणीय है। जो सम्यक्रूपसे प्रकाशित हो वह सज्वलनकषाय है रत्नत्रयका विरोधी न होनेसे इसे सम्यक् कहा है।

नोकषाय वेदनीयकर्म नौ प्रकारका है—स्त्रीवेद, पुरुषवेद, नपुसकवेद, हास्य, रति, अरति, शोक, भय और जुगुप्सा। जिस कर्मके उदयसे पुरुष विषयक अभिलाषा होती है वह स्त्रीवेद कर्म है। जिस कर्मके उदयसे मनुष्यकी स्त्रियोमें अभिलाषा होती है वह पुरुषवेद कर्म है। जिस कर्मके उदयसे स्त्री और पुरुष उभयविषयक अभिलाषा उत्पन्न होती है वह नपुंसकवेदनीय कर्म है। जिस कर्मके उदयसे अनेक प्रकारका परिहास उत्पन्न होता है वह हास्य कर्म है। जिस कर्मके उदयसे जीवोको द्रव्य क्षेत्र काल भावमें रति उत्पन्न

होती है वह रति कर्म है। जिस कर्मके उदयसे जीवोको द्रव्य क्षेत्र काल और भावमें अरति उत्पन्न होती है वह अरति कर्म है। जिस कर्मके उदयसे जीवोको शोक उत्पन्न होता है वह शोक कर्म है। जिस कर्मके उदयसे जीवके सात प्रकारका भय उत्पन्न होता है वह भय कर्म है। जिस कर्मके उदयसे द्रव्य क्षेत्र काल भावमें ग्लानि उत्पन्न होती है वह जुगुप्सा कर्म है। इस तरह नोकपाय वेदनीयकी नौ प्रकृतियाँ हैं। आयुकर्मकी चार प्रकृतियाँ हैं—नरकायु, तिर्यञ्चायु, मनुष्यायु और देवायु। जो कर्म नरक भवको धारण कराता है वह नरकायुकर्म है। जो कर्म तिर्यञ्च भवको धारण कराता है वह तिर्यञ्चायु कर्म है। जो कर्म मनुष्य भवको धारण कराता है वह मनुष्यायुकर्म है। जो कर्म देव भव को धारण कराता है वह देवायु कर्म है। इस प्रकार आयु कर्मकी चार ही उत्तर प्रकृतियाँ है। नाम कर्मकी ९३ प्रकृतियाँ है। जो नरक तिर्यञ्च मनुष्य और देवपर्यायका बनानेवाला कर्म है वह गतिनाम कर्म है। वह गतिनाम कर्म चार प्रकारका है—नरकगति नाम कर्म, तिर्यञ्चगति नाम कर्म, मनुष्यगतिनामकर्म, देवगतिनामकर्म। जो कर्म एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पञ्चेन्द्रियभावका बनानेवाला है वह जातिनामकर्म है। वह पाँच प्रकारका है—एकेन्द्रियजाति, द्वीन्द्रिय जाति, त्रीन्द्रियजाति, चतुरिन्द्रियजाति और पञ्चेन्द्रियजाति नामकर्म। जिस कर्मके उदयसे औदारिक, वैक्रियिक, आहारक, तैजस और कार्मण शरीरके परमाणु जीवके साथ बन्धको प्राप्त होते है वह शरीर नाम कर्म है। वह पाँच प्रकारका है—औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, आहारक शरीर तैजस शरीर और कार्मण शरीर नामकर्म। जिस कर्मके उदयसे परस्पर सम्बन्धको प्राप्त हुई वर्गणाओका परस्पर सम्बन्ध होता है वह शरीरबन्धन नामकर्म है। वह भी पाँच प्रकारका है—औदारिकशरीर बन्धन, वैक्रियिक शरीर बन्धन, आहारक शरीर बन्धन, तैजस शरीरबन्धन और कार्मण शरीर बन्धन। जिस कर्मके उदयसे परस्पर सम्बन्धको प्राप्त हुई वर्गणाओमें चिक्कणता उत्पन्न हो वह शरीर संघात नाम कर्म है। उसके भी पाँच भेद हैं—औदारिक शरीर संघात, वैक्रियिक शरीर संघात, आहारकशरीर सघात, तैजसशरीर संघात और कार्मणशरीर संघातनामकर्म। जिस कर्मके उदयसे शरीरोकी आकार रचना होती है उसे संस्थान नामकर्म कहते हैं। वह छह प्रकारका है—समचतुरस्र शरीर संस्थान, न्यग्रोधपरिमण्डल शरीरसंस्थान, स्वाति शरीरसंस्थान, कुब्जशरीरसंस्थान, वामन शरीरसंस्थान और हुण्ड शरीरसंस्थान नाम कर्म। समचतुरस्र अर्थात् समान मान और उन्मानवाला शरीरसस्थान जिस कर्मके उदयसे बनता है वह समचतुरस्र शरीरसस्थान नाम कर्म है। जिस शरीरका परिमण्डल न्यग्रोध अर्थात् वटवृक्षके परिमण्डलके समान होता है वह न्यग्रोधपरिमण्डल संस्थान है उसका निवर्तक नाम कर्म उसी संज्ञावाला है। अर्थात् इस संस्थान वाला शरीर नीचे सूक्ष्म ऊपर विशाल होता है। स्वाति वामीको कहते हैं। स्वातिके समान आकारवाला शरीर जिस कर्मके उदयसे बनता है वह स्वाति शरीर संस्थान नाम कर्म है। जिस कर्मके उदयसे शरीरका आकार कुबड़ा होता है वह कुब्ज शरीर संस्थान नामकर्म है। वामन अर्थात् बौना शरीर जिस कर्मके उदयसे बनता है वह वामन शरीर नामकर्म है। हुण्ड अर्थात् सब ओर से विषम आकार वाला शरीर जिस नाम कर्मके उदयसे बनता है वह हुण्डक शरीर संस्थाननामकर्म है। जिस कर्मके उदयसे आठो अंगो और उपागोकी रचना होती है वह अंगोपाग नामकर्म है। वह तीन प्रकारका है—औदारिक अंगोपाग, वैक्रियिक शरीर अंगोपाग और आहारक शरीर अंगोपाग नामकर्म। जिस कर्मके उदयसे शरीरमें हड्डियोकी निष्पत्ति होती है वह शरीर संहनन नामकर्म है। वह छ. प्रकारका है। वज्ररूपसे स्थित हड्डी और ऋषभ अर्थात् वेष्टन इन दोनो के साथ जिसमें वज्रमय कीलें हो वह वज्र ऋषभ नाराच शरीर संहनन है। जिसमें हड्डी और कीलें तो वज्ररूप हो परन्तु ऋषभ वज्रमय न हो वह वज्रनाराच शरीर संहनन है। जिसमे हाड़ कीले सहित हो किन्तु वज्ररूप न हो, वह नाराच संहनन है। कीलसे आधा भिदा हुआ सहनन अर्धनाराच शरीर सहनन है। परस्परमें कीलित संहनन कीलित शरीर संहनन है। जिसमें हड्डियाँ स्नायुओसे बँधी होती है वह असंप्राप्त सरीसृपादि शरीर सहनन है। इनके कारण जो कर्म है उनके भी ये ही नाम हैं। जिस कर्मके उदयसे शरीरमें वर्णकी उत्पत्ति होती है वह वर्णनाम कर्म है। वह पाँच प्रकारका है—कृष्णवर्ण, नीलवर्ण, रुधिर-

वर्ण, शुक्लवर्ण और हरित वर्ण नामकर्म। जिस कर्मके उदयसे शरीरमें गन्धकी उत्पत्ति होती है वह गन्ध नामकर्म है। वह दो प्रकारका है सुगन्ध और दुर्गन्ध नामकर्म। जिस कर्मके उदयसे शरीरमें रसकी निष्पत्ति होती है वह रस नामकर्म है। वह पाँच प्रकारका है—तिक्त, कटुक, कषाय, आम्ल और मधुर नामकर्म। जिस कर्मके उदयसे शरीरमें स्पर्शकी उत्पत्ति होती है वह स्पर्श नामकर्म है। वह आठ प्रकारका है—कर्कश, मृदु, गुरु, लघु, स्निग्ध, रूक्ष, शीत और उष्ण नामकर्म। जिस जीवने पूर्व शरीरको तो छोड दिया है किन्तु उत्तर शरीरको अभी ग्रहण नही किया है उसके आत्म प्रदेशोकी रचनापरिपाटी जिस कर्मके उदयसे होती है वह आनुपूर्वी नामकर्म है। वह चार प्रकारका है—नरक गति प्रायोग्यानुपूर्वी, तिर्यञ्चगति प्रायोग्यानुपूर्वी, मनुष्यगति प्रायोग्यानुपूर्वी और देवगति प्रायोग्यानुपूर्वी नामकर्म। जिस कर्मके उदयसे जीवका शरीर न अति गुरु और न अति लघु होता है वह अगुरुलघु नामकर्म है। जिस कर्मके उदयसे शरीर अपनेको ही पीडाकारी होता है वह उपघात नामकर्म है, जैसे लम्बे सीग आदिका होना। जिस कर्मके उदयसे शरीर दूसरोको पीड़ा करनेवाला होता है वह परघात नामकर्म है। जिस कर्मके उदयसे उच्छ्वास और नि.श्वासकी उत्पत्ति होती है वह उच्छ्वास नामकर्म है। जिस कर्मके उदयसे शरीरमें आताप होता है वह आताप नामकर्म है। उष्णता सहित प्रभाका नाम आताप है। जिस कर्मके उदयसे शरीरमें उद्योत होता है वह उद्योत नामकर्म है। जिस कर्मके उदयसे भूमिका आश्रय लेकर या विना उसका आश्रय लिये भी जीवोका आकाशमे गमन होता है वह विहायोगति नामकर्म है। जिस कर्मके उदयसे जीवोके स्थावरपना होता है वह स्थावर नामकर्म है। जल, अग्नि और वायुकायिक जीवोमें जो संचरण देखा जाता है उससे उन्हें त्रस नही समझ लेना चाहिए क्योकि उनका गमनरूप परिणाम पारिणामिक है। जिस कर्मके उदयसे जीव बादर होते है वह बादर नामकर्म है। जिस कर्मके उदयसे जीव सूक्ष्म एकेन्द्रिय होते है वह सूक्ष्म नामकर्म है। जिस कर्मके उदयसे जीव पर्याप्त होते है वह पर्याप्तिनाम कर्म है। जिस कर्मके उदयसे जीव अपर्याप्त होते है वह अपर्याप्ति नामकर्म है। जिस कर्मके उदयसे एक शरीरमे एक ही जीव रहता है वह प्रत्येक शरीर नामकर्म है। जिस कर्मके उदयसे अनन्तजीव एक ही शरीरवाले होकर रहते है वह साधारण शरीर नामकर्म है। जिस कर्मके उदयसे शरीरमें रसादिक धातुओका अपने रूपमें कितने ही काल तक अवस्थान होता है वह स्थिर नामकर्म है। जिस कर्मके उदयसे रसादिकका आगेकी धातुरूपसे परिणाम होता है वह अस्थिर नामकर्म है। जिस कर्मके उदयसे चक्रवर्तित्व, बलदेवत्व और वासुदेवत्व आदि ऋद्धियो के सूचक शंख, कमल आदि चिह्न अंग-प्रत्यगोमे हो वह शुभ नामकर्म है। जिस कर्मके उदयसे अशुभ चिह्न हो वह अशुभ नामकर्म है। जिस कर्मके उदयसे जीवके सौभाग्य होता है वह सुभग नामकर्म है जिस कर्मके उदयसे जीवके दौर्भाग्य होता है वह दुर्भगनामकर्म है जिस कर्मके उदयसे कानोको प्रिय लगनेवाला स्वर हो वह सुस्वर नामकर्म है। जिस कर्मके उदयसे कर्णकटु स्वर हो वह दु स्वर नामकर्म है। जिस कर्मके उदय से शरीर प्रभायुक्त हो वह आदेय नामकर्म है। जिस कर्मके उदयसे शरीर प्रभाहीन हो या अच्छा कार्य करनेपर भी जीवको गौरव प्राप्त न हो वह अनादेय नामकर्म है। जिस कर्मके उदयसे लोकमे यश हो वह यश कीर्ति नामकर्म है। जिस कर्मके उदयसे अयश हो वह अयश.कीर्ति नामकर्म है। जिस कर्मके उदयसे अग और उपांगका स्थान और प्रमाण अपनी-अपनी जातिके अनुसार नियमित हो वह निर्माण नामकर्म है। जिस कर्मके उदयसे जीव पाँच महाकल्याणको को प्राप्त करके तीर्थका प्रवर्त्तन करता है वह तीर्थङ्कर नामकर्म है। गोत्र कर्मकी दो प्रकृतियाँ है—उच्चगोत्र और नीचगोत्र। जिनका दीक्षायोग्य साधु आचार है, साधु आचारवालोके साथ जिन्होने सम्बन्ध स्थापित किया है तथा जो आर्य कहलाते है उन पुरुषोकी सन्तानको उच्चगोत्र कहा जाता है। उनमें उत्पत्तिका कारणभूत कर्म भी उच्च गोत्र है उससे विपरीत कर्म नीचगोत्र है। अन्तरायकर्मकी पाँच प्रकृतियाँ है—दानान्तराय, लाभान्तराय, भोगान्तराय, उपभोगान्तराय और लाभान्तराय। रत्नत्रयसे युक्त जीवोके लिए अपने वित्तका त्याग करनेको दान कहते है। इच्छित अर्थकी प्राप्ति होना लाभ है। जो एक बार भोगा जाये वह भोग है जो पुन पुन. भोगा जाये वह उपभोग है। वीर्यका अर्थ शक्ति है। इनकी प्राप्तिमें विघ्न करनेवाला अन्तराय कर्म है। इस प्रकार आठों कर्मोकी

एताः सामान्येन शुभाशुभभेदभिन्ना जीवानां सुखदुःखफलदा भवन्तीत्याह—

असुहसुहाणं भेया सव्वा वि य ताउ होंति पयडीओ ।
काऊण पज्जयठिदिं सुहदुखं फलंति जीवाणं ॥८५॥

उत्तर प्रकृतियाँ जाननी चाहिए । इनके भी उत्तरोत्तर अनेक भेद होते है । इसीसे आगममे कर्म प्रकृतियोके असंख्यातलोक भेद बतलाये है ।

आगे कहते है कि ये कर्म प्रकृतियाँ शुभ और अशुभ के भेदसे भिन्न होकर जीवोको सुख और दुःख-रूप फल देती है—

वे सभी कर्म प्रकृतियाँ अशुभ और शुभके भेदसे दो प्रकारकी होती है तथा एक पर्यायमे स्थिति करके जीवोको सुख और दु खरूप फल देती हैं ॥८५॥

विशेषार्थ—आठ कर्मोमेंसे चार कर्म तो घाती कहे जाते है और चार अघाती । जो कर्म आत्माके गुणको घातते है वे घातीकर्म कहे जाते है । ऐसे कर्म ४ है—ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अन्तराय । ज्ञानावरण कर्म आत्माके ज्ञानगुणको घातता है इसीके कारण ससारी जीवोमें ज्ञानगुणकी मन्दता पायी जाती है । दर्शनावरण कर्म जीवके दर्शन गुणको घातता है । मोहनीय कर्म जीवके सम्यक्त्व और चारित्र गुणको घातता है तथा अन्तरायकर्म वीर्य गुणको घातता है । इस तरह ये चार कर्म घाती है । इसीसे इन्हें तो अशुभ ही माना जाता है क्योकि जो कर्म आत्मगुणका घाती होता है उसे शुभ कैसे माना जा सकता है । शेष चार अघाती कर्मोकी उत्तर प्रकृतियाँ शुभ और अशुभ मानी गयी है । जिन प्रकृतियोका फल सासारिक सुख होता है वे शुभ मानी गयी है और जिन प्रकृतियोका फल दु ख होता है वे अशुभ मानी गयी है । आयुकर्मकी चार उत्तर प्रकृतियोमें केवल नरकायुको अशुभ माना है और शेष तीन आयुओको शुभ माना है । क्योकि भोगभूमिके तिर्यञ्च भी सुखी ही होते है इसलिए तिर्यञ्चायुको भी शुभ माना है । नामकर्मके भेदोमें नरकगति नरक गत्यानुपूर्वी और तिर्यञ्चगति तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी अशुभ है, मनुष्यगति मनुष्यगत्यानुपूर्वी तथा देवगति देवगत्यानुपूर्वी शुभ है । पाँच जातियोमेंसे पञ्चेन्द्रिय जातिनामकर्म शुभ है शेष चार अशुभ है । पाँचो शरीरनामकर्म, पाँचो बन्धन नामकर्म, पाँचो संघात नामकर्म और तीनो अंगोपाग नामकर्म शुभ है । वर्ण गन्ध रस और स्पर्श नामकर्मकी गणना शुभमें भी की जाती है और अशुभमे भी की जाती है क्योकि विभिन्न जीवोको विभिन्न रूपादि प्रिय और अप्रिय होते हैं । ६ संस्थानो और ६ संहननमे से केवल एक समचतुरस्र सस्थान और वज्रर्षभ नाराच सहनन शुभ माना गया है शेष सब अशुभ माने गये है । उपघात अशुभ माना गया है, अगुरुलघु, परघात, उच्छ्वास, आतप और उद्योत नामकर्मोको शुभ माना गया है । प्रशस्त विहायोगति शुभ है अप्रशस्त विहायोगति अशुभ है । त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक शरीर, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यश कीर्ति नामकर्म शुभ है । इनके विपरीत स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण, अस्थिर, अशुभ, दुर्भग, दु स्वर, अनादेय और अयश-कीर्ति नामकर्म अशुभ है । निर्माण और तीर्थङ्कर नामकर्म शुभ है । उच्चगोत्र शुभ है, नीच गोत्र अशुभ है । सातावेदनीय शुभ है, असातावेदनीय अशुभ है । इस तरह कर्मोमें शुभ और अशुभ भेद सासारिक सुख दु ख रूप फलकी अपेक्षासे किया गया है । किन्तु कर्म शुभ हो या अशुभ, है तो बन्धन रूप ही । शृंखला सोनेकी हो या लोहे की, शृंखला तो शृंखला ही है । जैसे लोहेकी साँकल बाँधती है वैसे ही सोनेकी साँकल भी बाँधती है । परतन्त्रताकी कारण दोनों ही है । सासारिक दृष्टिमें लोहेसे सोना बहुमूल्य माना जाता है, चमकदार रंगवाला भी होता है । किन्तु बन्धनकी दृष्टिसे दोनो समान है । इसीसे आचार्य कुन्दकुन्दने कहा है कि जो संसारमें रोकता है वह कर्म शुभ कैसे कहा जा सकता है । अत. कर्मोमें शुभ-अशुभ भेद सांसारिक सुख-दुःखकी दृष्टिसे ही किया गया है । कर्म तो कर्म ही है । उसके रहते हुए संसारसे छुटकारा नही हो सकता ।

पर्यायस्थितिकारणमाह—

सुरणरणारयतिरिआ पयडीओ णामकम्मणिव्वत्ता ।
जहण्णोक्कस्सामज्झिमआउवसेणं तिहा[1] हु ठिदी ॥८६॥

चतुर्गतिजीवानां जघन्यमध्यमोत्कृष्टायुःप्रमाणं कथयति । तत्र तावन्मनुष्याणाम्—

अंतमुहुत्तं अवरा वरा हु मणुवाण होइ पल्लतियं ।
मज्झिम अवरा वड्ढी जाव वरं[2] समयपरिहीणं ॥८७॥

तिरश्चाम्—

जह मणुए तह तिरिए गब्भजपंचिंदिए वि तण्णेयं ।
इयराणं बहुभेया आरिसमग्गेण णायव्वा ॥८८॥

आगे पर्यायस्थितिका कारण कहते है—

देवगति, मनुष्यगति, नरकगति और तिर्यञ्चगति ये नामकर्मकी प्रकृतियाँ है । जघन्य उत्कृष्ट, और मध्यमके भेदसे आयुकी तीन स्थितियाँ हैं ॥८६॥

विशेषार्थ—एक तो गति नामकर्म है और दूसरा आयुकर्म । गतिनामकर्म तो जीवके सदा बँधता है किन्तु आयुकर्मका बन्ध त्रिभागमें ही होता है । आयुकर्मके अनुसार ही जीवको उस गतिमे मरकर जाना होता है । उत्कृष्ट, जघन्य या मध्यम जैसी आयुकर्मकी स्थिति बँधती है जीव उसीके अनुसार उस गतिमे जाकर अपनी स्थिति पर्यन्त उस पर्यायमें रहता है । आयु समाप्त होनेपर बाँधी गयी दूसरी आयुके अनुसार पुनर्जन्म लेता है । इस तरह अमुक पर्यायमे स्थितिका कारण आयुकर्म है । आयुकर्मके अनुसार अपनी पर्यायमें स्थित रहकर जीव पूर्व संचित शुभ-अशुभ कर्मोका फल भोगता है और नवीन बन्ध करता है । कर्मके करने और भोगनेकी यह परम्परा उसकी तब तक चालू रहती है जब तक वह शुभ और अशुभ दोनो प्रकारके कर्मबन्धनको नही काट देता ।

आगे चारो गतिके जीवोकी जघन्य, मध्यम और उत्कृष्ट आयुका प्रमाण बतलाते हुए सर्वप्रथम मनुष्योकी आयुका प्रमाण कहते है—

मनुष्योकी जघन्य आयुका प्रमाण एक अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट आयुका प्रमाण तीन पल्य है । मध्यम आयुका प्रमाण एक समय अधिक अन्तर्मुहूर्तसे लेकर उत्कृष्ट आयु तीन पल्यमें एक समय कम तक जानना ॥८७॥

विशेषार्थ—मनुष्य कर्मभूमिज और भोगभूमिजके भेदसे दो प्रकारके होते है । कर्मभूमिज मनुष्योकी जघन्य आयु अन्तर्मुहूर्त मात्र होती है और भोगभूमिज मनुष्योकी उत्कृष्ट आयु तीन पल्य होती है । इसीसे मनुष्य सामान्यकी जघन्य आयु अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट आयु तीन पल्य बतलायी है । जघन्य आयुमे एक समयकी वृद्धिसे लेकर उत्कृष्ट आयुमे एक समयकी हीनता पर्यन्त सब आयु मध्यम आयु जानना चाहिए ।

आगे तिर्यञ्चोकी आयुका प्रमाण कहते है—

जैसे मनुष्योमे जघन्य उत्कृष्ट और मध्यम आयुका प्रमाण बतलाया है वैसे ही गर्भज पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोमें भी जानना । शेष तिर्यञ्चोके बहुत भेद आगमके द्वारा जानना चाहिए ॥८८॥

---

१. णंति आउ ठिदी अ० क० । २ चरं अ० । 'नृस्थिती परापरे त्रिपल्योपमान्तर्मुहूर्ते ॥ तत्त्वार्थसू० ३-३८ ।

देवानां नारकाणां च—

[1]सहस दस सुरणिरये वासा अवरा वरा हु तेतीसं ।
सायरठिदीण संखा सेसं मणुआणमिव मुणह ॥८९॥

विशेषार्थ—तिर्यंच तीन प्रकारके होते है—एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय और पचेन्द्रिय। एकेन्द्रिय भी पाँच प्रकारके है—पृथ्वीकायिक, जलकायिक, तेजस्कायिक, वायुकायिक और वनस्पतिकायिक। पृथ्वीकायिक भी दो प्रकारके है—शुद्ध पृथिवीकायिक और खर पृथिवीकायिक। शुद्ध पृथिवीकायिकोकी उत्कृष्ट स्थिति बारह हजार वर्ष है। खर पृथिवीकायिकोकी उत्कृष्ट स्थिति बाईस हजार वर्ष है। वनस्पतिकायिकोकी उत्कृष्ट स्थिति दस हजार वर्ष है। जलकायिकोकी उत्कृष्ट स्थिति सात हजार वर्ष है। वायुकायिकोकी उत्कृष्ट स्थिति तीन हजार वर्ष है। तेजस्कायिकोकी उत्कृष्ट स्थिति तीन रात-दिन है। विकलेन्द्रियोमें दो इन्द्रियोकी उत्कृष्ट स्थिति बारह वर्ष, तेइन्द्रियोकी ४९ रात दिन, चौइन्द्रियोकी छह माह है। पचेन्द्रियतिर्यंचोके पाँच प्रकार है—जलचर, परिसर्प, उरग, पक्षी और चौपाये। जलचरोमे मत्स्य वगैरहकी उत्कृष्ट स्थिति एक पूर्व कोटी है। परिसर्प गोधा नेवले आदिकी उत्कृष्ट स्थिति नौ पूर्वांग है। उरगोकी उत्कृष्ट स्थिति बयालीस हजार वर्ष है, पक्षियोकी उत्कृष्ट स्थिति बहत्तर हजार वर्ष है। चौपायोकी उत्कृष्ट स्थिति तीन पल्य है। और इन सभी की जघन्य स्थिति अन्तर्मुहूर्त है ॥

देवो और नारकोकी आयुका प्रमाण कहते है—

देवो और नारकियोकी जघन्य आयुका प्रमाण दस हजार वर्ष है और उत्कृष्ट आयुका प्रमाण तेतीस सागर है। शेष-मध्यम आयुका प्रमाण मनुष्योकी तरह जानना ॥८९॥

विशेषार्थ—प्रथम नरकमें जघन्य आयु दस हजार वर्ष प्रमाण होती है और उत्कृष्ट आयु एक सागरकी है। दूसरे नरकमें तीन सागर, तीसरेमे सात सागर, चौथे नरकमें दस सागर, पाँचवेंमें सतरह सागर, छठेमें बाईस सागर और सातवें नरकमें तेतीस सागर उत्कृष्ट आयुका प्रमाण है। पहले-पहले नरककी उत्कृष्ट आयु आगे-आगेके नरकमें जघन्य आयु होती है। अर्थात् पहले नरककी उत्कृष्ट आयु एक सागर दूसरे नरकमें जघन्य होती है। दूसरे नरककी उत्कृष्ट आयु तीन सागर तीसरेमें जघन्य होती है। इसी प्रकार आगे भी समझ लेना चाहिए। देवोके चार प्रकार है—भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक। भवनवासी और व्यन्तर देवोकी जघन्य आयु दस हजार वर्ष होती है। भवनवासी देवोके दस प्रकार है। उनमेंसे असुरकुमारोकी उत्कृष्ट आयु एक सागर, नागकुमारोकी तीन पल्य, सुपर्णकुमारोकी अढाई पल्य, द्वीपकुमारोकी दो पल्य और शेष छह कुमारोकी डेढ पल्य उत्कृष्ट आयु होती है। व्यन्तरोकी और ज्योतिष्कोकी उत्कृष्ट आयु एक पल्यसे अधिक होती है। ज्योतिष्कोकी जघन्य आयु एक पल्यका आठवाँ भाग होती है। वैमानिक देवोमें प्रथम और द्वितीय स्वर्गोमें उत्कृष्ट आयु दो सागरसे अधिक होती है। तीसरे और चतुर्थ स्वर्गमें सात सागरसे अधिक, पाँचवें और छठे स्वर्गमे दस सागरसे अधिक, सातवें और आठवे स्वर्गमें चौदह सागरसे अधिक, नौवे और दसवें स्वर्गमें सोलह सागरसे अधिक, ग्यारहवें और बारहवे स्वर्गमें अठारह सागरसे अधिक, तेरहवें और चौदहवें स्वर्गमें बीस सागर तथा पन्द्रहवें और सोलहवे स्वर्गमे बाईस सागरकी उत्कृष्ट आयु होती है। सोलह स्वर्गोसे ऊपर नौ ग्रैवेयकोमें एक-एक सागर बढते-बढते २३ सागरसे ३१ सागर तक आयु होती है। नौ अनुदिशोमें बत्तीस सागरकी और पाँच अनुत्तरोमे तेतीस सागरकी उत्कृष्ट आयु होती है। प्रथम और द्वितीय स्वर्गमें एक पल्यसे अधिक जघन्य स्थिति होती है। आगे पहले-पहले युगलकी उत्कृष्ट स्थिति कुछ अधिकताको लिये हुए आगेके युगलकी जघन्य आयु होती है। इसी तरह आगे भी जानना।

१. दहसहसा अ० क० स० मु०। दहसहसा ब०।

तेषु पर्यायेषु जीवा. पञ्चावस्थासु चतुर्विधदुःखेन दुःखिता भवन्तीत्याह—

पंचावत्थजुओ सो चउविहदुक्खेण दुक्खिओ [1]य तहा ।
तावदु कालं जीओ जाव ण भावेइ परमसब्भावं ॥९०॥

ताः पञ्चावस्था आह—

पंचावत्था देहे कम्मादो होइ सयलजीवाणं ।
उप्पत्ती बालत्तं जोवण बुड्ढंत होइ तह मरणं ॥९१॥
सहजं खुधाइजादं णइमित्तं सीदवादमादीहिं ।
रोगादिआ य देहज अणिट्ठजोए तु माणसियं ॥९२॥

विभावस्वभावफलमाह—

विब्भावादो बंधो मोक्खो सब्भावभावणालोणो ।
तं खु [2]णएणं णच्चा पच्छा आराहओ जोई[3] ॥९३॥

उन पर्यायोमें जीव पाँच अवस्थाओसे चारो प्रकारके दुःखसे दुःखित होते है ऐसा कहते है—
जब तक जीव अपने परमस्वभावकी भावना नही करता तब तक पाँच अवस्थाओंसे युक्त होता हुआ चार प्रकारके दुःखोंसे दुखी रहता है ॥९०॥

उन पाँच अवस्थाओको कहते है—
उत्पत्ति, बालपना, युवावस्था, बुढापा और मरण ये पाँच अवस्थाएँ सब जीवोंके शरीरमे कर्मके उदयसे होती है ॥९१॥

विशेषार्थ—संसारी जीव अनादिकालसे इस संसारमें भटक रहा है । इसका मूल कारण है उसका अज्ञान । अज्ञानवश आजतक उसने यही जाननेका प्रयत्न नही किया कि मै कौन हूँ, मेरा स्वरूप क्या है ? कर्मके योगसे जब यह जीव नया जन्म धारण करता है तो मानता है यह मेरा जन्म हुआ । फिर बाल्यावस्थामे अपनेको बालक, युवावस्थामें युवा, वृद्धावस्थामें वृद्ध मानता है । और मृत्यु होनेपर अपना मरण मानता है । किन्तु ये पाँचो अवस्थाएँ तो शरीराश्रित है, नये शरीर धारण करनेको जन्म कहा जाता है, शरीरकी ही अवस्थाएँ बालपना, यौवन और वृद्धपना है । शरीरके छूट जानेका नाम मरण है । जीव तो न जन्मता है और न मरता है, वह न बालक है न जवान है और न बूढा है । ये सब शरीराश्रित है । शरीरको ही आपा माननेसे ऐसा समझता है मैं जन्मा मैं मरा । किन्तु जो मैं हूँ वह तो शरीर और उसकी अवस्थाओसे भिन्न एक शाश्वत स्वतन्त्र तत्त्व है उसकी न तो उत्पत्ति होती है और न विनाश होता है । उसका स्वरूप तो जानना देखना मात्र है । उसके न हाथ है, न पैर है, न सिर है और न धड है, हाथ-पैर आदि तो शरीरके अवयव है । उनके कट जानेपर भी जीव नही कटता, वह तो अखण्ड है । ऐसे अपने जीव द्रव्यके स्वाभाविक भाव जीवत्वकी श्रद्धा करनेसे, उसे जाननेसे और उसीमें लीन होनेसे ससारके दु.खोसे इस जीवका छुटकारा हो सकता है । अन्यथा नही हो सकता ॥

आगे चार प्रकारके दु.खोका स्वरूप कहते है—
भूख प्यास आदिसे होनेवाला दुःख सहज है । शीत वायु आदिसे होनेवाला दुःख नैमित्तिक है । रोग आदिसे होनेवाला दु ख देहज है और अनिष्ट सयोगसे होनेवाला दु ख मानसिक है ॥९२॥

आगे विभावस्वभावका फल कहते है—
विभावसे बन्ध होता है और स्वभावमे लीन होने से मोक्ष होता है । नयके द्वारा इसे जानने के पश्चात् योगी आराधक होता है ॥९३॥

---

१. तहया आ०, तहयं अ० क० ख० ज० । २. णराण मु० । ३ होई मु० । हवए अ० क० । हवई ख० ज० ।

विशेषार्थ—विभाव स्वभावसे विपरीत होता है। स्वभाव परनिरपेक्ष होता है और विभाव परसापेक्ष होता है। इसीसे विभावसे बन्ध और स्वभावसे मोक्ष कहा है। कर्मके उदयसे होनेवाला प्रत्येक भाव विभाव है। गतिनाम कर्मके उदयसे होनेवाला नारक आदि रूप भाव विभाव है, कषायके उदयसे होनेवाला क्रोध मान आदि रूप भाव विभाव है। वेदकर्मके उदयसे होनेवाला स्त्री-पुरुष या नपुंसकरूप भाव विभाव है। मिथ्यात्वके उदयसे होनेवाला मिथ्यात्वभाव विभाव है, ज्ञानावरण कर्मके उदयसे होनेवाला अज्ञानभाव विभाव है। चारित्रमोहनीय कर्मके उदयसे होनेवाला असंयमभाव विभाव है। कर्मोके उदयसे होनेवाला असिद्धत्व भाव विभाव है। इसी तरह कषायके उदयसे अनुरंजित योगप्रवृत्ति रूप लेश्या भी विभाव है। इसीसे मिथ्यादर्शन, असंयम, प्रमाद, कषाय और योगको बन्धका कारण कहा है। ज्यो ज्यो जीव विभावपरिणतिको छोड़ता हुआ स्वभावके उन्मुख होता जाता है त्यो-त्यो बन्धसे छुटकारा होता जाता है। जैसे पहले गुणस्थानमें बन्धके पाँचो कारण रहते है अत उन-उन कारणोसे बँधनेवाले कर्मोका बन्ध मिथ्यादृष्टि जीवके होता है। उन कर्मप्रकृतियो मे १६ प्रकृतियाँ मिथ्यात्वकी प्रधानतामे ही बँधती है। अतः मिथ्यात्वका निरोध हो जानेपर उनका बन्ध आगेके गुणस्थानोमें नही होता। २५ प्रकृतियाँ अनन्तानुबन्धी कषायकी प्रधानतामें ही बँधती है अतः सासादन गुणस्थानसे आगे उनका बन्ध नही होता। दस प्रकृतियाँ अप्रत्याख्यानावरण कषायके उदयकी प्रधानतामें ही बँधती है अतः चौथे गुणस्थानसे आगे उनका बन्ध नही होता। चार प्रकृतियाँ प्रत्याख्यानावरण कषायकी उदयकी प्रधानतामें बँधती है अत पाँचवें गुणस्थानसे आगे उनका बन्ध नही होता। छह प्रकृतियोके बन्धमें कारण प्रमाद है अत प्रमत्तसयतनामक छठे गुणस्थानसे आगे उनका बन्ध नही होता। ३६ प्रकृतियाँ संज्वलन कषायके तीव्र उदयमे बँधती है अतः आठवें गुणस्थानसे आगे उनका बन्ध नही होता। संज्वलन कषायके मध्यम उदयकी प्रधानतामें पाँच प्रकृतियाँ बँधती है अत. नौवें गुणस्थानसे आगे उनका बन्ध नही होता है। सज्वलन कषायके मन्द उदयकी प्रधानतामें १६ कर्मप्रकृतियाँ बँधती है अत दसवें गुणस्थानसे आगे उनका बन्ध नही होता। केवल योगसे एक सातावेदनीय कर्म ही बँधता है अत. अयोगकेवलीके उसका भी बन्ध नही होता। अयोगकेवली अवस्थाके पश्चात् ही जीव मुक्त हो जाता है। इसी से मिथ्यात्वके प्रतिपक्षी सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञानको और असंयम आदिके प्रतिपक्षी सम्यक् चारित्रको मोक्षका कारण कहा है। क्योकि सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र स्वभाव रूप है। अत. स्वभावसे मोक्ष और विभावसे बन्ध होता है। द्रव्यानुयोगी शास्त्रोमें जीवके भावके दो भेद किये है—शुद्ध और अशुद्ध। अशुद्धके भी दो भेद किये हैं—शुभ और अशुभ। शुभ परिणामोसे पुण्यकर्मका बन्ध होता है और अशुभ परिणामोसे पाप कर्मका बन्ध होता है। अत. शुभ और अशुभ भाव विभाव है और एकमात्र शुद्ध भाव ही स्वभाव है। शुद्धभाव किसी भी बन्धका कारण नही है। जैनधर्ममें वस्तुका निरूपण करनेवाले दो नय माने गये है। एक निश्चयनय और दूसरा व्यवहारनय। निश्चयनय शुद्ध द्रव्यका निरूपण करता है। और व्यवहारनय अशुद्ध द्रव्यका निरूपण करता है। जैसे रागपरिणाम ही आत्माका कर्म है वही पुण्य पाप रूप है। राग परिणामका ही आत्मा कर्ता है उसीका ग्रहण करनेवाला और उसीका त्याग करनेवाला है। यह अशुद्ध निश्चयनयका निरूपण है। और पुद्गल परिणाम आत्माका कर्म है, वही पुण्यपाप रूप है। उसीका आत्मा कर्ता है उसीको ग्रहण करता है और छोड़ता है यह व्यवहारनयका निरूपण है। ये दोनो ही नय है क्योकि द्रव्यकी प्रतीति शुद्ध और अशुद्ध दोनो प्रकारसे होती है। किन्तु मोक्षमार्ग में साधकतम होनेसे निश्चयनयको ग्रहण किया गया है। क्योकि साध्य शुद्ध होनेसे तथा द्रव्यकी शुद्धताका प्रकाशक होनेसे निश्चयनय ही साधकतम है, अशुद्धताका प्रकाशक व्यवहारनय साधकतम नही है। अत शुद्धभाव ही मोक्षका कारण है, शुभभाव भी विभावरूप होनेसे बन्धका कारण है। यह सब जाननेके पश्चात् ही साधु मोक्षमार्गका आराधक होता है। स्वभाव और विभावका ज्ञान हुए विना स्वभावका ग्रहण और विभावका त्याग सभव नही है। और स्वभावके ग्रहण तथा विभावके त्याग विना मोक्षकी आराधना सभव नही है। अत मोक्षमार्गके आराधकको उनका ज्ञान होना आवश्यक है।

एवमनेकान्तं समर्थ्य तत्फलं च दर्शयति—

एवं सियपरिणामी बज्झदि मुच्चेदि दुविहहेदूहिं ।
ण विरुज्झदि बंधाई जह[1] एयंते विरुज्झेई ॥९४॥

इति द्रव्यसामान्यलक्षणम् ।

आगे अनेकान्तका समर्थन करके उसका फल दिखाते हैं—

इस प्रकार स्याद्वाददृष्टिसे सम्पन्न व्यक्ति अन्तरंग बहिरंग कारणोसे बँधता और छूटता है। जैसे एकान्तवादमें बन्ध और मोक्षकी व्यवस्थामे विरोध आता है वैसे अनेकान्तवादमे विरोध नही आता ॥९४॥

विशेषार्थ—आत्माको सर्वथा नित्य या सर्वथा अनित्य आदि माननेका नाम एकान्तवाद है। आत्माको सर्वथा नित्य माननेसे उसमें किसी तरह का परिवर्तन सम्भव नही है क्योकि परिवर्तन माननेसे सर्वथा नित्यताका पात होता है। ऐसी स्थितिमें जब आत्मामे किसी प्रकारका विकार सम्भव नही है तो बन्ध और मोक्षकी व्यवस्था कैसे बन सकती है ? आत्माको सर्वथा नित्य माननेपर उसमें शुभ और अशुभ क्रिया नही हो सकती। शुभ और अशुभ परिणामोंके अभावमे पुण्य और पापकी उत्पत्ति नही हो सकती क्योकि कारणके अभावमें कार्य नही होता। पुण्य और पापकी उत्पत्तिके कारण शुभ और अशुभ परिणाम होते है। उनके अभावमें पुण्य-पापका बन्ध सम्भव नही है। और उनके अभावमें नया जन्म धारण करके सुख-दु खादि फलका उपभोग करना भी सम्भव नही है। इस तरहसे एकान्तवादमे पुण्य-पाप, जन्म-मरण, बन्ध-मोक्ष आदि नही बनते। इसी तरह आत्माको सर्वथा क्षणिक मानने पर भी ये सब नही बनते। क्योकि क्षणिक चित्तमें प्रत्यभिज्ञान, स्मृति, इच्छा, द्वेष आदि सम्भव न होनेसे वह कोई कार्य नही कर सकता। और प्रत्यभिज्ञान आदिका अभाव इसलिए है कि क्षणिकवादमें कोई एक प्रत्यभिज्ञाता नही है। पहले किसी वस्तुको देखकर कुछ कालके बाद उसे पुनः देखनेपर देखनेवाला पूर्वस्मरणकी सहायतासे यह निर्णय करता है कि यह वही है जिसे मैंने पहले देखा था। यह सब क्षणिकवादमें कैसे सम्भव हो सकता है, वहाँ तो क्षण-क्षणमें वस्तुका सर्वथा विनाश माना गया है अतः देखनेवाला और जिसे देखा था, वे दोनो ही जब नष्ट हो चुके तो यह वही है ऐसा स्मरणमूलक प्रत्यक्ष कैसे हो सकता है ? अत. जब चित्तक्षण कुछ कार्य करनेमें असमर्थ है तो पुण्य-पापरूप फल कैसे सम्भव हो सकता है। और उसके अभावमें जन्म-मरण तथा बन्ध-मोक्ष कैसे हो सकते है। अत. सर्वथा नित्यवाद और सर्वथा क्षणिकवादमें बन्ध और मोक्षकी व्यवस्था नही बनती इसलिए अनेकान्तवादको ही अंगीकार करना उचित है। प्रत्येक वस्तु द्रव्यरूपसे नित्य है और पर्यायरूपसे अनित्य है। अत. पर्यायोके उत्पाद, विनाशशील होनेपर भी द्रव्यका विनाश नही होता। अत जो आत्मा कर्म करता है वही उसका फल भोगता है। जो बँधता है वही छूटता है बन्धन और मुक्तिरूप पर्यायका आश्रयभूत आत्मा द्रव्यरूपसे नित्य है।

इस प्रकार द्रव्य सामान्यका कथन समाप्त हुआ।

---

१. 'पुण्यपापक्रिया न स्यात् प्रेत्यभाव फल कुत'। बन्धमोक्षौ च तेषा न येषा त्वं नासि नायक ॥४०॥ क्षणिकैकान्तपक्षेऽपि प्रेत्यभावाद्यसंभव। प्रत्यभिज्ञाद्यभावान्न कार्यारम्भ कुत फलम् ॥४१॥ आप्तमी०। 'बन्धश्च मोक्षश्च तयोश्च हेतू बद्धश्च मुक्तश्च फलं च मुक्तेः। स्याद्वादिनो नाथ तवैव युक्त नैकान्तदृष्टेस्त्वमतोऽसि शास्ता ॥ —स्वयंभूस्तोत्र।

इदानीं विशेषगुणानां स्वामित्वसमर्थनार्थमाह । तत्र गाथाभ्यामधिकारपातनिका--

जे [1]सामण्णेणुत्ता गुणपज्जयदव्वाण[2] लक्खणं संखा ।
णयविसयदंसणत्थे ते चेव विसेसदो भणिमो ॥९५॥
गयणं पोग्गल जीवा धम्माधम्मं खु कालदव्वं च ।
भणियव्वा अणुकमसो जहट्ठिया गयणगब्भेसु ॥९६॥

गगनद्रव्यस्य तावद्विशेषलक्षणं भेदं चाह—

[3]चेयणरहियममुत्तं अवगाहणलक्खणं च सव्वगयं ।
लोयालोयविभेयं तं णहदव्वं जिणुद्दिट्ठं ॥९७॥

अब विशेष गुणोके स्वामित्वका समर्थन करते हुए, प्रथम दो गाथाओके द्वारा अधिकारका अवतरण करते हैं--

नयोके विषयको दिखानेके लिए गुण, पर्याय और द्रव्यका लक्षण तथा संख्याका पहले सामान्य कथन किया । अब उन्हीका विशेषरूपसे कथन करते हैं ॥९५॥

आकाश, पुद्गल, जीव, धर्म, अधर्म और कालद्रव्य आकाशके गर्भमे जिस प्रकारसे स्थित हैं, क्रमशः उनका कथन करते हैं । अर्थात् आकाशमें स्थित सब द्रव्योंके स्वरूपादिका कथन करते हैं ॥९६॥

सबसे प्रथम आकाशद्रव्यका विशेष लक्षण और भेद कहते है—

जिनेन्द्रदेवने आकाशद्रव्यको अचेतन, अमूर्तिक, व्यापक और अवगाह लक्षणवाला कहा है । वह लोक और अलोकके भेदसे दो रूप है ॥९७॥

विशेषार्थ—आकाशद्रव्य एक है, अचेतन है, अमूर्तिक है, निष्क्रिय है और सर्वत्र व्यापक है । ऐसा कोई स्थान नही है जहाँ आकाशद्रव्य नही है । उसमें न तो चेतनागुण है और न रूप, रस, गन्ध और स्पर्शगुण है । इसलिए वह अचेतन और अमूर्तिक है । उसका कार्य है सब द्रव्योको अवगाह देना । सभी द्रव्य आकाशके अन्दर ही पाये जाते है । सब द्रव्योमें क्रियावान् दो ही द्रव्य है जीव और पुद्गल । अतः जीव और पुद्गल जब एक स्थानसे चलकर दूसरे स्थानमें पहुँचते है तो उन्हें अवगाहकी आवश्यकता होती है यह काम आकाश करता है उससे उन्हें अवगाहकी प्राप्ति होती है । अत मुख्य रूपसे अवगाह क्रिया जीव पुद्गल में ही होती है । शेष सब द्रव्य तो अपने-अपने स्थानपर ही सदा स्थित रहते है, एक स्थानसे दूसरे स्थानपर नही जाते अत. उनमें अवगाहरूप क्रिया मुख्यतासे नही है । फिर भी चूँकि वे आकाशके अन्दर ही स्थित है अत. उपचारसे उनमें भी अवगाहरूप क्रिया मानी गयी है । शंका—यदि धर्मादिद्रव्योका आधार लोकाकाश है तो आकाशका आधार क्या है ? समाधान—आकाशका आधार अन्य नही है, वह अपने ही आधार है । शंका—यदि आकाश अपने आधार है तो धर्मादि द्रव्योको भी अपने ही आधार होना चाहिए । यदि धर्मादि द्रव्योका आधार कोई अन्य द्रव्य है तो आकाशका भी दूसरा आधार होना चाहिए । समाधान—आकाशसे बडा कोई अन्य द्रव्य नही है जिसके आधार से आकाश रह सके । आकाश तो सब ओर अनन्त है—उसका कही अन्त ही नही है । तथा निश्चयनयसे सभी द्रव्य अपने आधार है । कोई द्रव्य किसी दूसरे द्रव्यके आधार नही

---

१. सामण्णेणुत्ता जे अ० क० ख० मु० । २. दव्वलक्खण अ० क० । ३. 'सव्वेसिं जीवाणं सेसाणं तह य पुग्गलाण च । जं देदि विवरमखिलं तं लोगे हवदि आगासम् ॥९०॥—पञ्चास्ति० । 'अवगासदाणजोग्गं जीवादीणं वियाण आयासं । जेण्हं लोगागासं अल्लोगागासमिदि दुविहं ॥१९॥ धम्माधम्माकालो पुग्गलजीवाय संति जावदिये । आयासे सो लोगो तत्तो परदो अलोगुत्ति ॥२०॥—द्रव्यसंग्रह ।

लोकालोकयोर्लक्षणमाह—

जीवेहि पुग्गलेहि य धम्माधम्मेहि जं च कालेहिं ।
उद्धद्धं तं लोगं सेसमलोगं हवे णंतम् ॥९८॥

अनुषङ्गिणः स्वरूपं निरूप्य पुद्गलसंबन्धमाह—

[1]लोगमणाइअणिहणं अकिट्ठिमं तिविहभेयसंठाणं ।
खंधादो तं भणियं पोग्गलदव्वाण सव्ववरसीहिं ॥९९॥

है । किन्तु व्यवहारनयसे धर्मादि द्रव्योका आधार आकाशको कहा जाता है क्योकि धर्मादिद्रव्य लोकाकाशसे बाहर नही पाये जाते है ।

आगे लोक और अलोकका लक्षण कहते है—

आकाशका जो भाग जीवोसे, पुद्गलोंसे, धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य और कालद्रव्यसे व्याप्त है वह लोक है और शेष अनन्त आकाश अलोक है ॥९८॥

विशेषार्थ—आशय यह है कि आकाश तो सर्वत्र है वह सर्व व्यापक एक अखण्डद्रव्य है । उसके जितने भागमें धर्म आदि छहो द्रव्य पाये जाते है उतने भागको लोकाकाश कहते है और उसके बाहर सब ओर जो अनन्त आकाश है उसे अलोकाकाश कहते है । इस तरह आकाशके दो विभाग हो गये है । इस विभागके कारण है धर्मद्रव्य और अधर्मद्रव्य । धर्मद्रव्य जीव और पुद्गल द्रव्योकी गतिमें सहायक है और अधर्मद्रव्य उनकी स्थितिमे सहायक है । ये दोनो द्रव्य लोकाकाशमें ही व्याप्त है । अतः जीव और पुद्गलो की गति लोकाकाशमें ही सम्भव है उसके बाहर वे नही जाते । यदि ये दोनो द्रव्य न होते तो या तो जीव और पुद्गलोमें गति और स्थिति ही न होती और यदि होती तो ये द्रव्य समस्त आकाश में विचरण करते और इस तरह लोक-अलोकका विभाग नही बनता । किन्तु जब लोक है तो अलोक होना ही चाहिए । क्योकि 'न' से युक्त अखण्ड पद सार्थक होता है जैसे अब्राह्मण कहनेसे ब्राह्मणसे इतर क्षत्रिय आदिका बोध होता है ।

अनुषंगप्राप्त लोक स्वरूप बतलाकर पुद्गलके साथ उसका सम्बन्ध कहते है—

लोक अनादिनिधन है, अकृत्रिम है, पुद्गलद्रव्योके स्कन्धसे तीन भेद रूप आकारवाला है ऐसा सर्वज्ञ सर्वदर्शी जिनेन्द्रने कहा है ॥९९॥

विशेषार्थ—लोक किसीके द्वारा नही रचा गया है, वह अकृत्रिम है और इसीलिए अनादि-अनन्त है—न उसकी आदि है और न उसका अन्त है । उसके तीन भेद है अधोलोक, मध्यलोक और ऊर्ध्वलोक । लोकके मध्यमें चित्रा पृथिवीके ऊपर सुमेरुपर्वत स्थित है । एक हजार योजन पृथिवीके भीतर और ९९ हजार योजन पृथिवीके ऊपर इस तरह एक लाख योजन ऊँचा है । उसके नीचेके भागको अधोलोक कहते है, उसके तलसे लेकर चूलिका तकके भागको मध्यलोक कहते है और ऊपरके भागको ऊर्ध्वलोक कहते है । अधोलोक-का आकार वेत्रासन या खडे हुए अर्धमृदंगके समान है । मध्यलोकका आकार गोल झालके समान है और ऊर्ध्व लोक का आकार खडे हुए मृदंग के समान है । एक मनुष्य के दोनों पैर फैला कर और अपने दोनो हाथ कटिप्रदेशपर रखकर खड़ा होनेसे जैसा आकार होता है वैसा ही लोकका आकार है । लोकके इन तीन भेदरूप आकारका सम्बन्ध पुद्गलद्रव्योंके स्कन्धोसे है । सुमेरु पर्वत, उसके नीचेकी सात पृथिवियाँ, ऊपर स्वर्गोके विमान, सिद्ध शिला, ये सब एक लोकव्यापी महास्कन्धके ही परिणाम है । इस लोकको चारो ओरसे वेष्टित किये हुए तीन वातवलय भी पुद्गल स्कन्धरूप ही है । अतः लोककी आकार-रचनामें पुद्गल-द्रव्यका विशेष उपयोग हुआ है । किन्तु यह सब स्वाभाविक है किसीके द्वारा किया गया नही है ।

---

१ 'लोगो अकिट्टिमो खलु अणाइणिहणो सहावणिव्वत्तो । जीवाजीवेहि फुडो सव्वागासावयवो णिच्चो ॥४॥ धम्माधम्मागासा गदिरागदि जीवपोग्गलाणं च । जावत्तावल्लोगो आयासमदो परमणंतं ॥५॥ उब्भियदलेत्तय मुरवद्धयसंचयसण्णिहो हवे लोगो । अद्धुदओ मुरवसमो चोद्दसरज्जुदओ सव्वो ॥६॥—त्रिलोकसार ।

तस्यैव अर्थसमर्थनार्थमाह (श्लोकद्वयं)—

स्वभावतो यथा लोके चन्द्रार्काद्यन्तरिक्षका. ।
तथा लोकस्य संस्थानमाकाशान्ते जिनोदितम् ॥१॥
ऊर्ध्वाधो गमनं नास्ति तिर्यग्रूपे पुनस्तथा ।
अगुरुलघ्वन्तर्भावाद्गमनागमनं नहि ॥२॥

तस्यैव स्वरूपं प्रयोजनं च वदति—

मुत्तो एयपदेसी कारणरूवोणु[1] कज्जरूवो वा ।
तं खलु पोग्गलदव्वं खंधा ववहारदो भणिया ॥१००॥
[2]वण्ण रस गंध एक्कं फासा दो जस्स संति समयम्मि ।
तं इह मुत्तं भणियं अवरवरं कारणं जं च ॥१०१॥
[3]दव्वाणं च पएसे जो हु विहत्तो हु कालसंखाणं ।
णियगुणपरिणामादो कत्ता सो चेव खंधाणं ॥१०२॥

आगे इस कथनके समर्थनमें ग्रन्थकार दो श्लोक उद्धृत करते हैं—

जैसे लोकमें चन्द्र, सूर्य, तारे आदि स्वभावसे ही बने हैं वैसे ही आकाशके मध्यमे लोकका आकार, स्वभावसे ही बना है, ऐसा जिनदेवने कहा है। न वह ऊपर जाता है, न नीचे जाता है और न तिर्यग् रूपसे। अगुरुलघु गुणके कारण उसका गमनागमन नही होता ॥

आगे उस पुद्गल द्रव्यका स्वरूप और प्रयोजन कहते हैं—

परमाणु मूर्तिक है, एकप्रदेशी है, कारणरूप भी है और कार्यरूप भी है। निश्चयसे वही पुद्गलद्रव्य है और व्यवहार नयसे स्कन्धोको भी पुद्गलद्रव्य कहा है ॥१००॥

विशेषार्थ—पुद्गलद्रव्यके दो भेद बतलाये है—अणु और स्कन्ध। अणु या परमाणु नित्य और अविभागी होता है। इसीसे वह केवल एकप्रदेशी होता है। उसके दो, तीन आदि प्रदेश नही होते, न उसमें आदि, मध्य और अन्त व्यवहार होता है। वह स्वयं ही आदि, स्वयं ही मध्य और स्वय ही अन्तरूप है। उसमें एक रस, एक गन्ध, एक रूप और दो स्पर्श—शीत या उष्ण, स्निग्ध या रूक्ष होते है, इन्द्रियके द्वारा उसका ज्ञान नही हो सकता। उसका यह रूप स्वाभाविक है, दूसरोके मेलसे नही बना है। इसीसे वास्तवमें तो वही शुद्ध पुद्गलद्रव्य कहलाता है। और दो, तीन आदि संख्यात, असंख्यात या अनन्त परमाणुओके मेलसे उत्पन्न हुई पर्यायको स्कन्ध कहते है। स्कन्धरूप पर्याय अशुद्ध है, स्वाभाविक नही है, वैभाविक है अत. उसे व्यवहारसे पुद्गलद्रव्य कहा जाता है। चूँकि परमाणुओके बन्धसे स्कन्ध पर्याय बनती है अतः परमाणु कारण है। परमाणुओका संयोग हुए विना स्कन्ध पर्याय सम्भव नही है। और स्कन्ध टूटकर पुनः परमाणुरूप हो जाते हैं इसलिए परमाणु कार्य भी है। किन्तु घटादिकी तरह परमाणु किसीके मेलसे नही बनता। अतः जिस प्रकार घट कार्यरूप है उस प्रकार परमाणु कार्यरूप नही है। किन्तु स्कन्धोके टूटनेसे परमाणु पुन. अपने स्वाभाविक रूपमें आता है इसलिए उसे कार्य कहा है।

जिसमे एक वर्ण, एक रस, एक गन्ध और दो स्पर्श गुण होते है उसे आगममें मूर्तिक कहा है। वह मूर्तिक द्रव्य आगे-पीछे या दूर निकट व्यवहारमें कारण है ॥१०१॥ वह द्रव्योंके प्रदेशोका और कालकी संख्याका विभाग करता है। वही अपने गुणोके परिणमनसे स्कन्धोका कर्ता है ॥१०२॥

---

१. रूवो वि आ० । 'वादरसुहुमगदाण खधाणं पुग्गलोत्ति ववहारो ।'....सव्वेसिं खंधाणं जो अंतो तं वियाण परमाणू । सो सस्सदो असद्दो एक्को अविभागी मुत्तिभवो ॥७७॥'—पञ्चास्ति० । २. 'एयरसवण्णगंधं दो फासं सद्दकारणमसद्दं । खंधंतरिदं दव्वं परमाणुं तं वियाणाहि ॥८१॥ पञ्चास्ति० । ३. 'णिच्चो णाणवकासो ण सावकासो पदेसदो भेत्ता । खंधाणं पि य कत्ता पविहत्ता कालसंखाणं ॥८०॥'—पञ्चास्ति० ।

तत्समर्थ्यं जीवसंबन्धं प्राह—

[1]खंधा बादरसुहुमा णिप्पण्णं तेहिं लोयसंठाणं ।
कम्मं णोकम्मं विय जं बंधो हवई जीवाणं ॥१०३॥

विशेषार्थ—सब द्रव्योमें एक पुद्गल द्रव्य ही मूर्तिक है । जिसमे रूप, रस, गन्ध और स्पर्श गुण पाये जाते है उसे मूर्तिक कहते है । परमाणु एक प्रदेशी होता है अतः उसमें एक रस, एक रूप, एक गन्ध और दो स्पर्श रहते है । किन्तु परमाणुओके समूहसे बने स्कन्धोमे अनेक रूप, अनेक रस, अनेक गन्ध और अनेक स्पर्श पाये जाते है । पुद्गल परमाणुके द्वारा ही द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी माप की जाती है । अमुक स्कन्ध कितने परमाणुओसे बना है इसका माप परमाणुओ द्वारा ही किया जाता है । क्योकि सबसे छोटा द्रव्य परमाणु होता है । वह परमाणु आकाशके जितने क्षेत्रको रोकता है उसे प्रदेश कहते है । प्रदेश सबसे छोटा क्षेत्र है । इस तरह क्षेत्रका माप भी परमाणु द्वारा ही होता है । सबसे छोटा काल समय है । आकाशके एक प्रदेशमे स्थित पुद्गल परमाणु मन्दगतिसे अपने निकटवर्ती दूसरे प्रदेशमें जितनी देरमें पहुँचता है उतने कालको समय कहते है । अत समयका माप भी परमाणु द्वारा ही होता है । इसी तरह भावका माप भी परमाणु द्वारा होता है । अतः एक प्रदेशके द्वारा स्कन्धके टूटनेमे निमित्त होनेसे परमाणु स्कन्धोका भेदन करने वाला है, एक प्रदेश द्वारा स्कन्धके संघातमें निमित्त होनेसे स्कन्धोका कर्ता है, एक आकाश प्रदेशको लाँघनेवाले अपने गति परिणामके द्वारा समय नामक कालका विभाग करता है, एक प्रदेशके द्वारा स्कन्धोमे वर्तमान परमाणुओकी सख्या बतलाता है । एक प्रदेशके द्वारा आकाशके क्षेत्रको मापकर प्रदेशका माप करता है । परमाणुमें होनेवाले परिणमनोके कारण ही परमाणु अन्य परमाणुओसे मिलकर स्कन्धकी उत्पत्ति करता है । इस तरह सब प्रकारके मापोका मूल परमाणु है ।

आगे पुद्गलका जीवके साथ सम्बन्ध बतलाते है—

स्कन्ध बादर भी होते हैं और सूक्ष्म भी होते हैं । लोकका आकार उन्हीसे बना है । कर्म और नोकर्म भी पौद्गलिक स्कन्ध हैं जो जीवोके साथ बन्धको प्राप्त होते हैं ॥१०३॥

विशेषार्थ—पुद्गल परमाणुओके संघातसे जो स्कन्ध बनते है वे बादर भी होते है और सूक्ष्म भी होते है । उनके छह भेद है—बादरबादर, बादर, बादरसूक्ष्म, सूक्ष्मबादर, सूक्ष्म और सूक्ष्मसूक्ष्म । लकड़ी, पाषाण आदि जो छेदन होनेपर स्वयं नही जुड सकते वे बादरबादर है । दूध, घी, तेल, जल आदि जो छेदन होनेपर स्वयं जुड जाते है वे बादर है । स्थूल प्रतीति होनेपर भी जिनका छेदन-भेदन तथा ग्रहण अशक्य है उन छाया, धूप, अन्धकार, चाँदनी आदिको बादर सूक्ष्म कहते है । जो सूक्ष्म होनेपर भी स्थूल प्रतीत होते है उन चक्षुको छोडकर शेष चार इन्द्रियोके विषयो स्पर्श, रस, गन्ध और शब्दको सूक्ष्मबादर कहते है । सूक्ष्म होनेके कारण जिनका इन्द्रियोसे ग्रहण नही होता उन कर्मवर्गणाओको सूक्ष्म कहते है । कर्मवर्गणासे नीचेके द्वि-अणुक पर्यन्त अत्यन्त सूक्ष्म स्कन्धोको सूक्ष्मसूक्ष्म कहते है । ये सब स्कन्ध परमाणुओ के संघातसे बनते है । परमाणुमें स्निग्ध या रूक्ष गुण होता है । यह स्निग्धत्व और रूक्षत्व गुण ही स्कन्धकी उत्पत्तिमें कारण होते है । इन गुणोके कारण एक परमाणु अन्य परमाणुओके साथ मिलकर स्कन्धरूप परिणमित होता है । जिन परमाणुओमे एक गुण स्निग्धत्व या रूक्षत्व होता है उनका बन्ध नही होता, क्योकि ऐसे परमाणु न तो दूसरे परमाणुको अपने रूप परिणमा सकते है और न स्वयं ही अन्य रूप परिणमित हो सकते है । हाँ, यदि दो गुणको आदि लेकर एक परमाणुसे दूसरे परमाणुमें दो गुण अधिक होते है तो उन दोनोका बन्ध सम्भव है । और बन्धके बिना केवल संयोग मात्रसे स्कन्धकी निष्पत्ति नही हो सकती । जब दोनो परमाणु परिणम्य-परिणामकत्व भावसे अपनी-अपनी अवस्थाका परित्याग करके तीसरी अवस्थाको

१. बादरसुहुमगदाण खंधाणं पुग्गलो त्ति ववहारो । ते होंति छप्पयारा तेलोक्कं जेहिं णिप्पण्णं ॥७६॥ —पञ्चास्ति० ।

जीवस्य भेदमुद्दिश्य सूत्राणि सूचयति—

जीवा हु तेवि दुविहा मुक्का संसारिणो य बोहव्वा ।
मुक्का एयपयारा विविहा संसारिणो णेया ॥१०४॥

प्राप्त होते है तभी स्कन्ध बनता है । जैसे दो गुणवाले परमाणुका चार गुणवाले परमाणुके साथ बन्ध सम्भव है । तीन गुणवालेका पाँच गुणवालेके साथ बन्ध सम्भव है । इस तरह एकसे दूसरेमें दो गुण अधिक होनेपर ही स्निग्धता और रूक्षता गुणके कारण दोनोका बन्ध होता है और इस तरह संख्यात, असंख्यात और अनन्त परमाणुओंका स्कन्ध बनता है । अब प्रश्न होता है कि जीवमे तो स्निग्ध रूक्ष गुण नही है तब उसके साथ कर्मोका बन्ध कैसे होता है ? इसका समाधान इस प्रकार है--

यह लोक सूक्ष्म और बादर पुद्गल स्कन्धोसे सर्वत्र भरा हुआ है । उनमे-से जो स्कन्ध अतिसूक्ष्म या अतिस्थूल होते है वे तो कर्मरूप परिणत होनेके अयोग्य होते हैं । किन्तु जो अतिसूक्ष्म अथवा अतिस्थूल नही होते वे कर्मरूप परिणत होनेके योग्य होते है । जीव उपयोगमय है वह विविध विषयोको प्राप्त करके मोह, राग या द्वेष करता है । यद्यपि मोह, राग और द्वेष परनिमित्तक हैं फिर भी आत्मा उनसे उपरक्त है । अतः जीवकी राग द्वेष रूप परिणतिवश कर्म पुद्गल स्वयं ही जीवके साथ बद्ध हो जाते है । यद्यपि आत्माका कर्मपुद्गलोके साथ वास्तवमें कोई सम्बन्ध नही है, वे आत्मासे सर्वथा भिन्न है तथापि आत्मा राग द्वेष आदि भाव करता है और उन भावोमें कर्मपुद्गल निमित्त होते है । यह रागादिविकार ही स्निग्धता और रूक्षताका स्थानापन्न है । उसीको भावबन्ध कहते है । उसीसे पौद्गलिक कर्म बँधता है । इस प्रकार द्रव्यबन्धका निमित्त भावबन्ध है । आशय यह है कि स्निग्धता और रूक्षतारूप स्पर्श विशेषोके द्वारा जो कर्म परमाणुओका एकत्व परिणाम होता है वह तो केवल पुद्गलबन्ध है और जो जीवका अपने औपाधिक मोहरागद्वेषरूप पर्यायोके साथ एकत्व परिणाम होता है वह केवल जीवबन्ध है । तथा जीव और कर्मपुद्गलोके परस्पर परिणामके निमित्त मात्रसे जो उनका एक क्षेत्रावगाह सम्बन्ध होता है वह पुद्गल जीवात्मक उभयबन्ध है । साराश यह है कि आत्माके प्रदेशोमें कायवर्गणा, वचनवर्गणा और मनोवर्गणाके अवलम्बनसे जैसा परिस्पन्द होता है तदनुसार ही कर्मपुद्गल स्वयं ही परिस्पन्दवाले होते हुए आत्मामें प्रवेश करते है और यदि उसके मोह राग द्वेषरूप भाव होते है तो बँध जाते है । इस तरह द्रव्यबन्धका हेतु भावबन्ध है । अत. राग परिणत जीव ही नवीन कर्मसे बँधता है और वैराग्य परिणत जीव मुक्त होता है ।

अब जीवके भेद कहते है—

जीव भी दो प्रकारके हैं—मुक्त जीव और संसारी जीव । मुक्त जीव एक ही प्रकारके होते हैं और संसारी जीव अनेक प्रकारके जानना चाहिए ॥१०४॥

विशेषार्थ—शुद्धतामे कोई भेद नही होता । अत. पूर्ण शुद्ध मुक्त जीवोमे परस्परमें कोई भेद नही है । तीर्थंकर होकर जो मुक्त होते हैं और जो सामान्य केवली होकर मुक्त होते हैं, मुक्तावस्थामे उनमें भी कोई अन्तर नही रहता । तीर्थंकर और अतीर्थंकरका अन्तर तो जब तक संसार है तभी तक है क्योकि तीर्थंकर नामकर्मका उदय वही होता है । मुक्त होनेपर तो सभी कर्मोके साथ उसका भी नाश हो जाता है । अत. मुक्तात्माके भेद-प्रभेद नही हैं सभी नित्य निरंजन निर्विकार स्वरूप है । यदि उनमें कोई भेद है तो क्षेत्रकृत भेद है—कोई किसी क्षेत्रसे मुक्त हुआ है और कोई किसी क्षेत्रसे मुक्त हुआ है, कालकृत भेद है—कोई किसी कालमें मुक्त हुआ है कोई किसी कालमें मुक्त हुआ है । शरीरकी अवगाहनाकृत भेद है—कोई किसी अवगाहनासे मुक्त हुआ है कोई किसी अवगाहनासे मुक्त हुआ है क्योकि मुक्त जीव जिस शरीरसे मुक्त होता है उसका आकार उस शरीरसे किंचित्न्यून ही रहता है, घटता-बढता नही है । इस तरह मुक्त जीवोमें आत्मगुणकृत कोई भेद नहीं है । जैसे सभी अग्नियाँ उष्ण होती हैं अत उष्णगुणकृत कोई भेद उनमें नही होता । किन्तु कोई आग तृणकी होती है, कोई आग लकडीसे होती है, कोई आग पत्तोंसे होती है अत उसे

[1]पहु जीवत्तं चेयण उवयोग अमुत्त मुत्तदेहसमं ।
कत्ता हु होइ भुत्ता तहेव कम्मेण संजुत्तो ॥१०५॥

प्रभोर्युक्तिसमर्थनार्थं प्रभुत्वमाह गाथाद्वयेनेति—

णट्ठट्ठकम्मसुद्धा असरीराणंतसोक्खणाणड्ढा ।
परमपहुत्तं पत्ता जे ते सिद्धा हु खलु मुक्का ॥१०६॥
घाईकम्मक्खयादो[2] केवलणाणेण विदिदपरमट्ठो ।
उवदिट्ठसयलतच्चो लद्धसहावो पहू होई ॥१०७॥

तृणाग्नि, काष्ठाग्नि या पत्राग्नि कहते है इनमें अन्तर तृण, काष्ठ या पत्रका है अग्नि तो अग्नि ही है । इस दृष्टान्तसे ऐसा आशय नही ले लेना कि तीनो प्रकारकी अग्नियोकी उष्णतामे जैसे अन्तर होता है वैसे सिद्धोके ज्ञानादि गुणोमें भी अन्तर है । सबके ज्ञानादिगुण समान है । इस तरह सिद्धोके भेद नही है किन्तु संसारी जीवोके तो अनेक भेद है—त्रस, स्थावर आदि, देव मनुष्य तिर्यंच नारकी आदि, एकेन्द्रिय दो इन्द्रिय आदि । इन भेदोको ग्रन्थकार आगे स्वयं कहेंगे ।

आगे जीवका स्वरूप कहते हैं—

प्रभु है, जीव है, चेतन है, उपयोगमय है, अमूर्तिक है, मूर्तिक शरीर प्रमाण है, कर्ता है, भोक्ता है और कर्मसे संयुक्त है ॥१०५॥

विशेषार्थ—संसारी आत्माका स्वरूप इस गाथाके द्वारा बतलाया है । निश्चयसे भावकर्मोके और व्यवहारसे द्रव्यकर्मोके आस्रव, बन्ध, संवर और निर्जरा तथा मोक्षके करनेमे यह आत्मा स्वयं समर्थ है अत प्रभु है । निश्चयसे भाव प्राणोको और व्यवहारसे द्रव्य प्राणोको धारण करता है इसलिए जीव है । निश्चयसे चित्स्वरूप और व्यवहारसे चित्शक्तिसे युक्त होनेके कारण चेतन है । निश्चयसे अभिन्न और व्यवहारसे भिन्न चैतन्य परिणामस्वरूप उपयोगसे युक्त होनेसे उपयोगमय है । व्यवहारसे कर्मोके साथ एकत्व परिणामके कारण मूर्त होनेपर भी निश्चयसे अरूपी स्वभाववाला होनेके कारण अमूर्त है । निश्चयसे आत्मा लोकप्रमाण असंख्यात प्रदेशी है किन्तु विशिष्ट अवगाह परिणामकी शक्तिसे युक्त होनेसे नामकर्मसे रचे जानेवाले छोटे या बडे शरीरमे रहता हुआ व्यवहारसे शरीर प्रमाण है । निश्चयसे पौद्गलिक कर्मके निमित्तसे होनेवाले आत्मपरिणामोका कर्ता है और व्यवहारसे आत्मपरिणामके निमित्तसे होनेवाले पौद्गलिक कर्मोका कर्ता है । निश्चयसे शुभ-अशुभ कर्मोके निमित्तसे होनेवाले सुख-दु खरूप परिणामोका भोक्ता है और व्यवहारसे शुभ अशुभ कर्मसे प्राप्त इष्ट-अनिष्ट विषयोका भोक्ता है । निश्चयसे निमित्तभूत पौद्गलिक कर्मोके अनुरूप होनेवाले भावकर्मरूप आत्मपरिणामोके साथ संयुक्त होनेसे कर्मसयुक्त है और व्यवहारसे निमित्तभूत आत्मपरिणामोके अनुरूप होनेवाले पौद्गलिक द्रव्यकर्मोसे सयुक्त है ।

आगे दो गाथाओसे प्रभुत्व गुणका युक्तिपूर्वक समर्थन करते है—

आठो कर्मोको नष्ट कर देनेसे जो शुद्ध है, शरीरसे रहित हैं, अनन्त सुख और अनन्त ज्ञानसे परिपूर्ण है, परम प्रभुत्वको प्राप्त वे सिद्ध मुक्तजीव हैं । घातिकर्मोके क्षयसे प्रकट हुए केवलज्ञानके द्वारा जिनने परमार्थको जाना है, और समस्त तत्त्वोका उपदेश दिया है, आत्मस्वभावको प्राप्त वह प्रभु होता है ॥१०६-१०७॥

विशेषार्थ—प्रभुका अर्थ होता है स्वामी । यह जीव स्वयं अपना स्वामी है । स्वयं ही अपने कार्योके द्वारा कर्मसे बद्ध होता है और स्वयं ही अपने कार्योके द्वारा बद्ध कर्मबन्धसे मुक्त होता है । इसका बन्धन

---

१ 'जीवोत्ति हवदि चेदा उवओगविसेसिदो पहू कत्ता । भोत्ता य देहमेत्तो ण हि मुत्तो कम्मसजुत्तो' ॥२७॥ —पञ्चास्ति० । २. घायचउक्कखवादो क० ख० । घाइचउक्कखयादो ज० ।

जीवाभावनिषेधार्थं तस्यैव स्वरूपं व्युत्पत्तिश्चोच्यते—

कम्मकलंकालीणा अलद्धससहावभावसब्भावा ।
[1]गुणमग्गणजीवट्ठिय जीवा संसारिणो भणिया ॥१०८॥

और मुक्ति किसी अन्यकी कृपा या रोपका परिणाम नही है। ऐसी प्रभुत्व शक्तिसे युक्त जीव सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, और सम्यक्चारित्रके द्वारा चार घातिकर्मोको नष्ट करके जब अनन्त चतुष्टयसे युक्त होता हुआ अर्हन्त दशाको प्राप्त होता है तब उसमें उस प्रभुत्व शक्तिका पूर्ण विकास होता है। और जब वह शेष चार अघाती कर्मोको भी नष्ट करके सिद्ध मुक्त हो जाता है तब तो वह स्वयं साक्षात् प्रभु ही हो जाता है। अतः इस जीवको अपनी वर्तमान ससारी अवस्थामें भी अपनेको असमर्थ और एक दम पराधीन नही समझना चाहिए। सब कुछ उसीके हाथमे है। वह अनन्तशक्तिका भण्डार है। अपने पुरुषार्थसे वह क्या नही कर सकता। भक्तसे भगवान् बन जाता है।

आगे जीवके अभावका निषेध करनेके लिए उसका स्वरूप और जीवशब्दकी व्युत्पत्ति कहते है—

जो कर्ममलरूपी कलकसे युक्त है, जिन्होने अपने स्वभावको प्राप्त नही किया और न अपने अस्तित्वको ही जाना है तथा जो गुणस्थान मार्गणास्थान और जीवसमासोंमें स्थित है उन जीवोंको संसारी कहा है ॥१०८॥

विशेषार्थ—हम सभी संसारी जीव है। हमारा जन्म और मरण निश्चित है। यह जन्म और मरणकी क्रिया जड़ पदार्थोंमें तो नही होती चेतन पदार्थोंमें ही होती है। मनुष्य, पशु-पक्षी आदि जन्म लेते है तो शरीरके साथ ही जन्म लेते हैं और जब मरते हैं तो शरीर तो पडा रह जाता है उसमे जो हाथ, पैर, आँख, नाक, कान आदि होते है वे सब भी जैसेके तैसे बने रहते है किन्तु उनमें कोई क्रिया नही देखी जाती। न वह मुर्दा शरीर रोता है न हँसता है न बोलता है न हाथ पैर हिलाता है न कुछ जानता-देखता है। किन्तु जब वह मुर्दा नही था तब उसमें ये सब क्रियाएँ होती थी। वे क्रियाएँ जो करता था उसे ही जीव कहते है। वही जीव आयु पूरी होनेपर शरीर छोड़कर नया शरीर धारण करता है। जन्म लेना और मरना, मरना और जन्म लेना इसीका नाम संसार है। किन्तु जीव सब कुछ जानते हुए भी अपनेको नही जानता। सदासे जीवके अस्तित्वमें विवाद रहा है। शरीरके साथ ही उसकी उत्पत्ति और शरीरके साथ ही उसका विनाश माननेवाले ही दुनियामें अधिक है। किन्तु शरीरके साथ उत्पन्न होनेपर भी जिसे हम जीव कहते है वह शरीरके साथ नष्ट नही होता, शरीर तो ज्योका त्यो पडा रहता है और वह निकल जाता है। उसके निकल जानेसे ही शरीर मुर्दा हो जाता है। इसीसे जीवको शरीरसे भिन्न माना गया है और शरीरके पड़े रहने से भी जो-जो बाते उस जाने वालेके साथ चली जाती है उनको जीवकी ही विशेषताएँ माना जाता है। उन विशेषताओमें मुख्य विशेषता है जानना-देखना। यह जानना देखना किसी भी जड़में कभी भी नहीं देखा गया। यहाँ तक कि मुर्दा शरीरमें भी नही। अतः जीव का मुख्य गुण ज्ञान है। और उसके साथ सुख है। ज्ञानके द्वारा ही मैं सुखी हूँ या मैं दु खी हूँ ऐसा बोध होता है। ये सब जीवकी पहचान है। वह जीव जैसे कर्म करता है वैसा ही उसका फल भोगता है। इसीसे दुनियामें कोई गरीब, कोई अमीर, कोई रूपवान्, कोई कुरूप, कोई दु.खी कोई सुखी, कोई बुद्धिमान् कोई मूर्ख आदि देखा जाता है। अत. संसारी जीव कर्मोसे बँधा हुआ है वह अपने स्वरूपको नही जानता। नाना योनियो और गतियोमें उसके नानारूप हो रहे है। उन्ही नाना रूपोको जानने के लिए आगममें गुणस्थान, मार्गणास्थान और जीवसमास बतलाये है। गुणस्थान १४ है। ये केवल संसारी जीवोके ही होते है। मोहनीय कर्म सब कर्मोमें प्रधान है उसीको लेकर

---

१ 'मग्गणगुणठाणेहि य चउदसहि हवंति तह असुद्धणया। विण्णेया संसारी सव्वे सुद्धा हु सुद्धणया ॥१३॥' —द्रव्यसंग्रह।

प्रारम्भके १२ गुणस्थानोकी रचना की गयी है। जिस जीवके मिथ्यात्व कर्मका उदय होता है वह पहले मिथ्यादृष्टि गुणस्थानवाला होता है। जो जीव मोहनीय कर्मकी मिथ्यात्व, सम्यङ्मिथ्यात्व, सम्यक्त्व मोहनीय और अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया, लोभ इन सात प्रकृतियोका क्षय, उपशम या क्षयोपशम करके सम्यक्त्व प्राप्त कर लेता है वह चौथे अविरत सम्यग्दृष्टि गुणस्थानवाला होता है। उपशम सम्यक्त्व अन्तर्मुहूर्त तक रहता है उसका काल पूरा होनेसे पहले जिस जीवके अनन्तानुबन्धी कषायका उदय आ जाता है वह सम्यक्त्वसे गिरकर दूसरे सासादन गुणस्थानवाला हो जाता है। जिसके सम्यक् मिथ्यात्व प्रकृतिका उदय होता है वह तीसरे मिश्र गुणस्थानवर्ती होता है। सम्यक्त्व प्राप्त कर लेनेके पश्चात् जो जीव श्रावकके व्रत धारण कर लेता है वह देशविरत नाम पंचम गुणस्थानवर्ती होता है, जो महाव्रत धारण करके मुनि हो जाता है वह प्रमत्तविरत अप्रमत्तविरत नामक छठे सातवें गुणस्थानवाला होता है। सातवें गुणस्थानसे ऊपरके गुणस्थानोमे चढनेके लिए दो श्रेणियाँ है—उपशम श्रेणि और क्षपक श्रेणि। उपशम श्रेणिपर चढनेवाला मोहनीय कर्मका उपशम (दबाना) करता जाता है और क्षपकश्रेणिवाला मोहनीयकर्मका क्षय (नाश) करता जाता है। आठवाँ, नौवाँ और दसवाँ गुणस्थान दोनो श्रेणियोमें हैं। उपशम श्रेणिवाला दसवें गुणस्थानसे ग्यारहवें उपशान्त मोह गुणस्थानमे जाता है। वहाँ उसका दबा हुआ मोह उभर आता है वह नीचे गिर जाता है। क्षपकश्रेणिवाला मोहका क्षय करते हुए दसवे गुणस्थानसे क्षीणमोह नामक बारहवे गुणस्थानमें जाता है और वहाँ शेष घातीकर्मोंको नष्ट करके केवली हो जाता है। केवलीके अन्तिम दो गुणस्थान सयोगकेवली और अयोगकेवली नामक होते हैं। चौदहवें गुणस्थानसे मोक्ष हो जाता है और मुक्त जीवके कोई गुणस्थान नही होता। इस तरह संसारी जीवोके आत्मिक उत्थान और पतनको लेकर उन्हें चौदह गुणस्थानोमें बाँटा गया है। जीवके एकेन्द्रिय दोइन्द्रिय तेइन्द्रिय चौइन्द्रिय, पंचेन्द्रिय, बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त आदि भेदोको लेकर १४ जीवसमासोंमें बाँटा गया है। इन जीवसमासोके विस्तारसे बहुत भेद होते है। जैसे एकेन्द्रिय जीवके पृथ्वीकायिक, जलकायिक, तैजस्कायिक, वायुकायिक, नित्यनिगोदिया, इतरनिगोदियाके भेदसे छह भेद है। ये बादर और सूक्ष्मके भेदसे दो-दो प्रकारके होते हैं। तथा प्रत्येक वनस्पतिकायिक जीवके सप्रतिष्ठित और अप्रतिष्ठितके भेदसे दो भेद है। इस तरह एकेन्द्रिय जीवके १४ भेद है। ये पर्याप्तक, निर्वृत्यपर्याप्तक और लब्ध्यपर्याप्तकके भेदसे तीन-तीन प्रकारके होते है अतः एकेन्द्रिय जीवके ४२ जीवसमास होते है। दोइन्द्रिय तेइन्द्रिय और चौइन्द्रिय जीव भी पर्याप्तक, निवृत्यपर्याप्तक और लब्ध्यपर्याप्तकके भेदसे तीन-तीन प्रकारके होते हैं अत इनके नौ जीवसमास होते है। इस तरह एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रियके ५१ जीवसमास होते है। पचेन्द्रिय जीवके ४७ जीवसमास होते है। तिर्यंचपंचेन्द्रिय गर्भज भी होते है और सम्मूर्छन भी होते है जो माताके गर्भसे पैदा होते है वे गर्भज कहलाते है और जो बाह्य सामग्रीसे ही पैदा होते है वे सम्मूर्च्छन कहलाते है। तथा ये जलचर—मछली वगैरह, थलचर—गाय, बैल वगैरह और नभचर—पक्षी वगैरहके भेदसे तीन प्रकारके होते है ये तीनो सैनी भी होते हैं, और असैनी (जिनके मन नही होता) भी होते है। इनमेंसे जो गर्भज होते है वे पर्याप्तक और निवृत्यपर्याप्तक ही होते है किन्तु सम्मूर्च्छन जीव पर्याप्तक निवृत्यपर्याप्तक और लब्ध्यपर्याप्तक होते है। अत गर्भ जन्मवालोके ६ × २ = १२ भेद होते है और सम्मूर्च्छन जन्मवालोंके ६ × ३ = १८ भेद होते है, इस तरह कर्मभूमिज तिर्यंच पचेन्द्रियोके तीस भेद होते है। भोगभूमिके तिर्यंच पंचेन्द्रिय गर्भज ही होते है तथा थलचर और नभचर ही होते है और वे पर्याप्तक और निवृत्यपर्याप्तक ही होते है इस तरह उनके केवल चार भेद होनेसे तिर्यंच पचेन्द्रियके ३४ जीवसमास होते है।

मनुष्यके चार प्रकार हैं—आर्य, म्लेच्छ, भोगभूमिया और कुभोगभूमिया। इनमेंसे आर्य मनुष्य पर्याप्तक निवृत्यपर्याप्तक और लब्ध्यपर्याप्तक होते है। शेष तीन पर्याप्तक निवृत्यपर्याप्तक ही होते है अतः मनुष्योके ३ + २ + २ + २ = नौ जीवसमास होते है। देव और नारकी पर्याप्तक निवृत्यपर्याप्तक ही होते है। अतः उनके ४ जीव समास होते है। इस तरह ४२ + ९ + ३४ + ९ + ४ = ९८ जीवसमास विस्तारसे

[1]जो जीवदि जीविस्सदि जीवियपुव्वो हु चदुहि पाणेहिं ।
सो जीवो णायव्वो इंदिय वलमाउ उस्सासो ॥१०९॥
[2]जीवे भावाभावो केण पयारेण सिद्धि संभवई ।
अह संभवइ पयारो सो जीवो णत्थि संदेहो ॥११०॥

है मुक्त जीवोके कोई भी जीवसमास नही होता क्योकि न वे एकेन्द्रिय दोइन्द्रिय आदि होते है, न पर्याप्तक आदि होते है और न तिर्यंच मनुष्य आदि है। ये सब भेद तो गति, इन्द्रिय और कायको लेकर होते हैं। मुक्त जीवोके ये सब नही होते। मार्गणाएँ भी १४ होती है—गति, इन्द्रिय, काय, योग, वेद, कषाय, ज्ञान, संयम, दर्शन, लेश्या, भव्यत्व, सम्यक्त्व, संज्ञी और आहार। ये सब भी संसारी जीवोमें ही पायी जाती है। सिद्धोमे तो इनमेसे ज्ञान, दर्शन, सम्यक्त्व ही होते है। क्योकि ये तीनो आत्मिक गुण है।

जो इन्द्रिय, बल, आयु, श्वासोच्छ्वास इन चार प्राणोके द्वारा जीता है, आगे जियेगा और पहले जिया था, उसे जीव जानना चाहिए ॥१०९॥

विशेषार्थ—यह जीवके जीवत्व गुणकी व्याख्या जीव शब्दकी व्युत्पत्ति द्वारा की गयी है। जो जिये वह जीव। और जिसके द्वारा जीता है उन्हें कहते है प्राण। प्राण दस है—पाँच इन्द्रियाँ, तीन बल, एक आयु और एक उच्छ्वास। इनमेंसे एकेन्द्रिय जीवके चार ही प्राण होते है—एक स्पर्शनेन्द्रिय, एक कायबल, एक आयु और एक उच्छ्वास। दोइन्द्रिय जीवके रसनेन्द्रिय और वचनबल होनेसे छह प्राण होते है। तेइन्द्रिय जीवके घ्राणेन्द्रिय अधिक होनेसे सात प्राण होते है। चौइन्द्रिय जीवके चक्षुइन्द्रिय अधिक होनेसे आठ प्राण होते है। असंज्ञि पचेन्द्रिय जीवके श्रोत्र इन्द्रिय अधिक होनेसे नौ प्राण होते है और संज्ञी पंचेन्द्रिय जीवके मनोबल अधिक होनेसे दस प्राण होते है। अत. इन प्राणोके द्वारा जो वर्तमानमें जीता है, भूतकालमें जिया था और भविष्यकालमे जियेगा वह जीव है। इस तरह तीनो कालोमें जीवन अनुभव करनेवालेको जीव कहते है। इस व्युत्पत्तिके अनुसार सिद्धोमे भी जीवत्व सिद्ध होता है क्योकि संसार अवस्थामें वे भी जीते थे। शायद कोई कहे कि तब तो सिद्धोमें जीवपना औपचारिक हुआ किन्तु मुख्यरूपसे वास्तविक जीवपना तो सिद्धोमें ही माना जाता है। तो इसका समाधान यह है कि भावप्राण, ज्ञान और दर्शनका अनुभवन करनेसे सिद्धोमें वर्तमानमें भी जीवपना है अतः कोई दोष नही है ॥

जीवमे भाव और अभावकी सिद्धि किस प्रकारसे संभव है? यदि ऐसा प्रकार संभव है तो वह जीव है इसमें कोई सन्देह नही है ॥११०॥

विशेषार्थ—भाव अर्थात् सत्स्वरूप द्रव्यका द्रव्यरूपसे विनाश नही होता और अभाव अर्थात् जो असत् है उसका द्रव्यरूपसे उत्पाद नही होता। इस तरह सत्के विनाश और असत्के उत्पाद विना ही सत् द्रव्य अपने-अपने गुणपर्यायोमें उत्पाद व्यय करते है। जैसे घीकी उत्पत्ति होनेपर सत् गोरसका विनाश नही होता और गोरससे भिन्न किसी असत् पदार्थान्तरका उत्पाद नही होता। किन्तु सत्का विनाश और असत्का उत्पाद किये विना ही गोरसके ही स्पर्श, रस, गन्धरूप आदि परिणमनशील गुणोमें पूर्व अवस्थाका विनाश और उत्तर अवस्थाका उत्पाद होनेसे नवनीत पर्याय नष्ट हो जाती है और घी पर्याय उत्पन्न हो जाती है। इसी तरह समस्त द्रव्योंमें नवीन पर्यायकी उत्पत्ति होनेपर सत्का विनाश नही होता और असत्का उत्पाद नही होता। किन्तु सत्का विनाश और असत्का उत्पाद किये विना ही द्रव्योके परिणमनशील गुणोमें पहलेकी पर्यायका विनाश और बादकी पर्यायका उत्पाद हुआ करता है। जैन सिद्धान्तमें जीव आदि छह द्रव्य है।

१. पाणेहि चदुहि जीवदि जीविस्सदि जो हु जीविदो पुव्वं। सो जीवो पाणा पुण बलमिंदियमाउ उस्सासो ॥३०॥'—पञ्चास्ति०। 'तिक्काले चदु पाणा इंदियबलमाउ आणपाणो य। ववहारा सो जीवो णिच्छयणयदो दु चेदणा जस्स ॥३॥'—द्रव्यसं०। २. जीवो भावा—अ० क० ख० मु० 'एवं भावमभावं भावाभाव अभावभावं च। गुणपज्जएहिं सहिदो संसरमाणो कुणदि जीवो ॥२१॥'—पञ्चास्ति०।

यहाँ उनमेसे जीव द्रव्यकी चर्चाका प्रसंग है अतः उसीका कथन करना उचित है। जीव द्रव्यके गुण और पर्याय प्रसिद्ध है। जीवका मुख्य गुण चेतना है। वह चेतना शुद्ध और अशुद्धके भेदसे दो प्रकारकी है। शुद्ध चेतना तो ज्ञानकी अनुभूतिरूप है और अशुद्ध चेतना कर्म और कर्मफलकी अनुभूतिरूप है। अथवा चैतन्यका अनुसरण करनेवाले परिणामको उपयोग कहते है। उपयोग जीवका लक्षण है उसके दो भेद है—ज्ञानोपयोग और दर्शनोपयोग। ज्ञानोपयोगके भेदोमें-से एक केवलज्ञान ही शुद्ध होनेसे सम्पूर्ण है। निर्विकल्प-रूप दर्शनोपयोगके भेदोमें-से एक केवलदर्शन ही शुद्ध होनेसे सकल है। शेष सब अशुद्ध होनेसे विकल है। इसी तरह अगुरुलघुगुणकी हानि-वृद्धिसे उत्पन्न होनेवाली पर्यायें जीवकी शुद्ध पर्यायें है और परद्रव्यके सम्बन्धसे उत्पन्न होनेवाली देव, नारकी, तिर्यंच, मनुष्य पर्यायें अशुद्ध पर्यायें है। जब जीवकी मनुष्य पर्याय नष्ट होकर देवपर्याय उत्पन्न होती है तो उसमे वर्तमान जीवपना न उत्पन्न होता है और न नष्ट होता है। अर्थात् ऐसा नही है कि मनुष्यत्वरूपसे विनष्ट होनेपर जीवत्वरूपसे भी नाश होता हो और देवत्वरूपसे उत्पत्ति होनेपर जीवत्वरूपसे भी उत्पन्न होता हो। इस तरह सत्का विनाश और असत्के उत्पादके बिना ही परिणमन होता है और कथंचित् उत्पाद व्ययवाला होते हुए भी द्रव्य सदा अनुत्पन्न और अविनष्ट ही रहता है। स्पष्ट रूप इस प्रकार है—जो द्रव्य पूर्वपर्यायके वियोगसे और उत्तर पर्यायके सयोगसे होनेवाली अवस्थाओको अपनानेके कारण विनष्ट और उत्पन्न प्रतीत होता है वही द्रव्य उन दोनो अवस्थाओमें रहनेवाले प्रतिनियत स्वभावसे—जो स्वभाव उन दोनो अवस्थाओमें उस द्रव्यके एक रूप होनेमे कारण है—अविनष्ट और अनुत्पन्न प्रतीत होता है। उस द्रव्यकी पर्याये तो उत्पाद, विनाश धर्मवाली कही जाती है क्योकि पूर्व-पूर्व पर्यायका विनाश और उत्तर-उत्तर पर्यायका उत्पाद होता रहता है। और वे पर्याय वस्तुरूपसे, द्रव्यसे अभिन्न ही कही गयी हैं। अतः पर्यायोके साथ एक वस्तुपनेके कारण उत्पन्न और विनष्ट होता हुआ भी जीवद्रव्य सर्वदा अनुत्पन्न और अविनष्ट ही देखना चाहिए। देव-मनुष्य आदि पर्यायें तो क्रमवर्ती है जिस पर्याय का स्वसमय उपस्थित होता है वह उत्पन्न होती है और जिस पर्यायका स्वसमय बीतता है वह नष्ट होती है। यदि जो जीव मरता है वही उत्पन्न होता है या जो उत्पन्न होता है वही मरता है तो ऐसा माननेपर सत्का विनाश और असत्का उत्पाद नही होता, ऐसा निश्चित होता है। तथा जो कहा जाता है कि देव उत्पन्न हुआ और मनुष्य मरा, सो इसमें भी कोई विरोध नही है क्योकि देव पर्याय और मनुष्य पर्यायको रचनेवाला जो देवगति और मनुष्यगति नाम कर्म है उसका काल उतना ही है। अतः मनुष्यत्व आदि पर्यायो का अपना-अपना काल प्रमाण मर्यादित है। एक पर्याय अन्य पर्यायरूप नही हो सकती। अत. पर्यायें अपने-अपने स्थानोमें भावरूप और पर पर्यायके स्थानोमें अभावरूप होती है। किन्तु जीवद्रव्य तो सब पर्यायोंमें अनुस्यूत होनेसे भावरूप भी है, और मनुष्यत्व पर्याय रूपसे देवपर्यायमें नही है इसलिए अभावरूप भी है। सारांश यह है कि आगममें द्रव्यको सर्वदा अविनष्ट और अनुत्पन्न कहा है। अत. जीवद्रव्यको द्रव्यरूपसे नित्य कहा है। वह देवादि पर्यायरूपसे उत्पन्न होता है इसलिए भाव (उत्पाद) का कर्ता कहा है। मनुष्यादि पर्यायरूपसे नष्ट होता है इसलिए उसीको अभाव (व्यय) का कर्ता कहा है। सत् देवादि पर्यायका नाश करता है इसीलिए उसीको भावाभाव (सत्के विनाश) का कर्ता कहा है। और फिरसे असत् मनुष्यादि पर्यायका उत्पाद करता है इसलिए उसीको अभाव भाव (असत्के उत्पाद) का कर्ता कहा है। इसमें कोई दोष नही है क्योकि द्रव्य और पर्यायमेसे एककी गौणता और अन्यकी मुख्यतासे कथन किया जाता है। जिसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है—जब पर्यायकी गौणता और द्रव्यकी मुख्यता विवक्षित होती है तब जीव न उत्पन्न होता है और न नष्ट होता है। और ऐसा होनेसे न सत्पर्यायका विनाश होता है और न असत्पर्यायका उत्पाद होता है। जब द्रव्यकी गौणता और पर्यायकी मुख्यता विवक्षित होती है तब वह उत्पन्न होता और नष्ट होता है और ऐसा होनेसे जिसका स्वकाल बीत गया है ऐसी सत्पर्यायका नाश करता है और जिसका स्वकाल उपस्थित हुआ है ऐसी असत् पर्यायको उत्पन्न करता है। यह सब अनेकान्तवादके प्रसादसे सुलभ है इसमे कोई विरोध नही है॥

हेयोपादेयार्थम् एकस्याप्यस्य चतुर्भेदं दर्शयति—

ते हुंति चदुवियप्पा ववहार-असुद्ध-सुद्ध-परिणामा ।
अण्णे वि य बहुभेया णायव्वा अण्णमग्गेण ॥१११॥
मणवयणकाय इंदिय आणप्पाणाउगं च जं जीवे ।
तमसब्भूओ भणदि हु ववहारो लोयमज्झम्मि ॥११२॥
ते चेव भावरूवा जीवे भूदा खओवसमदो य ।
ते होंति भावपाणा असुद्धणिच्छयणयेण णायव्वा ॥११३॥
सुद्धो जीवसहावो जो रहिओ दव्वभावकम्मेहिं ।
सो सुद्धणिच्छयादो समासिओ सुद्धणाणीहिं ॥११४॥
जो खलु जीवसहावो णो जणिओ णो खयेण संभूदो ।
कम्माणं सो जीवो भणिओ इह परमभावेण ॥११५॥

आगे ग्रन्थकार हेय और उपादेयका बोध करानेके लिए एक ही प्रकारके चार भेदोंको बतलाते हैं ।

जीवमे भावाभावको बतलानेवाले प्रकारके चार भेद हैं—व्यवहार, अशुद्ध, शुद्ध और परिणाम । अन्य मार्गसे अन्य भी बहुत भेद जानने चाहिए ॥१११॥

विशेषार्थ—इससे प्रथम गाथामें ग्रन्थकारने यह प्रश्न उठाया था कि जीवमें भाव-अभाव किस प्रकारसे सिद्ध होता है ? यहाँ उसीके चार प्रकार गिनाये हैं व्यवहारनय, अशुद्धनय, शुद्धनय और पारिणामिक । आगे इन्ही चारोकी दृष्टिसे जीवका स्वरूप कहते है ।

जीवमे जो मनोबल, वचनबल, कायबल, इन्द्रिय, श्वासोछ्वास और आयु प्राण हैं यह लोकमे असद्भूत व्यवहारनयका कथन है ॥११२॥

विशेषार्थ—उक्त प्राण, द्रव्य और भावके भेदसे दो प्रकारके होते है । जैसे द्रव्येन्द्रियाँ आदि द्रव्यप्राण है और क्षायोपशमिक भावेन्द्रियाँ आदि भाव प्राण है । यद्यपि उक्त द्रव्यप्राण और भावप्राण आत्मासे भिन्न है किन्तु फिर भी भावप्राण क्षयोपशमजन्य होनेसे चैतन्य शक्तिरूप है किन्तु द्रव्यप्राण तो पौद्गलिक है । अत अनुपचरित असद्भूत व्यवहार अपेक्षा द्रव्यप्राणोको जीवका कहा जाता है । और अशुद्ध निश्चयनयसे भाव प्राणोको जीवका कहा जाता है । यही बात आगे कहते हैं ।

जीवमे कर्मोके क्षयोपशमसे होनेवाले वे ही भावरूप इन्द्रिय आदि भाव प्राण होते है और वे अशुद्ध निश्चय नयसे जीवके प्राण जानना चाहिए ॥११३॥

द्रव्य और भावकर्मोसे रहित जीवका जो शुद्ध स्वभाव है उसे शुद्ध ज्ञानियोंने शुद्ध निश्चयनयसे जीवका स्वभाव कहा है ॥११४॥

विशेषार्थ—जीवका परनिरपेक्ष जो स्वाभाविक शुद्ध स्वरूप है वह शुद्धनिश्चयनयका विषय है । और परसापेक्ष जो स्वरूप कहा जाता है वह यदि अभावरूप है तो अशुद्ध निश्चयनयका विषय है और यदि द्रव्यरूप है तो असद्भूत व्यवहारनयका विषय है । इसीसे द्रव्यप्राणोंको जीवका कहना असद्भूत व्यवहारनयका विषय है अर्थात् असद्भूत व्यवहारनयसे द्रव्यप्राणोको जीवका कहा जाता है । भावप्राण जीवके है यह अशुद्ध निश्चयनयका कथन है । किन्तु शुद्ध निश्चयनयसे शुद्धजीवके स्वाभाविक सुख ज्ञान चैतन्य ही स्वाभाविक प्राण है । जीव सदा उन्हीसे जीवित रहता है । द्रव्यप्राण और भावप्राण तो कर्मसापेक्ष होनेसे आगन्तुक है जीवके अपने नही हैं । फिर भी संसार अवस्थामें जीवके साथ पाये जाते हैं । अतः उन्हें व्यवहारनयसे जीवके कहा जाता है ।

जीवका जो स्वभाव न तो उत्पन्न होता है और न कर्मोंके क्षयसे होता है, परमभाव रूपसे उसे ही जीव कहा है ॥११५॥

अचैतन्यवादिनमाशङ्क्य चैतन्यं स्वामित्वं चाह—

आदा चेदा भणिओ सा इह फलकज्जणाणभेदा हु ।
तिहूणं पि य संसारी णाणो खलु णाणदेहा हु ॥११६॥
[1]थावर फलेसु चेदा तस उहयाणं पि होंति णायव्वा ।
अहव असुद्धे णाणे सिद्धा सुद्धेसु णाणेसु ॥११७॥

विशेषार्थ—जीवके पाँच भाव होते है—औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक, औदयिक और पारिणामिक । इनमेसे प्रारम्भके चार भाव तो पर्यायरूप है और शुद्ध पारिणामिक द्रव्यरूप है । इन परस्पर सापेक्ष द्रव्यपर्याय युगलको आत्मपदार्थ कहते है । पारिणामिक भाव तीन हैं—जीवत्व, भव्यत्व और अभव्यत्व । इन तीनोमेंसे जो शक्तिरूप शुद्ध जीवत्व पारिणामिक भाव है वह शुद्ध द्रव्यार्थिकनयके आश्रित होनेसे निरावरण है और उसकी शुद्ध पारिणामिक भाव संज्ञा है । वह न तो बन्धपर्याय रूप है और न मोक्ष पर्याय-रूप है । किन्तु दसप्राणरूप जीवत्व, भव्यत्व और अभव्यत्व पर्यायार्थिक नयाश्रित होनेसे अशुद्ध पारिणामिक भाव कहे जाते है । इनको अशुद्ध कहे जानेका कारण यह है कि शुद्धनयसे संसारी जीवोके भी दस प्राणरूप जीवत्व, भव्यत्व और अभव्यत्वका अभाव है और सिद्धोमें तो इन तीनोका सर्वदा ही अभाव होता है । इन तीनोमें-से भव्यत्व भावको ढँकनेवाला तो मोहादि सामान्य कर्म है । जब काललब्धि आदिके मिलनेपर भव्यत्वशक्तिकी व्यक्ति होती है तब यह जीव सहज शुद्ध पारिणामिक भाव लक्षणवाले निज परमात्मद्रव्यका सम्यक् श्रद्धान ज्ञान और आचरण करता है । उसी परिणमनको आगमकी भाषामें औपशमिक, क्षायोप-शमिक या क्षायिक भावरूप कहते है । अध्यात्ममें उसे शुद्धात्माके अभिमुख परिणामरूप शुद्धोपयोग कहते हैं । वह पर्याय शुद्धपारिणामिक भावरूप शुद्ध आत्मद्रव्यसे कथंचित् भिन्न है क्योकि भावनारूप है । किन्तु शुद्ध पारिणामिक भावनारूप नही है । यदि वह एकान्तरूपसे शुद्ध पारिणामिकसे अभिन्न हो तब इस मोक्ष-की कारणभूत भावनारूप पर्यायका मोक्षमे विनाश होनेपर शुद्धपारिणामिकके भी विनाशका प्रसंग प्राप्त होता है । किन्तु शुद्ध पारिणमिक तो अविनाशी है । अत यह स्थिर हुआ कि शुद्धपारिणामिकके विषयमें भावना-रूप जो औपशामिक आदि तीन भाव है वे समस्त रागादिसे रहित होनेके कारण मोक्षके कारण होते है, शुद्धपारिणामिक नही । जो शक्तिरूप मोक्ष है वह तो शुद्ध पारिणामिकमें पहलेसे ही रहना है । यह व्यक्ति-रूप मोक्षका विचार है । सिद्धान्तमें शुद्ध पारिणामिकको निष्क्रिय कहा है । इसका मतलब यह है कि बन्धकी कारणभूत जो रागादि परिणतिरूप क्रिया है वह तद्रूप नही होता । तथा मोक्षकी कारणभूत जो शुद्ध भावना परिणतिरूप क्रिया है उस रूप भी वह नही होता । अत. शुद्ध पारिणामिक भाव ध्यानरूप नही होता, ध्येयरूप होता है क्योकि ध्यान तो विनश्वर है । अत वही उपादेय है ।

अचैतन्यवादीकी आशकासे चैतन्य और उसके स्वामित्वको कहते है—

आत्माको चेतन कहा है । वह चेतना कर्मफल चेतना, कर्मचेतना, और ज्ञानचेतनाके भेदसे तीन प्रकारकी है । संसारी जीवके तीनों चेतना होती है, किन्तु ज्ञानचेतना ज्ञानशरीरी केवल-ज्ञानियोके होती है ॥११६॥

स्थावर जीवोके कर्मफल चेतना जानना और त्रस जीवोके कर्मफल और कर्मचेतना जानना । अथवा इन जीवोके अशुद्ध ज्ञानचेतना अर्थात् अज्ञानचेतना होती है और सिद्ध जीवोके शुद्ध ज्ञानचेतना होती है ॥११७॥

---

१ 'कम्माणं फलमेक्को एक्को कज्जं तु णाणमध एक्को । चेदयदि जीवरासी चेदगभावेण तिविहेण ॥३९॥ —सव्वे खलु कम्मफल थावरकाया तसा हि कज्जजुदं । पाणित्तमदिक्कंता णाणं विंदति ते जीवा ॥४०॥ —पञ्चास्ति० ।

विशेषार्थ—आत्माका स्वरूप चेतना ही है अतः आत्मा चैतन्यरूप ही परिणमन करता है। आत्माका कोई भी परिणाम ऐसा नही है जो चेतनारूप नही है। चेतनाके तीन भेद हैं—कर्मफल चेतना, कर्मचेतना और ज्ञानचेतना। अथवा चेतनाके दो भेद हैं ज्ञानचेतना और अज्ञानचेतना। अज्ञानचेतनाके दो भेद हैं—कर्मचेतना और कर्मफल चेतना। ज्ञानके सिवाय अन्य भावोमें ऐसा अनुभव करना कि इसको मैं भोगता हूँ यह कर्मफल चेतना है और ज्ञानके सिवाय अन्य भावोमें ऐसा अनुभवन करना कि इसको मैं करता हूँ यह कर्मचेतना है। इसे यो भी कह सकते हैं कि ज्ञानरूप परिणमनका नाम ज्ञानचेतना है, कर्मरूप परिणमनका नाम कर्मचेतना है और कर्मफलरूप परिणमनका नाम कर्मफल चेतना है। अर्थके विकल्पको ज्ञान कहते हैं। स्व और परके भेदसे अवस्थित समस्त विश्व अर्थ है और उसके आकारको जाननेका नाम विकल्प है। अर्थात् जैसे दर्पणमें अपना और परका आकार एक साथ ही प्रकाशित होता है वैसे ही एक साथ स्व और पर पदार्थोके आकारके अवभासनको ज्ञान कहते है। जो आत्माके द्वारा किया जाता है उसे कर्म कहते हैं। और उस कर्मसे होनेवाले सुख-दु.खको कर्मफल कहते हैं। आत्मा परिणामस्वरूप है और चेतन आत्माका परिणाम चेतनारूप ही होता है और चेतनाके तीन रूप हैं—ज्ञान, कर्म और कर्मफल। अत. ज्ञान कर्म और कर्मफल आत्मा ही है। इन तीन प्रकारकी चेतनाओमें-से स्थावरकायिक जीवोंके मुख्यरूपसे कर्मफल चेतना ही होती है; क्योकि उनकी आत्मा अतिप्रकृष्ट मोहसे मलिन है उनका चेतकस्वभाव अतिप्रकृष्ट ज्ञानावरण कर्मके उदयसे आच्छादित है। उनकी कार्य करनेकी शक्ति अर्थात् कर्मचेतनारूप परिणति होनेकी सामर्थ्य अतिप्रकृष्ट वीर्यान्तराय कर्मके उदयसे नष्ट हो गयी है। अत वे प्रधानरूपसे सुख-दु.खरूप कर्मफलको ही भोगते है। इसीसे दूसरे धर्मवाले स्थावर पर्यायको भोगयोनि कहते हैं। उनमें बुद्धिपूर्वक कार्य करनेकी क्षमता नही होती। त्रस जीवोके मुख्य रूपसे कर्मचेतना और कर्मफल चेतना भी होती है; क्योकि यद्यपि उनका चेतकस्वभाव भी अतिप्रकृष्ट मोहसे मलिन और अतिप्रकृष्ट ज्ञानावरण कर्मके उदयसे आच्छादित होता है तथापि वीर्यान्तराय कर्मका थोड़ा-सा क्षयोपशम विशेष होनेसे उनमें कार्य करनेकी सामर्थ्य पायी जाती है। अतः वे सुखदु.खरूप कर्मफलके अनुभवनसे मिश्रित कार्यको ही प्रधानरूपसे चेतते हैं। तथा जिनकी समस्त मोहजन्य कालिमा धुल गयी है, समस्त ज्ञानावरण कर्मके नष्ट हो जानेसे जिनका चेतकस्वभाव अपने समस्त माहात्म्यके साथ विकसित हो गया है, समस्त वीर्यान्तरायके क्षय हो जानेसे जिन्होने अनन्तानन्तवीर्यको भी प्राप्त कर लिया है वे सिद्धपरमेष्ठी कर्म कर्मफलके निर्जीर्ण हो जानेसे तथा अत्यन्त कृतकृत्य होनेसे स्वाभाविक सुखस्वरूप अपने ज्ञानको ही चेतते हैं। यद्यपि ग्रन्थकारने सिद्धोके ही मुख्य रूपसे ज्ञानचेतना बतलायी है किन्तु शास्त्रकारोंने जीवन्मुक्त अर्हन्तकेवलीके भी मुख्यरूपसे ज्ञानचेतना बतलायी है क्योकि उनके भी मोहनीय ज्ञानावरण और वीर्यान्तराय कर्म क्षय हो गये हैं। अत' पूर्ण ज्ञानचेतना तो इन्ही दोनोके होती है किन्तु आंशिक ज्ञानचेतना सम्यग्दृष्टिके भी होती है। यदि मिथ्यादृष्टिकी तरह सम्यग्दृष्टिके भी अशुद्ध कर्मचेतना और कर्मफल चेतना ही मानी जायेगी तो सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टिमें भेद क्या रहेगा। अशुद्ध चेतना तो संसारका बीज है इसलिए मोक्षार्थीको अज्ञानचेतनाके विनाशके लिए सकलकर्मसंन्यास भावना और सकलकर्मफल संन्यासभावनासे छुड़ाकर नित्य एक ज्ञानचेतनाकी ही उपासना करनेका उपदेश दिया गया है। सम्यग्दृष्टिके मत्यादि ज्ञानावरण तथा वीर्यान्तरायका क्षयोपशम होता है और दर्शन मोहनीयके उदयका अभाव होता है अत उसे शुद्धात्माकी अनुभूति होती है वही तो ज्ञानचेतना है, क्योकि आत्मानुभूतिका नाम ही ज्ञानानुभूति है। सम्यग्दृष्टिके उसकी मुख्यता है यद्यपि गौणरूपसे अशुद्धोपलब्धि भी मानी गयी है। किन्तु मिथ्यादृष्टिके तो अशुद्धोपलब्धि ही है जो कर्म और कर्मफल चेतनारूप है। इसीसे सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टिकी क्रिया देखनेमें समान होती है किन्तु मिथ्यादृष्टिकी जो क्रिया बन्धका कारण है सम्यग्दृष्टिकी वही क्रिया निर्जराका कारण है क्योकि कर्म और कर्मफलमें मिथ्यादृष्टिकी आत्मबुद्धि है किन्तु सम्यग्दृष्टिकी आत्मबुद्धि नही है। अत. सम्यग्दृष्टिके भी आंशिकरूपमे ज्ञानचेतना होती है।

निरुपयोगिकटाक्षमुच्छिद्य[1] जीवस्योपयोगमाह—

उवओगमआ[2] जीवा उवओगो णाणदंसणो भणिओ।
णाणं अट्ठपयारं चउभेयं दंसणं णेयं ॥११८॥

मूर्तैकान्तनिषेधार्थं स्यादमूर्तत्वमाह—

रूवरसगंधफासा सद्दवियप्पा वि णत्थि जीवस्स।
णो संठाणं किरिया तेण अमुत्तो हवे जीवो ॥११९॥

अब जीवके उपयोगका कथन करते हैं—

सभी जीव उपयोगमय है। उपयोगके दो भेद कहे है—ज्ञानोपयोग और दर्शनोपयोग। ज्ञानोपयोगके आठ भेद हैं और दर्शनोपयोगके चार भेद जानना चाहिए ॥११८॥

विशेषार्थ—आत्माके चैतन्य-अनुविधायी या चैतन्यके साथ होनेवाले परिणामको उपयोग कहते है। उपयोगके भी दो भेद है—ज्ञानोपयोग और दर्शनोपयोग। विशेषका ग्राही ज्ञान है और सामान्यका ग्राही दर्शन है। उपयोग सर्वदा जीवसे अभिन्न ही होता है क्योकि जीव और उपयोगकी एक ही सत्ता है, न उपयोगके विना जीवका अस्तित्व है और न जीवके बिना उपयोगका अस्तित्व है। ज्ञानोपयोगके आठ भेद है—मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान, केवलज्ञान, कुमतिज्ञान, कुश्रुतज्ञान और विभंगज्ञान। आत्मा वास्तवमें सर्वात्मप्रदेशव्यापी विशुद्ध ज्ञानसामान्य स्वरूप है किन्तु वह अनादिकालसे ज्ञानावरण कर्मसे आच्छादित है। ऐसी स्थितिमे मतिज्ञानावरणके क्षयोपशमसे और इन्द्रिय तथा मनकी सहायतासे मूर्त और अमूर्तद्रव्योके एक अंशको विशेषरूपसे जाननेवाले ज्ञानको मतिज्ञान कहते है। श्रुतज्ञानावरणके क्षयोपशमसे और मनकी सहायतासे मूर्त और अमूर्तद्रव्योकी कुछ पर्यायोको विशेषरूपसे जाननेवाले ज्ञानको श्रुतज्ञान कहते है। अवधिज्ञानावरण कर्मके क्षयोपशमसे मूर्तद्रव्यकी कुछ पर्यायोको विशेषरूपसे जाननेवाले ज्ञानको अवधिज्ञान कहते है। मनःपर्ययज्ञानावरणके क्षयोपशमसे परमनोगत मूर्तद्रव्यकी कुछ पर्यायोको प्रत्यक्ष जाननेवाले ज्ञानको मनःपर्ययज्ञान कहते है। समस्त ज्ञानावरणके अत्यन्त क्षयसे केवल आत्मासे ही मूर्त-अमूर्तद्रव्योकी समस्त पर्यायोको विशेषरूपसे जाननेवाले ज्ञानको केवलज्ञान कहते है। मिथ्यात्वके उदयमे मतिज्ञान ही कुमतिज्ञान, श्रुतज्ञान ही कुश्रुतज्ञान और अवधिज्ञान ही विभंगज्ञान होता है। दर्शनोपयोगके चार भेद है—चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन, अवधिदर्शन और केवलदर्शन। आत्मा वास्तवमे समस्त आत्मप्रदेशोमे व्यापक, विशुद्ध दर्शनसामान्यस्वरूप है। किन्तु वह अनादिकालसे दर्शनावरणकर्मसे आच्छादित है। अतः चक्षुदर्शनावरणकर्मके क्षयोपशमसे और चक्षु इन्द्रियकी सहायतासे मूर्तद्रव्यकी कुछ पर्यायोको जो सामान्यरूपसे जानता है वह चक्षुदर्शन है। अचक्षुदर्शनावरणकर्मके क्षयोपशमसे और चक्षुके सिवाय शेष चार इन्द्रिय और मनकी सहायतासे जो मूर्त और अमूर्तद्रव्योकी कुछ पर्यायोको सामान्यरूपसे जानता है वह अचक्षुदर्शन है। अवधिदर्शनावरणकर्मके क्षयोपशमसे मूर्तद्रव्यकी कुछ पर्यायोको जो सामान्यरूपसे जानता है वह अवधिदर्शन है। और जो समस्त दर्शनावरणका अत्यन्त क्षय होनेपर केवल आत्मासे ही समस्त मूर्त-अमूर्तद्रव्योको सामान्यरूपसे जानता है वह स्वाभाविक केवलदर्शन है।

मूर्तैकान्तका निषेध करनेके लिए जीवको कथंचित् अमूर्तिक कहते है—

जीवमें न रूप है, न रस है, न गन्ध है, न स्पर्श है, न शब्दके विकल्प हैं, न आकार है, न क्रिया है इस कारणसे जीव अमूर्तिक है ॥११९॥

विशेषार्थ—जिसमें रस, रूप, गन्ध, स्पर्श गुण पाये जाते है उसे मूर्तिक कहते है। जीवमें इनमे-से कोई भी गुण नही है, ये चारो तो पुद्गलद्रव्यके विशेष गुण है इसलिए पुद्गलद्रव्य मूर्तिक है। किन्तु जीव

---

१. निरुपयोगिन कटाक्षरूपयोगमाह ज०। २ -मओ जीवो अ० क० ख० मु०।

अमूर्तपक्षेऽपि तथा स्यान्मूर्तत्वमाह—

जो हु अमुत्तो भणिओ जीवसहावो जिणेहि परमत्थो ।
उवयरियसहावादो अचेयणो मुत्तिसंजुत्तो ॥१२०॥

सर्वगतवटकणिकामात्रत्वमपास्य देहमात्रत्वं भेदं चाह—

गुरुलघुदेहपमाणो अत्ता चत्ता हु सत्तसमुघायं ।
ववहारा णिच्छयदो असंखदेसो हु सो णेओ ॥१२१॥

तो रसगुणके अभावरूप स्वभाववाला है, रूपगुणके अभावरूप स्वभाववाला है, गन्धगुणके अभावरूप स्वभाववाला है, स्पर्शगुणके अभावरूप स्वभाववाला है अतः अमूर्तिक है। इसी तरह जीव शब्द पर्यायके अभावरूप स्वभाववाला है। शब्द पुद्गलकी पर्याय होनेसे मूर्तिक है। जीवमें शब्दरूप परिणत होनेकी शक्तिका भी अभाव है। इसी तरह संस्थान—त्रिकोण, चतुष्कोण, लम्बा आदि भी पुद्गलकी पर्याय हैं। जीव सब संस्थानोंके अभावरूप स्वभाववाला है। यह जो संसार अवस्थामें जीवको शरीराकार बतलाया है सो शरीर तो पौद्गलिक है, नामकर्मके द्वारा रचा गया है अतः वह आकार तो शरीरका ही है जीवका नहीं है। इसी तरह मुक्त होनेपर भी मुक्त जीवको किंचित् न्यून पूर्वशरीराकार कहा है अतः वह आकार भी शरीरका ही है उसीका निमित्त पाकर जीवका वैसा आकार रह जाता है क्योंकि कर्मका सम्बन्ध छूट जानेपर जीवके प्रदेशोंमें संकोच विस्तार भी सम्भव नहीं है। अतः जीवका अपना कोई स्वाभाविक संस्थान नहीं है। एक देशसे देशान्तर प्राप्तिमें हेतु हलन-चलनको क्रिया कहते हैं। बाह्य साधनसे सहित जीव सक्रिय होते हैं। जीवोंके सक्रियपनेका बहिरंगसाधन कर्म नोकर्मरूप पुद्गल होते हैं। सिद्धोंके कर्म नोकर्मरूप पुद्गलोंका अभाव है अतः उन्हें निष्क्रिय कहा है। इस तरह मूर्तिकपनेका कोई भी लक्षण जीवमें नहीं पाया जाता अतः जीव अमूर्तिक है। संसारी जीवको जो मूर्तिक कहा है उसका कारण है कर्म नोकर्मरूप बन्धन। उस बन्धनके कारण ही उसे मूर्तिक कहा है। स्वभावसे तो वह अमूर्तिक ही है। इसी बातको ग्रन्थकार आगे कहते हैं।

अमूर्त होते हुए भी जीव कथंचित् मूर्तिक है—

जिनेन्द्रदेवने जो जीवको अमूर्तिक कहा है वह जीवका परमार्थ स्वभाव है। उपचरित स्वभावसे तो मूर्तिक और अचेतन है ॥१२०॥

विशेषार्थ—जीवका वास्तविक स्वभाव तो अमूर्तिकपना है। उपचारसे ही उसे मूर्तिक कहा जाता है इतना ही नहीं किन्तु उसे अचेतन भी कहा जाता है क्योंकि जीवसे बद्ध कर्म जैसे मूर्तिक हैं वैसे ही अचेतन भी हैं। अतः कर्मबन्धके कारण जीवको जैसे उपचारसे मूर्तिक कहा जाता है वैसे ही उपचारसे अचेतन भी कहा जाता है। अचेतनकी संगतिका फल तो कुछ मिलना ही चाहिए।

जीव न तो व्यापक है और न वटकणिकामात्र है, किन्तु शरीर प्रमाण है, यह बतलाते हैं—

व्यवहारनयसे सात समुद्घातोंको छोड़कर जीव अपने छोटे या बड़े शरीरके बराबर है और निश्चयनयसे उसे असंख्यातप्रदेशी जानना चाहिए ॥१२१॥

विशेषार्थ—जैसे दीपकको जैसे स्थानमें रख दिया जाता है उसका प्रकाश उतने हीमें फैल जाता है। यदि छोटेसे कमरेमें रखा जाता है तो उसका प्रकाश संकुचित होकर उतना ही रह जाता है और यदि उसी प्रकाशको बड़े कमरेमें रखा जाता है तो वह फैलकर उतना ही बड़ा हो जाता है। उसी तरह इस जीवको नामकर्मके द्वारा जैसा छोटा या बड़ा शरीर मिलता है यह जीव उतने ही-में सकुच जाता है या फैल जाता है। किन्तु समुद्घात अवस्थामें जीव शरीरके बाहर भी फैल जाता है। मूल शरीरको न छोड़ते हुए आत्माके कुछ प्रदेशोंके शरीरसे बाहर निकलनेको समुद्घात कहते हैं। वे समुद्घात सात हैं—वेदना, कषाय,

---

१. 'अणुगुरुदेहपमाणो उवसंहारप्पसप्पदो चेदा। असमुहदो ववहारा णिच्चयणयदो असंखदेसो वा ॥१०॥ —द्रव्यसंग्रह।

देहा य हुंति दुविहा थावरतसभेददो य[1] विण्णेया ।
थावर पंचपयारा बादरसुहुमा वि चदु तसा तह य ॥१२२॥

विक्रिया, मारणान्तिक, तैजस, आहारक और केवलिसमुद्घात । तीव्र पीड़ा होनेपर मूल शरीरको न छोड़ते हुए आत्माके प्रदेशोंके शरीरसे बाहर निकलनेको वेदनासमुद्घात कहते है । तीव्र क्रोधादिक कषायके उदयसे मूल शरीरको न छोड़कर दूसरेका घात करनेके लिए आत्माके प्रदेशोके बाहर जानेको कषायसमुद्घात कहते है । मूलशरीरको न छोडकर कुछ भी विक्रिया करनेके लिए आत्माके प्रदेशोंके शरीरसे बाहर जानेको विक्रियासमुद्घात कहते है । मरणकाल आनेपर मूल शरीरको न त्यागकर जिस किसी स्थानकी आयु बाँधी हो उस स्थानको छूनेके लिए आत्माके प्रदेशोके बाहर जानेको मारणान्तिक समुद्घात कहते है । अपने मनको अप्रिय किसी कारणको देखकर किसी महातपस्वी मुनिके क्रुद्ध होनेपर उनके बाँये स्कन्धसे एक पुतला निकलता है वह सिन्दूरके समान लाल होता है तथा बारह योजन लम्बा और नौ योजन चौड़ा होता है । मुनिके बाँयें स्कन्धसे निकलकर जिसपर मुनिको क्रोध होता है उसकी बाँयी ओरसे प्रदक्षिणा करते हुए जला डालता है और लौटकर मुनिके साथ स्वयं भी भस्म हो जाता है । जैसे द्वीपायन मुनिके क्रोधसे द्वारिका भस्म हो गयी थी । यह अशुभ तैजस समुद्घात है । तथा जगत्को व्याधि, दुर्भिक्ष आदिसे पीडित देखकर परमतपस्वी मुनिके चित्तमें करुणाभाव उत्पन्न होनेपर उनके दक्षिण स्कन्धसे जो शुभ आकारवाला पुतला निकलकर व्याधि-दुर्भिक्ष आदिसे पीड़ित प्रदेशकी दक्षिणकी ओरसे प्रदक्षिणा देते हुए व्याधि-दुर्भिक्ष आदिको दूर करके पुनः मुनिके शरीरमें प्रवेश कर जाता है वह शुभतैजस समुद्घात है । ऋद्धिसम्पन्न मुनिको स्वाध्याय करते हुए कोई शंका उत्पन्न होनेपर उनके मूल शरीरको न छोडकर मस्तकसे शुद्धस्फटिकके समान रगवाला एक हस्तप्रमाण पुतला निकलकर केवलज्ञानीके समीप जाता है । उनके दर्शनसे शंकाका समाधान करके पुनः अन्तर्मुहूर्तमें लौटकर मुनिके शरीरमें प्रवेश कर जाता है यह आहारकसमुद्घात है । जब केवलीकी आयु अन्तर्मुहूर्त शेष रहती है और नाम गोत्र तथा वेदनीय कर्मकी स्थिति अधिक होती है तो उन कर्मोंकी भी स्थिति आयुकर्मके समान करनेके लिए केवली समुद्घात करते है । प्रथम समयमें उनकी आत्माके प्रदेश दण्डाकार होते है, दूसरे समयमें कपाटके आकार होते है, तीसरे समयमें प्रतररूप तिकोने हो जाते हैं और चौथे समयमें समस्त लोकमें फैल जाते है । पाँचवें समयमें प्रतररूप, छठे समयमें कपाटरूप, सातवें समयमे दण्डरूप तथा आठवें समयमें शरीरमें प्रविष्ट हो जाते है यह केवलिसमुद्घात है । इन समुद्घातोको छोड़कर जीव अपने शरीरके बराबर आकारवाला होता है । किन्तु निश्चयनयसे तो वह असंख्यात प्रदेशवाला है । चाहे वह छोटे शरीरमें रहे या बडेमें, उसके प्रदेशोकी संख्यामें हानि-वृद्धि नही होती । हाँ, आकारमें हानि-वृद्धि अवश्य होती है ।

आगे प्रकरणवश शरीरके भेद कहते है—

स्थावर और त्रसके भेदसे शरीर दो प्रकारके होते है । स्थावर पाँच प्रकारके होते हैं । तथा वे बादर भी होते हैं और सूक्ष्म भी होते है । तथा त्रस दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय और पंचेन्द्रियके भेदसे चार प्रकारके होते है ॥१२२॥

विशेषार्थ—ससारी जीवोके छह काय होते हैं । पृथ्वीकाय, जलकाय, अग्निकाय, वायुकाय और वनस्पतिकायको स्थावरकाय कहते है इनके केवल एक ही स्पर्शन ही इन्द्रिय होती है । दो इन्द्रियवाले, तीन इन्द्रियवाले, चार इन्द्रियवाले और पाँच इन्द्रियवाले जीवोको त्रसकाय कहते है । स्थावरकायवाले जीव बादर भी होते हैं और सूक्ष्म भी होते है । किन्तु त्रसकायिक जीव बादर ही होते है । जिनका शरीर स्थूल होनेके कारण विना आधारके नही रहता तथा जो दूसरोको रोकते और दूसरोसे रोके जाते है वे बादर होते है । और जो इसके विपरीत होते हैं वे सूक्ष्म जीव कहे जाते है । यह सब भेद शरीरकी अपेक्षा जानना ।

१. य ते णेया क० ख० ज० । 'पुढविजलतेउवाऊ वणप्फदी विविह थावरेइंदी । विगतिगचदुपंचक्खा तसजीवा होंति संखादी ॥११॥'—द्रव्यसंग्रह ।

बौद्धसांख्यसदाशिवं प्रति भोक्तृत्वाद्याह—

देहजुदो सो भोत्ता भोत्ता सो चेव होई इह कत्ता ।
कत्ता पुण कम्मजुदो जीओ संसारिओ भणिओ ॥१२३॥

उक्तस्य कर्मणो नयसंबन्धात्कथंचित्सादित्वमाह—

कम्मं दुविहवियप्पं भावसहावं च दव्वसब्भावं ।
भावे सो णिच्छयदो[1] कत्ता ववहारदो दव्वे ॥१२४॥

बौद्ध, साख्य और सदाशिववादियोके प्रति जीवके भोक्तृत्व आदिका कथन करते है—

जो जीव शरीरसे युक्त है वह भोक्ता है और जो भोक्ता है वही कर्ता है । तथा कर्मोसे युक्त संसारी जीवको कर्ता कहा है ॥१२३॥ कर्मके दो भेद है—भावकर्म और द्रव्यकर्म । निश्चयनयसे जीव भावकर्मका कर्ता है और व्यवहारसे द्रव्यकर्मका कर्ता है ॥१२४॥

विशेषार्थ—बौद्ध क्षणिकवादी है । उसके मतसे जो कुछ है वह सब क्षणिक है एक क्षणमें उत्पन्न होता है और दूसरे क्षणमें एकदम नष्ट हो जाता है अतः बौद्धमतमें जो कर्ता है वही भोक्ता नही है क्योकि जो कर्ता है वह तो दूसरे क्षणमें नष्ट हो जाता है उसके स्थानमें जो उत्पन्न होता है वही भोक्ता है अतः कर्ता कोई अन्य है और भोक्ता कोई अन्य है । साख्यमतमें प्रकृति (जड़ तत्त्व) कर्ता है और पुरुष भोक्ता है । अतः यहाँ भी कर्ता दूसरा है और भोक्ता दूसरा है । सदाशिववादी तो ईश्वरको सदा मुक्त मानते है । उनके यहाँ जीव कर्म करनेमें तो स्वतंत्र है किन्तु उसका फल भोगनेमें परतत्र है । ईश्वर जैसा उसे उसके कर्मोका फल देता है वैसा उसे भोगना पड़ता है । किन्तु जैन धर्ममें जो कर्ता है वही भोक्ता है क्योंकि जीव अनादि नित्य है उसकी पर्याय बदलती है किन्तु जीव तो वही रहता है । अब प्रश्न यह होता है कि जीव किसका कर्ता भोक्ता है तो उत्तर होता है कर्मोका कर्ता भोक्ता है । कर्मके दो प्रकार है—द्रव्यकर्म और भावकर्म । इनमें-से जीव किसका कर्ता भोक्ता है इसका उत्तर नयदृष्टिसे दिया जाता है । यह पहले लिख आये है कि आत्माका परिणाम ही द्रव्यकर्मोके बन्धनमें हेतु है और उस प्रकारके परिणामका हेतु द्रव्यकर्मका उदय है क्योकि द्रव्यकर्मके उदयके विना उस प्रकारके अशुद्ध परिणाम नही होते । किन्तु ऐसा माननेपर अन्योन्याश्रय नामक दोष नही आता, क्योकि नवीन द्रव्यकर्मका कारण जो अशुद्ध परिणाम है उस अशुद्ध आत्मपरिणामका कारण वही नवीन द्रव्यकर्म नही है किन्तु पहलेका पुराना द्रव्यकर्म है । इस प्रकार चूँकि उस अशुद्ध आत्म-परिणामका कार्य नवीन द्रव्यकर्म है और कारण पुराना द्रव्यकर्म है इसलिए वह परिणाम उपचारसे द्रव्यकर्म ही है और आत्मा अपने परिणामका कर्ता होनेसे उपचारसे द्रव्यकर्मका भी कर्ता है । आत्माका परिणाम वास्तवमें स्वय आत्मा ही है क्योकि परिणामी परिणामके स्वरूपका कर्ता होनेसे परिणामसे अभिन्न होता है । और उस आत्माका वह जो परिणाम है वह जीवमयी क्रिया ही है । क्योकि सभी द्रव्योकी परिणामरूप क्रिया उस द्रव्यरूप ही स्वीकार की गयी है । उस जीवमयी क्रियाको करनेमें आत्मा स्वतंत्र होनेसे उसका कर्ता होता है और उस कर्ताके द्वारा प्राप्य होनेसे जीवमयी क्रिया उसका कर्म है । इसलिए परमार्थसे आत्मा अपने परिणामस्वरूप भावकर्मका ही कर्ता है पुद्गल परिणामस्वरूप द्रव्यकर्मका कर्ता नही है । ऐसी स्थितिमें यहाँ प्रश्न होता है कि तब द्रव्यकर्मका कर्ता कौन है ? तो पुद्गलका परिणाम वास्तवमें स्वयं पुद्गल ही है क्योकि परिणामी परिणामके स्वरूपका कर्ता होनेसे परिणामसे अभिन्न होता है । तथा उस पुद्गलका जो परिणाम है वह उसकी पुद्गलमयी क्रिया ही है । क्योकि सब द्रव्योकी परिणामरूप क्रिया उस द्रव्यरूप ही स्वीकार की गयी है । उस पुद्गलमयी क्रियाको करनेमें स्वतंत्र होनेसे पुद्गल उसका कर्ता है और उस कर्ताके द्वारा प्राप्त होनेसे वह पुद्गलमयी क्रिया उसका कर्म है । इसलिए परमार्थसे पुद्गल अपने परिणामस्वरूप उस द्रव्यकर्मका

---

१. 'पुग्गलकम्मादीणं कत्ता ववहारदो दु णिच्छयदो । चेदणकम्माणादा सुद्धणया सुद्धभावाण ॥८॥ —द्रव्य-संग्रह ।

बंधो अणाइणिहणो संताणादो जिणेहि जो भणिओ।
सो चेव साइणिहणो जाण तुमं समयबंधेण ॥१२५॥

ही कर्ता है, आत्माके परिणामस्वरूप भावकर्मका नही। आत्मा वास्तवमें अपने भावको करता है क्योकि वह भाव उसका स्वधर्म है इसलिए आत्मामें उस रूप परिणमित होनेकी शक्तिके संभव होनेसे वह भाव अवश्य ही आत्माका कार्य है। तथा वह आत्मा उस भावको स्वतंत्रतापूर्वक करनेसे अवश्य ही उसका कर्ता है और आत्माके द्वारा किया जाता हुआ वह भाव आत्माके द्वारा प्राप्य होनेसे अवश्य ही आत्माका कर्म है। इस प्रकार स्वपरिणाम आत्माका कर्म है। किन्तु आत्मा पुद्गलके भावोंको नही करता क्योकि वे परधर्म है आत्मामें उस रूप होनेकी शक्ति असभव है इसलिए वे आत्माके कार्य नही हैं। और उनको न करता हुआ आत्मा उनका कर्ता नही होता। तब आत्माके द्वारा न किये जाते हुए वे उसके कर्म कैसे हो सकते है। अतः पुद्गल परिणाम आत्माका कर्म नही है। साराश यह है कि व्यवहारसे निमित्त मात्र होनेके कारण जीव-भावका कर्ता कर्म है और कर्मका कर्ता जीवभाव है। किन्तु निश्चयसे न तो जीवभावका कर्ता कर्म है और न कर्म का कर्ता जीवभाव है। किन्तु वे जीवभाव और द्रव्यकर्म कर्ताके बिना होते है ऐसा भी नही है क्योकि निश्चयसे जीवभावका कर्ता जीव है और द्रव्यकर्मका कर्ता पुद्गल है। इसपरसे एक शंका हो सकती है वह यह—शास्त्रोमे कहा है कि कर्म जीवको फल देते है और जीव कर्मोका फल भोगता है। अब यदि जीव कर्मको करता ही नही है तो जीवसे नही किया गया कर्म जीवको फल क्यों देगा और जीव अपने द्वारा नही किये गये कर्मका फल क्यो भोगेगा। अतः जीवसे नही किया गया कर्म जीवको फल दे और जीव उस फलको भोगे यह तो उचित नही है। इसका समाधान इस प्रकार है—संसार अवस्थामें यह आत्मा अपने चैतन्य स्वभावको नही छोडते हुए अनादि बन्धनके द्वारा बद्ध होनेसे अनादि मोह राग द्वेष रूप अशुद्ध भावरूपसे ही परिणत होता है। वह जहाँ और जब मोहरूप रागरूप और द्वेषरूप भावोको करता है वहाँ उस समय उसी भावको निमित्त बनाकर पुद्गल स्वभावसे ही कर्मपनेको प्राप्त होते हैं। इस प्रकार जीवके किये बिना ही पुद्गल स्वयं कर्मरूपसे परिणमित होते है। और जीवके मोह राग द्वेषसे स्निग्ध होनेके कारण तथा पुद्गलकर्मोके स्वभावसे ही स्निग्ध होनेके कारण वे परस्परमें बद्ध हो जाते है। जब वे परस्पर पृथक् होते है तब उदय पाकर खिर जानेवाले पुद्गलकर्म सुखदु:खरूप फल देते है। और जीव उस फलको भोगते है। अतः यह निश्चित हुआ कि पौद्गलिककर्म निश्चयसे अपना कर्ता है और व्यवहारसे जीवभावका कर्ता है। जीव भी निश्चयसे अपने भावका कर्ता है व्यवहारसे कर्मका कर्ता है। किन्तु जिस प्रकार दोनो नयोंसे पौद्गलिक कर्म कर्ता है उस प्रकार एक भी नयसे भोक्ता नही है क्योकि चैतन्यपूर्वक अनुभूतिका नाम ही भोक्तृत्व है। पुद्गलकर्ममें उसका अभाव है। इसलिए चेतन होनेके कारण केवल जीव ही कथंचित् आत्माके सुखदु खरूप परिणामोंका और कथचित् इष्ट-अनिष्ट विषयोका भोक्ता है। अर्थात् निश्चयसे सुखदु:खरूप परिणामोका भोक्ता है और व्यवहारसे इष्ट अनिष्ट विषयोका भोक्ता है॥

आगे उक्त कर्मको कथंचित् सादि बतलाते है—

जिनेन्द्रदेवने जो कर्मबन्ध सन्तानरूपसे अनादि निधन कहा है उसे ही तुम प्रतिसमय होने-वाले बन्धकी अपेक्षा सादिसान्त जानो ॥१२५॥

विशेषार्थ—जीव और कर्मका बन्ध अनादि भी है सादि भी है। सन्तान रूपसे अनादि है क्योकि जीव और कर्मके बन्धकी परम्परा अनादि कालसे चली आती है। पूर्व पूर्वका कर्मबन्ध उदयमें आकर खिरता जाता है और नवीन कर्मबन्ध प्रतिसमय होता रहता है। किन्तु एक समयका बन्धा हुआ कर्म ही सदा बन्धा नही रहता है इस अपेक्षा जीव और कर्मका सम्बन्ध सादि है। जैसे बीज और वृक्षकी सन्तान अनादि है। अनादि कालसे बीजसे वृक्ष और वृक्षसे बीज उत्पन्न होता आता है। किन्तु हमने बीज बोया और वृक्ष लगा इस विशेषकी अपेक्षा वह सादि है। इसी तरह कर्मबन्ध सान्त भी है और अनन्त भी है। भव्य जीवके

स कस्यचिन्नश्यति किं तद्भवति केन हेतुना ग्रहणमित्याह—

[1]कारणदो इह भव्वे णासइ बंधो वियाण कस्सेव ।
ण हु तं अभवियसत्ते जम्हा पयडी ण मुंचेइ ॥१२६॥
[2]खंधा जे पुव्वुत्ता हवंति कम्माणि जीवभावेण ।
लद्धा पुण ठिदिकालं गलंति ते णियफलं दत्ता ॥१२७॥

कर्मबन्धका सर्वथा अन्त हो जाता है अत. उसकी अपेक्षा सान्त है और अभव्य जीवके कभी बन्धका अन्त नही होता अत. उसकी अपेक्षा अनन्त है । यही बात आगे कहते है—

सम्यग्दर्शन आदि कारणोंके होनेपर भव्य जीवके कर्मबन्ध नष्ट हो जाता है ऐसा जानो । किन्तु अभव्य जीवके बन्धकी परम्परा कभी भी नष्ट नही होती । क्योकि वह अपने अभव्यत्वरूप स्वभावको कभी नही छोड़ता ॥१२६॥

विशेषार्थ—जैसे उड़दोमें स्वभावसे ही किन्हीमें पकनेकी शक्ति होती है और किन्हीमें पकनेकी शक्ति नही होती । उन्हें आगपर पकानेपर भी ये नही पकते । उसी तरह जीवोमें भी स्वभावसे ही किन्हीमें भव्यत्व स्वभाव होता है और किन्हीमें अभव्यत्व स्वभाव होता है । भव्यत्वका अर्थ है शुद्ध होनेकी शक्ति और अभव्यत्वका अर्थ है शुद्ध न हो सकनेकी शक्ति या शुद्धिकी अशक्ति । इनमें-से शुद्धिकी व्यक्ति सादि है क्योकि उसके अभिव्यंजक सम्यग्दर्शन आदि सादि है । और अभव्यत्व रूप अशुद्धिकी व्यक्ति अनादि है क्योकि उसके अभिव्यंजक मिथ्यादर्शन आदिकी सन्तति अनादि है । इस तरह शक्ति द्रव्यकी अपेक्षा अनादि है और पर्यायकी अपेक्षा सादि है । उसकी व्यक्ति भी कथंचित् सादि है कथचित् अनादि है । अथवा जीवोके अभिप्रायोको ही शुद्धि और अशुद्धि कहते है । सम्यग्दर्शन आदि रूप अभिप्रायका नाम शुद्धि है । और मिथ्यादर्शन आदि रूप अभिप्रायको अशुद्धि कहते है । इनमेसे सम्यग्दर्शन आदिकी उत्पत्तिसे पहले मिथ्यादर्शन आदि सन्ततिरूप अशुद्धिकी अभिव्यक्ति कथंचित् अनादि है और सम्यग्दर्शन आदि रूप शक्तिकी अभिव्यक्ति सादि है । यहाँ अशुद्धताको अनादि माना है । यदि उसे सादि माना जायेगा तो उससे पहले शुद्धता माननी होगी । और पहले शुद्धता माननेपर पुनर्बन्ध असम्भव हो जायेगा । बन्ध तो अशुद्ध दशामें ही सम्भव है । अतः अशुद्धि अनादि और शुद्धि प्रयोगजन्य होनेसे सादि है । जैसे खानसे निकले स्वर्णपाषाणमें स्वर्णकी अशुद्धि अनादि है और शुद्धि सादि है । यहाँ प्रश्न हो सकता है कि किन्ही जीवोमें शुद्ध होनेकी शक्ति और किन्हीमें शुद्ध न होनेकी शक्ति क्यो होती है तो इसका उत्तर यह है कि यह तो वस्तु स्वभाव है । वस्तुके स्वभावमे तर्क नही चलता कि आग गर्म क्यो होती है और जल शीतल क्यों होता है ।

आगे बतलाते है कि पुद्गलस्कन्ध कैसे कर्मरूप होते हैं फिर कैसे छूटते है—

पहले जो पुद्गलस्कन्धोका कथन किया है वे पुद्गलस्कन्ध जीवके भावोका निमित्त पाकर स्वय ही कर्मरूप हो जाते हैं और अपने स्थिति कालतक ठहरने के बाद अपना फल देकर गल जाते हैं॥१२७॥

विशेषार्थ—जीवके रागद्वेष मोहरूप भावोका निमित्त पाकर कर्मवर्गणा रूपसे आया हुआ पुद्गलद्रव्य स्वयं ही ज्ञानावरण आदि आठ कर्मरूप परिणमित हो जाता है और उसी समय उसमें स्थितिबन्ध भी हो जाता है । अपने स्थितिबन्ध काल तक वह कर्म आत्माके साथ बँधा रहता है । स्थितिपूर्ण होते ही वह अपना फल देकर झड जाता है । यह परम्परा संसारसे छूटने तक बराबर चलती रहती है ।

---

१. 'शुद्धयशुद्धी पुनः शक्ती ते पाक्यापाक्यशक्तिवत् । साद्यनादि तयोर्व्यक्ति स्वभावोऽतर्कगोचरः ॥'—आप्तमीमासा । २ 'जीवा पोग्गलकाया अण्णोण्णागाढगहणपडिबद्धा । काले विजुज्जमाणा सुहदुक्खं दिंति भुञ्जंति ॥६७॥—पञ्चास्ति० ।

कर्तृत्वादिकालमुपदिश्य बन्धमोक्षयोर्गौणं मुख्यं निमित्तं चाह—

भोत्ता हु होइ जइया तइया सो कुणइ रायमादीहिं ।
एवं बंधो जीवे णाणावरणादिकम्मेहिं ॥१२८॥
मिच्छे मिच्छाभावो सम्मे सम्मो वि होइ जीवाणं ।
वत्थू[1] णिमित्तमेत्तं सरायपरिणामवीयरायाए ॥१२९॥

जब वह जीव पूर्वबद्ध कर्मोंका फल भोगता है तो रागद्वेष रूप परिणमन करता है इस तरह-से जीवमें ज्ञानावरणादिक कर्मोंका बन्ध होता रहता है ॥१२८॥

विशेषार्थ—भावार्थ यह है कि जब जीवके पूर्वबद्ध द्रव्यकर्मोंका उदय होता है तो वह जीव स्वयं ही अपने अज्ञानभावसे मिथ्यात्व रागादि रूप परिणमन करता हुआ नवीन कर्मबन्धका कारण होता है। इसका आशय यह है कि द्रव्यकर्मका उदय होने मात्रसे जीवके कर्मबन्ध नही होता किन्तु जीवके रागादि रूप परिणमन करनेसे नवीन कर्मका बन्ध होता है। यदि कर्मके उदय मात्रसे बन्ध होता तो संसारका कभी अन्त नही होता; क्योकि संसारी जीवोके सर्वदा ही कर्मका उदय रहता है ॥

इस तरह कर्तृत्व आदिका कथन करके बन्ध और मोक्षमे मुख्य और गौण निमित्तको कहते है—

जीवोके मिथ्यात्व अवस्थामें मिथ्याभाव होते हैं और सम्यक्त्व अवस्थामे सम्यक् भाव होते हैं। सराग परिणाम और वीतराग परिणाममे बाह्य वस्तु तो निमित्त मात्र है ॥१२९॥

विशेषार्थ—कारणके दो भेद है—उपादान कारण और निमित्त कारण। जो वस्तु स्वयं कार्यरूप परिणत होती है उसे उपादान कारण कहते है और जो उसके कार्यरूप परिणतिमें सहायक हो उसे निमित्त कारण कहते है। जैसे जब मिट्टी स्वयं अपनेमे घट होनेरूप परिणामके अभिमुख होती है तो दण्ड, चक्र और कुम्हारका प्रयत्न वगैरह निमित्त मात्र होता है। किन्तु दण्ड आदि निमित्तोके होनेपर भी यदि मिट्टी कंकरीली हो तो उसके अपनेमें स्वयं घटरूप होनेके परिणामकी योग्यता न होनेसे वह घटरूप परिणत नही होती। इसलिए मिट्टी ही बाह्य दण्डादि निमित्तोकी अपेक्षापूर्वक अपने अभ्यन्तर परिणामके होनेपर घटरूप होती है, दण्ड वगैरह घटरूप नही होते। अत दण्ड आदि निमित्त मात्र होनेसे निमित्तकारण कहे जाते है और मिट्टी उपादान कारण है। आजकल निमित्तके विषयमे विवाद चलता है। विवाद निमित्तके अस्तित्वको लेकर नही है। निमित्त नही है ऐसा कोई नही कहता। निमित्त उपादानमें कुछ करता है इस विषयमें विवाद है। एक सिद्धान्त है कि जिस द्रव्यमें जो शक्ति नही है वह शक्ति अन्यके द्वारा उत्पन्न नही की जा सकती। अतः निमित्तके द्वारा उपादानमें कोई शक्ति तो उत्पन्न नही की जा सकती। अपने-अपने योग्य शक्ति तो उपादानमें रहती ही है। जब उपादान अपनी योग्यताके अनुरूप कार्यरूप परिणत होनेके अभिमुख होता है तो जो उसमें सहायक होता है उसे निमित्त कहा जाता है। अकलंकदेवने अपने तत्त्वार्थवार्तिकमे उपादान और निमित्तकी इस व्यवस्थाको इसी प्रकार स्वीकार किया है—'यथा मृद् स्वयमन्तर्घटभवनपरिणामाभिमुख्ये, दण्डचक्रपौरुषेयप्रयत्नादिनिमित्तमात्रं भवति। यत. सत्स्वपि दण्डादि-निमित्तेषु शर्करादिप्रचितो मृत्पिण्डः स्वयमन्तर्घटभवनपरिणामनिरुत्सुकत्वात् न घटीभवति। अतो मृत्पिण्ड एव बाह्यदण्डादिनिमित्तापेक्ष आभ्यन्तरपरिणामसानिध्याद् घटो भवति न दण्डादयः, इति दण्डादीना निमित्त-मात्रत्वम्।

इसका अर्थ ऊपर लिख आये है। इसमें दण्ड चक्र और कुम्हारके प्रयत्नको निमित्त मात्र माना है किन्तु कब ? जब मिट्टी स्वयं अपने अन्दरमे घटरूप परिणमनके अभिमुख हो। अत उपादानका परिणमन निमित्ताधीन नही है उपादानका परिणमन उपादानके अधीन है। जब उपादान स्वयं कार्याभिमुख होता है तो निमित्त निमित्त होता है। व्यवहार दृष्टिसे हमें भले ही ऐसा लगे कि उपादानका परिणमन निमित्ताधीन

---

१. वत्थुं निमित्तमित्ते आ० ।

बीजाङ्कुरन्यायेन कर्मणः तस्यैव फलमुपदर्शयति गाथात्रयेणेति—

कम्मं कारणभूदं देहं कज्जं खु अक्ख देहादो ।
अक्खादु विसयरागं रागादि णिबज्झदे तंपि ॥१३०॥
तेण चउग्गइदेहं गेह्णइ पंचप्पयारियं जीवो ।
[1]एवं तं गिह्णंतो पुणो पुणो बंधदे कम्मं ॥१३१॥
इह[2] इव मिच्छदिट्ठी कम्मं संजणइ कम्मभावेहिं ।
जह [3]बीयंकुरणायं तं तं अवरोप्परं तह य ॥१३२॥

है किन्तु परमार्थ दृष्टिसे अन्यका परिणमन अन्याधीन होता ही नही । यदि ऐसा हो तो वस्तुव्यवस्था ही गडबडा जायेगी । समयसारके कर्तृकर्म अधिकारकी गाथा १२३ का व्याख्यान करते हुए टीकाकार अमृतचन्द्राचार्यने लिखा है यदि पुद्गलकर्म क्रोधादि जीवको क्रोधादिभाव रूपसे परिणमाता है तो वह पुद्गल कर्म क्रोधादि स्वयं अपरिणममान जीवको क्रोधादि भाव रूपसे परिणमाता है या स्वयं परिणममान जीवको क्रोधादि भावरूपसे परिणमाता है ? जो स्वयं अपरिणममान है उसे कोई दूसरा तो परिणमानेमें समर्थ हो नही सकता क्योकि जिसमे जो शक्ति नही है अन्यके द्वारा वह शक्ति उत्पन्न नही की जा सकती । यदि वह स्वयं परिणममान है तो दूसरे परिणमानेवालेकी अपेक्षा क्यो करेगा क्योकि वस्तुकी शक्ति परकी अपेक्षा नही करती । अत. जीवमें परिणमन शक्ति स्वाभाविक है । उस परिणमन शक्तिके होनेसे जीव जिस अपने परिणामको करता है उसका उपादान कर्ता वही जीव है, द्रव्यकर्मका उदय तो निमित्तमात्र है । ऐसा ही सर्वत्र जानना चाहिए । इसी तरह सराग परिणाम और वीतराग परिणामोका उपादान कारण स्वयं जीव ही है । बाह्य वस्तु तो निमित्त मात्र है । जब अन्तरंगमें सराग परिणति होती है तो नग्न वीतराग मूर्ति भी रागका निमित्त बन जाती है और जब वीतराग परिणति होती है तो वही मूर्ति वीतरागतामें निमित्त बन जाती है । अत. अपनी परिणतिको सुधारनेकी आवश्यकता है । दूसरोको दोष देनेकी आवश्यकता नही है ।

बीजाकुर न्यायसे कर्म और उसके फलको तीन गाथाओंसे बतलाते है—

कर्म कारणभूत है, उसका कार्य शरीर है । शरीरमे इन्द्रियाँ होती हैं । इन्द्रियोसे विषयोमें राग होता है उससे रागादिका बन्ध होता है । इस नवीन बन्धसे चतुर्गतिमे जीव औदारिक, वैक्रियिक, आहारक, तैजस और कार्माणके भेदसे पाँच प्रकारके शरीरको ग्रहण करता है । इस तरह उसको ग्रहण करता हुआ जीव पुनः पुनः कर्मका बन्ध करता है । ऐसे ही मिथ्यादृष्टि कर्मसे कर्मको उत्पन्न करता है । जैसे बीजांकुर न्यायमे बीजसे अंकुर उत्पन्न होता है और अंकुरसे बीज उत्पन्न होता है वैसे ही कर्मके सम्बन्धमे भी जानना चाहिए ॥१३०-१३२॥

विशेषार्थ—बीजांकुरन्याय प्रसिद्ध है । बीजसे अकुर पैदा होता है और अंकुरसे बीज पैदा होता है । इसी तरह कर्म ही कर्मका कारण है । यही बात ग्रन्थकारने उक्त तीन गाथाओके द्वारा कही है । बाँधे हुए कर्मका उदय होनेपर नये जन्मके साथ नया शरीर मिलता है । शरीरमें इन्द्रियाँ होती है, बिना इन्द्रियोके तो शरीर होता नही । ये इन्द्रियाँ मूर्त रूप रस गन्ध आदिको ही ग्रहण करनेमें समर्थ है । जीव इन इन्द्रियोको पाकर इनके द्वारा विषयोको ग्रहण करता है । जो विषय उसे प्रिय लगते है उनसे राग करता है और जो विषय उसे प्रिय नही लगते अप्रिय लगते हैं उनसे द्वेष करता है । इस रागद्वेषसे नवीन कर्मका बन्ध करता है । नवीन कर्मका उदय आनेपर पुन. नया जन्म धारण करता है । नये जन्मके साथ नया शरीर

१. एवंतं क० ख० मु० । २. इह एव अ० मु० ज० । ३. वीयंकुर णेय अ० क० ख० ज० मु० । 'जो खलु संसारत्थो जीवो तत्तो दु होदि परिणामो । परिणामादो कम्मं कम्मादो होदि गदिसुगदी ॥ गदिमधिगदस्स देहो देहादो इंदियाणि जायंते । तेहि दु विसयग्गहणं तत्तो रागो व दोसो वा ॥ जायदि जीवस्सेवं भावो संसारचक्कवालम्मि । इदि जिणवरेहि भणिदो अणादिणिधणो सणिधणो वा ॥१२८-१३०॥ —पञ्चास्ति० ।

धर्माधर्मयोः परमार्थव्यवहारकालयोश्च स्वरूप प्रयोजनं चाचष्टे[1]—

[2]लोयपमाणममुत्तं अचेयणं गमणलक्खणं धम्मं ।
तप्पडिरूवमधम्मं ठाणे सहयारिणं णेयं ॥१३३॥
[3]लोयालोयविभेयं गमणं ठाणं च [4]जाण हेदूहिं ।
जइ णहु ताणं हेऊ किह लोयालोयववहारं ॥१३४॥

मिलता है उसमे इन्द्रियाँ होती हैं। इन्द्रियोसे विषयोका ग्रहण करता है उससे रागद्वेष करता है, रागद्वेषसे पुनः नवीन कर्मबन्ध होता है। इस तरह जैसे बीजांकुरकी सन्तान अनादि कालसे चली आती है वैसे ही जीवके कर्मबन्धकी सन्तान भी अनादि कालसे चली आती है। इसको समाप्त करनेका एक ही उपाय है जैसे बीजको जलाकर राख कर देनेपर अनादि बीजांकुर सन्तान नष्ट हो जाती है वैसे ही कर्मरूपी बीजको भी यदि सर्वथा नष्ट कर डाला जाये तो उससे नया जन्म लेना नही पडेगा। नया जन्म धारण न करनेसे नया शरीर नही होगा। नया शरीर न होनेसे उसमे इन्द्रियाँ, उनसे विषय ग्रहण, विषयग्रहणसे होनेवाला रागद्वेष ये सब समाप्त हो जायेंगे। इनके समाप्त होनेसे नया कर्मबन्ध ही नही होगा। इसीका नाम मुक्ति है।

धर्मद्रव्य अधर्मद्रव्य और परमार्थकाल तथा व्यवहारकालका स्वरूप और प्रयोजन कहते हैं—

धर्मद्रव्य लोकाकाशके बराबर प्रमाणवाला है, अमूर्तिक है, अचेतन है, जीव और पुद्गलों के गमनमें सहायक होना उसका लक्षण है। उसीके समान अधर्मद्रव्य है किन्तु वह चलते हुओंके ठहरनेमे सहायक है ॥१३३॥

विशेषार्थ—धर्मद्रव्य और अधर्मद्रव्य ऐसे द्रव्य है जिन्हें जैनधर्ममे ही इस रूपमें माना गया है। ये दोनो द्रव्य आकाशकी तरह ही अमूर्तिक और अचेतन है। किन्तु आकाशकी तरह सर्वव्यापक नही है केवल लोकाकाशमे ही व्यापक है उससे बाहर नही है। इनका काम है जीव और पुद्गलोके गमनमे और ठहरनेमें मात्र सहायक होना। चलने और चलते-चलते ठहरनेकी शक्ति तो जीव और पुद्गलोमे ही है। ये तो केवल निमित्त मात्र है। जैसे सडक हमे चलनेमें सहायक होती है वह हमे चलाती नही है। हम यदि चलना न चाहें तो वह चलनेकी प्रेरणा नही करती। चलना चाहे तो सहायक हो जाती है। इसी तरह ग्रीष्मऋतुमें सडकके किनारे खडे हुए वृक्षोकी छाया पथिकोंके ठहरनेमे सहायक होती है। वह जबरदस्ती किसीको ठहराती नही है। जो ठहरना चाहें उनको निमित्त हो जाती है। इसी तरह लोकाकाशमें सर्वत्र जीव और पुद्गलोके चलने और ठहरनेमें सहायक मात्र धर्मद्रव्य और अधर्मद्रव्य है ॥

आगे इन दोनो द्रव्योका प्रयोजन बतलाते हैं—

लोक और अलोकका भेद तथा गमन और ठहरना ये सब बिना कारणोके नही हो सकते। यदि इनका कोई कारण न होता तो लोक अलोक व्यवहार कैसे होता ? ॥१३४॥

विशेषार्थ—प्रत्येक कार्यका कोई कारण अवश्य होता है। गमन और गमनपूर्वक स्थिति भी कार्य है अतः उनका कोई कारण होना चाहिए। यो तो इन दोनो क्रियाओके उपादान कारण तो चलनेवाले और चलते हुए ठहरनेवाले जीव और पुद्गल ही है तथापि कोई साधारण निमित्त भी होना चाहिए। उसके बिना कोई कार्य होता नही है। अत उसमें निमित्त धर्मद्रव्य और अधर्मद्रव्य है। इस प्रयोजनके सिवाय इन दोनों द्रव्योका एक प्रयोजन और भी है। जैनधर्ममें अखण्ड आकाशके दो विभाग माने गये है—लोकाकाश

१. व्याचष्टे। २. 'धम्मत्थिकायमरसं अवण्णगंधं असद्दमप्फासं। लोगोगाढं पुट्ठं पिहुलमसंखादियपदेसं ॥८३॥ उदयं जह मच्छाणं गमणाणुग्गहयरं हवदि लोए। तह जीव पोग्गलाणं धम्मं दव्वं वियाणेहि ॥८५॥ जह हवदि धम्मदव्वं तह तं जाणेह दव्वमधम्मखं। ठिदिकिरियाजुत्ताणं कारणभूदं तु पुढवी व ॥८६॥ —पञ्चास्ति०। ३. 'जादो अलोग लोगो जेसिं सब्भावदो य गमणठिदी। दो वि य मया विभत्ता अविभत्ता लोयमेत्ता य ॥८७॥ —पञ्चास्ति०। ४. च ताण ज०।

एयपएसि अमुत्तो अचेयणो वट्टणागुणो कालो।
[1]लोयायासपएसे थक्का ते रयणरासिव्व ॥१३५॥
[2]परमत्थो जो कालो सो चिय हेऊ हवेइ [3]परिणामे।
पज्जयठिदि उवयरिओ ववहारादो य णायव्वो ॥१३६॥

और अलोकाकाश। जितने आकाशमें सब द्रव्य पाये जाते हैं उतने आकाशको लोकाकाश कहते हैं और उससे बाहरके शुद्ध आकाशको अलोकाकाश कहते हैं। छहो द्रव्योमें जीव और पुद्गलद्रव्य ही क्रियावान् हैं शेष सब निष्क्रिय हैं। यदि गतिमें सहायक धर्मद्रव्य और स्थितिमें सहायक अधर्मद्रव्य न होते तो जीव और पुद्गल लोकाकाशके बाहर भी चले जाते और लोक अलोकका भेद भी मिट जाता। किन्तु लोकसे भिन्न अलोक होना अवश्य चाहिए। जैसे अब्राह्मणसे ब्राह्मणेतर क्षत्रियादिका बोध होता है, अनश्व कहनेसे अश्वसे भिन्न गर्दभका बोध होता है ऐसे ही अलोकसे भी लोकसे भिन्न कोई होना चाहिए। अतः धर्मद्रव्य और अधर्मद्रव्यका प्रयोजन लोक और अलोकका विभाग भी है॥

आगे परमार्थकालका स्वरूप कहते हैं—

कालद्रव्य एक प्रदेशी है, अमूर्तिक है, अचेतन है, वर्तनागुणवाला है। कालद्रव्यके वे अणु रत्नोंकी राशिकी तरह लोकाकाशके प्रदेशोंपर स्थित हैं॥१३५॥

विशेषार्थ—कालद्रव्यका लक्षण वर्तना है। जैसे जीवमें चेतना मुख्य गुण है वैसे ही कालद्रव्यका विशेष गुण वर्तना है। प्रत्येक द्रव्यमें प्रतिसमय जो उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यरूप सत्ताका वर्तन हो रहा है उसीका नाम वर्तना है। यह वर्तना प्रतिक्षण प्रत्येक द्रव्यमें होती रहती है यह बात अनुमानसे भी सिद्ध है जैसे वट-लोईमें पकनेके लिए चावल डाले और आधे घण्टेमें पके तो उससे यह मतलब नहीं लेना चाहिए कि २९ मिनिट तक वे चावल वैसे ही रहे और अन्तिम क्षणमें पककर तैयार हो गये। उनमें प्रथम समयसे ही सूक्ष्म पाक बराबर होता रहा है। यदि प्रथम समयमें पाक न हुआ होता तो दूसरे-तीसरे आदि समयोंमें भी नहीं होता और इस तरह पाकका ही अभाव हो जाता। इसी तरह प्रत्येक द्रव्यमें प्रतिसमय वर्तना होती रहती है। यह वर्तना द्रव्योंका स्वभाव है काल उसका मुख्य कारण नहीं है, वह तो निमित्तमात्र है। काल-द्रव्य भी धर्म-अधर्म और आकाशद्रव्यकी तरह अचेतन और अमूर्तिक है, किन्तु एक नहीं है, अनेक है। उसे पुद्गलपरमाणुकी तरह अणुरूप माना है। पुद्गलके परमाणु तो परस्परमें बँधकर एक भी हो जाते हैं। किन्तु कालाणु तो रत्नकी तरह एक एक ही रहते हैं। लोकाकाशके प्रत्येक प्रदेशपर एक-एक कालाणु सदा स्थित रहता है। जितने लोकाकाशके प्रदेश होते हैं उतने ही कालाणु हैं। कालको अणुरूप माननेके कई कारण हैं। काल यदि सर्वत्र आकाशकी तरह एक होता तो सर्वत्र परिणमन भी एक-सा ही होता। किन्तु विभिन्न क्षेत्रोंमें विभिन्न प्रकारके कालका परिणमन देखा जाता है। दूसरे, कालका सबसे छोटा अंश समय है। आकाशके एक प्रदेशपर स्थित पुद्गलका अणु मन्दगतिसे चलते हुए उससे लगे दूसरे प्रदेशपर जितनी देरमें पहुँचे उतने कालका नाम समय है। यह समय पर्यायरूप समय है इसे व्यवहारकाल भी कहते हैं। समय जैसा ही सूक्ष्म कालाणु निश्चयकालद्रव्य है। निश्चयकालद्रव्यके अणुरूप हुए बिना उसकी समयरूप सूक्ष्म पर्याय सम्भव नहीं है। इसलिए भी कालद्रव्यको अणुरूप माना है।

आगे परमार्थकालका प्रयोजन कहते हैं—

यह जो परमार्थ या निश्चयकाल है वह परिणामका कारण है। पर्यायकी स्थिति उपचरित-काल है और वह व्यवहारसे जाननी चाहिए॥१३६॥

---

१. 'लोगागासपदेसे एक्केक्के जे ट्ठिया हु एक्केक्का। रयणाणं रासी इव ते कालाणू मुणेयव्वा ॥५८८॥' —गो० जीव०। २. 'कालो परिणामभवो परिणामो दव्वकालसंभूतो। दोण्हं एस सहावो कालो खणभंगुरो णियदो ॥१००॥' —पञ्चास्ति०। ३. परिणामो अ० आ० ख० मु० ज०।

उक्तं च—

एयम्मि पएसे खलु इयरपएसा य पंच णिद्दिट्ठा ।
ताणं कारणकज्जे उहय सरूवेण णायव्वं ॥

पुग्गलमज्झत्थोयं कालाणू मुक्खकारणं होई ।
समओ अरूवि जह्मा पुग्गलमुत्तो ण मोक्खो हु ॥१३७॥

[1]समयावलि उस्सासो थोवो लव णालिया मुहुत्त दिणं ।
पक्खं च मास वरिसं जाण इमं सयल ववहारं ॥१३८॥

विशेषार्थ—वर्तना निश्चयकालका लक्षण है और परिणाम व्यवहारकालका लक्षण है। अपनी जातिको न छोड़ते हुए द्रव्यमें जो परिवर्तन होता है—पूर्वपर्यायकी निवृत्ति और उत्तरपर्यायकी उत्पत्ति होती है उसे परिणाम कहते हैं। निश्चयकाल इस परिणाममें हेतु होता है। वैसे धर्मद्रव्य गतिमे और अधर्मद्रव्य स्थितिमे हेतु होता है। परिणमन शक्ति तो द्रव्योमें स्वाभाविक है काल उसमें निमित्तमात्र होता है। उसका आश्रय पाकर सब द्रव्य अपनी पर्यायरूपसे स्वत. परिणमन करते हैं। एक पर्याय शुद्धनयसे एक क्षण तक रहती है। यह सब उपचरित या व्यवहारकाल है। व्यवहार, विकल्प, भेद, पर्याय ये सब शब्द एकार्थक हैं। व्यवहारके अवस्थानकालको व्यवहारकाल कहते हैं। समय, घडी, घण्टा, मिनिट, दिन रात यह सब व्यवहार-कालके ही भेद हैं। 26-1-38

आगे ग्रन्थकार प्रमाणरूपसे एक गाथा उद्धृत करते है—

एक प्रदेशमे शेष पाँचो द्रव्योके प्रदेश कहे है अर्थात् धर्मद्रव्य अधर्मद्रव्य, जीवद्रव्य, पुद्गलद्रव्य और कालद्रव्यके प्रदेश एक ही आकाशप्रदेशके साथ रहते हैं। सब आपसमें हिले-मिले होनेपर भी अपना-अपना स्वभाव नही छोड़ते। उनका कारण और कार्य दोनो ही अपने-अपने स्वभावके अनुसार ही जानना चाहिए। जिसका जो कार्य है वह वही कार्य करता है और उसमे वही कारण होता है, अन्य द्रव्य नही।

पुद्गलोके मध्यमें स्थित कालाणु मुख्य कारण है क्योकि कालद्रव्य अमूर्तिक है। और पुद्गलद्रव्य मूर्तिक है इसलिए वह मुख्य कारण नही है ॥१३७॥

विशेषार्थ—पुद्गल तो समस्त लोकमे भरे हुए हैं। उन्हीके बीचमें कालाणु भी अवस्थित है। किन्तु परिणमनमें मुख्य कारण कालद्रव्य है, पुद्गल द्रव्य नही। क्योंकि पुद्गलद्रव्य मूर्तिक है और कालद्रव्य-अमूर्तिक है। जो द्रव्य केवल सहायकके रूपमे माने गये हैं वे सभी अमूर्तिक है जैसे आकाश, धर्मद्रव्य और अधर्मद्रव्य है वैसे ही काल भी है।

आगे व्यवहारकालको कहते है—

समय, आवली, उच्छ्वास, लव, नाली, मुहूर्त, दिन, पक्ष, मास, वर्ष, यह सब व्यवहार-काल है ॥१३८॥

विशेषार्थ—व्यवहारकालका सबसे छोटा अंश समय है। असख्यात समयोकी एक आवली होती है। संख्यात आवलीका एक उच्छ्वास होता है। सात उच्छ्वासका एक स्तोक होता है। सात स्तोकका एक लव होता है। साढे अडतीस लवकी एक नाली होती है। दो नालीका एक मुहूर्त होता है। ३० मुहूर्तका एक दिन-रात होता है। पन्द्रह दिन-रातका एक पक्ष होता है। दो पक्षका एक मास होता है। १२ मासका वर्ष होता है वह सब व्यवहारकाल है। इस व्यवहारकालका मूल समय है। अतः आगे समयका परिमाण बतलाते है—

---

१. 'आवलि असंखसमया संखेज्जावलिसमूहमुस्सासो। सत्तुस्सासा थोवो सत्तत्थोवो लवो भणियो ॥५७३॥ अट्ठत्तीसद्धलवा नाली वे नालिया मुहुत्तं तु। एगसमयेण हीणं भिण्णमुहुत्तं तदो सेसं ॥५७४॥—गो० जीव०।

समयकालप्रदेशसिद्ध्यर्थमाह—

णहएयपएसत्थो परमाणू मंदगइपवट्टंतो ।
बीयमणंतरखेत्तं जावदियं जादि तं समयकालं ॥१३९॥

[2]जेत्तियमेत्तं खेत्तं अणुणा रुद्धं खु गयणदव्वस्स ।
तं च पएसं भणियं जाण तुमं सव्वदरसीहिं ॥१४०॥

गगनादीनां द्रव्यपर्याययोः[3] कारणमुक्त्वा लोकस्य कार्यत्वं [4]प्रतिष्ठापयति—

गयणं दुविहायारं धम्माधम्मं च लोगदो णेयं ।
विविहा पोग्गलजीवा कालं परमाणुमिव भणियं ॥१४१॥

सव्वेसिं पज्जाया लोगे अवलोइया हु णाणीहिं ।
[5]तह्मा लोयं कज्जं कारणभूदाणि दव्वाणि ॥१४२॥

आकाशके एक प्रदेशमें स्थित पुद्गल परमाणु मन्दगतिसे चलता हुआ जितने कालमें अपने अनन्तरवर्ती प्रदेशमें जाता है उसे समय कहते हैं ॥१३९॥

आगे प्रसंगवश प्रदेशका परिमाण बतलाते हैं—

आकाशके जितने क्षेत्रको पुद्गलका परमाणु रोकता है अर्थात् पुद्गलका एक परमाणु आकाशके जितने क्षेत्रमें रहे उतने क्षेत्रको सर्वज्ञदेवने प्रदेश कहा है ऐसा तुम जानो ॥१४०॥

आकाश आदिके द्रव्य और पर्यायके कारणको बतलाकर आगे लोकका कार्यपना सिद्ध करते हैं—

आकाशद्रव्यके दो प्रकार हैं—एक लोकाकाश और दूसरा अलोकाकाश। लोकमें धर्मद्रव्य अधर्मद्रव्य, अनेक प्रकारके पुद्गल और अनेक प्रकारके जीव रहते हैं। कालद्रव्यको परमाणुकी तरह अणुरूप कहा है॥ ज्ञानी सर्वज्ञदेवने सब द्रव्योंकी पर्यायोंको लोकमें देखा है इसलिए लोक-कार्य है और द्रव्य कारणरूप हैं ॥१४१-१४२॥

विशेषार्थ—यह पहले भी कहा है कि धर्मद्रव्य और अधर्मद्रव्य लोक और अलोककी स्थितिमें निमित्त हैं तथा आकाशके दो विभाग हैं एक विभागका नाम लोकाकाश है और उसमें सब द्रव्योंका निवास है। 'लोक' शब्द संस्कृतकी 'लुक्' धातुसे बना है उसका अर्थ देखना होता है। अकलंक देवने अपने तत्त्वार्थ-वार्तिकमें इस लोक शब्दकी व्युत्पत्ति अनेक प्रकारसे की है और उसमें दोषोंका परिमार्जन किया है। जहाँ पुण्य और पापकर्मोंका सुखदु खरूप फल देखा जाता है वह लोक है। अथवा जो पदार्थोंको देखे वह लोक, इन दोनों व्युत्पत्तियोंमें लोकका अर्थ हुआ आत्मा। अत सर्वज्ञके द्वारा जो देखा जाये वह लोक। इस व्युत्पत्तिसे पूर्वोक्त दोषका परिहार हो जाता है क्योंकि केवल एक जीवद्रव्यका नाम लोक नहीं है किन्तु छहों द्रव्योंके समुदायका नाम लोक है। और सर्वज्ञ सब द्रव्योंको जानते देखते हैं। किन्तु फिर भी एक दोष रह ही गया। सर्वज्ञ तो लोककी तरह अलोकको भी देखते हैं अत. अलोक भी लोक कहलायेगा। तब उसमें यह संशोधन किया गया—जहाँ बैठकर सर्वज्ञ जिसे देखे वह लोक है। इसमें कोई दोष नहीं है क्योंकि सर्वज्ञ अलोकमें बैठकर अलोकको नहीं देखता। इस ग्रन्थके रचयिता अकलंकदेवकी व्युत्पत्तियोंसे लाभ

---

१. पलोट्टंतो अ० आ० क० ख० ज०। गो० जीवकाण्डे गाथेयं क्षेपकरूपेणास्ति सम्यक्त्वमार्गणाप्रकरणे। २. इयमपि गाथा जीवकाण्डे क्षेपकरूपेणास्ति पाठभेदेन—'तं च पदेसं भणिय अवरावरकारणं जस्स।' ३. द्रव्यपर्यायाकारमुक्त्वा अ० ख० मु० ज०। ४. प्रतिष्ठयति आ०। ५. धर्माधर्मादीनि यत्र लोक्यन्ते स लोकः। —सर्वार्थसि०, ५-१२। 'दीसति जत्थ अत्था जीवादीया स भण्णदे लोओ।'—स्वा० का० अनु०, गा० १२१। काल पञ्चास्तिकायाश्च सप्रपञ्चा इहाखिला। लोक्यन्ते येन तेनाय लोक इत्यभिलप्यते ॥५॥ हरि० पु०, ४ सर्ग।

तत्र जीवपुद्गलयो पर्यायभेदमधिष्ठान चाह—

सव्वत्थ अत्थि खंधा बादरसुहुमा वि लोयमज्झम्मि ।
थावर तहेव सुहुमा तसा हु तसनाडिमज्झम्मि ॥१४३॥

त्रसनाल्युत्सेधं लोकस्वरूपं चाचष्टे—

अह [1]उद्ढे लोयंता चउरंसा एक्करज्जुपरिमाणा ।
[2]चउदहरज्जुच्छेधा लोयं सयतिण्णितेयालं ॥१४४॥
[3]विगयसिरो कडिहत्थो ताडियजंघो जुवाणरो उड्ढो ।
तेणायारेण ठिओ तिविहो लोगो मुणेयव्वो ॥१४५॥

उठाकर लोककी ऐसी व्युत्पत्ति की है कि उसमें कोई दोष नही आता । सर्वज्ञने सब द्रव्योको पर्यायोको जहाँ देखा वह लोक । सब द्रव्य तो लोकमें ही है लोकके बाहर नही है । अत. यह व्युत्पत्ति दोषहीन है । जब छह द्रव्योके समूहका नाम लोक है तो लोक कार्य हुआ और द्रव्य उसके कारण हुए । किन्तु यह कार्यकारणभाव व्यवहारमूलक ही है क्योकि लोककी रचना सादि नही है अनादि है । फिर भी पर्यायदृष्टिसे लोकको कार्य कहा जा सकता है ।

आगे जीव और पुद्गलकी विभिन्न पर्यायोका तथा उनके अवस्थानका कथन करते है—

लोकके मध्यमे सर्वत्र बादर और सूक्ष्म स्कन्ध रहते हैं । उसी तरह सूक्ष्म और बादर स्थावर जीव तथा त्रसजीव भी रहते है । किन्तु त्रसजीव त्रसनालीमे ही रहते है ॥१४३॥

विशेषार्थ—लोकमें पुद्गल और जीवद्रव्य भी रहते है । दोनो ही द्रव्योकी सख्या अनन्त है । पुद्गलकी स्कन्धरूप पर्याय बादर भी होती है और सूक्ष्म भी । सूक्ष्म और बादरस्कन्ध समस्त लोकमें भरे हुए है । संसारी जीव स्थावर और त्रसके भेदसे दो प्रकारके है । स्थावर भी बादर और सूक्ष्म होते है । किन्तु त्रसजीव बादर ही होते है । बादर और सूक्ष्म स्थावर भी पुद्गल स्कन्धोकी तरह समस्तलोकमें रहते है । किन्तु त्रसजीव केवल त्रसनालीमें ही रहते है ॥

आगे त्रसनालीकी ऊँचाई और लोकका स्वरूप कहते है—

नीचेसे लेकर ऊपर लोकके अन्तपर्यन्त त्रसनाली है । वह चौकोर है, एकराजु उसका विस्तार है और चौदहराजु ऊँचाई है । तथा लोकका क्षेत्रफल ३४३ राजू है ॥१४४॥ एक युवा मनुष्य सिर ऊँचा करके दोनो पैरोको फैलाकर और दोनो हाथोको कमरपर रखकर खड़ा हो, उसका जैसा आकार होता है वैसा ही आकार तीन प्रकारके लोकका जानना ॥१४५॥

विशेषार्थ—लोकका आकार दोनो हाथोको दोनो ओर कटिप्रदेशपर रखकर तथा पैर फैलाकर खडे हुए मनुष्यके समान बतलाया है । गाथामें 'विगयसिरो' पाठ है उसका अर्थ सिररहित होता है क्योकि विगतका अर्थ रहित प्रसिद्ध है । किन्तु ऐसा अर्थ आगम विरुद्ध है क्योकि लोकका आकार सिरसहित पुरुषके आकारकी तरह कहा है । स्वर्गोके ऊपर जो नौ ग्रैवेयक है वे लोक पुरुषकी ग्रीवा (गर्दन) के स्थानपर पडते है इसलिए उनका नाम ग्रैवेयक है । और सिद्ध शिला मस्तकाकार पडती है । अत. हमने विगतशिरका

---

१. उड्ढतिलोयंता—अ० ख० मु० । 'लोयबहुमज्झदेसे तरुम्मिसार व रज्जुपदरजुदा । तेरसरज्जुस्सेहा किंचूणा होदि तसणाली ॥६॥'—तिलोयपण्णत्ति, २ अ० । 'लोयबहुमज्झदेसे रुक्खे सारव्व रज्जुपदरजुदा । चोद्दसरज्जुत्तुगा तसणाली होदि गुणणामा ॥१४३॥'—त्रिलोकसार । २. चउदह सा उच्छेधे आ० अ० ज० । ३. 'कटिस्थकरयुग्मस्य वैशाखस्थानवर्तिन. । बिभर्ति पुरुषस्याय सस्थानमचलस्थिते ॥८॥'—हरि० पु०, ४ सर्ग ।

द्रव्यक्षेत्रकालभावैश्च स्वभावा द्रष्टव्या—

दव्वे खेत्ते काले भावे भावा फुडं पलोएज्जा ।
एवं हि थोवबहुगा णायव्वा एण मग्गेण ॥१४६॥

एवं द्रव्याधिकार. समाप्तः ।

अर्थ सिर ऊँचा करके किया है क्योंकि कोशमें 'विगत' का अर्थ सावधान भी है। सावधान मनुष्यका सिर तना हुआ होता है। अस्तु, लोकके तीन भेद हैं अधोलोक, मध्यलोक और ऊर्ध्वलोक। पैरोंके तलसे लेकर कटिप्रदेशसे नीचेका भाग अधोलोक है। कटिप्रदेशका भाग मध्यलोक है उससे ऊपरका भाग ऊर्ध्वलोक है। लोक १४ राजु ऊँचा है। लोकके नीचे उसका विस्तार सात राजु है फिर क्रमसे घटते-घटते मध्यलोकके पास उसका विस्तार एक राजु है। इसके ऊपर क्रमसे बढ़ते-बढ़ते ब्रह्म ब्रह्मोत्तर स्वर्गके समीप उसका विस्तार पाँच राजु है। फिर उससे ऊपर क्रमसे घटते-घटते लोकके अग्रभागमें विस्तार एक राजु है। यह पूरब पश्चिम विस्तार है। दक्षिण उत्तरमें सर्वत्र सात राजु मोटाई है। इसका क्षेत्रफल इस प्रकार जानना चाहिए—अधोलोकका विस्तार नीचे सात राजु है ऊपर सात राजुकी ऊँचाईपर विस्तार एक राजु है अतः ७ + १ = ८ ÷ २ = ४ × ७ × ७ = १९६ राजु अधोलोकका क्षेत्रफल होता है। अधोलोकके ऊपर विस्तार एक राजु है और ऊर्ध्वलोकके मध्यमें ३½ राजुकी ऊँचाईपर विस्तार पाँच राजु है। अतः ५ + १ = ६ ÷ २ = ३ × ३½ × ७ = १४७ आधे ऊर्ध्वलोकका क्षेत्रफल होता है। पूरे ऊर्ध्वलोकका क्षेत्रफल १४७ राजु है। १४७ राजुमें १९६ जोडनेसे समस्त लोकका क्षेत्रफल ३४३ राजु होता है। लोकके मध्यमें एक राजु चौडी और १४ राजु ऊँची त्रसनाली है। त्रसजीव उसीमें रहते हैं। केवल उपपाद और मारणान्तिक समुद्घात अवस्थामें ही त्रसजीव त्रसनालीके बाहर पाया जाता है। त्रसनालीसे बाहरका कोई एकेन्द्रिय जीव त्रस-पर्यायका बन्ध करके, मृत्युके पश्चात् त्रसनालीमें जन्म लेनेके लिए गति करता है तब उसके त्रस नाम कर्मका उदय होनेसे उपपादकी अपेक्षा त्रसजीव त्रसनालीके बाहर पाया जाता है। जब कोई त्रसनालीका त्रसजीव एकेन्द्रिय पर्यायका बन्ध करके त्रसनालीसे बाहर एकेन्द्रिय पर्यायमें जन्म लेनेवाला होता है और मारणान्तिक समुद्घात करता है तब त्रसपर्यायमें होते हुए भी उसके आत्मप्रदेश त्रसनालीके बाहर पाये जाते हैं। इस तरह त्रसजीव त्रसनालीमें ही पाये जाते हैं। किन्तु १४ राजु ऊँची पूरी त्रसनालीमें त्रसजीव नही पाये जाते। इसीसे त्रिलोक प्रज्ञप्तिमें त्रसनालीको कुछ कम तेरह राजु ऊँची कहा है। इसका कारण यह है कि जितनी लोककी ऊँचाई है उतनी ही त्रसनालीकी ऊँचाई है। उसमें-से सातवें नरकके नीचे एक राजुमे निगोदिया जीव ही रहते हैं। अत एक राजु कम होनेसे तेरह राजु ही रहते है। उसमें-से भी सातवी पृथ्वीके मध्यमें ही नारकी रहते है नीचेकी ३९९९⅓ योजन पृथ्वीमें कोई त्रस नही रहता है। तथा ऊर्ध्वलोकमें सर्वार्थसिद्धि-विमान तक ही त्रसजीव रहते हैं। सर्वार्थसिद्धिसे ऊपरके क्षेत्रमे कोई त्रसजीव नही रहता। अत. सर्वार्थ-सिद्धिसे लेकर आठवी पृथिवी तकका अन्तराल १२ योजन, आठवी पृथिवीकी मोटाई ८ योजन और आठवी पृथिवीके ऊपर ७५७५ धनुष प्रमाण क्षेत्र त्रसजीवोसे शून्य है। अत नीचे और ऊपरके उक्त धनुषोसे कम १३ राजु प्रमाण त्रसनालीमें त्रसजीव जानने चाहिए ॥

द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावके द्वारा स्वभावोके चिन्तनकी प्रेरणा—

द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी अपेक्षा भावोंको स्पष्ट रूपसे जानना देखना चाहिए। इस प्रकार इस मार्गसे भावोका अल्पबहुत्व भी जानना चाहिए॥१४६॥

इस प्रकार द्रव्याधिकार समाप्त हुआ।

सर्वेषामस्तित्वं कायत्वं पञ्चानां प्रदेशसंख्यां चाह—

[1]सव्वेसिं अत्थित्तं णियणियगुणपज्जएहि संजुत्तं ।
पंचेव अत्थिकाया उवदिट्ठा बहुपदेसादो ॥१४७॥
[2]जीवे धम्माधम्मे हुंति पदेसा हु संखपरिहीणा ।
गयणे णंताणंता तिविहा पुण पोग्गले णेया ॥१४८॥

इति पञ्चास्तिकायाः ।

सब द्रव्योंका अस्तित्व तथा पाँच द्रव्योंके कायत्वका कथन करते हैं—

अपने-अपने गुणपर्यायोसे संयुक्त सभी द्रव्य अस्तिरूप हैं। किन्तु उनमें-से पाँच द्रव्योंको ही अस्तिकाय कहा है क्योंकि वे बहुप्रदेशी है ॥१४७॥

विशेषार्थ—अस्तित्व वास्तवमें द्रव्यका स्वभाव है, क्योंकि वह परनिरपेक्ष है, अनादि-अनन्त है, अहेतुक है। यद्यपि द्रव्य और उसके अस्तित्वमे भाव और भाववान्‌की अपेक्षा भेद है—अस्तित्व भाव है और द्रव्य भाववान है तथापि दोनोमें प्रदेश भेद नही है—द्रव्यके और अस्तित्वके प्रदेश जुदे-जुदे नही हैं अतः द्रव्यके साथ उसका एकत्व है। ऐसी स्थितिमें उसे द्रव्यका स्वभाव क्यो नही माना जायगा। अवश्य ही माना जायगा। प्रत्येक द्रव्यका अस्तित्व उसीमें समाप्त हो जाता है। जो एक द्रव्यमें अस्तित्व है वही दूसरे द्रव्यमें नही है। किन्तु एक ही द्रव्य और उसके गुण तथा पर्यायोका अस्तित्व जुदा-जुदा नही है, उन सबका एक ही अस्तित्व है क्योंकि वे सब परस्पर सापेक्ष है उनमे से यदि एक न हो तो शेष दो भी नही हो सकते। इसी प्रकार उत्पाद व्यय ध्रौव्यका और द्रव्यका अस्तित्व भी एक ही है क्योकि उत्पाद व्यय ध्रौव्य द्रव्यसे ही उत्पन्न होते है और द्रव्य उत्पाद व्यय ध्रौव्यपर अवलम्बित है। इस प्रकार द्रव्य अस्तित्वमय या सत्स्वरूप है। ऐसे द्रव्य छह है किन्तु उनमें-से कायरूप पाँच ही है, काय अर्थात् शरीरकी तरह जो हों। जैसे शरीर पुद्गल परमाणुओका समूहरूप होता है वैसे ही धर्म अधर्म, आकाश, जीव और पुद्गल ये पाँच द्रव्य बहु-प्रदेशी होते है इसलिए इन्हें काय कहा है। अस्ति (सत्) और काय दोनोको मिलाकर इन्हें अस्तिकाय कहते है। कालद्रव्य भी सत्स्वरूप तो है किन्तु काय नही है उसके कालाणु सदा अलग-अलग ही रहते है। पुद्गल परमाणुओकी तरह वे कभी परस्पर बद्ध नही होते इसलिए उसे अस्तिकाय नही कहा है।

आगे प्रत्येक द्रव्यकी प्रदेश संख्या बतलाते हैं—

जीवद्रव्य, धर्मद्रव्य और अधर्मद्रव्यमे असंख्यात प्रदेश होते हैं। आकाशमे अनन्तानन्त प्रदेश है और पुद्गलमे सख्यात असंख्यात तथा अनन्त प्रदेश जानना चाहिए ॥१४८॥

विशेषार्थ—एक जीवद्रव्य, धर्मद्रव्य और अधर्मद्रव्य प्रत्येकके असंख्यात असंख्यात प्रदेश होते है। यह पहले बतला आये है कि धर्मद्रव्य और अधर्मद्रव्य तो लोकव्यापी है। और एक परमाणु जितने आकाशको रोकता है उसे प्रदेश कहते है अतः धर्मद्रव्य और अधर्मद्रव्य असंख्यात प्रदेशी है। एक जीव भी लोकाकाशके बराबर होनेसे असख्यात प्रदेशी है। आकाश सर्वत्र व्याप्त है अतः वह अनन्तानन्त प्रदेशी है। पुद्गलका परमाणु एक प्रदेशी है दो परमाणुओके मेलसे बना द्वयणुक स्कन्ध दो प्रदेशी है। तीन परमाणुओके मेलसे बना स्कन्ध तीन प्रदेशी है। इसी तरह सख्यात परमाणुओके मेलसे बना स्कन्ध संख्यात प्रदेशी है। असंख्यात परमाणुओके मेलसे बना स्कन्ध असख्यात प्रदेशी है और अनन्त परमाणुओके मेलसे बना स्कन्ध अनन्त प्रदेशी है इस तरह कोई पुद्गल संख्यात प्रदेशी, कोई असंख्यात प्रदेशी और कोई पुद्गल अनन्त प्रदेशी होता है।

इस प्रकार पंचास्तिकायोंका कथन समाप्त हुआ।

---

१. जेसिं अत्थिसहाओ गुणेहि सह पज्जएहिं विविहेहिं। ते होंति अत्थिकाया णिप्पण्णं जेहिं तइलुक्कं ॥५॥—पञ्चास्ति०। 'संति जदो तेणेदे अत्थित्ति भणंति जिणवरा जम्हा। काया इव बहुदेसा तम्हा काया य अत्थिकाया य ॥५४॥'—द्रव्यसं०। २. 'होंति असखा जीवे धम्माधम्मे अणंत आयासे। मुत्ते तिविह पदेसा कालस्सेगो ण तेण सो काओ ॥२५॥'—द्रव्यसं०।

इदानीं प्रवचनसारामिप्राय कथ्यते, तत्त्वसंख्यामुपदिश्य तस्यैव भेदं स्वभावं व्याख्याति—

[1]जोवाजीव तहासव बंधो संवरण णिज्जरा मोक्खो ।
एदेहि सत्ततच्चा सवित्थरं पवयणे जाण ॥१४९॥

आगे प्रवचनसारके अभिप्रायको कहते है । तत्त्वकी संख्या बतलाकर उसके भेद तथा स्वभावका व्याख्यान करते हैं—

जीव, अजीव, आस्रव, बन्ध, संवर, निर्जरा, मोक्ष, इन सात तत्त्वोको विस्तारपूर्वक आगमसे जानना चाहिए ॥१४९॥

विशेषार्थ—जो अर्थ जिस रूपसे अवस्थित है उसका उसी रूपसे होनेका नाम तत्त्व है दूसरे शब्दोमें सारभूतको तत्त्व कहते है । मुमुक्षुके लिए सारभूत तत्त्व सात है जीव, अजीव, आस्रव, बन्ध, संवर, निर्जरा और मोक्ष । जो चैतन्यस्वरूप है वह जीव है । और जो चैतन्यस्वरूप नही है वह अजीव है । शुभ और अशुभ कर्मोके आनेके द्वारको आस्रव कहते है । आत्मा और कर्मके प्रदेशोके परस्परमें अनुप्रवेशको बन्ध कहते हैं । आस्रवके रोकनेको सवर कहते है । बन्धे हुए कर्मोके एकदेश क्षयको निर्जरा कहते है । और आत्माके समस्त कर्मबन्धनसे छुट जानेको मोक्ष कहते हैं । इन सात तत्त्वोमें सबसे प्रथम जीवका नाम आता है क्योकि यह सब कथन उसीके लिए है वही ज्ञाता द्रष्टा है । संसार दशामें अजीव जीवका सहकारी है । यदि दोनोका मेल न होता तो ससार ही न होता । अत: जीवके बाद अजीवका नाम आता है । जीव और अजीवके मेलसे आस्रव होता है । अत उनके बाद आस्रवका नाम आता है । आस्रवपूर्वक ही बन्ध होता है अत. आस्रवके बाद बन्धका नाम आता है । संवर बन्धका विरोधी है । संवर होनेपर बन्ध नही होता अत' बन्धका प्रतिपक्षी बतलानेके लिए बन्धके बाद संवरका नाम आता है । सवरके होनेपर निर्जरा भी होती है अत. सवरके बाद निर्जराका नाम आता है । और सबके अन्तमें मोक्षकी प्राप्ति होती है इसलिए अन्तमें मोक्ष का नाम आता है । यो तो सभी तत्त्व जीव और अजीवमे गर्भित हो जाते हैं क्योकि आस्रव बन्ध संवर निर्जरा और मोक्ष या तो जीवरूप हो सकते हैं या अजीवरूप हो सकते है । जीव और अजीवसे बाहर तो कुछ है ही नही । फिर भी इन सबको अलग-अलग कहनेका एक उद्देश्य है । तत्त्वोके विवेचनका उद्देश्य है मोक्ष और वह होता है ससारपूर्वक । संसारके प्रधान कारण है आस्रव और बन्ध तथा मोक्षके प्रधान कारण है सवर और निर्जरा । इस तरह संसार और मोक्षकी प्रक्रियाको जाननेके लिए सातो तत्त्वोंका स्वरूप जानना आवश्यक है । इसको थोडा और स्पष्ट कर देना उचित होगा । आस्रव करनेवाला और जिसका आस्रव होता है ये दोनो आस्रव है । बन्ध करनेवाला और जो कर्म बन्धता है ये दोनो बन्ध है । संवर करनेवाला और जिस कर्मका संवर होता है ये दोनो संवर है । निर्जरा करनेवाला और जिसकी निर्जरा होती है ये दोनो निर्जरा हैं । छूटनेवाला और जो छूटता है ये दोनो मोक्ष हैं । दूसरे शब्दोमें भावास्रव-द्रव्यास्रव, भावबन्ध-द्रव्यबन्ध, भावसवर-द्रव्यसंवर, भावमोक्ष-द्रव्यमोक्ष ये आस्रव बन्ध सवर निर्जरा और मोक्षरूप है । और दोनो जीव और अजीव है । तत्त्वार्थसूत्रमें इन्ही सात तत्त्वोंके श्रद्धानको सम्यग्दर्शन कहा है और समयसारमें इन्ही सात तत्त्वोके भूतार्थनयसे परिज्ञानपूर्वक श्रद्धानको सम्यक्त्व कहा है । इन दोनो कथनोमें क्या दृष्टिभेद है यही विवेचनीय है । यह तो स्पष्ट है कि उक्त तत्त्व अकेले जीव या अकेले अजीवके नहीं हो सकते । अब यदि जीव और पुद्गलकी अनादि बन्ध पर्यायको लेकर बाह्यदृष्टिसे दोनोको एक अनुभव करें तब तो वे भूतार्थ प्रतीत होते हैं । किन्तु यदि एक जीवद्रव्यके स्वभावको लेकर अनुभव करें तो उक्ततत्त्व अभूतार्थ है । इसलिए भूतार्थनयसे इन तत्त्वोमे एक जीव ही दृष्टिगोचर होता है । तथा अन्तर्दृष्टिसे ज्ञायकभाव

---

१. 'जोवाजीवाभावा पुण्णं पाव च आसवं तेसि । सवर णिज्जरबधो मोक्खो य हवंति ते अट्ठा ॥१०८॥ —पञ्चास्ति० । 'आसव बंधण सवर णिज्जर मोक्खा सपुण्णपावा जे । जीवाजीवविसेसा ते वि समासेण पभणामो ॥२८॥'—द्रव्यस० ।

भणिया जीवाजीवा पुव्वं जे हेउ आसवाईणं ।
ते आसवाइ तच्चं साहिज्जं तं णिसामेह ॥१५०॥

दुविहं आसवमग्गं णिद्दिट्ठं दव्वभावभेदेहिं ।
मिच्छत्ताइचउक्कं जीवे भावासवं भणियं ॥१५१॥

[1]लद्धूण तण्णिमित्तं जोगं जं पुग्गलं पदेसत्थं ।
परिणमदि कम्मरूवं[2] तंपि हु दव्वासवं जीवे ॥१५२॥

जीव है, जीवके विकारका कारण अजीव है। आस्रव संवर बन्ध निर्जरा मोक्ष ये केवल जीवके विकार नही है किन्तु अजीवके विकारसे जीवके विकारके कारण है। ऐसे ये सात तत्त्व जीवद्रव्यके स्वभावको छोड़कर स्वपरनिमित्तक एक द्रव्यपर्यायरूपसे अनुभव किये जानेपर तो भूतार्थ है और सब कालोमें स्खलित न होनेवाले एक जीवद्रव्य स्वभावको लेकर अनुभव किये जानेपर अभूतार्थ है। इसलिए इन तत्त्वोमें भूतार्थनयसे एक जीव ही प्रकाशमान है। इस तरह दृष्टिभेदसे कथन जानना चाहिए। दोनोका आन्तरिक उद्देश्य एक ही है। तत्त्वार्थसूत्रमे तत्त्वका बोध करानेकी दृष्टिसे व्यवहारकी प्रधानता है और समयसारमें तत्त्वकी प्राप्तिकी दृष्टिसे निश्चयकी प्रधानता है अन्य कोई भेद नही है।

पहले जो जीव अजीव आस्रव आदिके हेतु कहे थे उन आस्रवादि तत्त्वोको साधते है उसे सुने ॥१५०॥

आगे आस्रवके भेदपूर्वक भावास्रवको कहते है—

द्रव्यास्रव और भावास्रवके भेदसे आस्रवमार्ग दो प्रकारका कहा है। जीवमे पाये जानेवाले मिथ्यात्व अविरति कषाय और योगको भावास्रव कहा है ॥१५१॥

विशेषार्थ—जीवके जिस भावका निमित्त पाकर कर्मोका आस्रव होता है उसे भावास्रव कहते है। वे भाव है मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग। यद्यपि तत्त्वार्थसूत्रमे योगको आस्रवका कारण कहा है और योगसहित मिथ्यात्व आदिको बन्धका कारण कहा है। किन्तु जहाँ मिथ्यात्व होता है वहाँ आगेके सभी कारण रहते है और जहाँ अविरति होती है मिथ्यात्व नही होता वहाँ भी आगेके सब कारण रहते है। अत. जहाँ जितने कारण होते है वे सभी अपने-अपने निमित्तसे होनेवाले कर्मोके आस्रवमें कारण होते है। कुछ कर्म प्रकृतियाँ ऐसी है मिथ्यात्वके उदयमें ही जिनका आस्रव होता है। इसी तरह कुछका अमुक-अमुक कषायके उदयमें ही आस्रव होता है। अत मिथ्यात्व आदिको आस्रवका कारण कहा है। वैसे आठ प्रकारके कर्मोके आस्रवका कारण मिथ्यात्व आदि चार है किन्तु इन चारोका भी मूल कारण राग द्वेष मोह है। ये राग द्वेष मोह कर्मजन्य है आत्माके साथ उनका सयोग सम्बन्ध है। आत्मा और ज्ञानकी तरह तादात्म्य-सम्बन्ध नही है। किन्तु अज्ञानी जीव क्रोधादिभावोको भी वैसा ही अपना मानता है जैसा ज्ञानादिको मानता है। चिरकालसे साथ रहते-रहते उसमें यह भेदज्ञान नही हो पाता कि क्रोधादि मेरे नही है अतः जब क्रोध कषायका उदय होता है तो वह नि शक होकर क्रोध करता है, राग करता है, मोह करता है। ऐसा करनेसे नवीन कर्मोका आस्रव होता है। इसमें जो जीवके राग द्वेष मोहरूप भाव है वे भावास्रव है और उनके निमित्तसे जो पौद्गलिक द्रव्यकर्मोका आस्रव होता है वह द्रव्यास्रव है। यही बात आगे कहते है ॥

उन मिथ्यात्व आदिरूप जीवके भावोका निमित्त पाकर जीवके प्रदेशोंमे स्थित कर्मरूप होने योग्य जो पुद्गल कर्मरूपसे परिणत होते हैं वह द्रव्यास्रव है ॥१५२॥

---

१. दट्ठूण । २. 'आसवदि जेण कम्मं परिणामेणप्पणो स विण्णेओ । भावासवो जिणुत्तो कम्मासवणं परो होदि ॥२९॥'—द्रव्यसं० ।

उक्तं च—

अप्पपएसा मुत्ता पुग्गलसत्तो तहाविहा णेया ।
अण्णोण्णं मिल्लंता बंधो खलु होइ णिद्धाइ ॥
कम्मादपदेसाणं अण्णोण्णपवेसणं कसायादो ।
बंधो चउव्विहो खलु ठिदिपयडिपदेसअणुभागा ॥१५३॥
[2]जोगा पयडिपदेसा ठिदिअणुभागा कसायदो होंति ।
एवं बंधसरूवं णायव्वं जिणवरे भणियं ॥१५४॥
रुंधिय छिद्दसहस्से जलजाणे जह जलं तु णासवदि ।
मिच्छत्ताइअभावे तह जीवे संवरो होई ॥१५५॥

ग्रन्थकार अपने कथनके समर्थनमें अन्य ग्रन्थका प्रमाण उद्धृत करते है—

आत्माके प्रदेशोमें और मूर्त पुद्गलोमें इस प्रकारकी शक्ति जाननी चाहिए कि दोनो परस्परमें मिलकर स्निग्ध आदिकी तरह बन्धको प्राप्त होते है ।

कर्म और आत्माके प्रदेशोका परस्परमे प्रवेशरूप बन्धकषायसे होता है वह बन्ध चार प्रकारका है—प्रकृतिबन्ध, स्थितिबन्ध, अनुभागगन्ध और प्रदेशबन्ध ॥ प्रकृतिबन्ध और प्रदेशबन्ध योगसे होते है और स्थितिबन्ध तथा अनुभागबन्ध कषायसे होते हैं। इस प्रकार जिनेन्द्रभगवान्के द्वारा कथित बन्धका स्वरूप जानना चाहिए ॥१५३-१५४॥

विशेषार्थ—यह पहले लिख आये हैं कि ससारी जीव अनादिकालसे मूर्तिक कर्मोसे बंधा है अतः वह भी कथंचित् मूर्तिक हो रहा है । उसके जो नये कर्म बँधते हैं एक तरहसे वे कर्म जीवमें स्थित मूर्तिक कर्मोके साथ ही बँधते हैं क्योकि मूर्तिकका मूर्तिकके साथ बन्ध होता है । इससे पहले कर्मपुद्गल जीवकी योगशक्तिके द्वारा आकृष्ट होते हैं और रागद्वेषरूप भावोका निमित्त पाकर आत्मासे बँध जाते है । इस तरह आत्माकी योगशक्ति और कषाय, ये दोनो बन्धके कारण है । इनसे होनेवाला बन्ध चार प्रकारका होता है—प्रकृतिबन्ध, प्रदेशबन्ध, स्थितिबन्ध और अनुभागबन्ध । स्वभावको प्रकृति कहते हैं । जैसे नीम कडुआ होता है और गुड मीठा होता है । इसी तरह ज्ञानावरणका स्वभाव है अर्थका बोध न होना । दर्शनावरणका स्वभाव है अर्थका दर्शन न होना । इस प्रकारका कार्य जिसका हो वह प्रकृतिबन्ध है । कर्मरूपसे परिणत पुद्गलस्कन्धोंकी संख्याका अवधारण परमाणु रूपसे होना कि कितने परमाणु कर्मरूपसे परिणत हुए, प्रदेशबन्ध है । कर्मोका अपने-अपने स्वभावरूपसे अमुक समयतक स्थिर रहना स्थितिबन्ध है। जैसे बकरी, गाय, भैंस आदिके दूधका अपने माधुर्यस्वभावसे विचलित न होना स्थिति है । और कर्मोमें फलदानकी शक्तिका होना अनुभागबन्ध है । जैसे बकरी, गाय, भैंस आदिके दूधमें कमती या अधिक शक्ति होती है वैसे ही कर्मपुद्गलोमें जो सामर्थ्यविशेष होती है वह अनुभागबन्ध है । आत्मासे बँधनेवाले कर्मोमें अनेक प्रकारका स्वभाव होना तथा उनकी परमाणुओकी संख्याका कम अधिक होना योगका कार्य है । तथा उनका आत्माके साथ कम या अधिक कालतक ठहरे रहना और तीव्र या मन्द फल देनेकी शक्तिका होना कषायका कार्य है । इस तरह प्रकृतिबन्ध प्रदेशबन्ध योगसे और स्थितिबन्ध अनुभागबन्ध कषायसे होते है ॥

संवरका स्वरूप कहते है—

जैसे जलयान (नाव) के हजारो छिद्रोको बन्द कर देनेपर उसमे पानी नही आता, वैसे ही मिथ्यात्व आदिका अभाव होनेपर जीवमें संवर होता है ॥१५५॥

---

१. मुद्रितप्रतौ 'अप्पपएसा मुत्ता' इति गाथा मूलरूपेण 'कम्मादपदेसाण' इति गाथा च 'उक्तं च' रूपेण वर्तते । 'कम्मादपदेसाण अण्णोणपवेसणं इदरो ॥३२॥'—द्रव्यसं० । २. 'पयडिट्ठिदिअणुभागप्पदेसभेदादु चदुविधो-बंधो । जोगा पयडिपदेसा ट्ठिदिअणुभागा कसायदो होंति ॥३३॥'—द्रव्यसं० ।

विशेषार्थ—कर्मोंके आस्रवको रोकनेका नाम संवर है। संवरके भी दो भेद है—भावसंवर और द्रव्यसंवर। आत्माका जो भाव कर्मोंको रोकनेमें कारण होता है वह भावसवर है और द्रव्यकर्मोंके रुकनेका नाम द्रव्यसंवर है। भावसंवरपूर्वक ही द्रव्यसंवर होता है। अत जिन आत्मभावोका निमित्त पाकर द्रव्यकर्मोंका आस्रव होता था उनको रोकनेसे ही द्रव्यकर्मोंका आस्रव रुक सकता है। इन्द्रियाँ, कषाय और संज्ञा (आहार, भय, मैथुन, परिग्रह) ये भाव पापास्रव है। इनका जितने अंशमे जितने कालतक निग्रह किया जायेगा उतने अंशमें उतने कालतक पापास्रवका द्वार बन्द रहेगा। किन्तु सुख-दु:खमें समभाव रखनेवाले जिस संयमी साधुके सभी पदार्थोंमें राग द्वेष और मोह नही होता उसके शुभ और अशुभ कर्म नही आते, किन्तु उनका सवर हो जाता है इसलिए मोह राग और द्वेषरूप परिणामोका रुकना भावसंवर है। और उसका निमित्त पाकर योगके द्वारा आनेवाले पुद्गलोका शुभाशुभ कर्मरूप न होना द्रव्यसंवर है। जिस मुनिके जब पुण्यरूप शुभोपयोग और पापरूप अशुभोपयोग नही होता उसके शुभाशुभ कर्मका संवर होता है। इस तरह संवरके लिए राग द्वेष और मोहरूप भावोको रोकना आवश्यक है और उनको रोकनेके लिए मूलकारण भेदविज्ञान है। भेदविज्ञानके बिना इनको नही रोका जा सकता। भेदविज्ञानका एक उदाहरण इस प्रकार है—आत्मामें ज्ञान भी है और क्रोधरूप भाव भी है। दोनो ही अनादि है। इसीसे अज्ञानी जीव जैसे ज्ञानको अपना मानता है क्रोधको भी अपना मानता है। ऐसा व्यक्ति जैसे ज्ञानरूप परिणत होता है वैसे ही कषायके उदयमें क्रोधरूप परिणत होता है। जब उसे यह ज्ञान होता है कि ज्ञान तो मेरा स्वरूप है वह कही बाहरसे नही आता किन्तु क्रोध तो कर्मजन्य विकार है वह मेरा स्वरूप नही है अत: कषायका उदय होनेपर भी मुझे उस रूप परिणत नही होना चाहिए। इस भेदविज्ञानके होते ही वह उससे निवृत्त हो जाता है। और इस तरह उसकी आत्मामें संवरका द्वार खुल जाता है। शास्त्रोमे जो गुप्ति, समिति, दस धर्म, बारह भावना, बाईस परीषह जय और चारित्रको संवरका कारण कहा है वह सब उक्त प्रकारकी आन्तरिक और बाह्य परिणतिमे ही सहायक होते है। इसीसे वे संवरके हेतु कहे है। भेदविज्ञानसे शुद्धात्माकी प्रतीति और उपलब्धि होती है। और शुद्धात्माकी उपलब्धि होनेपर जीव मिथ्यात्व आदि भावरूप परिणमन नही करता और उससे नवीन कर्मोंका सवर होता है। बन्धके कारण आगममें पाँच कहे हैं—मिथ्यात्व, असंयम, प्रमाद, कषाय और योग। ज्यो-ज्यो इनका अभाव होता जाता है त्यो-त्यो इनकी प्रधानतासे होनेवाला कर्मास्रव रुकता जाता है। आगे यह विचार करते है कि किस गुणस्थानमें किस कर्मका संवर होता है—पहले मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें मिथ्यादर्शनकी प्रधानतासे जो कर्म आता है, उस मिथ्यात्वका निरोध हो जानेपर आगेके सासादन सम्यग्दृष्टि आदि गुणस्थानोंमें उसका संवर होता है। वे कर्म है—मिथ्यात्व, नपुंसकवेद, नरकायु, नरकगति, एकेन्द्रिय, दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय जाति, हुण्डकसस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिका सहनन, नरकगत्यानुपूर्वी, आतप, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्तक, साधारणशरीर ये १६। दूसरा कारण है असंयम। उसके तीन भेद है—अनन्तानुबन्धी कषायके उदयमें होनेवाला असयम, अप्रत्याख्यानावरण कषायके उदयमें होनेवाला असयम, और प्रत्याख्यानावरण कषायके उदयमें होनेवाला असयम। उस-उस असयमके अभावमे उस-उसके कारण होनेवाले कर्मास्रवका निरोध हो जाता है। निद्रा-निद्रा, प्रचला-प्रचला, स्त्यानगृद्धि, अनन्तानुबन्धी क्रोध मान माया लोभ, स्त्रीवेद, तिर्यंचायु, तिर्यंचगति, मध्यके चार संस्थान; चार संहनन, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, दुर्भग, दु:स्वर, अनादेय, नीचगोत्र। ये पचीस कर्मप्रकृतियाँ अनन्तानुबन्धी कषायके उदयमे होनेवाले असयमकी प्रधानतासे आती है। अत. एकेन्द्रियसे लेकर सासादनसम्यग्दृष्टितक उनका बन्ध होता है। आगे उसका अभाव होनेसे उन प्रकृतियोका भी सवर होता है। अप्रत्याख्यानावरण क्रोध मान माया लोभ, मनुष्यायु, मनुष्यगति, औदारिकशरीर, औदारिकअंगोपांग, वज्रर्षभनाराचसहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी ये दस प्रकृतियाँ अप्रत्याख्यानावरणकषायके उदयमें होनेवाले असयमकी प्रधानतामे आती है अत. एकेन्द्रियसे लेकर चौथे असंयतसम्यग्दृष्टि गुणस्थानपर्यन्त इनका बन्ध होता है। आगे उसका अभाव होनेसे उनका संवर होता है। प्रत्याख्यानावरण क्रोध मान माया लोभ, ये चार प्रकृतियाँ

चिरबद्धकम्मणिवहं जोवपदेसा हु जं च परिगलइ ।
सा णिज्जरा पउत्ता दुविहा सविपक्क अविपक्का ॥१५६॥
सयमेव कम्मगलणं इच्छारहियाण होइ सत्ताणं ।
सविपक्क णिज्जरा सा अविपक्कमुवायकरणादो ॥१५७॥

प्रत्याख्यानावरण कषायके उदयमें होनेवाले असयमकी प्रधानतासे आती है। अत. एकेन्द्रियसे लेकर पाँचवें संयतासंयत गुणस्थानपर्यन्त उनका बन्ध होता है। आगे उसका अभाव होनेसे उनका संवर होता है। प्रमादकी प्रधानतासे जिन कर्मप्रकृतियोका आस्रव होता है, छठें प्रमत्तसयतगुणस्थानसे आगे प्रमादका अभाव होनेसे उनका संवर होता है। वे प्रकृतियाँ हैं—असातावेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ, और अयश कीर्ति। देवायुके बन्धके आरम्भका हेतु प्रमाद भी है और अप्रमाद भी है अत. अप्रमत्तसयत गुणस्थानसे आगे उसका संवर हो जाता है। जिस कर्मके आस्रवका कारण केवल कषाय है, प्रमाद नही है, उसका निरोध होनेपर उसका आस्रव रुक जाता है। वह प्रमाद आदिसे रहित कषाय तीव्र मध्यम और जघन्यके भेदसे तीन गुणस्थानोमें पायी जाती है। उनमें-से आठवें अपूर्वकरण गुणस्थानके प्रथम संख्यातवे भागमें निद्रा और प्रचला बँधती हैं। उससे आगेके संख्यातवें भागमें तीस प्रकृतियाँ बँधती हैं—देवगति, पंचेन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीर, आहारकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक अगोपांग, आहारक अंगोपाग, वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्तविहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक शरीर, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण और तीर्थंकर। उसी गुणस्थानके अन्तिम समयमें हास्य, रति, भय, जुगुप्साका बन्ध होता है। इन सभी प्रकृतियोका तीव्रकषायसे आस्रव होता है। अत अपने-अपने बन्धवाले भागसे आगे उनका संवर है। उससे पहलेके गुणस्थानोमें तो उनका बन्ध यथायोग्य होता ही है। नौवें अनिवृत्ति बादर साम्पराय गुणस्थानके प्रथम समयसे लेकर सख्यात भागोमें पुरुषवेद और क्रोध सज्वलन बँधते है। उससे आगेके संख्यात भागोमें मानसज्वलन और मायासंज्वलन बँधते है। उसीके अन्तिम समयमें लोभसज्वलन बँधता है। इन प्रकृतियोका आस्रव मध्यमकषायसे होता है अत. निर्दिष्ट भागसे आगे उनका संवर जानना। पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, पाँच अन्तराय, यश.-कीर्ति, उच्चगोत्रका बन्ध मन्दसंज्वलनकषायके उदयमें दसवें गुणस्थानतक होता है आगे उनका संवर है। केवल योगसे केवल एक सातावेदनीय ही बँधती है। अतः तेरहवे गुणस्थानसे आगे उसका सवर होता है। संक्षेपमें यह सवरकी प्रक्रिया है।

निर्जराका स्वरूप और :

जीवके प्रदेशोंके साथ चिरकालसे बँधे हुए कर्मसमूहकी परिगलना (झड़ना) को निर्जरा कहते हैं। उस निर्जराके दो भेद हैं—सविपाक निर्जरा और अविपाक निर्जरा ॥ इच्छाके विना प्राणियोके जो स्वय ही कर्म विगलित होते हैं वह सविपाक निर्जरा है। और उपाय करनेसे जो कर्मोकी निर्जरा होती है वह अविपाक निर्जरा है ॥१५६-१५७॥

विशेषार्थ—बँधनेके पश्चात् कर्म आत्माके साथ रहते है। जब वे उदयमें आकर अपना फल देते है और फल देकर झड जाते है उसे ही निर्जरा कहते है। उस निर्जराके दो भेद है—सविपाक निर्जरा और अविपाक निर्जरा। सविपाक निर्जराको स्वकाल प्राप्त निर्जरा भी कहते है क्योकि बँधे हुए कर्म उदयकाल आनेपर ही अपना फल देकर झड जाते है। अत अपने समयपर ही झडनेके कारण उसे स्वकालप्राप्त या सविपाक निर्जरा कहते है। सविपाक अर्थात् विपाककाल आनेपर होनेवाली निर्जरा सविपाक निर्जरा है। जैसे वृक्षपर लगा हुआ आमका फल अपने समयपर पककर टपक पडता है। जिस कर्मका विपाककाल तो नही आया, किन्तु तपस्या आदिके द्वारा बलपूर्वक उदयमें लाकर खिरा दिया गया उसे अविपाक निर्जरा कहते है। जैसे कच्चे आमोको पालमें दबाकर समयसे पहले पका लिया जाता है। पहली निर्जरा तो सभी

जं अप्पसहावादो मूलोत्तरपयडिसंचियं मुयइ ।
तं मुक्खं अविरुद्धं दुविहं खलु दव्वभावगयं ॥१५८॥

जीवोके यथा समय होती रहती है क्योकि बाँधे गये कर्म अपना-अपना उदयकाल आनेपर फल देकर झड जाते है । किन्तु दूसरी निर्जरा व्रतधारियोके ही होती है क्योकि वे तपस्याके द्वारा कर्मोको बलपूर्वक उदयमे लाकर नष्ट कर सकते है । निर्जराके भेद भावनिर्जरा और द्रव्यनिर्जरा भी है । शुभ और अशुभ परिणामो के रोकनेको सवर कहते है । जो संवर और शुद्धोपयोगसे युक्त होता हुआ छह प्रकारके अन्तरग तप और छह प्रकारके बाह्यतपको करता है वह बहुत कर्मोकी निर्जरा करता है । अत. यहाँ कर्मकी शक्तिको नष्ट करनेमें समर्थ और बाह्य तथा अन्तरग तपोके द्वारा वृद्धिको प्राप्त जो शुद्धोपयोग है, वह भाव निर्जरा है और उसके प्रभावसे नीरस हुए कर्मपुद्गलोका एकदेश क्षय होना द्रव्यनिर्जरा है । जीवके परिणाम ज्यो-ज्यो विशुद्धताकी ओर बढते जाते है त्यो-त्यो कर्मोकी निर्जरामें भी वृद्धि होती जाती है । जैसे जब मिथ्या दृष्टि जीव प्रथमोपशम सम्यक्त्वकी प्राप्तिके अभिमुख होता हुआ अध.करण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण नामक तीन करणो (परिणामो) को करता है तो उस समय उसके आयुकर्मके सिवा शेष सात कर्मोकी बहुत निर्जरा होती है । जब वह सम्यग्दृष्टि हो जाता है तो उसके पहलेसे भी असख्यात गुणी निर्जरा होती है । फिर जब वह श्रावक हो जाता है तो उसके सम्यग्दृष्टिसे भी असख्यातगुणी निर्जरा होती है । श्रावकसे जब वह सप्तमगुणस्थानवर्ती मुनि होता है तो उसके श्रावकसे भी असख्यातगुणी निर्जरा होती है । जब वह मुनि होकर अनन्तानुबन्धी कषायका विसयोजन करता है तो उसके मुनिसे भी असख्यात गुणी निर्जरा होती है । फिर जब वह दर्शनमोहका क्षय करता है तो उसके पहलेसे भी असख्यात गुणी निर्जरा होती है । फिर जब वह उपशम श्रेणी चढता है तो उसके दर्शनमोह क्षय कालसे भी असख्यात गुणी निर्जरा होती है । उसके बाद जब वह समस्त मोहनीय कर्मका उपशम करके ग्यारहवें उपशान्त कषाय गुणस्थानवाला होता है तो उसके उपशम अवस्थासे भी असख्यात गुणी निर्जरा होती है । वही जब नीचे गिरकर पुन क्षपक श्रेणिपर चढता है तो उसके उपशान्त कषाय अवस्थासे भी असख्यात गुणी निर्जरा होती है । वही जब समस्त मोहनीय कर्मका क्षय करके क्षीण कषाय हो जाता है तो उसके क्षपक अवस्थासे भी असख्यात गुणी निर्जरा होती है । वही जब सब घातिया कर्मोको नष्ट करके केवली हो जाता है तो उसके क्षीण कषायसे भी असख्यात गुणी निर्जरा होती है । इस तरह उत्तरोत्तर अधिक-अधिक विशुद्ध परिणाम होनेसे निर्जरा भी अधिक-अधिक होती है । वह सब अविपाक निर्जरा है । यही मोक्षका कारण है ।

आगे मोक्षका स्वरूप और भेद कहते है—

जो आत्म स्वभावसे, सचित मूल और उत्तर प्रकृतियोसे छूटना है । उसे मोक्ष कहते है वह मोक्ष आत्मस्वभावके अविरुद्ध है अर्थात् आत्मस्वभाव रूप ही है । उसके भी दो भेद है—द्रव्य मोक्ष और भाव मोक्ष ॥१५८॥

विशेषार्थ—आत्माका समस्त कर्म बन्धनोसे सर्वथा छूट जानेका नाम मोक्ष है । वह मोक्ष दो प्रकारका है—द्रव्यमोक्ष और भावमोक्ष । आत्माका जो परिणाम समस्त कर्मबन्धनोके क्षयमें कारण है वह भावमोक्ष है और आत्मासे समस्त कर्मोका अत्यन्त भिन्न हो जाना द्रव्यमोक्ष है । यह द्रव्यमोक्ष अयोग-केवलीके अन्तिम समयमें होता है । वह मोक्ष आत्मस्वरूप ही है । जैसे सुवर्णमें से आन्तरिक और बाह्य मैल निकल जानेपर सुवर्णके स्वाभाविक गुण चमक उठते है वैसे ही कर्म बन्धनसे सर्वथा छूट जानेपर आत्माके स्वाभाविक ज्ञानादि गुण, जो ससार अवस्थामें अत्यन्त मलिन हो रहे थे चमक उठते है । और आत्मा अपने स्वाभाविक रूपमें स्थिर हो जाता है । यही तो मोक्ष है । अत. मोक्ष आत्म स्वभावके अविरुद्ध है । मुक्ता-वस्था प्राप्त होनेपर, उसके किसी भी गुणका नाश नही होता । कुछ ऐसे भी मतावलम्बी है जो मुक्तावस्थामें आत्माके विशेष गुणोका नाश मानते है, कोई आत्माका ही अभाव मानते है । किन्तु जैन धर्मके अनुसार मुक्तावस्थामे न तो आत्माका ही अभाव होता है और न उनके किसी गुणका ही अभाव होता है, बल्कि

नवपदार्थस्वरूपं निगद्य तस्यैव स्वामित्वमाह गाथाचतुष्टयेन—

जीवाइ सत्ततच्चं पण्णत्तं जं जहत्थरूवेण ।
तं चेव णवपयत्था सपुण्णपावा पुणो होंति ॥१५९॥
[2]**सुहवेदं सुहगोदं सुहणामं सुहाउगं हवे पुण्णं ।**
तव्विवरीयं पावं जाण तुमं दव्वभावभेदेहिं ॥१६०॥

उसके ज्ञान सुख आदि गुण और चमक उठते है । ससार अवस्थामें इन्द्रियजन्य ज्ञान और इन्द्रियजन्य सुख होता था जो कि एक तरहसे पराधीन होनेसे दु खरूप ही था । इन्द्रियोकी पराधीनताके मिट जानेसे मुक्तावस्थामें स्वाधीन स्वाभाविक अतीन्द्रिय ज्ञान और अतीन्द्रिय सुख प्रकट हो जाते है जो कभी नष्ट नही होते ।

आगे नौ पदार्थोका स्वरूप कहकर चार गाथाओसे उसके स्वामित्वको बतलाते है—

यथार्थरूपसे जो जीवादि सात तत्त्व कहे है उन्हीमें पुण्य और पापको मिलानेसे नौ पदार्थ होते हैं ॥१५९॥

विशेषार्थ—आचार्य कुन्दकुन्दने दर्शन प्राभृत (गाथा १९) में छह द्रव्य, नौ पदार्थ, पाँच अस्तिकाय और सात तत्त्व कहे है । अर्थात् जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल ये छह द्रव्य है । इनकी द्रव्य संज्ञा है । द्रव्य शब्दसे जिनागम में इन्हीका बोध होता है । इनमें-से काल द्रव्यको छोडकर शेष पाँचोको अस्तिकाय कहते है क्योकि ये पाँचो द्रव्य बहुप्रदेशी है जैसे शरीर बहुप्रदेशी है । यद्यपि पुद्गलका परमाणु एकप्रदेशी है किन्तु अन्य परमाणुओके साथ बँधकर वह भी बहुप्रदेशी कहलाता है इसलिए उपचारसे उसे भी बहुप्रदेशी कहा है । किन्तु कालद्रव्य सदा एकप्रदेशी ही रहता है । यद्यपि कालाणु असंख्यात हैं किन्तु वे आपसमें परमाणुकी तरह कभी बँधते नही है, रत्नोकी तरह सदा अलग-अलग ही रहते है इसलिए वे काय नही है । जीव अजीव आस्रव बन्ध संवर निर्जरा मोक्ष ये सात तत्त्व है और इनमें पुण्य और पापको मिला देनेसे नौ पदार्थ कहे जाते है । उत्तरकालीन समस्त शास्त्रोमें यही कथन किया गया है । यद्यपि नियमसारमे आचार्य कुन्दकुन्दने जीवादि छह द्रव्योको भी 'तत्त्वार्थ' शब्दसे कहा है किन्तु तत्त्व शब्द जीवादि सातके अर्थमें ही रूढ है । मूलवस्तु है 'अर्थ', उसका व्युत्पत्ति सिद्ध अर्थ होता है—जिसका निश्चय किया जाये अर्थात् ज्ञानके विषयभूत पदार्थ । कुन्दकुन्दने ही प्रवचनसारके ज्ञेयाधिकारके प्रारम्भमें अर्थको द्रव्यमय कहा है । और द्रव्यको गुणमय कहा है । उनमें पर्याय होती है । इस तरह द्रव्य संज्ञा गुणपर्यायात्मकताकी सूचक है । किन्तु तत्त्वार्थ संज्ञा—जो अर्थ जिस रूपमें अवस्थित है उसका उसी रूपमें भवन तत्त्व है और तत्त्वसे विशिष्ट अर्थको तत्त्वार्थ कहते है । तत्त्वार्थमे जीव और अजीव ये दो मूल पदार्थ है जिनका अस्तित्व भी भिन्न है और स्वभाव भी भिन्न है । यहाँ अजीवसे मुख्यतया पुद्गलका ही ग्रहण किया गया है । क्योकि जीव और पुद्गलके सयोग और वियोगसे ही बाकीके पाँच तत्त्वोकी या सात पदार्थोंकी रचना हुई है । अत. मुमुक्षुके लिए सारभूत तत्त्व सात ही हैं । किन्तु उनमें पुण्य और पापको मिला देनेसे उनकी सज्ञा पदार्थ क्यो हो जाती है ये किसी आचार्यने स्पष्ट नही किया । इससे इतना तो स्पष्ट है कि पुण्य और पाप तत्त्वभूत नही है, या फिर आस्रव और बन्धमें उनका अन्तर्भाव हो जाता है अत. तत्त्व दृष्टिसे या तो वे आस्रवरूप है या बन्धरूप है ।

शुभ वेदनीय शुभ गोत्र शुभ नाम और शुभ आयु ये पुण्य कर्म हैं और उसके विपरीत अर्थात् अशुभ वेद अशुभ गोत्र अशुभ नाम और अशुभ आयु पाप कर्म हैं । ये कर्म द्रव्य और भावके भेदसे भेदरूप हैं ॥१६०॥

---

१. 'जीवाजीवा भावा पुण्ण पाव च आसवं तेसिं । संवरणिज्जरबंधो मोक्खो य हवंति ते अट्ठा ॥१०८॥ —पञ्चास्ति० । 'छद्दव्व णव पयत्था पंचत्थी सत्त तच्च णिद्दिट्ठा'—दर्शनाप्राभृत १९ गा० । २. 'सद्वेद्यशुभायुर्नामगोत्राणि पुण्यम् ॥२७॥ अतोऽन्यत्पापम् ॥२८॥'—तत्त्वार्थ सूत्र, अ० ८ ।

अहवा कारणभूदा तेसिं वयअव्वयाइं इह भणिया ।
ते खलु पुण्णं पावं जाण इमं पवयणे भणियं ॥१६१॥
अज्जीव पुण्णपावे असुद्धजीवे तहासवे बंधे ।
सामी मिच्छाइट्ठी सम्माइट्ठी हवदि सेसे ॥१६२॥

सम्यग्भूतस्य विषयिणः फलं दर्शयति—

सामी सम्माविट्ठी जीवे संवरणणिज्जरा मोक्खो ।
[1]सुद्धे चेदणरूवे तह जाण सुणाणपच्चक्खं ॥१६३॥

विशेषार्थ—आठ कर्मोंमेंसे चार घाति कर्म तो पाप कर्म ही हैं । शेष चार अघाति कर्मोंमे ही पुण्य-पापरूप भेद है । जैसे वेदनीय कर्मके दो भेद हैं—सातवेदनीय और असातवेदनीय । इनमेंसे सातवेदनीय पुण्य कर्म है और असातवेदनीय पाप कर्म है । इसी तरह गोत्रकर्मके दो भेदोमें-से उच्चगोत्र पुण्य कर्म है और नीचगोत्र पाप कर्म है । आयु कर्मके चार भेदोमें-से नरकायु पाप कर्म है और शेष तीन आयु पुण्य कर्म है । नाम कर्मके भेदोमें-से मनुष्यगति, देवगति, पचेन्द्रियजाति, पाँच शरीर, तीन अगोपाग, समचतुरस्र संस्थान, वज्रर्षभनाराचसंहनन, प्रशस्त वर्ण गन्ध रस स्पर्श, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, प्रशस्तविहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यश-कीर्ति, निर्माण और तीर्थंकर ये शुभ नाम कर्म पुण्यरूप है । नरकगति, तिर्यंचगति, चार जाति, अन्तके पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त वर्ण गन्ध रस स्पर्श, नरकगत्यानुपूर्वी, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण शरीर, अस्थिर, अशुभ, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, अयश कीर्ति ये पापकर्म है । प्रत्येक कर्म द्रव्य और भावके भेदसे दो प्रकारका है । जो पुद्गल परमाणु जीवके भावोका निमित्त पाकर कर्मरूप परिणत हुए हैं उन्हे द्रव्यकर्म कहते है । और जीवके राग-द्वेषरूप भावोको भावकर्म कहते है । द्रव्यकर्मके बिना भावकर्म नही होता और भावकर्मके बिना द्रव्यकर्म नही होता । दोनोका परस्परमे निमित्त नैमित्तिक सम्बन्ध है ।

अथवा उन कर्मोके कारणभूत जो व्रत अव्रत आदि यहाँ कहे है उन्हे पुण्य और पापरूप जानो, ऐसा आगममें कहा है ॥१६१॥

विशेषार्थ—तत्त्वार्थसूत्रके सातवे अध्यायमें व्रतोका वर्णन है । उसकी सर्वार्थसिद्धि नामक टीकामें प्रथम सूत्रकी उत्थानिकामे टीकाकार पूज्यपाद स्वामीने कहा है कि 'आस्रव पदार्थका व्याख्यान हो चुका । उसके प्रारम्भमें ही कहा है कि शुभयोगसे पुण्यकर्मका आस्रव होता है । यह सामान्यसे कहा है उसीका विशेष रूपसे ज्ञान करानेके लिए शुभ क्या है यह कहते है ।' इसके बाद इसी प्रथम सूत्रकी टीकामें यह शंका की गयी है कि व्रतको आस्रवका हेतु बतलाना ठीक नही है उसका अन्तर्भाव तो संवरके कारणोमें किया गया है । आगे नौवे अध्यायमें 'संवरके हेतु गुप्ति समिति आदि कहे है । उनमेसे दस धर्मोमें-से संयम धर्ममें व्रतोका अन्तर्भाव होता है ।' इसके उत्तरमें पूज्यपाद स्वामीने कहा है कि संवरका लक्षण तो निवृत्ति है । किन्तु व्रत तो प्रवृत्तिरूप है—हिंसा, झूठ, चोरी आदिको त्यागकर अहिंसा, सत्यवचन, दी हुई वस्तुका ग्रहण आदि प्रवृत्ति मूलक क्रियाकी प्रतीति व्रतोसे होती है । अतः व्रत पुण्यकर्ममें हेतु है और अव्रत—व्रतोका पालन न करना पाप कर्ममे हेतु हैं । इसलिए ग्रन्थकारका कहना है कि यहाँ पुण्यसे पुण्यके हेतु व्रतोको और पापसे पापके हेतु अव्रतोका भी ग्रहण होता है ।

आगे इन सात तत्त्वोके स्वामियोका कथन करते है—

अजीव, पुण्य, पाप, अशुद्धजीव, आस्रव और बन्धका स्वामी तो मिथ्यादृष्टि है और शेषका स्वामी सम्यग्दृष्टि है ॥ शुद्ध चेतनरूप जीव, संवर, निर्जरा और मोक्षका स्वामी सम्यग्दृष्टि है । ऐसा सम्यग्ज्ञानसे प्रत्यक्ष जानो ॥१६२-१६३॥

---

१. सुद्धो चेयणरूवो अ० क० ख० मु० ज० ।

विशेषार्थ—'यह मेरा है' इस प्रकारके अधिकार मूलक भावको स्वामित्व कहते हैं। मिथ्यादृष्टिकी परमें आत्मबुद्धि होती है और सम्यग्दृष्टिकी 'स्व' में आत्मबुद्धि होती है। इसीसे परायी वस्तुको अपना माननेवाला मिथ्यादृष्टि कहा जाता है और अपनीको अपनी माननेवाला सम्यग्दृष्टि कहा जाता है। अजीव तत्त्वमें पौद्गलिक जमीन जायदाद सम्पत्ति आदिके साथ पौद्गलिक कर्म भी आते है और पौद्गलिक कर्मोके उदयसे होनेवाले राग द्वेष आदिरूप भाव भी आते है। ये सब पर है किन्तु मिथ्यादृष्टि इन्हें अपना मानता है। इसी तरह पुण्य और पाप, आस्रव और बन्ध तथा जीवकी अशुद्धरूप परिणति भी कर्मकृत होनेसे पर है। मिथ्यादृष्टि इन सबको अपना मानता है। उसे स्वपरविवेक न होनेसे कर्ममें, शरीरमें और अपनी विभावरूप परिणतिमें 'यह मैं हूँ' या 'ये मेरे है' ऐसी उसकी भावना रहती है।

समयसारमें कहा है कि आत्माको नही जाननेवालोको विभिन्न धारणाएँ पायी जाती है—कोई शरीरको ही जीव मानता है, कोई कर्मको या कर्मजन्य वैकारिक भावोंको जीव मानता है किन्तु ये सब तो पुद्गल द्रव्यके परिणाम है या कर्मरूप पुद्गल द्रव्यके निमित्तसे हुए है। अत. अजीव पदार्थ पुद्गल और चेतन जीव एक कैसे हो सकते हैं। वस्तुत. जीवका लक्षण तो चेतना है। और पुद्गलका लक्षण रूप रस गन्ध और स्पर्श है। जीवमें रूपादि नही होते और पुद्गलमें चेतना नही होती। ये दोनो दो स्वतन्त्रद्रव्य है। किन्तु ससार अवस्थामें अनादिकालसे इन दो द्रव्योका मेल चला आता है उसके कारण जीव और पुद्गलके मेलसे भ्रम पैदा होता है और व्यवहारनयसे ऐसा कह दिया जाता है कि जीवमें वर्णादि है किन्तु यथार्थमें चैतन्य भाव ही जीवरूप है शेष सब भाव राग, द्वेष, मोह, कर्म, शरीर, आस्रव, बन्ध, उदय आदि जीवरूप नही है। जीवकी मोह राग द्वेषरूप प्रवृत्तिके निमित्तसे जो पुण्य या पाप कर्मोका आस्रव और बन्ध होता है वह भी जीवरूप नही है। यथार्थमें जीवके रागद्वेष मोहरूप भाव ही आस्रव भाव हैं। उनका निमित्त पाकर पौद्गलिक कर्मोका आस्रव होता है और आस्रव पूर्वक बन्ध होता है। बन्ध किस कारणसे होता है इसे स्पष्ट करनेके लिए समयसारमें एक उदाहरण दिया है। एक पहलवान शरीरमें तेल लगाकर धूलभरी भूमिमें व्यायाम करता है, वृक्षोको काटता है उखाडता है इससे उसका शरीर धूलसे भर जाता है। अब विचारनेकी बात यह है कि उसका शरीर धूलसे लिप्त क्यो हुआ, क्या उसने वृक्षोको काटा इसलिए धूलसे लिप्त हुआ या धूल भरी भूमिमें स्थित होनेसे उससे धूल चिपटी। किन्तु यदि वही तेल लगाये बिना यह सब करता है तो उसका अग धूलसे लिप्त नही होता। अत स्पष्ट है कि उसके शरीरमें लगा तेल ही उसके धूल धूसरित होनेका हेतु है। इसी तरह मिथ्यादृष्टि जीव रागादिसे युक्त होकर जो चेष्टाएँ करता है उसीसे उसके कर्मबन्ध होता है। अत. जीवकी अशुद्ध परिणति तथा आस्रव, बन्धको अपना माननेवाला मिथ्यादृष्टि है और संवर निर्जरा मोक्ष तथा जीवकी शुद्धपरिणतिको अपना माननेवाला सम्यग्दृष्टि है। सवरका अर्थ है रुकना। रागादि भावोंको रोकना संवर है उसके होनेसे कर्मोका आना भी रुक जाता है अत. वह भी सवर है। पहलेका नाम भावसंवर है और दूसरेको द्रव्यसवर कहते हैं। कर्मोके झडनेका नाम निर्जरा है। यो तो प्रत्येक ससारी जीवके पूर्वबद्ध कर्मोकी निर्जरा होती रहती है। जिन कर्मोकी स्थिति पूरी हो जाती है वे अपना फल देकर झड जाते है। किन्तु वह निर्जरा मोक्षका कारण नही है। सवर पूर्वक निर्जरा ही मोक्षका कारण है। सम्यग्दृष्टि सवर और संवर पूर्वक निर्जरा तथा मोक्षको ही अपना मानता है। उसकी यह दृढ प्रतीति होती है कि रागादिभाव आत्माका स्वपद नही है, क्योकि वे सब विकारी भाव है, इसीलिए शाश्वत नही है, आत्मस्वभावके विरुद्ध है, एकमात्र ज्ञानस्वभाव ही आत्माका स्वपद है क्योकि आत्मा ज्ञानस्वभाव है, इसीसे वह स्थायी है, शाश्वत है उसीके आश्रयसे मुक्तिकी प्राप्ति होती है, उसके बिना महान् तपस्या करनेपर भी मुक्तिसंभव नही है। अत. सम्यग्दृष्टि समस्त विभावोको अपना नही मानता इसीसे वह किसी भी परभावकी इच्छा नही करता। इसीसे कर्मके मध्य रहकर भी वह कर्मसे लिप्त नही होता जैसे सुवर्ण कीचडमें पडा रहकर भी उससे लिप्त नही होता उसमें कोई विकृति पैदा नही होती।

णच्चा दव्वसहावं जो [1]सद्धाणगुणमंडिओ णाणी ।
चारित्तरयणपुण्णो पच्छा सो णिव्वुदिं लहई ॥१६४॥

इति पदार्थाधिकारः ।

तीर्थस्वामिनं नमस्कृत्य युक्तिव्याख्यानार्थमाह[2]—

वीरं विसयविरत्तं विगयमलं विमलणाणसंजुत्तं ।
[3]पणविवि वीरजिणिंदं पमाणणयलक्खणं वोच्छं ॥१६५॥

आगमादेव पर्याप्ते[4] किं युक्तिप्रयासेनेति तं प्रत्याह—

जस्स ण तिवग्गकरणं णहु तस्स तिवग्गसाहणं होई ।
वग्गतियं जइ इच्छह ता तियवग्गं मुणह पढमं ॥१६६॥
[5]णिक्खेव णय पमाणं छद्दव्वं सुद्ध एव जो अप्पा ।
तक्क पवयणणामं अज्झप्पं होइ हु तिवग्गं ॥१६७॥

इस तरह जो द्रव्योके स्वभावको जानकर श्रद्धागुण (सम्यग्दर्शन) से सुशोभित हुआ ज्ञानी चारित्ररूपी रत्नसे परिपूर्ण होता है, अर्थात् सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान पूर्वक चारित्रको धारण करता है वह मोक्षको प्राप्त करता है ॥१६४॥

पदार्थाधिकार सम्पूर्ण ।

वर्तमान धर्मतीर्थ के स्वामी भगवान् महावीरको नमस्कार करके प्रमाणनय रूप युक्तिका व्याख्यान करने की प्रतिज्ञा करते है—

कर्मोको जीतनेसे वीर, विषयोसे विरक्त, कर्ममलसे रहित और निर्मल केवलज्ञानसे युक्त जिनेन्द्र महावीरको नमस्कार करके प्रमाण और नयका लक्षण कहूँगा ॥१६५॥

आगम ही पर्याप्त है, युक्तिको जाननेके प्रयाससे क्या लाभ ? ऐसा माननेवालेको लक्ष्य करके ग्रन्थकार कहते है—

जो त्रिवर्गको नही जानता वह त्रिवर्गका साधन नही कर सकता । अतः यदि त्रिवर्गकी इच्छा है तो पहले त्रिवर्ग को जानो ॥१६६॥

आगे त्रिवर्गका कथन करते है—

निक्षेप नय और प्रमाण तो तर्क या युक्ति रूप प्रथम वर्ग है, छह द्रव्योंका निरूपण प्रवचन या आगम रूप दूसरा वर्ग है और शुद्ध आत्मा अध्यात्मरूप तीसरा वर्ग है इस प्रकार यह त्रिवर्ग है ॥१६७॥

विशेषार्थ—आगममें कहा है कि जो पदार्थ प्रमाण नय और निक्षेपके द्वारा सम्यक् रीतिसे नही जाना जाता, वह पदार्थ युक्त होते हुए भी अयुक्तकी तरह प्रतीत होता है और अयुक्त होते हुए भी युक्तकी तरह प्रतीत होता है । अर्थात् प्रमाण नय और निक्षेपके द्वारा पदार्थका सम्यक् आलोचना करना ही उचित है, उसके बिना यथार्थ वस्तुकी प्रतीति नही होती । इन तीनोको ग्रन्थकारने तर्क या युक्ति कहा है । अकलकदेवने भी लघीयस्त्रयमें प्रमाण नय और निक्षेपका कथन करनेकी प्रतिज्ञा करते हुए कहा है—'ज्ञानको

---

१ जो सुद्धाणगुण अ० क० ख० ज० । जो सद्दहणगुण मु० । २. -माह वीरमिति अ० मु० । ३ पणवेवि आ० । पणवमि ज० । पणमवि अ० । ४. पूर्य्यते अ० आ० ख० । पूर्य्यते क० । पूर्यते ज० । ५. 'प्रमाण-नयनिक्षेपैर्योऽर्थो नाभिसमीक्ष्यते । युक्तं चायुक्तवद्भाति तस्यायुक्तं च युक्तवत् ॥'—धवला, पु० १, पृ० १६ । 'जो ण पमाणणएहिं णिक्खेवेण णिक्खदे अत्थं । तस्साजुत्तं जुत्तं जुत्तमजुत्तं च पडिहाइ ॥' —तिलोयपण्णत्ति ।

प्रमाणस्वरूपं प्रयोजनं भेदं विषयं चाह—

कज्जं सयलसमत्थं जीवो साहेइ वत्थुगहणेण ।
वत्थू पमाणसिद्धं तह्मा तं जाण णियमेण ॥१६८॥
गेह्णइ वत्थुसहावं अविरुद्धं सम्मरूव जं णाणं ।
भणियं खु तं पमाणं पच्चक्खपरोक्खभेएहि ॥१६९॥

प्रमाण कहते हैं उपायको निक्षेप कहते है और ज्ञाताके अभिप्रायको नय कहते है । इस प्रकार युक्तिसे अर्थात् प्रमाण नय और निक्षेपके द्वारा पदार्थका निर्णय करना चाहिए । तो एक त्रिवर्ग तो प्रमाण नय निक्षेप है और दूसरा त्रिवर्ग युक्ति आगम और अध्यात्म है । ऊपर ग्रन्थकारने कहा है कि त्रिवर्गको जाने विना त्रिवर्ग-का साधन नही कर सकता । सो प्रमाण नय निक्षेपको जाने विना तर्क या युक्ति आगम और अध्यात्मकी साधना करना संभव नही है । तर्क या युक्ति तो प्रमाणमूलक होती है, अतः प्रमाणको जाने विना युक्ति या तर्कका प्रयोग अथवा उसे समझना संभव नही है । ग्रन्थकारने प्रवचन या आगम और अध्यात्मका अन्तर भी स्पष्ट कर दिया है । आजकल इस अन्तरको न जाननेसे भी बहुत विसवाद फैला हुआ है । आगम या प्रवचनमें तो छहो द्रव्योकी चर्चा रहती है । वहाँ शुद्ध द्रव्य या अशुद्ध द्रव्यको लेकर एकको सत्य और दूसरेको मिथ्या बतलानेकी दृष्टि नही है । किन्तु अध्यात्मका मुख्य प्रयोजनीय विषय शुद्ध आत्मा है । वही उसकी दृष्टिमे सत्य और उपादेय है । जब आगम प्रकारान्तरसे उसी बातको कहता है तब अध्यात्म सीधी तरहसे उस बातको कहता है । उदाहरणके लिए तत्त्वार्थसूत्रमें भी सात तत्त्वों या नौ पदार्थोंका कथन है और समयसारमे भी उन्हीका कथन है । किन्तु सूत्रकारका उद्देश उनका स्वरूप मात्र बोध कराना है परन्तु समयसारके कर्ताका उद्देश केन्द्रमें शुद्ध आत्माको रखकर उसकी दृष्टिसे सात तत्त्वो या नौ पदार्थोंकी प्रक्रिया-को बतलाना है । तत्त्वार्थ सूत्रका उद्देश तत्त्वार्थका अधिगम-बोध कराना है और समयसारका उद्देश भेद विज्ञान कराना है कि जीव और अजीव ये दोनो दो स्वतंत्र भिन्न स्वभाववाले पदार्थ है और जीव और पुद्गल के संयोगसे ही शेष आस्रव आदिकी रचना हुई है । इस लिए उसमें से उपादेय केवल एक शुद्ध जीव ही है । वह शुद्ध जीव निश्चयनयका विषय है । निश्चयनय शुद्ध द्रव्यका निरूपण करता है और व्यवहार नय अशुद्धद्रव्यका निरूपण करता है । जैसे रागपरिणाम ही आत्माका कर्म है । वही पुण्य पाप रूप है, आत्मा राग परिणामका ही कर्ता है उसीका ग्रहण करनेवाला है और उसीका त्याग करनेवाला है यह निश्चयनयकी दृष्टि है । पुद्गल परिणाम आत्माका कर्म है, वही पुण्य पाप रूप है, आत्मा पुद्गल परिणामका कर्ता है उसी-को ग्रहण करता है और छोडता है यह व्यवहार नयको दृष्टि है । ये दोनो ही नय सत् है क्योकि शुद्धता और अशुद्धता दोनो रूपसे द्रव्यकी प्रतीति होती है किन्तु अध्यात्ममें साधकतम होनेसे निश्चयनयको ग्रहण किया गया है । क्योकि साध्यके शुद्ध होनेसे द्रव्यकी शुद्धताका द्योतक निश्चयनय ही साधकतम है, अशुद्धता-का द्योतक व्यवहारनय नही । अध्यात्मकी यह दृष्टि है । आगमकी दृष्टि केवल वस्तुस्वरूप बोधक है, प्रापक नही है । अत प्रमाणनय निक्षेप रूप तर्कके द्वारा आगममें प्रतिपादित वस्तुतत्त्वको जानकर अध्यात्मके द्वारा उसमें से शुद्धआत्माको प्राप्त करना चाहिए ।

आगे प्रमाणका स्वरूप भेद और प्रयोजन कहते है—

जीव वस्तुको ग्रहण करके सकल समर्थ कार्यको सिद्ध करता है । और वस्तुकी सिद्धि प्रमाणके द्वारा होती है इसलिए उस प्रमाणको नियमसे अवश्य जानना चाहिए ॥१६८॥ जो ज्ञान वस्तुके यथार्थ स्वरूपको सम्यक्रूपसे जानता है उसे प्रमाण कहते है । उसके दो भेद है—प्रत्यक्ष और परोक्ष ॥१६९॥

विशेषार्थ—वस्तुके सच्चे ज्ञानको प्रमाण कहते है । सीपमें चाँदीका भ्रम होना या यह सीप है या चाँदी, इस प्रकारका सशय रूप ज्ञान प्रमाण नही है । वही ज्ञान प्रमाण होता है जो सीपको सीप रूपसे और चाँदीको चाँदी रूपसे जानता है । अत. वस्तुके यथार्थ स्वरूपकी प्रतीति प्रमाणके द्वारा ही होती है । जब

[1]मइसुइ परोक्खणाणं ओहीमणं होइ वियलपच्चक्खं।
केवलणाणं च तहा अणोवमं सयलपच्चक्खं ॥१७०॥

वस्तुके यथार्थ स्वरूपको ग्रहण कर लिया जाता है तभी उसमें जाननेवालेकी प्रवृत्ति होती है और तभी उससे कार्यकी सिद्धि होती है। जैसे प्यासा आदमी जब जान लेता है कि वहाँ पानी है तभी वह पानीके पास जाता है और अपनी प्यास बुझाता है। इसी तरह धर्मके सम्बन्धमें भी जानना चाहिए। यह ससार क्या है, क्यो है, मेरा स्वरूप क्या है, मै चेतन हूँ तो क्यों हूँ, जड़से मेरा स्वरूप क्यो भिन्न है? जडके साथ मेरा क्या सम्बन्ध है, सच्चे देव, सच्चे शास्त्र और सच्चे गुरुका क्या स्वरूप है, झूठे देव, झूठे शास्त्र, झूठे गुरु कैसे होते है, ये सब बातें जाने बिना धर्मके स्वरूपको नही जाना जा सकता और बिना जाने प्रवृत्ति करने में तो खतरा ही खतरा है। आजकल लोग धर्म करते भी है तो बिना जाने-बूझे करते है। इसीसे उन्हें धर्म करके भी जो आनन्द आना चाहिए वह नही आता। शास्त्रज्ञानके बिना शास्त्रोकी बातोको कैसे जाना जा सकता है। इसीसे छहढालेमें ज्ञानकी प्रशंसा करते हुए कहा है—'ज्ञान समान न आन जगतमे सुखको कारन। इह परमामृत जन्मजरामृति रोगनिवारन।' इस संसारमें सम्यग्ज्ञानके समान सुखदायक कोई नही है। यह ज्ञान ही जन्म, जरा और मृत्युरूपी रोगोको नाश करनेके लिए अमृतके समान है। अत सम्यग्ज्ञानकी उपासना करना चाहिए। उस सम्यग्ज्ञान रूप प्रमाणके दो भेद है, प्रत्यक्ष और परोक्ष। जो ज्ञान इन्द्रिय प्रकाश, उपदेश आदि बाह्य निमित्तोसे होता है उसे परोक्ष ज्ञान कहते है और जो ज्ञान परकी सहायताके बिना मात्र आत्मासे ही होता है उसे प्रत्यक्ष कहते है।

मतिज्ञान और श्रुतज्ञान परोक्ष हैं। अवधिज्ञान और मनःपर्ययज्ञान विकल प्रत्यक्ष है तथा केवलज्ञान अनुपम सकल प्रत्यक्ष है ॥१७०॥

विशेषार्थ—मन और इन्द्रियोकी सहायतासे जो ज्ञान होता है उसे मतिज्ञान कहते है। मतिज्ञानसे जाने हुए पदार्थमे मनकी सहायतासे जो विशेषज्ञान होता है उसे श्रुतज्ञान कहते है। ये दोनो ज्ञान इन्द्रियोकी सहायतासे उत्पन्न होते है इसलिए इन्हे परोक्ष कहते है, क्योकि इन्द्रियाँ प्रकाश, उपदेश ये सब पर है और परकी सहायतासे जो ज्ञान होता है वह परोक्ष है। प्रत्यक्षके दो भेद है—विकल प्रत्यक्ष या एक देश प्रत्यक्ष और सकल प्रत्यक्ष। अवधिज्ञान और मन पर्ययज्ञान विकल प्रत्यक्ष है। और एक मात्र केवल ज्ञान सकल या पूर्ण प्रत्यक्ष है। इन्द्रियादिकी सहायताके बिना केवल आत्मासे जो रूपी पदार्थोका एक देश प्रत्यक्षज्ञान होता है उसे अवधिज्ञान कहते है। और दूसरेके मनमें स्थित अर्थका जो एकदेश प्रत्यक्ष ज्ञान होता है उसे मन पर्ययज्ञान कहते है। ये दोनो ज्ञान मूर्त पदार्थको ही प्रत्यक्ष जानते है उसकी सब पर्यायो को नही जानते, कुछ ही पर्यायोको जानते है। किन्तु केवलज्ञान समस्त ज्ञानावरणीय कर्मके क्षयसे प्रकट होता है अत. वह सब द्रव्योकी सब पर्यायोको एक साथ जानता है। इसीसे उसे अनुपम कहा है। उसके समान अन्य कोई ज्ञान नही है। असलमें ज्ञान जीवका स्वाभाविक गुण है। चूँकि हमारा ज्ञान परकी सहायतासे होता है अत उसे परका गुण समझ लिया जाता है किन्तु वह तो आत्मिकगुण है, कर्मोसे आच्छादित होनेके कारण उसे परकी सहायताकी आवश्यकता पडती है। कर्मोका आवरण हट जाने पर वह सूर्यकी तरह सर्व प्रकाशक हो जाता है। विश्वमें जो कुछ भी सत् है वह उसका ज्ञेय है, उसे वह जानता ही है। जो उसका ज्ञेय नही है वह वस्तु ही नही है। इसीसे केवलज्ञानी अर्हन्त सर्वज्ञ सर्वदर्शी होते है। और उनके वचनोंको प्रमाण माना जाता है। वे अन्यथा नही कहते है। राग, द्वेष और मोहवश मनुष्य झूठ बोलता है जिसमें राग-द्वेष और मोह न होनेके साथ पूर्णज्ञान भी होता है उसके असत्य बोलनेका कोई कारण नही

१. मतिश्रुतावधिमन:पर्ययकेवलानि ज्ञानम् ॥ तत्प्रमाणे। आद्ये परोक्षम्। प्रत्यक्षमन्यत्।—तत्त्वार्थसूत्र १ अ०, सू० ९, १०, ११, १२। 'प्रत्यक्षमिदानी वक्तव्य तत् द्वेधा-देशप्रत्यक्षं सकलप्रत्यक्षं च। देशप्रत्यक्षमवधिमन.पर्ययज्ञाने। सर्वप्रत्यक्षं केवलम्।—सर्वार्थसिद्धि:।

[1]वत्थू पमाणविसयं णयविसयं हवइ वत्थुएकंसं ।
जं दोहि णिण्णयट्ठं तं णिक्खेवे हवइ विसयं ॥१७१॥

नययोजनिकाक्रममाह—

[2]णाणासहावभरियं वत्थुं गहिऊण तं पमाणेण ।
एयंतणासणट्ठं पच्छा णयजुंजणं कुणह ॥१७२॥

है। इसीसे सर्वज्ञके द्वारा प्रतिपादित वस्तुस्वरूप ही यथार्थ है। उसे सम्यक् रीतिसे जानना चाहिए। ज्ञान ही ऐसा एक गुण है जिसके द्वारा हम अपने को और दूसरोको जान सकते हैं इसलिए जीवनमें सम्यग्ज्ञानकी उपासना अवश्य करना चाहिए।

आगे प्रमाण, नय और निक्षेपमें अन्तर बतलाते है—

वस्तु प्रमाणका विषय है और वस्तुका एक अंश नयका विषय है। और जो अर्थ प्रमाण और नयसे निर्णीत होता है वह निक्षेपका विषय है ॥१७१॥

विशेषार्थ—प्रमाण पूर्ण वस्तुको ग्रहण करता है। अर्थात् धर्मभेदसे वस्तुको ग्रहण न करके सभी धर्मोके समुच्चयरूप वस्तुको जानता है। और प्रमाणके द्वारा गृहीत पदार्थके एकदेशमें वस्तुका निश्चय करानेवाले ज्ञानको नय कहते है। नय धर्मभेदसे वस्तुको ग्रहण करता है अर्थात् वह सभी धर्मोके समुच्चय वस्तुको ग्रहण न करके केवल किसी एक धर्मके द्वारा ही वस्तुको ग्रहण करता है। जैसे द्रव्यपर्यायात्मक वस्तु प्रमाणका विषय है और केवल द्रव्यरूप या पर्यायरूप वस्त्वंश नयका विषय है। चूँकि नय एक धर्मकी मुख्यतासे वस्तुको ग्रहण करता है किन्तु वस्तु उस एक धर्मरूप ही नही है उसमें तो अनेक धर्म है। इसलिए सभी नय सापेक्ष अवस्थामें ही सम्यक् होते है। जो किसी एक धर्मरूप ही वस्तुको स्वीकार करके अन्य धर्मोका निषेध करता है वह नय मिथ्या है। आशय यह है कि नय जाननेवालेके अभिप्रायको व्यक्त करता है इसीसे ज्ञाताके अभिप्रायको नय कहा है। नयमें ज्ञाताके अभिप्रायके अनुसार वस्तुकी प्रतीति होती है। किन्तु प्रमाणसे यथार्थ पूर्ण वस्तुकी प्रतीति होती है। इसीसे नय प्रमाणका ही भेद होते हुए भी प्रमाणसे भिन्न है। जैसे समुद्रका अंश न तो समुद्र ही है और न असमुद्र ही है। वैसे ही नय न तो प्रमाण ही है और न अप्रमाण ही है। इस प्रकार नय और प्रमाणमें भेद है। नय और प्रमाणसे गृहीत वस्तुमें निक्षेप योजना होती है। निक्षेपयोजनाका उद्देश्य है अप्रकृतका निराकरण और प्रकृतका निरूपण। अर्थात् किसी शब्द या वाक्यका अर्थ करते समय उस शब्दका लोकमें जितने अर्थोमे व्यवहार होता है उनमें से कौन अर्थ वक्ताको विवक्षित है यह निश्चय करनेके लिए निक्षेप योजना की गयी है। जैसे 'जिन' शब्दका व्यवहार लोकमें चार अर्थोमें होता है। जो नाममात्रसे जिन है वह नाम जिन है। जिस मूर्ति वगैरहमें जिनकी स्थापना की गयी है वह स्थापना जिन है। जो व्यक्ति आगे कर्ममलको काटकर जिन होनेवाला है वह द्रव्य जिन है। और जो कर्मोपर विजयप्राप्त करके जिन बना है वह भावजिन है। इसी तरह सब शब्दोंके चार निक्षेप होते है। इनके द्वारा जहाँ जो अर्थ विवक्षित होता है वह ले लिया जाता है इससे अर्थमें अनर्थ नही हो पाता।

नययोजनाका क्रम कहते है—

अनेक स्वभावोसे परिपूर्ण वस्तुको प्रमाणके द्वारा ग्रहण करके तत्पश्चात् एकान्तवादका नाश करनेके लिए नयोकी योजना करनी चाहिए ॥१७२॥

विशेषार्थ—ऊपर कह आये है कि प्रमाणसे गृहीत वस्तुके एक अशका ग्राही नय है। वस्तु तो अनेक धर्मात्मक है। उन अनेक धर्मोमें ऐसे भी धर्म है जो परस्पर विरोधी प्रतीत होते है, जैसे सत्त्व-असत्त्व,

---

१ प्रमाण सकलादेशि नयादर्प्यार्हित मतम् ।...स्वार्थैकदेशनिर्णीति लक्षणो हि नय स्मृत ॥४॥—त० श्लोकवार्तिक १—६—४। २. 'नाना स्वभावसंयुक्तं द्रव्यं ज्ञात्वा प्रमाणत । तच्च सापेक्षसिद्धयर्थं स्यान्नयमिश्रितं कुरु ॥'—आलाप प० ।

उक्तं च गाथात्रयेण—

सवियप्पं णिव्वियप्पं पमाणरूवं जिणेहि णिद्दिट्ठं ।
तहविह णया वि भणिया सवियप्पा णिव्वियप्पा वि ॥१॥
—सन्मति सूत्र १।३५ ॥
कालत्तयसंजुत्तं दव्वं गिह्णेइ केवलं णाणं ।
तत्थ णयेण वि गिह्णइ भूदोऽभूदो पवट्टमाणो वि ॥२॥
मणसहियं सवियप्पं णाणचउक्कं जिणेहि णिद्दिट्ठं ।
तव्विवरीयं इयरं आगमचक्खूहि णायव्वं ॥३॥

इति प्रमाणाधिकारः ।

एकत्व-अनेकत्व, नित्यत्व-अनित्यत्व आदि । इन धर्मोको लेकर ही नाना दार्शनिकपन्थ खड़े हुए है । कोई वस्तुको सत्स्वरूप ही मानता है, कोई असत्स्वरूप ही मानता है, कोई एक रूप ही मानता है, कोई अनेक रूप ही मानता है । कोई नित्य ही मानता है, कोई अनित्य ही मानता है । इस प्रकार एक-एक धर्मको माननेवाले एकान्तवादोका समन्वय करनेके लिए नययोजनाका उपक्रम भगवान् महावीरने किया था । उन्होने प्रत्येक एकान्तको नयका विषय बतलाकर और नयोकी सापेक्षता स्वीकार करके अनेकान्तवादकी प्रतिष्ठा की थी । एकान्तोके समूहका नाम ही अनेकान्त है । यदि एकान्त न हो तो उनके समूहरूप अनेकान्त भी नही बन सकता । अतः एकान्तोकी निरपेक्षता विसवादकी जड़ है और एकान्तोकी सापेक्षता संवादकी जड़ है । अतः पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षा पदार्थ नियमसे उत्पन्न होते और नाशको प्राप्त होते है, किन्तु द्रव्यदृष्टिसे न तो कभी पदार्थोंका नाश होता है और न उत्पाद होता है वे ध्रुव-नित्य है । ये उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य तीनो मिलकर ही द्रव्यके लक्षण है । केवल द्रव्यार्थिक या केवल पर्यायार्थिक नयका जो विषय है वह द्रव्यका लक्षण नही है क्योकि वस्तु न केवल उत्पाद व्ययरूप ही जैसा बौद्ध मानते है और न केवल ध्रौव्यरूप ही है जैसा साख्य मानते है । अतः अलग-अलग दोनो नय मिथ्या है । इस तरह वस्तुके एक-एक अशको ही पूर्ण सत्य माननेवाले एकान्तवादी दर्शनोका समन्वय करनेके लिए नययोजना करना आवश्यक है । कहा भी है कि जितने वचनमार्ग है—ज्ञाताओके अभिप्राय है उतने ही नयवाद है और जितने नयवाद है उतने ही मत हैं । इन मतोका समन्वय सापेक्ष नययोजनासे ही सभव है । यदि प्रत्येक अभिप्रायको दूसरेसे जोड दिया जाये तो विसंवाद समाप्त हो जाता है । झगड़ा 'ही'का है । ऐसा ही है यह कहना मिथ्या है । ऐसा भी है यह कहना सम्यक् है ।

आगे ग्रन्थकार अपने कथनके समर्थनमें तीन गाथाएँ अन्य ग्रन्थोसे उद्धृत करते है—

जिनेन्द्रदेवने प्रमाणका स्वरूप सविकल्प और निर्विकल्प कहा है । उसी तरह नयो को भी सविकल्पक भी कहा है और निर्विकल्पक भी कहा है । केवलज्ञान त्रिकालवर्ती द्रव्यको ग्रहण करता है । तथा नय भी भूत-भविष्य और वर्तमानको ग्रहण करता है । जिनेन्द्रदेवने मनसहित चार ज्ञानोको सविकल्पक कहा है और मनरहितको निर्विकल्प कहा है, आगमरूपी नेत्रोसे उसे जानना चाहिए ॥१-३॥

विशेषार्थ—उक्त तीनो उद्धरणोमे से अन्तके दो उद्धरण किस ग्रन्थके है यह नही ज्ञात हो सका । इसीसे उनका पूर्वापर सम्बन्ध भी ज्ञात नही हो सका । प्रमाणको भी सविकल्प और निर्विकल्प कहा है और नयोको भी सविकल्प निर्विकल्प कहा है । तीसरी गाथामे मनसहितको सविकल्प कहा है और मनरहितको निर्विकल्प कहा है । तथा चार ज्ञानोको सविकल्प कहा है । ये चार ज्ञान मति, श्रुत, अवधि और मन.पर्यय होने चाहिए । इनमेसे मति और श्रुतमे तो मनका व्यापार होता ही है । अवधि मन.पर्यय भी प्रारम्भमें

---

१. भूदो खन वट्टभाणो वि अ० क० । भूदो पवट्टमाणो वि ख० ।

नयस्वरूपं प्रयोजनं तस्यैव समर्थनार्थं दृष्टान्तमाह—

जं णाणीण वियप्पं [1]सुवासयं वत्थुअंससंगहणं ।
तं इह णयं पउत्तं णाणी पुण तेण णाणेण[2] ॥१७३॥
जह्मा [3]णएण विणा होइ ण णरस्स सियवायपडिवत्ती ।
तह्मा सो [4]बोहव्वो एयंतं हंतुकामेण ॥१७४॥

मनोपूर्वक ही अपना व्यापार करते है । पंचाध्यायीकारने इन दोनोको देशप्रत्यक्ष कहनेमें यही हेतु दिया है कि इनमें मनका व्यापार भी रहता है इसीसे ये सकल प्रत्यक्ष न होकर विकल प्रत्यक्ष कहे जाते है । किन्तु केवल ज्ञानमें मनका व्यापार किंचित् भी नही होता, केवलीके भाव मन ही नही होता अतः केवलज्ञान निर्विकल्प होता है । किन्तु प्रमाण की तरह जो नयको भी सविकल्प और निर्विकल्प कहा है वह किस दृष्टिसे कहा है यह चिन्त्य है । नयको तो विकल्पात्मक ही कहा है । उसमे मनका व्यापार बराबर रहता है । यहाँ यह स्पष्ट कर देना उचित होगा कि केवलज्ञानकी तरह यद्यपि नय भी त्रिकालवर्ती वस्तुओके अंशको जानते है किन्तु वे केवलज्ञानके भेद नही है क्योकि केवलज्ञान स्पष्ट होता है और नय अस्पष्टग्राही है । इसी तरह मति, अवधि और मन'पर्ययके विषयमें भी नयकी प्रवृत्ति नही होती । नयोका मूल केवल श्रुतज्ञान है । श्रुत स्वार्थ भी होता है और परार्थ भी होता है । ज्ञानात्मक श्रुत स्वार्थ है और वचनात्मक श्रुत परार्थ है । उसीके भेद नय भी स्वार्थ और परार्थ होते है ।

प्रमाणाधिकार समाप्त हुआ ।

नयका स्वरूप, उसका प्रयोजन तथा उसीके समर्थनके लिए दृष्टान्त कहते है—

श्रुतज्ञानके आश्रयको लिये हुए ज्ञानीका जो विकल्प वस्तुके अंशको ग्रहण करता है उसे नय कहते है । उस ज्ञानसे जो युक्त होता है वह ज्ञानी है ॥१७३॥

विशेषार्थ—इस गाथाके द्वारा ग्रन्थकारने नयका स्वरूप बतलाया है । नय श्रुतज्ञानका भेद है । इसलिए श्रुतके आधारसे ही नयकी प्रवृत्ति होती है । श्रुत प्रमाण होनेसे सकलग्राही होता है, उसके एक अंश-को ग्रहण करनेवाला नय है इसीसे नय विकल्प रूप है ।

नयके बिना मनुष्यको स्याद्वादका बोध नही हो सकता । इसलिए जो एकान्तका विरोध करना चाहता है उसे नयको जानना चाहिए ॥१७४॥

विशेषार्थ—अकलंकदेवने लघीयस्त्रय (का० ६२) में कहा है कि श्रुतके दो काम है उनमेंसे एकका नाम स्याद्वाद है और दूसरेका नाम नय है । सम्पूर्ण वस्तुके कथनको स्याद्वाद कहते है और वस्तुके एक देशके कथनको नय कहते है । और समन्तभद्र (आप्तमी० १०६) ने स्याद्वादके द्वारा गृहीत अनेकान्तात्मक पदार्थके धर्मोका अलग-अलग कथन करनेवाला नय है ऐसा कहा है । अत प्रमाणके द्वारा अनेकान्तका बोध होता है और नयके द्वारा एकान्तका बोध होता है । किन्तु नय तभी सुनय है जब वह सापेक्ष हो । यदि वह अन्य नयोंके द्वारा गृहीत अन्य धर्मोका निराकरण करता है तो वह दुर्नय हो जाता है । अत. सापेक्ष नयोके द्वारा गृहीत एकान्तोके समूहका नाम ही अनेकान्त है और अनेकान्तका ग्राहक या प्रतिपादक स्याद्वाद है । अत स्याद्वादको समझनेके लिए नयको समझना आवश्यक है । और नयके द्वारा ही एकान्तका निरास सम्भव है । क्योकि यद्यपि नय एकान्तका ग्राहक है किन्तु वह एकान्त भी तभी सम्यक् एकान्त कहा जाता है जब वह अन्य एकान्तोंका निराकरण नही करता । अतः अन्य सापेक्ष एकान्त ही सम्यक् एकान्त है । तो जैनधर्म सम्यक् एकान्तका विरोधी नही है किन्तु मिथ्या एकान्तका विरोधी है । इस प्रकारके एकान्तोके समन्वयके लिये नयका ज्ञान आवश्यक है । नयका ज्ञाता यह जानता है कि वस्तुको जाननेके बाद ज्ञाता अपने

---

१ सुयभेय अ० क० ख० मु० । २ तेहि णाणेहि अ० क० ख० मु० ज० । ३. णाणेण अ० क० । ४. णायव्वो मु० ।

एतत्समर्थनार्थं दृष्टान्तमाह—

जह सत्थाणं माई सम्मत्तं जह तवाइगुणणिलए ।
धाउवाए रसो तह णयमूलं अणेयंते ॥१७५॥

नैकान्तेन वस्तुस्वभावः स्वार्थश्च सिद्धचतीत्याह—

तच्चं विस्सवियप्पं एयवियप्पेण साहए जो हु ।
तस्स ण सिज्झइ वत्थू किह एयन्तं पसाहेदि ॥१७६॥

अभिप्रायके अनुसार उसका कथन करता है अतः उसका कथन उतने ही अंशमे सत्य है सर्वांशमें सत्य नही है । दूसरा ज्ञाता उसी वस्तुको अपने अभिप्रायके अनुसार भिन्नरूपसे कहता है । उनके पारस्परिक विरोधको नयदृष्टिसे ही दूर किया जा सकता है । अत वस्तुके यथार्थ स्वरूपको समझनेके साथ उसके सम्बन्धमें विभिन्न कलाओके विभिन्न अभिप्रायोको समझनेके लिए नयको जानना चाहिए ।

आगे उक्त कथनके समर्थनमे दृष्टान्त देते है—

जैसे शास्त्रोंका मूल अकारादि वर्ण हैं, तप आदि गुणोके भण्डार साधुमें सम्यक्त्व है, धातुवादमे पारा है, वैसे ही अनेकान्तका मूल नय है ॥१७५॥

विशेषार्थ—यदि अकारादि अक्षर न हो तो शास्त्रोंकी रचना और लेखन सम्भव नही है । इसी तरह कितना ही तपस्वी हो किन्तु यदि वह सम्यक्त्वसे रहित है तो उसकी तपस्या व्यर्थ है, सम्यक्त्वके विना उसकी कोई कीमत नही है । इसी प्रकार धातुओमे पारा है । पारेके योगसे ही अन्य धातुओका शोधन आदि होता है । इसी तरह अनेकान्तका मूल नय है जैसा पहले लिखा है ।

आगे कहते है कि एकान्तके द्वारा वस्तु स्वभावकी भी सिद्धि नही होती—

तत्त्व तो नाना विकल्प रूप है उसे जो एक विकल्पके द्वारा सिद्ध करता है उसको वस्तुकी सिद्धि नही होती । तब वह कैसे एकान्तका साधन कर सकता है ॥ १७६ ॥

विशेषार्थ—वस्तु एकान्तरूप है इसका मतलब होता है कि उसमें नानाधर्म नही पाये जाते । किन्तु ऐसा नही है वस्तु तो नाना धर्मात्मक है और वे नानाधर्म परस्परमें विरोधी नही होते हुए भी परस्परमें विरोधी जैसे प्रतीत होते हैं। यथा सत् है वह अपने द्रव्य क्षेत्रकाल भावसे सत् है पर द्रव्यादिसे नही, जैसे घडा पार्थिव रूपसे, इस क्षेत्र और इस कालकी दृष्टिसे तथा अपनी वर्तमान पर्यायोसे सत् है अन्यसे नही । यदि ऐसा न माना जाये तो घडा अनियत द्रव्यादिरूप होनेसे बन नही सकेगा । जैसे यदि घडा पार्थिवत्वकी तरह जलादि रूपसे भी सत् हो जाये या इस क्षेत्रकी तरह अन्य क्षेत्रोमे सत् हो जाये, इस कालकी तरह अतीत अनागत कालमें भी सत् हो जाये तो वह सर्वदेश सर्वकाल व्यापी और सर्वरूप हो जायेगा । और ऐसा होनेसे जैसे वह इस देश और कालमें हम लोगोके प्रत्यक्ष है और कार्य करता है उसी तरह अतीत अनागत काल तथा सभी देशोमे उसको प्रत्यक्ष तथा कार्यकारी होना चाहिए । इसी तरह प्रत्येक वस्तु स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल और स्वभावकी दृष्टिसे ही सत् है अन्य रूपोसे नही । ऐसे परस्पर विरोधी प्रतीत होनेवाले अनन्त धर्मोके समूहरूप वस्तु है । अतः उसे एकान्तरूप नही माना जा सकता । फिर भी जो मनुष्य किसी एक धर्मकी मुख्यतासे व्यवहार करते है यह नय दृष्टि है और नयदृष्टिसे ही एकान्तकी सिद्धि हो सकती है । उसके विना सम्यक् एकान्त सम्भव नही है । अपने कथनके समर्थनमें ग्रन्थकार दो श्लोक प्रमाण रूपसे उद्धृत करते है ।

उक्तं च—

पंचवर्णात्मकं चित्रं तत्र वर्णैकग्राहकम् ।
क्रमाक्रमस्वरूपेण कथं गृह्णाति भो वद ॥१॥
सर्वथैकान्तरूपेण यदि जानाति वास्तवम् ।
भूरिधर्मात्मकं वस्तु केन निश्चीयते स्फुटम् ॥

स्वार्थाभिलाषिणां स्वार्थस्य मार्गमुन्मार्गं च दर्शयति—

झाणं झाणभासं झाणस्स तहेव भावणा भणिया ।
मोत्तु झाणाभासं वेहि पिय संजुओ समणो ॥१७७॥
झाणस्स भावणे वि य ण हु सो आराहओ हवे णियमा ।
जो ण विजाणइ वत्थुं पमाणणयणिच्छयं किच्चा ॥१७८॥

उक्तं च—

प्रमाणनयनिक्षेपैर्योर्थान्नाभिसमीक्षते ।
युक्तं चायुक्तवद्भाति तस्यायुक्तं च युक्तवत् ॥१॥

पंचरंगे चित्रमें-से एक रंगका ग्रहण करनेवाला क्रम या अक्रम रूपसे कैसे ग्रहण कर लेता है। यदि सर्वथा एकान्त रूपसे जानना वास्तविक है तो अनेक धर्मात्मक वस्तुका निश्चय कैसे करते हो ॥ अर्थात् जैसे पचरंगे चित्रमें-से एक रंगका ग्रहण होता है वैसे ही अनेक धर्मात्मक वस्तुमें से ज्ञाता एक धर्मका ग्रहण करता है। यह नयके बिना सम्भव नही है। अत. एकान्तकी सिद्धिके लिए नयको अपनाना आवश्यक है।

आगे स्वार्थके अभिलाषियोको स्वार्थका मार्ग और कुमार्ग बतलाते है—

ध्यान, ध्यानाभास और ध्यानकी भावना कही है। श्रमणको ध्यानाभास छोड़कर ध्यान और ध्यानकी भावना करना चाहिए। किन्तु जो प्रमाण और नयका निश्चय करके वस्तुको नही जानता वह ध्यानकी भावना होनेपर भी नियमसे आराधक नही है ॥१७७-१७८॥

विशेषार्थ—मिथ्या ध्यानको ध्यानाभास कहते है। या जो ध्यान तो नही होता किन्तु ध्यानकी तरह लगता है वह भी ध्यानाभास है। शास्त्रकार कहते है कि साधुको ध्यानाभास नही करना चाहिए, सम्यक् ध्यान करना चाहिए या उसकी भावना भाना चाहिए कि मैं अमुक-अमुक प्रकारसे ध्यान करूँगा आदि। किन्तु ध्यान तो वस्तुका किया जाता है और वस्तु स्वरूपका निर्णय प्रमाण और नयके द्वारा होता है। किन्तु जिसे प्रमाण और नयका ही ज्ञान नही है वह वस्तुका निर्णय कैसे कर सकता है और उसके बिना वह उसका ध्यान कैसे कर सकता है। इसलिए साधुको प्रमाण और नयका स्वरूप भी जानना चाहिए। यद्यपि ध्यानकी गणना चारित्रके भेदोंमें की है क्योकि वह निवृत्तिरूप है किन्तु वास्तवमें ध्यान ज्ञानगुणकी पर्याय है। चंचलको ज्ञान कहते है और स्थिरको ध्यान कहते है। आप स्वाध्याय कर रहे है, स्वाध्याय करते हुए ज्ञानकी धारा चल रही है। कदाचित् किसी एक विषयके चिन्तनमें यदि मन एकाग्र हो जाता है तो वह ध्यानका ही प्रतिरूप है। अत. ध्यानके अभ्यासीको प्रमाण नयका स्वरूप अवश्य जानना चाहिए।

कहा भी है—

जो प्रमाण, नय और निक्षेपसे अर्थको भलीभाँति नही जानता, उसे युक्त अयुक्तकी तरह प्रतीत होता है और अयुक्त युक्तकी तरह प्रतीत होता है।

णिच्छित्ती वत्थूणं साहइ तह दंसणम्मि णिच्छित्ति ।
णिच्छयदंसण जीवो दोह्लं आराहओ होई ॥१७९॥

एकान्तानेकान्तस्वरूपं तौ च मिथ्या सम्यगित्याह—

एयंतो एयणओ होइ अणेयंत [1]तस्स संमूहो ।
तं खलु [2]णाणवियप्पं सम्मं मिच्छं च णायव्वं ॥१८०॥

नयदृष्टिरहितानां दोषमुद्भाव्य[3] तस्यैव भेदं विषयं स्वरूपं नाम न्याय च दर्शयति—

जे णयदिट्ठिविहीणा ताण ण वत्थूसहावउवलद्धि ।
वत्थुसहावविहूणा सम्मादिट्ठी कहं हुंति ॥१८१॥

प्रमाण और नयके स्वरूपका निश्चय होनेपर वस्तुका निश्चय होता है और वस्तुका निश्चय होनेपर सम्यग्दर्शनकी प्राप्ति होती है । इस तरह वस्तु स्वरूपके निश्चय और सम्यग्दर्शनके द्वारा जीव ध्यान और ध्यानकी भावनाका आराधक होता है ॥१७९॥

आगे एकान्त और अनेकान्तका स्वरूप तथा उनके सम्यक् और मिथ्या होनेका कथन करते हैं—

एक नयको एकान्त कहते है और उसके समूहको अनेकान्त कहते है । यह ज्ञानका भेद है जो सच्चा और मिथ्या होता है ॥१८०॥

विशेषार्थ—वस्तु अनेकान्तात्मक है वह नित्य भी है अनित्य भी है, एक भी है अनेक भी है, सत् भी है और असत् भी है, तद्रूप भी है और अतद्रूप भी है । द्रव्यरूपसे नित्य है, एक है और तद्रूप है, पर्याय रूपसे अनित्य है, अनेक है और अतद्रूप है । द्रव्यरूपको जाननेवाली दृष्टिका नाम द्रव्यार्थिक नय है । और पर्यायरूपको जाननेवाली दृष्टिका नाम पर्यायार्थिक नय है । तथा द्रव्यपर्यायात्मक वस्तुको जाननेवाला ज्ञान प्रमाण है । प्रमाणके ही भेद नय है । यदि कोई द्रव्यपर्यायात्मक वस्तुके केवल द्रव्याशको ही ठीक मानता है या केवल पर्यायाशको ही ठीक मानता है तो उसकी ऐसी मान्यता मिथ्या है क्योकि वस्तु न केवल द्रव्य-रूप ही है और न केवल पर्यायरूप ही है किन्तु उभयरूप है । हाँ, द्रव्यको प्रधान और पर्यायको गौण करके या पर्यायको प्रधान और द्रव्यको गौण करके जो वस्तुके द्रव्याश या पर्यायाशको ग्रहण करता है वह सम्यक् है क्योकि उसने एक धर्मकी मुख्यतासे वस्तुको जानकर भी दूसरे धर्मका निषेध नही किया । अत. नयका विषय एकान्त है क्योकि वस्तुके एक धर्मको ग्रहण करने वाले ज्ञान को नय कहते है । वह यदि अन्य सापेक्ष होता है जो सम्यक् है और अन्य निरपेक्ष होता है तो मिथ्या है । सम्यक् एकान्तोके समूहका नाम ही अने-कान्त है । वही पूर्ण सत्य है ।

नय दृष्टिसे रहित जनोका दोष बतलाकर नयके भेद, विषय, स्वरूप और नाम बतलाते है—

जो नयदृष्टिसे विहीन है उन्हे वस्तुके स्वरूपका ज्ञान नही हो सकता और वस्तुके स्वरूपको न जाननेवाले सम्यग्दृष्टि कैसे हो सकते हैं ॥१८१॥

विशेषार्थ—सम्यग्दृष्टि बननेके लिए वस्तु स्वरूपका ज्ञान होना आवश्यक है और वस्तु स्वरूपके ज्ञान के लिए नयदृष्टिका होना आवश्यक है । नय दृष्टिके बिना वस्तुके स्वरूपको ठीक-ठीक नही जाना जा सकता । क्योकि जैन सिद्धान्तमें वस्तु अनेक स्वभाववाली मानी गयी है । जो नित्य है वही अनित्य भी है और जो अनित्य वह नित्य भी है । द्रव्यरूपसे प्रत्येक वस्तु नित्य है, पर्यायरूपसे प्रत्येक वस्तु अनित्य है । इसीसे मूल नय भी दो है—द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक । द्रव्यार्थिक नयका विषय वस्तुका द्रव्याश है और पर्यायार्थिक नयका विषय वस्तुका पर्यायाश है । ये दोनो परस्पर सापेक्ष होते है । कभी नयदृष्टि मुख्य रहती है तो दूसरी गौण । दोनो नयोकी मुख्यता और गौणतासे ही जैन सिद्धान्तमे तत्त्वका विवेचन किया गया है । जैसे देवदत्त

---

१. त यस्य अ० क० । अणेयं णयस्स ख० । अणेय तमस्स मु० । २. जोववियप्प आ० । ३. मुद्दिश्य आ० ।

णिच्छयववहारणया मूलिमभेया णयाण सव्वाणं ।
णिच्छयसाहणहेउं पज्जयदव्वत्थियं मुणह ॥१८२॥

पिता भी है और पुत्र भी है। जब उसका पिता उसे पुत्र कहकर पुकारता है तो पुत्रविवक्षा मुख्य और पितृविवक्षा गौण हो जाती है और जब उसका पुत्र उसे पिता कहकर पुकारता है तो पिता विवक्षा मुख्य और पितृविवक्षा गौण हो जाती है। उसी तरह द्रव्यार्थिक नयसे एक जीवद्रव्यकी नित्यताकी विवक्षाके समय पर्यायरूपसे अनित्यता गौण हो जाती है और पर्यायरूपसे अनित्यताकी विवक्षाके समय द्रव्यरूपसे नित्यता गौण हो जाती है, क्योंकि जिस समय जिस धर्मकी विवक्षा (कहनेकी इच्छा) होती है वह धर्म उस समय मुख्य हो जाता है। तथा यह जीव संसार अवस्थामें मिथ्यात्व रागादि विभाव परिणामवश व्यवहार नयसे अशुद्ध है और शुद्ध द्रव्यार्थिक नयसे अभ्यन्तरमें वर्तमान अपने गुणोसे शुद्ध है। पचास्तिकाय गाथा २७ में जीवके स्वरूपका कथन नयदृष्टिसे इस प्रकार किया है—शुद्ध निश्चय नयसे विशुद्ध दर्शन ज्ञान स्वभाव शुद्ध चैतन्यरूप प्राणसे जो जीता है वह जीव है। और व्यवहार नयसे कर्मके उदयसे उत्पन्न हुए द्रव्यभावरूप प्राणोसे जो जीता है वह जीव है। जीवद्रव्य अनुपचरित असद्भूत व्यवहारनयसे मूर्त है किन्तु शुद्ध निश्चय नयसे अमूर्त है। द्रव्यार्थिक नयसे नित्य है, पर्यायकी अपेक्षा अनित्य है। शुद्ध द्रव्यार्थिक नयसे जीव पुण्य-पाप घट-पट आदिका अकर्ता है। किन्तु अशुद्ध निश्चय नयसे शुभोपयोग और अशुभोपयोगसे परिणत होनेपर पुण्य-पापका कर्ता और उनके फलका भोक्ता है। इस तरह जिनागममे प्रत्येक तत्त्वका विवेचन जिस नयदृष्टि-से किया गया है उसको जाने बिना तत्त्वोका यथार्थ ज्ञान नही हो सकता और तत्त्वोके यथार्थ ज्ञानके बिना सम्यक्त्वकी प्राप्ति नही हो सकती। इसलिए नयदृष्टिको समझना अत्यन्त आवश्यक है।

आगे नयोके मूल भेदोको कहते है—

निश्चयनय और व्यवहारनय सब नयोके मूल भेद है निश्चयके साधनमे कारण पर्यायार्थिक और द्रव्यार्थिक जानो ॥१८२॥

विशेषार्थ—नयके भेदोका कथन दो रीतिसे पाया जाता है। सिद्धान्त ग्रन्थोमें नयके दो मूल भेद किये गये है—द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक तथा उनके नैगम आदि सात भेद किये गये है। किन्तु अध्यात्म ग्रन्थोमें निश्चय और व्यवहार भेद पाये जाते है। कुन्दकुन्दाचार्यने अपने प्रवचनसार (२-२२) में तो द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक नयोकी दृष्टिसे विवेचन किया है। किन्तु समयसारमें सात तत्त्वोका विवेचन निश्चयनय और व्यवहार नयसे किया है। प्रवचनसारमें उन्होने कहा है, द्रव्यार्थिक नयसे सब द्रव्य अनन्य है और पर्यायार्थिक नयसे अन्यरूप है। किन्तु आगे उसी प्रवचनसार (२।९७) में उन्होने कहा है—निश्चनयसे यह बन्धका स्वरूप अर्हन्तदेवने कहा है, व्यवहार नयका कथन इससे भिन्न है। इस गाथाकी टीकामें अमृतचन्द्रजी महाराजने निश्चयनयको शुद्ध द्रव्यका निरूपक और व्यवहारनयको अशुद्ध द्रव्यका निरूपक कहा है। छह द्रव्योमें जीव और पुद्गल ये दो ही द्रव्य ऐसे है जो अशुद्ध होते है। अतः निश्चयनय और व्यवहारनयकी उपयोगिता इन्ही दोनोके विवेचनमें मुख्य रूपसे है। और द्रव्यार्थिक पर्यायार्थिक तो वस्तुमात्रके लिए उपयोगी हैं। उनका मुख्य उद्देश्य वस्तुस्वरूपका विश्लेषण है इसीसे सिद्धान्त शास्त्रोमें सर्वत्र उन्हीका कथन मिलता है। किन्तु अध्यात्मका वस्तु विश्लेषण आत्मपरक होनेसे आत्माकी शुद्धता और अशुद्धताके विवेचक निश्चय और व्यवहारकी ही वहाँ तूती बोलती है। यद्यपि उत्तरकालमे शुद्ध द्रव्यार्थिक रूपसे निश्चयका कथन मिलता है। किन्तु कुन्दकुन्द और अमृतचन्द्रजीने इस प्रकारका निर्देश नही किया। निश्चय और व्यवहारके भेद भी उत्तरकालके ग्रन्थोमें ही देखे जाते है। कुन्दकुन्द स्वामीके ग्रन्थोमें और अमृतचन्द्रजीकी टीकामें उनका निर्देश नही है। ऊपर जो द्रव्यार्थिक पर्यायार्थिकको निश्चयके साधनमे हेतु कहा है यह विशेष रूपसे ध्यान देने योग्य है। द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक नयोंके द्वारा वस्तु तत्त्वको जाननेके बाद ही निश्चय दृष्टिसे आत्माके शुद्ध स्वरूपको जानकर उसकी प्राप्तिका प्रयत्न किया जाता है। अत. ये

दो चेव य मूलणया भणिया दव्वत्थ पज्जयत्थगया ।
अण्णे असंखसंखा ते तब्भेया मुणेयव्वा ॥१८३॥
[1]णइगम संगह ववहार तह रिउसुत्तसद्दअभिरूढा ।
एवंभूदा [2]णव णया वि तह उवणया तिण्णि ॥१८४॥
दव्वत्थी दहभेयं छब्भेयं पज्जयत्थियं णेयं ।
तिविहं च णइगमं तह दुविहं पुण संगहं तत्थ ॥१८५॥
ववहारं रिउसुत्तं दुवियप्पं सेसमाहु एक्केक्का ।
उत्ता इह णयभेया उवणयभेया वि पभणामो ॥१८६॥

त्रयाणामुपनयानां नामोद्देशं प्रत्येक भेदांश्चाह—

[3]सब्भूदमसब्भूदं उवयरियं चेव दुविह सब्भूवं ।
तिविहं पि असब्भूवं उवयरियं जाण तिविहं पि ॥१८७॥

दोनों नय निश्चयके साधनमें हेतु है । अत इनको भी जानना आवश्यक है । इसीसे ग्रन्थकार आगे इनका वर्णन करते है ।

द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक ये दो ही मूल नय कहे है । अन्य असंख्यात सख्याको लिये हुए उन दोनोंके ही भेद जानने चाहिए ॥१८३॥

विशेषार्थ—जब वस्तु द्रव्यपर्यायात्मक है और वस्तुके एक अंशको जाननेवाले ज्ञानको नय कहते हैं तो दो ही मूल नय हो सकते है—वस्तुके द्रव्याशको विषय करनेवाला द्रव्यार्थिक और पर्यायाशको विषय करनेवाला पर्यायार्थिक । इन्ही दोनो मूल नयोमे शेष सब नयोका अन्तर्भाव हो जाता है । जितने भी वचन मार्ग है उतने ही नय है अत नयोकी सख्या असंख्यात है वे असंख्यात नय द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिकके ही भेद है क्योकि उन सबका विषय या तो द्रव्य होता है या पर्याय ।

आगे सात नयो और तीन उपनयोको कहते है—

नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ और एवंभूत (इन सात नयोमें द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिकको मिलानेसे) नौ नय है तथा तीन उपनय हैं ॥१८४॥

द्रव्यार्थिक नयके दस भेद है, पर्यायार्थिक नयके छह भेद हैं । नैगम नयके तीन भेद हैं, संग्रह नयके दो भेद है । व्यवहारनय और ऋजुसूत्र नयके दो-दो भेद हैं । शेष शब्द, समभिरूढ और एवंभूत एक-एक ही है । इस प्रकार नयके भेद कहे । उपनयके भेद आगे कहते है ॥१८५-१८६॥

आगे तीन उपनयोके नाम और प्रत्येकके भेद कहते हैं—

उपनय तीन हैं—सद्भूत, असद्भूत और उपचरित । सद्भूतनयके दो भेद हैं, असद्भूत नयके तीन भेद है और उपचरितके भी तीन भेद हैं ॥१८७॥

विशेषार्थ—नयके साथ उपनयका उल्लेख आचार्य समन्तभद्रने आप्तमीमासाकी १०७वी कारिकामें किया है । अकलक देवने उसकी अष्टशतीमें सग्रह आदिको नय और उनकी शाखा-प्रशाखाओ-भेद-प्रभेदोको उपनय कहा है । किन्तु उपनयके भेदोंकी कोई चर्चा नही की । देवसेनाचार्यने आलापपद्धतिमें नयोके निकटवर्तियोको उपनय कहा है । और उपनयके तीन भेद कहे हैं । उपनयके तीन भेदोकी चर्चा या उपनय

---

१. 'नैगमसंग्रहव्यवहारर्जुसूत्रशब्दसमभिरूढैवंभूता नयाः ।' —तत्त्वार्थसूत्र १।३३ । २. 'सप्तैते नियत युक्ता नैगमस्य नयत्वतः । तस्य त्रिभेदव्याख्यानात् कैश्चिदुक्ता नया नव' ॥२६॥—त० श्लो० वा० । 'द्रव्यार्थिकः, पर्यायार्थिकः, नैगमः, संग्रहः, व्यवहारः, ऋजुसूत्रः, शब्द, समभिरूढ एवंभूत इति नव नया स्मृताः ।'—आलापप० । ३. सब्भूयमसब्भूयं आ० ।

दव्वत्थिएसु दव्वं पज्जायं पज्जयत्थिए विसयं ।
सब्भूवासब्भूवे उवयरियं चदु णव तियत्थं ॥१८८॥
पज्जय[1] गउणं किच्चा दव्वंपि य जो हु गिह्लइ लोए ।
सो दव्वत्थिय भणिओ विवरीओ पज्जयत्थिणओ ॥१८९॥
कम्माणं मज्झगदं जीवं जो गहइ सिद्धसंकासं ।
भण्णइ सो सुद्धणओ खलु कम्मोवाहिणिरवेक्खो ॥१९०॥

की चर्चा अमृतचन्द्रके ग्रन्थोमें नही है, देवसेन और अमृतचन्द्र लगभग समकालीन थे। देवसेनसे पहले उपनयो-की चर्चा हमारे देखनेमें नही आयी। जयसेनाचार्यने जो देवसेनके पश्चात् हुए है अपनी टीकाओमें उपनयोकी चर्चा की है।

आगे नयोका विषय कहते है—

द्रव्यार्थिक नयोका विषय द्रव्य है और पर्यायार्थिक नयोका विपय पर्याय है। सद्भूत व्यवहारनयके अर्थ चार हैं, असद्भूत व्यवहारनयके अर्थ नौ है और उपचरितनयके अर्थ तीन हैं ॥१८८॥

विशेषार्थ—इन सबका कथन ग्रन्थकारने आगे स्वयं किया है।

द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिकनयोका विपय कहते है—

जो पर्यायको गौण करके द्रव्यका ग्रहण करता है उसे द्रव्यार्थिकनय कहते है और जो द्रव्यको गौण करके पर्यायको ग्रहण करता है उसे पर्यायार्थिकनय कहते है ॥१८९॥

विशेषार्थ—वस्तु द्रव्यपर्यायात्मक या सामान्य विशेषात्मक है। द्रव्य और पर्यायको या सामान्य और विशेषको देखनेवाली दो आँखें है—द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक। पर्यायार्थिक दृष्टिको सर्वथा बन्द करके जब केवल द्रव्यार्थिक दृष्टिसे देखते है तो नारक, तिर्यंच, मनुष्य, देव और सिद्धत्व पर्यायरूप विशेषोमें व्यवस्थित एक जीव सामान्यके ही दर्शन होनेसे सब जीवद्रव्यरूप ही प्रतिभासित होता है। और जब द्रव्यार्थिक दृष्टिको सर्वथा बन्द करके केवल पर्यायार्थिक दृष्टिसे देखते है तो जीवद्रव्यमे व्यवस्थित नारक, तिर्यंच, मनुष्य, देव, सिद्धत्व पर्यायोके पृथक्-पृथक् दर्शन होते हैं। और जब द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक दृष्टियोको एक साथ खोलकर देखते है तो नारक, तिर्यंच, मनुष्य, देव और सिद्धत्व पर्यायोमे व्यवस्थित जीवद्रव्य और जीवद्रव्यमें व्यवस्थित नारक, तिर्यंच, मनुष्य, देव और सिद्धत्व पर्याय एक साथ दिखाई देती है। अत. एक दृष्टिसे देखना एक देशको देखना है और दोनो दृष्टियोसे देखना सब वस्तुको देखना है। इस तरह वस्तुको देखनेकी यह दो दृष्टियाँ है। उन्हींका नाम द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक है।

आगे द्रव्यार्थिकनयके दस भेदोमे-से कर्मोपाधि निरपेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनयका लक्षण कहते है—

जो कर्मोके मध्यमे स्थित अर्थात् कर्मोसे लिप्त जीवको सिद्धोके समान शुद्ध ग्रहण करता है उसे कर्मोपाधि निरपेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय कहते हैं ॥१९०॥

विशेषार्थ—ससारी जीवके साथ कर्मकी उपाधि लगी हुई है अत वह वास्तवमें तो वर्तमान दशामें सिद्धोके समान शुद्ध नही है। किन्तु द्रव्यरूपसे तो ससारी भी वैसा ही है जैसा सिद्ध जीव है, उस रूपकी प्रतीति करानेवाला नय कर्मोपाधि निरपेक्ष द्रव्यार्थिक नय है। इसे ही अध्यात्ममें शुद्धनय या निश्चयनय कहते है। यह नय शुद्धद्रव्यका दर्शक होनेसे परमार्थमें उपयोगी है। इसके द्वारा शुद्ध आत्माकी प्रतीति करके ही उसे प्राप्त करनेकी चेष्टा की जाती है।

---

१ 'द्रव्यमस्तीति मतिरस्य द्रव्यभवनमेव नातोऽन्ये भावविकारा, नाप्यभाव. तद्व्यतिरेकेणानुपलब्धेरिति द्रव्यास्तिक. । पर्याय एवास्ति इति मतिरस्य जन्मादिभावविकारमेव भवनं न ततोऽन्यद् द्रव्यमस्ति तद्व्यतिरेकेणानुपलब्धेरिति पर्यायास्तिक' ।'—तत्त्वार्थवा०, १।३३।

उप्पादवयं गउणं किच्चा जो गहइ केवला सत्ता ।
भण्णइ सो सुद्धणओ इह सत्तागाहओ समए ॥१९१॥
गुणगुणियाइचउक्के अत्थे जो णो करेइ खलु भेयं ।
सुद्धो सो दव्वत्थी भेयवियप्पेण णिरवेक्खो ॥१९२॥
[1]भावे सरायमादी सव्वे जीवामिह जो दु जंपेदि ।
सो हु असुद्धो उत्तो [2]कम्माणउवाहिसावेक्खो ॥१९३॥

उत्पादव्ययसापेक्षाऽशुद्धद्रव्यार्थिकनयं लक्षयति—

[3]उप्पादवयविमिस्सा सत्ता गहिऊण भणइ तिदयत्तं ।
दव्वस्स एयसमए जो सो हु असुद्धओ विदिओ ॥१९४॥

आगे सत्ताग्राहक शुद्ध द्रव्यार्थिक नयका लक्षण कहते हैं—

उत्पाद और व्ययको गौण करके जो केवल सत्ताको ग्रहण करता है उसे आगममें सत्ताग्राहक शुद्ध द्रव्यार्थिकनय कहते हैं ॥१९१॥

विशेषार्थ—सत् द्रव्यका लक्षण उत्पाद व्यय ध्रौव्य है । उसमे-से उत्पाद व्यय तो पर्यायरूप होनेसे पर्यायार्थिक नयके विषय हैं अतः उन्हे गौण करके सत्ता मात्रको ग्रहण करनेवाला नय सत्ताग्राहक शुद्ध द्रव्यार्थिक नय है ।

आगे भेदविकल्प निरपेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिक नयका लक्षण कहते हैं—

गुण-गुणी आदि चतुष्करूप अर्थमे जो भेद नही करता, वह भेदविकल्पनिरपेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिक नय है ॥१९२॥

विशेषार्थ—गुण और गुणीमे, स्वभाव और स्वभाववान्में, पर्याय और पर्यायीमे या धर्म और धर्मीमें जो भेद न करके अभेद रूपसे ग्रहण करता है वह भेद कल्पना निरपेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिक नय है । जैसे द्रव्य अपने गुणो, पर्यायो और स्वभावोसे अभिन्न है ।

आगे कर्मोपाधि सापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिक नयका लक्षण कहते हैं—

जो सब रागादिभावोको जीवका कहता है या रागादिभावोंको जीव कहता है वह कर्मोपाधि सापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिक नय है ॥१९३॥

विशेषार्थ—राग, द्वेष आदि भाव होते तो जीवमें ही है किन्तु कर्मजन्य है, शुद्ध जीवमे ये भाव कदापि नही होते । इन भावोको जीव कहना कर्मोपाधि सापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिक नय है । कर्मकी उपाधिकी इसमें अपेक्षा है इसलिए यह कर्मोपाधि सापेक्ष है और अशुद्ध द्रव्यको विषय करनेसे इसका नाम अशुद्ध द्रव्यार्थिक है ।

उत्पाद व्ययसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिक नयका लक्षण कहते हैं—

जो नय उत्पाद व्ययके साथ मिली हुई सत्ताको ग्रहण करके द्रव्यको एक समयमें उत्पाद व्यय ध्रौव्यरूप कहता है वह अशुद्ध द्रव्यार्थिक नय है ॥१९४॥

विशेषार्थ—द्रव्यार्थिक नयमें अशुद्धताके कारण दो है—एक तो यदि वह जीवके कर्मजन्य अशुद्ध भावोको जीवका कहता है तो वह अशुद्धताका ग्राहक होनेसे अशुद्ध कहा जाता है दूसरे, अखण्ड वस्तुमें यदि वह भेद बुद्धि करता है तो वह अशुद्ध कहा जाता है, क्योकि द्रव्यार्थिककी दृष्टिमें अभेद शुद्ध है और भेद अशुद्ध है । तथा पर्यायार्थिक नयकी दृष्टिमें भेद शुद्ध है, अभेद अशुद्ध है । इस तरह इन दोनो मूल नयोंकी शुद्धि और अशुद्धिसे अनेक भेद होते है उन्हीका यह कथन है ।

---

१. 'भावेसु रायमादी सव्वे जीवमि जो दु जपेदि ।'—नयचक्र गा० २१ । २. कम्माणो वा हि—क० मु० । ज० । 'कर्मोपाधिसापेक्षोऽशुद्धद्रव्यार्थिको यथा क्रोधादिकर्मजभाव आत्मा ।'—आलापप० । ३. 'उत्पादव्ययसापेक्षोऽशुद्धद्रव्यार्थिको यथैकस्मिन् समये द्रव्यमुत्पादव्ययध्रौव्यात्मकम् ।'—आलापप० ।

[1]भेए सदि संबंधं गुणगुणियाईहिं कुणइ जो दव्वे ।
सो वि असुद्धो विट्ठो सहिओ सो भेयकप्पेण ॥१९५॥
णिस्सेससहावाणं अण्णयरूवेण सव्वदव्वेहिं ।
[2]विवहावं णहि जो सो अण्णयदव्वत्थिओ भणिओ ॥१९६॥
सद्दव्वादिचउक्के संतं दव्वं खु गिह्णए जो हु ।
णियदव्वादिसु गाही सो इयरो होइ विवरीओ ॥१९७॥

अब भेद कल्पना सापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिक नयका लक्षण कहते हैं—

जो नय द्रव्यमे गुण गुणी आदिका भेद करके उनके साथ सम्बन्ध कराता है वह भेद कल्पना सापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिक नय है क्योकि वह भेद कल्पनासे सहित है ॥१९५॥

विशेषार्थ—द्रव्य और गुण अभिन्न है, उनकी स्वतत्र सत्ता नही है । अर्थात् जैसे घडेमे जल रहता है वैसे द्रव्यमे गुण नही रहते है । घड़े और जलके प्रदेश जुदे-जुदे है किन्तु गुण और गुणी द्रव्यके प्रदेश जुदे-जुदे नही है । द्रव्य गुणमय है और गुण द्रव्यमय है । न गुणसे भिन्न द्रव्यका अस्तित्व है और न द्रव्यसे भिन्न गुणका अस्तित्व है अतः द्रव्य गुणोका एक अखण्ड पिण्ड है । यदि कदाचित् द्रव्यमे-से सब गुणोको अलग किया जा सके तो द्रव्यके नामपर कुछ भी शेष नही बचेगा । ऐसी स्थितिमें भी जब हम द्रव्यके स्वरूपका कथन करते है तो गुणोके द्वारा ही उसका कथन सम्भव होनेसे कहते है कि गुणोका समुदाय द्रव्य है । इससे सुननेवालेको ऐसा भ्रम होता है कि मानो द्रव्यसे गुण जुदे है । इसीसे द्रव्यार्थिक नयकी दृष्टिमें ऐसा भेद कथन शुद्ध नही है, अशुद्ध है । अत गुण गुणी आदिमें भेदके ग्राहक द्रव्यार्थिक नयको अशुद्ध कहा है । और अभेदग्राही द्रव्यार्थिक नयको शुद्ध कहा है ।

आगे अन्वय द्रव्यार्थिक नयका स्वरूप कहते है—

समस्त स्वभावोंमें जो यह द्रव्य है इस प्रकार अन्वयरूपसे द्रव्यकी स्थापना करता है वह अन्वय द्रव्यार्थिक नय है ॥१९६॥

विशेषार्थ—यह द्रव्यस्वभाव प्रकाशक नयचक्र देवसेनके नयचक्रको लेकर रचा गया है इसमे अनेक गाथाएँ देवसेनके नयचक्रकी भी है । अन्वय द्रव्यार्थिकके स्वरूपको बतलानेवाली जो गाथा द्रव्य स्वभाव प्रकाशक नामक इस ग्रन्थमें है उससे उसका अर्थ स्पष्ट नही होता, किन्तु नयचक्रमे जो गाथा है उससे अर्थ स्पष्ट हो जाता है अत ऊपरका अर्थ उसी गाथाके आधारसे किया गया है । द्रव्य गुणपर्याय स्वभाव है और गुण पर्याय और स्वभावमें 'यह द्रव्य है, यह द्रव्य है' ऐसा बोध करानेवाला नय अन्वय द्रव्यार्थिक है । अन्वयका अर्थ है, 'यह यह है' 'यह यह है' इस प्रकारकी अनुस्यूत प्रवृत्ति वह जिसका विषय है वह अन्वय द्रव्यार्थिक है ।

आगे स्वद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय और परद्रव्यादि ग्राहक द्रव्यार्थिक नयका स्वरूप कहते है—

जो स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल और स्वभावमे वर्तमान द्रव्यको ग्रहण करता है वह स्वद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय है । और जो परद्रव्य, परक्षेत्र, परकाल और परभावमे असत् द्रव्यको ग्रहण करता है वह पर द्रव्यादिग्राहकद्रव्यार्थिकनय है ॥१९७॥

विशेषार्थ—प्रत्येक द्रव्य स्वद्रव्य स्वक्षेत्र स्वकाल और स्वभावकी अपेक्षा सत् है और परद्रव्य, परक्षेत्र, परकाल और परभावकी अपेक्षा असत् है । स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल और स्वभावको स्वचतुष्टय कहते है । स्वय द्रव्य तो स्वद्रव्य है, उस द्रव्यके जो अखण्ड प्रदेश है वही

---

१. 'भेदकल्पना सापेक्षोऽशुद्धद्रव्यार्थिको यथा आत्मनो दर्शनज्ञानादयो गुणा ॥'—आलाप० । २. विवहावणाव जो स० । विवहावणाहि ज० मु० । 'अन्वयद्रव्यार्थिको यथा—गुणपर्यायस्वभावं द्रव्यम् ।'—आलाप० । 'णिस्सेससहावाण अण्णयरूवेण दव्वदव्वेदि । दव्वठवणो हि जो सो अण्णयदव्वत्थियो भणिओ ॥२४॥'—नयचक्र देवसेन ।

गेह्णइ दव्वसहावं असुद्धसुद्धोवयारपरिचत्तं ।
सो परमभावगाही णायव्वो सिद्धिकामेण ॥१९८॥
[1]अक्किट्टिमा अणिहणा ससिसूराईय पज्जया गाही ।
जो सो अणाइणिच्चो जिणभणिओ पज्जयत्थिणओ ॥१९९॥

उसका स्वक्षेत्र है, प्रत्येक द्रव्यमें रहने वाले गुण उसका स्वकाल है क्योकि कालका मतलब है समय प्रवाह, गुण भी प्रवाही है, सदा द्रव्यके साथ अनुस्यूत रहते हुए सब कालमें प्रवाहित होते रहते है। और गुणोके जो अंश 'अविभागप्रतिच्छेद' है वह स्वभाव है। इसी स्वद्रव्यादि चतुष्टयसे वस्तु सत् है इसके सिवाय जो अन्यद्रव्योके स्वचतुष्टय है वह परद्रव्यादि चतुष्टय है, उनकी अपेक्षा वस्तु असत् है। ऐसा होनेसे ही द्रव्यकी द्रव्यता स्थिर है अन्यथा सब द्रव्य एकमेक हो जायें। इनमेसे स्वचतुष्टयमें वर्तमान द्रव्यको ग्रहण करनेवाला स्वद्रव्यादि ग्राहक द्रव्यार्थिकनय है और परद्रव्यादिमें असत् द्रव्यको ग्रहण करनेवाला परद्रव्यादि ग्राहक द्रव्यार्थिकनय है।

आगे परमभावग्राही द्रव्यार्थिकनयका स्वरूप कहते है—

जो अशुद्ध, शुद्ध और उपचरित स्वभावसे रहित परमस्वभावको ग्रहण करता है वह परम भाव ग्राही द्रव्यार्थिकनय है। उसे मोक्षके अभिलाषीको जानना चाहिए ॥१९८॥

विशेषार्थ—पहले लिख आये है कि जीवके पाँच भाव होते है—औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक, औदयिक और पारिणामिक। इनमेसे औदयिक भाव बन्धका कारण है, औपशमिक भाव और क्षायिक भाव मोक्षका कारण है। तथा पारिणामिक भाव बन्ध और मोक्ष दोनोका कारण नही है। उसे ही परम भाव कहते है। यहाँ प्रश्न हो सकता है कि जब पारिणामिक भाव बन्ध और मोक्षका कारण नही है तब मोक्षके अभिलाषीको उसके जाननेकी क्या आवश्यकता है। इसका समाधान यह है कि पाँचो भावोमें शुद्ध पारिणामिक भाव तो द्रव्यरूप है और शेष चार भाव पर्याय रूप है। वैसे पारिणामिक भाव तीन है—जीवत्व, भव्यत्व और अभव्यत्व।[1] उनमेंसे शक्तिरूप शुद्ध जीवत्व शुद्धद्रव्यार्थिकनयकी अपेक्षा निरावरण है उसे ही शुद्धपारिणामिकभाव कहते है। जब काललब्धिवश भव्यत्वशक्तिको व्यक्ति होती है तब यह जीव सहजशुद्ध पारिणामिकभावरूप निज परमात्मद्रव्यके श्रद्धान ज्ञान और आचरण रूप पर्यायसे परिणमन करता है। उस परिणमनको आगमकी भाषामें औपशमिक, क्षायिक और क्षायोपशमिक भाव रूपसे कहते है। और अध्यात्ममें उसे शुद्धात्माके अभिमुख परिणाम या शुद्धोपयोग रूप पर्याय कहते है। वह पर्यायशुद्ध पारिणामिक भाव रूप शुद्ध आत्मद्रव्यसे कथचित् भिन्न है, क्योकि वह भावना रूप है। किन्तु शुद्धपारिणामिक भावनारूप नही है। यदि इसे शुद्धपारिणामिकसे सर्वथा अभिन्न माना जावे तो इस मोक्षके कारणभूत भावनारूप पर्यायका मोक्षमे विनाश होने पर शुद्ध पारिणामिकका भी विनाश प्राप्त होता है। किन्तु शुद्धपारिणामिक तो नष्ट होता नही। अतः यह स्थिर होता है कि शुद्धपारिणामिक भावके विषयमे भावनारूप जो औपशमिक आदि तीन भाव है वे तो मोक्षके कारण है, शुद्धपारिणामिक नही है, इसीसे आगममें उसे निष्क्रिय कहा है। अर्थात् बन्धके कारणभूत जो रागादिपरिणतिरूप क्रिया है न तो वह उस क्रिया रूप है और मोक्षके कारणभूत जो शुद्धभावना परिणति रूप क्रिया है न वह उस क्रिया रूप ही है। अत. शुद्धपारिणामिक भाव ध्येयरूप है। इसीसे मोक्षके अभिलाषीको उसे अवश्य जानना चाहिए। उसीके ग्राहकनयको परमभावग्राही द्रव्यार्थिकनय कहते है। (देखो, समयसार गाथा ३२० की जयसेन टीका)

आगे पर्यायार्थिकनयके छह भेदोका कथन करते हुए पहले अनादि नित्यपर्यायार्थिक नयका लक्षण कहते है—

जो अकृत्रिम और अनिधन अर्थात् अनादि अनन्त चन्द्रमा सूर्य आदि पर्यायोको ग्रहण करता है उसे जिन भगवान्ने अनादिनित्य पर्यायार्थिकनय कहा है ॥१९९॥

---

१. अनादिनित्यपर्यायार्थिको यथा पुद्गलपर्यायो नित्यो मेर्वादि. ।—आलाप० ।

कम्मखयादुप्पणो अविणासी जो हु कारणाभावे ।
इदमेवमुच्चरंतो भण्णइ सो साइणिच्च णओ ॥२००॥

सत्तं अमुक्खरूवे उप्पादवयं हि गिह्णए जो हु ।
सो हु सहावाणिच्चो गाहो खलु सुद्धपज्जाओ ॥२०१॥

अनित्याशुद्धपर्यायार्थिकनयं लक्षयति—

जो गहइ एयसमये उप्पादव्वयधुवत्तसंजुत्तं ।
सो सब्भावाणिच्चो असुद्ध पज्जयत्थिओ णेओ ॥२०२॥

विशेषार्थ—चन्द्रमा, सूर्य, लोक आदि अनादि नित्य पर्याय है। इन्हे किसीने बनाया नही है, अनादिकालसे ऐसी ही चली आ रही हैं और सदा चली जायेंगी। ऐसी अनादि नित्य पर्यायोको ग्रहण करने वाला नय अनादिनित्य पर्यायार्थिकनय है।

आगे सादि नित्य पर्यायार्थिकनयका स्वरूप कहते है—

जो पर्याय कर्मोके क्षयसे उत्पन्न होनेके कारण सादि है और विनाशका कारण न होनेसे अविनाशी है, ऐसी सादि नित्य पर्यायको ग्रहण करनेवाला सादि नित्य पर्यायार्थिकनय है ॥२००॥

विशेषार्थ—ऐसी भी पर्याय होती है जो सादि किन्तु नित्य होती है, जैसे सिद्ध पर्याय। जीवकी सिद्ध पर्याय कर्मोके क्षयसे उत्पन्न होती है अत. सादि है और फिर कभी नष्ट नही होती, क्योकि मुक्त जीव अन्तरग और बहिरग कर्मकलकसे मुक्त होता है। उसमें पुन विकार उत्पन्न होनेके कोई कारण नही है। इसलिए सादि होते हुए भी वह नित्य है। ऐसी सादि नित्य पर्यायको ग्रहण करनेवाला नय सादि नित्य पर्यायार्थिक नय है।

आगे अनित्य शुद्ध पर्यायार्थिकनयका स्वरूप कहते है—

जो सत्ताको गौण करके उत्पाद व्ययको ग्रहण करता है उसे अनित्य स्वभावको ग्रहण करनेवाला शुद्ध पर्यायार्थिकनय कहते है ॥२०१॥

विशेषार्थ—सत्का लक्षण उत्पाद व्यय ध्रौव्य है। प्रत्येक वस्तु प्रतिसमय उत्पन्न होती है, नष्ट होती है और ध्रुव भी रहती है। इनमेसे जो नय ध्रौव्यको गौण करके प्रति समय होनेवाले उत्पाद व्ययरूप पर्यायको ही ग्रहण करता है वह अनित्य शुद्ध पर्यायार्थिकनय है। पर्यायार्थिक नयका शुद्ध विषय अर्थ पर्याय ही है। अतः पर्यायार्थिक नयके अन्य भेद अशुद्धताको लेकर ही बनते है।

आगे अनित्य अशुद्ध पर्यायार्थिक नयका स्वरूप कहते है—

जो एक समयमे उत्पाद व्यय और ध्रौव्यसे युक्त पर्यायको ग्रहण करता है वह स्वभाव अनित्य अशुद्ध पर्यायार्थिकनय है ॥२०२॥

विशेषार्थ—यह नय पर्यायको उत्पाद व्ययके साथ ध्रौव्यरूप भी देखता है इसीलिए इसे अशुद्ध पर्यायार्थिकनयका नाम दिया गया है।

---

१. सादिनित्यपर्यायार्थिको यथा—सिद्धपर्यायो नित्य ।—आलापप० । २. 'सत्ता गौणत्वेनोत्पादव्ययग्राहक-स्वभावोऽनित्यशुद्धपर्यायार्थिको यथा समयं समयं प्रति पर्याया विनाशिन. ।' —आलापप० । ३. —धुवत्त-एहि सजुत्त आ० । ४. असुद्धओ पज्जयत्थिण ओ अ० क० ज० मु० । 'सत्ता सापेक्षस्वभावोऽनित्याशुद्ध-पर्यायार्थिको यथा—एकस्मिन् समये त्रयात्मकः पर्याय ।'—आलापप० ।

देहीणं पज्जाया सुद्धा सिद्धाण भणइ सारिच्छा ।
जो सो [1]अणिच्चसुद्धो पज्जयगाही हवे स णओ ॥२०३॥
भणइ अणिच्चासुद्धा चउगइजीवाण पज्जया जो हु ।
होइ विभावअणिच्चो असुद्धओ पज्जयत्थिणओ [2] ॥२०४॥
णिप्पण्णमिव पयंपदि भाविपदत्थं खु [3] जो अणिप्पण्णं ।
अप्पत्थे जह पत्थं भण्णइ सो भाविणइगमुत्ति णओ ॥२०५॥

आगे कर्मोपाधि निरपेक्ष अनित्य शुद्ध पर्यायार्थिकनयका लक्षण कहते हैं—

जो संसारी जीवोंकी पर्यायको सिद्धोके समान शुद्ध कहता है वह अनित्य शुद्ध पर्यायार्थिकनय है ॥२०३॥

विशेषार्थ—ससारी जीवकी पर्याय तो अशुद्ध ही है क्योकि उसके साथ कर्मकी उपाधि लगी हुई है । कर्मकी उपाधि हटे बिना पर्याय शुद्ध नही हो सकती । किन्तु यह नय उस उपाधिकी अपेक्षा न करके संसारी जीवकी पर्यायको सिद्धोके समान शुद्ध कहता है । इसीसे इसका नाम कर्मोपाधि निरपेक्ष शुद्ध पर्यायार्थिकनय है ।

आगे कर्मोपाधिसापेक्ष अनित्य अशुद्ध पर्यायार्थिकनयका लक्षण कहते हैं—

जो चार गतियोके जीवोंकी अनित्य अशुद्ध पर्यायका कथन करता है वह विभाव अनित्य अशुद्ध पर्यायार्थिकनय है ॥२०४॥

विशेषार्थ—जीवकी संसारी पर्याय अशुद्ध पर्याय है क्योकि उसके साथ कर्मकी उपाधि लगी हुई है । इसीसे उसे विभावपर्याय कहते है । स्वभावका उल्टा विभाव होता है । ऐसी पर्याय अनित्य तो होती ही है । तो चारो गतियोके संसारी जीवोकी विभावरूप अनित्य अशुद्ध पर्यायको जाननेवाला या कहनेवाला नय कर्मोपाधिसापेक्ष अनित्य अशुद्ध पर्यायार्थिकनय है । इस प्रकार पर्यायार्थिकनयके छह भेद होते हैं—अनादिनित्य पर्यायार्थिक, सादि नित्य पर्यायार्थिक, अनित्य शुद्ध पर्यायार्थिक, अनित्य अशुद्ध पर्यायार्थिक, कर्मोपाधिनिरपेक्षअनित्य शुद्ध पर्यायार्थिक और कर्मोपाधि सापेक्ष अनित्य अशुद्ध पर्यायार्थिकनय ।

नैगमनयके तीन भेदोमें-से भावि नैगमनयका उदाहरण देते है—

जो अनिष्पन्न भावि पदार्थको निष्पन्नकी तरह कहता है उसे भाविनेगमनय कहते हैं । जैसे अप्रस्थको प्रस्थ कहना ॥२०५॥

विशेषार्थ—जो अभी बना नही है उसे अनिष्पन्न कहते हैं । और बन जानेपर निष्पन्न कहते है । भावीमें भूतकी तरह व्यवहार करना अर्थात् अनिष्पन्नमें निष्पन्न व्यवहार करना भाविनैगमनय है । जैसे कोई पुरुष कुठार लेकर वनकी ओर जाता है, उससे कोई पूछता है आप किस लिए जाते है ? वह उत्तर देता है—प्रस्थ लेने जाता हूँ । पुराने समयमें अनाज मापनेके लिए लकड़ीका एक पात्र होता था, उसे प्रस्थ कहते थे । वनसे लकडी काटकर उसका प्रस्थ वनवानेका इसका संकल्प है, जो प्रस्थ अभी बना ही नही है उसमें प्रस्थका व्यवहार करके वह कहता है कि मैं प्रस्थ लेने जा रहा हूँ । इस प्रकारका वचन व्यवहार भाविनैगमनयका विषय है ।

---

१. 'कर्मोपाधिनिरपेक्षस्वभावोऽनित्यशुद्धपर्यायार्थिको यथा—सिद्धपर्यायसदृशा शुद्धा. ससारिणां पर्याया । —आलाप० । २. 'कर्मोपाधिसापेक्षस्वभावोऽनित्याशुद्धपर्यायार्थिको यथा—ससारिणामुत्पत्तिमरणे स्त ।' —आलाप० । ३ –त्थ णरो ब–अ० क० ख० मु० ज० । 'भाविनि भूतवत्कथन यत्र स भाविनैगमो यथा—अर्हत् सिद्ध एव ।'—आलाप० ।

णिव्वत्तअत्थकिरिया वट्टणकाले तु जं समायरणं ।
तं भूदणइगमणयं जह[1]जदिणं णिव्वुओ[2] वीरो ॥२०६॥
पारद्धा जा किरिया पचणविहाणादि कहइ जो सिद्धा ।
लोएसु पुच्छमाणो भण्णइ तं वट्टमाणणयं ॥२०७॥
अवरोप्परमविरोहे सव्वं अत्थित्ति[3] सुद्धसंगहणे ।
होइ तमेव असुद्धं इगिजाइविसेसगहणेण ॥२०८॥

आगे भूत नैगमनयको कहते हैं—

जो कार्य हो चुका उसका वर्तमानकालमे आरोप करना भूत नैगमनय है जैसे, आजके दिन भगवान् महावीरका निर्वाण हुआ था ॥२०६॥

विशेषार्थ—अतीतमें वर्तमानका आरोप करना भूतनैगमनय है । जैसे प्रतिवर्ष दीपावलीके दिन कहते हैं कि आज भगवान् महावीरका निर्वाण हुआ था । यह भूतनैगमनयका विषय है ।

आगे वर्तमान नैगम नयको कहते हैं—

जो प्रारम्भ की गयी पकाने आदिकी क्रियाको लोगोके पूछनेपर सिद्ध या निष्पन्न कहना है वह वर्तमान नैगमनय है ॥२०७॥

विशेषार्थ—जैसे कोई आदमी भात पकानेकी तैयारी कर रहा है । उससे कोई पूछता है क्या करते हो, तो वह उत्तर देता है—भात पकाता हूँ । उस समय भात बना नहीं है फिर भी वह प्रारम्भ की गयी भात पकानेकी क्रियामे निष्पन्नका-सा व्यवहार करता है, यह वर्तमान नैगमनयका विषय है । इस तरह नैगमनयके तीन भेद है । सारांश यह है कि एक द्रव्य अपनी भूत, भविष्यत् और वर्तमान पर्यायोसे पृथक् नही है किन्तु त्रिकालवर्ती पर्यायोके समूहका नाम द्रव्य है । अत जो भूत और भविष्यत् पर्यायोमे वर्तमानका व्यवहार करता है या वर्तमानमें जो पर्याय पूर्ण नही हुई, उसे पूर्ण मानता है, उसे नैगमनय कहते है, उसीके उदाहरण ऊपर दिये है ।

व्यवहारनयं लक्षयित्वा भेदौ सूचयति—

जं संगहेण गहियं भेयइ अत्थं असुद्ध सुद्धं वा ।
सो ववहारो दुविहो असुद्धसुद्धत्थभेयकरो ॥२०९॥
जो एयसमयवट्टी गेह्णइ दव्वे धुवत्तपज्जायं ।
सो [2]रिउसुत्तो सुहुमो सव्वंपि सद्दं जहा खणियं ॥२१०॥
मणुवाइयपज्जाओ मणुसोत्ति सगट्ठिदीसु वट्टंतो ।
जो भणइ तावकालं सो थूलो होइ रिउसुत्तो ॥२११॥

एक भेदको संग्रह रूपसे विषय करता है वह अशुद्ध संग्रहनय या अपर संग्रहनय है। संग्रहनयकी दृष्टिमें अभेद शुद्धि है और भेद अशुद्धि है। इसीसे आचार्य सिद्धसेनने सन्मतिसूत्रमें संग्रहनयकी प्ररूपणाके विषयको शुद्ध द्रव्यार्थिकनयकी प्रकृति कहा है।

आगे व्यवहारनयका स्वरूप कहते हैं—

जो संग्रहनयके द्वारा गृहीत शुद्ध अथवा अशुद्ध अर्थका भेद करता है वह व्यवहारनय है। उसके भी दो भेद हैं—अशुद्ध अर्थका भेद करने वाला और शुद्ध अर्थका भेद करनेवाला ॥२०९॥

विशेषार्थ—संग्रहनयके द्वारा गृहीत अर्थका भेद करनेवाले नयको व्यवहारनय कहते हैं। व्यवहारका अर्थ ही भेदक—भेद करनेवाला है। जैसे सत् या द्रव्य कहनेसे लोकव्यवहार नहीं चलता अत. व्यवहारनयकी आवश्यकता होती है। जो सत् है वह द्रव्य या गुण है। द्रव्य भी जीव है या अजीव। जीव और अजीव कहनेसे भी व्यवहार नहीं चलता, अत. उसके भी देव नारकी आदि और घट-पट आदि भेद किये जाते हैं। यह नय वहाँ तक भेद करता जाता है जिससे आगे भेद नहीं हो सकता। संग्रहनयके जैसे अशुद्ध और शुद्ध दो भेद हैं वैसे ही उसके भेदक व्यवहारनयके भी दो भेद हैं। शुद्ध संग्रहनयके विषयभूत शुद्ध अर्थ 'सत्' द्रव्यका भेद करनेवाला व्यवहारनय शुद्ध अर्थका भेदक व्यवहारनय कहाता है और अशुद्ध अर्थ जीव आदिका भेद करनेवाला अशुद्ध अर्थका भेद करनेवाला व्यवहारनय कहाता है।

ऋजुसूत्र नयका स्वरूप और भेद कहते हैं—

जो द्रव्यमें एक समयवर्ती अध्रुवपर्यायको ग्रहण करता है उसे सूक्ष्म ऋजु सूत्र नय कहते हैं जैसे सभी शब्द क्षणिक हैं और जो अपनी स्थितिपर्यन्त रहनेवाली मनुष्य आदि पर्यायको उतने समय तक एक मनुष्य रूपसे ग्रहण करता है वह स्थूलऋजुसूत्रनय है ॥२१०-२११॥

विशेषार्थ—द्रव्यकी भूत और भाविपर्यायोंको छोड़कर जो वर्तमान पर्यायको ही ग्रहण करता है उस ज्ञान और वचनको ऋजुसूत्रनय कहते हैं। प्रत्येक वस्तु प्रति समय परिणमनशील है इसलिए वास्तवमें तो एक पर्याय एक समय तक ही रहती है। उस एक समयवर्ती पर्यायको अर्थपर्याय कहते हैं। वह अर्थपर्याय सूक्ष्म ऋजुसूत्रनयका विषय है। किन्तु व्यवहारमें एक स्थूलपर्याय जबतक रहती है तबतक लोग उसे वर्तमान पर्याय कहते हैं जैसे मनुष्य पर्याय आयुपर्यन्त रहती है। ऐसी स्थूलपर्यायको स्थूलऋजुसूत्रनय ग्रहण करता है।

---

१. 'संग्रहनयाक्षिप्तानामर्थानां विधिपूर्वकमवहरणं व्यवहारः।—सर्वार्थसि० १।३३ तत्त्वार्थराजवा० १।३३। तत्त्वार्थश्लो० पृ० २७१। 'व्यवहारोऽपि द्वेधा। सामान्यसङ्ग्रहभेदको व्यवहारो यथा—द्रव्याणि जीवाजीवा.। विशेषसंग्रहभेदको व्यवहारो यथा—जीवाः ससारिणो मुक्ताश्च इति व्यवहारोऽपि द्वेधा।'—आलाप०। २. 'ऋजुं प्रगुणं सूत्रयति तन्त्रयते इति ऋजुसूत्र। पूर्वान् परास्त्रिकालविषयानतिशय्य वर्तमानकालविषयानादत्ते अतीतानागतयोर्विनष्टानुत्पन्नत्वेन व्यवहाराभावात्। तच्च वर्तमानं समयमात्रं तद्विषयपर्यायमात्रग्राहोऽभ्युपगमऋजुसूत्रः'।—सर्वार्थसि० १।३३। तत्त्वार्थवा० १।३३। तत्त्वार्थश्लो० १।३३। 'ऋजुसूत्रो द्विविधः। सूक्ष्मर्जुसूत्रो यथा—एकसमयावस्थायी पर्यायः। स्थूलर्जुसूत्रो यथा—मनुष्यादिपर्यायास्तदायुःप्रमाणकाल तिष्ठन्ति इति ऋजुसूत्रोऽपि द्वेधा।—आलाप०। 'सो रिउसुत्तो सुहुमो सव्वं पि सद जहा खणियं।'—नयचक्र गा० ३८।

जो वट्टणं ण मण्णइ एयत्थे भिण्णलिंगआईणं ।
सो सद्दणओ भणिओ णेओ पुंसाइआण जहा ॥२१२॥
अहवा सिद्धे सद्दे कीरइ जं किंपि अत्थववहारं[1] ।
तं खलु सद्दे विसयं देवो सद्देण जह देवो ॥२१३॥
सद्दारूढो अत्थो अत्थारूढो तहेव पुण सद्दो ।
भणइ इह समभिरूढो[2] जह इंद पुरंदरो सक्को ॥२१४॥

सूक्ष्मऋजुसूत्रनयका उदाहरण देते हुए ऊपर गाथामें 'सव्वं पि सद्दं जहा खणियं' पाठ है । किन्तु देवसेनके नयचक्रकी गाथामें 'सद्दं'के स्थानमें 'सद' पाठ है । 'सद्द'का अर्थ शब्द होता है और 'सदं'का अर्थ 'सत्' होता है । 'सत्' पाठ ठीक प्रतीत होता है क्योकि क्षणिकवादी बौद्ध सभी सत्को क्षणिक मानता है । इस तरह ऋजुसूत्रनयके भी दो भेद है ।

आगे शब्दनयका लक्षण कहते है—

जो एक अर्थमे भिन्न लिंग आदिवाले शब्दोकी प्रवृत्तिको स्वीकार नही करता उसे शब्दनय कहते है । जैसे पुष्य आदि शब्दोमे लिंगभेद होनेसे अर्थभेद जानना चाहिए । अथवा सिद्ध शब्दमे जो कुछ अर्थका व्यवहार किया जाता है वह शब्दनयका विषय है जैसे देवशब्दसे देव अर्थ लिया जाता है ॥२१२-२१३॥

विशेषार्थ—लिंग, सख्या साधन आदिके व्यभिचारको दूर करनेवाले ज्ञान और वचनको शब्दनय कहते है । भिन्न लिंगवाले शब्दोका एक ही वाच्य मानना लिंग व्यभिचार है, जैसे तारका और स्वातिका, अवगम और विद्याका, वीणा और वाद्यका एक ही वाच्यार्थ मानना । विभिन्न वचनोमे प्रयुक्त होनेवाले शब्दोका एक ही वाच्य मानना वचनव्यभिचार है । जैसे आपः और जलका, तथा दारा. और स्त्रीका । इसी तरह मध्यम पुरुषका कथन उत्तम पुरुषकी क्रियाके द्वारा करना पुरुष व्यभिचार है । 'होनेवाला काम हो गया' ऐसा कहना कालव्यभिचार है क्योकि हो गया तो भूतकालको कहता है और 'होनेवाला' आगामी कालको कहता है । इस तरहका व्यभिचार शब्दनयकी दृष्टिमें उचित नही है । जैसा शब्द कहता है वैसा ही अर्थ मानना इस नयका विषय है । अर्थात् यह नय शब्दमे लिंगभेद, वचनभेद, कारकभेद, पुरुषभेद और कालभेद होनेसे उसके अर्थमें भेद मानता है ।

समभिरूढनयका लक्षण कहते है—

जो अर्थको शब्दारूढ और शब्दको अर्थारूढ कहता है वह समभिरूढ़नय है । जैसे इन्द्र, शक्र और पुरन्दर ॥२१४॥

विशेषार्थ—समभिरूढ नयके दो अर्थ है जैसा मूलमें ग्रन्थकारने भी बताया है । एक तो अनेक अर्थोंको छोडकर किसी एक अर्थमें मुख्यतासे रूढ होनेको समभिरूढ नय कहते है । जैसे 'गौ' शब्दके ग्यारह

---

१ अत्थववहरण अ० क० ख० मु० । अत्थवहारणं ज० । 'लिङ्गसख्यासाधनादिव्यभिचारनिवृत्तिपरः शब्दनय ।—सर्वार्थसि० १।३३। तत्त्वार्थ वा० १।३३ । 'कालकारकलिङ्गाना भेदाच्छब्दोऽर्थभेदकृत् ।' लघीय० का० ४४ । 'कालादिभेदतोऽर्थस्य भेदं य· प्रतिपादयेत् । सोऽत्र शब्दनय. शब्दप्रधानत्वादुदाहृतः ।'—तत्त्वार्थश्लो०, पृ० २७२ । २. 'नानार्थसमभिरोहणात् समभिरूढ । यतो नानार्थान् समतीत्यैकमर्थमाभिमुख्येन रूढ समभिरूढ. । —सर्वार्थसि०, तत्त्वार्थवा०, तत्त्वार्थश्लो० १।३३ । 'पर्यायभेदादभिरूढोऽर्थभेदकृत् ।' —लघीय० का० ७२ । 'नानार्थसमभिरोहणात्समभिरूढ·, इन्दनादिन्द्र , शकनाच्छक्र , पूर्दारणात् पुरन्दर इति ।'—जयधवला,भाग १, पृ० २३९ ।

जं जं करेइ कम्मं देही मणवयणकायचेट्ठादो ।
तं तं खु णामजुत्तो एवंभूदो हवे स णओ ॥२१५॥
पढमतिया दव्वत्थो पज्जयगाही य इयर जे भणिया ।
ते चदु अत्थपहाणा सद्दपहाणा हु तिण्णियरा[1] ॥२१६॥
पण्णवण भाविभूदे अत्थे इच्छदि य वट्टणं जो सो ।
सव्वेसिं च णयाणं उवरिं खलु संपलोइज्जा ॥२१७॥
पण्णवण भाविभूदे अत्थे जो सो हु भेदपज्जाओ ।
अह तं एवंभूदो संभवदो मुणह अत्थेसु ॥२१८॥

अर्थ होते है किन्तु वह सबको छोडकर 'गाय' के अर्थमें रूढ है। यह शब्दको अर्थारूढ माननेका उदाहरण है। दूसरा—शब्द भेदसे अर्थका भेद माननेवाला समभिरूढ नय है। जैसे इन्द्र, शक्र और पुरन्दर ये तीनो शब्द स्वर्गके स्वामी इन्द्रके वाचक है और एक ही लिंगके है किन्तु समभिरूढ नयके अनुसार ये तीनो शब्द इन्द्रके भिन्न-भिन्न धर्मोको कहते है। वह आनन्द करता है इसलिए उसे इन्द्र कहते है, शक्तिशाली होनेसे शक्र और नगरोको उजाडनेवाला होनेसे पुरन्दर कहा जाता है। इस तरह जो नय शब्दभेदसे अर्थभेद मानता है वह समभिरूढनय है।

आगे एवंभूतनयका स्वरूप कहते है—

प्राणी मन, वचन और कायकी चेष्टासे जो-जो क्रिया करता है उस-उस नामसे युक्त होता है यह एवंभूतनयका मन्तव्य जानना चाहिए ॥२१५॥

विशेषार्थ—जिस शब्दका अर्थ जिस क्रियारूप हो उस क्रियारूप परिणमे पदार्थको ही ग्रहण करनेवाला एवंभूतनय है। जैसे, इन्द्र शब्दका अर्थ आनन्द करना है अत. जिस समय स्वर्गका स्वामी आनन्द करता हो उसी समय उसे इन्द्र कहना चाहिए, जब पूजन करता हो तो पूजक कहना चाहिए। यह एवंभूतनयका मन्तव्य है।

उक्त नैगमादिनयोमे द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिकका तथा शब्दनय और अर्थनयका भेद करते है—

पहलेके तीन नय द्रव्यार्थिक है बाकीके नय पर्यायको ग्रहण करते है। प्रारम्भके चार नय अर्थप्रधान है और शेष तीन नय शब्दप्रधान हैं ॥२१६॥

विशेषार्थ—जो द्रव्यकी मुख्यता से वस्तुको ग्रहण करता है वह द्रव्यार्थिक नय है अत· नैगम संग्रह और व्यवहारनय द्रव्यार्थिकनय है। जो पर्यायकी प्रधानतासे अर्थको ग्रहण करता है वह पर्यायार्थिक नय है। ऋजुसूत्र शब्द, समभिरूढ और एवंभूत पर्यायार्थिक नय है। नयके ये भेद द्रव्यपर्यायात्मक वस्तुके एक-एक अंश द्रव्य और पर्यायको लेकर किये गये है। इसी तरह अर्थ (पदार्थ) और शब्दकी प्रधानतासे भी नयके दो भेद है अर्थनय और शब्दनय। अर्थप्रधान नयोको अर्थनय कहते है। आरम्भके चार नय अर्थप्रधान होनेसे अर्थनय है। शेष तीन शब्द, समभिरूढ और एवंभूत शब्दकी प्रधानतासे पदार्थका ग्रहण करते है जैसा उनके लक्षणोसे स्पष्ट है जो पहले कह आये है, अत. वे शब्द नय है।

---

१ तिण्णिणया क०। 'चत्वारोऽर्थनया ह्येते जीवाद्यर्थव्यपाश्रयात्। त्रय शब्दनयाः सत्यपदविद्या समाश्रिता ॥' —लघीय० का० ७२। 'द्रव्यार्थो व्यवहारान्त· पर्यायार्थस्ततो परः।'···तत्रर्जुसूत्रपर्यन्ताश्चत्वारोऽर्थनया मता.। त्रय. शब्दनया शेषा शब्दवाच्यार्थगोचरा. ॥ —तत्त्वार्थश्लो० पृ० २६८, २७४। 'द्रव्यार्थिकप्रविभागाद्धि नैगमसंग्रहव्यवहारा पर्यायार्थिकप्रविभागादृजुसूत्रादय। तत्र ऋजुसूत्रपर्यन्ताश्चत्वारोऽर्थनया, तेषामर्थप्रधानत्वात्। शेषास्त्रय शब्दनयाः शब्दप्रधानत्वात्।—अष्टस० पृ० २८७। २ एषा गाथा आ प्रतौ नास्ति।

गुणपज्जयदोदव्वे कारकसब्भावदो य दव्वेसु ।
सण्णाईहिय भेयं कुणइं सब्भूयसुद्धियरो ॥२१९॥

दव्वाणं खु पएसा बहुगा ववहारदो य एक्केण ।
अण्णेण य णिच्छयदो भणिया का तत्थ खलु हवे जुत्ती ॥२२०॥

तदुच्यते—

व्यवहाराश्रयाद्यश्च संख्यातीतप्रदेशवान् ।
अभिन्नात्मैकदेशित्वादेकदेशोऽपि निश्चयात् ॥१॥
[3]अणुगुरुदेहपमाणो उवसहारप्पसप्पदो चेदा ।
असमुहदो ववहारा णिच्छयणयदो असंखदेसो वा ॥२॥
एक्कपएसे दव्वं णिच्छयदो भेयकप्पणारहिए ।
सब्भूएणं बहुगा तस्स य ते भेयकप्पणासहिए ॥२२१॥

शुद्धसद्भूत व्यवहार नयका स्वरूप कहते हैं—

शुद्धसद्भूत व्यवहारनय गुण और पर्यायके द्वारा द्रव्यमे तथा कारक भेदसे द्रव्योमे संज्ञा आदिके द्वारा भेद करता है ॥२१९॥

विशेषार्थ—सद्भूत व्यवहारनयके दो भेद है—शुद्धसद्भूत व्यवहारनय और अशुद्ध सद्भूतव्यवहारनय । सद्भूत व्यवहारनयका विषय एक ही द्रव्य होता है । शुद्ध गुण और शुद्ध गुणीमें, शुद्धपर्याय और शुद्ध पर्यायीमें भेद करनेवाला शुद्धसद्भूत व्यवहारनय है, जैसे जीवके केवलज्ञानादि गुण है । इसे अनुपचरित सद्भूत व्यवहार नय भी कहते है । और अशुद्धगुण अशुद्धगुणीमें तथा अशुद्धपर्याय और अशुद्धपर्यायीमें भेद करनेवाला अशुद्ध सद्भूतव्यवहारनय है । जैसे जीवके मतिज्ञानादिगुण है । इसे उपचरित सद्भूतव्यवहारनय भी कहते है ।

कोई शका करता है—

एक आचार्यने व्यवहारनयसे द्रव्योके बहुत प्रदेश कहे है । अन्य आचार्यने निश्चयनयसे द्रव्यके बहुत प्रदेश कहे है । इसमे क्या युक्ति है ॥२२०॥

शकाकार अपने कथन के समर्थन में दो प्रमाण उपस्थित करता है—

कहा भी है—व्यवहारनयके आश्रयसे जो असंख्यात प्रदेशी है वही निश्चयनयसे अभिन्न एक आत्मा होने से एक प्रदेशी भी है । समुद्घात को छोडकर व्यवहारनय से आत्मा सकोच और विस्तार के कारण अपने छोटे या बडे शरीर के बराबर है और निश्चयनयसे असख्यात प्रदेशी है ।

ग्रन्थकार इसका समाधान करते हैं—

भेदकल्पना रहित निश्चयनयसे द्रव्य एक प्रदेशी है और भेदकल्पना सहित सद्भूत व्यवहारनयसे बहुत प्रदेशी है ॥२२१॥

विशेषार्थ—जैनसिद्धान्तमें विविधनयोके द्वारा वस्तु स्वरूपका कथन किया गया है । यदि नय दृष्टिको न समझा जाये तो उस कथनमें परस्पर विरोध प्रतीत हुए बिना नही रह सकता । इसका उदाहरण शकाकारकी उक्त शका ही है कि किसी आचार्यने व्यवहारनयसे जीवके बहुत प्रदेश कहे है और किसी आचार्यने निश्चयनयसे जीवके बहुत प्रदेश कहे है । इसमे क्या युक्ति है क्यो उन्होने ऐसा कहा है ? ग्रन्थकार स्पष्ट कर देते है कि वस्तुतः जीव द्रव्य एक और अखण्ड है । किन्तु वह बहुप्रदेशी है तभी तो उसे छोटा या

---

१. पु० सि० उ० श्लो० ५० । नयचक्र (देवसेन) गा० ४६ । २. तो णायव्वो भेयं स० भ० । आलाप भेद प्र० । ३. द्रव्यसंग्रह गा० १० ।

अण्णेसिं अण्णगुणा भणइ असब्भूय तिविह भेदोवि ।
सज्जाइ इयर मिस्सो णायव्वो तिविहभेदजुदो ॥२२२॥
दव्वगुणपज्जयाणं उवयारं ताण होइ तत्थेव ।
दव्वे गुणपज्जाया [1]गुणदवियं पज्जया णेया ॥२२३॥
पज्जाए दव्वगुणा उवयरियं वा हु बंधसंजुत्ता ।
[2]संबंधे संसिलेसे णाणीणं णेयमादीहिं ॥२२४॥

विजातीय द्रव्ये विजातीयद्रव्यावरोपणा असद्भूतव्यवहार.—

एयंदियाइदेहा णिव्वत्ता जे वि पोग्गले काए ।
ते जो भणेइ जीवा ववहारो सो विजाईओ ॥२२५॥

विजातिगुणे विजातिगुणावरोपणोऽसद्भूतव्यवहार·—

[3]मुत्तं इह मइणाणं मुत्तिमदव्वेण जण्णिओ जह्मा ।
जइ णहु मुत्तं णाणं तो किं खलिओ हु मुत्तेण ॥२२६॥

बड़ा जैसा शरीर प्राप्त होता है उसी में व्याप्त होकर रह जाता है । बडा शरीर मिलने पर उसी जीव के प्रदेश फैल जाते है और छोटा शरीर मिलने पर संकुचित हो जाते है । किन्तु ऐसा होनेसे उसकी अवगाहना तो घटती-बढती है परन्तु प्रदेश नही घटते-बढते । जैसे रबडको तानने पर वह फैल जाती है फिर सकुच जाती है किन्तु रबड़के प्रदेश उतने ही रहते हैं । इस तरह जीव असंख्यात प्रदेशी है किन्तु प्रदेश भेद होते हुए भी जीव तो एक अखण्ड ही है । अत भेद कल्पना निरपेक्ष शुद्ध निश्चयनयसे जीव एकप्रदेशी है । और भेद कल्पना सापेक्ष सद्भूत व्यवहार नयसे बहुप्रदेशी है । इस प्रकार नयभेदसे उक्त कथनभेदका समन्वय कर लेना चाहिए ।

आगे असद्भूत व्यवहारनयका लक्षण और भेद कहते है—

जो अन्यके गुणोंको अन्यका कहता है वह असद्भूत व्यवहारनय है । उसके तीन भेद हैं सजाति, विजाति और मिश्र तथा उनमे से भी प्रत्येकके तीन-तीन भेद हैं ॥२२२॥

द्रव्यमें द्रव्यका, गुणमे गुणका, पर्यायमे पर्यायका, द्रव्यमे गुण और पर्यायका गुणमे द्रव्य और पर्यायका और पर्यायमें द्रव्य और गुणका उपचार करना चाहिए । यह उपचार बन्धसे संयुक्त अवस्था मे तथा ज्ञानीका ज्ञेय आदिके साथ सम्बन्ध होने पर किया जाता है ॥२२३-२२४॥

आगे विजातीय द्रव्य में विजातीय द्रव्यका आरोपण रूप असद्भूत व्यवहारनयका कथन करते है—

पौद्गलिक कायमें जो एकेन्द्रिय आदिके शरीर बनते है उन्हे जो जीव कहता है वह विजातीय असद्भूत व्यवहारनय है ॥२२५॥

विशेषार्थ—शरीर पौद्गलिक है—पुद्गल परमाणुओंसे बना है । उसमें जीवका निवास होनेसे तथा जीवके साथ ही उसका जन्म होनेसे लोग उसे जीव कहते है किन्तु यथार्थमे तो शरीर जीव नही है, जीवसे भिन्न द्रव्य है । जीव द्रव्य चेतन ज्ञानवान् है और शरीर जड़ है, रूप रस गन्ध स्पर्श गुणवाला है । अतः विजातीय द्रव्य शरीर मे विजातीय द्रव्य जीवका आरोप करनेवाला नय विजातीय असद्भूत व्यवहारनय है ।

आगे विजातीय गुणमे विजातीय गुणका आरोप करनेवाले असद्भूत व्यवहारनयका स्वरूप कहते है—

मतिज्ञान मूर्तिक है क्योकि मूर्तिक द्रव्यसे पैदा होता है यदि मतिज्ञान मूर्त न होता तो मूर्तके द्वारा वह स्खलित क्यो होता ॥२२६॥

---

१. गुणे दविया पज्जया अ० क० । गुणदविया ख० । २. 'सबंधो संसिलेसो णाणीणं णाणणेयमादीहिं— अ० क० ख० मु० । ३. 'विजात्यसद्भूतव्यवहारो यथा मूर्तं मतिज्ञानं यतो मूर्तद्रव्येण जनितम् ।'—आलाप० ।

स्वजातिपर्याये स्वजातिपर्यायावरोपणोऽसद्भूतव्यवहारः—

दट्ठूणं पडिबिंबं लवदि हु तं चेव एस पज्जाओ ।
सज्जाइ असब्भूओ उवयरिओ णियज्जाइपज्जाओ ॥२२७॥

स्वजातिविजातिद्रव्ये स्वजातिविजातिगुणावरोपणं असद्भूतव्यवहारः—

[1]णेयं जीवमजीवं तं पिय णाणं खु तस्स विसयादो ।
जो भणइ एरिसत्थं ववहारो सो असब्भूदो ॥२२८॥

स्वजातिद्रव्ये स्वजातिविभावपर्यायारोपणोऽसद्भूतव्यवहारः—

परमाणु एयदेशी बहुयपदेसो पयंपए[2] जो हु ।
सो ववहारो णेओ दव्वे पज्जायउवयारो ॥२२९॥

विशेषार्थ—आत्मा अमूर्तिक है अतः उसका ज्ञानगुण भी अमूर्तिक है। किन्तु जैसे कर्मबन्धके कारण अमूर्तिक आत्माको व्यवहारनयसे मूर्तिक कहा जाता है वैसे ही कर्मबद्ध आत्माके इन्द्रियोकी सहायतासे होनेवाला मतिज्ञान भी मूर्त कहाता है क्योकि वह मूर्त इन्द्रियोसे पैदा होता है, मूर्त पदार्थोंको जानता है, मूर्त के द्वारा उसमें बाधा उपस्थित हो जाती है, यह विजातीय गुण ज्ञानमें विजातीय गुण मूर्तताका आरोप करनेवाला असद्भूत व्यवहारनय है।

आगे स्वजातीयपर्यायमें स्वजातीय पर्यायका आरोप करनेवाला असद्भूत व्यवहारनयका स्वरूप कहते है—

प्रतिबिम्बको देखकर यह वही पर्याय है ऐसा कहा जाता है। यह स्वजाति पर्यायमें स्वजाति पर्यायका उपचार करनेवाला असद्भूत व्यवहारनय है ॥२२७॥

विशेषार्थ—दर्पण भी पुद्गलकी पर्याय है और उसमें प्रतिबिम्बित मुख भी पुद्गलको पर्याय है तथा जिस मुखका उसमें प्रतिबिम्ब पड रहा है वह मुख भी पुद्गलकी पर्याय है। दर्पणमे प्रतिबिम्बित मुखको देखकर यह कहना कि यह वही मुख है यह स्वजाति पर्यायमें स्वजातिपर्यायका आरोप करनेवाला असद्भूत व्यवहारनय है।

आगे स्वजाति विजाति द्रव्यमें स्वजाति विजातिगुणका आरोप करनेवाले असद्भूत व्यवहारनयको कहते है—

ज्ञेय जीव भी है और अजीव भी है ज्ञानके विषय होनेसे उन्हे जो 'ज्ञान' कहता है वह असद्भूत व्यवहारनय है ॥२२८॥

विशेषार्थ—ज्ञानके लिए जीव स्वजाति द्रव्य है और जीवके लिए ज्ञान स्वजाति गुण है क्योकि जीव द्रव्य और ज्ञानगुण दोनो एक है। ज्ञानके विना जीव नही और जीवके विना ज्ञान नही। इसके विपरीत अजीव द्रव्यके लिए ज्ञानगुण विजातीय है और ज्ञानगुणके लिए अजीव द्रव्य विजातीय है क्योकि दोनोमें से एक जड है तो दूसरा चेतन है। किन्तु ज्ञान जीवको भी जानता है और अजीवको भी जानता है। इसलिए ज्ञानके विषय होनेसे जीव और अजीवको ज्ञान कहना स्वजाति विजाति द्रव्यमें स्वजाति विजातिगुणका आरोप करनेवाला असद्भूत व्यवहारनय है।

आगे स्वजातिद्रव्यमे स्वजाति विभावपर्यायका आरोप करनेवाले असद्भूत व्यवहारनयको कहते है—

जो एकप्रदेशी परमाणुको वहुप्रदेशी कहता है उसे द्रव्यमें पर्यायका उपचार करनेवाला असद्भूत व्यवहारनय जानना चाहिए ॥२२९॥

---

१ 'स्वजातिविजात्यसद्भूतव्यवहारो यथा ज्ञेये जीवेऽजीवे ज्ञानमिति कथनं ज्ञानस्य विषयत्वात्'—आलाप० ।
२ -यं अप्पदे अ० क० मु० । 'स्वजात्यसद्भूतव्यवहारो यथा परमाणुर्वहुप्रदेशीति कथनमित्यादि'—आलाप० ।

स्वजातिगुणे स्वजातिद्रव्यावरोपणोऽसद्भूतव्यवहारः—

रूवं पि भणइ दव्वं ववहारो अण्णअत्थसंभूदो ।
सेओ जह पासाओ गुणेसु दव्वाण उवयारो ॥२३०॥

स्वजातिगुणे स्वजातिपर्यायारोपणोऽसद्भूतव्यवहार—

णाणं पि हु पज्जायं परिणममाणो दु गिह्णए जह्मा ।
ववहारो खलु जंपइ गुणेसु [1]उवयरियपज्जाओ ॥२३१॥

स्वजातिविभावपर्याये स्वजातिद्रव्यावरोपणोऽसद्भूतव्यवहार.—

दठ्ठूण थूलखंधं पुग्गलदव्वेत्ति जंपए लोए ।
उवयारो पज्जाए पुग्गलदव्वस्स[2] भणइ ववहारो ॥२३२॥

स्वजातिपर्याये स्वजातिगुणावरोपणोऽसद्भूतव्यवहारः—

दठ्ठूण [3]देहठाणं वण्णंतो होइ उत्तमं रूवं ।
गुण उवयारो भणिओ पज्जाए णत्थि संदेहो ॥२३३॥

विशेषार्थ—पुद्गलका एक परमाणु एक प्रदेशी होता है उसके दो आदि प्रदेश नही होते । किन्तु वही परमाणु अन्य परमाणुओके साथ मिलने पर उपचारसे बहुप्रदेशी कहा जाता है । परमाणुओके मेलसे जो स्कन्ध बनता है वह पुद्गलकी विभावपर्याय है और परमाणु पुद्गल द्रव्य है । दोनो ही पौद्गलिक होनेसे एक जातिके है ।

आगे स्वजाति गुणमें स्वजाति द्रव्यका आरोप करनेवाले असद्भूत व्यवहारनयको कहते है—

अन्य अर्थमे होनेवाला व्यवहार रूपको भी द्रव्य कहता है जैसे सफेद पत्थर । यह गुणोमे द्रव्यका उपचार है ॥२३०॥

विशेषार्थ—सफेद रूप है और पत्थर द्रव्य है दोनो ही पौद्गलिक होनेसे एकजातीय है । सफेद रूपमें पाषाण द्रव्यका उपचार करना स्वजातिगुणमें स्वजाति द्रव्यका उपचार करनेवाला असद्भूत व्यवहारनय है ।

स्वजाति गुणमें स्वजाति पर्यायका आरोपण करनेवाले असद्भूत व्यवहारनयका स्वरूप कहते है—

परिणमनशील ज्ञानको पर्याय रूपसे कहा जाता है इसे गुणोमे पर्यायका उपचार करनेवाला असद्भूत व्यवहारनय कहते है ॥२३१॥

विशेषार्थ—ज्ञान गुण है किन्तु वह भी परिणमनशील है अतः उसे ज्ञानपर्याय रूपसे कहना गुणमें पर्यायका उपचार करनेवाला असद्भूत व्यवहारनय है ।

आगे स्वजाति विभाव पर्यायमें स्वजाति द्रव्यका आरोप करनेवाले असद्भूत व्यवहारनयका स्वरूप कहते है—

स्थूल स्कन्धको देखकर लोकमे उसे 'यह पुद्गल द्रव्य है' ऐसा कहते है । इसे पर्यायमें पुद्गल द्रव्यका आरोप करनेवाला व्यवहारनय कहते हैं ॥२३२॥

विशेषार्थ—अनेक पुद्गल परमाणुओंके मेलसे जो स्थूल स्कन्ध बनता है वह पुद्गल द्रव्यकी विभाव पर्याय है । उसे पुद्गल द्रव्य कहना स्वजाति पर्यायमें स्वजाति द्रव्यका आरोप करनेवाला असद्भूत व्यवहारनय कहते है ।

आगे स्वजाति पर्यायमें स्वजाति गुणका आरोप करनेवाले असद्भूत व्यवहारनयका स्वरूप कहते हैं—

शरीरके आकारको देखकर उसका वर्णन करते हुए कहना कि कैसा उत्तम रूप है, यह पर्यायमें गुणका उपचार है इसमे सन्देह नही ॥२३३॥

---

१. उवयारय—अ० क० । २. पुग्गलदव्वेसु आ० ज० । ३. देहसारं आ० ज० ।

सव्वत्थ पज्जयादो संतो भणिओ जिणेहि ववहारो ।
जस्स ण हवेइ संतो हेऊ दोह्लंपि तस्स कुदो ॥२३४॥
चउगइ इह संसारो तस्स य हेऊ सुहासुहं कम्मं ।
जइ[2] ता मिच्छा किह सो ससारो संखमिव तस्समए ॥२३५॥
[3]एइंदियादिदेहा जीवा ववहारदो य [4]जिणदिट्ठा ।
हिंसादिसु जदि पापं सव्वत्थवि किण्ण ववहारो ॥२३६॥

विशेषार्थ—शरीरका आकार तो पर्याय है और रूप गुण है । अत. शरीरके आकारको देखकर यह कैसा सुन्दर रूप है, ऐसा कहना स्वजाति पर्यायमे स्वजाति गुणका आरोप करनेवाला असद्भूत व्यवहारनय है । इस प्रकार ये ऊपर कहे नौ भेद असद्भूत व्यवहारनयके जानना चाहिए ।

आगे कहते है कि व्यवहार सर्वथा असत् नही है—

जिनेन्द्रदेवने सर्वत्र पर्यायरूपसे व्यवहारको सत् कहा है । जो व्यवहारको सत् नही मानता उसके मतमे संसार और मोक्षके कारण कैसे बनेगे ॥२३४॥

यह चार गतिरूप ससार है उसके हेतु शुभ और अशुभ कर्म हैं । यदि वह मिथ्या है तो उसके मतमे साख्यकी तरह वह ससार कैसे बनेगा ॥२३५॥

जिनेन्द्र देवने व्यवहारनयसे एकेन्द्रिय आदि जीवोंके शरीरको जीव कहा है । यदि उनको हिंसा करनेमे पाप है तो सर्वत्र व्यवहार क्यो नही मानते ॥२३६॥

विशेषार्थ—द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक नयको अध्यात्ममें निश्चयनय और व्यवहारनय कहते है । जैसे द्रव्यार्थिकनयका विषय द्रव्य है वैसे ही निश्चयनयका विषय भी शुद्ध द्रव्य है और जैसे पर्यायार्थिकनयका विषय पर्याय है वैसे ही व्यवहारनयका विषय भी भेदव्यवहार है । व्यवहार शब्दका अर्थ ही भेद करना है । अखण्ड वस्तुमें वस्तुत भेद करना तो अशक्य है क्या कोई आत्माके खण्ड-खण्ड कर सकता है ? किन्तु शब्दके द्वारा अखण्ड एक वस्तुमें भी भेदव्यवहार सम्भव है । जैसे आत्मामे दर्शन ज्ञान और चारित्रगुण है । अर्थात् गुण और गुणी या द्रव्य और पर्यायके भेदसे अभिन्न वस्तुमें भी भेदकी प्रतीति होती है । यह भेदव्यवहार भी व्यवहारनयकी मर्यादाके ही अन्तर्गत है । यद्यपि इसे अशुद्ध निश्चयनयका भी विषय बतलाया है किन्तु शुद्ध निश्चयनयकी अपेक्षासे अशुद्ध निश्चयनय भी व्यवहारनयमें ही आता है । जो शुद्ध द्रव्यका निरूपक है वह निश्चयनय है और जो अशुद्ध द्रव्यका निरूपक है वह व्यवहारनय है । या जो स्वाश्रित है वह निश्चय नय है और जो पराश्रित है वह व्यवहार नय है इसीसे आचार्य कुन्दकुन्दने निश्चनयको भूतार्थ या सत्यार्थ कहा है और व्यवहारनयको अभूतार्थ या असत्यार्थ कहा है । इन दोनो नयोकी सत्यार्थता और असत्यार्थताको स्पष्ट करनेके लिए यहाँ दोनो नयोसे वस्तु स्वरूपका कथन किया जाता है । व्यवहारनयसे जीव और शरीर एक है किन्तु निश्चयनयसे दोनो दो द्रव्य है । वे कभी एक नही हो सकते । इसी तरह संसारी जीव कर्मोसे बद्ध है और कर्म पौद्गलिक होनेसे रूप रस गन्ध स्पर्शगुणवाले है । इसलिए व्यवहारनयसे जीवको भी रूपादिवान् कहा जाता है । किन्तु निश्चयनयसे जीव रूपादिवाला नही है । इसी तरह ससारी जीवको बादर या सूक्ष्म, पर्याप्त या अपर्याप्त, एकेन्द्रिय, दो इन्द्रिय, तेन्द्रिय, चौ इन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय, सैनी, असैनी आदि कहा जाता है, यह सब व्यवहारनयसे है । क्योंकि बादर या सूक्ष्म और पर्याप्त या अपर्याप्त तो शरीर होता है । इन्द्रियाँ भी शरीरमें ही होती है । जीवमें तो इन्द्रियाँ नही होती । किन्तु उस शरीरमे जीवका निवास होनेसे जीवको बादर

---

१. 'सद्दत्थपच्चयादो—नयचक्र (देवसेन) गा० ६३ । २ तं क० । तहं ख० । तह मु० । ३. 'व्यवहारो हि व्यवहारिणां म्लेच्छभाषेव म्लेच्छानां परमार्थप्रतिपादकत्वादपरमार्थोऽपि तीर्थप्रवृत्तिनिमित्तं दर्शयितुं न्याय्य एव । तमन्तरेण तु शरीराज्जीवस्य परमार्थतो भेददर्शनात् त्रसस्थावराणा भस्मन इव नि शंकमुपमर्दनेन हिंसाभावाद् भवत्येव बन्धस्याभाव ।'—समयसार० अमृतचन्द्रटीका, गा० ४६ । ४. जिणुद्दिट्ठा ज० ।

बंधेव मोक्खहेऊ अण्णो ववहारदो य णायव्वो ।
णिच्छयदो[1] णिय भावो भणिओ खलु सव्वदरसीहिं ॥२३७॥

आदि कहा जाता है । जैसे जिस घडेमे घी रखा रहता है उसे घीका घडा कह देते है । वास्तवमें तो घडा घीका नही, मिट्टीका है । वैसे ही अज्ञानी लोगोको शुद्ध जीवका ज्ञान न होनेसे और अशुद्ध जीवसे ही सुपरिचित होनेसे इन्द्रिय आदिके द्वारा ही जीवका ज्ञान कराया जाता है । किन्तु यथार्थमें तो ये सब शरीरके धर्म हैं । अतः अन्यके धर्मको अन्यमें आरोपण करना व्यवहारनयका विषय है इसीसे व्यवहारनयको असत्यार्थ या अभूतार्थ कहा है । किन्तु इसका मतलब यह नही है कि व्यवहारनय सर्वथा ही मिथ्या है । यदि ऐसा माना जायेगा तो परमार्थसे ससार और मोक्षका ही अभाव हो जायेगा क्योकि जीवकी संसार दशा भी तो व्यवहार से ही है । संसार दशा जीवका स्वरूप तो नही है इसीलिए पराश्रित होने से वह व्यवहारनयका विषय है । और ससार पूर्वक ही मोक्ष होता है अतः जब संसार सर्वथा मिथ्या ठहरेगा तो मोक्षका प्रश्न ही नही उठता । और जब संसार तथा मोक्ष नही रहेगा तो संसारके कारण आस्रव बन्ध तथा मोक्षके कारण संवर और निर्जरा भी नही रहेंगे । इसके सिवाय शरीरसे जीवको सर्वथा भिन्न मानकर उनका घात करनेसे हिंसाका पाप नही लगेगा । यदि पाप मानते हो तो सिद्ध होता है कि व्यवहारनय सर्वथा मिथ्या नही है ।

व्यवहारनयसे बन्धकी तरह मोक्षका हेतु भी अन्य जानना चाहिए । किन्तु निश्चयनयसे सर्वदर्शी भगवान्ने निजभावको बन्ध और मोक्षका कारण कहा है ॥२३७॥

विशेषार्थ—जो पराश्रित कथन है वह व्यवहारनय है जो स्वाश्रित है वह निश्चयनय है । अतः व्यवहारनयसे बन्धकी तरह मोक्षका कारण भी अन्य है और निश्चयनयसे बन्ध और मोक्षका कारण आत्मा-का भाव है । उदाहरणके लिए—एक पुरुष शरीरमें तेल लगाकर धूलभरी भूमिमें अनेक काम करता है, वृक्षोको काटता है, दौड-धूप करता है तो उसका शरीर धूलसे लिप्त हो जाता है। और यदि वही मनुष्य शरीर में तेल न लगाकर उसी धूलभरी भूमिमें वही सब काम करता है तो उसका शरीर धूलसे लिप्त नही होता । इसपर विचार करनेसे ज्ञात होता है कि उसके शरीरमें लगा तेल ही उसके धूलसे लिप्त होनेमें कारण है । यदि धूलभरी भूमि कारण हो तो तैल नही लगाने पर भी उसका शरीर धूलसे लिप्त होना चाहिए । इसी तरह यदि दौड धूप कारण हो तो तेलसे निर्लिप्त होनेपर भी उसका शरीर धूलसे लिप्त होना चाहिए । इससे यही सिद्ध होता है कि उसके शरीरमें लगा तेल ही उसके धूलिलिप्त होनेका कारण है । इसी तरह मिथ्या दृष्टि जीव अपनी आत्मामें रागभावको करता हुआ, स्वभावसे ही कर्मयोग्य पुद्गलोसे भरे हुए इस लोकमें मन, वचन, कायसे अनेक प्रकारकी प्रवृत्तियाँ करता हुआ कर्मरूप धूलिसे लिप्त होता है, तब विचारिए कि इस बन्धका कारण कौन है । स्वभावसे ही कर्मपुद्गलोसे भरा हुआ लोक तो बन्धका कारण है नही, यदि हो तो लोकमें स्थित सिद्धोके भी बन्धका प्रसंग आयेगा । मन, वचन, कायकी क्रिया रूप योग भी बन्धका कारण नही है यदि हो तो मन, वचन, कायकी क्रियावाले यथाख्यात संयमियोके भी बन्धका प्रसंग प्राप्त होगा । सचित्त अचित्त वस्तुओका घात भी बन्धका कारण नही है यदि उससे बन्ध हो तो समितिमें तत्पर साधुओंके भी सचित्त अचित्तके घातसे बन्धका प्रसंग आयेगा । अतः यही सिद्ध होता है कि उपयोग भूमिमें रागादिक-का करना ही बन्धका कारण है फिर भी व्यवहारमें ऐसा कहा जाता है कि छेदन-भेदनसे बन्ध होता है, या मन, वचन, कायकी क्रियासे बन्ध होता है । परमार्थसे बन्धका कारण रागभाव ही है । इसी तरह परमार्थसे बन्धनसे मुक्तिका कारण भी आत्माका भाव ही है । आत्माके समस्त कर्मबन्धनसे छूटनेका नाम मोक्ष है । अब प्रश्न होता है कि आत्मा और बन्धन दोनो अलग-अलग कैसे हो क्योकि उसके हुए बिना मोक्ष सम्भव नही है । इसका उत्तर है कि प्रज्ञारूपी पैनी छेनीके द्वारा आत्मा और कर्मबन्धको पृथक्-पृथक् किये बिना कर्म-बन्धनसे छुटकारा नही हो सकता । उसके लिए आत्मा और कर्मके स्वरूपको जानना चाहिए । और इनके

१. दो पुण जीवो भ—अ० मु० क० ख० ज० ।

जो चिय[1] जीवसहावो णिच्छयदो होइ सव्वजीवाणं ।
सो चिय[2] भेदुवयारो[3] जाण फुडं होइ ववहारो ॥२३८॥

भेदुवयारं णिच्छय मिच्छादिट्ठीण मिच्छरूवं खु ।
सम्मे सम्मा भणिया तेहि दु बंधो व मोक्खो वा ॥२३९॥

स्वरूपकी पहचान इनके लक्षणसे होती है। आत्माका असाधारण लक्षण चैतन्य है। यह लक्षण आत्माके सभी गुण पर्यायोमें व्यापक है। अत. आत्मा चैतन्यस्वरूप है। किन्तु बन्ध तो पुद्गल परमाणुओका स्कन्ध है। इन दोनोका भेद प्रतीत न होनेसे कर्मके उदयसे होनेवाले रागादि भावोको यह जीव अपना मानता है। यही भूल है। भेदज्ञान होनेपर जो चेतन स्वरूप आत्मा है वह मैं हूँ, शेष भाव मुझसे भिन्न है, इस प्रकार जानकर आत्मामें ही सतत रमण करनेसे मोक्षकी प्राप्ति होती है। उसके लिए संयम भी धारण करता है, तप भी करता है किन्तु तद्रूप जो आत्मभाव है वही निश्चयसे मोक्षका कारण है, व्यवहारसे जो-जो बाह्य क्रियाएँ की जाती है वे भी मोक्षका कारण कही जाती है। निश्चयके होनेपर तद्रूप व्यवहार होता ही है तभी वह निश्चय निश्चय है अन्यथा निश्चयाभास है यह नही भूलना चाहिए।

निश्चयनयसे जो जीव स्वभाव सब जीवोमें होता है भेदोपचारसे वह भी व्यवहार है ऐसा स्पष्ट जानो ॥२३८॥

विशेषार्थ—जीवका जो नैश्चयिक स्वभाव है जो सब जीवोमें पाया जाता है यदि उसमें भी भेदका उपचार किया जाता है तो वह भी व्यवहारनयकी सीमामें ही आता है। अत निश्चयनयकी दृष्टिमे आत्मामें दर्शन, ज्ञान और चारित्रका भी भेद नही है। क्योकि आत्मा अनन्त धर्मोका एक अखण्ड पिण्ड है किन्तु व्यवहारी मनुष्य धर्मोकी प्ररूपणाके बिना धर्मी आत्माको नही समझते, अत उन्हें समझानेके लिए अभेद रूप वस्तुमें भी धर्मोका भेद करके ऐसा उपदेश किया जाता है कि आत्मामें दर्शन, ज्ञान और चारित्र है। अतः अभेदमें भेदका उपचार करनेसे यह व्यवहार है। परमार्थसे तो अनन्त गुण-पर्यायोको पिये हुए प्रत्येक द्रव्य अभेद रूप ही है।

मिथ्यादृष्टियोका भेदरूप उपचार तथा निश्चय मिथ्या होता है और सम्यग्दृष्टियोका सम्यक् होता है। उन्हीसे बन्ध अथवा मोक्ष होता है ॥२३९॥

विशेषार्थ—जैसे सम्यग्दृष्टिका ज्ञान सच्चा और मिथ्यादृष्टिका ज्ञान मिथ्या होता है वैसे ही मिथ्या दृष्टिका व्यवहार और निश्चयनय मिथ्या होता है और सम्यग्दृष्टिका सम्यक् होता है। साधारण तौरसे व्यवहारनयको असत्यार्थ और निश्चयनयको सत्यार्थ कहा है। किन्तु मिथ्यादृष्टिका सत्यार्थ निश्चयनय भी सम्यक् नही होता और सम्यग्दृष्टिका असत्यार्थ व्यवहारनय भी सम्यक् होता है। इसका कारण यह है कि मिथ्यादृष्टिकी जब दृष्टि ही मिथ्या है तो वह दृष्टि व्यवहार रूप हो या निश्चयरूप मिथ्या ही कही जायेगी और वह किसी एक नयके पक्षमें गिर कर अपने मिथ्यात्वका परिचय दिये बिना नही रहेगा। किन्तु सम्यग्दृष्टिकी दृष्टि—व्यवहाररूप भी और निश्चयरूप भी सम्यक् होनेसे वह जानता तो दोनो नयोको है किन्तु दोनोमें-से किसी भी एक नयके पक्षको लेकर नही बैठता क्योकि एक नयका सर्वथा पक्ष ग्रहण करनेसे मिथ्यात्वमे मिला हुआ पक्षका राग होता है। तथा प्रयोजनवश एक नयको प्रधान करके ग्रहण करनेपर चारित्रमोहके पक्षमे राग होता है। किन्तु जब नयका पक्ष छोडकर वस्तु स्वरूपको केवल जानता ही है तो उस समय यह वीतरागके समान होता है।

१. २ चिय अ० क० ग० ज०। ३. भेदुवयारो अ० क० ग० ट० ज०।

ण मुणइ वत्थुसहावं अह विवरीयं णिरवेक्खदो मुणई ।
तं इह मिच्छाणाणं[1] विवरीयं सम्मं[2]रूवं खु ॥२४०॥

णो उवयारं कीरइ णाणस्स दंसणस्स वा णेए ।
किह णिच्छित्ती णाणं अण्णेसिं होइ णियमेण ॥२४१॥

जो वस्तु-स्वरूपको नही जानता या निरपेक्ष रूपसे विपरीत जानता है वह मिथ्याज्ञान है और उससे विपरीत सम्यग्ज्ञान है ॥२४०॥

विशेषार्थ—वस्तुके यथार्थ स्वरूपको नही जानना या निरपेक्ष रूपसे कुछको कुछ जानना मिथ्याज्ञान है । मिथ्यात्वके पाँच भेदोमें एक अज्ञान मिथ्यात्व है और दूसरा विपरीत मिथ्यात्व है । मिथ्यात्वमूलक जो ज्ञान होता है वह भी मिथ्या कहा जाता है अतः वस्तु-स्वरूपको न जानना भी मिथ्याज्ञान है और निरपेक्ष रूपसे विपरीत जानना भी मिथ्याज्ञान है । जैसे प्रत्येक नय वस्तुके एक-एक धर्मको जानता है किन्तु वस्तुमें केवल एक ही धर्म नही होता, अनेक धर्म होते है । अब यदि कोई किसी एक नयके विषयभूत एक धर्मको ही यथार्थ मानकर उसीका आग्रह करने लगे और उसी वस्तुमे रहनेवाले अन्य धर्मोको जो दूसरे नयोंके विषय-भूत है न माने तो उसका ज्ञान भी मिथ्या कहा जायेगा क्योकि वस्तु केवल किसी एक धर्मवाली ही नही है । जैसे द्रव्य पर्यायात्मक वस्तुको द्रव्यकी प्रधानता और पर्यायकी अप्रधानतासे विषय करनेवाला द्रव्यार्थिकनय है और पर्यायकी प्रधानता और द्रव्यकी गौणतासे विषय करनेवाला पर्यायार्थिक नय है । इस गौणता और मुख्यताकी दृष्टिको भुलाकर यदि कोई केवल द्रव्य रूप ही वस्तुको जानता है या पर्यायरूप वस्तुको ही जानता है और उसे यथार्थ मानता है तो उसका ज्ञान मिथ्या है क्योकि वस्तु न केवल द्रव्यरूप है और न केवल पर्यायरूप है । इसी तरह जीवकी अशुद्ध दशाका ग्राहक व्यवहारनय है और शुद्ध स्वरूपका ग्राहक निश्चयनय है । इन दोनोमेसे यदि कोई एकको ही यथार्थ मानकर उसीका अवलम्बन करे तो वह मिथ्या है क्योकि केवल व्यवहारका अवलम्बन करनेसे जीवके शुद्ध स्वरूपकी प्रतीति त्रिकालमें भी नही हो सकती और उसके विना उसकी प्राप्तिका तो प्रश्न ही नही उठता । जिसकी पहचान ही नही उसकी प्राप्ति कैसी ? इसी तरह यदि कोई निश्चय नयके विषयभूत शुद्ध स्वरूपको ही यथार्थ मानकर यह भूल ही जाये कि वर्तमान मेरी दशा अशुद्ध है तो वह उसकी शुद्धताके लिए प्रयत्न क्यो करेगा ? और प्रयत्न नही करनेपर वह अशुद्धका अशुद्ध ही बना रहेगा । अत सापेक्ष दोनो नयोसे वस्तु स्वरूपको जानना ही सम्यग्ज्ञान है ।

ज्ञान और दर्शनका ज्ञेयमे उपचार नही किया जाता । तब नियमसे अन्य पदार्थोके निश्चय को ज्ञान कैसे कहा जा सकता है ॥२४१॥

विशेषार्थ—ज्ञान गुण जीवका जीवोपजीवी गुण है । जब वह ज्ञेय घट पट आदिको जानता है तो ज्ञेयोपजीवी नही होता । अर्थात् जैसे घटको जानते समय ज्ञान घट निरपेक्ष जीवका गुण है वैसे ही घट आदिको नही जानते समय भी ज्ञान घट निरपेक्ष जीवका गुण है । आशय यह है कि अर्थ विकल्पात्मक ज्ञानको प्रमाण कहा जाता है । अर्थ 'स्व' और 'पर'के भेदसे दो प्रकारका है और ज्ञानके तद्रूप होनेका नाम विकल्प है । यह लक्षण निश्चय दृष्टिसे ठीक नही है क्योकि सत्सामान्य निर्विकल्पक होता है । किन्तु अवलम्बनके विना विषय-रहित ज्ञानका कथन करना शक्य नही है । इसलिए घट, पट आदि ज्ञेयोका अवलम्बन लेकर ज्ञानका कथन किया जाता है । किन्तु वस्तुत ज्ञान जीवका भावात्मक गुण है उसका किसी भी कालमें अभाव नही होता । अर्थात् ऐसा नही है कि घट, पट आदि बाह्य अर्थोके होनेपर घटज्ञान होता है और उनके अभावमें ज्ञान नही होता । जैसे उष्ण गुणके विना अग्निका अस्तित्व नही वैसे ही ज्ञानगुणके विना आत्माका अस्तित्व नही । जो जानता है वही ज्ञान है अत आत्मा ज्ञानस्वरूप ही है ।

---

१. वत्थु सब्भावं आ० । २. मिच्छादिट्ठी आ० । ३. सम्मत्तरूवं खु आ० ।

असद्भूतव्यवहार.—

उवयारा उवयारं सच्चासच्चेसु उहयअत्थेसु ।
सज्जाइइयरमिस्सो उवयरिओ कुणइ ववहारो ॥२४२॥

देसवई देसत्थो[2] अत्थवणिज्जो[3] तहेव जंपंतो ।
मे देसं मे दव्वं सच्चासच्चंपि उहयत्थं ॥२४३॥

पुत्ताइबंधुवग्गं अहं च मम संपयाइ जप्पंतो ।
उवयरियअसब्भूओ सजाइदव्वेसु णायव्वो[4] ॥२४४॥

आहरणहेमरयणं वच्छादीया ममेदि जप्पंतो ।
उवयरियअसब्भूओ विजाइदव्वेसु णायव्वो ॥२४५॥

आगे असद्भूत व्यवहारनयको कहते हैं—

सत्य, असत्य और सत्यासत्य पदार्थोमे तथा स्वजातीय, विजातीय और स्वजातिविजातीय पदार्थोंमे जो एक उपचारके द्वारा दूसरे उपचारका विधान किया जाता है उसे उपचरितासद्भूत व्यवहारनय कहते हैं ॥२४२॥

विशेषार्थ—पहले असद्भूत व्यवहार नयके नव भेद बतलाये है । यहाँ उनके अतिरिक्त तीन भेद बतलाते हैं । असद्भूतका अर्थ ही उपचार है और उसमें भी जब उपचार किया जाता है तो उसे उपचरितासद्भूत व्यवहारनय कहते है ।

आगे इन भेदोको उदाहरण द्वारा स्पष्ट करते है—

देशका स्वामी कहता है कि यह देश मेरा है, या देशमें स्थित व्यक्ति कहता है कि देश मेरा है या व्यापारी- अर्थका व्यापार करते हुए कहता है कि मेरा धन है तो यह सत्य असत्य और सत्यासत्य उपचरितअसद्भूतव्यवहार नय है ॥२४३॥

पुत्र आदि बन्धुवर्गरूप मै हूँ या यह सब सम्पदा मेरी है इस प्रकारका कथन स्वजाति उपचरित असद्भूतव्यवहार नय है ॥२४४॥

विशेषार्थ—'पुत्र आदि बन्धुवर्ग रूप मै हूँ' इसमें 'मै' तो आत्माकी पर्याय और पुत्र आदि परपर्याय हैं । परपर्याय और स्वपर्यायमें सम्बन्ध कल्पनाके आधारपर उन्हें अपने रूप मानना या अपना कहना उपचरितोपचार रूप है तथा दोनो एकजातीय होनेसे उसे स्वजाति-उपचरित-असद्भूतव्यवहार नय कहते हैं ।

आभरण, सोना, रत्न और वस्त्र आदि मेरे है, ऐसा कथन विजातिद्रव्योमे उपचरित असद्भूत व्यवहारनय है ॥२४५॥

विशेषार्थ—वस्त्र रत्न आदि विजातीय है क्योकि जड है । उनमें आत्मबुद्धि या ममत्वबुद्धि करना 'यह मेरे है' यह विजाति उपचरित असद्भूतव्यवहार नय है ।

---

१. 'उपचार पृथग् नयो नास्तीति न पृथक् कृत. । मुख्याभावे सति प्रयोजने निमित्ते चोपचारः प्रवर्तते । सोऽपि सबन्धाविनाभाव', सश्लेश संबन्ध , परिणामपरिणामी संबन्ध', श्रद्धाश्रद्धेयसबन्ध , ज्ञानज्ञेयसंबन्ध', चारित्रचर्याचरबन्धदचेत्यादि. सत्यार्थ असत्यार्थ सत्यासत्यार्थश्चेत्यसद्भूतव्यवहारनयस्यार्थ '—आलापप० । २. देसरोहो अ०, देसरो मुहो क०, देसलुहो आ०, देसरुहो ज० । ३ अद्धवणिज्जो आ०, अट्ठव—ज० । 'देसवई देसत्थो, अत्थवणिज्जो'—नयचक्र (देवसेन) । ४ उवयारास—अ० ज० मु० ।

[1]देसंव रज्जदुग्गं मिस्सं अण्णं च भणइ मम दव्वं ।
उहयत्थे उवयरिओ होइ असब्भूदववहारो ॥२४६॥

द्रव्यमाश्रित्य युक्ति. फलवतीत्याह—

जोवादिदव्वणिवहा जे भणिया विविहभावसंजुत्ता ।
ताण पयासणहेउं पमाणणयलक्खणं भणियं ॥२४७॥

अस्तित्वस्वभावस्य युक्त्या प्रधानत्वं तस्मादेव प्रमाणनयविषयं चाह —

दव्वाणं[2] सहावाणं अत्थित्तं मुणसु परमसब्भावं ।
अत्थिसहावा सव्वे अत्थि[3] वि य सव्वभावगयं ॥२४८॥

जो देशकी तरह राज्य, दुर्ग आदि अन्य मिश्र-सजातिविजाति द्रव्योको अपना कहता है उसका यह कथन सजाति विजाति उपचरित असद्भूतव्यवहार नय है ॥२४६॥

विशेषार्थ—देश, राज्य, दुर्ग आदि जीव और अजीवोके समुदाय रूप है, क्योकि उनमें जड़ और चेतन दोनोका आवास होता है। उनको अपना कहना सजाति विजाति उपचरित असद्भूत व्यवहार नय है। चेतन सजाति है और जड विजाति है। अन्यत्र प्रसिद्ध धर्मका अन्यत्र आरोप करना असद्भूतव्यवहार है। अत असद्भूतव्यवहार स्वयं उपचार रूप है और उपचारका भी उपचार करना उपचरितासद्भूतव्यवहार है। इसके नौ भेद पहले बतला आये है—द्रव्यमें द्रव्यका उपचार, पर्यायमें पर्यायका उपचार आदि। हमारा शरीर पौद्गलिक है उसे व्यवहारसे जीव कहा जाता है। फिर उसका जिन अन्य सचेतन, अचेतन और सचेतनअचेतन वस्तुओके साथ स्वामित्वका, या भोज्य भोजक आदि रूप सम्बन्ध है उस सम्बन्धके आधारपर उन्हें अपना कहना उपचारका भी उपचार है अत ऊपरके दृष्टान्त उपचरित असद्भूतव्यवहार नयके अन्तर्गत जानना चाहिए।

आगे कहते है कि द्रव्यके आश्रयसे युक्ति फलवती होती है—

जो अनेक प्रकारके भावोसे संयुक्त जोवादि द्रव्योका समूह आगममे कहा है, उनके प्रकाशन के लिए प्रमाण और नयका लक्षण कहा है ॥२४७॥

विशेषार्थ—प्रमाण और नयका स्वरूप द्रव्योके और उनके भावोके यथार्थ ज्ञानके लिए कहा गया है। उनके विना वस्तुस्वरूपका ठीक-ठीक ज्ञान होना सम्भव नही है। अतः जो द्रव्योको और उनके विविध भावोको जानना चाहते है उन्हे प्रमाण और नयका स्वरूप जानना चाहिए।

आगे कहते है कि वस्तुके स्वभावोमें अस्तित्व स्वभाव ही प्रधान है और वही प्रमाण और नयका विषय है—

द्रव्योके स्वभावोमें अस्तित्वको ही परम स्वभाव जानना चाहिए। सभी द्रव्य अस्ति स्वभाव है और अस्ति स्वभाव समस्त भावोमें पाया जाता है ॥२४८॥

विशेषार्थ—द्रव्योमें अनेक स्वभाव या धर्म होते है किन्तु उनमेंसे एक अस्तित्व धर्म ही ऐसा है जो सबमें प्रधान है और सब विचारोका मूल है। ऐसा कोई पदार्थ नही जो सत् न हो। अस्तित्व सबमें पाया जाता है। सबसे प्रथम किसी भी वस्तुके अस्तित्वका ही विचार किया जाता है जब उसका अस्तित्व निश्चित

---

१ देसट्ठ अ० क०, देसत्थ मु०। 'उपचरितासद्भूतव्यवहारस्त्रेधा—स्वजात्युपचरितासद्भूतव्यवहारो यथा—पुत्रदारादि मम। विजात्युपचरितासद्भूतव्यवहारो यथा—वस्त्राभरणहेमरत्नादि मम। स्वजातिविजात्युपचरितासद्भूतव्यवहारो यथा—देशराज्यदुर्गादि मम। इत्युपचरितासद्भूतव्यवहारस्त्रेधा।' आलापप०। २. दव्वण्णंपि सहावा ख० ज०। ३. अत्थित्तं स-मु०।

इदि तं पमाणविसयं सत्तारूवं खु जं हवे दव्वं ।
णयविसयं तस्संसं सियभिण्णं तंपि पुव्वुत्तं ॥२४९॥

युक्तियुक्तार्थ एव सम्यक्त्वहेतुर्नान्यद् इत्याह—

सामण्ण अह[2] विसेसे दव्वे णाणं हवेइ अविरोहो[3] ।
सोहेइ[4] तं सम्मत्तं णहु पुण तं तस्स विवरीयं ॥२५०॥

स्वभावानां यथा सम्यग्मिथ्यास्वरूपं सापेक्षता च तथाह—

सियसावेक्खा सम्मा मिच्छारूवा हु तेवि णिरवेक्खा ।
तम्हा सियसद्दादो विसयं दोह्णंपि णायव्वं ॥२५१॥

हो जाता है तब आगेका विचार चलता है । ज्ञान और रूप आदि गुण तो किन्ही द्रव्योमे पाये जाते है और किन्हीमें नही पाये जाते । क्रिया भी केवल जीव और पुद्गल द्रव्यमें ही पायी जाती है किन्तु अस्तित्व तो सभी सत्पदार्थोमें पाया जाता है । अत सब स्वभावोका मूर्धन्य अस्ति स्वभाव ही है । इसीलिए उसे परम स्वभाव कहा है ।

इस प्रकार जो सत्स्वरूप द्रव्य है वह प्रमाणका विषय है और उसका एक अश नयका विषय है । ये प्रमाण और नय परस्परमे कथचिद् भिन्न है यह पहले कहा है ॥२४९॥

विशेषार्थ—सम्पूर्ण वस्तुके ग्राहक ज्ञानको प्रमाण कहते है । और उसके एक अंशके ग्राहक ज्ञानको नय कहते है । यही इन दोनोमें अन्तर है ।

आगे कहते है कि युक्तियुक्त अर्थ ही सम्यक्त्वका कारण है, अन्य नही—

सामान्य अथवा विशेषरूप द्रव्यमें जो विरोध रहित ज्ञान होता है वह सम्यक्त्वका साधक है, जो उससे विपरीत होता है वह नही ॥२५०॥

विशेषार्थ—वस्तु सामान्य विशेषात्मक या द्रव्यपर्यायात्मक है । वही प्रमाणका विषय है । उनमेंसे सामान्याश या द्रव्यांशका ग्राहक द्रव्यार्थिकनय है और विशेष या पर्यायका ग्राहक पर्यायार्थिक नय है । सामान्य और विशेषमें या द्रव्य और पर्यायमें कोई विरोध नही है । अत द्रव्यार्थिकनय द्रव्यकी प्रधानतासे वस्तुको ग्रहण करते हुए भी पर्यायका निषेध नही करता । इसी तरह पर्यायार्थिकनय पर्यायकी प्रधानतासे वस्तुको ग्रहण करते हुए भी द्रव्यका निषेध नही करता । यदि दोनो ऐसा करे तो दोनो मिथ्या कहलायेंगे क्योकि वस्तु न केवल द्रव्यरूप ही है और न केवल पर्यायरूप ही है किन्तु द्रव्यपर्यायात्मक है । अतः सामान्य और विशेषरूप द्रव्यका विरोध रहित ज्ञान ही सम्यक्त्वका कारण होता है । उससे विपरीत ज्ञान सम्यक्त्वका बाधक है ।

स्वभाव जिस प्रकार सम्यक् और मिथ्यारूप होते है उसे तथा उनकी सापेक्षताको कहते है—

'स्यात्' सापेक्ष सम्यक् होते है और 'स्यात्' निरपेक्ष मिथ्या होते है । अतः स्यात् शब्दसे दोनोका विषय जानना चाहिए ॥२५१॥

विशेषार्थ—'स्यात्' शब्दका अर्थ है कथंचित् या किसी अपेक्षासे । जैसे वस्तु कथचित् नित्य है और कथचित् अनित्य है । अर्थात् द्रव्यरूपकी अपेक्षासे नित्य है और पर्यायकी अपेक्षासे अनित्य है । ऐसा कथन तो ठीक है । किन्तु यदि स्यात्की अपेक्षा न करके कहा जाये कि वस्तु नित्य ही है या वस्तु अनित्य ही है तो वह मिथ्या है क्योकि वस्तु न तो सर्वथा नित्य ही है और न सर्वथा अनित्य ही है । इसलिए सापेक्ष रूपमे वस्तु स्वरूपको जानना ही यथार्थ है ।

---

१. सियभणित्तं मु० । २ विसेस क० स० मु० ज० । ३ अविरोहे ज० । ४. सोहइ ज० ।

अवरोप्परसावेक्खं णयविसयं अह पमाणविसयं वा ।
तं सावेक्खं [1]भणियं णिरवेक्खं ताण विवरीयं ॥२५२॥

स्याद्वादलाञ्छनस्य स्वरूपं निरूपयति—

[2]णियमणिसेहणसीलो णिपादणादो य जो हु खलु सिद्धो ।
सो सियसद्दो भणिओ जो सावेक्खं पसाहेदि ॥२५३॥

उक्तं च—

त्रिसंज्ञिकोऽयं [3]स्याच्छब्दो युक्तोऽनेकान्तसाधकः ।
निपातनात्समुद्भूतो विरोधध्वंसको मतः ॥१॥

आगे इसी सापेक्षता और निरपेक्षताको ग्रन्थकार स्पष्ट करते हैं—

नयका विषय हो या प्रमाणका विषय हो जो परस्परमे सापेक्ष होता है उसे सापेक्ष कहा है और जो उसके विपरीत होता है अर्थात् अन्य निरपेक्ष होता है उसे निरपेक्ष कहा है ॥२५२॥

आगे स्याद्वादका स्वरूप कहते हैं—

जो सर्वथा नियमका निषेध करनेवाला है और निपातरूपसे जो सिद्ध है वह 'स्यात्' शब्द कहा गया है, वह वस्तुको सापेक्ष सिद्ध करता है ॥२५३॥

विशेषार्थ—संस्कृत व्याकरणके अनुसार लिङ् लकारमें भी 'स्यात्' यह क्रियारूप पद सिद्ध होता है परन्तु स्याद्वादमें जो 'स्यात्' पद है वह क्रियारूप नही है किन्तु संस्कृतके 'एव' 'च' आदि शब्दोकी तरह निपातरूप अव्यय है। निपातरूप 'स्यात्' शब्दके भी अनेक अर्थ होते है जिनमेसे एक अर्थ संशय भी है। यथा 'स्यात् अस्ति'—शायद है। किन्तु स्याद्वादमें प्रयुक्त स्यात् शब्द संशयवाची भी नही है—उसका अर्थ शायद नही है। वह तो अनेकान्तका द्योतक है अथवा सूचक है। वस्तु सर्वथा सत् है, या सर्वथा असत् है, या सर्वथा नित्य है अथवा सर्वथा अनित्य है इस प्रकारके एकान्तवादोका निराकरण करनेवाला अनेकान्त है। यथा—वस्तु, स्यात् सत् है, स्यात् असत् है, स्यात् नित्य है या स्यात् अनित्य है। इन वाक्योमे प्रयुक्त स्यात् शब्द वस्तुके सत्त्वधर्मके साथ असत्त्व धर्मका और नित्यत्वधर्मके साथ अनित्यत्व धर्मका भी द्योतन करता है। उससे प्रकट होता है कि वस्तु केवल सत् या केवल असत् नही है किन्तु कथंचित् या किसी अपेक्षासे सत् है और किसी अपेक्षासे असत् है। कथंचित् शब्द स्याद्वादका पर्याय है उसका अर्थ हिन्दीमें 'किसी अपेक्षासे' होता है। जैसे केवलज्ञान समस्त द्रव्योको एक साथ ग्रहण कर लेता है उस तरह कोई वाक्य पूर्णवस्तुको एक साथ नही कह सकता। इसीलिए वाक्यके साथ उसके वाच्यार्थका सूचक 'स्यात्' शब्द प्रयुक्त किया जाता है। उसके विना अनेकान्तरूप अर्थका बोध नही हो सकता। यदि वाक्यके साथ 'स्यात्' शब्दका प्रयोग न हो तब भी जानकारोसे वह छिपा नही रहता, क्योकि किसी पद या वाक्यका अर्थ सर्वथा एकान्तरूप नही है। चाहे वह प्रमाणरूप वाक्य हो या नयरूप वाक्य हो। प्रमाण और नयकी तरह वाक्य भी प्रमाणरूप और नयरूप होता है। प्रमाणकी तरह प्रमाण वाक्य सकलादेशी होता है और नयकी तरह नयवाक्य विकलादेशी होता है। इन दोनो प्रकारके वाक्योमें केवल दृष्टिभेदका ही अन्तर है। नयवाक्यमें एक धर्मकी मुख्यता होती है। प्रमाण वाक्यमें एक धर्ममुखेन सभी धर्मोका ग्रहण होनेसे सभीकी मुख्यता रहती है।

आगे ग्रन्थकार अपने कथनके समर्थनमें प्रमाण उद्धृत करते हैं। कहा भी है—यह 'स्यात्' शब्द तीन संज्ञावाला है अर्थात् किंचित्, कथञ्चित्, कथंचन। ये तीन स्याद्वादके पर्याय शब्द है जिनका अर्थ 'किसी अपेक्षासे' होता है अत वह 'स्यात्' शब्द अनेकान्तका साधक है—उसके विना अनेकान्तकी सिद्धि नही

---

१ -वेक्खं तत्तं णि मु० । २ 'वाक्येष्वनेकान्तद्योती गम्यं प्रति विशेषणम् । स्यान्निपातोऽर्थयोगित्वात्तव केवलिनामपि ॥'१०३॥ स्याद्वादः सर्वथैकान्तत्यागात् किंवृत्तचिद्विधि. । सप्तभङ्गानयापेक्षो हेयादेयविशेषक. ॥१०४॥ आप्तमी० । ३. स्याच्छब्दो पूज्योऽने- क० ख० ज० ।

केवलज्ञानसम्मिश्रो दिव्यध्वनिसमुद्भवः ।
अत एव हि स ज्ञेये सर्वज्ञैः परिभाषितः ॥२॥
सिद्धमन्त्रो यथा लोके एकोऽनेकार्थदायकः ।
स्याच्छब्दोऽपि तथा ज्ञेय एकोऽनेकार्थसाधकः ॥३॥

सापेक्षा निरपेक्षाश्च सङ्गा यथा तथाचष्टे—

सत्तोव हुंति भंगा पमाणणयदुणयभेदजुत्तावि ।
सियसावेक्खपमाणा णएण णय दुणय णिरवेक्खा ॥२५४॥
[3]अत्थित्ति णत्थि दोवि य अव्वत्तव्वं सिएण संजुत्तं ।
अव्वत्तव्वा ते तह पमाणभंगी सुणायव्वा ॥२५५॥

सप्तमनयभङ्गीमाह—

[4]अत्थिसहावं दव्वं सद्दव्वादीसु गाहियणएण ।
तं पिय णत्थिसहावं परदव्वादीहि गहिएण ॥२५६॥
उहयं उहयणएण अव्वत्तव्वं च [5]णाण समुदाए ।
ते तिय अव्वत्तव्वा णियणियणयअत्थसंजोए ॥२५७॥

हो सकती । निपातसे इस स्यात् शब्दकी निष्पत्ति हुई है । यह विरोधका नाश करनेवाला है अर्थात् एक ही वस्तुको सर्वथा नित्य और सर्वथा अनित्य मानने में तो विरोध पैदा होता है क्योकि जो सर्वथा नित्य है, वह अनित्य किस प्रकार हो सकती है और जो सर्वथा अनित्य है वह नित्य किस प्रकार हो सकती है । किन्तु एक ही वस्तुको स्यात् नित्य और स्यात् अनित्य कहनेमें कोई विरोध नही आता । जो किसी अपेक्षासे नित्य है वही अन्य अपेक्षासे अनित्य भी हो सकती है अत स्याद्वाद विरोधका नाशक है । भगवान् केवलीकी दिव्य-ध्वनिसे इसका जन्म हुआ है अर्थात् केवलज्ञानीने स्याद्वादका आविष्कार किया है क्योकि जैसे केवलज्ञान सब द्रव्योको एक साथ ग्रहण कर सकता है उस प्रकार केवलज्ञानीकी वाणी भी सबको एक साथ नही कह सकती क्योकि वचनकी प्रवृत्ति तो क्रमसे ही होती है । इसलिए केवलज्ञानके द्वारा ज्ञात अनेकान्तका सूचक या द्योतक शब्द प्रत्येक वाक्यके साथ सम्बद्ध रहता है ऐसा सर्वज्ञ केवलज्ञानीने कहा है । जैसे सिद्ध किया गया एक मन्त्र अनेक अभीष्ट फलोको प्रदान करता है वैसे ही एक 'स्यात्' शब्दको भी अनेक अर्थका—अनेक धर्मात्मक पदार्थका साधक जानना चाहिए ।

आगे सापेक्ष और निरपेक्ष सात भगोका कथन जिस प्रकार होता है उसे कहते है—

प्रमाण, नय और दुर्नयके भेदसे युक्त सात ही भग होते है । स्यात् सापेक्ष भंगोंको प्रमाण कहते हैं, नयसे युक्त भंगोको नय कहते है और निरपेक्ष भंगोको दुर्नय कहते हैं ॥२५४॥

प्रमाणसप्तभंगी और नयसप्तभंगीको कहते है—

स्यात् अस्ति, स्यात् नास्ति, स्यात् अस्तिनास्ति, स्यात् अवक्तव्य, स्यादस्ति अवक्तव्य, स्यात् नास्ति अवक्तव्य और स्यात् अस्ति नास्ति अवक्तव्य ये प्रमाणसप्तभगी जानना चाहिए । स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल और स्वभावसे द्रव्य अस्तिस्वरूप है और परद्रव्य, परक्षेत्र, परकाल और परभावसे नास्तिस्वरूप है । स्वद्रव्यादिचतुष्टय परद्रव्यादिचतुष्टयसे अस्ति नास्ति स्वरूप है । दोनों धर्मोको एक साथ करनेकी अपेक्षा अवक्तव्य है । इसी प्रकार अपने-अपने नयके साथ अर्थकी योजना करनेपर अस्ति अवक्तव्य, नास्तिअवक्तव्य और अस्तिनास्ति अवक्तव्य है ॥२५५-२५७॥

१-२. एकानेका—अ० आ० क० ख० । ज० प्रतौ श्लोकोऽयं नास्ति । ३ 'सिय अत्थि णत्थि उभयं अव्वत्तव्वं पुणो य तत्तिदयं । दव्वं खु सत्तभंगं आदेसवसेण संभवदि ॥१४॥' पञ्चास्ति० । ४ 'अत्थि त्ति य णत्थि त्ति य हवदि अवत्तव्वमिदि पुणो दव्वं । पज्जायेण दु केण वि तदुभयमादिट्ठमण्णं वा ॥२३॥'—प्रवचनसार । ५ तेण ज० ।

विशेषार्थ—चूँकि शब्द एक समयमें वस्तुके अनेक धर्मोंका बोध नहीं करा सकता इसलिए वक्ता किसी एक धर्मका अवलम्बन लेकर ही वचनव्यवहार करता है। यदि वक्ता एक धर्मके द्वारा पूर्णवस्तुका बोध कराना चाहता है तो उसका वाक्य प्रमाणवाक्य कहा जाता है और यदि एक ही धर्मका बोध कराना चाहता है, शेष धर्मोंके प्रति उदासीन है तो उसका वाक्य नयवाक्य कहा जाता है। अतः जैसे प्रमाण और नयकी व्यवस्था सापेक्ष है वैसे ही प्रमाणवाक्य और नयवाक्यकी विवक्षा भी सापेक्ष है। प्रमाण वाक्यमें वस्तुगत सब धर्मोंकी मुख्यता रहती है और नयवाक्यमें जिस धर्मका उल्लेख किया जाता है वही धर्म मुख्य होता है शेष धर्म गौण होते हैं। स्वामी विद्यानन्दने युक्त्यनुशासनकी टीका (पृ० १०५) में लिखा है कि स्यात्कार (स्यात् पद) के बिना अनेकान्तकी सिद्धि नही हो सकती और एवकार (ही) के बिना यथार्थ एकान्तका अवधारण नही हो सकता। 'स्यादस्ति जीव' 'जीव किसी अपेक्षासे है' इस वाक्यमें सब धर्मोंकी प्रधानता होनेसे यह प्रमाण वाक्य है। और स्वद्रव्यादिकी अपेक्षा जीव अस्ति स्वरूप है और परद्रव्यादिकी अपेक्षा नास्तिस्वरूप है यह नयवाक्य है क्योकि इसमें एक ही धर्मपर जोर दिया गया है। नयचक्रके कर्ताने स्यात् पद सहित वाक्यको प्रमाण वाक्य कहा है और स्यात् पदके साथ एवकार (ही) सहित वाक्यको नयवाक्य कहा है। यही बात आचार्य जयसेनने पचास्तिकाय और प्रवचनसारकी अपनी टीकामें कही है। पंचास्तिकायकी टीकामें उन्होने लिखा है—'स्यादस्ति' यह वाक्य सम्पूर्ण वस्तुका बोध कराता है अत प्रमाण वाक्य है और 'स्यादस्त्येव द्रव्यम्' यह वाक्य वस्तुके एक धर्मका ग्राहक होनेसे 'नयवाक्य है।' प्रवचनसार की टीकामें उन्होने लिखा है—पंचास्तिकायमें 'स्यादस्ति' इत्यादि वाक्यसे प्रमाण सप्तभंगीका कथन किया है और यहाँ स्यादस्त्येव वाक्यमें जो एवकार ग्रहण किया है वह नय सप्तभगीको बतलानेके लिए है। इस तरह प्रमाण और नयके भेदसे सप्तभंगीके भी दो भेद हो जाते है—प्रमाण सप्तभंगी और नय सप्तभंगी। प्रश्नवश एक वस्तुमें विरोध रहित विधि-निषेधकी अवतारणाको सप्तभगी कहते है। चूँकि वे वाक्य सात ही होते है इसलिए उन्हें सप्तभंगी कहते है। शायद कोई कहे कि वस्तुमे विधि (है) की कल्पना ही सत्य है इसलिए केवल विधिवाक्य (है) ही ठीक है किन्तु ऐसी मान्यता उचित नही है निषेधकल्पना (नास्ति) भी यथार्थ है। यदि कोई कहे कि निषेध कल्पना ही यथार्थ है तो वह भी ठीक नही है क्योकि वस्तु केवल अभावरूप ही नहीं है। यदि कोई कहे कि वस्तुके अस्तित्वधर्मका कथन करनेके लिए विधिवाक्य और नास्तित्वधर्मका कथन करने के लिए निषेववाक्य ये दो ही वाक्य है तो ऐसा कहना भी ठीक नही है। पहले विधिवाक्य और दूसरे निषेधवाक्यमें एक-एक धर्मकी ही प्रधानता है किन्तु तीसरे वाक्य (स्यादस्ति नास्ति) में दोनो ही धर्म प्रधान है। उसका कथन केवल विधिवाक्य या केवल निषेधवाक्यसे नही किया जा सकता। यदि कोई कहे कि तीन ही वाक्य पर्याप्त है तो यह भी ठीक नही है क्योकि एक साथ दोनो धर्मोंको प्रधान रूपसे कथन करनेकी विवक्षामें चतुर्थ 'स्यादवक्तव्य' वाक्य भी आवश्यक है। शायद कोई कहे कि चार ही वाक्य पर्याप्त है तो ऐसा भी कहना ठीक नही है क्योकि विधि-निषेध और विधि-निषेधके साथ अवक्तव्यको विषय करनेवाले तीन अन्य वाक्य भी आवश्यक हैं, इस प्रकार विधिकल्पना (१), निषेधकल्पना (२), क्रमसे विधिनिषेध कल्पना (३), एक साथ विधिनिषेधकल्पना (४), विधिकल्पना सहित एक साथ विधिनिषेधकल्पना (५), निषेध-कल्पना सहित एक साथ विधिनिषेधकल्पना (६) और क्रमसे तथा एक साथ विधिनिषेध कल्पना (७), ये सात भंग होते है। किन्तु प्रत्यक्षादिसे विरुद्ध विधिनिषेध कल्पनाका नाम सप्तभंगी नही है, प्रत्यक्षादिसे विरोधरहित विधिनिषेध कल्पनाका नाम सप्तभंगी है। इसके साथ ही अनेक वस्तुओमें पाये जाने वाले धर्मोंको लेकर सप्तभंगी प्रवर्तित नही होती, किन्तु एक ही वस्तुके धर्मको लेकर सप्तभंगी प्रवर्तित होती है। एक वस्तुमें पाये जानेवाले अनन्तधर्मोंको लेकर एक ही वस्तुमें अनन्त सप्तभंगियाँ भी हो सकती हैं। चूँकि प्रश्नके प्रकार सात ही होते है इसलिए भंग भी सात ही होते हैं। इसीलिए सप्तभंगीके लक्षणमें 'प्रश्नवश' यह पद रखा गया है। सात प्रकारके प्रश्नोका कारण है जिज्ञासाके सात प्रकारोका होना, और जिज्ञासाके सात प्रकारोंके होनेका कारण है संशयके प्रकारोका सात होना। और सात प्रकारके संशय का कारण है संशयविषयक वस्तुधर्मके सात ही

अत्थेव णत्थि उहयं अव्वत्तव्वं तहेव पुण तिदयं ।
तह[1] सिय णयणिरवेक्खं जाणसु[2] दव्वे दुणयभंगी ॥२५८॥

सप्तभङ्गीविवरणायां ज्ञेयं भङ्गरचनोपायं धर्मधर्मिणोः कथंचिदेकत्वानेकत्वं चाह--

एकणिरुद्धे इयरो पडिवक्खो अवरेय[3] सब्भावो ।
सव्वेसिं स सहावे कायव्वा होइ तह भंगा[4] ॥२५९॥

प्रकार होना । आगे उसीको स्पष्ट करते हैं—अस्तित्व या सत्त्व वस्तुका धर्म है उसके अभावमें वस्तुका ही अभाव हो जायेगा । इसी तरह कथंचित् असत्त्व भी वस्तुका धर्म है क्योंकि स्वरूप आदि की तरह यदि पर-रूप आदिसे भी वस्तुको असत् नही माना जायेगा तो वस्तुका कोई निश्चित स्वरूप नही बन सकेगा और ऐसी स्थितिमें 'यह घट ही है पट नही है' ऐसा नही कहा जा सकेगा । इसी तरह क्रमसे विवक्षित अस्ति नास्ति आदिको भी वस्तुका धर्म समझना चाहिए । जो अस्ति है वह अपने द्रव्य, क्षेत्र, काल भावसे है, अन्य द्रव्यादिसे नही । जैसे घडा पार्थिव रूपसे, इस क्षेत्रसे, इस कालकी दृष्टिसे तथा अपनी वर्तमान पर्यायोसे है, अन्यसे नही । अत. घडा स्यादस्ति और स्यान्नास्ति है । इस तरह स्वसत्ताका सद्भाव और पर सत्ताके अभाव-के अधीन वस्तुका स्वरूप होनेसे वह उभयात्मक है । भावरूपता और अभावरूपता दोनो परस्पर सापेक्ष हैं । अभाव अपने सद्भाव तथा भावके अभावकी अपेक्षा सिद्ध होता है तथा भाव अपने सद्भाव तथा अभावके अभावकी अपेक्षासे सिद्ध होता है । यदि अभावको एकान्तरूपसे अस्ति स्वीकार किया जाय तो जैसे वह अभाव रूपसे अस्ति है उसी तरह भावरूपसे भी अस्ति हो जानेसे भाव और अभावके स्वरूप मे सांकर्य हो जायेगा । इसी तरह यदि अभावको सर्वथा नास्ति माना जाये तो जैसे वह भावरूपसे नास्ति है उसी तरह अभाव रूपसे भी नास्ति होनेसे अभावका सर्वथा लोप हो जायेगा । अत. घटादि स्यादस्ति और स्यान्नास्ति है । यहाँ घटमें जो पटादिका नास्तित्व है, वह भी घटका ही धर्म है, उसका व्यवहार पटकी अपेक्षासे होता है । जब दो गुणोके द्वारा एक अखण्ड पदार्थकी एक साथ विवक्षा होती है तो चौथा अवक्तव्य भंग होता है । जैसे प्रथम और दूसरे भंगमें एक कालमें एक शब्दसे एक गुणके द्वारा समस्त वस्तुका कथन हो जाता है उस तरह जब दो प्रतियोगी गुणोके द्वारा अवधारण रूपसे एक साथ एक कालमें एक शब्दसे वस्तुको कहनेकी इच्छा होती है तो वस्तु अवक्तव्य होती है क्योकि वैसा शब्द और अर्थ नही है । इस चतुर्थ भंगके साथ पहले के तीन भंगोकी संयोजनासे पाँचवाँ, छठा और सातवाँ भंग निष्पन्न होता है ।

आगे दुर्नयभगी बतलाते है—

स्यात् पद तथा नयनिरपेक्ष वस्तु अस्ति ही है, नास्ति ही है, उभयरूप ही है, अवक्तव्य ही है, अस्ति अवक्तव्य ही है, नास्ति अवक्तव्य ही है, अस्तिनास्ति अवक्तव्य ही है यह दुर्नयभंगी जानना चाहिए ॥२५८॥

विशेषार्थ—स्यात् पदके साथ प्रमाण सप्तभंगी और नयके साथ नय सप्तभंगी होती है । दोनो ही भंगियोमें प्रतिपक्षी धर्मोका निराकरण नही होता । किन्तु जिस सप्तभंगीमें न तो स्यात् पद हो और न नय-दृष्टि हो, और इस तरह वस्तुको सर्वथा सत् या सर्वथा असत् या सर्वथा अवक्तव्य आदि रूप कहा जाता हो वह दुर्नय सप्तभंगी है । अनेकान्तके ज्ञानको प्रमाण वस्तुके एक धर्मके जाननेको नय और अन्य धर्मोके निराकरण करनेवाले ज्ञानको दुर्नय कहते है, अत दुर्नयकी तरह दुर्नयभंगी भी त्याज्य है ।

आगे सप्तभगीके विवरणमें भंग रचनाका उपाय और धर्म तथा धर्मीके कथंचित् एकत्व और अनेकत्व को कहते हैं—

वस्तुके किसी एक धर्मको ग्रहण करने पर दूसरा उसका प्रतिपक्षी धर्म होता है वे दोनों ही धर्म वस्तुके स्वभाव हैं । सभी वस्तुओके स्वभावमे सप्तभगीकी योजना करना चाहिए ॥२५९॥

---

१ सिय तह क० ग० ज० । २. जाण सुदव्वेसु अ० क० ख० । ३. अणिवरे क० ख० । अणवरेई ख० मु० ग० । ४ भगो ग० मु० ।

धम्मी धम्मसहावो धम्मा पुण एक्कएक्कतेण्णिट्ठा ।
अवरोप्परं [२]विभिण्णा [३]णयदो गउणमुक्खभावेण ॥२६०॥

सापेक्षतासाधकसम्बन्धं युक्तिस्वरूप चाह—

[४]सियजुत्तो णयणिवहो दव्वसहावं भणेइ इह तत्थं ।
सुणयपमाणा जुत्ती णहु जुत्तिविवज्जियं तच्चं ॥२६१॥

विशेषार्थ—जैसे अस्तिधर्मका प्रतिपक्षी नास्ति है, एकका प्रतिपक्षी अनेक है । ये दोनो ही अर्थात् अस्ति और नास्ति या एक और अनेकत्व वस्तुधर्म हैं । इन दोनो धर्मोको लेकर ही सप्तभंगी की योजना की जाती है । दोनो धर्मोमेंसे एक-एकके अवलम्बनसे पहला और दूसरा भग बनता है । दोनो धर्मोको क्रमसे एक साथ लेने पर तीसरा भंग बनता है । दोनो धर्मोको युगपत् एक साथ लेनेपर चौथा अवक्तव्य भंग बनता है । इस चौथेके साथ क्रमसे पहले, दूसरे और तीसरे भंगको मिलानेसे पाँचवाँ, छठा और सातवाँ भंग बनता है । इस तरह भंगरचना जानना चाहिए ।

धर्मी (वस्तु) धर्मस्वभाव होता है और धर्म एक-एक करके वस्तुमे रहते है । वे नयदृष्टिसे गौणता और मुख्यतासे परस्परमें भिन्न होते हैं ॥२६०॥

विशेषार्थ—धर्मी जीवादि वस्तुमें अनन्तधर्म रहते है अत. प्रत्येक वस्तु अनन्तधर्मवाली होती है । किन्तु वे धर्म धर्मीसे न तो सर्वथा भिन्न ही होते है और न सर्वथा अभिन्न ही होते है बल्कि कथंचिद् भिन्न और कथंचित् अभिन्न होते है । उन धर्मोमेंसे किसी एक धर्मके प्रधान होने पर 'स्यात्' शब्दसे सूचित अन्यधर्म गौण हो जाते है । इस तरह गौणता और मुख्यतासे वस्तुके धर्मोकी विवक्षा होती है या विवक्षासे धर्मोको गौणता और मुख्यता प्राप्त होती है, धर्म भी परस्परमे सर्वथा भिन्न नही होते । नय-दृष्टिसे ही उनमें भेदकी प्रतीति होती है ।

आगे सापेक्षता साधक सम्बन्ध तथा युक्तिके स्वरूपको कहते है—

'स्यात्' पदसे युक्त नयसमूह द्रव्यके यथार्थ स्वभावको कहता है । सम्यक् नय और प्रमाणको युक्ति कहते हैं । जो युक्तिसे शून्य है वह तत्त्व नही है ॥२६१॥

विशेषार्थ—आचार्य समन्तभद्रने अपने आप्तमीमासा (का० १०७) में कहा है कि त्रिकालवर्ती नयो और उपनयोके विषयभूतधर्मोका ऐसा समूह जिनमे परस्परमें तादात्म्य सम्बन्ध हो, उसे वस्तु कहते है । अर्थात् वस्तु अनन्त धर्मात्मक है और एक-एक नय वस्तुके एक-एक धर्मको ग्रहण करता है । अत. सब नयोका समूह ही वस्तु है । यदि एक नयके विषयभूत धर्मको ही पूर्णवस्तु माना जाये तो वह मिथ्या है अर्थात् प्रत्येक नयका विषय यदि वह अन्य निरपेक्ष हो तो मिथ्या है । इसीसे 'स्यात्' पदसे युक्त नयसमूहको यथार्थ द्रव्य कहा है, क्योकि 'स्यात्' पद अनेक धर्मोका सूचक या द्योतक है । स्यात् सापेक्ष नय ही सम्यक् नय है और स्यात् पदसे शून्य नय मिथ्या नय है । नय और प्रमाणके द्वारा गृहीत वस्तु ही यथार्थ होती है वही सबसे यथार्थ युक्ति है । 'युक्ति' शब्दसे उन्हीका ग्रहण किया गया है । अत. युक्तिपूर्वक वस्तुको स्वीकार करना चाहिए अर्थात् प्रमाण और नयके द्वारा गृहीत वस्तु ही यथार्थ है और उसे ही सम्यक् मानकर स्वीकार करना चाहिए । जो नय और प्रमाण रूप युक्तिसे शून्य है वह अवस्तु है ।

---

१. णिद्दिट्ठा अ०क० । २. -पि भिण्णा आ० । ३. णायव्वा मु० । णयदो य ज० । 'धर्मे धर्मेऽन्य एवार्थो धर्मिणोऽनन्तधर्मिण । अङ्गित्वेऽन्यतमान्तस्य शेषान्ताना तदङ्गता ॥२२॥' -आप्तमी० । ४ 'नयोपनयैकान्ताना त्रिकालानां समुच्चयः । अविभ्राड्भावसंबन्धो द्रव्यमेकमनेकधा ॥१०७॥ —आप्तमी० ।

तत्त्वस्य हेयोपादेयत्वमाह—

तच्चं पि हेयमियरं हेयं [1]खलु होइ ताणं[2] परदव्वं ।
णियं[3]दव्वे पिय जाणसु हेयं[4]हेयं च णयजोए ॥२६२॥
मिच्छा सरागभूदो हेयो आदा हवेइ णियमेण ।
तव्विवरीयो ज्ञेओ णायव्वो सिद्धिकामेण ॥२६३॥

व्यवहारनिश्चययोः सामान्यलक्षणमाह—

जो सियभेदुवयारं धम्माणं कुणइ एगवत्थुस्स ।
सो ववहारो भणियो विवरीओ णिच्छयो होइ ॥२६४॥

आगे तत्त्वमें हेय और उपादेयका विचार करते हैं—

तत्त्व भी हेय और उपादेय होता है। पर द्रव्यरूप तत्त्व हेय है। निज द्रव्यमें भी नयके योगसे हेय और उपादेय जानना चाहिए ॥२६२॥ मिथ्या दृष्टि और सरागी आत्मा नियमसे हेय है और सम्यक्त्वी वीतरागी आत्मा मुमुक्षुके द्वारा ध्यान करनेके योग्य जानना चाहिए ॥२६३॥

विशेषार्थ—जो ग्रहण करने योग्य होता है उसे उपादेय कहते हैं और जो त्यागने योग्य होता है उसे हेय कहते हैं। छह द्रव्य, पाँच अस्तिकाय, सात तत्त्व और नौ पदार्थ जिन शासनमें कहे हैं। इनमेंसे जो पर द्रव्य हैं वे सब हेय हैं और एकमात्र आत्मा ही उपादेय है। किन्तु आत्माके भी तीन प्रकार हैं—बहिरात्मा, अन्तरात्मा और परमात्मा। बाह्यद्रव्य शरीर, पुत्र, स्त्री वगैरहमें ही जिनकी आत्मबुद्धि है ऐसे मिथ्यादृष्टि जीवको बहिरात्मा कहते हैं। तथा जो जीव और शरीरके भेदको जानकर शरीरसे भिन्न आत्मामें ही आत्मबुद्धि रखते हैं उन सम्यग्दृष्टि जीवोंको अन्तरात्मा कहते हैं। अन्तरात्माके तीन प्रकार हैं जघन्य, मध्यम और उत्कृष्ट। अविरत सम्यग्दृष्टि जघन्य अन्तरात्मा है, व्रती श्रावक और प्रमत्तविरत मुनि मध्यम अन्तरात्मा हैं, तथा प्रमादजयी महाव्रती मुनि उत्कृष्ट अन्तरात्मा हैं। और अरहंत तथा सिद्ध परमात्मा हैं। आत्माके इन तीन प्रकारोंमें भी मिथ्यादृष्टि तथा सरागी आत्मा हेय हैं और वीतरागी आत्मा ही उपादेय है। अर्थात् शुद्धात्मा ही उपादेय है और अशुद्धात्मा हेय है। अत जो शुद्धात्माको ही उपादेय मानकर उसीका ध्यान करता है वही शुद्ध दशाको प्राप्त होता है। यहाँ यह नही भूलना चाहिए कि शुभ और अशुभ दोनो अशुद्धदशामें ही गर्भित है। अत' मिथ्यात्वीकी तरह सरागी आत्मा भी हेय है। इस कथनके द्वारा ग्रन्थकारने परद्रव्यको हेय और आत्मद्रव्यको उपादेय बतलाकर भी आत्माकी वीतराग दशाको ही उपादेय बतलाया है, सराग दशाको नही। अतः वीतराग अवस्था ही ध्येय है उसीका सदा मुमुक्षुको ध्यान करना चाहिए।

आगे निश्चयनय और व्यवहारनयका सामान्य लक्षण कहते हैं—

जो एक वस्तुके धर्मोंमें कथंचित् भेदका उपचार करता है उसे व्यवहारनय कहते हैं और उससे विपरीत निश्चयनय होता है ॥२६४॥

विशेषार्थ—जैसे आगममें वस्तुस्वरूपको जाननेके लिए द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिकनय हैं वैसे ही अध्यात्ममें आत्माको जाननेके लिए निश्चय और व्यवहारनय हैं। धर्मी वस्तु और उसके धर्म भिन्न-भिन्न नही

---

१. खलु भणियताण ज० अ० मु० क० ख०। २ तेषां मध्ये। ३. णियदव्वं ज० अ० क० ख० मु०। ४ हेयादेयं ज० मु०। ५. 'धर्मधर्मिणा स्वभावतोऽभेदेऽपि व्यपदेशतो भेदमुत्पाद्य व्यवहारमात्रेणैव ज्ञानिनो दर्शनं ज्ञानं चारित्रमित्युपदेश।'—समयसारटीका अमृतचन्द्र गा० ७। 'शुद्धद्रव्यनिरूपणात्मको निश्चयनय। ... अशुद्धद्रव्यनिरूपणात्मको व्यवहारनय। प्रवचनसारटीका अमृतचन्द्र गा० २।९७। 'गुणगुणिनोरभेदेऽपि भेदोपचार इति सद्भूतव्यवहारलक्षणम्। द्रव्यसं० टी० गा० ३। 'निश्चयनयोऽभेदविषय. व्यवहारो भेदविषय'—आलापप०।

विषयिणः प्रधानत्वेन विषयस्याधेयत्वमाह—

एक्को वि ज्ञेयरूवो इयरो ववहारदो य तह भणिओ ।
णिच्छयणएण सुद्धो[1] सम्मगुंतिदयेण णिय अप्पा ॥२६५॥

है । वस्तु तो अनेक धर्मोंका एक अखण्ड पिण्ड है । जो नय उनमे भेदका उपचार करता है वह व्यवहारनय है और जो ऐसा न करके वस्तुको उसके स्वाभाविक रूपमें ग्रहण करता है वह निश्चय नय है । आत्मा अनन्तधर्मरूप एक अखण्डधर्मी है परन्तु व्यवहारी जन अभेद रूप वस्तुमें भी भेदका व्यवहार करके ऐसा कहते है कि आत्माके दर्शन ज्ञान चारित्र हैं । निश्चयसे देखा जाये तो आत्मद्रव्य अनन्त धर्मोको इस तरह पिये हुए बैठा है कि उसमे भेद नही है । किन्तु भेदका अवलम्बन किये बिना व्यवहारी जीवको आत्माके स्वरूपकी प्रतीति नही करायी जा सकती । अत. जहाँतक वस्तु स्वरूपको जाननेकी बात है वहाँतक ही व्यवहारनयकी उपयोगिता है किन्तु जबतक व्यवहारका अवलम्बन है तबतक आत्माके यथार्थ स्वरूपकी प्राप्ति सम्भव नही है क्योकि व्यवहारनय भेददृष्टि प्रधान है और भेददृष्टिमें निर्विकल्प दशा नही होती । तथा सरागीके जबतक रागादि दूर नही होते तबतक निर्विकल्प दशा प्राप्त नही होती । इसलिए अभेदरूप निर्विकल्प दशामें पहुँचनेके लिए निश्चय नयकी उपयोगिता है । वीतराग होनेके पश्चात् तो नयका अवलम्बन ही छूट जाता है । इसके अतिरिक्त भी निश्चय और व्यवहारका एक लक्षण है । जो शुद्धद्रव्यका निरूपण करता है वह निश्चयनय है और जो अशुद्धद्रव्यका निरूपण करता है वह व्यवहारनय है । इसीसे निश्चयनयको शुद्धनय और व्यवहारनयको अशुद्धनय भी कहते है । अशुद्धनयके अवलम्बनसे अशुद्ध आत्माकी प्राप्ति होती है और शुद्धनयका अवलम्बन करनेसे शुद्धआत्माकी प्राप्ति होती है ।

विषयीकी प्रधानतासे विषयको ध्येयपना बतलाते है—

एक भी ध्येयरूप व्यवहारनयसे भेदरूप कहा गया है । निश्चयनयसे शुद्ध आत्मा ध्येयरूप है और व्यवहारनयसे सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रसे युक्त निज आत्मा ध्येय है ॥२६५॥

विशेषार्थ—ऊपर कहा है कि जो एक वस्तुके धर्मोमें कथंचित् भेदका उपचार करता है वह व्यवहार-नय है और जो ऐसा नही करता वह निश्चयनय है । अतः निश्चयनयकी दृष्टिसे तो शुद्ध-भेदोपचार रहित अखण्ड एक आत्मा ही ध्यान करनेके योग्य है । किन्तु व्यवहारनयसे सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र गुणोसे युक्त आत्मा ध्येय है—ध्यान करनेके योग्य है । आगममें ध्यानके चार भेद कहे है—आर्तध्यान, रौद्रध्यान, धर्मध्यान और शुक्लध्यान । इष्टवियोग, अनिष्टसंयोग, रोग और भोगका ही सतत चिन्तन करते रहनेको आर्त-ध्यान कहते है । यह आर्तध्यान मिथ्यादृष्टिसे लेकर छठे गुणस्थान पर्यन्त जीवोके होता है । मिथ्यादृष्टिका आर्तध्यान तिर्यंचगतिका कारण है किन्तु जिस सम्यग्दृष्टिने सम्यग्दर्शन उत्पन्न होनेसे पहले तिर्यंचगतिकी आयु बाँधी है उसे छोड़कर अन्य सम्यग्दृष्टियोके कदाचित् होनेवाला आर्तध्यान तिर्यंचगतिका कारण नही होता क्योकि वह अपनी शुद्धआत्माको ही उपादेय मानता है इसलिए उसके उस जातिका सक्लेश नही होता । हिंसामे, झूठ बोलनेमें, चोरी करनेमें और परिग्रहके संचयमे आनन्द मानना रौद्रध्यान है यह भी मिथ्यादृष्टिसे लेकर पाँचवे गुणस्थान तकके जीवोके होता है । मिथ्यादृष्टिका रौद्रध्यान नरकगतिका कारण है । किन्तु बद्धा-युष्क सम्यग्दृष्टिको छोडकर अन्य सम्यग्दृष्टियोका रौद्रध्यान उक्त कारणसे नरकगतिका कारण नही है । ये दोनो ध्यान ससारके कारण होनेसे छोडने योग्य है । धर्मध्यान असंयत सम्यग्दृष्टिसे लेकर सातवे गुणस्थान तकके जीवोके होता है । यद्यपि यह ध्यान मुख्यरूपसे पुण्यबन्धका कारण है तथापि परम्परासे मुक्तिका कारण होता है । सहज शुद्ध परम चैतन्यशाली तथा परिपूर्ण आनन्दस्वरूप अपने आत्मामें उपादेय बुद्धिको करके मैं अनन्त ज्ञानस्वरूप हूँ, अनन्त सुखस्वरूप हूँ इस प्रकारकी भावनाको आभ्यन्तर धर्मध्यान कहते है । और

---

१. सिद्धो अ० आ० ख० मु० ज० । २. सम्मगुणति—अ० क० ।

तिण्णि णया भूदत्था इयरा ववहारदो य तह भणिया ।
दो चेव सुद्धरूवा एक्को गाही य परमभावेण ॥२६६॥
जं जस्स भणिय भावं तं तस्स पहाणदो य तं दव्वं ।
तह्मा ज्ञेयं भणियं [1]णिच्छयणय णिच्छिओ अत्थो ॥२६७॥

युक्तिसंवित्त्यो. कालमाह—

तच्चाणेसणकाले समयं बुज्झेहि[2] जुत्तिमग्गेण ।
णो आराहणसमये पच्चक्खो अणुहवो जह्मा ॥२६८॥

पंचपरमेष्ठीमे भक्ति आदिको तथा उसके अनुकूल शुभ अनुष्ठानको बाह्य धर्मध्यान कहते है । तथा अपनी शुद्ध आत्मामे निर्विकल्प समाधिको शुक्लध्यान कहते है । इस प्रकार ध्यानका स्वरूप जानना चाहिए ।

तीन नय भूतार्थ हैं, शेष नय व्यवहारसे कहे गये है । उन तीन नयोंमेंसे दो नय (शुद्धग्राही होनेसे) शुद्धरूप हैं और एक नय परमभावका ग्राही होनेसे भूतार्थ है ॥२६६॥

विशेषार्थ—पूर्वमे द्रव्यार्थिकनयके दस भेद कहे है । उनमेसे पहला भेद कर्मोपाधि निरपेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय है और दूसरा भेद है सत्ताग्राहक शुद्ध द्रव्यार्थिकनय । ये दोनों नय शुद्ध द्रव्यके ग्राही होनेसे शुद्ध रूप है । क्योकि पहला भेद जीवके सिद्धस्वरूप शुद्धरूपको ग्रहण करता है और दूसरा भेद उत्पादव्ययको गौण करके सन्मात्रका ग्राहक है । इनके सिवाय एक भेद परमभावग्राही द्रव्यार्थिक नय है । यह नय शुद्ध और अशुद्ध उपचारसे रहित द्रव्यके स्वभावका ग्राहक है । मुमुक्षुको इसे ही जाननेका उपदेश ग्रन्थकारने गाथा १९८ के द्वारा दिया है । अत ये तीनो नय भूतार्थ है । शेष नयोका कथन व्यवहारमूलक है अत. उन्हें भूतार्थ नही कहा । व्यवहारनय या तो अभेदरूप वस्तुका भेदमूलक कथन करता है या पराश्रित कथन करता है । अभेदरूप अखण्ड वस्तुमें भेद व्यवहार वास्तविक नही है इसी तरह पराश्रितपना भी वस्तुका स्थायी शाश्वत स्वरूप नही है । अत उन्हें अभूतार्थ कहा जाता है । भूतार्थ तो एकमात्र शाश्वत स्वाभाविक रूप है वही ज्ञातव्य है वही ध्येय है । यही बात आगे कहते है ।

जिस वस्तुका जो स्वभाव कहा है उसका प्रधानरूपसे वही द्रव्यरूप होता है इसलिए निश्चयनयके द्वारा निश्चित अर्थको ही ध्येय—ध्यान करनेके योग्य कहा है ॥२६७॥

विशेषार्थ—निश्चयनय आत्माके यथार्थ स्वाभाविक रूपको ही ग्रहण करता है । उसका वह स्वाभाविक रूप ही उपादेय होता है । उसीको प्राप्तिके लिए संसारी जीव प्रयत्न करता है । अत वही स्वरूप ध्यान करनेके योग्य है । जो व्यक्ति जैसा होना चाहता है वैसा ही सतत चिन्तन करता है । शुद्ध स्वर्णकी प्राप्तिका इच्छुक खानसे स्वर्णपाषाण प्राप्त करके भी पाषाणको उपादेय नही मानता, स्वर्णको ही उपादेय मानता है । अत. उसके लिए सबसे प्रथम तो उस दृष्टिकी उपयोगिता है जो स्वर्णपाषाण दशामें भी शुद्ध स्वर्णकी पहचान कराती है । शुद्धस्वर्णकी पहचान हो जानेपर वह उसे अपनी दृष्टिसे ओझल नही होने देता और उसकी प्राप्तिके लिए प्रयत्नशील रहता है । इसी प्रकार मुमुक्षु भी निश्चय दृष्टिके द्वारा कर्मलिप्त आत्मामें भी आत्माके यथार्थ स्वरूपके दर्शन करके सतत उसीकी प्राप्तिके लिए प्रयत्नशील होता है । उसीका ध्यान करनेकी चेष्टामें रहता है और अपनी असमर्थतावश अन्य सविकल्प ध्यान करते हुए भी उसी आत्मरूपको एकमात्र ध्येय मानता है । तभी वह अपने ध्येयको प्राप्त करनेमें समर्थ होता है ।

आगे युक्ति और अनुभवका काल कहते है ।

तत्त्वको खोजते समय युक्तिमार्गके द्वारा आगमकी बातको जानना चाहिए । आराधनाके समय नहीं । क्योकि अनुभव तो प्रत्यक्षका विषय है ॥२६८॥

---

१. तम्हा ज्ञेयं भणिय जं विसयं परमगाहिस्स- अ० क० ख० मु० । २. बुज्झेदि क० ख० ज० ।

स्यादनेकान्त एव तत्त्वनिर्णीतिरित्याह—

एयंते णिरवेक्खे णो सिज्झइ विविहभावगं दव्वं ।
तं तहव अणेयंते इदि बुज्झह सिय अणेयंतं ॥२६९॥

उक्तं च—

जं खवोवसमं णाणं समग्गरूवं जिणेहि पण्णत्तं ।
तं सियगाही होदि हु सपरसरूवेण णिब्भंत ॥

इति नयाधिकारः ।

विशेषार्थ—जब तत्त्वकी खोज की जाती है तो उस समय युक्तिकी उपयोगिता होती है। अपनी बुद्धि, तर्क और आगमके द्वारा उस समय तत्त्वको खोजनेका पूरा प्रयत्न करना चाहिए। और जब तर्क और आगमके द्वारा तत्त्वको जान लिया जाये तो उसकी प्राप्तिके लिए प्रयत्नशील होना चाहिए। वही समय आराधनाका होता है। उस आराधनाके द्वारा युक्ति और आगमसे जाने हुए तत्त्वका साक्षात्कार किया जाता है। वह समय युक्ति और तर्कके प्रयोगका नही है। युक्ति और तर्क तो पराश्रित होनेसे परोक्ष होते है। किन्तु अनुभूति या साक्षात्कार तो प्रत्यक्ष है। प्रत्यक्षके लिए पराश्रित परोक्षकी आवश्यकता ही नही है। अत तत्त्वकी खोजके लिए उसको समझनेके लिए व्यवहारनय उपयोगी है अत उस कालमें उसके द्वारा वस्तुस्वरूपका विश्लेषण करके उसे अच्छी तरह समझना चाहिए। और जब समझ लिया जाये तो स्वानुभूतिके द्वारा उस ज्ञात तत्त्व का साक्षात्कार करनेका प्रयत्न करना चाहिए। इसीसे स्वानुभूतिको शुद्ध नयात्मक कहा है। स्वानुभूतिकाल स्वानुभूतिका ही काल है युक्ति या तर्कका नही। यही बात समयसारकलश ९ में अमृतचन्द्रजीने कही है कि शुद्धनयके विषयभूत आत्माका अनुभव होनेपर नय, निक्षेप, प्रमाण सब विलीन हो जाते है। परमात्मतत्त्वके विचारकालमें ही प्रमाण नय निक्षेपकी उपयोगिता है किन्तु अनुभूतिकालमें तो प्रमाण नय निक्षेपके द्वारा ज्ञेय शुद्धात्मस्वरूपके दर्शन हो जाते है। अत युक्तिका काल भिन्न है और अनुभूतिका काल भिन्न है। युक्तिकालमें अनुभूति नही होती और अनुभूतिकालमे युक्तिकी आवश्यकता ही नही रहती। 8/Aug 9-2-98

आगे कहते है कि कथंचित् अनेकान्तमें ही तत्त्वका निर्णय होता है—

निरपेक्ष एकान्तवादमें अनेक भावरूप द्रव्यकी सिद्धि नही होती। इसी तरह एकान्त निरपेक्ष अनेकान्तवादमें भी तत्त्वकी निर्णीति नहीं होती। इसलिए कथंचित् अनेकान्तवादको जानना चाहिए ॥२६९॥

विशेषार्थ—पहले लिख आये है कि सर्वथा एकान्तकी तरह सर्वथा अनेकान्त भी ठीक नही है। जैसे निरपेक्ष एकान्तवादमें भावाभावात्मक, द्रव्यपर्यायात्मक, नित्यानित्यात्मक, एकानेकात्मक तत्त्वकी सिद्धि नही होती वैसे ही एकान्त निरपेक्ष अनेकान्तवादमें भी तत्त्वके यथार्थ स्वरूपका निर्णय नही होता। एक-एक मिलकर ही अनेक होते है। अत एकान्तोके समूहका नाम ही अनेकान्त है। यदि एकान्तोको न माना जायेगा तो एकान्तोके समूहरूप अनेकान्तका भी लोप हो जायेगा। अत सर्वथा एकान्तकी तरह सर्वथा अनेकान्त भी उपादेय नही है। जैसे सापेक्ष एकान्तवाद यथार्थ है वैसे ही एकान्त सापेक्ष अनेकान्तवाद यथार्थ है। पहलेको विषय करनेवाला ज्ञान सुनय कहलाता है और दूसरा प्रमाणका विषय है अत नयदृष्टिसे एकान्त है और प्रमाणकी अपेक्षा अनेकान्त है दोनो ही यथार्थ है। क्योकि यद्यपि वस्तु अनेकधर्मात्मक है किन्तु ज्ञाता अनेकधर्मात्मक वस्तुका भी अपने अभिप्रायके अनुसार किसी एक ही धर्मकी प्रधानतासे कथन करता है। जैसे देवदत्त किसीका पुत्र है तो किसीका पिता भी है। अतः वास्तवमें न तो वह केवल पिता ही है और न केवल पुत्र ही है तथापि अपने पिताकी दृष्टिसे वह पुत्र ही है और अपने पुत्रकी दृष्टिसे वह पिता ही है। इस तरह उसका पिता-पुत्ररूप अनेकान्त है और केवल पिता या केवल पुत्ररूप एकान्त है। इन दोनो रूपोको स्वीकार करने पर ही देवदत्तके सम्बन्धोका या धर्मोका यथार्थज्ञान होता है। इसी तरह एकान्त सापेक्ष अनेकान्तवादसे ही वस्तुके यथार्थ स्वरूपका बोध होता है। कहा भी है—

आगमे अध्यात्ममार्गेण निक्षेपाधिकारव्याख्यानार्थमाह—

जुत्तीसु[1] जुत्तमग्गे जं चउभेएण होइ खलु ठवणं ।
कज्जे सदि णामादिसु तं णिक्खेवं हवे समए ॥२७०॥
दव्वं विविहसहावं जेण सहावेण होइ तं ज्ञेयं ।
तस्स निमित्तं कीरइ एक्कं पिय दव्व चउभेयं ॥२७१॥
णाम ट्ठवणा दव्वं भावं तह जाण होइ णिक्खेवं ।
दव्वे सण्णा णामं दुविहं पिय तंपि विक्खायं ॥२७२॥

जिनेन्द्रदेवने जो समग्ररूप क्षायोपशमिक ज्ञान कहा है वह कथंचित् स्वरूप और कथचित् पररूपसे ग्रहण करने पर ही निर्भ्रान्त यथार्थ होता है । अर्थात् स्वरूपकी अपेक्षा वस्तु सत्स्वरूप है और पररूपकी अपेक्षा असत्स्वरूप है ऐसा ग्रहण करनेवाला क्षायोपशमिक ज्ञान ही यथार्थ होता है । जो वस्तुको सर्वथा सत् या सर्वथा असत् ग्रहण करता है वह यथार्थ नही है ।

आगे आगममें अध्यात्म मार्गके द्वारा निक्षेपाधिकारका व्याख्यान करते है—

युक्तिके द्वारा सुयुक्त मार्गमें कार्यके वशसे नाम स्थापना द्रव्य और भावमें पदार्थकी स्थापनाको आगममे निक्षेप कहा है ॥२७०॥

द्रव्य अनेक स्वभाववाला होता है । उनमेसे जिस स्वभावके द्वारा वह ध्येय या ज्ञेय—ध्यान या ज्ञानका विषय होता है, उसके लिए एक भी द्रव्यके चार भेद किये जाते है ॥२७१॥

निक्षेपके चार भेद है—नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव । उनमेसे द्रव्यकी संज्ञाको नाम कहते हैं और नामके दो भेद प्रसिद्ध है ॥२७२॥

विशेषार्थ—आगममें कहा है कि जिस पदार्थका प्रत्यक्षादि प्रमाणोके द्वारा, नैगम आदि नयोके द्वारा तथा नामादि निक्षेपोके द्वारा सूक्ष्म दृष्टिसे विचार नही किया जाता वह पदार्थ कभी युक्त होते हुए भी अयुक्त सा प्रतीत होता है और कभी अयुक्त होते हुए भी युक्त-सा प्रतीत होता है अतः प्रमाण नय और निक्षेपके द्वारा पदार्थका निर्णय करना उचित है । उनमेंसे प्रमाण और नयका कथन तो पहले कर आये है । यहाँ निक्षेपका कथन करते है । जो किसी एक निश्चय या निर्णयमें क्षेपण करता है अर्थात् अनिर्णीत पदार्थका निर्णय कराता है उसे निक्षेप कहते है । निक्षेपका प्रयोजन बतलाते हुए स्वामी वीरसेन महाराजने धवलाजीके प्रारम्भमें लिखा है कि श्रोता तीन प्रकारके होते है—पहला अव्युत्पन्न अर्थात् वस्तु स्वरूपसे अनजान, दूसरा सम्पूर्ण रूपसे विवक्षित पदार्थको जाननेवाला, तीसरा विवक्षित पदार्थको एकदेशसे जाननेवाला । इनमेंसे पहला श्रोता तो अनजान होनेसे कुछ भी नही जानता । दूसरा, विवक्षित पदके अर्थमे सन्देह करता है कि इस पदका कौन-सा अर्थ यहाँ अधिकृत है । अथवा प्रकृत अर्थको छोडकर अन्य अर्थ ग्रहण करता है और इस तरह विपरीत समझ बैठता है । दूसरेकी तरह तीसरा श्रोता भी या तो सन्देहमें पडता है या विपरीत समझ लेता है । इनमेसे प्रथम अव्युत्पन्न श्रोता यदि वस्तुकी किसी विवक्षित पर्यायको जानना चाहता है तो अव्युत्पन्न श्रोताके लिए प्रकृत विषयकी व्युत्पत्तिके द्वारा अप्रकृतका निराकरण करनेके लिए भाव निक्षेपका कथन करना चाहिए । यदि अव्युत्पन्न श्रोता द्रव्य सामान्यको समझना चाहता है तो उसके लिए सब निक्षेपोंका कथन करना चाहिए क्योकि विशेष धर्मोंका निर्णय हुए बिना सामान्य धर्मका निर्णय नही हो सकता । दूसरे और तीसरे प्रकारके श्रोता यदि सन्देहमें हो तो उनका सन्देह दूर करनेके लिए सब निक्षेपोका कथन करना चाहिए । और यदि उन्होने विपरीत समझा हो तो भी प्रकृत अर्थके निर्णयके लिए सब निक्षेपोका कथन करना चाहिए । कहा भी है—अप्रकृत विषयके निवारणके लिए तथा प्रकृत अर्थका कथन करनेके लिए, सशयको दूर करनेके लिए और तत्त्वार्थका निश्चय करनेके लिए निक्षेपोंका कथन करना चाहिए । क्योकि निक्षेपोको छोडकर वर्णन किया गया सिद्धान्त,

---

१. जुत्ते सुजुत्तिमग्गे आ० ज० ।

नामनिक्षेपोदाहरणान् दर्शयति—

मोहरजअंतराए[1] हणणगुणादो य णाम अरिहंतो ।
अरिहो पूयाए वा सेसा णामं हवे अण्णं ॥२७३॥
सायार इयर ठवणा कित्तिम इयरा हु बिंबजा पढमा ।
इयरा खाइय[2] भणिया ठवणा अरिहो य णायव्वो ॥२७४॥
दव्वं खु होइ दुविहं आगमणोआगमेण जह भणियं ।
अरहंतसत्थजाणो णोजुत्तो दव्व-अरिहंतो ॥२७५॥
णोआगमं पि तिविहं[3] णाणिसरीरं भावि कम्मं च ।
णाणिसरीरं तिविहं चुद चत्तं चाविदं चेति ॥२७६॥

संभव है वक्ता और श्रोता दोनोंको कुमार्गमें ले जावे । इसलिए निक्षेपोंका कथन आवश्यक है । वह निक्षेप चार प्रकारका है—नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव । ये चारों ही निक्षेप प्रत्येक द्रव्यमें होते हैं । जैसे नाम-जिन, स्थापनाजिन, द्रव्यजिन और भावजिन । या नामअर्हन्त, स्थापनाअर्हन्त, द्रव्यअर्हन्त और भावअर्हन्त । आगे ग्रन्थकार स्वयं इन उदाहरणोंको स्पष्ट करते हैं ।

मोहनीय, ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय कर्मका घात करनेसे अरिहन्त नाम है और पूजाके योग्य होनेसे अर्हन्त नाम है । इन गुणोंके बिना किसीका अरिहन्त या अर्हन्त नाम रखना नामनिक्षेपका उदाहरण है ॥२७३॥

विशेषार्थ—'णमो अरिहंताण'—अरिहन्तोंको नमस्कार हो । अरि अर्थात् शत्रुओंका 'हनन' अर्थात् नाश करनेसे 'अरिहन्त' संज्ञा होती है । मोहनीय कर्म और रज अर्थात् ज्ञानावरण और दर्शनावरण कर्म तथा अन्तरायकर्म ये चारों कर्म जीवके शत्रु हैं । इन सबमें प्रधान मोहनीय कर्म है । मोहनीयके बिना शेष तीनों कर्म अपना-अपना कार्य करनेमें असमर्थ हो जाते हैं । तथा ज्ञानावरण कर्म और दर्शनावरण कर्म रज या धूलिकी तरह बाह्य और अन्तरंग समस्त त्रिकालके विषयभूत अनन्त अर्थपर्याय और व्यंजन पर्यायरूप वस्तुओंको विषय करनेवाले ज्ञान और दर्शनके प्रतिबन्धक होनेसे रज कहलाते हैं । इन चारों कर्मोंका घात करनेसे अरिहन्त संज्ञा प्राप्त होती है । ऐसे अरिहन्त सातिशय पूजाके योग्य होनेसे अर्हन्त भी कहे जाते हैं । अतः अरिहन्त और अर्हन्त ये दोनों संज्ञाएँ सार्थक होनेसे गौण्यपद कही जाती हैं क्योंकि जो नाम गुणकी मुख्यता-से निष्पन्न होता है उसे गौण्यपद नाम कहते हैं । और इन गुणोंके बिना किसी व्यक्तिका नाम अरिहन्त या अर्हन्त रखना नोगौण्यपद है । उसे ही नामनिक्षेपका उदाहरण समझना चाहिए । जिस व्यक्तिमें जो गुण नहीं है, उसका उस प्रकारका नाम रख देना नामनिक्षेप है ।

आगे स्थापना निक्षेपका उदाहरण देते हैं—

स्थापना के दो भेद हैं—साकार और निराकार । कृत्रिम या अकृत्रिम बिम्बोंमें अर्हन्त परमेष्ठीकी स्थापना साकार स्थापना है । और क्षायिक गुणोंमें अर्हन्तकी स्थापनाको निराकार स्थापना कहते हैं ॥२७४॥

आगे द्रव्यनिक्षेपके भेद-प्रभेद उदाहरण सहित देते हैं—

द्रव्यनिक्षेपके दो भेद हैं—आगम द्रव्यनिक्षेप और नोआगम द्रव्यनिक्षेप । जो व्यक्ति अरिहन्त विषयक शास्त्रका ज्ञाता है किन्तु उसमें उपयुक्त नहीं है अर्थात् ज्ञाता होते हुए भी जब

---

१ 'णमो अरिहंताण अरिहननादरिहन्ता । ··· रजोहननाद्वा अरिहन्ता । अतिशयपूजार्हत्वाद्वार्हन्त ।'—षटखं० पु० १, पृ० ४२-४४ । 'अरिहति णमोक्कार अरिहा पूजासु सुरुत्तमा लोए । रजहता अरिहंति य अरहंता तेण उच्चंदे । मूलाचार ५०५ । २. इयरा इयरा भणिया मु० । क्षायिकोत्पन्नारहन्तस्थापना । ३. तिविह देहं णाणिस्स भा- मु० ।

निक्षेपभेदमुदाहरति—

आगमणोआगमदो तहेव भावो वि होदि दव्वं वा ।
अरहंतसत्थजाणो आगमभावो हु अरहंतो ॥२७७॥
[२]तग्गुणरायपरिणदो णोआगमभाव होइ अरहंतो ।
तग्गुणराई झादा केवलणाणी हु परिणदो भणिओ ॥२७८॥
अह गुणपज्जयवंतं दव्वं [3]भणियं खु अण्णसूरीहिं ।
भावं चिह्नं[४] तस्स य तेहिं पिय एरिसं भणियं ॥२७९॥
णो इट्ठं भणियव्वं भिण्णं काऊण एसु णिक्खेवं ।
तस्सेव दंसणट्ठं भणियं काऊणसिह सुत्तं ॥२८०॥

वह उस विषयक शास्त्रके चिन्तनमें नही लगा है उसे आगम द्रव्य अरिहन्त कहते हैं । नोआगम-द्रव्यके तीन भेद है—ज्ञायक शरीर, भावि और कर्मनोकर्म । ज्ञायक शरीरके तीन भेद हैं—च्युत, च्यावित और त्यक्त ॥२७५-२७६॥

विशेषार्थ—जो भाविपरिणामके प्रति अभिमुख होता है उसे द्रव्य कहते हैं और उसके निक्षेपको द्रव्यनिक्षेप कहते है । उसके दो भेद हैं—आगमद्रव्य निक्षेप और नोआगमद्रव्य निक्षेप । जैसे जो जीव अरिहन्त विषयक शास्त्रको जानता है—जिस शास्त्रमें अरिहन्तका स्वरूपादि वर्णित है उसको जानता है किन्तु उस समय किसी अन्य कार्यमे लगा है, उस शास्त्रका चिन्तन नही कर रहा उस समय वह मनुष्य आगमद्रव्य निक्षेपरूपसे अरिहन्त है । नोआगमद्रव्य निक्षेपके तीन भेद है । उस अरिहन्त विषयक शास्त्रके ज्ञाताके शरीरको ज्ञायक शरीर कहते है । उसके भी तीन भेद है—भूतशरीर, वर्तमानशरीर और भाविशरीर । भूत शरीरके भी तीन भेद है—च्युत, च्यावित और त्यक्त । पूरी आयु भोग लेनेपर जो शरीर स्वत: पके आमकी तरह छूट जाता है वह च्युतशरीर है । और जो शरीर आकस्मिक घातसे छूटता है वह च्यावित है । और जो शरीर सन्यासमरणपूर्वक छूटता है वह त्यक्त है । जो जीव अरिहन्त अवस्थाको प्राप्त करनेके अभिमुख है वह भावि नोआगमद्रव्य अरिहन्त है । उसके कर्म नोकर्म तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्य है ।

आगे भावनिक्षेपका उदाहरण देते—

द्रव्यनिक्षेपकी तरह भावनिक्षेपके भी दो भेद हैं—आगमभावनिक्षेप और नोआगमभाव-निक्षेप । जो अरिहन्त विषयक शास्त्रका ज्ञाता उसमें उपयुक्त है वह आगमभाव अरिहन्त है । और जो अरिहन्तके गुणरूप परिणत है, वह नोआगमभाव अरिहन्त है । अरिहन्तके गुणोसे युक्त केवल-ज्ञानीको अर्हन्तके गुणरूप परिणत कहा है ॥-७७-२७८॥

अथवा अन्य आचार्योंने गुणपर्यायवान्‌को द्रव्य कहा है । और उसका चिह्न भाव है ऐसा भी उन्होंने कहा है । उनको भिन्न करके उनमे निक्षेपका कथन नही करना चाहिए । इसी बातको बतलानेके लिए यहाँ सूत्रका कथन किया है ॥२७९–२८०॥

विशेषार्थ—आचार्य विद्यानन्द स्वामीने तत्त्वार्थश्लोकवार्तिकमे (१–५) निक्षेपोका कथन करते हुए यह शंका उठायी है कि अनागत परिणाम विशेषके प्रति जो अभिमुख हो उसे द्रव्य कहते है यह द्रव्यका लक्षण उचित नही है । सूत्रकारने तो गुणपर्यायवान्‌को द्रव्य कहा है । अत: आगमसे विरोध आता है । इसका समाधान करते हुए उन्होने लिखा है—उक्त शकाकार सूत्रके अर्थसे अनजान है । सूत्रकारने द्रव्यको पर्यायवाला

---

१ दव्वट्ठो आ० ज० । २. सग्गुण ज० क० ख० । 'णामजिणा जिणणामा ठवणजिणा तह य ताह पडिमाओ । दव्वजिणा जिणजीवा भावजिणा समवसरणत्था ॥—बोधप्राभृत गा० २८ की टीका में । ३. दव्वं खलु भणिय अ० ज० । ४. तिण्हं मु० । भावं लक्खण त– ज० ।

सद्देसु जाण णामं तहेव ठवणा हु थूलरिउसुत्ते ।
दव्वं पिय उवयारे भावं पज्जायमज्झगदं ॥२८१॥
णिक्खेव णय पमाणं णादूणं भावयंति जे तच्चं ।
ते तत्थतच्चमग्गे लहंति लग्गा हु तत्थयं तच्चं ॥२८२॥

कहा है अतः त्रिकालगोचर क्रमभावी अनन्त पर्यायोका जो आश्रय है वह द्रव्य है । जब वह द्रव्य अनागत पर्याय विशेषके प्रति अभिमुख होता है तब यह निश्चित होता है कि द्रव्य वर्तमान पर्यायसे युक्त है और पूर्व पर्यायको छोड़ देता है उसके विना अनागत पर्याय विशेषके प्रति वह अभिमुख नही हो सकता । किन्तु द्रव्य-निक्षेपके प्रकरणमें द्रव्यार्थ प्रधान होनेसे अनागत परिणाम विशेषके प्रति अभिमुख अविनाशीको द्रव्य कहा है अतः कोई अन्तर नही है । इस तरह आचार्य विद्यानन्दने गुणपर्ययवद् द्रव्यको तथा अनागत परिणाम विशेष-के प्रति अभिमुख द्रव्यको एक ही कहा है केवल कथनभेदका ही अन्तर है । नयचक्रके रचयिताका अभिप्राय उसी कथनसे प्रतीत होता है किन्तु उन्होने जो आगे कहा है कि उनको भिन्न करके उनमे निक्षेपका कथन नही करना चाहिए इसका अभिप्राय स्पष्ट नही हुआ ।

आगे निक्षेपोमें नययोजना करते है—

शब्द नयोमें नाम निक्षेप तथा स्थूलऋजुसूत्रनयमे स्थापना निक्षेपका अन्तर्भाव जानना । उपचारसे द्रव्य भी ऋजुसूत्रनयके अन्तर्गत है और भावनिक्षेप पर्यायके अन्तर्गत है ॥२८१॥

विशेषार्थ—श्री जयधवलाजीमे चूर्णिसूत्रोका व्याख्यान करते हुए किस निक्षेपका कौन नय स्वामी है, इसका कथन किया है । उसके अनुसार नैगमनय, सग्रहनय और व्यवहारनय सभी निक्षेपोके स्वामी है । इस परसे यह शंका की गयी है कि नामनिक्षेप, स्थापनानिक्षेप और द्रव्यनिक्षेपके स्वामी तो तीनो नय हो सकते हैं क्योकि तीनो द्रव्यार्थिक नय है । किन्तु भावनिक्षेपके स्वामी उक्त तीनो नय नही हो सकते । क्योकि आचार्य सिद्धसेनने भी सन्मतिमें कहा है कि नामस्थापना और द्रव्य ये तीनो द्रव्यार्थिकनयके निक्षेप है और भाव पर्यायार्थिक नयका निक्षेप है । अत. भाव निक्षेपके स्वामी उक्त तीनो नय कैसे हो सकते है । उसका समाधान यह किया है कि वर्तमान पर्यायसे युक्त द्रव्यको भाव कहते है । किन्तु जिनमें पर्यायें गौण है ऐसे शुद्ध द्रव्यार्थिक नयोमे भूत, भविष्यत् और वर्तमान रूप कालविभाग नही होता क्योकि कालका विभाग पर्यायोकी प्रधानतासे होता है । अत शुद्ध द्रव्यार्थिकनयोमें तो भावनिक्षेप नही बन सकता । फिर भी जब त्रिकालवर्ती व्यंजन पर्यायकी अपेक्षा भावमे भूत, भविष्यत्, वर्तमान कालका विभाग स्वीकार कर लिया जाता है तब अशुद्ध द्रव्यार्थिक नयोमें भावनिक्षेप बन जाता है । सन्मति सूत्रमे जो भावनिक्षेपको पर्यायार्थिक नयका विषय कहा है सो जो भावनिक्षेप ऋजुसूत्रनयका विषय है उसकी अपेक्षासे कहा है । चूर्णिसूत्रके अनुसार ऋजुसूत्रनय स्थापनाके सिवाय सभी निक्षेपोको स्वीकार करता है; क्योकि ऋजुसूत्रनयके विषयमे सादृश्य सामान्य नही पाया जाता इसलिए वहाँ स्थापना निक्षेप नही बनता । श्री जयधवलाकारने तो अशुद्ध ऋजुसूत्र-नयमें भी स्थापना निक्षेपका निषेध किया है क्योकि व्यंजनपर्यायरूप घटादि पदार्थोमें सादृश्यके रहते हुए भी एकत्वकी स्थापना सम्भव नही है । परन्तु नयचक्रके रचयिताने सादृश्यके आधारपर ही स्थूल ऋजुसूत्रमें स्थापना निक्षेपको गर्भित किया प्रतीत होता है । ऋजुसूत्रनय पर्यायार्थिक नय है इसलिए उसमें उपचारसे द्रव्य-निक्षेपको गर्भित किया है । जयधवलाके अनुसार शब्द समभिरूढ और एवंभूत इन तीनो शब्द नयोके विषय नामनिक्षेप और भावनिक्षेप है । इस सम्बन्धमें यह ज्ञातव्य है कि निक्षेप विषय या ज्ञेय है और नय विषयी या ज्ञायक है इसीसे यह कथन किया गया है कि किस नयका विषय कौन निक्षेप है ।

आगे निक्षेपादिके जाननेका प्रयोजन बतलाते है—

जो निक्षेप नय और प्रमाणको जानकर तत्त्वकी भावना करते हैं वे वास्तविक तत्त्वके मार्ग-मे संलग्न होकर वास्तविक तत्त्वको प्राप्त करते हैं ॥२८२॥

[1]गुणपज्जायालक्खणसहावणिक्खेवणयपमाणं च ।
जाणदि जदि सवियप्पं दव्वसहावं खु बुज्झेदि ॥२८३॥

इति निक्षेपाधिकारः ।

दर्शनज्ञानचारित्रस्वामिनो नमस्कृत्य दर्शनादीनां व्याख्यानार्थमाह—

दंसणणाणचरित्तं सम्मग[2] परमं च जेहि उवलद्धं[3] ।
पणविवि ते परमेठ्ठी वोच्छेहं णाणदंसणचरित्तं ॥२८४॥

व्यवहारपरमार्थाभ्यां रत्नत्रयमेव मोक्षमार्गो न शुभाशुभावित्याह-

दंसणणाणचरित्तं मग्गं मोक्खस्स भणिय दुविहं पि ।
णहु सुहमसुहं होदि हु तं पि य बंधो हवे णियमा ॥२८५॥

विशेषार्थ—यथार्थ तत्त्वको जाने बिना यथार्थ तत्त्वका श्रद्धानरूप सम्यग्दर्शन नही हो सकता और सम्यग्दर्शनके बिना न सम्यक्ज्ञान हो सकता है और न सम्यक्चारित्र हो सकता है। तथा यथार्थ तत्त्वका ज्ञान निक्षेप नय और प्रमाणके बिना नही हो सकता। इसलिए सबसे प्रथम निक्षेप नय और प्रमाणके स्वरूपको जानना आवश्यक है। इसीसे इस ग्रन्थमें इन तीनोका स्वरूप विस्तारसे बतलाया है। अत. उसका सम्यक् रीतिसे अध्ययन करना चाहिए।

यदि आप गुण, पर्याय, लक्षण, स्वभाव, निक्षेप, नय और प्रमाणको भेद सहित जानते हैं तो आप द्रव्यके स्वभावको समझ सकते हैं। अर्थात् द्रव्यके स्वभावको जाननेके लिए गुणपर्याय आदिका जानना आवश्यक है ॥२८३॥

इति निक्षेपाधिकार।

सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रके स्वामियोको नमस्कार करके सम्यग्दर्शन आदिका स्वरूप कहते हैं—

जिन्होने उत्कृष्ट सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रको प्राप्त कर लिया है अर्थात् क्षायिक सम्यक्त्व, केवलज्ञान और यथाख्यातचारित्रसे युक्त अर्हन्तपरमेष्ठीको और सिद्धपरमेष्ठीको नमस्कार करके मै सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रके स्वरूपको कहूँगा ॥२८४॥

आगे कहते हैं व्यवहार और परमार्थसे रत्नत्रय ही मोक्षका मार्ग है, शुभ और अशुभ नही—

व्यवहार सम्यग्दर्शन, व्यवहार सम्यग्ज्ञान और व्यवहारचारित्र तथा निश्चय सम्यग्दर्शन, निश्चयसम्यग्ज्ञान और निश्चय सम्यक्चारित्रको मोक्षका मार्ग कहा है। शुभ और अशुभ भाव मोक्षके मार्ग नही है, उनसे तो नियमसे कर्मबन्ध होता है ॥२८५॥

विशेषार्थ—शास्त्रोमें जो व्यवहार और निश्चयके भेदसे दो प्रकार मोक्षमार्ग कहा है उसका ऐसा अभिप्राय नही है कि मोक्षके दो मार्ग है। मोक्षमार्ग तो एक ही रूप है, वह है रत्नत्रयरूप। सब आचार्योंने ऐसा ही कहा है। यथा—सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्ग (तत्त्वार्थसूत्र)। समयसार कलशमे आचार्य अमृतचन्द्रजीने कहा है—'एको मोक्षपथो य एष नियतो दृग्ज्ञप्तिवृत्तात्मक'—दर्शन ज्ञान चारित्रस्वरूप यही एक मोक्षमार्ग है। उस मोक्षका कथन दो नयोसे किया जाता है। यही आचार्यकल्प पं० टोडरमलजीने अपने मोक्षमार्ग प्रकाशक (अ० ७ में) कहा है—'मोक्षमार्ग दो नही है मोक्षमार्गका निरूपण दो प्रकार है, जहाँ सच्चे मोक्षमार्गको मोक्षमार्ग निरूपित किया जाय सो निश्चय मोक्षमार्ग है और जहाँ जो मोक्षमार्ग तो है नही, परन्तु मोक्षमार्गका निमित्त है व सहचारी है उसे उपचारसे मोक्षमार्ग कहा जाय वह व्यवहार मोक्षमार्ग है, क्योकि निश्चय व्यवहारका सर्वत्र ऐसा ही लक्षण है। सच्चा निरूपण सो निश्चय, उपचार निरूपण सो

---

१. गुणपज्जयाण लक्खण अ० मु० ज०। २ सम्मगुणपर अ० क०। ३. अविलुद्धं क०।

परः प्राह–नो व्यवहारो मार्ग इत्याह–

णो ववहारो मग्गो मोहो हवदि सुहासुहमिदि [1]वयणं ।

उक्तं च—

णियदव्वजाणणट्ठं इयरं कहियं जिणेहि छद्दव्वं ।
तह्मा परछद्दव्वे जाणगभावो ण होइ सण्णाणं ॥
णहु एसा सुन्दरा जुत्ती ॥२८६॥

व्यवहार, इसलिए निरूपण की अपेक्षा दो प्रकार मोक्षमार्ग जानना । एक निश्चय मोक्षमार्ग है, एक व्यवहार मोक्षमार्ग है—इस प्रकार दो मोक्षमार्ग मानना मिथ्या है । इसी तरह सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्-चारित्र भी दो नही है उनका निरूपण दो दृष्टियोसे किये जानेसे ही प्रत्येकके दो-दो भेद कथनमें आते है । प्रत्येक-का स्वाश्रित कथन निश्चय है और पराश्रित कथन व्यवहार है । जैसे विपरीत अभिनिवेश रहित श्रद्धानरूप आत्माका परिणाम निश्चय सम्यक्त्व है और देव गुरु धर्मादिका श्रद्धान व्यवहारसम्यक्त्व है । ये दोनो सम्यक्त्व एक ही कालमे पाये जाते है । निश्चय नाम सत्यार्थका है । सत्यार्थका जो कारण होता है उसे कारण-में कार्यका उपचार करके व्यवहार कहते है, व्यवहार नाम ही उपचारका है । इसी तरह सम्यग्दर्शनके होनेपर जो अंग पूर्वगत अर्थका ज्ञान होता है उसे व्यवहार सम्यग्ज्ञान कहते है और तदनुसार तपस्यादि करनेको व्यवहार सम्यक्चारित्र कहते है तथा आत्मपरिज्ञान और आत्मस्थिति ये निश्चय सम्यग्ज्ञान और निश्चय सम्यक्चारित्र है । जहाँ आत्मश्रद्धा, आत्मज्ञान और आत्मस्थितिसे शून्य दर्शनज्ञान और चारित्र होता है वहाँ निश्चय तो है ही नही व्यवहार भी आभास मात्र है क्योकि देव गुरु धर्म आदिका श्रद्धान होनेपर भी विपरीत अभिनिवेश तो दूर हुआ नही और उसके दूर हुए बिना कारणमे कार्यका उपचार रूप व्यवहार सम्भव नही है । अशुभोपयोग तो हेय ही है और शुभोपयोग भी बन्धका कारण होनेसे हेय है । किन्तु नीचेकी अवस्थामे जीवोके शुभोपयोग और शुद्धोपयोग दोनो साथ-साथ पाये जाते है, इसलिए उपचारसे शुभोपयोगको मोक्षका मार्ग भी कहा है किन्तु वस्तु विचारसे तो शुभोपयोग भी मोक्षका घातक है । अत अशुभोपयोग और शुभोपयोगको हेय जानकर उनके त्यागका उपाय करना चाहिए, किन्तु जहाँ शुद्धोपयोग सम्भव नही है वहाँ अशुभोपयोगको छोडकर शुभोपयोगमे ही लगना चाहिए क्योकि शुभोपयोगसे अशुभोपयोगमें अधिक अशुद्धता है । शुभोपयोग होनेपर वाह्य व्रतादिकी प्रवृत्ति होती है और अशुभोपयोग होनेपर वाह्य अव्रतादिककी प्रवृत्ति होती है । तथा पहले अशुभोपयोग छूट कर शुभोपयोग होता है, बादमे शुभोपयोग छूटकर शुद्धोपयोग होता है । यही क्रम है । कोई-कोई इसीसे शुभोपयोगको शुद्धोपयोगका कारण मान लेते है । किन्तु ऐसा माननेसे अशुभोपयोगको शुभोपयोगका कारण मानना होगा क्योकि जैसे शुभोपयोग छूटकर शुद्धोपयोग होता है वैसे ही अशुभोपयोग छूटकर शुभोपयोग होता है । द्रव्यलिंगीके शुभोपयोग तो उत्कृष्ट होता है फिर भी शुद्धोपयोग नही होता है । इसलिए परमार्थसे इन दोनोमें कार्यकारणभाव नही है । इतना है कि शुभोपयोग होनेपर यदि शुद्धोपयोगका यत्न करता है तो वह हो जाता है । किन्तु यदि शुभोपयोगको ही उपादेय जानकर उसीका साधन करता रहेगा तो शुद्धोपयोग कैसे होगा ।

किसीका कहना है कि व्यवहारमार्ग ही नही, ऐसा आगे कहते है—

व्यवहार मार्ग नही है क्योकि व्यवहार या तो शुभरूप होता है या अशुभरूप होता है और शुभ तथा अशुभ तो मोहरूप है ।

कहा भी है—

निज द्रव्य (आत्मा)को जाननेके लिए जिनेन्द्र देवने अन्य छह द्रव्योका कथन किया है । इसलिए पररूप छह द्रव्योमें जो ज्ञायक भाव है अर्थात् अपने सिवाय बाकीके छह द्रव्योका जो ज्ञान है वह सम्यग्ज्ञान नही है ।

किन्तु यह युक्ति सुन्दर नही है ॥ २८६ ॥

---

१. 'अत्र पतितं किंचित्' इति 'ज' प्रतौ ।

व्यवहारविप्रतिपत्तिवादिनां निराकरणार्थमाह—

णियसमयं पि य मिच्छा अह जड सुण्णो य तस्स सो चेदा ।
जाणगभावो मिच्छा उवयरिओ तेण सो भणई ॥२८७॥
जं चिय जीवसहावं उवयारं भणिय तं पि ववहारो ।
तम्हा णहु तं मिच्छा विसेसदो भणइ सब्भावं ॥२८८॥
ज्ञेओ जीवसहावो सो इह सपरावभासगो भणिओ ।
तस्स य साहणहेऊ उवयारो भणिय अत्थेसु ॥२८९॥
जह सब्भूओ भणिदो साहणहेऊ अभेदपरमत्थो ।
तह उवयारो जाणह साहणहेऊ अणुवयारो ॥२९०॥

उक्तं च गाथाद्वयेन—

ववहारेणुवदिस्सदि णाणिस्स चरित्तदंसणं णाणं ।
ण वि णाणं ण चरित्त ण दसण जाणगो सुद्धो ॥—समयसार गा० ७
जो इह सुदेण[1] भिण्णो जाणदि अप्पाणमिणं तु केवलं सुद्धं ।
त सुयकेवलिमिसिणो भणंति लोयप्पदीवयरा ॥—समयसार गा० ९

इस प्रकार व्यवहार मार्गमें विवाद करनेवालोंके निराकरणके लिए कहते हैं—

उक्त प्रकारसे कहनेवालेकी आत्मा यदि जड़ और शून्य है तो स्वसमय भी मिथ्या ठहरता है। किन्तु ज्ञायक भाव मिथ्या है इसलिए उसे उपचरित कहा है। जीवका जो स्वभाव उपचरित कहा है वह भी व्यवहार है। इसलिए वह मिथ्या नही है किन्तु विशेष रूपसे स्वभावको कहता है। जीवका स्वभाव ध्येय-ध्यान करनेके योग्य है। और उस स्वभावको स्व और पर का प्रकाशक कहा है। उस स्वभावके साधनका हेतु उपचार पदार्थोमे कहा है। जैसे सद्भूत व्यवहारनय परमार्थ अभेदके साधनका हेतु है वैसे ही उपचार, अनुपचारके साधनका हेतु है॥ २८७-२९० ॥

आचार्य कुन्दकुन्दने कहा भी है—

ज्ञानीके ज्ञान, दर्शन और चारित्र ये तीनो भाव व्यवहारनयसे कहे जाते है। निश्चयनयसे ज्ञान भी नही है, चारित्र भी नही है और दर्शन भी नही है। ज्ञानी तो एक शुद्ध ज्ञायक ही है। तथा जो जीव श्रुतज्ञानसे इस केवल एक शुद्ध आत्माको जानता है लोकको प्रकाश करनेवाले ऋषीश्वर उसे श्रुत केवली कहते है।

विशेषार्थ—जो यह जीवका ज्ञायक भाव है वह स्वत सिद्ध है, किसीसे उत्पन्न नही हुआ उसका कभी विनाश भी नही होता, इसलिए वह अनादि अनन्त है। किन्तु अनादि बन्ध पर्यायकी अपेक्षा पौद्गलिक कर्मोके साथ दूध-पानीकी तरह एकमेक होने पर भी, द्रव्यके स्वभावकी अपेक्षा, कषायके उदयसे होनेवाले शुभाशुभ भावरूप परिणमन नही करता—ज्ञायक भावसे जड़ भाव नही हो जाता। उस ज्ञायक भावकी समस्त अन्य द्रव्योके भावोसे भिन्न उपासना करने पर उसे शुद्ध कहा जाता है। जैसे अग्नि जिसको जलाती है उसके ही आकार होती है। किन्तु उस अवस्थामे भी अग्नि अग्नि ही है, अग्नि ईंधन रूप नही है। उसी तरह ज्ञेयनिष्ठ होनेसे आत्माको ज्ञायक कहते है किन्तु उस अवस्थामें भी आत्मा ज्ञेयरूप नही होता, ज्ञायक ही रहता है। जैसे दीपक स्व-पर प्रकाशक है। जब वह घटादिका प्रकाशन करता है तो उस अवस्थामें भी वह दीपक ही है दूसरा नही है। वैसे ही आत्मा जब ज्ञेयोको जानता है तो जाननेकी अवस्थामें भी स्वय ज्ञायक रूप ही है ज्ञेयरूप नही होता। अर्थात् ज्ञेयाकार अवस्थामें भी ज्ञायक भाव द्वारा जाना गया जो अपना ज्ञायक भाव है वही स्वरूपको जाननेकी अवस्थामे भी है। अत. पर द्रव्योको जानने मात्रसे उसमें अशुद्धता

---

१. जो हि सुदेणहिगच्छइ अप्पाण— समयसार गा० ९।

उवयारेण विजाणइ सम्मगुरूवेण जेण परदव्वं ।
सम्मेगणिच्छय तेण वि सइयसहावं तु जाणंतो ॥२९१॥

नही आती । साराश यह है कि अशुद्धता परद्रव्यके संयोगसे आती है । किन्तु उसमें मूलद्रव्य अन्य द्रव्य रूप नही होता । अत. द्रव्य दृष्टिसे तो द्रव्य जो है वही है । उसी तरह आत्माका स्वभाव ज्ञायकमात्र है । उसकी अवस्था पुद्गलकर्मका निमित्त पाकर मलिन है वह पर्याय है । पर्याय दृष्टिसे देखने पर वह मलिन दीखता है किन्तु द्रव्य दृष्टिसे देखने पर तो ज्ञायक भाव ज्ञायक भाव ही है, वह कुछ जडको जाननेसे जड नही हो जाता । ज्ञायक उसे ज्ञेयके जाननेसे कहा जाता है । किन्तु इससे उसमे कोई अशुद्धता नही आती, क्योकि जैसे ज्ञानमें ज्ञेयका प्रतिभास हुआ वैसे ज्ञायकपनेका भी प्रतिभास हुआ—जो मै जाननेवाला हूँ वह मै ही हूँ दूसरा कोई नही, ऐसा अभेदरूप अनुभव होने पर जाननेरूप क्रियाका कर्ता आप ही है और जिसको जाना वह कर्म भी आप ही है । यह शुद्धनयका विषय है । अन्य जो परसंयोगजनित भेद है वे सब भेदरूप अशुद्ध द्रव्यार्थिक-नयके विषय है । शुद्धनयकी दृष्टिमें अशुद्धद्रव्यार्थिक भी पर्यायार्थिक होनेसे व्यवहारनयमें ही गर्भित है । किन्तु अशुद्धनयको सर्वथा असत्यार्थ नही मानना । वह भी परद्रव्यके संयोगसे हुआ वस्तु धर्म है । अशुद्धनयको हेय कहनेका कारण यह है कि अशुद्धनयका विषय ससार है, उसमें आत्मा कष्ट भोगता है । पर द्रव्यसे भिन्न होनेपर ही ससार मिट सकता है और तभी क्लेश भी मिट सकता है । अत दु ख दूर करनेके लिए शुद्धनयका उपदेश है शुद्धनयके विषयमें आत्माके कर्मबन्धके निमित्तसे होनेवाली अशुद्धता तो दूरकी बात है, उसमें दर्शनज्ञान और चारित्रका भी भेद नही है । क्योंकि निश्चयनयसे वस्तु अनन्तधर्मात्मक एक धर्मी है । परन्तु व्यवहारी जन धर्मोके विना एक धर्मीको नही जानते । अत आचार्य उन्हें समझानेके लिए अभेदरूप वस्तुमें भी धर्मोके भेदसे भेद करके कहते है कि आत्मामे ज्ञान है, दर्शन है, चारित्र है । किन्तु परमार्थसे देखा जाय तो एक अभेदरूप द्रव्य अपनेमे अनन्त पर्यायोको पिये हुए है । ऐसी अभेदरूप वस्तुका अनुभव करनेवाले ज्ञानीजनोकी दृष्टिमें आत्मामें दर्शन भी नही, ज्ञान भी नही, चारित्र भी नही, एक शुद्ध ज्ञायक भाव ही है । अत. अभेदमें भेद करना भी व्यवहार है । और व्यवहारीजनको समझानेके लिए वह उपयोगी है । जैसे व्यवहारीजन 'आत्मा' कहनेसे नही समझते । किन्तु व्यवहार मार्गका अवलम्बन लेकर जिसमे दर्शन ज्ञान चारित्र है वह आत्मा है ऐसा कहनेसे झट समझ जाते है । अत व्यवहारके द्वारा ही शुद्धनयरूप परमार्थको समझा जा सकता है । इसलिए परमार्थका प्रतिपादक होनेसे व्यवहारनयका उपदेश किया जाता है । प्रश्न हो सकता है कि व्यव-हार परमार्थका प्रतिपादक कैसे है ? इसके लिए कुन्दकुन्दाचार्यने समयसारमें एक उदाहरण दिया है—जो श्रुतज्ञानसे केवल शुद्ध आत्माको जानता है वह श्रुतकेवली है यह तो परमार्थ है । और जो सब श्रुतज्ञानको जानता है वह श्रुतकेवली है यह व्यवहार है । इसको स्पष्ट करनेके लिए आचार्य अमृतचन्द्रने कहा है—

सब ही ज्ञान आत्मा है या अनात्मा ? अनात्मा कहना तो उचित नही है क्योकि चेतन आत्मासे भिन्न जो अचेतन जडरूप आकाश आदि पाँच द्रव्य है उनका ज्ञानके साथ तादात्म्य नही है । अत ज्ञान आत्मा ही है यही सिद्ध हुआ । श्रुतज्ञान भी आत्मा ही है । ऐसा होने पर यह सिद्ध हुआ कि जो आत्माको जानता है वह श्रुतकेवली है और वही परमार्थ है । इस तरह ज्ञान और ज्ञानीका भेद करके कहनेवाला व्यवहार भी परमार्थ-को ही कहता है, अधिक नही ।

यतः यह आत्मा या ज्ञान पर द्रव्यको सम्यक् रूपसे उपचारसे जानता है अत· सम्यक् निश्चयकी दृष्टिसे अपने स्वरूपको जानता है ॥ २९१ ॥

विशेषार्थ—पर द्रव्यके जाननेको उपचरित और स्वस्वरूपके जाननेको निश्चय कहनेका प्रयोजन यह है कि जिस तरह ज्ञान स्वस्वरूपको तद्रूप होकर जानता है उस तरह परद्रव्यको उस रूप होकर नही जानता । इसीसे नियमसारमें आचार्य कुन्दकुन्दने कहा है कि निश्चयनयसे केवली अपनेको जानता है और व्यवहारनयसे परको जानता है ।

१. सम्मगु तेण य णिच्छय वि आ० ।

उवसमखयमिस्साणं तिहूणं एक्को वि णहु असब्भूवो ।
णोवत्तव्वं एवं सोवि गुणो जेण उवयरिओ ॥२९२॥
णहु णयपक्खं मिच्छा तं पिय णेयंतदव्वसिद्धियरं ।
सियसद्दसमारूढं जिणवयणविणिग्गयं सुद्धं ॥२९३॥
अवरोप्परसुविरुद्धा सव्वे धम्मा फुरंति जीवाणं ।
जाव ण सियसावेक्खो गहिओ वत्थूण सब्भावो ॥२९४॥
जं जं मुणदि सदिट्ठी सम्मगुरूवं खु होदि तं तं पि ।
जह इह वयणं मंतं मंतीणं सिद्धमंतेण ॥२९५॥

औपशमिक, क्षायिक और मिश्र (क्षायोपशमिक) इन तीनो भावोंमेसे कोई भी भाव असद्भूत नही है, ऐसा नही कहना चाहिए, क्योकि ये सब भी उपचरित है ॥ २९२ ॥

विशेषार्थ—पहले गाथा ११५ के द्वारा कह आये है कि जीवका जो स्वभाव कर्मोके क्षयसे प्रकट नही हुआ है वही परमभावग्राहीनयकी दृष्टिमें जीवका स्वभाव है । उसी बातको लक्ष्यमे रखकर यहाँ कर्मके उपशम, क्षय और क्षयोपशमसे होनेवाले भावोको भी उपचरित कहा है क्योकि उनके साथमें उपशम आदिकी उपाधि लगी हुई है । इसीसे द्रव्य सग्रहमें व्यवहारनयसे आठ ज्ञान और चार दर्शनोको जीवका लक्षण कहा है और निश्चयनयसे शुद्ध दर्शन और शुद्ध ज्ञानको जीवका लक्षण कहा है । ज्ञान और दर्शनके भेद तो औपाधिक है स्वाभाविक नही है । औपाधिक भाव आत्माका स्वभाव कैसे हो सकता है । इस गाथामें पाठभेद पाया जाता है । कुछ प्रतियोमें अन्तिम चरण 'जुत्तीणयपक्ख सभवा जम्हा' है । यदि जुत्तिके स्थानमें उत्ति पाठ हो तो अर्थ होगा—यत यह कथन नयपक्षको दृष्टिसे है । अर्थात् औपशमिक आदि तीनों भाव आत्माके नही है यह कथन नय दृष्टिसे है इसे सर्वथा रूपसे नही लेना चाहिए यही बात आगे कहते है—

जिनवाणीसे निकले हुए शुद्ध 'स्यात्' शब्दसे युक्त नय पक्ष मिथ्या नही होता, बल्कि वस्तु स्वरूपकी सिद्धि करता है ॥ २९३ ॥

जब तक 'स्यात्' पदकी अपेक्षासे वस्तुके स्वभावको ग्रहण नही किया जाता तभी तक जीवोंके सभी धर्म परस्परमें विरुद्ध प्रतीत होते है ॥ २९४ ॥

किन्तु सम्यग्दृष्टि जो-जो जानता है वह-वह सत्य होता है । जैसे वचन मान्त्रिकके द्वारा सिद्ध किये जाने पर मन्त्र बन जाता है ॥ २९५ ॥

विशेषार्थ—मन्त्र भी एक वाक्य ही होता है । मन्त्र शास्त्रके वेत्ताके द्वारा उसे सिद्ध किये जानेपर वह मन्त्र बन जाता है । वैसे ही सम्यग्दृष्टि जो कुछ जानता है वह सब यथार्थ होता है किन्तु इसका यह मतलब नही है कि यदि सम्यग्दृष्टिने अँधेरेमें पडी रस्सीको साँप समझ लिया तो वह भी सत्य है । बाह्य कारणोसे जो संशयादि ज्ञान होते है वे तो मिथ्या कहलाते ही है चाहे वे सम्यग्दृष्टिके हो या मिथ्यादृष्टिके । किन्तु वस्तुतत्त्वके सम्बन्धमें सम्यग्दृष्टि जो कुछ जानता है वह यथार्थ ही जानता है क्योकि उसकी दृष्टि सम्यक् एकान्तरूप होती है, मिथ्या एकान्तरूप नही होती । जो एकान्त अन्य धर्मनिरपेक्ष होता है उसे मिथ्या एकान्त कहते है और जो एकान्त अन्य धर्म सापेक्ष होता है उसे सम्यक् एकान्त कहते है । इसीसे सम्यक् एकान्तरूप नयदृष्टिके साथ अन्य धर्मोका सूचक 'स्यात्' पद रहता है जो बतलाता है कि वस्तु केवल इस एक धर्मवाली ही नही है किन्तु उसमें अन्य धर्म भी है । वस्तुके जिस धर्मको शब्द द्वारा कहा जाता है वह धर्म मुख्य हो जाता है शेष धर्म उस कालमें गौण हो जाते है । इस तरह गौणता मुख्यतासे ही वस्तु धर्मोकी सिद्धि होती है । बौद्ध कहता है सब क्षणिक है और साख्य कहता है सब नित्य है । ये दोनो ही एकान्त दृष्टियाँ मिथ्या है—क्योकि न तो वस्तु सर्वथा नित्य ही है और न सर्वथा क्षणिक ही है । यदि

१. एवं जुत्तो णयपक्खसंभवा जम्हा अ० क० ख० ज० मु० ।

उक्तं च—

य एव नित्यक्षणिकादयो नया मिथोऽनपेक्षाः स्वपरप्रणाशिनः ।
त एव तत्त्वं विमलस्य ते मुनेः परस्परेक्षाः स्वपरोपकारिणः ॥

णो ववहारेण विणा णिच्छयसिद्धी कया वि णिद्दिट्ठा ।
साहणहेऊ जह्मा तस्स य सो भणिय ववहारो ॥२९६॥

वस्तुको सर्वथा नित्य माना जायेगा तो उसमें कोई परिवर्तन ही नही हो सकेगा । जो ससारी है वह सर्वदा संसारी ही बना रहेगा मुक्त होगा ही नही । इसी तरह सर्वथा क्षणिक माननेसे जो करता है वही अपने कर्मका फल भोगता है, यह बात नही बनेगी क्योकि जिसने किया वह तो नष्ट हो गया । इसी तरह सासारिक लेन-देन आदिका व्यवहार भी उठ जायेगा । यह व्यवहार स्मरणमूलक है और क्षणिकवादमें स्मरण नही बनता क्योकि पूर्व अनुभूतको याद करना स्मरण कहा जाता है किन्तु जिसने पहले अनुभव किया था वह तो नष्ट हो गया । इसलिए दोनो ही एकान्त मिथ्या है । किन्तु उन्हे स्यात् सापेक्ष करने पर दोनो यथार्थ है । जैसे द्रव्यरूपसे वस्तु नित्य है और पर्याय रूपसे अनित्य है ।

यही बात स्वामी समन्तभद्रने अपने बृहत्स्वयंभूस्तोत्रमे भगवान् विमलनाथकी स्तुति में कही है—

जो परस्पर निरपेक्ष, नित्य और क्षणिक आदि दृष्टियाँ है वे अपना और परका विनाश करनेवाली है । किन्तु परस्पर सापेक्ष वे ही दृष्टियाँ विमलनाथ भगवान्के मतमे तात्त्विक है उन्हीके आधार पर तत्त्वकी व्यवस्था होती है अत. वे स्व और परका उपकार करनेवाली है ।

आगे व्यवहारको निश्चयका साधक कहते हैं—

व्यवहारके बिना कभी भी निश्चयकी सिद्धि नही होती । इसलिए निश्चयकी सिद्धिमें जो हेतु है उसे व्यवहार कहा है ॥ २९६ ॥

विशेषार्थ—छहढालामे पं० दौलतरामजीने भी कहा है—'जो सत्यारथरूप सो निश्चय कारण सो ववहारो ।' पंचास्तिकाय गाथा १५९ की टीकाके अन्तमें आचार्य अमृतचन्द्रजीने लिखा है—'एव हि शुद्धद्रव्याश्रितमभिन्नसाध्यसाधनभाव निश्चयनयमाश्रित्य मोक्षमार्गप्ररूपणम् । यत्तु पूर्वमुद्दिष्ट तत् स्वपरप्रत्ययपर्यायाश्रित भिन्नसाध्यसाधनभाव व्यवहारनयमाश्रित्य प्ररूपितम् । न चैतद्विप्रतिषिद्ध निश्चयव्यवहारयोः साध्यसाधनभावत्वात् सुवर्णसुवर्णपाषाणवत् । अत एवोभयनायत्ता पारमेश्वरी तीर्थप्रवर्तनेति ।' अर्थात्—इस प्रकार शुद्ध द्रव्यके आश्रित, अभिन्न साध्यसाधनभाववाले निश्चयनयके आश्रयसे मोक्ष मार्गका निरूपण किया । और जो पहले (गाथा १०७ मे) कहा गया था वह तो स्वपरहेतुक पर्यायके आश्रित भिन्न साध्यसाधन भाववाले व्यवहारनयके आश्रयसे कहा गया था । ये दोनो कथन परस्परमे विरुद्ध नही है, क्योकि सुवर्ण और सुवर्ण पाषाणकी भाँति निश्चय और व्यवहारमें साध्य-साधनपना है । इसीलिए पारमेश्वरी तीर्थप्रवर्तना दोनो नयोके अधीन है ।

निश्चयनयका विषय शुद्धद्रव्य है उसमें साध्य और साधन अभिन्न होते है । जैसे—पंचास्तिकाय गाथा १५९ की टीकामें कहा है—जो मुनि समस्त मोहचक्रसे रहित होनेसे अपना स्वरूप परद्रव्यके स्वभाव रूप भावोसे रहित है ऐसा अनुभवन करते है और स्वद्रव्यमें ही निर्विकल्परूपसे अत्यन्त लीन होकर निजस्वभावभूत दर्शन ज्ञान भेदोको भी आत्मासे अभेदरूपसे आचरण करते है, वे मुनि स्वचारित्रका आचरण करनेवाले है । इस तरह निर्विकल्प ध्यानपरिणत मुनि निश्चयमोक्षमार्गी कहे जाते है क्योकि यहाँ साध्य मोक्ष और साधन मोक्षमार्ग दोनो एक शुद्धात्मपर्यायरूप है । तथा जिस नयमें साध्य और साधन भिन्न प्रकारसे किये गये हो उसे व्यवहारनय कहते है, जैसे छठे गुणस्थानमें तत्त्वार्थश्रद्धान, तत्त्वार्थज्ञान और पंचमहाव्रतादिरूप चारित्र व्यवहार मोक्षमार्ग है क्योकि यहाँ साध्य मोक्ष से तत्त्वार्थ श्रद्धानादि रूप मोक्षमार्ग भिन्न है । जैसे सुव-

तमेवमुपपत्त्या समर्थयति—

दव्वसुयादो सम्मं भावं तं चेव अप्पसब्भावं ।
तं पि य केवलणाणं संवेयणसंगदो जह्मा ॥२९७॥

उक्तं च—

दव्वसुयादो भावं तत्तो भेयं हवेइ संवेदं ।
तत्तो सवित्ती खलु केवलणाणं हवे तत्तो ॥

हारनयसे सुवर्ण पाषाणको स्वर्णका साधन कहा जाता है । वैसे ही व्यवहारनयसे व्यवहार मोक्षमार्ग निश्चय मोक्षमार्गका साधन कहा जाता है क्योंकि सविकल्प दशामें वर्तमान भावलिंगी मुनिको तत्त्वार्थश्रद्धान, तत्त्वार्थज्ञान और महाव्रतादि रूप चारित्र निर्विकल्प दशामें वर्तते हुए शुद्धात्म श्रद्धान ज्ञान और अनुष्ठानके साधन होते है ।

आगे युक्तिके द्वारा उक्त कथनका समर्थन करते है—

द्रव्यश्रुतसे समीचीन भाव होता है । वह समीचीन भाव आत्माके स्वभावरूप ही है । तथा आत्मस्वभाव केवल ज्ञानरूप है क्योंकि आत्मसवेदनसे ही वह प्रकट होता है ॥२९७॥

कहा भी है—

द्रव्यश्रुतसे भावश्रुत और भावश्रुतसे भेदज्ञान होता है । भेदज्ञानसे आत्मसवेदन होता है । और आत्मसवेदनसे केवलज्ञान होता है ।

विशेषार्थ—ग्रन्थ या शब्दरूप श्रुतको द्रव्यश्रुत कहते है । द्रव्यश्रुतके पढने या सुननेसे जो उसका ज्ञान होता है उसे भावश्रुत कहते है । इसीसे व्यवहारमें द्रव्यश्रुतको भावश्रुतका कारण कहा जाता है । किन्तु यथार्थमें वचनात्मक वस्तु श्रुतज्ञान नही है । क्योंकि वचन अचेतन है इसलिए ज्ञानमें और द्रव्यश्रुतमें भेद है । इसी तरह शब्द भी ज्ञान नही है क्योंकि शब्द पुद्गल द्रव्यकी पर्याय है । यही बात समयसारके सर्वविशुद्ध-ज्ञानाधिकारमें कही है । जीव ही एक ज्ञान है क्योंकि जीव चेतन है और वह ज्ञानस्वरूप है, अत जीवमें और ज्ञानमें अभेद है । जो जानता है वही ज्ञान है । ज्ञानके योगसे जीव ज्ञानी नही है । किन्तु ससार दशामें ज्ञान-स्वरूप जीव भी अज्ञानी बना है अत बाह्य वस्तुओका निमित्त मिलने पर भी वह स्वयं ही ज्ञानरूप होता है, इस तरह द्रव्यश्रुतको भावश्रुतका निमित्त कहा जाता है । भावश्रुतसे आत्माको स्व और परका भेदज्ञान होता है । स्व और परका भेदज्ञान होनेसे ही स्वानुभूतिरूप स्वसवेदन होता है, जो सम्यक्त्वका सहभावी है । यह स्वका सम्यक् संवेदन, केवलज्ञानका ही अश है । वीरसेन स्वामीने जयधवला टीका (भाग १, पृ० ४४ आदि) में लिखा है कि केवलज्ञान असिद्ध नही है क्योंकि स्वसवेदन प्रत्यक्षके द्वारा केवल ज्ञानके अंशरूप ज्ञानकी निर्बाध रूपसे उपलब्धि होती है अर्थात् मतिज्ञान आदि केवल ज्ञानके अशरूप है और स्वसवेदन प्रत्यक्षसे सभीको उनकी उपलब्धि होती है । शायद कहा जाये कि मतिज्ञान आदि तो इन्द्रियोंसे उत्पन्न होते हैं अत उन्हें केवल ज्ञानका अश नही कहा जा सकता है । किन्तु ऐसा कहना ठीक नही है क्योंकि यदि ऐसा मान लिया जाये कि ज्ञान इन्द्रियोंसे ही पैदा होता है तो इन्द्रियोंके व्यापारसे पहले ज्ञान गुणका अभाव होनेसे गुणी जीवके भी अभावका प्रसग आता है । अत यह मानना पडता है कि इन्द्रिय व्यापारसे पहले भी जीवमें ज्ञान सामान्य रहता है । मतिज्ञानादि उसीकी अवस्थाएँ है । वस्तुत ज्ञानगुण तो एक ही है । और वह केवल ज्ञानरूप है । इस तरह केवल ज्ञान स्वसवेदन प्रत्यक्षसे सिद्ध है । सम्यग्दृष्टिको होनेवाला यह वीतराग स्वसवेदन ही केवल ज्ञानके रूपमें विकसित होकर प्रकट होता है । इस तरह व्यवहारको निश्चयका साधन बतलाया है ।

व्यवहारिणः कर्तृत्वप्रसंगात्कथं मुक्तिरित्याशंक्याह—

[1]मिच्छा सरागभूदो जीवो कत्ता जिणागमे पढिदो ।
णहु विवरीओ कत्ता उवयरिओ जइवि अत्थेसु ॥२९८॥

व्यवहारी जीवको कर्तृत्वका प्रसंग आनेसे मुक्तिकी प्राप्ति कैसे हो सकती है इस आशकाका परिहार आगे करते है—

जिनागममे मिथ्यादृष्टि सरागी जीवको कर्ता कहा है । उससे जो विपरीत है वह कर्ता नही है, यद्यपि पदार्थोंमे उसका उपचार किया जाता है ॥२९८॥

विशेषार्थ—समयसारमे नवतत्त्वोका वर्णन करनेके साथ एक कर्ता कर्म अधिकार है जो बहुत ही महत्त्वपूर्ण है । जीव क्या है इसके साथ ही जीव किसका कर्ता है और उस कर्ताका कर्म क्या है यह भी विचारणीय है । इसका कारण यह है कि जैसे आत्माका ज्ञानके साथ तादात्म्य सम्बन्ध है अत. आत्मा ज्ञानमे नि शक प्रवृत्ति करता है उसका वह ज्ञानरूप परिणमन स्वभावरूप ही है । किन्तु जिस प्रकार वह जानने क्रियारूप परिणमन करता है उसी प्रकार आत्माके साथ जिन क्रोधादिका सयोग सम्बन्ध है उनमे भी भेदको न जानकर क्रोधादिमें भी आत्मरूप प्रवृत्ति करता है । किन्तु क्रोधादि क्रिया तो परभावरूप है उसमें स्वभावका अध्यास करके तद्रूप परिणमन करता है । इस तरह स्वाभाविक अवस्था ज्ञाता द्रष्टापनाको छोडकर क्रोधादि रूप परिणमन करनेसे आत्मा उनका कर्ता और क्रोधादि उसके कर्म कहे जाते है । यह अनादिकालीन अज्ञान-जन्य कर्ता कर्मकी प्रवृत्ति चली आती है । यही बन्धका कारण है अर्थात् जब तक आत्मा यह मानता है मैं क्रोधादिका कर्ता हूँ और क्रोधादि मेरे कर्म है तभी तक कर्मका बन्ध होता है । इस तरह परमे कर्ता कर्मकी प्रवृत्ति बन्धका कारण है और निवृत्ति बन्धकी निरोधक है । अत मिथ्यादृष्टि सरागी जीव आत्मा और कर्म-जन्य भावोमें अभेदाध्यासके कारण कर्मोका कर्ता अतएव बन्धक कहा गया है । किन्तु सम्यग्दृष्टि होने पर परद्रव्यके स्वामित्वकी भावना नही रहती । इस कारण चारित्रमोहका जब तक उदय है तब तक उसके यद्यपि आस्रव बन्ध होते है किन्तु वह अपनेको उनका कर्ता और उन्हें अपना कर्म नही मानता । उसके अभिप्रायमें निवृत्ति ही है । इसीलिए उसे ज्ञानी कहते है और मिथ्यादृष्टिको अज्ञानी कहते है । मिथ्यात्वसम्बन्धी बन्ध ही अनन्त संसारका कारण है । ज्ञान बन्धका कारण नही है । जब तक ज्ञानमे मिथ्यात्वका उदय रहता है तब तक अज्ञान कहलाता है । मिथ्यात्वके चले जाने पर अज्ञान नही रहता, ज्ञान ही रहता है, फिर भी उस अवस्थामे जो कुछ चारित्रमोहसम्बन्धी विकार है उसका स्वामी ज्ञानी नही बनता । इसीसे ज्ञानीके बन्ध नही है । आशय यह है कि सम्यग्दृष्टिको ज्ञानी कहा है और ज्ञानीके राग, द्वेष, मोहका अभाव कहा है इसलिए उसके जो इन्द्रियोसे भोग होता है उस भोगसामग्रीको सम्यग्दृष्टि परद्रव्य जानता है और समझता है कि मेरा इनसे कुछ सम्बन्ध नही है । लेकिन कर्मके उदयके निमित्तसे मेरा इनका सयोग-वियोग है सो यह चारित्र मोहके उदयकी पीडा है । जब तक बलहीन होनेसे वह सही नही जाती तब तक रोगीकी तरह, जैसे रोगी रोगको अच्छा नही जानते हुए भी उसकी पीडा न सह सकने पर औषधि सेवन करता है, वैसे ही भोग उपभोग सामग्रीका सेवन करता है । परन्तु कर्मके उदयमे और भोगोपभोग सामग्रीमे उसे राग-द्वेष नही है । उदयमे आये हुए को जानता है और फलको भी भोगता है किन्तु राग, द्वेष, मोहके बिना भोगता है इसलिए वह उस क्रियाका कर्ता नही है । किन्तु मिथ्यादृष्टि अज्ञानी तो सर्वदा कर्ता ही है अत वह अनादि सांत अथवा अनादि अनन्त किसी भी प्रकार भी स्व-पर ज्ञानके बिना पापी ही है । जैन सिद्धान्तमे मिथ्यात्वको ही बडा पाप कहा है । अत जब तक मिथ्यात्व

---

१. 'परमप्पाणं कुव्वं अप्पाण पिय पर करितो सो । अण्णाणमओ जीवो कम्माणं कारगो होदि ॥८४॥ परमप्पाणमकुव्वं अप्पाणं पिय परं अकुव्वतो । सो णाणमओ जीवो कम्माणमकारगो होदि ॥८५॥—समयसार ।

उक्तस्य शुभाशुभस्य कारणं [1]संसारस्य च कारणमाह—

असुह सुहं विय कम्मं दुविहं तं दव्वभावभेयगयं ।
तं पिय पडुच्च मोहं संसारो तेण जीवस्स ॥२९९॥

है तब तक शुभ क्रियाओंको भी परमार्थसे पाप ही कहा है। व्यवहार नयसे व्यवहारी जीवोंको अशुभसे छुडाकर शुभमें लगानेको पुण्य भी कहा है। यहाँ इतना विशेष जानना कि अध्यात्ममें मिथ्यात्व सहित अनन्तानुबन्धीके रागको ही प्रधान रूपसे राग कहा है। क्योंकि स्व-पर ज्ञान श्रद्धानके बिना परद्रव्यमें और परद्रव्यके निमित्तसे हुए भावोंमें आत्मबुद्धि होते हुए मिथ्यात्वका जाना सम्भव नहीं है, ऐसी स्थितिमें यदि कोई मुनि पद लेकर व्रतादि भी पाले, पर जीवोंकी रक्षा आदिरूप परद्रव्यसम्बन्धी शुभ भावोंसे अपना मोक्ष होना माने तथा पर जीवोंके घात होनेरूप अयत्नाचारसे अपनेमें बन्ध माने तो जानना उसके स्व-परका ज्ञान नहीं है। क्योंकि बन्ध-मोक्ष तो अपने भावोंसे था, उसे भूलकर जब तक पर द्रव्यसे ही भला-बुरा मान राग, द्वेष करता है तब तक सम्यग्दृष्टि नहीं है। 11-2-98

उक्त शुभ-अशुभ कर्मोंका कारण तथा संसारका कारण आगे कहते हैं—

अशुभ और शुभकर्म द्रव्य तथा भावके भेदसे दो प्रकारके हैं। इनका कारण मोह है उसीसे जीवको संसारमें भटकना पडता है ॥२९९॥

विशेषार्थ—संसारमें भटकनेका कारण मोह है और मोह ही नवीन कर्मबन्धमें कारण है, मोहनीय कर्मके उदयसे जीवके मिथ्या श्रद्धान रूप तथा क्रोध, मान, माया, रूप भाव होते हैं। इन्हीं भावोंका निमित्त पाकर नवीन कर्मबन्ध होता है। जीवके योगरूप और कषायरूप भावोंको बन्धका कारण कहा है। जीवके मन, वचन और कायकी चेष्टाका निमित्त पाकर आत्माके प्रदेशोंमें हलन-चलन होता है। उसे योग कहते हैं। उसके निमित्तसे प्रति समय कर्मरूप होने योग्य अनन्त परमाणुओंका ग्रहण होता है। यदि योग अल्प होता है तो अल्प परमाणुओंका ग्रहण होता है और बहुत हो तो बहुत परमाणुओंका ग्रहण होता है। यह योग शुभ और अशुभके भेदसे दो प्रकारका है। धर्मके कार्योंमें मन, वचन, कायकी प्रवृत्तिको शुभयोग कहते हैं। और पापके कार्योंमें मन, वचन, कायकी प्रवृत्तिको अशुभ योग कहते हैं। योग शुभ हो या अशुभ—घातिया कर्मोंकी सब प्रकृतियोंका निरन्तर बन्ध होता ही रहता है। घातिया कर्म अशुभ ही हैं। अघाति कर्मोंमें ही शुभ और अशुभका भेद है। शुभ प्रकृतियोंके द्रव्यको शुभ और अशुभ प्रकृतियोंके द्रव्यको अशुभ कहते हैं। सातावेदनीय, तिर्यगायु, मनुष्यायु, देवायु ये तीन आयु, एक उच्चगोत्र और नाम कर्मकी सैंतीस प्रकृतियाँ—मनुष्यगति, देवगति, पंचेन्द्रिय जाति, पाँच शरीर नामकर्म, तीन अंगोपाग नामकर्म, समचतुरस्र संस्थान, वज्रवृषभनाराच संहनन, प्रशस्त वर्ण गन्ध रस स्पर्श, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, प्रशस्त विहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक शरीर, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, आदेश, यश-कीर्ति, निर्माण, तीर्थंकर—ये सब पुण्य प्रकृतियाँ हैं, शेष सब अशुभ हैं। तथा शुभ और अशुभ प्रत्येक कर्म द्रव्य और बन्धके भेदसे दो प्रकारका है। कर्मपरमाणुओंको द्रव्यकर्म कहते हैं, तथा उसके निमित्तसे जीवके जो मोहादि परिणाम होते हैं उन्हें द्रव्यकर्म कहते हैं, द्रव्यकर्मके निमित्तसे भावकर्म होता है और भावकर्मके निमित्तसे द्रव्यकर्मका बन्ध होता है। इस प्रकार द्रव्यकर्म और भावकर्ममें परस्पर निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध होनेसे संसार चक्रमें घूमना पडता है।

---

१. संसारकार्यं क० । संसारकार्यं ग० घ० ।

मोहस्य भेदं कार्यं स्वरूपं च दर्शयति-

दंसणचरित्तमोहं दुविहं पि य विविहभेयसब्भावं ।
एयाणं ते भेया जे भणिया पच्चयाईहिं ॥३००॥
पच्चयवंतो [1]रागा दोसामोहे य आसवा तेसिं ।
आसवदो खलु कम्मं कम्मेण य देह तं पि संसारो ॥३०१॥

आगे मोहनीय कर्मके भेद और उनका कार्य बतलाते हैं—

मोहनीय कर्मके दो भेद हैं--दर्शन मोहनीय और चारित्र मोहनीय । इन दोनोके भी अनेक भेद हैं । कर्मोके हेतु जो मिथ्यात्व आदि और राग-द्वेष आदि है वे भी इन्हीके भेद है । मिथ्यात्व आदि रूप भाव राग, द्वेष, मोह रूप आस्रवोके कारण है । आस्रवभाव कर्मका कारण है । कर्म शरीरका कारण है और शरीर ससारका कारण है ॥३००-३०१॥

विशेषार्थ—मोहनीय कर्मके दो भेद है—दर्शन मोहनीय और चारित्र मोहनीय । दर्शन मोहनीयके तीन भेद है—मिथ्यात्व, सम्यक्मिथ्यात्व और सम्यक्त्व मोहनीय । जिसके उदयमें जीव सर्वज्ञके द्वारा कहे गये मार्गसे विमुख, तत्त्वार्थ श्रद्धानके प्रति उदासीन और हित-अहितके विचारसे शून्य मिथ्यादृष्टि होता है उसे मिथ्यात्व कहते है । जब शुभ परिणामके द्वारा उस मिथ्यात्वकी शक्ति घटा दी जाती है जिससे वह आत्माके श्रद्धानको रोकनेमें असमर्थ हो जाता है तो उसे सम्यक्त्व मोहनीय कहते है । और जब उसी मिथ्यात्वकी शक्ति आधी शुद्ध हो पाती है तो उसे सम्यक्त्व मिथ्यात्व मोहनीय कहते है । उसके उदयमे जीवके श्रद्धान और अश्रद्धानरूप मिले हुए भाव होते है । दर्शन मोहनीयके इन तीन भेदोमे से बन्ध तो केवल एक मिथ्यात्व का ही होता है किन्तु जब जीवको प्रथमोपशम सम्यक्त्व होता है तो उस मिथ्यात्व कर्मके तीन भाग हो जाते है । चारित्रमोहनीयके दो भेद है— अकषायवेदनीय और कषायवेदनीय । अकषायका अर्थ है किंचित् कषाय । इसीसे इसे नोकपाय भी कहते है । इसके नौ भेद है—हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, नपुसकवेद । क्रोध आदि कषायोका बल पाकर ही हास्य आदि होते है इसलिए इन्हें अकषाय या नोकपाय कहते है । कषाय वेदनीयके सोलह भेद है । मूल भेद चार है—क्रोध, मान, माया, लोभ । इनमेंसे प्रत्येककी चार-चार अवस्थाएँ होती है । मिथ्यात्वके रहते हुए ससारका अन्त नही होता इसलिए मिथ्यात्वको अनन्त कहते है । जो क्रोध, मान, माया, लोभ, अनन्त—मिथ्यात्वसे बँधे हुए होते है उन्हे अनन्तानुबन्धी कहते है । जिस क्रोध, मान, माया, लोभके उदयमे थोडा-सा भी देशचारित्र रूप भाव प्रकट नही होता उन्हे अप्रत्याख्यानावरण कहते है । जिस क्रोध, मान, माया, लोभके उदयमें जीवके सकल चारित्ररूप भाव नही होते उन्हें प्रत्याख्यानावरण कहते है । और जिस क्रोध, मान, माया, लोभके उदयमे शुद्धोपयोगरूप यथाख्यात चारित्र नही होता उसे संज्वलन कहते है । ये कषायवेदनीयके सोलह भेद है । इस तरह मोहनीयके कुल अट्ठाईस भेद है । कर्मबन्धके कारण जो मिथ्यात्व आदि कहे है वे इन्हीके भेद है । समयसार गाथा १०९ मे कहा है कि अन्य द्रव्यका अन्य द्रव्यकर्ता नही होता, अत निश्चयसे आत्मद्रव्य पुद्गल द्रव्यकर्मका कर्ता नही है, पुद्गल कर्मका कर्ता पुद्गल द्रव्य ही है । उस पुद्गल द्रव्यके मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग ये चार भेद सामान्यसे बन्धके कर्ता है । ये चारो पुद्गलके परिणाम है अत ज्ञानावरण आदि पुद्गलकर्मोके आनेमें निमित्त है और इसलिए आस्रवरूप है । किन्तु ज्ञानावरण आदिके आस्रवमे निमित्त जो मिथ्यात्व आदि है उनके भी निमित्त आत्माके मोह-राग-द्वेषरूप परिणाम है । अत मिथ्यात्व आदि कर्मके आस्रवके निमित्तमे निमित्त होनेसे राग, द्वेष, मोह ही आस्रवरूप है उनमें अपना परिणाम ही निमित्त है इसीसे वे जड़ नही है

१ रागो दोसो मोहो क० ख० ज० । 'सन्ति तावज्जीवस्य आत्मकर्मैकत्वाध्यासमूलानि मिथ्यात्वाज्ञानाविरतियोगलक्षणानि अध्यवसायानि । तानि रागद्वेषमोहलक्षणस्यास्रवभावस्य हेतवः । आस्रवभाव. कर्महेतु. । कर्म नोकर्महेतु । नोकर्म ससारहेतु ।'—समयसार, गाथा १०९ टीका ।

मिच्छत्तं[1] अण्णाणं अविरमण कसाय जोग जे भावा ।
ते इह पच्चय जीवे विसेसदो हुंति ते बहुगा ॥३०२॥
मिच्छत्तं[2] पुणं दुविहं मूढत्तं तह सहावणिरवेक्खं ।
तस्सोदयेण जीवो विवरीदं गेह्णए तच्चं ॥३०३॥
अत्थित्तं णो मण्णदि णत्थिसहावस्स जो हु सावेक्खं ।
णत्थी विय तह दव्वे मूढो मूढो हु सव्वत्थ ॥३०४॥

उनमे चैतन्यका आभास है । इसीसे उन्हे चैतन्यका विकार भी कहते है । इस तरह मिथ्यात्व, अज्ञान, अविरति और योगरूप अध्यवसान राग, द्वेष, मोहरूप आस्रवोके कारण है । राग-द्वेष-मोहरूप आस्रव भाव कर्मके कारण है, कर्म नोकर्मके कारण है, नोकर्म संसारके कारण है । आशय यह है कि संसारी जीव आत्मा और कर्ममें एकत्वका अध्यवसाय करके आत्माको मिथ्यात्व, अविरति, अज्ञान और योगमय मानता है अतः राग, द्वेष, मोहरूप आस्रव भावोको ही भाता है । उससे कर्मका आस्रव होता है । कर्मसे नोकर्म शरीर होता है और शरीर धारण करनेसे ही ससार चलता है । उक्त कथनको स्पष्ट करनेके लिए यहाँ यह बतला देना आवश्यक है कि मिथ्यात्व, अज्ञान, अविरति आदि जो भाव है वे जीवसे भी भावित है और अजीवसे भी भावित है इसलिए जीव भी है और अजीव भी है । कर्मके निमित्तसे जीव ही विभावरूप परिणमन करता है अत वे जो चेतनके विकार रूप है वे जीव ही है । और जो पुद्गल मिथ्यात्व आदि रूप परिणमन करते है वे मिथ्यात्व आदि कर्म अजीव है । इस तरह जो मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति आदि अजीव है वे अमूर्तिक चैतन्यके परिणामसे भिन्न मूर्तिक पुद्गल कर्म है और जो मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति आदि जीव है वे मूर्तिक पुद्गल कर्मसे भिन्न चैतन्यपरिणामके विकार है । यद्यपि परमार्थ दृष्टिसे आत्माका स्वभाव शुद्ध निरजन चैतन्य रूप ही है किन्तु अनादि अन्य वस्तुरूप मोहसे युक्त होनेके कारण आत्मामे उत्पन्न होनेवाले मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरतिरूप परिणामके निमित्तसे तीन रूप होकर जिस-जिस भावको आप करता है उस-उस भावका कर्ता होता है ।

आगे प्रत्ययोको बतलाते है—

जीवमे मिथ्यात्व, अज्ञान, अविरति, कषाय और योगरूप जो भाव है उन्हे यहाँ प्रत्यय कहा है । उनके बहुतसे भेद हैं ॥३०२॥

आगे उन प्रत्ययोके भेदोको कहते है —

मिथ्यात्वके दो भेद है—एक मूढता रूप और दूसरा स्वभावनिरपेक्ष अर्थात् परोपदेशरूप । मिथ्यात्व कर्मके उदयसे जीव तत्त्वको विपरीत रूपसे ग्रहण करता है अर्थात् वस्तुका जैसा स्वरूप है उससे उलटा जानता है ॥३०३॥

जो द्रव्यमे अस्तित्वको नास्तिस्वभाव सापेक्ष नही मानता और नास्तित्वको अस्तित्व स्वभावसापेक्ष नही मानता वह मूढ सर्वत्र मूढ ही है ॥३०४॥

विशेषार्थ—वस्तु न केवल अस्तिस्वरूप ही है और न केवल नास्तिस्वरूप ही है । यदि वस्तुको केवल अस्तिस्वरूप या सत्स्वरूप ही माना जायेगा तो एक वस्तु सर्वात्मक हो जायेगी । जैसे घट-घट रूपसे

---

१. 'तेसिं हेऊ भणिदा अज्झवसाणाणि सव्वदरसीहिं । मिच्छत्तं अण्णाण अविरयभावो य जोगो य ॥१९०॥ —समयसार । २ 'मिथ्यादर्शन द्विविधम् । नैसर्गिक परोपदेशपूर्वक च । तत्र परोपदेशमन्तरेण मिथ्यात्वकर्मोदयवशाद् यदाविर्भवति तत्त्वार्थाश्रद्धानलक्षणं तन्नैसर्गिकम् । परोपदेशनिमित्त चतुर्विधम् । क्रियाक्रियावाद्यज्ञानिवैनयिकविकल्पात् । अथवा पञ्चविधं मिथ्यादर्शनम्—एकान्तमिथ्यादर्शनम्, विपरीतमिथ्यादर्शनम्, संशयमिथ्यादर्शनम्, वैनयिकमिथ्यादर्शनम्, अज्ञानमिथ्यादर्शनमिति'—सर्वार्थ० ॥८।१॥

मूढो वियं सुदहेदुं सहावणिरवेक्खरूवदो होइ ।
अलहंतो खवणादी मिच्छापयडीण खलु उदए ॥३०५॥
ससयविमोहविब्भमजुत्तं जं तं खु होइ अण्णाणं ।
अहव कुसत्थाज्झेयं पावपदं हवदि तं णाणं॥३०६॥

है वैसे ही यदि वह पट, मठ आदि रूपसे भी है तो घट, पट, मठमें कोई भेद न रहनेसे सब एक रूप हो जायेंगे । यदि कहोगे कि घट तो घट ही है पट या मठ नही है तो कहना होगा घट घट रूपसे है और पट, मठ आदि रूपसे नही है । अत घट सत्स्वरूप भी है और अन्य वस्तुओका उसमे अभाव होनेसे उनकी अपेक्षा नास्ति स्वरूप भी है ऐसा माने बिना 'घट घट ही है, पट नही है' यह बात सिद्ध नही हो सकती । इसी तरह कोई वस्तु सर्वथा नास्ति स्वरूप भी नही है जो नास्ति स्वरूप है वह किसी की अपेक्षा अस्तिस्वरूप भी है । सर्वथा असत् कुछ भी नही है । यदि इस प्रकार अस्तित्वको नास्तित्वसापेक्ष और नास्तित्वको अस्तित्व-सापेक्ष नही माना जायेगा तो समस्त व्यवहार ही गडबड हो जायेगा । उदाहरणके लिए ऐसी स्थितिमे जैसे ऊँटमें ऊँटपना रहता है वैसे दहीमें भी ऊँटपना रह सकेगा और ऊँटमें भी दहीपना रह सकेगा क्योकि दही और ऊँटमें कोई भेद आप मानते नही है । तब 'दही खाओ' ऐसा कहनेपर सुननेवाला ऊँटकी ओर भी दौड़ेगा या फिर जैसे वह ऊँटकी ओर नही दौडेगा वैसे ही दहीकी ओर भी नही दौडेगा । क्योकि ऊँटमे 'यह दही नही है' और दहीमे 'यह ऊँट नही है' उस प्रकारका धर्म तो आप मानते नही है, तब एक शब्दको सुनकर किसी वस्तुमें प्रवृत्ति और अन्यवस्तुसे निवृत्तिका व्यवहार लुप्त हो जायेगा क्योकि सभी वस्तुएँ सब रूप है । यदि कहोगे कि दहीमे स्वरूपसे दहीपना है, ऊँटरूपसे नही, और ऊँटमे स्वरूपसे ऊँटपना है, दहीरूपसे नही अत प्रवृत्ति-निवृत्तिके व्यवहारमें कोई गडबड नही हो सकती । तो यह सिद्ध हुआ कि दहीपना अदहीपनेका अविनाभावी है और ऊँटपना, ऊँटपना नही का अविनाभावी है अर्थात् दहीमें दहीपनेके अस्तित्वके साथ अदहीपनेका नास्तित्व भी रहता है और ऊँटमें ऊँटपनेके अस्तित्वके साथ ऊँटपना नहीका नास्तित्व भी रहता है । इसी तरह प्रत्येक वस्तु स्वरूपसे है और पररूपसे नही है । अत अस्तित्वधर्म वस्तुमें नास्तित्व सापेक्ष है और नास्तित्वधर्म अस्तित्वधर्म सापेक्ष है । जो ऐसा नही मानता वह मूढ मिथ्यादृष्टि है । जिसे वस्तुके स्वरूप-का ही ज्ञान नही वह कैसे ज्ञानी हो सकता है ।

मिथ्यात्व प्रकृतिका उदय होनेपर कर्मका क्षय आदि न कर सकनेवाला मूढ मिथ्यादृष्टि भी शास्त्र आदिका निमित्त मिलनेपर स्वभावनिरपेक्ष रूपसे मिथ्यादृष्टि होता है ॥३०५॥

विशेषार्थ—प्राचीन शास्त्रकारोने मिथ्यात्वके दो भेद किये है—नैसर्गिक मिथ्यात्व और परोपदेश-निमित्तक मिथ्यात्व । मिथ्यात्व कर्मके उदयसे परोपदेशके बिना ही जो मिथ्या श्रद्धान होता है वह नैसर्गिक मिथ्यात्व है इसे अगृहीत मिथ्यात्व भी कहते है । एकेन्द्रिय आदि जीवोके यह मिथ्यात्व होता है और जो मिथ्यात्व दूसरोके मिथ्या उपदेशको सुनकर होता है उसे परोपदेशपूर्वक या गृहीत मिथ्यात्व कहते है । ऐसा प्रतीत होता है कि नयचक्रके कर्ताने मिथ्यात्वके इन्ही दो भेदोको मूढता और स्वभाव निरपेक्षरूपसे गिनाया है । स्वभाव निरपेक्षका अर्थ होता है अनैसर्गिक अर्थात् स्वाभाविक नही । इसीसे उसे श्रुतहेतुक कहा है । और नैसर्गिकको मूढता शब्दसे कहा है क्योकि जो द्रव्यके स्वभावके विषयमें ही मूढ है वह सर्वत्र मूढ ही है ऐसा लिखनेसे यही प्रतीत होता है । मिथ्यात्वका उदय तो दोनो ही भेदोमे रहता है ।

आगे अज्ञानका स्वरूप कहते है—

संशय, विमोह और विभ्रमसे युक्त जो ज्ञान होता है उसे अज्ञान कहते हैं । अथवा कुशास्त्रो-के अध्ययन चिन्तनसे जो पापदायक ज्ञान होता है वह भी अज्ञान है ॥३०६॥

विशेषार्थ—यह 'स्थाणु (ठूँठ) है या पुरुष है' इस प्रकारकी चलित प्रतीतिको सशय कहते है । इसी प्रकार वीतराग सर्वज्ञके द्वारा कहा गया तत्त्वज्ञान सत्य है या दूसरोके द्वारा कहा गया सत्य है यह संशय

हिंसा असच्च मोसो मेहुणसेवा परिग्गहे गहणं ।
अविरदिभेया भणिया एयाण बहुविहा अण्णे ॥३०७॥

है । मार्गमें चलते हुए पुरुषके पैरमे तृण आदिका स्पर्श होनेपर 'कुछ होगा' यह विमोह या अनध्यवसाय है । इसी तरह परस्पर सापेक्ष नयोके द्वारा द्रव्य, गुण, पर्याय आदिका ज्ञान न होना विमोह है । सीपको चाँदी या रस्सीको साँप समझना विभ्रम या विपर्यय है । इसी प्रकार अनेकान्तात्मक वस्तुको एकान्त रूपसे ग्रहण करना विभ्रम है । इन संशय, विमोह और विभ्रमसे युक्त ज्ञान ज्ञान नही है वस्तुत. अज्ञान ही है । इसी तरह वस्तुके मिथ्या स्वरूपको बतलानेवाले शास्त्रोसे भी जो ज्ञान प्राप्त होता है वह अज्ञान ही है । जो अपने और पर वस्तुओके स्वरूपको सम्यक् रूपसे जानता है वही सम्यग्ज्ञान है । सम्यग्दृष्टिको भी बाह्यकारणोसे बाह्यवस्तुओमे सशय विमोह और विभ्रम होते है दृष्टिदोष और अन्धकार आदिसे वह भी सीपको चाँदी समझ लेता है । किन्तु इतने मात्रसे वह अज्ञानी नही हो जाता । आत्मकल्याणके उपयोगी तत्त्वोमे उसे सशय, विमोह और विभ्रम नही होते । वह वस्तुके यथार्थ स्वरूपको सम्यक् रीतिसे जानता है । यहाँ एक विशेष बात यह कहना है कि सभी शास्त्रकारोने बन्धके कारणोमे मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योगको बतलाया है । आचार्य कुन्दकुन्दने भी समयसारकी गाथा १०९ में बन्धके इन्ही चार कारणोको बतलाया है । किन्तु सवराधिकार गाथा १९० मे मिथ्यात्व, अज्ञान, अविरति और योगको गिनाया है । कहा है कि आत्मा और कर्मको एक समझ बैठनेमें मूलकारण मिथ्यात्व, अज्ञान, अविरति और योगरूप अध्यवसान (परिणाम) है । चूँकि यहाँ भेद विज्ञानमूलक चर्चा है इसलिए अज्ञान भावको भी उसके विरोधीके रूपमे गिनाया है उसीको लक्षमें रखकर इस ग्रन्थके कर्ताने भी बन्धके प्रत्ययोमें अज्ञानको स्थान दिया प्रतीत होता है ।

आगे अविरतिके भेद कहते है—

हिंसा, झूठ, चोरी, मैथुनसेवन और परिग्रहका ग्रहण ये पाँच अविरतिके भेद कहे है । इनके अन्य बहुतसे भेद है ॥ ३०७ ॥

विशेषार्थ—व्रत या विरतिका उलटा अविरति है । हिंसा करना, झूठ बोलना, चोरी करना, मैथुन-सेवन करना और परिग्रह इकट्ठी करना अविरति है । विरति-पापका त्याग न करनेको अविरति कहते है । वे पाप पाँच है—हिंसा, झूठ, चोरी, मैथुनसेवन और परिग्रह । प्रमादीपनेसे प्राणोके घात करनेको हिंसा कहते है । हिंसा दो प्रकारकी होती है—एक द्रव्यहिंसा दूसरी भावहिंसा । संसारमें सर्वत्र जीव पाये जाते है और वे अपने निमित्तसे मरते भी है । किन्तु उनके मर जानेसे ही हिंसा नही होती । इसीसे तत्त्वार्थसूत्रमें हिंसाके लक्षणमे 'प्रमत्तयोगात्' पद दिया है, जो बतलाता है कि जो मनुष्य जीवोकी हिंसा करनेके भाव नही रखता बल्कि उनको बचानेके भाव रखता है उसके द्वारा जो हिंसा हो जाती है उसका पाप उसे नही लगता । इसीसे कहा है कि प्राणोका घात हो जानेपर भी हिंसाका पाप नही लगता । शास्त्रकारोने इस बातको एक दृष्टान्त द्वारा स्पष्ट किया है । वे लिखते है—एक मनुष्य देख-देखके चल रहा है उसके पैर उठानेपर कोई क्षुद्र जन्तु उसके पैरके नीचे अचानक आ जाता है और कुचलकर मर जाता है तो उस मनुष्यको उस जीवके मारनेका थोड़ा-सा भी पाप नही लगता । इसके विपरीत यदि कोई असावधानीसे मार्गमें चलता है तो उसके द्वारा किसी जीवका घात हो या न हो उसे हिंसाका पाप अवश्य लगता है । जैसा कहा भी है—'जीव जिये या मरे जो अयत्नाचारी है उसे हिंसाका पाप अवश्य लगता है । किन्तु जो यत्नाचारपूर्वक काम करता है उसे हिंसा हो जानेपर भी हिंसाका पाप नही लगता ।' अत हिंसारूप परिणाम ही वास्तवमे हिंसा है । द्रव्य-हिंसाको जो हिंसा इसलिए कहा है कि उसका भावहिंसाके साथ सम्बन्ध है । किन्तु द्रव्यहिंसाके होनेपर भावहिंसाका होना अनिवार्य नही है । जैनेतर धर्मोंमें द्रव्यहिंसा और भावहिंसाको अलग-अलग न माननेसे ही यह कहा गया है कि—'जलमें जन्तु है, थलमे जन्तु है, और पहाड़की चोटीपर चले जाओ तो वहाँ भी जन्तु है । इस तरह यह समस्त लोक जन्तुओंसे भरा है तो कोई अहिंसक कैसे हो सकता है ?' जैनधर्ममें इस शंकाका उत्तर इस प्रकार दिया है—जीव दो प्रकारके होते है—सूक्ष्म और स्थूल । सूक्ष्म तो न किसीसे

कोहो य माण माया लोह कसाया हु होंति जीवाणं ।
एक्केका चउभेया किरिया हु सुहासुहं जोगं ॥३०८॥

शुभाशुभभेदं मोहकार्यमुक्त्वा तस्यैव दृष्टान्तमाह–

मोहो व दोसभावो असुहो वा राग पावमिदि भणियं ।
सुहरागो खलु पुण्णं सुहदुक्खादी फलं ताणं ॥३०९॥

रुकते है और न किसीको रोकते हैं अत. उनकी हिंसाका तो प्रश्न ही नही है । रहे स्थूल, सो जिनकी रक्षा करना संभव है उनकी रक्षा की जाती है अत सयमी पुरुषको हिंसाका पाप कैसे लग सकता है । जैनधर्ममें मुख्य व्रत अहिंसा ही है, शेष चार तो उसीके पोषण और रक्षणके लिए हैं । जिससे प्राणियोको पीडा पहुँचती हो ऐसा वचन सच्चा हो या झूठा उसका कहना असत्य ही है, जैसे काने मनुष्यको काना कहना यद्यपि झूठ नही है फिर भी इससे उसको कष्ट होता है। अत ऐसे पीडादायक सत्य वचन भी असत्य ही है । बिना दी हुई वस्तुको लेना चोरी है । भले ही वह वस्तु सडकपर पडी हुई हो । यदि हम उसे उठा लेते है तो हम चोर है । हाँ, जो वस्तुएँ सर्वसाधारणके लिए है उनको लेना चोरी नही है, जैसे नदीका पानी या मिट्टी वगैरह । रागभावसे प्रेरित होकर स्त्री या पुरुष रतिसुखके लिए जो चेष्टा करते है उसे मैथुन कहते है । गाय, भैंस, जमीन, जायदाद आदि बाह्य वस्तुओमे और आन्तरिक काम-क्रोधादि विकारोमे जो ममत्व भाव है कि ये मेरे है इसीका नाम परिग्रह है । बाह्य वस्तुओको तो इसलिए परिग्रह कहा है कि उनसे ममत्वभाव होता है । वास्तवमे तो आभ्यन्तर ममत्वभाव ही परिग्रह है । जिसके पास एक पैसा भी नही है किन्तु तृष्णा अपार है वह अपरिग्रही नही है परिग्रही है । ये पाँचो पाप कर्मबन्धके कारण है इनको अविरति कहते है ।

आगे कषाय और योगके भेदोको कहते है—

जीवोंके जो क्रोध, मान, माया और लोभ होते है उन्हे कषाय कहते है । इनमेसे प्रत्येकके चार-चार भेद होते है—उनके नाम हैं अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया, लोभ, अप्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया, लोभ, प्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया, लोभ और संज्वलन क्रोध, मान, माया, लोभ । शुभ और अशुभ क्रियाको योग कहते है ॥ ३०८ ॥

विशेषार्थ—वास्तवमें तो आत्माके प्रदेशोमें जो हलन-चलन होता है उसका नाम योग है । वह योग या तो शरीरके निमित्तसे होता है या वचनके निमित्तसे होता है या मनके निमित्तसे होता है इसलिए निमित्त के भेदसे योगके तीन भेद हो जाते हैं—काययोग, वचनयोग और मनोयोग । यह योग ही आस्रव है क्योकि योगका निमित्त पाकर ही आत्मामें कर्मोका आस्रव (आगमन) होता है । ये तीनो योग शुभ भी होते है और अशुभ भी होते है । किसीके प्राणोका घात करना, चोरी करना, मैथुन सेवन करना अशुभ काययोग है । झूठ बोलना, कठोर असभ्य वचन बोलना अशुभ वचनयोग है । किसीको मारनेका विचार करना, किसीसे ईर्ष्या रखना अशुभ मनोयोग है । इनसे पाप कर्मका आस्रव होता है । तथा प्राणियोकी रक्षा करना, हितमित वचन बोलना, दूसरोका भला सोचना शुभयोग है, इनसे पुण्य कर्मका आस्रव होता है ।

आगे शुभ और अशुभ भेदको मोहका कार्य बतलाकर दृष्टान्त द्वारा उसका कथन करते है—

मोह, द्वेषभाव और अशुभ रागको पाप कहा है और शुभरागको पुण्य कहा है । उनका फल सुख-दुःख आदि है ॥ ३०९ ॥

विशेषार्थ—मोह, राग, द्वेष ये सब मोहनीय कर्मके ही भेद है । मोहसे दर्शन मोहनीय कर्मका और राग-द्वेषसे चारित्र मोहनीयका ग्रहण किया गया है । मोह और द्वेष भाव तो अशुभ ही होते है किन्तु राग शुभ भी होता है और अशुभ भी होता है । मोह, द्वेष और अशुभ रागसे पापकर्मका बन्ध होता है इसलिए उन्हे पाप कहा है । किन्तु शुभ रागसे पुण्यकर्मका बन्ध होता है इसलिए उसे पुण्य कहा है । यहाँ यह बात ध्यानमें रखनेकी है कि यह कथन घातिकर्मोकी अपेक्षासे नही है किन्तु अघातिकर्मोकी अपेक्षासे है । अघाति-

कज्जं पडि जह पुरिसो इक्को वि अणेयकरूवमापण्णो ।
तह मोहो बहुभेओ णिद्दिट्ठो पच्चयादीहिं ॥३१०॥

शुभरागस्य भेदमाह—

देवगुरुसत्थभत्तो गुणोवयारकिरियाहि[1] संजुत्तो ।
पूजादाणाइरदो उवओगो सो सुहो तस्स ॥३११॥

भावत्रयाणामुत्पत्तिहेतुं तैश्च बन्धं मोक्षं चाह—

परदो[2] इह सुहमसुहं सुद्धं ससहावसंगदो भावं ।
सुद्धे मुंचदि जीवो बज्झदि सो इयरभावेहिं ॥३१२॥

कर्मोंमें ही पुण्य और पापका भेद है । सो उनमेंसे शुभ रागसे पुण्यकर्मोका बन्ध होता है और अशुभ रागसे पाप कर्मका बन्ध होता है । घातिकर्म तो पापरूप ही है और उनका बन्ध सदा होता रहता है ।

जैसे एक भी पुरुष कार्यकी अपेक्षा अनेक रूप होता है वैसे ही मोहनीय कर्म भी प्रत्यय आदिके द्वारा अनेक प्रकारका कहा है ॥ ३१० ॥

विशेषार्थ—कर्मबन्धके कारण चार कहे है—मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग । यदि इसमें अज्ञान भावको भी सम्मिलित कर ले तो वे पाँच हो जाते है । इनमेंसे योगके सिवाय शेष चारो कारण मोहनीयके ही वंशज है । मोहनीयके ही मिथ्यात्व कर्मके उदयमें मिथ्यात्व भाव होता है, चारित्र मोहनीयके उदयमें अविरति भाव तथा कषाय भाव होता है । मिथ्यात्वके उदयमें ही अज्ञानभाव होता है । इस तरह ये सब भाव मोहनीयजन्य ही है । फिर भी इनके कार्यमें कुछ भेद देखा जाता है इसलिए इनको भिन्न-भिन्न माना है । पहले गुणस्थानमे मिथ्यात्व भाव रहता है, दूसरे और तीसरे गुणस्थान तक अज्ञानभाव रहता है, चतुर्थ गुणस्थान तक अविरतिभाव रहता है, दसवे तक कषायभाव रहता है । इस तरह यह सब मोहनीयका ही माहात्म्य है । योगके शुभ और अशुभ होनेमें भी मोहनीय ही कारण है । अत. तरतमभावकी अपेक्षा एक ही मोहनीय कर्मके अनेक भेदरूप ये प्रत्यय कहे है ।

शुभरागको कहते है—

देवगुरु और शास्त्रका जो भक्त है, गुणोसे आकृष्ट होकर उनकी विनय भक्ति आदि करता है, पूजा, दान आदिमे लीन रहता है वह मनुष्य शुभ उपयोगवाला है ॥३११॥

विशेषार्थ—अर्हन्त सिद्ध और साधुमें भक्ति, व्यवहार चारित्ररूप धर्मका पालन करनेमें मुख्य रूपसे प्रयत्नशील रहना, आचार्य आदि गुरुओका अनुरागवश अनुगमन करना ये सब शुभराग है । यह शुभराग केवल भक्ति प्रधान स्थूल व्यवहारी पुरुषोके होता है, ज्ञानी पुरुषोके भी कदाचित् होता है जब वे वीतराग दशामे अपनेको स्थिर रखनेमें असमर्थ होते है तो अस्थानमे रागसे बचनेके लिए प्रशस्त राग होता है । (पचा० टी० गा० १३६) यह प्रशस्त राग पुण्यास्रवका हेतु है ।

आगे तीनो भावोकी उत्पत्तिमें हेतु और उनके द्वारा बन्ध और मोक्षका कथन करते हैं—

परद्रव्यमे अनुरक्तिसे शुभ और अशुभ भाव होते हैं और आत्मस्वभावमे लीनतासे शुद्ध भाव होता है । शुद्ध भावके होने पर जीव मुक्त होता है और शुभ तथा अशुभ भावोसे बँधता है ॥३१२॥

---

१ किरियाजियमंजुत्तो क० ग० । 'अरहंतसिद्धसाहुभत्तो धम्मम्मि जा य खलु चेट्ठा । अणुगमणं पि गुरूणं पसत्थरागोत्ति तं भणिदं ॥१३६॥—पञ्चास्तिकाय । २ 'जो परदव्वम्मि सुहं असुहं रागेण कुणदि जदि भाव । सो सगपरिणामदुो पञ्चभिगारो हवदि जीवो ॥१'६॥'—पञ्चास्तिकाय ।

कर्मणः फलमुद्दिश्य तस्यैव कारणस्य विनाशार्थमाह—

जं किंपि सयलदुक्खं जीवाणं तं खु होइ कम्मादो ।
तं पिय कारणवंतो तह्मा तं कारणं हणह ॥३१३॥

विशेषार्थ—प्रवचनसारके प्रारम्भमे आचार्य कुन्दकुन्द ने कहा है—जब यह जीव शुभ या अशुभ राग भाव करता है तो उस समय उसे शुभ या अशुभ कहते है, क्योकि जो द्रव्य जिस समयमें जिस स्वभाव रूपसे परिणमन करता है वह द्रव्य उस समय उस भाव रूप ही हो जाता है । जैसे लोहेका गोला आगमें डाले जाने पर उष्णपनेसे तन्मय हो जाता है । इसी तरह जब जीव, दान, पूजा, व्रतादि रूप शुभ परिणाम करता है तब उन भावोंके साथ तन्मय होनेसे शुभ कहा जाता है और जब हिंसा आदि रूप अशुभ भाव करता है तब अशुभ कहा जाता है । इस तरह शुभ और अशुभभाव पर द्रव्यमें अनुरक्तिको लिये हुए होते है । देव शास्त्र, गुरु भी अपने स्त्री, पुत्र, धन, सम्पत्तिकी तरह ही 'पर' है, स्व तो केवल अपना आत्मा ही है । आत्मासे भिन्न जो कुछ है वह सब पर है । उस परके अनुरागको लेकर ही शुभ तथा अशुभ भाव होते है । यदि स्त्री, पुत्र, सम्पत्ति आदिमे अनुराग भाव है तो उसे अशुभ भाव कहते है । क्योकि यह अनुराग भाव तीव्र कषायरूप होनेसे ससार-समुद्रमें ही डुबानेवाला है । किन्तु इनके स्थानमें यदि कोई ससार-समुद्रसे निकालनेमें निमित्तभूत सच्चे देव, सच्चे शास्त्र और सच्चे गुरुमें अनुराग करता है तो वह अनुराग मन्द कषायरूप होनेसे शुभ कहा जाता है । किन्तु मोहनीय कर्मका उदय दोनो ही भावोमें वर्तमान है । पर द्रव्यमे अनुराग उसके बिना सम्भव नही है । इसीसे पंचास्तिकाय गाथा १५६ में अशुभोपयोगीकी तरह शुभोपयोगीको भी पर-चरित्रचर कहा है । क्योकि पर द्रव्यमे जिसकी वृत्ति रागयुक्त है वह परचरितचर है । यद्यपि स्त्री आदिसे देव आदि उत्तम है मगर है तो पर ही । पर द्रव्यसे राग हटे बिना स्व द्रव्यमें लीनता सम्भव नही है । स्व द्रव्यमें लीनता होनेसे ही मोहनीयका क्षय होता है इसीसे उसे शुद्धोपयोग कहते है । उपयोगकी अशुद्धतामे कारण रागभाव है । तीव्र रागमें अशुभभाव और मन्दरागमें शुभभाव होता है । अत यद्यपि अशुभसे शुभ उत्तम है किन्तु शुद्धोपयोगकी दृष्टिमें तो जैसे अशुभ हेय है वैसे ही शुभ भी हेय है, क्योकि दोनो ही बन्धके कारण है । मोक्षका कारण तो केवल शुद्धोपयोग है । प्रवचनसारके प्रारम्भमे आचार्य अमृतचन्द्रने अपनी टीकामें लिखा है सराग चारित्रसे देवगति और मनुष्यगतिके वैभव रूप पुण्य बन्ध होता है और वीतराग चारित्रसे मोक्ष होता है । अत यद्यपि क्रम परिपाटीके अनुसार सराग चारित्र पूर्वक ही वीतराग चारित्र होता है फिर भी चूँकि सराग चारित्रमें कषायका कण मौजूद है जो पुण्य बन्धकी प्राप्तिमें हेतु है इसलिए उसे छोडकर कषाय मलसे रहित वीतराग चारित्र ही उपादेय है क्योकि वही निर्वाणकी प्राप्तिमें हेतुभूत है । चूँकि मुमुक्षुके लिए मोक्ष ही इष्ट है, स्वर्ग सुख नही । इसलिए वह मोक्षके हेतुभूत शुद्धोपयोगको ही उपादेय मानता है । यही बात इस ग्रन्थके कर्तानें भी कही है । पंचास्तिकायके अन्तमे आचार्य कुन्दकुन्दने कहा है जो ज्ञानी अज्ञानवश ऐसा मानता है कि शुद्ध संप्रयोगसे सासारिक दु खसे मुक्ति मिलती है वह जीव परसमयमें अनुरक्त है । यहाँ शुद्ध सम्प्रयोगका अर्थ है मोक्षके साधनभूत भगवान् अर्हन्त आदिसे भक्तिरागसे अनुरक्त चित्तवृत्ति । ऐसा जीव पुण्य बाँधता है, कर्मक्षय नही करता । जिसके चित्तमें रागकी एक सूक्ष्म कनी भी जीवित है वह समस्त शास्त्रका ज्ञाता होते हुए भी अपने शुद्ध स्वरूपमे रमण नही कर सकता । अत स्व समयकी प्राप्तिके लिए अर्हन्त आदिके विषयमें भी क्रमसे रागकी कणिका भी हटाना चाहिए । जब अर्हन्तादिकी भक्ति रूप राग भी सर्वथा त्याज्य है तब स्त्री-पुत्रादि सम्बन्धी रागकी तो चर्चा ही क्या है वह तो अनन्त ससारका ही कारण है ।

आगे कर्मका फल बतलाकर उसके कारणके विनाशका उपदेश देते है—

जीवोको जो कुछ भी दु.ख है वह सब कर्मके ही कारण है । उन कर्मोके भी कारण है और इसलिए उन कारणोको ही हटाना चाहिए ॥३१३॥

विशेषार्थ—संसारमे दु ख ही है क्योकि आकुलता है । जहाँ आकुलता है वहाँ सुख कैसे हो सकता है । जिनके पास सन्तान नही है वे सन्तान न होनेसे दु खी है । जिनके सन्तान होने पर भी उनके मरण-

लद्धूण दुविहहेउं जीवो मोहं खवेइ णियमेण ।
अब्भंतरबहिणेयं जह तह व सुणह वोच्छामि ॥३१४॥
काऊण करणलद्धी[1] सम्मगुभावस्स कुणइ जं गहणं ।
उवसमखयमिस्सादो पयडीणं त पि णियहेऊं ॥३१५॥

पालनके साधन नही है वे साधनाभावसे दु खी है । जिनके पास सन्तान है और धनादि भी है वे अपनी तृष्णा के कारण दु खी है । इस तरह ससारमें धनी और निर्धन दोनो ही दु.खी है । विषयोमे जो सुख माना जाता है वह विषयसुख भी वस्तुत दु ख ही है क्योकि विषयसुखकी तृष्णा ही मनुष्यको बेचैन रखती है । उसीकी पूर्तिमें मनुष्यका समस्त जीवन बीत जाता है, मगर जैसे ईधनसे आगकी तृप्ति नही होती वह और भी भडक उठती है वैसे ही विषयोकी चाह विषयोकी प्राप्तिसे नही बुझती वह और भी बढती जाती है । अत संसारमें केवल दु ख है और उसका कारण है पूर्व जन्ममे सचित कर्म । उन कर्मोके ही कारण जीवको नया शरीर धारण करना पडता है । शरीरमे इन्द्रियाँ होती है, उन इन्द्रियोसे विषयोकी चाह होती है, विषयासक्तिसे पुनः नवीन कर्मबन्ध होता है । उससे पुन जन्म धारण करना पडता है, इस तरह यह प्रक्रिया तब तक चलती है जब तक कर्मबन्धके कारणोको दूर नही किया जाता । अत कर्मबन्धके कारणोको हटाना ही आवश्यक है उसके कारण मिथ्यात्व आदि पहले बतलाये है ।

आभ्यन्तर और बाह्य रूपसे दोनों प्रकारके कारणोको प्राप्त करके जीव जिस प्रकारसे मोहनीय कर्मका नियमसे क्षय करता है उसे सुने, मै कहता हूँ ॥३१४॥

कर्म प्रकृतियोके उपशम क्षय या क्षयोपशमके कारण लब्धिको करके जीव जो सम्यक्त्व भावको या आत्म स्वभावको ग्रहण करता है वह आभ्यन्तर हेतु है ॥३१५॥

विशेषार्थ—मोहनीय कर्मके भेद दर्शन मोहनीय कर्मका उपशम क्षय या क्षयोपशम हुए बिना सम्यक्त्वकी प्राप्ति नही हो सकती और सम्यक्त्वकी प्राप्ति हुए बिना कर्मबन्धके कारणोका विनाश सम्भव नही है । अतः सर्वप्रथम सम्यक्त्वकी प्राप्तिके लिए ही प्रयत्नशील होना चाहिए । सम्यक्त्वकी प्राप्तिका अन्तरंग कारण करणलब्धि है । लब्धियाँ पाँच है—क्षयोपशमलब्धि, विशुद्धिलब्धि, देशनालब्धि, प्रायोग्यलब्धि और करणलब्धि । इनमेंसे प्रारम्भकी चार लब्धियाँ तो सामान्य है । उनके होने पर भी सम्यक्त्वकी प्राप्ति तब तक नही हो सकती जब तक करणलब्धि न हो । इसके होने पर सम्यक्त्वकी प्राप्ति अवश्य होती है ।

पूर्व सचित कर्ममल रूपी पटलकी शक्ति (अनुभाग स्पर्धक) जिस समय प्रति समय अनन्त गुणहीन होते हुए उदीरणाको प्राप्त होती है उस समय क्षयोपशमलब्धि होती है । क्षयोपशमलब्धिसे जीवका जो भाव सातावेदनीय आदि शुभ कर्मोके बन्धमें निमित्तभूत होता है उसे विशुद्धि कहते है और उसकी प्राप्तिको विशुद्धिलब्धि कहते है । छह द्रव्यो और नौ पदार्थोके उपदेश देनेवाले आचार्यकी प्राप्तिको तथा उपदिष्ट तत्त्वोके ग्रहण, धारण और विचारनेकी शक्तिकी प्राप्तिको देशनालब्धि कहते है । सब कर्मोकी उत्कृष्ट स्थिति और उत्कृष्ट अनुभागका घात करके अन्त.कोडाकोडीकी स्थितिमे स्थापित करनेको प्रायोग्यलब्धि कहते है । और अध करण अपूर्वकरण अनिवृत्तिकरण रूप परिणामोको करणलब्धि कहते है । उसके अन्तिम समयमें सम्यक्त्व की उत्पत्ति होती है । सम्यक्त्वको प्राप्त करनेवाला जीव पंचेन्द्रिय ही होता है तथा सज्ञी ही होता है । क्योकि असंज्ञी जीवोमें मनके बिना विशिष्ट ज्ञानकी उत्पत्ति नही होती । सबसे प्रथम जीवको जो सम्यक्त्व प्राप्त होता है उसका नाम प्रथमोपशम सम्यक्त्व है । प्रथमोपशम सम्यक्त्वको प्राप्त करनेवाला जीव मिथ्यादृष्टि ही होता है तथा पर्याप्तक ही होता है । तथा वह देव, नारकी, तिर्यंच अथवा मनुष्य होता है, चारो गतियोमे इस सम्यक्त्वकी उत्पत्ति हो सकती है । तथा प्रथमोपशम सम्यक्त्व उत्पन्न होनेके समय अनाकार उपयोग नही होता अत. मतिश्रुत ज्ञानरूप साकार उपयोग होना चाहिए और भव्य होना चाहिए ।

१. द्धी अप्पसहावस्स अ० क० ख० । 'चदुगदि भव्वो सण्णी । पज्जत्तो सुज्झगो य सागारो । जागारो सल्लेस्सो सलद्धिगो सम्ममुवगमइ ॥६५१॥—गो० जीवकाण्ड ।

तित्थयरकेवलिसमणभवसुमरणसत्थदेवमहिमादी ।
इच्चेवमाइ बहुगा बाहिरहेऊ मुणेयव्वा ॥३१६॥
आसण्णभव्वजीवो अणंतगुणसेढिसुद्धिसंपण्णो ।
बुज्झन्तो खलु अट्ठे खवदि स [1]मोहं पमाणणयजोए ॥३१७॥

आगे सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके बाह्य साधनोको कहते है—

तीर्थंकर, केवली, श्रमण, पूर्वजन्मका स्मरण, शास्त्र, देव, महिमा आदि बहुतसे बाह्य हेतु जानना चाहिए ॥३१६॥

विशेषार्थ—नरक गतिमे प्रथम तीन नरकोमें जातिस्मरण, धर्मश्रवण और वेदनाभिभव ये तीन बाह्य कारण है । नीचेके चार नरकोमें जातिस्मरण और वेदनाभिभव दो ही बाह्य कारण है क्योकि धर्म उत्पन्न करानेमे प्रवृत्त सम्यग्दृष्टि देवोका गमन तीसरे नरकसे आगे सम्भव नही है । तिर्यंचों तथा मनुष्योमें सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके बाह्य कारण तीन है—पूर्वजन्मका स्मरण, धर्मश्रवण और जिनबिम्ब दर्शन । जिन विम्बदर्शनमे ही तीर्थंकर, केवलि और श्रमणोका समावेश हो जाता है । देवगतिमें सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके बाह्य कारण चार है—जातिस्मरण, धर्मश्रवण, जिनमहिम दर्शन और देवर्द्धिदर्शन, १३वें, १४वें, १५वें और १६वे स्वर्गोमें सम्यग्दर्शनकी उत्पत्तिके तीन बाह्य कारण है—जातिस्मरण, धर्मश्रवण और जिनमहिमदर्शन । देवर्द्धिदर्शन यहाँ निमित्त नही है क्योकि महर्द्धिसे युक्त ऊपरके देव तो नीचे आते नही है और उन्ही कल्पोके देवोकी महर्द्धिका दर्शन देवोमे न तो विस्मय पैदा करता है और न सक्लेश, क्योकि इनके शुक्ललेश्या होती है । नौग्रैवेयकवासी देवोमे सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके बाह्य निमित्त दो है—जातिस्मरण और धर्मश्रवण । वहाँ जिनमहिमदर्शन भी नही है क्योकि ये देव महोत्सव देखने नही जाते । तथा धर्मश्रवण परस्परके संलापसे ही सम्भव है । अनुदिश और अनुत्तरवासी देव सम्यग्दृष्टि ही होते है ।

जो निकट भव्य जीव अनन्तगुणश्रेणि निर्जरासे सम्पन्न होता है और प्रमाण नयकी योजना के द्वारा तत्त्वार्थको जानता है वही मोहका क्षय करता है ॥३१७॥

विशेषार्थ—जिसमें सम्यग्दर्शन आदिके प्रकट होनेकी योग्यता है उसे भव्य कहते है । और जो थोडे ही भवोको धारण करके मुक्तिको प्राप्त होगा उसे निकट भव्य कहते है । जब जीवके ससार परिभ्रमणका काल अर्धपुद्गलपरावर्तन प्रमाण शेष रहता है तब वह प्रथम सम्यक्त्वके ग्रहण करनेका पात्र होता है । ऐसा जीव जब सम्यक्त्व ग्रहणके उन्मुख होता है तब उसके प्रति समय अनन्तगुणी कर्म निर्जरा होती है । ऐसा जीव प्रमाण और नयके द्वारा तत्त्वार्थको जानता है । तत्त्वार्थका ज्ञान हुए बिना उनका सम्यक् श्रद्धान सम्भव नही है और तत्त्वार्थका ज्ञानमूलक श्रद्धान हुए बिना मोहनीय कर्मका क्षय सम्भव नही है । संसारका बीज तो मोह ही है । इसी मोहवश जीव अपने स्वरूपको न जानकर पर में आत्मबुद्धि करता है । वह शरीरको ही आप मानता है, शरीरके नाशके साथ अपना नाश और शरीरके जन्मके साथ अपना जन्म मानता है । 'शरीरसे भिन्न मैं एक स्वतन्त्र नित्य अविनाशी द्रव्य हूँ और ज्ञानादि मेरे गुण है' ऐसा उसे बोध ही नही है । वह मानता है कि मै दूसरोका इष्ट, अनिष्ट कर सकता हूँ या दूसरे मेरा इष्ट, अनिष्ट कर सकते है । ऐसा मानकर किसीमे इष्ट बुद्धि करता है और किसीमें अनिष्ट बुद्धि करता है । जिसमें इष्ट बुद्धि करता है उससे राग करता है और जिसमें अनिष्ट बुद्धि करता है उससे द्वेष करता है । इस तरह उसका यह अज्ञानमूलक मिथ्याभाव तत्त्वोके यथार्थ ज्ञान हुए विना मिटना सम्भव नही है और उसके मिटे विना मोहका क्षय होना सम्भव नही है । अत तत्त्वज्ञान की प्राप्तिका प्रयत्न करना चाहिए । यही आचार्य कुन्दकुन्दने प्रवचनसारमें कहा है—

---

१ मोही ज० ।

उक्तं च—

जिणसत्थादो अत्थे पच्चक्खादीहि बुज्झदो णियमा ।
खीयदि मोहोवचयो तह्मा सत्थं समधिदव्वं ॥—प्रवचनसार ८६ ।

क्षपितमोहस्य दर्शनलाभभेदं स्वरूपं चाह—

एवं उवसम मिस्सं खाइयसम्मं च केऽपि गिह्णंति ।
तिण्णिवि णएण[1] तियहा णिच्छय सब्भूव तह असब्भूओ ॥३१८॥
सण्णाइभेयभिण्णं[2] जोवादो णाणदंसणचरित्तं ।
सो सब्भूवो भणिदो पुव्वं चिय जाण ववहारो ॥३१९॥
णेयं खु जत्थ णाणं सद्धेयं जत्थ दंसणं भणियं ।
चरियं खलु चारित्तं, णायव्वं त असब्भूवं[3] ॥३२०॥

वीतराग सर्वज्ञ जिनेन्द्र देवके द्वारा उपदिष्ट शास्त्रोसे प्रत्यक्षादि प्रमाणोके द्वारा पदार्थोको जाननेवाले पुरुषका मोह समूह नियमसे नष्ट हो जाता है अत शास्त्रोका अच्छी तरह अध्ययन करना चाहिए ।

आगे मोहका क्षय होने पर सम्यग्दर्शनके लाभके भेद और स्वरूपको कहते हैं—

इस प्रकार कुछ जोव उपशम सम्यक्त्व, क्षायिक सम्यक्त्व या क्षायोपशमिक सम्यक्त्वको ग्रहण करते है। वह सम्यक्त्व निश्चयनय, सद्भूत व्यवहारनय और असद्भूत व्यवहारनयकी अपेक्षा तीन प्रकार है ॥३१८॥

विशेषार्थ—सम्यग्दर्शनके तीन भेद है—औपशमिक सम्यग्दर्शन, क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शन और क्षायिक सम्यग्दर्शन । मिथ्यात्व, सम्यक्मिथ्यात्व और सम्यक्त्वप्रकृति तथा अनन्तानुवन्धी क्रोध, मान, माया, लोभके उपशमसे प्राप्त होनेवाले सम्यग्दर्शनको औपशमिक सम्यग्दर्शन कहते है । इन्ही सात प्रकृतियोके क्षयसे प्रकट होने वाले सम्यग्दर्शनको क्षायिक सम्यग्दर्शन कहते है । अनन्तानुवन्धी क्रोध, मान, माया, लोभ, मिथ्यात्व और सम्यक्मिथ्यात्वके वर्तमान सर्वघाती स्पर्द्धकोका उदयाभाविक्षय, आगामीकालमें उदय आनेवाली निषेकोका सदवस्थारूप उपशम तथा देशघाति सम्यक्त्व प्रकृतिके उदयमें होनेवाले तत्त्वार्थ श्रद्धानको क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शन कहते है । इस तरहसे सम्यक्त्वके ये तीन भेद होते है । आगे ग्रन्थकार नयदृष्टिसे सम्यक्त्वके तीन प्रकारोका कथन करते है । वे तीन नय है । निश्चयनय, सद्भूत व्यवहारनय और असद्भूत व्यवहारनय । इन तीनो नयोका स्वरूप पहले कह आये है ।

जीवसे सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र नामादिके भेद होनेसे भिन्न है ऐसा कथन करनेवाला सद्भूत व्यवहारनय जानना चाहिए ॥३१९॥ और जिसमे ज्ञेयको ज्ञान, श्रद्धेयको सम्यग्दर्शन और आचरणीयको चारित्र कहा जाये उसे असद्भूत व्यवहारनय जानना चाहिए ॥३२०॥

विशेषार्थ—गुण और गुणी वस्तुत अभिन्न है । गुणोसे भिन्न गुणका और गुणसे भिन्न गुणी कोई अस्तित्व नही है । गुणोके समुदायको ही द्रव्य कहते है । ऐसी एक अखण्ड वस्तुमे भेद करने वाला सद्भूत व्यवहारनय है । जैसे व्यवहारीजनोको समझानेके लिए कहा जाता है कि आत्मामें दर्शन, ज्ञान और चारित्र है । धर्म और धर्मी या गुण और गुणीमें स्वभावसे तो अभेद ही है फिर भी नामादिके भेदसे भेद मानकर इस प्रकारका व्यवहार किया जाता है । इस तरह भेदमूलक आत्माका श्रद्धान सद्भूतव्यवहारनयसे सम्यग्दर्शन

---

१. णाणं चरित्तमादि—अ० क० ग० मु० । २ गुणगुणिनो संज्ञादिभेदात् भेदक. सद्भूतव्यवहार. । —आलाप० । 'ववहारेणुवदिस्सइ णाणिस्स चरित्तदंसण णाण ।'—समयसार गा० ७ । ३ अन्यत्र प्रसिद्धस्य धर्मस्यान्यत्र समारोपणमसद्भूतव्यवहार. ।—आलाप० ।

सद्धा तच्चे दंसण तस्सेव सहावजाणगं णाणं ।
असुहणिवित्ती चरणं ववहारो मोक्खमग्गं च ॥३२१॥

व्यवहाररत्नत्रयस्य ग्रहणोपायं साधकभावं चाह—

आणा तह अहिगमदो णिसग्गभावेण केवि गिह्णंति ।
एवं हि ठाइऊण णिच्छयभावं खु साहंति ॥३२२॥
आदे तिदयसहावे णो उवयारं ण भेदकरणं च ।
तं णिच्छयं हि भणियं जं तिण्णिवि होइ आदेव ॥३२३॥

है । भिन्न वस्तुओंमें किसी प्रकारके सम्बन्धको लक्ष्य करके एकका दूसरेमें आरोप करना असद्भूत व्यवहारनय है । जैसे ज्ञान और ज्ञेयका, श्रद्धान और श्रद्धेयका और आचरणीय और चारित्रका सम्बन्ध है । ज्ञान ज्ञेय पदार्थको जानता है । इसीसे ज्ञानको घटज्ञान, पटज्ञान आदि कहा जाता है । वास्तवमें तो ज्ञान ज्ञान ही है और घट घट ही है। न कभी ज्ञान घटरूप हो सकता है और न घट ज्ञान रूप हो सकता है, फिर भी चूँकि ज्ञान घटको जानता है इसलिए उसे घटज्ञान कहा जाता है । यहाँ ज्ञेयका कथन ज्ञान रूपसे किया जाता है । इसी तरह तत्त्वार्थके श्रद्धानको सम्यग्दर्शन कहते है । श्रद्धेय तो आत्माका गुण है उसका आलम्बन जीवादि तत्त्व है जो श्रद्धाके विषय है अत श्रद्धाके आलम्बनोको सम्यग्दर्शन कहना असद्भूतव्यवहारनय है । इसी तरह चारित्र आत्माका गुण है, चारित्रके आलम्बन है बाह्य वस्तु जिनका त्याग या ग्रहण किया जाता है उनको चारित्र कहना असदभूतव्यवहारनय है । इस तरह नय विवक्षासे भी सम्यग्दर्शनके भेद हो जाते है ।

आगे व्यवहाररत्नत्रयको कहते है--

तत्त्वोकी श्रद्धा करना सम्यग्दर्शन है, तत्त्वार्थके स्वरूपको जानना सम्यग्ज्ञान है और अशुभ कार्योंको त्यागना सम्यक् चारित्र है, यह व्यवहार मोक्षमार्ग है ॥३२१॥

व्यवहार रत्नत्रयके ग्रहणका उपाय तथा साधकपना कहते है—

कुछ लोग सर्वज्ञ देवकी आज्ञाके रूपमें, कुछ परोपदेशसे तथा कुछ परोपदेशके विना स्वतः ही व्यवहाररत्नत्रयको ग्रहण करते हैं और इस तरह वे व्यवहाररत्नत्रयकी स्थापना करके निश्चय-रत्नत्रय रूप भावकी साधना करते है ॥३२२॥

निश्चय रत्नत्रयका स्वरूप कहते है—

रत्नत्रय स्वरूप आत्मामें न उपचार करना और न भेद व्यवहार करनेको निश्चय कहा है क्योकि रत्नत्रय तो आत्मा ही है अर्थात् आत्मासे भिन्न रत्नत्रय नही है ॥३२३॥

---

१ त चेव अ० क० ख० ज० । तच्चेव मु० । 'धम्मादीसद्दहणं सम्मत्तं णाणमगपुव्वगद । चिट्ठा तवहि चरिया ववहारो मोक्खमग्गोत्ति ॥१६०॥'—पञ्चास्ति० । २ 'असुहादो विणिवित्ति सुहे पवित्ती य जाण चारित्त ।.... ववहारणयादु जिणभणियं ॥ ४५ ॥—द्रव्यसंग्रह । ३ छप्पंचणवविहाणं अत्थाणं जिणवरोवइट्ठाणं । आणाए अहिगमेण य सद्दहणं होइ सम्मत्तं ॥५६०॥—गो० जीव० । ४ णिच्छये हि अ० क० ख० ज० मु० । णिच्चयणयेण भणिदो तिहि तेहिं समाहिदो हु जो अप्पा । ण कुणदि किंचिवि अण्णं ण मुयदि सो मोक्खमग्गोति ॥१६१॥ जो चरदि णादि पिच्छदि अप्पाणं अप्पणा अणण्णमयं । सो चारित्तं णाणं दंसणमिदि णिच्चिदो होदि ॥१६२॥—पञ्चास्ति० । 'निश्चयव्यवहाराभ्या मोक्षमार्गो द्विधा स्थित । तत्राद्य साध्यरूप स्याद्द्वितीयस्तस्य साधनम् । श्रद्धानाधिगमोपेक्षा शुद्धस्य स्वात्मनो हि या. । सम्यक्त्वज्ञानवृत्तात्मा मोक्षमार्ग स निश्चय ॥ श्रद्धानाधिगमोपेक्षा या. पुन स्यु. परात्मना । सम्यक्त्वज्ञानवृत्तात्मा स मार्गो व्यवहारत ॥—तत्त्वार्थसार । 'रयणत्तयं ण वट्टइ अप्पाणं मुयित्तु अण्ण दवियम्हि । तम्हा तत्तियमइयो होदि हु मोक्खस्स कारणं आदा ॥४०॥—द्रव्यसंग्रह ।

विशेषार्थ--जिनागममें वस्तुस्वरूपके निरूपणकी दो पद्धतियाँ हैं। उनमेंसे एकका नाम निश्चय और दूसरेका नाम व्यवहार है। निश्चय नय वस्तुके स्वाश्रित स्वरूपको कहता है और व्यवहार नय पराश्रित स्वरूपको कहता है। दूसरे शब्दोंमें निश्चयनय शुद्ध द्रव्यका निरूपक है और व्यवहार नय अशुद्ध द्रव्यका निरूपक। वस्तुमें अशुद्धता भी दो प्रकारसे होती है। एक तो विकारकृत अशुद्धता और दूसरे अखण्ड वस्तुमें भेदपरक अशुद्धता। जैसे आत्मामें रागादिजन्य अशुद्धता है वह भी व्यवहार नयका विषय है और अखण्ड आत्मामें दर्शन-ज्ञान-चारित्ररूपसे भेद करना भेदजन्य अशुद्धता है वह भी व्यवहार नयका विषय है। क्योंकि आत्मा तो रत्नत्रयात्मक एक अखण्ड द्रव्य है। इसीलिए समयसार गाथा ७ में कहा है कि आत्मामें दर्शनज्ञान चारित्र व्यवहारनयसे कहे जाते हैं। निश्चय नयसे तो ज्ञान भी नहीं, चारित्र भी नहीं, दर्शन भी नहीं, वह तो केवल शुद्ध ज्ञायक है। इसी गाथाकी टीकामें आचार्य अमृतचन्द्रजीने कहा है--इस शुद्ध ज्ञायक आत्मामें कर्मबन्धके निमित्तसे ही अशुद्धता नहीं आती किन्तु ज्ञान दर्शन चारित्रवाला आत्मा है यह कहनेसे भी अशुद्धता आती है क्योंकि वस्तु तो अनन्तधर्मरूप एकधर्मी है। किन्तु व्यवहारी जन धर्मोंको तो समझते हैं, अखण्ड एकरूप धर्मीको नहीं समझते। अतः आचार्य उन्हें समझानेके लिए धर्म और धर्मीमें स्वाभाविक अभेद होते हुए भी कथनके द्वारा भेद उत्पन्न करके व्यवहारसे ही ऐसा कहते हैं कि आत्मामें दर्शन ज्ञान और चारित्र है। परमार्थदृष्टिसे देखा जाये तो एक द्रव्य अनन्तपर्यायोंको पिये हुए होनेसे एक ही है। उसे एकत्व स्वभावका अनुभवन करनेवालोंकी दृष्टिमें दर्शन भी नहीं, ज्ञान भी नहीं, चारित्र भी नहीं, एक शुद्ध आत्मा ही है। अतः निश्चय नयसे रत्नत्रयात्मक आत्मा ही मोक्षका मार्ग है क्योंकि दर्शन ज्ञान और चारित्र आत्मरूप ही है और व्यवहारनयसे सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्र मोक्षमार्ग है। यही बात द्रव्यसंग्रह गाथा ३९ में कही है। जैसे मोक्षमार्गका कथन दो पद्धतियों या नयोंके द्वारा दो रूपसे किया जाता है वैसे ही रत्नत्रयके स्वरूपका कथन भी दो नयोंके द्वारा दो प्रकारसे किया जाता है उनमेंसे एकको निश्चय रत्नत्रय कहते हैं और एकको व्यवहार रत्नत्रय कहते हैं। रत्नत्रय स्वरूप आत्मामें उपचार या भेदव्यवहार नहीं करना निश्चय रत्नत्रय है अर्थात् आत्माकी श्रद्धा निश्चय सम्यग्दर्शन, आत्माका ज्ञान निश्चयसम्यग्ज्ञान और आत्मामें स्थिरता निश्चय चारित्र है इस तरह ये तीनों आत्मस्वरूप ही हैं। इन तीनोंका ही विषय केवल एक आत्मा है। उससे भिन्न कोई अन्य वस्तु नहीं है। किन्तु तत्त्वोंकी श्रद्धा सम्यग्दर्शन, तत्त्वोंका ज्ञान सम्यग्ज्ञान और अशुभ कर्मोंको त्यागकर शुभ कर्म करना सम्यक्चारित्र ये व्यवहार रत्नत्रयका स्वरूप है। व्यवहाररत्नत्रय और निश्चयरत्नत्रयमें साध्य-साधन भाव आगममें कहा है। व्यवहाररत्नत्रयके द्वारा निश्चय रत्नत्रय साधा जाता है। निश्चयकी भावनासे प्रेरित होकर जीव व्यवहाररत्नत्रयको ग्रहण करता है इसके ग्रहण करनेमें स्वतः अन्तः प्रेरणा भी कारण होती है और परोपदेश भी कारण है। व्यवहारनय भेदप्रधान है अतः उसमें साध्य और साधन भिन्न होते हैं। साध्य तो पूर्ण शुद्धता रूपसे परिणत आत्मा है और साधन है भेदरत्नत्रयरूप परावलम्बी विकल्प। क्योंकि व्यवहार सम्यग्दर्शन, व्यवहारसम्यग्ज्ञान और व्यवहार सम्यक्चारित्रका विषय आत्मासे भिन्न है। व्यवहार सम्यग्दर्शनका विषय नौ पदार्थ या सात तत्त्व है, व्यवहार ज्ञानका विषय अंगपूर्वगत ज्ञान है और व्यवहारचारित्रका विषय शास्त्रोक्त आचार है। अतः व्यवहारी सर्वप्रथम यह भेदज्ञान करता है कि यह श्रद्धान करने योग्य है और यह श्रद्धान करने योग्य नहीं है, यह जानने योग्य है और यह जानने योग्य नहीं है, यह आचरण करने योग्य है और यह करने योग्य नहीं है। ऐसा निर्णय करनेपर जीवादि नौ पदार्थोंका मिथ्यात्वके उदयमें होनेवाले मिथ्या अभिनिवेशसे रहित सम्यक्श्रद्धान करता है। यथा--दुःख हेयतत्त्व है। उसका कारण संसार है। संसारके कारण आस्रव और बन्ध पदार्थ है। उनके कारण मिथ्यादर्शन, मिथ्याज्ञान, मिथ्याचारित्र है। सुख उपादेय तत्त्व है, उसका कारण मोक्ष है। मोक्षके कारण संवर और निर्जरा पदार्थ है। उन दोनोंके कारण सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र है। यद्यपि शुद्ध नयसे यह जीव निर्मल दर्शन ज्ञान स्वभाववाला है, तथापि व्यवहारसे अनादि कर्मबन्धके वशीभूत होकर अशुद्ध परिणामको करता है। उससे पौद्गलिक कर्मका बन्ध करता है। कर्मका उदय होनेपर चारों गतियोंमें भ्रमण करता है। जन्म लेनेपर शरीर और इन्द्रियाँ होती है। इन्द्रिय सुखमें पड़कर राग-द्वेष करता है। राग-द्वेषरूप परिणामसे

एक कर्मबन्ध होता है। इस तरह रागादि परिणामोंका और कर्मका परस्परमें जो कार्यकारणभाव है वही पुण्य, पाप आदिमें कारण है। ऐसा जानकर उक्त संसारचक्रका विनाश करनेके लिए अव्याबाध सुख आदि गुणोंके समूह रूप अपने आत्मस्वरूपमें रागादिविकल्प दूर करके भावना करना चाहिए। इस प्रकारका श्रद्धान रूप सम्यग्दर्शन दूर चैतन्य स्वरूप आत्म तत्त्वके निश्चयका बीज है। उसके होनेपर जो सम्यक् ज्ञान होता है वही स्व पदार्थ प्रकाशक आत्मतत्त्वकी उपलब्धिका बीज है। इन सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञानके होनेपर समस्त अमार्गोंसे हटकर इन्द्रिय और मनके विषयभूत पदार्थोंमें रागद्वेषपूर्वक विकारका अभाव होनेसे जो निर्विकार ज्ञानस्वभाव-रूप समभाव होता है वही सम्यक्चारित्र है। आशय यह है कि मिथ्यात्व आदि सात कर्मप्रकृतियोंका उपशम, क्षय या क्षयोपशमके होनेके साथ अपनी शुद्धात्माके अभिमुख परिणामके होनेपर, शुद्ध आत्मभावनासे उत्पन्न निर्विकार वास्तविक सुखको उपादेय मानकर संसार शरीर और भोगोंमें जो हेयबुद्धि होती है वह चतुर्थगुण-स्थानवर्ती अविरति सम्यग्दृष्टिकी अवस्था है। तथा अप्रत्याख्यानावरण कषायका क्षयोपशम होनेपर जो यथा-शक्ति संयमांश निवृत्ति होती है वह पंचमगुण स्थानवर्ती श्रावककी अवस्था है। आगे ज्यो-ज्यो रागादिका उपशम होनेपर शुद्धात्माकी अनुभूति बढ़ती जाती है त्यो-त्यो बाह्य त्याग भी बढ़ता जाता है। यहाँ जो बाह्यमें पंचेन्द्रियके विषयोंका त्याग है वह व्यवहारनयसे चारित्र कहा जाता है और जो अभ्यन्तरमें रागादिका अभाव है वह निश्चयसे चारित्र है। साराश यह है कि वीतराग सर्वज्ञ प्रणीत जीवादि पदार्थोंका सम्यक् श्रद्धान और सम्यग्ज्ञान तो मुनियों और श्रावकोंका समान आचार है। जो साधु होते है वे तो आचार शास्त्रमें विहित-प्रमत्त और अप्रमत्त गुणस्थानके योग्य पांच महाव्रत, पांच समिति, तीन गुप्ति, षडावश्यक आदिका पालन करते है और जो गृहस्थ होते है वे उपासकाचारमें विहित पंचम गुणस्थानके योग्य दान, शील, व्रत, पूजा, उपवास आदि करते है। यह व्यवहार मोक्षमार्ग है। इस व्यवहार मोक्षमार्गको करते हुए जब जितने काल तक आत्मा विशिष्ट शुद्धभावनारूप स्वभावभूत सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रके साथ एकीभूत होकर त्याग और उपादानके विकल्पसे शून्य होकर निश्चल हो जाता है उतने काल तक चूँकि वह आत्मा जीवस्वभावमें नियत चारित्ररूप हो जाता है अत वह निश्चयसे मोक्षमार्ग है। इस प्रकार निश्चय और व्यवहारमें साध्य-साधन भाव होता है। यहां यह ध्यानमें रखना चाहिए कि पूर्व शुद्धताके आश्रित जो सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र है वे ही मोक्षके कारण है और पराश्रित होनेपर वे बन्धके कारण हैं। यह बात पचास्तिकाय गाथा १६४ में कही है। जैसे घी यद्यपि स्वभावसे शीतल होता है किन्तु अग्निके ससर्गसे वही दाहक हो जाता है। उसी तरह यद्यपि सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र मुक्तिके कारण है तथापि पचपरमेष्ठी आदि प्रशस्त द्रव्योंके ससर्गसे वे साक्षात् पुण्यबन्धके कारण होते है और मिथ्यात्व तथा विषयकषायमें निमित्तभूत पर-द्रव्योंके आश्रित होनेपर पापबन्धके कारण होते है, इसीसे उन्हे मिथ्यादर्शन, मिथ्याज्ञान, मिथ्याचारित्र कहते है। अत पंचपरमेष्ठीकी भक्ति आदिसे मोक्ष माननेवाला भी जीव परसमयरत कहा गया है। किन्तु जो पुरुष निर्विकार-शुद्धात्म भावना रूप परम उपेक्षा सयममें स्थिर होना चाहता है और उसमे असमर्थ होनेपर काम, क्रोधादिरूप अशुद्ध परिणामोंसे बचनेके लिए पंचपरमेष्ठी आदिकी भक्ति करता है वह उस समय सूक्ष्मपरसमय प्रवृत्त होने से सराग सम्यग्दृष्टि होता है। यदि वह शुद्धात्मभावनामें समर्थ होनेपर भी उसे छोडकर ऐसा मानता है कि शुभोपयोगसे ही मोक्ष होता है तब वह स्थूल परसमय रूप परिणामसे अज्ञानी मिथ्यादृष्टि होता है। अत भव्यजीव मिथ्यात्व आदि सात प्रकृतियोके और यथासम्भव चारित्रमोहनीयका उपशम-क्षय-क्षयोपशम होनेपर यद्यपि अपने गुणस्थानके अनुसार हेयबुद्धिसे विषय सुखको भोगता है तथापि निज शुद्धात्मभावनासे उत्पन्न अतीन्द्रिय सुखको ही उपादेय मानता है। उसकी यह भावना ही उसे व्यवहारसे निश्चयकी ओर ले जाती है। और इस तरह निश्चय और व्यवहारमें साध्य-साधन भाव बनता है। इसके विषयमें स्वर्ण और स्वर्णपाषाणका दृष्टान्त दिया है। जिस पाषाणमें स्वर्ण होता है उसे स्वर्णपाषाण कहते है। जिस प्रकार व्यवहारनयसे स्वर्ण-पाषाण स्वर्णका साधन है उसी प्रकार व्यवहार मोक्षमार्ग निश्चयमोक्ष मार्गका साधन है अर्थात् व्यवहार नयसे भावलिंगी मुनिको सविकल्प दशामें वर्तते हुए तत्त्वार्थश्रद्धान, तत्त्वार्थज्ञान और महाव्रतादिरूपचारित्र निर्विकल्पदशामें वर्तते हुए शुद्धात्मश्रद्धान, ज्ञान और अनुष्ठानके साधन है।

एवं दंसणजुत्तो चरित्तमोहं च खविय सामण्णो[1] ।
लहदि[2] हु सो परमप्पा वट्टंतो एण[3] कम्मेण ॥३२४॥

इति दर्शनाधिकारः ।

श्रुतज्ञानपरिणतस्यात्मनः सम्यग्रूपस्य हेतुं स्वरूपं निश्चयं चाह—

दंसणकारणभूदं णाणं सम्मं खु होइ जीवस्स ।
तं सुयणाणं णियमा जिणवयणविणिग्गयं परमं ॥३२५॥

वत्थूण जं सहावं जहट्ठियं णयपमाण तह सिद्धं ।
तं तह व जाणणे इह सम्मं णाणं जिणा वंति ॥३२६॥

उक्तं च—

संसयविमोहविब्भमविवज्जियं अप्पपरसरूवस्स ।
गहणं सम्म णाणं सायारमणेयभेयं तु ॥—द्रव्यसं ४२ ॥

इस क्रमसे सम्यग्दर्शनसे युक्त मुनि चारित्र मोहनीयका क्षय करके परमात्मपदको प्राप्त करता है ॥ ३२४ ॥

दर्शनाधिकार समाप्त हुआ ।

आगे श्रुतज्ञान रूपसे परिणत आत्माके सम्यग्पनेका हेतु और स्वरूप तथा निश्चयका कथन करते हैं—

सम्यग्दर्शनपूर्वक जीवके जो ज्ञान होता है वह सम्यग्ज्ञान है । अथवा सम्यग्दर्शनका कारणभूत जीवका ज्ञान सम्यग्ज्ञान है और वह ज्ञान जिनागमसे निकला हुआ नियमसे उत्तम श्रुतज्ञान है ॥ ३२५ ॥

विशेषार्थ—जब तक जीवको सम्यक्त्वकी प्राप्ति नही होती तब तक उसका ज्ञान सच्चा नही होता । ज्ञानके सम्यक्त्वका कारण सम्यग्दर्शन ही है । इसके अनुसार मिथ्याज्ञानपूर्वक ही सम्यग्दर्शन होता है । क्योंकि सम्यग्दर्शनकी उत्पत्तिके लिए सात तत्त्वोका यथार्थज्ञान होना आवश्यक है उसके विना सम्यग्दर्शन नही हो सकता । अत जिनागमका स्वत अवगाहन करके या परोपदेशसे होनेवाला श्रुतज्ञान ही सम्यग्दर्शनका कारणभूत है । अधिगमज सम्यग्दर्शन तो श्रुतज्ञानपूर्वक ही होता है और निसर्गज सम्यग्दर्शनमें भी परम्परासे श्रुतज्ञान कारण होता है । इस तरह जो श्रुतज्ञान सम्यग्दर्शनका कारण है वह वास्तवमें यद्यपि सम्यग्ज्ञान नही है क्योंकि सम्यग्दर्शनके विना ज्ञान सच्चा नही होता । तथापि चूँकि वह श्रुतज्ञान सम्यग्दर्शनका कारण है इसलिए उसे उपचारसे ही सच्चा ज्ञान कहा गया है ।

आगे सम्यग्ज्ञानका स्वरूप कहते है—

वस्तुका जो यथावस्थित स्वभाव नय और प्रमाणके द्वारा सिद्ध है उसको वैसा ही जानना सम्यग्ज्ञान है ऐसा जिनेन्द्रदेव कहते हैं ॥ ३२६ ॥

द्रव्यसंग्रहमें कहा भी है—

आत्माके और अन्य वस्तुओंके स्वरूपको संशय, विपर्यय और अनध्यवसायसे रहित जानना सम्यग्ज्ञान है । वह ज्ञान साकार होता है और इसके अनेक भेद है ।

---

१ सामण्णं अ० क० । सामण्णे स० अ० मु० । २. भवदि हु० मु० । ३. अनेन क्रमेण सर्वमान इत्यर्थः । एण कमेण अ० क० स० अ० मु० । ४ 'जीवादिसद्दहणं सम्मत्तं रूपमप्पणो तं तु । दुरभिणिवेसविमुक्कं णाणं सम्मं तु होदि सदि जम्मि ॥४१॥—द्रव्यसंग्रह । ५ जाणणे अ० क० स० अ० मु० ।

बहिरंत परमतच्चं णच्चा णाणं खु जं ठियं णाणे ।
तं इह णिच्छयणाणं पुव्वं तं मुणह ववहारं ॥३२७॥

अतिव्याप्तिमव्याप्तिं श्रुताध्ययने स्वार्थिनां निषेधयति—

ता सुयसायरमहणं कीरह[3] सुपमाणमेरुमहणेण ।
सियणयफणिंदगहिए जाव ण मुणिओ हु वत्थुसब्भाओ ॥३२८॥

इति ज्ञानाधिकारः ।

विशेषार्थ—'यह सीप है या चाँदी' इस प्रकारके अनिश्चयात्मक ज्ञानको संशय कहते हैं । सीपको चाँदी समझ लेना विपर्यय या विभ्रमज्ञान है । और चलते हुए मार्गमें जो तृण आदिका स्पर्श होने पर स्पष्ट ज्ञान नहीं होता कि क्या है उसे अनध्यवसाय या विमोह कहते हैं । इन तीन मिथ्याज्ञानोंसे रहित जो ज्ञान होता है वह लौकिक सम्यग्ज्ञान है । किन्तु सहज शुद्ध केवलज्ञान और केवलदर्शन स्वभाव आत्माके स्वरूप को तथा जीव सम्बन्धी भावकर्म नोकर्मरूप परद्रव्यको और पुद्गल आदि शेष सब द्रव्योंको नय प्रमाणके द्वारा जैसा स्वरूप प्रतीत हो वैसा ही ठीक-ठीक जानना वस्तुतः सम्यग्ज्ञान है । शास्त्रोंमें नय विवक्षासे वस्तुओंका कथन किया है यदि नयविवक्षाका ज्ञान न हो तो उसमें परस्पर विरोध सा प्रतीत होता है अतः जहाँ जो कथन जिस अपेक्षासे किया गया है उसको उसी विवक्षासे ठीक-ठीक जानना ही सम्यग्ज्ञान है । जैसे आगममें पृथिवी काय आदिके भेदसे जीवके छह प्रकार तथा इन्द्रियोंके भेदसे एकेन्द्रिय आदि पाँच भेद बतलाये हैं किन्तु निश्चयसे इन्द्रियाँ और पृथिवीकाय आदि जीवके स्वरूप नहीं हैं । अतः व्यवहारनयसे ही पृथिवी आदि षट्कायोंको जीव कहा है, निश्चयसे तो जीव अतीन्द्रिय अमूर्त और केवल ज्ञानादि गुणोंका पिण्डरूप है । इसी तरह जीवको कर्मोंका कर्ता और भोक्ता कहा है यह कथन भी व्यवहारनयसे है । निश्चयनयसे तो जीव अपने केवल ज्ञानादिरूप शुद्ध भावोंका ही कर्ता और भोक्ता है । अतः गुणस्थान, मार्गणास्थान, जीवसमास आदिके भेदोंके द्वारा तथा कर्मजन्य भेदोंके द्वारा संसारी जीवका जितना भी कथन है वह सब व्यवहारनयसे है । इस नयविवक्षाको जाननेसे ही जीवादि पदार्थोंका यथार्थ ज्ञान होता है । अतः सम्यग्ज्ञानके लिए नय प्रमाणादिका स्वरूप भी जानना आवश्यक है । आगे निश्चयज्ञानका स्वरूप कहते हैं—

बाह्य और अन्तः परमतत्त्वको जानकर ज्ञानका ज्ञानमें ही स्थिर होनेको यहाँ निश्चयज्ञान कहा है । और पहले जो ज्ञानका कथन किया है उसे व्यवहारज्ञान जानो ॥ ३२७ ॥

विशेषार्थ—पहले कहा है कि पराश्रित कथन व्यवहार और स्वाश्रित कथन निश्चय है । ज्ञान अपनेको भी जानता है और परको भी जानता है । बाह्य ज्ञेयकी अपेक्षा घटज्ञान, पटज्ञान आदि सब व्यवहारज्ञान है । मति, श्रुत, अवधि आदि भेद भी व्यवहारज्ञानके ही हैं क्योंकि ये भेद परसापेक्ष्य हैं । जो ज्ञान इन्द्रिय और मनकी सहायतासे होता है उसे मतिज्ञान कहते हैं । मतिज्ञानपूर्वक होनेवाले विशेष ज्ञानको श्रुतज्ञान कहते हैं । द्रव्य, क्षेत्र, काल, भावकी अवधिको लिये हुए रूपादि पदार्थोंके एक देश स्पष्ट ज्ञानको अवधिज्ञान कहते हैं । मनमें स्थित रूपी पदार्थोंके एक देश स्पष्ट ज्ञानको मन पर्यय ज्ञान कहते हैं । केवलज्ञानका फल उपेक्षा है । सबको जानकर भी वह स्वस्थ ही रहता है । व्यवहारनयसे केवलज्ञान परको जानता है निश्चयनयसे अपनेको ही जानता है । अतः परिपूर्णज्ञान ही निश्चयज्ञान है ।

आगे आत्मार्थी पुरुषोंके लिए श्रुतके अध्ययनमें अव्याप्ति और अतिव्याप्तिका निषेध करते हैं—

स्याद्वादनयरूपी नागराजसे गृहीत प्रमाणरूपी मेरुमथानीके द्वारा तब तक श्रुतरूपी सागर का मन्थन करो, जब तक वस्तुके स्वरूपका ज्ञान न होवे ॥ ३२८ ॥

---

१. णाणं मु० । २. पुव्वुत्तं मु०—अ० क० ख० ज० मु० । ३. कीरइ ज० ।

निश्चयसाध्यस्य व्यवहारेण साधकक्रमं [1]प्रदर्श्य ताभ्यामपि(१) व्याख्यानार्थं क्रममाह—

णिच्छय [2]सज्झसरूवं [3]सराय तस्सेव साहणं चरणं ।
तह्मा दो विय कमसो पडिज्जें[च्छ]माणं [4]पबुज्झेह ॥३२९॥

चारित्रस्वामिन. स्वरूपं निरूप्य तस्यैव भेदं दर्शयति—

दंसणसुद्धिविसुद्धो मूलाइगुणेहि संजुओ तहय ।
सुहदुःखाइसमाणो [5]झाणणिलीणो हवे समणो ॥३३०॥

विशेषार्थ—हिन्दू पुराणोंमे कथा है कि देवो और असुरोने मिलकर समुद्रका मन्थन किया था। मथानी वनाया था सुमेरुको और नागराजको बनाया था रस्सी। सुमेरुके चारो ओर नागराजको वाँधकर एक ओर से देवो और एक ओरसे असुरोने उसे मथानीकी तरह तव तक घुमाया था जव तक अमृतकी प्राप्ति नही हुई। ग्रन्थकार यहाँ उसी पौराणिक कथाके रूपक द्वारा शास्त्ररूपी समुद्रके मन्थनकी प्रेरणा करते है कि प्रमाणको मथानी वनाओ और उसे स्याद्वादनयरूपी नागफाँसमें वाँधकर तव तक उसके द्वारा शास्त्ररूपी समुद्रका मन्थन करो—वारम्वार अभ्यास करो जव तक वस्तुस्वरूपका बोध न हो। शास्त्र समुद्रका मन्थन किये विना वस्तुस्वरूपका बोध नही हो सकता। अत. मुमुक्षुको निरन्तर श्रुताभ्यास करना चाहिए।

ज्ञानाधिकार समाप्त। 8/Jan 17-3-98

व्यवहारके द्वारा निश्चयरूप साध्यके साधनक्रमको वतलाकर व्याख्यानके लिए दोनोका क्रम कहते है—

निश्चय साध्य स्वरूप है। उसका साधन सराग और वीतराग चारित्र है। अतः दोनोको भी क्रमसे धारण करने पर जीव प्रवोधको प्राप्त होता है ॥३२९॥

विशेषार्थ—निश्चय और व्यवहारमें साध्य-साधन भावका कथन पहले किया है। आगे निश्चय स्वरूपकी प्राप्ति में साधन चारित्रका कथन करते है। चारित्र सराग और वीतरागके भेदसे दो प्रकार का है। मोटे तौर पर सरागीके चारित्रको सरागचारित्र और वीतरागीके चारित्रको वीतराग चारित्र कहते हैं। वैसे कपायका उदय दसवे गुणस्थान तक पाया जाता है अत कपायके उदयके अभावमें ग्यारहवे और वारहवे गुणस्थानको वीतराग छद्मस्थ कहते है। फिर भी मुख्य रूपसे रागकी प्रधानता छठे, सातवे तक रहती है अतः उनमे ही सराग चारित्र माना गया है। चारित्रका धारण रागकी निवृत्तिके लिए किया जाता है। अत. सरागी भी रागकी निवृत्तिके लिए ही चारित्र धारण करता है। आगे ग्रन्थकार स्वय उनका कथन करते है।

चारित्रके स्वामीका स्वरूप वतलाकर उसके भेद वतलाते है—

जो दोप रहित सम्यग्दर्शनसे विशुद्ध तथा मूल और उत्तर गुणोसे युक्त होता है सुख और दुःखमे जिसका समभाव होता है, तथा आत्मध्यानमे लीन रहता है वह श्रमण—जैनसाधु, चारित्र का धारक या चारित्रका स्वामी है ॥३३०॥

विशेषार्थ—सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञानपूर्वक चारित्र ही धर्म है और वह धर्म साम्यभाव रूप है। उसके धारणको ही श्रमण कहते हैं। शत्रु और मित्रमे, सुख और दुःखमें, प्रशंसा और निन्दामे, लोह और

---

१. प्रदर्शनार्थ्या—अ० क० ग० ज०। २. सुज्झ ज०। ३. सराह स—ज०। ४. पडिज्झमाण अ० क० ग० ज० मु०। ५ पबुज्झेदि ज० क० ग० मु०। पबुज्झेहि ज०। ६. झाणे लीणो अ० मु०। 'णयणमिदो सिरुत्तो णयंतिरज्जुपुणो णिबद्धाओ। संजणणाणसमग्गो समणो सो सजदो भणिदो ॥२४०॥ समसत्तुबंधुवग्गो समसुहदुक्खो पसंसणिंदसमो। समलोट्ठकंचणो पुण जीवियमरणे समो समणो ॥२४१॥'—प्रवचनसार।

असुहेण रायरहिओ वयाइरायेण जो हु संजुत्तो ।
सो इह भणिय सरागो मुक्को दोह्णं पि खलु इयरो[1] ॥३३१॥

सुवर्णमे तथा जीवन और मरणमे जिसका समभाव है, यह मेरा है और यह पराया है, यह सुखदायक है और यह दुःखदायक है, यह मेरा उपकारी है और यह अपकारी, यह मेरा रक्षक है और यह भक्षक है ऐसी भेद-बुद्धि जिसमे नही है वह श्रमण विशुद्ध सम्यग्दर्शनसे युक्त होता है और साधुके २८ मूलगुणोका पालक होता है, तथा आत्मध्यानमे लीन रहता है । ऐसा श्रमण ही चारित्रका स्वामी होता है । वह दु खसे छुटकारा पाने के लिए बन्धु-बान्धवोसे आज्ञा लेकर श्रमणाचार्यके सेवामे उपस्थित होकर समस्त परिग्रहको त्यागकर साधुत्वका मार्ग स्वीकार करता है । और इस तरह वह चारित्रका स्वामी श्रमण बन जाता है । ध्यानाध्ययन ही उसके मुख्य कार्य होते है ।

आगे सराग और वीतरागका कथन करते है—

जो अशुभ प्रवृत्तियोंसे तो राग नही करता, किन्तु जिसे व्रतादिरूप शुभ प्रवृत्तियोमे राग रहता है उसे यहाँ सराग चारित्रका धारक श्रमण कहा है और जिसे अशुभ और शुभ दोनो ही प्रकारका राग नही है वह श्रमण वीतराग है ॥३३१॥

विशेषार्थ—आगममे श्रमण दो प्रकारके बताये है एक शुद्धोपयोगी और एक शुभोपयोगी । शुद्धोपयोगी वीतराग होते है और शुभोपयोगी सराग होते है । शुद्धोपयोगीको निरास्रव कहा है और शुभोपयोगी को आस्रवसे सहित सास्रव कहा है । इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है कि उपयोगके तीन प्रकार है—अशुभ, शुभ और शुद्ध । विषय और कषायमे अनुरक्त होकर जो विषयकषाय वर्धक शास्त्रोको सुनता है, विषयी पुरुषो की सगति करता है उसका उपयोग अशुभ होता है । किन्तु जो सच्चे देव, सच्चे शास्त्र और सच्चे गुरुका श्रद्धानी बनकर जीवो पर दयाभाव रखता है उसका उपयोग शुभ होता है । शुभोपयोगसे पुण्यबन्ध और अशुभोपयोगसे पापबन्ध होता है । किन्तु शुभ और अशुभ दोनो प्रकारके रागसे रहित शुद्धोपयोगसे बन्ध नही होता है । अत वस्तुत शुद्धोपयोग ही उपादेय है । गुणस्थानोकी परिपाटीके अनुसार प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय गुणस्थानमे यद्यपि अशुभोपयोग रहता है किन्तु ऊपर-ऊपर उसकी मन्दता होती जाती है । आगे चतुर्थ, पचम और छठे गुणस्थानमे परम्परासे शुद्धोपयोगका साधक शुभोपयोग रहता है । इसका स्पष्टरूप यह है कि सम्यग्दृष्टि यद्यपि उपादेय रूपसे निज शुद्ध आत्माको ही भाता है किन्तु चारित्रमोहके उदयसे उसमे अनमर्थ होने पर निर्दोष परमात्मस्वरूप अर्हन्तो और सिद्धोकी तथा उनके आराधक आचार्य, उपाध्याय और साधुओंकी भक्तिमे मन लगाकर विषयकषायमे प्रवृत्तिको रोकता है । इस तरह उसका वह शुभोपयोग भी परम्परासे शुद्धोपयोगमे सहायक कहा जाता है । आगे सातवे गुणस्थानसे लेकर बारहवे गुणस्थान तक जघन्य, मध्यम और उत्कृष्ट भेदको लिये हुए शुद्धोपयोग रहता है । शुद्धोपयोगमे शुद्ध बुद्ध स्वभाव निज आत्मा ही ध्येय रहती है । सातवे आदि गुणस्थानोमे भी शुद्ध ध्येय होनेसे, शुद्ध आत्माका अवलम्बन होनेसे, और शुद्ध आत्मस्वरूपका साधक होनेसे शुद्धोपयोग घटित होता है । यह शुद्धोपयोग न तो ससारके कारणभूत मिथ्यात्व रागादि अशुद्ध पर्यायोकी तरह अशुद्ध होता है और न केवलज्ञानरूप शुद्ध पर्यायकी तरह शुद्ध होता है । किन्तु इन दोनो अवस्थाओसे विलक्षण तीसरी अवस्था होती है जो शुद्धात्मानुभूति रूप निश्चय रत्नत्रय स्वरूप तथा मोक्षका कारण होती है ।

---

१. समणा सुद्धवजुत्ता सुहोवजुत्ता य होंति समयम्हि । तेसु वि सुद्धुवजुत्ता अणासवा सासवा सेसा ॥ ९ ॥
—प्रवचनसार ।

सम्मा विय मिच्छा विय तवोहणा समण तहय अणयारा ।
होंति विराय सराया जदिरिसिमुणिणो य णायव्वा ॥३३२॥

श्रद्धानादि कुर्वतो मिथ्यासम्यग्भावं यथा तथा चाह—

[2]इंदियसोक्खणिमित्तं सद्धाणादीणि कुणइ सो मिच्छो ।
तं पिय मोक्खणिमित्तं कुव्वंतो भणइ सद्दिट्ठी ॥३३३॥

तपस्वी अनगार श्रमण सम्यग्दृष्टि भी होते है और मिथ्यादृष्टि भी होते हैं तथा ऋषि, यति और मुनि सरागी भी होते है और वीतरागी भी होते है ॥३३२॥

विशेषार्थ—जिनरूपके धारी भिक्षु अनेक प्रकारके होते है, उनके नाम है—अनगार, यति, मुनि और ऋषि । सामान्य साधुओको अनगार कहते है । उपशम और क्षपकश्रेणी पर आरूढ साधुओको यति कहते है । अवधिज्ञानी, मन पर्ययज्ञानी और केवलज्ञानीको मुनि कहते है । और ऋद्धिधारी साधुओको ऋषि कहते है । अनगार अर्थात् सामान्य साधु सम्यग्दृष्टि भी होते है और मिथ्यादृष्टि भी होते है । कौन सम्यग्दृष्टि और कौन मिथ्यादृष्टि होते है इसे ग्रन्थकारने आगे स्वय स्पष्ट किया है । शेष ऋषि यति और मुनि सरागी भी होते है और वीतरागी भी होते है । इनमे जो प्रमत्तादि गुणस्थानवर्ती है वे सरागी है और जो वीतराग अवस्थामे स्थित है वे वीतरागी है ।

श्रद्धान आदि करते हुए भी कैसे सम्यग्पना और मिथ्यापना होता है यह बतलाते है—

जो इन्द्रिय सुखकी प्राप्तिके लिए श्रद्धान ज्ञान और चारित्रका पालन करता है वह मिथ्यादृष्टि है और जो मोक्षके लिए श्रद्धान आदि करता है वह सम्यग्दृष्टि है ॥३३३॥

विशेषार्थ—जैन आचार और विचारकी श्रद्धा करके उसका पालन करनेवाले गृहस्थ ही नही, साधु भी सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टि होते है । जिन्होने ससार भोगोकी इच्छासे, देवगति और भोगभूमिकी लुभावनी भोगवार्तासे आकृष्ट होकर उसी की प्राप्तिके लिए व्रताचरण स्वीकार किया है वह मिथ्यादृष्टि है और जिसने ससारके सुखको त्याज्य मानकर मोक्षकी प्राप्तिके लिए जिनदीक्षा धारण की है वह सम्यग्दृष्टि है । समयसार गाथा २७३ आदिमे आचार्य कुन्दकुन्द स्वामीने लिखा है कि अभव्यजीव जिन भगवान्के द्वारा कथित व्रत, समिति, गुप्ति, शील और तपको करते हुए भी अज्ञानी और मिथ्यादृष्टि ही रहता है क्योकि इन सबके करनेका जो वास्तविक लक्ष्य मोक्ष है उसी पर उसकी श्रद्धा नही है । और इसका कारण यह है कि उसे शुद्ध ज्ञानमय आत्माकी ही प्रतीति नही है । जिसे शुद्ध ज्ञानमय आत्माका ही ज्ञान नही है उसकी श्रद्धा ज्ञान पर ही नही है । और ज्ञानपर श्रद्धा न होनेसे ग्यारह अंगका पाठी होनेपर भी, शास्त्राध्ययनका जो गुण है उसका अभाव होनेसे वह ज्ञानी ही नही है । शास्त्राध्ययनका वास्तविक लाभ है सबसे भिन्न वस्तुभूत ज्ञानमय आत्मा का परिज्ञान, जिसे उसकी श्रद्धा ही नही है उसे शास्त्राध्ययनसे भी उसका परिज्ञान नही हो सकता । ऐसा व्यक्ति अज्ञानी ही होता है । शायद कहा जाये कि उसे धर्मकी तो श्रद्धा है तभी तो उसने मुनिदीक्षा ली है ? इसका उत्तर यह है कि उसे यह श्रद्धा है धर्मसेवन भोग प्राप्तिका निमित्त है, कर्मक्षयका निमित्त है ऐसी उसकी श्रद्धा नही है । अत जो धर्मको भोगका साधन मानकर उसकी प्राप्तिके लिए जप, तप करते है वे मिथ्यादृष्टि है । क्योकि जिनकी रुचि ससारके भोगोमें है वे सम्यग्दृष्टि कैसे हो सकते है । वस्तुस्वरूपका यथार्थ श्रद्धालु सस्कारवश भोगोको न छोड सके यह सम्भव है किन्तु विषयोमें अभिरुचि रखे यह सम्भव नही है । अभिरुचिका मूल संस्कार नही, अज्ञान भाव है इस प्रकारका अज्ञानीपना ज्ञानी सम्यग्दृष्टिमें कैसे हो सकता है ?

---

१ 'देशप्रत्यक्षवित्केवलभृदिह मुनि स्यादृषि प्रोद्गतर्द्धिरारूढ श्रेणियुग्मोऽजनि यतिरनगारोऽपर साधुरुक्त' । राजा ब्रह्मा च देव परम इति ऋषिर्विक्रियाऽक्षीणशक्तिप्राप्तो बुद्धौषधीशो वियदयनपटुर्विश्ववेदी-क्रमेण ॥'—चारित्रसार । २ 'सद्दहदि य पत्तियदि य रोचेदि य तह पुणो य फासेदि । धम्मं भोगणिमित्त णदु सो कम्मक्खयणिमित्तं ॥२७५॥'—समयसार ।

सरागचारित्रस्य स्वरूपं भेदं च दर्शयति—

मूलुत्तरसमणगुणा धारण कहणं च पंच आयारो ।
सोही तहव सुणिट्ठा सरायचरिया हवइ एवं ॥३३४॥
वदसमिदिंदियरोहो आवस्साचेललोचमह्णाणं ।
[२]ठिदभोज्ज एयभत्तं खिदिसयणमदंतघसणं च ॥३३५॥

सराग चारित्रका स्वरूप और भेद कहते हैं—

श्रमणोके मूलगुणों और उत्तरगुणोका धारण करना, उनका कथन करना, पाँच प्रकारका आचार, आठ प्रकारकी शुद्धि तथा सुनिष्ठा ये सब सरागचारित्र है ॥ ३३४ ॥

आगे ग्रन्थकार श्रमणोके मूलगुणोका और उत्तरगुणोका कथन करते है—

पाँच महाव्रत, पाँच समिति, पाँचों इन्द्रियोका निरोध, छह आवश्यक, वस्त्रका सर्वथा त्याग, केशलुंचन, स्नान न करना, खड़े होकर भोजन करना, दिनमे केवल एक बार भोजन करना, पृथ्वीपर सोना और दन्तघर्षण न करना ये २८ मूल गुण श्रमणोके हैं ॥ ३३५ ॥

विशेषार्थ—साधुओके २८ मूल गुण इस प्रकार है—सम्यग्ज्ञानपूर्वक हिंसा, असत्य, चोरी, मैथुन और परिग्रहके त्यागको व्रत कहते है । हिंसाके पूर्ण त्यागको अहिंसा महाव्रत कहते है । और प्रमत्तके योगसे त्रस और स्थावर जीवोके द्रव्य और भाव प्राणोके घातनेका नाम हिंसा है । जो असावधानतापूर्वक प्रवृत्ति करता है वह प्रमत्त या प्रमादी है । साराश यह है कि रागादिके वशीभूत होकर प्रवृत्ति करने पर यदि किसी जीवके प्राणोका घात न हो तब भी हिंसा होती है । और रागादिके वशीभूत न होकर प्रवृत्ति करने पर यदि किसीकी हिंसा हो भी जाती है तो भी वह हिंसा नही मानी गयी है । क्योकि कहा है कि जीव मरे या जिये, जो असावधानतापूर्वक प्रवृत्ति करता है वह नियमसे हिंसक है । क्योकि वह किसीके जीने-मरनेका ध्यान न रखकर प्रवृत्ति करता है । और जो मुझसे किसी भी जीवको कष्ट न पहुँचे इस प्रकारकी भावनासे सावधानतापूर्वक चलता है, सावधानतापूर्वक उठता-बैठता है, सावधानतापूर्वक शयन करता है और सावधानतापूर्वक वार्तालाप करता है उससे यदि किसी प्राणीको कष्ट पहुँच भी जाता है तब भी वह हिंसक नही है । जैसे एक साधु सावधानतापूर्वक देख-भालकर मार्गमे चलता है । उसके पैर रखनेके स्थान पर अचानक कोई जन्तु उडकर आ गिरता है और साधुके पैरसे कुचलकर मर जाता है तो उसे उस जन्तुके वधका पाप नही लगता क्योकि साधुका मानस पवित्र था । इसी तरह रागादिके वशीभूत होकर अप्रशस्त वचन बोलना असत्य है और उसका सर्वथा त्याग सत्य महाव्रत है । विना दी हुई वस्तुको स्वयं ग्रहण करना या दूसरोको दे देना चोरी है और उसका पूर्णत्याग अचौर्यमहाव्रत है । हाँ, जो वस्तु सार्वजनिक उपभोगके लिए मुक्त है जैसे नदीका पानी, या मिट्टी, उसका ग्रहण चोरी नही है । मन, वचन कायसे स्त्री मात्रके सेवनके त्यागको ब्रह्मचर्यव्रत कहते है तथा समस्त चेतन और अचेतन परिग्रहके और उससे ममत्वके त्यागको परिग्रह त्याग व्रत कहते है । ईर्या, भाषा, एषणा, आदाननिक्षेप और उत्सर्ग ये पाँच समिति है । धर्मके लिए प्रयत्नशील मुनि सूर्योदय होने पर जब मार्ग स्पष्ट दिखाई देने लगता है तब मनुष्य हाथी, घोडागाडी आदिके चलनेसे प्रासुक हुए मार्ग पर चार हाथ जमीन आगे देखकर धीरे धीरे गमन करता है उसे ईर्यासमिति कहते है । हित-मित वचन बोलनेको भाषासमिति कहते है । शरीरकी स्थितिके लिए गृहस्थके घर जाकर उसके द्वारा

---

१. 'अरहंतादिसु भत्ती वच्छलदा पवयणाभिजुत्तेसु । विज्जदि जदि सामण्णे सा सुहजुत्ता भवे चरिया ॥२४६॥ —प्रवचनसार । २. ठिदिभोज्ज क० ख० ज० मु० । 'वदसमिदिंदियरोहो लोचावस्सयमचेलमण्हाणं । खिदि-सयणमदंतवणं ठिदिभोयणमेगभत्तं च ॥ एदे खलु मूलगुणा समणाणं जिणवरेहिं पण्णत्ता । तेसु पमत्तो समणो छेदोवट्ठावगो होदि ॥२०८-२०९॥ —प्रवचनसार ।

तवपरिसहाण भेया गुणा हु ते उत्तरा य बोहव्वा ।
दंसणणाणचरित्तं तववीरिय पंचहायारं ॥३३६॥

नवधा भक्तिपूर्वक दिये गये नवकोटि विशुद्ध आहारको छियालीस दोप वचाकर ग्रहण करना एषणा समिति है । धर्म और चर्याके योग्य द्रव्योको देखकर ग्रहण करना और त्यागना आदान निक्षेपणसमिति है । निर्जन्तुक भूमिमें मल, मूत्र आदिको त्यागना उत्सर्गसमिति है । पाँचो इन्द्रियोके विषयोमे रागभावको छोडकर इन्द्रियोका निग्रह करना पचेन्द्रिय निरोध है । सामायिक चतुर्विंशतिस्तव, वन्दना, प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान और कायोत्सर्ग ये छह आवश्यक है । जीवन-मरण, लाभ-हानि, सयोग-वियोग, शत्रु-मित्र, सुख-दु खमें सदा समभाव रखना सामायिक है । भक्तिपूर्वक चौबीस तीर्थंकरोके गुणोका स्तवन करना चतुर्विंशतिस्तव है । किसी एक तीर्थंकर की विनय आदि करना वन्दना है । प्रमादसे लगे हुए दोषोकी विशुद्धिको प्रतिक्रमण कहते है । आगामी दोषो को दूर करनेके लिए जो त्याग आदि किया जाता है उसे प्रत्याख्यान कहते है । अतिचारोकी विशुद्धिके लिए खडे होकर दोनो हाथोको लटकाकर निश्चल होना कायोत्सर्ग है । ये छह कर्तव्य व्याधि आदि होने पर भी अवश्य करणीय है इसीलिए इन्हे आवश्यक कहते हैं । वस्त्रका सर्वथा त्याग करके सर्वदा नग्न दिगम्बर विचरण करना साधुका मूल गुण है । दो मास, तीन मास या चार मासमे अपने सिर और दाढीके बालोको स्वयं अपने हाथसे उखाडना केशलोच है । सदा स्नान नही करना, भूमिमें अथवा लकडी या पाषाणकी शिला-पर पैर फैलाकर एक करवटसे शयन करना, खडे होकर अपने हस्तपुटमे भोजन करना, तथा एक ही वार भोजन करना, और दन्तमंजन न करना ये सब साधुके २८ मूलगुण है । इनका धारण करना आवश्यक है । ये सब कार्य आत्मज्ञान-श्रद्धान मूलक ही करणीय है । उसके बिना तो केवल कायक्लेशमात्र ही है ।

आगे श्रमणके उत्तर गुणोको कहते है—

तप और परीषहोके भेदोको साधुके उत्तर गुण जानना चाहिए । दर्शनाचार, ज्ञानाचार, चारित्राचार, तपाचार और वीर्याचार ये पाँच प्रकारके आचार है ॥३३६॥

विशेषार्थ—रत्नत्रयकी प्राप्तिके लिए इच्छाओका रोकना तप है । अथवा कर्मोकी निर्जराके लिए मार्गके अविरुद्ध जो तपस्या की जाती है उसे तप कहते है । वह तप दो प्रकारका है—बाह्य और आभ्यन्तर । भोजनका त्याग आदि बाह्यद्रव्यको जिसमें अपेक्षा होती है तथा जो दूसरोके भी दृष्टिगोचर हो जाता है उसे बाह्यतप कहते है । उसके छह भेद है—अनशन, अवमौदर्य, वृत्तिपरिसख्यान, रसपरित्याग, विविक्तशय्यासन और कायक्लेश । मन्त्रसाधन आदि लौकिक फलकी इच्छाके बिना राग द्वेषको नष्ट करनेके लिए, कर्मोकी निर्जराके लिए, इन्द्रियोको वशमे करनेके लिए तथा ध्यान और अध्ययनमे मनको लगानेके लिए उपवास करना अनशन तप है । निद्रापर विजय पानेके लिए, दोषोकी शान्तिके लिए, प्रमादसे बचनेके लिए भूखसे कम भोजन करना अवमौदर्य है । आशाकी निवृत्तिके लिए भिक्षार्थी मुनि जो एक, दो घर ही भिक्षाके लिए जानेका नियम करता है या अमुक प्रकारके दाताके द्वारा अमुक प्रकारका आहार मिलेगा तो लूँगा, इत्यादि नियम करता है उसे वृत्तिपरिसख्यानतप कहते है । इन्द्रियोके दमनके लिए घी, दूध, दही, गुड, तेल आदि रसोको त्यागना रसपरित्याग तप है । स्वाध्याय और ध्यानकी सिद्धिके लिए तथा ब्रह्मचर्यकी रक्षाके लिए स्त्री, पशु, दुष्टजन आदिसे रहित, पर्वत, गुफा, स्मशान, शून्य मकान, या उद्यान, वन आदि एकान्त प्रदेशोमें आसन लगाना, शयन करना विविक्तशय्यासन तप है । वर्षाऋतुमें वृक्षके नीचे, ग्रीष्मऋतुमें पर्वतके ऊपर, शीतऋतुमें खुले हुए स्थानमें ध्यान लगाना, तथा अनेक प्रकारके आसनोके द्वारा शरीरको कष्ट देना कायक्लेश है । यह कायक्लेश अचानक कष्ट आ जाने पर उसे सहन कर सकनेकी क्षमताके लिए और विषयसुखकी चाहको रोकने के लिए किया जाता है । जिसमें बाह्यद्रव्यकी अपेक्षा नही होती तथा जिनमें मनोनियमन पर ही विशेष बल रहता है उन्हें आभ्यन्तर तप कहते है । आभ्यन्तर तपके भी छह भेद है—प्रायश्चित्त, विनय, वैयावृत्त्य, स्वाध्याय, व्युत्सर्ग और ध्यान । कर्तव्यकर्मके न करनेपर और त्यागने योग्यका त्याग न करनेमें जो

दोष लगता है उसकी शुद्धि करनेको प्रायश्चित्त तप कहते है। प्रायश्चित्तके दस भेद है—आलोचन, प्रतिक्रमण, तदुभय, विवेक, व्युत्सर्ग, तप, मूल, छेद, परिहार, उपस्थापना। गुरुसे विनयपूर्वक अपने प्रमादका निवेदन करना, आलोचना प्रायश्चित्त है। उसके दस दोष है—आकम्पित, अनुमापित, दृष्ट, बादर, सूक्ष्म, छन्न, शब्दाकुलित बहुजन, अव्यक्त और तत्सेवित। उपकरणोको देनेपर गुरु मुझे थोड़ा प्रायश्चित्त देंगे ऐसा विचार कर उपकरण भेंट करके दोषका निवेदन करना आकम्पित दोष है। मै प्रकृतिसे दुर्बल हूँ, रोगी हूँ, उपवास वगैरह करनेमें असमर्थ हूँ, यदि हलका प्रायश्चित्त देंगे तो दोषका निवेदन करूँगा यह दूसरा अनुमापित दोष है। दूसरेके द्वारा न देखे गये दोषको छिपाकर देखे गये दोषका निवेदन करना दृष्ट नामका तीसरा दोष है। आलस्य, प्रमाद या अज्ञानसे स्थूल दोषका निवेदन करना चतुर्थ बादर दोष है। महान् प्रायश्चित्तके भयसे अथवा 'यह सूक्ष्मसे भी दोषको दूर करना चाहता है' इस प्रकारकी अपनी प्रशसाकी भावनासे महान् दोषको छिपाकर सूक्ष्म दोषका निवेदन करना पाँचवाँ सूक्ष्म दोष है। यदि व्रतमें इस प्रकारका दोष लग जाये तो उसका क्या प्रायश्चित्त होता है इस उपायसे गुरुकी उपासना करना छठा छन्न दोष है। जब मुनिगण पाक्षिक, चातुर्मासिक या वार्षिक प्रतिक्रमण करते हों और इस तरह मुनिसंघमें आलोचनाका शोर हो रहा हो। तब पूर्व दोषका कथन करना सातवाँ शब्दाकुलित नामका दोष है। गुरुके द्वारा दिया गया प्रायश्चित्त क्या आगम-सम्मत है ? इस प्रकारकी आशंका करके अन्य साधुओसे पूछना आठवाँ बहुजन नामका दोष है। किसी अपने समान साधुके सामने ही अपने दोषका निवेदन करके लिया गया महान् प्रायश्चित्त भी फलदायक नही होता अत. यह नवमा अव्यक्त दोष है। इस साधुके दोषके समान ही मेरा भी दोष है यही उसे जानता है, इसे जो प्रायश्चित्त दिया है वही मेरे लिए भी ठीक है इस प्रकार अपने दोषको छिपाना दसवाँ तत्सेवित दोष है। जो अपने अपराधको न छिपाकर बालककी तरह सरल भावसे अपने दोषोको निवेदन करता है उसे ये दोष नही लगते। जो साधु लज्जा या तिरस्कारके भयसे अपने अतिचारोकी शुद्धि नही करता वह अपने आय-व्ययकी परीक्षा न करनेवाले व्यापारीकी तरह कष्ट उठाता है। बिना आलोचनाके लिया हुआ महान् प्रायश्चित्त भी इष्ट फलदायक नही होता। 'मेरा दोष मिथ्या होवे' इस प्रकारको मानसिक प्रतिक्रियाको प्रतिक्रमण कहते है। कुछ दोष तो आलोचना मात्रसे ही शुद्ध हो जाते है, कुछ प्रतिक्रमण करनेसे शुद्ध होते है। कुछ आलोचन और प्रतिक्रमण दोनोसे शुद्ध होते है। सदोष आहार तथा उपकरणोका ससर्ग होनेपर उसका त्याग करना विवेक प्रायश्चित्त है। कुछ समय के लिए कायोत्सर्ग करना व्युत्सर्ग प्रायश्चित्त है। अनशन आदि करना तप प्रायश्चित्त है। दीक्षाके समयको छेद देना छेद प्रायश्चित्त है। कुछ समयके लिए संघसे निकाल देना परिहार प्रायश्चित्त है। पुरानी दीक्षाको छेदकर पुन दीक्षा देना उपस्थापना प्रायश्चित्त है। पूज्य पुरुषोका आदर करना विनयतप है। विनयके चार भेद है—ज्ञानविनय, दर्शनविनय, चारित्रविनय और उपचारविनय। आलस्य त्यागकर आदरपूर्वक सम्यग्ज्ञानका ग्रहण करना ज्ञानविनय है। तत्त्वार्थका शंका आदि दोषरहित श्रद्धान करना दर्शनविनय है। अपने मनको चारित्रके पालनेमें लगाना चारित्रविनय है। आचार्य आदि पूज्य पुरुषोको देखकर उठना, उनके सम्मुख जाकर हाथ जोड़कर वन्दना करना, उनके परोक्षमे भी उन्हें नमस्कार करना, उनके गुणोका स्मरण करना, उनकी आज्ञाका पालन करना उपचारविनय है। शरीर वगैरहके द्वारा आचार्य आदि की सेवा करना वैयावृत्यतप है। आलस्य त्यागकर ज्ञानकी आराधना करना स्वाध्याय है, उसके चार भेद है—धर्मके इच्छुक विनयशील पात्रोको शास्त्र देना, शास्त्रका अर्थ बतलाना वाचना है। संशय दूर करनेके लिए अथवा निश्चय करनेके लिए विशिष्ट ज्ञानियोसे पूछना पृच्छना है। जाने हुए अर्थका मनसे अभ्यास करना अनुप्रेक्षा है। शुद्धतापूर्वक पाठ करना आम्नाय है। धर्मका उपदेश करना धर्मोपदेश है। ये चार स्वाध्यायके भेद है। त्यागको व्युत्सर्ग कहते है, उसके दो भेद है—आत्मासे भिन्न धन-धान्य आदिका त्याग करना बाह्योपधित्याग है। और क्रोधादि भावोको त्यागना अभ्यन्तर उपधित्याग है। उत्तम संहननके धारक मनुष्यका अपनी चित्तकी वृत्तिको सब ओरसे हटाकर एक ही विषयमे लगाना ध्यान है। ध्यानके चार भेद है—आर्त्त, रौद्र, धर्म्य और शुक्ल। आदिके दोनो ध्यान संसार के कारण है और अन्तके दोनो ध्यान मोक्षके

विज्जावच्चं संघे साहुसमायार तित्थअभिवुड्ढी ।
धम्मक्खाण [1]सुसत्थे सरायचरणे ण णिसिद्धं ॥३३७॥

समचारिणा सह समाचारार्थमाह—

लोगिगसद्धारहिओ [2]चरणविहूणो तहेव अववादी ।
विवरीओ खलु तच्चे वज्जेव्वा ते समायारे ॥३३८॥

कारण है। ध्यान करते समय अचानक आनेवाले उपसर्गको शान्तिके साथ सहन करना परीषह है। परीषहके २२ भेद है—१. भूखकी बाधाको सहना, २. प्यासकी बाधाको सहना, ३. शीत, ४. उष्ण, ५. डास मच्छर, ६. नंगेपनकी बाधाको सहना, ७ संयमसे अरति उत्पन्न होनेके कारण उपस्थित होनेपर भी संयममे रति करना, ८ स्त्रियोकी बाधाको निर्विकार चित्तसे सहना, ९ नंगे पैर चलनेकी बाधाको सहना, १०. एक ही आसनसे बैठनेकी बाधाको सहना, ११. जमीनपर एक ही करवटसे सोनेकी बाधाको सहना, १२ अत्यन्त कठोर वचनोको सुनकर भी शान्त रहना, १३. मारकी परीषह को सहना, १४. आहारादिके न मिलने पर भी किसीसे याचना न करना, १५. आहारादिका लाभ न होने पर भी सन्तुष्ट रहना, १६ पैरमें काँटा लगनेकी परीषहको सहना, १७ रोगादिका कष्ट सहन करना, १८. शरीर पर लगे मलसे खेदखिन्न न होना, १९. मान-अपमानमें हर्ष-विषाद न करना, २०. अपने पाण्डित्यका गर्व न करना, २१. ज्ञानकी प्राप्ति न होने पर खेदखिन्न न होना तथा २२ श्रद्धान से च्युत होने के निमित्त उपस्थित होने पर भी च्युत न होना। ये बाईस परीषह तथा पूर्वोक्त १२ प्रकारके तप साधुके उत्तर गुण कहे जाते है। पाँच आचार भी उत्तर गुण है—दर्शनाचार, ज्ञानाचार, चारित्राचार, तपाचार और वीर्याचार। विनय और आचारमें अन्तर है—सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र और सम्यक्तपके निर्मल करनेमें जो प्रयत्न किया जाता है वह विनय है और उनके निर्मल हो जानेपर जो उनका पालन यत्नपूर्वक किया जाता है उसे आचार कहते है।

संघमे वैयावृत्य करना, साधु सामाचारी, धर्म तीर्थकी वृद्धिके लिए प्रयत्न, धर्मका निरूपण, ये सब कार्य सरागचारित्रमें निषिद्ध नही है ॥३३७॥

विशेषार्थ—प्रवचनसारमें श्रमणके दो प्रकार बताये है—शुद्धोपयोगी और शुभोपयोगी। तथा शुभोपयोगी श्रमणोका स्वरूप बतलाते हुए लिखा है कि समस्त परिग्रहके त्यागी श्रमण भी कषायका लेश होनेसे केवल शुद्धात्मपरिणति रूपसे रहनेमें असमर्थ होते है, अत. शुद्धात्मपरिणति रूपसे रहनेवाले अर्हन्तादिमे भक्ति रखते है, उस प्रकारका प्रवचन करनेवाले साधुजनोमें वात्सल्यभाव रखते है। उनके प्रति आदरभाव रखते है, आचार्योंदिकी वन्दना करते है, सेवा-शुश्रूषा करते है। ये सब सरागचारित्रके धारी श्रमणोकी चर्या है। सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रका उपदेश देना, शिष्योका संग्रह करना, उनका पोषण करना, जिनपूजाका उपदेश देना ये सब सरागश्रमणके लिए निषिद्ध नही है। साराश यह है कि छहकायके जीवोकी विराधनासे रहित तथा शुद्धात्मपरिणतिके सरक्षणमें निमित्तभूत श्रमणोका उपकार करनेकी प्रवृत्ति सरागी श्रमणोमें होती ही है। किन्तु यदि कोई श्रमण वैयावृत्यके निमित्तसे अपने सयमका ही घात करता है तो वह मुनिपदसे च्युत हो जाता है। उक्त सब कार्य सयमकी साधनाकी दृष्टिसे ही विधेय है। अत सरागी श्रमणकी सब प्रवृत्ति सयमके अविरुद्ध ही होना चाहिए।

समान आचारवाले साधुके साथ ही सामाचारी करनेका विधान करते है—

जो लौकिकजन श्रद्धासे रहित है, चारित्रसे हीन है, अपवादशील है वह साधुवर्गसे विपरीत है, अत: उसके साथ सामाचारी नही करना चाहिए ॥३३८॥

१. मु० ब० क० ग० सु०। 'वदणणमंसणेहि अब्भुट्ठाणाणुगमणपडिवत्ती। समणेसु समावण्णो ण णिवडदि राग णिबंधणं ॥३४७॥'—प्रवचनसार। २. णिच्छिदसुत्तत्थपदो समिदकसाओ सहीणो पाणि। [illegible] ण पडदि जदि णंतरो ण पडदि ॥३६८॥ णिग्गंथं पव्वइदो वट्टदि जदि एहिगेहि कम्मेहि। [illegible] जदि णिग्गंथो ण सिज्झदि वत्थधरो जिणवरो वि तदो ॥२९॥—प्रवचनसार।

अभेदानुपचारसाधने सरागचारित्रस्यानुषंगित्वमाह —

दिक्खागहणाणुक्कमसरायचारित्तकहणवित्थारो ।
पवयणसारे पिच्छह तस्सेव य एत्थ लेस्सेक्कं ॥३३९॥

विशेषार्थ—साधुओके मध्यमें जो परस्परमे अभिवादन आदिकी प्रक्रिया है या परस्परके सहयोगसे धार्मिक क्रियाओका समतापूर्वक अनुष्ठान है उसे सामाचारी कहते है । अपनेसे अधिक गुणी साधुओके प्रति खडा होना, आदर करना, विनयपूर्वक हाथ जोडना, नमस्कार करना आवश्यक है । जो श्रमण शास्त्रार्थमें विशारद है, संयम, तप और ज्ञानसे सम्पन्न है उनमें ही उक्त प्रकारका आदरभाव रखना चाहिए, किन्तु जिनमें ये विशेषताएँ नही है उन श्रमणाभासोके प्रति अभ्युत्थान आदि नही करना चाहिए । जो श्रमण संयम, तप और श्रुतसे सम्पन्न होते हुए भी जिन भगवान्के द्वारा उपदिष्ट तत्त्वोकी श्रद्धा नही रखता है वह श्रमणाभास है । जो श्रमण द्वेषवश जिनदेवके शासनमें स्थित भी श्रमणका अपवाद करता है वह भी श्रमणाभास है । जो श्रमण स्वयं गुणमे हीन होते हुए भी गुणवान श्रमणोसे अपनी विनय कराना चाहता है वह अनन्त संसारी है । ऐसे श्रमणाभासोके साथ सामाचारी नही करना चाहिए । जो श्रमण स्वय अधिक गुणवाले होने पर भी हीन गुणवाले श्रमणोके प्रति वन्दनादि क्रिया करते है उनका चारित्र नष्ट हो जाता है । शास्त्रके ज्ञाता प्रशान्त तपस्वी श्रमणको भी लौकिक-जनोका संसर्ग नही करना चाहिए । जो निग्रन्थ-लिंगको धारण करके भी इस लोकसम्बन्धी कार्योमें प्रवृत्ति करता है उसे लौकिक कहा है । जैसे अग्निके संसर्गसे पानीमें विकार आ जाता है वैसे ही लौकिकोके संसर्गसे संयमी भी असंयमी हो जाता है । अत. मोक्षार्थी श्रमणको अपनेसे गुणाधिक या समान गुणवाले श्रमणका ही संसर्ग करना चाहिए ।

आगे अभेद और अनुपचारका साधन करनेमें सरागचारित्रका आनुषगिक सम्बन्ध बतलाते है—

दीक्षाग्रहणके अनुक्रमसे सरागचारित्रके कथनका विस्तार प्रवचनसारमे देखना चाहिए । यहाँ उसीका लेशमात्र कथन किया है ॥३३९॥

विशेषार्थ—अध्यात्म मार्गके उपदेष्टा आचार्य कुन्दकुन्दने अपने प्रवचनसारके प्रारम्भमें यद्यपि शुभोपयोगको हेय बतलाया है क्योकि उससे निर्वाण प्राप्त नही होता, स्वर्गसुख मिलता है और स्वर्गका सुख इन्द्रियजन्य परसाक्षेप होनेसे वस्तुत. दुःख ही है, इत्यादि कथन किया है । किन्तु उन्होने ही प्रवचनसारके अन्तमें चारित्रका वर्णन करते हुए श्रमण धर्मकी दीक्षाका कथन करते हुए अनुक्रमसे दो प्रकारके श्रमण बतलाये है—शुभोपयोगी और शुद्धोपयोगी । तथा शुभोपयोगी श्रमणोकी चर्याका भी विस्तारसे कथन किया है । उसीसे लेकर ग्रन्थकारने भी इस ग्रन्थमें उक्त कथन किया है । इससे ग्रन्थकार यह बतलाना चाहते है कि शुभोपयोग हेय होते हुए भी सर्वथा हेय नही है । यही बात आचार्य अमृतचन्द्रने प्रवचनसार गाथा २४५ की टीकामे लिखी है । उसका साराश यह है कि जो व्यक्ति मुनिधर्मकी दीक्षा लेकर भी कषायका कुछ अंश जीवित होनेसे शुद्धोपयोगकी भूमि पर आरोहण करनेमें असमर्थ होते है किन्तु उस भूमिकाकी तलहटीमें वर्तमान है और उस भूमिका पर आरोहण करनेके लिए उत्कण्ठित है वे श्रमण है या नही, अर्थात् उन्हे हम श्रमण कह सकते है या नही, इसका समाधान यह है कि आचार्य कुन्दकुन्दने प्रवचनसारके प्रारम्भमें स्वयं ही कहा है कि धर्मरूप परिणत आत्मा यदि शुद्धोपयोगमें युक्त होता है तो मोक्षसुखको पाता है और यदि शुभोपयोगमें युक्त होता है तो स्वर्गसुखको पाता है, इससे स्पष्ट है कि शुभोपयोगका धर्मके साथ एकार्थ समवाय है अर्थात् आत्मामे धर्म और शुभोपयोग एक साथ हो सकते है, अत शुभोपयोगी पुरुषोके भी धर्मका सद्भाव होनेसे श्रमण भी शुभोपयोगी होते है । किन्तु वे शुद्धोपयोगी श्रमणोकी समान कोटिमें नही आते । इस तरह शुभोपयोग साक्षात् धर्मरूप नही होते हुए भी उसका साधन माना जाता है ।

१. अभेदोपचार अ० क० ख० ज० । २. वित्थारे अ० क० ख० ज० मु० ।

शुभाशुभयोर्व्यवहाररत्नत्रयस्य च फलमाह—

सुहमसुहं चिय कम्मं जीवे देहुब्भवं जणदि दुक्खं ।
दुहपडियारो पढमो णहु पुण तं पढिज्जेइ[1] इयरत्थे ॥३४०॥
मोत्तूणं मिच्छतियं [2]सम्मगरयणत्तयेण संजुत्तो ।
वट्टं तो सुहचेट्ठे परंपरा तस्स णिव्वाणं ॥३४१॥

आगे शुभ, अशुभ और व्यवहार रत्नत्रयका फल कहते हैं—

शुभ और अशुभ कर्म जीवको शारीरिक दुःख देते हैं। किन्तु प्रथम शुभोपयोगसे उस दुःख का प्रतिकार तो होता है किन्तु सुखकी प्राप्ति नही होती ॥३४०॥

विशेषार्थ—अशुभोपयोगकी तरह शुभोपयोग भी अशुद्धोपयोगका ही भेद है किन्तु अशुभोपयोगके साथ धर्मका एकार्थ समवाय नही है। जहाँ अशुभोपयोग है वहाँ धर्मका लेश भी नही है। किन्तु शुभोपयोगका धर्मके साथ एकार्थ समवाय है, जहाँ शुभोपयोग है वहाँ उसके साथ धर्म भी रह सकता है। किन्तु शुभोपयोगसे भी पुण्यबन्ध होता है। प्रवचनसारके प्रारम्भमें शुभोपयोगका कथन करते हुए आचार्य कुन्दकुन्दने लिखा है—जो जीव देव गुरु शास्त्रकी पूजामें दान, शील, उपवासमें अनुरक्त रहता है वह शुभोपयोगी है। शुभोपयोगी जीव अनेक प्रकारके इन्द्रियजन्य सुखोको प्राप्त करता है। किन्तु शुभोपयोगसे देवपर्याय प्राप्त होने पर भी स्वाभाविक सुख प्राप्त नही होता क्योकि देवपर्यायमें भी स्वाभाविक सुख नही है बल्कि दुःख ही है क्योकि पुण्य कर्मके विपाकसे देवोको जो सासारिक सुखसामग्री प्राप्त होती है उसमें मग्न होकर वे तृष्णासे पीडित होकर वस्तुतः दुखी ही रहते है। पुण्य कर्मके उदयमे विषयोकी प्राप्ति होने पर तृष्णाका बढना ही स्वाभाविक होता है। इसीसे आचार्य कुन्दकुन्दने समयसारमें लिखा है कि पुण्य कर्मको सुशील और पाप कर्मको कुशील कहा जाता है किन्तु जो पुण्य कर्म जीवको संसारमे भटकाता है वह सुशील कैसे हो सकता है। फिर भी जहाँ पाप कर्मके उदयसे केवल दुःख मिलता है वहाँ पुण्य कर्मके उदयसे दुःखके स्थानमें सांसारिक जीवोके विषय-वासनाके अनुरूप सुख मिलता है। किन्तु वस्तुतः वह सुख सुख नही है क्योंकि जो पराश्रित होता है, जिसमें दुःखका भी मेल रहता है और जो आकर पुनः चला जाता है वह सुख सुख नही है केवल दुःखका प्रतीकार मात्र है। अतः शुभोपयोगसे अशुभोपयोगजन्य दुःखका प्रतिकार तो होता है किन्तु स्थायी अविनाशी सुख प्राप्त नही होता। उसके लिए तो एकमात्र शुद्धोपयोग ही उपादेय है।

जो मिथ्यादर्शन, मिथ्याज्ञान और मिथ्याचारित्रको त्यागकर सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रसे युक्त होता हुआ शुभ कर्म करता है उसका परम्परासे मोक्ष होता है ॥३४१॥

विशेषार्थ—इस गाथाके द्वारा ग्रन्थकारने व्यवहाररत्नत्रयका फल परम्परासे मोक्ष बतलाया है। व्यवहाररत्नत्रयका स्वरूप पहले कह आये है। व्यवहाररत्नत्रय किस प्रकार परम्परासे मोक्षका कारण है इसे द्रव्यसंग्रहकी टीकामें ब्रह्मदेवजी ने सुस्पष्ट किया है। वे लिखते हैं—जैसे कोई पुरुष देशान्तरमे स्थित किसी सुन्दर स्त्रीके पाससे आये हुए पुरुषोका सम्मान आदि इस लिए करता है कि उसे उस स्त्रीकी प्राप्ति हो सके, उसी तरह सम्यग्दृष्टि भी यद्यपि उपादेय रूपसे अपनी शुद्धात्माकी ही भावना भाता है किन्तु चारित्र-मोहनीयके उदयसे उसमें असमर्थ होने पर परमात्मपदकी प्राप्तिके लिए तथा विषय कषायोसे बचनेके लिए निर्दोष परमात्म स्वरूप अर्हन्त और सिद्धोकी तथा उनके आराधक आचार्य, उपाध्याय और साधुओकी दान, पूजा आदि तथा गुणस्तवन आदि द्वारा परमभक्ति करता है। उसके परिणामोमें भोगोकी चाह नही होती और न निदानकी भावना होती है। फिर भी उस प्रकारके शुभोपयोग रूप परिणामोसे न चाहते हुए भी विशिष्ट पुण्यका आस्रव होता है जैसे किसानोको न चाहने पर भी अन्नके साथ ही भूसा भी मिलता है। उस

१ पढिज्ज इयरत्थो अ० क० ख० ज० मु०। इयरत्थे-सुखार्थे। 'णरणारयतिरियसुरा भजन्ति जदि देहसंभवं दुःखं। किह सो सुहो व असुहो उवओगो हवदि जीवस्स ॥७२॥-प्रवचनसार। २. सम्मत्तगुणरय—अ० क०।

उक्तं च । सापि परंपरा द्विविधा भवति—

सा खलु दुविहा भणिया परंपरा जिणवरेहि सव्वेहिं ।
तब्भवगुणठाणे वि हु भवंतरे होदि सिद्धिपरा ॥१॥

इति सरागचारित्राधिकारः ।

सकलसंवरनिर्जरामोक्षोपायं दर्शयन् व्यवहारस्य गौणत्वं दर्शयति—

ववहारादो बंधो मोक्खो जम्हा सहावसंजुत्तो ।
तम्हा कुरु तं गउणं सहावमाराहणाकाले ॥३४२॥

पुण्यसे वे व्यवहारी शुभोपयोगी जीव स्वर्गमें जन्म लेते हैं किन्तु स्वर्गकी उस सुख-सम्पदाको भी जीर्ण तृणके समान मानकर उसमें अनुरक्त नही होते । वहाँसे चयकर वे महाविदेहमें जन्म लेते है किन्तु मोहमें नही फँसते और जिनदीक्षा ग्रहण करके निज शुद्धात्माके ध्यानसे मोक्ष प्राप्त करते है । इस तरहसे व्यवहाररत्नत्रय परम्परासे मोक्षका कारण होता है । किन्तु जो व्यवहाररत्नत्रयमें ही अनुरक्त रहते है और उसे ही मोक्षका कारण मानते है उनका व्यवहाररत्नत्रय परम्परासे भी मोक्षका कारण नही होता । यहाँ परम्पराके भी दो प्रकार हैं, जैसा कि कहा है—

सब जिनेन्द्रदेवोने परम्पराके दो भेद कहे है—एक तो उसी भवमें प्रथम गुणस्थानसे चौथे, पाँचवें आदि गुणस्थानोमें क्रमसे चढते हुए अन्तमें मोक्षको प्राप्त करना, और दूसरे भवमें मोक्ष प्राप्त करना । अर्थात् व्यवहाररत्नत्रयके द्वारा क्रमसे गुणस्थानोकी श्रेणिपर चढते हुए उसी भवमें भी मोक्ष प्राप्त हो सकता है और दूसरे भवमे भी प्राप्त हो सकता है । दोनो ही प्रकारोको परम्परा कहा जाता है । साक्षात्कारण तो निश्चय रत्नत्रय ही है ।

सराग चारित्राधिकार समाप्त ।

समस्त संवर, निर्जरा और मोक्षके उपायको बतलाते हुए व्यवहारकी गौणता बतलाते है—

चूँकि व्यवहारसे बन्ध होता है और स्वभावमे लीन होनेसे मोक्ष होता है इसलिए स्वभावकी आराधनाके समय व्यवहारको गौण करना चाहिए ॥३४२॥

विशेषार्थ—व्यवहारनयसे अशुभसे निवृत्ति और शुभमें प्रवृत्तिको चारित्र कहा है और व्रत, समिति, गुप्ति आदिको व्यवहारचारित्रके भेद कहा है । तत्त्वार्थसूत्रके सातवे अध्यायमें पुण्यास्रवका विवेचन है और पुण्यास्रवके विवेचनके प्रारम्भमे ही व्रतका कथन है । उसकी टीका सर्वार्थसिद्धिमें आचार्य पूज्यपाद स्वामीने यह शका उठायी है कि व्रतोको आस्रवका हेतु बतलाना ठीक नही है क्योकि आगे नवे अध्यायमें संवरके कारण बतलाये है, उनमेंसे दश धर्मोमेंसे सयम धर्ममे व्रतोका अन्तर्भाव होता है अत. व्रत आस्रव कारण नही है संवरके कारण है । इसका समाधान करते हुए उन्होने लिखा है कि सवर तो निवृत्ति रूप होता है । ये व्रत निवृत्तिरूप नही है प्रवृत्तिरूप है, इनमे हिंसा, झूठ, चोरी वगैरहको त्यागकर अहिंसा करने, सच बोलने और दी हुई वस्तुको ही लेनेका विधान है । इस तरह प्रवृत्ति अच्छी हो तब भी बन्धका कारण होती है उससे शुभ लाभ अवश्य होता है कि अशुभ कर्मका बन्ध नही होता और तीर्थंकर प्रकृति जैसे शुभ कर्मोका बन्ध होता है । असलमें प्रवृत्तिके मूलमें राग रहता है, रागाशके विना प्रवृत्ति नही होती । कहा भी है—राग और द्वेषका नाम प्रवृत्ति है और राग-द्वेषको त्यागनेका नाम निवृत्ति है । राग-द्वेषका सम्बन्ध बाह्य पदार्थोंसे है इसलिए राग-द्वेषको दूर करनेके लिए या कम करनेके लिए बाह्य पदार्थोका भी त्याग किया जाता है । इस तरह मोक्षकी प्राप्तिके लिए जो कुछ बाह्य प्रयत्न किये जाते है वे सब प्रवृत्तिरूप होनेसे व्यवहार कहे जाते है । उस व्यवहारसे यद्यपि बन्ध होता है किन्तु उसके विना निवृत्तिकी प्राप्ति भी सम्भव नही है । स्वभावमें लीन होनेके लिए क्रमसे बाह्य प्रवृत्तिको रोकना होता है और बाह्य प्रवृत्तिको

उक्तं च—

णिच्छयदो खलु मोक्खो तस्स य हेऊ हवेइ सब्भूवो ।
उवयरियासब्भूओ सो विय हेऊ मुणेयव्वो ॥२॥
विवरीए फुडबंधो जिणेहि भणिओ विहावसंजुत्तो ।
सो वि संसारहेऊ भणिओ खलु सव्वदरसीहिं ॥३४३॥

वीतरागचारित्राभावे कथं गौणत्वमित्याशंक्याह—

मज्झिमजहण्णुक्कस्सा सराय इव वीयरायसामग्गी ।
तम्हा सुद्धचरित्तं[1] पंचमकाले वि[2] देसदो अत्थि ॥३४४॥

रोकनेके लिए प्रवृत्तिके विषयोको त्यागना होता है, अत. स्वभावमें लीन होनेके लिए यह आवश्यक है कि हम अव्रतसे व्रतकी ओर आये । ज्यो-ज्यो हम स्वभावमें लीन होते जायेगे प्रवृत्तिरूप व्रत नियमादि स्वत छूटते जायेगे । अत स्वभावकी आराधनाके समय व्यवहारको गौण करनेका उपदेश दिया है, यदि उस समयमें भी रुचि व्यवहारकी ओर ही रही तो स्वभावमें लीनता हो नहीं सकेगी । व्यवहार तो आनुषंगिक है उसका उपदेश तो अशुभ प्रवृत्तिसे बचनेके लिए है । मगर शुभमें प्रवृत्ति भी एकान्तत· उपादेय नही है । निश्चयरूप व्रत तो शुभाशुभ प्रवृत्तिसे निवृत्ति रूप ही है । और वही वस्तुत: संवर, निर्जरा और मोक्षका हेतु है । किन्तु इस हेतुका भी जो हेतु होता है उसे भी व्यवहारनयसे संवर, निर्जरा आदिका कारण कहा जाता है । जैसे सद्भूत व्यवहारनयसे आभ्यन्तरमें रागादिका त्याग और उपचरित असद्भूत व्यवहारनयसे पंचेन्द्रिय-सम्बन्धी विषयोका त्याग । पंचेन्द्रिय-सम्बन्धी विषयोका त्याग किये बिना आभ्यन्तरमे रागादिका त्याग सम्भव नही है और आभ्यन्तर रागादिका त्याग किये विना आत्मस्वभावमें तल्लीनता सम्भव नही है । ज्यो-ज्यो रागादि घटते जाते है त्यो-त्यो स्वभावमें लीनता बढती जाती है और ज्यो-ज्यो स्वभावमें लीनता बढती जाती है त्यो-त्यो रागादि घटते जाते है ।

कहा भी है—निश्चय से मोक्ष होता है । उसके हेतुको उपचरित सद्भूत कहते है । जो असद्भूत है उसे भी हेतु जानना चाहिये ।

यदि स्वभावकी आराधनाके समयमें भी व्यवहारकी मुख्यता रही तो स्पष्ट रूपसे बन्ध होता है ऐसा जिनेन्द्रदेवने कहा है । सर्वज्ञ सर्वदर्शी जिनदेवोने विभावसे संयुक्त अवस्थाको संसारका कारण कहा है ॥३४३॥

वीतरागचारित्र स्वभावरूप है और सरागचारित्र विभावरूप है । वीतरागचारित्र वीतरागदशामें ग्यारहवें, बारहवें गुणस्थानमे होता है । ऐसी अवस्थामे यह शंका होती है कि वीतरागचारित्रके अभावमें अर्थात् सप्तम आदि गुणस्थानोमें व्यवहारकी गौणताका प्रश्न ही नही है क्योकि जब वहाँ वीतरागचारित्र नही है तो स्पष्ट है कि वहाँ सरागचारित्र जो व्यवहाररूप है उसकी प्रधानता है तब उसे गौण कैसे किया जा सकता है ? इसका उत्तर देते है—

जैसे सरागदशाके जघन्य, मध्यम और उत्कृष्ट भेद होते है वैसे ही वीतरागदशाके भी जघन्य, मध्यम उत्कृष्ट भेद होते हैं । अतः एकदेश वीतरागचारित्र पचमकालमे भी होता है ॥३४४॥

विशेषार्थ—पहले लिख आये है कि आगममें पहले, दूसरे और तीसरे गुणस्थानमें उत्तरोत्तर मन्दरूपसे अशुभोपयोग कहा है । तथा चौथे, पाँचवे और छठे गुणस्थानमें परम्परासे शुद्धोपयोगका साधक शुभोपयोग उत्तरोत्तर तारतम्य रूपसे कहा है । आगे सातवेंसे बारहवे गुणस्थान तक जघन्य, मध्यम और उत्कृष्टके भेदसे एकदेश शुद्धनय रूप शुद्धोपयोग कहा है । अत सातवें गुणस्थानमें जघन्य वीतरागदशा है अत· उस अवस्थामें व्यवहारको गौण करनेका उपदेश किया है । पंचमकालमें सात गुणस्थान तो हो ही सकते है । इसलिए पंचमकालमें भी एकदेश शुद्ध या वीतरागचारित्रके धारक मुनीश्वर हो सकते हैं ।

---

१. सुद्धचरित्ता क० ख० मु० । २ विसेसदो क० ख० ।

उक्तं च—

[1]भरहे दुस्समकाले धम्मज्झाणं हवेइ णाणिस्स ।
तं अप्पसहावठिए णहु मण्णइ सो हु अण्णाणी ॥—(मो. पा. गा. ७६)

दृष्टान्तद्वारेण [2]शुद्धचारित्रस्य [3]मलहेतुत्वं चाह—

जह सुह णासइ असुहं तहेव असुहं सुद्धेण खलु चरिए ।
तम्हा सुद्धुवजोगी मा वट्टउ णिंदणादीहिं ॥३४५॥
आलोयणादिकिरिया जं विसकुंभेत्ति सुद्धचरियस्स ।
भणियमिह समयसारे[4] तं जाण सुएण अत्थेण ॥३४६॥

कहा भी है—

पंचमकालमें भरतक्षेत्रमें आत्मस्वभावमे स्थित ज्ञानी सम्यग्दृष्टिके धर्मध्यान होता है । जो ऐसा नही मानता है वह अज्ञानी मिथ्यादृष्टि है ।

दृष्टान्तके द्वारा शुद्धचारित्रमे दोष लगानेवाले कारणोको कहते है—

जैसे शुभ अशुभको नष्ट करता है वैसे ही शुद्धचारित्रके द्वारा शुभका नाश होता है । इसलिए शुद्धोपयोगी साधुको निन्दा, गर्हा वगैरह नही करना चाहिए ॥ ३४५ ॥

विशेषार्थ—शुभोपयोगकी दशामें अशुभोपयोग नही होता और शुद्धोपयोगकी दशामें शुभोपयोग नही होता । अतः जैसे शुभोपयोग अशुभोपयोगका नाशक है वैसे ही शुद्धोपयोग शुभोपयोगका नाशक है । इसलिए जो साधु शुद्धोपयोगमें लीन है उस समय उसे आत्मनिन्दा, गर्हा वगैरह नही करना चाहिए । सराग-चारित्र अवस्थामें दोषोकी शुद्धिके लिए प्रतिक्रमण, प्रतिसरण, परिहार, धारणा, निवृत्ति, निन्दा, गर्हा, शुद्धि ये आठ उपाय बताये गये है । लगे हुए दोषोके दूर करनेको प्रतिक्रमण कहते है । सम्यक्त्व आदि गुणोमें प्रेरणा करनेको प्रतिसरण कहते हैं । मिथ्यात्व, राग आदि दोषोके दूर करनेको परिहार कहते है । पच-नमस्कार मन्त्र, आदि बाह्य द्रव्योके आलम्बनसे चित्तके स्थिर करनेको धारणा कहते है । बाह्य विषय कषायसे चित्तको हटानेको निवृत्ति कहते है । अपने दोषोको प्रकट करनेका नाम निन्दा है । और गुरुके सामने दोषोको प्रकट करना गर्हा है । दोष लगने पर प्रायश्चित्त ग्रहण करके उसको शोधना विशुद्धि है । ये आठ प्रकारके विकल्प शुभोपयोगरूप है । इसलिए यद्यपि मिथ्यात्व, विषयकषाय आदिमें परिणतिरूप अशुभोपयोग की अपेक्षा सविकल्प सरागचारित्र अवस्थामे ये अमृतकुम्भ—अमृतसे भरे घडेके तुल्य माने गये हैं । तथापि वीतराग चारित्रकी अवस्थामें उन्हें विषकुम्भ माना है । क्योकि वीतराग चारित्र निर्विकल्प शुद्धोपयोगरूप होता है उसमे समस्त परद्रव्योंके आलम्बनरूप जो विभाव परिणाम होते है उनका लेश भी नही रहता । साराश यह है कि अप्रतिक्रमणके दो प्रकार है—एक ज्ञानीजनोका अप्रतिक्रमण और एक अज्ञानीजनोंका अप्रतिक्रमण । अज्ञानीजनोंका अप्रतिक्रमण तो विषयकषायमें आसक्तिरूप होता है, विषयकषायोंमें फँसे रहनेसे वे प्रतिक्रमण क्यो करेंगे ? किन्तु ज्ञानीजनोका अप्रतिक्रमण शुद्धात्माके सम्यक् श्रद्धान, सम्यग्ज्ञान और सम्यक् अनुष्ठानरूप होता है । इस ज्ञानीजनोंके अप्रतिक्रमणको सरागचारित्ररूप शुभोपयोगकी अपेक्षासे यद्यपि अप्रति-क्रमण कहा जाता है तथापि वीतराग चारित्रकी अपेक्षा तो वही निश्चयप्रतिक्रमण है क्योकि उसके द्वारा समस्त शुभ-अशुभ आस्रवोका निराकरण होता है । समयसारके मोक्षाधिकारमे ऐसा ही कहा है । यह ग्रन्थकार स्वयं कहते हैं—

---

१. 'भरहे दुस्समकाले धम्मज्झाणं हवेइ साहुस्स । तं अप्पसहावठिदे ण हु मण्णदि सोवि अण्णाणी ॥७६॥'—मोक्षप्राभृत । २. असुद्धचा-मु० । ३ —मस्य विनाशहेतुं शुद्धिं चाह अ० क० ग० घ० मु० । ४. 'णिंदणगरहणजुत्तो परिकमणादीहिं सुद्धिकरणेहिं । पडिसरणं परिहारो धारणा णियत्ती य । णिंदो गरहा सोही अट्ठविहो होइ विसकुंभो ॥३०६॥ णिंदणगरहणरहिदो अप्पडिसरणं अपरिहारो अधारणा च । अणियत्ती य अणिंदागरहासोही अमियकुंभो ॥३०७॥'—समयसार ।

कम्मं तियालविसयं डहेइ णाणी हु णाणझाणेण ।
पडिकम्मणाइ तम्हा भणियं खलु णाणझाणं तु ॥३४७॥

शुभाशुभसंवरहेतुक्रममाह—

जह व णिरुद्धं असुहं सुहेण सुहमवि तहेव सुद्धेण ।
तम्हा एण कमेण य जोई झाएउ णियआदं ॥३४८॥

समयसारमें जो वीतरागचारित्रवाले साधुकी आलोचना आदि क्रियाओंको विषकुम्भ कहा है उसे आगमके द्वारा सम्यक् रीतिसे जानना चाहिए ॥ ३४६ ॥

विशेषार्थ—समयसारमे प्रतिक्रमण, प्रतिसरण, परिहार, धारणा, निवृत्ति, निन्दा, गर्हा और शुद्धिको विषकुम्भ कहा है और इनके न करनेको अर्थात् अप्रतिक्रमण, अप्रतिसरण, अपरिहार, अधारणा, अनिवृत्ति, अनिन्दा, अगर्हा और अशुद्धिको अमृतकुम्भ कहा है। एक अप्रतिक्रमणादि तो अज्ञानीजनोके होते है अज्ञानीजन अपने दोषोकी विशुद्धिके लिए प्रतिक्रमणादि नही करते अतः वे अप्रतिक्रमणादि तो विषकुम्भ ही है उनको समयसारमें अमृतकुम्भ नही कहा है। वे तो प्रथम ही त्यागने योग्य है। जो द्रव्यरूप प्रतिक्रमणादि है उन्हे भी आचारशास्त्रमें अमृतकुम्भ कहा है क्योकि उनके करनेसे अपराधरूपी विषके दोषका शोधन होता है। तथापि इन अप्रतिक्रमणादि और प्रतिक्रमणादिसे विलक्षण एक तीसरी भूमिका है वह भी अप्रतिक्रमणादिरूप है वह स्वयं शुद्धात्माकी सिद्धिरूप होनेसे तथा समस्त अपराधरूपी विषके दोषोको सर्वथा नष्ट करनेवाली होनेसे साक्षात् अमृतकुम्भ है। उस तीसरी भूमिकासे ही आत्मा निरपराध होता है। उसके अभावमें द्रव्यप्रतिक्रमणादि विषकुम्भ है। ऐसा समयसारकी टीका आत्मख्यातिमें कहा है। इसका आशय यह नही है कि प्रतिक्रमणादिको छोडकर प्रमादी जीवन बिताना श्रेयस्कर है क्योकि जब प्रतिक्रमणको ही विष कहा है तो अप्रतिक्रमण कैसे अमृत हो सकता है। जिस अप्रतिक्रमणको यहाँ अमृत कहा है वह अज्ञानीका अप्रतिक्रमण नही है किन्तु तीसरी भूमिकामे स्थित शुद्ध आत्माका अप्रतिक्रमण है। ऐसा अप्रतिक्रमण शुद्ध आत्मामें लीनतारूप है। उस अवस्थामें आत्मा सब अपराधोसे रहित होता है। अत निश्चयसे इस प्रकारका अप्रतिक्रमण ही सच्चा प्रतिक्रमण है। इसीलिए शुद्धोपयोगी साधुकी आलोचन आदि क्रियाको विषकुम्भ कहा है क्योकि आत्मा तो प्रतिक्रमणादिसे रहित शुद्ध अप्रतिक्रमणादि स्वरूप ही है।

यही बात आगे कहते है—

ज्ञानी पुरुष आत्मध्यानके द्वारा त्रिकालवर्ती कर्मोको भस्म कर देता है इसलिए आत्मध्यानको ही निश्चयसे प्रतिक्रमण आदि कहा है ॥ ३४७ ॥

विशेषार्थ—लगे हुए दोषोकी विशुद्धिके लिए प्रतिक्रमणादि किये जाते है और आगामीकालमें लगनेवाले दोषोसे बचने के लिए प्रत्याख्यान किया जाता है। आत्मध्यानके द्वारा पूर्वकृत दोषोका तो विशोधन होता ही है आगामीमें दोष लगनेकी भी सम्भावना नही रहती। अत. आत्मध्यान भूत, भविष्यत् और वर्तमान दोषोका नाशक है इसलिए वही निश्चयदृष्टिसे प्रतिक्रमणादि स्वरूप है। उसीमें लीनताका प्रयत्न चाहिए।

आगे शुभ और अशुभ कर्मोके संवरके कारणोका क्रम कहते है—

जैसे शुभके द्वारा अशुभका निरोध होता है वैसे ही शुद्धोपयोगके द्वारा शुभ कर्मोका भी निरोध होता है। इसलिए योगीको इसी क्रमसे अपनी आत्माका ध्यान करना चाहिए ॥ ३४८ ॥

विशेषार्थ—कर्मोके आनेके द्वारको बन्द कर देना ही संवर है। अशुभोपयोगसे अशुभ कर्मोका आस्रव होता है। अशुभोपयोगके स्थानमें शुभोपयोगके करनेसे अशुभोपयोगसे होनेवाले कर्मोका आस्रव तो रुक

ध्येयस्यात्मनो ग्रहणोपायं तस्यैव स्वरूपमाह—

गहिओ सो सुदणाणे पच्छा संवेयणेण क्षायव्वो ।
जो णहु [1]सुयमवलंबइ सो मुज्झइ अप्पसब्भावे ॥३४९॥

जाता है किन्तु शुभोपयोगसे होनेवाला कर्मोका आस्रव होता है । परन्तु शुद्धोपयोग से शुभोपयोगसे होनेवाला कर्मोका आस्रव भी रुक जाता है । और शुद्धोपयोग आत्मध्यानरूप है । आत्मध्यानके विरोधी राग-द्वेष है । राग-द्वेषकी मन्दता होनेपर ही आत्मध्यानमें प्रवृत्ति होती है । किन्तु उससे भी पहले शुद्धात्माके स्वरूपकी प्रतीति और अनुभूति होना आवश्यक है । उसके बिना सब शुभ कर्म भी व्यर्थ है । आत्मश्रद्धान और आत्मज्ञानके होनेपर आत्मध्यानकी ओर अभिमुख होना चाहिए । उसके लिए अशुभसे निवृत्त होकर शुभमें प्रवृत्त होना चाहिए । ऐसा होनेसे अशुभ कर्मोका आस्रव रुक जाता है किन्तु शुभकर्मोका आस्रव होता रहता है । ज्यो-ज्यो निवृत्तिकी ओर रुचि बढती जाती है त्यो-त्यो शुभ प्रवृत्तिका भी निरोध होता जाता है और आत्मोन्मुखता बढती जाती है । यह आत्मोन्मुखता ही आत्मतल्लीनताकी जननी है । अत गृहस्थावस्थासे मुक्त होकर आत्मरसके पान करनेका इच्छुक मुमुक्षु निर्ग्रन्थ अवस्थाको धारण करके शुभोपयोगीसे शुद्धोपयोगी बननेकी ओर विशेषरूपसे प्रवृत्त होता है । ज्यो-ज्यो वह शुद्धोपयोगमें स्थिर होता जाता है त्यो-त्यो शुभोपयोगकी भी निवृत्ति होती जाती है और इस तरह शुद्धोपयोगसे शुभका निरोध हो जाता है ।

आगे ध्येय आत्माके ग्रहणका उपाय और उसका स्वरूप कहते है—

पहले श्रुतज्ञानके द्वारा आत्माको ग्रहण करके पीछे संवेदनके द्वारा उसका ध्यान करना चाहिए । जो श्रुतका अवलम्बन नही लेता वह आत्माके सद्भावमें मूढ रहता है ॥ ३४९ ॥

विशेषार्थ—सबसे प्रथम आत्माका स्वरूप जानना आवश्यक है और उसके लिए शास्त्राभ्यास आवश्यक है क्योकि आत्माको हम इन्द्रियोके द्वारा नही जान सकते । हमे अपने सामने दो तरहकी वस्तुएँ दिखाई देती है—एक जो स्वयं चलती-फिरती है, उठती-बैठती है, बातचीत करती है, समझती-बूझती है और दूसरी, जो न स्वयं चल-फिर सकती है, न उठ-बैठ सकती है, न बातचीत कर सकती है और न जान-देख सकती है । पहली प्रकारकी वस्तुको जीव और दूसरी प्रकारकी वस्तुको अजीव कहते है । जीव नामकी वस्तुका स्वरूपभूत होनेसे जो कभी नष्ट नही होता वह निश्चय जीवत्व है, वह जीवमे सदा रहता है । किन्तु जीवमें सदा रहने पर भी वह निश्चय जीवत्व संसार दशामें पुद्गलके सम्बन्धसे दूषित होनेके कारण पाँच इन्द्रियाँ, तीन बल, आयु और श्वासोच्छ्वास इन दस प्राणोसे यथायोग्य सयुक्त पाया जाता है, इसलिए ये प्राण व्यवहार जीवत्वके हेतु है । इसीसे कहा जाता है जो इन प्राणोसे जीता है, आगे जियेगा तथा पहले जीता था, वह जीव है । किन्तु ये प्राण पौद्गलिक है—पुद्गल द्रव्यसे बने है क्योकि मोह आदि पौद्गलिक कर्मोसे बँधा हुआ होनेसे जीव इन प्राणोसे संयुक्त होता है और प्राणोसे संयुक्त होनेके कारण पौद्गलिक कर्मोके फलको भोगता हुआ पुन. नवीन पौद्गलिक कर्मोसे बँधता है । इस तरह पौद्गलिक कर्मोका कार्य होनेसे तथा पौद्गलिक कर्मोके कारण होनेसे ये प्राण पौद्गलिक है यह निश्चित होता है । इन प्राणोकी परम्परा सदा चलती रहती है क्योकि जब यह जीव इन प्राणोके द्वारा कर्मफलको भोगता है तो उसे मोह और राग-द्वेष होते है, उनके वशीभूत होकर वह अपने तथा दूसरे जीवोके प्राणोको पीडा पहुँचाता है और ऐसा होनेसे वह जीव नवीन कर्मोका बन्ध करता है । इस तरह अनादि पुद्गल कर्मोके निमित्तसे होनेवाला जीवका विकारी परिणमन प्राणोकी परम्परा चलते रहनेका अन्तरग कारण है । अत पुद्गल प्राणोकी निवृत्ति

---

१. एयग्गगदो समणो एयग्ग णिच्छिदस्स अत्थेसु । णिच्छित्ती आगमदो आगमचेट्ठा तदो जेट्ठा ॥—प्रवचनसार ३।३२ ।

मोत्तूणं बहिचिंता चिंताणाणम्मि होइ सुदणाणं ।
तं पिय संवित्तिगयं झाणं सद्दिट्ठिणो भणियं ॥३५०॥

के लिए पुद्गल कर्मोंके निमित्तसे होनेवाला जीवका विकारी परिणाम हटना चाहिए और उसके लिए इन्द्रियोपर विजय प्राप्त करके ज्ञानस्वरूप आत्माका ध्यान करना चाहिए। उसे विचारना चाहिए कि न मैं शरीर हूँ, न मन हूँ, न वाणी हूँ और न उनका कारण हूँ। जिनेन्द्रदेवने शरीर, मन और वाणीको पौद्गलिक कहा है और पुद्गल द्रव्य परमाणुओका पिण्ड है। किन्तु मै पुद्गलमय नही हूँ, न मैंने उन पुद्गलोको पिण्डरूप किया है इसलिए मै शरीर नही हूँ और न शरीरका कर्ता हूँ। परमाणु तो स्वयं ही अपने स्निग्ध और रूक्ष गुणके कारण पिण्डरूप होते है। यह संसार सर्वत्र पुद्गलोसे भरा है। उनमे जो कर्मरूप परिणमित होनेकी शक्तिवाले पुद्गल स्कन्ध होते है वे जीवकी परिणतिको पाकर स्वयं ही कर्मरूप होते है। अत. मैं उनका परिणमन करानेवाला नही हूँ। कर्मरूप परिणत वे पुद्गल स्कन्ध ही आगामी भवमें शरीर बननेमे निमित्त होते है और नोकर्मपुद्गल स्वयं ही शरीररूप परिणमित होते है इसलिए मैं शरीरका कर्ता नही हूँ। मेरा यह आत्मा पुद्गलसे भिन्न है क्योकि इसमें न तो रस है, न रूप है, न गन्ध है, न इसका कोई आकार है यह तो चैतन्यगुणवाला है। जीवके जो त्रस, स्थावर भेद तथा छह काय पृथिवीकाय आदि कहे जाते है वे सब वास्तवमे अचेतन होनेसे जीवसे भिन्न है। वस्तुत जीव न तो त्रस है, न स्थावर है, न एकेन्द्रिय आदि है। इस तरह जीवके यथार्थ स्वरूपको जानकर उस स्वरूपका स्वसंवेदन करना चाहिए। 'मैं हूँ' ऐसी प्रतीति तो सभीको होती है किन्तु इस प्रतीतिमें 'मैं' मात्रका संवेदन होनेपर भी उस 'मै' में अशुद्धताका ही भान होता है। शुद्धस्वरूपका भान भेदविज्ञानके द्वारा ही सम्भव है। जैसे ज्ञानी पुरुष समल जलमे भी निर्मलता का भान करके पुन उपायोके द्वारा निर्मल जल प्राप्त कर लेता है वैसे ही ज्ञानी पुरुष अशुद्ध अवस्थामे भी भेदविज्ञानके द्वारा शुद्धस्वरूपका अनुभव करके उस शुद्धस्वरूपकी प्राप्तिके लिए प्रयत्न करता है। अत शास्त्रज्ञानके द्वारा पहले आत्माका सद्भाव जानना चाहिए पीछे उसे प्राप्त करनेका प्रयत्न करना चाहिए। उसीके लिए आत्मध्यान आवश्यक है।

ऊपर सवेदनके द्वारा आत्मध्यान करनेका उपदेश दिया है। आगे ग्रन्थकार उसीको स्पष्ट करते है—

बाह्य चिन्ताको छोड़कर ज्ञानका चिन्तन करनेसे श्रुतज्ञान होता है। वही ज्ञान संवित्तिगत होने पर सम्यग्दृष्टिका ध्यान कहा गया है ॥३५०॥

विशेषार्थ—मनुष्यका समस्त जीवन बाह्य पदार्थोकी चिन्तामे ही बीतता है। मनुष्यका समस्त जीवन ही अर्थ और काममय है। जब वह युवा होता है तो उसकी चिन्ताके दो ही मुख्य विषय होते है—धन और कामभोग। उन्हीकी चिन्तामें उसका जीवन समाप्त हो जाता है, अपनी चिन्ता वह कभी भी नही करता, 'मै कौन हूँ, कहाँसे आया हूँ, कहाँ जाऊँगा' यह विचार ही उसके मनमें नही आता। बाहरकी चिन्तासे मुक्ति मिले तो अपनी चिन्ता करे। अत आत्मचिन्तनके लिए बाह्य चिन्ता छोडना चाहिए—उसे कम करना चाहिए। इस प्रकार बाह्यचिन्तासे मुक्त होकर आत्मबोधक शास्त्रोका स्वाध्याय करके जो सच्चा ज्ञान प्राप्त होता है उसीको वास्तवमें श्रुतज्ञान कहते है। वह श्रुतज्ञान जिसे वस्तुत. आत्मज्ञान कहना अधिक उपयुक्त होगा—जब संवित्तिगत होता है अर्थात् उस ज्ञानके द्वारा आत्मचिन्तनमें निमग्न ध्यानी आत्मिक सुखका रसास्वादन करता है उसकी वह एकतानता ही ध्यान कहा जाता है। साराश यह है कि स्वसंवेदन रूप भावश्रुतसे आत्माको जानता है, जानकर आत्माकी भावना करता है। तब उस वीतराग स्वसवेदनरूप ज्ञान भावनासे केवलज्ञान उत्पन्न होता है।

उक्तं च—

दव्वसुयादो भावं भावादो होइ भेयसण्णाणं ।
संवेयणसंवित्ति केवलणाणं तदो भणियं ॥१॥

संवित्तिस्वरूपं तस्यैव स्वामित्वं भेदं सामग्री चाह—

लक्खणदो णियलक्खं अणुहवमाणस्स जं हवे सोक्खं ।
सा संवित्ती भणिया सयलवियप्पाण णिद्दहणा ॥३५१॥
समणा सराय इयरा पमादरहिया तहेव इयरा[2] हु ।
अणुहव चायपमादो सुद्धे इयरेसु विकहाई ॥३५२॥

कहा भी है—

द्रव्यश्रुतसे भावश्रुत होता है, भावश्रुतसे भेदज्ञान होता है । भेदज्ञानसे आत्मानुभूति होती है और आत्मानुभूतिसे केवलज्ञान होता है । इसका आशय यह है कि मोक्षार्थीको आगम और अध्यात्म शास्त्रका अभ्यास करना चाहिए उसके बिना भेदज्ञान नही होता और भेदज्ञानके बिना आत्मानुभूति नही होती । क्योकि आगमाभ्यासके बिना गुणस्थान, जीवसमास, मार्गणा आदिका बोध नही होता और अध्यात्मके जाने बिना इस सबसे भिन्न मैं हूँ इस प्रकारका बोध नही होता । ऐसा बोध न होनेसे अपने आत्माको भावकर्मरूप रागादि विकल्पोसे और ज्ञानावरणादि द्रव्य कर्मोसे भिन्न नही जानता तथा नोकर्मरूप शरीर आदिसे भी अपनेको भिन्न नही जानता । इस प्रकारका भेदज्ञान न होनेसे अपनी शुद्ध आत्माकी ओर रुचि कैसे हो सकती है । अत द्रव्यश्रुत अर्थात् परमागमको पढकर द्रव्य गुण पर्यायका सम्यक् ज्ञान करना चाहिए । पीछे आगमके आधारसे स्वसंवेदन ज्ञान होने पर स्वसंवेदन ज्ञानके बलसे केवलज्ञान प्रकट होता है ।

आगे संवित्तिका स्वरूप उसके स्वामी, भेद और सामग्रीको कहते है—

लक्षणके द्वारा अपने लक्ष्यका अनुभव करते हुए जो सुख होता है उसे संवित्ति कहते है । वह संवित्ति समस्त विकल्पोको नष्ट करनेवाली है ॥३५१॥

विशेषार्थ—आगमके अभ्याससे आत्माके स्वरूपको जानकर उस स्वरूपका अनुभव करते समय जो आन्तरिक सुख होता है उसे सवित्ति कहते हैं । यह संवित्ति सम्यग्दृष्टिको ही होती है । आत्म स्वभावको जानकर भी उसमें रुचि होना चाहिए । रुचि हुए बिना आत्मानुभव नही होता । आत्मानुभव ही समस्त संकल्प-विकल्पोका नाशक है क्योकि आत्मानुभूति कालमें कोई संकल्प-विकल्प नही रहता । ज्यो-ज्यो उसमें स्थिरता आती जाती है त्यो-त्यो विकल्पोसे छुटकारा होकर निर्विकल्प दशा प्राप्त होती जाती है ।

संवित्तिका स्वरूप बतलाकर आगे उसके स्वामी का कथन करते है—

श्रमण, सरागी और वीतरागी तथा प्रमादरहित और प्रमादसहित होते हैं । प्रमादको त्याग कर शुद्ध आत्माका अनुभव करो । प्रमादसहितमे तो विकथा आदि प्रमाद रहते है ॥३५२॥

विशेषार्थ—छठे गुणस्थानका नाम प्रमत्त संयत है । चूँकि इस गुणस्थानमें संयमके साथ प्रमाद भी रहता है इसलिए इसे प्रमत्तसंयत कहते है । श्रमणपना इसी गुणस्थानसे प्रारम्भ होता है । इसके साथ जो संयत शब्द जुडा है वह इसी बातका बोधक है कि यहाँसे आगेके सब गुणस्थान सयमीके ही होते है । स्त्री-कथा, भोजनकथा, राष्ट्रकथा और राजकथा ये चार विकथाएँ, चार कषाये, पाँच इन्द्रियाँ, एक निद्रा और एक स्नेह ये पन्द्रह प्रमाद है । सातवाँ गुणस्थान अप्रमत्तसंयत है । अत श्रमण या संयमी प्रमादसहित भी होते है और प्रमादरहित भी होते है । दसवे गुणस्थान तक राग रहता है । आगे नही रहता । अत. श्रमण

---

१. होइसव्वस—मु० । २ तहेव सहियाओ मु० । समणा सुद्धुवजुत्ता सुहोवजुत्ता य होंति समयम्हि । तेसुवि सुद्धुवजुत्ता अणासवा सासवा सेसा ॥—प्रवचनसार ३।४५॥

दुक्खं णिंदा चिंता मोहोवियं णत्थि कोइ अपमत्तो
उप्पज्जइ परमसुहं परमप्पयंणाणअणुहवणे ॥३५३॥
[२]हेयोपादेयविदो संजमतवजीयरायसंजुत्तो ।
जिद्दुक्खाइं तहं चिय सामग्गी सुद्धचरणस्स ॥३५४॥

ध्यातुर्ध्येय[३]संबन्धं चारित्रनामान्तरं ध्येयस्यापि नाममालां प्राह—

सामण्णे णियबोहे वियलियपरभावपरमसब्भावे ।
तत्थाराहणजुत्तो भणिओ खलु सुद्धचारित्ती ॥३५५॥
सामण्णं परिणामी जीवसहावं च परमसब्भावं ।
घेयं गुज्झं परमं तहेव तच्चं समयसारं ॥३५६॥
समदा तह मज्झत्थं सुद्धो भावो य वीयरायत्तं ।
तह चारित्तं धम्मो सहावआराहणा भणिया ॥३५७॥

इति वीतरागचारित्राधिकारः ।

सरागी भी होते है और वीतरागी भी होते है । प्रमाददशा आत्मानुभूतिमें बाधक है । उक्त प्रमादोको हटाये विना स्थिर आत्मानुभूति नही होती, इसीसे अप्रमत्त दशासे ही ध्यानकी स्थिरता स्वीकार की गयी है । वैसे क्षणिक आत्मानुभूति तो अविरत सम्यग्दृष्टिको भी होती है। किन्तु ऊपर जो संवित्तिगत ध्यान कहा है वह अप्रमत्त साधुके ही होता है वही उसका यथार्थ स्वामी है ।

क्योकि—

अप्रमत्त साधुके दुःख, निन्दा, चिन्ता, मोह और कोई भी प्रमाद नहीं होता । इसलिए उत्कृष्ट आत्मिक ज्ञानका अनुभवन करते हुए उसे परम सुख होता है ॥३५३॥

आगे सवित्तिकी सामग्री बतलाते है—

शुद्ध आचरणकी सामग्री है—हेय और उपादेयका सम्यक् परिज्ञान, संयम, तप और वीतरागतासे सयुक्त होना तथा परीषह आदिका जीतना । अर्थात् जो ज्ञानी हेय उपादेयको ठीक रीतिसे जानता है, संयम और तपके साथ वीतरागी होता है तथा परीपहोको जीतता है उनसे घवराता नही है वही शुद्धचारित्रका पालन करनेमे समर्थ होता है ॥३५४॥

आगे ध्याता और ध्येयके सम्वन्धको जिसका दूसरा नाम चारित्र है, तथा ध्येयके नामोको कहते है—

समस्त परभावोसे रहित परम सद्भावरूप आत्मज्ञानमें जो तात्त्विक आराधनासे युक्त होता है उसे शुद्धचारित्रवाला ध्याता कहा है ॥३५५॥ सामान्य, परिणामी, जीवस्वभाव, परम-सद्भाव, परमगुह्य, तत्त्व, समयसार ये सव ध्येय (जिसका ध्यान किया जाता है) के नामान्तर है । समता, माध्यस्थ्य, शुद्धभाव, वीतरागता, चारित्र, धर्म, स्वभाव आराधना भी उसे कहते है ॥३५६–५७॥

विशेषार्थ—सविकल्प दशामें विषयकषायसे बचनेके लिए और चित्तको स्थिर करनेके लिए पंचपरमेष्ठी आदि परद्रव्य भी ध्येय होता है । बादको जब अभ्यास करनेसे चित्त स्थिर हो जाता है तो शुद्ध एक स्वभाव निज शुद्ध आत्माका स्वरूप ही ध्येय होता है । ध्याताको अन्तरंग और बाह्य परिग्रहसे रहित होना चाहिए । तभी वास्तवमें चित्त स्थिर हो सकता है । ध्येय वस्तुमें निश्चल होनेका ही नाम ध्यान

---

१. परमप्पा—ज० । २ हेउपायविदण्हु आ० । हेयोपायविदण्हु अ० क० ख० ज० । ३ सम्यक्त्व स्वरूपचा—अ० क० ख० ज० ।

सामान्यविशेषयोः परस्पराधारत्वेन परस्परावस्तुत्वं दर्शयति—

अत्थित्ताइसहावा सामण्णविसेससंठिया जत्थ ।
अवरुप्परमविरुद्धा तं णियतच्चं हवे परमं ॥३५८॥
होऊण जत्थ णट्ठा होसंति पुणोऽवि जत्थ पज्जाया ।
वट्टंता वट्टंति हु तं णियतच्चं हवे परमं ॥३५९॥
णासंतो वि ण णट्ठो उप्पण्णो णेव संभवं जंतो ।
संतो तियालविसये तं णियतच्चं हवे परमं ॥३६०॥

है । उत्कृष्ट ध्यानमें काय और वचनकी चेष्टारूप व्यापारका तो कहना ही क्या, शुभ-अशुभ विकल्परूप मनोव्यापार भी नही होता । सहज शुद्ध, ज्ञानदर्शनस्वभाव परमात्मतत्त्वका सम्यक् श्रद्धान, सम्यग्ज्ञान और सम्यक् आचरणरूप अभेदरत्नत्रयात्मक परम समाधिमें तल्लीनता ही उत्कृष्ट ध्यान है उस ध्यानमें स्थित महात्माओको जो वीतराग परमानन्द होता है वही निश्चयमोक्षमार्ग है । उसके अनेक नाम है—शुद्धात्मस्वरूप, परमात्मस्वरूप, सिद्धस्वरूप, परमतत्त्वज्ञान, स्वसंवेदनज्ञान, शुद्धपारिणामिकभाव, शुद्धचारित्र, परमतत्त्व, शुद्धोपयोग, परमार्थ, शुद्धात्मानुभूति, समयसार, समता, वीतरागसामायिक, शुक्लध्यान, परमसाम्य, परमवीतरागता आदि ।

वीतरागचारित्राधिकार समाप्त ।

सामान्य और विशेषमें परस्पर आधार रूपसे परस्पर अवस्तुपना बतलाते है—

जिसमें अस्तित्वादिस्वभावरूप सामान्य और विशेष परस्परमें अविरुद्ध रूपसे स्थित हैं वही परम निजतत्त्व है ॥३५८॥ जिसमे पर्याय उत्पन्न होकर नष्ट हो जाती है, और नष्ट होकर पुनः उत्पन्न होती है तथा वर्तमान भी रहती है वह परम निजतत्त्व है ॥३५९॥ जो असत् नही होते हुए भी न नष्ट होता है और न उत्पन्न होता है तथा तीनों कालोमे सत् रहता है वह परम निजतत्त्व है ॥३६०॥

विशेषार्थ—अस्तित्वका अर्थ है सत्ता । सत्ताके दो रूप है—महासत्ता और अवान्तरसत्ता । समस्त पदार्थोमें रहनेवाली और सादृश्य अस्तित्वको सूचित करनेवाली महासत्ता या सामान्यसत्ता है । और एक निश्चित वस्तुमें रहनेवाली तथा स्वरूप अस्तित्वको सूचित करनेवाली अवान्तरसत्ता या विशेषसत्ता है । महासत्ता अवान्तरसत्तारूपसे असत्ता है और अवान्तरसत्ता महासत्तारूपसे असत्ता है इस तरह सत्ता सामान्यविशेषात्मक है । और सत्ता द्रव्यसे भिन्न नही है अत. द्रव्य भी सामान्य विशेषात्मक है । उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यकी एकताका नाम ही सत्ता है और सत्ता ही द्रव्यका लक्षण है । द्रव्यमें प्रति समय पूर्व पर्यायका नाश, उत्तर पर्यायका उत्पाद और द्रव्यरूपसे ध्रुवपना होता है । जैसे मिट्टीमें पिण्डपर्यायका विनाश, घटपर्याय का उत्पाद और मिट्टीपना ध्रुव रहता है । यह उत्पाद व्यय ध्रौव्य द्रव्यका स्वभाव है, इस तरह द्रव्य द्रव्यरूपसे न उत्पन्न होता है और न नष्ट होता है किन्तु पर्यायका उत्पाद और विनाश होता है और पर्यायके बिना द्रव्य सम्भव नही है अत पर्यायकी अपेक्षा द्रव्य भी उत्पाद विनाशशील है । एक सर्वमान्य नियम है सत्का विनाश नही होता और असत्की उत्पत्ति नही होती कि जैसे घी की उत्पत्ति होनेपर सत् गोरसका विनाश नहीं होता

---

१. सुसंठिया जत्थ सामण्णविसेसा अ० क० स० ज० मु० । २. संभवे अ० क० स० मु० । उप्पत्ती व विणासो दव्वस्स य णत्थि अत्थि सब्भावो । विगमुप्पादधुवत्तं करेंति तस्सेव पज्जाया ॥११॥ भावस्स णत्थि णासो णत्थि अभावस्स चेव उप्पादो । गुणपज्जएसु भावा उप्पादवए पकुव्वंति ॥१५॥ मणुसत्तणेण णट्ठो देही देवो हवेदि इदरो वा । उभयत्थ जीवभावो ण णस्सदि ण जायदे अण्णो ॥१७॥ णो चेव जादि मरणं जादि ण णट्ठो ण चेव उप्पण्णो । उप्पण्णो य विणट्ठो देवो मणुसोत्ति पज्जाओ ॥१८॥—पञ्चास्तिकाय ।

समयसारस्य कार्यकारणत्वं कारणसमयेन कार्यसिद्धयर्थं युक्तिमाह—

कारणकज्जसहावं समयं णाऊण होइ ज्झायव्वं ।
कज्जं सुद्धसरूवं कारणभूदं तु साहणं तस्स ॥३६१॥

और असत्—गोरससे भिन्न पदार्थान्तरका उत्पाद नही होता । इस तरह सत्का विनाश और असत्का उत्पाद नही होते हुए भी पूर्व अवस्थाका विनाश और उत्तर पर्यायका उत्पाद द्रव्यमें प्रतिसमय होता है । यह द्रव्यका स्वभाव है । सत्का नाश नही होता और असत्का उत्पाद नही होता इसका एक और उदाहरण है—जीवकी मनुष्यपर्याय नष्ट होती है तथा देव या अन्य पर्याय उत्पन्न होती है किन्तु जीवपना न उत्पन्न होता है और न नष्ट होता है । अर्थात् मनुष्य पर्यायका विनाश होनेपर भी जीवपनेका विनाश नही होता । देवपर्यायका उत्पाद होनेपर भी जीवपनेका उत्पाद नही होता । इस तरह सत्के विनाश और असत्का उत्पाद न होनेपर भी परिणमन होता रहता है । अत. पर्यायोके साथ एक वस्तुपना होनेसे जन्म-मरण होते हुए भी जो सदा अनुत्पन्न और अविनष्ट रहता है वह जीवद्रव्य ही परमतत्त्व है ।

समयसारको कार्य कारणपना तथा कारण समयके द्वारा कार्यकी सिद्धिके लिए युक्ति देते है—

समय कारण रूप और कार्यरूप है ऐसा जानकर उसका ध्यान करना चाहिए । कार्य शुद्धस्वरूप है और उसका जो साधन है वह कारणभूत है ॥३६१॥

विशेषार्थ —समयका अर्थ आत्मा है । संसारदशाके पश्चात् मुक्तदशा प्राप्त होती है । जैसे मिट्टीकी पिण्डपर्याय नष्ट होने पर घटपर्याय उत्पन्न होती है अत घटपर्याय कार्य है और पिण्डपर्याय विशिष्ट मिट्टी उसका कारण है । इसी तरह संसारी जीवकी संसार दशा छूटनेपर मुक्तदशा प्राप्त होती है । किन्तु संसार दशा तो जीवकी अशुद्धदशा है और मुक्तदशा शुद्धदशा है । अशुद्धदशाको शुद्धदशाका उपादान कारण कैसे कहा जा सकता है । वैसे तो जो आत्मा संसारदशामें है वही मुक्तदशाको प्राप्त होती है इसलिए उसकी पूर्व अवस्था कारण है और उत्तर अवस्था कार्य है अत वह स्वयं कारण भी है और कार्य भी है । इसीसे ऊपर समयको कारणरूप भी कहा है और कार्यरूप भी कहा है । तथा उसका ध्यान करनेके लिए कहा है और यह भी कहा है कि कार्य शुद्धस्वरूप है । तब प्रश्न होता है कि कार्य शुद्धस्वरूपकी सिद्धिके लिए क्या अशुद्ध आत्माका ध्यान करना चाहिए और अशुद्ध आत्माका ध्यान करनेसे शुद्धस्वरूपकी प्राप्ति हो सकती है ? इसके समाधानके लिए हमे शास्त्रोके इस कथनका स्मरण करना चाहिए कि जैसे सिद्ध परमात्मा है वैसे ही संसारी आत्मा है । शुद्ध द्रव्यदृष्टिसे संसारी जीवोमें और मुक्तजीवोमें कोई अन्तर नही है । संसारीजीव भी सिद्धोके समान ही सम्यक्त्व आदि आठ गुणोसे युक्त और जन्म-मरणसे रहित है । अत. निश्चय दृष्टिसे कार्य परमात्मा और कारण परमात्मामे कोई अन्तर नही है । (देखो नियमसार गाथा ४७-४८) द्रव्यसंग्रह गाथा १३ में शुद्धनिश्चयनयसे सब जीवोको शुद्ध कहा है । उसी शुद्धस्वरूप कारण परमात्माका ध्यान करनेसे कार्य शुद्धस्वरूपकी सिद्धि होती है । आशय यह है कि जीवके पारिणामिक भावोमें एक जीवत्वभाव भी है । शुद्ध चैतन्यस्वरूप जो जीवत्व है वह अविनाशी होनेके कारण शुद्ध द्रव्यके आश्रित होनेसे शुद्धद्रव्यार्थिकनयकी अपेक्षा शुद्धपारिणामिकभाव कहा जाता है । कर्मजनित दस प्राणरूप जीवत्व, भव्यत्व और अभव्यत्व ये तीनो अशुद्धपारिणामिक भाव है । यद्यपि ये तीनो अशुद्धपारिणामिक व्यवहारनयसे संसारी जीवमें है तथापि शुद्ध निश्चयनयसे नही है और मुक्त जीवमे तो सर्वथा ही नही है । इन शुद्ध और अशुद्ध पारिणामिक भावोमेंसे ध्यानकालमे शुद्धपारिणामिक ध्येयरूप होता है क्योकि वह द्रव्यरूप होनेसे अविनाशी है । उसी शुद्धात्मस्वरूपका सम्यग्

---

१. कार्यकारित्व ज० । २. कारणसमयस्य चर्चा—अ० क० ख० ज० मु० । ३. ये केचिद् अत्यासन्नभव्यजीवा ते निजशुद्धात्मानं परिप्राप्य निर्व्याबाधसकलविमलकेवलज्ञान' 'शक्तियुक्ता. सिद्धात्मानः कार्यसमयसारस्वरूपा' 'कारणशुद्धा ।'—नियम० टी०, गा० २७ ।

सुद्धो कम्मक्खयादो कारणसमओ हु जीवसब्भावो ।
खय पुणु सहावझाणं तम्हा तं कारणं झेयं ॥३६२॥

तयोः स्वरूपं कारणसमयस्य च[1] कारणत्वमाह—

किरियातीदो सत्थो अणंतणाणाइसंजुओ अप्पा ।
तह मज्झत्थो सुद्धो कज्जसहावो हवे समओ ॥३६३॥
उदयादिसु पंचहुं कारणसमओ हु तत्थ परिणामो ।
जम्हा लद्धा हेऊ सुद्धो सो जणइ[2] अप्पाणं ॥३६४॥

कारणसमयेन कार्यसमयस्य दृष्टान्तसिद्धिमाह—

जह इह बिहावहेदूं असुद्धयं कुणइ आदमेवादा ।
तह सब्भावं लद्धा सुद्धो सो कुणइ अप्पाणं ॥३६५॥

श्रद्धान, सम्यग्ज्ञान और सम्यक् आचरणरूप कारणसमयसार है उसीसे शुद्धस्वरूप मोक्षकी प्राप्ति होती है। आगे ग्रन्थकार स्वयं इस बातको कहते है—

कर्मोके क्षयसे शुद्ध जीवका स्वभाव कारण समय है। कर्मोका क्षय उस स्वभावके ध्यानसे होता है। अतः कारणसमय शुद्धस्वरूप ध्येय—ध्यानके योग्य है ॥३६२॥

आगे ग्रन्थकार कार्यसमय और कारणसमयका स्वरूप तथा कारणसमय क्यो कारण है यह बतलाते है—

निष्क्रिय, प्रशस्त, अनन्तज्ञानादि गुणोसे युक्त वीतराग शुद्ध आत्मा कार्य समय है ॥३६३॥ और औदयिक, औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक तथा पारिणामिक इन पाँच भावोंमे जो पारिणामिकभाव है वह कारणसमय है। क्योकि शुद्धआत्मस्वरूपका श्रद्धान ज्ञान आचरणरूप कारणके मिलनेपर उसीका ध्यान आत्माको शुद्ध करता है ॥३६४॥

विशेषार्थ—जीवके पाँच भाव कहे है—औदयिकभाव—जो कर्मोके उदयसे होता है, औपशमिक भाव—जो कर्मोके उपशमसे होता है, क्षायिकभाव—जो कर्मोके क्षयसे होता है, क्षायोपशमिकभाव—जो कर्मोके क्षयोपशमसे होता है, और पारिणामिक भाव—जो द्रव्यका स्वाभाविक भाव है जिसमें कर्मका उदयादि निमित्त नही है। यो तो इन पाँचो भावोको जीवका स्वतत्त्व कहा है क्योकि जीवके सिवाय अन्य किसी द्रव्यमे औदयिकादिभाव नही होते है। इनमेंसे कर्मनिरपेक्ष स्वाभाविकभाव पारिणामिक ही है अत वही ध्येय है। उसीका ध्यान करनेसे आत्मा शुद्ध होता है।

दृष्टान्त द्वारा कारणसमयसे कार्यसमयकी सिद्धिका समर्थन करते है—

जैसे इस संसारमे आत्मा विभावके कारणोको पाकर अपनेको अशुद्ध करता है वैसे ही स्वभावको पाकर अपनेको शुद्ध करता है ॥३६५॥

विशेषार्थ—कर्मोका निमित्त पाकर यह आत्मा स्वयं ही विभावरूप परिणमन करता है स्वभावसे जो विपरीत है वह विभाव है। ज्ञान दर्शन, चारित्र, सम्यक्त्व ये स्वभाव है और इनके विपरीत अज्ञान,

---

१ च व्युत्पत्तिमाह अ० क० ख० मु०। च कारणत्वमाह व्युत्पत्तिमाह ज०। २ कुणइ मु०। 'औपशमिकादिपञ्चभावाना मध्ये केन भावेन मोक्षो भवतीति चिन्त्यते · यदा कालादिलब्धिवशेन भव्यत्वशक्तेर्व्यक्तिर्भवति तदायं जीव· सहजशुद्धपारिणामिकभावलक्षणनिजपरमात्मद्रव्यसम्यक्श्रद्धानज्ञानानुचरणपर्यायेण परिणमति।'—समयसार गा० ३२०, टीका जयसेन।

एकस्याप्युपादानहेतोः कार्यकारणत्वे न्यायमाह—

उप्पज्जंतो कज्जं कारणमप्पा णियं वि जणयंतो ।
तम्हा इह ण विरुद्धं एकस्स वि कारणं कज्जं ॥३६६॥

स्वसंवेदनहेतुमात्रेण स्वरूपसिद्धिर्भविष्यति इत्याशंक्य आह—

असुद्धसंव्वेयणेण य अप्पा बंधेइ कम्मणोकम्मं ।
सुद्धसंवेयणेण य अप्पा मुंचेइ कम्मणोकम्मं ॥३६७॥

अदर्शन, मिथ्यात्व, असंयम आदि विभाव है । जब तक यह जीव परमें आत्मबुद्धि रखता है परको अपना मानता है मैं दूसरोका इष्ट-अनिष्ट कर सकता हूँ या दूसरे मेरा इष्ट-अनिष्ट कर सकते है ऐसा भाव रखता है तब तक उसका वैभाविक परिणमनसे छुटकारा नही होता । किन्तु जब वह अपने स्वभावका अवलम्बन लेता है तो उसका वैभाविक परिणमनसे छुटकारा हो जाता है । अत स्वभावके अवलम्बनसे आत्मा शुद्ध होता है और विभावके कारणोको अपनानेसे अशुद्ध होता है ।

एक ही उपादान कारण कार्य और कारण कैसे होता है—इसमें युक्ति देते हैं—

कार्यको उत्पन्न करनेसे आत्मा कारण है और स्वयं ही उत्पन्न होनेसे कार्य है । इसलिए एक ही आत्माका कारण और कार्य होना विरुद्ध नही है ॥३६६॥

विशेषार्थ—आत्माको कारण और कार्य दोनो कहा है । और कारण तथा कार्य भिन्न-भिन्न होते हैं जो कारण होता है वह कार्य नही होता और जो कार्य होता है वह कारण नही होता । जैसे मिट्टी कारण है और घट उसका कार्य है । इसलिए आत्माको कारण समय और कार्य समय कहनेमें विरोध प्रतीत होता है । उस विरोधको दूर करनेके लिए ग्रन्थकार कहते है कि जो कार्य को उत्पन्न करता है उसे कारण कहते है और जो उत्पन्न होता है उसे कार्य कहते है । अनन्तदर्शन, अनन्तज्ञान, अनन्तसुख, अनन्तवीर्य आदि गुणोसे युक्त सिद्धपरमात्मा कार्यसमयसार रूप है । और शुद्धात्माके श्रद्धान ज्ञान और आचरणसे विशिष्ट आत्मा कारण-समयसाररूप है । जो आत्मा कारणसमयसाररूप है वही आत्मा शुद्ध-बुद्ध होकर सिद्ध परमात्मा बनता है । चूँकि सिद्धपरमात्मारूप दशा उसीमें उत्पन्न हुई इससे वह आत्मा कार्यरूप है और अपने ही सम्यक् श्रद्धान ज्ञानादिरूप कारणसे वह उत्पन्न हुई है इसलिए उसका कारण भी वह स्वय है । अत एक ही आत्मा कारण भी है और कार्य भी है । वस्तुत. उपादान कारण ही कार्यरूप होता है । जैसे घटका उपादान कारण मिट्टी है अत. मिट्टी ही घटरूप होती है । इसी तरह संसारी आत्मा ही अपने स्वरूपके श्रद्धान ज्ञान और आचरणसे मुक्त होता है अत. वह स्वयं ही कार्य है और स्वयं ही अपना कारण है ॥

स्वसंवेदनरूप हेतुमात्रसे स्वरूपकी सिद्धि हो जायेगी, ऐसी आशका करके कहते हैं—

अशुद्ध संवेदनसे आत्मा कर्म और नोकर्मसे बँधता है । और शुद्ध सवेदनसे कर्म और नोकर्म से छूटता है ॥३६७॥

विशेषार्थ—स्वसंवेदनका मतलब है 'अपना ज्ञान'—स्वयंको जानना । स्वसवेदन शुद्ध भी होता है और अशुद्ध भी होता है । शुद्ध स्वरूपका सवेदन शुद्ध स्वसंवेदन है और अशुद्ध स्वरूपका संवेदन अशुद्ध संवेदन है । संवेदन तो चेतनारूप है । चेतनाके दो भेद है—अशुद्ध चेतना और शुद्ध चेतना । अशुद्ध चेतनाके भी दो भेद है—कर्मफल चेतना और कर्मचेतना । कर्म और कर्मके फलमें आत्मबुद्धिका होना कर्मचेतना और कर्मफल चेतना है और ज्ञानस्वरूप आत्मामें आत्मसचेतनका होना ज्ञानचेतना है । संसारदशामें अज्ञानीजीव स्व और परका भेद न जाननेके कारण पौद्गलिक कर्मोका निमित्त पाकर उत्पन्न हुए काम-क्रोधादिरूप विकारोको ही अपना मानता है । वह स्व और परमें एकत्वका आरोप करके परद्रव्यस्वरूप राग-द्वेषसे एक होकर ऐसा मानता है कि मै रागी हूँ, द्वेषी हूँ, मैं सुखी हूँ, दु खी हूँ, मैं अमीर हूँ, गरीब हूँ यह सब अशुद्ध स्वसंवेदन है ।

पढमं मुत्तसरूवं मुत्तसहावेण मिस्सियं जम्हा ।
विदियं मुत्तामुत्तं सपरसरूवस्स पच्चक्खं ॥३६८॥
हेऊ सुद्धे सिज्झइ बज्झइ इयरेण णिच्छियं जीवो ।
तम्हा दव्वं भावो गउणाइविवक्खए णेओ ॥३६९॥

उक्तं[1] चूलिकायां—

सकलसमयसारार्थं परिगृह्य पराश्रितोपादेयवाच्यवाचकरूपं पञ्चपदाश्रितं श्रुतं कारणसमयसारः । भावनमस्काररूपं कार्यसमयसारः । तदाधारेण चतुर्विधधर्मध्यानं कारणसमयसारः । तदनन्तरं प्रथमशुक्लध्यानं द्विचत्वारिंशदभेदरूपं पराश्रितं कार्यसमयसारः । तदाश्रितभेदज्ञानं कारणसमयसारः । तदाधारीभूतं परान्मुखाकारस्वसंवेदनभेदरूपं कार्यसमयसारः । तत्रैवाभेदस्वरूपं परमकार्यनिमित्तात्

इसी तरह कामासक्त प्राणी विषयभोग करते हुए जो सुखानुभूति करता है वह भी अशुद्ध स्वसंवेदन है । किन्तु स्व और परके भेदको जाननेवाले ज्ञानीका जो स्वसंवेदन है वह शुद्ध स्वसंवेदन है इसीसे उसे वीतरागस्वसंवेदन कहते हैं । इस वीतराग स्वसंवेदनसे ही जीव कर्मबन्धनसे छूटता है । और अशुद्ध स्वसवेदनसे तो नवीन कर्मबन्ध होता है । इसीसे समयसार (गाथा १३०-१३१) मे कहा है कि जैसे सोनेसे सोनेके आभूषण बनते हैं और लोहेसे लोहेके आभूषण बनते हैं वैसे ही अज्ञानीके अज्ञानमय क्रोधादिभाव होते है जो नवीन कर्मबन्ध के हेतु होते है और ज्ञानीके क्षमा आदिरूप ज्ञानमय भाव होते है जो संवर और निर्जराके कारण होते है । अविरत सम्यग्दृष्टिके यद्यपि चारित्रमोहका उदय होनेसे क्रोधादि भाव होते हैं किन्तु उनमें उसकी आत्मबुद्धि नही होती । वह उन्हें परके निमित्तसे होनेवाली उपाधि ही मानता है इससे ऐसा बन्ध नही होता जिससे संसार बढता हो ।

पहला अशुद्ध स्वसवेदन मूर्तस्वरूप है क्योकि वह पौद्गलिक कर्मोके उदयादिसे होनेवाले औदयिक आदि भावोंसे मिला हुआ होता है। और दूसरा शुद्ध स्वसंवेदन मूर्तिक भी है और अमूर्तिक भी है क्योंकि उसमें स्व और परस्वरूपका प्रत्यक्ष होता है ॥३६८॥

विशेषार्थ—स्व और परके भेदको न जानकर परमे आत्मबुद्धिको लिये हुए जो अशुद्ध संवेदन होता है वह मूर्तिक है क्योकि कर्मोके उदयादिके निमित्तसे होनेवाले मूर्तिक भावोसे मिला होता है जैसे राग मेरा है मैं स्थूल या कमजोर हूँ इत्यादि । किन्तु जो शुद्ध संवेदन होता है उसमें परके साथ स्वका संवेदन होते हुए भी परमें आत्मबुद्धि नही होती । परको पर और स्वको स्व ही अनुभवन करता है । जैसे 'मैं मनुष्य हूँ' ऐसा जानते हुए भी मनुष्य पर्यायको अपना नही मानता ।

अतः शुद्ध कारणके होनेपर जीव मुक्त होता है और अशुद्ध कारणके होनेपर निश्चितरूपसे बँधता है । इसलिए गौण और मुख्य विवक्षासे द्रव्य और भावको जानना चाहिए ॥३६९॥

चूलिकामें कहा है—

समस्त समयसारके अर्थको ग्रहण करके पराश्रित होते हुए भी उपादेय जो वाच्य (अर्थ) वाचक (शब्द) रूप पंचनमस्कार मन्त्र है वह कारण समयसार है और भाव नमस्काररूप कार्य समयसार है । उसके आधारसे जो पिण्डस्थ, पदस्थ, रूपस्थ और रूपातीतके भेदसे चार प्रकारका धर्मध्यान होता है वह कारण समयसार है । उसके पश्चात् ४२ भेद रूप जो प्रथम शुक्लध्यान होता है, जो पराश्रित है, वह कार्य समयसार है । और उस प्रथम शुक्लध्यानके आश्रयसे जो भेदज्ञान होता है वह कारणसमयसार है । वह भेदज्ञान रूप कारणसमयसार जिसका आधारभूत है वह स्वसंवेदनरूप कार्यसमयसार है जो परसे विमुख है । उस अभेद-

---

१. चूलिका ('उक्तं च' नास्ति)—ज० ।

शुभपरमाण्वास्रवो भवति । ततस्तीर्थंकरनामकर्मबन्धो भवति । पश्चादभ्युदयपरम्परानिःश्रेयसस्वार्थसिद्धिनिमित्तरूपं भवति । तत आसन्नभव्यस्य दर्शनचारित्रमोहोपशमात् क्षयोपशमात् क्षयाद्वा स्वाश्रितस्वरूपनिरूपकभावनिराकाररूपं सम्यग्द्रव्यश्रुतं कारणसमयसारः । तदेकदेशसमर्थो भावश्रुतं कार्यसमयसारः । ततः स्वाश्रितोपादेयभेदरत्नत्रयं कारणसमयसारः । तेषामेकत्वावस्था कार्यसमयसारः । तदेकदेशशुद्धतोत्कर्षमन्तर्मुखाकारं शुद्धसंवेदन क्षायोपशमिकरूपम् । ततः स्वाश्रितधर्मध्यानं कारणसमयसारः । ततः प्रथमशुक्लध्यानं कार्यसमयसारः । ततो द्वितीयशुक्लध्यानाभिधानकं क्षीणकषायस्य द्विचरमसमयपर्यन्तं कारणकार्यपरम्परा कारणसमयसारः । एवमप्रमत्तादिक्षीणान्तं[2] समयं समयं प्रति कारणकार्यरूपं ज्ञातव्यम् । तस्माद् घातिक्षये भावमोक्षो भवति । सहजपरमपारिणामिकवशात्क्षायिकानां[3] चतुष्टयप्रकटनं नवकेवललब्धिरूपं जघन्यमध्यमोत्कृष्टपरमात्मा साक्षात्कार्यसमयसार एव भवति । ततो द्रव्यमोक्षो भवति । अनन्तरं सिद्धस्वरूपं कार्यसमयसारो भवति । एवमवयवार्थप्रतिपत्तिपूर्विका समुदायार्थप्रतिपत्तिर्भवतीति न्यायादुपादानकारणसदृशं कार्यं भवति । परमचित्कलाभरणभूषितो भवति । सोऽपि भव्यवरपुण्डरीक एव लभते ।

"खेयउवसमियविसोही देसण पाउग्ग करणलद्धी य ।
चत्तारिवि सामण्णा करणं सम्मत्तचारित्तं ॥"—लब्धिसार, गा० ३ ।

स्वरूप परमकार्यके निमित्तसे शुभ परमाणुओंका आस्रव होता है । उससे तीर्थंकर नामकर्मका बन्ध होता है । उसके पश्चात् वह तीर्थंकर नामकर्मका बन्ध सांसारिक अभ्युदयकी परम्पराके साथ मोक्षरूपी स्वार्थकी सिद्धिमें निमित्त होता है । (कैसे निमित्त होता है यह बतलाते हैं) निकट भव्य जीवके दर्शनमोहनीय और चारित्रमोहनीयके उपशम, क्षयोपशम अथवा क्षयसे स्वाश्रित स्वरूपका निरूपक निराकार भावरूप जो सम्यक् द्रव्यश्रुत है वह कारणसमयसार है और उसके पश्चात् एकदेश समर्थ जो भावश्रुत है वह कार्यसमयसार है । उस भावश्रुतके पश्चात् जो स्वाश्रित होनेसे उपादेय भेदरत्नत्रय होता है वह कारणसमयसार है । और उस भेदरत्नत्रयकी जो एकरूपता है वह कार्यसमयसार है । उसके पश्चात् एकदेश शुद्धताको लिये हुए अन्तर्मुखाकार क्षायोपशमिकरूप शुद्ध स्वसंवेदन होता है । उससे होनेवाला स्वाश्रित धर्मध्यान कारणसमयसार है । उसके पश्चात् होनेवाला प्रथम शुक्लध्यान कार्यसमयसार है । उसके पश्चात् क्षीणकषायगुणस्थानके उपान्त्य समय पर्यन्त कारण कार्यपरम्परासे होनेवाला दूसरा शुक्लध्यान कारणसमयसार है । इस तरह अप्रमत्त गुणस्थानसे लेकर क्षीणकषाय गुणस्थान पर्यन्त प्रतिसमय कारण और कार्यरूप समयसार जानना चाहिए, अर्थात् पूर्वावस्था कारण है उत्तरावस्था कार्य है जो पूर्वावस्थाका कार्य है वही उत्तरावस्थाका कारण है । उस दूसरे शुक्लध्यानके द्वारा घातिया कर्मोंका क्षय होनेपर भावमोक्ष होता है । सहज परम पारिणामिक भावके वशसे क्षायिक अनन्तचतुष्टय—अनन्तदर्शन, अनन्तज्ञान, अनन्तसुख, अनन्तवीर्य, का प्रकटन जो नौ केवललब्धिरूप है (क्षायिकज्ञान, क्षायिकदर्शन, क्षायिकसम्यक्त्व, क्षायिकचारित्र, क्षायिकदान, क्षायिकलाभ, क्षायिकभोग, क्षायिक उपभोग, क्षायिक वीर्य) वह जघन्य मध्यम और उत्कृष्ट परमात्मा साक्षात् कार्य समयसार ही होता है । उससे द्रव्य मोक्ष होता है । उसके अनन्तर सिद्धस्वरूप कार्यसमयसार होता है । इस प्रकार 'अवयव—एकदेशका अर्थ जानने पर समुदायके अर्थका बोध होता है' इस न्यायके अनुसार उपादान कारणके समान ही कार्य होता है । आत्मा उत्कृष्ट चैतन्यकी कलारूपी आभरणोंसे भूषित होता है । यह अवस्था भव्योत्तम जीव ही पाँच लब्धियों—क्षयोपशमलब्धि, विशुद्धिलब्धि, देशनालब्धि, प्रायोग्यलब्धि और करणलब्धि रूप सामग्रीके प्रभावसे प्राप्त करता है, अन्य नहीं । इस प्रकार कारणकार्यरूपसे पराश्रित और स्वाश्रित समयसारसे आत्मा कैसे जाना है, यह कहते हैं—जैसे 'मोहनीय और ज्ञानावरण कर्मका क्षय होनेपर ज्ञान आदि

---

१ परिणामा मु० । २ क्षीणकषायपर्यन्तं मु० । ३ -नामनन्तच- अ० आ० मु० । ४. इयं गाथा 'आ' प्रतौ विलक्षणैव दृश्यते ।

लब्धिपञ्चकसामग्रीवशान्नान्यः । एवं कार्यकारणरूपः पराश्रितः स्वाश्रितसमयसार आत्मा कथ जानाति ?

मोहावरणयोर्हीने ज्ञानं वेत्ति यथा बहिः ।
तथैवान्तर्मुखाकारं स्वात्मान पश्यति स्फुटम् ।

एवं कारणकार्यसमयसारः स्वसंवेदनज्ञानमेव परिणमति ।

औदयिकौपशमिकक्षायोपशमिकक्षायिकपारिणामिकानां भेदमाह—

ओदयियं उवसमियं खयउवसमियं च खाइयं परमं ।
इगवीस दो[1] भेया अट्ठारस णव तिण्हा य परिणामी ॥३७०॥

वस्तुओको जानता है वैसे ही अन्तर्मुखाकार अपनी आत्माको स्पष्ट जानता है ।' इस तरह स्वसंवेदनज्ञान ही कार्य कारणसमयसाररूप परिणमन करता है ।

विशषार्थ—उक्त चूलिकामें एक ही आत्मा कैसे कारणसमयसार और कार्यसमयसार दोनो है यह स्पष्ट किया है । प्रारम्भ किया है पचनमस्कार मन्त्ररूप श्रुतसे, उसे कारणसमयसार कहा है और उसका आलम्बन पाकर जो पंचपरमेष्ठीके प्रति नमस्काररूप भाव होते है उसे कार्यसमयसार कहा है । पुन. उसका अवलम्बन लेकर जो चार प्रकारका धर्मध्यान होता है वह कारणसमयसार है । धर्मध्यानके इन चारो भेदोका वर्णन ज्ञानार्णव ग्रन्थमें कहा है । वहाँसे देखना चाहिए । इस धर्मध्यानके अनन्तर होनेवाले प्रथम शुक्लध्यान को कार्यसमयसार कहा है क्योकि धर्मध्यान ही शुक्लध्यान रूप परिणमन करता है अत. धर्मध्यान कारण और शुक्लध्यान कार्य है । ये सब आत्माका ही परिणतियाँ है । यहाँ जो प्रथम शुक्लध्यानके ४२ भेद कहे है वे हमारे देखनेमे नही आये । प्रथम शुक्लध्यानके आश्रयसे भेदविज्ञान होता है उसे कारणसमयसार कहा है और उससे होनेवाले स्वसंवेदन या स्वानुभूतिको कार्यसमयसार कहा है । किन्तु उससे जो शुभ परमाणुओका आस्रव तथा तीर्थकर नामकर्मका बन्ध कहा है वह चिन्त्य है । तीर्थकर नामकर्मका बन्ध चौथेसे आठव गुणस्थान तक होता है । पहला शुक्लध्यान भी आठवे गुणस्थानसे होता है । तो आठवे गुणस्थानमे प्रथम शुक्लध्यान हुआ, तदनन्तर भेदविज्ञान हुआ उस भेदविज्ञान कालमे जो मन्दयोग और मन्दकषायरूप शुभास्रवके कारण होते है उनसे तीर्थकर नाम कर्मका बन्ध होता है । इस तरहसे कारणकार्य पद्धति बैठायी जा सकती है । वैसे भेदविज्ञान तो शुक्लध्यानके पूर्व भी होता है और तीर्थंकर कर्मका बन्ध भी होता है । हाँ, प्रथम शुक्लध्यान कालमें जिस प्रकारका भेदविज्ञान होता है वैसा पूर्वमें नही होता । चूलिकामे तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध करनेवालोके कारणकार्यपरम्पराका निर्देश करनेके पश्चात् पुन. निकट भव्यसे कारणसमयसार और कार्यसमयसारकी परम्पराका कथन किया है । इसमे भी स्वाश्रित स्वरूप निरूपक द्रव्यश्रुतको कारणसमयसार और भावश्रुतको कार्यसमयसार कहा है । पुन. भेदरत्नत्रयका कारणसमयसार और अभेदरत्नत्रयको कार्यसमयसार कहा है । पुन. स्वाश्रित धर्मध्यानको कारणसमयसार और प्रथम शुक्लध्यानको कार्यसमयसार कहा है । इस तरह अप्रमत्त गुणस्थानसे लेकर क्षीणकषाय गुणस्थानपर्यन्त यह कारणकार्यपरम्परा चलती रहता है । उसके पश्चात् घातिकर्मोका क्षय होनेपर साक्षात् परमात्मदशा रूप कार्यसमयसार है । तदनन्तर चौदहवें गुणस्थानके अन्तिमक्षणकी अवस्था जो परिपूर्णरत्नत्रयात्मक होती है वह साक्षात् कारणसमयसार है और उनके अनन्तर क्षणकी सिद्ध दशा कार्यसमयसार है । इस तरह यह आत्मा ही स्वयं अपना कारण भी है और कार्य भी है । इसका सम्यक् मनन-चिन्तन और अनुकरण करना चाहिए । उसके बिना समस्त कारणकार्य व्यर्थ हो जाता है ।

आगे औदयिक, औपशमिक, क्षायोपशमिक, क्षायिक और पारिणामिक भावो के भेद कहते है—

औदयिक, औपशमिक, क्षायोपशमिक, क्षायिक और पारिणामिक भाव के क्रम से इक्कीस, दो, अठारह, नौ और तीन भेद है ॥३७२॥

---

१ दो त्रिभे आ० । २. तह य अ० । वहूय आ० । औपशमिकक्षायिकौ भावौ मिश्रश्च जीवस्य स्वतत्त्वमौदयिकपारिणामिकौ च । 'द्विनवाष्टादशैकविंशतित्रिभेदा यथाक्रमम्' —तत्त्वार्थसूत्र २।१-२ ।

लेस्सा कसाय वेदा असिद्ध अण्णाण गई [1]अचारित्तं ।
मिच्छत्तं ओदयियं दंसण [2]चरणं च उव[3]समियं ॥३७१॥
मिच्छँतियं चउसम्मग दंसणतिदयं च पंच लद्धीओ ।
मिस्सं दंसण चरणं विरदाविरदाण चारित्तं ॥३७२॥

आगे औदयिक भाव के इक्कीस भेद तथा औपशमिक के दो भेद कहते हैं—

छह लेश्याएँ, चार कषाय, तीन वेद, एक असिद्धत्व, अज्ञान एक, चार गति, अचारित्र और मिथ्यात्व ये इक्कीस भेद औदयिक भाव के है। तथा सम्यग्दर्शन और सम्यक्चारित्र ये दो भेद औपशमिक भाव के हैं ॥३७१॥

विशेषार्थ— कर्म के उदय से जो भाव होता है उसे औदयिक भाव कहते है। उसके इक्कीस भेद है, कषाय के उदय से रंगी हुई मन, वचन, काय की प्रवृत्ति का नाम लेश्या है। उसके छह भेद है—कृष्ण, नील कापोत, पीत, पद्म, शुक्ल। जैसे लोक में बुरे आदमी को काला दिल का आदमी और सज्जन को साफ दिल का आदमी कहा जाता है। दिल काला या सफेद रंग का नही होता किन्तु अच्छे और बुरे में सफेद और काला रंग का उपचार करके ऐसा कहा जाता है। वैसे ही जिसकी कषाय बहुत अधिक तीव्र होती है उसके कृष्ण लेश्या, उससे कम तीव्रके नीललेश्या, उससे भी कम तीव्र के कापोतलेश्या कही जाती है। इसी तरह मन्द कषाय होने पर पीतलेश्या, और मन्द होने पर पद्मलेश्या, अत्यन्त मन्द होने पर शुक्ललेश्या होती है। इस तरह कषाय के उदय से लेश्या को औदयिक कहा है। कषाय का उदय छह प्रकार का होता है—तीव्रतम, तीव्रतर, तीव्र, मन्द, मन्दतर, मन्दतम। इन छह प्रकार के कषाय के उदय से उत्पन्न हुई लेश्या छह हो जाती है। क्रोध, मान, माया और लोभ को कषाय कहते है अतः कषाय चार है। केवल कषाय और केवल योग से दोनोके मेलसे निष्पन्न लेश्या के कार्यमें अन्तर है इस लिए लेश्या और कषायको अलग-अलग गिनाया है। आत्मा में वेदकर्म के उदय से उत्पन्न हुए मैथुनरूप चित्तवृत्तिको वेद कहते हैं, वेद तीन है—पुरुषवेद, स्त्रीवेद और नपुसकवेद। आठो कर्मोके सामान्य उदय से सिद्धभाव का न होना असिद्धत्व भाव है। ज्ञानावरण कर्म के उदय से अज्ञानभाव होता है। गति नाम कर्म के उदय से गतिरूप भाव होता है। गति चार है . नरकगति, तिर्यंचगति, मनुष्यगति, देवगति। चारित्रमोहनीय कर्मके सर्वघाती स्पर्द्धकोके उदय मे अचारित्र असंयम भाव होता है। और मिथ्यात्वमोहनीय के उदय में तत्त्व की अश्रद्धारूप मिथ्यात्व भाव होता है। इस तरह ये औदयिक भाव है। कर्म के उपशम से (दब जाने से) जो भाव होता है उसे औपशमिक भाव कहते हैं। औपशमिक सम्यक्त्व और औपशमिक चारित्र ये दो उसके भेद है। मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्त्वमोहनीय तथा अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया, लोभ के उपशमसे औपशमिक सम्यक्त्व होता है और समस्त मोहनीयका उपशम होने पर औपशमिक चारित्र होता है।

आगे क्षायोपशमिक भाव के अट्ठारह भेद कहते है—

तीन मिथ्याज्ञान, चार सम्यक्ज्ञान, तीन दर्शन, पाँच लब्धियाँ, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक चारित्र और विरताविरत चारित्र ये अठारह भेद क्षायोपशमिक भावके है ॥३७२॥

विशेषार्थ—कुमति, कुश्रुत, और कुअवधि के भेद से मिथ्याज्ञान तीन प्रकार का है। मति, श्रुत अवधि और मन पर्यय के भेद से सम्यक्ज्ञान चार प्रकार का है। चक्षु-अचक्षु, अवधि के भेद से दर्शन तीन प्रकार का है। दान, लाभ, भोग, उपभोग और वीर्य के भेद से लब्धि पाँच प्रकार की है। क्षायोपशमिक

---

१ गइ य चा –क० ख० ज०। २. चरियं च अ० क० ख० मु०। 'गतिकषायलिङ्गमिथ्यादर्शनाज्ञानासंयतासिद्धलेश्याश्चतुश्चतुस्त्र्येकैकैकैकषड्भेदा। -तत्त्वार्थसूत्र २-६। ३ 'सम्यक्त्वचारित्रे'—त० सू० २।३। ४. 'ज्ञानाज्ञानदर्शनलब्धयश्चतुस्त्रित्रिपञ्चभेदा सम्यक्त्वचारित्रसंयमासंयमाश्च।'—त० सू० २।५।

णाणं दंसण चरणं खाइय सम्मत्त पंचलद्धीओ ।
[1]खाइयभेदा णेया णव होदि हु केवला लद्धी ॥३७३॥

निजपारिणामिकस्वभावे यावन्नात्मबुद्ध्या श्रद्धानादिकं तावद्दोषमाह—

[2]सद्धाणणाणचरणं जाव ण जीवस्स परमसब्भावे ।
ता अण्णाणी मूढो संसारमहोदहिं भमइ ॥३७४॥

सम्यक्त्व जिसे वेदकसम्यक्त्व भी कहते है एक प्रकार का है। क्षायोपशमिक चारित्र भी एक प्रकार का है यहाँ उसके सामायिक आदि भेदो की विवक्षा नही है। विरताविरत भी एक ही प्रकार का है। इस तरह ये अठारह भाव क्षायोपशमिक है। सर्वघाती स्पर्द्धको के उदयक्षय तथा देशघाति स्पर्द्धको के उदय और आगामी काल मे उदय आनेवाले निषेको के सदवस्थारूप उपशम से जीव का जो गुणाश प्रकट होता है वह क्षायोपशमिक कहलाता है। अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया, लोभ, मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व प्रकृतियो के उदयक्षय और सदवस्थारूप उपशम से तथा सम्यक्त्व प्रकृति के देशघाति स्पर्द्धको के उदय मे जो तत्त्वार्थ-श्रद्धानरूप भाव होता है वह क्षायोपशमिक सम्यक्त्व है। अनन्तानुबन्धी, अप्रत्याख्यानावरण और प्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया, लोभ इन बारह कषायो के उदयक्षय और सदवस्थारूप उपशम से तथा सज्वलन क्रोध, मान, माया, लोभ में से किसी एक देशघाति स्पर्धक के उदय में तथा नवनोकषायो के यथायोग्य उदय में आत्मा का जो निवृत्ति रूप परिणाम होता है वह क्षायोपशमिक चारित्र है। अनन्तानुबन्धी और अप्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया, लोभ इन आठ कषायो के उदयक्षय और सदवस्थारूप उपशम से तथा प्रत्याख्यानावरणकषाय, संज्वलनकषाय, और नव नोकषायो के यथायोग्य उदय मे जो एकदेशनिवृत्ति रूप और एकदेशप्रवृत्ति रूप परिणाम होता है उसे विरताविरत या संयमासंयम चारित्र कहते है—

आगे क्षायिकभाव के नौ भेद कहते है—

क्षायिकज्ञान, क्षायिकदर्शन, क्षायिकचारित्र, क्षायिकसम्यक्त्व, क्षायिकदान, क्षायिकलाभ, क्षायिकभोग, क्षायिक उपयोग, क्षायिकवीर्य ये नौ क्षायिकभाव के भेद है इन्हे नौ केवललब्धि कहते है ॥३७३॥

विशेषार्थ—प्रतिपक्षी कर्मका विनाश होनेपर आत्मामे जो निर्मलता प्रकट होती है उसे क्षायिकभाव कहते है। ज्ञानावरण और दर्शनावरण कर्मका क्षय होनेपर केवलज्ञान और केवलदर्शन प्रकट होते है। दानान्तरायका अत्यन्त क्षय होनेपर दिव्यध्वनिके द्वारा अनन्त प्राणियोका उपकारकारक क्षायिक अभयदान होता है। लाभान्तरायका अत्यन्त क्षय होनेपर भोजन न करनेवाले केवली भगवान्के शरीरको बल देनेवाले जो परम शुभ सूक्ष्म नोकर्मपुद्गल प्रतिसमय केवलीके द्वारा ग्रहण किये जाते है जिनके कारण केवलीका परम औदारिक शरीर भोजनके बिना कुछकम एक पूर्वकोटि वर्ष तक बना रहता है वह क्षायिक लाभ है, भोगान्तराय का अत्यन्त क्षय होनेसे अनन्त भोग प्रकट होता है, उसीके फलस्वरूप सुगन्धित पुष्पवृष्टि मन्द सुगन्धपवनका बहना आदि होता है। उपभोगान्तराय कर्मका अत्यन्त क्षय होनेसे अनन्त उपभोग प्रकट होता है उसीके फलस्वरूप सिंहासन, तीनछत्र, भामण्डल आदि होते है। वीर्यान्तराय कर्मका अत्यन्त क्षय होनेपर अनन्तवीर्य प्रकट होता है। मोहनीय कर्मकी उक्त सात प्रकृतियोका क्षय होनेपर क्षायिक सम्यक्त्व होता है और समस्त मोहनीय कर्मका क्षय होनेपर क्षायिक चारित्र प्रकट होता है। इन नौ क्षायिक भावोको नौ केवललब्धि भी कहते है।

आगे कहते है कि जबतक अपने पारिणामिक स्वभावमे आत्मबुद्धिसे श्रद्धान आदि नही है तबतक दोष है—

जबतक जीवका अपने परमस्वभावमे श्रद्धान ज्ञान और आचरण नही है तबतक वह मूढ अज्ञानी संसार-समुद्रमे भटकता है ॥३७४॥

---

१ 'ज्ञानदर्शनदानलाभभोगोपभोगवीर्याणि च' ।—तत्त्वार्थ० २।४। २. दर्शनमात्मविनिश्चितिरात्मपरिज्ञान-मिष्यते बोधः। स्थितिरात्मनि चारित्रं०।—पुरुषार्थसि० २१५ श्लो०।

तस्यैव स्वरूपं निरूप्य ध्येयत्वेन स्वीकरोति

कम्मजभावातीदं जाणगभावं विसेसआधारं ।
तं परिणामी जीवो अचेयणं पहुदि इयराणं ॥३७५॥
सव्वेसिं सब्भावो जिणेहि खलु पारिणामिओ भणिओ ।
तम्हा णियलाहत्थं ज्झेओ इह पारिणामिओ भावो ॥३७६॥

विशेषार्थ—तत्त्वार्थके श्रद्धानको सम्यग्दर्शन कहा है और जीव, अजीव, आस्रव, बन्ध, संवर, निर्जरा और मोक्ष ये सात तत्त्व हैं। पुण्य और पापको भी पृथक् गिननेसे उनकी संख्या नौ हो जाती है। जिसका आस्रव होता है वह द्रव्य और आस्रव करनेवाला भाव ये दोनो आस्रवतत्त्व हैं। बन्धने योग्य द्रव्य और बन्धन करनेवाला भाव ये दोना बन्धतत्त्व है। जिसका सवर होता है वह द्रव्य और संवर करनेवाला भाव ये दोनो संवरतत्त्व है। निर्जरा योग्य द्रव्य और निर्जरा करनेवाला भाव ये दोनों निर्जरातत्त्व है। मोक्ष होने योग्य द्रव्य और मोक्ष करनेवाला भाव ये दोनो मोक्षतत्त्व है। विकारी होने योग्य द्रव्य और विकार करनेवाला भाव ये दोनो पुण्य भी है और पाप भी है। इस तरह से जीव और अजीवके मेलसे ये नौ तत्त्व होते है केवल एकके ही आस्रवादि नही हो सकते। इनको यदि बाह्य दृष्टिसे देखा जाये तो जीव और पुद्गलकी अनादिबन्ध पर्यायकी अवस्थामें ही ये वास्तविक है। किन्तु एक जीव द्रव्यके ही स्वभावका अनुभवन करनेपर अवास्तविक है क्योकि जीवके एकाकार स्वरूपमे यह नही है इसलिए निश्चय दृष्टिसे इन तत्त्वोमें एक जीव ही प्रकाशमान है। इसी तरह अन्तर्दृष्टिसे देखा जाये तो ज्ञायकभाव जीव है। जीवके विकारका कारण अजीव है। शेष सातो पदार्थ केवल अकेले जीवका विकार नही है किन्तु अजीवके विकारसे जीवके विकारके कारण है जीवके स्वभावको छोड़कर स्वपरनिमित्तक एक द्रव्यपर्याय रूपसे अनुभव न करनेपर ये भूतार्थ है। किन्तु सब कालमें स्थायी एक जीव द्रव्यके स्वभावका अनुभवन करनेपर अभूतार्थ है। अतः इन नौ तत्त्वोमें निश्चयदृष्टिसे एक जीवरूप ही प्रकाशमान है वह जीवस्वभाव है शुद्ध जीवत्वरूप पारिणामिक भाव है। वस्तुत. उसीकी श्रद्धा सम्यग्दर्शन, उसीका ज्ञान सम्यग्ज्ञान और उसीमें स्थिति सम्यक्चारित्र है। उसकी श्रद्धा और ज्ञानके बिना इस संसार समुद्रसे पार होना सभव नही है।।

आगे उसीका स्वरूप बतलाकर उसीको ध्येय-ध्यानके योग्य कहते है

कर्मजन्यभावसे रहित जो ज्ञायक भाव है जो विशेष आधाररूप है वही जीवका पारिणामिक भाव है। शेष द्रव्योमे अचेतनपना आदि पारिणामिक भाव है। जिनेन्द्रदेवने पारिणामिकको सभी द्रव्योका स्वभाव कहा है। इसलिए आत्मलाभके लिए इस संसारमें पारिणामिक भाव ही ध्येय-ध्यानके योग्य है ॥३७५-३७६॥

विशेषार्थ—ऊपर जो पाँच भाव बतलाये है उनमेंसे चार भाव तो कर्मनिमित्तक हैं एक भाव कर्मके उदयसे होता है और तीन भाव कर्मके उपशम, क्षय या क्षयोपशमसे होते है। किन्तु पारिणामिक भावमें कर्मका किसी भी प्रकारका निमित्त नही है। वह स्वाभाविक भाव है। वही वस्तुका स्वरूपभूत है। यह पारिणामिक भाव सभी द्रव्योंमें पाया जाता है क्योकि प्रत्येक द्रव्य अपने स्वभावको लिये हुए है। उसके बिना द्रव्यकी सत्ता ही सभव नही है। अन्तर इतना ही है कि जीवका पारिणामिक भाव चैतन्य है किन्तु शेष द्रव्योका अचैतन्य है क्योकि शेष सभी द्रव्य अचेतन है। अस्तित्व, वस्तुत्व, नित्यत्व, प्रदेशवत्त्व आदि पारिणामिक भाव सभी चेतन अचेतन द्रव्योमें समानरूपसे पाये जाते है। किन्तु चैतन्य जीवमें ही पाया जाता है। यह चैतन्यभाव जिसे शुद्ध जीवत्वभाव भी कहते है वही ध्येयरूप है। उसे ही सहजशुद्ध पारिणामिक भाव कहते है। आगममें उसे निष्क्रिय कहा है अर्थात् न वह बन्धके कारणभूत रागादि परिणतिरूप है और न मोक्षके कारणभूत शुद्धभावना परिणतिरूप है। वह तो केवल ध्येयरूप है ध्यानरूप नही है क्योकि ध्यान तो विनश्वर है। किन्तु शुद्ध पारिणामिक भाव अविनाशी है। शुद्धपारिणामिक भावमें ही शक्तिरूप मोक्ष स्थित रहता है। उसीके ध्यानसे उसकी व्यक्ति होती है।

तस्यैव संसारहेतुप्रकारं विपरीतान्मोक्षहेतुत्वमाह—

भेदुवयारे जइया वट्टदि सो विय सुहासुहाधीणो ।
तइया कत्ता भणिदो संसारी तेण सो आदा ॥३७७॥

जइया तव्विवरीए आदसहावांहि संठियो होदि ।
तइया किंच ण कुव्वदि सहावलाहो हवे तेण ॥३७८॥

अभेदानुपचरितस्वरूपं तदेव निश्चयं तस्याराधकस्य तत्रैव वर्तनं चाह—

[1]णादाणुभूइ सम्मं णिच्छयणाणं तु जाणगं तस्स ।
सुहअसुहाण णिवित्ति चरणं साहुस्स वीयरायस्स ॥३७९॥

वही जीव भाव कैसे संसारका और मोक्षका कारण होता है यह बतलाते हैं—

जब वह जीव शुभ और अशुभ भावों के अधीन होकर भेदोपचार मे प्रवर्तता है तब यह कर्मो का कर्ता होता है और उससे वह संसारी कहा जाता है। किन्तु जब उसके विपरीत आत्म-स्वभाव में स्थित होता है तब वह कुछ भी नही करता और उससे उसे स्वरूपकी प्राप्ति—मोक्ष होत है ॥३७७-३७८॥

विशेषार्थ—जीव और अजीव यदि ये दोनो एकान्तसे अपरिणामी होते तो जीव और अजीव ये दो ही पदार्थ होते। संसार और मोक्षकी प्रक्रिया ही न होती। यदि ये दोनो एकान्तसे परिणामी और तन्मय रूप होते तो दोनों मिलकर एक ही पदार्थ होता, दो न रहते। इसलिए ये दोनो कथचित् परिणामी है। अर्थात् यद्यपि जीव शुद्धनिश्चयसे स्वरूपको नही छोडता तथापि व्यवहारसे कर्मोदयवश रागादिरूप औपाधिक परिणामको ग्रहण करता है। यद्यपि रागादिरूप औपाधिक परिणामको ग्रहण करता है तथापि स्फटिककी तरह अपने स्वरूपको नही छोडता। इस तरह कथचित् परिणामीपना होनेपर बहिरात्मा मिथ्यादृष्टि जीव विषयकषायरूप अशुभोपयोग परिणामको करता है। और कभी-कभी चिदानन्दैक स्वभाव शुद्धताको छोडकर भोगोकी चाहवश शुभोपयोगपरिणामको करता है तब वह द्रव्यभावरूप पुण्य, पाप, आस्रव और बन्धका कर्ता होता है। किन्तु सम्यग्दृष्टि अन्तरात्मा ज्ञानी जीव मुख्यरूपसे निश्चयरत्नत्रय लक्षण शुद्धोपयोगके बलसे वीतराग सम्यग्दृष्टि होकर निर्विकल्प समाधिरूप परिणाम करता है तब वह उस परिणामसे द्रव्यभावरूप संवर, निर्जरा और मोक्ष पदार्थका कर्ता होता है। जब निर्विकल्प समाधिरूप परिणाम नही होते तो विषय कषायसे बचनेके लिए अथवा शुद्धात्मभावनाकी साधनाके लिए ख्याति, पूजा, लाभ, भोगकी आकाक्षारूप निदानबन्ध न करके शुद्धात्मलक्षण स्वरूप अर्हन्त, सिद्ध, शुद्धात्माके आराधक आचार्य, शुद्धात्माके व्याख्याता उपाध्याय, और शुद्धात्माके साधक साधुओके गुणस्मरण आदि रूप शुभोपयोग परिणामको करता है। इस प्रकारका शुभोपयोग भी परम्परासे मोक्षका निमित्त होता है किन्तु भोगाकाक्षारूप निदानके साथ किया गया शुभोपयोग भी अशुभोपयोगकी तरह ससारका ही कारण होता है। एकमात्र शुद्धोपयोग ही वस्तुत मोक्षका कारण है उसीके लिए गृहवास छोडकर समस्त परिग्रहको त्यागकर जिनदीक्षा ली जाती है। उसके बिना निश्चयरत्नत्रयरूप शुद्धोपयोग तथा निर्विकल्पसमाधि सभव नही है।

आगे कहते है कि अभेद और अनुपचरित स्वरूप ही निश्चय है। उसका आराधक उसीमे प्रवर्तन करता है—

आत्मा की अनुभूति निश्चय सम्यक्त्व है। उसका जानना निश्चय सम्यग्ज्ञान है और शुभ तथा अशुभसे निवृत्ति वीतरागी साधुका निश्चयचारित्र है ॥३७९॥

---

१. जाणगभावो अणुहव दंसण णाणं च जाणगं तस्स । अ० क० ख० मु० ।

जाणगभावो जाणदि अप्पाणं जाण णिच्छयणयेण ।
परदव्वं ववहारा मइसुइओहिमणकेवलाधारं ॥३८०॥

विशेषार्थ—निश्चयनय वस्तुके अभेदरूप अनुपचरित स्वरूपका ही ग्राहक है। और व्यवहारनय भेदरूप तथा उपचरित स्वरूपका ग्राहक है। जैसे जीव स्वभावसे तो अमूर्तिक है किन्तु अनादिकालसे कर्मबद्ध होनेके कारण मूर्त कर्मोंके संयोगसे उसे मूर्तिक कहा जाता है अतः जीवका मूर्तिकपना वास्तविक नही है उपचरित है। वस्तुका जो स्थायी मूल स्वरूप होता है वही वास्तविक है अत. वही निश्चयनयका विषय है। इसी तरह आत्मा तो अखण्ड पिण्डरूप है। न समझनेवालेको समझानेके लिए कहा जाता है आत्मामे दर्शन, ज्ञान, चारित्र आदि अनेक गुण है। ऐसा कहे विना 'आत्मा' आत्मा कहनेसे सुननेवाला कुछ नही समझता। और दर्शन ज्ञानादिगुणवाला आत्मा है ऐसा कहने से समझ जाता है। किन्तु इससे ऐसा बोध होता है मानो आत्मा एक गुणोंका अखण्ड पिण्ड न होकर उनके मेलसे बना है। अत इस तरहका भेद कथन भी व्यवहारनयका विषय है इसीसे व्यवहारनयको अभूतार्थ कहा है क्योकि वह अभूतरूप भेदात्मक तथा उपचरित वस्तु स्वरूपका ग्राहक है। और निश्चयनय अभेदात्मक अनुपचरित स्वरूपका ग्राहक है। अत. निश्चयनयके विषयभूत आत्माके अभेदात्मक अनुपचरित स्वरूपकी अनुभूति ही निश्चय सम्यग्दर्शन है उसीका ज्ञान निश्चय सम्यग्ज्ञान है। अशुभको छोडकर शुभमे प्रवृत्ति करना भी शुभोपयोगरूप व्यवहार चारित्र कहा जाता है। किन्तु यथार्थ चारित्र तो अशुभकी तरह शुभसे भी निवृत्ति हुए विना नही होता। शुभमे प्रवृत्ति भी रागमूलक ही होती है और शुभमें हो या अशुभ में, राग तो राग ही है। चन्दनकी आग भी आग ही होती है वह जलाये विना नही रहती। अत शुभ और अशुभ दोनोंसे ही निवृत्ति अर्थात् शुद्धोपयोगमें प्रवृत्ति हो वीतराग साधुका सम्यक् चारित्र है उसे ही आत्मस्थिति रूप निश्चयचारित्र कहते है।

निश्चयनयसे ज्ञान अपने ज्ञायकभावको जानता है और व्यवहारनयसे मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय और केवलज्ञानके आधारसे परद्रव्यको जानता है ॥३८०॥

विशेषार्थ—जो जानता है उसे ज्ञान कहते हैं। जाननेवाला तो आत्मा ही है अत. आत्मा ज्ञानस्वरूप है और ज्ञान आत्मा है। आत्मा ज्ञानसे जानता है ऐसा कहनेमें यह दोष है कि आत्मा और ज्ञानमें भेद-सा प्रतीत होता है—मानो आत्मा ज्ञानसे भिन्न है। अत. ज्ञान आत्मा है और आत्मा ज्ञान है। ज्ञान दीपककी तरह स्वपर प्रकाशक है। जैसे दीपक अपना भी प्रकाशक है और अन्य पदार्थोंका भी प्रकाशक है वैसे ही ज्ञान अपनेको भी जानता है और अन्य पदार्थोंको भी जानता है। किन्तु निश्चय दृष्टिसे आत्माके ज्ञायक भाव-को ही जानता है वही ज्ञानका 'स्व' है और व्यवहारनयसे पर द्रव्योको जानता है। चूँकि आगममें व्यवहार नयको अभूतार्थ कहा है। इससे जब यह कहा जाता है कि व्यवहारनयसे ज्ञान अन्य द्रव्योको जानता है तो उसका अर्थ यह समझ लिया जाता है कि ज्ञान वास्तवमे परद्रव्योको नही जानता। किन्तु ऐसा समझना गलत है। ज्ञान चूँकि स्वपरप्रकाशक है अत स्वको भी जानता है और परको भी जानता है किन्तु जैसे 'स्व'को तद्रूप होकर जानता है वैसे परको पररूप होकर नही जानता है इसलिए परद्रव्योका जानना व्यवहारसे कहा जाता है। यह ज्ञान आत्माका स्वाभाविक गुण है एक है। किन्तु कर्मसे आच्छादित होनेके कारण एक ही ज्ञान मति आदिके भेदरूप हो जाता है जैसे एक मकानमें प्रकाश आनेके अनेक द्वार है, कही मात्र झरोखा है, कही मोखा है, कही खिडकी है, कही द्वार है। इसी तरह जाननेके साधनोंमें तथा ज्ञेयोंमें भेद होनेसे ज्ञानके भेद हो जाते हैं। वस्तुत. ज्ञान तो एक ही है। वही शुद्ध दशामे केवलज्ञान कहा जाता है। यही केवलज्ञान निश्चयसे अपनेको और व्यवहारनयसे लोकालोकको जानता है।

---

१ 'जाणदि पस्सदि सव्वं ववहारणएण केवली भगवं। केवलणाणी जाणदि पस्सदि णियमेण अप्पाणं' ॥१५९॥—नियमसार।

सद्दाणणाणचरणं कुव्वंतो तच्चणिच्छयो भणियो ।
णिच्छयचारी चेदा परदव्वं णहु भणइ मज्झं ॥३८१॥
णिच्छयदो खलु मोक्खो बंधो ववहारचारिणो जह्मा ।
तम्हा णिव्वुदिकामो ववहारं चयउ तिविहेण ॥३८२॥

उक्तं च—

एवं मिच्छाइट्ठी णाणी णिस्संसयं हवदि पत्तो ।
जो ववहारेण मम दव्वं जाणंतो अप्पयं कुणदि ॥

सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रका पालन करनेवालेके ही तत्त्वका निश्चय कहा है। तत्त्वका निश्चय करनेवाला आत्मा परद्रव्यको अपना नही कहता है ॥३८१॥

विशेषार्थ—परद्रव्यमें ममत्वभाव ही ससारका कारण है। यह ममत्वभाव अज्ञानीके ही होता है। और अज्ञानी वही है जिसे वस्तुतत्त्वका यथार्थबोध नही है। यह बोध केवल शास्त्रमूलक ही नही होता। शास्त्रोंको पढ़ने के पश्चात् भी मनुष्य परद्रव्योंसे ममत्वभाव रखता है। यह तो आन्तरिक प्रतीति होने पर जब जीव अपने सम्यग्दर्शनादिकी ओर बढता है तभी धीरे-धीरे ज्यो-ज्यो तत्त्वकी प्रतीति होती जाती है त्यो-त्योम मत्व-भाव भी हटता जाता है। अत. परद्रव्यमें ममत्वभावको हटानेके लिए निश्चय दृष्टिको अपनानेकी आवश्यकता है।

निश्चयदृष्टिसे ही मोक्षकी प्राप्ति होती है और व्यवहारका अनुसरण करनेवालेके बन्ध होता है। इसलिए मोक्षके अभिलाषीको मन, वचन, कायसे व्यवहारको छोडना चाहिए ॥३८२॥

कहा भी है—इस प्रकार मिथ्यादृष्टि अज्ञानी जीव संसारका पात्र होता है इसमे रचमात्र भी सन्देह नहीं है, वह व्यवहारसे द्रव्य मेरा है ऐसा जानता हुआ उसे अपना मान लेता है।

विशेषार्थ—निश्चय और व्यवहार दोनो ही यद्यपि नयपक्ष है तथापि दोनोमें बहुत अन्तर है। निश्चयनय शुद्धद्रव्यका कथन करता है और व्यवहारनय अशुद्धद्रव्यका कथन करता है। चूँकि दोनो ही रूपसे द्रव्यकी प्रतीति होती है इसलिए दोनो ही नयोका अस्तित्व है। किन्तु मोक्षमार्गमें निश्चयनय साधकतम है क्योकि हम शुद्ध होना चाहते है और शुद्धताका भान निश्चय नयसे ही सम्भव है क्योकि वही शुद्धद्रव्यका निरूपक है। व्यवहारनय तो अशुद्धद्रव्यका ही प्ररूपक है। अत उसको अशुद्धनय कहते है। उदाहरणके लिए व्यवहारनय कहता है कि आत्मा द्रव्य कर्मोका कर्ता और भोक्ता है। निश्चयनय कहता है कि आत्मा अपने रागादि भावोका कर्ता और भोक्ता है। इन दोनो नयोमें से निश्चयनय ही उपादेय है क्योकि जब जीव यह जानता है कि आत्मा अपने रागादि भावोका ही कर्ता है और द्रव्यकर्म ही बन्धका कारण नही है तब राग-द्वेष रूपी विकल्प जालके त्याग द्वारा रागादिका विनाश करनेके लिए अपनी शुद्ध आत्माकी भावना भाता है उससे रागादिका विनाश होता है। रागादिका विनाश होनेपर आत्मा शुद्ध होता है। अत शुद्धात्माका साधक होनेसे निश्चयनय ही उपादेय है। जो शुद्धद्रव्यका कथन करनेवाले निश्चयनयकी अपेक्षा न करके अशुद्धद्रव्यका कथन करनेवाले व्यवहारनयके मोहमें पड जाता है वह शरीर वगैरहमें 'यह मेरा है' इस ममत्वभावको नही छोड़ता। और इसलिए शुद्धात्मपरिणतिरूप साधुमार्गको दूर ही से नमस्कार करके अशुद्धात्मपरिणतिरूप उन्मार्गको ही अपनाता है। अत. अशुद्धनयसे अशुद्धआत्माका लाभ होता है। किन्तु जो अशुद्धद्रव्यका कथन करनेवाले व्यवहारनयमें मध्यस्थ रहकर शुद्धद्रव्यका कथन करनेवाले निश्चयनयके

---

१. 'एवं ववहारणओ पडिसिद्धो जाण णिच्छयणएण । णिच्छयणयासिदा पुण मुणिणो पावंति णिव्वाणं' ॥२७२॥ —समयसार। 'आत्माश्रितो निश्चयनय पराश्रितो व्यवहारनय । तत्रैव निश्चयनयेन पराश्रित समस्तमध्यवसानं बन्धहेतुत्वेन मुमुक्षो प्रतिषेधयता व्यवहारनय एव किल प्रतिषिद्ध । तस्यापि पराश्रितत्वाविशेषात् । प्रतिषेध्य एव चायं आत्माश्रितनिश्चयनयाश्रितानामेव मुच्यमानत्वात्, पराश्रितव्यवहारनयस्यैकान्तेनामुच्यमानेनाभव्येनाप्याश्रीयमाणत्वाच्च' ॥—अमृतचन्द्रटीका।

दृष्टान्तद्वारेण व्यवहारस्य निश्चय-लेपे दर्शयति[1]

जइवि चउट्ठयलाहो सिद्धाणं सण्णिहो हवे अरिहो ।
सो विय जह संसारी णिच्छयलेवो तहेव ववहारो ॥३८३॥

निश्चयाराधकस्य फलं सामग्रीं चाह—

मोत्तूणं बहि विसयं विसयं आदा वि वट्टदे काउं ।
तइया संवर णिज्जर मोक्खो वि य होइ साहुस्स ॥३८४॥
रुद्धक्ख जिदकसायो मुक्कवियप्पो सहावमासेज्ज ।
ज्झायउ जोई एवं णियतच्चं देहपरिचत्तं ॥३८५॥

द्वारा मोहको दूर करके 'न मैं किसीका हूँ और न कोई मेरा है' इस प्रकार परके साथ अपने स्वामित्व सम्बन्धको भी त्यागकर 'मैं शुद्ध ज्ञान स्वरूप हूँ' इस प्रकार आत्माको ही आत्मरूपसे ग्रहण करके आत्म-ध्यानमें लीन होता है वही शुद्ध आत्माको प्राप्त करता है। इससे निश्चित होता है कि शुद्धनयसे ही शुद्धात्मा की प्राप्ति होती है (प्रवचनसार गाथा २।९७-९९)।

आगे दृष्टान्तके द्वारा व्यवहारको निश्चयका लेप बतलाते हैं—

यद्यपि अनन्तचतुष्टयसे युक्त अर्हन्त सिद्धोके समान है फिर भी वे संसारी कहे जाते है उसी तरह व्यवहार निश्चयका लेप है ॥३८३॥

विशेषार्थ—व्यवहारको निश्चयका लेप कहा है। लेपसे वह वस्तु छिप जाती है जिसपर लेप किया जाता है। उसी तरह व्यवहार निश्चयको ढाँक देता है। जैसे अर्हन्त भी सिद्धोके समान है, अनन्तचतुष्टयसे युक्त है फिर भी वे संसारी कहे जाते है क्योकि अभी वे संसारदशारूप व्यवहारसे सर्वथा मुक्त नही हुए है। उनकी निश्चयदशापर व्यवहारका लेप अभी वर्तमान है। आत्माके परमार्थस्वरूप पर जो यह व्यवहारका लेप चढा है कि अमुकजीवके इतनी इन्द्रियाँ है, इतने शरीर हैं, अमुक गति है, अमुक वेद है, कषाय है यह सब उसपर लेप ही तो है। यह लेप दूर हो जाये तो आत्मा तो आत्मा ही है। चावलके ऊपर जो तुष रहता है वह चावलको ढाँके रहता है। उसके दूर हुए विना चावलके दर्शन नही होते। जो मूढ तुषको ही चावल समझ लेता है और उसे कूटता-पीटता है उसे चावलकी प्राप्ति नही होती। इसी तरह जो व्यवहारको ही परमार्थ मानकर उसीमें रमे रहते है उन्हें परमार्थकी प्राप्ति नही होती।

आगे निश्चयकी आराधनाका फल और सामग्री कहते है—

जब साधु बाह्य विषयको छोड़कर और आत्माको ही विषय बनाकर वर्तता है तब उसके सवर, निर्जरा और मोक्ष होता है ॥३८४॥ इन्द्रियोंका निरोध करके, कषायोको जीतकर, विकल्पको छोड़कर तथा स्वभावको प्राप्त करके योगीको देहसे भिन्न आत्मतत्त्वका ध्यान करना चाहिए ॥३८५॥

विशेषार्थ—निश्चयनयके द्वारा जाने गये शुद्धआत्मतत्त्वका ध्यान करनेसे नवीन कर्मोका आस्रव रुकता है, पूर्वबद्ध कर्मोकी निर्जरा होती है और इस तरह मोक्षकी प्राप्ति होती है। यह निश्चयकी आराधनाका फल है। किन्तु निश्चयकी आराधनाके लिए इन्द्रियोको वशमें रखना कषायोको जीतना और संकल्प-विकल्पोको छोड़ना जरूरी है। इनके विना आत्मध्यान होना सभव नही है। अत. मुमुक्षु भव्यजीव सम्य-ग्दृष्टि होकर शुद्धात्माकी प्राप्तिके लिए पहले उसे जानता है पश्चात् व्रत-नियमादिके द्वारा आत्मप्राप्तिमें बाधक विषम कषायसे बचनेके लिए प्रयत्न करता है। अत. आत्मार्थी भव्य जीवको आत्मध्यानमें तत्पर

---

१ दृष्टान्तद्वारेण निश्चनयस्य व्यवहारलोपं दर्शयति व्यवहाररत्नत्रयस्य सम्यग्रूप मिथ्यारूपं च दर्शयति— अ० क० स० ता०।—व्यवहारस्य निश्चयलोप—मु०। दृष्टान्तद्वारेण निश्चयस्य व्यवहारलोपं दर्शयति आ०। २ संसारी तह मिच्छा भणिम ववहारो अ० क० स० ता० मु०।

आदा तणुप्पमाणो णाणं खलु होइ तप्पमाणं तु ।
तं संचेयणरूवं तेण हु अणुहवइ तत्थेव ॥३८६॥
पस्सदि तेण सरूवं जाणइ तेणेव अप्पसब्भावं ।
अणुहवइ तेण रूवं अप्पा णाणप्पमाणादो ॥३८७॥
[1]अप्पा णाणपमाणं णाणं खलु होइ जीवपरिमाणं ।
णवि णूणं णवि अहियं जह दीवो तेण परिमाणो ॥३८८॥

होनेके लिए न तो इष्ट विषयोमें राग करना चाहिए और न अनिष्ट विषयोंसे द्वेष करना चाहिए । राग-द्वेषका त्याग किये बिना चित्त स्थिर नही हो सकता । इसीसे ध्यानके लिए व्रत, समिति, गुप्ति आदि भी अपेक्षित है ।

ज्ञानकी स्थिरताका ही नाम ध्यान है अतः ज्ञानका कथन करते है—

आत्मा शरीरके बराबर है और ज्ञान आत्माके बराबर है । वह ज्ञान संचेतनरूप है अतः उसीमें उसका अनुभव करना चाहिए ॥३८६॥ ज्ञानके द्वारा ही यह जीव अपने स्वरूपको देखता है । ज्ञानके द्वारा ही आत्माके स्वभावको जानता है ज्ञानके द्वारा आत्मस्वरूपका अनुभव करता है क्योंकि आत्मा ज्ञानप्रमाण है ॥३८७॥

विशेषार्थ—जिस जीवका जितना बडा शरीर होता है उतना ही आकार उसको आत्माका होता है । जैसे दीपकका प्रकाश स्थानके अनुसार फैलता और सकुचता है वैसे आत्माके प्रदेश भी शरीरके अनुसार संकोच-विकासशील होते हैं । आत्मा न तो शरीरसे बाहर है और न शरीरका कोई भाग ऐसा है जिसमें आत्मा न हो । आत्मा सर्वशरीर व्यापी है । आत्मामें अनन्तगुण है उनमेंसे एक ज्ञानगुण ही ऐसा है जिसके द्वारा सबकी जानकारी होती है । ज्ञान स्वयं अपनेको भी जानता है और दूसरोको भी जानता है । स्व और परको जाननेवाला एकमात्र ज्ञान ही है । यह ज्ञान आत्माका स्वाभाविक गुण है । और दीपककी तरह सदा प्रकाशमय है । संसार अवस्थामें आवृत होनेसे वह ज्ञान मन्द हो जाता है अतः इन्द्रियोकी सहायतासे ज्ञान होता है किन्तु इससे यह मतलब नही निकालना चाहिए कि इन्द्रियोके बिना ज्ञान नही होता । इन्द्रियोकी सहायतासे होनेवाला ज्ञान पराधीन होता है और इन्द्रियोकी सहायताके बिना स्वाधीन ज्ञान होता है । इस ज्ञान गुणके द्वारा ही जीव अपने स्वरूपको जानता है और उसीके द्वारा आत्मानुभव करता है । आत्मानुभवके पश्चात् शुद्धात्माकी प्राप्तिके लिए जो प्रत्याख्यानादि करता है वह भी ज्ञानरूप ही है क्योकि आत्मा ज्ञान-स्वभाव है ज्ञानके द्वारा परद्रव्यको पर जानकर उसको ग्रहण न करना यही तो त्याग है इस तरह ज्ञानमें त्यागरूप अवस्थाका ही नाम प्रत्याख्यान है । जैसे कोई मनुष्य धोबीके घरसे दूसरेका वस्त्र लाकर और उसे भ्रमसे अपना मानकर ओढकर सो गया । जिसका वस्त्र था उसने उसे पहचानकर जगाया और कहा, यह तो मेरा वस्त्र है । तब वह उस वस्त्रको चिह्नोसे पराया जान तत्काल त्याग देता है । उसी तरह यह आत्मा भ्रमसे परद्रव्यको अपना मानकर बेखबर सोता है । जब उसे सत्गुरु सावधान करते है कि तू तो ज्ञानमात्र है अन्य सब परद्रव्यके भाव हैं । इस तरह भेदज्ञान कराते है तब वह बारम्बार शास्त्र श्रवणके द्वारा उस बातको जानकर समस्त अपने और परके चिह्नोसे अच्छी तरह परीक्षा करके निश्चय करता है—मैं एक ज्ञानमात्र हूँ अन्य सब परभाव है इस तरह यथार्थज्ञानी होकर सब परभावोको तत्काल छोड देता है और आत्मस्वभावमे लीन होनेका प्रयत्न करता है । अतः ज्ञानकी भावना करना चाहिए ।

आत्मा ज्ञान प्रमाण है और ज्ञान आत्मा प्रमाण है न कम है और न ज्यादा है । जैसे दीपक है उसी तरह आत्माका परिमाण है ॥३८८॥

---

१. णाणप्पमाणमादा ण हवदि जस्सेह तस्स सो आदा । हीणो वा अहियो वा णाणादो हवदि धुवमेव ॥ हीणो जदि सो आदा तण्णाणमचेदणं ण जाणादि । अहियो वा णाणादो णाणेण विणा कहं णादि—प्रवचनसार १।२४-२६ ।

णिज्जियसासो णिपफंदलोयणो मुक्कसयलवावारो ।
जो एहावत्थगओ सो जोई णत्थि संदेहो ॥३८९॥

ध्यातुरात्मनोऽन्तः सामग्रीं प्रत्यक्षतास्वरूपं तस्यैव ग्रहणोपायं चाह—

संवेयणेण गहिओ सो इह पच्चक्खरूवदो फुरइ ।
तं सुयणाणाधीणं सुयणाणं लक्खलक्खणदो ॥३९०॥
लक्खमिह भणियमादा ज्झेओ तब्भावसंगदो सोवि ।
चेयण तह उवलद्धी दंसण णाणं च लक्खणं तस्स ॥३९१॥

विशेषार्थ—दीपकके प्रकाशको तरह आत्मा भी संकोच विकासशील है यह ऊपर कहा ही है । चूँकि आत्मा ज्ञानस्वभाव है और स्वभाव स्वभाववान्के विना नही रहता, न स्वभाववान् स्वभावके विना रहता है इसलिए जितना परिमाण आत्माका होता है उतना ही ज्ञानका है और जितना परिमाण ज्ञानका है उतना ही आत्माका है । दोनोमे से कोई एक दूसरेसे छोटा या बडा नही है । यदि ऐसा न माना जाये तो अनेक दोष आते है । यदि ज्ञानको बडा और आत्माको छोटा माना जाये तो आत्मासे बाहर जो ज्ञान होगा वह अचेतन हो जायेगा क्योकि चैतन्य स्वरूप आत्माके साथ उसका तादात्म्य सम्बन्ध नही है । यदि ज्ञानसे आत्माको बडा माना जायेगा तो ज्ञानरहित-आत्मा घट-पटके समान अज्ञानी हो जायेगा । इसलिए आत्माको ज्ञानप्रमाण और ज्ञानको आत्माप्रमाण ही मानना चाहिए । 6/9/94 26-398

आगे योगीका स्वरूप बतलाते है—

जिसका श्वासोच्छ्वास अत्यन्त मन्द हो, नेत्र निश्चल हों, समस्त व्यापार छूट गये हों, जो इस अवस्थामे लीन है वह योगी है इसमें सन्देह नही है ॥३८९॥

विशेषार्थ—यह ध्यानावस्थाका चित्रण है । पर्वत गुफा, नदीका तट, श्मशान भूमि, उजडा हुआ उद्यान, या शून्य मकानमे, जहाँ सर्प, मृग, पशु-पक्षी और मनुष्यो की पहुँच न हो, न अधिक शीत हो, न अधिक गर्मी हो, न अधिक वायु हो, वर्षा और धूप भी न हो, साराश यह कि चित्तको चंचल करनेका कोई बाह्यकारण न हो, ऐसे स्थानपर साफ भूमिपर जिसका स्पर्श अनुकूल हो, कंकड, पत्थर आदि न हो, सुखपूर्वक पालथी लगाकर बैठे । शरीरको सीधा तथा निश्चल रखे । अपनी गोदमे बायी हथेलीके ऊपर दक्षिण हथेलीको रखे । आँखे न एकदम बन्द हो और न एकदम खुली हो, अर्धनिमीलित हो, दाँतपर दाँत स्थिर हो, मुख थोडा जमा हुआ हो, मध्य भाग सीधा हो, कमर झुकी न हो, गर्दनमें गम्भीरता हो, मुखका वर्ण प्रसन्न हो, दृष्टि निमेषरहित स्थिर और सौम्य हो, निद्रा, आलस्य, कामविकार, राग, रति, अरति, हास्य, शोक, द्वेष और ग्लानिका लेश भी न हो, श्वास-उच्छ्वास बहुत मन्द हो, इस प्रकारसे अभ्यस्त योगी नाभिके ऊपर हृदय, मस्तक या किसी अन्य अंगमें मनका नियमन करके प्रशस्त ध्यान करता है । ऐसा ध्यानी पुरुष योगी है इसमें सन्देह नही है ।

आत्माका ध्यान करनेवालेकी आन्तरिक सामग्री, प्रत्यक्षताका स्वरूप तथा उसके ग्रहणका उपाय बतलाते है—

स्वसवेदनके द्वारा गृहीत वह आत्मा ध्यानमें प्रत्यक्षरूपसे झलकता है । वह श्रुतज्ञानके अधीन है और श्रुतज्ञान लक्ष्य और लक्षणसे होता है । यहाँ लक्ष्य आत्मा है, वह आत्मा अपने ज्ञान, दर्शन आदि गुणोके साथ ध्येय—ध्यान करने योग्य है । उस आत्माका लक्षण चेतना या उपलब्धि है वह चेतना दर्शन और ज्ञानरूप है ॥३९०-३९१॥

---

१. सब्भाव—अ० क० ख० ज० मु० ।

लक्खणदो तं गेह्लसु चेदा सो चेव होमि अहमेक्को ।
उदयं उवसम मिस्सं भावं तं कम्मणा जणियं ॥३९२॥

लक्खणदो तं गेह्लसु णादा सो चेव होमि अहमेक्को ।
उदयं उवसम मिस्सं भावं तं कम्मणा जणियं ॥३९३॥

लक्खणदो तं गेह्लसु दट्ठा सो चेव होमि[1] अहमेक्को ।
उदयं उवसम मिस्सं भावं तं कम्मणा जणियं ॥३९४॥
लक्खणदो तं गेह्लसु उवलद्धा चेव होमि अहमेक्को ।
उदयं उवसम मिस्सं भावं तं कम्मणा जणियं ॥३९५॥

विशेषार्थ—श्रुतज्ञानके द्वारा पहले आत्माको जानना चाहिए। शास्त्र स्वाध्याय करनेसे आत्माका ज्ञान हो जाता है। जिसे हम जानना चाहते है वह लक्ष्य होता है और जिस चिह्नादिके द्वारा उस लक्ष्यको पहचाना जाता है उन्हे लक्षण कहते है। जैसे आत्माका लक्षण चैतन्य है और चेतना ज्ञानदर्शनरूप है। अत उसके द्वारा आत्माकी पहचान होती है कि जो जानता-देखता है वह आत्मा है 'मै हूँ' इस प्रकारका जो स्वसवेदन—अपना ज्ञान होता है उसीसे आत्माका ग्रहण होता है। अत. स्वसंवेदनसे आत्माको ग्रहण करके उसीका ध्यान करना चाहिए। ध्यानसे तल्लीनता होनेपर आत्माका आभास होता है। यह प्रारम्भिक आभास ही आगे प्रत्यक्षरूपमें परिणत हो जाता है, जैसे स्वसंवेदन ही केवलज्ञान रूपमें विकसित होता है।

आगे लक्षणसे आत्माको ग्रहण करनेका उपाय बतलाते है—

लक्षणसे उस आत्माको ग्रहण करो कि जो चैतन्यस्वरूप है वही मै हूँ। जो औदयिक, औपशमिक और क्षायोपशमिक भाव है वे सब कर्मजन्य है। लक्षणसे उस आत्माको ग्रहण करो कि जो यह ज्ञाता है वही मै हूँ। औदयिक, औपशमिक और क्षायोपशमिक भाव तो कर्मजन्य है। लक्षणसे उस आत्माको ग्रहण करो कि जो द्रष्टा है वही मै हूँ। औदयिक, औपशमिक और क्षायोपशमिक भाव तो कर्मजन्य हैं। लक्षण से उस आत्माको ग्रहण करो कि जो यह उपलब्धा है वही मे हूँ। औदयिक, औपशमिक और क्षायोपशमिक भाव तो कर्मजन्य हैं ॥३९२–३९५॥

विशेषार्थ—आत्मा का लक्षण तो चेतना, उपलब्धि, ज्ञान दर्शन आदि ही है। ऊपर जो पाँच भाव बतलाये है उनमें से क्षायिक और पारिणामिक भाव ही वस्तुत. जीवके स्वलक्षणरूप है। शेष तीनो भाव तो कर्मजन्य है। औदयिकभाव तो कर्मके उदयसे होता है। अत. वह तो जीवका स्वलक्षण हो ही नही सकता। कर्मके उपशम और क्षयोपशम से होनेवाले भाव भी वस्तुत. कर्मनिमित्तक ही है। दोनोमें कर्मकी सत्ता वर्तमान रहती है तभी वे होते है। ऐसे कर्मनिमित्तक भावोको जीवका स्वलक्षण नही कहा जा सकता। अत. वे शुद्धजीवके लक्षण नही है उन भावोको जीवका मानकर उनका ध्यान करना तो संसारका ही कारण है। अतः शुद्धजीवके लक्षणोके द्वारा ही उसे ग्रहण करना चाहिए। अशुद्धजीवके लक्षणोंके द्वारा तो अशुद्ध जीवका ही ग्रहण हो सकता है और उसका ध्यान तो संसारका ही कारण है।

---

१. 'पण्णाए घित्तव्वो जो चेदा सो अहं तु णिच्छयदो। अवसेसा जे भावा ते मज्झ परेति णायव्वा ॥२९७॥ पण्णाए घितव्वो जो दट्ठा सो अहं तु णिच्छयदो। अवसेसा जे भावा ते मज्झ परेत्ति णादव्वा ॥२९८॥ पण्णाए घितव्वो जो णादा सो अहं तु णिच्छयदो। अवसेसा जे भावा ते मज्झ परेत्ति णादव्वा ॥२९९॥—समयसार।

एवं गृहीतस्यात्मनो[1] ध्येयोत्थभेदभावनां करोति—

अहमेक्को खलु परमो भिण्णो कोहादु जाणगो होमि ।
एवं एकीभूदे परमाणंदो भवे चेदा ॥३९६॥
माणो य माय लोहो सुक्खं दुक्खं च रायमादीणं[2] ।
एवं भावणहेऊ गाहाबंधेण कायव्वं ॥३९७॥

कर्मजस्वाभाविकं भावं भावयति—

वत्थूण अंसगहणं णियत्तविसयं तहेव सावरणं ।
तं इह कम्मे जणियं णहु पुण सो जाणगो भावो ॥३९८॥

उक्तं च—

सो इह भणिय सहाओ जो हु गुणो पारिणामिओ जीवे ।
लद्धी खओवसमदो उवओगो तं पि अत्थगहणेण ॥१॥

इस प्रकार लक्षणके द्वारा ग्रहण की गयी आत्माके ध्येयरूप होनेसे उत्पन्न हुई भेदभावनाको व्यक्त करते हैं—

मै क्रोध आदिसे भिन्न एक परमतत्त्व हूँ, मै केवल ज्ञाता हूँ । इस प्रकारकी एकत्व भावना होने पर आत्मा परमानन्दमय होता है । इसी तरह भावनाके लिए मान, माया, लोभ, सुख-दुःख और रागादिको भी लेकर गाथा-रचना करना चाहिए ॥ ३९६–३९७ ॥

विशेषार्थ—जब लक्षणके द्वारा आत्माको ग्रहण कर लिया तो उसके ध्यानके लिए इस प्रकारकी भेदभावना होती है कि न मै क्रोधरूप हूँ, न मानरूप हूँ, न मायारूप हूँ, न लोभरूप हूँ, न सुख-दु:ख रूप हूँ और न रागादि रूप हूँ ये सब तो पुद्गलके विकार है । जब तक इस प्रकारकी भेद-भावना नही होती तब तक जैसे यह आत्मा आत्मा और ज्ञानमें भेद न मानकर नि शंक होकर ज्ञानमें प्रवृत्ति करता है और जानता-देखता है वैसे ही अज्ञानवश आत्मा और क्रोधादि भावोमें भी भेद न मानकर नि शंक होकर क्रोधादि करता है और ज्ञानादिकी तरह क्रोधादिको भी अपना स्वभाव मानकर राग-द्वेष करता है । इस प्रकार अज्ञानवश क्रोधादिरूप परिणाम करनेसे उन परिणामोको निमित्तमात्र करके स्वयं ही पौद्गलिक कर्म संचित हो जाते है और इस तरह जीव और पुद्गलका परस्पर अवगाहरूप बन्ध होता है । किन्तु जब यह जीव क्रोध और ज्ञानके भेदको समझ लेता है कि ज्ञान आत्माका स्वभाव है क्रोधादि आत्माका स्वभाव नही है । न ज्ञान और क्रोधादिका परिणमन भिन्न-भिन्न है । ज्ञानका परिणमन ज्ञानरूप ही है क्रोधादि रूप नही है, ज्ञानके होनेपर ज्ञान ही हुआ मालूम होता है और क्रोधादिके होनेपर क्रोधादिक हुए ही प्रतीत होते है । दोनोमें एकवस्तुता नही है । इस प्रकार भेदविज्ञान होनेपर आत्माका एकत्वका अज्ञान मिट जाता है और इस तरह अज्ञान-मूलक बन्धका निरोध होनेपर आत्मा परमानन्दकी ओर बढते-बढ़ते परमानन्दमय हो जाता है ।

कर्मजन्य (?) स्वाभाविक भावको कहते हैं—

वस्तुके अंशका जो ग्रहण (ज्ञान) नियत विषयको लिये हुए आवरण सहित होता है वह (ज्ञान) कर्मजन्य है, वह ज्ञायक भाव नही है ॥३९८॥

कहा भी है—

जीवमें जो पारिणामिक (स्वभावसिद्ध) गुण होता है उसे यहाँ स्वभाव कहा है । लब्धि तो क्षयोपशमरूप है और अर्थके ग्रहणका नाम उपयोग है ।

---

१. नो व्याप्त्या भे—अ० क० ख० ज० मु० । २. रायमादीया—अ० क० ख० ज० मु० ।

ध्यानप्रत्ययेषु सुखप्रत्ययस्य स्वरूपमाह—

लक्खणदो णियलक्खं ज्झायंतो ज्झाणपच्चयं लहइ ।
सोक्खं णाणविसेसं लद्धीरिद्धीण परिमाणं ॥३९९॥
इंदियमणस्स पसमज आदुत्थं तहय सोक्ख चउभेयं ।
लक्खणदो णियलक्खं अणुहवणे होइ आदुत्थं ॥४००॥

विशेषार्थ—ज्ञान आत्माका स्वाभाविक गुण है। किन्तु स्वाभाविक गुण होनेपर भी संसार अवस्थामें अनादिकालसे वह गुण आवरणसे वेष्टित है, ढका हुआ है। ज्ञानको ढाँकनेवाले ज्ञानावरण कर्म और वीर्यान्तराय कर्मका क्षयोपशम होनेपर ही वह ज्ञानगुण संसारी जीवोके यथायोग्य प्रकट होता है। और उक्त कर्मोंका सर्वथा क्षय हो जानेपर पूर्णरूपसे प्रकट होता है। इसीसे स्वाभाविक होते हुए भी ज्ञानको क्षायोपशमिक और क्षायिक भावमें गिनाया है, पारिणामिक भावमें नही गिनाया। वस्तुके एक अंशके ग्रहणको नय कहते है अतः नय भी क्षायोपशमिक ज्ञानरूप ही है। यह अवस्था कर्मजन्य है। इसलिए इसे ज्ञायकभाव नही कह सकते। ज्ञायकभाव तो शुद्ध होता है जैसा कि समयसार गाथा ७ में कहा है कि परमार्थ से देखा जाय तो जो एक द्रव्यके द्वारा पिये गये अनन्त पर्यायरूप एक वस्तुका अनुभव करनेवाले ज्ञानी जनोकी दृष्टिमे दर्शन भी नही, ज्ञान भी नही, चारित्र भी नही केवल एक शुद्धज्ञायकभाव ही है वह शुद्ध चैतन्य स्वरूप है उसीका अवलम्बन मोक्षका मार्ग है। ऊपर जो कर्मजन्य लब्धि और उपयोगको भी स्वभाव कहा है वह व्यावहारिक दृष्टिसे कहा है।

आगे ध्यान प्रत्ययोमें सुख प्रत्ययका स्वरूप कहते है—

लक्षणके द्वारा निजलक्ष्यका ध्यान करनेवाला ध्यान प्रत्ययको प्राप्त करता है। सुख ज्ञान-विशेष है..... ॥३९९॥

विशेषार्थ—आत्माका लक्षण पहले कह आये है उस लक्षणके द्वारा लक्ष्य आत्माको पहचानकर उसीमें मनको एकाग्र करनेसे ध्यान होता है। उस ध्यानसे पारमार्थिक सुख प्राप्त होता है। सुख ज्ञान विशेष ही है। 'मैं सुखी' इस प्रकारकी अनुभूतिके बिना सुखानुभूति नही होती।

सुखके भेद—

सुखके चार भेद हैं—इन्द्रियजन्य, मानसिक, प्रशमजन्य और आत्मसे उत्पन्न सुख। लक्षणके द्वारा निजलक्ष्यका अनुभव करनेपर आत्मिक सुख होता है ॥४००॥

विशेषार्थ—मनकी रतिसे जो आनन्दकी अनुभूति होती है उसे सुख कहते है। इस सुखके चार प्रकार है। इन्द्रियोके इष्ट विषयोमें प्रवृत्त होनेपर जो आनन्द होता है वह इन्द्रियजन्य सुख है। मनकी किसी अभिलाषाकी पूर्ति होनेपर जो मानसिक आनन्द होता है वह मानसिक सुख है। रागादिकी निवृत्ति होनेपर जो आनन्द होता है वह प्रशमज सुख है और बाह्य विषयोसे निरपेक्ष स्वात्मसंवेदनसे जो आनन्द होता है वह आत्मिक सुख है। आत्मिक सुखकी प्राप्ति आत्माको जानकर उसका अनुभवन करनेपर ही होती है। इनमेंसे आत्मोत्थ सुख ही उपादेय है क्योकि वह सुख स्वाधीन है, अविनाशी है, उसका कोई प्रतिपक्षी नही है, उसमें हानि, वृद्धि नही होती। किन्तु इन्द्रियोके द्वारा उत्पन्न सुख पराधीन होनेसे कभी होता है और कभी नही होता, उसका प्रतिपक्षी दुःख होता है, सदा घटता-बढता है अतः वह हेय है, क्योंकि जो सुख पराधीन है, खाने-पीने और मैथुन आदिकी तृष्णासे युक्त होनेसे आकुलतामय है, जिसके भोगनेसे नवीन कर्मका बन्ध होता है, जिसके साथ दुःख भी मिला रहता है ऐसा सुख वस्तुतः सुख नही है किन्तु दुःख ही है।

दृष्टान्तद्वारेण पारिणामिकस्वभावस्यात्मबुद्धेर्निश्चयदर्शनमाह—

सम्मगु पेच्छइ जह्मा वत्थुसहावं च जेण सद्दिट्ठी ।
तह्मा तं णियरूवं मज्झत्थ णियउ जेण सद्दिट्ठी ॥४०१॥

स्वस्थतयात्मनः स्वलाभं स्वचरणोपायं चाह—

जीवो ससहावमओ कहं वि सो चेव जादपरसमओ ।
जुत्तो जइ ससहावे तो परभावं खु मुंचेदि ॥४०२॥

उक्तं च—

जीवो सहावणियदो अणियदगुणपज्जओथ परसमओ ।
जइ कुणई सगंसमयं पब्भस्सदि कम्मबंधादो ॥—पञ्चास्ति० गा० १५५ ।

दृष्टान्तके द्वारा पारिणामिक स्वरूप आत्मबुद्धिके निश्चयदर्शनको कहते हैं—

यतः सम्यक् दृष्टिवाला मनुष्य वस्तुके स्वरूपको सम्यक् रीतिसे देखता है इसलिए मध्यस्थ होकर उस आत्मस्वरूपका अवलोकन करो जिससे सम्यग्दृष्टि होता है ॥४०१॥

विशेषार्थ—जिसकी दृष्टि सम्यक् होती है वह वस्तुका यथार्थ स्वरूप देखता है इसलिए वस्तुके यथार्थ स्वरूपको देखनेके लिए सम्यग्दृष्टि होना आवश्यक है, उसके विना वस्तुके यथार्थ स्वरूपके दर्शन नही होते । और सम्यग्दृष्टि बननेके लिए आत्मस्वरूपको देखना जरूरी है वह भी मध्यस्थ बनकर—राग-द्वेषको त्यागकर । सम्यग्दर्शनके बिना न तो ज्ञान सम्यग्ज्ञान होता है, और न सम्यक्चारित्र होता है । ज्ञान और चारित्रकी सचाई सम्यग्दर्शनपर ही निर्भर है । और सम्यग्दर्शनपर निर्भर होनेका कारण यह है कि सम्यग्दर्शनकी उपस्थितिमें वस्तुके स्वरूपका यथार्थ प्रतिभास होता है । मिथ्यादर्शनकी उपस्थितिमें जो हेय और उपादेयमें विपरीत बुद्धि रहती है—जो हेय है उसे उपादेय मानता है और जो उपादेय है उसे हेय मानता है, वह दूर हो जाती है । उसके दूर होनेपर हेयमें हेय बुद्धि और उपादेयमे उपादेय बुद्धि होती है तभी ज्ञान और आचरण ठीक दिशामें होनेसे सम्यक् कहे जाते है । यह तभी सम्भव है जब आत्मा और अनात्माका भेदज्ञान होकर आत्मस्वरूपकी यथार्थ प्रतीति होती है उसीका नाम सम्यग्दर्शन है ।

आगे स्वस्थ होनेसे ही आत्मा आत्मलाभ करता है, यह दर्शाते हुए आत्मामें आचरण करनेका उपाय बतलाते हैं—

जीव अपने स्वभावमय है, वही किसी प्रकार परसमयरूप हो गया है । यदि वह अपने स्वभावमे युक्त हो जाये—लीन हो जाये तो परभावको छोड़ देता है—परभावसे छूट जाता है ॥४०२॥

कहा भी है—

जीव स्वभावनियत होनेपर भी यदि अनियत गुणपर्यायवाला है तो पर समय है । यदि वह स्वसमय को करता है तो कर्मबन्धसे छूट जाता है ।

विशेषार्थ—संसारी जीवोमे दो प्रकारका चारित्र पाया जाता है, एक का नाम स्वचारित्र है और दूसरेका नाम परचारित्र है । स्वचारित्रको स्वसमय और परचारित्रको परसमय भी कहते हैं । समय नाम जीव पदार्थका है । वह जीवपदार्थ उत्पाद व्ययध्रौव्यमयी सत्तास्वरूप है, दर्शनज्ञानमय चेतनास्वरूप है, गुण-पर्याययुक्त है । यद्यपि वह अन्य द्रव्योके साथ एकक्षेत्रावगाहरूपसे स्थित है किन्तु अपने असाधारण गुण चैतन्यस्वरूपको नही छोड़ता । जब वह अपने स्वभावमें स्थित होता है तो उसे स्वसमय कहते है और जब वह पौद्गलिक कर्म प्रदेशोमें स्थित हुआ राग-द्वेष मोहरूप परिणमन करता है तब वह परसमय है । इसका

---

१. मज्झत्थं तेण मुणउ सद्दिट्ठी मु० । मज्झत्थं मुणउ जेण सद्दिट्ठी ख० । ज० प्रतौ गाथा नास्ति ।

सुहअसुहभावरहिओ सहावसंवेयणेण वट्टंतो ।
सो णियचरियं चरदि हु पुणो पुणो तत्थ विहरंतो ॥४०३॥

सरागवीतरागयोः कथंचिदविनाभावित्वं च वदति—

जं विय सरायकाले[1] भेदुवयारेण भिण्णचारित्तं ।
तं चेव वीयराये विवरीयं होइ कायव्वं ॥४०४॥

उक्तं च आगमे—

चरियं चरदि सगं सो जो परदव्वप्पभावरहिदप्पा ।
दंसणणाणवियप्पो अवियप्पं चावि[2]अप्पादो ॥—पञ्चास्ति० गा० १५९ ।

स्पष्टीकरण यह है कि यद्यपि प्रत्येक संसारी जीव द्रव्य अपेक्षासे ज्ञानदर्शनमें अवस्थित होनेके कारण स्वभावमें स्थित है तथापि जब अनादि मोहनीय कर्मके उदयका अनुसरण करके अशुद्ध उपयोगवाला होता है तब वह परसमय या परचरित्र होता है । वही जीव जब अनादि मोहनीय कर्मके उदयका अनुसरण करनेवाली परिणति को छोडकर अत्यन्त शुद्ध उपयोगवाला होता है तब वह स्वसमय या स्वचरित्र होता है । साराश यह है कि स्वद्रव्यमें शुद्धोपयोगरूप परिणतिका नाम स्वचरित्र है और जो मोहनीय कर्मके उदयका अनुसरण करनेवाली परिणतिके वश रंजित उपयोग वाला होकर परद्रव्यमें शुभ अथवा अशुभ भाव करता है वह स्वचारित्रसे भ्रष्ट हुआ परचारित्रका आचरण करनेवाला कहा जाता है । स्वसमयके ग्रहण और परसमयके त्यागसे ही कर्मोंका क्षय होता है । अत. परसमयको त्यागकर स्वसमयमे लीन होना ही मोक्षका उपाय है । ज्यो-ज्यो जीव आत्म-स्वभावमें स्थिर होता जाता है त्यो-त्यो उसकी परसमयपरकप्रवृत्ति छूटती जाती है और ज्यो-ज्यो परसमय-परकवृत्ति छूटती जाती है त्यो-त्यो आत्मस्वभावमें लीनता होती जाती है ।

पुनः उसी बातको कहते हैं—

जो शुभ और अशुभ भावसे रहित होकर स्वभावका अनुभवन कर रहा है वह बार-बार उसीमें विहार करता हुआ स्वचरितका ही आचरण करता है ॥४०३॥

आगे सरागचारित्र और वीतरागचारित्रमें कथंचित् अविनाभाव बतलाते हैं—

सराग अवस्थामें भेदके उपचारसे जो भेदरूप चारित्र होता है, वही चारित्र वीतराग अवस्थामें विपरीत (अभेदरूप) करणीय होता है ॥४०४॥

आगममें कहा है—

परद्रव्यात्मक भावोसे रहित स्वरूपवाला जो आत्मा दर्शनज्ञानरूप भेदको आत्मासे अभेदरूप आचरता है वह स्वचारित्रको आचरता है ।

विशेषार्थ—वीतरागता ही मोक्षमार्ग है किन्तु वह वीतरागता साध्य-साधक रूपसे परस्पर सापेक्ष निश्चय और व्यवहारसे ही मुक्तिका कारण होती है । जो लोग विशुद्धदर्शन ज्ञान स्वभाव शुद्ध आत्मतत्त्वके सम्यक् श्रद्धान, ज्ञान और अनुष्ठानरूप निश्चयमोक्षमार्गकी अपेक्षा न करके केवल शुभानुष्ठानरूप व्यवहार मोक्षमार्गको ही मानते हैं वे देवलोक प्राप्त करके ससारमें ही भटकते है । किन्तु जो शुद्धात्मा-

---

१. सरायचरणे—अ० क० ख० मु० । २ वा वियप्पादो—अ० क० ख० मु० । 'दसंणणाणवियप्पं अवि-यप्पं चरदि अप्पादो'—पञ्चास्ति० गा० १५९ ।

नुभूतिरूप निश्चय मोक्षमार्गको तो मानते हैं परन्तु निश्चयमोक्षमार्गके अनुष्ठानकी शक्ति न होनेसे निश्चयका साधक शुभाचरण करते हैं वे सरागसम्यग्दृष्टि होते हैं वे परम्परासे मोक्षप्राप्त करते है। तथा जो शुद्धात्माके अनुष्ठानरूप मोक्षमार्गको और उसके साधक व्यवहारमोक्षमार्ग मानते है किन्तु चारित्रमोहके उदयसे शक्ति न होनेसे शुभ और अशुभ आचरण नही करते। वे यद्यपि शुद्धात्म भावना सापेक्ष शुभाचरण करनेवाले पुरुषोके समान तो नही होते तथापि सरागसम्यक्त्वसे युक्त व्यवहार सम्यग्दृष्टि होते है और परम्परासे मोक्षको प्राप्त करते हैं। इस तरह सराग अवस्थामें अनादिकालसे भेदवासित बुद्धि होनेके कारण प्राथमिक जीव व्यवहारनयसे भिन्न साध्यसाधनभाव का अवलम्बन लेकर सुखपूर्वक मोक्ष-मार्गका साधन करते हैं। अर्थात् यह श्रद्धा करने योग्य है, और यह श्रद्धा करने योग्य नही है, यह श्रद्धा करनेवाला है और यह श्रद्धान है, यह जानने योग्य है और यह जानने योग्य नही है, यह ज्ञाता है और यह ज्ञान है, यह आचरण करने योग्य है, यह करने योग्य नही है, यह आचरण करनेवाला है और यह आचरण है इस प्रकार कर्तव्य, अकर्तव्य, कर्ता और कर्मका भेद करके सराग सम्यग्दृष्टि धीरे-धीरे मोहको नष्ट करनेका प्रयत्न करते है। कदाचित् अज्ञानवश या कषायवश शिथिलता आनेपर दोषानुसार प्रायश्चित्त लेते है और इस तरह भिन्न विषयवाले श्रद्धान ज्ञानचारित्रके द्वारा भिन्न साध्यसाधनभाववाले अपने आत्मामें संस्कार आरोपित करके कुछ-कुछ विशुद्धि प्राप्त करते है। जैसे धोबी साबुन लगाकर, पत्थरपर पछाडकर और निर्मल जलमें धोकर मलिन वस्त्रको उजला करता है उसी प्रकार सरागसम्यग्दृष्टि भेदरत्नत्रयके द्वारा अपने आत्मामें संस्कारका आरोपण करके थोडी-थोडी शुद्धि करता है। आशय यह है कि वीतराग सर्वज्ञके द्वारा कहे गये जीवादि पदार्थके विषयमें सम्यक् श्रद्धान और ज्ञान ये दोनो तो गृहस्थो और साधुओमें समान होते है। साधु आचार शास्त्रमें विहित मार्गके द्वारा प्रमत्त और अप्रमत्त गुणस्थानके योग्य पंचमहाव्रत, पाँच समिति, तीन गुप्ति, छह आवश्यक आदिरूप चारित्रका पालन करता है और गृहस्थ उपासकाध्ययनमे विहित मार्गके द्वारा पंचम गुणस्थानके योग्य दान, शील, पूजा, उपवास आदि रूप तथा दार्शनिक, व्रतिक आदि ग्यारह प्रतिमारूप चारित्रका पालन करता है यह व्यवहार मोक्षमार्ग है। व्यवहार मोक्षमार्ग भिन्न साध्य-साधनरूप है और स्वपर प्रत्यय पर्यायके आश्रित है अर्थात् व्यवहार श्रद्धान ज्ञान चारित्रके विषय आत्मासे भिन्न होते है क्योकि व्यवहार श्रद्धानका विषय नव पदार्थ है, व्यवहार ज्ञानका विषय अंगपूर्व है और व्यवहार चारित्रका विषय मुनि और गृहस्थका आचार है। यहाँ साध्य तो पूर्ण शुद्धतारूपसे परिणत आत्मा है और उसका साधन व्यवहारनयसे उक्त भेदरत्नत्रयरूप परावलम्बी विकल्प है। इस प्रकार व्यवहारनयसे साध्य-साधन भिन्न कहे है। इसीसे उसे स्वपर प्रत्यय पर्यायाश्रित कहा है। क्योकि द्रव्यार्थिकनयके विषयभूत शुद्ध आत्मस्वरूपके आशिक अव-लम्बन के साथ तत्त्वार्थश्रद्धान, तत्त्वार्थज्ञान और पंचमहाव्रतादि रूपचारित्र होता है अत. यह सब स्वपर हेतुक है। किन्तु जैसे घी स्वभावसे शीतल होता है किन्तु अग्निके सयोगसे जलाता भी है। वैसे ही शुद्ध आत्माके आश्रित सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र मोक्षके कारण है किन्तु पराश्रित होनेपर वे बन्ध के कारण भी होते है। यदि ज्ञानी भी किंचित् अज्ञानवश यह मानता है कि भगवान् अर्हन्तकी भक्तिसे मोक्ष होता है तो उसे भी रागका लेश होनेसे आगममें परसमयरत कहा है। फिर जो निरकुश रागमें फँसे है उनका तो कहना ही क्या है। अत. सर्वप्रथम विषयानुराग छोड़कर उसके पश्चात् गुणस्थानोकी सीढ़ियोपर चढते हुए रागादि से रहित निज शुद्ध आत्मामें स्थिर होकर अर्हन्त आदिके विषयमें भी रागका त्याग विधेय है। राग ही सब अनर्थोंका मूल है। अस्तु, इस तरह यह स्वपरहेतुक पर्यायके आश्रित भिन्न साध्यसाधन भाववाले व्यवहारनयकी अपेक्षासे पालन किया जानेवाला मोक्षमार्ग एकाग्रमनवाले जीवको ऊपर-ऊपरकी शुद्ध भूमिकाओ में अभेदरूप स्थिरता उत्पन्न करता हुआ निश्चय मोक्षमार्गरूप वीतरागचारित्रका साधन होता है। इस प्रकार सरागचारित्र और वीतरागचारित्रमें कथंचित् अविनाभाव है। सरागचारित्रमें सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्रमें और आत्मामें भेदबुद्धि रहती है। धीरे-धीरे यह भेदबुद्धि मिटकर साध्य और साधन दोनो एक हो जाते हैं।

चारित्रफलमुद्दिश्य तस्यैव वृद्धयर्थं भावनां प्राह—

मोक्खं तु परमसोक्खं जीवे चारित्तसंजुदे दिट्ठं ।
वट्टइ तं जइवग्गे अणवरयं भावणालीणे ॥४०५॥
रागादिभावकम्मा मज्झ सहावा ण कम्मजा जह्मा ।
जो संवेयणगाही सोहं णादा हवे आदा ॥४०६॥

विभावस्वभावाभावत्वेन भावनामाह—

परभावादो सुण्णो संपुण्णो जो हु होइ सब्भावो ।
जो संवेयणगाही सोहं णादा हवे आदा ॥४०७॥

सामान्यगुणप्रधानत्वेन भावना—

उक्तं च—

निश्चयो दर्शनं पुसि बोधस्तद्बोध इष्यते ।
स्थितिरत्रैव चारित्रमिति योगशिवाश्रयः ॥
एवमेव हि चैतन्यं शुद्धनिश्चयतोऽथवा ।
कोऽवकाशो विकल्पाना तत्राखण्डैकवस्तुनि ॥—एकत्व सप्तति १४-१५
जडसब्भावं णहु मे जह्मा तं भणिय जाण जडदव्वे ।
जो संवेयणगाही सोहं णादा हवे आदा ॥४०८॥

आगे चारित्रका फल बतलाकर उसीकी वृद्धिके लिए भावना कहते हैं—

चारित्रसे युक्त जीवमे परम सौख्यरूप मोक्ष पाया जाता है और वह चारित्र निरन्तर भावनामें लीन मुनि समुदायमे पाया जाता है ॥४०५॥ रागादि भावकर्म मेरे स्वभाव नही है क्योंकि वे तो कर्मजन्य है । मै तो ज्ञाता आत्मा हूँ जो स्वसंवेदनके द्वारा जाना जाता है अर्थात् इस प्रकार भावना निरन्तर भानेवाले मुनियोमे ही चारित्र पाया जाता है ॥४०६॥

आगे विभावरूप स्वभावके अभावकी भावना कहते है—

जो परभावसे सर्वथा रहित सम्पूर्ण स्वभाववाला है वही मै ज्ञाता आत्मा हूँ स्वसंवेदनसे जिसका ग्रहण होता है ॥४०७॥

सामान्य गुणकी प्रधानतासे भावना कहते है—

कहा भी है—

आत्माका निश्चय सम्यग्दर्शन है, आत्माका ज्ञान सम्यग्ज्ञान है और आत्मामें स्थिति सम्यक्चारित्र है और तीनोका योग मोक्षका कारण है । अथवा शुद्ध निश्चयनयसे सम्यग्दर्शन आदि तीनो एक चैतन्यस्वरूप ही है । क्योकि एक अखण्ड वस्तुमें विकल्पोंको स्थान नही है ।

मेरा जडस्वभाव नही है क्योकि जड़स्वभाव तो जड़ द्रव्य-अचेतन द्रव्यमें कहा है मैं तो वही ज्ञाता आत्मा हूँ जो स्वसंवेदनके द्वारा ग्रहण किया जाता है ॥४०८॥

विशेषार्थ—चारित्र धारण करनेके पश्चात् उसकी वृद्धिके लिए साधुको उक्त भावना करते रहना चाहिए कि मै ज्ञाता-द्रष्टा हूँ । 'मैं हूँ' इस प्रकारके स्वसंवेदन-स्वको जाननेवाले ज्ञानके द्वारा मेरा ग्रहण होता है । यह विशेषता चेतनद्रव्यके सिवाय अन्य किसीभी अचेतन द्रव्यमे नही है । अचेतन द्रव्य न स्वयं अपनेको जान सकता है और न दूसरोको जान सकता है । अचेतन द्रव्य पौद्गलिक कर्मोके सयोगसे जो रागादि भाव मेरेमें होते है वे भी मेरे नही है वे तो कर्मका निमित्त पाकर होते है । इस प्रकारका चिन्तन करते रहने

विपक्षद्रव्यस्वभावाभावत्वेन भावना—

मज्झ सहावं णाणं दंसण चरणं ण कोवि आवरणम् ।
जो संवेयणगाही सोहं णादा हवे आदा ॥४०९॥

विशेषगुणप्रधानत्वेन भावना—

घाइचउक्कं चत्ता संपत्तं परमभावसब्भावं ।
जो संवेयणगाही सोहं णादा हवे आदा ॥४१०॥

स्वस्वभावप्रधानत्वेन भावना—[1]सामान्यतद्विशेषाणां ध्यानं समर्थितं भवति इत्याह—

सामण्णणाणझाणे विस्सेसं मुणसु झाइयं सव्वं ।
तत्थ ट्ठिया विसेसा इदि तं वयणं मुणेयव्वं ॥४११॥

विशेषाणामुत्पत्तिविनाशयोः सामान्ये दृष्टान्तमाह—

उप्पादो य विणासो गुणाण सहजेयराण सामण्णे ।
जल इव लहरीभूदो[2] णायव्वो सव्वदव्वेसु ॥४१२॥

से परमे आत्मबुद्धि नही होती और आत्मामें ही आत्मबुद्धि होनेसे आत्मतल्लीनता बढती है उसीका नाम वस्तुत· चारित्र है ।

आगे विपक्षी द्रव्यके स्वभावका अभाव रूपसे भावना कहते है—

मेरा स्वभाव ज्ञान, दर्शन, चारित्र है, कोई भी आवरण मेरा स्वभाव नही है । इस प्रकार मै वही ज्ञाता आत्मा हूँ जो स्वसवेदनके द्वारा ग्रहण किया जाता है ॥४०९॥

विशेष गुणोकी प्रधानतासे भावना कहते है—

चार घातिया कर्मोको नष्ट करके परम पारणामिक स्वभावको प्राप्त मै वही ज्ञाता आत्मा हूँ जो स्वसवेदनके द्वारा ग्रहण किया जाता है ॥४१०॥

आगे स्व-स्वभावकी प्रधानतासे भावनाका कथन करते हुए कहते है कि सामान्यके ध्यानमें उसके विशेषोके ध्यानका समर्थन होता है—

सामान्य ज्ञानका ध्यान करने पर समस्त विशेषोंका ध्यान हुआ समझना चाहिए । क्योकि विशेष सामान्यमे ही गर्भित है ऐसा शास्त्रका कथन है ॥४११॥

विशेषार्थ—अपने चैतन्य स्वरूपका ध्यान करनेमें चैतन्यके अन्तर्गत जो ज्ञान, दर्शन, सुख आदि विशेष गुण है उन सभीके ध्यानका समावेश हो जाता है । क्योकि सामान्यमें उसके सभी विशेष आ जाते है ।

आगे सामान्यमें विशेषोकी उत्पत्ति और विनाशके सम्बन्धमें दृष्टान्त देते है—

सामान्य चैतन्य स्वरूपमे स्वाभाविक गुणोका उत्पाद् और वैभाविक गुणोंका विनाश होता है । जैसे जलमे तरंग उठने पर पहलेकी तरंगोका विनाश और नवीन तरगोकी उत्पत्ति होती है । ऐसा सब द्रव्योंमे जानना चाहिए ॥४१२॥

विशेषार्थ —सभी द्रव्योमे प्रतिसमय उत्पाद, व्यय और ध्रुवपना होता है । सत्का स्वरूप ही उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य है । प्रतिक्षण पूर्व पर्यायका विनाश और उत्तर पर्यायकी उत्पत्ति होनेके साथ ही द्रव्यका स्वभाव ध्रुव रहता है । जैसे जलमें तरंगे उठने पर एक लहर जाती है और एक लहर आती है किन्तु जल जल ही रहता है । इसी तरह जीवमें ध्यानादिके द्वारा वैभाविक रागादि भावोका विनाश होता है और स्वाभाविक गुणोंका उत्पाद होता है किन्तु परमपारिणामिकभाव शुद्ध जीवत्व ध्रुव रहता है । उसीका ध्यान करनेसे रागादि विकार नष्ट होते है ।

---

१. सामान्यध्यानविशेषज्ञानं समर्थि—अ० क० स० ज० । २. लहरीभूया णायव्वा आ० ।

सर्वेषामस्यैवोत्कृष्टत्वमस्यैवोपासनया दोषाभावं च दर्शयति—

एदं पिय परमपदं सारपदं सासणे पढिदं ।
एदं विय थिररूवं लाहो[1] अस्सेव णिव्वाणं ॥४१३॥

कथमन्यथोक्तम्—

एदह्मि रदो णिच्चं संतुट्ठो होदि णिच्चमेदेण ।
एदेण होदि तित्तो तो हवदि हु उत्तमं सोक्खं ॥४१४॥
एदेण सयलदोसा जीवे णसंति रायमादीया ।
[2]मोत्तूं विविहविभावं एत्थेवय संठिया सिद्धा ॥४१५॥

परमार्थपरिज्ञानपरिणतिफलमुपदिशति—

णादूण समयसारं [3]तेण पयत्तयंपि ज्झाइदं चेव ।
[4]समरसिभूदो तेण य सिद्धो सिद्धालयं जाइ ॥४१६॥

नयचक्रकर्तृत्वहेतुमाह—

लवणं व [5]इणं भणियं णयचक्कं सयलसत्थसुद्धियरं ।
सम्मा वि य सुअ मिच्छा जीवाणं सुणयमग्गरहियाणं ॥४१७॥

इति निश्चय[6]चारित्राधिकार. ।

सबमे वही उत्कृष्ट है उसीकी उपासनासे दोषोका अभाव होता है यह बतलाते है—

जिन शासनमें उस परमपारिणामिक भावको ही परमपद और सारभूत पद कहा है । वही सदा अविनाशी और स्थायी है उसीकी प्राप्तिको निर्वाण कहते हैं ॥४१३॥

यदि ऐसा न होता तो क्यो ऐसा कहा गया है—

जो इस परमपारिणामिकभावस्वरूप शुद्धचैतन्यस्वरूपमे लीन रहता है वह सदा सन्तुष्ट रहता है, सदा तृप्त रहता है इसीसे उत्तम सुख प्राप्त होता है ॥४१४॥

इसीसे जीवमें समस्त रागादि दोष नष्ट होते है । अनेक प्रकारके विभावोंसे छूटकर सिद्ध जीव इसी अपने परमपारिणामिकस्वरूप शुद्ध चैतन्यमे स्थित हैं ॥४१५॥

आगे परमार्थज्ञानरूप परिणतिका फल कहते है—

समयसारको जानकर (जिसने परमपारिणामिक भाव स्वरूप वीतरागचारित्रको अपनाया उसने) सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रका भी ध्यानकर ही लिया । उसीके साथ एकमेक होकर सिद्धजीव सिद्धालयमे जाते है अर्थात् शुद्ध चैतन्य स्वरूप जीवत्वको प्राप्त होकर मुक्त होते हैं ॥४१६॥

नयचक्रकी रचनाका हेतु कहते है—

जैसे लवण (नमक) सब व्यंजनोको शुद्धकर देता है-सुस्वादु बना देता है वैसे ही समस्त शास्त्रोंकी शुद्धिके कर्ता इस नयचक्रको कहा है । सुनयके ज्ञानसे रहित जीवोके लिए सम्यक् श्रुत भी मिथ्या हो जाता है ॥४१७॥

निश्चयचारित्राधिकार समाप्त हुआ ।

---

१. लाहे ख० । २. मोत्तूण विविहभावं अ० क० ख० मु० । ३. तेणेव य तं पि ज्झाइदुं अ० क० ख० ज० मु० । ४. समरसिभूदा तेण य सिद्धा सिद्धालयं जंति मु० । ५. व सयल भ-अ० । व एस भ-क० ख० । ६. वीतरागचारित्राधिकार. ज० ।

जं सारं सारमज्झे जरमरणहरं णाणदिट्ठोहि दिट्ठं ।
जं तच्चं तच्चभूदं परमसुहमयं सव्वलोयाण मज्झे ॥
जं भावं भावयंता भवभयरहियं जं च पावंति ठाणं ।
तं तच्चं णाणभावं समयगुणजुदं सासयं सव्वकालं ॥४१८॥
जइ इच्छह उत्तरिदुं अण्णाणमहोवहिं सुलीलाए ।
ता णादुं कुणह मइं णयचक्के दुणयतिमिरमत्तण्डे ॥४१९॥
सुणिऊण दोहसत्थं सिग्घं हसिऊण सुहंकरो भणइ ।
एत्थ ण सोहइ अत्थो गाहाबंधेण तं भणह ॥४२०॥
दारियदुण्णयदणुयं परअप्पपरिक्खतिक्खखरधारं ।
सव्वण्हुविहणुचिह्नं सुदंसणं णमह णयचक्कं ॥४२१॥
सुयकेवलीहिं कहियं सुयसमुद्दअमुदमयणाणं[1] ।
बहुभंगभंगुराविय विराइअं णमह णयचक्कं ॥४२२॥

ज्ञानचक्षु महापुरुषोके द्वारा परमार्थके मध्यमें भी जो जरा और मृत्युको दूर करनेवाला 'सार' देखा गया है, सब लोकोके मध्यमे जो परमसुखमय तत्त्व तत्त्वभूत है, जिस भावकी भावना करके जीव संसार भयसे रहित स्थान (मुक्ति) को प्राप्त करते हैं वह तत्त्व एकत्वगुणसे युक्त ज्ञानभाव है, वह सदा स्थायी है ॥४१८॥

आगे प्रकृत नयचक्र ग्रन्थकी उपयोगिता ओर रचनाके सम्बन्धमें कहते है—

यदि लीलामात्रसे अज्ञानरूपी समुद्रको पार करनेकी इच्छा है तो दुर्नयरूपी अन्धकारके लिए सूर्यके समान नयचक्रको जाननेमें अपनी बुद्धिको लगाओ ॥४१९॥

दोहोमे रचित शास्त्रको सुनते ही शुभंकर हँस दिया और बोला—इस रूपमे यह ग्रन्थ शोभा नही देता । गाथाओंमे इसकी रचना करो ॥४२०॥

यह सुदर्शन नयचक्र दुर्नयरूपी दैत्यका विदारण करनेवाला है, स्व और परकी परीक्षारूपी तीक्ष्ण कठोर उसकी धार है, यह सर्वज्ञरूपी विष्णुका चिह्न है । इसे नमस्कार करो ॥४२१॥

विशेषार्थ—विष्णु का सुदर्शनचक्र प्रसिद्ध है, उस चक्रकी धार अत्यन्त तीक्ष्ण थी, उससे विष्णुने दैत्योका वध किया था ऐसी मान्यता विष्णुके सम्बन्धमें है । उसी सुदर्शन चक्रसे ग्रन्थकारने इस नयचक्रकी उपमा दी है । इस नयचक्रके द्वारा वस्तु स्वभावको जाननेसे ही सम्यग्दर्शनकी प्राप्ति होती है इसलिए इसे भी सुदर्शन नाम दिया गया है । सुदर्शनचक्र विष्णुका चिह्न था, यह नयचक्र सर्वज्ञका चिह्न है । सर्वज्ञने साक्षात् प्रत्यक्ष केवलज्ञानके द्वारा वस्तुत्वको अनेक धर्मात्मक जानकर उसके अनेक धर्मोमें से एक-एक धर्मको जानने के रूपमें नयचक्रकी व्यवस्था की है । विष्णुके सुदर्शनचक्रने दैत्यका वध किया था । सर्वज्ञका यह नयचक्र दुर्नयोका घातक है । एक-एक नयको ही ठीक मानकर उसीको सत्य मानना दुर्नय है । नयचक्रकी तीक्ष्णधार है उसका स्व और परकी परीक्षामें सक्षम होना । नयोके द्वारा वस्तुका विवेचन करनेसे यह स्पष्ट हो जाता है कि वस्तुका असली गुणधर्म क्या है और आरोपित गुणधर्म क्या है ? ऐसा होनेसे स्वका ग्रहण और परका त्याग करता है । ऐसा यह नयचक्र आदरणीय है इसका सम्यक्रीतिसे अध्ययन करके तदनुसार वस्तुस्वरूपकी श्रद्धा करना चाहिए ।

श्रुतकेवलीके द्वारा कहे गये, श्रुतरूपी समुद्रका आलोडन करके निकाले गये अमृतमय भंगोंसे ज्ञानरूप और बहुभंगरूपो सुशोभित नयचक्रको नमस्कार करो ॥४२२॥

---

१. समुद्दमुद्दाअमुद्दमयमाणं ज० । समुद्दअमुद्दमयमाणं आ० ।

सियसद्दसुणयदुण्णयदणुदेहविदारणेक्कवरवीरं
तं देवसेणदेवं णयचक्कयरं गुरुं णमह ॥४२३॥
दव्वसहावपयासं दोहयबंधेण आसि जं दिट्ठं।
तं [1]गाहाबंधेण रइयं [2]माइल्ल धवलेण ॥४२४॥
[3]सुसमीरणेण पोयंपेरयं संतं जहा तिरणट्ठं।
सिरिदेवसेणमुणिणा तह णयचक्कं पुणो रइयं ॥४२५॥

स्यात् शब्दसे युक्त सुनयके द्वारा दुर्नयरूपी दैत्यके शरीरको विदारण करनेमें एकमात्र श्रेष्ठ वीर नयचक्रके कर्ता उन देवसेन नामक गुरुदेवको नमस्कार करो ॥४२३॥

विशेषार्थ—वस्तुके एक धर्मको ग्रहण करनेवाले ज्ञानको नय कहते हैं। जो नय अन्यधर्म सापेक्ष होता है वह सुनय है और जो नय अन्य धर्मोंका निराकरण करता है, वह दुर्नय है। नयचक्र नामक ग्रन्थकी रचना देवसेनाचार्य ने की थी।

जो द्रव्य स्वभाव प्रकाश दोहाओंमें रचा हुआ देखा गया, माइल्लधवलने उसे गाथाबद्ध किया ॥४२४॥

जैसे अनुकूल वायुके द्वारा प्रेरित हुआ जहाज तैरनेमें समर्थ होता है वैसे ही श्री देवसेन मुनिने नयचक्रको पुनः रचा ॥४२५॥

---

१. गाहावंधेण पुणो र—अ० क० ख० मु०। २. महल्लदेवेण अ० क० मु०। देवेसेणशिष्येण इति टिप्पणी ज० प्रतौ। ३. दुसमीरणाय विणिवापयाण सिरिदेवसेणजोईणं। तेसिं पायपसाए उवलद्धं समग्गतच्चेण ॥४५४॥ अ० क०। दुसमीरपोयमिवाययाण····(शेषं उपरिवत्)—ख० ज०। ज प्रतौ टिप्पणे पाठान्तररूपेण लिखितं—दुसमीरणेण पोयं पेसियं संतं जहा तिरंनट्ठं। सिरिदेवसेण मुणिणा तह नयचक्कं पुणो रइयं ॥४५३॥

परिशिष्ट १

श्रीदेवसेनविरचिता

आलापपद्धतिः

[हिन्दीटीका-सहिता]

गुणानां विस्तर वक्ष्ये स्वभावानां तथव च ।
पर्यायाणां विशेषेण नत्वा वीरं जिनेश्वरम् ॥१॥

आलापपद्धतिर्वचनरचनानुक्रमेण नयचक्रस्योपरि उच्यते । सा च किमर्थम् । द्रव्यलक्षणसिद्धयर्थं स्वभावसिद्धयर्थं च । द्रव्याणि कानि । जीवपुद्गलधर्माधर्माकाशकालद्रव्याणि । सद् द्रव्यलक्षणम् । उत्पाद-व्ययध्रौव्ययुक्तं सत् । इति द्रव्याधिकारः ।

भगवान् महावीर जिनेश्वरको नमस्कार करके गुणोंका तथा स्वभावोंका और विशेषरूपसे पर्यायोंका विस्तारपूर्वक कथन करूँगा ॥१॥

इस ग्रन्थका नाम आलापपद्धति है । आलापका अर्थ होता है वचनरचना—बातचीत और पद्धतिका अर्थ है परिपाटी । अर्थात् कथन करनेकी परम्परा या शैली । ग्रन्थकार नयचक्र ग्रन्थके आधारपर उसकी रचना करनेकी सूचना देते है ।

शंका—उसकी रचना किस लिए करते है ?

समाधान—द्रव्यके लक्षणकी सिद्धिके लिए और स्वभावकी सिद्धिके लिए । अर्थात् द्रव्य और उनका स्वभाव बतलानेके लिए इस आलापपद्धतिकी रचना की जाती है ।

शंका—द्रव्य कौन-कौन है ?

समाधान—जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल ये छह द्रव्य है । द्रव्यका लक्षण सत् है । जो सत् है वह द्रव्य है । और जो उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यसे युक्त है वह सत् । इस प्रकार द्रव्याधिकार समाप्त हुआ ।

विशेषार्थ—द्रव्यका लक्षण सत्ता है और सत्ताका लक्षण है उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य । अत उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य एक तरहसे द्रव्यका ही लक्षण है क्योकि द्रव्यसे सत्ता और सत्तासे द्रव्य भिन्न नही है । द्रव्यमे प्रति समय पूर्वपर्यायका विनाश, उत्तर पर्यायकी उत्पत्ति होते हुए भी उसका स्वभाव न उत्पन्न होता है और न नष्ट होता है वही ध्रौव्य है । इस तरह द्रव्य उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यसे युक्त है । ये तीनो भाव द्रव्यसे भिन्न नही है, ये द्रव्यके स्वभावरूप हैं और एक ही समयमें तीनो होते है । जैसे कुम्हार जब मिट्टीसे घडा बनाता है तो उस मिट्टीका पहला आकार नष्ट होता जाता है नया आकार बनता जाता है और मिट्टी स्थायी रहती है । इसी तरह द्रव्यकी भी स्थिति है । द्रव्य छह है—हम इन्द्रियोसे जो कुछ देखते है वह सब पुद्गल द्रव्य है । जो चेतन है वह जीव द्रव्य है । उन जीवो और पुद्गलोके गमनमें सहायक धर्मद्रव्य है और ठहरनेमें सहायक अधर्मद्रव्य है । सब द्रव्योको स्थान देनेवाला आकाश द्रव्य है और परिवर्तनमे सहायक कालद्रव्य है ।

---

१. वचनग्रन्थ परिपाटी । २. नयचक्रं विलोक्य । ३. आलापपद्धति । ४. वस्तुस्वभावसिद्धयर्थम् । ५. तत्त्वार्थ-सूत्र ५।२९ । ६. तत्त्वार्थसूत्र ५।३० ।

लक्षणानि कानि ? अस्तित्वं, वस्तुत्वं, द्रव्यत्वं, प्रमेयत्वम्, अगुरुलघुत्वं, प्रदेशत्वम्, चेतनत्वं, अचेतनत्वम्, मूर्तत्वम्, अमूर्तत्वं द्रव्याणां दश सामान्यगुणाः । प्रत्येकमष्टावष्टौ सर्वेषाम् ।

ज्ञानदर्शनसुखवीर्याणि स्पर्शरसगन्धवर्णा. गतिहेतुत्वं स्थितिहेतुत्वमवगाहनहेतुत्वं वर्तनाहेतुत्वं चेतनत्वमचेतनत्वं मूर्तत्वममूर्तत्वं द्रव्याणां षोडशविशेषगुणाः । प्रत्येकं जीवपुद्गलयोः षट् । इतरेषां

शंका—लक्षण कौन-कौन है ?

समाधान—अस्तित्व, वस्तुत्व, द्रव्यत्व, प्रमेयत्व, अगुरुलघुत्व, प्रदेशत्व, चेतनत्व, अचेतनत्व, मूर्तत्व, अमूर्तत्व ये दस द्रव्योके सामान्य गुण हैं । प्रत्येक द्रव्यमे आठ-आठ गुण होते हैं ।

विशेषार्थ—'अस्ति' (है) के भावको अस्तित्व कहते हैं । अस्तित्वका अर्थ है सद्रूपता । वस्तुके भावको वस्तुत्व कहते हैं । वस्तु सामान्य विशेषात्मक या द्रव्यपर्यायात्मक होती है । द्रव्यके भावको द्रव्यत्व कहते हैं । प्रमेयके भावको प्रमेयत्व कहते है । प्रमेयका अर्थ होता है प्रमाणके द्वारा ज्ञेय होना । इसी गुणके कारण द्रव्य किसी न किसीके ज्ञानका विषय होता है । अगुरुलघुके भावको अगुरुलघुत्व कहते हैं । आगममें प्रत्येक द्रव्यमें अगुरुलघु नामक गुण माने गये है । इस गुणके कारण एक द्रव्य दूसरे द्रव्यरूप, एक गुण दूसरे गुणरूप परिणमन नही करता और न एक द्रव्यके गुण बिखरकर पृथक्-पृथक् हो जाते है । प्रदेशके भावको प्रदेशत्व कहते हैं । एक अविभागी पुद्गलपरमाणु जितने क्षेत्रको रोकता है उसे प्रदेश कहते है । चेतनके भावको चेतनत्व कहते हैं, चेतनत्वका अर्थ है चैतन्य अर्थात् अनुभव करना । अचेतनके भावको अचेतनत्व कहते है । मूर्तके भावको मूर्तत्व कहते है और जिसमें रूपादिगुण पाये जाये उसे मूर्त कहते है । अमूर्त के भावको अमूर्तत्व कहते हैं । जिसमें रूपादि न हो उसे अमूर्त कहते है । ये दस द्रव्योके सामान्यगुण है । प्रत्येक द्रव्यमें इनमेंसे आठ-आठ गुण पाये जाते हैं । जीवद्रव्यमे अचेतनत्व और मूर्तत्व गुण नही है । पुद्गल द्रव्यमे चेतनत्व और अमूर्तत्व नही है । धर्म, अधर्म, आकाश और कालद्रव्यमे चेतनत्व और मूर्तत्व नही है, इस तरह प्रत्येक द्रव्यमे आठ-आठ गुण होते है ।

ज्ञान, दर्शन, सुख, वीर्य, स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण, गतिहेतुत्व, स्थितिहेतुत्व, अवगाहनहेतुत्व, वर्तनाहेतुत्व, चेतनत्व, अचेतनत्व, मूर्तत्व, अमूर्तत्व ये द्रव्योके सोलह विशेष गुण हैं । जीव द्रव्यके ज्ञान, दर्शन, सुख, वीर्य, चेतनत्व और अमूर्तत्व ये छह विशेष गुण है । पुद्गल द्रव्यके स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण, अचेतनत्व और मूर्तत्व ये छह विशेष गुण है । धर्मद्रव्यके गतिहेतुत्व, अचेतनत्व और अमूर्तत्व ये तीन विशेष गुण है । अधर्म द्रव्यके

---

१. अस्ति इत्येतस्य भावोऽस्तित्वं सद्रूपत्वम् । वस्तुनो भावो वस्तुत्वं सामान्यविशेषात्मक वस्तु । द्रव्यस्य भावो द्रव्यत्वम् । प्रमेयस्य भाव प्रमेयत्वं प्रमाणेन स्वपरस्वरूपं परिच्छेद्यं प्रमेयम् । अगुरुलघोर्भावोऽगुरुलघुत्वम् । सूक्ष्मा अवाग्गोचरा. प्रतिक्षणं वर्तमाना आगमप्रामाण्यादभ्युपगम्या अगुरुलघुगुणा. । प्रदेशस्य भाव प्रदेशत्वं क्षेत्रत्वम्, अविभागिपुद्गलपरमाणुनावष्टब्धम् । चेतनस्य भावो चैतन्यमनुभवनम् । अचेतनस्य भावोऽचैतन्यम् । मूर्तस्य भावो मूर्तत्वं रूपादिमत्वम् । अमूर्तस्य भावोऽमूर्तत्व रूपादिरहितत्वम् । २. 'सर्वेषाम्' इत्यतोऽग्रे मुद्रितप्रतिपाठ [एकैकद्रव्ये अष्टौ-अष्टौ गुणा भवन्ति । जीवद्रव्येऽचेतनत्वं मूर्तत्वं च नास्ति, पुद्गलद्रव्ये चेतनत्वममूर्तत्व च नास्ति । धर्माधर्माकाशकालद्रव्येषु चेतनत्वं मूर्तत्वं च नास्ति । एवं द्विद्विगुणवर्जिते अष्टौ अष्टौ गुणा. प्रत्येकद्रव्ये भवन्ति] ३. 'विशेषगुणाः' इत्यतोऽग्रे मुद्रितप्रतिषु अधिक. पाठ—षोडशविशेषगुणेषु जीवपुद्गलयो षडिति । जीवस्य ज्ञानदर्शनसुखवीर्याणि चेतनत्वममूर्तत्वमिति षट् । पुद्गलस्य स्पर्शरसगन्धवर्णा मूर्तत्वमचेतनत्वमिति षट् । इतरेषा धर्माधर्माकाशकालाना प्रत्येकं त्रयो गुणा. । धर्मद्रव्ये गतिहेतुत्वममूर्तत्वमचेतनत्वमेते त्रयो गुणा. । अधर्मद्रव्ये स्थितिहेतुत्वममूर्तत्वमचेतनत्वमिति । आकाशद्रव्ये अवगाहनहेतुत्वममूर्तत्वमचेतनत्वमिति । कालद्रव्ये वर्तनाहेतुत्वममूर्तमचेतनत्वमिति विशेषगुणाः ।

प्रत्येकं त्रयो गुणाः । अन्तस्थाश्चत्वारो गुणाः स्वजात्यपेक्षया सामान्यगुणाः, विजात्यपेक्षया त एव विशेषगुणाः । इति गुणाधिकारः ।

गुणविकाराः[1] पर्यायास्ते द्वेधा [2]स्वभावविभावपर्यायभेदात् । अगुरुलघुविकाराः स्वभावपर्यायास्ते द्वादशधा षड्वृद्धिहानिरूपाः । अनन्तभागवृद्धिः, असंख्यातभागवृद्धिः, संख्यातभागवृद्धिः, संख्यातगुणवृद्धिः, असंख्यातगुणवृद्धिः, अनन्तगुणवृद्धिः, इति षड्वृद्धिः । तथा अनन्तभागहानिः, असंख्यातभागहानिः, संख्यातभागहानिः, संख्यातगुणहानिः, असंख्यातगुणहानिः, अनन्तगुणहानिः, इति षड् हानिः । एवं षड्वृद्धिहानिरूपा द्वादश ज्ञेयाः ।

स्थितिहेतुत्व, अचेतनत्व और अमूर्तत्व ये तीन विशेष गुण हैं । आकाश द्रव्यके अवगाहन हेतुत्व, अचेतनत्व और अमूर्तत्व ये तीन विशेष गुण हैं । काल द्रव्यके वर्तना हेतुत्व, अचेतनत्व और अमूर्तत्व ये तीन विशेष गुण हैं । उक्त सोलह विशेष गुणोमेसे अन्तके चार गुण—चेतनत्व, अचेतनत्व, मूर्तत्व, अमूर्तत्व अपनी जातिकी अपेक्षासे तो सामान्य गुण हैं किन्तु विजातिकी अपेक्षासे वे ही विशेष गुण होते हैं । जैसे चेतनत्व सब जीवोमें पाया जाता है अत. वह सब जीवोंकी अपेक्षा सामान्य गुण है किन्तु जीव द्रव्यके सिवाय अन्य किसी भी द्रव्यमे नही पाया जाता, अतः अन्य विजातीय द्रव्योकी अपेक्षासे वह विशेष गुण है । इसी तरह मूर्तत्व सब पुद्गलोमे पाया जाता है अत. पुद्गलका वह सामान्य गुण है किन्तु पुद्गलके सिवाय अन्य द्रव्यमे न पाया जानेसे अन्य अमूर्तिक द्रव्योकी अपेक्षासे वही पुद्गलका विशेष गुण है । अचेतनत्व सब अचेतन द्रव्योमें पाया जाता है इसलिए सामान्य गुण है किन्तु जीव द्रव्यकी अपेक्षा वही विशेष गुण है । अमूर्तत्व सब अमूर्त-द्रव्योमें पाया जाता है इसलिए सामान्य गुण है किन्तु मूर्त पुद्गल द्रव्यकी अपेक्षा वही विशेष गुण है ।

इस प्रकार गुणका अधिकार समाप्त हुआ ।

गुणोंके विकारको पर्याय कहते हैं । वे पर्याय दो प्रकारकी होती है—स्वभावपर्याय और विभाव-पर्याय । अगुरुलघु गुणके विकारको स्वभावपर्याय कहते हैं । वे स्वभावपर्याय बारह प्रकार की है—छह वृद्धिरूप और छह हानिरूप ।

अनन्तभागवृद्धि, असंख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागवृद्धि, संख्यातगुणवृद्धि, असख्यातगुणवृद्धि, अनन्त-गुणवृद्धि ये छह वृद्धियाँ है । और अनन्तभागहानि, असंख्यातभागहानि, सख्यातभागहानि, संख्यातगुणहानि, असंख्यातगुणहानि, अनन्तगुणहानि ये छह हानियाँ हैं, इस प्रकार छह वृद्धि और छह हानिरूप बारह प्रकारकी स्वभावपर्याय होती है ।

विशेषार्थ—गुणोमे जो परिणमन होता है उसे पर्याय कहते है । जैसे ज्ञान गुणका परिणमन घटज्ञान, पटज्ञान आदि रूपसे होता है या मन्द, तीव्र होता है । पर्यायके दो प्रकार हैं—स्वभावपर्याय और विभाव-पर्याय । जो पर्याय परनिरपेक्ष होती है वे स्वभाव पर्याय है । छहो द्रव्योमे जो अर्थपर्याय होती हैं उन्हें स्वभाव पर्याय कहते हैं, वे पर्याय अत्यन्त सूक्ष्म होती है । वाणी और मनके अविषयभूत होती है, आगम प्रमाणसे ही उन्हे स्वीकार किया जाता है । प्रत्येक द्रव्यमें एक अगुरुलघुनामक गुण माना गया है, उसी गुणके कारण प्रत्येक द्रव्यमे षड्हानिवृद्धियाँ सदा होती रहती है । वे सब स्वभावपर्याय है ।

---

१. 'के गुणा., के पर्याया । अन्वयिनो गुणा व्यतिरेकिण. पर्यायाः ।' 'तेषा विकारा विशेषात्मना निश्चीयमाना पर्याया । घटज्ञानं पटज्ञानं क्रोधो मानो मन्दो वर्णस्तीव्रो मन्द इत्येवमादय ।'—सर्वार्थसिद्धि ५।३८ ।

२. 'णरणारयतिरियसुरा पज्जाया ते विभावमिदि भणिदा । कम्मोपाधिविवज्जियपज्जाया ते सहावमिदि भणिदा ॥१५॥'—नियमसार ।

विभावपर्यायाश्चतुर्विधा नरनारकादिपर्याया अथवा चतुरशीतिलक्षाश्च।[2] विभावद्रव्यव्यञ्जनपर्याया नरनारकादिका.। विभावगुणव्यञ्जनपर्याया मत्यादयः। स्वभावद्रव्यव्यञ्जनपर्यायाश्चरमशरीरात् किञ्चिन्न्यून-सिद्धपर्यायाः[3]। स्वभावगुणव्यञ्जनपर्याया अनन्तचतुष्टयरूपा जीवस्य। पुद्गलस्य तु द्वयणुकादयो विभाव-द्रव्यव्यञ्जनपर्याया[4]। रसरसान्तर-गन्धगन्धान्तरादिविभावगुणव्यञ्जनपर्यायाः। अविभागिपुद्गलपरमाणु. स्वभावद्रव्यव्यञ्जनपर्याय[5]। वर्णगन्धरसैकैकमविरुद्धस्पर्शद्वयं[6] स्वभावगुणव्यञ्जनपर्याया.।

[7]अनाद्यनिधने द्रव्ये स्वपर्याया: प्रतिक्षणम्।
उन्मज्जन्ति निमज्जन्ति जलकल्लोलवज्जले[8] ॥१॥
इति पर्यायाधिकारः। गुणपर्ययवद् द्रव्यम्[9]।

चार प्रकारकी मनुष्य, नारकी आदि पर्याय अथवा चौरासी लाख योनियाँ विभाव पर्याय है। मनुष्य नारकी देव तिर्यंच आदि विभावद्रव्यव्यंजन पर्याय है। मतिज्ञान, श्रुतज्ञान आदि क्षायोपशमिक ज्ञान विभाव-गुणव्यजन पर्याय है। जिस शरीरसे मुक्ति प्राप्त होती है उस अन्तिम शरीरसे कुछ कम सिद्ध जीवका आकार होता है, वह स्वभाव द्रव्यव्यजनपर्याय है। जीवके अनन्तचतुष्टय, अनन्तदर्शन, अनन्तज्ञान, अनन्तसुख, अनन्त-वीर्य स्वभावगुणव्यजन पर्याय है। पुद्गलकी द्वयणुक—दो परमाणुओके संयोगसे बना स्कन्ध आदि विभाव द्रव्य-व्यंजन पर्याय है। उसकी रससे रसान्तर, गन्धसे अन्यगन्ध रूप अवस्था विभाव गुणव्यजन पर्याय है। पुद्गल-की एक शुद्ध परमाणु रूप अवस्था स्वभावद्रव्यव्यंजन पर्याय है। उस शुद्ध परमाणुमें एक वर्ण, एक रस, एक गन्ध और परस्परमें अविरुद्ध दो स्पर्श यथा स्निग्ध रूक्षमें से एक और शीत उष्णमें से एक ये पुद्गलकी स्वभावगुणव्यंजन पर्याय है।

अनादि अनन्त द्रव्यमें प्रति समय उसकी अपनी पर्याय उत्पन्न होती है और नष्ट होती है जैसे जलमे जलकी लहरे उत्पन्न होती और नष्ट होती है ॥१॥

विशेषार्थ—जो पर्याय परसापेक्ष होती है उसे विभावपर्याय कहते है, विभावपर्याय केवल जीव और पुद्गल द्रव्योमे ही होती है, क्योकि दोनो द्रव्य परस्परमें मिलकर विभावरूप परिणमन कर सकते है। स्वभावसे विपरीतको विभाव कहते है। पर्यायके स्वभाव और विभाव भेद स्व-परसापेक्षताको लेकर है। पर्यायके दो भेद है, अर्थपर्याय और व्यजनपर्याय। अर्थपर्याय तो छहो द्रव्योमें होती है वह सूक्ष्म और क्षण-क्षणमें उत्पन्न होती और नष्ट होती है और व्यंजन पर्याय स्थूल होती है, वचनके द्वारा उसका कथन किया जा सकता है, वह नश्वर होते हुए भी स्थिर होती है। उसमें ही स्वभाव और विभाव भेद होते है तथा द्रव्य-पर्याय और गुणपर्याय रूप भेद होते है। जैसे संसारी जीवोकी नर, नारक आदि पर्याय विभावद्रव्य व्यंजन पर्याय है और उनके मति आदि ज्ञान विभाव गुणव्यजन पर्याय है क्योकि जीवकी नर, नारक आदि दशा स्वभावदशा नही है, विभावदशा है। इसी प्रकार उसके ज्ञानकी मति, श्रुत आदि रूपदशा भी स्वभावदशा नही है विभावदशा है। मुक्ति प्राप्त होने पर सिद्ध जीवके आत्मप्रदेश जिस शरीरसे मुक्ति प्राप्त हुई है, कुछ

---

१ विभावार्थपर्याया. षट्धा मिथ्यात्व-कषाय-राग-द्वेष-पुण्यपापरूपाध्यवसाया.। चतुर्विधा नरनारकादिका विभावद्रव्यव्यञ्जनपर्याया भवन्ति अथवा चतुरशीतिलक्षाश्च -आ०। २ स्वभावादन्यथाभवन विभावस्तच्च तद्द्रव्यं च तस्य व्यञ्जनानि लक्षणानि चिह्नानि वा तेषा पर्याया परिणमनानि विभावद्रव्यव्यञ्जनपर्यायाः। स्थूलो व्यञ्जनपर्यायो वाग्गम्यो नश्वर स्थिर। सूक्ष्मः प्रतिक्षणध्वंसी पर्यायाश्चार्थगोचरा। ३ 'दीहत्तं बाहल्लं चरिमभवे जस्स जारिसं ठाणं। तत्तो तिभागहीणं ओगाहण सव्वसिद्धाणं।'—तिलोयपण्णत्ति ९।१०। 'तनोरा-यामविस्तारौ प्राणिना पूर्वजन्मनि। तत्त्रिभागो न संस्थानं जाते सिद्धत्वपर्यये।—त्रैलोक्यदीपक। ४. माणवः ग०। ५. पर्याया ग०। ६ परस्परविरोधकौ शीतस्निग्धौ शीतरूक्षौ उष्णस्निग्धौ उष्णरूक्षौ। ७. 'द्रव्यात् स्वस्मादभिन्नाश्च व्यावृताश्च परस्परम्। उन्मज्जन्ति निमज्जन्ति जलकल्लोलवज्जले।' न्या० कु० च० पृ० ३७० में उद्धृत। ८. इत्यतोऽग्रे मुद्रितप्रतिषु श्लोको दृश्यते—धर्माधर्मनभ काला अर्थपर्यायगोचरा.। व्यञ्जनेन तु सम्बद्धौ द्वावन्यौ जीवपुद्गलौ।' —९ त० सू० ५।३८।

स्वभावाः कथ्यन्ते । अस्तिस्वभावः, नास्तिस्वभावः, नित्यस्वभावः, अनित्यस्वभावः, एकस्वभाव., अनेकस्वभावः, भेदस्वभाव , अभेदस्वभाव., भव्यस्वभाव., अभव्यस्वभावः, परमस्वभाव., द्रव्याणामेकादशसामान्यस्वभावा । चेतनस्वभाव', अचेतनस्वभावः, मूर्तस्वभाव', अमूर्तस्वभावः, एकप्रदेशस्वभाव., अनेकप्रदेशस्वभाव , विभावस्वभाव , शुद्धस्वभाव., अशुद्धस्वभाव., उपचरितस्वभाव , एते द्रव्याणां दश विशेषस्वभावाः । जीवपुद्गलयोरेकविंशतिः स्वभावा । चेतनस्वभाव', मूर्तस्वभावः, विभावस्वभावः, एकप्रदेशस्वभाव', अशुद्धस्वभाव , एतैर्विना धर्मादित्रयाणां षोडश । तत्र बहुप्रदेशं विना कालस्य पञ्चदश स्वभावाः ।

एकविंशतिभावाः स्युर्जीवपुद्गलयोर्मता. ।
धर्मादीनां षोडश स्युः काले पञ्चदश स्मृताः ॥२॥

ते कुतो ज्ञेयाः । प्रमाणनयैर्[1]विवक्षातः । सम्यग्ज्ञानं प्रमाणम् । तद् द्वेधा प्रत्यक्षेतरभेदात् । अवधिमन पर्ययावेकदेशप्रत्यक्षौ[3] । केवलं सकलप्रत्यक्षम् । मतिश्रुते परोक्षे । प्रमाणमुक्तम् । तदवयवा नया:[4] ।

कम तदाकार होकर रह जाते है उनका वह आकार स्वभावद्रव्य व्यंजन पर्याय है और उनकी अनन्तचतुष्टय रूप गुणावस्था स्वभावगुण व्यंजन पर्याय है । इसी तरह पुद्गलकी परमाणुरूप अवस्था स्वभाव द्रव्यव्यंजन पर्याय है । और उस परमाणुमे जो गुण—एक रूप, एक रस, एक गन्ध, दो स्पर्श पाये जाते है, वे स्वभाव गुणव्यंजन पर्याय है । परमाणु परमाणु मिलकर जो स्कन्ध बनता है वह पुद्गलकी विभाव द्रव्यव्यंजन पर्याय है और स्कन्धके गुणोकी परिणति विभाव गुणव्यंजन पर्याय है । इस प्रकार गुण और पर्यायोसे जो युक्त होता है उसे द्रव्य कहते है । आगममें द्रव्यके दो लक्षण किये गये है, उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यसे जो युक्त हो उस सत्को द्रव्य कहते है । और गुण पर्यायसे जो युक्त हो उसे द्रव्य कहते है । इन दोनो लक्षणोमे कोई अन्तर नही है एक दूसरेका प्रकाशक है । पर्याय उत्पादव्ययशील होती है और गुण नित्य होते है । अतः जब कहा जाता है कि द्रव्य पर्याय युक्त है तो व्यक्त होता है कि वह उत्पादव्ययय्युक्त है । और जब कहा जाता है कि द्रव्य गुणयुक्त है तो व्यक्त होता है कि द्रव्य ध्रुव है ।

अब स्वभावोको कहते है—अस्तिस्वभाव, नास्तिस्वभाव, नित्यस्वभाव, अनित्यस्वभाव, एकस्वभाव, अनेकस्वभाव, भेदस्वभाव, अभेदस्वभाव, भव्यस्वभाव, अभव्यस्वभाव, परमस्वभाव, ये ग्यारह द्रव्योके सामान्य स्वभाव है । चेतनस्वभाव, अचेतनस्वभाव, मूर्तस्वभाव, अमूर्तस्वभाव, एकप्रदेशस्वभाव, अनेक प्रदेशस्वभाव, विभावस्वभाव, शुद्धस्वभाव, अशुद्धस्वभाव, उपचरितस्वभाव, ये द्रव्योके दश विशेष स्वभाव है । जीव और पुद्गलके इक्कीस स्वभाव होते है । चेतनस्वभाव, मूर्तस्वभाव, विभावस्वभाव, एक प्रदेशस्वभाव, अशुद्धस्वभाव इन पाँच स्वभावोके विना धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य और आकाशद्रव्यमें सोलह स्वभाव होते है । उनमें से बहुप्रदेशस्वभावके विना कालके पन्द्रह स्वभाव है ॥२॥

जीव और पुद्गलमे इक्कीस स्वभाव है, धर्म आदि तीन द्रव्योमें सोलह स्वभाव है और कालद्रव्यमें पन्द्रह स्वभाव है ।

शंका—वे द्रव्यादि कैसे जाने जाते है—उनका ज्ञान कैसे होता है ?

समाधान—प्रमाण और नयविवक्षासे द्रव्यादिका ज्ञान होता है ।

सच्चे ज्ञानको प्रमाण कहते है । प्रमाणके दो भेद है—प्रत्यक्ष और परोक्ष । अवधिज्ञान और मनःपर्ययज्ञान एकदेश प्रत्यक्ष है और केवलज्ञान सकल प्रत्यक्ष है । मतिज्ञान और श्रुतज्ञान परोक्ष है । इस प्रकार प्रमाणका कथन किया । प्रमाणके ही भेद नय है ।

---

१. 'प्रमाणनयैरधिगम.' ।—तत्त्वा० सू० १।६ । २. 'मतिश्रुतावधिमन.पर्ययकेवलानि ज्ञानम् ॥९॥ तत्प्रमाणे ॥१०॥ आद्ये परोक्षम् ॥११॥ प्रत्यक्षमन्यत् ॥१२॥'—तत्त्वार्थसूत्र । ३. 'देशप्रत्यक्षमवधिमनःपर्ययौ, सर्वप्रत्यक्षं केवलम् ।'—सर्वार्थसि० १।२१ । ४. श्रुतं पुनः स्वार्थं भवति परार्थं च । ज्ञानात्मकं स्वार्थं वचनात्मकं परार्थम् । तद्विकल्पा नयाः । सर्वार्थसि० १।६ ।

नयभेदा उच्यन्ते—

णिच्छयववहारणया मूलिमभेया णयाण सव्वाणं ।
णिच्छयसाहणहेऊ दव्वयपज्जत्थिया मुणह ॥२॥

द्रव्यार्थिकः, पर्यायार्थिकः, नैगमः, संग्रहः, व्यवहारः, ऋजसूत्रः, शब्द., समभिरूढः, एवंभूत इति नव नयाः[2] स्मृताः । उपनयाश्च[3] कथ्यन्ते । नयानां समीपा उपनयाः[4] । सद्भूतव्यवहारः असद्भूतव्यवहार. उपचरितासद्भूतव्यवहारश्चेत्युपनयास्त्रेधा ।

इदानीमेतेषां भेदा उच्यन्ते । द्रव्यार्थिकस्य दश भेदा. । कर्मोपाधिनिरपेक्षः शुद्धद्रव्यार्थिको यथा, संसारी जीव. सिद्धसदृक् शुद्धात्मा । उत्पादव्ययगौणत्वेन सत्ताग्राहकः शुद्ध द्रव्यार्थिको यथा, द्रव्यं नित्यम् ।

विशेषार्थ—द्रव्य गुण पर्याय और स्वभावको जाननेका उपाय सम्यग्ज्ञान है । सम्यग्ज्ञानको ही प्रमाण कहते है । सम्यग्ज्ञान पाँच है—मति, श्रुत, अवधि, मन पर्यय और केवलज्ञान । इनमें से मति और श्रुत परोक्ष कहलाते है क्योकि वे इन्द्रिय, मन, प्रकाश, उपदेश आदि परपदार्थोंकी सहायतासे होते है । जो ज्ञान अन्यकी सहायताके विना केवल आत्मासे होता है उसे प्रत्यक्ष कहते है । अवधिज्ञान और मनःपर्ययज्ञान एकदेश स्पष्ट होनेसे देशप्रत्यक्ष है । ये केवल रूपी पदार्थोंको और कर्मसे सम्बद्ध जीवोको ही जानते है । केवलज्ञान पूर्ण प्रत्यक्ष है वह त्रिकाल और त्रिलोकवर्ती समस्त द्रव्योकी समस्त पर्यायोको युगपत् जानता है । इन पाँचो ज्ञानोमे से श्रुतज्ञानके ही भेद नय है । प्रमाणसे गृहीत सम्पूर्ण वस्तुके एक अशको जाननेका नाम नय है । प्रमाणमें वस्तुके सब अंशोकी प्रधानता रहती है किन्तु नय जिस अंशकी मुख्यतासे वस्तुको ग्रहण करता है केवल वही अंश मुख्य और शेष अंश गौण रहते है । यही प्रमाण और नयमे भेद है । मति, अवधि और मन.पर्यय ज्ञानके द्वारा गृहीत वस्तुके अंशमे नयोकी प्रवृत्ति नही है, क्योकि नय समस्त देश और कालवर्ती पदार्थोको विषय करते है और मति आदि ज्ञान समस्त देश और कालवर्ती पदार्थोको जाननेमें असमर्थ है । केवलज्ञान यद्यपि त्रिकालवर्ती समस्त पदार्थोको जानता है किन्तु केवलज्ञान स्पष्ट जानता है और नय स्पष्ट नही जानते । इसलिए श्रुतज्ञानके ही भेद नय है । श्रुतज्ञान ज्ञानात्मक भी है और वचनात्मक भी है, नय भी ज्ञानात्मक और वचनात्मक है । जब ज्ञाता स्वयं जानता है तो उस ज्ञानको स्वार्थ कहते है और जब दूसरोको बतलाता है तो उस वचनात्मक श्रुतज्ञानको परार्थ कहते है । दूसरोको समझानेका साधन वचन ही है ।

नयोंके भेद कहते है—

सब नयोके मूलभूत भेद निश्चयनय और व्यवहारनय है । निश्चयके साधनमे हेतु द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिकनय है ऐसा जानो ॥२॥

द्रव्यार्थिक, पर्यायार्थिक, नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ, एवंभूत ये नौ नय है । अब उपनयोको कहते है । जो नयोके समीप होते है अर्थात् नय न होते हुए भी नयके तुल्य होते है उन्हें उपनय कहते है । उपनय तीन है—सद्भूत व्यवहारनय, असद्भूत व्यवहारनय और उपचरित असद्भूत व्यवहारनय ।

अब इन नयोके भेद कहते है । द्रव्यार्थिकनयके दस भेद है । १ कर्मोपाधि निरपेक्ष (कर्मकी उपाधि की अपेक्षा न करनेवाला) शुद्ध द्रव्यार्थिकनय—जैसे संसारी जीव सिद्धके समान शुद्ध आत्मा है । २ उत्पाद

---

१ पज्जयदव्वत्थियं मुणह ॥१८२॥ द्रव्यस्वभाव प्रकाश-नयचक्र । 'दो चेव मूलिमणया भणिया दव्वत्थपज्जयत्थगया । अण्णे असखसंखा ते तब्भेया मुणेयव्वा ॥११॥'—नयचक्र । २. 'नैगमसग्रहव्यवहारर्जुसूत्रशब्दसमभिरूढैवंभूता नया ।'—तत्त्वार्थसूत्र १।३३। ३ 'नयोपनयैकान्तानां त्रिकालानां समुच्चय अविभ्राड्भावसंबन्धो द्रव्यमेकमनेकमा ॥१०७॥'—आप्तमी० । 'उक्तलक्षणो द्रव्यपर्यायस्थान' संग्रहादिर्नय, तच्छाखाप्रशाखात्मोपनयः ।—अष्टशती, अष्टसहस्री । ४. उपचरिता नया —ग० ।

भेदकल्पनानिरपेक्षः शुद्धद्रव्यार्थिको यथा, निजगुणपर्यायस्वभावाद् द्रव्यमभिन्नम्। कर्मोपाधिसापेक्षोऽशुद्धद्रव्यार्थिको यथा, क्रोधादिकर्मजभाव आत्मा। उत्पादव्ययसापेक्षोऽशुद्धद्रव्यार्थिको यथैकस्मिन् समये द्रव्यमुत्पादव्ययध्रौव्यात्मकम्। भेदकल्पनासापेक्षोऽशुद्धद्रव्यार्थिको यथा, आत्मनो[1] ज्ञानदर्शनादयो गुणाः। अन्वयद्रव्यार्थिको यथा, गुणपर्यायस्वभावं द्रव्यम्। स्वद्रव्यादिग्राहकद्रव्यार्थिको यथा, स्वद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया द्रव्यमस्ति। परद्रव्यादिग्राहकद्रव्यार्थिको यथा, परद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया द्रव्यं नास्ति। परमभावग्राहकद्रव्यार्थिको यथा, ज्ञानस्वरूप आत्मा। अत्रानेकस्वभावानां मध्ये ज्ञानाख्य. परमस्वभावो गृहीत.।

इति द्रव्यार्थिकस्य दश भेदाः।

अथ[2] पर्यायार्थिकस्य षड्भेदा उच्यन्ते—

अनादिनित्यपर्यायार्थिको यथा, पुद्गलपर्यायो नित्यो मेर्वादि। सादिनित्यपर्यायार्थिको यथा, सिद्ध[3]पर्यायो नित्यः। सत्तागौणत्वेनोत्पादव्ययग्राहकस्वभावोऽनित्य[4] शुद्धपर्यायार्थिको यथा, समयं समयं प्रति पर्याया विनाशिनः। सत्तासापेक्षस्वभावोऽनित्याशुद्धपर्यायार्थिको यथा, एकस्मिन् समये त्रयात्मक. पर्यायः। कर्मोपाधिनिरपेक्षस्वभावो[5]ऽनित्यशुद्धपर्यायार्थिको यथा, सिद्धपर्यायसदृशा शुद्धा. संसारिणां पर्याया[6]। कर्मोपाधिसापेक्षस्वभावो[7]ऽनित्याशुद्धपर्यायार्थिको यथा—संसारिणामुत्पत्तिमरणे स्त.।

इति पर्यायार्थिकस्य षड् भेदाः।

और व्ययको गौण करके सत्ताका ग्राहक शुद्धद्रव्यार्थिकनय—जैसे द्रव्य नित्य है। ३ भेदकल्पनासे निरपेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिक नय, जैसे द्रव्य अपने गुण पर्याय और स्वभावसे अभिन्न है। ४ कर्मकी उपाधिकी अपेक्षा करनेवाला अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय, जैसे कर्मजन्य क्रोधादि भावरूप आत्मा है। ५ उत्पाद-व्ययकी अपेक्षा करनेवाला अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय, जैसे द्रव्य एक ही समयमे उत्पादव्ययध्रौव्यात्मक है। ६ भेद कल्पना सापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय, जैसे आत्माके ज्ञानदर्शन आदि गुण है। ७ अन्वय द्रव्यार्थिक जैसे द्रव्य गुण पर्याय स्वभाववाला है। ८ स्व-द्रव्य आदिका ग्राहक द्रव्यार्थिक नय, जैसे द्रव्य, स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल और स्वभावकी अपेक्षा सत् है। ९ परद्रव्य आदिका ग्राहक द्रव्यार्थिक नय, जैसे द्रव्य, परद्रव्य, परक्षेत्र, परकाल और परभावकी अपेक्षा असत् है। १० परमभाव ग्राहक द्रव्यार्थिक, जैसे आत्मा ज्ञानस्वरूप है, यहाँ आत्माके अनेक स्वभावोमे से ज्ञान नामक परमस्वभावका ग्रहण किया है।

विशेषार्थ—ऊपर विभिन्न अपेक्षाओसे द्रव्यार्थिक नयके दस भेद उदाहरणके साथ गिनाये है। शुद्ध द्रव्यार्थिक नय वस्तुको परनिरपेक्ष अभेदरूप ग्रहण करता है। और अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय परसापेक्ष भेदरूप ग्रहण करता है। द्रव्यार्थिककी दृष्टिमें परापेक्षता और भेद अशुद्धता है तथा परनिरपेक्षता और अभेद शुद्धता है।

इस प्रकार द्रव्यार्थिकके दस भेद है।

आगे पर्यायार्थिक नयके छह भेद कहते है—१ अनादि नित्य पर्यायार्थिक नय, जैसे पुद्गलकी पर्याय मेरु वगैरह नित्य है। (यहाँ मेरु आदि पर्याय होते हुए भी अनादि और नित्य है)। २ सादि नित्यपर्यायार्थिकनय, जैसे सिद्धपर्याय (सादि होते हुए भी) नित्य है (क्योकि सिद्धपर्यायका कभी विनाश नही होता)। ३ सत्ताको गौण करके उत्पाद व्ययको ग्रहण करनेवाला अनित्य शुद्ध पर्यायार्थिकनय, जैसे पर्याय प्रतिसमय विनाशशील है। ४ सत्ता सापेक्ष स्वभाव अनित्य अशुद्ध पर्यायार्थिकनय, जैसे, एक समयमें पर्याय उत्पाद व्ययध्रौव्यात्मक है। ५ कर्मकी उपाधिसे निरपेक्ष अनित्य शुद्ध पर्यायार्थिक नय, जैसे—संसारी जीवोकी पर्याय सिद्ध पर्यायके समान शुद्ध है। ६ कर्मकी उपाधिसे सापेक्ष अनित्य अशुद्ध पर्यायार्थिक नय, जैसे—संसारी जीवोका जन्म और मरण होता है।

इस प्रकार पर्यायार्थिक नयके छह भेद है।

---

१. त्मनि दर्शनज्ञानादयो गुणा. साधारणा. ग०। २. —'अथ ···उच्यन्ते' नास्ति 'ज' प्रतौ। ३. सिद्धजीव प— ज० ग०। ४. —वो नित्याशु— मु०। ५. —भावानि— घ० ज०। ६. —वानि— ज०। ७. —वो नि— अ० आ० क० ग०। —क्षविभावा अनि —ज०।

नैगमस्त्रेधा भूतभाविवर्तमानकालभेदात्। अतीते वर्तमानारोपणं यत्र स भूतनैगमो, यथा—अद्य[1] दीपोत्सवदिने श्रीवर्द्धमानस्वामी मोक्षं गतः। भाविनि भूतवत् कथनं यत्र स भाविनैगमो यथा, अर्हन् सिद्ध एव। कर्तुमारब्धमीषन्निष्पन्नमनिष्पन्नं वा वस्तु निष्पन्नवत्कथ्यते[2] यत्र स वर्तमाननैगमो यथा—ओदनः पच्यते।[3] इति नैगमस्त्रेधा।

संग्रहो.द्विविध.[4]। सामान्यसंग्रहो यथा—सर्वाणि द्रव्याणि परस्परमविरोधीनि। विशेषसंग्रहो यथा—सर्वे जीवाः परस्परमविरोधिन[5]। इति संग्रहोऽपि द्वेधा।

व्यवहारोऽपि[6] द्वेधा। सामान्यसंग्रहभेदकव्यवहारो यथा—द्रव्याणि जीवाजीवाः। विशेषसंग्रहभेदकव्यवहारो यथा—जीवा. संसारिणो मुक्ताश्च।[7] इति व्यवहारोऽपि द्वेधा।

ऋजुसूत्रो द्विविध। सूक्ष्मर्जुसूत्रो यथा—एकसमयावस्थायी पर्यायः। स्थूलर्जुसूत्रो यथा—मनुष्यादिपर्यायास्तदायु.प्रमाणकालं तिष्ठन्ति। इति[8] ऋजुसूत्रोऽपि द्वेधा।

नैगमनयके भूत, भावि और वर्तमानकालके भेदसे तीन भेद हैं। जहाँ अतीतमें वर्तमानका आरोप किया जाता है वह भूत नैगमनय है। जैसे—आज दीपावलीके दिन श्री भगवान् वर्द्धमान स्वामी मोक्ष गये थे। जहाँ भाविमें भूतकी तरह कथन किया जाता है वह भावि नैगमनय है। जैसे—अर्हन्त सिद्ध हो है (अर्हन्त-दशाके पश्चात् ही सिद्धदशा होती है। किन्तु इस कथनमें भावि सिद्धदशाको भूतकी तरह कहा गया है)। कोई कार्य करना प्रारम्भ किया, वह कुछ हुआ या नहीं हुआ, किन्तु उसे निष्पन्न (हुए) की तरह जहाँ कहा जाता है उसे वर्तमान नैगमनय कहते हैं। जैसे भात पक रहा है (पक जानेपर भात होता है। चावल पकाये जाते हैं। अभी वे पके नहीं है फिर भी उनमें भातका आरोप करके अनिष्पन्न या किंचित् निष्पन्नको ही निष्पन्नकी तरह कहा गया है) इस तरह नैगमनयके तीन भेद हैं।

संग्रहनयके दो भेद हैं। सामान्य सग्रहनय, जैसे—सब द्रव्य परस्परमें विरोधरहित हैं। विशेष संग्रह नय, जैसे—सब जीव परस्परमें विरोधरहित हैं। इस प्रकार सग्रहनय भी दो प्रकारका है।

विशेषार्थ—सबका एक रूपसे संग्रह करनेवाला नय सामान्य सग्रहनय है और उसके किसी अन्तर्गत भेदका एक रूपसे संग्रह करनेवाला नय विशेष संग्रह नय है। जैसे सब द्रव्योको द्रव्यत्व सामान्यकी अपेक्षा एक रूपसे ग्रहण करना सामान्य सग्रहनयका विषय है और किसी एक द्रव्यके अवान्तर भेदोको उस एक द्रव्य रूपसे संग्रह करनेवाला नय विशेष सग्रह नय है।

व्यवहारनयके भी दो भेद है। एक सामान्य संग्रहका भेदक व्यवहारनय, जैसे द्रव्योके जीव और अजीव द्रव्य ये दो भेद है। दूसरा विशेष सग्रहका भेदक व्यवहार नय, जैसे जीवके भेद ससारी और मुक्तजीव होते हैं। इस प्रकार व्यवहार नयके भी दो भेद है।

विशेषार्थ—संग्रह नयके द्वारा संगृहीत पदार्थोंके भेद-प्रभेद करनेवाले नयको व्यवहार नय कहते है। चूँकि संग्रहके दो भेद है, इसलिए उसका भेद करनेवाले व्यवहार नयके भी दो भेद है।

ऋजुसूत्र नयके भी दो भेद है। एक सूक्ष्म ऋजुसूत्रनय, जैसे पर्याय एक समय तक रहती है। दूसरा स्थूलऋजुसूत्रनय, जैसे, मनुष्य पर्याय मनुष्य की आयु पर्यन्त रहती है। इस प्रकार ऋजुसूत्रनयके भी दो भेद है।

---

१. —अद्य दीपोत्सवपर्वणि महावीरस्वामिनो मोक्षं गता ध०। २. —नं भावि— अ० आ० क० ख० ग०। ३. —'इति ····धा' नास्ति आ० ध० प्रत्यो०। ४. द्वेधा आ०। अ० क० ख० ज० प्रतिषु 'संग्रहो द्विविध.' इति पदं नास्ति। ५ 'इति ···धा' नास्ति आ० ध० प्रत्योः। ६ आ० क० ख० ज० प्रतिषु 'व्यवहारोऽपि द्वेधा' इति पदं नास्ति। ७. 'इति ··द्वेधा' नास्ति आ० ध० ज० प्रतिषु। ८. अ० क० ख० ग० ज० प्रतिषु 'ऋजुसूत्रो द्विविध' इति पदं नास्ति। ९ 'इति· धा' नास्ति आ० ध० प्रत्योः।

[1]शब्द-समभिरूढैवंभूताः प्रत्येकमेकैके नयाः। शब्दनयो यथा—दारा भार्या कलत्रम्, जलमापः। समभिरूढनयो यथा—गौः, पशुः। एवंभूतो नयो यथा—इन्दतीति इन्द्रः। उक्ता अष्टाविंशतिर्नयभेदाः।

उपनयभेदा उच्यन्ते—सद्भूत[2]व्यवहारो द्विधा। शुद्धसद्भूतव्यवहारो यथा—शुद्धगुणशुद्धगुणिनो शुद्धपर्याय-शुद्धपर्यायिणोर्भेदकथनम्[3]। अशुद्धसद्भूतव्यवहारो यथा—अशुद्धगुणाशुद्धगुणिनोरशुद्धपर्याया-शुद्धपर्यायिणोर्भेदकथनम्। [4]इति सद्भूतव्यवहारोऽपि द्वेधा।

शब्दनय, समभिरूढनय और एवंभूतनय ये तीनों नय एक-एक ही हैं, इनके भेद नही है। शब्दनय, जैसे दारा, भार्या और कलत्र तथा जल और आप। समभिरूढनय जैसे गौ शब्दके अनेक अर्थोमेसे रूढ अर्थ पशुको ही ग्रहण करना। एवंभूतनय, जैसे जो आनन्द करता है वह इन्द्र है। इस प्रकार नयके अट्ठाईस भेद कहे।

विशेषार्थ—जो नय लिंग, वचन, कारक आदिके भेदसे शब्दको भेदरूप ग्रहण करता है उसे शब्दनय कहते है। जैसे संस्कृत भाषामें दारा, भार्या और कलत्र शब्द स्त्रीके वाचक है किन्तु दारा शब्द पुल्लिंग है, भार्या शब्द स्त्रीलिंग है और कलत्र शब्द नपुसकलिंग है। अत लिंग भेद होनेसे शब्दनय इन तीनो शब्दोके अर्थको भेदरूप ही ग्रहण करता है। इसी तरह जल और आप ये दोनो शब्द जलके वाचक है। किन्तु 'जलम्' एक वचनका रूप है और 'आप' शब्द नित्य बहुवचनान्त है। अत वचन-भेद होनेसे शब्दनय इन दोनोंके अर्थोको भी भेदरूप ही ग्रहण करता है। जो किसी शब्दके रूढ अर्थको ग्रहण करता है उसे समभिरूढनय कहते है। जैसे संस्कृत भाषामें 'गौ' शब्दके ग्यारह अर्थ है किन्तु रूढ अर्थ बैल या गाय नामक पशु है। अत समभिरूढनय उसी अर्थको ग्रहण करता है। जिस शब्दका जिस क्रियारूप अर्थ हो उस क्रियारूप प्रवृत्ति करते समय ही उस शब्दका प्रयोग उचित है ऐसा एवंभूतनयका मत है। 'इन्द्र' शब्द स्वर्गके स्वामीका वाचक है। उसका अर्थ होता है जो आनन्द करता है अत जब स्वर्गका स्वामी आनन्द करता हो तभी उसे इन्द्र कहना उचित है। ये तीनो नय शब्दकी प्रधानतासे वस्तुको ग्रहण करते हैं इसलिए इन्हे शब्दनय कहते है और इनसे पहलेके चार नयोको अर्थनय कहते है। ऊपर द्रव्यार्थिक-नयके दस भेद कहे है, पर्यायार्थिकनयके छह भेद कहे है, नैगमनयके तीन भेद कहे हैं—सग्रह, व्यवहार और ऋजुसूत्रनयके दो-दो भेद कहे है तथा शब्द आदि नय एक-एक है इन सबको जोडनेसे १० + ६ + ३ + २ + २ + २ + १ + १ + १ = २८ अट्ठाईस भेद होते है।

उपनयके भेद कहते है। सद्भूत व्यवहारनयके दो भेद हैं। शुद्धसद्भूतव्यवहारनय जैसे—शुद्ध गुण और शुद्ध गुणीमें तथा शुद्ध पर्याय और शुद्धपर्यायवालेमें भेद करना। अशुद्ध सद्भूतव्यवहारनय, जैसे, अशुद्धगुण और अशुद्ध गुणीमे तथा अशुद्ध पर्याय और अशुद्ध पर्यायीमे भेद करना। इस तरह सद्भूत व्यव-हारनयके दो भेद है।

विशेषार्थ—गुण गुणीमें और पर्याय पर्यायीमें भेद करनेको सद्भूत व्यवहारनय कहते है। दोनो ही शुद्ध भी होते है और अशुद्ध भी होते है अत सद्भूत व्यवहारनयके दो भेद हो जाते है। जैसे आत्म और ज्ञानमे या सिद्धजीव और सिद्धपर्यायमें भेद करना शुद्धसद्भूतव्यवहारनय है और ससारीजीव और मनुष्यादि पर्यायमें तथा संसारी आत्मा और उसके मतिज्ञानादि गुणोमे भेद कथन करना अशुद्ध सद्भूत व्यवहारनय है।

---

१ सर्वार्थसिद्धि १।३३। २. 'स धा' नास्ति अ० क० ख० ग० घ० ज० प्रतिषु। ३ -नम्। यथा ज्ञानजीवयो सिद्धपर्यायसिद्धजीवयो ज०। ४. 'इ धा' नास्ति आ० प्रतौ।

असद्भूतव्यवहारस्त्रेधा[1]। स्वजात्यसद्भूतव्यवहारो यथा—परमाणुर्बहुप्रदेशीति कथनमित्यादि। विजात्यसद्भूतव्यवहारो यथा—मूर्तं मतिज्ञानं यतो मूर्तद्रव्येण जनितम्। स्वजातिविजात्यसद्भूतव्यवहारो यथा—ज्ञेयेरजीवेऽजीवे ज्ञानमिति कथनं ज्ञानस्य विषयत्वात्[2]। इत्यसद्भूतव्यवहारस्त्रेधा।

उपचरितासद्भूतव्यवहारस्त्रेधा[3]। स्वजात्युपचरितासद्भूतव्यवहारो यथा—पुत्रदारादि मम[4]। विजात्युपचरितासद्भूतव्यवहारो यथा—वस्त्राभरणहेमरत्नादि मम। स्वजातिविजात्युपचरितासद्भूतव्यवहारो यथा—देशराज्यदुर्गादि मम[5]। इत्युपचरितासद्भूतव्यवहारस्त्रेधा।

सहभुवो गुणाः, क्रमवर्तिनः पर्यायाः[6]। गुण्यते पृथक्क्रियते द्रव्यं द्रव्यान्तराद्यैस्ते गुणाः। अस्तीत्येतस्य भावोऽस्तित्वं सद्रूपत्वम्[7]। वस्तुनो भावो वस्तुत्वम्। सामान्यविशेषात्मकं वस्तु। द्रव्यस्य भावो द्रव्यत्वम्। निजनिजप्रदेशसमूहैरखण्डवृत्त्या स्वभावविभावपर्यायान् द्रवति, द्रोष्यति अदुद्रवदिति द्रव्यम्[8]।

असद्भूतव्यवहारनयके तीन भेद है। स्वजाति असद्भूत व्यवहारनय, जैसे, परमाणु बहुप्रदेशी है इत्यादि कहना। विजाति असद्भूतव्यवहारनय, जैसे—मतिज्ञान मूर्त है क्योकि मूर्तद्रव्यसे उत्पन्न होता है। स्वजाति विजाति असद्भूतव्यवहारनय, जैसे ज्ञेय जीव अथवा अजीवमें ज्ञान है ऐसा कहना क्योकि वह ज्ञानका विषय है। इस प्रकार असद्भूत व्यवहारनयके तीन भेद है।

विशेषार्थ—अन्यत्र प्रसिद्ध धर्मका अन्यत्र आरोप करना असद्भूत व्यवहारनय है। ऐसा आरोप यदि सजातीय पदार्थोंमें किया जाता है तो वह स्वजाति असद्भूत व्यवहारनय कहा जाता है। जैसे परमाणु अन्य परमाणुओंसे मिलनेपर बहुप्रदेशी कहलाता है अतः परमाणुको बहुप्रदेशी कहना स्वजाति असद्भूत व्यवहारनय है। विजातीय पदार्थोंमें इस प्रकारके आरोपको विजाति असद्भूत व्यवहारनय कहते है, जैसे मतिज्ञान मूर्तपदार्थ इन्द्रियादिके निमित्तसे होता है अतः उसे मूर्त कहना विजाति असद्भूत व्यवहारनय है। तथा जब अन्यत्र प्रसिद्ध धर्मका आरोप सजाति और विजाति पदार्थोंमें किया जाता है तो उसे सजाति विजाति असद्भूत व्यवहारनय कहते है। जैसे जीव और अजीव पदार्थ ज्ञानके विषय है इसलिए उन्हें ज्ञान कहना। यहाँ जीव ज्ञानके लिए स्वजातीय है और अजीव विजातीय है।

उपचरित असद्भूतव्यवहारनयके तीन भेद है। स्वजाति उपचरित असद्भूतव्यवहारनय—जैसे पुत्र, स्त्री आदि मेरे है। (यहाँ पुत्र, स्त्री आदि सजातीय है उनको अपना कहना उपचारोपचार है इसीलिए यह उपचरित असद्भूत व्यवहारनयका विषय है)। विजाति उपचरित असद्भूतव्यवहारनय, जैसे वस्त्र, आभरण, स्वर्ण, रत्न आदि जड़रूप वस्तु मेरी है। स्वजाति विजाति उपचरित असद्भूत व्यवहारनय, जैसे—देश, राज्य, दुर्ग आदि मेरे है (यहाँ देश आदिमें जड़ और चेतन दोनो आते है)।

इस प्रकार उपचरित असद्भूत व्यवहारनयके तीन भेद हैं।

जो द्रव्यके साथ सदा रहते है उन्हें गुण कहते है और जो द्रव्यमें क्रमसे एकके-बाद एक आती-जाती है उन्हे पर्याय कहते है। जो एक द्रव्यको अन्य द्रव्योसे पृथक् करते है वे गुण है (जैसे जीव पुद्गल आदिसे ज्ञान आदि गुणोके कारण भिन्न है, और पुद्गल जीवादि द्रव्योसे रूपादि गुणोके कारण भिन्न है)। अस्तिके भावको अस्तित्व कहते है। अस्तित्वका अर्थ है सत्ता। वस्तुके भावको वस्तुत्व कहते है और जो सामान्य

---

१ 'अस ···स्त्रेधा' नास्ति ज० प्रतौ। २. विषयात् आ० अ० क० ख० ग० ज० मु०। ३. 'उप ·····धा' नास्ति अ० क० ख० घ० ज० प्रतिषु। ४ पुत्राद्यहं मम वा अ० आ० क० ख० ग० ज०। ५. 'इ····धा' नास्ति आ० ज०। ६. सहभावा मु०। 'सहभुव जाणहि ताहँ गुण कमभुव पज्जउ वुत्तु ॥५७॥—प० प्रकाश। 'गुणपर्ययवद्द्रव्यं ते सहक्रमवृत्तय.।—न्यायविनिश्चय श्लोक ११५। ७. द्रव्याद्यै अ० आ० क० ख० ज०। ८. 'दवियदि गच्छदि ताइं ताइ सब्भावपज्जयाइं जं। दवियं तं भण्णते अणण्णभूदं तु सत्तादो ॥ —पञ्चास्ति० गा० ९। 'ययास्वं पर्यायैर्द्रूयन्ते द्रवन्ति वा तानि द्रव्याणि'—सर्वार्थ० ५।२। 'द्रवति द्रोष्यति अदुद्रवदिति वा द्रव्यम्'—लघीयस्त्रयविवृ०, न्या० कु० पृ० ६०७।

सद्द्रव्यलक्षणम्[1]। सीदति स्वकीयान् गुणपर्यायान् व्याप्नोतीति सत्। उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं[2] सत्। प्रमेयस्य भावः प्रमेयत्वम्। प्रमाणेन स्वपरस्वरूपपरिच्छेद्यं प्रमेयम्।

अगुरुलघोर्भावोऽगुरुलघुत्वम्। सूक्ष्मा वाग्गोचराः[3] प्रतिक्षणं वर्तमाना आगमप्रमाणादभ्युपगम्या अगुरुलघुगुणाः।

सूक्ष्मं जिनोदितं तत्त्वं हेतुभिर्नैव हन्यते।
आज्ञासिद्धं तु तद्ग्राह्यं नान्यथावादिनो[4] जिनाः ॥४॥

प्रदेशस्य भावः प्रदेशत्वं क्षेत्रत्वम्—अविभागिपुद्गलपरमाणुनाऽवष्टब्धत्वम्। चेतनस्य भावश्चेतनत्वम्। चैतन्यमनुभवनम्।

चैतन्यमनुभूतिः स्यात्[5] सा क्रियारूपमेव[6] च।
क्रिया मनो-वचः-कायेष्वन्विता वर्तते ध्रुवम् ॥५॥

अचेतनस्य भावोऽचेतनत्वम्। अचैतन्यमननुभवनम्। मूर्तस्य भावो मूर्तत्वं[7] रूपादिमत्वम्। अमूर्तस्य भावोऽमूर्तत्व[8] रूपादिरहितत्वम्।

इति गुणानां व्युत्पत्तिः।

और विशेषरूप होती है वह वस्तु है। द्रव्यके भावको द्रव्यत्व कहते है। अपने-अपने प्रदेश समूहोके द्वारा अखण्डरूपसे जो स्वाभाविक और वैभाविक पर्यायोको प्राप्त करता है, प्राप्त करेगा और प्राप्त कर चुका है वह द्रव्य है अर्थात् द्रव्य त्रिकालावस्थायी नित्य होते हुए भी परिणमनशील है। द्रव्यका लक्षण सत् है, जो अपने गुण पर्यायोमें व्याप्त है वह सत् है। उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यसे युक्तको सत् कहते है। प्रमेयके भावको प्रमेयत्व कहते है और प्रमाणके द्वारा जाने गये स्व और परको प्रमेय कहते है अर्थात् जो प्रमाण ज्ञानके द्वारा जाना जाता है वह सब प्रमेय है।

अगुरुलघु गुणके भावको अगुरुलघुत्व कहते हैं। अगुरुलघु नामक गुण सूक्ष्म है वचनके अगोचर है, उनके सम्बन्धमें कुछ कहना शक्य नही है वे प्रतिसमय प्रत्येक द्रव्यमें वर्तमान रहते है और आगम प्रमाणके द्वारा ही माने जाते है। (कहा भी है)—जिन भगवान्के द्वारा कहा गया तत्त्व सूक्ष्म है युक्तियोसे उसका घात नही किया जा सकता। उसे आज्ञासिद्ध मानकर ही ग्रहण करना चाहिए क्योकि जिनदेव अन्यथा (जो जैसा नही है वैसा) नही कहते है। अर्थात् जिनदेवके द्वारा कहे गये आगमको प्रमाण मानकर अगुरुलघु गुणोको स्वीकार करना चाहिए।

प्रदेशके भावको प्रदेशत्व कहते हैं। प्रदेशत्वका अर्थ होता है क्षेत्रत्व, जिसका दूसरा विभाग नही हो सकता ऐसे पुद्गल परमाणुके द्वारा रोके गये क्षेत्रको प्रदेश कहते हैं। चेतनके भावको चेतनत्व कहते है। अनुभवनका नाम चैतन्य है। चैतन्य अनुभूतिरूप है और अनुभूति क्रियारूप है। तथा क्रिया निश्चय ही मन, वचन और कायमें अन्वित है।

अचेतनके भावको अचेतनत्व कहते है। अचैतन्यका अर्थ है अनुभूतिका न होना। मूर्तके भावको मूर्तत्व कहते हैं। मूर्तत्वका अर्थ है रूप, रस आदिसे सहित होना। अमूर्तके भावको अमूर्तत्व कहते है। अमूर्तत्वका अर्थ है रूपादिसे रहित होना।

इस प्रकार गुणोकी व्युत्पत्ति हुई।

---

१. तत्त्वार्थसूत्र ५।२९। २. -तत्त्वार्थ० ५।३०। ३ अवाक् गोचरा ग० ज०। ४ थाभाषिणो ज०। ५. स्यात् सत्क्रिया क० ख० ग०। ६. -मेव हि ज०। ७. मूर्तत्वम्। मूर्तत्वं रूपा-ज०। ८. -त्वम्। अमूर्तत्वं रूपा-ज०।

स्वभावविभावरूपतया याति पर्येति परिणमतीति पर्याय इति पर्यायस्य व्युत्पत्ति: । स्वभावलाभादच्युतत्वादस्तिस्वभाव । परस्वरूपेणाभावान्नास्तिस्वभाव: । निजनिजनानापर्यायेषु तदेवेदमिति द्रव्यस्योपलम्भान्नित्यस्वभाव: । तस्याप्यनेकपर्याय[1]परिणतत्वादनित्यस्वभाव: । स्वभावानामेकाधारत्वादेकस्वभाव: । एकस्याप्यनेकस्वभावोपलम्भादनेकस्वभाव: । गुणगुण्यादिसंज्ञाभेदाद् भेदस्वभाव, संज्ञासंख्यालक्षणप्रयोजनानि[2] । गुणगुण्याद्येकस्वभावात् अभेदस्वभाव. । भाविकाले परस्वरूपाकारभवनाद् भव्यस्वभाव: । कालत्रयेऽपि परस्वरूपाकाराभवनादभव्यस्वभाव. । उक्त च—

अण्णोण्णं पविसंता दिंता ओग्गासमण्णमण्णस्स ।
मेलंता वि य णिच्चं सगसगभावं ण विजहंति ॥६॥

[पञ्चास्ति०, गा० ७]

पारिणामिकभावप्रधानत्वेन परमस्वभाव. । इति सामान्यस्वभावानां व्युत्पत्ति: ।
प्रदेशादिगुणानां व्युत्पत्तिश्चेतनादिविशेषस्वभावानां च व्युत्पत्तिर्निगदिता ।

धर्मापेक्षया स्वभावा गुणा न भवन्ति । स्वचतुष्टयापेक्षया परस्परं गुणा: स्वभावा भवन्ति । द्रव्याण्यपि भवन्ति । स्वभावादन्यथाभ नं विभाव: । शुद्धं केवलभावमशुद्धं[3] तस्यापि विपरीतम् । स्वभाव-

---

स्वभाव और विभाव रूपसे जो परिणमन करे उसे पर्याय कहते है, यह पर्यायकी व्युत्पत्ति है । द्रव्य अपने-स्वभावके लाभसे कभी च्युत नही होता, सदा अपने स्वभावमे स्थिर रहता है अत अस्तिस्वभाव है । द्रव्य कभी भी पर स्वरूप नही होता अत नास्तिस्वभाव है । अपनी-अपनी नाना पर्यायोमे 'यह वही है' इस प्रकार द्रव्यकी उपलब्धि होती है अर्थात् परिवर्तनशील होते हुए भी द्रव्यकी द्रव्यता कायम रहती है इसलिए वह नित्य स्वभाव है । किन्तु अनेक पर्यायरूप परिणमनशील होनेसे अनित्य स्वभाव है । नाना स्वभावोका आधार एक होनेसे एक स्वभाव है और एकके भी अनेक स्वभाव पाये जानेसे अनेक स्वभाव है । गुण गुणी आदि नामभेद, सख्याभेद, लक्षणभेद तथा प्रयोजनभेद होनेसे भेदस्वभाव है अर्थात् एक ही द्रव्यमें गुण, और गुणोका भेद पाया जाता है, अत. नामभेद हुआ । गुणकी सख्या अनेक और गुणोकी संख्या एक होनेसे संख्याभेद हुआ । गुणका लक्षण पृथक् है और गुणीका लक्षण है पृथक् अत लक्षणभेद हुआ । गुणका कार्य अलग है और गुणीका अलग है अत इन भेदोके कारण द्रव्यभेद स्वभाव है । किन्तु गुण, गुणी आदि स्वभावसे एक ही है उनमें वस्तुत भेद नही है अत. द्रव्य अभेद स्वभाव है । भाविकालमें परस्वरूपाकार होनेसे भव्यस्वभाव है और तीनो कालोमे भी द्रव्य परस्वरूपाकार नही होता इसलिए अभव्य स्वभाव है । कहा भी है—सब द्रव्य लोकाकाशमें परस्परमें हिले-मिले है, एक दूसरेको स्थान दिये हुए हैं जहाँ धर्मद्रव्य है वही शेषद्रव्य भी है । इस तरह सदा मिले हुए होने पर भी अपने-अपने स्वभावको नही छोडते है ।

पारिणामिक भावकी प्रधानता होनेसे द्रव्य परमस्वभाववाला है । इस प्रकार द्रव्यके सामान्य स्वभावो की यह व्युत्पत्ति है । प्रदेश आदि गुणोकी तथा चेतना आदि विशेष स्वभावोकी व्युत्पत्ति पहले कही है ।

धर्मकी अपेक्षासे स्वभाव गुण नही होते है किन्तु अपने-अपने द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी अपेक्षासे गुण परस्परमें स्वभाव हो जाते है । द्रव्य भी स्वभाव हो जाते है । स्वभावसे अन्यथा भवन—अन्य रूप होने को विभाव कहते है । केवल भावको शुद्ध कहते है उससे विपरीत भावको अशुद्ध कहते है । स्वभावका भी

---

१ परिणामित्वा—ज० । २ -नानि जीवद्रव्यस्य जीव इति संज्ञा, ज्ञानगुणस्य ज्ञानमिति सज्ञा । चतुर्भि प्राणै. जीवति जीविष्यति अजीवतीति जीवद्रव्यलक्षणम् । ज्ञायते पदार्थोऽनेनेति ज्ञानमिति ज्ञानगुणलक्षणम् । जीवद्रव्यस्य बन्धमोक्षादिपर्यायैरविनश्वररूपेण परिणमनं प्रयोजनम् । ज्ञानगुणस्य पुन पदार्थपरिच्छित्तिमात्रमेव प्रयोजनमिति संक्षेपेण । गुण—क० ग० । इद टिप्पणं मूले सम्मिलितमिति प्रतिभाति । ३ तस्मादपि घ० । शुद्धस्यापि ।

स्याप्यन्यत्रोपचारादुपचरितस्वभावः । स द्वेधा–कर्मजस्वाभाविकभेदात् । यथा जीवस्य मूर्तत्वमचेतनत्वं, यथा सिद्धात्मना[1] परज्ञता परदर्शकत्वं च । एवमितरेषां द्रव्याणामुपचारो यथासंभवो ज्ञेयः । इति विशेष-स्वभावानां व्युत्पत्ति. ।

उक्तम्—

[2]दुर्णयैकान्तमारूढा भावा[3] न स्वार्थिका[4] हि ते ।
स्वार्थिकाश्च विपर्यस्ताः सकलंका नया यतः ॥७॥

तत्कथम् ? तथाहि—सर्वथैकान्तेन सद्रूपस्य न नियतार्थव्यवस्था संकरादिदोषत्वात्[5] । तथाऽसद्रू-पस्य सकलशून्यताप्रसंगात् । नित्यस्यैकरूपत्वादेकरूपस्यार्थक्रियाकारित्वाभाव·, अर्थक्रियाकारित्वाभावे द्रव्यस्याप्यभावः । अनित्यपक्षेऽपि[6] निरन्वयत्वादर्थक्रियाकारित्वाभाव. । अर्थक्रियाकारित्वाभावे द्रव्यस्याप्य-भावः । एकस्वरूपस्यैकान्तेन विशेषाभाव. सर्वथैकरूपत्वात्, विशेषाभावे सामान्यस्याप्यभाव· ।

[7]निर्विशेष हि सामान्यं भवेत् खरविषाणवत् ।
सामान्यरहितत्वाच्च विशेषस्तद्वदेव हि ॥८॥ इति ज्ञेय· ।

अन्यत्र उपचार करना उपचरित स्वभाव है । वह दो प्रकारका है, एक कर्मजन्य और दूसरा स्वाभाविक । जैसे जीवका मूर्तपना और अचेतनपना कर्मजन्य उपचरित स्वभाव है अर्थात् कर्मबन्धनके निमित्तसे कर्मोके मूर्तत्व और अचेतनत्व स्वभावका उपचार जीवमें किया जाता है । और सिद्धोको परका ज्ञाता द्रष्टा कहना स्वाभाविक उपचरित स्वभाव है (सिद्ध वस्तुत स्वके ज्ञाता द्रष्टा हैं क्योकि तन्मय होकर अपनेको जानते है किन्तु उस तरह परमय होकर परको नही जानते अत उन्हे परका ज्ञाता द्रष्टा उपचारसे कहा जाता है) । इसी तरह अन्य द्रव्योका भी यथासभव उपचार जानना चाहिए ।

इस प्रकार विशेष स्वभावोकी व्युत्पत्ति जानना । कहा भी है—

दुर्नयके विषयभूत एकान्तरूप पदार्थ वास्तविक नही है क्योकि दुर्नय केवल स्वार्थिक है—वे अन्य नयोकी अपेक्षा न करके केवल अपनी ही पुष्टि करते है । और जो स्वार्थिक होनेसे विपरीत होते है वे नय सदोष होते है ।

इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है—यदि वस्तुको सर्वथा एकान्तसे सद्रूप माना जायेगा तो सकर आदि दोषोके आनेसे नियत अर्थकी व्यवस्था नही बनेगी । अर्थात् जब वस्तुको सर्वथा सद्रूप माना जायेगा तो वस्तु सब रूप होगी और ऐसी स्थितिमें जीव पुद्गल आदिके भी परस्परमें एकरूप होनेसे पुद्गल जीवरूप और जीव पुद्गलरूप हो जायेगा क्योकि वस्तु सर्वथा सद्रूप है उसमें असत्पना है ही नही । इसी तरह वस्तुको सर्वथा असद्रूप—अभावरूप माननेसे समस्त संसारकी शून्यताका प्रसंग आता है । वस्तुको सर्वथा नित्य माननेसे वह सदा एकरूप रहेगी और सदा एकरूप रहनेसे वह अर्थक्रिया (कुछ कार्य) नही कर सकेगी तथा अर्थक्रिया न करनेसे वस्तुका अभाव हो जायेगा । वस्तुको सर्वथा अनित्य (क्षणिक) माननेपर भी दूसरे ही क्षणमें वस्तुका सर्वथा विनाश हो जानेसे वह कोई कार्य नही कर सकेगी और कुछ भी कार्य न करनेसे वस्तुका ही अभाव हो जायेगा । वस्तुको सर्वथा एकरूप माननेपर उसमें विशेष धर्मका अभाव हो जायेगा क्योकि वह सर्वथा एकरूप है और विशेष धर्मका अभाव होनेसे सामान्य वस्तुका भी अभाव हो जायेगा, क्योकि विना विशेषका सामान्य गधेके सीगकी तरह असत् है और विना सामान्यके विशेष भी गधेके सीगकी तरह असत् है । अर्थात् सामान्यके विना विशेष नही होता और विशेषके विना सामान्य नही होता । अत. दोनोका ही अभाव होगा ।

---

१. सिद्धाना मु० । २ दुष्टो नयो दुर्नय तस्यैकान्तम् । ३ भावाना मु० । ४ -का इति क० ख० ग० । ५. -दोषप्रसङ्गात् घ० । संकर–व्यतिकर-विरोध-वैयधिकरण-अनवस्था-संशय-अप्रतिपत्ति-अभाव इति अष्टौ दोषाः । ६. –पि अनित्यरूपत्वाद–मु० । ७. विशेषरहितम् ।

अनेकपक्षेऽपि तथा द्रव्याभावो निराधारत्वात् आधाराधेयाभावाच्च । भेदपक्षेऽपि विशेषस्वभावानां निराधारत्वादर्थक्रियाकारित्वाभाव', अर्थक्रियाकारित्वाभावे द्रव्यस्याप्यभावः । अभेदपक्षेऽपि सर्वेषामेकत्वम्, सर्वेषामेकत्वे[1]ऽर्थक्रियाकारित्वाभाव., अर्थक्रियाकारित्वाभावे द्रव्यस्याप्यभावः[2] । भव्यस्यैकान्तेन पारिणामिकत्वात् द्रव्यस्य द्रव्यान्तरत्वप्रसङ्गात् संकरादिदोषसंभवात् । संकर-व्यतिकर-विरोध-वैयधिकरणानवस्था-संशयाप्रतिपत्त्यभावाश्चेति । सर्वथाऽभाव्यस्यैकान्तेऽपि तथा शून्यताप्रसङ्गात् । स्वभावस्वरूपस्यैकान्तेन संसाराभावः । विभावपक्षेऽपि मोक्षस्याप्यभावः । सर्वथा चैतन्यमेवेत्युक्ते सर्वेषां शुद्धज्ञानचैतन्यावाप्तिः स्यात् , तथा सति ध्यान[4]-ध्येय-ज्ञान-ज्ञेय-गुरु-शिष्याद्यभावः ।

सर्वथाशब्दः सर्वप्रकारवाची अथवा सर्वकालवाची अथवा नियमवाची वा अनेकान्तसापेक्षी वा । यदि सर्वप्रकारवाची सर्वकालवाची अनेकान्तवाची वा सर्वगणे पठनात् । सर्वशब्द एवंविधश्चेत्तर्हि सिद्धं नः समीहितम् । अथवा नियमवाची चेत्तर्हि सकलार्थानां तव प्रतीतिः कथं स्यात् ? नित्यः, अनित्यः, एकः, अनेकः, भेद., अभेदः कथं प्रतीतिः स्यात् नियमितपक्षत्वात् ।

तथाऽचैतन्यपक्षेऽपि सकलचैतन्योच्छेद. स्यात् । मूर्तस्यैकान्तेनात्मनो[5] मोक्षस्यानवाप्तिः स्यात् । सर्वथाऽमूर्तस्यापि तथाऽऽत्मन. संसारविलोपः स्यात् । एकप्रदेशस्यैकान्तेनाखण्डपरिपूर्णस्यात्मनोऽनेककार्य-

---

सर्वथा अनेक माननेपर भी द्रव्यका अभाव हो जायेगा क्योकि उन अनेक रूपोका कोई एक आधार सर्वथा अनेक पक्षमें नही बनता । तथा आधार और आधेयका अभाव होनेसे भी द्रव्यका अभाव हो जायेगा । सामान्य और विशेषमें सर्वथा भेद माननेपर निराधार होनेसे विशेष कुछ भी अर्थक्रिया नही कर सकेंगे और अर्थक्रिया नही करनेपर द्रव्यका भी अभाव हो जायेगा । सर्वथा अभेदपक्षमें भी सब एक हो जायेंगे और सबके एक होनेपर अर्थक्रियाका अभाव हो जायेगा । तथा अर्थक्रियाके अभावमें द्रव्यका भी अभाव हो जायेगा । सर्वथा भव्य—होनेके योग्य—माननेपर वस्तु सर्वथा पारिणामिक हो जायेगी और ऐसा होनेपर एक द्रव्य दूसरे द्रव्यरूप हो जायेगा । तब संकर, व्यतिकर, विरोध, वैयधिकरण, अनवस्था, संशय, अप्रतिपत्ति और अभाव नामक आठ दोष आयेंगे । वस्तुको यदि सर्वथा अभव्य—होनेके अयोग्य—माना जायेगा तो शून्यताका प्रसंग आयेगा क्योकि जो होनेके सर्वथा अयोग्य है वह वस्तुरूप कैसे हो सकती है । सर्वथा स्वभावरूप माननेपर संसारका अभाव हो जायेगा क्योकि संसारदशा तो विभावरूप है । सर्वथा विभावरूप माननेपर मोक्षका भी अभाव हो जायेगा क्योकि मोक्ष तो स्वभावरूप है । सर्वथा चैतन्य ही है ऐसा माननेपर सभीको शुद्धज्ञान और चैतन्यकी प्राप्ति हो जायेगी । और जब सभी शुद्धबुद्ध हो जायेंगे तो ध्यान ध्येय, ज्ञान ज्ञेय, गुरु, शिष्य आदिका अभाव हो जायेगा ।

'सर्वथा' शब्द सर्वप्रकारका वाचक है अथवा सर्वकालका वाचक है अथवा नियमवाचक है अथवा अनेकान्त सापेक्षका वाचक है । चूँकि 'सर्व' शब्दका पाठ सर्वगणमे है इसलिए यदि वह सर्वकाल अथवा सर्व प्रकार अथवा अनेकान्तका वाचक है तो हमारा अभिमत सिद्ध होता है अर्थात् वस्तु एकरूप ही सिद्ध न होकर अनेकरूप भी सिद्ध होती है क्योकि सर्वथाका अर्थ सर्वकाल, सवप्रकार अथवा अनेक धर्मात्मक होता है । यदि सर्वथा शब्द नियमवाची है कि वस्तु उस विवक्षित एक धर्मरूप ही है तो आपके मतमें नित्य अनित्य, एक-अनेक, भेद-अभेद आदि समस्त अर्थोकी प्रतीति कैसे सभव है ? क्योकि आप तो केवल एक नियत पक्षको ही स्वीकार करते है ।

तथा सर्वथा अचैतन्य पक्षको स्वीकार करने पर भी समस्त चेतन पदार्थोके विनाशका प्रसंग आता है । आत्माको सर्वथा मूर्तिक माननेपर उसे मोक्षकी प्राप्ति नही होगी । आत्माको सर्वथा अमूर्तिक माननेपर संसारका ही लोप हो जायेगा । सर्वथा एक प्रदेशी माननेपर अखण्ड परिपूर्ण आत्मा अनेक कार्य नही कर

---

१. त्वेन अर्थ—क० ग० । २, —व. मेलापप्रसङ्गात् क० ग० । ३. भयस्यै—ग० । ४. ध्यानं ध्येय ज्ञानं ज्ञेयं अ० आ० क० ख० ज० । ५ -नो न मोक्षस्यावासि. अ० ख० ज० । —नो न मोक्षस्य प्राप्ति. क० ग० ।

कारित्व[1] एव हानिः स्यात्। सर्वथाऽनेकप्रदेशत्वेऽपि तथा [2]तस्यानर्थकार्यकारित्वं स्वस्वभावशून्यताप्रसङ्गात्। शुद्धस्यैकान्तेनात्मनो न कर्ममलकलङ्कावलेपः सर्वथा निरञ्जनत्वात्। सर्वथाऽशुद्धैकान्तेऽपि तथात्मनो न कदाचिदपि शुद्धस्वभावप्रसङ्गः स्यात् तन्मयत्वात्[3]। उपचरितैकान्तपक्षेऽपि नात्मज्ञता संभवति नियमित-पक्षत्वात्। तथात्मनोऽनुपचरितपक्षेऽपि परज्ञतादीनां विरोधः स्यात्।

नानास्वभावसंयुक्तं द्रव्यं ज्ञात्वा प्रमाणत.।
तच्च[4] सापेक्षसिद्धयर्थं [5]स्यान्नयै[6]र्मिश्रितं कुरु ॥९॥

स्वद्रव्यादिग्राहकेणास्तिस्वभावः। परद्रव्यादिग्राहकेण नास्तिस्वभाव.। उत्पादव्ययगौणत्वेन सत्ता-ग्राहकेण नित्यस्वभावः। केनचित् पर्यायार्थिकेनानित्यस्वभावः। भेदकल्पनानिरपेक्षेणैकस्वभाव.। अन्वय-द्रव्यार्थिकेनैकस्याप्यनेक[7]स्वभावत्वम्। सद्भूतव्यवहारेण गुणगुण्यादिभिर्भेदस्वभावः। भेदकल्पनानिरपेक्षेण गुणगुण्यादिभिरभेदस्वभाव.। परमभावग्राहकेण भव्याभव्यपारिणामिकस्वभावः। शुद्धाशुद्धपरमभावग्राह-केण चेतनस्वभावो जीवस्य। असद्भूतव्यवहारेण कर्मनोकर्मणोऽपि चेतनस्वभावः। परमभावग्राहकेण कर्म-नोकर्मणोरचेतनस्वभावः। जीवस्याप्यसद्भूतव्यवहारेणाचेतनस्वभाव.। परमभावग्राहकेण कर्मनोकर्मणो-र्मूर्तस्वभावः। जीवस्याप्यसद्भूतव्यवहारेण मूर्तस्वभाव। परमभावग्राहकेण पुद्गलं विहाय [8]इतरेषामूर्त-स्वभाव.। पुद्गलस्योपचारादपि नास्त्यमूर्तत्वम्।

सकेगा। तथा आत्माको सर्वथा अनेक प्रदेशी मानने पर भी वह अर्थक्रिया नही कर सकेगा और उसके स्वभाव शून्यताका भी प्रसंग प्राप्त होगा। आत्माको सर्वथा शुद्ध मानने पर कर्ममलरूपी कलंकसे वह लिप्त नही हो सकेगा क्योकि वह सर्वथा मलरहित है। आत्माको सर्वथा अशुद्ध मानने पर कभी भी वह शुद्ध-स्वभाववाला नही हो सकेगा क्योकि वह सर्वथा अशुद्ध स्वभाववाला है। सर्वथा उपचरित पक्षको स्वीकार करनेपर आत्मा आत्मज्ञ नही हो सकेगा क्योकि आपको उपचरितपक्ष ही इष्ट है और उपचरित पक्षमें अनु-पचरित पक्ष सम्भव नही है। तथा सर्वथा अनुपचरित पक्षको ही स्वीकार करनेपर आत्मा परका ज्ञाता नही हो सकेगा क्योकि निश्चयनय (अनुपचरित पक्ष) से आत्मा केवल आत्माको जानता है और व्यवहारनयसे (उपचरितपक्ष) परको जानता है।

इस प्रकार प्रमाणके द्वारा नाना स्वभावोसे युक्त द्रव्यको जानकर सापेक्ष सिद्धिके लिए उसमें नयोकी योजना करनी चाहिए।

आगे वही नययोजना कहते है।

स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल और स्वभावको ग्रहण करनेवाले नयकी अपेक्षा द्रव्य अस्तिस्वभाव है। परद्रव्य, परक्षेत्र, परकाल और परभावको ग्रहण करनेवाले नयकी अपेक्षा नास्तिस्वभाव है। उत्पाद और व्ययको गौण करके सत्ताकी मुख्यतासे ग्रहण करनेवाले नयकी अपेक्षा द्रव्य नित्य है। किसी पर्यायको ग्रहण करनेवाले नयकी अपेक्षा द्रव्य अनित्य स्वभाव है। भेदकल्पना निरपेक्ष नयकी अपेक्षा द्रव्य एक स्वभाव है। अन्वयग्राही द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा एक होते हुए भी द्रव्य अनेक स्वभाव है। सद्भूतव्यहारनयसे गुण गुणी आदिकी अपेक्षा द्रव्य भेदस्वभाव है। भेद कल्पना निरपेक्ष नयकी अपेक्षा गुण गुणी आदि रूपसे अभेदस्वभाव है। परमभावके ग्राहक नयकी अपेक्षा जीवद्रव्य भव्य या अभव्यरूप पारिणामिक स्वभाव है। शुद्ध या अशुद्ध परमभाव ग्राहक नयकी अपेक्षा जीवद्रव्य चेतन स्वभाव है। असद्भूतव्यवहारनयसे कर्म और नोकर्म भी चेतनस्वभाव है किन्तु परमभाव ग्राहक नयकी अपेक्षा कर्म और नोकर्म अचेतन स्वभाव है। असद्भूत-व्यवहारनयसे जीव भी अचेतनस्वभाव है। परमभावग्राहक नयकी अपेक्षा कर्म नोकर्म मूर्तस्वभाव है। अस-द्भूतव्यवहार नयसे जीव भी मूर्तस्वभाव है। परमभावग्राही नयकी अपेक्षा पुद्गलको छोड़कर शेष सब द्रव्य अमूर्त स्वभाव है तथा पुद्गल उपचारसे भी अमूर्तिक नही है।

---

१. -त्वमेव ज०। २. आत्मनः। ३. अशुद्धस्वभावमयत्वात्। ४. द्रव्यम्। ५ कथञ्चित् प्रकारेण। ६. नयैर्मि- क० ख० ग०। ७. -नेक द्रव्यस्व- अ० आ० क० ख० ग० ज०। ८. जीवधर्माधर्माकाशकालानाम्।

परमभावग्राहकेण कालपुद्गलाणूनामेकप्रदेशस्वभावत्वम्। भेदकल्पनानिरपेक्षेणेतरेषामखण्डत्वादेकप्रदेशत्वम्। भेदकल्पनासापेक्षेण[2] चतुर्णामपि नानाप्रदेशस्वभावत्वम्। पुद्गलाणोरुपचारतो नानाप्रदेशत्वं न च कालाणोः[3] स्निग्धरूक्षत्वाभावात्। अणोर्[4]मूर्तत्वाभावे पुद्गलस्यैकविंशतितमो भावो न स्यात्। परोक्षप्रमाणापेक्षयाऽसद्भूतव्यवहारेणाप्युपचारेणामूर्तत्व[5] पुद्गलस्य। शुद्धाशुद्धद्रव्यार्थिकेन विभावस्वभावत्वम्। शुद्धद्रव्यार्थिकेन शुद्धस्वभावः। अशुद्धद्रव्यार्थिकेनाशुद्धस्वभाव.। असद्भूतव्यवहारेणोपचरितस्वभावः।

'द्रव्याणां तु यथारूपं तल्लोकेऽपि व्यवस्थितम्।
तथा ज्ञानेन संज्ञातं नयोऽपि हि तथाविधः[6]॥'

इति नययोजनिका।

परमभावग्राही नयकी अपेक्षा कालाणु तथा पुद्गलका एक अणु एकप्रदेशी है। भेदकल्पनाकी अपेक्षा न करने पर शेष धर्म, अधर्म, आकाश और जीवद्रव्य भी अखण्ड होनेसे एकप्रदेशी हैं किन्तु भेदकल्पनाकी अपेक्षासे चारो द्रव्य अनेक प्रदेशी है। पुद्गलका परमाणु उपचारसे अनेक प्रदेशी है क्योकि वह अन्य परमाणुओके साथ बँधने पर बहुप्रदेशी स्कन्धरूप हो जाता है। किन्तु कालाणुमे स्निग्ध रूक्ष गुण नही है अतः वह अन्य कालाणुओके साथ बन्धको प्राप्त नही होता इसलिए कालाणु उपचारसे भी अनेक प्रदेशी नही है। यदि पुद्गलका परमाणु उपचारसे भी अमूर्तिक नही है तो पुद्गलमें इक्कीसवाँ भाव अमूर्तत्व नही रहेगा (और पहले कह आये है कि पुद्गलमें इक्कीस स्वभाव होते है) तो उसका समाधान यह है कि पुद्गलका परमाणु परोक्ष है अर्थात् साव्यवहारिक प्रत्यक्षका विषय नही है इसलिए उपचरित असद्भूत व्यवहारनयसे उसमें अमूर्तत्वका आरोप करके पुद्गलके इक्कीस भाव कहे है।

विशेषार्थ—पहले पुद्गलके इक्कीस भाव बतलाये है उनमें अमूर्तत्व भी है और यहाँ कहा है कि पुद्गलका परमाणु उपचारसे भी अमूर्तिक नही है। इसके साथ ही ऐसी आशका भी होना स्वाभाविक है कि जीव और पुद्गलका परस्परमें बन्ध होनेसे जैसे आत्मामें मूर्तताका उपचार किया जाता है वैसे पुद्गलमें अमूर्तताका उपचार क्यो नही किया जाता। इसका समाधान यह है कि जहाँ पुद्गलका मूर्तस्वभाव अभिभूत नही है किन्तु उद्भूत है वहाँ अमूर्तता स्वभाव संभव नही है क्योकि अमूर्तता पुद्गलसे भिन्न द्रव्योका विशेष धर्म है। आत्मासे बद्ध कर्मोमें अमूर्तता अभिभूत नही है बल्कि कर्मोके कारण आत्माकी अमूर्तता कथचित् अभिभूत है इसीलिए आत्मामें तो मूर्तताका उपचार किया जाता है किन्तु कर्मोमें अमूर्तताका उपचार नही किया जाता। इस समाधानपरसे पुन. यह शंका होती है कि यदि उपचारसे भी पुद्गल अमूर्त स्वभाव नही है तो पहले ऐसा क्यो कहा है कि जीव और पुद्गलमें इक्कीस-इक्कीस भाव होते है तो उसका समाधान यह है कि पुद्गलका परमाणु परोक्ष है जैसे इन्द्रियोसे स्कन्धका प्रत्यक्ष होता है वैसा परमाणुका नही होता। अत व्यावहारिक प्रत्यक्षका अविषय होनेसे परमाणुमे अमूर्तत्वका उपचार करके पुद्गल द्रव्यके इक्कीस भाव कहे है।

शुद्धाशुद्धद्रव्यार्थिकनयसे जीव और पुद्गल विभाव स्वभाव है। शुद्धद्रव्यार्थिकनयसे शुद्ध स्वभाव है, अशुद्ध द्रव्यार्थिकनयसे अशुद्ध स्वभाव है। और असद्भूत व्यवहारनयसे उपचरित स्वभाव है।

द्रव्योका जैसा स्वरूप है। वही लोकमें भी व्यवस्थित है। वैसा ही ज्ञानसे जाना जाता है। नय भी उसी प्रकार जानता है।

इस प्रकार नययोजना हुई।

---

१ -दो परमाणोरप्रदेशस्य च सप्रदेशत्वाच्च अ० क० स० स० । -णां च । भेद स० । २ चतुर्णामपि नानाप्रदेशत्वम्। ३. -णो स्निग्धा आ० । ४ अणोर्मू-क० । अणोरमूर्तभावे स० । ५ -र्तत्व पु-ब० स० स० । ६ तथाविधि ब० स० स० ।

सकलवस्तुग्राहकं प्रमाणम्। प्रमीयते परिच्छिद्यते वस्तुतत्त्वं येन ज्ञानेन तत्प्रमाणम्। तद् द्वेधा सविकल्पेतरभेदात्। सविकल्पं मानसम्। तच्चतुर्विधं-मतिश्रुतावधि-मन.पर्ययरूपम्। निर्विकल्पं मनोरहितं केवलज्ञानम्।

इति प्रमाणस्य व्युत्पत्तिः।

प्रमाणेन वस्तुसंगृहीतार्थैकांशो [1]नयः, [2]श्रुतविकल्पो वा, [3]ज्ञातुरभिप्रायो वा नय·। नानास्वभावेभ्यो व्यावृत्य एकस्मिन् स्वभावे वस्तु नयति [4]प्रापयतीति वा नय.। स द्वेधा सविकल्पनिर्विकल्पभेदात्।

इति नयस्य व्युत्पत्तिः।

प्रमाणनययोर्निक्षेप[5]णं–आरोपणं निक्षेपः। स [6]नामस्थापनादिभेदेन चतुर्विधः।

इति निक्षेपस्य व्युत्पत्तिः।

जो पूर्ण वस्तुको ग्रहण करता है वह प्रमाण है। जिसके द्वारा वस्तुतत्त्वको जाना जाता है उस ज्ञानको प्रमाण कहते है। वह दो प्रकारका है—एक सविकल्प और दूसरा निर्विकल्प। मनकी सहायतासे उत्पन्न होनेवाले ज्ञानको सविकल्प कहते है। उसके चार भेद है—मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान और मनःपर्यय-ज्ञान। जो ज्ञान मनकी सहायताके बिना केवल आत्मासे ही होता है वह निर्विकल्प केवलज्ञान है।

इस प्रकार प्रमाणकी व्युत्पत्ति समाप्त हुई।

प्रमाणके द्वारा गृहीत वस्तुके एक अंशको ग्रहण करनेका नाम नय है। अर्थात् प्रमाणसे वस्तुके सब धर्मोंको ग्रहण करके ज्ञाता पुरुष अपने प्रयोजनके अनुसार उनमेंसे किसी एक धर्मकी मुख्यतासे वस्तुका कथन करता है यही नय है। इसीसे ज्ञाताके अभिप्रायको नय कहा है। श्रुतज्ञानके भेद नय है। इस तरह जो नाना स्वभावोसे वस्तुको पृथक् करके एक स्वभावमें स्थापित करता है वह नय है। नयके भी दो भेद है—सविकल्प और निर्विकल्प।

इस प्रकार नयकी व्युत्पत्ति हुई।

प्रमाण और नयके निक्षेपण या आरोपणको निक्षेप कहते हैं। वह नाम स्थापना द्रव्य और भावके भेदसे चार प्रकारका है।

विशेषार्थ—निक्षेपका अर्थ है रखना। अर्थात् प्रयोजनवश नाम स्थापना द्रव्य और भावमें पदार्थके स्थापन करनेको निक्षेप कहते है। जिस पदार्थमें जो गुण नही है उसको उस नामसे कहना नामनिक्षेप है जैसे किसी दरिद्रने अपने लडकेका नाम राजकुमार रखा है अत वह नामसे राजकुमार है। साकार अथवा निरा-कार पदार्थमें 'वह यह है' इस प्रकारकी स्थापना करनेको स्थापनानिक्षेप कहते है। जैसे शतरंजके मोहरोमें राजा आदि की स्थापना करना। आगामी परिणामकी योग्यता रखनेवाले पदार्थको द्रव्यनिक्षेप कहते है। जैसे राजाके पुत्रको राजा कहना। और वर्तमान पर्यायसे विशिष्ट द्रव्यको भावनिक्षेप कहते है। जैसे राज करते समय ही राजा कहना।

इस प्रकार निक्षेपकी व्युत्पत्ति हुई

---

१. 'प्रमाणप्रकाशितार्थविशेषप्ररूपको नय.'।—तत्त्वार्थवार्तिक १।३३।१। 'प्रमाणपरिग्रहीतार्थैकदेशे वस्त्वध्यवसायो नय। जयधवला मा० १, पृ० १९९। २. 'श्रुतं पुन. स्वार्थं भवति परार्थं च। ज्ञानात्मकं स्वार्थं वचनात्मकं परार्थम्। तद्विकल्पा नया'। सर्वार्थ० १।६। ३. 'नयो ज्ञातुरभिप्रायः'—लघीयस्त्रय श्लो० ५२। ४. प्राप्नोति अ० आ० क० ख० ग०। ५ –क्षेप आरो०—आ० मु०।—योर्निक्षपणं निक्षेप अ० क० स० ग० ज०। ६. नामस्थापना द्रव्यभावतस्तन्न्यासः।—तत्त्वार्थसू० १।५।

द्रव्यमेवार्थ प्रयोजनमस्येति द्रव्यार्थिकः[1]। शुद्धद्रव्यमेवार्थः प्रयोजनमस्येति शुद्धद्रव्यार्थिकः। अशुद्धद्रव्यमेव अर्थः प्रयोजनमस्येत्यशुद्धद्रव्यार्थिकः। सामान्यगुणादयोऽन्वयरूपेण द्रवति[2] द्रव्यमिति व्यवस्थापयतीत्यन्वयद्रव्यार्थिकः। स्वद्रव्यादिग्रहणमर्थः प्रयोजनमस्येति स्वद्रव्यादिग्राहकः। परद्रव्यादिग्रहणमर्थः प्रयोजनमस्येति परद्रव्यादिग्राहकः। परमभावग्रहणमर्थः प्रयोजनमस्येति परमभावग्राहकः।

इति द्रव्यार्थिकस्य व्युत्पत्तिः।

पर्याय एवार्थः प्रयोजनमस्येति पर्यायार्थिकः[3]। अनादिनित्यपर्याय एवार्थं प्रयोजनमस्येत्यनादिनित्यपर्यायार्थिकः। सादिनित्यपर्याय एवार्थः प्रयोजनमस्येति सादिनित्यपर्यायार्थिकः। शुद्धपर्याय एवार्थः प्रयोजनमस्येति शुद्धपर्यायार्थिकः। अशुद्धपर्याय एवार्थः प्रयोजनमस्येत्यशुद्धपर्यायार्थिकः।

इति पर्यायार्थिकस्य व्युत्पत्ति.।

नैकं गच्छतीति निगमः। निगमो विकल्पस्तत्र भवो नैगमः[4]। अभेदरूपतया वस्तुजातं संगृह्णातीति संग्रहः[5]। सग्रहेण गृहीतार्थस्य भेदरूपतया वस्तु येन व्यवहियत इति व्यवहार.[6]। ऋजु प्राञ्जलं सूत्रयतीति ऋजुसूत्रः[7]। शब्दात् व्याकरणात् प्रकृतिप्रत्ययद्वारेण सिद्धः शब्दः शब्दनयः। परस्परेणाभिरूढः

द्रव्य ही जिसका अर्थ अर्थात् प्रयोजन है वह द्रव्यार्थिक नय है। शुद्ध द्रव्य ही जिसका अर्थ—प्रयोजन है वह शुद्धद्रव्यार्थिक है। अशुद्ध द्रव्य ही जिसका अर्थ—प्रयोजन है वह अशुद्धद्रव्यार्थिक है। सामान्य गुण आदि को अन्वयरूपसे 'द्रव्य' 'द्रव्य' ऐसी व्यवस्था जो करता है वह अन्वय द्रव्यार्थिक है अर्थात् अविच्छिन्न रूपसे चले आते गुणोके प्रवाहमें जो द्रव्यकी व्यवस्था करता है उसे ही द्रव्य मानता है वह अन्वय द्रव्यार्थिक है। जिसका अर्थ—प्रयोजन स्वद्रव्य आदिको ग्रहण करना है वह स्वद्रव्यादिग्राहक नय है। जिसका प्रयोजन परद्रव्य आदिको ग्रहण करना है वह परद्रव्यादिग्राहक नय है। और जिसका अर्थ—प्रयोजन परमभावको ग्रहण करना है वह परमभावग्राहक नय है।

इस प्रकार द्रव्यार्थिककी व्युत्पत्ति है।

पर्याय ही जिसका अर्थ-प्रयोजन है वह पर्यायार्थिक नय है। अनादिनित्यपर्याय ही जिसका अर्थ—प्रयोजन है वह अनादिनित्यपर्यायार्थिकनय है। सादिनित्यपर्याय ही जिसका अर्थ—प्रयोजन है वह सादि नित्यपर्यायार्थिकनय है। शुद्धपर्याय ही जिसका अर्थ—प्रयोजन है वह शुद्धपर्यायार्थिकनय है। अशुद्ध पर्याय ही जिसका अर्थ-प्रयोजन है वह अशुद्ध पर्यायार्थिक है। इस प्रकार पर्यायार्थिककी व्युत्पत्ति है।

जो एकको नही जाता उसे निगम कहते है। निगमका अर्थ है विकल्प। उससे जो हो उसे नैगम कहते है अर्थात् जो वस्तु अभी निष्पन्न नही हुई है उसके संकल्पमात्रको जो वस्तुरूपसे ग्रहण करता है उसे नैगमनय कहते है। जो अभेदरूपसे समस्तवस्तुओको संग्रह करके ग्रहण करता है उसे संग्रहनय कहते है। संग्रहनयके द्वारा गृहीत अर्थका भेदरूपसे व्यवहार करनेवाले नयको व्यवहारनय कहते है। जो सरल सीधा सूत्रपात करे अर्थात् केवल वर्तमान पर्यायको ही ग्रहण करता है वह ऋजुसूत्रनय है। शब्द अर्थात् व्याकरणसे प्रकृति प्रत्ययके द्वारा सिद्ध शब्दको (ग्रहण करनेवाले नयको) शब्द नय कहते है। परस्परमे अभिरूढको समभिरूढ

---

१. द्रव्यमर्थं प्रयोजनमस्येत्यसौ द्रव्यार्थिक।—सर्वार्थ०१।६। २. द्रव्यं द्रव्यमिति व्य-आ० टी०। ३ पर्याय अर्थं प्रयोजनमन्येति पर्यायार्थिक.। —सर्वार्थ० १।६। ४ निगच्छन्त्यस्मिन्निति निगमनमात्र वा निगम। निगमे कुशलो भवो वा नैगम —तत्त्वार्थवा०१।३३।७। 'नैकं गम नैगम. इति निर्वचनात्'—अष्टसह० पृ० २८०। 'निगमो हि संकल्पस्तत्र भवस्तत्प्रयोजनो वा नैगम.'। —प्रमेयकमल० पृ० १७६। ५ 'स्वजातविरोधिनैकधर्मोपनीय पर्यायाणाक्रान्तभेदानधिक्षेपेण समस्तगृहणात् संग्रह।—सर्वार्थ० १।३३। तत्त्वार्थवा० १।३३। प्रमेयकमल० पृ० ६७७। ६ 'संग्रहनयाक्षिप्तानामर्थाना विधिपूर्वकमवहरणं व्यवहार.'।—सर्वार्थ० १।३३। अष्टसह० पृ० २८०, प्रमेयक० पृ० ६७७। ७ 'ऋजु प्रगुणं सूत्रयति तन्त्रयते इति ऋजुसूत्र.'। —सर्वार्थ० १।३३। 'ऋजु प्राञ्जल वर्तमानक्षणमात्रं सूत्रयतीत्यृजुसूत्र.।'—प्रमेयकमल० पृ० ६७८।

समभिरूढः। शब्दभेदेऽप्यर्थभेदोऽस्ति यथा शक्र इन्द्रः पुरन्दर इत्यादयः समभिरूढाः[1]। एवं क्रियाप्रधानत्वेन भूयत इत्येवंभूतः[2]।

शुद्धाशुद्धनिश्चयौ द्रव्यार्थिकस्य भेदौ। अभेदानुपचारतया[3] वस्तु निश्चीयत इति निश्चयः। भेदोपचारतया वस्तु व्यवह्रियत इति व्यवहारः। गुणगुणिनोः संज्ञादिभेदात् भेदक. सद्भूतव्यवहारः। अन्यत्र प्रसिद्धस्य धर्मस्यान्यत्र समारोपणमसद्भूतव्यवहारः। असद्भूतव्यवहार एवोपचार., उपचारादप्युपचारं यः करोति स उपचरितासद्भूतव्यवहार.। गुणगुणिनोः पर्यायपर्यायिणोः स्वभावस्वभाविनो. कारककारकिणोर्भेदः सद्भूतव्यवहारस्यार्थः। द्रव्ये द्रव्योपचारः, पर्याये पर्यायोपचार, गुणे गुणोपचारः, द्रव्ये गुणोपचारः, द्रव्ये पर्यायोपचार., गुणे द्रव्योपचारः, गुणे पर्यायोपचार, पर्याये द्रव्योपचारः, पर्याये गुणोपचार इति [4]नवविधोऽसद्भूतव्यवहारस्यार्थो द्रष्टव्यः।

उपचारः पृथक् नयो नास्तीति न पृथक्कृत.। मुख्याभावे सति प्रयोजने निमित्ते चोपचारः प्रवर्तते। सोऽपि सम्बन्धाविनाभाव, सश्लेष. सम्बन्धः, परिणामपरिणामिसम्बन्ध., श्रद्धा-श्रद्धेयसम्बन्ध., ज्ञानज्ञेयसम्बन्धः, चारित्रचर्यासम्बन्धश्चेत्यादिः सत्यार्थः असत्यार्थः सत्यासत्यार्थश्चेत्युपचरितासद्भूतव्यवहारनयस्यार्थ.।

कहते हैं जो शब्दभेदसे अर्थभेद मानता है वह समभिरूढनय है जैसे शक्र, इन्द्र और पुरन्दर शब्द इन्द्रके वाचक हैं किन्तु इनका अर्थ भिन्न-भिन्न है अत. ये तीनो शब्द इन्द्रके तीन धर्मोके वाचक हैं। जो क्रियाकी प्रधानतासे वस्तुको ग्रहण करता है वह एवंभूतनय है। (इन नयोंका पिछले विशेषार्थमें स्पष्ट किया है। वहाँ देखना चाहिए।)

शुद्ध निश्चयनय और अशुद्ध निश्चयनय द्रव्यार्थिकनयके भेद है। अभेद और अनुपचाररूपसे वस्तुका निश्चय करना निश्चयनय है। और भेद तथा उपचाररूपसे वस्तुका व्यवहार करना व्यवहारनय है। गुण और गुणीमें संज्ञा आदिके भेदसे जो भेद करता है वह सद्भूतव्यवहारनय है। अन्यत्र प्रसिद्ध धर्मका अन्यमें आरोप करनेको असद्भूत व्यवहार कहते है। असद्भूतव्यवहार ही उपचार है। उपचारका भी उपचार जो करता है वह उपचरित असद्भूतव्यवहारनय है। गुण-गुणीमें, पर्याय-पर्यायीमें, स्वभाव-स्वभाववान्में और कारक-कारकवान्में भेद करना अर्थात् वस्तुत. जो अभिन्न है उनमें भेदव्यवहार करना सद्भूतव्यवहारनयका अर्थ है। द्रव्यमें द्रव्यका उपचार, पर्यायमें पर्यायका उपचार, गुणमें गुणका उपचार, द्रव्यमें गुण का उपचार, द्रव्यमें पर्यायका उपचार, गुणमें द्रव्यका उपचार, गुणमें पर्यायका उपचार, पर्यायमें द्रव्यका उपचार, पर्यायमें गुणका उपचार, इस प्रकार असद्भूतव्यवहारका अर्थ नौ प्रकारका जानना चाहिए।

उपचार नामका कोई अन्य नय नही है इसलिए उसे अलगसे नही कहा है। मुख्यके अभावमें और प्रयोजन तथा निमित्तके होनेपर उपचार किया जाता है। वह उपचार भी अविनाभाव सम्बन्ध, सश्लेषसम्बन्ध, परिणाम-परिणामि सम्बन्ध, श्रद्धा-श्रद्धेय सम्बन्ध, ज्ञान-ज्ञेय सम्बन्ध, चारित्रचर्यासम्बन्ध इत्यादि सम्बन्धोको लेकर होता है। इस तरह उपचरितासद्भूतव्यवहारनयका अर्थ सत्यार्थ, असत्यार्थ और सत्यासत्यार्थ होता है।

---

१. 'शब्दभेदश्चेदस्ति अर्थभेदेनाप्यवश्यं भवितव्यमिति नानार्थसमभिरोहणात् समभिरूढ.। इन्दनादिन्द्रः, शकनाच्छक्र', पूर्दारणात् पुरन्दर इत्येवं सर्वत्र।—सर्वार्थ०, तत्त्वार्थवा० १।३३। तत्त्वार्थश्लो० पृ० २७३। प्रमेयकमल० पृ० ६८०। २ येनात्मना भूतस्तेनैवाध्यवसायवीत्येवंभूत। तत्क्रिया परिणतिक्षण एव न शब्दो युक्तो नान्यदेति। यदैवेन्दति तदैवेन्द्रो नाभिषेचको न पूजक इति'।—सर्वार्थ०, तत्त्वार्थवा० १।३३। तत्त्वार्थश्लो० पृ० २७४। प्रमेयकमल पृ० ६८०। 'कालकारकलिङ्गाना भेदाच्छब्दोऽर्थभेदकृत्। अभिरूढस्तु पर्याये इत्यंभूत क्रियाश्रय. ॥४४॥—लघीयस्त्रय। ३. अभेदोपचारतया स. अभेदानुपचारितया ज०। ४. नवविधोपचार अस—आ०।

पुनरप्यध्यात्मभाषया नया उच्यन्ते ।

तावन्मूलनयौ द्वौ निश्चयो व्यवहारश्च । तत्र निश्चयनयोऽभेदविषयो, व्यवहारो भेदविषयः । तत्र निश्चयो द्विविधः शुद्धनिश्चयोऽशुद्धनिश्चयश्च । तत्र निरुपाधिक[1]गुणगुण्यभेदविषयकः शुद्धनिश्चयो यथा—केवलज्ञानादयो जीव इति । सोपाधिक[2] गुणगुण्यभेदविषयोऽशुद्धनिश्चयो यथा—मतिज्ञानादयो जीव इति । व्यवहारो द्विविधः सद्भूतव्यवहारोऽसद्भूतव्यवहारश्च । तत्रैक[3]वस्तुविषयः सद्भूतव्यवहारः भिन्नवस्तु[4]विषयोऽसद्भूतव्यवहारः । तत्र सद्भूतव्यवहारोऽपि द्विविध उपचरितानुपचरितभेदात् । तत्र सोपाधिगुणगुणि[5]भेदविषय उपचरितसद्भूतव्यवहारो यथा जीवस्य मतिज्ञानादयो गुणाः । निरुपाधि गुणगुणि[6]भेदविषयोऽनुपचरितसद्भूतव्यवहारो यथा—जीवस्य केवलज्ञानादयो गुणाः । असद्भूतव्यवहारो द्विविध उपचरितानुपचरितभेदात् । तत्र संश्लेषरहितवस्तुसम्बन्धविषय उपचरितासद्भूतव्यवहारो यथा देवदत्तस्य धनमिति । संश्लेषसहितवस्तु सम्बन्धविषयोऽनुपचरितसद्भूतव्यवहारो यथा जीवस्य शरीरमिति ।

इति सुखबोधार्थमालापपद्धतिः श्रीदेवसेनपण्डितविरचिता

परिसमाप्ता ।

●

फिर भी अध्यात्म भाषाके द्वारा नयोका कथन करते है—

मूल नय दो हैं—निश्चय और व्यवहार । उनमेंसे निश्चयनय अभेदको विषय करता है और व्यवहारनय भेदको विषय करता है । उनमेंसे निश्चयनयके दो भेद है—शुद्धनिश्चयनय और अशुद्धनिश्चयनय । उनमेंसे जो उपाधि रहित गुण और गुणीमें अभेदको विषय करता है वह शुद्धनिश्चयनय है जैसे केवलज्ञान आदि जीव है । उपाधि सहित गुण और गुणीमें अभेदको विषय करनेवाला अशुद्धनिश्चयनय है जैसे मतिज्ञान आदि जीव है ।

व्यवहारनयके दो भेद है—सद्भूतव्यवहारनय और असद्भूतव्यवहारनय । उनमेंसे एक ही वस्तुमे भेदव्यवहार करनेवाला सद्भूतव्यवहारनय है और भिन्न वस्तुओमें अभेदका व्यवहार करनेवाला असद्भूतव्यवहारनय है । उनमेंसे सद्भूतव्यवहारके भी दो भेद हैं—उपचरित सद्भूतव्यवहार और अनुपचरित सद्भूतव्यवहार । उपाधि सहित गुण और गुणी में भेदव्यवहार करनेवाला उपचरितसद्भूतव्यवहारनय है जैसे, जीव के मतिज्ञानादिगुण है । निरुपाधि गुण-गुणीमें भेदको विषय करनेवाला अनुपचरितसद्भूतव्यवहार नय है जैसे, जीवके केवलज्ञानादि गुण है । असद्भूतव्यवहार दो प्रकारका है—उपचरित असद्भूतव्यवहार और अनुपचरित असद्भूतव्यवहार । मेलरहित वस्तुओमें सम्बन्धको विषय करनेवाला उपचरित असद्भूतव्यवहारनय है जैसे, देवदत्तका धन । और मेलसहित वस्तुओमें सम्बन्धको विषय करनेवाला अनुपचरित असद्भूतव्यवहारनय है जैसे जीवका शरीर ।

इस प्रकार सुखपूर्वक बोध करानेके लिए देवसेन पण्डित रचित
आलापपद्धति समाप्त हुई ।

1-4-38

●

---

१. धिकविप—आ० ज० । २. धिकविप—आ०ज० । ३. —क वस्तुभेदवि—क० ख० ग० । ४. स्तुसम्बन्धवि—क० ख० ग० । ५-६. —णिनोर्भे—क०ख० ग ० ।

परिशिष्ट २

श्रीमद्विद्यानन्दस्वामिविरचितम्
तत्त्वार्थश्लोकवार्तिकान्तर्गतं

नयविवरणम्

सूत्रे नामादिनिक्षिप्ततत्त्वार्थाधिगमः स्थितः ।
कात्स्न्र्यतो देशतो वापि स प्रमाणनयैरिह ॥१॥
प्रमाणं च नयाश्चेति द्वन्द्वे पूर्वनिपातनम् ।
कृतं प्रमाणशब्दस्याभ्यर्हितत्वेन बह्वचः ॥२॥
प्रमाणं सकलादेशि नयादभ्यर्हितं मतम् ।
विकलादेशिनस्तस्य वाचकोऽपि तथोच्यते ॥३॥

तत्त्वार्थसूत्रमें नाम आदि निक्षेपोंके द्वारा निक्षिप्त जीवादि सात तत्त्वोंका ज्ञान दो प्रकारसे होता है—एकदेशसे और सर्वदेशसे । प्रमाणके द्वारा सर्वदेशसे ज्ञान होता है और नयोंके द्वारा एकदेशसे ज्ञान होता है ।

तत्त्वार्थसूत्रके प्रारम्भमें तत्त्वार्थके श्रद्धानको सम्यग्दर्शन बतलाकर सात तत्त्वोका विवेचन नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव इन चार निक्षेपोंके द्वारा किया है । उसके बाद उनको जाननेके दो उपाय बतलाये है, एक प्रमाण और दूसरा नय । प्रमाण पूर्णवस्तुको जानता है और नय वस्तुके एकदेशको जानता है ।

प्रमाण और नयोंका द्वन्द्व समास करके उसमें प्रमाण शब्दको पहले स्थान दिया है क्योंकि बहु अचूवाला होनेपर भी प्रमाण नयकी अपेक्षा पूज्य है ।

'प्रमाणनयैरधिगमः' यह तत्त्वार्थसूत्रके प्रथम अध्यायका छठा सूत्र है । इसीके व्याख्यानमें विद्यानन्द-स्वामीने यह विवेचन किया है । उक्त सूत्रमें प्रमाण शब्दको पहले स्थान दिया है और नय शब्दको पीछे स्थान दिया है । किन्तु व्याकरणशास्त्रके अनुसार जिसमें थोडे अक्षर हो उसको पहले स्थान दिया जाता है अतः नयको पहले स्थान देना चाहिए था । किन्तु नयसे प्रमाण पूज्य है और जो पूज्य होता है उसे पूर्वस्थान दिया जाता है अत. प्रमाणको पहले स्थान उक्त सूत्रमें दिया गया है ।

नयसे प्रमाण क्यो पूज्य है, यह बतलाते हैं—

प्रमाण सकलादेशी है अतः वह विकलादेशी नयसे पूज्य माना गया है । जब प्रमाणपूज्य है तो उसका वाचक प्रमाण शब्द भी पूज्य कहा जाता है ।

समस्त वस्तुका ग्रहण और कथन करनेवालेको सकलादेशी कहते है और वस्तुके एकदेशका ग्रहण या कथन करनेवालेको विकलादेशी कहते है । प्रमाण सकलादेशी है और नय विकलादेशी है । अतः नयसे प्रमाण पूज्य है ।

शंका—जो सकलादेशी हो वह पूज्य है और जो विकलादेशी हो वह पूज्य नही है ऐसा क्या कोई नियम है जिसके कारण आप नयसे प्रमाणको पूज्य बतलाते हैं ।

स्वार्थनिश्चायकत्वेन प्रमाणं नय इत्यसत् ।
स्वार्थैकदेशनिर्णीतिलक्षणो हि नयः स्मृतः ॥४॥
नायं वस्तु न चावस्तु वस्त्वंशः कथ्यते यतः ।
नासमुद्रः समुद्रो वा समुद्रांशो यथोच्यते ॥५॥
तन्मात्रस्य समुद्रत्वे शेषांशस्यासमुद्रता ।
समुद्रबहुता वा स्यात्तत्त्वे क्वाऽस्तु समुद्रवित् ॥६॥

समाधान—जो प्रकृष्ट विशुद्धिवाला होता है वह पूज्य होता है और जो प्रकृष्ट विशुद्धिवाला नही होता वह पूज्य नही होता। प्रकृष्ट विशुद्धिके विना प्रमाण अनेकधर्मधर्मी स्वभावरूप सकलवस्तुका कथन नही कर सकता, और विशुद्धिकी कमीके बिना नय वस्तुके एकदेश मात्रका कथन नही कर सकता। यदि ऐसा होता तो प्रमाणकी तरह नय भी सकलादेशी हो जाता और नयकी तरह प्रमाण भी विकलादेशी हो जाता। अतः नयकी अपेक्षा प्रकृष्ट विशुद्धिसे युक्त होनेसे प्रमाण पूज्य माना गया है।

शंका—ज्ञानरूप प्रमाण पूज्य हो सकता है। किन्तु विवाद तो प्रमाण शब्दको लेकर है कि उक्त सूत्रमें नय शब्दसे प्रमाण शब्दको पहले क्यो स्थान दिया गया।

समाधान—ज्ञानरूप प्रमाणके पूज्य होनेसे उसका वाचक प्रमाणशब्द भी पूज्य माना जाता है।

आगे कहते है कि नय प्रमाण नही है—

स्व और अर्थका निश्चायक होनेसे नय प्रमाण ही है, ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि स्व और अर्थके एक देशको जानना नयका लक्षण है।

शंकाकारका कहना है कि अपने और बाह्य अर्थके निश्चायक ज्ञानको प्रमाण कहते हैं। नय भी अपनेको और बाह्य अर्थको जानता है, अत. वह प्रमाण ही है। और ऐसा होनेसे प्रमाण और नयमें कोई भेद नही है। तब उनकी पूज्यता और अपूज्यताकी चर्चा करना ही व्यर्थ है। किन्तु ऐसा कहना ठीक नही है, क्योकि यह कह आये है कि प्रमाण सकल वस्तुग्राही होता है और नय विकलवस्तुग्राही होता है। अतः प्रमाण स्वार्थ-निश्चायक है और नय स्वार्थके एक देशका निश्चायक है। यही दोनोमें भेद है।

शंका—स्व और अर्थका एकदेश यदि वस्तु है और उसे नय जानता है तो नय प्रमाण ही हुआ क्योकि वस्तुको जानना ही प्रमाणका लक्षण है। और यदि स्व और अर्थका एकदेश वस्तु नही है, अवस्तु है तो उसको जाननेवाला नय मिथ्याज्ञान ही हुआ, क्योकि अवस्तु के विषय करनेवाले ज्ञानको मिथ्याज्ञान कहते है।

उक्त शंकाका परिहार करते है—

वस्तुका एकदेश न तो वस्तु है और न अवस्तु है। जैसे समुद्रके अंशको न तो समुद्र कहा जाता है और न असमुद्र कहा जाता है। यदि समुद्रका एक अंश समुद्र है तो शेष अंश असमुद्र हो जायेगा। और यदि समुद्रका प्रत्येक अश समुद्र है तो बहुतसे समुद्र हो जायेंगे और ऐसी स्थितिमें समुद्रका ज्ञान कहाँ हो सकता है ?

जैसे समुद्रके एक अंशको समुद्र माननेपर या तो समुद्रके शेष अंशोको असमुद्रता प्राप्त होती है या उनको भी समुद्र माननेपर बहुतसे समुद्र हो जाते है। यदि समुद्रके एक अंशको असमुद्र कहा जाता है तो समुद्रके शेष अंश भी असमुद्र हो जायेंगे और ऐसी स्थितिमें कही भी समुद्रका व्यवहार नही हो सकेगा। उसी तरह नयका विषयभूत वस्तुका एकदेश वस्तु नही है क्योकि उसे वस्तु माननेपर वस्तुके शेष अंशोंमें अवस्तुत्व-का प्रसंग आता है। या फिर वस्तुके एक-एक अंशको एक-एक वस्तु माननेपर वस्तुओके बहुत्वका अनुषंग आता है। वस्तुका एकदेश अवस्तु भी नही है क्योकि उसे अवस्तु माननेपर वस्तुके शेष अंशोको भी अवस्तुत्व

---

१. 'समुद्रबहुत्वं वा स्यात्तच्चेत्काऽस्तु समद्रवित्' मुद्रितप्रतौ।

यथांशिनि प्रवृत्तस्य ज्ञानस्येष्टा प्रमाणता ।
तथांशेष्वपि किन्न स्यादिति मानात्मको नयः ॥७॥
तन्नांशिन्यपि निःशेषधर्माणां गुणतागतौ ।
द्रव्यार्थिकनयस्यैव व्यापारान्मुख्यरूपतः ॥८॥
धर्मधर्मिसमूहस्य प्राधान्यार्पणया विदः ।
प्रमाणत्वेन निर्णीतेः प्रमाणादपरो नयः ॥९॥
[1]नाप्रमाणं प्रमाणं वा नयो ज्ञानात्मको मतः ।
स्यात्प्रमाणैकदेशस्तु सर्वथाप्यविरोधतः ॥१०॥

का प्रसंग आता है । और ऐसी स्थितिमें कही भी वस्तु की व्यवस्था नही बन सकती । अत· वस्तुका एकदेश वस्तु या अवस्तु न होकर वस्तु-अंश है । उसमें कोई बाधक नही है ।

पुनः शंकाकार कहता है—

जैसे अंशी-वस्तुमें प्रवृत्ति करनेवाले ज्ञानको प्रमाण माना जाता है वैसे ही वस्तुके अंशमें प्रवृत्ति करनेवाले अर्थात् जाननेवाले नयको प्रमाण क्यों नहीं माना जाता । अतः नय प्रमाणस्वरूप ही है ।

शंकाकारका कहना है कि जैसे वस्तुका एकदेश न वस्तु है और न अवस्तु है किन्तु वह वस्तुका अंश है । उसी तरह अंशी न वस्तु है और न अवस्तु है वह केवल अशी है । वस्तु तो अंश और अंशीके समूहका नाम है । अतः जैसे अंशको जाननेवाला ज्ञान नय है वैसे ही अंशीको भी जाननेवाला ज्ञान नय है । यदि ऐसा नही है तो जैसे अंशीको जाननेवाला ज्ञान प्रमाण है वैसे ही अंशको जाननेवाला ज्ञान भी प्रमाण होना चाहिए । और ऐसा माननेपर प्रमाणसे भिन्न नय सिद्ध नही होता ।

उक्त आशंकाका परिहार करते हैं—

उक्त आशंका ठीक नहीं है क्योंकि जिस अंशी या धर्मीमें उसके सब अंश या धर्म गौण हो जाते हैं उस अंशीमें मुख्यरूपसे द्रव्यार्थिक नयकी ही प्रवृत्ति होती है अर्थात् ऐसा अंशी द्रव्यार्थिक नयका विषय है अतः उसका ज्ञान नय है । और धर्म तथा धर्मीके समूहरूप वस्तुके धर्मों और धर्मी दोनोंको प्रधानरूपसे जाननेवाले ज्ञानको प्रमाण कहते हैं । अत· नय प्रमाणसे भिन्न है ।

धर्म और धर्मीके समूहका नाम वस्तु है । जो ज्ञान धर्म या केवल धर्मीको ही मुख्य रूपसे जानता है वह ज्ञान नय है और जो दोनोको ही मुख्य रूपसे जानता है वह प्रमाण है । पहले कह आये है कि प्रमाण सकलादेशी है उसका विषय पूर्ण वस्तु है । और नय विकलादेशी है उसका विषय या तो मुख्यरूपसे मात्र धर्मी होता है या मात्र धर्म होता है । जो धर्मोंको गौण करके मात्र धर्मीकी मुख्यतासे वस्तुको जानता है वह द्रव्यार्थिक नय है और जो धर्मीको गौण करके मुख्य रूपसे धर्मको ही जानता है वह पर्यायार्थिक नय है । तथा जो धर्म और धर्मी दोनोकी मुख्यता करके सम्पूर्ण वस्तुको जानता है वह प्रमाण है । अत प्रमाणसे नय भिन्न है ।

इसपर शंकाकारका कहना है कि यदि नय प्रमाणसे भिन्न है तो वह अप्रमाण हुआ । और अप्रमाण होनेसे मिथ्याज्ञानकी तरह नय वस्तुको जाननेका साधन कैसे हो सकता है ? इसका समाधान करते हैं—

नय न तो अप्रमाण है और न प्रमाण है । किन्तु ज्ञानात्मक है अत. प्रमाणका एकदेश है । इसमें किसी प्रकारका कोई विरोध नही है ।

शंकाकार कहता है कि यदि नय प्रमाणसे भिन्न है तो वह अप्रमाण ही हुआ । क्योंकि प्रमाणसे भिन्न अप्रमाण ही होता है । एक ज्ञान प्रमाण भी न हो और अप्रमाण भी न हो, ऐसा तो सम्भव नही है, क्योंकि

---

१. स्यात् प्रमाणात्मकत्वेऽपि प्रमाणप्रभवो नय. । विचारो निर्णयोपाय. परीक्षेत्यवगम्यताम् ॥३॥ सिद्धिविनिश्चय, पृ० ६६६ ।

प्रमाणेन गृहीतस्य वस्तुनोंऽशे विगानतः ।
संप्रत्ययनिमित्तत्वात्प्रमाणाच्चेन्नयोऽर्चितः ॥११॥
नाशेषवस्तुनिर्णीतिः प्रमाणादेव कस्यचित् ।
तादृक्सामर्थ्यशून्यत्वात् सन्नयस्यापि [1]सर्वदा ॥१२॥

किसीको प्रमाण न माननेपर अप्रमाणता अनिवार्य है और अप्रमाण न माननेपर प्रमाणता अनिवार्य है। दूसरी कोई गति नही है। इसका उत्तर देते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि प्रमाणता और अप्रमाणताके सिवाय भी एक तीसरी गति है वह है प्रमाणैकदेशता—प्रमाणका एकदेशपना। प्रमाणका एकदेश न तो प्रमाण ही है क्योकि वह प्रमाणसे सर्वथा अभिन्न नही है और न अप्रमाण ही है क्योकि प्रमाणका एकदेश प्रमाणसे सर्वथा भिन्न भी नही है। देश और देशीमें कथचिद् भेद माना गया है।

शंका—प्रमाणसे उसका एकदेश जिस रूपसे भिन्न है उस रूपसे तो वह अप्रमाण है और जिस रूपसे अभिन्न है उस रूपसे प्रमाण है।

समाधान—इसमें हमें कोई आपत्ति नही है क्योकि नयका एकदेशसे प्रमाणपना और एकदेशसे अप्रमाणपना इष्ट है। नय सम्पूर्ण रूपसे प्रमाण नही है। जैसे समुद्रका एकदेश न तो समुद्र ही है और न असमुद्र ही है।

शंका—प्रमाणकी तरह नय भी प्रमाण ही है क्योकि वह भी वस्तुके विषयमें पूरी तरह संवादक है।

समाधान—नय वस्तुके विषयमें पूरी तरह संवादक नही है एकदेश संवादक है क्योकि वस्तुके एक ही अशको जानता है।

शंका—तब तो प्रत्यक्ष वगैरहको भी प्रमाण नही कहा जा सकता क्योकि वे भी वस्तुके एकदेशमें ही संवादक होते है?

समाधान—प्रत्यक्ष आदि प्रमाणोका विषय न केवल पर्याय है और न केवल द्रव्य है किन्तु कुछ पर्याय विशिष्ट द्रव्य है। अत वह सकलादेशी होनेसे प्रमाण है। किन्तु इसका यह मतलब नही है कि जो सकलादेशी हो वही सच्चा है। ऐसा माननेपर तो विकलादेशी नयको असत्यताका प्रसंग आता है क्योकि आगममें नयको विकलादेशी कहा है। किन्तु नय असत्य भी नही है, क्योकि प्रमाणकी तरह नयसे जाने हुए वस्तुस्वरूपमें भी कोई बाधा नही आती। अत विकलादेशी नयसे सकलादेशी प्रमाण पूज्य है। इसमें कोई विरोध नही है।

शंकाकार कहता है कि प्रमाणसे गृहीत वस्तुके एकदेशमें विवाद होनेपर उसके सम्यग्ज्ञानमें निमित्त होनेके कारण नय प्रमाणसे पूज्य है। किन्तु उसका ऐसा कहना ठीक नही है क्योंकि सम्पूर्ण रूपसे वस्तुका निर्णय प्रमाणसे ही होता है। किसी समीचीन नयमें भी इस प्रकारकी सामर्थ्य कभी भी सम्भव नहीं है।

शंकाकारका कहना है कि प्रमाणसे जानी हुई वस्तुके एकदेशमें यदि कोई विवाद खडा हो जाता है तो नयके द्वारा उस एक अशको सम्यक् रीतिसे जान लेनेपर वह विवाद दूर हो जाता है अतः नय प्रमाणसे पूज्य है। इसके समाधानमें ग्रन्थकारका कहना है कि प्रमाणके द्वारा सम्पूर्ण वस्तुका निर्णय हो जानेपर उसके एक अंशमें विवाद नही हो सकता जिससे उसको दूर करनेके लिए नयकी आवश्यकता हो। प्रमाण सम्पूर्ण वस्तुके सम्बन्धमें उत्पन्न हुए विवादोको दूर करनेमें समर्थ है और नय केवल उसके किसी एक देशके सम्बन्धमें उत्पन्न हुए विवादको ही दूर कर सकता है। अत. नय प्रमाणसे पूज्य नही हो सकता।

---

१. 'सर्वथा' इत्यपि पाठ.।

मतेरवधितो वापि मनःपर्ययतोऽपि वा।
ज्ञातस्यार्थस्य नाशेऽस्ति नयानां वर्तनं ननु ॥१३॥

निःशेषदेशकालार्थागोचरत्वविनिश्चयात्।
तस्येति भाषितं कैश्चिद्युक्तमेव तथेष्टितः ॥१४॥

त्रिकालगोचराशेषपदार्थांशेषु वृत्तितः।
केवलज्ञानमूलत्वमपि तेषां न युज्यते ॥१५॥

परोक्षाकारतावृत्तेः स्पष्टत्वात् केवलस्य तु।
श्रुतमूला नयाः सिद्धा वक्ष्यमाणाः प्रमाणवत् ॥१६॥

किन्हींका कहना है कि मतिज्ञान, अवधिज्ञान अथवा मनःपर्ययज्ञानसे भी जाने हुए पदार्थके एक अंशमें नयोंकी प्रवृत्ति नहीं होती क्योंकि ये तीनों ज्ञान सम्पूर्ण देश और सम्पूर्ण कालवर्ती अर्थोंको विषय नही करते यह सुनिश्चित है। उनका ऐसा कहना उचित ही है क्योंकि यह हमें इष्ट है।

ऊपर कहा गया है कि प्रमाणसे जानी गयी वस्तुके एक देशमें नयोकी प्रवृत्ति होती है। और जैन सिद्धान्तमें प्रमाण ज्ञान पाँच है—मति, श्रुत, अवधि, मन पर्यय और केवल। इनमेंसे मति, अवधि और मन.-पर्ययका विषय सीमित है। मतिज्ञान इन्द्रियो और मन आदिकी सहायतासे द्रव्योकी कुछ ही पर्यायोको जानता है। अवधिज्ञान उनकी सहायताके विना ही केवल रूपी पदार्थोंकी ही कुछ पर्यायोको जानता है। मन पर्यय भी आत्माके द्वारा दूसरेके मनोगतरूपी पदार्थोंकी कुछ पर्यायोको जानता है अत. ये तीनो ही ज्ञान सम्पूर्ण देश और सम्पूर्ण कालवर्ती पदार्थोको जाननेमे असमर्थ है। इसलिए इन ज्ञानोके विषयमें नयोकी प्रवृत्ति सम्भव नही है। ऐसा किसीके कहनेपर ग्रन्थकार कहते है कि उक्त कथन उचित ही है। हम भी ऐसा ही मानते है कि इन तीनो ज्ञानोके विषयमें नयोकी प्रवृत्ति नही होती। क्योकि नयोका विषय समस्त देश और समस्त कालवर्ती पदार्थ है।

त्रिकालवर्ती समस्त पदार्थोंके अंशोंमें प्रवृत्ति करनेके कारण केवलज्ञानको उन नयोंका मूल मानना भी उचित नहीं है क्योंकि नय तो अपने विषयको परोक्ष रूपसे जानते हैं और केवलज्ञान तो स्पष्ट है। अत. प्रमाणकी तरह आगे कहे जानेवाले नयोंका मूल श्रुतज्ञान सिद्ध होता है।

जब नयोकी प्रवृत्ति समस्त देश और समस्त कालवर्ती सब पदार्थोंमें होती है और इसीलिए मतिज्ञान, अवधिज्ञान और मन.पर्ययज्ञान उनका मूल नही है तो यह बात स्वत. आ जाती है कि केवलज्ञान ही नयोका मूल होना चाहिए क्योकि वह समस्तदेश और समस्तकालवर्ती पदार्थोंको जानता है। किन्तु ऐसा भी नही है क्योकि नय अपने विषयको अस्पष्ट रूपसे जानते है और केवलज्ञान स्पष्ट रूपसे सब पदार्थोंको प्रत्यक्ष जानता है। स्पष्ट केवलज्ञानके भेद अस्पष्ट ग्राही नही हो सकते। इसलिए पाँच प्रमाणोमें से शेष रहा श्रुत-ज्ञान ही नयोका मूल है। उसीके भेद नय है।

पूज्यपाद स्वामीने अपनी सर्वार्थसिद्धिमें 'प्रमाणनयैरधिगम.' सूत्रकी व्याख्या करते हुए लिखा है कि प्रमाणके दो भेद है—स्वार्थ और परार्थ। अर्थात् एक ऐसा प्रमाण है जिससे ज्ञाता स्वयं ही जान सकता है उसे स्वार्थ प्रमाण कहते है। और एक ऐसा प्रमाण है जिससे ज्ञाता दूसरोको भी ज्ञान करा सकता है उसे परार्थ प्रमाण कहते है। श्रुतज्ञानको छोड़कर शेष चारो ज्ञान केवल स्वार्थ है। किन्तु श्रुतज्ञान स्वार्थ भी है और परार्थ भी है। ज्ञानात्मक श्रुत स्वार्थ है और वचनात्मक श्रुत परार्थ है। उसी श्रुतज्ञानके भेद नय है।

सामान्यादेशतस्तावदेक एव नयः स्थितः ।
[1]स्याद्वादप्रविभक्तार्थविशेषव्यंजनात्मकः ॥ १७ ॥
संक्षेपाद्द्वौ विशेषेण द्रव्यपर्यायगोचरौ ।
द्रव्यार्थो व्यवहारान्तः पर्यायार्थस्ततो परः ॥१८॥

आगे नयके भेद कहते हैं—

सामान्यकी अपेक्षासे नय एक ही है । स्याद्वाद श्रुतज्ञानके द्वारा गृहीत अर्थके नित्यत्व आदि धर्मविशेषोंका कथन करनेवाला नय है ।

सामान्यकी अपेक्षासे नय एक है क्योकि सामान्य अनेक नही होता । पहले स्व और अर्थके एकदेशका निर्णय करनेवाले ज्ञानको नय कहा है । यहाँ नयका स्वरूप स्वामी समन्तभद्रके शब्दोमे बतलाया है । स्वामी समन्तभद्रने श्रुतज्ञानके लिए स्याद्वाद शब्दका प्रयोग किया है जैसे 'स्याद्वादकेवलज्ञाने' । चूँकि श्रुतज्ञान स्याद्वादमय होता है । 'स्याद्वाद' में दो शब्द है स्यात् और वाद । 'स्यात्' का अर्थ है कथञ्चित् या किसी अपेक्षा से । और वादका अर्थ है—कथन । अपेक्षा विशेषसे वस्तुके कहनेको स्याद्वाद कहते है । जैन सिद्धान्तके अनुसार प्रत्येक वस्तु अनेकान्तात्मक है । अनेकान्तात्मकका अर्थ है अनेकधर्मात्मक । एक वस्तुमे अनेक धर्मोका होना स्वाभाविक है जैसे आग जलाती है, पकाती है आदि । किन्तु इस प्रकारके अनेक धर्मोसे जैनधर्मका अनेकान्तपना कुछ भिन्न प्रकारका है । अनेकान्त एकान्तका प्रतिपक्षी है । वस्तु सत् ही है या असत् ही है, या नित्य ही है अथवा अनित्य ही है इस प्रकारकी मान्यताको एकान्त कहते है । और इस प्रकारके एकान्तका निषेध करनेको अनेकान्त कहते है । अनेकान्त मतके अनुसार प्रत्येक वस्तु न केवल सत् ही है, न केवल असत् ही है, न केवल नित्य ही है और न केवल अनित्य ही है, किन्तु स्वरूपकी अपेक्षासे सत् है तो पररूपकी अपेक्षासे असत् है । द्रव्यदृष्टिसे नित्य है तो पर्यायदृष्टिसे अनित्य है । इस प्रकार परस्परमें विरोधी प्रतीत होनेवाले अनेक धर्मोका समूहरूप होनेसे प्रत्येक वस्तु अनेकान्तात्मक है । इस अनेकान्तात्मक वस्तुको जानना तो सरल है किन्तु उसका कथन करना कठिन है क्योकि ज्ञान एक साथ अनेकोको जान सकता है परन्तु शब्द एक साथ अनेक धर्मोको नही कह सकता । अत वक्ता किसी एक धर्मको मुख्यतासे ही वस्तुका कथन करता है । परन्तु वस्तुमें वह एक ही धर्म नही है । इसके अतिरिक्त भी अनेक धर्म है । उन धर्मोका सूचक 'स्यात्' शब्द प्रत्येक वाक्यके साथ सम्बद्ध रहता है । यथा—वस्तु स्यात् अस्ति (किसी अपेक्षासे है) स्यात् नास्ति (किसी अपेक्षासे नही है) । अत. अनेकान्तात्मक वस्तुके कहनेको स्याद्वाद कहते हैं । चूँकि श्रुतज्ञानमें भी वस्तु स्वरूप अनेकान्त रूपसे प्रतिभासित होता है अत. श्रुतज्ञान स्याद्वादरूप है । स्याद्वादरूप श्रुतज्ञानके द्वारा अर्थके धर्मोको पृथक्-पृथक् रूपसे या एक-एक करके प्रतिपादन जो करता है वह नय है । कहा भी है—

[2]अर्थस्यानेकरूपस्य धीः प्रमाणं तदंशधीः ।
नयो धर्मान्तरापेक्षी दुर्णयस्तन्निराकृतिः ॥

अनेक धर्मात्मक पदार्थके ज्ञानको प्रमाण कहते हैं । उसके धर्मान्तर सापेक्ष एक अंशके ज्ञानको नय कहते हैं । और धर्मान्तरोका निराकरण करके वस्तुके एक ही धर्मका कथन करनेवालेको दुर्नय कहते हैं ।

संक्षेपसे नयके भेद बतलाते हैं—

विषयकी अपेक्षासे संक्षेपसे नयके दो भेद हैं—द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक । जो द्रव्यको विषय करता है उसे द्रव्यार्थिकनय कहते है और जो पर्यायको विषय करता है उसे पर्यायार्थिक नय कहते है ।

१. मुख्यगौण सामान्य सामान्यविशेषा । स्याद्वादप्रविभक्तार्थविशेषव्यञ्जको नय ॥ १०६ ॥ —आलापपद्धति । २. अष्टसहस्री, पृ० २९० ।

विस्तरेणेति सप्तैते विज्ञेया नैगमादयः ।
तथातिविस्तरेणैतद्भेदाः संख्यातविग्रहाः ॥१९॥

द्रव्यार्थिकनयके तीन भेद हैं—नैगम, संग्रह, व्यवहार । और पर्यायार्थिक नयके चार भेद हैं—ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ़ और एवंभूत । इस प्रकार विस्तारसे ये नैगम आदि सात भेद नयके हैं । तथा अति-विस्तारसे नयके संख्यात भेद हैं ।

विशेषार्थ—पहले लिख आये हैं कि वस्तु द्रव्यपर्यायात्मक या सामान्य विशेषात्मक है । द्रव्य, सामान्य, अभेद ये शब्द एकार्थवाची हैं और पर्याय, विशेष, भेद ये सब शब्द एकार्थवाची हैं । जगत् न तो सर्वथा अभेदसे रहित केवल भेदरूप ही है और न तो सर्वथा भेदसे रहित केवल अभेदरूप ही है । परन्तु भेदाभेदरूप है । जब ज्ञाताकी दृष्टि वस्तुओंमें वर्तमान पारस्परिक भेदको छोडकर केवल अभेदको विषय करती है तब उस अभेद या सामान्यग्राही दृष्टिको द्रव्यार्थिकनय कहते हैं । और जब ज्ञाताकी दृष्टि भेदकी ओर झुकती है और द्रव्यार्थिकनयके द्वारा ग्रहण किये गये सत् या द्रव्यरूप अखण्ड तत्त्वके जीव, अजीव आदि भेदोका अवलम्बन लेती है तो उसे पर्यायार्थिकनय कहते हैं । इस तरह संक्षेपमें मूलनयके दो भेद हैं । इन दोनो नयोमेंसे किसी भी एक नयके पक्षमें संसार और मोक्ष नही बनता, ऐसा [1]सन्मतितर्कमें सिद्धसेनने कहा है । उनका कहना है कि यदि केवल द्रव्यार्थिकनयका पक्ष ले या केवल पर्यायार्थिकनयका पक्ष ले तो संसार नही घटता क्योकि द्रव्यार्थिकनयकी दृष्टिमें आत्मा सर्वथा नित्य होनेसे अपरिवर्तनशील है और पर्यायार्थिकनयकी दृष्टिमें सर्वथा क्षण-भंगुर है । आत्माको सर्वथा नित्य माननेपर सुख-दुःखका सम्बन्ध नही बनता, क्योकि आत्माकी मानसिक वाचनिक और कायिक प्रवृत्तिके कारण कर्मका बन्ध होता है और कषायके कारण बद्धकर्ममें स्थिति बँधती है । परन्तु केवल अपरिणामी आत्मामें यह सब संभव नही है । परिवर्तन माने बिना सुख-दुःखकी प्राप्ति, दुःखसे छूटनेके लिए प्रयत्न आदि बनता नही । इसी तरह सर्वथा अनित्य पक्षमें आत्मा जब क्षण-क्षण में नष्ट होकर नया-नया पैदा होता है तो जो कर्म करता है वह आत्मा अन्य ठहरता है और जो कर्मफल भोगता है वह अन्य ठहरता है । अत बँधता कोई अन्य है बन्धसे छूटनेका प्रयत्न कोई अन्य करता है और मुक्ति किसी तीसरे की होती है । अतः दोनो ही नय माननीय हैं । दोनोकी सापेक्षतासे ही वस्तुका यथार्थ दर्शन होता है । क्योकि [2]पर्यायार्थिककी दृष्टिमें सभी पदार्थ नियमसे उत्पन्न और नष्ट होते हैं और द्रव्यार्थिकनयकी दृष्टिमें सभी पदार्थ सर्वदा न उत्पन्न होते है और न नष्ट होते हैं । किन्तु कोई भी वस्तु उत्पाद विनाशसे रहित केवल ध्रुव नही है और न कोई वस्तु ध्रौव्यसे रहित मात्र उत्पाद विनाशशील ही है । उत्पाद व्यय और ध्रौव्य ये तीनो द्रव्यके लक्षण हैं । इनमेंसे द्रव्यार्थिकनय मात्र ध्रौव्यांशका ग्राहक है और पर्यायार्थिकनय उत्पाद-व्ययरूप का । इसी बातको दूसरे रूपमें यो कहा जा सकता है कि वस्तु सामान्य विशेषात्मक है । न तो कोई वस्तु केवल सामान्यात्मक होती है और न कोई वस्तु केवल विशेषात्मक होती है । ऐसी वस्तु-स्थिति होनेपर जब विशेषरूपको गौण करके मुख्य रूपसे सामान्यरूपका ग्रहण किया जाता है तो वह द्रव्यार्थिक-नय है । और जब सामान्य रूपको गौण करके प्रधान रूपसे विशेषको ग्रहण किया जाता है तो वह पर्यायार्थिक-नय है । द्रव्यार्थिकनय के तीन भेद हैं—नैगम, संग्रह और व्यवहार तथा पर्यायार्थिकनयके चार भेद हैं—ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ और एवंभूत । इस तरह विस्तारसे नयके सात भेद हैं । इन सातोमेंसे शुरूके चार नयोको अर्थनय भी कहते हैं क्योकि वे अर्थका आश्रय लेकर प्रवृत्त होते हैं । शेष तीन नयोको शब्दप्रधान होनेसे शब्दनय[3] कहते हैं । साधारणतया जैन ग्रन्थोमें नयोके इन सात भेदोकी ही परम्परा मिलती है । क्योकि न तो ये भेद अतिसंक्षिप्त है और न अतिविस्तृत हैं । यदि अतिविस्तारसे नयके भेदोका कथन किया जाये

---

१. सन्मति तर्क काण्ड १, गाथा १७-२१ । २. सन्मति०, का० १, गा० ११-१२ । ३. 'चत्वारोऽर्थनया ह्येते जीवाद्यर्थव्यपाश्रयात् । त्रयः शब्दनया सत्यपदविद्या समाश्रिता. ॥'—लघीयस्त्रय ।

[1]निरुक्त्या लक्षणं लक्ष्यं तत्सामान्यविशेषतः ।
नीयते गम्यते येन श्रुतार्थांशो [2]नयो हि सः ॥२०॥
तदंशौ द्रव्यपर्यायलक्षणौ सव्यपेक्षिणौ[3] ।
[4]नीयेते तु यकाभ्यां तौ नयाविति विनिश्चितौ ॥२१॥
गुणः पर्याय एवात्र सहभावी विभावितः ।
इति तद् गोचरो नान्यस्तृतीयोऽस्ति गुणार्थिकः ॥२२॥

तो उनकी संख्या बहुत अधिक होगी; क्योंकि सन्मति तर्कमें [5]कहा है कि जितने वचनोंके मार्ग हैं उतने ही नयवाद हैं। आशय यह है कि वचनका आधार वक्ताका अभिप्राय है। अतः किसी भी एक वस्तुके विषयमें जितने वचन प्रकार सम्भव हों उतने ही उस वस्तुके विषयमें भिन्न-भिन्न अभिप्राय समझना चाहिए। [6]वक्ताके अभिप्रायको ही नयवाद कहते हैं। अतः वचनके जितने प्रकार हैं उतने ही नयवाद हैं। अतः विस्तारसे नयोंकी संख्या संख्यात कही है।

अब जिज्ञासुका प्रश्न है कि नयका सामान्य लक्षण उसके दोनों भेदोंमें कैसे घटित होता है। आगे उसीका समाधान करते हैं—

यहाँ निरुक्तिके द्वारा सामान्य और विशेषरूपसे नयोंका लक्षण दिखलाने योग्य है। जिसके द्वारा श्रुतज्ञानसे जाने हुए अर्थका एकदेश जाना जाये वह नय है। श्रुतज्ञानसे जाने गये अर्थके दो अंश हैं, एक द्रव्य और एक पर्याय। जिनके द्वारा वे दोनों अंश सापेक्षरूपसे जाने जाते हैं वे दोनों नय हैं यह सुनिश्चित है।

यहाँ नयका सामान्य लक्षण और विशेष लक्षण बतलाया है। 'नीयतेऽनेन'—जिसके द्वारा जाना जाये उसे नय कहते हैं। यह 'नय' शब्दकी व्युत्पत्ति है। क्या जाना जाये, यह तो शब्दकी सामर्थ्यसे ही ज्ञात हो जाता है। वह है श्रुतप्रमाणके द्वारा जाने गये विषयका एक अंश। यही नय सामान्यका विषय है। अतः उक्त लक्षण नय सामान्य का है। श्रुत प्रमाणके द्वारा जानी गयी वस्तुके दो अंश हैं—द्रव्य और पर्याय। अतः श्रुतप्रमाणसे जानी गयी वस्तुके द्रव्यरूप अंशको जो जानता है वह द्रव्यार्थिक नय है और पर्यायरूप अंशको जो जानता है वह पर्यायार्थिक नय है। ये दोनों नय विशेषके लक्षण हैं इन दोनों लक्षणोंमें नय सामान्यका लक्षण सुसगत होता है।

अब शंका यह होती है कि गुणको जाननेवाला एक तीसरा गुणार्थिक नय भी कहना चाहिए। उसका समाधान करते हैं—

यहाँ गुणसे सहभावी पर्याय ही विवक्षित है। अतः उसको जाननेवाला तीसरा गुणार्थिकनय नहीं है।

पर्यायके दो प्रकार हैं—क्रमभावी और सहभावी। कालक्रमसे होनेवाली पर्यायोंको क्रमभावी कहते हैं जैसे मनुष्यमें होनेवाली बाल्य, कुमार, युवा आदि अवस्थाएँ। और वस्तुके साथ सदा रहनेवाली पर्यायोंको सहभावी कहते हैं। जैसे पुद्गलद्रव्यमें रहनेवाले स्पर्श, रूप, रस और गन्ध। इसी तरह द्रव्यके भी दो प्रकार हैं—शुद्ध और अशुद्ध। अतः पर्याय शब्दसे सब पर्यायें गृहीत होती हैं और द्रव्य शब्दसे अपनी सब शक्तियोंमें व्याप्त द्रव्यसामान्यका ग्रहण होता है। अतः सहभावी पर्यायरूप गुण इन दो से पृथक् नहीं है। गुण और

---

१ नयाना लक्षणं—मु०। २. 'स नो नय.' मु०। ३. साध्यपक्षिणौ—मु० १ अ० च०। ४. 'नीयेते तुर्यकाभ्यां तु तौ नयाविति निश्चितौ'—मु० २। ५. 'जावइया वयणवहा तावइया चेव होंति णयवाया। जावइया णयवाया तावइया चेव परसमया ॥' —सन्मति० का० ३, गा० ४७ ॥ ६. 'नयो ज्ञातुरभिप्राय.' —लघीयस्त्रय।

प्रमाणगोचरार्थांशा नीयन्ते यैरनेकधा ।
ते नया इति विख्याता[1] जाता[2] मूलनयद्वयात् ॥२३॥
द्रव्यपर्यायसामान्यविशेषपरिबोधकाः ।
न मूलं नैगमादीनां नयाश्चत्वार एव तु ॥२४॥
सामान्यस्य पृथक्त्वेन द्रव्यादनुपपत्तितः ।
सादृश्यपरिणामस्य तथा व्यञ्जनपर्ययात् ॥२५॥
वैसादृश्यविवर्तस्य विशेषस्य च पर्यये ।
अन्तर्भावाद्विभाव्येत द्वौ तन्मूलं[3] नयाविति ॥२६॥
नामादयोऽपि चत्वारस्तन्मूलं नेत्यतो गतम् ।
द्रव्यक्षेत्रादयश्चैषां द्रव्यपर्यायगत्वतः ॥२७॥
भवान्विता न पञ्चैते स्कन्धा वा परिकीर्तिताः ।
रूपादयो त एवेह तेऽपि हि द्रव्यपर्ययौ ॥२८॥
तथा द्रव्यगुणादीनां षोढात्वं न व्यवस्थितम् ।
षट् स्युर्मूलनया येन[4] द्रव्यपर्यायगा[5] हि ते ॥२९॥

पर्यायके अभेदकी चर्चा सन्मति तर्कमें उठायी गयी है । उसमें कहा[6] है—'द्रव्य और गुणका भेद तो दूर रहो, पहले गुण शब्दके विषयमें ही विचार करते है कि क्या गुण संज्ञा पर्यायसे भिन्न अर्थमें प्रयुक्त है या पर्यायके अर्थमें ही प्रयुक्त है । भगवान्ने द्रव्यास्तिक और पर्यायास्तिक ये दो ही नय निश्चित किये है । यदि पर्यायसे गुण भिन्न होता तो गुणास्तिकनय भी उन्हें निश्चित करना चाहिए था । परन्तु चूँकि अरिहन्तने उन उन सूत्रोमें गौतम आदि गणधरोके समक्ष पर्याय संज्ञा निश्चित करके उसीका विवेचन किया है अत. ऐसा मानना चाहिए कि पर्याय ही है और पर्यायसे गुण भिन्न नही है । पर्याय शब्दका अर्थ है वस्तुको अनेक रूपोमें परिणत करने वाला और गुणका अर्थ है वस्तुको अनेकरूप करनेवाला । इस तरह ये दोनो शब्द समान अर्थवाले ही हैं । फिर भी उसे गुण शब्दसे नही कहा जाता; क्योकि देशना पर्याय नयकी हो है गुणास्तिककी नही ।'

इस तरह सन्मतितर्कके तीसरे काण्डमें गुण और पर्यायके अभेदकी पुष्टि विस्तारसे की गयी है । उसीका अनुसरण करते हुए आचार्य विद्यानन्दने भी उक्त कारिकाके द्वारा गुण और पर्यायके अभेदका कथन करते हुए कहा है कि द्रव्यमात्र द्रव्यार्थिकका विषय है और पर्यायमात्र पर्यायार्थिकका विषय है इनके सिवाय कोई तीसरा मूलनय नही है ।

उक्त प्रकारसे जिनके द्वारा प्रमाणके विषयभूत पदार्थके अनेक अंश जाने जाते हैं वे नयके नामसे विख्यात हैं और वे सब नय दो मूल नयोंसे ही उत्पन्न हुए हैं । द्रव्य पर्याय सामान्य और विशेषको जाननेवाले चार नय नैगम आदि सात नयोंके मूल नहीं हैं । क्योंकि सामान्य द्रव्यसे भिन्न नही है । इसी तरह सादृश्य परिणाम व्यजन पर्यायसे भिन्न नहीं है । तथा विसदृशता परिणामरूप विशेषका पर्यायमें अन्तर्भाव हो जाता है इसलिए मूल नयसे दो ही हैं । इस उक्त कथनसे यह भी ज्ञात हो चुका कि नाम स्थापना द्रव्य और भाव भी उन नयोंके मूल नहीं है और न द्रव्य क्षेत्र काल तथा भाव ही हैं : क्योंकि ये सब द्रव्य और पर्यायमें ही अन्तर्गत हैं । तथा इन द्रव्यादि चारमें भवको मिला देनेपर ये पाँच भी नयोंके मूल नहीं है और न रूप वेदना विज्ञान संज्ञा और संस्कार रूप पाँच स्कन्ध ही उन नयोंके मूल हैं क्योंकि वे सब भी पुण्य पर्यायरूप हो हैं । तथा द्रव्य गुण आदि पदार्थोंका छह प्रकारपना भी नही बनता, जिससे मूलनय छह हो जायें; क्योंकि वे सब भी द्रव्य और पर्यायमें ही अन्तर्गत हैं ।

---

१. व्याख्याता मु० १ अ० ब० । २. ज्ञाता मु० २ । ३ तन्मूलनया—मु० २ । ४. दयस्तेषां मु० २ । ५. ग्राहिते मु० । अ० ब० । ६. सन्मतितर्क, काण्ड ३, गाथा ८-२२ ।

ये प्रमाणादयो भावा प्रधानादय एव वा ।
ते नैगमादि भेदानामर्था नापरनीतयः ॥३०॥
तत्र संकल्पमात्रस्य ग्राहको नैगमो नयः ।
सोपाधिरित्यशुद्धस्य द्रव्यार्थस्याभिधानतः ॥३१॥
संकल्पो निगमस्तत्र भवोऽयं तत्प्रयोजनः ।
तथा प्रस्थादिसंकल्पः तदभिप्राय इष्यते ॥३२॥

नैयायिकने जो प्रमाण आदि सोलह पदार्थ माने हैं या सांख्यने प्रधान आदि पचीस तत्त्व माने हैं वे सब नैगम आदि नयोंके ही विषयभूत हैं उनसे भिन्न नही हैं ।

जैन दर्शनमें वस्तुको द्रव्यपर्यायात्मक माना है अत. वस्तुके मूल अंश दो है द्रव्य और पर्याय । शेष सब इन्हीमें गर्भित है । अत. इन दोनो मूल अशोको जाननेवाले मूलनय भी दो है—द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक । किन्तु अन्य वादियोने अनेक तत्त्व माने है । जैसे कोई वादी द्रव्य पर्याय सामान्य और विशेषको पृथक्-पृथक् मानते है । जैन धर्ममें ही नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव इन चार निक्षेपोके द्वारा वस्तुका न्यास किया जाता है या द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावसे वस्तुका विवेचन किया जाता है । अथवा उनमें भवको मिलाकर पाँच रूपसे भी वस्तुका विवेचन किया जाता है । बौद्धदर्शनमें पाँच स्कन्ध माने गये है वैशेषिकदर्शन—द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष और समवाय नामके छह पदार्थ मानता है । नैयायिक—प्रमाण, प्रमेय, संशय, प्रयोजन, दृष्टान्त, सिद्धान्त, अवयव, तर्क, निर्णय, वाद, जल्प, वितण्डा, हेत्वाभास, छल, जाति, निग्रहस्थान ये सोलह पदार्थ मानता है । साख्य पचीस तत्त्व मानता है—प्रकृति, महान्, अहंकार, पाँच तन्मात्रा, पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, एक मन, पाँच भूत, और पुरुष । इस तरह विभिन्न दर्शनोमें विभिन्न मूल तत्त्व माने गये है । और नयोकी व्यवस्था ज्ञेय तत्त्वोके आधारपर स्थित है । अत· जैसे जैन दर्शनमें द्रव्य पर्यायके आधारपर दो मूल नय माने गये है वैसे ही नामादि तथा द्रव्यादिके आधारपर चार या पाँच मूल नय क्यो नही हैं या वैशेषिक नैयायिक और साख्य मतके तत्त्वोकी संख्याके आधारपर छह या सोलह या पचीस नय क्यो नही है ऐसीआशंका होनेपर ग्रन्थकार कहते है कि उक्त सभी तत्त्व द्रव्य और पर्यायमें गर्भित हो जाते है । जैनदर्शनने द्रव्य एक ऐसा पदार्थ माना है कि जिसके माननेपर उसे दूसरे पदार्थको माननेकी आवश्यकता ही नही रहती । वैशेषिकके द्वारा माने गये द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष और समवायका अन्तर्भाव द्रव्यमें ही हो जाता है । क्योकि गुण और पर्यायके आधारको द्रव्य कहते है । ये गुण और पर्याय द्रव्यके ही आत्म स्वरूप हैं । इसलिए ये किसी भी दशामें द्रव्यसे पृथक् नही होते । द्रव्यके परिणमनकी दशाको पर्याय कहते है । कर्म या क्रिया सक्रिय द्रव्योकी ही परिणति है उससे कोई पृथक् वस्तु नही है । गुणोके कारण द्रव्य सजातीयसे मिलते हुए तथा विजातीयसे विभिन्न प्रतीत होते है इस सदृशता और विसदृशताको ही सामान्य और विशेष कहते है । इसी तरह सांख्यके दो मूल तत्त्वोमें से प्रधानका अन्तर्भाव पुद्गल द्रव्यमे और पुरुषका अन्तर्भाव जीव द्रव्यमें हो जाता है । प्रमाण, संशय आदि जीवके ज्ञानगुणकी ही दशाएँ है । अत द्रव्य पर्यायात्मक वस्तुके दो ही मूल अंश है और उनको विषय करनेवाले दो ही मूल नय है ये दो नय ही सब नयोके मूल हैं ।

आगे नैगमनयका स्वरूप बतलाते है—

नयके उक्त भेदोंमेंसे नैगमनय संकल्पमात्रका ग्राहक है । यह नय अशुद्ध द्रव्यस्वरूप अर्थका कथन करनेसे उपाधिसे सहित है । निगमका अर्थ संकल्प है । उससे जो उत्पन्न हो अथवा वह संकल्प जिसका प्रयोजन हो उसे नैगमनय कहते हैं । प्रस्थ आदिका संकल्प उसका अभिप्राय माना जाता है ।

निगम शब्दसे नैगम शब्दकी निष्पत्ति हुई है । निगमका अर्थ है संकल्प । सकल्प मात्रको जो वस्तु रूपसे ग्रहण करता है उसे नैगमनय कहते है । जैसे कोई आदमी इस संकल्पसे कि जंगलसे लकडी लाकर उसका प्रस्थ (अनाज मापनेका एक भाण्ड) बनाऊँगा, कुठार लेकर जंगलकी ओर जाता है उससे कोई

नन्वयं भाविनीं संज्ञां समाश्रित्योपचर्यते ।
अप्रस्थादिषु तद्भावस्तण्डुलेष्वोदनादिवत् ॥३३॥
इत्यसद्वहिरर्थेषु तथानध्यवसानतः ।
स्ववेद्यमानसंकल्पे सत्येवास्य प्रवृत्तितः ॥३४॥

पूछता है कि कहाँ जाते हो। वह उत्तर देता है कि प्रस्थ लानेके लिए जाता हूँ। यहाँ वह लकड़ीमें प्रस्थ बनानेका जो संकल्प करता है उसमें ही प्रस्थका व्यवहार करता है। इसी तरह पानी वगैरहके भरनेमें लगे हुए किसी पुरुषसे कोई पूछता है—आप क्या करते हैं ? वह उत्तर देता—भात पकाता हूँ। किन्तु उस समय वहाँ भात कहाँ ? भात पकानेके संकल्पसे वह जो उद्यम कर रहा है उसीमे वह भातका व्यवहार करता है। इस प्रकार अनिष्पन्न अर्थके संकल्प मात्रको विषय करनेवाला जो लोकव्यवहार है वह नैगमनयका विषय है। इसीसे नैगमनयका विषय अशुद्ध द्रव्य है। अकलंक देवने[२] अष्टशतीमें लिखा है कि दो मूल नयोकी शुद्धि और अशुद्धिकी अपेक्षासे नैगमादि नयोकी उत्पत्ति होती है। उसकी व्याख्या करते हुए स्वामी विद्यानन्दिने अष्टसहस्रीमें लिखा है कि मूलनय द्रव्यार्थिककी शुद्धिसे संग्रहनय निष्पन्न होता है क्योकि वह समस्त उपाधियोंसे रहित शुद्ध सन्मात्रको विषय करता है और सम्यक् एकत्व रूपसे सबका संग्रह करता है। उसीकी अशुद्धिसे व्यवहारनय निष्पन्न होता है क्योकि वह संग्रहनयके द्वारा गृहीत अर्थोंका विधिपूर्वक भेद-प्रभेद करके उनको ग्रहण करता है। जैसे वह सत् द्रव्यरूप है या गुणरूप है। इसी तरह नैगम भी अशुद्धिसे निष्पन्न होता है क्योकि वह सोपाधि वस्तुको विषय करता है। उस नैगमनयकी प्रवृत्ति तीन प्रकारसे होती है—द्रव्यमें, पर्यायमें और द्रव्यपर्यायमें। द्रव्यनैगमके दो भेद हैं—शुद्धद्रव्यनैगम, अशुद्धद्रव्यनैगम। पर्यायनैगमके तीन भेद है—अर्थपर्यायनैगम, व्यंजनपर्यायनैगम, अर्थव्यंजनपर्यायनैगम। अर्थपर्यायनैगमके तीन भेद है—ज्ञानार्थपर्यायनैगम, ज्ञेयार्थपर्यायनैगम, ज्ञानज्ञेयार्थपर्यायनैगम। व्यंजनपर्यायनैगमके छह भेद है—शब्दव्यजनपर्यायनैगम, समभिरूढव्यंजनपर्यायनैगम, एवंभूतव्यंजनपर्यायनैगम, शब्दसमभिरूढव्यंजनपर्यायनैगम, शब्द-एवंभूतव्यंजनपर्यायनैगम, समभिरूढ-एवंभूतव्यंजनपर्यायनैगम। अर्थव्यंजनपर्यायनैगमके तीन भेद है—ऋजुसूत्र शब्द-अर्थव्यंजनपर्यायनैगम, ऋजुसूत्र-समभिरूढ-अर्थव्यंजनपर्यायनैगम, ऋजुसूत्र-एवंभूतअर्थव्यंजनपर्यायनैगम। द्रव्यपर्यायनैगमके आठ भेद—शुद्धद्रव्यऋजुसूत्र द्रव्यपर्यायनैगम, शुद्धद्रव्य शब्द-द्रव्यपर्यायनैगम, शुद्धद्रव्य समभिरूढद्रव्यपर्यायनैगम, शुद्धद्रव्य-एवभूतद्रव्यपर्यायनैगम, अशुद्धद्रव्य-ऋजुसूत्रद्रव्यपर्यायनैगम, अशुद्धद्रव्य-शब्द-द्रव्यपर्यायनैगम, अशुद्धद्रव्य-समभिरूढद्रव्यपर्यायनैगम, अशुद्धद्रव्य-एवंभूतद्रव्यपर्यायनैगम।

नैगमनयके उक्त भेदोको गिनाकर विद्यानन्द स्वामीने लिखा है कि, लोक और शास्त्रके अविरोधपूर्वक उदाहरण घटा लेना चाहिए। किन्तु इनके उदाहरणादि किसी अन्य ग्रन्थमें मेरे देखनेमें नही आये।

नैगमनयके विषयमें आशंका और उसका परिहार—

शंकाकारका कहना है कि यह नैगमनयका विषय तो भविष्यमें होनेवाली संज्ञाका आश्रय लेकर वर्तमानमें भविष्यका उपचार करना मात्र है। जैसे तण्डुलको भात कहना या जो प्रस्थ नहीं है उसे प्रस्थ कहना। आचार्यका कहना है कि शंकाकारका कथन असंगत है; क्योंकि बाह्य अर्थोंमें उस प्रकारका अध्यवसाय नही है। अपने जाने जा रहे संकल्पके होनेपर ही इस नयकी प्रवृत्ति होती है।

शंकाकारका कहना है कि नैगमनय तो भावि संज्ञा व्यवहाररूप है जैसे राजकुमारको राजा कहना या चावलको भात कहना। आचार्यका कहना है कि ऐसा नही है अर्थात् नैगमनय केवल भावि संज्ञा व्यवहार नही है। भावि संज्ञा व्यवहारमें तो राजकुमार और चावल वस्तूभूत होते है। किन्तु नैगमनयमें तो कोई

---

१. 'भाविसंज्ञाव्यवहार इति चेत् न, भूतद्रव्यासनिधात्।—तत्त्वार्थवार्तिक १।३३।३। २. 'द्रव्यार्थिक-पर्यायार्थिक-प्रविभागवशान्नैगमादय. शब्दार्थनया बहुविकल्पा मूलनयद्वयशुद्धयशुद्धिभ्याम्।'—अष्टसहस्री पृ० २८७।

यद्वा नैकं गमो योऽत्र स सतां नैगमो मतः ।
धर्मयोर्धर्मिणोर्वापि विवक्षा धर्मधर्मिणोः ॥३५॥

प्रमाणात्मक एवायमुभयग्राहकत्वतः ।
इत्ययुक्तमिह ज्ञप्तेः प्रधानगुणभावतः ॥३६॥

प्राधान्येनोभयात्मानमर्थं गृह्णद्धि वेदनम् ।
प्रमाणं नान्यदित्येतत्प्रपञ्चेन निवेदितम् ॥३७॥

संग्रहे व्यवहारे वा नान्तर्भावः समीक्ष्यते ।
नैगमस्य तयोरेकवस्त्वंशप्रवणत्वतः ॥३८॥

वस्तुभूत पदार्थ सामने नही है न तो वहाँ वह लकडी ही वर्तमान है जिसमें प्रस्थ बनानेका संकल्प है और न चावल ही वर्तमान है जिसमें भातका संकल्प है । वहाँ तो केवल संकल्पमात्र है उसीमे भावि वस्तुका व्यवहार किया जाता है । संकल्पका आधारभूत कोई पदार्थ वहाँ नही है अत. नैगमनयमें और भाविसंज्ञा व्यवहारमें अन्तर है ।

अथवा 'नैकं गमो नेगम' इस व्युत्पत्तिके अनुसार जो दो धर्मोंमेंसे या दो धर्मियोंमेंसे या धर्म-धर्मीमेंसे विवक्षाके अनुसार केवल एकको नहीं जानता उसे सज्जनपुरुष नैगमनय कहते हैं ।

नैगम शब्दकी एक व्युत्पत्तिके अनुसार तो ऊपर उसका लक्षण बतलाया था, यहाँ उसकी दूसरी व्युत्पत्तिके अनुसार अर्थ किया है । जो दो धर्मोंमेंसे या दो धर्मियोंमेंसे या दो धर्मधर्मियोंमेंसे केवल एकको न जानकर गौणता और मुख्यताकी विवक्षासे दोनोको जानता है वह नैगमनय है । इसको उदाहरणोके द्वारा आगे ग्रन्थकार स्वयं स्पष्ट करेंगे ।

शंकाकारकी शंका और उसका समाधान—

शंकाकारका कहना है कि नैगमनय प्रमाणस्वरूप ही है क्योंकि वह द्रव्य और पर्याय दोनोंका ग्राहक है । आचार्यका कहना है कि ऐसा कहना अयुक्त है नैगमनय धर्म और धर्मीमेंसे एकको प्रधानरूपसे और दूसरेको गौणरूपसे जानता है । जो ज्ञान धर्म और धर्मी दोनोंको प्रधान रूपसे जानता है वह प्रमाण है, नय नही है, यह पहले विस्तारसे कहा है ।

प्रमाण और नैगमनयमें अन्तर है । प्रमाण द्रव्यपर्यायात्मक वस्तुको प्रधान रूपसे जानता है उसमें एक अंश गौण और दूसरा अंश मुख्य नही है । दोनो अशात्मक वस्तु ही मुख्य है । किन्तु नैगमनयके विषयमें धर्म और धर्मीमेंसे एक मुख्य और दूसरा गौण होता है । यही दोनोमें अन्तर है । इसलिए नैगमनयका अन्तर्भाव प्रमाणमें नही होता ।

संग्रहनय और व्यवहारनयमें भी नैगमनयका अन्तर्भाव नहीं देखा जाता क्योंकि वे दोनों वस्तुके एक ही अंशको जाननेमें समर्थ हैं ।

प्रमाणसे नैगमनयमें भेद बतलाकर अब संग्रह और व्यवहारनय से उसकी भिन्नता बतलाते हैं । संग्रह और व्यवहार नय भी वस्तुके एक-एक अंशको ही जानते हैं । जबकि नैगमनय दोनो अशोको गौण मुख्य करके जानता है । अत. उसका अन्तर्भाव संग्रह और व्यवहार नयमें नही होता ।

---

१. 'स हि त्रेधा प्रवर्तते, द्रव्ययो. पर्याययोर्द्रव्यपर्याययोर्वा गुणप्रधानभावेन विवक्षाया नैगमत्वात् नैकं गमो नैगम इति निर्वचनात् ॥'—अष्टसहस्री पृ० २८७ । 'गुणप्रधानभावेन धर्मयोरेकधर्मिणि । विवक्षा नैगमोऽत्यन्त-भेदोक्ति. स्यात्तदाकृतिः ॥—लघीयस्त्रय । २. भावमीक्ष्य—अ० ब०, भावनमीक्ष्य—मु० २ ।

नर्जुसूत्रादिषु प्रोक्त[1]हेतोरेवेति षण्नयाः ।
संग्रहादय एवेह न वाच्याः प्रपरीक्षकैः ॥३९॥
सप्तैते[2] नियत युक्ता नैगमस्य नयत्वतः ।
तस्य त्रिभेद[3]व्याख्यानात् कैश्चिदुक्ता नया नव ॥४०॥
तत्र पर्यायगस्त्रेधा नैगमो द्रव्यगो द्विधा ।
द्रव्यपर्यायगः प्रोक्तश्चतुर्भेदो ध्रुवं ध्रुवैः ॥४१॥
अर्थपर्याययोस्तावद् गुणमुख्यस्वभावतः ।
क्वचिद्वस्तुन्यभिप्रायः प्रतिपत्तुः प्रजायते ॥४२॥
यथा [4]प्रतिक्षणं ध्वसि सुखसविच्छरीरिण[5] ।
इति [6]सातार्थपर्यायो विशेषणतया गुणः ॥४३॥
सवेदनार्थपर्यायो विशेष्यत्वेन मुख्यताम् ।
प्रतिगच्छन्नभिप्रेतो नान्यथैवं वचोगति[7] ॥४४॥

उक्त कारणसे ही ऋजुसूत्र आदिमें भी नैगमनय का अन्तर्भाव नहीं होता । इसलिए परीक्षाप्रधानी आचार्योंको संग्रह आदि छह ही नय नहीं कहने चाहिए ।

ऋजुसूत्र आदि नय भी वस्तुके केवल एक ही अशको ग्रहण करते है । इसलिए संग्रह आदि छह नयो से अतिरिक्त एक नैगमनय भी मानना चाहिए । तार्किक सिद्धसेन दिवाकरने अपने सन्मतितर्कमें नैगमनयको छोडकर सग्रहादि छह ही नय बतलाये है । उसीको लक्ष्य करके विद्यानन्दिस्वामीने नैगमनयकी स्थापना की है और उसे एक पृथक् नय माना है ।

अत: नैगमके नय होनेसे नियमसे ये सात नय उचित हैं । उसके तीन भेदोंका विस्तार करनेसे किन्हीं आचार्योंने नौ नय कहे हैं ।

आचार्य विद्यानन्दिने अपने तत्त्वार्थ[7]श्लोकवार्तिकके व्याख्यानमें नैगमनय के तीन भेद कहे है—पर्यायनैगम, द्रव्यनैगम और द्रव्यपर्यायनैगम । उनमेंसे पर्यायनैगमके तीन भेद है—अर्थपर्यायनैगम, व्यजनपर्याय-नैगम और अर्थव्यजनपर्यायनैगम । द्रव्यनैगमके दो भेद है—शुद्धद्रव्यनैगम और अशुद्धद्रव्यनैगम । द्रव्यपर्याय-नैगमके चार भेद है—शुद्धद्रव्यार्थपर्यायनैगम, शुद्धद्रव्यव्यजनपर्यायनैगम, अशुद्धद्रव्यार्थपर्यायनैगम, अशुद्धद्रव्य-व्यंजनपर्यायगनैगम । इस प्रकार नैगमनयके नौ भेद है ।

उनमेंसे पर्यायनैगमके तीन भेद, द्रव्यनैगमके दो भेद और द्रव्यपर्यायनैगमके चार भेद, स्थिर ज्ञानियोंने निश्चित रूपसे कहे हैं ।

आगे ग्रन्थकार नैगमनयके उक्त भेदोमेंसे पर्यायनैगमनयका कथन करते है—

किसी एक वस्तुमें दो अर्थपर्यायोंको गौण मुख्यरूपसे जाननेका ज्ञाताका अभिप्राय होता है । जैसे प्राणीका सुख सवेदन प्रतिक्षण नाशको प्राप्त हो रहा है । यहाँ सुखरूप अर्थपर्याय तो विशेषण रूप होनेसे गोण है और सवेदनरूप अर्थपर्याय विशेष्यरूप होनेसे मुख्यताको प्राप्त हो रही इष्ट है । अन्यथा इस प्रकार से उसका कथन नहीं किया जा सकता ।

आत्माका सुखसवेदन—सुखानुभूति क्षण-क्षणमें उत्पन्न और नष्ट हो रहा है । यह नैगमनयका एक उदाहरण है । इसमे सुख और संवेदन ये दोनो अर्थपर्याय नैगमनयके विषय है । किन्तु इनमेंसे सवेदन नामक

---

१. हेतवो वेति अ० मु० १, हेतो वो वेति—ब० । २. सप्तैवेते तु युज्यन्ते—मु० २ । ३. भेदनाख्या—ब० । भेद-ताख्या—मु० २ । ४. क्षणध्वं—मु० २ । ५. —रीरिणि—मु० २ । ६. सत्तार्थ—अ० ब० मु० १ । ७ पृ० २७० ।

सर्वथा सुखसंवित्त्योर्नानात्वेऽभिमतिः पुनः ।
स्वाश्रयाच्चार्थपर्यायनैगमाभोऽप्रतीतितः ॥४५॥
कश्चिद् व्यञ्जनपर्यायौ विषयौ कुरुतेऽञ्जसा ।
गुणप्रधानभावेन धर्मिण्येकत्र नैगमः ॥४६॥
सच्चैतन्यं नरीत्येवं सत्त्वस्य गुणभावतः ।
प्रधानभावतश्चापि चैतन्यस्याभिसिद्धितः ॥४७॥
तयोरत्यन्तभेदोक्तिरन्योन्यं स्वाश्रयादपि ।
ज्ञेयो व्यञ्जनपर्यायनैगमाभो विरोधतः ॥४८॥
अर्थव्यंजनपर्यायौ गोचरीकुरुते परः ।
धार्मिके सुखजीवत्वमित्येवमनुरोधतः ॥४९॥

अर्थपर्याय तो विशेष्यरूप होनेसे मुख्यरूपसे नैगमनयका विषय है और सुख रूप अर्थ पर्याय संवेदनका विशेषण होनेसे गौणरूपसे नैगमनयका विषय है। इस प्रकार दो अर्थपर्यायोमेंसे एकको मुख्य और एकको गौण करके जानना पर्यायनैगमनय है।

आगे अर्थपर्याय नैगमाभासका उदाहरण देते है—

सुख और संवेदनको परस्परमें तथा अपने आश्रयभूत आत्मासे सर्वथा भिन्न मानना अर्थपर्याय-नैगमाभास है ; क्योकि उस प्रकारकी प्रतीति नहीं होती।

जो नैगमनय न होकर उसकी तरह प्रतीत हो उसे नैगमाभास या मिथ्या नैगमनय कहते है। आत्मासे उसकी अर्थपर्याय सुख और संवेदन सर्वथा भिन्न नही हैं और न परस्पर में ही सर्वथा भिन्न प्रतीत होते है। किन्तु उनको परस्परमे तथा आत्मासे सर्वथा भिन्नरूपसे जानना अर्थपर्याय नैगमाभास है ; क्योकि सुख और ज्ञान परस्परमें कथचित् भिन्न है उसी तरह आत्मासे भी कथचित् भिन्न है। घट-पटकी तरह सर्वथा भिन्न नही हैं। किसी भी द्रव्यसे उसके गुणोकी पर्याय सर्वथा भिन्न नही होती है क्योकि द्रव्य गुणपर्यायात्मक होता है उसी तरह एक द्रव्यकी ही गुणपर्याय होनेसे वे गुणपर्याय भी परस्परमें सर्वथा भिन्न नही होती।

आगे व्यजन पर्याय नैगमनयका स्वरूप सोदाहरण कहते है—

कोई नैगमनय एक धर्मीमें गौणता और प्रधानतासे दो व्यंजन पर्यायोंको ठीक-ठीक विषय करता है। जैसे आत्मामें सच्चैतन्य है। यहाँ 'सत्' तो चैतन्यका विशेषण होनेसे गौणरूपसे नैगमनयका विषय है। और चैतन्य विशेष्य होनेसे मुख्यरूपसे नैगमनयका विषय है। वर्तमान क्षणवर्ती सूक्ष्मपर्यायको अर्थ-पर्याय कहते हैं और स्थूलपर्यायको जो वचन गोचर हो व्यंजनपर्याय कहते हैं।

आगे व्यंजनपर्यायनैगमाभासका स्वरूप कहते है—

उन सत् और चैतन्यमें परस्परमें तथा उनके आधारभूत आत्मासे अत्यन्त भेद कहना व्यंजन पर्यायनैगमाभास है क्योंकि इस प्रकारके कथनमें विरोध दोष प्राप्त होता है।

यदि सत् और चैतन्य सर्वथा भिन्न होते तो 'सच्चैतन्य' इस प्रकारका विशेषण विशेष्य भाव नही बन सकता। तथा चैतन्यको सत्से सर्वथा भिन्न माननेपर चैतन्य असत् हो जायेगा। इसी तरह आत्माको सत् और चैतन्यसे सर्वथा भिन्न माननेपर आत्मा असत् और अचेतन हो जायेगा। किन्तु न तो चैतन्य असत् है और न आत्मा ही असत् और अचेतन है। अत उक्त कथनमें विरोध दोष आता है।

अर्थ व्यंजन पर्याय नैगमका स्वरूप कहते है—

अर्थ व्यंजनपर्याय नैगमनय अर्थपर्याय और व्यंजनपर्यायको गौण मुख्यरूपसे विषय करता है। जैसे धार्मिक पुरुषमें सुखपूर्वक जीवन पाया जाता है।

---

१. जीवित्व—अ०, मु० १।

भिन्ने तु सुखजीवत्वे योऽभिमन्येत सर्वथा ।
सोऽर्थव्यञ्जनपर्यायनैगमाभास एव नः ॥५०॥

शुद्धद्रव्यमशुद्धं च तथाभिप्रैति यो नयः ।
स तु नैगम एवेह संग्रहव्यवहारजः ॥५१॥

सद्द्रव्यं सकलं वस्तु तथान्वयविनिश्चयात् ।
इत्येवमवगन्तव्यस्तद्भेदोक्तिस्तु दुर्नयः ॥५२॥

यस्तु पर्यायवद् द्रव्यं गुणवद्वेति निर्णयः ।
व्यवहारनयाज्जातः सोऽशुद्धद्रव्यनैगमः ॥५३॥

तद्भेदैकान्तवादस्तु तदाभासोऽनुमन्यते ।
तथोक्तेर्बहिरन्तश्च प्रत्यक्षादिविरोधतः ॥५४॥

उक्त दृष्टान्तमें सुख अर्थपर्याय है और जीवन व्यंजनपर्याय है 'सुख' विशेषण है और जीवन विशेष्य है। विशेषण गौण होता है और विशेष्य प्रधान होता है।

अर्थ व्यंजन पर्याय नैगमाभासका स्वरूप कहते हैं—

जो सुख और जीवनको सर्वथा भिन्न मानता है वह हमारा अर्थव्यंजन पर्याय नैगमाभास है।

पर्याय नैगमके तीन भेदोंका स्वरूप बतलाकर आगे द्रव्यनैगमके भेदोका स्वरूप उदाहरणपूर्वक कहते हैं—

जो नय शुद्ध द्रव्य और अशुद्ध द्रव्यको गौण मुख्य रूपसे जानता है वह तो वहाँ संग्रह और व्यवहारजन्य नैगमनय ही है।

समस्त वस्तु सत् द्रव्य है क्योंकि सभी वस्तुओंमें सत्त्व और द्रव्यत्वके अन्वयका निश्चय है। इस प्रकारसे जाननेवाला शुद्धद्रव्यनैगम है और सत्त्व तथा द्रव्यत्वके सर्वथा भेदको कथन करना दुर्नय है।

संग्रहनयका विषय शुद्धद्रव्य है और व्यवहारनयका विषय अशुद्धद्रव्य है। नैगमनय धर्म और धर्मीमेंसे एकको गौण एकको मुख्य करके विषय करता है यह पहले लिख आये हैं। समस्त वस्तु सद्द्रव्य रूप हैं। यह शुद्ध नैगमनयका उदाहरण है। इस उदाहरणमें द्रव्यपना मुख्य है क्योकि वह विशेष्य है और उसका विशेषण सत्त्व गौण है। सत्त्व और द्रव्यत्वको सर्वथा भिन्न मानना जैसा कि वैशेषिक दर्शन मानता है, शुद्धद्रव्य नैगमाभास है।

आगे अशुद्ध द्रव्य नैगमका उदाहरण देते हैं—

जो नय 'पर्यायवाला द्रव्य' है या 'गुणवान् द्रव्य' है ऐसा निर्णय करता है वह व्यवहारनयसे उत्पन्न हुआ अशुद्धद्रव्यनैगम है।

संग्रहनयके विषयमें भेद-प्रभेद करनेवाले नयको व्यवहारनय कहते है। अतः द्रव्य पर्यायवाला है या गुणवाला है, यह उदाहरण अशुद्धद्रव्यनैगमनयका है। चूंकि भेदग्राही होनेसे व्यवहारनयका विषय अशुद्ध द्रव्य है अत नैगमके इस भेदको व्यवहार जन्य बतलाया है।

अशुद्ध द्रव्य नैगमाभासका स्वरूप—

पर्याय और द्रव्यमें या गुण और द्रव्यमें सर्वथा भेद मानना अशुद्धद्रव्य नैगमाभास माना जाता है; क्योकि बाह्य और अन्तरग पदार्थोंमें उक्त प्रकारसे भेदका कथन करनेमें प्रत्यक्षादि प्रमाणोंसे विरोध आता है।

शुद्धद्रव्यार्थपर्यायनगमोऽस्ति परो यथा ।
सत्सुखं क्षणिक [1]सिद्धं ससारेऽस्मिन्नितीरणम् ॥५५॥

सत्त्वं सुखार्थपर्यायाद्भिन्नमेवेति समतिः ।
दुर्नीतिः स्यात्सबाधत्वादिति नीतिविदो विदुः ॥५६॥

क्षणमेकं सुखी जीवो विषयीति विनिश्चयः ।
विनिर्दिष्टोऽर्थपर्यायाशुद्धद्रव्यनैगमः ॥५७॥

सुखजीवभिदोक्तिस्तु सर्वथा मानबाधिता ।
दुर्नीतिरेव बोद्धव्या शुद्धबोधैरसंशयम् ॥५८॥

गोचरी कुरुते शुद्धद्रव्यव्यञ्जनपर्ययौ ।
नैगमोऽन्यो यथा सच्चित्सामान्यमिति निर्णयः ॥५९॥

द्रव्यका लक्षण गुणपर्यायवत्त्व है । मगर वे गुण और पर्याय द्रव्यसे सर्वथा भिन्न नही है । यदि उन्हे सर्वथा भिन्न माना जायेगा तो दोनोका ही सत्त्व नही बनेगा; क्योकि गुणोके बिना द्रव्य नही बनता और द्रव्य के बिना निराधार होनेसे गुणोका अभाव प्राप्त होता है, जैसे अग्निके बिना औष्ण्य नही रहता और औष्ण्यके बिना अग्नि नही रहती । इसी तरह आत्माके बिना ज्ञानादि गुण नही रहते और ज्ञानादि गुणोके बिना आत्मा नही रहता । अतः जो नय उनके भेदको मानता है वह नयाभास है ।

आगे शुद्धद्रव्यार्थपर्यायनैगमनयका उदाहरण देते हैं—

इस संसारमें सत्स्वरूप सुख क्षणिक सिद्ध है ऐसा कहना शुद्धद्रव्यार्थपर्यायनैगमनय है ।

ऊपरके दृष्टान्तमे सुख अर्थपर्याय है । और उसका विशेषण 'सत्' द्रव्य है अत यह नय द्रव्यको गौण रूपसे और विशेष्य अर्थपर्याय सुखको प्रधान रूपसे विषय करता है ।

आगे शुद्धद्रव्यार्थपर्यायनैगमाभासको कहते है—

सुखस्वरूप अर्थपर्यायसे सत्त्व सर्वथा भिन्न ही है इस प्रकारका अभिप्राय दुर्नय है । क्योंकि सुख और सत्त्वको सर्वथा भिन्न माननेमें अनेक बाधाएँ आती हैं, ऐसा नयोंको जाननेवाले विद्वान् समझते हैं । अत सुख और सत्त्वको सर्वथा भिन्न मानना शुद्धद्रव्य-अर्थपर्याय नैगमाभास है ।

आगे अशुद्धद्रव्यार्थपर्यायनैगमका स्वरूप कहते हैं—

विषयी जीव एक क्षण तक सुखी है इस प्रकारका निश्चय करनेवाला अशुद्ध द्रव्य अर्थपर्याय नैगमनय कहा है ।

यहाँ सुख तो अर्थपर्याय है । और विषयी जीव अशुद्धद्रव्य है । यह नय अर्थपर्यायको गौण रूपसे और अशुद्धद्रव्यको मुख्यरूपसे विषय करता है ।

अशुद्धद्रव्यार्थपर्यायनैगमाभासका स्वरूप कहते है—

सुख और जीवको सर्वथा भिन्न कहना तो प्रमाणसे बाधित है । अत शुद्ध ज्ञानियोंके द्वारा उसे बिना किसी प्रकारके संशयके दुर्नय ही जानना चाहिए । अर्थात् सुख और जीवको सर्वथा भिन्न कहना अशुद्धद्रव्यार्थपर्यायनैगमाभास है ।

आगे शुद्ध द्रव्य व्यजन पर्याय नैगमनयका उदाहरण देते है—

तीसरा शुद्धद्रव्यव्यञ्जनपर्यायनैगमनय शुद्धद्रव्य और व्यंजनपर्यायको विषय करता है । जैसे चित्सामान्य सत्स्वरूप है यह निर्णय शुद्धद्रव्यव्यञ्जनपर्यायनैगमनय है । यहाँ सत् तो शुद्ध द्रव्य है और चैतन्यपना व्यजनपर्याय है । यह नय गौण-प्रधानरूपसे दोनोंको जानता है ।

---

१ शुद्ध ।

विद्यते चापरोऽशुद्धद्रव्यव्यञ्जनपर्ययौ ।
अर्थीकरोति य. सोऽत्र ना गुणोति निगद्यते ॥६०॥
भेदाभिदाभिरत्यन्तं प्रतीतेरपलापतः ।
पूर्ववन्नैगमाभासौ प्रत्येतव्यौ तयोरपि ॥६१॥
नवधा नैगमस्यैवं ख्यातेः पञ्चदशोदिताः ।
नयाः प्रतीतिमारूढाः संग्रहादिनयैः सह ॥६२॥
[२]ऐक्यत्वेन विशेषाणां ग्रहणं संग्रहो नयः ।
स्वैजातेरविरोधेन दृष्टेष्टाभ्यां कथंचन ॥६३॥
समेकीभावसम्यक्त्वे वर्तमानो हि गृह्यते ।
निरुक्त्या लक्षणं तस्य तथा सति विभाव्यते ॥६४॥
[४]शुद्धद्रव्यमभिप्रैति सन्मात्रं संग्रहः परः ।
स चाशेषविशेषेषु सदौदासीन्यभागिह ॥६५॥

आगे अशुद्धद्रव्यव्यजन पर्याय नैगमनयका स्वरूप कहते हैं—

जो अशुद्धद्रव्य और व्यंजन पर्यायको विषय करता है वह चौथा अशुद्धद्रव्यव्यंजनपर्याय नैगमनय है। जैसे 'गुणी मनुष्य।' यहाँ गुणी तो अशुद्धद्रव्य है और मनुष्य व्यंजनपर्याय है। उक्त दोनों नयोंके द्वारा विषय किये गये द्रव्य और पर्यायका परस्परमें सर्वथा भेद या सर्वथा अभेदके द्वारा जो कथन किया जाता है, वह पहलेकी तरह दोनो नयोंका नैगमाभास जानना चाहिए, क्योंकि द्रव्य और पर्यायमें सर्वथा भेद या सर्वथा अभेद माननेसे प्रतीतिका अपलाप होता है। द्रव्य और पर्यायमें न तो सर्वथा भेदकी प्रतीति होती है और न सर्वथा अभेदकी प्रतीति होती है। अतः सत् और चैतन्यमें सर्वथा भेद या सर्वथा अभेद मानना शुद्धद्रव्यव्यजनपर्यायनैगमाभास है। और मनुष्य तथा गुणवान्पनेमें सर्वथा भेद या सर्वथा अभेद मानना अशुद्धद्रव्यव्यंजनपर्याय नैगमाभास है।

आगे नैगमनयके भेदोंका उपसंहार करते हैं—

इस प्रकार नैगमनयके नौ प्रकार कहनेसे संग्रहनय आदि छह नयोंके साथ प्रतीति सिद्ध नयोंकी संख्या पन्द्रह कही है ॥

नैगमनयके नौ भेद ऊपर इस प्रकार कहे हैं—नैगमनयके तीन भेद—पर्यायनैगम, द्रव्यनैगम और द्रव्यपर्यायनैगम। पर्यायनैगमके तीन भेद हैं—अर्थपर्यायनैगम, व्यंजनपर्यायनैगम और अर्थव्यंजन-पर्यायनैगम। द्रव्यनैगमके दो भेद हैं—शुद्धद्रव्यनैगम और अशुद्धद्रव्यनैगम। द्रव्यपर्यायनैगमके चार भेद हैं—शुद्धद्रव्यार्थपर्यायनैगम, शुद्धद्रव्यव्यजनपर्यायनैगम, अशुद्धद्रव्यार्थपर्यायनैगम, अशुद्धद्रव्यव्यंजनपर्यायनैगम। इनमें संग्रह आदि शेष छह नयोको मिलानेसे संक्षेपसे पन्द्रह नय होते हैं ॥

आगे संग्रहनयका स्वरूप कहते हैं—

प्रत्यक्ष और अनुमान प्रमाणोंके द्वारा अपनी जातिका विरोध न करते हुए सभी विशेषोंका कथंचित् एकत्वरूपसे ग्रहण करना संग्रहनय है। 'संग्रह' में 'सम्' शब्दका अर्थ 'एकीभाव' और 'समीचीनपना' किया जाता है। और ऐसा होनेपर संग्रहनयका लक्षण उसकी निरुक्तिके द्वारा किया जाता है। पर संग्रह-

---

१. 'भेदाभिसन्धिरत्यन्त प्रतीतेरपलापक.'—मु० २। भिदाभिदा—मु० १। २ एकत्वेन मु०। ३. स्वजाते—अ०, मु०, सुजाते—ब०। 'स्वजात्यविरोधेनैकध्यमुपनीय पर्यायानाक्रान्तभेदानविशेषेण समस्तग्रहणात् संग्र.। —सर्वार्थसिद्धि १।३३। ४ शुद्धद्रव्यमभिप्रैति संग्रहस्तदभेदत । भेदाना नासदात्मैकोऽप्यस्ति भेदो विरोधत. ॥ —लघीयस्त्रय।

निराकृतविशेषस्तु सत्ताद्वैतपरायणः ।
तदाभासः समाख्यातः सद्भिर्दृष्टेष्टबाधनात् ॥६६॥
अभिन्नं व्यक्तभेदेभ्यः सर्वथा बहुधानकम् ।
महासामान्यमित्युक्तिः केषांचिद् दुर्नयस्तथा ॥६७॥
शब्दब्रह्मेति चान्येषां पुरुषाद्वैतमित्यपि ।
संवेदनाद्वयं चेति प्रायशोऽन्यत्र दर्शितम् ॥६८॥

नय सत्तामात्र शुद्धद्रव्यको मानता है। और वह यहाँ सदा सम्पूर्ण विशेष पदार्थोंमें उदासीनताको धारण करता है।

'संग्रह' शब्द दो शब्दोके मेलसे बना है। उनमे से 'सम्' का अर्थ है एकीभाव या एकत्व तथा सम्यक्त्व या समीचीनपना। और 'ग्रह' का अर्थ है ग्रहण करना। दोनोको मिला देनेसे संग्रहका अर्थ होता है—समीचीन एकत्वरूपसे ग्रहण करना। 'संग्रह' शब्दकी इस व्युत्पत्तिसे ही उसका लक्षण स्पष्ट हो जाता है। अर्थात् समस्त भेद-प्रभेदोका—उनकी जो-जो जाति है उसके अनुसार उनमे एकत्वके ग्रहण करनेवाले नयको संग्रहनय कहते है जैसे 'सत्' कहनेपर सत्ताके आधारभूत सभी पदार्थोंका संग्रह हो जाता है। 'द्रव्य' कहनेपर जीव, अजीव और उनके भेद-प्रभेदोका संग्रह होता है। 'घट' कहनेपर 'घट' रूपसे कहे जानेवाले समस्त घटोका संग्रह हो जाता है।

संग्रहनयके दो भेद है—परसंग्रह और अपरसंग्रह। परसंग्रहनयका विषय सत्तामात्र शुद्धद्रव्य है। यह नय सत्ताके सम्पूर्ण भेद-प्रभेदोमें सदा उदासीन रहता है। अर्थात् न तो उनका निषेध ही करता है और न उनको विधि ही करता है।

परसंग्रहनयाभासका स्वरूप कहते है—

जो नय सम्पूर्ण विशेषोंका निराकरण करके केवल सत्ताद्वैतको ही मानता है वह विद्वानोंके द्वारा परसंग्रहाभास कहा गया है क्योंकि सत्ताद्वैतमें प्रत्यक्ष और अनुमान प्रमाणोंके द्वारा बाधा आती है। सांख्योंके द्वारा माना गया प्रधान तत्त्व महान् अहंकार आदि तेईस प्रकारके व्यक्त भेदोंसे सर्वथा अभिन्न है अतः महासामान्यस्वरूप है। इसी तरह शब्दाद्वैतवादी शब्दब्रह्मको अद्वैतरूप मानते है। ब्रह्माद्वैतवादी पुरुषाद्वैत मानते हैं। बौद्धोंका एक भेद योगाचार ज्ञानाद्वैत मानता है। ये सब परसंग्रहाभास हैं। यह बात अन्य ग्रन्थोमें दिखलायी गयी है।

भारतीय दर्शनोमें कई दर्शन अद्वैतवादी है। अद्वैतका मतलब है—ऐकात्म्य—केवल एक ही तत्त्वकी मान्यता और भेदका सर्वथा अभाव। यथा—ब्रह्माद्वैतवादी केवल एक ब्रह्मको ही मानता है—जड और चेतन सब उसीके विकार हैं। शब्दाद्वैतवादी वैयाकरण शब्दब्रह्म नामक अद्वैततत्त्वको स्वीकार करते है। उनका कहना है कि जगत् शब्दात्मक है। शब्दके बिना न तो कोई ज्ञान होता है और न कोई ऐसी वस्तु है जो शब्दके बिना प्रतिभासित होती हो। बौद्धमतावलम्बी ज्ञानाद्वैतवादी योगाचार एक ज्ञानमात्र तत्त्व मानता है क्योंकि ज्ञानके बिना किसीकी भी प्रतीति नही होती। साख्य अद्वैतवादी तो नही है किन्तु वह जो एक प्रधान नामक तत्त्व मानता है उस प्रधानको अपने विकारोसे, जिनकी संख्या २३ है सर्वथा अभिन्न मानता है। अतः एक तरहसे वह भी सत्ताद्वैतरूप हो जाता है। इस प्रकारका अद्वैत संग्रहनयका विषय नही है। संग्रहनय यद्यपि एकत्वको विषय करता है किन्तु अनेकत्वका निरास नही करता। यदि ऐसा करे तो वह नयग्रहनय न होकर संग्रहनयाभास कहा जायेगा। अतः सापेक्ष एकत्व संग्रहनयका विषय है। और सर्वथा अद्वैतवाद संग्रहनयाभासका विषय है। क्योंकि सर्वथा अद्वैत प्रतीतिविरुद्ध है। सर्वथा अद्वैतवादमे पुण्य-पाप कर्मोका द्वैत, अच्छे-बुरे फलका द्वैत, इहलोक-परलोकका द्वैत, विद्या-अविद्याका द्वैत और बन्ध-मोक्षका द्वैत नही बनता। और इनके बिना संसार और मोक्ष भी नही बनता। द्वैतके बिना तो अद्वैतकी सिद्धि भी नही

द्रव्यत्वं सकलद्रव्यव्याप्यभिप्रैति चापरः ।
पर्यायत्वं च निःशेषपर्यायव्यापि संग्रहः ॥६९॥
तथैवावान्तरान् भेदान् संगृह्यैकत्वतो बहुः ।
वर्ततेऽयं नयः सम्यक् प्रतिपक्षानिराकृतेः ॥७०॥
स्वव्यक्त्यात्मकतैकान्तस्तदाभासोऽप्यनेकधा ।
प्रतीतिबाधितो बोध्यो निःशेषोऽप्यनया दिशा ॥७१॥
संग्रहेण गृहीतानामर्थानां[1] विधिपूर्वकः ।
योऽवहारो विभागः स्याद् व्यवहारो नय[2]ः स्मृतः ॥७२॥
स चानेकप्रकारः स्यादुत्तरः परसंग्रहात् ।
यत्सत्तद्द्रव्यपर्यायाविति प्राग्ऋजुसूत्रतः ॥७३॥

हो सकती । क्योंकि अद्वैतकी सिद्धिके लिए कोई प्रमाण मानना ही होगा, और प्रमाणके माननेपर प्रमाण और उसका विषय प्रमेय अद्वैत दो हो जायेंगे । इसका कथन अष्टसहस्रीके दूसरे अध्यायमें किया गया है । वहाँसे देख लेना चाहिए ।

आगे अपरसंग्रहनयका स्वरूप कहते हैं—

अपर संग्रहनय सम्पूर्ण द्रव्योंमें व्यापी द्रव्यत्वको और सम्पूर्ण पर्यायोंमें व्यापी पर्यायत्वको विषय करता है । इसी प्रकार बहुतसे अवान्तर भेदोंका एकपनेसे संग्रह करके यह नय प्रवृत्ति करता है । अपने प्रतिपक्षका निराकरण नही करनेसे यह नय सम्यक् है ।

पर संग्रहनय तो केवल समस्त पदार्थव्यापी सत्तासामान्यको विषय करता है । और उसके भेद-प्रभेदोंको एकत्वरूपसे संग्रह करके अपर संग्रहनय जानता है । जैसे, सम्पूर्ण द्रव्योंमें व्यापी द्रव्यत्व सम्पूर्ण और पर्यायोंमें व्यापी पर्यायत्व अपर संग्रहनयका विषय है ।

आगे संग्रहाभासका स्वरूप कहते हैं—

अपनी व्यक्ति और जातिके सर्वथा एकात्मकपनेका एकान्त अपरसंग्रहाभास है वह अनेक प्रकारका है तथा प्रतीतिसे बाधित है । इसी प्रकार समस्त संग्रहाभासोंको जान लेना चाहिए ।

द्रव्यत्व द्रव्यात्मक ही है, द्रव्यत्वसे भिन्न द्रव्योका अभाव है । ऐसा मानना अपरसंग्रहाभास है । तथा पर्यायत्व पर्यायात्मक ही है, पर्यायत्वसे भिन्न पर्यायोका अभाव है यह भी अपरसग्रहाभास है । इसी तरह जीवत्व जीवात्मक ही है, पुद्गलत्व पुद्गलात्मक ही है, धर्मत्व धर्मात्मक ही है, अधर्मत्व अधर्मात्मक ही है, आकाशत्व आकाशात्मक ही है, कालत्व कालात्मक ही है—ये सब अपरसंग्रहाभास है । क्योकि जीवत्व आदि सामान्य अपनी व्यक्तियोसे कथंचित् भिन्न प्रतीत होता है । यदि सामान्यका अपने विशेषोसे सर्वथा अभेद माना जायेगा तो दोनोमें-से एकका भी अभाव होनेपर सबका अभाव हो जायेगा । सारांश यह है कि संग्रहनय सामान्यग्राही है मगर वह विशेषोका निराकरण नही करता । वैसा करनेसे संग्रहाभासत्वका प्रसंग आता है । क्योकि व्यक्तियोसे सर्वथा भिन्न या सर्वथा अभिन्न सामान्यकी प्रतीति नही होती । किन्तु कथंचित् भिन्न और कथंचित् अभिन्नकी ही प्रतीति होती है । अत अपर सामान्य या परसामान्य व्यक्तिरूप ही है इस प्रकारके सभी अभिप्रायोको अपर सग्रहाभास जानना चाहिए, क्योकि वे प्रमाणसे बाधित है ।

अब व्यवहारनयका प्ररूपण करते हैं—

संग्रहनयके द्वारा गृहीत पदार्थोंका विधिपूर्वक जो विभाग होता है उसे व्यवहारनय कहते हैं ।

---

१. 'संग्रहेण गृहीतानामर्थानां विधिपूर्वकमवहरणं व्यवहार.।'—सर्वार्थसिद्धि १।३३ । विधिपूर्वकम् मु० २ ।
२. नयः स न. मु० २ ।

कल्पनारोपितद्रव्यपर्यायप्रविभागभाक् ।
प्रमाणबाधितोऽन्यस्तु तदाभासोऽवसीयताम् ॥७४॥

ऋजुसूत्रं क्षणध्वंसि वस्तु सत् सूत्रयेद् ऋजु ।
प्राधान्येन गुणीभावाद् द्रव्यस्यानर्पणात् सत· ॥७५॥

और वह व्यवहारनय परसंग्रहनयसे उत्तरवर्ती तथा ऋजुसूत्रनयसे पहले अनेक प्रकारका है । जैसे जो सत् है वह द्रव्य और पर्यायके भेदसे दो प्रकारका है ।

परसंग्रहनय सत् रूपसे सबका ग्रहण करता है । व्यवहारनय उसका विभाग करता है जो सत् है वह द्रव्य और पर्यायरूप है । इसी तरह अपरसंग्रह द्रव्यरूपसे सब द्रव्योको ग्रहण करता है और पर्यायरूपसे सब पर्यायोको ग्रहण करता है । व्यवहारनय उसका विभाग करता है कि द्रव्य जीवादिके भेदसे छह प्रकारका है और पर्याय क्रमभावी और सहभावीके भेदसे दो प्रकारकी है । फिर सग्रहनय सब जीवादिक द्रव्योका जीव पुद्गल धर्म, अधर्म, आकाश और कालके रूपमें संग्रह करता है तथा क्रमभावी पर्यायोका क्रमभावी पर्यायरूपसे और सहभावी पर्यायोका सहभावी पर्यायरूपसे संग्रह करता है । व्यवहारनय उन सबका विभाग करता है—जो जीव है वह मुक्त और ससारीके भेदसे दो प्रकारका है । पुद्गलद्रव्य अणु और स्कन्धके भेदसे दो प्रकारका है । धर्मद्रव्य जीवकी गतिमें निमित्त और पुद्गलकी गतिमे निमित्त है । अधर्म द्रव्य भी जीवकी स्थितिमें निमित्त और पुद्गलकी स्थितिमें निमित्त है । अत. पर्यायकी अपेक्षा ये दोनो भी अनेकरूप है किन्तु द्रव्यकी अपेक्षा एक है । आकाशद्रव्यके लोकाकाश और अलोकाकाशकी अपेक्षा दो भेद है । काल-द्रव्य मुख्य और व्यावहारिककी अपेक्षा दो प्रकारका है । क्रमभावी पर्याय क्रियारूप और अक्रियारूप होती है । सहभावी पर्याय गुणरूप तथा सदृशपरिणामरूप होती है । इस प्रकार अपरसग्रह और व्यवहारनयका विस्तार ऋजुसूत्रनयसे पहले तक और परसंग्रहके बादसे जानना चाहिए । अर्थात् परसग्रहके पश्चात् और ऋजुसूत्रनय-से पहले तक अपरसग्रह और व्यवहारनयका विस्तार है । आशय यह है कि परसंग्रहके पश्चात् यदि अभिप्राय सग्रहका है तो वह अपर संग्रहनयका विषय है और यदि भेदका अभिप्राय है तो वह व्यवहारनयका विषय है ।

5.4.98

व्यवहाराभासका स्वरूप कहते है—

कल्पनाके द्वारा आरोपित अर्थात् कल्पित द्रव्य और पर्यायोंके विभागको ग्रहण करनेवाले नयको व्यवहाराभास जानना चाहिए; क्योंकि वह प्रमाणसे बाधित है ।

द्रव्य पर्यायका भेद काल्पनिक नही है, वास्तविक है । जो नय उन्हें कल्पित मानता है वह व्यवहारा-भास है ।

अब ऋजुसूत्रनयको कहते है—

ऋजुसूत्रनय प्रधानरूपसे क्षण-क्षणमें ध्वंस होनेवाली पर्यायको वस्तुरूपसे विषय करता है । और विद्यमान होते हुए भी विवक्षा नहीं होनेसे द्रव्यकी गौणता है ।

ऋजुसूत्रनय केवल वर्तमान क्षणवर्ती पर्यायको ही वस्तुरूपसे विषय करता है क्योकि भूतपर्याये तो नष्ट हो चुकी हैं और भविष्य पर्याये अभी उत्पन्न ही नही हुई है । अत. उनसे व्यवहार नही चल सकता । यह इस नयकी दृष्टि है । यद्यपि यह नय द्रव्यका निरास नही करता है किन्तु उसकी ओरसे इसकी दृष्टि उदासीन है । इसीसे इस नयको पर्यायार्थिक नयका भेद माना जाता है । इसकी दृष्टिमें सभी पदार्थ नियमसे उत्पन्न होते है और नष्ट होते है । जबकि द्रव्यार्थिक नयकी दृष्टिमें सभी पदार्थ सर्वदा उत्पत्ति और विनाशसे रहित हैं ।

निराकरोति [1]यो द्रव्यं बहिरन्तश्च सर्वथा ।
स [2]तदाभोऽभिमन्तव्यः प्रतीतेरपलापतः ॥७६॥
कार्यकारणता [3]नास्ति ग्राह्यग्राहकतापि वा ।
वाच्यवाचकता चेति क्वार्थसाधनदूषणम् ॥७७॥
लोकसंवृति सत्यं च सत्यं च परमार्थतः ।
क्वैवं सिद्धयेद्यदाश्रित्य बुद्धाना धर्मदेशना ॥७८॥
सामानाधिकरण्यं क्व विशेषणविशेष्यता ।
साध्यसाधनभावो वा क्वाधाराधेयताऽपि च ॥७९॥
संयोगो विप्रयोगो वा क्रियाकारकसंस्थितिः ।
सादृश्य वैसादृश्यं वा स्वसन्तानेतरस्थिति. ॥८०॥
समुदायः क्व [4]च प्रेत्यभावादि द्रव्यनिह्नवे ।
बन्धमोक्षव्यवस्था वा [5]सर्वथेष्टाऽप्रसिद्धितः ॥८१॥

ऋजुसूत्रनयाभासका स्वरूप कहते हैं—

जो नय बाह्य और अन्तरंग द्रव्योंका सर्वथा निराकरण करता है, उसे ऋजुसूत्रनयाभास मानना चाहिए क्योंकि वह प्रतीतिका अपलाप करता है ।

आगे उसी प्रतीतिके अपलापको स्पष्ट करते हैं—

अन्वयी द्रव्यका सर्वथा निषेध करनेपर कार्यकारणपना, ग्राह्यग्राहकपना, और वाच्यवाचकपना नही बनता । तब ऐसी दशामें अपने इष्ट तत्त्वका साधन और पर पक्षका दूषण कैसे बन सकेगा । तथा लोकव्यवहारसत्य और परमार्थसत्य कैसे सिद्ध हो सकेंगे जिसका अवलम्बन लेकर बुद्धोंका धर्मोपदेश होता है । सामानाधिकरण्य, विशेषणविशेष्य भाव, साध्यसाधनभाव, आधाराधेयभाव, ये सब कहाँसे बन सकेंगे । संयोग, वियोग, क्रियाकारककी स्थिति, सादृश्य, विसदृशता, स्वसन्तान और परसन्तानकी स्थिति, समुदाय, मरणपना वगैरह और बन्धमोक्षकी व्यवस्था कैसे बन सकेगी ।

क्षणिकवादी बौद्धका मत है कि सभी पदार्थ एकक्षणवर्ती है दूसरे क्षणमें उनका सर्वथा विनाश हो जाता है । यदि पदार्थोंको एक क्षणसे अधिक दो क्षणवर्ती मान लिया जायेगा तो उनका कभी भी नाश न हो सकनेसे कूटस्थताका प्रसग आ जायेगा, और तब कूटस्थ पदार्थमें क्रम या अक्रमसे अर्थक्रिया न होनेसे अवस्तुपना प्राप्त होगा । इस प्रकारसे बौद्ध स्थायी द्रव्यको नही मानते । उनकी ऐसी मान्यता ऋजुसूत्र नयाभास है ; क्योकि उक्त मान्यता प्रतीतिविरुद्ध है । प्रत्यभिज्ञान प्रमाणसे प्रत्येक बाह्य और अन्तरंग द्रव्य पूर्वपर्याय और उत्तरपर्यायमें अनुस्यूत ही सिद्ध होता है । जैसे मिट्टी के पिण्डसे घडा बन जानेपर भी मिट्टी-पनेका नाश नही होता । फिर भी द्रव्यकी पर्याय प्रतिक्षण उत्पन्न और नष्ट होती रहती है । अत. वस्तुको द्रव्यरूपसे नित्य और पर्यायरूपसे अनित्य माननेपर कूटस्थताका प्रसग नही आता और ऐसा होनेपर उसमें सर्वथा अर्थक्रियाका भी विरोध नही होता जिसमें उसे अवस्तुपना प्राप्त हो ।

बौद्धोका ही एक भेद योगाचार है वह विज्ञानाद्वैतवादी है, बाह्य पदार्थोंको नही मानता । उसका कहना है कि वास्तविक दृष्टिसे विचार करनेपर न कोई किसीका कारण है और न कोई किसीका कार्य है और कार्यकारण भावका अभाव होनेसे न कोई किसीका ग्राहक है न कोई किसीसे ग्राह्य है, न कोई किसीका वाचक है, न कोई किसीका वाच्य है । और जब कार्यकारणभावकी तरह ग्राह्यग्राहकभाव, वाच्यवाचकभाव भी नही है तो बाह्य पदार्थ कैसे सिद्ध हो सकता है । योगाचारकी यह मान्यता भी ऋजुसूत्रनयाभास है । क्योकि कार्यकारणभाव आदिको वास्तविक माने विना योगाचार अपने पक्षका समर्थन और दूसरेके पक्षका

---

१. यद् अ०, मु० १ । २. तदा भासोऽभि—मु० २ । ३ ता चेति मु० १ । ४. —कारण अ०, ब०, मु० १ ।
५. क्व प्रेत्यभावादिर्द्रव्यस्य निह्नवो मु० २ । ६ सर्वदेष्टा मु० २ ।

कालादि भेदतोऽर्थस्य भेदं यः प्रतिपादयेत् ।
सोऽत्र शब्दनय. शब्दप्रधानत्वादुदाहृत. ॥८२॥
विश्वदृश्वास्य जनिता सूनुरित्येकमादृताः ।
पदार्थं कालभेदेऽपि व्यवहारानुरोधतः ॥८३॥
करोति क्रियते पुण्यस्तारकापोऽभ इत्यपि ।
कारकव्यक्तिसंख्यानां भेदेऽपि च परे जना ॥८४॥
एहि मन्ये रथेनेत्यादिकसाधनभिद्यपि ।
संतिष्ठेतावतिष्ठेतेत्याद्युपग्रहभेदने ॥८५॥
तन्न श्रेयः परीक्षायामिति शब्दः प्रकाशयेत् ।
कालादिभेदनेऽप्यर्थाभेदनेऽतिप्रसङ्गत ॥८६॥

खण्डन कैसे कर सकेगा। अपने पक्षके समर्थनमें वह जो कुछ बोलेगा, वह वाचक कहा जायेगा और उसका जो अभिप्राय होगा वह वाच्य कहा जायेगा। तभी वह स्वपक्षका समर्थन कर सकता है। और ऐसा होनेपर वाच्यवाचकभावकी सिद्धि होती है। इसपरसे विज्ञानाद्वैतवादी योगाचारका कहना है कि वास्तवमें तो वाच्यवाचकभाव आदि नही है, किन्तु लोकव्यवहारमें उन्हे माना जाता है अत कल्पित लोकव्यवहारसे हम स्वपक्षका साधन और विरोधीपक्षका दूषण करेंगे। तो जैनाचार्यका कहना है कि एक लोकव्यवहार सत्य और एक परमार्थ सत्य ये दो प्रकारके सत्य भी प्रमाणसे सिद्ध नही होते। तब बुद्धका धर्मोपदेश भी वाच्य-वाचकके अभावमें कैसे बन सकता है। तथा आधारभूत द्रव्यको न माननेसे सामानाधिकरण्यभावका भी अभाव हो जायेगा। दो पदार्थोंका समान अधिकरणमें अर्थात् एक वस्तुमें ठहरनेपर ही समान अधिकरणपना बनता है क्षणिकवादमें ऐसा होना सम्भव नही है। और सामानाधिकरण्यके अभावमें विशेषण-विशेष्यभाव भी नही बनता। जैसे 'सब क्षणिक है सत् होनेसे' यहाँ 'सब' विशेष्य है, क्षणिक आदि उसके विशेषण है। सामानाधिकरण्यके अभावमें यह विशेषण-विशेष्यभाव कैसे बन सकता है और विशेषण-विशेष्यके अभावमें साध्यसाधनभाव भी नही बन सकता। तथा द्रव्यके अभावमें संयोग और विभाग भी नही बन सकता, न क्रिया ही बन सकती है। क्रियाके अभावमें कारकोकी व्यवस्था नही बन सकती। और तब कोई भी वस्तु वास्तवमे अर्थक्रियाकारी नही हो सकती। सदृश और विसदृश परिणाम भी नही बन सकते क्योकि परिणामी द्रव्यको आप मानते नही। परिणामीके अभावमे परिणाम कैसे हो सकता है। और सदृश तथा विसदृश परिणामके अभावमें स्वसन्तान और परसन्तानकी स्थिति नही बनती, क्योकि समानता और असमानताके आधारपर ही स्वसन्तान और परसन्तान सिद्ध होती है। समुदाय भी नही बनता क्योकि समुदायी अनेक द्रव्योके असमुदायरूप अवस्थाको त्यागकर समुदायरूप अवस्थाको स्वीकार करनेपर ही समुदाय बन सकता है। सो आप मानते नही है। इसीसे जीवन-मरण, शुभ-अशुभकर्मोका अनुष्ठान, उनका फल पुण्य-पापका, बन्ध आदि भी नही बनता। तब ससार और मोक्षकी व्यवस्था कैसे रह सकती है। अत. बौद्धोका क्षणिकवाद उचित नही है।

अर्थनयोका वर्णन करके अब शब्दनयको कहते है—

काल, कारक, लिंग, संख्या, साधन और उपग्रहके भेदसे जो नय अर्थके भेदका कथन करता है, उसे यहाँ शब्दप्रधान होनेसे शब्दनय कहते हैं। व्यवहारनयके आग्रहसे 'इसके विश्वको जिसने देख लिया है ऐसा पुत्र पैदा होगा' इस प्रकार कालभेदके होनेपर भी पदार्थको एकरूप ही अगीकार करते हैं। देवदत्त करता है और देवदत्तके द्वारा किया जाता है इस प्रकार कारकभेद होनेपर भी अन्य लोग पदार्थको एक-रूप ही मानते हैं। 'पुष्य.' एक व्यक्ति है और 'तारका.' बहुव्यक्तिका सूचक है। इस प्रकार व्यक्तिभेद होने-पर भी पदार्थभेद नहीं मानते। 'आप.' बहुवचनान्त है और 'अम्भ' एकवचनान्त है। इस प्रकार वचन-

भेद होनेपर भी अर्थभेद नही मानते। 'तुम जाओ, तुम समझते हो कि मै रथसे जाऊँगा।' यहाँ साधन-भेद होनेपर भी तथा सन्तिष्ठेत, और अवतिष्ठेतमें उपग्रहभेद होनेपर भी अर्थभेद नही मानते। किन्तु उनका ऐसा मानना परीक्षा करनेपर उचित प्रतीत नही होता, यह शब्दनय कहता है क्योंकि कालादिका भेद होनेपर भी अर्थका भेद न माननेमें अतिप्रसंग दोष आता है।

व्यवहारनय कालादिका भेद होनेपर भी अर्थभेद नही मानता। किन्तु शब्दनय काल, कारक, लिंग, संख्या, साधन और उपग्रहके भेदसे अर्थभेद मानता है। आशय यह है कि जैसे प्रमाण अनन्त धर्मात्मक वस्तु-का बोधक है वैसे ही शब्द भी अनन्तधर्मात्मक वस्तुका वाचक है। अन्य वैयाकरण वाचक शब्दके रूपमें परिवर्तन होनेपर भी वाच्य पदार्थके रूपमें कोई परिवर्तन नही मानते। किन्तु जैन शाब्दिकोका मत है कि वाचकमें जो लिंग, सख्या आदिका परिवर्तन होता है वह यो ही नही होता। जिन धर्मोसे विशिष्ट वाचकका प्रयोग किया जाता है वे सब धर्म वाच्यमें रहते है। जैसे यदि गंगाके किनारेको सस्कृतके तट, तटी और तटम्, इन तीन शब्दोसे कहा जाये—इन तीनो शब्दोका मूल एक तट शब्द ही है इसमें जो परिवर्तन हम देखते है वह लिंगभेदसे है—तो चूंकि ये तीनो शब्द क्रमश. पुंलिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसकलिंगमें निर्देश किये गये है अत. इनके वाच्यमे भी ये तीनो धर्म वर्तमान है। इसी तरह कालभेदसे एक ही वस्तु तीनरूपसे पुकारी जाती है। जब तक कोई वस्तु नही उत्पन्न हुई तब तक उसे 'होगी' कहते है। उत्पन्न होनेपर 'होती है' कहते है। कुछ समय बीतनेपर 'हुई' कही जाती है। यह तीनो 'होना' धातुके रूप है। और तीनो वस्तुकी तीन अवस्थाओको बतलाते है। इसी तरह भिन्न कारकोकी विवक्षासे एक ही वृक्ष 'वृक्षको' 'वृक्षसे' 'वृक्षके लिए' 'वृक्षमे' आदि अनेक रूपोसे कहा जाता है। अत. ये शब्द वृक्षके भिन्न-भिन्न धर्मोको ओर सकेत करते है। एक बच्चा पुरुष होनेके कारण 'देवदत्त' कहा जाता है। वह यदि लडकीका वेश धारण कर ले तो लोग उसे 'देवदत्ता' कहने लगते है। अतः लिंगभेदसे भी अर्थभेदका सम्बन्ध है। यह शब्दनयकी दृष्टिका तात्पर्य है। अत वैयाकरण व्यवहारनयके अनुरोधसे 'इसके विश्वको देख चुकनेवाला पुत्र पैदा होगा' 'होनेवाला काम हो गया' इत्यादि प्रयोगोमें कालभेद होनेपर भी एक ही वाच्यार्थ मानते है। 'जो विश्वको देख चुका वह पुत्र पैदा होगा' यहाँ भविष्यत्कालके साथ अतीत कालका अभेद मान लिया गया है क्योकि इस प्रकारका व्यवहार देखा जाता है, किन्तु वह ठीक नही है क्योकि कालभेद होनेपर भी अर्थमें भेद न माननेपर अति प्रसग दोष आता है। जैसे, रावण हो चुका और शंख चक्रवर्ती आगे होगा। इन दोनोको भी एक कहा जा सकेगा। यदि कहोगे कि रावण तो पहले हो चुका और शंख चक्रवर्ती आगे होगा, अत इन दोनो शब्दोका भिन्न विषय होनेसे एक अर्थ नही हो सकता तो 'जिसने विश्वको देख लिया है' और 'वह उत्पन्न होगा' इन दोनोका भी एक अर्थ नही हो सकता, क्योकि 'जिसने विश्वको देख लिया है' इस वाक्यका अर्थ अतीतकाल है और 'उत्पन्न होगा' इस वाक्यका अनागतकाल है अत. आगे होनेवाला पुत्र अतीतकालीन कैसे हो सकता है? यदि कहा जाता है कि अतीतकालमें अनागतकालका आरोप करनेसे एकार्थता बन जायेगी तो परमार्थसे कालभेद होनेपर भी एकार्थव्यवस्था नही बन सकती।

तथा 'करता है' यह कर्तृकारक है और 'किया जाता है' यह कर्मकारक है। इनमें कर्ता-कर्मका भेद होनेपर भी वैयाकरण अर्थभेद नही मानते। क्योकि 'वही कुछ करता है' और 'वही किसीके द्वारा किया जाता है' ऐसी प्रतीति होती है। किन्तु परीक्षा करनेपर उनका यह कथन भी ठीक प्रतीत नही होता। क्योकि ऐसा माननेपर 'देवदत्त घट बनाता है' इस वाक्यमें कर्ता देवदत्तके और कर्म घटके भी अभेदका प्रसग आता है। तथा 'पुष्य' पुंल्लिग शब्द है और 'तारका' स्त्रीलिंग शब्द। इस प्रकार लिंगभेद होनेपर भी दोनोका अर्थ नक्षत्र (तारे) किया जाता है। यह भी ठीक नही है क्योकि ऐसा माननेपर 'पट' और 'कुटी'मे पट और कुटीके भी एकत्वका प्रसग आता है, क्योकि दोनोका लिंग भिन्न है।

तथा 'आप.' शब्द नित्य बहुवचनान्त है और 'अम्भ' शब्द एकवचनान्त है इस प्रकार वचनभेद

तथा कालादिनानात्वकल्पनं नि प्रयोजनम् ।
सिद्धं कालादिनैकेन कार्यस्येष्टस्य तत्त्वतः ॥८७॥
कालाद्यन्यतमस्यैव कल्पनं तैर्विधीयताम् ।
येषा कालादिभेदेऽपि पदार्थैकत्वनिश्चयः ॥८८॥
शब्द· कालादिभिर्भिन्नो[1] भिन्नार्थप्रतिपादकः ।
कालादिभिन्नशब्दत्वात्तादृक् सिद्धान्यशब्दवत् ॥८९॥
पर्यायशब्दभेदेन भिन्नार्थस्याधिरोहणात् ।
नयः समभिरूढः स्यात् पूर्ववच्चास्य निश्चय. ॥९०॥

होनेपर भी दोनोका अर्थ जल किया जाता है। किन्तु यह भी ठीक नही है क्योकि यदि वचनभेद होनेपर अर्थभेद नही माना जायेगा तो 'घट' और 'तन्तवः' (धागे) का अर्थ भी एक हो जायेगा क्योकि इन दोनोमे वचनभेद है।

संस्कृत भाषामें परिहासमे उत्तम पुरुषके स्थानमें मध्यमपुरुषका और मध्यमपुरुषके स्थानमें उत्तमपुरुषका प्रयोग ठीक माना जाता है। किन्तु यह भी ठीक नही है क्योकि इस तरह साधन भेद होनेपर भी अर्थमें भेद न माननेपर 'मैं पकाता हूँ' 'तू पकाता है' यहाँ भी दोनोका एक अर्थ मानना होगा। तथा सस्कृतमें स्था धातुसे पूर्व 'सम्' उपसर्ग लगानेपर सतिष्ठते रूप बनता है, और 'अव' उपसर्ग लगानेपर 'अवतिष्ठते' रूप बनता है, इस तरह उपसर्ग भेद होनेपर भी दोनोका अर्थ एक माना जाता है, किन्तु यह भी ठीक नही है क्योकि उपसर्गभेद होनेपर भी अर्थभेद न माननेपर 'तिष्ठति' और 'प्रतिष्ठति' इन दोनो शब्दोके अर्थ ठहरने और चलनेमें भी अभेदका प्रसंग आता है। अत· शब्दनयका कथन है कि कालादिके भेदसे शब्दका भिन्न ही अर्थ होता है।

कालादिका भेद होनेपर भी अर्थका अभेद माननेपर अन्य दोष देते है—

काल आदिके भेदसे अर्थका भेद माननेपर ही काल, कारक आदिकी भेदकल्पना उचित है अन्यथा तो काल आदिका भेद मानना ही निष्प्रयोजन है क्योंकि काल आदिमें-से किसी एकके माननेसे ही इष्टकी सिद्धि हो जाती है।

आशय यह है कि काल, कारक, लिंग, संख्या साधन आदिकी मान्यता तभी उचित है जब इनके भेदसे अर्थमें भी भेद माना जाये। यदि ऐसा नही माना जाता तो इनमेसे किसी एकसे ही काम चल सकता है सबके माननेकी आवश्यकता ही क्या है।

यही बात आगे कहते है—

जो वैयाकरण काल आदिका भेद होनेपर भी पदार्थके एकत्वका ही निश्चय मानते हैं अर्थात् अर्थभेद नही मानते, उन्हे कालादिमें-से किसी एकको ही मानना चाहिए—सबके माननेकी आवश्यकता ही क्या है।

काल आदिके भेदसे अर्थभेदमें युक्ति देते है—

काल कारक आदिके द्वारा भिन्न शब्द भिन्न अर्थका प्रतिपादक होता है, काल आदिके भिन्नशब्द होनेसे। जैसे काल आदिके भेदसे सिद्ध हुए अन्य शब्द भिन्न-भिन्न अर्थके प्रतिपादक होते है।

अब समभिरूढनयको कहते है—

पर्यायवाची शब्दोके भेदसे भिन्न अर्थका अधिरोहण करनेसे समभिरूढ़ नय होता है। पूर्वके समान इसका निश्चय कर लेना चाहिए।

---

१. भिन्नाभिन्नार्थ—मु० १, २।

इन्द्रः पुरन्दरः शक्र इत्याद्या भिन्नगोचराः ।
शब्दा विभिन्नशब्दत्वाद् वाजिवारणशब्दवत् ॥९१॥
तत्क्रियापरिणामोऽर्थस्तथैवेति विनिश्चयात् ।
एवभूतेन नीयेत क्रियान्तरपराङ्मुखः ॥९२॥
यो[1] यं क्रियार्थमाचष्टे नासावन्यत्क्रियं[2] ध्वनि. ।
पठतीत्यादिशब्दाना पाठाद्यर्थत्वसंजनात्[3] ॥९३॥

सर्वदृश्वा (जिसने सबको देख लिया है) और विश्वदृश्वा (जिसने विश्वको देख लिया है) ये दोनो पर्यायवाची शब्द है, किन्तु शब्दनय इनका एक ही अर्थ मानता है भिन्न-भिन्न अर्थ नही मानता । इसी तरह भविता (सं० लुट्लकार), भविष्यति (सं० लृट्लकार) का भी एक ही अर्थ मानता है । तथा 'क्रियते' 'विधीयते', 'करोति', 'विदधाति' इन सब धातु शब्दोका भी एक ही अर्थ मानता है । इसी तरह पुष्य और तिष्यका, तारक और उडूका आप. और वा का, अम्भः और जलका भी एक ही अर्थ मानता है, क्योकि इन पर्यायवाची शब्दोमे काल, कारक, लिंग आदिका भेद नही है । किन्तु समभिरूढनय पर्यायभेदसे भी भिन्न अर्थ मानता है । जैसे—

इन्द्र, शक्र और पुरन्दर आदि शब्दोका अर्थ भिन्न है क्योंकि ये सब शब्द भिन्न-भिन्न है, जैसे वाजि (घोड़ा) और वारण (हाथी) शब्द है ।

इन्द्र, शक्र और पुरन्दर ये तीनो शब्दोका सामान्य अर्थ इन्द्र ही है । शब्दनय भी ऐसा ही मानता है क्योकि इन तीनो शब्दोमे लिंग, संख्या आदिका भेद नही है । किन्तु समभिरूढनय शब्दभेदसे अर्थभेद मानता है । अत उसके मतसे प्रत्येक पर्याय शब्दका भी अर्थ भिन्न है । जैसे इन्द्र शब्दका व्युत्पत्त्यर्थ है आनन्द करनेवाला, शक्रका है शक्तिशाली और पुरन्दरका है नगरोको उजाडनेवाला । अत इस नयका मन्तव्य है कि स्वर्गके अधिपतिको इन्द्र इसलिए कहते है कि वह आनन्द करता है, शक्तिशाली होनेसे उसे शक्र कहते है और नगरोको उजाडनेवाला होनेसे (इसका सम्बन्ध हिन्दूधर्मके एक पौराणिक कथानकसे है) पुरन्दर कहते है । अतः यह नय निरुक्तिके भेदसे प्रत्येक शब्दका भिन्न-भिन्न अर्थ मानता है ।

अब एवंभूत नयको कहते है—

अन्य क्रियाओंसे विमुख और उसी क्रियारूप परिणत हुए अर्थको उसी रूपसे निश्चय करनेवाला नय एवभूत है ।

देवताओका राजा इन्द्र आनन्दरूप क्रिया करता हो या न करता हो समभिरूढ नय उसे इन्द्र शब्दसे कहना पसन्द करता है, जैसे गाय चलती हो या न चलती हो उसे गौ कहा जा सकता है । किन्तु एवंभूत नय देवराजको उसी समय इन्द्र कहना पसन्द करता है जब वह आनन्द करता हो । गाय को उस समय गौ कहा जा सकता है जब वह चलती हो, क्योकि यह नय जिस शब्दका जो व्युत्पत्ति सिद्ध अर्थ है तदनुसार क्रिया करते हुए ही उस शब्दके प्रयोगको उचित मानता है । क्योकि—

जो शब्द जिस क्रिया रूप अर्थको कहता है वह अन्य क्रियारूप अर्थको नहीं कहता । क्योंकि पठति इत्यादि शब्दोंका पढ़ना आदि अर्थ पाया जाता है ।

एवंभूतनयका मत है कि सब शब्द क्रियापरक है । गौ, अश्व आदि जो जातिवाचक शब्द माने जाते है वे भी क्रियाशब्द ही है जो आशु (शीघ्र) गामी होता है उसे अश्व कहते हैं । शुक्ल, नील आदि गुणवाचक माने जानेवाले शब्द भी क्रिया शब्द ही है । शुभ्र होनेसे शुक्ल और नीला होनेसे नील कहा जाता है । देवदत आदि ऐच्छिक शब्द भी क्रिया शब्द है । देव जिसे देवें उसे देवदत्त कहते हैं । इसी तरह जो दत्त दिये

---

१. यत् मु० २ । २ —वन्यक्रियां मु० २, —वन्यत्क्रियं मु० १ । ३. —र्थप्रसंजनन् मु० २ ।

इत्यन्योन्यमपेक्षायां सन्त शब्दादयो नयाः ।
निरपेक्षा. पुनस्ते स्युस्तदाभासाविरोधतः ॥९४॥
तत्रर्जुसूत्रपर्यन्ताश्चत्वारोऽर्थनया मताः ।
त्रय. शब्दनया शेषा. शब्दवाच्यार्थगोचराः ॥९५॥
पूर्वो पूर्वो नयो भूमविषयः कारणात्मकः ।
परः पर. पुन सुक्ष्मगोचरो हेतुमानिह ॥९६॥
सन्मात्रविषयत्वेन संग्रहस्य न युज्यते ।
महाविषयता भावाभावार्थान्नैगमान्नयात् ॥९७॥
यथा हि सति संकल्पस्तथैवासतिवेधते ।
तत्र प्रवर्तमानस्य नैगमस्य महार्थता ॥९८॥

हुए हो उसे दण्डी और जो सीगवाला हो उसे विषाणी कहते है, लोकमें जो द्रव्य, गुण, क्रिया आदिके निमित्त-से शब्दोकी प्रवृत्ति पायी जाती है वह व्यवहार मात्रसे है, निश्चयसे नही, ऐसा यह नय मानता है ।

आगे कहते है कि ये शब्द समभिरूढ और एवंभूत नय सापेक्ष अवस्थामें सम्यक् और निरपेक्ष अवस्थामे मिथ्या होते है—

इस प्रकार परस्परमें सापेक्ष होनेपर शब्द समभिरूढ एवंभूत नय समीचीन होते है और निरपेक्ष होनेपर नयाभास होते हैं क्योंकि तब उनमें परस्परमें विरोध प्रतीत होता है ।

उक्त तीनो शब्द नय परस्परमें यदि एक दूसरेकी अपेक्षा न करके अपनी ही बात कर एकान्त रूपसे आग्रह करने लगते है तो वे मिथ्यानय है अर्थात् यदि शब्दनय समभिरूढ एवभूतनयकी अपेक्षा नही रखता उन दोनो नयोके विषयोको मिथ्या बतलाता है तो वह शब्दाभास है । तथा समभिरूढनय यदि शब्द और एवंभूतनयोका निराकरण करके केवल अपने ही विषयकी सत्यताका दावा करता है तो वह समभिरूढनयाभास है । इसी प्रकार एवंभूतनयके सम्बन्धमे भी जानना चाहिए ।

उक्त सात नयोमें अर्थनय और शब्दनयका भेद बतलाते है—

उक्त सात नयोंमेंसे ऋजुसूत्र पर्यन्त चार अर्थ नय माने गये हैं, और शेष तीन शब्दनय है; क्योंकि वे शब्दवाच्य अर्थको विषय करते है ।

नैगम, संग्रह, व्यवहार और ऋजुसूत्र नयोको अर्थनय कहते है क्योकि ये चारो नय अर्थप्रधान है, प्रधान रूपसे अर्थको ही विषय करते है । शेष तीन नय शब्दनय है क्योकि शब्दकी प्रधानतासे अर्थको विषय करते है, उनका विषय शब्दके द्वारा वाच्य अर्थ है । सातो नयोके जो लक्षण ऊपर कहे है उनसे उनकी अर्थ-प्रधानता तथा शब्दप्रधानता स्पष्ट हो जाती है ।

उक्त नयोमे कौन नय बहुविषयवाला है और कौन नय अल्पविषयवाला है, आगे यह बतलाते है—

पहला-पहला नय बहुत विषयवाला है क्योंकि वह कारणरूप है । और आगे-आगेका नय सूक्ष्म विषयवाला है क्योंकि वह कार्यरूप है ।

आगे उक्त कथनको स्पष्ट करते हुए संग्रहनयसे नैगमनयको बहुत विषयवाला बतलाते है—

संग्रहनयका विषय केवल सत्तामात्र है अतः भाव और अभाव रूप अर्थको विषय करने वाले नैगमनयमे संग्रहनय बहुत विषयवाला नहीं हो सकता । क्योंकि जैसे सत्पदार्थमें संकल्प होता है वैसे ही असत् पदार्थमें भी संकल्पका बोध होता है । अत. सत् और असत्में प्रवर्तमान नैगमनयका महान् विषय है ।

यहांपर यह बतला रहे है कि पूर्व-पूर्वके नयोका विषय बहुत है और उत्तर-उत्तरके नयोका विषय

संग्रहाद् व्यवहारोऽपि सद्विशेषावबोधकः ।
न भूमविषयोऽशेषसत्समूहोपदर्शिनः ॥९९॥
नर्जुसूत्रः प्रभूतार्थो वर्तमानार्थगोचरः ।
कालत्रितयवृत्यर्थगोचराद् व्यवहारतः ॥१००॥
कालादिभेदतोऽप्यर्थमभिन्नमुपगच्छतः ।
नर्जुसूत्रान्महार्थोऽत्र शब्दस्तद्विपरीतवित् ॥१०१॥
शब्दात् पर्यायभेदेनाभिन्नमर्थमभीप्सिनः ।
न स्यात् समभिरूढोऽपि महार्थस्तद्विपर्ययः ॥१०२॥

थोडा है । सातो नयोमें सबसे प्रथम नाम नैगमनयका है उसके बाद सग्रहनय आता है । नैगमनयका विपय महान् है और सग्रहनयका विषय उससे थोडा है क्योकि संग्रहनय केवल सत् को ग्रहण करता है और नैगमनय सत् और असत् दोनोको ग्रहण करता है । यह बात दोनो नयोके गत उदाहरणोसे स्पष्ट है । नैगमनय वस्तुके अभावमें भी उसके संकल्पमात्रको ही ग्रहण करता है । जैसे पानी वगैरह भरनेमे लगे हुए व्यक्तिसे यदि कोई पूछता है कि आप क्या करते है तो वह उत्तर देता है रोटी बना रहा हूँ । किन्तु अभी तो वहाँ आटा तक भी मौजूद नही है । फिर भी उसका सकल्प रोटी बनानेका है अत उसके अभावमें भी वह कहता है कि मैं रोटी वना रहा हूँ । परन्तु संग्रहनय तो केवल सत्को ही ग्रहण करता है । जैसे 'घट' कहनेसे सब घटोका ग्रहण होता है ।

आगे कहते है कि संग्रहनयसे व्यवहारनयका विषय अल्प है—

समस्त सत्पदार्थोके समूहको विषय करनेवाले संग्रहनयसे सत्के किसी एक भेदका ज्ञान करानेवाला व्यवहारनय भी अधिक विषयवाला नहीं है ।

संग्रहनयसे ग्रहण किये गये पदार्थोके भेद-प्रभेदको ग्रहण करनेवाला व्यवहारनय है । अत. संग्रहनय बहुविषयवाला है और व्यवहारनय अल्प विषयवाला है । जैसे संग्रहनय 'सत्' से समस्त सत्पदार्थोको ग्रहण करता है । किन्तु व्यवहारनय उसके भेदोमेसे जीव या अजीव आदिको ग्रहण करता है ।

आगे व्यवहारनयसे ऋजुसूत्रको अल्प विषयवाला बतलाते है—

भूत, भविष्यत् और वर्तमान तीनों कालोंमें रहनेवाले अर्थोको विषय करनेवाले व्यवहारनयसे केवल वर्तमान अर्थोका विषय करनेवाला ऋजुसूत्र बहुविषयवाला नही है ।

व्यवहारनय तो त्रिकालवर्ती पदार्थोको विषय करता है और ऋजुसूत्रनय केवल वर्तमानकालकी पर्यायको ही विषय करता है अत' व्यवहारनयसे ऋजुसूत्रका विषय अल्प है ।

आगे ऋजूसूत्रनयसे शब्दनयको अल्पविषयवाला बतलाते है—

काल कारक आदिका भेद होते हुए भी अभिन्न अर्थका स्वीकार करनेवाले ऋजूसूत्रनयसे उससे विपरीत अर्थको जाननेवाला शब्दनय महाविषयवाला नहीं है ।

ऋजूसूत्रनय काल कारक आदिके भेदसे अर्थको भेदरूप नही मानता किन्तु शब्दनय मानता है । अत. शब्दनयसे ऋजुसूत्रनयका विषय महान् है और ऋजुसूत्रसे शब्दनयका विषय अल्प है ।

आगे कहते है कि शब्दनयसे समभिरूढनयका विषय अल्प है—

पर्यायभेदसे अभिन्न अर्थको स्वीकार करनेवाले शब्दनयसे उससे विपरीत समभिरूढ नय भी महाविषयवाला नही है ।

शब्दनय शब्दभेदसे अर्थभेद नही मानता । इन्द्र, शक्र, पुरन्दर आदि पर्यायवाची शब्दोका अभिन्न अर्थ मानता है । किन्तु समभिरूढनय प्रत्येक शब्दका अर्थ भिन्न-भिन्न मानता है । अतः शब्दभेदसे अर्थभेद न माननेवाले शब्दनयसे शब्दभेदसे अर्थभेद माननेवाला समभिरूढनय अल्पविषयवाला है ।

क्रियाभेदेऽपि चाभिन्नमर्थमभ्युपगच्छतः ।
नैवंभूतः प्रभूतार्थो नयः समभिरूढतः ॥१०३॥
नैगमा[1] प्रातिकूल्येन न सग्रहः प्रवर्तते ।
ताभ्या वाच्यमिहाभीष्टा सप्तभङ्गी विभागतः ॥१०४॥
नेगमव्यवहाराभ्यां विरुद्धाभ्या तथैव सा ।
सा[2] नैगमर्जुसूत्राभ्या तादृग्भ्यामविगानतः ॥१०५॥
सा[3] शब्दान्निगमादन्याद्युक्तात् समभिरूढतः ।
सैवभूताच्च सा ज्ञेया विधानप्रतिषेवगा ॥१०६॥
सग्रहादेश्च शेषेण प्रतिपक्षेण गम्यताम् ।
तथैव व्यापिनी सप्तभङ्गी नयविदां मता ॥१०७॥
विशेषैरुत्तरैः सर्वैर्नयानामुदितात्मनाम् ।
परस्परविरुद्धार्थैर्द्वन्द्ववृत्तैर्[4]यथायथम् ॥१०८॥
प्रत्येया प्रतिपर्यायमविरुद्धा तथैव सा ।
प्रमाणसप्तभङ्गीव ता विना नाभिवाग्गति. ॥१०९॥

आगे कहते है कि समभिरूढ नयसे एवभूत अल्पविषयवाला है—

क्रियाभेद होनेपर भी अभिन्न अर्थको स्वीकार करनेवाले समभिरूढनयसे एवंभूतनय बहुविषयवाला नही है ।

साराश यह है कि एवभूतनय स्वर्गके स्वामीको उसी समय इन्द्र मानता है जब वह आनन्द करता होता है । क्योकि इन्द्रका अर्थ आनन्द करनेवाला है । किन्तु समभिरूढनय यद्यपि इन्द्रका अर्थ आनन्द करनेवाला ही मानता है किन्तु उसने कभी भी आनन्द किया हो और वर्तमानमें वह कुछ अन्य कार्य करता हो तब भी उसे इन्द्र ही मानता है । अत समभिरूढनयसे एवभूतनयका विषय कम है ।

आगे नयवाक्यकी प्रवृत्तिको बतलाते है—

संग्रहनय नैगमनयके अनुकूल होकर प्रवृत्ति नहीं करता अर्थात् प्रतिकूल होकर प्रवृत्ति करता है । अत उन दोनों नयोंके द्वारा यहा भेद करके अभीष्ट सप्तभंगी कह लेना चाहिए । उसी प्रकार परस्परमें विरुद्ध नैगम और व्यवहारनयके द्वारा सप्तभंगीका कथन कर लेना चाहिए तथा परस्परमें विरुद्ध नैगम और ऋजुसूत्र नयोंके द्वारा सप्तभंगीका कथन कर लेना चाहिए । तथा विधि निषेधरूप वह सप्तभगी नैगमनय और शब्दनयसे, नैगमनय और समभिरूढनयसे, और नैगमनय तथा एवंभूतनयसे जान लेनी चाहिए । नैगमनयकी ही तरह सग्रहादि शेष नयोंके भी उनके प्रतिपक्षी शेषनयोंके साथ सप्तभंगी जानलेना चाहिए । इस प्रकार नयवेत्ताओंके द्वारा मान्य सप्तभंगी सर्वनयोंमें व्याप्त है । परस्परमें विरुद्ध अर्थका कथन करनेवाले ऊपर कहे गये नयोंके समस्त उत्तर भेदोंके साथ भी यथायोग्य मेल करके सप्तभगीका कथन कर लेना चाहिए । इस प्रकार प्रमाण सप्तभगीकी तरह प्रत्येक पर्यायमें विरोध रहित सप्तभंगीको जानना चाहिए । उसके बिना वचनकी गति सम्भव नही है ।

नैगमनयको सग्रह आदि शेष छह नयोके साथ मिलानेसे छह सप्तभगियाँ बनती है । संग्रहनयको व्यवहार आदि पाँच नयोके साथ मिलानेसे पाँच सप्तभंगियाँ बनती है । व्यवहारनयको ऋजुसूत्र आदि चार नयोके साथ मिलानेसे चार सप्तभंगियाँ बनती है । ऋजुसूत्रनयको शब्द आदि तीन नयोके साथ मिलानेसे तीन सप्तभगियाँ

---

१. नैगमप्रातिकूल्येन संग्रह सप्रवर्तते मु० । २ स्यान्नैग —मु० २ । ३. स शब्दान्नैगमादन्या यु—मु० । ४ द्वंन्द्ववृत्ति मु० २ ।

बनतो है। शब्दनयको समभिरूढ आदि दो नयोंके साथ मिलानेसे दो सप्तभंगियाँ बनती है। और समभिरूढनयको एवंभूतनयके साथ मिलानेसे एक सप्तभगो बनती है। इस प्रकार पक्ष और प्रतिपक्षरूपसे विधि-निषेधके द्वारा सात मूलनयोको (६ + ५ + ४ + ३ + २ + १ = २१) इक्कीस सप्तभंगियाँ जानना चाहिए।

तथा नैगमनयके नौ भेदोका परसग्रह और अपरसंग्रहके साथ कथन करनेसे अठारह सप्तभगियाँ होती हैं। नैगमनयके नौ भेदोका परव्यवहारनय और अपरव्यवहारनयके साथ कथन करनेसे भी अट्ठारह सप्तभंगियाँ होतो है। नैगमनयके नौ भेदोका ऋजुसूत्रके साथ कथन करनेसे नौ सप्तभंगियाँ होती है। नैगमनयके नौ भेदोका शब्दनयके छह भेदोके साथ कथन करनेसे ५४ सप्तभगियाँ होती है। नैगमनयके नौ भेदोका समभिरूढनयके साथ कथन करनेसे नौ और एवंभूतनयके साथ कथन करनेसे नौ, इस तरह सब ११७ सप्तभंगियाँ होती है।

इसी तरह सग्रह आदि नय भेदोको शेष नयोके भेदोके साथ मिलाकर कथन करनेसे सप्तभगियाँ होती है। इस प्रकार उत्तरनयोकी १७५ सप्तभगियाँ जानना चाहिए। अर्थात् नैगमनयकी ११७, सग्रहनयकी २२, व्यवहारनयको १८, ऋजुसूत्रनयको ६ और शब्दनयको १२। प्रत्येक वस्तुके प्रत्येक धर्ममें उसको प्रतिपक्षी धर्मकी योजना करके विधि-निपेधकी कल्पना करनेसे सप्तभंगीकी निष्पत्ति होती है। उसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है—संकल्पमात्रको ग्रहण करनेवाले नैगमनयका आश्रय लेकर विधि कल्पना होतो है और उसके प्रतिपक्षी संग्रहनयके आश्रयसे निषेध कल्पना होती है। क्योकि प्रस्थ आदिका सकल्प मात्र ही तो प्रस्थ आदि नही है। विद्यमान प्रस्थको ही प्रस्थ कहा जाता है। इसो तरह नैगमनयके प्रतिपक्षी व्यवहारनयके आश्रयसे भी निषेधकी कल्पना की जाती है क्योकि व्यवहारनयकी दृष्टिसे प्रस्थपर्याय द्रव्यसे भिन्न नही है। अत वह द्रव्यरूप ही है जो द्रव्य नही है उसे जान नही सकते। नैगमनयके साथ उसके प्रतिपक्षी ऋजुसूत्र नयका आश्रय लेनेसे भी निषेध कल्पना होती है क्योकि ऋजुसूत्र दृष्टिसे प्रस्थादि पर्यायमात्र है अन्यथा उसकी प्रतीति नही हो सकती। शब्दनयका कथन है कि काल आदिके भेदसे भिन्न अर्थ प्रस्थ आदि रूप होता है। समभिरूढनयकी दृष्टिमे पर्यायभेदसे भिन्न अर्थ प्रस्थादिरूप होता है। एवभूतनयकी दृष्टिमे प्रस्थादि क्रियारूप परिणत अर्थ ही प्रस्थादि रूप होता है। इस तरह नैगमनयके साथ इन प्रतिपक्षी नयोकी योजना करनेसे विधि और निषेधकी कल्पना होती है क्योकि नैगमनयका विषय इन नयोको मान्य नही है। इन्ही विधि और निषेधकी योजनासे सप्तभंग बनते है, है, नही, क्रमसे है नही, अवक्तव्य। है और अवक्तव्य, नही और अवक्तव्य, है, नही और अवक्तव्य। इस तरह नैगमनयके साथ उसके प्रतिपक्षी छह नयोको योजनासे छह सप्तभगियाँ बनती है।

इसी तरह सग्रहनयका आश्रय करनेसे विधि कल्पना की जाती है कि सब केवल सत् ही है गधेके सीगकी तरह असत्की प्रतीति नही होती। उसके प्रतिपक्षी व्यवहारनयके आश्रयसे निषेधकी कल्पना की जाती है कि सब केवल सत् ही नही है क्योकि वस्तुकी प्रतीति केवल सत् रूपसे नही होती बल्कि द्रव्यादि रूपसे होती है। संग्रहके प्रतिपक्षी ऋजुसूत्रनयके आश्रयसे भी प्रतिषेध कल्पना होती है। ऋजुसूत्र नय कहता है कि सब सत्स्वरूप नही है क्योकि वस्तुकी प्रतीति केवल वर्तमान रूपसे ही होती है अत. वस्तु अतीत और अनागत रूपसे असत् है। इसी तरह शब्दनय कहता है कि सब सत्स्वरूप नही है क्योकि काल आदिके भेदके द्वारा भिन्न अर्थकी उपलब्धि होती है। एवभूतनय कहता है कि सब सत्स्वरूप नही है जो अर्थ उस क्रियारूप परिणत हो रहा है वही अर्थ उस शब्दवाच्य होता है। इस प्रकार सग्रहनयके साथ उसके प्रतिपक्षी पाँच नयोकी योजनाके द्वारा विधिनिषेधकी कल्पना करनेसे पाँच सप्तभगियाँ होती है। सात भंग उक्त प्रकारसे ही जानना चाहिए।

इसी प्रकार व्यवहारनयके द्वारा विधि की जाती है कि सब द्रव्यादिस्वरूप है। उसका प्रतिपक्षी ऋजुसूत्रनय प्रतिषेध करता है कि सब द्रव्यादिस्वरूप नही है केवल पर्यायमात्रको ही उपलब्धि होती है। शब्दनय समभिरूढ और एवंभूतनय भी व्यवहारनयके वक्तव्यका निषेध करते हुए कहते है कि सब द्रव्यादि

[तत्र प्रश्नवशात्कश्चिद्विधौ शब्द प्रवर्तते ।
स्यादस्त्येवाखिल यद्वत् स्वरूपादिचतुष्टयात् ।।४९।।
स्यान्नास्त्येव विपर्यासादिति कश्चिन्निषेधने ।
स्याद्द्वैतमेव तद्द्वैतादित्यस्तित्वनिषेधयो· ।।५०।।
क्रमेण यौगपद्याद्वा स्यादवक्तव्यमेव तत् ।
स्यादस्त्यवाच्यमेवेति यथोचितनयार्पणात् ।।५१।।
स्यान्नास्त्यवाच्यमेवेति तत एव निगद्यते ।
स्याद्द्वयावाच्यमेवेति सप्तभग्यविरोधतः ।।५२।।

स्वरूप नही है क्योकि कालादिके भेदसे, पर्यायभेदसे और क्रियाभेदसे भिन्न अर्थको उपलब्धि होती है । इस तरह व्यवहारनयके साथ उसके प्रतिपक्षी चार नयोकी योजनाके द्वारा विधिनिषेध कल्पना करनेसे चार सप्तभंगी होती है ।

ऋजुसूत्रनय विधि करता है कि सब पर्याय मात्र ही है । उसके प्रतिपक्षी शब्दनय, समभिरूढनय और एवभूतनय उसका प्रतिषेध करते है कि सब पर्यायमात्र नही है, काल आदिके भेदसे, पर्यायभेदसे या क्रिया भेदसे भिन्न पर्यायकी उपलब्धि देखी जाती है । ऋजुसूत्रनयके साथ उसके प्रतिपक्षी इन तीन नयोकी योजनाके द्वारा विधिनिषेधकी कल्पना करनेसे तीन सप्तभंगियाँ बनती है ।

शब्दनय विधि करता है कि सब कालादिभेदसे भिन्न है । उसके प्रतिपक्षी समभिरूढनय और एवंभूत निषेध करते है कि सब कालादिके भेदसे ही भिन्न नही है किन्तु पर्यायभेद और क्रियाभेदसे भी भिन्न अर्थकी प्रतीति होती है । इस प्रकार शब्दनयके साथ उसके प्रतिपक्षी दो नयोकी योजना करके विधिनिषेधकी कल्पना करनेसे दो सप्तभगियाँ होती है सातभंग पूर्ववत् जानना चाहिए ।

समभिरूढनय विधि करता है कि सब पर्यायभेदसे भिन्न है । उसका प्रतिपक्षी एवंभूतनय निषेध करता है कि सब पर्यायभेदसे ही भिन्न नही है, क्रिया भेदसे पर्यायका भेद पाया जाता है । इन दोनो नयोकी विधिनिषेध कल्पनासे केवल एक ही सप्तभंगी होती है । इस तरह मूलनय सम्बन्धी २१ सप्तभगियाँ जानना चाहिए । तथा मूल नयोके उत्तर भेदोके साथ भी उनके प्रतिपक्षी नयोका अवलम्बन लेकर उक्त प्रकारसे सप्तभगियोकी योजना कर लेनी चाहिए ।

आगे सप्तभंगीका कथन करते है—

प्रश्नके अनुसार कोई शब्द तो केवल विधिमें ही प्रवृत्त होता है जैसे—स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र स्वकाल और स्वभावसे सम्पूर्ण पदार्थ कथंचित् सत्स्वरूप ही है । कोई शब्द निषेधमें प्रवृत्ति करता है । जैसे, परद्रव्य, परक्षेत्र, परकाल और परभावसे सम्पूर्ण पदार्थ कथचित् नास्तिस्वरूप ही हैं । कोई शब्द क्रमसे अस्तित्व और नास्तित्वमें प्रवृत्ति करता है जैसे, सम्पूर्णपदार्थ स्वद्रव्यादि चतुष्टयकी अपेक्षा कथंचित् सत्स्वरूप ही हैं और परद्रव्यादि चतुष्टयकी अपेक्षा कथचित् असत्स्वरूप हो हैं । कोई शब्द युगपद् अस्तित्व-नास्तित्वमें प्रवृत्ति करता है जैसे, सम्पूर्ण पदार्थ कथचित् अवक्तव्य ही हैं । इसी तरह यथायोग्य नयविवक्षासे सम्पूर्णपदार्थ कथंचित् सत् अवक्तव्यरूप ही है, कथचित् असदवक्तव्य रूप ही हैं तथा कथंचित् सदसदवक्तव्य रूप ही हैं । इस प्रकार अविरोधपूवक सप्तभंगी होती है ।

शंका समाधान पूर्वक सप्तभंगीके सम्बन्धमे प्रकाश डाला जाता है ।

शंका—एक वस्तुमें स्याद्वादी जैन कथन करनेके योग्य अनन्तधर्म मानते है । अत कथनके मार्ग भी अनन्त ही होना चाहिए, सात नही । अतः सप्तभगीकी बात ठीक नही है ।

समाधान—प्रत्येक धर्मके विधि और निषेधको अपेक्षासे सप्तभग होते है । इस प्रकारसे एक वस्तुमे वर्तमाने अनन्तधर्मोके विधिनिषेधको लेकर अनन्त सप्तभंगियाँ भी हो सकती है । इसमे कोई विरोधकी बात नही है ।

शंका—एक धर्मको लेकर तो वचनका एक ही भंग होना चाहिए, सात भंग नही, क्योकि १ धर्मको सात प्रकारसे नही कहा जा सकता।

समाधान—प्रश्नके वशसे सात भंग होते है। जब प्रश्नके सात प्रकार हो सकते है तो उसके उत्त रूप वचनोके भी सात प्रकार होने चाहिए। प्रश्नके सात प्रकार होनेका कारण यह है कि वस्तुमें एक ध क कथन करनेपर अन्य धर्मोका आक्षेप करना होता है।

शंका—वस्तुके एक धर्मका कथन करनेपर अन्य धर्मोका आक्षेप क्यो करना होता है।

समाधान—क्योकि वह धर्म उन अन्य धर्मोके विना नही हो सकता। जैसे किसी वस्तुमें अस्तित्व धर्मकी जिज्ञासा होनेपर प्रश्नकी प्रवृत्ति होती है वैसे ही उस अस्तित्व धर्मके अविनाभावी नास्तित्व आदि धर्मोकी जिज्ञासा होनेपर भी प्रश्नोकी प्रवृत्ति होती है। इस प्रकार जिज्ञासाके सात प्रकार होनेसे प्रश्नोके सात प्रकार होते है और प्रश्नोके सात प्रकार होनेसे वचनके सात प्रकार होते है।

शंका—किसी वस्तुमें अस्तित्वधर्मका नास्तित्व आदि छह धर्मोका अविनाभावी होना असिद्ध है अतः जिज्ञासाके सात प्रकार मानना भी अयुक्त है ?

समाधान—नही, वह तो युक्तिसे सिद्ध है। और युक्ति इस प्रकार है—एक धर्मीमें अस्तित्वधर्म प्रतिषेध करने योग्य नास्तित्व आदि धर्मोके साथ अविनाभावी है, धर्म होनेसे। जैसे कि हेतुका अस्तित्वधर्म नास्तित्वधर्मका अविनाभावी है। आशय यह है कि प्रत्येक वादी अनुमान प्रमाणके द्वारा अपने इष्ट तत्त्वकी सिद्धि करता है। अनुमानके तीन अंग होते है—पक्ष हेतु और दृष्टान्त। जैसे यह पर्वत अग्निवाला है धूमवाला होने से। जहाँ-जहाँ धुआँ होता है वहाँ-वहाँ आग होती है जैसे, रसोईघर। और जहाँ-जहाँ आग नही होती वहाँ धुआँ भी नही होता जैसे, नदी। इस अनुमानमें हेतु 'धूमवाला होनेसे' पर्वतमे भी रहता है, रसोईघरमे भी रहता है किन्तु नदीमें नही रहता। अत. यह हेतु सच्चा हेतु माना जाता है क्योकि जो हेतु पक्ष पर्वतके समान सपक्ष रसोईघरमें तो रहता है किन्तु विपक्ष नदीमें नही रहता वही हेतु सच्चा होता है। अत हेतुमें जैसे अस्तित्वधर्म नास्तित्वधर्मका अविनाभावी है वैसे ही सर्वत्र जानना चाहिए।

शंका—साध्यके न होनेपर साधनका नियम रूपसे न होना (नास्तित्व) ही तो साध्यके होनेपर साधनका होना (अस्तित्व) है। अत. अस्तित्व और नास्तित्व ये दो धर्म नही है। तब आप नास्तित्वको अस्तित्व धर्मका प्रतिषेध्य (निषेध करनेके योग्य) धर्म कैसे कहते है। इस प्रकार पररूपसे नास्तित्व तो स्वरूपसे अस्तित्व ही हुआ। अब यदि नास्तित्वको निषेध्य कहा जाता है तो उसका अविनाभावी होनेसे स्वरूपास्तित्वमें बाधा आती है। वस्तु उसी रूपसे अस्ति है और उसी रूपसे नास्ति है ऐसी प्रतीति तो नही होती।

समाधान—तब तो हेतुको जो बौद्धने त्रिरूपात्मक (पक्षसत्त्व, सपक्षसत्त्व और विपक्षमें असत्त्व) माना है वह नही बनेगा। क्योकि उक्तकथनके अनुसार हेतुका पक्ष सपक्षमें सत्त्व ही विपक्षमे असत्त्व है। यदि दोनोको भिन्न मानते हो तो एक वस्तुमें भी स्वरूपसे अस्तित्व और पररूपसे नास्तित्वको भिन्न-भिन्न मानना चाहिए।

शंका—किसी एकमे अस्तित्वकी सिद्धि होनेपर उसकी अन्यत्र नास्तित्व सिद्धि हो जाती है अत अस्तित्व और नास्तित्व ये दोनो भिन्न नही है।

समाधान—एकके अस्तित्वकी सिद्धिके सामर्थ्यसे अन्यत्र उसके नास्तित्वकी सिद्धि हो जानेपर उसे सामर्थ्यसिद्धि मानकर भी भिन्न नही मानना तो बडी विचित्र बात है। तब तो कहीपर किसीकी नास्तित्व-सिद्धिके सामर्थ्यसे अस्तित्वकी सिद्धि होनेसे दोनोमें भिन्नताके अभावका प्रसग आता है। जो इस प्रकार भाव (अस्तित्व) और अभाव (नास्तित्व) को एक कहता है वह न तो कही प्रवृत्ति कर सकता है और न किसी से निवृत्ति कर सकता है क्योकि उसकी निवृत्तिका विषय जो भाव है वह अभावसे भिन्न नही है अभाव उससे भिन्न नही है। अत यथार्थमें अस्तित्व और नास्तित्वमें कही भेद मानना ही चाहिए। और नही तो अस्तित्व

प्रतिषेध्य नास्तित्वके साथ अविनाभावी सिद्ध हो उसे ही हमारे उक्त अनुमानमें दृष्टान्त रूपसे समझ लेना चाहिए। अस्तु,

स्वरूपकी अपेक्षा अस्तित्व और पररूपकी अपेक्षा नास्तित्वमें कोई विरोध नहीं है। जैसे स्वरूपके ग्रहणसे वस्तुका अस्तित्व कायम है वैसे ही पररूपके त्यागपर भी वस्तुका अस्तित्व कायम है। यदि वस्तु स्वरूपके ग्रहणकी तरह पररूपको भी ग्रहण करने लगे तो अपने और परायेके भेदका सर्वथा अभाव हो जाये। इसी तरह यदि वस्तु पररूपके त्यागकी तरह स्वरूपको भी त्याग दे तो शून्यताका ही प्रसंग उपस्थित हो जाये। अतः सम्पूर्ण वस्तुएँ स्वद्रव्यमें हैं, परद्रव्यमें नहीं। स्वद्रव्यको स्वीकार और परद्रव्यको तिरस्कारकी व्यवस्थासे वस्तुका स्वरूप बनता है। स्वद्रव्यकी तरह परद्रव्यको भी स्वीकार करनेपर स्वद्रव्य और परद्रव्यके भेदका ही अभाव हो जायेगा। अतः जैसे जीवादि वस्तु स्वद्रव्य जीवत्व रूपसे है, परद्रव्य पुद्गलादि रूपसे नहीं है, स्वभाव ज्ञानादि रूपसे है, परभाव रूपादि रूपसे नहीं है। वैसे ही सब वस्तुओंके सम्बन्धमें जानना चाहिए।

इसी तरह प्रत्येक वस्तु स्वक्षेत्रमें है और परक्षेत्रमें नहीं है इसमें भी कोई विरोध नहीं है। क्योंकि स्वक्षेत्रके ग्रहण और परक्षेत्रके त्यागपर ही वस्तुका वस्तुत्व कायम है। अन्यथा क्षेत्रोंके संकरका प्रसंग आता है। निश्चयनयसे प्रत्येक वस्तुकी स्वात्मा ही उसका क्षेत्र है और व्यवहारनयसे आकाश आदि है। स्वद्रव्य और स्वक्षेत्रकी तरह प्रत्येकवस्तु स्वकालमें है, परकालमें नहीं है, इसमें भी कोई विरोध नहीं है। क्योंकि स्वकालके ग्रहण और परकालके त्यागसे ही वस्तुका वस्तुत्व कायम है अन्यथा कालोंके सांकर्यका प्रसंग आता है।

शंका—इस प्रकारसे तो एक वस्तुमें अस्तित्व और नास्तित्व दोनों सिद्ध हुए तब तो केवल अस्तित्व या केवल नास्तित्वकी सिद्धिकी बात तो नहीं रहती क्योंकि किसी वस्तुमें केवल अस्तित्व या केवल नास्तित्व नहीं रहता।

समाधान—नयविवक्षासे केवल अस्तित्व आदि भी सम्भव है। एक वस्तुमें अस्तित्व आदि नाना धर्मोंके सिद्ध होनेपर भी यदि वादि-प्रतिवादी उसमेंसे एक धर्मको मानता है तो जिस धर्मको वह नहीं मानता उसे उसका अविनाभावी मानकर सिद्ध किया जाता है। इस प्रकार एक वस्तुमें युक्तिपूर्वक सिद्ध किये गये अस्तित्व आदि सात धर्म किसी-किसी ज्ञाताके हृदयमें सात प्रकारकी शंकाएँ उत्पन्न करते हैं अतः सात प्रकारकी जिज्ञासा होती है। सात प्रकारकी जिज्ञासासे सात प्रकारके प्रश्न होते हैं और सात प्रकारके प्रश्नोंके उत्तर रूपमें सात प्रकारके वचन प्रयोग होते हैं अतः प्रश्नके वशसे एक वस्तुमें सप्तभंगी होती है यह कथन उचित है। क्योंकि सातके अतिरिक्त आठवाँ भंगकी उत्पत्तिमें निमित्त प्रश्नान्तर सम्भव नहीं है और प्रश्नान्तर सम्भव न होनेका कारण यह है कि जिज्ञासान्तर सम्भव नहीं है। और जिज्ञासान्तर सम्भव न होनेका कारण यह है कि सातके अतिरिक्त कोई आठवीं शंका नहीं है। और नयी शंका उत्पन्न न होनेका कारण यह है कि विधिनिषेधकी कल्पनाके द्वारा वस्तुमें कोई आठवाँ अविरुद्ध अन्यधर्म नहीं बनता।

यदि कोई उक्त सात प्रकारके प्रश्नोंके अतिरिक्त नया प्रश्न उठाना चाहता है तो वह प्रश्न पृथक्-पृथक् अस्तित्व-नास्तित्वके सम्बन्धमें है या समस्त अस्तित्व-नास्तित्वके सम्बन्धमें है। यदि पृथक् अस्तित्व-नास्तित्वके सम्बन्धमें नया प्रश्न है तो प्रधानरूपसे अस्तित्व या नास्तित्व सम्बन्धी प्रश्न प्रथम और दूसरे नम्बरके प्रश्नोंमें ही गर्भित हो जाते हैं। यदि सत्त्वको गौण करके और नास्तित्वको प्रधान करके प्रश्न है तो दूसरे प्रश्नमें गर्भित हो जायेगा और यदि नास्तित्वको गौण करके और अस्तित्वको प्रधान करके प्रश्न है तो प्रथम प्रश्नमें गर्भित हो जायेगा।

यदि समस्त अस्तित्व-नास्तित्वके विषयमें नया प्रश्न है तो क्रममें होनेपर तीसरेमें और युगपत् होनेपर चतुर्थमें गर्भित हो जाता है। इसी तरह पहले और चौथेको मिलाकर किये गये प्रश्न पाँचवेंमें, दूसरे और चौथेको मिलाकर किया गया प्रश्न छठेमें और तीसरे-चौथेको मिलाकर किया गया प्रश्न सातवेंमें गर्भित हो जाता है।

स्याच्छब्दादप्यनेकान्तसामान्यस्यावबोधने ।
शब्दान्तरप्रयोगोऽत्र विशेषप्रतिपत्तये ॥५५॥

जीवके अस्तित्वका प्रसंग आयेगा अर्थात् जैसे जीव जीवत्व रूपसे है वैसे ही पुद्गलादिके अस्तित्व रूपसे भी उसके अस्तित्वका प्रसंग आयेगा क्योंकि 'जीव है ही' इस वाक्यसे ऐसा ही अर्थ निकलता है। यदि तुम कहोगे कि हम प्रकरण आदिसे जीवमें पुद्गल आदिके अस्तित्वकी व्यावृत्ति कर देंगे तो उसे 'जीव है ही' इस वाक्यका शब्दार्थ तो नहीं मान सकते क्योंकि इस वाक्यसे सुननेवालेको ऐसा बोध नहीं होता कि जीव अमुक रूपसे तो है और अमुक रूपसे नहीं है।

शंका—जीवमें अस्तित्व सामान्य पाया जाता है पुद्गल आदिका अस्तित्व तो सामान्य नहीं है विशेष है, अतः पुद्गल आदिके अस्तित्व विशेषकी जीवमें प्राप्ति ही नहीं है। तब उसकी निवृत्तिके लिए 'स्यात्' पदका प्रयोग करना व्यर्थ है।

समाधान—तब तो 'जीव है ही' इस वाक्यमें 'ही' लगाना व्यर्थ है।

शंका—'ही' यह बतलानेके लिए लगाया गया है कि जीव स्वगत अस्तित्व विशेषसे ही 'अस्ति' है।

समाधान—स्वगत अस्तित्व विशेषसे ही यदि जीव 'अस्ति' है तो इसका मतलब हुआ कि परगत अस्तित्वसे जीव 'अस्ति' नहीं है। और तब 'जीव है ही' में ही लगाना व्यर्थ हो जाता है। और बिना 'ही' का वाक्य उचित नहीं है क्योंकि केवल 'जीव है' कहनेसे तो उसके अस्तित्वकी तरह नास्तित्वका भी अनुषंग आता है। 'ही' का लगाना तो तभी सार्थक हो सकता है जब सभी प्रकारसे जीवका अस्तित्व स्वीकार करके उसके नास्तित्वका निरास किया जाये, अन्यथा नहीं। किन्तु 'ही' के साथ जीव अस्तित्व सामान्यसे है, पुद्गलादिगत अस्तित्वविशेषसे नहीं है इस प्रकारका बोध करानेके लिए तो 'स्यात्' पदका प्रयोग करना आवश्यक है क्योंकि उसीसे उक्त प्रकारके अर्थका द्योतन होता है।

शंका—जो भी वस्तु 'सत्' है वह स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल और स्वभावसे ही सत् है अन्यसे नहीं क्योंकि दूसरोंका कोई प्रकरण ही नहीं है।

समाधान—आपका उक्त कथन सत्य है किन्तु विचारणीय यही है कि किस प्रकारके शब्दसे वैसा अर्थबोध हो सकता है। विचार करनेपर 'स्यात्' पदका प्रयोग ही आवश्यक प्रतीत होता है उसके बिना उक्त प्रकारका अर्थबोध नहीं हो सकता।

अतः प्रत्येक वाक्यके साथ 'ही' की तरह 'स्यात्' पदका भी प्रयोग करना चाहिए।

यद्यपि केवल एक 'स्यात्' शब्दसे ही अनेकान्त सामान्यका ज्ञान हो जाता है फिर भी यहाँ विशेषधर्मोंका ज्ञान करानेके लिए अन्य शब्दोंका प्रयोग करना आवश्यक है।

स्यात् शब्दके अनेकान्त आदि अनेक अर्थ हैं। इसपरसे किन्हींका कहना है कि स्यात् शब्दसे ही जब अनेकान्तात्मक वस्तुका कथन हो जाता है तो उसके साथमें 'जीव अस्ति एव' आदि शब्दोंका प्रयोग करना व्यर्थ है किन्तु यदि ऐसा कहनेवाले 'स्यात्' शब्दको अनेकान्त विशेषका वाचक मानकर प्रयोग करते हैं तब तो उसके साथ अन्य शब्दोंका प्रयोग न करनेपर कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि 'स्यात्' शब्दसे ही अन्य शब्दोंका बोध हो जाता है। किन्तु यदि अनेकान्त सामान्यके वाचक 'स्यात्' शब्दका वे प्रयोग करते हैं तो 'जीव अस्ति एव' आदि शब्दोंका प्रयोग निरर्थक नहीं है। क्योंकि 'स्यात्' शब्दसे अनेकान्त सामान्यका बोध होनेपर भी विशेषका ज्ञान करानेके लिए विशेष शब्दोंका प्रयोग आवश्यक होता है। जैसे वृक्ष शब्दसे वृक्ष सामान्यका बोध होनेपर भी विशेषरूपसे आमका पेड़ या नीमका पेड़ आदि कहना होता है।

सोऽप्रयुक्तोऽपि वा तज्ज्ञै. सर्वत्रार्थात्प्रतीयते ।
यथैवकारोऽयोगादिव्यवच्छेदप्रयोजनः ॥५६॥] त० श्लो० वा० १।६

स्यात् शब्द अनेकान्तका वाचक या द्योतक रहे, किन्तु प्रत्येक वाक्यके साथ उसका प्रयोग तो नही देखा जाता, तब कैसे अनेकान्तकी प्रतीति हो सकती है, इसका उत्तर ग्रन्थकार देते है—

प्रत्येक पद या वाक्यके साथ प्रयोग नहीं किये जानेपर भी स्याद्वादको जाननेवाले पुरुष उस स्यात् शब्दकी सर्वत्र प्रतीति कर लेते हैं । जैसे अयोग, अन्ययोग और अत्यन्तायोगका व्यवच्छेद कारक एवकार (ही) का प्रयोग नहीं किये पर भी जाननेवाले उसे समझ ही लेते है ।

जैसे 'चैत्रनामक व्यक्ति धनुषधारी है' इस वाक्यमें एवकार (ही) नही है फिर भी इससे यही समझा जाता है कि चैत्र धनुषधारी ही है वह तलवार आदि धारण नही करता । यहाँ जो एवकार (ही) है उसका अर्थ अयोग व्यवच्छेद होता है । 'तथा अर्जुन धनुषधारी था' इस वाक्यमें भी एवकार (ही) नही है फिर भी धनुर्विद्यामें अर्जुनकी ख्याति होनेसे जाननेवाले इसका यही अर्थ करते है कि अर्जुन ही धनुषधारी था । इससे यह ध्वनित होता है कि अर्जुनके समान धनुषधारी अन्य कोई व्यक्ति नही था । इसे अन्ययोग व्यवच्छेद कहते है । 'नील कमल होता है' इस वाक्यमें भी एवकार (ही) नही है । फिर भी जाननेवाले इसका अर्थ यही लेते है कि नीलकमल होता ही है यहाँ 'ही' को कमलमें नीलपनेका अत्यन्त अयोगका व्यवच्छेद करनेवाला होनेसे अत्यन्तायोग व्यवच्छेद कहते है । इस तरह एवकारका प्रयोग उक्तवाक्योके साथ नही होनेपर भी प्रकरणके अनुसार जानकार लोग स्वयं समझ लेते है कि इस वाक्यमें अमुक अर्थवाले एवकारका प्रयोजन है । उसी तरह सभी स्थलोपर स्यात्पदका प्रयोग नही होनेपर भी 'सब अनेकान्तात्मक है' इस प्रकारकी व्यवस्थाके होनेसे एकान्तका व्यवच्छेद करनेके लिए स्यात्पदकी प्रतीति जानकारोको स्वय हो जाती है । कोई पदार्थ-पदका अर्थ अथवा वाक्यार्थ सर्वथा एकान्तात्मक नही है । हाँ, कथंचित् एकान्तात्मकपना तो सुनयकी अपेक्षासे अनेकान्तात्मकरूप ही है । अत सात प्रकारके प्रमाणवाक्योमें और सात प्रकारके नयवाक्योमें एवकारकी तरह स्यात्पदका प्रयोग नही होनेपर भी उसे समझकर जोड लेना चाहिए ।

शंका—प्रमाणवाक्य कौन है और नयवाक्य कौन है ?

समाधान—सकलादेशको प्रमाणवाक्य और विकलादेशको नयवाक्य कहते है ।

शंका—सकलादेश कौन है और विकलादेश कौन है ?

किन्हीका मत है कि अनेकान्तात्मक वस्तुका कथन करना सकलादेश है और एकधर्मात्मक वस्तुका कथन करना विकलादेश है । किन्तु ऐसा माननेपर प्रमाण और नयवाक्य सात-सात प्रकारके नही हो सकते क्योकि स्यादस्ति, स्यान्नास्ति और स्यादवक्तव्य ये तीन वाक्य एक-एक धर्मका ही कथन करते है अत विकलादेशी होनेसे ये तीनो सर्वथा नयवाक्य ही कहे जायेगे । और शेष चार वाक्य (स्यादस्ति नास्ति, स्यादस्ति अवक्तव्य, स्यान्नास्ति अवक्तव्य और स्यादस्ति नास्ति अवक्तव्य) अनेकधर्मोका कथन करनेसे सर्वदा प्रमाणवाक्य कहे जायेगे । किन्तु तीन नयवाक्य और चार प्रमाणवाक्य तो सिद्धान्त सम्मत नही है ।

किन्हीका कहना है कि धर्मीमात्रका कथन सकलादेश है और धर्ममात्रका कथन विकलादेश है । किन्तु यह भी ठीक नही है क्योकि केवल धर्मीका या केवलधर्मका कथन कर सकना सम्भव नही है ।

शंका—स्यात् जीव ही है और स्यात् अस्ति एव, इस प्रकार धर्मीमात्रका तथा धर्ममात्रका कथन तो सम्भव है ?

समाधान—नही, क्योकि जीवशब्दसे जीवत्व धर्मात्मक जीववस्तुका कथन होता है और 'अस्ति' शब्दसे अस्तित्व धर्मसे विशिष्ट किसी वस्तुका कथन होता है ।

किन्हीका कहना है कि अस्ति आदि सातो वचनोमेंसे प्रत्येक वाक्य तो विकलादेश है और सातो मिलकर सकलादेश है । किन्तु ऐसा कहनेवाले भी युक्ति और आगममे कुशल नही है, क्योकि इस प्रकारकी न तो

युक्ति ही है और न आगम ही है। प्रत्येक स्यादिस्त आदि वाक्य सकलका प्रतिपादक न होनेसे विकलादेश है यह युक्ति समीचीन नही है क्योंकि ऐसी स्थितिमे तो उन वाक्योके समुदायको भी विकलादेशत्वका प्रसंग आता है। तथा सातो वाक्य मिलकर भी समस्त अर्थका प्रतिपादन नही कर सकते। समस्त श्रुत ही समस्त अर्थोका कथन कर सकता है।

शंका—उक्त सात वाक्योका समुदाय ही तो सम्पूर्ण श्रुत है उनसे भिन्न कोई अन्य श्रुत नही है।

समाधान—तब तो एक अनेक आदि सप्तभगात्मक वाक्योको अश्रुतपनेका प्रसग आता है क्योकि सम्पूर्णश्रुतके अर्थका 'स्यादस्ति' आदि सात प्रकारके वाक्यसे प्रकाशन हो जाता है अत. प्रकाशितको प्रकाशित करना अर्थ है।

शंका—उसके द्वारा तो अस्तित्व आदि सात धर्मोका ही कथन होता है और एक अनेक आदि सात धर्मोका कथन एक अनेक आदि विशेषधर्मरूप सात वाक्योके द्वारा होता है अत. व्यर्थ होनेसे उसे अश्रुतपनेका प्रसंग नही आता है ?

समाधान—तब तो अनन्त धर्मात्मक वस्तुका कथन न करनेके कारण 'स्यादस्ति' आदि वाक्योको सकलादेशीपना नही बन सकेगा।

यदि अस्तित्व आदि सात धर्मोको मुख्यतासे, शेष अनन्त सप्तभगियोके विषयभूत अनन्त सात धर्म-स्वरूप वस्तुका अभेदवृत्ति या अभेदोपचारके द्वारा कथन करनेसे अस्तित्व आदि सप्तभेदरूप वाक्यको सकलादेशी मानते हो तो 'कथचित् जीवादि वस्तु सत्स्वरूप ही है' यह वाक्य भी सकलादेशी है क्योकि यह एक वाक्य अस्तित्वधर्मकी मुख्यतासे शेष अनन्तधर्मात्मक वस्तुका कथन करता है। कथचित् जीवादि वस्तु नास्ति स्वरूप ही है, यह दूसरा वाक्य नास्तित्वधर्मकी मुख्यतासे शेष अनन्त धर्मात्मक वस्तुका कथन करता है। कथंचित् जीवादिवस्तु अवक्तव्य ही है, यह वाक्य अवक्तव्य धर्मकी मुख्यतासे शेष अनन्तधर्मात्मक वस्तुका कथन करता है। जीवादि वस्तु कथचित् अस्ति नास्तिरूप ही है, यह वाक्य क्रमसे विवक्षित दोनो धर्मोकी मुख्यतासे शेष अनन्त धर्मात्मक वस्तुका कथन करता है। इसी तरह कथंचित् अस्ति अवक्तव्यकी मुख्यतासे पाचवाँ वाक्य, कथचित् नास्ति अवक्तव्य धर्मकी मुख्यतासे छठा वाक्य तथा कथचित् अस्ति नास्ति अवक्तव्य धर्मकी मुख्यतासे सातवाँ वाक्य शेष अनन्त धर्मात्मक वस्तुका कथन करता है। अत. उक्त सातो वाक्योमेंसे प्रत्येक वाक्य सकलादेशी है।

शंका—फिर तो प्रथम वाक्यसे ही सम्पूर्ण वस्तुका कथन हो जानेके कारण दूसरे आदि वाक्य निष्फल है ?

समाधान—तब तो एक ही सप्तभंगीके द्वारा सम्पूर्ण वस्तुका कथन होनेसे अन्य सप्तभगियाँ क्यो नही निष्फल कही जायेंगी ?

शंका—एक सप्तभगीके द्वारा प्रधानरूपसे अपने विषयभूत सात धर्मस्वरूप अर्थका ही कथन होता है, अन्य सप्तभगियाँ भी अपने-अपने विषयभूत अन्य-अन्य सात धर्मोका कथन करती है अत. वे निष्फल नही हैं।

समाधान—तो प्रथम वाक्यके द्वारा अपने विषयभूत एक धर्मात्मक वस्तुका प्रधानरूपसे कथन किया जाता है। इसी तरह दूसरे आदि वाक्य भी अपने-अपने विषयभूत एक-एक धर्मात्मक वस्तुका कथन करते है तब वे निष्फल क्यो है ?

शंका—वस्तुका एक धर्मात्मकपना प्रधान कैसे हुआ ?

समाधान—चूँकि शब्दके द्वारा वैसा ही कहा जाता है।

अनेकान्तोऽप्यनेकान्तः प्रमाणनयसाधनः ।
अनेकान्तः प्रमाणात्ते तदेकान्तोऽर्पितान्नयात् ॥ बृ० स्व० स्तो०

शंका—इसी तरह शेष अनन्तधर्मात्मकपना प्रधान क्यो नही है ?

समाधान—चूँकि एक वाक्यसे अनन्तधर्मात्मकपना नही सुना जाता ।

शंका—तब एक ही वाक्यसे अनन्तधर्मात्मक वस्तुका बोध कैसे होता है ?

समाधान—अभेदवृत्ति या अभेदोपचारके द्वारा एक धर्मसे शेष अनन्त धर्मोका बोध कर लिया जाता है ।

शंका—तब तो सुने हुए के समान ही उसके द्वारा गम्यमान अनन्तधर्मोको भी उस एक वाक्यका अर्थ मानकर उन्हें भी प्रधान मानना चाहिए अन्यथा श्रुतकी तरह ही सुने हुए वाक्यार्थको भी गौण मानना चाहिए ।

समाधान—तब गौण वाक्यार्थ और मुख्य वाक्यार्थका भेद कैसे करेंगे, सभी शब्द व्यवहारवादी गौण और मुख्य वाक्यार्थोको मानते हैं ।

शंका—शब्दके द्वारा जिसका निश्चल रूपसे बोध होता है वह मुख्यवाक्यार्थ है चाहे वह श्रूयमाण हो अथवा गम्यमान हो और जिसका सचल बोध होता वह गौण वाक्यार्थ है । अतः शब्दके द्वारा गृहीत धर्म ही मुख्य होता है और अन्य गौण होता है । ऐसा कहना ठीक नही है ।

समाधान—जो निश्चल बोध होता है वही मुख्य वाक्यार्थ होता है ऐसा कोई नियम नही है । जाननेवालेके द्वारा जाननेके लिए इष्ट वस्तु जब मुख्यार्थ होती है तो उसके प्रति कहे गये शब्दके द्वारा गृहीत धर्म प्रधान होता है और शेष अनन्त धर्म गौण होते है ।

शंका—'अस्ति जीव' इस वाक्यमे 'अस्ति' शब्दके वाच्य अर्थसे जीव शब्दका वाच्य अर्थ भिन्न है या अभिन्न है । यदि दोनो शब्दोका अर्थ एक ही है तो दोनो शब्दोके प्रयोगकी आवश्यकता नही है । यदि दोनोंका अर्थ भिन्न है तो 'अस्ति' शब्दके वाच्यार्थ अस्तित्वसे भिन्न होनेके कारण जीवके नास्तित्वका प्रसंग आता है । क्योंकि जो सत्से भिन्न होता है वह असत् होता है ।

समाधान—यह दोष सर्वथा एकान्तवादियोके ही योग्य है, स्याद्वादी जैनोके योग्य नही है क्योकि स्याद्वादी जैन 'अस्ति' शब्दके वाच्य अर्थसे जीव शब्दका वाच्य अर्थ कथंचित् भिन्न मानते है । पर्यायार्थिककी दृष्टिसे 'अस्ति' शब्दका अर्थ 'सत्' है और जीव शब्दका अर्थ है जीवनक्रिया विशिष्ट वस्तु । किन्तु द्रव्यार्थिकनयसे दोनोके अर्थमें भेद नही है । इसमें कोई दोष नहीं है । हम जैन जिस रूपसे वस्तुको सत् मानते है उसी रूपसे असत् नही मानते । और जिस रूपसे असत् मानते है उसी रूपसे सत् नही मानते ।

शंका—ऐसा माननेमें तो एकान्तवादका दोष आता है क्योकि स्वरूपकी अपेक्षा वस्तु सत् ही है और पररूपकी अपेक्षा असत् ही है ।

समाधान—सुनयकी अपेक्षासे एकान्तको मानना समीचीन है और प्रमाणकी अपेक्षासे अनेकान्तका मानना समीचीन है । जिस अपेक्षासे अनेकान्त है उस अपेक्षासे अनेकान्त ही है, इस प्रकारका एकान्त अनिष्ट नही है । कहा भी है—

प्रमाण और नयके द्वारा अनेकान्त भी अनेकान्तरूप है । प्रमाणकी अपेक्षासे अनेकान्त है और नयकी अपेक्षासे एकान्त है ।

किन्तु अनेकान्तमें अनेकान्तके माननेसे अनवस्था दोष नही आता है क्योकि एकान्तको सापेक्षतासे ही अनेकान्तकी व्यवस्था बनती है और अनेकान्तकी सापेक्षतासे एकान्तकी व्यवस्था बनती है । परन्तु एकान्तके

[धर्मधर्म्यविनाभाव. सिद्धत्यन्योन्यवीक्षया ।
न स्वरूपं स्वतो ह्येतत्कारकज्ञापकाङ्गवत् ॥
सदेव सर्वं को नेच्छेत् स्वरूपादिचतुष्टयात् ।
असदेव विपर्यासान्न चेन्न व्यवतिष्ठते ॥]—आ० मी०

अनेकान्तसापेक्ष होनेसे और अनेकान्तके एकान्त सापेक्ष होनेसे अन्योन्याश्रय नामक दोष नही आता है क्योकि स्वरूपसे वस्तु अनेकान्तात्मक ही प्रसिद्ध है उसमें एकान्तकी अपेक्षाकी आवश्यकता नही है। और एकान्तको भी वस्तुरूपसे अनेकान्तकी अपेक्षा नही है। हाँ, उन दोनोका अविनाभाव—एकके बिना दूसरेका न होना—परस्परकी अपेक्षासे सिद्ध होता है।

यही बात आप्तमीमासामे स्वामी समन्तभद्रने कही है—

धर्म और धर्मीका अविनाभाव तो परस्परकी अपेक्षासे सिद्ध होता है किन्तु उनका स्वरूप परस्परकी अपेक्षामे सिद्ध नहीं होता। वह तो स्वयं अपने कारणोंसे बन जाता है जैसे कर्तापना कर्मपनेकी अपेक्षा से है और कर्मपना कर्तापनेकी अपेक्षासे है। इस तरह कर्तापने और कर्मपने का व्यवहार ही परस्पर सापेक्ष है, कर्ता और कर्मका स्वरूप परस्पर सापेक्ष नही है। वह तो अपने-अपने अर्थोंसे स्वत. उत्पन्न होता है। ऐसे ही प्रमाण और प्रमेयका स्वरूप तो अपने-अपने कारणोंसे स्वत. सिद्ध है किन्तु उनमें जो ज्ञाप्य-ज्ञापक व्यवहार है वह परस्परकी अपेक्षासे है। इसी प्रकार अस्ति और जीवमें धर्म-धर्मीपनेका अविनाभाव एक-दूसरेकी अपेक्षासे है किन्तु दोनोंका स्वरूप स्वत. सिद्ध है। यही बात एकान्त और अनेकान्तके सम्बन्धमें भी जानना चाहिए।

अतः स्वरूपकी अपेक्षा जीवादि कथंचित् सत्स्वरूप ही है, और पररूपकी अपेक्षा कथंचित् नास्तिस्वरूप ही है। ये दो भंग सभी वादियोके लिए मान्य है, इनको माने बिना अपने-अपने इष्ट तत्त्वकी व्यवस्था नही बन सकती इसीसे स्वामी समन्तभद्रने आप्तमीमासामे कहा है—

ऐसा कौन लौकिक या परीक्षक है जो सभी चेतन-अचेतन पदार्थोंको स्वरूप आदि चारकी अपेक्षासे सत्स्वरूप ही और पररूप आदि चारकी अपेक्षासे असत्स्वरूप ही नहीं मानना चाहेगा। यदि वह ऐसा मानेगा तो उसके इष्ट तत्त्वकी व्यवस्था ही नहीं बन सकती।

अब आगे जीव आदि अवक्तव्य कैसे है यह बतलाते है—

उक्त प्रकारसे पहले कहे गये तथा परस्परमें एक-दूसरेके विरोधी और एक साथ प्रधान रूपसे विवक्षित अस्ति, नास्ति दोनो धर्मोकी एक वस्तुमें कथन करने की इच्छा होनेपर उस प्रकारके किसी शब्दके न होनेसे जीवादि अवक्तव्य है।

आशय यह है कि एक वस्तुमें सत्त्व और असत्त्व गुणोके एक साथ विद्यमान होते हुए भी केवल सत्त्व शब्दके द्वारा उन दोनोको एक साथ नही कहा जा सकता क्योकि सत्त्व शब्द असत्त्व धर्मको कहनेमें असमर्थ है। इसी तरह केवल असत्त्व शब्दसे भी उन दोनो धर्मोको नही कहा जा सकता क्योकि असत्त्व शब्द सत्त्वधर्मको नही कह सकता। शायद कहा जाये कि कोई एक ऐसे पदका संकेत कर लिया जायेगा जो दोनो धर्मोको एक साथ कह सकता हो, किन्तु ऐसा कहना भी ठीक नही है, क्योकि वह सांकेतिक पद भी क्रमसे ही दोनो धर्मोका ज्ञान करानेमें समर्थ है, युगपत् नही। अत एक साथ प्रधानरूपसे विवक्षित सत्त्व और असत्त्वधर्मोसे युक्त वस्तु वाचकोके न होनेसे अवक्तव्य है। किन्तु वह सर्वथा वक्तव्य नही है क्योकि अवक्तव्य शब्दने तथा अन्य छह वाक्योके द्वारा वक्तव्य भी है अत कथंचित् अवक्तव्य है यह निर्णीत होता है। इसी तरह शेष तीन भगोकी भी योजना कर लेनी चाहिए। ये सातो ही भंग चूँकि अस्तित्व आदि धर्मोकी मुख्यतासे अनेक धर्मात्मक वस्तुका कथन करते है अत इनके समुदायको *प्रमाण सप्तभंगी* कहते हैं।

सर्वे शब्दनयास्तेन परार्थप्रतिपादने ।
स्वार्थप्रकाशने मातुरिमे ज्ञाननयाः स्थिताः ॥११०॥
[1]तैर्नीयमानवस्त्वंशा. कथ्यन्तेऽर्थनयाश्च ते ।
त्रैविध्यं व्यवतिष्ठन्ते प्रधानगुणभावतः ॥१११॥
यत्र प्रवर्तते स्वार्थे नियमादुत्तरो नयः ।
पूर्वपूर्वो नयस्तत्र वर्तमानो न वार्यते ॥११२॥
सहस्रे[2]ऽष्टशती यद्वत्तस्यां पञ्चशती मता ।
पूर्वसंख्योत्तरस्या[3] वे संख्यायामविरोधतः ॥११३॥
पूर्वत्र नोत्तरा संख्या यथायातानुवर्त्यते ।
तथोत्तरनय. पूर्वनयार्थे सकले सदा ॥११४॥

नय के अन्य भेद—

अत. उक्त सभी नय दूसरोंके लिए अर्थका कथन करनेपर शब्दनय है और ज्ञाताके लिए अर्थका प्रकाशन करनेपर ज्ञाननय हैं। तथा उनके द्वारा ज्ञात किये गये वस्तुके धर्म कहे जाते हैं इसलिए वे अर्थनय हैं। अत. प्रधानता और गौणतासे नयोंके तीन भेद होते है।

जगत्में पदार्थके तीन रूप पाये जाते हैं—ज्ञानरूप, शब्दरूप और अर्थरूप। जैसे घट पदार्थ अर्थ रूप है, उसका ज्ञान ज्ञानरूप घट है, और उसका वाचक घट शब्द शब्दरूप घट है। इसी तरह नयके भी तीन रूप है— ज्ञाननय, शब्दनय और अर्थनय। ज्ञानरूप नयके द्वारा ज्ञाता स्वयं जानता है और जब वह अपने ज्ञात वस्तुधर्मोको शब्दके द्वारा दूसरोको बतलाता है तो वे शब्द शब्दनय कहे जाते है। और उस ज्ञाननयका विषयभूत अर्थ या शब्दनयका वाच्यरूप अर्थ अर्थनय कहा जाता है। अत उक्त सातो ही नय ज्ञानरूप भी है, शब्दरूप भी है और अर्थ रूप भी हैं। अत सभी नय ज्ञाननय, शब्दनय और अर्थनयके भेदसे तीन प्रकारके जानने चाहिए। इनमेंसे ज्ञान स्वरूप नय प्रधान है और शब्दरूप तथा अर्थरूपनय गौण हैं। अथवा इन तीनों भेदोमेंसे जहाँ जिसकी विवक्षा हो वह प्रधान और शेष गौण जानने चाहिए।

आगे बतलाते हैं कि इन नयोकी प्रवृत्ति वस्तुमें किस प्रकारसे होती है—

जिस अपने विषयमें उत्तरनय नियमसे प्रवृत्त होता है उसमें पूर्व-पूर्व नयको प्रवृत्ति करनेसे नही रोका जा सकता। जैसे हजारमें आठ सौ और आठसौ में पाँच सौ गर्भित हो जाते हैं, उत्तर संख्यामें पूर्व संख्याके समा जानेमें कोई विरोध नहीं है।

और जैसे उत्तरवर्तिनी संख्या पूर्वकी संख्यामें गर्भित नहीं होती है वैसे ही उत्तरनय समस्त पूर्व नयके विषयमें प्रवृत्ति नहीं करता है।

यदि एवभूतनयसे नैगमनयकी ओर तक क्रमसे देखा जाये तो नयोका विषय अधिक-अधिक होता जाता है और नैगमनयसे एवंभूतनय तक नयोका विषय उत्तरोत्तर अल्प होता जाता है। अत उत्तरके नय पूर्व-पूर्व नयोंके विषयमें प्रवृत्ति नही कर सकते है किन्तु पूर्व-पूर्वके नय उत्तर-उत्तर नयके विषयको जान सकते हैं। जैसे हजारमें आठ सौ संख्याका समावेश तो हो जाता है कि आठ सौ में हजार संख्याका समावेश नही हो सकता। वैसे ही नैगमनय तो उत्तरके संग्रह आदि नयोके विषयोमें प्रवृत्ति कर सकता है किन्तु संग्रह आदि नय नैगमनयके विषयमें प्रवृत्ति नहो कर सकते है।

---

१. वै नो— अ० मु० १। २. —स्रे च शती —आ० ब० मु० १। ३. —त्तरत्वाम्या अ० ब० मु० १। —त्तरत्र स्यात् सं० — मु० २।

नयार्थेषु प्रमाणस्य वृत्तिः सकलदेशिनः ।
भवेन्न तु प्रमाणार्थे नयानामखिलेऽञ्जसा ॥११५॥
संक्षेपेण नयास्तावद् व्याख्याताः सूत्रसूचिताः ।
तद्विशेषाः प्रपञ्चेन संचिन्त्या नयचक्रतः ॥ ११६॥

●

इसी तरह—

नयोंके विषयोंमें सकलादेशी प्रमाणकी प्रवृत्ति होती है किन्तु समस्त प्रमाणके विषयमें नयोंकी प्रवृत्ति नहीं हो सकती ।

प्रमाण तो सकलवस्तुग्राही है और नय उसके एक देशको ही जानता है अतः नयके विषयको तो प्रमाण जान सकता है किन्तु प्रमाणका विषय जो पूर्ण वस्तु है उसे एकांशग्राही नय कैसे जान सकता है ।

आगे ग्रन्थकार नयकी चर्चाका उपसंहार करते हैं—

तत्त्वार्थसूत्रके प्रथम अध्यायके अन्तिम सूत्रमें सूचित किये गये नयोंका संक्षेपसे व्याख्यान किया गया । विस्तारसे उसके भेद-प्रभेद नयचक्र नामक ग्रन्थसे जानने चाहिए ।

---

१. मखिलेषु सा अ० ब० मु० १ ।

परिशिष्ट ३

द्र० स्व० प्र० नयचक्रमें उद्धृत पद्यानुक्रमणी

[अ]

अणुगुरुदेहपमाणो ११६* [द्रव्यसं० गा० १०]
अप्पपएसा मुत्ता ८८

[ऊ]

ऊर्ध्वाधोगमनं नास्ति ६०

[ए]

एयम्मि पएसे खलु ८१
एवं मिच्छाइट्ठी १९३
एवमेव हि चैतन्यं २०३ [एक० सप्त० १५ श्लो०]

[क]

कालत्तयसंजुत्तं ९९
केवलज्ञानसम्मिश्रो १२८

[ख]

खय उवसमियं विसोही १८६ [लब्धिसा० गा० ३]

[च]

चरियं चरदि सगं सो २०१ [पञ्चास्ति० गा० १५९]

[ज]

जीवो सहावणियदो २०० [,, गा० १५५]
जं खवोवसमं णाणं १३५
जिण सत्थादो अत्थे १५८ [प्रव० सा० गा० ८६]
जो इह सुदेण भिण्णो १४१ [समय प्रा० गा० ९]

[ण]

णिच्छयदो खलु मोक्खो १७४
णिय दव्व जाणणट्ठं १४१

[त]

त्रिसंज्ञिकोऽयं स्याच्छब्दो १२७

[द]

दव्वसुयादो भावं १४६, १७९

[न]

नानास्वभावसंयुक्तं ३८ [आलापप०]
नित्यैकान्तमतं यस्य ३०
निश्चयो दर्शनं पुंसि २०३ [एक० स० १४]

[प]

पञ्चवर्णात्मकं चित्र १०२
पोग्गलदव्वे जो पुण १२
प्रत्यभिज्ञा पुनर्दानं २३
प्रमाणनयनिक्षेपै- १०२

[भ]

भरहे दुस्समकाले १७५ [मोक्षपा० गा० ७६]
भावः स्यादस्ति नास्तीति ३८

[म]

मणसहियं सवियप्पं ९९
मोहावरणयोर्हानि १८७

[य]

य एव नित्यक्षणिकादयो नयाः १४५
[वृ० स्व० स्तो० ६

[व]

ववहारेणुवदिस्सदि १४२ [समयप्रा० गा० ७]
व्यवहाराश्रयाच्चश्च ११६

[स]

सर्वथैकान्तरूपेण १०२
सवियप्पं णिवियप्पं ९९ [सन्मति० १।३५]
संसयविमोहविब्भम १६२ [द्रव्यसं० गा० ४२]
सा खलु दुविहा भणिया १७३
सिद्धमन्त्रो यथा लोके १२८
सो इह भणिय सहावो १९८
स्वभावतो यथा लोके ६०

---

* सर्वत्र संकेत पृष्ठ संख्याके हैं।

परिशिष्ट ४

नयचक्रगत गाथानुक्रमणी

[अ]

अविकट्ठिमा अणिहणा १९९*
अगुरुलहुगा अणंता २१
अज्जीव पुण्णपावे १६२
अट्ठचदुणाणदसण १४
अणुहवभावो चेयण ६३
अण्णेसिं अण्णगुणा २२२
अत्थि त्तं णो मण्णदि ३०४
अत्थित्तं वत्थुत्तं १२
अत्थित्ताइ सहावा ३५८
अत्थित्ताइ सहावा ७०
अत्थेव णत्थि उहयं २५८
अत्थित्ति णत्थि णिच्च ५८
अत्थित्ति णत्थि दो वि य २५५
अत्थिसहाव दव्वं २५६
अत्थिसहावे सत्ता ६०
अप्पा णाणपमाण ३८८
अवरोप्परमविरोहे २०८
अवरोप्पर सावेक्ख २५२
अवरोप्पर सुविद्धा २९४
अवरोप्परं विमिस्सा ७
असुद्धसवेयणेण य ३६७
असुहसुहं वि य कम्म २९९
असुहसुहाण भेया ८५
असुद्धेण रायरहिओ ३२१
अहमेक्को खलु परमो ३९६
अहवा यासादो य ४४
अहवा कारणभूदा १६१
अहवा सिद्धे सदे २१३
अह उहये णोकहा १४८
अह गुणपज्जयवंतं २७९
अत मुहुत्तं अवरा ८७

[आ]

आगम णोआगमदो २७७
आदा चेदा भणिओ ११६
आदा तणुप्पमाणो ३८६
आणा तह अहिगमदो ३२२
आदे तिदयसहावे ३२३
आलोयणादि किरिया ३४६
आसण्णभव्वजीवो ३१७
आहरणहेमरयणं २४५

[इ]

इगवीसं तु सहावा जीवे ६९
इगवीसं तु सहावा दोण्ह ६८
इदि तं पमाणविसयं २४९
इय पुव्वुत्ता धम्मा ७३
इह एव मिच्छदिट्ठी १३२
इदिय मणस्स पसमज ४००
इदिय सोक्खणिमित्त ३३३

[उ]

उदयादिसु पंचण्हं ३६४
उप्पज्जंतो कज्जं ३६६
उप्पादवय गउणं १९१
उप्पादवयविमिस्सा १९४
उप्पादो य विणासो ४१२
उवओगमओ जीवो ११८
उवयारा उवयार २४२
उवयारेण विणाणइ २९१
उवसमखय मिस्साणं २९२
उहयं उहयणएण २५७

[ए]

एइंदियाइ देहा २२५
एइंदियादिदेहा २३६
एकणिरुद्धे इयरो २५९
एक्कपएसे दव्वं २२१
एक्केक्के अट्ठट्ठा १५
एक्को अजुदसहावो ६१
एक्कोवि ज्ञेयरूवो २६५
एदेहि तिविहलोगं ५
एदम्हि रदो णिच्चं ४१४
एदेण सयलदोसा ४१५
एदं पिय परमपदं ४१३
एयंते णिरवेक्खे २६९
एयंतो एयणयो १८०
एयपएसि अमुत्तो १३५
एवं उवसममिस्सं ३१८
एवं दंसणजुत्तो ३२४
एव सियपरिणामी ९४

[ओ]

ओदइओ उवसमिओ ७५
ओदइय उवसमिय ३७०

[क]

कज्जं पडि जह पुरिमो ३१०
कज्जं सयलसमत्थं १६८
कम्मकलंकालीणा १०८
कम्मसयाडुप्पण्णो २००

* [illegible]

कम्मक्खयदो सुद्धो ६५
कम्मजभावातीदं ३७५
कम्मं कारणभूदं १३०
कम्मं तियालविसयं ३४७
कम्मं दुविहवियप्पं १२४
कम्माणं मज्झगदं १९०
कम्मादपदेसाणं १५३
काऊण करणलद्धी ३१५
कारणकज्जसहावं ३६१
कारणदो इह भव्वे १२६
किरियातीदो सत्थो ३६३
कोहो थ माण माया ३०८

[ख]

खंधा जे पुव्वुत्ता १२७
खंधा बादरसुहुमा १०३
खेतं पएसणाणं ६४

[ग]

गदिट्ठिदिगाहणवट्टण ३४
गयणं दुविहायारं १४१
गयणं पोग्गलजीवा ९६
गहिओ सो सुदणाणे ३४९
गुण-गुणियाइ चउक्के १९२
गुण-पज्जयदो दव्वं ४१
गुण-पज्जयदो दव्वे २१९
गुण-पज्जाया दवियं ८
गुणपज्जयाण लक्खण २८३
गुणपज्जाय सहावा ६७
गुरुलघुदेहपमाणो २२१
गेण्हइ दव्वसहावं १९८
गेण्हइ वत्थुसहावं १६९

[घ]

घाई-कम्मखयादो १०७
घाइ-चउक्कं चत्ता ४१०

[च]

चउगइ इह ससारो २३५
चारि वि कम्मे जणिया ७४
चिरबद्ध कम्मणिवहं १५६
चेदणमचेदणं पि हु ५९
चेदणमचेदणा तह १६
चेयणरहियममुत्तं ९७

[ज]

जइ इच्छह उत्तरिदुं ४१९
जइया तव्विवरीये ३७८
जइवि चउट्ठयलाहो ३८३
जइ सव्वं बंभमयं ५२
जडसब्भावं णहु मे ४०८
जत्थ ण अविनाभावो ३९
जम्हा एक्कसहावं ३७
जम्हा णएण विणा १७४
जस्स ण तिवग्गकरणं १६६
जह इह विहावहेडू ३६५
जह जीवत्तमणाई ७९
जह मणुए तह तिरिए ८८
जह व णिरुद्ध असुहं ३४८
जह सत्थाणं माई १७५
जह सब्भूओ भणियो २९०
जह सुह णासइ असुहं ३४५
जं अप्पसहावादो १५८
जं किंपि सयलदुक्खं ३१३
ज ज करेइ कम्मं २१५
जं चदुगदिदेहीणं २२
जं विय सराय काले ४०४
ज चिय जीवसहावं २८८
जं जस्स भणिय भाव २६७
जं जं मुणदि सदिट्ठी २९५
जं जह जिणेहि दिट्ठं २
जं णाणीण वियप्पं १७३
जं सारं सारमज्झे ४१८
ज संगहेण गहियं २०९
जाणगभावो जाणदि ३८०
जाणं दो वि य भिण्ण ४८
जीवाइ सत्ततच्च १५९
जीवाजीव तहासव १४९
जीवादिदव्वणिवहा २४७
जीवा पुग्गलकालो ३
जीवा हु ते वि दुविहा १०४
जीवेहि पुग्गलेहि य ९८
जीवे धम्माधम्मे १४८
जीवो भावाभावो ११०
जीवो ससहावमओ ४०२
जुत्ति सुजुत्तमग्गे २७०
जे णयदिट्ठिविहीणा १८१
जेत्तियमेत्त खेत्तं १४०
जे संखाई खंधा ३२
जे सामण्णेणुत्ता ९५
जो एयसमयवट्टी २१०
जो खलु अणाइणिहणो २९
जो गहइ एयसमये २०२
जोगा पयडि-पएसा १५४
जो खलु जीवसहावो ११५
जो चिय जीवसहावो २३८
जो जीवदि जीविस्सदि १०९
जो णिच्चमेव मण्णदि ४५
जो वट्टणं ण मण्णदि २१२
जो हु अमुत्तो भणिओ १२०
जो सिय भेदुवयारं २६४

[झ]

झाणं झाणब्भासं १७७
झाणस्स भावणे वि य १७८
झेओ जीवसहावो २८९

[ण]

णइगम सगह १८४
णच्चा दव्वसहावं १६४
णट्ठट्ठकम्मसुद्धा १०६
ण दु णयपक्ख मिच्छा २९३
ण मुणइ वत्थुसहाव २४०
णव पण दो अडवीसा ८४
ण विणासियं ण णिच्चं ४२
ण समुब्भवइ ण णस्सइ ४०
णह एयपएसत्थो १३९
णाणं दंसण चरण ३७३
णाणं दंसण नुह वीरियं २५

णाणं दंसण सुह सत्ति १३
णाणं पि हि पज्जायं २३१
णादाणुभूइ सम्मं ३७९
णादूण समयसारं ४१६
णामं ट्ठवणा दव्वं २७२
णायव्वं दवियाणं १०
णासंतो वि ण णट्ठो ३६०
णाणासहावभरिय १७२
णिक्खेव णय पमाणं १६७, २८२
णिच्चं गुणगुणि भेये ४७
णिच्चे दव्वे ण गमणट्ठाण ४६
णिच्छयदो खलु मोक्खो ३८२
णिच्छय ववहारणया १८२
णिच्छय सज्झसरूवं ३२९
णिच्छित्ती वत्थूणं १७९
णिज्जियसासो ३८९
णिद्धादो णिद्धेण २७
णिप्पण्णमिव पयंपदि २०५
णियसमयं पिय मिच्छा २८७
णियमणिसेहणसीलो २५३
णिव्वत्तअत्थकिरिया २०६
णिरवेक्खे एयंते ६६
णिस्सेस सहावाणं १९६
णेयं खु जत्थ णाणं ३२०
णेयं जीवमजीव २२८
णेय णाणं उहयं ५१
णोआगमं पि तिविहं २७६
णो इट्ठं भणियव्व २८०
णो उवयारं कीरइ २४१
णो ववहारेण विणा २९६
णो ववहारो मग्गो २८६

[त]

तग्गुणरायपरिणदो २७८
तच्चं तह परमट्ठं ४
तच्चं पि हेयमियरं २६२
तच्चं विस्सवियप्पं १७६
तच्चाणेसणकाले २६८
तवपरिसहाणभेया ३३६
ता सुयसायरमहणं ३२८
तिक्काले जं सत्तं ३६
तिण्णि णया भूदत्था २६६
तित्थयरकेवलिसमण ३१६
ते चेव भावरूवा ११३
तेण चउग्गइदेहं १३१
ते पुण कारणभूदा ६
ते हुंति चदुवियप्पा १११

[थ]

थावर फलेसु चेदा ११७

[द]

दट्ठूण पडिबिंबं २२७
दट्ठूण थूलखंधं २३२
दट्ठूण देहठाणं २३३
दवदि दविस्सदि दव्वं ३५
दव्वगुणपज्जयाणं २२३
दव्वगुणाण सहायं १९
दव्वसहावपयासं ४२४
दव्वसुयादो सम्मं २९७
दव्वाणं खु पएसा २०, २२०
दव्वाणं च पएसे १०२
दव्वाणं सहभूदा ११
दव्वाण सहावाणं २४८
दव्वत्थी दहभेयं १८५
दव्वत्थिएसु दव्वं १८८
दव्वा विस्ससहावा १
दव्वे खेत्ते काले १४६
दव्वं खु होइ दुविह २७५
दव्वं विविहसहाव २७१
दव्वं विस्ससहावं ५६
दंसणणाणाचरण ८३
दसणणाणचरित्ते ९,२८४,२८५
दंसणकारणभूदं ३२५
दंसणसुद्धिविसुद्धो ३३०
दसण चरित्तमोह ३००
दारियदुण्णयदणुयं ४२१
दिक्खागहणाणुक्कम ३३९
दुक्खं णिदा चिंता ३५३
दुविहं आसवमग्गं १५१
देवगुरुसत्थभत्तो ३११
देहीणं पज्जाया २०३
देसवई देसत्थो २४३
देसं व रज्जदुग्गं २४६
देहजुदो सो भोत्ता १२३
देहा य हुंति दुविहा १२२
देहायारपएसा २४
देहीण पज्जाया २०३
दो चेव य मूलणया १८३
दो सब्भावं जम्हा ३८

[ध]

धम्मी धम्मसहावो २६०

[प]

पच्चयवंतो रागा ३०१
पज्जय गउणं किच्चा १८९
पज्जाए दव्वगुणा २२४
पढमतिया दव्वत्थी २१६
पढमं मुत्तसरूवं ३६८
पण्णवणभाविभूदे २१७, २१८
परदो इह सुहमसुहं ३१२
परमत्थो जो कालो १३६
परमाणु एयदेसी २२९
परभावादो सुण्णो ४०७
पस्सदि तेण सरूवं ३८७
पहु जीवत्तं चेयण १०५
पंचावत्थजुओ सो ९०
पंचावत्था देहे ९१
पारद्धा जा किरिया २०७
पुग्गलमज्झत्थोयं १३७
पुढवी जलं च छाया ३१
पुत्ताइ बंधुवग्गं २४४

[ब]

बंधेव मोक्खहेऊ २३७
बंधो अणाइणिहणो १२५
बंभसहावे भिण्णा ५३
बहिरन्त परमतच्चं ३२७

[भ]

भणइ अणिच्चासुद्धा २०४
भणिया जीवाजीवा १५०
भणिया जे विब्भावा ७७
भव्वगुणादो भव्वा ६२
भावा णेयसहावा ५७
भावे सरायमादी १९३
भावो दव्वणिमित्तं ८२
भेए सदि संबंधं १९५
भेदुवयारं णिच्छय २३९
भेदुवयारे जइया ३७७
भोत्ता हु होइ जइया १२८

[म]

मइसुइ परोक्खणाणं १७०
मज्झसहावं णाणं ४०९
मज्झिमजहण्णुक्कस्सा ३४६
मणवयणकाय इंदिय ११२
मणुवाइअ पज्जाओ २११
मदिसुदओहीमणपज्जयं २३
माणो य माय लोहो ३९७
मिच्छत्तं अण्णाणं ३०२
मिच्छत्तं पुण दुविहं ३०३
मिच्छत्तं अविरमणं ८१
मिच्छे मिच्छाभावो १२९
मिच्छतियं चउसम्मग ३७२
मिच्छा सरागभूदो २६३, २९८
मुत्ते खंधविहावो ७८
मुत्तं इह मइणाणं २२६
मुत्ते परिणामादो २६
मुत्तो एयपदेसी १००
मूढो विय सुदहेदु ३०५
मूलुत्तर तह इयरा ८०
मूलुत्तर समणगुणा ३३४
मोक्खं तु परमसोक्खं ४०५
मोत्तूणं बहिचिंता ३५०
मोत्तूणं बहिविसयं ३८४
मोत्तूणं मिच्छतियं ३४१
मोहरजअंतराये २७३
मोहो व दोसभावो ३०९

[र]

रागादिभावकम्मा ४०६
रुद्धक्खजिदकसाओ ३८५
रुंधिय छिद्दसहस्से १५५
रूवं पि भणइ दव्वं २३०
रूवरसगंधफासा ३०, ११९
रूवाइया य उत्ता ३३

[ल]

लक्खणदो णियलक्ख ३५१, ३९९
लक्खणदो त गेण्हसु ३९२-३९५
लक्खमिह भणियमादा ३९१
लद्धूण तण्णिमित्तं १५२
लद्धूण दुविहहेउं ३१४
लवण व इण भणियं ४१७
लेस्साकसायवेदा ३७१
लोगमणाइअणिहणं ९९
लोगिगसद्धारहिओ ३३८
लोयपमाणममुत्तं १३३
लोयालोयविभेयं १३४

[व]

वण्णरसगधएक्कं १०१
वत्थूण असगहणं ३९८
वत्थू पमाणविसयं १७१
वत्थूण जं सहावं ३२६
वत्थू हवेइ तच्चं ५४
वद समिदिंदियरोहो ३३५
ववहारं रिउसुत्तं १८६
ववहारादो वधो ३४२
विगयसिरो कडिहत्थो १४५
विज्जावच्चं संघे ३३७
विवरीये फुडवंधो ३४३
विब्भावादो वंधो ९३
वीरं विसयविरत्तं १६५

[स]

सण्णाइभेयभिण्णं ३१९
सत्ता अमुक्खरूवे २०१
सत्तेव हुंति भंगा २५४
सद्दव्वादि चउक्के १९७
सद्देसु जाण णामं २८१
सद्धाणणाणचरणं ३७४, ३८१
सद्धा तच्चे दंसण ३२१
सद्दारूढो अत्थो २१४
सब्भावं खु विहावं १८
सब्भूदमसब्भूदं १८७
समणा सराय इयरा ३५२
समदा तह मज्झत्थं ३५७
सम्मावि य मिच्छावि य ३३२
समयावलि उस्सासो १३८
सम्मगु पेच्छइ जम्हा ४०१
सयमेव कम्मगलणं १५७
सव्वं जइ सव्वगयं ५०
सव्वत्थ अत्थि खधा १४३
सव्वत्थ पज्जयादो २३४
सव्वे वि य एयत्ते ५५
सव्वेसिं अत्थित्तं १४७
सव्वेसिं पज्जाया १४२
सव्वेसिं अत्थित्तं १४७
सव्वे वि य एयंते ५५
सव्वेसिं सब्भावो ३७६
सहजं खुधाइजादं ९२
सहसदस सुर णिरये ८९
सखासंखाणंता २८
संतं इह जइ णसइ ४३
संतं जो ण हु मण्णइ ४९
संवेयणेण गहिओ ३९०
संसयविमोह विब्भम ३०६
सामण्ण अह विसेसे २५०
सामण्णं परिणामी ३५६
सामण्णणाण णाणे ४११
सामण्ण विसेसा वि य १७
सामण्णे णियवोहे ३५५
सामी सम्मादिट्ठी १६३
सायार इयर ठवणा २७४
सियजुत्तो णयणिवहो २६१
सिय सद्देण य पुट्ठा ७२
सिय सद्देण विणा इह ७१
सिय सद्द मुणय दुण्णय ४२३

सिय सावेक्खा सम्मा २५१
सुणिऊण दोहसत्थं ४२०
सुद्धो कम्मखयादो ३६२
सुद्धो जीव सहावो ११४
सुयकेवलीहि कहियं ४२२
सुरणरणारयतिरिया ८६
सुसमीरणेण पोयं ४२५
सुह असुह भावरहिओ ४०३
सुहमसुहं चिय कम्मं ३४०
सुहवेदं सुहगोदं १६०

[ह]

हिंसा असच्चमोसो ३०७
हेऊ सुद्धे सिज्झइ ३६९
हेया कम्मे जणिया ७६
हेयोपादेयविदो ३५४
होऊण जत्थ णट्ठा ३५९

परिशिष्ट ५

नयविवरण-श्लोकानुक्रमणी

[अ]

अभिन्नं व्यक्तभेदेभ्यः ६७
अर्थपर्याययोस्तावद् ४२
अर्थव्यञ्जनपर्यायौ ४९

[इ]

इत्यन्योऽन्यमपेक्षाया ९४
इत्यसद् बहिरर्थेषु ३४
इन्द्रः पुरन्दरः शक्र ६१

[ऋ]

ऋजुसूत्रं क्षणध्वंसि ७५

[ए]

एहि मन्ये रथेनेत्यादि ८५

[ऐ]

ऐकध्येन विशेषाणा ६३

[क]

करोति क्रियते पुष्य- ८४
कल्पनारोपितद्रव्य- ७४
कश्चिद् व्यञ्जनपर्यायौ ४६
कार्यकारणता नास्ति ७७
कालादि भेदतोऽर्थस्य ८२
कालाद्यन्यतमस्यैव ८८
क्रियाभेदेऽपि चाभिन्न- १०३
कालादिभेदतोऽप्यर्थ-१०१
क्षणमेकं सुखी जीवो ५७

[ग]

गुणः पर्याय एवात्र २२
गोचरीकुरुते शुद्ध- ५९

[त]

तत्क्रिया परिणामोऽर्थ- ९२
तथा कालादि नानात्व- ८७
तथा द्रव्यगुणादीनां २९
तथैवावान्तरान् भेदान् ७०
तदंशौ द्रव्यपर्याय- २१
तद्भेदैकान्तवादस्तु ५४
तत्र पर्यायगस्त्रेधा ४१
तत्रर्जुसूत्रपर्यन्ता ९५
तत्र संकल्पमात्रस्य ३१
तन्न श्रेयः परीक्षाया-८६
तत्राशिन्यपि निःशेष- ८
तन्मात्रस्य समुद्रत्वे ६
तयोरत्यन्तभेदोक्ति- ४८
तैर्नीयमानवस्त्वंशाः १११
त्रिकालगोचराशेष- १५

[द]

द्रव्यत्वं सकलं द्रव्य- ६९
द्रव्यपर्यायसामान्य- २४

[ध]

धर्म-धर्मिसमूहस्य ९

[न]

नन्वयं भाविनी संज्ञां ३३
नयार्थेषु प्रमाणस्य ११५
नर्जुसूत्रः प्रभूतार्थो १००
नर्जुसूत्रादिषु प्रोक्त- ३९
नवधा नैगमस्यैवं ६२
नाप्रमाणं प्रमाणं वा १०
नामादयोऽपि चत्वार २७
नायं वस्तु न चावस्तु ५
नाशेषवस्तुनिर्णीतेः १२
निराकरोति यो द्रव्यं ७६
निराकृतविशेषस्तु ६६
निरुक्त्या लक्षणं लक्ष्य २०
नि.शेषदेशकालार्था- १४
नैगम-व्यवहाराभ्यां १०५
नैगमाप्रातिकूल्येन १०४

[प]

परोक्षाकारता वृत्तेः १६
पर्यायशब्दभेदेन ९०
पूर्वत्र नोत्तरा संख्या ११४
पूर्वो पूर्वो नयो भूम- ९६
प्रत्येया प्रतिपर्याय- १०९
प्रमाणगोचरार्थांशा- २३
प्रमाणं च नयाश्चेति २
प्रमाणं सकलादेशि ३
प्रमाणात्मक एवाय- ३६
प्रमाणेन गृहीतस्य ११
प्राधान्येनोभयात्मान- ३७

[भ]

भवान्विता न पश्यैते २८
भिन्ने तु सुखजीवत्वे ५०
भेदाभिदाभिरत्यन्तं ६१

[म]

मतेरवधितो वापि १३

[य]

यत्र प्रवर्तते स्वार्थे ११२
यद्वा नैकं गमो योऽत्र ३५
यथांशिनि प्रवृत्तस्य ७
यथा प्रतिक्षणं ध्वंसि ४३
यथा हि सति संकल्प- ९८
यस्तु पर्यायवद् द्रव्यं ५३
ये प्रमाणादयो भावा ३०
यो यं क्रियार्थमाचष्टे ९३

[ल]

लोकसंस्थितिसर्वं च ७८

[व]
विद्यते चापरोऽशुद्ध- ६०
विशेषैरुक्तरैः सर्वैः १०८
विश्वदृश्वास्य जनिता ८३
विस्तरेणेति सप्तैते १९
वैसादृश्यविवर्तस्य २६
[श]
शब्दः कालादिभिर्भिन्नो ८९
शब्दब्रह्मेति चान्येषां ६८
शब्दात्पर्यायभेदेना- १०२
शुद्धद्रव्यमभिप्रैति ६५
शुद्धद्रव्यमशुद्ध च ५१
शुद्धद्रव्यार्थपर्याय- ५५
[स]
संकल्पो निगमस्तत्र ३२
संक्षेपेण नयास्तावद् ११६
संक्षेपाद्द्वौ विशेषेण १८
संग्रहाद् व्यवहारोऽपि ९९
संग्रहादेश्च शेषेण १०७
संग्रहेण गृहीताना- ७२
संग्रहे व्यवहारे वा ३८
संयोगो विप्रयोगो वा ८०
संवेदनार्थपर्यायो ४४
स चानेकप्रकारः स्या- ७३
सच्चैतन्यं नरीत्येवं ४७
सत्त्वं सुखार्थपर्याया ५६
सद्द्रव्यं सकलं वस्तु ५२
सन्मात्रविषयत्वेन ९७
सप्तैते नियतं युक्ता ४०
समुदायः क्व च प्रेत्य- ८१
समेकीभावसम्यक्त्वे ६४
सर्वथा सुखसंवित्यो ४५
सर्वे शब्दनयास्तेन ११०
सहस्रेष्टशती यद्वत्त-११३
सामानाधिकरण्य क्व ७९
सामान्यस्य पृथक्त्वेन २५
सामान्यादेशतस्तावदेक- १७
सा शब्दान्निगमादन्या- १०६
सुखजीवभिदोक्तिस्तु ५८
सूत्रे नामादिनिक्षिप्त- १
स्वव्यक्त्यात्मकतैकान्त- ७१
स्वार्थनिश्चायकत्वेन ४

BHĀRATĪYA JÑĀNAPĪṬHA

MŪRTIDEVĪ JAINA GRANTHAMĀLĀ

General Editors :

Dr. H. L. JAIN, Jabalpur : Dr. A. N UPADHYE, Kolhapur.

The Bhāratīya Jñānapīṭha, is an Academy of Letters for the advancement of Indological Learning. In pursuance of one of its objects to bring out the forgotten, rare unpublished works of knowledge, the following works are critically or authentically edited by learned scholars who have, in most of the cases, equipped them with learned Introductions etc. and published by the Jñānapīṭha.

Mahābandha or the Mahādhavalā :

This is the 6th Khaṇḍa of the great Siddhānta work *Satkhaṇḍāgama* of Bhūtabali : The subject matter of this work is of a highly technical nature which could be interesting only to those adepts in Jaina Philosophy who desire to probe into the minutest details of the Karma Siddhānta The entire work is published in 7 volumes. The Prākrit Text which is based on a single Ms. is edited along with the Hindī Translation. Vol I is edited by Pt. S. C. DIWAKAR and Vols. 2 to 7 by Pt. PHOOLACHANDRA. Jñānapiṭha Mūrtidevī Jain Granthamālā, Prākrit Grantha Nos. 1, 4 to 9 Super Royal Vol I : pp. 20 + 80 + 350 ; Vol. II : pp. 4 + 40 + 440 ; Vol. III : pp. 10 + 496 ; Vol. IV : pp. 16 + 428 ; Vol. V : pp. 4 + 460 , Vol VI : pp. 22 + 370 ; Vol VII : pp. 8 + 320. Bhāratīya Jñānapīṭha Kashi, 1947 to 1958. Price Rs. 11/- for each vol.

Karalakkhana :

This is a small Prākrit Grantha dealing with palmistry just in 61 gāthās. The Text is edited along with a Sanskrit Chāyā and Hindī Translation by Prof. P. K. MODI. Jñānapīṭha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, Prākrit Grantha No. 2. Third edition, Crown pp. 48 Bhāratīya Jñānapīṭha Kashi, 1964. Price 75 P.

Madanaparājaya :

An allegorical Sanskrit Campū by Nāgadeva (of the Samvat 14th century or so) depicting the subjugation of Cupid Edited critically by Pt. RAJKUMAR JAIN with a Hindī Introduction, Translation etc., Jñānapīṭha Mūrtidevī Jaina Granthmālā, Sanskrit Grantha No. 1. Second edition Super Royal pp. 11 + 58 + 144. Bhāratīya Jñānapīṭha Kashi, 1964 Price Rs 8/-.

Kannada Prāntīya Tādapatrīya Grantha-sūcī :

A descriptive catalogue of Palmleaf Mss. in the Jaina Bhaṇḍāras of Moodbidri, Karkal, Alıyoor etc. Edited with a Hindī Introduction etc. by Pt. K BHUJABALI

SHASTRI. Jñānapītha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, Sanskrit Grantha No. 2. Super Royal pp. 32 + 324. Bhāratīya Jñānapītha Kashi, 1948. Price Rs. 13/-.

Tattvārtha-vrtti :

This is a critical edition of the exhaustive Sanskrit commentary of Śrutasāgara (*c* 16th century Vikrama Saṁvat) on the Tattvārthasūtra of Umāsvāti which is a systematic exposition in Sūtras of the fundamentals of Jainism. The Sanskrit commentary is based on earlier commentaries and is quite elaborate and thorough. Edited by Pts. MAHENDRAKUMAR and UDAYACHANDRA JAIN. Prof. MAHENDRAKUMAR has added a learned Hindī Introduction on the exposition of the important topics of Jainism. The edition contains a Hindī Translation and important Appendices of referential value. Jñānapītha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, Sanskrit Grantha No 4. Super Royal pp. 108 + 548. Bhāratīya Jñānapītha Kashi, 1949, Price Rs. 16/-.

Ratna-Mañjūsā with Bhāsya :

An anonymous treatise on Sanskrit prosody. Edited with a critical Introduction and Notes by Prof. H D VELANKAR. Jñānapīṭha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, Sanskrit Grantha No. 5. Super Royal pp 8 + 4 + 72. Bhāratīya Jñānapītha Kashi, 1949. Price Rs. 2 -.

Nyāyaviniścaya-vivarana :

The Nyāyaviniścaya of Akalanka (about 8th century A D) with an elaborate Sanskrit commentary of Vādirāja (*c.* 11th century A. D) is a repository of traditional knowledge of Indian Nyāya in general and of Jaina Nyāya in particular Edited with Appendices etc. by Pt MAHENDRAKUMAR JAIN. Jñānapītha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, Sanskrit Grantha Nos 3 and 12. Super Royal Vol I : pp 68 + 546 ; Vol II : pp. 66 + 168 Bhāratīya Jñānapītha Kashi, 1949 and 1951. Price Rs 15/- each

Kevalajñāna-prasna-cūdāmani .

A treatise on astrology etc Edited with Hindī Translation, Introduction, Appendices, Comparative Notes etc. by Pt. NEMICHANDRA JAIN. Jñānapītha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, Sanskrit Grantha No 7 Super Royal pp. 16 + 128. Bhāratīya Jñānapītha Kashi, 1950. Price Rs. 1/-

and a Hindī Prastāvanā by Pt. MAHENDRAKUMAR. The Appendix gives Anekārtha nighaṇṭu and Ekāksarī-kośa. Jñānapīṭha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, Sanskrit Grantha No 6. Super Royal pp 16+140. Bhāratīya Jñānapīṭha Kashi, 1950. Price Rs. 3 50 P.

Samayasāra :

An authoritative work of Kundakunda on Jaina spiritualism Prākrit Text, Sanskrit Chāyā Edited with an Introduction, Translation and Commentary in English by Prof A. CHAKRAVARTI The Introduction is a masterly dissertation and brings out the essential features of the Indian and Western thought on the all-important topic of the Self. Jñānapītha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, English Grantha No 1. Super Royal pp. 10+162+244. Bhāratīya Jñānapītha Kashi, 1950. Price Rs. 8/-

Jātakatthakathā :

This is the first Devanāgarī edition of the Pāli Jātaka Tales which are a storehouse of information on the cultural and social aspects of ancient India. Edited by Bhikshu DHARMARAKSHITA. Jñānapītha Mūrtidevī Pāli Granthamālā No. 1, Vol. 1. Super Royal pp 16+384. Bhāratīya Jñanapītha Kashi, 1951. Price Rs 9/-.

Kural or **Thirukkural**

An ancient Tamil Poem of Thevar It preaches the principles of Truth and Non-violence. The Tamil Text and the commentary of Kavirājapaṇḍita. Edited by Prof. A. CHAKRAVARTI with a learned Introduction in English. Bhāratīya Jñānapītha Tamil Series No 1. Demy pp 8+36+440. Bhāratīya Jñānapīṭha Kashi, 1951. Price Rs. 5/-

Mahāpurāna :

It is an important Sanskrit work of Jinasena-Guṇabhadra, full of encyclopaedic information about the 63 great personalities of Jainism and about Jain lore in general and composed in a literary style. Jinasena (837 A. D) is an outstanding scholar, poet and teacher ; and he occupies a unique place in Sanskrit Literature. This work was completed by his pupil Guṇabhadra Critically edited with Hindī Translation, Introduction, Verse Index etc by Pt PANNALAL JAIN. Jñānapītha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, Sanskrit Grantha Nos. 8, 9 and 14. Super Royal Second edition, Vol. I pp 8+68+746, Vol. II : pp 8+556 ; Vol III. : pp 24+708 , Bhāratīya Jñānapīṭha Kashi, 1951 to 1954. Price Rs. 10/- each.

Vasunandi Śrāvakācāra :

A Prākrit Text of Vasunandi (*c.* Samvat first half of 12th century) in 546 gāthās dealing with the duties of a householder, critically edited along with a Hindī

Translation by Pt. HIRALAL JAIN. The Introduction deals with a number of important topics about the author and the pattern and the sources of the contents of this Śrāvakācāra. There is a table of contents There are some Appendices giving important explanations, extracts about Pratiṣṭhāvidhāna, Sallekhanā and Vratas. There are 2 Indices giving the Prākrit roots and words with their Sanskrit equivalents and an Index of the gāthās as well Jñāṇapītha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, Prākrit Grantha No. 3. Super Royal pp. 230. Bhāratīya Jñānapīṭha Kashi, 1952. Price Rs 5/-

Tattvārthavārttikam or Rājavārttikam

This is an important commentary composed by the great logician Akalanka on the Tattvārthasūtra of Umāsvāti. The text of the commentary is critically edited giving variant readings from different Mss by Prof. MAHENDRAKUMAR JAIN. Jñānapītha Mūrtidevī Granthamālā, Sanskrit Grantha Nos 10 and 20. Super Royal Vol I : pp 16+430 ; Vol. II : pp. 18+436. Bhāratīya Jñānapīṭha Kashi, 1953 and 1957. Price Rs 12/-for each Vol.

Jinasahasranāma :

It has the Svopajña commentary of Paṇḍita Āśādhara (V. S 13th century) In this edition brought out by Pt. HIRALAL a number of texts of the type of Jinasahasranāma composed by Āśādhara, Jinasena, Sakalakīrti and Hemacandra are given. Āśādhara's text is accompanied by Hindī Translation. Śrutasāgara's commentary of the same is also given here. There is a Hindī Introduction giving information about Āśādhara etc. There are some useful Indices Jñānepīṭha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, Sanskrit Grantha No. 11. Super Royal pp. 288 Bhāratīya Jñānapīṭha Kashi, 1954. Price Rs. 4/-.

Purānasāra-Samgraha :

This is a Purāṇa in Sanskrit by Dāmanandi giving in a nutshell the lives of Tīrthaṁkaras and other great persons The Sanskrit text is edited with a Hindī Translation and a short Introduction by Dr. G.C. JAIN. Jñānapītha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, Sanskrit Grantha Nos 15 and 16. Crown Part I pp. 20+198; Part II pp. 16+206. Bhāratīya Jñānapīṭha Kashi, 1954, 1955. Price Rs. 2/- each.

Sarvārtha-Siddhi .

The Sarvārtha-Siddhi of Pūjyapāda is a lucid commentary on the Tattvārthasūtra of Umāsvāti called here by the name Gidhrapiccha. It is edited here by Pt. PHOOLCHANDRA with a Hindī Translation, Introduction, a table of contents and three Appendices giving the Sūtras, quotations in the commentary and a list of technical terms Jñānapītha Mūrtidevi Jaina Granthamālā, Sanskrit Grantha No 15 Double Crown pp. 116+506, Bhāratīya Jñānapītha Kashi, 1955. Price Rs 12/-

Jainendra Mahāvrtti

This is an exhaustive commentary of Abhayanandi on the *Jainendra Vyākarana*, a Sanskrit Grammar of Devanandi alias Pūjyapāda of circa 5th-6th century A. D. Edited by Pts S N. TRIPATHI and M CHATURVEDI. There are a Bhūmikā by Dr. V.S AGRAWALA, *Devanandikā Jainendra Vyākarana* by PREMI and *Khilapātha* by MIMĀNSAKA and some useful Indices at the end. Jñānapīṭha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, Sanskrit Grantha No 17. Super Royal pp. 56 + 506. Bhāratīya Jñānapītha Kashi, 1956 Price Rs 15/-.

Vratatithi Nirnaya .

The Sanskrit Text of Sinhanandi edited with a Hindī Translation and detailed exposition and also an exhaustive Introduction dealing with various Vratas and rituals by Pt NEMICHANDRA SHASTRI. Jnānapīṭha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, Sanskrit Grantha No 19. Crown pp. 80 + 200 Bhāratīya Jñānapītha Kashi, 1956. Price Rs 3/-.

Pauma-cariu :

An Apabhraṁśa work of the great poet Svayambhū (677 A D). It deals with the story of Rāma The Apabhraṁśa text up to 56th Sandhi with Hindi Translation and Introduction of Dr DEVENDRAKUMAR JAIN, is published in 3 Volumes Jñānapītha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, Apabhraṁśa Grantha Nos. 1, 2 & 3. Crown size, Vol I pp 28 + 333; Vol. II : pp. 12 + 377; Vol. III : pp. 6 + 253. Bhāratīya Jñānapīṭha Kashi, 1957, 1958. Price Rs. 3/- for each Vol.

Jīvaṁdhara-Campū :

This is an elaborate prose Romance by Haricandra written in Kāvya style dealing with the story of Jīvaṁdhara and his romantic adventures. It has both the features of a folk-tale and a religious romance and is intended to serve also as a medium of preaching the doctrines of Jainism. The Sanskrit Text is edited by Pt. PANNALAL JAIN along with his Sanskrit Commentary, Hindī Translation and Prastāvanā. There is a Foreword by Prof. K. K. HANDIQUI and a detailed English Introduction covering important aspects of Jīvaṁdhara tale by Drs. A.N. UPADHYE and H. L JAIN. Jñānapītha Mūrtidevī Jain Granthamālā, Sanskrit Grantha No. 18. Super Royal pp. 4 + 24 + 20 + 344. Bhāratīya Jñānapīṭha Kashi, 1958. Price Rs. 8/-.

Padma-purana .

This is an elaborate Purāṇa composed by Raviseṇa (V. S. 734) in stylistic Sanskrit dealing with the Rāma tale. It is edited by Pt PANNALAL JAIN with Hindī Translation, Table of contents, Index of verses and Introduction in Hindī dealing with the author and some aspects of this Purāṇa. Jñānapītha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, Sanskrit Grantha Nos. 21, 21, 26. Super Royal

Vol. I : pp. 44 + 548 ; Vol. II : pp. 16 + 460 ; Vol. III : pp. 16 + 472. Bhāratīya Jñānapītha Kashi, 1958-1959 Price Rs 10/- each.

Siddhi-viniścaya :

This work of Akalaṅkadeva with Svopajñavrtti along with the commentary of Anantavīrya is edited by Dr MAHENDRAKUMAR JAIN. This is a new find and has great importance in the history of Indian Nyāya literature. It is a feat of editorial ingenuity and scholarship The edition is equipped with exhaustive, learned Introductions both in English and in Hindi, and they shed abundant light on doctrinal and chronological problems connected with this work and its author There are some 12 useful Indices. Jñānapītha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, Sanskrit Grantha Nos 22, 23. Super Royal Vol. I pp. 16 + 174 + 370 ; Vol II : pp. 8 + 808 Bhāratīya Jñānapītha Kashi, 1959. Price Rs 18/- and Rs 12/-.

Bhadrabāhu Saṁhitā :

A Sanskrit text by Bhadrabāhu dealing with astrology, omens, portents etc. Edited with a Hindī Translation and occasional Vivecana by Pt NEMICHANDRA SHASTRI There is an exhaustive Introduction in Hindī dealing with Jain Jyotisa and the contents, authorship and age of the present work. Jñānapīṭha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, Sanskrit Grantha No. 25 Super Royal pp. 72 + 416. Bhāratīya Jñānapītha Kashi, 1959. Price Rs. 8/-.

Pañcasaṁgraha :

This is a collective name of 5 Treatises in Prākrit dealing with the Karma doctrine the topics of discussion being quite alike with those in the Gōmmatasāra etc. The Text is edited with a Sanskrit commentary, Prākrit Vrtti by Pt. HIRALAL who has added a Hindī Translation as well. A Sanskrit Text of the same name by one Śrīpāla is included in this volume There are a Hindī Introduction discussing some aspects of this work, a Table of contents and some useful Indices. Jñānpīṭha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, Prākrit Grantha No 10. Super Royal pp. 60 + 804. Bhāratīya Jñānapītha Kashi, 1960. Price Rs. 15/-.

Mayaṇa-parājaya-cariu :

This Apabhraṁśa Text of Harideva is critically edited along with a Hindī Translation by Prof Dr. HIRALAL JAIN It is an allegorical poem dealing with the defeat of the god of love by Jina. This edition is equipped with a learned Introduction both in English and Hindī. The Appendices give important passages from Vedic, Pāli and Sanskrit Texts There are a few explanatory Notes, and there is an Index of difficult words. Jñānapītha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, Apabhraṁśa Grantha No 5. Super Royal pp. 88 + 90. Bhāratīya Jñānapītha Kashi, 1962. Price Rs 8/-.

Harivaṁsa Purana :

This is an elaborate Purāna by Jinasena (Śaka 705) in stylistic Sanskrit dealing with the Harivaṁśa in which are included the cycle of legends about Kiṣṇa and Pāṇḍavas The text is edited along with the Hindī Translation and Introduction giving information about the author and this work, a detailed Table of contents and Appendices giving the verse Index and an Index of significant words by Pt. PANNALAL JAIN. Jñānapītha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, Sanskrit Grantha No. 27, Super Royal pp, 12+16+812+160. Bhāratīya Jñānapīṭha Kashi, 1962 Price Rs. 16/-.

Karmaprakrti :

A Prākrit text by Nemicandra dealing with Karma doctrine, its contents being allied with those of Gommatasāra Edited by Pt. HIRALAL JAIN with the Sanskrit commentary of Sumatikīrti and Hindī Tīkā of Paṇḍita Hemarāja, as well as translation into Hindī with Viśeṣārtha Jñānapītha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, Prākrit Grantha No. 11 Super Royal pp. 32+160. Bhāratīya Jñānapīṭha Kashi, 1964 Price Rs 6/-

Upāskādhyayana :

It is a portion of the Yaśastilaka-campū of Somadeva Sūri. It deals with the duties of a householder. Edited with Hindi Translation, Introduction and Appendices etc. by Pt. KAILASHCHANDRA SHAŚTRI Jñānapītha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, Sanskrit Granth No 28. Super Royal pp. 116+539, Bhāratīya Jñānapītha, Kashi 1964. Price Rs. 12/-.

Bhoicaritra :

'Pratyeka Buddha' in Jaina & Buddhist literature. Critically edited with Hindi & English Translations, Introductions, Explanatory Notes and Appendices etc. by Dr. HIRALAL Jain. Jnānapīṭha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, Apabhraṁśa Grantha No. 4 Super Royal pp 64 + 278. Bhāratīya Jñānapīṭha Kashi, 1964. Price Rs. 10/-

Sugandha-daśamī-kathā :

This edition contains Sugandha-daśamīkatha in five lauguages viz. Apabhraṁśa, Sanskrit, Gujarāti, Marāthi and Hindi, critically edited by Dr HIRALAL JAIN. Jñānapīṭha Mūrtidevī Jaina Granthamālā Apabhraṁśa Grantha No. 6. Super Royal pp. 20 + 26 + 100 + 16 and 48 Plates Bhāratīya Jñanapitha Publication Varanasi, 1966 Price Rs 11/-.

Kalyānakalpadruma :

It is a Stotra in twenty five Sanskrit verses. Edited with Hindi Bhāsya and Prastāvanā etc. by Pt. JUGALKISHORE MUKHTAR. Jñānapīṭha Mūrtidevī Jaina Granthamālā Sanskrit Grantha No 32. Crown pp 76. Bhāratīya Jñānapīṭha Publication, Varanasi, 1967 Price Rs. 1/50.

Jambū sāmi cariu :

This Apabhraṁśa text of Vīra Kavi deals with the life story of Jaṁbū Swāmi, a historical Jain Ācarya who passed in 463 A. D. The text is critically edited by Dr Vimal Prakash Jain with Hindi translation, exhaustive introduction and indices etc Jñānapīṭha Murtidevī Jaina Granthamālā Apabhraṁśa Grantha No 7. Super Royal pp. 16 + 152 + 402; Bhāratīya Jñānapīṭha Publication, Varanasi, 1968 Price Rs. 15/-

Gadyacintāmani :

This is an elaborate prose romance by Vādībha Singh Sūri, written in Kāvya style dealing with the story of Jīvaṁdhara and his romantic adventures The Sanskrit text is edited by Pt. Pannalal Jain along with his Sanskrit Commentary, Hindi Translation, Prastāvanā and indices etc Jñānapīṭha Mūrtidevī Jaina Granthamālā, Sanskrit Grantha No 31 Super Royal pp. 8 + 40 + 258 Bhāratīya Jñānapītha Publication, Varanasi 1968 Price Rs 12/-.

Yogasāra Prābhrta

A Sanskrit text of Amitgati Ācarya dealing with Jain Yoga vidyā Critically edited by Pt. Jugalkishore Mukhtār with Hindi Bhāsya, Prastāvanā etc. Jñānapītha Mūrtidevī Jaina Granthamālā Grantha No 33 Super Royal pp 44 + 236. Bhāratīya Jñānapītha Publication, Varanasi, 1968. Price Rs 8/-.

For copies please write to :
Bharatiya Jnanpitha, 3620/21, Netaji Subhas Marg, Dariyaganj, Delhi (India)

2.25